TIGHT BINDING BOOK

TEXT FLY WITHIN THE BOOK ONLY

THE BOOK WAS DRENCHED

UNIVERSAL
LIBRARY

OU_176813

UNIVERSAL
LIBRARY

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No. H909 N41V Accession No. G.H. 2759

Author नेहरू, जवाहरलाल

Title विश्व-इतिहास की झलक, [illegible] खंड १९६२

This book should be returned on or before the date last marked below.

सत्साहित्य-प्रकाशन

विश्व - इतिहास
की
ए झलक
दूसरा खंड

लेखक
जवाहरलाल नेहरू

अनुवादक
चंद्रगुप्त वार्ष्णेय

१९६२
सस्ता साहित्य मंडल, नई दिल्ली

प्रकाशक
मार्तण्ड उपाध्याय
मंत्री, सस्ता साहित्य मण्डल,
नई दिल्ली

तीसरी बार : १९६२

मूल्य

सजिल्द दो खण्डों का } बीस रुपये

अजिल्द : पंद्रह रुपये

मुद्रक
नेशनल प्रिंटिंग वर्क्स,
१० दरियागंज, दिल्ली

विषय-सूची

१२५.	ईरान में साम्राज्यशाही और राष्ट्रीयता	६९५
१२६.	क्रांतियां, और ख़ासकर यूरोप में १८४८ की क्रांतियां	७०१
१२७.	इटली संयुक्त और आज़ाद राष्ट्र बन जाता है	७१०
१२८.	जर्मनी का उत्थान	७१६
१२९.	कुछ नामी साहित्यकार	७२३
१३०.	डार्विन और विज्ञान की विजय	७३०
१३१.	लोकतंत्र की प्रगति	७३८
१३२.	समाजवाद का आगमन	७४६
१३३.	कार्ल मार्क्स और मज़दूर संगठनों का बढ़ना	७५३
१३४.	मार्क्सवाद	७६१
१३५.	इंग्लैण्ड का विक्टोरिया-युग	७६९
१३६.	इंग्लैण्ड दुनिया का साहूकार बन जाता है	७७७
१३७.	अमेरिका में गृह-युद्ध	७८५
१३८.	अमेरिका का अदृश्य साम्राज्य	७९५
१३९.	आयर्लैण्ड और इंग्लैण्ड के बीच संघर्ष के सात सौ वर्ष	८०१
१४०.	आयर्लैण्ड में स्वराज और शिनफ़ेन	८११
१४१.	इंग्लैण्ड का मिस्र पर ज़बर्दस्ती कब्ज़ा	८१८
१४२.	तुर्की 'यूरोप का बीमार' कहलाता है	८२७
१४३.	ज़ारों का रूस	८३८
१४४.	१९०५ ई० की असफल रूसी क्रांति	८४४
१४५.	एक ऐतिहासिक युग का अंत	८५१
१४६.	महायुद्ध की शुरूआत	८५७
१४७.	युद्ध छिड़ने से ठीक पहले का भारत	८६७
१४८.	१८१४-१८ का महायुद्ध	८७५
१४९.	महायुद्ध का दौर	८८३
१५०.	रूस में ज़ारशाही की आखिरी सांस	८९३
१५१.	बोलशेविक सत्ता छीन लेते हैं	९०२
१५२.	सोवियतों का मुश्किलों को पार करना	९१३
१५३.	जापान चीन को डराता-धमकाता है	९२६

१५४. युद्धकाल में भारत ९३३
१५५. यूरोप का नया नक्शा ९४४
१५६. युद्ध के बाद की दुनिया ९५५
१५७. गणतंत्र के लिए आयर्लैण्ड की लड़ाई ९६५
१५८. राख के ढेर से नये तुर्की का उदय ९७४
१५९. मुस्तफा कमाल अतीत से नाता तोड़ता है ९८५
१६०. भारत गांधीजी के पीछे चलता है ९९५
१६१. सन् १९२०-३० में भारत की हालत १००६
१६२. भारत में हिंसा के बिना बगावत १०१५
१६३. मिस्र आजादी के लिए जूझता है १०२८
१६४. अंग्रेजों की मातहती में स्वाधीनता का अर्थ १०३८
१६५. पश्चिमी एशिया का दुनिया की राजनीति में दुबारा प्रवेश १०४७
१६६. अरब-देश—सीरिया १०५४
१६७. फिलस्तीन और ट्रान्स-जार्डन १०६३
१६८. अरब की मध्य-युगों से छलांग १०७१
१६९. इराक और हवाई बमबारी की खूबियां १०७८
१७०. अफ़ग़ानिस्तान और एशिया के कुछ और देश १०८६
१७१. क्रान्ति, जो होते-होते रह गई १०९५
१७२. पुराने कर्ज चुकाने का नया तरीका ११०४
१७३. रुपये का अजीब बर्ताव १११२
१७४. चाल और जवाबी चाल ११२१
१७५. मुसोलिनी और इटली में फ़ासीवाद ११३३
१७६. लोकतंत्र और तानाशाहियां ११४३
१७७. चीन में क्रान्ति और उलट-क्रान्ति ११५२
१७८. जापान सारी दुनिया को ललकारता है ११६२
१७९. समाजवादी सोवियत गणराज्यों का संघ ११७४
१८०. रूस की पंचवर्षीय योजना ११८४
१८१. सोवियत संघ की कठिनाइयां, सफलताएं और असफलताएं ११९३
१८२. विज्ञान आगे बढ़ता है १२०४
१८३. विज्ञान का अच्छा और बुरा उपयोग १२१२
१८४. महान आर्थिक-मन्दी और संसार-व्यापी संकट १२१९
१८५. संकट के सबब क्या थे ? १२२७
१८६. सरदारी के लिए अमेरिका और इंग्लैण्ड का संघर्ष १२३६
१८७. डालर, पौंड और रुपया १२४७

१८८. पूंजीवादियों की दुनिया मिलकर जोर नही लगा पाती १२५८
१८९. स्पेन में क्रान्ति १२६२
१९०. जर्मनी में नात्सियों की विजय १२६८
१९१. निरशस्त्रीकरण १२८८
१९२. राष्ट्रपति रूजवैल्ट बिगड़ी को बनाता है १२९०
१९३. पार्लमेण्टों की असफलता १२९७
१९४. दुनिया पर आखिरी नजर १३०४
१९५. युद्ध की छाया १३१२
१९६. आखिरी पत्र १३२३
१९७. उपसंहार—बाद की बातें १३३१
निर्देशिका १३५७

मानचित्र-सूची

२७.	रूस और ईरान	६९६
२८.	जर्मनी तथा इटली का उत्कर्ष	७१५
२९.	अमेरिका का विस्तार	७८६
३०.	ब्रिटेन का मिस्र पर अधिकार	८१९
३१.	यूरोप में तुर्की का आखिरी आधार	८२८
३२.	यूरोप—प्रथम विश्व-युद्ध के शुरू में	८३७
३३.	यूरोप—प्रथम विश्व-युद्ध के बाद में	८७६
३४.	सोवियत रूस—१९१८-१९	९१४
३५.	यूरोप के नये राष्ट्र	९५६
३६.	मुस्तफा कमाल तुर्की को बचाता है	९७५
३७.	अरब देश	१०५५
३८.	इब्न सऊद का अरब	१०७२
३९.	अफगानिस्तान	१०८७
४०.	फ्रांस और इटली का प्रभाव-क्षेत्र	११३२
४१.	चीन की राज्य-क्रांति	११५३
४२.	चीन पर जापान के आक्रमण	११६३
४३.	मध्य एशिया में सोवियत गणराज्य	११७५
४४.	स्पेन का गृह-युद्ध	१२६३
४५.	रोम बर्लिन धुरी	१३५३

विश्व-इतिहास की झलक

दूसरा खण्ड

: १२५ :

ईरान में साम्राज्यशाही और राष्ट्रीयता

२१ जनवरी, १९३३

तुम्हें मुझसे शिकायत करने का हक़ है। इतिहास के बहुत-से दालानों में कभी आगे और कभी पीछे दौड़कर मैंने तुम्हें काफ़ी नाराज़ कर दिया है। कई अलग-अलग रास्तों से उन्नीसवीं सदी तक पहुंचकर मैं तुम्हें अचानक कई हज़ार वर्ष पीछे ले गया हूं और मिस्र से भारत, चीन और ईरान में कूदता-फांदता रहा हूं। इससे तुम्हारी झुंझलाहट और परेशानी जरूर बढ़ी होगी और तुम्हारा जो विरोध मुझे सुनाई-सा दे रहा है, उसका मेरे पास कोई अच्छा जवाब नहीं है। मगर बात यह है कि रेनी ग्राउज़े की किताबों को पढ़कर मेरे दिमाग़ में कई विचार-धाराएं एकदम चक्कर काटने लगीं, और उनमें से कुछका परिचय तुम्हें कराये बिना मुझसे रहा न गया। मुझे यह भी लगा कि इन पत्रों में मैंने ईरान को छोड़ दिया है, और मैं इस कमी को कुछ पूरी करना चाहता हूं। अब, जब हम ईरान पर विचार कर रहे हैं, तो उसके इतिहास को आधुनिक काल तक क्यों न ले आयें?

मैंने तुम्हें ईरानी संस्कृति की पुरानी परम्पराओं व ऊंची सिद्धियों की, ईरानी कला के सुनहले-युग की और इसी तरह की दूसरी बातें बताई हैं। उन फ़िक़रों पर फिर से ग़ौर करने पर मालूम होता है कि भाषा कुछ लच्छेदार और ज़रा भ्रम में डालनेवाली हो गई है। इससे कोई शायद यह सोच सकता है कि सचमुच ईरान के लोगों के लिए सुनहला-युग आ गया था, उनकी मुसीबतें दूर हो गई थीं और उनका जीवन परियों की कहानियों के लोगों का-सा सुखी हो गया था। लेकिन दरअसल ऐसी कोई चीज़ नहीं हुई थी। जैसा कि बहुत हद तक आज भी है, उन दिनों कुछ मुट्ठीभर लोग संस्कृति और कला के ठेकेदार बने हुए थे। जनता का और मामूली आदमियों का उनसे कोई वास्ता नहीं था। वास्तव में जनता का जीवन सदा से ही भोजन के लिए, और जीवन की दूसरी ज़रूरतों के लिए, बराबर लड़ता रहा है। आम लोगों के जीवन और पशुओं के जीवन में ज्यादा फ़र्क़ नहीं रहा है। उन्हें और किसी बात के लिए वक्त या फ़ुर्सत ही नहीं थी। दिन-रात यही झंझट

रूस और ईरान

१९ वीं सदी के बीच मध्य एशिया में रूसी प्रगति
काश्मीर
अफ़ग़ानिस्तान
पामीर
अमू नदी
बुखारा
समरकन्द
ताशकन्द
तुर्किस्तान
चीनी
झील
अरल सागर
रूस
कैस्पियन सागर
काकेशस
तेहरान
इस्पहान
इराक़

उनकी जान के लिए काफ़ी था। ऐसी हालत में वे कला और संस्कृति की क्या तो फ़िक्र करते और क्या क़द्र ? ईरान, चीन, भारत, इटली और यूरोप के दूसरे देशों में कला फूली-फली, लेकिन दरबारों और मालदार व निठल्ले वर्गों के मन-बहलाव की चीज की तरह। हां, मजहबी कला का जनता पर कुछ असर पड़ा।

लेकिन किसी कला-प्रेमी राज-दरबार का यह मतलब नहीं था कि हुकूमत भी अच्छी थी। कला और साहित्य को पनाह देने का अभिमान करनेवाले शासक अक्सर नालायक़ और जालिम शासक साबित होते थे। ईरान की समाज-व्यवस्था उस समय लगभग सभी देशों की समाज-व्यवस्था की तरह बहुत-कुछ सामन्ती ढंग की थी। जोरदार बादशाह अपने सामन्तों की छोटी-मोटी लूट-खसोट बन्द करके लोकप्रिय बन जाते थे। किसी वक़्त शासन कुछ अच्छा हो जाता था और किसी वक़्त बिलकुल ही बुरा।

जब भारत में मुगल राज आखिरी सांसें ले रहा था, ठीक उसी समय, यानी १७२५ ई० के आसपास, सफ़ावी राजवंश का अन्त हुआ। हम्ब मामल, इस राज-वंश का भी खेल खतम हो गया। सामन्त-प्रथा धीरे-धीरे टूट रही थी। देश में आर्थिक परिवर्तन हो रहे थे और पुरानी व्यवस्था को उलट रहे थे। टैक्सों के भारी बोझ ने और भी बुरी हालत कर दी थी और जनता में असन्तोष फैल रहा था। अफगानों ने, जो उस समय सफ़ावियों के अधीन थे, विद्रोह खड़ा कर दिया। वे न सिर्फ अपने ही देश में सफल हुए, बल्कि उन्होंने इस्फहान पर कब्जा करके शाह को भी गद्दी से उतार दिया। पर थोड़े ही दिनों बाद ईरानी सरदार नादिरशाह ने अफगानों को निकाल दिया और खुद बादशाह बन बैठा। इसी नादिरशाह ने बोदे मुगलों के आखिरी दिनों में भारत पर हमला किया था, इसीने दिल्लीवालों का कत्ले-आम किया था और यही शाहजहां का तख्त-ताऊस और बेशुमार दौलत लूटकर ले गया था।

अठारहवीं सदी का ईरानी इतिहास गृह-युद्ध और बदलते हुए शासनों व बुरे शासनों का दुःखभरा आलेख है।

उन्नीसवीं सदी के साथ नई आफतें भी आईं। यूरोप की पांव पसारती हुई व हमलावर साम्राज्यशाही की ईरान के साथ भी टक्कर शुरू हुई। उत्तर में रूस का लगातार दबाव पड़ रहा था और दक्षिण में ईरान की खाड़ी की ओर से अंग्रेज बढ़े चले आ रहे थे। ईरान भारत से दूर न था। दोनों की सरहदें दिन-पर-दिन पास आती जा रही थीं और आज तो सचमुच एक जगह पर दोनों की सरहदें मिली हुई हैं। ईरान भारत को जीतनेवाले सीधे खुश्की के रास्ते में पड़ता था और भारत के समुद्री रास्ते से भी लगा हुआ था। अंग्रेजों की सारी नीति का आधार यह था कि उनका भारतीय साम्राज्य और उसको जानेवाले सारे रास्ते खतरे से खाली रहें। वे किसी हालत में यह बर्दाश्त करने को तैयार न थे कि उनका जबर्दस्त मुकाबलेदार

रूस रास्ता रोककर भारत पर घात लगाये बैठा रहे। इस कारण अंग्रेज़ों और रूसियों ने ईरान पर दांत लगा रक्खे थे और वे उस ग़रीब को तंग करते थे। वहां के शाह बिल्कुल नालायक़ और बेवक़ूफ़ थे। वे या तो उनसे बेमौके भिड़कर या अपनी ही प्रजा से लड़कर सदा रूस और ब्रिटेन के हाथों मे खेलते रहते। अगर इन दोनों शक्तियों के बीच लाग-डांट न होती तो ईरान कभी का या तो पूरी तरह रूस चला गया होता या इंग्लैण्ड के कब्जे मे, या दोनो मे से कोई या तो उसे अपने राज्य मे मिला लेता या मिस्र की तरह उसे अपनी मातहती रियासत बना लेता।

बीसवी सदी के शुरू मे एक और वजह से भी ईरान लोभ-लालच की चीज़ बन गया। वहां पेट्रोल मिल गया जो बहुत कीमती चीज थी। बूढ़े शाह को राजी करके साठ वर्ष के लम्बे समय के लिए ईरान के तेल के इलाको से तेल निकालने का, डार्सी नामक इंग्लैण्ड-निवासी को, बहुत रियायती शर्तों पर, १९०१ ई० मे ठेका दिलाया गया। कुछ साल बाद इस काम के लिए एंग्लो-पर्शियन ऑयल कम्पनी नाम से एक ब्रिटिश कम्पनी बन गई। तबसे यही कम्पनी वहां काम कर रही है और इसने तेल के व्यवसाय से जबर्दस्त मुनाफ़ा कमाया है। मुनाफ़े का बहुत-थोड़ा-सा हिस्सा ईरानी सरकार को मिलता है, लेकिन उसका ज़्यादा हिस्सा देश के बाहर कम्पनी के हिस्सेदारो की जेब मे ही जाता है, और सबसे बड़े हिस्सेदारों मे ब्रिटिश सरकार भी एक है। ईरान की मौजूदा सरकार कट्टर राष्ट्रवादी है। उसे इस बात पर बड़ा ऐतराज़ है कि विदेशी लोग ईरान मे नाजायज फ़ायदा उठायें। उसने डार्सी के साथ किया हुआ १९०१ ई० का साठ वर्षवाला पुराना ठेका रद्द कर दिया, जिसके मातहत एंग्लो-पर्शियन ऑयल कम्पनी काम कर रही थी। ब्रिटिश सरकार इसपर बड़ी झल्लाई और उसने ईरान की सरकार को डरा-धमकाकर दबाना चाहा। लेकिन वह भूल गई कि जमाना बदल गया है और अब एशियावालो पर रौब गांठना उतना आसान नही है।

मगर मै तो आगे के इतिहास की बाते करने लग गया। जब साम्राज्यशाही ईरान के लिए खतरा बनने लगी और शाह दिन-दिन उसका औज़ार बनने लगा तो इसके नतीजों से राष्ट्रीयता का विकास लाजिमी तौर पर होने लगा। एक राष्ट्रीय दल क़ायम हुआ। इस दल ने विदेशी दस्तन्दाज़ी पर नाराज़ी ज़ाहिर की और शाह की निरंकुशता का भी उतने ही जोर से विरोध किया। उन्होंने लोकतन्त्री संविधान और आधुनिक सुधारों की मांग की। देश में बुरा शासन था और टैक्सों की भरमार थी। उधर रूसी और अंग्रेज़ बराबर दख़ल दे रहे थे। सुधार-विरोधी शाह का जितना लगाव इन विदेशी सरकारों के साथ था, उतनी अपनी उस प्रजा के साथ नही था, जो आज़ादी के उपायों की मांग कर रही थी। लोकतन्त्री संविधान की यह मांग खास तौर पर नये मध्यम-वर्ग के

और पढ़े-लिखे लोग कर रहे थे। १९०४ ई० मे ज़ारशाही रूस पर जापान की विजय का ईरानी राष्ट्रवादियों पर ज़बर्दस्त प्रभाव पड़ा और उनमे उत्तेजना फैल गई। इसके दो सबब थे। एक तो यह कि यूरोपीय शक्ति पर एक एशियाई शक्ति की विजय थी; दूसरे ज़ारशाही रूस ईरान के लिए एक हमलावर और दुःखदायी पड़ौसी था। १९०५ ई० की रूसी क्रान्ति हालांकि असफल रही और बेरहमी से कुचल दी गई, लेकिन उसने ईरानी राष्ट्रवादियों का जोश और कुछ कर गुज़रने का हौसला और भी बढ़ा दिया। शाह पर इतने जोर का दबाव पड़ा कि मर्ज़ी न होते हुए भी उसे १९०६ ई० मे लोकतन्त्री सविधान के लिए राजी होना पड़ा। 'मजलिस' नामक राष्ट्रीय विधानसभा क़ायम हुई और ऐसा दिखाई देने लगा कि ईरान की क्रान्ति सफल हो गई।

पर मुसीबत सामने खड़ी थी। शाह का अपने-आपको मिटाने का कोई इरादा नही था। और रूसी व अंग्रेज ऐसे लोकतन्त्री ईरान को कभी पसन्द नही कर सकते थे, जो मज़बूत होकर उनके लिए सिर-दर्द बन जाय। शाह मे और मजलिस मे झगड़ा हुआ और शाह ने सचमुच अपनी ही पार्लमेण्ट पर बमबारी कर दी। मगर सेना के सिपाही और जनता मजलिस और राष्ट्रवादियो के साथ थे, और शाह को सिर्फ़ रूसी सिपाहियो ने ही बचाया। रूस और इग्लैण्ड दोनो किसी-न-किसी बहाने से, आम तौर पर अपनी प्रजा की रक्षा का बहाना बनाकर, अपने सिपाही लाकर बैठा देते थे। ईरानियों को डराने-धमकाने के लिए रूसियों के पास खूखार क़ज्जाक सिपाही और इग्लैण्ड के पास भारतीय सिपाही थे, हालांकि हमारा उनसे कोई झगड़ा नही था।

ईरान बड़ी कठिनाइयो मे था। उसके पास रुपया नही था और लोगों की हालत खराब थी। मजलिस हालत को सुधारने की जी-तोड़ कोशिश करती थी, लेकिन उसकी ज़्यादातर कोशिशे रूसी या ब्रिटिश या दोनो के विरोध के सबब से बीच मे ही विफल कर दी जाती थी। आखिरकार ईरानियों ने अमेरिका से मदद मांगी और एक क़ाबिल अमेरिकी वित्त-विशेषज्ञ को अपनी वित्तीय व्यवस्था सुधारने के लिए मुकर्रर किया। इसका नाम मोर्गन शुस्टर था। इसने अपने काम मे भरसक कोशिश की, लेकिन इसे सदा रूसी या ब्रिटिश विरोध की ठोस दीवारों से टक्कर लेनी पड़ती थी। अन्त मे तग आकर और निराश होकर वह ईरान छोड़कर घर चला गया। बाद मे शुस्टर ने एक किताब लिखी, जिसमें यह बतलाया कि रूसी और ब्रिटिश साम्राज्यशाहियां ईरान का खून किस तरह चूस रही है। इस किताब का नाम 'ईरान का गला घोटना' (The Strangling of Persia.) खास मतलब रखता है और एक कहानी कहता है।

ऐसा मालूम होने लगा कि ईरानी राज्य की स्वाधीन हस्ती मिटनेवाली है।

इस दिशा में रूस और इग्लैण्ड पहला क़दम उठा ही चुके थे, क्योंकि उन्होंने ईरान को अपने-अपने 'प्रभाव क्षेत्रों' में बांट लिया था। महत्व के केन्द्रों में उनके सिपाही तैनात थे। एक ब्रिटिश कम्पनी उसके तेल-भडारो से खूब फ़ायदा उठा रही थी। ईरान बहुत ही मुसीबत की हालत मे था। अगर कोई विदेशी शक्ति पूरी तरह कब्जा कर लेती तो भी इससे अच्छी हालत होती, क्योंकि उसकी कुछ ज़िम्मेदारी तो होती। खैर, उसके बाद ही १९१४ ई० मे महायुद्ध छिड़ गया।

इस लड़ाई मे ईरान ने तटस्थ रहने की घोषणा की, मगर कमजोरो की घोषणाओं का बलवानो पर कुछ असर नही होता। ईरान की तटस्थ हैसियत की किसी भी पक्ष ने परवाह न की। अभागी ईरानी सरकार कुछ भी सोचा-समझा करे, विदेशी फ़ौजे आ-आकर उसकी जमीन पर आपस मे लड़ती रही। ईरान के चारों तरफ़ युद्ध मे लड़नेवाले थे। एक तरफ इग्लैण्ड और रूस आपस मे दोस्त थे। दूसरी तरफ़ तुर्की, जिसके राज्य मे उस समय इराक और अरब शामिल थे, जर्मनी का साथी था। १९१८ ई० मे महायुद्ध खतम हुआ और इसमे इग्लैण्ड फ़ान्स और उनके साथियों की जीत हुई। उस वक्त सारे ईरान पर ब्रिटिश फ़ौजो का क़ब्ज़ा था। इंग्लैण्ड ईरान को अपनी मातहती रियासत ऐलान करने ही वाला था, जो क़ब्ज़ा करने का मुलायम रूप था और साथ ही भूमध्यसागर से लगाकर बलूचिस्तान और भारत एक लम्बा-चौड़ा ब्रिटिश मध्य-पूर्वी साम्राज्य क़ायम करने के सपने भी देख रहा था। मगर ये सपने पूरे नही हुए। इग्लैण्ड की बदकिस्मती से रूस में ज़ारशाही का अन्त हो गया था और रूस सोवियत बन गया था। इग्लैण्ड की यह भी बदकिस्मती रही कि तुर्की मे उसकी चालें बेकार हुई और कमालपाशा ने अपने देश को मित्र-राष्ट्रो की दाढ़ो से छुड़ाकर निकाल लिया।

इन सब घटनाओ से ईरानी राष्ट्रवादियो को मदद मिली, और ईरान सिर्फ़ नाम के लिए, आजाद बना रहने मे सफल हो गया। १९२१ ई० मे एक ईरानी सिपाही रिजाखा अचानक चालबाजी करके आगे आया। उसने फ़ौजो पर कब्ज़ा कर लिया और फिर प्रधान मंत्री बन गया। १९२५ ई० मे शाह को गद्दी से उतार दिया गया और सविधान-सभा की राय से रिजाखा नया शाह चुन लिया गया। उसने अपना नाम व खिताब रिजाशाह पहलवी रक्खा।

रिज़ाशाह बिना लड़ाई-झगड़े के और जाहिरा तौर पर लोकतन्त्री उपायो से गद्दी पर पहुंचा। मजलिस अब भी काम कर रही है और शाह निरकुश शासक होने की हिम्मत नही करता है। मगर यह साफ़ है कि वह एक जोरदार आदमी है और ईरानी सरकार की बागडोर उसके हाथ मे है। पिछले कुछ वर्षो में ईरान बहुत ज़्यादा बदल गया है और रिजाशाह कई ऐसे सुधार करने पर तुला हुआ है, जिनसे देश नये सांचे मे ढल जाय। जोरदार राष्ट्रीय चेतना फिर से जाग रही

है, जिसने देश मे नई जान डाल दी है। जहां कही ईरान में विदेशी स्वार्थो का ताल्लुक होता है, वहां यह राष्ट्रीय चेतना सरगर्म राष्ट्रीयता की शकल बना लेती है।

यह बड़ी दिलचस्प बात है कि यह राष्ट्रीय चेतना ईरान की दो हज़ार वर्ष की सच्ची परम्परा है। उसकी नजर शुरू के दिनों की, इस्लाम से पहले की, ईरान की महानता पर लौट रही है और वह उसीसे प्रेरणा लेने की कोशिश कर रही है। रिजाशाह ने अपना जो 'पहलवी' नाम रक्खा है, वह भी पुराने जमाने के एक राजवंश का नाम है। वैसे ईरान के लोग शिया मुसलमान है, मगर जहां उनके देश का सवाल है वहांतक राष्ट्रीयता इस्लाम से भी ज्यादा जोरदार बल है। एशियाभर मे यही हो रहा है। यूरोप मे ऐसा ही सौ वर्ष पहले यानी उन्नीसवी सदी में हुआ था। लेकिन आज तो वहां कई लोग राष्ट्रवाद को भी एक जूना विश्वास मानने लगे है और ऐसे नये मजहबों व विश्वासों की तलाश में है, जो मौजूदा हालतों से ज़्यादा मेल खाते हो।

ईरान को पहले फ़ारस (पर्शिया) कहते थे, पर अब इसका सरकारी नाम ईरान कर दिया गया है। रिज़ाशाह ने आज्ञा निकाल दी है कि फारस नाम का अब इस्तेमाल नही किया जाय।

: १२६ :

क्रान्तियां, और खासकर यूरोप में १८४८ की क्रान्तियां

२८ जनवरी, १९३३
ईदुल-फ़ित्र

अब हमें फिर यूरोप चलकर उन्नीसवी सदी मे वहां की पेचीदा और सदा बदलती रहनेवाली तसवीर पर एक नजर और डालनी चाहिए। दो महीने पहले के कुछ पत्रों मे हम भी इस सदी का सिंहावलोकन कर चुके है और मैंने इसकी कुछ खास-खास बातें भी बताई थी। उस समय मैंने जिन 'वादों' का ज़िक्र किया था उन सबको याद रखने की तुमसे आशा नहीं की जा सकती। दुबारा गिनाया जाय तो उनमें से कुछ ये थे—उद्योगवाद, पूजीवाद साम्राज्यवाद, समाजवाद, राष्ट्रवाद और अन्तर्राष्ट्रीयतावाद। मैंने तुम्हें लोकतन्त्र और विज्ञान का, और माल व सवारी लाने ले-जाने के तरीकों में जबर्दस्त परिवर्तनों का, और सार्वजनिक शिक्षा व उसके नतीजों का और आजकल के अखबारों का हाल भी बताया था। उस समय की यूरोपीय सभ्यता इन चीजों से और ऐसी ही कई दूसरी चीज़ों से बनी थी। यह मध्यम-वर्गी सभ्यता थी, जिसमें पूंजीवादी प्रणाली के मातहत उद्योगों के साधनों पर नये मध्यम-वर्गो का क़ब्ज़ा था। मध्यम-वर्गी यूरोप की यह सभ्यता

सफलता पर सफलता हासिल करती चली गई; एक चोटी से दूसरी चोटी पर चढ़ती गई; और सदी का अन्त होते-होते इसने अपनी ज़बर्दस्त ताक़त का सिक्का सारी दुनिया पर जमा लिया था कि इतने ही मे आफ़त आ गई।

एशिया में भी हम कुछ तफ़सील के साथ इस सभ्यता को काम करती हुई देख चुके है। अपने बढ़ते हुए उद्योगवाद से हांके गये यूरोप ने दूर-दूर देशों में अपने हाथ-पैर फैलाये, उन्हें हड़पने, उनपर क़ब्ज़ा जमाने और आम तौर पर उनमें दखल देने की कोशिश की और इन चीज़ों से फ़ायदा भी उठाया। यहां यूरोप से मेरा मतलब ख़ास तौर पर पश्चिमी यूरोप से है, जिसने उद्योगवाद में सबसे आगे क़दम उठाया। और बहुत दिनों तक इन सब पश्चिमी देशों का माना हुआ अगुवा था इंग्लैण्ड, जो औरों से बहुत आगे था और इस अगुवाई से खूब फ़ायदा उठा रहा था।

इंग्लैण्ड और दूसरे पश्चिमी देशों में होनेवाले ये ज़बर्दस्त परिवर्तन सदी के शुरू मे बादशाहों और सम्राटों को दिखाई नहीं दिये। जो नई ताक़तें पैदा हो रही थीं, उनके महत्व को उन्होंने नही समझा। नेपोलियन को बिलकुल ख़तम कर देने के बाद यूरोप के इन शासकों को सिर्फ यही चिन्ता थी कि अपने-आपको और सदा के लिए अपनी जमात को क़ायम रक्खे और दुनिया में निरंकुशशाही पर कोई आंच न आने दें। फ्रान्स की राज्यक्रान्ति और नेपोलियन का ज़बर्दस्त आतंक अभी उनके दिलों से पूरी तरह नहीं निकला था और वे अब कोई जोखिम नहीं उठाना चाहते थे। मै तुम्हें किसी पिछले पत्र में बता चुका हूं कि इन लोगों ने मिलकर 'पवित्र गठ-बंधन' और इसी किस्म के गठ-बन्धन बना लिये थे कि 'बादशाहों का दैवी अधिकार' बना रहे, वे मनमानी करते रहें और जनता को सिर न उठाने दिया जाय। इस काम के लिए, जैसा कि पहले भी अक्सर हो चुका था, निरंकुशशाही और मजहब दोनों मिल बैठे। इन गठ-बन्धनों के पीछे कर्ता-धर्ता था रूस का ज़ार अलक्सान्दर। उसके देश में उद्योगवाद या नई रोशनी की हवा भी नही पहुंच पाई थी और रूस की हालत मध्यकालीन और बहुत पिछड़ी हुई थी। बड़े-बड़े शहर बहुत कम थे, व्यवसाय का विकास नहीं हुआ था और दस्तकारियां भी ऊंचे दर्जे की न थीं। निरंकुशशाही का बेरोक दौरदौरा था। दूसरे यूरोपीय देशों की हालतें इससे जुदा थीं। ज्यों-ज्यों पश्चिम की तरफ़ बढ़ते त्यों-त्यों मध्यम-वर्ग ज़्यादा दिखाई देता था। जैसा मैं तुम्हें बता चुका हूं, इंग्लैण्ड में निरंकुशशाही नहीं थी। बादशाह पर पार्लमेण्ट का अंकुश था, मगर खुद पार्लमेण्ट की बागडोर मुट्ठीभर धनवानों के हाथों में थी। रूस के निरंकुश शासक और इंग्लैण्ड के इस धनवान शासकवर्ग मे बहुत बड़ा फ़र्क था। पर दोनों में एक बात समान थी। दोनों जनता से और क्रान्ति से डरते थे।

इस तरह यूरोप-भर में प्रगति-विरोध का बोलबाला था और जिस किसी चीज़ मे उदारता की ज़रा भी झलक दिखाई देती थी वही बेदर्दी से कुचल दी जाती थी। १८१५ ई० की वियेना-कांग्रेस के फ़ैसलों के अनुसार कई राष्ट्रीय इकाइयां मसलन इटली और पूर्वी यूरोप की, विदेशी शासन के अधीन रख दी गई थीं। उन्हें ज़ोर-जबर्दस्ती दबाये रखना पड़ता था। लेकिन इस तरह की बातें बहुत दिन तक नहीं चल सकतीं। आगे-पीछे झगड़ा होता ही है। यह ऐसी ही बात है जैसे उबलती हुई पतीली के ढक्कन को हाथ से दबाये रखने की कोशिश करना। यूरोप में भी उबाल आ रहा था और बार-बार उसकी भाप बाहर फूट निकलती थी। मैं किसी पिछले पत्र में १८३० ई० के बलवों का ज़िक्र करते हुए बता चुका हूं कि उस समय यूरोप में कई परिवर्तन हुए और ख़ास तौर पर फ्रान्स मे तो बूर्बनों को हमेशा के लिए निकाल दिया गया। इन बलवों ने बादशाहों, सम्राटों और उनके मंत्रियों के दिल और भी ज्यादा दहला दिये और उन्होंने जनता पर दमन और अत्याचार करने में और भी ज्यादा ज़ोर लगा दिया।

इन पत्रों के दौरान में अक्सर हमारे सामने वे महान परिवर्तन भी आये हैं, जो देशों में युद्धों और क्रान्तियों के सबब से हुए हैं। पुराने ज़माने के युद्ध कभी तो मज़हबी युद्ध होते थे और कभी राजवंशों के। अक्सर ये युद्ध राजनैतिक हमले होते थे, जो एक राष्ट्रीय इकाई दूसरी पर किया करती थी। इन सब कारणों के पीछे आमतौर पर कोई-न-कोई आर्थिक कारण भी होता था। मसलन मध्य-एशियाई कबीलों ने यूरोप और एशिया पर जितने हमले किये, उनमें से ज्यादातर हमलों की वजह यह थी कि भूख ने उन्हें पश्चिम की तरफ खदेड़ दिया था। आर्थिक उन्नति भी कौमों या राष्ट्रों को ताक़तवर बना देती है और उनकी हैसियत दूसरों के ऊपर बना देती है। मैं तुम्हें बता चुका हूं कि यूरोप में और दूसरी जगह भी जिन्हें मज़हबी युद्ध कहा जाता था, उनकी तह मे भी आर्थिक कारण काम कर रहे थे। जैसे-जैसे हम आधुनिक काल की तरफ़ आते हैं वैसे-वैसे हम महज़बी और राजवंशों के युद्धों को बन्द होता हुआ पाते हैं। अलबत्ता युद्ध बन्द नहीं होते। दुःख की बात है कि वे ज्यादा हत्यारे हो जाते हैं। मगर अब इनके कारण साफ़-साफ़ राजनैतिक व आर्थिक हो जाते हैं। राजनैतिक कारणों का सम्बन्ध सबसे ज्यादा राष्ट्रीयता से होता है; या तो एक राष्ट्र के हाथों दूसरे राष्ट्र का दबाया जाना या दो सरगर्म राष्ट्रीयताओं की आपसी टक्कर। यह टक्कर भी ज्यादातर आर्थिक कारणों से होती है, मसलन जब आधुनिक उद्योगवादी देश कच्चे माल और बाजारों की मांग करते हैं। इस तरह हम देखते है, युद्ध में आर्थिक कारणों का महत्व बढ़ता जाता है और आज तो दर असल वे ही सबसे ज़ोरदार हैं।

क्रान्तियों में भी पिछले दिनों इसी तरह के परिवर्तन हुए हैं। शुरू-शुरू

की क्रान्तियां राजमहलों की क्रान्तियां थी। राज-घरानों के लोग एक दूसरे के खिलाफ़ साजिशें करते थे, लड़ते थे और एक दूसरे की हत्याएं करते थे। या कोई तंग आई हुई प्रजा भड़क उठती थी और ज़ालिम शासक का काम तमाम कर डालती थी। या कोई हौसलेबाज़ सिपाही फ़ौज की मदद से राजगद्दी पर कब्ज़ा जमा बैठता था। राजमहलों की इन बहुत-सी क्रान्तियों मे कुछ गिने-चुने लोग हिस्सा लेते थे ; आम लोगों पर न तो इनका कोई ख़ास असर पड़ता था और न वे इनकी परवाह करते थे। शासक बदल जाते मगर तरीका वही बना रहता और लोगों की जिन्दगी वैसी ही चलती रहती जैसे पहले चलती थी। हां, कोई बुरा शासक बहुत जुल्म करता तो उसे बर्दाश्त नही किया जाता था और अच्छे शासक को लोग ज़्यादा बर्दाश्त कर सकते थे। मगर शासक अच्छा हो या बुरा, कोरे राजनैतिक परिवर्तन से आमतौर पर जनता की समाजी व आर्थिक हालत में फ़र्क नही पड़ता था। समाजी क्रान्ति नहीं होती थी।

राष्ट्रीय क्रान्तियों में इससे ज़्यादा बड़े परिवर्तन होते है। जब किसी राष्ट्र पर दूसरे राष्ट्र की हुकूमत होती है तो विदेशी शासकवर्ग के हाथ मे सत्ता रहती है। इससे कई तरह के नुकसान होते है, क्योंकि अधीन देश का शासन दूसरे देश के फ़ायदे के लिए किया जाता है या ऐसे शासन से विदेशी-वर्ग फ़ायदा उठाता है। अधीन लोगो के स्वाभिमान को इससे ज़बर्दस्त ठेस पहुंचती ही है। इसके अलावा विदेशी शासकवर्ग अधीन देश के ऊंचे वर्गो के लोगों को सत्ता और अधिकार के उन ओहदों से अलग रखता है जो उन्हें मिल सकते है। सफ़ल राष्ट्रीय क्रान्ति कम-से-कम विदेशी तत्वों को तो हटा ही देती है और देश के प्रभावशाली तत्व फ़ौरन उनकी जगह ले लेते है। इस तरह इन वर्गो को तो यह बड़ा फ़ायदा होता है कि ऊपरवाला विदेशी वर्ग हट जाता है; और देश को यह आम फायदा होता है कि उसका शासन दूसरे देश के हितों के लिए होना बन्द हो जाता है। हां, अगर राष्ट्रीय क्रान्ति के साथ-साथ समाजी क्रान्ति न हो तो देश के नीचे के वर्गो का कुछ ज़्यादा फ़ायदा नही होता।

समाजी क्रान्ति इन दूसरी क्रान्तियों से, जिनमें सिर्फ़ ऊपर-ऊपर की चीज़ों में ही परिवर्तन होता है, बिलकुल ही अलग मामला है। समाजी क्रान्ति में भी राजनैतिक क्रान्ति तो शामिल होती ही है, मगर यह राजनैतिक क्रान्ति से बहुत ज़्यादा गहरी होती है, क्योंकि इससे तो समाज की बनावट ही बदल जाती है। इंग्लैण्ड की क्रान्ति, जिसने पार्लमेण्ट की सत्ता क़ायम कर दी थी, सिर्फ़ राजनैतिक क्रान्ति ही न थी; यह क्रान्ति एक हद तक समाजी भी थी; क्योंकि इसने ऊंचे मध्यम-वर्ग को सत्ताधारियों के साथ ला बैठाया। इस तरह इस ऊंचे मध्यम-वर्ग का राजनैतिक व समाजी दर्जा बढ़ गया और नीचे के मध्यम-वर्ग व जनता पर

कोई खास असर नहीं पड़ा। फ्रान्स की राज्य-क्रान्ति और भी ज़्यादा समाजी थी। जैसा कि हम देख चुके है, उसने समाज की सारी व्यवस्था ही उलट दी और कुछ समय के लिए जनता के हाथ में अधिकार आ गया। आखिरकार यहां भी मध्यम-वर्ग की ही जीत हुई। जनता क्रान्ति मे अपना हिस्सा अदा कर ही चुकी थी, अब उसे फिर अपनी पुरानी जगह पर भेज दिया गया। हां, खास अधिकारों-वाले अमीर-सरदार सदा के लिए जाते रहे।

ज़ाहिर है कि ऐसी समाजी क्रान्तियों के नतीजे कोरे राजनैतिक परिवर्तनों से बहुत ज़्यादा गहरे होते है और उनका समाजी हालतों से नज़दीकी सम्बन्ध होता है। किसी हौसलेबाज़ या मनचले आदमी या समुदाय का यह काम नहीं है कि वह समाजी क्रान्ति पैदा कर सके, जबतक कि हालतें ऐसी न हों जिनसे कि जनता उसके लिए तैयार हो। तैयार होने से मेरा मतलब यह नही है कि लोगों से पहले तैयार होने को कह दिया गया हो और वे इरादा करके तैयार हों। बल्कि मेरा मतलब यह है कि समाजी और आर्थिक हालतें ऐसी होती है कि लोगों के लिए ज़िन्दगी हद से ज़्यादा भारी बोझ बन जाती है, और ऐसे परिवर्तन के सिवा उन्हें राहत की या ठीक ढंग बैठने की सूरत नज़र नहीं आती। सच तो यह है कि युग-के-युग बीत गये, मगर अनगिनती लोगों का जीवन उनके लिए ऐसा ही बोझ बना हुआ है, और ताज्जुब तो यह है कि उन्होंने इसे अबतक बर्दाश्त कैसे किया। कभी-कभी तो उन्होंने विद्रोह कर दिये है, खासकर किसानों के विद्रोह हुए हैं, और गुस्से मे पागल होकर उन्होंने जो उनके हाथ पड़ गया, उसीको अन्धा-धुन्ध तहस-नहस कर दिया है। लेकिन समाजी व्यवस्था को बदल डालने का जानकर कोई इरादा इनमें नही था। पर इस बे-खबरी के होते हुए भी प्राचीन काल में रोम में, और मध्य-युगों मे यूरोप में, भारत में व चीन में, बार-बार मौजूदा समाजी हालतें डांवाडोल हुई है और उनकी वजह से कितने ही साम्राज्यों का पतन हुआ है।

पुराने ज़माने में समाजी व आर्थिक परिवर्तन धीरे-धीरे होते थे और लम्बे अर्से तक उत्पादन, वितरण और माल ढोने के तरीक़े लगभग वैसे-के-वैसे बने रहते थे। इसलिए लोगों को परिवर्तन की क्रिया का भान नहीं होता था और वे समझ लेते थे कि पुरानी समाज-व्यवस्था अमर और अटल है। मज़हब ने इस व्यवस्था और उसके साथ लगे हुए रीति-रिवाज़ों और विश्वासों के चारों ओर दैवी प्रभा-मंडल बना दिया था। लोगों का यह विश्वास इतना पक्का हो गया था कि जब हालतें बदलने से यह व्यवस्था साफ़ तौर पर ज़माने से बेमेल हो गई तब भी उन्होंने इसे बदल डालने का कभी इरादा नहीं किया। औद्योगिक क्रान्ति के आने से और उसके सबब से माल ढोने के तरीक़ों में भारी परिवर्तन होने से, समाजी

परिवर्तन भी बहुत तेज़ी से होने लगे। नये वर्ग सामने आये और मालदार हो गये। औद्योगिक मज़दूरों का एक नया वर्ग पैदा हो गया, जो कारीगरों और खेतों पर काम करनेवाले मज़दूरों से बहुत जुदा था। इन सब बातों के लिए नई अर्थ-व्यवस्था और राजनैतिक परिवर्तनों की ज़रूरत हुई। पश्चिमी यूरोप की निराली ही बेढंगी हालत थी। समझदार समाज, जब कभी परिवर्तनों की ज़रूरत होती है तब, ज़रूरी परिवर्तन कर लेता है और इस तरह बदलती हुई हालतों का पूरा फ़ायदा उठा लेता है। मगर समाजों में समझदारी नहीं होती और सारा समाज एक साथ मिलकर विचार नहीं करता! हरेक आदमी अपनी ही और अपने ही फ़ायदे की बात सोचता है। एक-से स्वार्थ रखनेवाले वर्ग भी ऐसा ही करते हैं। अगर कोई वर्ग किसी समाज पर राज करता है तो वह वही बना रहना और अपने से नीचे वर्गों को चूसकर फ़ायदा उठाते रहना चाहता है। अक्लमन्दी और दूरदेशी तकाज़ा करती है कि अन्त में अपना भला करने का सबसे अच्छा उपाय यह है कि जिस समाज के हम अंग हैं, उस सारे समाज का भला किया जाय। मगर सत्ताधारी व्यक्ति या वर्ग तो जो कुछ उसे मिला हुआ है, उसीको पकड़े रहना चाहता है। इसका सबसे आसान तरीक़ा दूसरे वर्गों और लोगों को यह यक़ीन दिलाते रहना है कि समाज की मौजूदा व्यवस्था से अच्छी और कोई व्यवस्था हो ही नहीं सकती। लोगों के दिलों पर यक़ीन जमाने के लिए मज़हब को बीच में घुसेड़ दिया जाता है; शिक्षा के ज़रिये भी यही पाठ पढ़ाया जाता है। बात अचम्भे की है, मगर होता यहांतक है कि अन्त में लगभग सभी लोग इसमें पूरी तरह यक़ीन करने लगते हैं और व्यवस्था को बदलने का विचार ही नहीं करते। इस ढंग से मुसीबत उठानेवाले लोग भी सचमुच यह समझ बैठते हैं कि इस व्यवस्था का बना रहना अच्छा है और उनके लिए ठोकरें व घूंसे खाना और भूखों मरना ही ठीक है, भले ही दूसरे लोग गुलछर्रे उड़ावें।

इस तरह लोग ख़याल कर लेते हैं कि समाज-व्यवस्था अटल है और अगर ज्यादातर आदमियों को इसमें दुःख भोगना पड़ता है तो उसमें किसीका क़सूर नहीं है। क़सूर ख़ुद उनका है, या उनकी किस्मत ही ऐसी है या उनके पिछले पापों की सज़ा है। समाज हमेशा रूढ़िवादी होता है, और परिवर्तन पसन्द नहीं करता। एक बार जिस लीक में पड़ जाता है, उसीपर चलते रहने में उसे मज़ा आता है और उसे यह पक्का विश्वास होता है कि वह सदा उसी लकीर पर चलने को बना है। यहांतक कि जो व्यक्ति उसकी हालत सुधारने की इरादे से उसे लीक छोड़कर चलने को कहते हैं, वह ज्यादातर उन्हींको सज़ा देता है।

लेकिन समाजी व आर्थिक हालतें उन लोगों की मर्ज़ी का इन्तज़ार नहीं करतीं, जो समाज के बारे में कुछ नहीं सोचते या आराम से बैठे रहते हैं। वे आगे

बढ़ी चली जाती हैं, भले ही लोगों के विचार जैसे-के-तैसे बने रहें। इन जूने विचारों और असलियत के बीच का फ़ासला बढ़ता रहता है, और अगर इस खाई को पाट-कर दोनों को मिलाने का कुछ भी उपाय नही किया जाता है, तो ढांचा तड़क जाता है और आफ़तों का पहाड़ टूट पड़ता है। असली समाजी क्रान्तियां इसी तरह से होती हैं। अगर हालतें ऐसी हों, तो क्रान्ति हुए बिना नही रह सकती। यह दूसरी बात है कि दक़ियानूसी विचार उसे पीछे की ओर खीचकर देर लगवा दें। अगर हालतें ऐसी नही हो तो कुछ व्यक्ति चाहे कितना ही ज़ोर लगावे, क्रान्ति नही पैदा कर सकते। जब क्रान्ति फूट ही पड़ती है तो फिर असली हालतों को लोगों की आंखों से छिपानेवाला पर्दा हट जाता है और वे बहुत जल्दी असलियत को समझ लेते हैं। एक बार लीक के बाहर निकलते ही वे सरपट दौड़ते हैं। यही वजह है कि क्रान्ति के समय मे लोग जबर्दस्त वेग से आगे बढ़ते है। इस तरह क्रान्ति रूढ़िवाद और पीछे रुके रहने का अटल नतीजा होती है। अगर समाज इस बेवकूफ़ी की भूल में न फंसे कि कोई अटल समाज-व्यवस्था भी होती है, बल्कि हमेशा बदलती हुई हालतों के साथ-साथ चलता रहे, तो समाजी क्रान्ति होगी ही नही। फिर तो लगातार विकास होता चला जायगा।

पहले कोई इरादा बिना किये ही मै क्रांतियों के बारे मे ज़रा विस्तार से लिख गया हूं। यह विषय मुझे पसन्द है, क्योंकि आज दुनियाभर में बेमेल बातें नज़र आ रही हैं और बहुत-सी जगहों में समाजी ढांचा टूटता दिखाई दे रहा है। पिछली समाजी क्रान्तियों का ऐलान इसी तरह हुआ है और इसीलिए सहज ही विश्वास होने लगता है कि हम भी दुनिया मे होनेवाले महान परिवर्तनों के दरवाज़े पर खड़े है। विदेशी राज के अधीन सारे देशों की तरह भारत में भी राष्ट्रीयता और देश को विदेशी राज से छुड़ाने की इच्छा, जोर पकड़ रही है। मगर यह राष्ट्रीय उमंग ज्यादातर आसूदा वर्गों में ही है। यह लाज़िमी बात है कि किसान-वर्ग, मजदूरों और दूसरे लोगों को, जो हमेशा तंगी भुगतते रहते हैं, राष्ट्रीयता के इन धुधले सपनों मे इतनी दिलचस्पी नहीं है, जितनी अपने खाली पेट भरने की चिन्ता में। उनके लिए राष्ट्रीयता या स्वराज्य बे-मतलब है, अगर उसके साथ उन्हें ज्यादा खूराक न मिले और उनकी हालत सुधर न जाय। इसलिए आज भारत में सवाल सिर्फ़ राजनैतिक नही है; इससे भी ज्यादा वह समाजी है।

क्रान्तियों के बारे में मेरा यह असली विषय से भटक जाना इसलिए लम्बा हो गया कि जिस उन्नीसवीं सदी पर मै विचार कर रहा था, उसमें यूरोप में कई विद्रोह व उपद्रव हुए है। इन विद्रोहों मे से कितने ही विद्रोह, खासकर इस सदी के शुरू में होनेवाले, विदेशी हुकूमत के खिलाफ़ राष्ट्रीय बलवे थे। इसके साथ-साथ

उद्योगों वाले देशों में समाजी विद्रोह के विचार नये मज़दूर-वर्ग और उसके पूजी-शाही मालिकों के बीच झगड़ा फैलाने लगे। लोग समाजी क्रान्ति लाने के लिए समझ-बूझकर विचार करने लगे और कोशिश करने लगे।

१८४८ ई० का साल यूरोप में क्रान्तियों का साल कहलाता है। इस साल कितने ही देशों में बलवे हुए। उनमें से कुछ सफल हुए, लेकिन ज्यादातर विफल होकर खतम हो गये। पोलैण्ड, इटली, बोहेमिया और हंगरी के बलवों की तह में दबाई हुई राष्ट्रीयता थी। पोलैण्ड का विद्रोह प्रशिया के ख़िलाफ़ था और बोहेमिया व उत्तर-इटली का आस्ट्रिया के ख़िलाफ़। ये सब दबा दिये गए। इन विद्रोहों में आस्ट्रिया के ख़िलाफ़ हंगरी का विद्रोह सबसे बड़ा था। इसका नेता लोयोस कोसूथ था। यह हंगरी के इतिहास में एक देशभक्त और आज़ादी के लिए लड़नेवाला मशहूर है। दो वर्षों तक लोहा लेने के बावजूद यह विद्रोह भी दबा दिया गया। कुछ साल बाद हंगरी को सफलता मिली, मगर इस बार उसका लड़ाई का ढंग दूसरा था, और इस लड़ाई का नायक एक दूसरा बड़ा नेता देआक था। ध्यान देने की दिलचस्प बात यह है कि देआक ने निष्क्रिय प्रतिरोध के तरीक़े अपनाये। १८६७ ई० में हंगरी और आस्ट्रिया ने बहुत-कुछ बराबरी के आधार पर मिलकर हैप्सबर्ग सम्राट् फ्रान्सिस ज़ोज़फ़ के अधीन 'दोहरी राजशाही' बनाई। पचास वर्ष बाद देआक के निष्क्रिय प्रतिरोध के तरीक़ों की नकल आयर्लैण्डवालों ने अंग्रेजों के ख़िलाफ़ की। जब १९२० ई० में भारत में असहयोग आन्दोलन शुरू हुआ तो कुछ लोगों को देआक की लड़ाई याद आई। लेकिन इन दोनों तरीक़ों में बहुत बड़ा फ़र्क था।

१८४८ ई० में जर्मनी मे भी विद्रोह हुए, मगर वे बहुत गम्भीर नहीं थे। वे दबा दिये गए और कुछ सुधारों का वादा कर दिया गया। फ्रान्स मे बड़ा परिवर्तन हुआ। १८३० ई० मे जबसे बूर्बनों को निकाल दिया गया था, तभी से लुई फ़िलिप की बादशाहत थी। यह एक किस्म का आधा-संवैधानिक राजा था। १८४८ ई० तक लोग उससे ऊब गये और उसे गद्दी छोड़नी पड़ी। फिर गणराज्य क़ायम हुआ। यह दूसरा गणराज्य कहलाया, क्योंकि पहला तो बड़ी राज्य-क्रान्ति के दौरान में क़ायम हुआ था। इस गड़बड़ से फ़ायदा उठाकर नेपोलियन का एक भतीजा लुई बोनापार्ट पेरिस में आया और स्वतन्त्रता का बड़ा हामी बनकर गणराज्य का राष्ट्रपति चुन लिया गया। यह सत्ता हथियाने का सिर्फ़ ढोंग था। जब उसकी जड़ जम गई तो उसने फौज पर भी कब्जा कर लिया और १८५१ ई० में वह चाल खेली जो राजनैतिक चालबाजी कहलाती है। उसने अपने सिपाहियों के बल पर पेरिस पर आतंक जमाया, बहुत लोगों को गोलियों से उड़ा दिया और असेम्बली को डराकर दबा दिया। अगले साल वह सम्राट् बन बैठा और उसने

अपना नाम नेपोलियन तृतीय रख लिया, क्योंकि महान नेपोलियन का पुत्र नेपोलियन द्वितीय माना जाता था, हालांकि उसने कभी राज नही किया। इस तरह चार वर्षो से कुछ ही ज्यादा समय की छोटी-सी और बदनाम ज़िन्दगी के बाद यह दूसरा गणराज्य खतम हो गया।

इंग्लैण्ड में १८४८ ई० में कोई विद्रोह तो नहीं हुआ, मगर झगड़े और उपद्रव बहुत हुए। इंग्लैण्ड का यह ढंग है कि जब सचमुच मुसीबत सामने आ जाती है तो वह उसके सामने झुककर उससे बच जाता है। उसका संविधान लचीला होने की वजह से इसमें मदद करता है। बहुत दिनों के अभ्यास ने अंग्रेज को ऐसा बना दिया है कि जब और कोई रास्ता न दिखाई दे तो वह कोई-न-कोई समझौता कर लेता है। इस तरीके से अंग्रेजों ने किसी-न-किसी तरह ऐसे बड़े-बड़े और अचानक परिवर्तनों को टाल दिया है, जो ज्यादा सख्त संविधानों और कम समझौता-पसन्द लोगों के देशों में हुए हैं। १८३२ ई० में इंग्लैण्ड मे एक सुधार-बिल को लेकर बड़ी भारी हलचल मची। इस बिल मे कुछ ज्यादा लोगों को पार्लमेण्ट के सदस्य चुनने का हक़ दिया गया था। आजकल के पैमाने से देखें तो यह बिल बहुत मुलायम था और कोई बुरा लगनेवाला नहीं था। मध्यम-वर्ग के कुछ ज्यादा लोगों को वोट का अधिकार दिया गया था। मज़दूरों व दूसरे ज्यादातर लोगों को अब भी वोट का हक़ नहीं था। मगर उन दिनों पार्लमेण्ट थोड़े-से मालदार लोगों के हाथों मे थी। उन्हें अपने खास-अधिकारों और 'सड़े हुए चुनाव-क्षेत्रों' के छिन जाने का डर था, जिनसे वे पार्लमेण्ट की कामन्स-सभा में बिना किसी दिक़्क़त के चुनकर आ जाते थे। इसलिए इन लोगों ने अपना सारा ज़ोर लगाकर सुधार-बिल का विरोध किया और कहा कि अगर यह बिल पास हो गया तो इंग्लैण्ड बर्बाद हो जायगा और दुनिया डूब जायगी। इंग्लैण्ड में गृह-युद्ध छिड़ने ही वाला था कि सार्वजनिक आन्दोलन ने विरोधी दल के छक्के छुड़ा दिये और वे बिल को पास कराने के लिए राज़ी हो गये। कहना न होगा कि इंग्लैण्ड बच गया और पार्लमेण्ट की बागडोर भी पहले ही की तरह मालदारों के हाथों मे बनी रही। आसूदा मध्यम-वर्गों के हाथ मे कुछ ज्यादा सत्ता आ गई।

१८४८ ई० के आसपास इंग्लैण्ड को एक और बड़ी हलचल ने हिला डाला। यह 'अधिकारपत्री आन्दोलन'[१] कहलाया क्योंकि इसने कई तरह के सुधारों की मांग का 'जनता का अधिकार-पत्र'[२] एक भारी-भरकम अर्ज़ी के साथ पार्लमेण्ट में पेश करने का इरादा किया था। शासकवर्गो के दिलों को खूब दहलाने के बाद यह आन्दोलन दबा दिया गया। कारखानों के मज़दूर-वर्गो में बहुत मुसीबत

१ Chartist Agitation
२ People's Charter

और बेचैनी थी। इसी समय मज़दूरों के बारे में कुछ कानून बनने लगे और उनसे मज़दूरों की हालत जरा सुधरी। इंग्लैण्ड अपने बढ़ते हुए व्यापार से खूब धन कमा रहा था। वह 'दुनिया का कारखाना-घर' बन रहा था। यह मुनाफ़ा ज्यादातर तो कारखानों के मालिकों को मिलता था, पर मज़दूरों तक भी उसकी कुछ बूंदें पहुंच जाती थीं। इन सब कारणों से १८४८ ई० में बलवा होने से बच गया। मगर उस समय तो वह नज़दीक दिखाई दे रहा था।

अभी मैंने १८४८ ई० का हाल पूरा नहीं किया है। उस साल रोम में क्या हुआ, यह बताना अभी बाक़ी है। इसे दूसरे पत्र के लिए उठा रखना पड़ेगा।

: १२७ :

इटली संयुक्त और आजाद राष्ट्र बन जाता है

३० जनवरी, १९३३
वसन्त-पंचमी

१८४८ ई० के बयान में मैंने इटली की कहानी सबके बाद रक्खी है। इस वर्ष की थर्रानेवाली घटनाओं में सबसे ज़्यादा आकर्षक रोम की लड़ाई थी।

नेपोलियन के समय से पहले इटली छोटे-छोटे राज्यों और छुटभैय्ये राजाओं की पैबन्दकारी-सा था। कुछ अर्से के लिए नेपोलियन ने उसे एक कर दिया था। नेपोलियन के बाद उसकी फिर पहले-जैसी या उससे भी बुरी हालत हो गई। विजयी मित्र-राष्ट्रों ने १८१५ ई० की वियेना-कांग्रेस में बड़ा लिहाज करके इस देश को आपस में बांट लिया। आस्ट्रिया ने वेनिस और उसके चारों ओर का बड़ा-सा इलाक़ा ले लिया। आस्ट्रिया के कई राजाओं को बढ़िया-बढ़िया हिस्से दे दिये गए। पोप ने आकर रोम और उसके आसपास के राज्यों में अपना राज्य बना लिया। नेपल्स और दक्षिण इटली को मिलाकर दोनों सिसलियों का एक राज्य एक बूर्बन राजा के मातहत कर दिया गया। फ्रान्स की सरहद के पास, उत्तर-पश्चिम में, पीदमान्त और सार्दीनिया का बादशाह था। पीदमान्त को छोड़कर बाक़ी के इन सब छोटे-छोटे बादशाहों व राजाओं ने बड़ा निरंकुश राज किया और अपनी प्रजाओं को इतना सताया जितना कि नेपोलियन से पहले इन्होंने या और किसीने नहीं सताया था। लेकिन नेपोलियन के हमले ने देश को हिला दिया था, नवयुवकों में आजाद और संयुक्त इटली की भावनाएं भर दी थीं। शासकों के अत्याचारों के बावजूद, या और शायद उनके सबब से, कई छोटे-मोटे बलवे हुए और गुप्त समितियों का जाल बिछ गया।

जल्द ही वहां एक सरगर्म नवयुवक आगे आया, जो आज़ादी के आन्दोलन

का नेता मान लिया गया। यह इटली की राष्ट्रीयता का पैग़म्बर ग्वीसेप मैज़िनी था। १८३१ ई० में उसने 'जिओवेन इतालिया' (नौजवान इटली) नामक समिति का संगठन किया, जिसका उद्देश्य इटालवी गणराज्य क़ायम करना था। उसने इस उद्देश्य के लिए वर्षों तक काम किया। उसे देश-निकाले में भी रहना पड़ा और अक्सर अपनी जान जोखिम मे डालनी पड़ी। उसकी कई रचनाएं राष्ट्रवादी साहित्य का रत्न बन गई हैं। १८४८ ई० मे जब उत्तरी इटली मे जगह-जगह विद्रोह की आग भड़क रही थी, मैज़िनी को मौक़ा मिल गया और वह रोम चला आया। पोप को निकाल बाहर किया गया और तीन आदमियों की समिति के मातहत गणराज्य का ऐलान कर दिया गया। इस समिति को पुराने रोमन इतिहास के एक शब्द के अनुसार 'त्रियमवीर' नाम दिया गया। इनमे एक मैजिनी था। इस नये गणराज्य पर चारों तरफ़ से हमले होने लगे, आस्ट्रियावालों का, नेपल्सवालों का और यहांतक कि फ़ान्सीसियों का भी, जो पोप को फिर से गद्दी पर बिठाने के लिए आये। रोम गणराज्य की तरफ़ से लड़नेवालों का सरदार गैरीबाल्दी था। उसने आस्ट्रियावालों को रोक रक्खा, नेपल्सवालों को हरा दिया और फ़ान्सीसियों को भी आगे न बढ़ने दिया। यह सब, स्वयंसेवकों की मदद से किया गया और गणराज्य को बचाने के वास्ते रोम के अच्छे-से-अच्छे और बहादुर-से-बहादुर युवकों ने अपनी जाने दी। पर अन्त मे बड़ी वीरता से लड़ने के बाद रोम गणराज्य फ़ान्सीसियों से हार गया, और उन लोगों ने पोप को फिर से ला बिठाया।

इस तरह लड़ाई के पहले दौर का अन्त हुआ। प्रचार और अगले बड़े मोर्चे की तैयारी के रूप में मैज़िनी व गैरीबाल्दी अपना-अपना काम अलग-अलग तरीक़ों से करते रहे। इन दोनों में आपस में बहुत फ़र्क़ था। एक विचारक और आदर्शवादी था, और दूसरा सिपाही था और छापामार युद्ध-कला का उस्ताद था। दोनों में इटली की आज़ादी और एकता के लिए ज़बर्दस्त लगन थी। इसी समय इस बड़े खेल में एक तीसरा खिलाड़ी और आगे आया। यह पीदमान्त के राजा विक्टर इम्मैनुएल का प्रधानमंत्री कावूर था। उसका ख़ास इरादा विक्टर इम्मैनुएल को इटली का बादशाह बनाना था। चूंकि इसके लिए कई छोटे-छोटे राजाओं को दबाने और हटाने की ज़रूरत थी, इसलिए कावूर मैज़िनी और गैरीबाल्दी की हलचलों का फ़ायदा उठाने को पूरी तरह तैयार था। उसने फ़ान्सीसियों से मिलकर साज़िश की और उन्हें अपने दुश्मन आस्ट्रियावालों के साथ लड़ाई में फंसा दिया। उस समय फ़ान्स का शासक नेपोलियन तृतीय था। यह १८५९ ई० की बात है। फ़ान्सीसियों के हाथों आस्ट्रियावालों की हार से गैरीबाल्दी ने फ़ायदा उठाया और नेपल्स व सिसली के बादशाह पर अपने ही बल-बूते पर और अपनी ही कमान में एक अनोखी चढ़ाई कर दी। गैरीबाल्दी और उसके एक हज़ार

'लाल-कुर्तों' की यह मशहूर चढ़ाई थी। इन लोगों ने, जिन्हें न तो सैनिक ट्रेनिंग मिली थी और न जिनके पास ठीक हथियार और सामान थे, अपने सामने डटी हुई सीखी-सिखाई सेनाओं का मुक़ाबला किया। दुश्मन की सेना इन एक हजार लाल कुर्तों से बहुत ज़्यादा थी, लेकिन उनके जोश और जनता की हिमायत ने उन्हें विजय-पर-विजय हासिल करा दी। गैरीबाल्दी की कीर्ति चारो तरफ़ फैल गई। उसके नाम में ऐसा जादू था कि उसके नज़दीक पहुंचते ही फ़ौजें तितर-बितर हो जाती थी। फिर भी गैरीबाल्दी का काम मुश्किल था और कितनी ही बार वह और उसके स्वयंसेवक पराजय और तबाही के किनारे पहुंच जाते थे। लेकिन पराजय की घड़ियों में भी नसीब उसका साथ देता था और पराजय को विजय में बदल देता था। जान झोंकने की हिम्मत करनेवालों का क़िस्मत अक्सर इसी तरह साथ देती है।

गैरीबाल्दी और उसके हजार साथी सिसली के तटपर उतरे। वहां से वे लड़ते-लड़ते धीरे-धीरे इटली तक जा पहुंचे। दक्षिण इटली के गांवों में होकर कूच करता हुआ वह स्वयंसेवकों की मांग करता जाता था और उन्हें निराले ही इनाम देने की बात करता था। वह कहता था—"चले आओ! चले आओ! जो घर में घुसा रहता है, वह कायर है। मैं तुम्हें थकान, तकलीफें और लड़ाइयां देने का वादा करता हूं। लेकिन हम या तो जीतेंगे या मर मिटेंगे।" दुनिया सफलता की कद्र करती है। गैरीबाल्दी की शुरू की सफलताओं ने इटली के लोगों की राष्ट्रीय भावना को ऐसा उभारा कि स्वयंसेवकों का तांता बंध गया और वे गैरीबाल्दी का गीत गाते हुए उत्तर की तरफ बढ़े। उस गीत का आशय यह है :

उघड़ गई है कब्रें, मुर्दे दूर-दूर से आते उठकर।
ले तलवारें हाथों में, औ' कीर्त्ति ध्वजों के साथ,
युद्ध के लिए खड़े हो रहे प्रेतगण, अमर शहीदों के अपने,
जिनके मृत हृदयों में गर्मी, इटली का नाम रहा है भर।
आओ, दो उनका साथ, देश के नवयुवको!
तुम चलो उन्हींके पीछे!
आओ, फहरा दो झंडा अपना औ' बाजे जंगी सब साजो!
आ जाओ, सब लेकर ठंडी फौलादी तलवारें, लेकिन हो आग हृदय में भरी हुई,
आ जाओ सब लेकर इटली की आशाओं की ज्योति अरे!
इटली से बाहर हो, ओ परदेशी,
तू बाहर निकल हमारे प्यारे वतन इटाली से!

राष्ट्रीय गीत सब जगह कितने समान होते हैं!

कावूर ने गैरीबाल्दी की सफलताओं से फायदा उठाया। और इस सबका

नतीजा यह हुआ कि १८६१ ई० मे पीडमान्त का विक्टर इम्मेनुएल इटली का बादशाह हो गया। रोम पर अभी तक फ्रान्सीसी सिपाहियों का कब्जा था और वेनिस पर आस्ट्रियावालों का। दस वर्ष के भीतर वेनिस और रोम बाकी इटली मे मिल गये और रोम राजधानी बन गया। आखिर इटली एक संयुक्त राष्ट्र हो गया। लेकिन मैज़िनी को इससे खुशी नही हुई। उसने सारी उम्र गणराज्य के आदर्श के लिए जान लड़ाई थी और अब इटली सिर्फ पीदमान्त के विक्टर इम्मैनुएल की रियासत बन गया। यह सही है कि नया राज्य संविधानी राज्य था, और विक्टर इम्मैनुएल के राजा बनते ही फ़ौरन ट्यूरिन मे इटली की पार्लमेण्ट की बैठक हुई।

इस तरह इटली का राष्ट्र फिर से विदेशी राज से आज़ाद हो गया। यह तीन आदमियों की—मैज़िनी, गैरीबाल्दी और कावूर की करामात थी। इन तीनों मे से एक भी न होता तो शायद इस आज़ादी को आने में बहुत देर लगती। कई वर्ष बाद अंग्रेज कवि और उपन्यासकार जार्ज मेरिडिथ ने इसपर एक कविता लिखी थी, जिसका आशय यह है :

हमने इटैलिया को घोर पीड़ा में देखा है,
वह उठने भी न पाई थी कि उसे
फिर जमीन पर फेंक दिया गया,
और आज जब वह गेहूं के पके हुए खेत की तरह,
जहां कभी हल चलते थे,
वरदानमयी तथा सुन्दर है,
तब हमें उनकी याद आती है,
जिन्होंने उसके ढांचे में जीवन की सांस फूंकी :
कावूर, मैज़िनी, गैरीबाल्दी : तीनों :
एक उसका मस्तिष्क, एक आत्मा, एक तलवार ;
जिन्होंने एक प्रकाशमान उद्देश्य को लेकर
विनाशकारी आन्तरिक कलह से
उसका उद्धार किया।

मैंने तुम्हें थोड़े-से शब्दों में और मोटी-मोटी बातों को उभारकर इटली की आजादी की लड़ाई की कहानी सुना दी है। यह छोटा-सा बयान तुम्हें मुर्दा इतिहास के किसी भी दूसरे टुकड़े की तरह लगेगा। मगर मै तुम्हें बताता हूं कि तुम इस कहानी को जानदार कैसे बना सकती हो, और अपने दिल को इस लड़ाई की खुशी और तड़प से कैसे भर सकती हो। कम-से-कम मुझे तो बहुत समय पहले जब मै स्कूल का विद्यार्थी था, ऐसा ही महसूस हुआ था। मैंने यह कहानी ट्रेविलियन

की तीन पुस्तकों में पढ़ी थी। वे थीं, 'गैरीबाल्दी और रोमन गणराज्य के लिए युद्ध'[१], 'गैरीबाल्दी और उसके हजार सिपाही'[२], 'गैरीबाल्दी और इटली का निर्माण।'[३]

इटली की आजादी की लड़ाई के दिनों में अंग्रेज जनता की सहानुभूति गैरीबाल्दी और उसके लाल कुर्ता के साथ थी और कितने ही अंग्रेज कवियों ने इस लड़ाई पर जोशीली कविताएं लिखी थी। यह अजीब बात है कि जहां अंग्रेज़ों का स्वार्थ आड़े नहीं आता वहां उनकी सहानुभूति अक्सर आज़ादी के लिए लड़नेवाले राष्ट्रों के साथ किस तरह हो जाती है! यूनान आजादी के लिए लड़ता है तो वे अपने कवि बायरन को और दूसरे लोगों को भेज देते हैं। इटली को वे अपनी सारी शुभ-कामनाएं भेजते हैं और उसे हिम्मत दिलाते हैं। मगर अपने पड़ोसी आयर्लैण्ड या दूर के मिस्र और भारत या दूसरे देशों में उनके दूत मशीनगनें और तबाही ले जाते हैं। उस समय इटली के बारे में स्विनबर्न, मेरेडिथ और एलीजाबेथ बैरेट ब्राउनिंग ने बड़ी सुन्दर कविताएं लिखी थी। मेरेडिथ ने तो इस विषय पर उपन्यास भी लिखे थे। मैं यहां स्विनबर्न की एक कविता का आशय देता हूं, जो 'रोम के सामने पड़ाव'[४] के नाम से मशहूर है। यह उस समय लिखी गई थी जबकि इटली की लड़ाई जारी थी, और उसमें बहुत रुकावटें सामने आ रही थी, और उसके कई देशद्रोही विदेशी मालिकों का काम कर रहे थे।

तुम क्रीतदास जिस स्वामी के, वह ही देगा उपहार तुम्हें,
उपहार भला क्या दे सकती है स्वतन्त्रता की देवि तुम्हें;
वह आश्रयहीना स्वतन्त्रता, आवास नहीं जिसका कोई,
वह बिना रुकावट सीमा के, प्रेरित करती निज सेनाओं को,
बढ़ने को आगे नित ही।
वे सेनाएं खोकर निज आंखों की निद्रा,
भूखों मरती, औ' खून बहाती चलती हैं,
निज प्राणों से आजादी के बोती जाती हैं बीज, तथा
बढ़ती जाती हैं, यह इच्छा लेकर—
उनकी मिट्टी से फिर निर्माण राष्ट्र का हो जाये,
औ' आत्माएं उनकी करदें ज्योतित उसके ही तारे को।

[१] Garibaldi and the Fight for the Roman Republic.
[२] Garibaldi and the Thousand.
[३] Garibaldi and the Making of Italy.
[४] The Halt Before Rome.

जर्मनी तथा इटली का उत्कर्ष
जर्मनी
आस्ट्रिया
ओटोमान साम्राज्य
लम्बार्डी
वेनेशिया
पीडमोन्ट
परमा
मोडेना
ल्यूका
टस्कनी
रोम
पापराज्य
सार्डीनिया
इटली की वर्त्तमान सीमा
प्रशिया

: १२८ :

जर्मनी का उत्थान

३१ जनवरी, १९३३

पिछले पत्र में हम यूरोप के एक बड़े राष्ट्र का निर्माण देख चुके है, जिसे आज हम इतनी अच्छी तरह जानते है। अब हमें एक और आधुनिक बड़े राष्ट्र जर्मनी का निर्माण देखना है।

एक भाषा और दूसरे कितने ही एक-से लक्षण होते हुए भी जर्मन कौम बहुत-सी छोटी-बड़ी रियासतों मे बंटी हुई थी। कई सदियों तक हैप्सबुर्गों का आस्ट्रिया सबसे बड़ी जर्मन-शक्ति था। बाद में प्रशिया आगे आया और इन दोनों शक्तियों के बीच जर्मन कौम की नेतागिरी के लिए बड़ी लाग-डाट रही। नेपोलियन ने इन दोनों को नीचा दिखाया। इसके सबब से जर्मन राष्ट्रीयता ज़ोरदार हो गई और वही नेपोलियन की आखिरी पराजय में सहायक हुई। इस तरह इटली और जर्मनी दोनों में नेपोलियन ने, अनजान मे और बिना चाहे, राष्ट्रीय भावना और आज़ादी के विचारों को उत्तेजना दी। नेपोलियन के ज़माने के जर्मन राष्ट्रवादी नेताओं में एक फ़िक्टे था, जो दार्शनिक भी था और लगनवाला देशभक्त भी। उसने अपने देशवासियों को जगाने का बहुत काम किया था।

नेपोलियन के पचास वर्ष बाद तक जर्मनी की छोटी-छोटी रियासतें बनी रहीं। उनका संघ बनाने की कई बार कोशिशे हुई, मगर वे असफल हुई, क्योंकि आस्ट्रिया और प्रशिया दोनों के शासक और सरकारें संघ के मुखिया बनना चाहते थे। इस बीच में सभी उदार विचारो का खूब दमन हुआ। १८३० और १८४८ ई० में विद्रोह हुए। मगर वे दबा दिये गए। जनता का मुह बन्द करने के लिए कुछ छोटे-छोटे सुधार जारी किये गए।

इंग्लैण्ड की तरह जर्मनी के कुछ हिस्सों मे कोयले और कच्चे लोहे की खानें थीं। इससे वहां की हालत उद्योगों के विकास के लिए अनुकूल थी। जर्मनी भी अपने दार्शनिकों, वैज्ञानिकों और सिपाहियों के लिए मशहूर था। वहां कारखाने खड़े हो गये और औद्योगिक मज़दूरों का एक वर्ग पैदा हो गया।

इस स्थिति में, उन्नीसवी सदी के बीच के लगभग, प्रशिया में एक व्यक्ति उठा, जो आगे चलकर बहुत दिनों तक न सिर्फ जर्मनी पर बल्कि यूरोप की राजनीति पर हावी होनेवाला था। यह व्यक्ति प्रशिया का एक ज़मीदार था और इसका नाम ओटो वॉन बिस्मार्क था। वह वाटरलू की लड़ाई के साल[1] में पैदा

---

[1] सन् १८१५ ई०।

हुआ था और उसने अलग-अलग दरबारों में कई वर्ष राजनयिक राजदूत का काम किया था। १८६२ ई० में वह प्रशिया का प्रधानमंत्री बना और फौरन ही उसने अपना सिक्का जमाना शुरू कर दिया। प्रधानमंत्री बनने के एक हफ्ते के अन्दर उसने अपने एक भाषण के दौरान में कहा—"इस ज़माने की बड़ी समस्याएं भाषणों और बहुमत के प्रस्तावों से नहीं बल्कि लोहे और ख़ून से हल होंगी।"

लोहा और ख़ून ! ये शब्द, जो मशहूर हो गये, सचमुच उसकी उस नीति को दर्शाते थे, जिसे उसने दूरंदेशी और सख़्ती के साथ निभाया। उसे लोकतन्त्र से नफ़रत थी और वह पार्लमेण्टों और लोकप्रिय विधान-सभाओं को हिक़ारत की नज़र से देखता था। वह पुराने ज़माने की एक निशानी मालूम होता था, मगर इतना काबिल व पक्के इरादेवाला था कि उसने वर्तमान को अपनी इच्छा के सामने झुका लिया। उसने आधुनिक जर्मनी को बनाया और उन्नीसवीं सदी के पिछले हिस्से में यूरोप के इतिहास को अपने सांचे में ढाला। दार्शनिकों और वैज्ञानिकों का जर्मनी तो पीछे रह गया, और ख़ून व लोहेवाला और बहुत बढ़िया फ़ौजोंवाला नया जर्मनी यूरोप के महाद्वीप पर हावी होने लगा। उस समय के एक नामी जर्मन ने कहा था, "बिस्मार्क जर्मनी को महान् बना रहा है और जर्मनों को छोटा।" जर्मनी को यूरोप में और अन्तर्राष्ट्रीय मामलों मे महान् शक्ति बनाने की उसकी नीति से जर्मन लोग खुश होते थे, और बढ़ती हुई राष्ट्रीय शान की चकाचौंध से वे बिस्मार्क के सब तरह के अत्याचारों को बर्दाश्त कर लेते थे।

बिस्मार्क के हाथ में जब बागडोर आई तब उसके दिमाग़ में साफ़-साफ़ विचार थे कि उसे क्या-क्या करना है, और उसके पास सावधानी से बनाई हुई योजना थी। वह पक्के इरादे से उस योजना पर डटा रहा और उसे अद्भुत सफलता मिली। वह जर्मनी की, और जर्मनी के ज़रिये प्रशिया की, यूरोप में प्रभुता क़ायम करना चाहता था। उस समय नेपोलियन तृतीय के मातहत फ़्रान्स यूरोप का सबसे शक्तिशाली राष्ट्र समझा जाता था। आस्ट्रिया भी एक बड़ा मुक़ाबलेदार था। पुराने ढंग की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति और कूटनीति के एक पाठ की तरह यह देखकर बड़ा मज़ा आता है कि बिस्मार्क दूसरी शक्तियों को किस तरह खेल खिलाता था और बारी-बारी से एक-एक करके उनसे कैसे निबटता था। सबसे पहली चीज़, जिसे करने का उसने बीड़ा उठाया था, यह थी कि जर्मनी की नेतागिरी का सवाल सदा के लिए हल कर दिया जाय। प्रशिया और आस्ट्रिया की पुरानी लाग-डाट जारी रहने दी जा सकती थी। इस सवाल का आख़िरी फ़ैसला प्रशिया के पक्ष में होना चाहिए था और आस्ट्रिया को महसूस कर लेना चाहिए था कि उसका दर्जा दूसरा रहेगा। आस्ट्रिया के बाद फ़्रान्स की बारी थी। (यह याद रखना कि जब मैं प्रशिया, आस्ट्रिया और फ़्रान्स की बात करता हूं तब मेरा मतलब वहां की सरकारों

से है। ये सरकारें थोड़ी या बहुत निरंकुश थीं और वहां की पार्लमेण्टो के हाथ में कोई सत्ता नही थी।)

बस, बिस्मार्क ने अपनी फ़ौजी मशीन को चुपचाप मुकम्मिल कर लिया। इसी बीच मे नेपोलियन तृतीय ने आस्ट्रिया पर हमला करके उसे हरा दिया। इस हार ने गैरीबाल्दी को दक्षिण इटली मे फौजी कार्रवाई के लिए मजबूर किया, जिसका नतीजा यह हुआ कि इटली सदा के लिए आज़ाद हो गया। ये सब बातें बिस्मार्क के अनुकूल थी, क्योंकि इनसे आस्ट्रिया कमज़ोर पड़ गया। रूसी पोलैण्ड में जब राष्ट्रीय विद्रोह हुआ तो बिस्मार्क ने सचमुच ज़ार को यह प्रस्ताव भेजा कि ज़रूरत पड़े तो वह पोलों को गोलियों से उड़ाने मे मदद देने को तैयार है। यह बड़ा कमीना प्रस्ताव था, मगर यूरोप की किसी आगे की उलझन मे जार की सहानुभूति हासिल करने का मतलब इससे पूरा हो गया। फिर आस्ट्रिया से मिलकर उसने डेनमार्क को हराया और इसके बाद जल्दी ही उसने आस्ट्रिया की तरफ़ मुह किया। इसके लिए उसने होशियारी से फ़ान्स और इटली को राज़ी कर लिया था। १८६६ ई० में कुछ ही समय मे प्रशिया ने आस्ट्रिया को दबा दिया। जब उसने जर्मनों के नेता का सवाल तय कर लिया और यह ज़ाहिर कर दिया कि प्रशिया ही उनका नेता है, तो फिर उसने बड़ी बुद्धिमानी से आस्ट्रिया के साथ उदारता का बर्ताव किया, जिससे कोई कड़वाहट बाक़ी न रहे। अब प्रशिया की नेतागिरी मे एक उत्तर-जर्मन संघ बनाने का रास्ता साफ़ हो गया (आस्ट्रिया उसमे नही था)। बिस्मार्क इस संघ का चान्सलर बना। आजकल जहां हमारे कुछ राजनीति व क़ानून के पंडित महीनों और वर्षों संघों और संविधानों के बारे मे चर्चाएं और दलीलें किया करते है, वहां ध्यान देने की दिलचस्प बात है कि बिस्मार्क ने उत्तर-जर्मन संघ का नया विधान पाच घंटे मे लिखवा दिया था। यही संविधान, इधर-उधर के कुछ हेर-फेर के साथ, पचास वर्ष तक जर्मनी का संविधान बना रहा; यानी महायुद्ध के बाद, १९१८ ई० में, जब गणराज्य क़ायम हुआ, तबतक।

बिस्मार्क ने अपना पहला महान उद्देश्य हासिल कर लिया था। दूसरा क़दम फ्रान्स को नीचा दिखाकर यूरोप में अपनी प्रभुता का दर्जा क़ायम करना था। इसकी तैयारी उसने चुपचाप और बिना शोरगुल मचाये की। साथ-साथ वह जर्मनी की एकता क़ायम करने का जतन करता रहा और साथ ही दूसरी यूरोपीय शक्तियों को अपनी नेक-नीयती का दिलासा देता रहा। हारे हुए आस्ट्रिया के साथ भी ऐसा नरमी का बर्ताव किया गया कि आपसी वैर-भाव बहुत-कुछ दूर हो गया। इंग्लैण्ड और फ्रान्स के बीच तो ऐतिहासिक मुकाबलेदारी चली आती थी, और इंग्लैंड नेपोलियन तृतीय की हौसलाभरी योजनाओं को बड़ी शंका की नजर से देखता था। इसलिए फ़्रान्स के खिलाफ किसी भी लडाई में इंग्लैण्ड की हमदर्दी हासिल करना बिस्मार्क

के लिए कठिन नहीं था। जब वह युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार हो गया तो उसने अपना खेल इतनी होशियारी के साथ खेला कि वास्तव में, १८७० ई० में, नेपोलियन तृतीय ने ही प्रशिया के खिलाफ़ युद्ध का ऐलान कर दिया। यूरोप को ऐसा लगा मानो प्रशिया की सरकार ही हमलावर फ़्रान्स की बेक़सूर शिकार हुई है। पेरिस के लोग 'बर्लिन को ! बर्लिन को !' चिल्लाने लगे और नेपोलियन तृतीय ने अपने मन में बड़े आराम से समझ लिया कि वह अपनी विजयी फ़ौज के साथ सचमुच बर्लिन पहुंच जायगा। मगर हुआ कुछ और ही। बिस्मार्क का सधा हुआ फ़ौजी यंत्र फ़्रान्स की उत्तर-पूर्वी सरहद पर टूट पड़ा और उसके आगे फ़्रान्स की फौज तितर-बितर हो गई। कुछ ही सप्ताहों के भीतर सेदान में ख़ुद सम्राट् नेपोलियन तृतीय को और उसकी फ़ौज को जर्मनों ने क़ैद कर लिया।

इस तरह नेपोलियन वंश का दूसरा फ़्रान्सीसी साम्राज्य ख़तम हुआ और फौरन ही पेरिस में गणराज्यी शासन क़ायम हो गया। नेपोलियन तृतीय के पतन के कई सबब थे। सबसे बड़ा यह था कि अपनी दमन-नीति की वजह से वह प्रजा में बिल्कुल बदनाम हो चुका था। विदेशों से युद्ध करके उसने जनता का ध्यान बँटाने की कोशिश की; आफ़त में फंसे हुए बादशाहों और सरकारों का यह मुहलगा तरीक़ा है। नेपोलियन सफल नहीं हुआ। हां, युद्ध ने उसके हौसलों को ज़रूर सदा के लिए ख़तम कर दिया।

पेरिस में 'राष्ट्रीय सुरक्षा' की सरकार बनी। उसने प्रशिया के सामने सुलह का प्रस्ताव रक्खा, मगर बिस्मार्क की शर्तें इतनी ज़लील करनेवाली थीं कि उन्हें लड़ाई जारी रखने का फ़ैसला करना पड़ा, हालांकि उनकी सारी फ़ौजें करीब-क़रीब ख़तम हो चुकी थीं। जर्मन फ़ौजें बहुत समय तक वर्साई में और पेरिस के चारों तरफ़ घेरा डाले पड़ी रहीं। अन्त में पेरिस ने हथियार डाल दिये और नये गणराज्य ने हार मानकर बिस्मार्क की कठोर शर्तें मंज़ूर करलीं। युद्ध के हर्जाने की भारी रक़म देना क़बूल किया गया, और जिस बात से फ़्रान्स को सबसे ज़्यादा चोट पहुंची वह यह थी कि अलसेस व लॉरेन के प्रान्त, दो सौ साल से ज़्यादा फ़्रान्स के अंग रहने के बाद, जर्मनी के हवाले कर देने पड़े।

मगर पेरिस का घेरा उठने से पहले ही वर्साई में एक नये साम्राज्य का जन्म हो गया। १८७० ई० के सितम्बर में तो नेपोलियन तृतीय के फ्रान्सीसी साम्राज्य का अन्त हुआ, और १८७१ ई० की जनवरी में, वर्साई के सोलहवें लुई के राजमहल के शानदार दीवानखाने में, संयुक्त जर्मनी की घोषणा हुई और प्रशिया का बादशाह क़ैसर के नाम से सम्राट बना। जर्मनी के सब राजाओं और प्रतिनिधियों ने वहां जमा होकर अपने नये सम्राट् क़ैसर को ताज़ीम दी। अब प्रशिया के

होएनत्सालर्न का राजघराना एक शाही घराना बन गया और संयुक्त जर्मनी संसार की एक बड़ी शक्ति हो गया।

इधर वर्साई में खुशी और उत्सव मनाये जा रहे थे, और उधर पास ही पेरिस में रंज और मुसीबत और पूरी ज़लालत छाई हुई थी। अपने ऊपर पड़ने-वाली इतनी आफ़तों के कारण जनता हक्की-बक्की हो रही थी और कोई मज़बूत या जमी हुई सरकार नहीं थी। राष्ट्रीय विधान-सभा में राजाशाही लोग बड़ी संख्या में चुनकर आ गये थे और ये लोग राजाशाही को फिर से क़ायम करने की साज़िशें कर रहे थे। उन्होंने अपने रास्ते का काटा दूर करने के लिए राष्ट्रीय रक्षक-दल के हथियार छीनने की कोशिश की, क्योंकि यह दल गणराज्यवादी समझा जाता था। शहर के सब लोकतंत्रवादी और क्रान्तिकारी तत्वों को ऐसा लगा कि इसका अर्थ प्रतिक्रिया और दमन है। इसलिए, १८७१ ई० के मार्च में, बलवा हुआ और पेरिस के 'कम्यून (पंचायती राज) की घोषणा की गई। यह एक तरह की म्युनिसिपैलिटी थी और यह फ़्रान्स की महान राज्यक्रान्ति से प्रेरणा लेती थी। मगर इसमें इससे ज़्यादा और भी बहुत-कुछ था। कुछ धुंधली ही सही, पर इसमें वे समाजवादी विचारधाराएं शामिल थीं, जो उस समय पैदा हो चुकी थीं। एक तरह से यह रूस की सोवियतों के लिए नमूना बनी।

मगर १८७१ ई० का यह पेरिस कम्यून थोड़े ही दिन टिका। राजाशाही व ऊंचे मध्यम-वर्ग के लोगों ने आम जनता की इस बग़ावत से डरकर पेरिस के उस हिस्से पर घेरा डाल दिया, जो कम्यून के अधीन था। पास ही वर्साई में, और दूसरी जगहों पर, जर्मन सेनाएं यह सब चुपचाप देखती रहीं। जो फ़्रान्सीसी सिपाही जर्मनों की क़ैद से छूटकर पेरिस लौटे वे अपने पुराने अफ़सरों के साथ हो गये और कम्यून के ख़िलाफ़ लड़ने लगे। उन्होंने कम्यूनियों पर धावा बोल दिया, और १८७१ ई० की मई के अन्त में एक दिन उन्हें हराकर पेरिस की सड़कों पर तीस हज़ार स्त्री-पुरुषों को गोलियों से उड़ा दिया। बाद में पकड़े हुए बहुत-से कम्यूनियों को भी बड़ी बेदर्दी से गोलियों से मार दिया गया। इस तरह पेरिस के कम्यून का अन्त हुआ। इससे यूरोप में बड़ी सनसनी फैली। इस सनसनी की वजह सिर्फ़ यही नहीं थी कि कम्यून को ख़ूनी कार्रवाई से दबा दिया गया, बल्कि यह भी थी कि यह कम्यून उस समय की प्रणाली के ख़िलाफ़ पहला समाजवादी विद्रोह था। ग़रीबों ने धनवानों के ख़िलाफ़ बलवे तो पहले भी कितनी ही बार किये थे, लेकिन जिस प्रणाली के सबब से, वे ग़रीब थे उसे बदलने का उन्होंने विचार नहीं किया था। यह कम्यून लोकतंत्री व आर्थिक, दोनों तरह का विद्रोह थी, और इसलिए यूरोप में समाजवादी विचारधारा के विकास की यह एक मंज़िल है। फ़्रान्स में कम्यून के

अत्याचारी दमन ने समाजवादी विचारों को नीचे धंसा दिया, और फिर उन्हें उभरने में देर लगी।

हालांकि कम्यून दबा दी गई, मगर फ़्रान्स राजाशाही के और ज़्यादा प्रयोगों से बच गया। कुछ समय में वह पक्के तौर पर गणराज्यवाद में जम गया और १८७५ ई० की जनवरी मे वहां एक नये संविधान के मातहत तीसरे गणराज्य की घोषणा की गई। यह गणराज्य उसी समय से चला आ रहा है और अब भी मौजूद है। फ्रान्स में अब भी कुछ ऐसे लोग हैं, जो बादशाहों को रखना चाहते हैं; मगर उनकी संख्या बहुत कम है और मालूम होता है कि फ़्रान्स ने पक्के तौर पर गणराज्यवाद क़बूल कर लिया है। फ़्रान्स का गणराज्य ऊंचे मध्यम-वर्गों का गणराज्य है और उसकी बागडोर आसूदा मध्यम-वर्गों के हाथों में है।

फ़्रान्स १८७०-७१ ई० के जर्मन-युद्ध की मार से फिर पनप गया और उसने हर्जाने की भारी रक़म भी चुका दी। लेकिन फ़्रान्स की जनता को जिस तरह ज़लील किया गया था, उससे लोगों के दिलों मे गुस्सा भरा हुआ था। वे स्वाभिमानी लोग हैं, और बातों को बहुत दिन तक याद रखते हैं। इसलिए बदले की भावना उन्हें सताने लगी। अलसेस और लारेन के हाथ से चले जाने का उन्हें ख़ासतौर पर दुःख था। बिस्मार्क ने आस्ट्रिया को हराने के बाद उसकी तरफ़ उदारता दिखाकर अक़्लमन्दी की थी; लेकिन फ़्रान्स के साथ उसके कठोर बर्ताव में न तो उदारता थी और न बुद्धिमानी। एक स्वाभिमानी शत्रु को नीचा दिखाने की क़ीमत देकर उसने उन लोगों की, सदा हरी रहनेवाली दुश्मनी मोल ले ली। सेदान की लड़ाई के बाद ही, जब युद्ध का अन्त भी नहीं हुआ था, मशहूर समाजवादी कार्ल मार्क्स ने एक घोषणा-पत्र निकालकर भविष्यवाणी की थी कि अलसेस पर क़ब्ज़ा करने के नतीजे से "दोनों देशों के बीच जानी दुश्मनी पैदा होगी और हमेशा की सुलह के बजाय आरज़ी सुलह होगी।" दूसरे कई मामलों की तरह इस मामले में भी मार्क्स की भविष्यवाणी सच्ची निकली।

जर्मनी में अब 'इम्पीरियल चान्सलर' (शाही दीवान) बिस्मार्क ही सबकुछ था। फिलहाल तो "ख़ून और लोहा" की नीति सफल हो गई थी। जर्मनी ने इस नीति को क़बूल कर लिया था और उदार विचारों की कीमत घट गई थी। बिस्मार्क की यह कोशिश थी कि सत्ता बादशाह के हाथ में रहे, क्योंकि उसे लोकतन्त्र में कोई विश्वास नहीं था। जैसे-जैसे जर्मनी की औद्योगिक उन्नति होती जाती थी और मज़दूर-वर्ग ज़ोर पकड़ता जाता था, वैसे-वैसे यह वर्ग बुनियादी परिवर्तनों की मांगें पेश करता और नई समस्या पैदा करता जा रहा था। बिस्मार्क ने इसका दो तरह से उपाय किया। एक तरफ़ वह मज़दूरों की हालत सुधारता गया और दूसरी तरफ़ समाजवाद को कुचलता रहा। उसने समाजी उन्नति के क़ानून बनाकर

मज़दूरों को अपने पक्ष में करने की या कम-से-कम उन्हें उग्र बनने से रोकने की कोशिश की। इस तरह जर्मनी ने मज़दूरों के लिए बुढ़ापे की पेंशनों, बीमों और चिकित्सा की सहूलियतों के, और उनकी हालत सुधारने के, क़ानून बनाकर इस दिशा में सबसे पहला कदम बढ़ाया, जबकि इंग्लैण्ड का उद्योग और मज़दूर आन्दोलन, जर्मनी से पुराना होते हुए भी, इस दिशा में ज़्यादा कुछ नही कर पाया था। इस नीति को कुछ सफलता तो मिली, लेकिन फिर भी मज़दूरों का संगठन बढ़ता ही गया। उन्हें नेता भी क़ाबिल मिले थे, जैसे फ़र्दिनेन्द लासाल जो बड़ा होशियार व्यक्ति था और उन्नीसवी सदी का सबसे बढ़िया भाषण देनेवाला माना जाता है। वह जोड़ की एक लड़ाई मे बहुत कम उम्र मे ही मर गया। इसके अलावा विलहेल्म लिबनेख़्त हुआ, जो पुराना वीर लड़ाकू और बाग़ी था और जो गोली से मरते-मरते बचकर अच्छी उम्र तक ज़िन्दा रहा। उसका पुत्र कार्ल जो अभी तक स्वतन्त्रता के लिए लड़ रहा था, कुछ वर्ष हुए, १९१८ ई० मे, जर्मन गणराज्य की स्थापना के समय कत्ल कर दिया गया। और कार्ल मार्क्स के बारे में मैं अगले किसी पत्र में लिखूगा। लेकिन मार्क्स की ज़्यादातर ज़िन्दगी जर्मनी से देश-निकाले में बीती थी।

मजदूरों के संगठन बढ़ने लगे और १८७५ ई० मे सबोंने मिलकर समाजवादी लोकतन्त्री दल बनाया। बिस्मार्क समाजवाद की इस बढ़ती को बर्दाश्त नहीं कर सका। किसीने सम्राट् की जान पर हमला किया, और बिस्मार्क को समाजवादियों पर गज़ब ढाने का यह अच्छा बहाना मिल गया। १८७८ ई० में हर तरह की समाजवादी हलचलों का दमन करनेवाले समाजवाद-बन्दी के क़ानून बनाये गए। जहांतक समाजवादियों का सम्बन्ध था, उनके लिए एक तरह का फ़ौजी क़ानून जारी हो गया और हज़ारों को देश-निकाले की या क़ैद की सज़ाएं दे दी गई। देश-निकालो में से बहुत-से लोग अमेरिका चले गये और वहां जाकर समाजवाद के अगुआ बने। समाजवादी लोकतन्त्री दल को चोट तो सख्त लगी, मगर वह मरा नहीं और आगे चलकर फिर ज़ोर पकड़ गया। बिस्मार्क का आतंकवाद उसे मार न सका, उलटे इसकी सफलता और भी ज़्यादा नुक़सान करनेवाली साबित हुई। जैसे-जैसे इस दल की ताक़त बढ़ती गई, इसका संगठन बहुत बड़ा हो गया। इसके पास बड़ी भारी सम्पत्ति हो गई और हज़ारों वेतन-भोगी कार्यकर्ता हो गये। जब कोई व्यक्ति या संगठन मालदार हो जाता है तो फिर वह क्रान्तिकारी नही रहता। जर्मनी के समाजवादी लोकतन्त्री-दल का भी यही हाल हुआ।

बिस्मार्क के कूटनीति के हुनर ने अन्त तक उसका साथ नहीं छोड़ा और उसने अपने ज़माने की अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति में ज़बर्दस्त खेल खेले। यह राजनीति उस समय भी और आज भी, साज़िश, जवाबी-साज़िश, धोखा-धड़ी और मक्कारी

का अजीब और पेचीदा जाल है, और ये सब बातें छिपकर और पर्दे के पीछे की जाती हैं। अगर यह सब खुले तौर पर हों तो ज़्यादा दिन नहीं टिक सकतीं। बिस्मार्क ने आस्ट्रिया और इटली को मिलाकर 'त्रिदलीय गठ-बन्धन' नामक गठ-बन्धन बनाया, क्योंकि अब उसे फ़्रान्सीसियों के बदला लेने का डर सताने लगा था। इस तरह दोनों पक्ष हथियार जमा करने, साज़िशें करने और एक-दूसरे पर आंखें निकालने में लगे रहे।

१८८८ ई० में सम्राट् विल्हेल्म द्वितीय के नाम से एक नौजवान जर्मनी का क़सर हुआ। उसके दिमाग़ में यह ख़याल ख़ूब भर गया कि वह ज़ोरदार आदमी है, और बहुत जल्दी ही वह बिस्मार्क से लड़ पड़ा। इस 'लौह-पुरुष दीवान' को बुढ़ापे में उसके पद से बर्ख़ास्त कर दिया गया। इसपर उसे बहुत ग़ुस्सा आया। आंसू पोंछने के लिए उसे 'प्रिंस' का ख़िताब दे दिया गया, मगर बादशाहों के बारे में उसका भ्रम दूर हो गया और ग्लानि के मारे वह अपनी जागीर में एकान्तवास करने लगा। एक मित्र से उसने कहा था : "मैंने जब पद सम्हाला था तब मेरे पास राजभक्ति की भावनाओं का और बादशाह के लिए सम्मान का बड़ा भंडार था; लेकिन अब मुझे दुःख के साथ मालूम हो रहा है कि यह भंडार दिन-पर-दिन ख़ाली होता जा रहा है। मैंने तीन बादशाहों का नंगा रूप देख लिया है और यह नज़ारा मुझे कुछ सुहावना नहीं लगा!"

यह बदमिजाज़ बूढ़ा कुछ वर्ष और जिया, और १८९८ ई० में, तिरासी वर्ष की उम्र में मरा। क़ैसर के हाथों बर्ख़ास्त होने और मौत के बाद भी उसकी छाया जर्मनी पर मंडराती रही और उसकी आत्मा बाद में उसकी जगह लेनेवालों को चलाती रही। मगर ये बाद में आनेवाले उससे नीचे दर्जे के ही थे।

: १२९ :

कुछ नामी साहित्यकार

१ फरवरी, १९३३

कल जर्मनी के उत्थान का हाल लिखते-लिखते मुझे ख़याल आया कि मैंने उन्नीसवीं सदी के शुरू के सबसे महान जर्मन का कुछ भी हाल तुम्हें नहीं बताया है। यह व्यक्ति गेटे[1] था। यह एक मशहूर लेखक था, जिसकी मृत्यु की शताब्दी कुछ ही महीने हुए सारे जर्मनी में मनाई गई थी। फ़िर मुझे यह ख़याल भी आया कि तुम्हें उस ज़माने के सभी नामी लेखकों का थोड़ा-थोड़ा हाल क्यों न बता दूं। मगर

[1] गेटे—Goethe ने कालिदास के नाटक 'अभिज्ञान शाकुन्तल' (शकुन्तला) का जर्मन भाषा में अनुवाद किया था।

मेरे लिए यह ख़तरनाक विषय है—ख़तरनाक इसलिए कि इससे मेरा ही अज्ञान ज़ाहिर होगा। सिर्फ़ मशहूर नामों की सूची दे देना तो भद्दी-सी बात रहेगी और कुछ ज़्यादा कहना कठिन पडेगा। अंग्रेज़ी साहित्य का ही मेरा ज्ञान नही के बराबर है, फिर दूसरे यूरोपीय साहित्यों के बारे मे तो मेरी जानकारी कुछ अनुवादों से आगे नहीं जाती। तब मै क्या करता ?

इस विषय पर लिखने का विचार तो मेरे दिमाग़ में बैठ चुका था, और मैं उससे किसी तरह पिण्ड नही छुडा सकता था। मुझे ऐसा लगा कि मैं कम-से-कम तुम्हें दूसरी दिशा तो दिखा दू, भले ही इस जादू की दुनिया के रास्ते में बहुत दूर तक मै तुम्हारा साथ न दे सकू। बात यह है कि अक्सर कला और साहित्य से किसी राष्ट्र की आत्मा का जितना गहरा परिचय मिलता है, उतना जन-समूह की ऊपरी हल-चलों से नहीं। ये हमको शान्त और गभीर विचारों के राज मे पहुंचा देते है, जिसपर आज के दिमाग़ी फ़ितूरों व हठों का असर नही पड़ता। मगर आज कवि और कला-कार को कल का सन्देश देनेवाले बहुत कम समझा जाता है और उन्हें कोई सम्मान नहीं दिया जाता। अगर उन्हें कुछ सम्मान मिलता भी है, तो आम तौर पर मरने के बाद मिलता है।

इसलिए मै तुम्हें सिर्फ़ थोड़े-से नाम बताऊंगा। इनमें से कुछसे तुम पहले ही परिचित होगी। मै उन्नीसवीं सदी के शुरू के हिस्से को ही लूंगा। यह सिर्फ तुम्हारी भूख जगाने के लिए है। याद रहे कि यूरोप के कई देशों के साहित्यों में उन्नीसवी सदी की उम्दा रचनाओं के भंडार भरे हुए है।

असल में तो गेटे अठारहवी सदी का था, क्योंकि उसका जन्म १७४९ ई० में हुआ था, मगर उसने तिरासी वर्ष की अच्छी लम्बी उम्र पाई थी और इसलिए उसने अगली सदी का तिहाई भाग भी देखा था। उसने अपने जीवन में यूरोपीय इतिहास के एक सबसे ज़्यादा तूफ़ानी ज़माने को पार किया था और अपने देश पर नेपोलियन की सेनाओं का हमला व कब्ज़ा होते हुए देखा था। खुद अपने जीवन में भी उसे बहुत दुःखों का अनुभव हुआ था, लेकिन धीरे-धीरे उसने जीवन की कठि-नाइयों पर अन्दरूनी क़ाबू पा लिया था और ऐसी अनासक्ति व गंभीरता हासिल कर ली थी कि जिनसे उसे शान्ति मिलती थी। नेपोलियन उससे पहले-पहल तब मिला जब उसकी उम्र साठ वर्ष से ऊपर हो चुकी थी। जब वह दरवाज़े में खड़ा था तो उसके चेहरे पर कुछ ऐसी बेफ़िक्री झलकती थी, और उसके तन की चाल-ढाल कुछ ऐसी शानदार थी कि नेपोलियन के मुह से निकल पड़ा : "आदमी तो यह है!" उसने कई चीज़ों मे हाथ डाला, और जो-कुछ किया नामवरी के साथ किया। वह दार्शनिक, कवि, नाटककार, और कितने ही तरह के विज्ञानों में रुचि रखनेवाला वैज्ञानिक था। इन सबके अलावा व्यवहार की बातों में वह एक छोटे-से जर्मन राजा

के दरबार में मंत्री था ! हम तो उसे सबसे ज़्यादा एक लेखक के रूप में जानते हैं, और उसकी सबसे मशहूर पुस्तक "फॉस्ट" है। उसकी लम्बी ज़िन्दगी मे ही उसकी कीर्त्ति दूर-दूर फैल गई थी और साहित्य के अपने क्षेत्र मे तो उसके देशवासी उसे देवता की तरह मानने लगे थे।

गेटे के ही ज़माने में शिलर नामक एक और व्यक्ति हुआ, जो उम्र मे उससे कुछ छोटा था। यह भी एक महाकवि था। उससे भी कम उम्र का हाइनरिख़ हाइन था। यह भी जर्मन भाषा का एक बड़ा व खुशदिल कवि था। इसने बहुत ही सुन्दर गीति-काव्य लिखे हैं। गेटे, शिलर और हाइन—ये तीनों ही प्राचीन यूनान की ऊंचे दर्जे की संस्कृति में शराबोर थे।

जर्मनी बहुत लम्बे समय से दार्शनिकों का देश करके मशहूर रहा है, और मैं भी तुम्हें एक-दो के नाम बता सकता हूं, हालांकि तुम्हें उनमे शायद ज़्यादा दिलचस्पी नहीं मालूम होगी। जिन लोगों को इस विषय का व्यसन हो सिर्फ उन्हींको इनके ग्रंथ पढ़ने की कोशिश करना ठीक है, क्योंकि वे बहुत गहन और कठिन हैं। फिर भी इनकी व दूसरे दार्शनिकों की बाते दिलचस्प और नसीहत देनेवाली हैं, क्योंकि उन्होंने विचार की मशाल जलती हुई रक्खी है और उनके जरिये से विचार-धाराओं के विकास का सिलसिला समझ मे आ सकता है। अठारहवी सदी का महान जर्मन दार्शनिक इम्मैन्युएल काण्ट था। वह सदी के बदलने तक ज़िन्दा रहा। उस समय उसकी उम्र अस्सी वर्ष की थी। दर्शन के क्षेत्र मे दूसरा बड़ा नाम हेगल का है। वह काण्ट को माननेवाला था और ऐसा माना जाता है कि साम्यवाद के पिता कार्ल मार्क्स पर उसके विचारों का बहुत असर पड़ा था। यह तो दार्शनिकों की बात हुई।

उन्नीसवी सदी के शुरू के वर्षों में नामी कवि काफ़ी संख्या मे पैदा हुए, ख़ासकर इंग्लैण्ड मे। रूस का सबसे नामी राष्ट्रीय कवि पुश्किन इसी समय हुआ। एक जोड़ की लड़ाई में वह जवानी में ही मारा गया। फ्रान्स में भी कई कवि हुए, लेकिन मैं सिर्फ़ दो के ही नामों का ज़िक्र करूंगा। एक तो विक्तर यूगो था, जिसका जन्म १८०२ ई० में हुआ था। इसने भी गेटे की तरह ही तिरासी वर्ष की उम्र पाई और गेटे की तरह यह भी अपने देश में साहित्य के देवता की तरह माना गया। लेखक और राजनीतिज्ञ, दोनों ही रूपों में उसकी ज़िन्दगी ने कई रंग बदले। जीवन के शुरू में वह सरगर्म बादशाहवादी था, और बहुत-कुछ निरंकुशता का हामी था। धीरे-धीरे वह एक-एक क़दम बदलता गया, यहांतक कि १८४८ ई० में वह गणराज्यवादी बन गया। जब लुई नेपोलियन थोड़े दिन के दूसरे गणराज्य का राष्ट्रपति हुआ, तो उसने यूगो को गणराज्यवादी विचारों के कारण देश से निकाल दिया। १८७१ ई० में विक्तर यूगो ने पेरिस के कम्यून का पक्ष लिया। कट्टरपन्थ के ठेठ

दायें छोर से धीरे-धीरे, से सरकता-सरकता वह समाजवाद के ठेठ बायें छोर पर जा पहुंचा। ज़्यादातर लोग ढलती हुई उम्र के साथ कट्टरपन्थी और पीछे की तरफ चलनेवाले बनते जाते हैं। लेकिन यूगो ने बिल्कुल उलटी ही बात की। मगर यहां तो उससे हमारा वास्ता लेखक के रूप में है। वह एक महान कवि, उपन्यासकार व नाटककार था।

दूसरा नाम, जिसका मैं तुमसे ज़िक्र करूंगा, आंरे द बालज़ैक का है। यह भी विक्तर यूगो के ज़माने का था, मगर दोनों मे बड़ा फ़र्क़ था। वह ग़जब की तेज़ी रखनेवाला उपन्यासकार था और छोटे-से जीवन के भीतर उसने बड़ी भारी संख्या में उपन्यास लिख डाले। उसकी कहानियां एक दूसरी से जुड़ी हुई हैं; वे ही पात्र अक्सर उनमें आते है। उसका उद्देश्य अपने उपन्यासों मे अपने समय के पूरे फ़्रान्सीसी जीवन का प्रतिबिम्ब दिखाना था, और उसने सारी पुस्तकमाला का नाम 'मानवता का प्रहसन'[1] रक्खा। यह विचार बड़े ऊंचे हौसले का था, और हालांकि उसने कठोर व लम्बी मेहनत की, पर जो जबर्दस्त काम उसने उठाया था, उसे वह पूरा न कर सका।

उन्नीसवी सदी के शुरू के वर्षों में इंग्लैण्ड मे तीन जगमगाते हुए नौजवान कवियों के नाम ख़ास तौर पर सामने आते है। ये तीनों एक ही जमाने के थे और तीनों ही कम उम्र में एक-एक करके तीन साल के भीतर मर गये। ये तीनों कीट्स, शैली और बायरन थे। कीट्स को ग़रीबी और मायूसी से सख्त लोहा लेना पड़ा, और जब १८२१ ई० मे, छब्बीस वर्ष की उम्र में, रोम में उसकी मृत्यु हुई, तब लोग उसे नहीं जानते थे। लेकिन फिर भी, उसने कुछ कविताएं तो बहुत ही सुन्दर लिखी थीं। कीट्स मध्यम-वर्ग का था, और दिलचस्प बात तो यह है कि अगर पैसे की तंगी से उसके रास्ते मे रुकावट थी, तो ग़रीबों के लिए कवि और लेखक होना कितना ज़्यादा कठिन होना चाहिए। वास्तव मे केम्ब्रिज-विश्वविद्यालय के अंग्रेज़ी साहित्य के एक मौजूदा प्रोफेसर ने इस बारे मे कुछ वाजिब बातें कही है :

> "यह तय है कि हमारे साम्राज्य के किसी कसूर के सबब इन दिनों ही नहीं, पिछले दो सौ वर्षों में भी, किसी ग़रीब कवि को इतना भी मौक़ा नही मिला है, जितना कि एक कुत्ते को। मेरा विश्वास करो, क्योंकि मैंने दस वर्षों का बड़ा हिस्सा कोई तीन सौ बीस प्राइमरी स्कूलों को देखने में बिताया है। हम लोकतंत्र की बक-वास भले ही करें, मगर असल में इंग्लैण्ड में एक ग़रीब बालक को एथेन्स के किसी गुलाम के लड़के से ज़्यादा आशा स बात की नही

[1] La Comedie Humaine, by Honore' de Balzac.

हो सकती कि जिस दिमाग़ी आज़ादी में से ऊंचे दर्जे की रचनाओं का जन्म होता है, उसमें वह भी कभी बन्धन-मुक्त होकर पहुंच जायगा।"

मैंने यह कथन इसलिए दिया है कि हम अक्सर यह भूल जाते हैं कि कविता और सुन्दर रचना पर और आम तौर से संस्कृति पर आसूदा वर्गों की ही ठेकेदारी होती है। ग़रीब के झोंपड़े में कविता और संस्कृति के लिए जगह नहीं होती; ये चीज़ें भूखे पेटवालों के लिए नहीं है। इसलिए हमारी आजकल की संस्कृति आसूदा मध्यम-वर्गों के दिमाग़ का प्रतिबिम्ब बन जाती है। जब बदली हुई समाज-व्यवस्था में संस्कृति मज़दूर वर्ग के हाथ में आ जायगी, तब शायद उसकी सूरत भी बहुत-कुछ बदल जाय, क्योंकि तब उसे संस्कृति का शौक़ करने के मौक़े और फ़ुर्सत मिल जायंगे। आज कुछ इसी तरह का परिवर्तन सोवियत रूस में हो रहा है, और दुनिया उसे दिलचस्पी के साथ देख रही है।

इससे हमारे सामने यह बात साफ़ हो जाती है कि पिछली कुछ पीढ़ियों से भारत मे संस्कृति के दिवालियापन का सबब हमारे देशवासियों की घोर ग़रीबी है। जिन लोगों के पास खाने को भी नही है, उनसे संस्कृति की बातें करना उनका अपमान करना है। ग़रीबी की यह मार उन गिने-चुने लोगों पर भी पड़ती है, जो संयोग से दूसरों से ज़्यादा आसूदा है। और इसलिए दुःख है कि आज भारत के ये वर्ग भी बुरी तरह अ-संस्कृत है। विदेशी राज और समाजी गिरावट से कैसी बेशुमार बुराइयां पैदा हो जाती है! पर इस आम गरीबी और बेरंगी में भी भारत गांधी और रवीन्द्रनाथ ठाकुर जैसी विभूतियां और संस्कृति के शानदार आदर्श पैदा कर सकता है।

मैं अपने विषय से दूर भटक गया।

शैली बड़ा ही प्यारा जीव था। बचपन से ही उसके दिल में एक आग भरी थी और वह हर बात में आज़ादी का हिमायती था। 'नास्तिकता की ज़रूरत'[1] पर एक निबन्ध लिखने की वजह से उसे ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय के क़ॉलेज से निकाल दिया गया था। जैसा कि कवियों के लिए ख़याल किया जाता है, इसने (और कीट्स ने भी) अपनी थोड़ी-सी ज़िन्दगी अपनी कल्पना में और उड़ान में ही रहते-रहते बिता दी और संसारी कठिनाइयों की कुछ भी परवा न की। कीट्स की मृत्यु के साल भर बाद वह इटली के समुद्र-तट के पास डूबकर मर गया। उसकी मशहूर कविताएं तुम्हें मैं क्या बताऊं? तुम खुद आसानी से उनका पता लगा सकती हो। लेकिन उसकी छोटी कविताओं में से एक तुम्हारी भेंट करूंगा। यह उसकी सबसे बढ़िया रचनाओं में से तो हरगिज़ नहीं है, लेकिन यह हमारी मौजूदा सभ्यता में ग़रीब मज़दूर के भयानक नसीब को दरसाती है। उसका क़रीब-

[1] The necessity of Atheism

क़रीब वही बुरा हाल है, जो पुराने ज़माने में गुलामों का होता था। इस कविता को लिखे हुए सौ वर्षों से ज़्यादा हो गये हैं, मगर फिर भी आज की हालतों पर यह लागू होती है। यह 'अराजकता का नक़ाब'[1] कहलाती है।

स्वतन्त्रता क्या है?—यह तो तुम
ख़ूब बता सकते हो, है क्या चीज गुलामी,
क्योंकि उसीका नाम बना है
नाम तुम्हारे का ही गुंजन।
यही गुलामी है—
कि काम तुम करते रहो मजूरी लेकर,
केवल उतनी ही बस जिससे
अटके रहें तुम्हारे तन में प्राण तुम्हारे,
काल कोठरी के बन्दी की भांति
परिश्रम अत्याचारी के हित करने।
बन जाओ तुम
करघे, हल, तलवार, फावड़े, उनके,
औ' जुट जाओ उनकी रक्षा में, उनके पोषण में,
बिना विचारे इच्छा है या नहीं तुम्हारी।
यही गुलामी है—
कि तुम्हारे बच्चे भूखों मरें,
और उनकी माताएं सूख-सूख कांटा हो जावें—
देखो मेरे कहते-ही-कहते
जाड़े की चली हवाएं ठंडी
जिनसे मरने लगे दीन बेचारे।
तुम्हें तरसते रहना है उस भोजन को,
जिसको धनवाला, मतवाला हो,
फेंक रहा है अपने उन मोटे कुत्तों के आगे,
जो उसकी आंखों के नीचे
छककर मस्त पड़े हैं सोते।
यही गुलामी है—
जिसमें बनना है तुमको दास आत्मा से भी,
जिससे रहे न तुमको काबू अपनी इच्छाओं पर,
और बनो तुम वैसे, जैसा लोग दूसरे तुम्हें बनावें।
और अन्त में जब तुम करने लगो शिकायत,

[1] The Mask of Anarchy

धीरे-धीरे वृथा रुदन कर,
तब अत्याचारी के नौकर
तुमको और तुम्हारी पत्नियों को घोड़ों के तले कुचल कर,
ओस कणों की भांति लहू की बूंदें देते बिछा घास पर।

बायरन ने भी आज़ादी की स्तुति मे सुन्दर कविताएं लिखी हैं। मगर यह आज़ादी राष्ट्रीय है, आर्थिक नहीं है, जिसका ज़िक्र शैली की कविता मे है। जैसा कि मैं तुम्हें बता चुका हूं, वह शैली के दो साल बाद तुर्की के ख़िलाफ़ यूनान की स्वतंत्रता के राष्ट्रीय युद्ध में मारा गया। बायरन के चरित्र के बारे मे मेरा ख़याल अच्छा नहीं है, मगर फिर भी मुझे उसके साथ इसलिए सहानुभूति है कि वह हैरो स्कूल और केम्ब्रिज के ट्रिनिटी कालेज में पढ़ा था, जो मेरा भी स्कूल और कालेज है। इसे जवानी मे ही वह नामवरी हासिल हो गई, जो कीट्स को और शैली को नसीब नहीं हुई। लन्दन के समाज ने उसे सिर पर बिठाया, लेकिन फिर नीचे भी पटक दिया।

इसी समय के आस-पास दो और नामवर कवि हुए। वे दोनों इस नौजवान त्रिमूर्ति से ज़्यादा जिये। वर्ड्सवर्थ ने १७७० से १८५० ई० तक अस्सी साल की उम्र पाई। वह अंग्रेज़ी के महाकवियों मे गिना जाता है। उसे प्रकृति से बड़ा प्रेम था और उसका ज़्यादातर काव्य निसर्ग-काव्य है। दूसरा कवि कोलरिज था। उसकी कुछ कविताएं बहुत अच्छी हैं।

उन्नीसवी सदी के शुरू में तीन मशहूर उपन्यासकार भी हुए। वाल्टर स्काट इनमे सबसे बड़ा था और उसके वेवर्ली उपन्यास बहुत लोकप्रिय है। मेरा ख़याल है, इनमे से कुछ तुमने पढ़े है। मुझे याद है कि जब मै छोटा था तब ये उपन्यास मुझे भी पसन्द थे। मगर उम्र के साथ रुचियां भी बदल जाती है और अगर मैं आज उन्हें पढ़ने बैठू तो ज़रूर ऊब जाऊंगा। दूसरे दो उपन्यासकार थैकरे व डिकन्स थे। मेरे ख़याल से दोनों स्कॉट से कही ऊंचे दर्जे के है। मुझे आशा है कि इन दोनों को तुम अच्छी तरह जानती हो। थैकरे का जन्म १८११ ई० मे कलकत्ते में हुआ था और उसने पांच छै वर्ष वही बिताये थे। उसकी कुछ पुस्तकों में भारतीय नवाबों का जैसा बयान दिया गया है। ये वे अंग्रेज़ थे, जो ख़ूब दौलत जमा करके मोटे और लाल हो जाते थे और फिर मौज करने के लिए इंग्लैण्ड लौट जाते थे।

उन्नीसवीं सदी के शुरू के लेखकों के बारे में मै बस इतना ही लिखना चाहता हूं। एक बड़े विषय पर इतना कम लिखना बहुत बेहूदा बात है। इस विषय का जानकार आदमी इस बारे में बड़े मज़ेदार ढंग से लिख सकता है। वह तुम्हें उस ज़माने के संगीत और कला की भी बहुत-सी बातें ज़रूर ही बता सकेगा। इसमें जानने और कहने की ज़रूरत है, मगर यह मेरे बस की बातें नही है। इसलिए मैं तो समझदारी के साथ ठोस जमीन पर ही चलूंगा।

मैं इस पत्र को गेटे के 'फॉस्ट' से एक कविता देकर पूरा कर दूंगा। अलबत्ता यह जर्मन भाषा से अनुवाद की हुई है—

अफसोस है, अफसोस है !
तूने किया है वार दुनिया पर,
गिराया है उसे भू पर,
किया है जर्जरित और नष्ट कर उसको,
दिया है फेंक शून्याकाश में,
मानो कुचल डाला उसे दैवी किसी आघात ने।
संसार के इन ठीकरों को
हम उठा ले जा रहे हैं,
गीत गाते हैं
लुटी सुकुमारता के,
और उस सौन्दर्य के, जिसको मिटाया है किसीने।
ओ पृथ्वी के महापुत्र !
निर्माण कर उसका दुबारा,
और फिर सुन्दर गुणों से युक्त तू उसको बना दे,
और कर निर्माण उसको निज हृदय में
कर प्रतिष्ठित उच्च आसन पर उसे तू।
फिर जगा तू ज्योति जीवन की,
लगा फिर दौड़ जीवन-यात्रा में,
पार कर सब विघ्न बाधा !
बज उठे लहरी स्वरों की,
सदा से भी अधिक सुन्दर, मधुरतामय।

: १३० :

डार्विन और विज्ञान की विजय

३ फ़रवरी, १९३३

कवियों से अब विज्ञानियों के पास चलें। मुझे लगता है कि कवियों को अभी तक निकम्मे जीव समझा जाता है, लेकिन विज्ञानी तो आज के चमत्कारी लोग हैं। उनका असर भी है और आदर भी। उन्नीसवीं सदी से पहले यह बात नहीं थी। शुरू की सदियों में विज्ञानी की जान यूरोप में सदा जोखिम में रहती थी, और कभी-कभी उसका अन्त सूली पर होता था। मैं तुम्हें बता चुका हूं कि रोम के ईसाई-संघ ने ब्रूनो को किस तरह ज़िन्दा जला दिया था। कुछ ही वर्ष

बाद, सत्रहवी सदी में गैलीलियो भी सूली के बहुत पास पहुंच गया था, क्योंकि उसने यह कहा था कि पृथ्वी सूर्य के चारों तरफ़ घूमती है। वह कुफ्र के अपराध में जला दिया जाने से इसलिए बच गया कि उसने माफ़ी मांग ली और अपने पहले बयान वापस ले लिये। इस तरह यूरोप में ईसाई-संघ की विज्ञान के साथ सदा टक्कर होती रहती थी और वह नये विचारों को दबाता रहता था। क्या यूरोप में और क्या दूसरी जगह संगठित मज़हब के साथ तरह-तरह के कट्टर नियम लगे होते हैं, जिन्हें उसके अनुयायियों को बिना संदेह और शंका के मानना चाहिए। विज्ञान का नज़रिया जुदा ही है। वह किसी बात को यूही नही मान लेता, और न तो उसके कोई कट्टर नियम होते है न होने चाहिए। विज्ञान खुले दिमाग़ से सोचने की आदत को बढ़ावा देना चाहता है और बार-बार प्रयोग करके सचाई तक पहुंचना चाहता है। मज़हबी नज़रिये से यह नजरिया बिलकुल ही जुदा है और इसलिए अगर इन दोनों मे अक्सर टक्कर हो जाती थी तो इसमे ताज्जुब की कोई बात नही है।

मेरा ख़याल है कि हर युग में अलग-अलग कौमें तरह-तरह के प्रयोग करती रही है। कहा जाता है कि प्राचीन भारत मे रसायन और चीर-फाड़ में काफ़ी प्रगति हुई थी और ऐसा बहुत-से प्रयोगों के बाद ही हो सका होगा। पुराने यूनानियों ने भी थोड़े-बहुत प्रयोग किये थे। चीनियों के बारे मे तो हाल ही में मैंने बड़ा ही अनोखा बयान पढ़ा है। उसमें १,५०० पहले वर्ष के चीनी लेखकों के कथन देकर यह दिखाया गया है कि वे क्रम-विकास के सिद्धान्त से और शरीर मे खून के दौरे की बात से परिचित थे। और चीनी जर्राह बेहोशी की दवाएं सुघाते थे। मगर हमे उस समय का इतना हाल मालूम नही है कि हम कोई ठीक नतीजा निकाल सकें। अगर प्राचीन सभ्यताओं ने ये उपाय खोज निकाले थे तो फिर वे आगे चलकर इन्हें भूल क्यों गई? और उन्होंने और आगे उन्नति क्यों नहीं की? या यह बात थी कि वे इस किस्म की प्रगति को काफी महत्व नहीं देते थे? बहुत-से दिलचस्प सवाल उठते है, लेकिन हमारे पास उनका जवाब देने को मसाला नहीं है।

अरबों को भी प्रयोग करने का बहुत शौक़ था और मध्य-युगों में यूरोप उनके पीछे चलता था। मगर उनके सारे प्रयोग सच्चे वैज्ञानिक ढंग पर नहीं होते थे। उन्हें हमेशा 'पारस पत्थर' की तलाश रहती थी, जिसमें मामूली धातुओं को सोना बना देने का गुण माना जाता था। लोग पेचीदा रासायनिक प्रयोगों में अपने जीवन बिता देते थे कि किसी तरह धातुओं को सोना बना देने का गुर हाथ लगे। इसे क़ीमिया कहते थे। वे बड़ी लगन के साथ अमृत देनेवाले आबे-हयात या अमृत की भी खोज में लगे रहते थे। क़िस्से-कहानियों के बाहर और

कहीं इसका ज़िक्र नहीं पाया जाता कि किसीको यह अमृत या पारस पत्थर हासिल करने में सफलता मिली हो। धन, सत्ता व लम्बी उम्र पाने की आशा में दरअसल यह एक तरह के जादू के साथ खिलवाड़ करना था। विज्ञान की भावना का इससे कोई वास्ता नही था। विज्ञान को जादू-टोनों वग़ैरा से कोई सरोकार नहीं होता।

हां, यूरोप में असली वैज्ञानिक तरीक़ों का धीरे-धीरे विकास हुआ और विज्ञान के इतिहास में सबसे बड़े गिने जानेवाले व्यक्तियों में आइज़क न्यूटन नामक एक अंग्रेज भी है, जिसका समय १६४२ से १७२७ ई० तक है। न्यूटन ने गुरुत्वाकर्षण नियम की व्याख्या की, यानी यह बताया कि चीज़ें क्यों गिरती है! इसकी मदद से, और जो दूसरे नियम खोजे जा चुके थे उनकी मदद से, न्यूटन ने सूर्य और ग्रहों की चालों का भेद समझाया। छोटी-बड़ी सभी चीज़ों का उसके सिद्धान्तों से मेल बैठता हुआ दिखाई देने लगा और उसे बहुत सम्मान मिला।

ईसाई-संघ की कट्टरता पर विज्ञान की भावना विजयी हो रही थी। अब उसे दबा सकना या उसके साधकों को जिन्दा जला देना सम्भव नही था। कितने ही वैज्ञानिकों ने बड़े धीरज और परिश्रम से प्रयोग जारी रक्खे और तथ्यों को व ज्ञान को इकट्ठा किया। यह खास तौर पर इंग्लैण्ड और फ्रान्स मे, और आगे चलकर जर्मनी और अमेरिका मे हुआ। इस तरह वैज्ञानिक जानकारी का कलेवर बढ़ता गया। तुम्हें याद होगा कि अठारहवी सदी में ही यूरोप के शिक्षित वर्गो में बुद्धिवाद का प्रचार हुआ था। इसी सदी मे रूसो, वाल्तेर व दूसरे कितने ही क़ाबिल फ्रान्सीसी हुए थे, जिन्होंने हर विषय की रचनाओं के ज़रिये लोगों के दिमाग़ों में उथल-पुथल मचा दी थी। इसी सदी के गर्भ में फ्रान्स की महान् राज्य-क्रांति की तैयारी हो रही थी। इस बुद्धिवादी नज़रिये का वैज्ञानिक नज़रिये से मेल बैठ गया और दोनों ने ही ईसाई-संघ के कट्टर नज़रिये का विरोध किया।

मै तुम्हें यह भी बता चुका हूं कि दूसरी बातों के साथ उन्नीसवीं सदी विज्ञान की सदी थी। उद्योगों की क्रांति, मशीनी क्रान्ति और माल ढोने के तरीक़ों में अद्भुत, परिवर्तन, इन सबका कारण विज्ञान था। बेशुमार कारखानों ने उत्पादन के तरीक़ों को बदल दिया था; भाप से चलनेवाली रेलगाड़ियों और जहाजों ने दुनिया को एकदम छोटा बना दिया था; बिजली का तार तो और भी बड़ा चमत्कार था। इंग्लैण्ड के दूरवाले साम्राज्य से उसके यहां दौलत की नदी बहने लगी। इससे पुराने विचारों को भारी धक्का लगना लाजिमी था और मज़हब का प्रभाव कम होने लगा। धरती पर किसानी जीवन के मुकाबले में कारख़ानी

जीवन ने लोगों को मजबूर किया कि वे मज़हबी पाबन्दियों की बनिस्बत आर्थिक सम्बन्धों पर ज़्यादा विचार करें।

उन्नीसवीं सदी के बीच मे यानी १८५९ ई० में, इंग्लैण्ड में एक पुस्तक प्रकाशित हुई जिसने कट्टरपन और वैज्ञानिक नजरिये की टक्कर को आखिरी दर्जे पर पहुंचा दिया। यह पुस्तक चार्ल्स डार्विन की 'ओरिजन आफ स्पीशीज़' (जीव गणों का मूल) थी। डार्विन की गिनती बहुत बड़े विज्ञानियों मे नही है; उसने जो कुछ लिखा, उसमें कोई बहुत नई बात नही थी। डार्विन से पहले दूसरे भूगर्भ-विज्ञानियों और प्रकृति-विज्ञानियों ने भी काम किया था और बहुत-सी सामग्री जमा की थी। फिर भी डार्विन का ग्रथ एक नया युग लानेवाला था। इसका ज़बर्दस्त असर पड़ा और किसी दूसरी वैज्ञानिक रचना की बनिस्बत इससे समाजी नजरिया बदलने मे ज़्यादा मदद मिली। इसने एक दिमागी भूकम्प पैदा कर दिया और डार्विन को मशहूर कर दिया।

प्रकृति-शास्त्री की हैसियत से डार्विन दक्षिण अमेरिका और प्रशान्त महासागर में इधर-उधर खूब घूमा था और उसने सामग्री तथ्यों का ज़बर्दस्त ज़खीरा इकट्ठा कर लिया था। इसका उपयोग करके उसने यह दिखाया कि जीवों के हरेक गण का प्राकृतिक वरण[1] से किस तरह रूप बदला है और विकास हुआ है। उस समय तक बहुत लोगों की यह ख़याल था कि मनुष्यसमेत सभी प्राणियों के हरेक गण या किस्म को ईश्वर ने अलग-अलग रचा है, और सृष्टि के शुरू से ही वे अलग-अलग रहे है और उनमें कोई परिवर्तन नही हुआ है। कहने का मतलब यह है कि एक गण बदलकर दूसरा नही बन सकता। डार्विन ने ढेरों असली मिसाले देकर साबित कर दिया कि एक गण दूसरे गण में जरूर बदलता है और विकास का यही कुदरती ढंग है। ये परिवर्तन प्राकृतिक वरण से होते है। अगर किसी छोटे-से परिवर्तन से किसी गण को कुछ भी लाभ हुआ या दूसरो के मुकाबले में जिन्दा रहने में मदद मिली तो वह परिवर्तन धीरे-धीरे पक्का हो जायगा, क्योंकि यह ज़ाहिर है कि इस बदले हुए गण के ज़्यादा प्राणी जियेंगे। कुछ समय बाद इस बदले हुए गण की बहुतायत हो जायगी और वह दूसरे गणों का सफ़ाया कर देगा। इस तरीक़े से एक के बाद एक रूप बदलते और परिवर्तन होते चले जायंगे, और कुछ समय बाद बहुत कुछ नया ही गण पैदा हो जायगा। इस तरह समय पाकर प्राकृतिक वरण से योग्यतमावशेष[2] की प्रक्रिया की वजह से बहुत-से नये-नये गण पैदा होते

---

[1] **प्राकृतिक वरण**—Natural Selection—**एक ही प्राणी से छंट-छंटकर नये कुदरत के नियमों के अनुसार अलग जातियां बनना।**

[2] Survival of the fittest—**यह कुदरत का नियम है कि जो प्राणी**

रहेंगे। यह नियम पौधों, जानवरों और मनुष्यों तक पर लागू होगा। इस मत के अनुसार यह सम्भव है कि आज वनस्पति व जानवरों के जो कितने ही गण दिखाई दे रहे हैं, उन सबका कोई एक ही पूर्वज रहा होगा।

कुछ ही वर्ष बाद डार्विन ने अपनी दूसरी पुस्तक 'मनुष्य का अनुवंश'[1] प्रकाशित की, जिसमें उसने यही मत मनुष्य-जाति पर लागू करके दिखाया। क्रम-विकास और प्राकृतिक वरण का यह विचार अब ज्यादातर लोगों ने मान लिया है, हालांकि ठीक उसी रूप में नहीं माना है जिस रूप में डार्विन और उसके हामियों ने पेश किया था। वास्तव में जानवरों की नस्ल सुधारने में और पौधों, फलों व फूलों के उगाने में वरण के इस नियम का अमली प्रयोग लोगों के लिए एक मामूली बात हो गई है। आजकल के कई इनामी जानवर और पौधे बनावटी उपायों से पैदा किये हुए नये गण ही तो हैं। अगर मनुष्य कम समय में इस तरह के परिवर्तन और नये गण पैदा कर सकता है, तो लाखों और करोड़ों वर्षों के समय में प्रकृति इस दिशा में क्या-क्या नहीं कर सकी होगी? लन्दन के साउथ केनसिंगटन म्यूज़ियम जैसे किसी प्रकृति-विज्ञान के संग्रहालय को देखने से पता चलता है कि किस तरह वनस्पति और प्राणी बराबर अपनेको प्रकृति के अनुकूल बनाते जा रहे हैं।

आज ये सब बातें हमें मामूली-सी नज़र आती हैं। लेकिन सत्तर वर्ष पहले यह हालत नहीं थी। उस वक़्त ज़्यादातर लोगों का यही विश्वास था कि बाइबिल के बयान के मुताबिक सृष्टि की उत्पत्ति ईसा से ठीक ४००४ वर्ष पहले हुई थी, और हरेक पेड़ और जानवर अलग-अलग पैदा किया गया था और सबसे अन्त में मनुष्य बनाया गया था। वे मानते थे कि जल-प्रलय हुआ था और नूह की नाव मे सारे जानवरों के जोड़े इसलिए रक्खे गये थे कि किसी भी गण का लोप न हो जाय। ये सब बातें डार्विन के मत से मेल नहीं खाती थीं। डार्विन और भूगर्भ-विज्ञानी जब पृथ्वी की उम्र का ज़िक्र करते थे तो ६,००० वर्ष के छोटे-से काल के बजाय करोड़ों वर्षों की बात करते थे। इस तरह लोगों के दिमाग़ में ज़बर्दस्त खींच-तान मची हुई थी और बहुत-से भले आदमियों को यह नहीं समझ पड़ता था कि क्या करें। उनकी पुरानी श्रद्धा उन्हें एक बात मानने को कहती थी और उनका विवेक दूसरी। जब मनुष्य मज़हबी धर्म-कर्म में अन्ध-विश्वास रखते हैं और उन बातों को धक्का लगता है, तो वे निराशा और परेशानी महसूस करते हैं और खड़े

मजबूत होता है और प्रकृति के अनुसार अपनेको ढाल लेता है, वही जिन्दा रहता है।

[1] The Descent of Man.

होने के लिए उन्हें कहीं ठोस ज़मीन दिखाई नहीं देती । मगर जिस धक्के से हमें असलियत का ज्ञान हो, वह अच्छा होता है ।

बस इंग्लैण्ड में और यूरोप के दूसरे देशों में विज्ञान और मज़हब के बीच बड़ा वाद-विवाद और झगड़ा हुआ । इसके नतीजे के बारे में तो कोई सदेह ही नहीं हो सकता था । उद्योग और मशीनी ढुलाई की नई दुनिया का दारोमदार विज्ञान पर था, इसलिए विज्ञान को छोड़ा नहीं जा सकता था । विज्ञान की बराबर विजय होती चली गई और 'प्राकृतिक वरण' व 'योग्यतमावशेष' न्याय लोगों की आम गप-शप में शामिल हो गय, और वे इनका अर्थ पूरी तरह समझे बिना ही इन शब्दों का इस्तेमाल करने लगे ।

डार्विन ने अपनी 'मनुष्य का अनुवंश' में यह बताया था कि मनुष्य और कुछ बन्दर जातियों का पूर्वज शायद एक ही रहा होगा । यह बात विकास-क्रिया की अलग-अलग सीढ़ियों की मिसाले देकर साबित नही की जा सकती थी । इसी-से 'खोई हुई कड़ी'[1] का आम मजाक चल पड़ा । और विचित्र बात यह हुई कि शासक-वर्गो ने भी डार्विन के मत को तोड़-मरोड़कर उससे अपना मतलब का अर्थ निकाल लिया । उनका पक्का विश्वास हो गया कि इस मत से उनके ऊंचेपन का एक सबूत और भी मिल गया । जीवन-संग्राम में सबसे योग्य होने के सबब से वे बच गये थे, इसलिए 'प्राकृतिक वरण' के ज़रिये वे सबके ऊपर आगये और शासक-वर्ग बन गये ! एक वर्ग की दूसरे वर्ग पर या एक नस्ल की दूसरी नस्ल पर प्रभुता को वाजिब ठहराने का यह एक बहाना बन गया । साम्राज्यशाही और गोरी नस्लों के ऊंचे दर्जे की यह आख़िरी दलील हो गई । और पश्चिम के बहुत-से लोग समझने लगे कि दूसरों पर जितनी ज़्यादा धौस जमायेंगे और जितने ज़्यादा बेदर्द और बलवान बनकर रहेंगे, मानवी मूल्यों के सिलसिले में उनका दर्जा उतना ही ऊंचा हो सकेगा । यह दार्शनिक विचारधारा भली नहीं है । मगर इससे एशिया और अफ्रीका में पश्चिम की साम्राज्यशाही शक्तियों के रवैये का मतलब कुछ-कुछ समझ में आ जाता है ।

आगे चलकर दूसरे विज्ञानियों ने डार्विन के मतों की आलोचना की है, लेकिन मोटे तौर पर उसके विचार आज भी सही माने जाते हैं । आम तौर पर उसके मतों को कबूल किये जाने का एक नतीजा यह हुआ कि लोगों का प्रगति के विचार में विश्वास हो गया । इस विचार का यह अर्थ था कि मनुष्य और समाज और सारा संसार पूर्णता की ओर बढ़ रहे हैं और दिन-पर-दिन सुधरते जा रहे हैं ।

---

[1] Missing Link.

प्रगति का यह ख़याल सिर्फ डार्विन के ही मत का नतीजा नहीं था। वैज्ञानिक खोज की सारी हलचलों ने और औद्योगिक क्रान्ति के कारण और उसके बाद पैदा होने-वाले परिवर्तनों ने लोगों का दिमाग़ इसके लिए तैयार कर दिया था। डार्विन के मत ने इसकी तसदीक़ कर दी और लोग कल्पना करने लगे कि मानवी पूर्णता का लक्ष्य कुछ भी हो, वे विजय-पर-विजय हासिल करते हुए अभिमान के साथ उसकी तरफ़ बढ़ रहे हैं। ध्यान देने की बात यह है कि प्रगति का यह विचार बिलकुल नया था। गुज़रे हुए ज़माने में यूरोप, एशिया या पुरानी किसी भी सभ्यता मे भी ऐसा कोई विचार रहा हो, ऐसा नही लगता; यूरोप में ठेठ औद्योगिक क्रान्ति तक लोग गुजरे हुए जमाने को आदर्श काल मानते थे। यूनान और रोम की ऊची सभ्यता का पुराना जमाना बाद के जमानों से ज़्यादा बढ़िया, ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ व ज़्यादा सुसस्कृत माना जाता था। लोग ऐसा समझने लगे थे कि मनुष्य-जाति दिन-पर-दिन ज़्यादा गिरती जा रही है, या उसमें कम-से-कम कोई ज़ाहिरा परि-वर्तन नही हो रहा है।

भारत में भी गिरावट का और बीते हुए स्वर्ण-युग का बहुत-कुछ ऐसा ही ख़याल बना हुआ है। भारतीय पुराण भी समय का हिसाब भौगर्भिक युगों जैसे बहुत लम्बे-लम्बे युगों से लगाते हैं, पर वे सतयुग के महान युग से शुरू करके कलियुग के मौजूदा अधर्म-युग पर आते हैं।

इसलिए हम देखते हैं मानव-प्रगति का विचार बिलकुल आधुनिक है। प्राचीन इतिहास का हमे जैसा कुछ ज्ञान है, उससे हमें इस विचार में विश्वास होता है। लेकिन हमारा ज्ञान अभी बहुत छोटे दायरे में है और सम्भव है, पूरा ज्ञान होने पर हमारा नज़रिया बदल जाय। उन्नीसवीं सदी के पिछले वर्षों में इस 'प्रगति' की बाबत जितना जोश था, उतना तो आज भी नही रहा है। अगर प्रगति का नतीजा यही हो कि पिछले महायुद्ध की तरह हम-एक दूसरे को बड़े पैमाने पर नष्ट करें, तब तो ऐसी प्रगति में कुछ-न-कुछ ख़राबी है। दूसरी बात याद रखने की यह है कि डार्विन के 'योग्यतमावशेष' न्याय का ज़रूरी अर्थ यह नही है कि जीवन-संग्राम में सबसे अच्छा ही बाक़ी बचता है। ये सब तो पण्डितों की अटकलें हैं। हमारे ध्यान में रखने की बात तो सिर्फ़ यह है कि अचल या अन-बदल या कि गिरावट की तरफ़ जानेवाले समाज के पुराने और आम विचार को उन्नीसवीं सदी में आधुनिक विज्ञान ने एक तरफ़ धकेल दिया, और उसकी जगह पर यह विचार फैल गया कि समाज गतिशील और परिवर्तनशील है। इसके साथ ही प्रगति का विचार भी पैदा हुआ। और इसमें शक नहीं कि इस ज़माने में समाज वास्तव में इतना बदल गया है कि उसे पहचाना नहीं जा सकता।

जब मैं तुम्हें डार्विन का जीव-गणों के मूल का मत बता रहा हूं तो तुम्हें यह

जानकर दिलचस्पी होगी कि इस विषय में एक चीनी दार्शनिक ने, २,५०० वर्ष पहले क्या लिखा था। उसका नाम त्सोन-त्से था और उसने ईसा से छै सौ वर्ष पहले, बुद्ध-काल के आसपास, लिखा था—

"सब प्राणियों की उत्पत्ति एक ही गण से हुई है। इस अकेले मूल गण में धीरे-धीरे व लगातार परिवर्तन होते गये, जिसके सबब से प्राणियों के जुदा-जुदा रूप पैदा हुए। इन प्राणियों मे फ़ौरन ही भेद नही पैदा हुआ था, बल्कि उन्होंने अलग-अलग भेद पीढ़ी-दर-पीढ़ी धीरे-धीरे होनेवाले परिवर्तनो से हासिल किये थे।"

यह बात डार्विन के मत से काफ़ी मिलती-जुलती है, और यह अचम्भे की चीज़ है कि यह पुराना चीनी जीव-विज्ञानी ऐसे नतीजे पर पहुच गया, जिसकी फिर से खोज करने मे संसार को ढाई हजार साल लग गये।

जैसे-जैसे उन्नीसवीं सदी प्रगति करती गई, वैसे-वैसे परिवर्तनों की गति भी तेज़ होती गई। विज्ञान ने चमत्कार-पर-चमत्कार पैदा किये और खोजों व आविष्कारों की बिना छोरवाली नुमायश से लोगों की आखें चौधिया गई। इनमें से तार, टेलिफोन, मोटर और फिर हवाई-जहाज़ जैसे कितने ही आविष्कारों ने जनता के जीवन में महान परिवर्तन कर दिया है। विज्ञान ने दूर-से-दूर आकाश, अदृश्य परमाणु और उसके भी छोटे हिस्सों को नापने की हिम्मत की। उसने मनुष्य की थकानेवाली मशक़्क़त कम करदी और करोडों का जीवन सुभीते का हो गया। विज्ञान के कारण दुनिया की, और खासकर औद्योगिक देशों की, आबादी में ज़बर्दस्त बढ़ोतरी हो गई। साथ ही विज्ञान ने विनाश के खूब कामिल साधन भी तैयार कर डाले। मगर इसमें विज्ञान का क़सूर नही था। इसने तो प्रकृति पर मनुष्य का काबू बढ़ा दिया; मगर इस तमाम शक्ति को हासिल करके मनुष्य यह नही जान पाया कि अपने ऊपर क़ाबू कैसे किया जाता है। इसलिए उसने बदचलनी की और विज्ञान की भेंट को व्यर्थ गंवा दिया। लेकिन विज्ञान की यह विजय-यात्रा जारी रही और उसने डेढ़ सौ साल के भीतर ही दुनिया की काया ऐसी पलट दी जैसी पिछले तमाम हज़ारों वर्षो में भी नहीं हो पाई थी। सचमुच विज्ञान ने हर दिशा में और जीवन के हर विभाग में दुनिया को पूरी तरह बदल डाला है।

विज्ञान की यह प्रगति अब भी चल रही है और वह पहले से भी ज़्यादा तेज़ी से दौड़ता नज़र आ रहा है। उसके लिए कोई आराम नहीं है। एक रेल-मार्ग बनता है। मगर जबतक उसके चालू होने का वक्त आता है तबतक ज़माना उससे आगे निकल जाता है! एक मशीन खरीदकर खड़ी की जाती है कि एक-दो साल में ही उसी तरह की उससे बढ़िया और ज़्यादा कारगर मशीने बनने लगती हैं। बस, यह बेतहाशा दौड़ चलती रहती है। अब हमारे ज़माने में भाप की जगह

बिजली लेती जा रही है और इस तरह बहुत-कुछ उतनी ही बड़ी क्रान्ति कर रही है जितनी डेढ़ सौ वर्ष पहले की औद्योगिक क्रान्ति थी।

विज्ञान की अनगिनती सड़कों व गली-कूचों में अनगिनती वैज्ञानिक और विशेषज्ञ बराबर काम मे लगे हुए है। इनकी कतार में सबसे बड़ा नाम आज एल्बर्ट आइन्स्टीन[1] का है, जो न्यूटन के मशहूर नियम को कुछ हद तक सुधारने मे सफल हुआ है।

हाल ही में विज्ञान में इतनी ज़बर्दस्त प्रगति हुई है और वैज्ञानिक सिद्धान्तों में इतनी बडी-बड़ी नई बातें जुड़ गई है और इतने बड़े-बड़े परिवर्तन हुए है कि खुद वैज्ञानिक भी हक्के-बक्के हो गये है। सारी पुरानी मन की खुशी और पक्की बात कहने की शान जाती रही है। अब वे यह नही कहते कि उनके निकाले हुए नतीजे बिलकुल ठीक है, और आगे के लिए भविष्यवाणियां करते हुए भी सकुचाते है।

मगर यह नई बात बीसवीं सदी की और हमारे अपने ज़माने की है। उन्नीसवीं सदी मे पूरा आत्म-विश्वास था और विज्ञान अपनी बेशुमार कामयाबियों के घमंड मे लोगों पर सवार हो गया था, और उन्होंने इसे देवता मानकर इसके आगे सिर झुका दिया था।

: १३१ :
लोकतंत्र की प्रगति

१० फ़रवरी, १९३३

पिछले पत्र में मैंने तुम्हें उन्नीसवीं सदी मे विज्ञान की प्रगति की झलक दिखाने की कोशिश की थी। अब हमे इस सदी के दूसरे पहलू—लोकतंत्री विचारों के विकास पर नज़र डालनी चाहिए।

तुम्हें याद होगा कि मैंने तुम्हें अठारहवीं सदी के फ़ान्स में विचारधाराओं की टक्कर का हाल बताया था। उस समय के सबसे महान विचारक और लेखक वॉल्तेर और दूसरे फ़ान्सीसी महापुरुषो ने मज़हब और समाज के बारे में कितने ही पुराने ख़यालों को चुनौती दी थी और हिम्मत के साथ नये मतों को पेश किया

[1] Albert Einstein—**जर्मन वैज्ञानिक। सापेक्षवाद नामक क्रान्तिकारी वैज्ञानिक सिद्धान्त का जन्मदाता। परमाणुशक्ति का विकास इसीकी गणनाओं का फल माना जाता है। यहूदी होने के कारण हिटलर ने इसे जर्मनी से निकाल दिया था। इसने अमरीका में शरण ली। इसकी मृत्यु १९५५ ई० में हुई।**

था। ऐसा राजनैतिक सोच-विचार उस समय खासकर फ़ान्स में ही था। जर्मनी में भी दार्शनिक थे, मगर उनकी दिलचस्पी दर्शन के कठिन प्रश्नो मे ही ज़्यादा थी। इंग्लैण्ड मे व्यवसाय और व्यापार बढ़ रहे थे और ज़्यादातर लोगो को हालतो से मजबूर हुए बिना सोच-विचार करने का शौक़ नही था। हां, अठारहवी सदी के पिछले हिस्से में इंग्लैण्ड में एक मार्के की पुस्तक ज़रूर निकली। यह एडम स्मिथ की 'वैल्थ आफ नेशन्स' (राष्ट्रों की सम्पत्ति) थी। यह पुस्तक राजनीति पर नहीं थी, बल्कि राजनैतिक अर्थशास्त्र पर थी। उस समय के दूसरे सब विषयों की तरह यह विषय भी मज़हब और नीति के साथ मिला हुआ था और इसलिए इसके बारे मे बड़ा घपला था। एडम स्मिथ ने इस विषय पर वैज्ञानिक ढंग से लिखा और तमाम नैतिक उलझनों को छोड़कर अर्थनीति को चलानेवाले कुदरती नियमों का पता लगाने की कोशिश की। जैसा कि शायद तुम जानती हो, अर्थशास्त्र इस बात से सरोकार रखता है कि लोगों के या किसी समूचे देश के आमद-खर्च का प्रबन्ध कैसे किया जाता है, वे क्या पैदा करते है और क्या उपभोग करते है, और आपस में व दूसरे देशों व लोगों के साथ उनके क्या सबंध है। एडम स्मिथ का मानना था कि ये सारी पेचीदा हरकते कुछ अटल कुदरती नियमों के मुताबिक होती है और इन नियमों का उसने अपनी पुस्तक मे ज़िक्र किया। वह यह भी मानता था कि उद्योग-धन्धो के विकास के लिए पूरी स्वतन्त्रता दी जानी चाहिए, जिससे इन नियमों मे खलल न पड़े। दख़ल न देने की नीति की शुरुआत यही से हुई। इसका कुछ जिक्र मैं पहले ही कर चुका हूं। उस समय फ़ान्स में जो नये लोकतन्त्री विचार अंकुवा रहे थे, उनसे एडम स्मिथ की पुस्तक का कोई वास्ता न था। लेकिन मनुष्यों व राष्ट्रों पर असर डालनेवाली एक सबसे ज़्यादा महत्व की समस्या को वैज्ञानिक ढंग से पेश करने का उसका जतन ज़ाहिर करता है कि लोग हर चीज़ को पुरानी धर्म-शास्त्री निगाह से देखना छोड़कर एक नई दिशा में जा रहे थे। एडम स्मिथ अर्थशास्त्र के विज्ञान का जन्मदाता माना जाता है और उसने उन्नीसवी सदी के कई अंग्रेज अर्थशास्त्रियों को प्रेरणा दी है।

अर्थशास्त्र का यह नया विज्ञान प्रोफेसरों और कुछ अच्छे पढ़े-लिखे लोगों के ही दायरे में रहा। लेकिन इसी बीच नये लोकतन्त्री विचार फैल रहे थे और अमेरिका व फ़ान्स की क्रान्तियों ने उन्हें खूब ही लोकप्रिय बनाया और उनका जबर्दस्त प्रचार किया। अमेरिका की स्वाधीनता की घोषणा और फ़ान्स की अधिकारों की घोषणा के लच्छेदार शब्दों और पदों ने लोगों के दिलों में गहरी हलचल मचा दी। इनसे करोड़ों पीड़ितों और शोषितों के दिल फड़क उठे और उनके लिए ये मुक्ति का संदेश लेकर आये। दोनों घोषणाओं में हर आदमी की स्वतन्त्रता का और समानता का और सुखी रहने के हक का जिक्र था। इन प्रिय हक़ों की ज़ोरदार घोषणा से ही लोगों को ये हासिल नही हो गये। आज इन

घोषणाओं के डेढ़ सौ वर्ष बाद भी यह कहा जा सकता है कि इन हक़ों का फ़ायदा उठानेवालों की संख्या नही के बराबर है। लेकिन इन सिद्धान्तों की घोपणा ही एक अनोखी और जान फूकनेवाली चीज थी।

दूसरे देशों की तरह यूरोप में भी और दूसरे मजहबों की तरह ईसाइयत में भी पुराना ख़याल यह था कि पाप और दुःख सभी मनुष्यों को लाज़िमी तौर पर भोगने पड़ते है। मज़हब ने मानो इस ससार मे ग़रीबी व मुसीबत को एक स्थायी और यहांतक कि इज्जत की जगह दे दी थी। मजहब के वादे व इनाम सारे-के-सारे किसी परलोक के लिए थे; यहां तो हमे यही उपदेश दिया जाता था कि भगवान पर भरोसा करके अपने भाग्य के भोगों को बर्दाश्त करते रहें और किसी बुनियादी परिवर्तन के पीछे न पड़ें। दान-पुण्य, यानी ग़रीबों को टुकड़े डालने को बढ़ावा दिया जाता था, मगर गरीबी या गरीबी पैदा करनेवाली प्रणाली को मिटाने का कोई विचार नहीं था। स्वतन्त्रता और बराबरी के तो विचार ही ईसाई-संघ और समाज के सत्तावादी नजरिये के खिलाफ पड़ते थे।

लोकतंत्र का यह तो कभी कहना नहीं था कि सब मनुष्य असलियत में बराबर हैं। वह ऐसा कह भी नही सकता था, क्योंकि यह तो जाहिर ही है कि मनुष्य-मनुष्य के बीच असमानताएं होती है; तन की असमानताएं जिनके सबब से ही कुछ लोग दूसरों से बलवान होते हैं; दिमागी असमानताएं जिनसे कुछ लोग दूसरों से ज़्यादा क़ाबिल व बुद्धिमान दिखाई देते है; और नैतिक असमानताएं जो कुछ को स्वार्थी बनाती है और कुछ को नही। यह बिलकुल मुमकिन है कि इनमे से बहुत-सी असमानताएं अलग-अलग तरह के लालन-पालन व शिक्षा के सबब से या शिक्षा के अभाव से होती हों। दो एक-सी काबलियतवाले लड़कों या लड़कियों में से एक को अच्छी शिक्षा दे दो और दूसरे को बिलकुल न दो, तो कुछ वर्षों बाद दोनों में ज़बर्दस्त फ़र्क हो जायगा। या एक को तन्दुरुस्ती बढ़ानेवाला भोजन दो, और दूसरे को खराब और नाकाफी भोजन दो, तो पहले ठीक तरह से बढ़ेगा और दूसरा कमज़ोर, रोगी और दुबला-पतला रहेगा। इसलिए लालन-पालन, चौगिर्द ट्रेनिग व शिक्षा मनुष्य में भारी भेद पैदा कर देते हैं और हो सकता है कि अगर सबको एक ही तरह की ट्रेनिग और मौके मिलें तो असमानता आज के मुक़ाबले में बहुत कम हो जाय। असल में यह बहुत सम्भव है। लेकिन जहांतक लोकतंत्र का सम्बन्ध है, वह मानता है कि मनुष्य दरअसल असमान होते है, और फिर भी वह कहता है कि हरेक मनुष्य के साथ ऐसा बर्ताव किया जाना चाहिए मानो उसका राजनैतिक व समाजी महत्व सबके बराबर है। अगर इस लोकतंत्री सिद्धान्त को पूरी तरह मान लें तो हम तरह-तरह के क्रान्तिकारी नतीजों पर पहुंच जाते है। यहां हमें इनकी चर्चा करने की जरूरत नही, लेकिन इस सिद्धान्त से लाज़िमी नतीजा यह

निकला कि शासन करनेवाली विधान-सभा या संसद के लिए प्रतिनिधि के चुनाव में हर व्यक्ति को वोट देने का हक होना चाहिए। वोट देने का हक राजनैतिक सत्ता का निशान है, और यह मान लिया गया है कि अगर हर आदमी को वोट का हक हो तो उसे राजनैतिक सत्ता में बराबर का हिस्सा मिल जायगा। इसलिए सारी उन्नीसवी सदी में लोकतंत्र की खास मांग यह थी कि मताधिकार बढ़ाया जाय। बालिग मताधिकार का मतलब यह होता है कि हर बालिग व्यक्ति को वोट देने का अधिकार हो। बहुत समय तक स्त्रियों को वोट देने का अधिकार नहीं था, और बहुत दिन नहीं हुए जब स्त्रियों ने, खास तौरपर इंग्लैण्ड मे, इस बारे मे जबर्दस्त आन्दोलन किया था। ज्यादातर उन्नत देशों में आजकल स्त्रियों और पुरुषों दोनों को बालिग मताधिकार हासिल है।

मगर विचित्र बात यह हुई कि जब ज्यादातर लोगों को वोट का हक मिल गया, तब उन्हें मालूम पड़ा कि इससे उनकी हालत में कोई बड़ा फर्क नहीं पड़ा। वोट का हक मिल जाने पर भी राज्य मे या तो उन्हें कुछ भी सत्ता नही मिली या बहुत ही थोड़ी मिली। भूखे आदमी को मताधिकार किस काम का ? असली सत्ता तो उन लोगों के हाथों में रही, जो उसकी भूख से फायदा उठा सकते थे और उसे मजबूर करके अपने फायदे का कोई भी मनचाहा काम उससे करा लेते थे। बस, वोट के हक से जिस राजनैतिक सत्ता के मिलने का खयाल था, वह बिना असलियत की परछाई और बिना आर्थिक सत्तावाली साबित हुई। शुरू के लोकतंत्रवादियों के वे रौनकदार सपने कि मताधिकार मिलते ही बराबरी आजायगी, झूठे साबित हुए।

मगर यह बात तो बहुत आगे चलकर पैदा हुई। शुरू के दिनों में, यानी अठारहवी सदी के अन्त और उन्नीसवीं के शुरू में, लोकतंत्रवादियों में बड़ा जोश था। लोकतंत्र सबको आजाद और बराबरी का नागरिक बनानेवाला था, और सरकार व राज्य सबके सुख का उपाय करनेवाले ! अठारहवी सदी के बादशाहों और सरकारों ने जैसी मनमानी चलाई थी और अपनी निरंकुश सत्ता का जैसा बुरा इस्तेमाल किया था, उसके खिलाफ बड़ी प्रतिक्रिया हुई। इससे लोगों को अपनी घोषणाओं में व्यक्तियों के हकों का भी ऐलान करना पड़ा। शायद अमेरिका और फ्रान्स की घोषणाओं में व्यक्तियों के हकों के ये बयान जरूरत से कुछ आगे बढ़ गये थे। समाज की गठरी में से व्यक्तियों को अलग-अलग करके उन्हें पूरी आजादी दे सकना आसान नहीं है। ऐसे व्यक्ति और समाज के हित आपस मे टकरा सकते है और टकराते भी हैं। खैर, कुछ भी हो, लोकतंत्र व्यक्तियों को खूब आजादी देने का दम भरता है।

इंग्लैण्ड पर जो अठारहवीं सदी में राजनैतिक विचारों में पिछड़ा हुआ

था, अमेरिका और फ्रान्स की राज्यक्रान्तियों का गहरा असर पड़ा। उसपर पहली प्रतिक्रिया तो इस दहशत की हुई कि नये लोकतंत्री विचारों से देश में समाजी क्रान्ति न हो जाय। शासक-वर्ग पहले से भी ज्यादा कट्टर और प्रतिगामी हो गये। फिर भी दिमाग़ी लोगों मे नये विचार फैलते गये। टामस पेन इस ज़माने का एक दिलचस्प अंग्रेज हुआ है। स्वाधीनता के युद्ध के समय वह अमेरिका में था, और उसने अमेरिकावासियो की मदद की थी। मालूम होता है कि अमेरिकी लोगों का विचार पूरी स्वाधीनता के लिए बदल देने मे इसका भी कुछ हाथ था। इंग्लैण्ड लौटने पर उसने फ्रान्स की राज्य-क्रान्ति की पैरवी में 'दि राइट्स आफ मैन' (मनुष्य के अधिकार) नामक पुस्तक लिखी। यह क्रान्ति उस समय शुरू ही हुई थी। इस पुस्तक में उसने राजाशाही पर हमला किया और लोकतत्र की हिमायत की। इसके लिए ब्रिटिश सरकार ने उसे बाग़ी क़रार दिया और उसे भागकर फ्रान्स चला जाना पड़ा। पेरिस मे वह बहुत जल्द नेशनल कन्वेन्शन का सदस्य बन गया, मगर १७९३ ई० में जैकोबिनी लोगो ने उसे क़ैद कर दिया, क्योंकि उसने सोलहवे लुई की हत्या का विरोध किया था। पेरिस के जेलखाने मे उसने 'दि एज ऑफ रीज़न' (तर्क का युग) नाम की दूसरी पुस्तक लिखी। इसमें उसने मज़हबी नज़रिये की बुराई की। रोबेसपीर की मृत्यु के बाद उसे पेरिस जेल से छोड़ दिया गया। चूंकि स्पेन अंग्रेजी अदालतो के दायरे के बाहर था, इसलिए इस पुस्तक को छापने के जुर्म मे उसके अंग्रेज प्रकाशक को क़ैद की सजा दे दी गई। ऐसी पुस्तक समाज के लिए खतरनाक समझी गई, क्योंकि ग़रीबों को जहां-का-तहां रखने के लिए मज़हब ज़रूरी माना जाता था। पेन की पुस्तक के कई प्रकाशक जेल भेज दिये गए। इनमे स्त्रियां भी थी। यह दिलचस्पी की बात है कि कवि शैली ने इस सजा के विरोध में न्यायाधीश को एक पत्र लिखा था।

उन्नीसवी सदी के सारे अगले हिस्से में जो लोकतंत्री विचार फैले, यूरोप में उनकी बुनियाद डालनेवाली फ्रान्स की राज्यक्रान्ति थी। हालते जल्दी-जल्दी बदल रही थी, फिर भी क्राति के विचार सचमुच बने ही रहे। ये लोकतंत्री विचार बादशाहो के व निरंकुशता के खिलाफ़ दिमाग़ी प्रतिक्रिया थे। इन विचारों की जड़ उद्योगवाद से पहले की हालतो मे थी। लेकिन भाप और बड़ी-बड़ी मशीनों का नया उद्योग पुरानी व्यवस्था को पूरी तरह उलट रहा था। फिर भी यह अजीब बात है कि शुरू उन्नीसवी सदी के वाम-दली और लोकतंत्रवादी इन परिवर्तनों को दर गुज़र करते रहे और क्रान्ति व मानव-अधिकारों की घोषणा की लच्छेदार भाषा मे ही बाते करते रहे। शायद उनके विचार में ये परिवर्तन निरे दुनियावी चीज़ों से ताल्लुक़ रखनेवाले थे और लोकतंत्र की ऊंची आध्यात्मिक, नैतिक और राज-नैतिक मांगों पर उनका कोई असर नही पड़ता था। मगर दुनियावी चीज़ों का ऐसा ढंग होता है कि उनको छोड़ा नही जा सकता। यह बड़ी दिलचस्पी की बात

है कि लोगों के लिए पुराने विचार छोड़ना और नये अपनाना बहुत ही कठिन होता है। वे अपनी आंखों और अपने दिमाग़ों को बन्द कर लेते हैं और देखने से ही इन्कार कर देते हैं और पुरानी बातों से उन्हें नुकसान पहुंचता हो तो उनसे चिपके रहने के लिए लड़ते हैं। नये विचारों को क़बूल करने और अपने-आपको नई हालतों में ढालने के सिवा वे सबकुछ करने को तैयार रहते हैं। कट्टरपन में बड़ी जबर्दस्त शक्ति होती है। अपनेको बहुत उन्न तिशील समझनेवाले वामदली लोग भी अक्सर पुराने और थोथे विचारों से चिपके रहते हैं और बदलती हुई हालतों की तरफ़ से आखें मूंद लेते हैं। कोई ताज्जुब नही कि प्रगति धीमी पड़ जाती है और अक्सर करके असली हालतें लोगों के विचारों से बहुत पीछे रह जाती हैं, जिसका नतीज़ा यह होता है कि क्रान्तिकारी हालतें पैदा हो जाती हैं।

इस तरह बीसियों वर्षों तक लोकतंत्रवाद का काम सिर्फ़ फ्रान्स की राज्य-क्रान्ति के विचारों और परम्पराओं को जारी रखना ही रहा। लोकतन्त्रवाद ने अपने-आपको नई हालतों में नही ढाला। इसका नतीज़ा यह हुआ कि सदी का अन्त होते-होते वह कमज़ोर पड़ गया और बाद मे बीसवी सदी मे तो बहुतो ने उसे बिलकुल ही छोड दिया। आज भारत में भी हमारे बहुतेरे प्रगतिशील राजनीतिज्ञ अभी तक फ्रा स की राज्य-क्रान्ति की और मानव-अधिकारों की बाते करते हैं, इस बात को नहीं महसूस करते कि तबसे अबतक क्या-क्या हो चुका है।

शुरू के लोकतंत्रवादियों का बुद्धिवाद को अपनाना लाज़िमी था। विचार और भाषण की स्वतंत्रता की उनकी मांग का कट्टरपन्थी मज़हब व धर्मशास्त्रवाद के साथ समझौता होना असम्भव था। इस तरह लोकतंत्रवाद और विज्ञान ने मिलकर धर्मशास्त्री रूढ़ियों का शिकंजा ढीला किया। लोग बाइबिल की भी जांच करने की हिम्मत करने लगे, मानो वह एक मामूली पुस्तक थी और ऐसी चीज़ नही थी जिसे बिना शंका के अंधी भक्ति के साथ मान लिया जाय। बाइबिल की इस आलोचना को 'ऊंचे दर्जे की आलोचना' कहा गया। इन आलोचकों ने यह नतीजा निकाला कि बाइबिल अलग-अलग युगों के अलग-अलग व्यक्तियों के लेखों का संग्रह है। उनका यह भी मत था कि ईसा का कोई मज़हब चलाने का इरादा नहीं था। इस आलोचना से कितने ही पुराने विश्वास हिल गये।

जैसे-जैसे विज्ञान और लोकतंत्री विचारों के सबब पुरानी मज़हबी नीवें कमजोर होती गई वैसे-वैसे पुराने मजहब की जगह बिठाने के लिए एक नया दर्शन रचने के जतन किये गए। ऐसा ही एक जतन आगस्त कौत नामक फ़ान्सीसी दार्शनिक ने किया था। इसका समय सन् १७९८ से १८५७ ई० तक है। कौत ने महसूस किया कि पुराने धर्म-शास्त्रवाद और कट्टरपन्थी मजहब का ज़माना जाता रहा, मगर उसे यह भी विश्वास हो गया कि समाज को किसी-न-किसी मजहब की

ज़रूरत है। इसलिए उसने 'मानव-धर्म'[१] का प्रस्ताव किया और उसका नाम 'धनात्मकवाद'[२] रक्खा। इसके आधार प्रेम, व्यवस्था और प्रगति रक्खे गये। इसमें कोई बात अलौकिक नहीं थी; इसका आधार विज्ञान था। उन्नीसवीं सदी की दूसरी सब चालू विचारधाराओं की तरह इस विचारधारा के पीछे भी मनुष्य-जाति की प्रगति का विचार था। कौंत के मज़हब पर कुछ गिने-चुने दिमाग़ी लोगों का ही विश्वास रहा, मगर यूरोप के विचारों पर उसका आम असर खूब पड़ा। मानव-समाज और संस्कृति से ताल्लुक़ रखनेवाले समाजशास्त्र का अध्ययन इसी-का शुरू किया हुआ समझना चाहिए।

अंग्रेज़ दार्शनिक और अर्थशास्त्री जान स्टुअर्ट मिल (१८०६-१८७३ ई०) कौंत के ही समय में हुआ था, मगर वह कौंत की मृत्यु के बहुत वर्ष बाद तक जिन्दा रहा। मिलकर कौंत के मतों और समाजवादी विचारों का असर पड़ा था। एडम स्मिथ के मतों को लेकर राजनैतिक अर्थशास्त्र का जो पन्थ इंग्लैण्ड में बन गया था, उसे मिल ने नई दिशा में ले जाने की कोशिश की और उसने आर्थिक विचारों में कुछ समाजवादी सिद्धान्तों को डाला। मगर वह सबसे बड़ा 'उपयोगितावादी'[३] मशहूर हुआ है। उपयोगितावाद का मत नया था, जो इंग्लैण्ड में चल तो कुछ समय पहले ही चुका था, मगर उसे ज़्यादा महत्व दिया मिल ने। जैसा कि इसके नाम से पता चलता है, इसको राह दिखानेवाला दर्शन था 'उपयोगिता'। उपयोगिता-वादियों का बुनियादी सिद्धान्त था 'अधिकतम लोगों का अधिकतम सुख'[४]। भलाई-बुराई की सिर्फ़ यही कसौटी थी। जो काम जितना ज़्यादा सुख बढ़ानेवाला होता वह उतना ही अच्छा कहा जाता और जो जितना दुःख बढ़ाता वह उतना ही बुरा माना जाता। समाज और सरकार का संगठन ज़्यादा-से-ज़्यादा लोगों के सुख में ज़्यादा-से-ज़्यादा बढ़ोतरी के वास्ते ही माना गया। यह नज़रिया सबको बरा-बरी को अधिकार देनेवाले लोकतंत्रवादी सिद्धान्त से अलग तरह का था। ज़्यादा-से-ज़्यादा लोगों के ज़्यादा-से-ज़्यादा सुख के लिए थोड़े-से लोगों की क़ुर्बानी या तकलीफ़ ज़रूरी हो सकती है। मैं तुम्हें सिर्फ़ यह फ़र्क़ बता रहा हूं, उसकी चर्चा करने की यहां ज़रूरत नहीं। इस तरह लोकतंत्र का अर्थ बहुमत के हक़ माना जाने लगा।

जान स्टुअर्ट मिल व्यक्ति की स्वतन्त्रता के लोकतंत्री विचार का ज़ोरदार हामी था। उसने 'स्वतन्त्रता पर'[५] नामक एक छोटी-सी पुस्तक लिखी जो

---

[१] Religion of Humanity. [२] Positivism. [३] Utilitarian.
[४] Greatest happiness of the greatest number. [५] On Liberty.

मशहूर हो गई। मैं इस पुस्तक का एक खुलासा यहां दूंगा, जिसमें भाषण की स्वतन्त्रता और विचारों की स्वतन्त्र अभिव्यक्ति का समर्थन किया गया है—

"किसी मत की अभिव्यक्ति पर ताला लगा देने में खास बुराई यह है कि मनुष्य-जाति उससे महरूम रह जाती है—आनेवाली सन्तान और मौजूदा पीढ़ी भी; और उस मत के माननेवालों से भी ज्यादा वे लोग जो उससे मतभेद रखते हैं। अगर वह मत सही है तो लोग असत्य की जगह पर सत्य को बिठाने के अवसर से महरूम रह जाते हैं; अगर गलत है तो वे क़रीब उतना ही बड़ा लाभ खो देते हैं—यह लाभ है सत्य के साथ उस मत की टक्कर से पैदा होनेवाले सत्य का ज़्यादा साफ़ ज्ञान और सत्य की ज़्यादा चटकीली छाप। हम यह कभी तय नहीं कर सकते कि जिस मत का गला घोटने की हम कोशिश करते हैं, वह झूठा है; और अगर हमें यक़ीन भी हो तो भी उसका गला घोटना बुराई ही होगी।"

ऐसे रुख़ का कट्टरपन्थी मज़हब या अन्याय के साथ समझौता नहीं हो सकता था। यह तो दार्शनिक का, सत्य के खोजी का, रवैया था।

मैंने तुम्हें उन्नीसवीं सदी के पश्चिमी यूरोप के कुछ बड़े-बड़े विचारकों के नाम बता दिये हैं, ताकि तुम्हें विचारधाराओं के विकास की दिशा का पता लग जाय और ये नाम तुम्हारे लिए विचारों की दुनिया में राह बतानेवाले चिन्ह बन जायं। मगर इन लोगों का, और आमतौर पर शुरू के लोकतंत्रवादियों के, असर का दायरा क़रीब-क़रीब दिमाग़ी वर्गों तक ही था। इन दिमाग़ी लोगों से छनकर वह कुछ हद तक दूसरे लोगों में भी पहुंच गया था। हालांकि इस लोकतंत्री विचार-धारा का सीधा असर तो जनता पर बहुत मामूली पड़ा, लेकिन नामालूम असर खूब हुआ। मताधिकार की मांग जैसे कुछ मामलों में तो सीधा असर भी बहुत पड़ा।

जैसे-जैसे उन्नीसवीं सदी बीतती गई वैसे-वैसे मज़दूर-आन्दोलन और समाज-वाद के अलावा दूसरे आन्दोलनों और विचारों का भी विकास हुआ। इनका असर चालू लोकतंत्री ख़यालों पर पड़ा और इन ख़यालों का असर आन्दोलनों पर पड़ा। कुछ लोग समाजवाद को लोकतंत्र की जगह लेनेवाला समझने लगे; कुछ उसे उसी का एक ज़रूरी अंग समझने लगे। हम देख चुके हैं कि लोकतंत्रवादियों के दिमाग़ में स्वतंत्रता, बराबरी और हरेक को सुख का बराबर हक़ के ख़याल भरे हुए थे। मगर उन्होंने बहुत जल्दी महसूस कर लिया कि सुख को बुनियादी हक़ मान लेने से ही वह हासिल नहीं हो जाता है। दूसरी बातों के अलावा मनुष्य के लिए कुछ ज़िन्दगी का आराम भी ज़रूरी है। जो भूखा मर रहा है, वह सुखी नहीं हो सकता। इससे यह विचार पैदा हुआ कि सुख इस बात पर निर्भर है कि धन का बँटवारा

लोगों में ठीक तरह से हो। इससे हम समाजवाद में चले जाते हैं; पर उसका बयान अगले पत्र में किया जायगा।

उन्नीसवीं सदी के पिछले हिस्से में जहां-जहां पराधीन राष्ट्र या कौमें आजादी के लिए लड़ रहे थे, वहां-वहां लोकतंत्र और राष्ट्रीयता का मेल हो गया था। इटली का मैज़िनी इस तरह के लोकतन्त्री देश-प्रेम का एक खास नमूना था। आगे चलकर इसी सदी में राष्ट्रीयता का यह लोकतंत्री रूप धीरे-धीरे नष्ट हो गया और वह दिन पर दिन ज़्यादा सरगर्म और सत्तावादी बनता गई। राज्य एक ऐसा देवता बन गया जिसकी पूजा करना सबके लिए लाज़िमी था।

नये उद्योगों के नेता अंग्रेज़ व्यापारी थे। उन्हें ऊंचे-ऊंचे लोकतंत्री सिद्धान्तों में और जनता की स्वतन्त्रता के अधिकार में कोई ज़्यादा दिलचस्पी नहीं थी। मगर उन्होंने देख लिया कि लोगों को ज़्यादा स्वतंत्रता देना व्यापार के लिए अच्छी चीज़ है। इससे मजदूरों के रहन-सहन की सतह ऊंची उठ जाती है, वे इस भ्रम में फंस जाते हैं कि उन्हें कुछ आज़ादी मिली हुई है, और अपना काम ज़्यादा मुस्तैदी से करने लगते हैं। उद्योगों के कामगरों में ज़्यादा मुस्तैदी लाने के लिए सब लोगों की शिक्षा भी जरूरी थी। इसकी ज़रूरत को समझकर व्यापारी और उद्योगपति परोपकार का ढोंग रचकर जनता को ये मेहरबानियां इनायत करने को राज़ी हो गये। उन्नीसवीं सदी के पिछले हिस्से में इंग्लैण्ड और पश्चिमी यूरोप में किसी-न-किसी तरह की शिक्षा तेज़ी से फैलने लगी।

: १३२ :
समाजवाद का आगमन

१३ फ़रवरी, १९३३

मैं तुम्हें लोकतन्त्र की उन्नति के बारे में लिख चुका हूं; मगर याद रहे कि इस उन्नति के लिए कठिन लड़ाई लड़नी पड़ी थी। किसी चालू व्यवस्था में जिन लोगों का स्वार्थ होता है, वे परिवर्तन नहीं चाहते और उसे रोकने के लिए सारा ज़ोर लगा देते हैं। फिर भी ऐसे परिवर्तनों के बिना कोई प्रगति या बेहतरी नहीं हो सकती। किसी भी संस्था या शासन-प्रणाली को अपने से अच्छी के लिए जगह खाली करनी पड़ती है। जो लोग ऐसी प्रगति चाहते हैं, उन्हें पुरानी संस्था या पुराने रिवाज पर हमला करना ही पड़ता है। इसलिए उनका रास्ता यह हो जाता है कि मौजूदा हालतों से कभी समझौता नहीं करना और जो लोग उनसे फ़ायदा उठाते हैं, उनके साथ हमेशा झगड़ा करते रहना। पश्चिमी यूरोप में शासक-वर्गों ने हर तरह की प्रगति का क़दम-क़दम पर विरोध किया।

इंग्लैण्ड में उन्होंने हथियार तभी डाले जब देख लिया कि ऐसा न करने से खूनी क्रान्ति हो जायगी। जैसाकि मैं पहले बता चुका हूं, उनके लिए आगे बढ़ने की दूसरी वजह नये व्यवसायी लोगों का यह महसूस करना था कि व्यापार के लिए भी थोड़ा-बहुत लोकतंत्र ज़माने का तकाज़ा भी है और फ़ायदेमन्द भी।

मगर मैं तुम्हें फिर याद दिलाता हूं कि उन्नीसवी सदी के अगले हिस्से में इन लोकतंत्री विचारों का दायरा ज़्यादातर दिमाग़ी लोगो तक ही था। आम जनता पर उद्योगवाद की बढ़ोतरी का ज़बर्दस्त असर पड़ा था और वे जमीने छोड़-छोड़कर कारख़ानों मे जाने को मजबूर हुए थे। औद्योगिक मज़दूरो का वर्ग बढ़ रहा था, जो भद्दे और गन्दे कारख़ानी नगरों में भेड़-बकरियों की तरह रहता था। ये नगर ज़्यादातर कोयले की खानों के आस-पास थे। इन मज़दूरो मे तेज़ी के साथ परिवर्तन हो रहे थे और उनके अन्दर एक नई मनोवृत्ति या ज़हनियत का विकास हो रहा था। जो ढेरो किसान और कारीगर भूख के मारे कारखानो मे आ-आकर भरती हुए थे, उनसे ये मज़दूर बिल्कुल जुदा किस्म के थे। जैसे इन कारखानो के खोलने मे इंग्लैण्ड सबसे आगे बढ़ा हुआ था, वैसे ही औद्योगिक मजदूरो का वर्ग भी पहले-पहल इंग्लैण्ड मे ही बढ़ा। कारखानों के भीतर की हालत दिल दहलानेवाली थी और मज़दूरों के घरों या झोपड़ों की उससे भी बदतर। उन्हें मुसीबतें भी बहुत थीं। छोटे-छोटे बच्चों और स्त्रियों को इतने घंटे काम करना पड़ता था कि आज उसपर यक़ीन नही होता। फिर भी इन कारखानों और घरो की हालत क़ानून के ज़रिये सुधारने की सब कोशिशों का मालिकों ने डटकर विरोध किया। उनका कहना था कि यह सम्पत्ति हक़ों में शर्मनाक दस्तन्दाज़ी है। ख़ानगी मकानों को क़ानूनन साफ़-सुथरा रखने का भी उन्होंने इसी आधार पर विरोध किया।

ग़रीब अंग्रेज़ मज़दूर धीमे-धीमे फ़ाक़ाकशी और ज़्यादा काम के बोझ से मरे जा रहे थे। नेपोलियनी युद्धो से देश चूर हो गया था और आर्थिक मन्दी फैल गई थी, जिसकी मुसीबत सबसे ज्यादा मजदूरों पर ही पड़ी। मजबूर होकर मज़दूर लोग अपनी रक्षा करने को, और अपनी हालत मे सुधार करने के वास्ते लड़ने को समितियां बनाना चाहते थे। पुराने ज़माने मे कारीगरों और कुशल मज़दूरों की पंचायतें होती थीं, मगर वे बिल्कुल अलग ढंग की थीं। फिर भी उन पंचायतों की याद ने कारख़ानों के मज़दूरों को अपनी समितियां बनाने के लिए उकसाया होगा। मगर उन्हें ऐसा नही करने दिया गया। इंग्लैण्ड का शासक-वर्ग फ़्रान्स की राज्य-क्रान्ति से इतना डर गया था कि उन्होंने 'सम्मिलन क़ानून'[1] कहलानेवाले ऐसे क़ानून बना दिये कि बेचारे मज़दूर अपने दुःख-सुख की चर्चा करने के लिए इकट्ठे भी न हो सके। तब इंग्लैण्ड मे, और आज भारत मे, 'क़ानून और व्यवस्था'

[1] Combination Acts.

ने सदा मुट्ठीभर सत्ताधारियों के स्वार्थ साधने और जेबें भरने का बड़ा फायदेमन्द काम किया है।

लेकिन मज़दूरों को इकट्ठा होने से रोकनेवाले क़ानूनों से मज़दूरों की हालतें सुधरी नहीं। वे उलटे भड़क गये और सब आशाएं छोड़ बैठे। उन्होंने गुप्त समितियां बनाईं, सब बातें गुप्त रखने की आपस में कसमें खाईं, और सुनसान जगहों में आधी रात गये सभाएं करने लगे। किसी साथी की ग़द्दारी पर या भेद खुल जाने पर षड्-यंत्र के मुक़दमे चलते और भयंकर सज़ाएं दी जातीं। कभी-कभी वे गुस्से में आकर मशीनों को तोड़-फोड़ डालते, कारखानों में आग लगा देते और कुछ मालिकों की हत्या भी कर डालते थे। अन्त में, १८२५ ई० में, मज़दूर-संगठनों पर से पाबन्दियां कुछ-कुछ हटा ली गईं और मज़दूर-यूनियन बनने लग गईं। ये यूनियनें अच्छी तनख्वाह पानेवाले कुशल मज़दूरों ने बनाईं। अकुशल मज़दूर लम्बे अर्से तक बिखरे ही रहे। इस तरह मज़दूर-आन्दोलन की यह सूरत हो गई कि मिलकर शर्तें तय करने के उपायों से मज़दूरों की हालत सुधारने के लिए मज़दूर-यूनियनें बन गईं। मज़दूरों के हाथ में कारगर हथियार तो सिर्फ़ हड़ताल करने के अधिकार का था, यानी काम बन्द कर देना और कारखाने का काम ठप्प कर देना। बेशक यह बड़ा हथियार था, मगर उनके मालिकों के हाथ में इससे भी ज़्यादा शक्तिशाली हथियार यह था कि वे मज़दूरों को भूखों मारकर उनके घुटने टिकवा सकते थे। इस तरह मज़दूरों की लड़ाई जारी रही, जिसमें उन्हें बहुत कुर्बानियां तो देनी पड़ीं और फ़ायदा धीरे-धीरे हुआ। पार्लमेण्ट पर उनका सीधा असर नहीं था, क्योंकि उन्हें वोट देने का भी हक़ नहीं मिला था। १८३२ ई० के जिस महान 'सुधार बिल' का इतना कड़ा विरोध हुआ था, उससे सिर्फ़ आसूदा मध्यम-वर्ग के लोगों को वोट का हक़ मिला था। मज़दूरों ही नहीं, बल्कि नीचे के मध्यम-वर्ग को भी अभी तक वोट का अधिकार नहीं था।

इसी बीच मैञ्चेस्टर के कारखानेदारों में ही एक दयावान व्यक्ति पैदा हुआ, जिसे मज़दूरों की दिल-दहलानेवाली हालत देखकर बहुत दुःख हुआ। इसका नाम रॉबर्ट ओवेन था। उसने अपने निजी कारखानों में बहुत-से सुधार जारी किये और अपने मज़दूरों की हालत सुधारी। वह अपने ही मालिकवर्ग में आन्दोलन करता रहा और दलीलों के ज़रिये उन्हें मज़दूरों के साथ अच्छा बर्ताव करने को राज़ी करने की कोशिशें करता रहा। कुछ तो इसकी कोशिशों से, और कुछ दूसरी हालतों से, मजबूर होकर, ब्रिटिश पार्लमेण्ट ने मज़दूरों को मालिकों के लोभ और स्वार्थीपन से बचाने के लिए पहला कानून पास किया। यह १८१९ ई० का 'कारखाना क़ानून'[1] था। इस कानून की यह मंशा थी कि नौ-नौ वर्ष के छोटे बच्चों से

[1] Factory Act.

बारह घण्टे से ज्यादा काम न लिया जाय ! इस बंदोबस्त से ही तुम्हें कुछ अन्दाज़ा हो जायगा कि मज़दूरों को कैसी भयकर हालतों को बर्दाश्त करना पड़ता था।

कहते है कि रॉबर्ट ओवेन ने ही १८३० ई० के आसपास 'समाजवाद' शब्द का पहले-पहल इस्तेमाल किया था। अलबत्ता ग़रीब-अमीर के भेद को काट-छांटकर एक सतह पर लाने का, और जहांतक हो सके सम्पत्ति के बराबर बंटवारे का, विचार नया नही था। पहले भी बहुत लोगों ने इसकी वकालत की थी। आदिम ज़माने के समुदायों मे एक तरह का साम्यवाद था ही, क्योंकि उनमे सारे समुदाय या गांव का जमीन और दूसरी सम्पत्ति पर शामिल कब्ज़ा होता था। इसे आदिम साम्यवाद कहते हैं, और यह भारत में व दूसरे कई देशों मे पाया जाता है। मगर नया समाजवाद सबको बराबर कर देने के धुंधले इरादे के अलावा और भी बहुत-कुछ था। यह ज़्यादा निश्चित था और शुरू-शुरू में इसकी मंशा उत्पादन की नई कारखाना-प्रणाली पर ही लागू होने की थी। इसलिए यह औद्योगिक प्रणाली का ही बच्चा था। ओवेन का विचार यह था कि मज़दूरों की सहकारी-समितियां बन जायं और मज़दूरों का कारखानों मे हिस्सा हो जाय। उसने इंग्लैण्ड और अमेरिका में नमूने के कारखाने और बस्तियां क़ायम की और उसे कमती-बढ़ती सफलता भी मिली। मगर वह अपनी मालिक-बिरादरी के या सरकार के विचारों को नहीं बदल सका। फिर भी अपने समय मे उसका असर बहुत था और उसने 'समाजवाद' का एक ही शब्द ऐसा चला दिया, जिसने उसी समय से करोड़ो के दिलों को मोह लिया है।

इस बीच पूंजीशाही उद्योग-धन्धे बराबर बढ़ते गये, और जैसे-जैसे इन्हें सफलता-पर-सफलता मिलती गई वैसे-वैसे मज़दूरों की समस्या भी ज़ोर पकड़ती गई। पूंजीशाही का नतीजा यह हुआ कि उत्पादन बहुत बढ़ गया और उसकी वजह से आबादी भी ज़बर्दस्त तेज़ी से बढ़ी, क्योंकि अब पहले से ज़्यादा आदमियों को पर-वरिश और खुराक मिल सकती थी। एक तरफ बड़े-बड़े व्यवसाय खड़े हो गये, जिनके अलग-अलग विभागों मे पेचीदा ढग का सहयोग था। दूसरी तरफ़ छोटे-छोटे काम-धन्धों की मुकाबलेदारी कुचल दी गई। इंग्लैण्ड मे दौलत उलट पड़ी लेकिन उसका बडा हिस्सा नये कारखाने या रेल-मार्ग या इसी किस्म के दूसरे कारोबार खड़े करने मे लगाया गया। मज़दूरो ने भी हड़ताले कर-करके अपनी हालतें सुधारने की कोशिश की, मगर ये हड़तालें आम तौर पर बुरी तरह असफल हो जाती थीं। बाद में मज़दूर लोग १८४० ई० के चार्टिस्ट आन्दोलन मे शामिल हो गये। मै तुम्हें किसी पिछले पत्र में बता चका हूं कि यह आन्दोलन १८४८ ई० की क्रान्ति के वर्ष मे ठंडा हो गया था।

पूजीशाही की सफलता ने लोगों की आंखे चौधिया दीं, मगर फिर भी कुछ

वाम-पक्षी दलवाले या प्रगतिशील विचारोंवाले या दयावान लोग ऐसे रह गये थे, जो पूंजीशाही की गला-घोंट होड़बाज़ी से, और देश की बढ़ती हुई दौलत के बावजूद उससे पैदा होनेवाली मज़दूरों की मुसीबतों से, बहुत दुखी थे। इंग्लैण्ड, फ्रान्स और जर्मनी में इस समस्या के अलग-अलग हल भी सुझाये गए। इन्हीं सबका सामूहिक नाम समाजवाद, समष्टिवाद या समाजी लोकतंत्र पड़ा। इनसब शब्दों का मोटे तौर पर एक ही अर्थ है। ये सब सुधारक आम तौर पर इस बात पर सहमत थे कि उद्योगों पर निजी मिल्कियत व कब्ज़े का होना सारे झगड़े की जड़ है। इसके बजाय अगर उद्योगों का, या कम-से-कम जमीन और बड़े-बड़े उद्योगों—जैसे उत्पादन के बड़े-बड़े साधनों का मालिक राज्य ही बन जाय और वही उन्हें चलावे, तो मजदूरों के शोषण का खतरा न रहे। इस तरह कुछ सरसरी तौर पर लोग पूंजीशाही प्रणाली का कोई विकल्प ढूंढने लगे। मगर पूंजीशाही प्रणाली का ढह जाने का कोई इरादा नहीं था। वह तो दिन-पर-दिन मज़बूत ज़्यादा होती जा रही थी।

इन समाजवादी विचारों के चलानेवाले दिमाग़ी लोग थे और कारखानेदारों में रॉबर्ट ओवेन था। मजदूर यूनियनों के आन्दोलन का विकास कुछ समय के लिए दूसरी दिशा में चला गया और सिर्फ़ ज़्यादा मजदूरी और पहले से अच्छी हालतों के लिए कोशिश करने लगा। मगर उसपर इन विचारों का लाजिमी असर पड़ा और फिर उसने भी समाजवाद के विकास पर बहुत बड़ा असर डाला। यूरोप के तीन अगुआ देश इंग्लैण्ड, फ़्रान्स और जर्मनी में अपने-अपने यहां के मजदूरवर्ग के बल व ख़ासियत के मुताबिक समाजवाद का विकास कुछ अलग-अलग तरह से हुआ। सारी बातों को देखते हुए अंग्रेज़ों का समाजवाद था, जो क्रम-विकास के तरीकों व धीमी प्रगति में विश्वास करता था। अन्य यूरोपीय देशों का समाजवाद अधिक वामपक्षी और क्रान्तिकारी था। अमेरिका में परिस्थितियां इससे बहुत भिन्न थीं. क्योंकि वह बड़ा लम्बा-चौड़ा देश होने के कारण वहां मज़दूरों की मांग थी। इसलिए बहुत समय तक वहां कोई ज़ोरदार मज़दूर-आन्दोलन नहीं पनप सका।

उन्नीसवीं सदी के बीच से लगाकर आगे एक पीढ़ी तक ब्रिटिश उद्योग संसार पर छाया रहा और कारखानों के मुनाफ़े और भारत व दूसरे अधीन देशों के शोषण से मिलनेवाली दौलत वहां भरती रही। इस बड़ी दौलत का एक हिस्सा किसी-न-किसी रूप में मज़दूरों तक भी पहुंच गया और उनके रहन-सहन का दर्जा इतना ऊंचा हो गया, जितना उन्होंने पहले कभी नहीं जाना था। खुशहाली और क्रान्ति का क्या साथ? इसलिए ब्रिटिश मज़दूरों की पुरानी क्रान्ति-भावना गायब हो गई। ब्रिटिश छाप का समाजवाद भी सबसे ज्यादा नरम हो गया। इसका नाम फ़ेबियनवाद पड़

गया, क्योंकि इस नाम का एक रोमन सेनापति था जो दुश्मन से सीधी लड़ाई न लड़कर उसे धीरे-धीरे थका मारता था। १८६७ ई० में इग्लैण्ड में मताधिकार और भी बढ़ा दिया गया और थोड़े-से शहरी मजदूरों को भी वोट का हक मिल गया। मजदूर-यूनियनें इतनी सलूकदार और खुशहाल हो गईं कि मज़दूर-वर्ग के वोट ब्रिटिश-उदार दल को मिलने लगे।

इधर इंग्लैण्ड अपनी खुशहाली में मस्त और बेफिक्र हो रहा था और उधर यूरोप व दूसरे देशों में लोग एक नये मत का बड़े जोश और उत्साह से समर्थन कर रहे थे। यह मत अराजकतावाद[1] कहलाता था। जो लोग इसके बारे में कुछ नहीं जानते, वे, मालूम होता है, इस शब्द से ही डर जाते हैं। अराजकतावाद का अर्थ ऐसा समाज है, जिसमें जहांतक हो सके, कोई केन्द्रीय सरकार न हो और व्यक्तियों को खूब आज़ादी हो। अराजकता का आदर्श बहुत ही ऊंचे दर्जे का था, यानी "ऐसे जन-राज्य के आदर्श में विश्वास जिसका, आधार परोपकार, हर हालत में एकता, और दूसरे भाई के हक़ों का अपनी मर्ज़ी से लिहाज़ हो।" राज्य की तरफ़ से कोई बल, ज़बर्दस्ती या मज़बूरी न हो। थोरो[2] नाम के अमेरिकी ने कहा है: "सरकार सबसे अच्छी वह है जो बिल्कुल शासन न करे; और जब मनुष्य ऐसी सरकार के लिए तैयार हो जायंगे तब वे ऐसी ही सरकार को पसन्द करेंगे।"

यह आदर्श बड़ा बढ़िया मालूम होता है। हरेक को पूरी आज़ादी हो, हरेक आदमी दूसरे का लिहाज़ रक्खे, सब तरफ दूसरों की भलाई का खयाल हो और लोग खुशी-खुशी आपस में सहयोग करें। मगर आज की स्वार्थ और हिंसा से भरी दुनिया इससे अभी बहुत दूर है। अराजकतावादियों की यह इच्छा कि केन्द्रीय सरकार कतई न हो, या नाम की सरकार हो, शायद उस निरंकुशता और अन्यायी शासन की प्रतिक्रिया से पैदा हुई होगी, जिसमें लोगों ने बहुत दिन तकलीफें उठाई थीं। चूंकि सरकारों ने लोगों को कुचला और सताया था, इसलिए सरकारें रहने ही न दी जायं। अराजकतावादियों को ऐसा भी लगा कि समाजवाद के कुछ रूपों में, उत्पादन के तमाम साधनों का मालिक होने के नाते राज्य खुद ही अन्यायी बन सकता है। इसलिए अराजकतावादी लोग ऐसे समाजवादी थे, जिनका स्थानीय और हर व्यक्ति की आज़ादी पर बहुत ज़ोर था। उधर समाजवादियों में भी बहुत लोग अराजकतावादियों के मत को बहुत दूर के आदर्श के रूप में मानने को तैयार थे, मगर उनकी राय में कुछ समय तक समाजवाद में भी एक केन्द्रीय और मज़बूत सरकार का होना ज़रूरी था। इस तरह, हालांकि समाजवाद और अराजकतावाद

---

[1] Anarchism.

[2] इस विचारक के लेखों का गांधीजी पर बहुत प्रभाव पड़ा था।

में बहुत काफ़ी फ़र्क़ था, फिर भी दोनों के बहुत-से दर्जे थे, जो एक दूसरे के नज़दीक आते-जाते थे और एक दूसरे से मिल भी जाते थे।

आधुनिक उद्योग-धन्धों से एक संगठित मज़दूरवर्ग पैदा हुआ। अराजकतावाद की तो ख़ासियत ही ऐसी थी कि वह कोई सुसंगठित आन्दोलन नहीं बन सकता था। इसलिए औद्योगिक देशों में, जहां मजदूर-यूनियनों और ऐसी ही संस्थाएं बढ़ रही थी, वहां अराजकतावादी विचारों के फैलने की कोई गुंजायश नहीं थी। इस तरह न तो इंग्लैण्ड में और न जर्मनी मे ही अराजकतावादियों की कोई गिनने लायक संख्या थी। लेकिन दक्षिणी और पूर्वी यूरोप उद्योग-धन्धों में पिछड़े हुए थे, इसलिए वहां इन विचारों के लिए ज़्यादा उपजाऊ ज़मीन थी। जैसे-जैसे आजकल के उद्योगवाद का दक्षिण और पूर्व मे प्रचार हुआ, वैसे-वैसे अराजकतावाद कमज़ोर पड़ता गया। आज यह क़रीब-क़रीब एक मुर्दा सिद्धान्त हो गया है, मगर स्पेन जैसे ग़ैर-औद्योगिक देश में आज भी कुछ हद तक इसको माननेवाले पाये जाते है।

अराजकतावाद का आदर्श भले ही बहुत बढ़िया हो, मगर इसने न सिर्फ जल्दी भड़कनेवाले और नाराज लोगों को ही, बल्कि ऐसे स्वार्थियों को भी आसरा दिया जो आदर्श की आड़ में अपना उल्लू सीधा करना चाहते थे। और इसने एक ख़ास तरह की हिंसा को बढ़ाया, जो अराजकतावाद का शब्द सुनते ही हरेक के दिमाग़ में आ जाती है और जिसके सबब से यह इतना बदनाम भी हो गया है। जब अराजकतावादी अपनी मर्जी के मुताबिक समाज को न बदल सके, तो उन्होंने एक नये ढंग से प्रचार करने का फैसला किया। यह 'कर दिखाने का प्रचार' था, जिसका अर्थ था दिलेरी की मिसालों के ज़रिये असर डालना, अत्याचारी शासन का बहादुरी के कारनामों से मुक़ाबला करना और अपनी जान निछावर कर देना। इस भावना से कई जगहों पर बलवे किये गए। जिन लोगों ने इनमें भाग लिया, उन्हें फौरन किसी सफलता की आशा नहीं थी। अपने उद्देश्य का इस नये ढंग से प्रचार करने के लिए वे ख़ुशी से अपनी जान जोखिम में डालते थे। पर ये बलवे दबा दिये गए और फिर हरेक अराजकतावादी ने निजी तौर पर आतंकवाद का सहारा लेना शुरू कर दिया, यानी बम फेंकना और बादशाहों व ऊंचे अधिकारियों पर गोलियां चलाना। ज़ाहिर है कि यह बेहूदा हिंसा बढ़ती हुई कमज़ोरी और निराशा का लक्षण थी। धीरे-धीरे उन्नीसवीं सदी के खतम होते-होते अराजकतावाद का आन्दोलन बिल्कुल ठंडा पड़ गया। बहुत-से अराजकतावादी नेताओं ने बम फेंकने और 'कर दिखाने के प्रचार' के तरीकों को नापसन्द किया और उन्हें मानने से इन्कार कर दिया।

मैं तुम्हें कुछ मशहूर अराजकतावादियों के नाम बताऊंगा। दिलचस्प बात यह है कि निजी जीवन में ज़्यादातर अराजकतावादी नेता बहुत ही शरीफ़, आदर्श-

वादी और चाहने लायक थे। सबसे पहले के अराजकतावादी नेताओं में पेरे प्रूदों नामक एक फ्रान्सीसी था, जो १८०९ से १८६५ ई० तक रहा। उससे उम्र मे ज़रा छोटा माइकेल बाकुनिन नामक रूसी रईस था। यह यूरोप का, और खास तौर पर दक्षिण यूरोप मे, एक लोकप्रिय मजदूर नेता था। इसने एक अन्तर्राष्ट्रीय यूनियन बनाई थी, मगर मार्क्स के साथ भिड़न्त हो जाने पर उसने इसे व इसके साथियों को यूनियन से निकलवा दिया। तीसरा नाम रूसी सरदार पीतर क्रोपाट्किन का है। यह तो हमारे अपने जमाने का ही है। इसने अराजकतावाद और दूसरे विषयो पर कुछ बहुत ही दिलचस्प पुस्तकें लिखी है। चौथा और आखिरी नाम, जिसका मै यहां ज़िक्र करूंगा, इटली-निवासी एनरीको मालातेस्ता का है। इसकी आयु अस्सी वर्ष से ऊपर पहुंच चुकी है और यह उन्नीसवी सदी के महान् अराजकतावादियों की आखिरी निशानी रह गया है।

मालातेस्ता के बारे मे एक मजेदार किस्सा कहे बिना मै नही रह सकता। इटली की एक अदालत मे उसपर मुकदमा चल रहा था। सरकारी वकील ने बहस मे कहा कि उस क्षेत्र के मजदूरों में मालातेस्ता का बहुत ज़्यादा असर है और उसने उनका चरित्र ही बिल्कुल बदल दिया है। इससे लोगो में जुर्म करने की आदत ही खतम हो रही है और जुर्मो की संख्या बहुत घटती जा रही है। अगर जुर्म बन्द हो गये तो फिर अदालतें क्या करेंगी? इसलिए मालातेस्ता को जेल भेजा जाय! और मालातेस्ता को सचमुच छै महीने कैद की सजा दे दी गई!

बदकिस्मती से अराजकतावाद को हिंसा के साथ बहुत ज्यादा जोड़ दिया गया है और लोग भूल गये हैं कि यह भी एक दर्शन और एक आदर्श है, जो बहुत-से भले व्यक्तियों को अच्छा लगा है। आदर्श के तौर पर यह हमारी आजकल की अधूरी दुनिया से अब भी बहुत दूर है, और इसने जो उपाय बताये है, वे इतने आसान है कि हमारी आजकल की उलझी हुई सभ्यता का इलाज नही कर सकते।

: १३३ :

कार्ल मार्क्स और मजदूर-संगठनों का बढ़ना

१४ फ़रवरी, १९३३

उन्नीसवीं सदी के बीच के आसपास यूरोप की मज़दूरी व समाजवादी दुनिया में एक नया ही निराला व ध्यान खींचनेवाला व्यक्ति प्रगट हुआ। यह कार्ल मार्क्स था, जिसका नाम इन पत्रों में पहले ही आ चुका है। वह एक जर्मन यहूदी था। उसका जन्म १८१८ ई० में हुआ था। उसने कानून, इतिहास और दर्शन का अध्ययन किया। एक अखबार निकालने पर उसका जर्मनी के अधिकारियों से

झगड़ा हो गया। वह पेरिस चला आया, जहां वह नये-नये लोगों के सम्पर्क मे आया, उसने समाजवाद और अराजकतावाद पर नई-नई किताबे पढ़ीं और वह समाजवादी विचारों को माननेवाला बन गया। वही पेरिस में फ्रीदरिख ऐंजेल्स नामक एक और जर्मन से उसकी मुलाकात हुई, जो इग्लैण्ड मे जाकर बस गया था और वहां कपड़े के बढ़ते हुए उद्योग मे एक मालदार कारखानेदार बन गया था। ऐंजेल्स भी उस वक्त की समाजी हालतों से दुखी व नाराज था और उसका दिमाग़ चारों तरफ़ दीखनेवाली ग़रीबी और शोषण के इलाज की तलाश कर रहा था। सुधारो के बारे मे राबर्ट ओवेन के विचार और प्रयत्न उसे बहुत भाये और वह ओवेन के हामियों में जो 'ओवेनाइट' कहलाते थे, शामिल हो गया। पेरिस की यात्रा ने, जिसकी वजह से मार्ल मार्क्स से उसकी पहली भेट हुई थी, उसके विचारों को भी बदल दिया। तबसे मार्क्स और ऐंजेल्स गहरे दोस्त और साथी हो गये। दोनों के एक-से विचार थे और दोनों एक ही उद्देश्य के लिए दिलोजान से मिलकर काम करने लगे। उम्र भी दोनों की करीब बराबर थी। उनका सहयोग इतना गहरा था कि जो पुस्तकें उन्होंने प्रकाशित की, उनमे से ज़्यादातर दोनो की संयुक्त लिखी हुई थी।

फ्रान्स की सरकार ने मार्क्स को पेरिस से निकाल दिया। यह लुई फ़िलिप का ज़माना था। मार्क्स लन्दन चला गया और वहा बहुत वर्षो तक रहा। वहां वह ब्रिटिश म्यूजियम की पुस्तकों के पढ़ने मे डूबा रहता। उसने सख्त मेहनत करके अपने विचारों को पूर्ण किया और फिर उनपर लिखने लगा। मगर वह कोरा मतवादी या दार्शनिक नही था, जो बैठा-बैठा मन गढ़ा करता हो और दुनिया की बातों से सरोकार न रखता हो। जहां उसने समाजवादी आन्दोलन की धुधली-सी विचारधारा का विकास किया और उसे निखारा, और उसके सामने निश्चित व साफ़-साफ़ विचार व उद्देश्य रक्खे, वहां उसने यूरोप मे मजदूरों का व उनके आन्दोलन का सगठन करने मे भी कारगर व बहुत बड़ा हिस्सा लिया। १८४८ ई० में, जो क्रान्तियों का वर्ष कहलाता है, जो घटनाएं हुई उनसे मार्क्स का दिल लाज़िमी तौर पर पसीज गया। उसी साल उसने और ऐंजेल्स ने एक सम्मिलित घोषणापत्र जारी किया, जो बहुत मशहूर हो चुका है। यह 'साम्यवादी घोषणापत्र'[१] था, जिसमे उन्होंने उन विचारों की चर्चा की, जो फ्रान्स की महान् राज्य-क्रान्ति की, और बाद मे १८३० ई० और सन् १८४८ ई० के विद्रोहों की जड़ मे थे। उन्होंने इस घोषणापत्र में यह भी बतलाया कि वे विचार न तो असली हालतों के लिए काफ़ी थे और न उनसे मेल खाते थे। उन्होंने उस समय के स्वतन्त्रता, बराबरी व भाईचारे के लोकतंत्री नारों की आलोचना की और यह दिखाया कि जनता के लिए ये कोई मतलब नही रखते, मध्यम-वर्गी राज्य पर साधुता का गिलाफ चढ़ा देते

[१] Communist Manifesto—Marx and Engels.

है। आगे चलकर, उन्होंने थोड़े शब्दों में समाजवाद के अपने ही मत को समझाया, और घोषणापत्र के आख़ीर में उन्होंने सारे मज़दूरों से इन शब्दों मे अपील की : "संसार के मजदूरो, एक हो जाओ। तुम्हें खोना कुछ नहीं है सिवाय अपनी ग़ुलामी की ज़ंजीरों के, और पाने को तुम्हारे वास्ते संसार पड़ा है!"

यह अपील असली कार्रवाई करने के लिए पुकार थी। इसके बाद मार्क्स ने अख़बारों और पर्चों के ज़रिये लगातार प्रचार शुरू कर दिया और मज़दूर संगठनों को एक करने की दिन-रात कोशिश करने लगा। जान पड़ता है कि उसे यूरोप मे कोई बड़ा सकट आता दिखाई दे रहा था और वह चाहता था कि मज़दूर उसके लिए तैयार रहें, ताकि वे उससे पूरा फ़ायदा उठा सकें। उसके समाजवादी मत के मुताबिक पूंजीशाही में सचमुच ऐसा संकट आये बिना रह ही नहीं सकता था। १८५४ ई० मे न्यूयार्क के एक अख़बार मे मार्क्स ने लिखा था :

> "फिर भी हमें यह न भूलना चाहिए कि यूरोप मे छठी शक्ति भी है, जो ख़ास-ख़ास मौक़ों पर पांचों नामदार "महान शक्तियों" पर अपनी हुकूमत रखती है और उन सबको थर्रा देती है। यह शक्ति क्रान्ति की है। बहुत दिन तक चुपचाप एकान्तवास के बाद अब संकट और भूख इसे फिर लड़ाई के मैदान मे बुला रहे हैं। सिर्फ़ एक इशारे की जरूरत है। फिर तो यूरोप की छठी और सबसे महान शक्ति चमकता हुआ कवच पहने और हाथ में तलवार लिये हुए निकल पड़ेगी, जिस तरह ओलिम्पी के माथे से मिनर्वा[1] प्रकट हुई थी। यह इशारा यूरोप के जल्दी आनेवाले युद्ध से मिल जायगा।"

यूरोप की जल्दी आनेवाली क्रान्ति के बारे मे मार्क्स की भविष्यवाणी ठीक नहीं निकली। उसके लिखने के साठ साल बाद, और एक महायुद्ध के बाद, कहीं जाकर यूरोप के एक हिस्से मे क्रान्ति हुई। यह तो हम देख ही चुके हैं कि पेरिस कम्यून के रूप मे १८७१ ई० मे क्रान्ति की जो कोशिश हुई, वह बड़ी बेदर्दी से कुचल दी गई थी।

१८६४ ई० में मार्क्स लन्दन मे एक मिली-जुली सभा बुलाने मे सफल हुआ। उसमे कई दलों के लोग, जो अपनेको मोटे तौर पर समाजवादी कहते थे, इकट्ठे हुए। एक तरफ़ तो यूरोप के कई पराधीन देशों के लोकतंत्रवादी और देशभक्त थे, जो समाजवाद मे विश्वास तो रखते थे पर उसे बहुत दूर की चीज़ समझते थे। उनकी ज़्यादा दिलचस्पी तो फ़ौरन राष्ट्रीय स्वाधीनता हासिल करने मे थी। दूसरी तरफ अराजकतावादी लोग थे, जो फौरन लड़ाई छेड़ना चाहते थे। सभा में

[1] **रोम व यूनान के पुराणों में ओलिम्प पर्वत पर देवताओं का निवास माना गया है। रोमवाले मिनर्वा को बुद्धि की देवी मानते थे।**

मार्क्स के सिवा दूसरा नामी व्यक्ति अराजकतावादी नेता बाकुनिन था। वह कई वर्ष साइबेरिया में कैद रहकर तीन साल पहले भागकर निकल आया था। बाकुनिन के साथी खास तौर पर दक्षिण यूरोप के इटली, स्पेन, वग़ैरा लातीनी देशों से आये थे। इन देशों में बड़े उद्योग-धन्धों का विकास नहीं हुआ था और वे इस दिशा में पिछड़े हुए थे। वे बेरोज़गार दिमाग़ी लोग और तरह-तरह के दूसरे क्रान्तिकारी थे, जिनके लिए मौजूदा समाजी व्यवस्था में कोई जगह नहीं थी। मार्क्स के साथी औद्योगिक देशों से, खासकर जर्मनी से, आये थे, जहां मज़दूरों की हालत अच्छी थी। इस तरह मार्क्स तो बढ़ते हुए, संगठित और कुछ खुशहाल मजदूरवर्ग का प्रतिनिधि था, और बाकुनिन ग़रीब व बिखरे मज़दूरों का, और दिमाग़ी व नाराज़ लोगों का। मार्क्स का कहना था कि जबतक कुछ कर गुजरने की घड़ी आये, तबतक धीरज के साथ संगठन किया जाय और मज़दूरों को उसके समाजवादी मतों की शिक्षा दी जाय। बाकुनिन और उसके साथी फौरन ही कार्रवाई करने के पक्ष में थे। सब बातों को देखते हुए जीत मार्क्स की हुई। 'अन्तर्राष्ट्रीय कामगार समिति'[१] की नींव पड़ी। यह मजदूरों का 'प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय संगठन'[२] था।

तीन साल बाद, यानी १८६७ में, मार्क्स का महान ग्रंथ 'कैपिटल' अर्थात् 'पूंजी' जर्मन भाषा में प्रकाशित हुआ। लंदन में उसने बहुत वर्षों तक जो मेहनत की थी, यह उसीका नतीजा था। इसमें उसने चालू आर्थिक मतों का विश्लेषण करके उनकी कमियां बतलाई और अपना समाजवादी मत विस्तार के साथ समझाया। यह असली वैज्ञानिक ग्रन्थ था। उसने सारी इधर-उधर की और आदर्शवाद की बातें छोड़कर बिना लाग-लपेट के और वैज्ञानिक ढंग से इतिहास और अर्थशास्त्र के विकास की चर्चा की। उसने खास तौर पर बड़ी मशीनों की औद्योगिक सभ्यता के विकास की चर्चा की, और मनुष्य-समाज में वर्गों के क्रम-विकास, इतिहास व आपसी कशमकशों के बारे में कुछ दूर तक असर डालनेवाले नतीजे निकाले। मार्क्स का यह नया, बिल्कुल साफ़ और माकूल दलीलों का समाजवाद इसीलिए 'वैज्ञानिक समाजवाद' कहलाया। क्योंकि यह उस धुंधले 'आदर्शवादी' समाजवाद से बिल्कुल दूसरी तरह का था, जो अबतक चल रहा था। मार्क्स की 'पूंजी' कोई पुस्तक नहीं है, जो एक बार पढ़ने से आसानी से समझ में आ जाय। मन-बहलाव की पुस्तकों में और इसमें इतना ज़्यादा फर्क है कि खयाल भी नहीं किया जा सकता। फिर भी यह उन थोड़ी-सी चुनी हुई पुस्तकों में से हैं, जिन्होंने बहुत लोगों के विचार करने के ढंग को हिलाया है, उनकी सारी विचारधारा को ही बदल दिया है, और इस तरह मानव-विकास पर असर डाला है।

---

[१] International Working men's Association

[२] Workers' International

१८७१ ई० में पेरिस कम्यून की दुःखभरी घटना हुई। इरादा करके किया गया शायद यह पहला समाजवादी विद्रोह था। इससे यूरोप की सरकारों पर डर सवार हो गया और मज़दूर-आन्दोलन के ख़िलाफ़ उनका रुख और भी कड़ा हो गया। दूसरे वर्ष मार्क्स के कायम किये हुए अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर-संघ की बैठक हुई और मार्क्स उसके प्रधान कार्यालय को न्यूयार्क ले जाने में सफल हुआ। मालूम होता है कि इसमें मार्क्स का मतलब यही था कि बाकुनिन के अराजकतावादी साथियों से पीछा छूटे; और शायद यह भी कि चूंकि पेरिस कम्यून के सबब से यूरोप की सरकारों को गुस्सा आ रहा था, इसलिए उसने सोचा कि वहां की बनिस्बत न्यूयार्क में कम ख़तरे की जगह मिलेगी। मगर संघ के लिए अपने नाड़ी-केन्द्रों से इतनी दूर रह सकना सम्भव नहीं था। उसकी सारी फ़ौज यूरोप में थी और यूरोप में भी मज़दूर-आन्दोलन के दिन बुरे बीत रहे थे। इसलिए 'प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय संघ' की धीरे-धीरे जान निकल गई।

मार्क्सवाद या मार्क्स का समाजवाद यूरोप के समाजवादियों में, ख़ास तौर पर जर्मनी और आस्ट्रिया मे फैला, जहां यह आम तौर पर 'समाजी लोकतंत्र'[१] के नाम से मशहूर हुआ। लेकिन इंग्लैण्ड ने चाव के साथ इसे नहीं अपनाया। उस समय वह इतना ख़ुशहाल था कि वहां किसी तरक़्क़ी-पसंद समाजी-पंथ के लिए गुंजाइश नहीं थी। अंग्रेजी छाप के समाजवाद की प्रतिनिधि फेबियन सोसायटी थी, जिसका बहुत दूर से परिवर्तन का बड़ा नरम कार्यक्रम था। फेबियनों का मज़दूरो से कोई वास्ता नहीं था। ये तो तरक़्क़ी-पसंद उदार विचारोंवाले दिमाग़ी लोग थे। जार्ज बर्नार्ड शॉ शुरू के फैबियनों में गिने जाते हैं। फेबियनों की नीति का पता एक नामी फेबियन सिडनी वेब के इस मशहूर वाक्य से लग सकता है: "तब्दीली धीरे-धीरे होना लाज़िमी है।"

फ्रान्स मे कम्यून के बाद समाजवाद को फिर से धीरे-धीरे पनप कर कारगर ताक़त बनने में बारह वर्ष लग गये; मगर वहां इसका रूप नया हो गया, यानी अराजकतावाद और समाजवाद का वर्ण-संकर। यह 'श्रमिक-संघवाद'[२] कहलाता है। समाजवादी सिद्धान्त यह था कि चूंकि राज्य समूचे समाज का प्रतिनिधि है, इसलिए उत्पादन के साधनों पर, यानी जमीन, कारख़ानों, वग़ैरा पर उसीकी मिल्कियत और कब्ज़ा होना चाहिए। थोड़ा-सा मतभेद इस बात पर था कि यह समाजीकरण किस हद तक हो। ज़ाहिर है कि औज़ारों और घरेलू मशीनों जैसी बहुत-सी निजी चीजें होती हैं, जिनका समाजीकरण बेहूदा-सी बात है। मगर इस

[१] Social Democracy

[२] Syndicalism—**यह फ्रान्सीसी भाषा के** syndicat **शब्द से बना है, जिसका अर्थ है कामगारों या व्यवसायियों का संगठन या यूनियन।**

बात पर समाजवादियों का एक मत था कि जिस किसी चीज़ का उपयोग दूसरों की मेहनत से निजी मुनाफ़ा कमाने में किया जा सकता हो, उसका समाजीकरण होना चाहिए, यानी वह राष्ट्र की सम्पत्ति बना दी जानी चाहिए। अराजकतावादियों की तरह संघवादी भी राज्य को पसन्द नहीं करते थे और उसकी शक्ति की हद तय कर देने की कोशिश करते थे। वे चाहते थे कि हरेक उद्योग पर उस उद्योग के मजदूरों का अपने संघ के जरिये कब्ज़ा रहे। विचार यह था कि अलग-अलग संघ अपने-अपने प्रतिनिधि चुनकर बड़ी कौंसिल में भेजेंगे। यह कौंसिल सारे देश के मामलों को सम्भालेगी और साधारण काम-काज के लिए एक तरह की पार्लमेण्ट होगी, मगर उसे किसी उद्योग की भीतरी व्यवस्था में दखल देने का अधिकार न होगा। यह हालत पैदा करने के लिए संघवादी आम हड़ताल की वकालत करते थे, यानी वे देश के कारोबार को ठप्प करवाकर अपना उद्देश्य पूरा करना चाहते थे। मार्क्स को माननेवाले संघवाद से बिल्कुल सहमत नहीं थे, मगर यह अनोखी बात है कि (मार्क्स के मरने के बाद) संघवादी उसे अपने दल का ही एक आदमी मानते थे।

कार्ल मार्क्स अबसे ठीक पचास साल पहले, यानी १८८३ ई० में मरा। उस समय तक इंग्लैण्ड जर्मनी व दूसरे औद्योगिक देशों में शक्तिशाली मज़दूर संघ बन गये थे। ब्रिटिश उद्योगों के अच्छे दिन बीत चुके थे और जर्मनी और अमेरिका की बढ़ती हुई प्रतियोगिता के सामने वे गिरते जा रहे थे। अलबत्ता अमेरिका के पास बड़े कुदरती साधन थे, जिनसे वहां तेज़ी के साथ उद्योगों का विकास होने में मदद मिली। जर्मनी में राजनैतिक निरंकुशता और औद्योगिक विकास का अनोखा मेल था। उस निरंकुशता में कमज़ोर और बेबस पार्लमेण्ट का पुट भी लगा हुआ था। बिस्मार्क के शासन-काल में और बाद में भी जर्मन सरकार ने उद्योग-धंधों की कई तरह से मदद की और मज़दूरों की हालत अच्छी करनेवाले समाजी सुधार के कानून बनाकर मज़दूरवर्ग को खुश करने की कोशिश की। इसी तरह इंग्लैण्ड के उदारदल ने कुछ समाजी कानून पास करके काम के घंटे घटा दिये और मज़दूरों की बुरी हालत कुछ अच्छी कर दी। जबतक खुशहाली रही तबतक इस उपाय से काम चल गया और अंग्रेज मज़दूर मुलायम व खामोश रहे और वफ़ादारी के साथ उदारदल को वोट देते रहे। मगर १८८० ई० के बाद दूसरे देशों की होड़बाजी ने खुशहाली के लम्बे जमाने का अन्त कर दिया और इंग्लैण्ड में व्यापार की मन्दी शुरू हो गई और मजदूरों की मजूरी की दरें घट गईं। इसलिए मज़दूरों में फिर चेतना हुई और हवा में क्रान्ति की भावना भर गई। इंग्लैण्ड में बहुत-से लोगों की निगाहें मार्क्सवाद की तरफ दौड़ने लगीं।

१८८९ ई० में अन्तर्राष्ट्रीय मजदूर-संघ बनाने का एक और जतन किया गया। कई मज़दूर-यूनियनों और मजदूर-दल अब काफ़ी मज़बूत व मालदार

हो गये थे और उनके बहुत-से वेतन-भोगी कर्मचारी थे। १८८९ ई० मे बना हुआ यह संघ 'द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय सघ'[१] कहलाता है (मेरे खयाल से इसका नाम 'मज़दूर और समाजवादी अन्तर्राष्ट्रीय संघ' रक्खा गया था)। यह पच्चीस वर्ष तक चला। फिर महायुद्ध इसको कसौटी पर कसने के लिए आ गया, मगर यह खरा नही उतरा। इस सघ मे बहुत लोग ऐसे भी थे, जिन्होंने आगे चलकर अपने-अपने देशो मे ऊंचे-ऊंचे ओहदे ले लिये। कुछने मज़दूर-आन्दोलन को अपनी निजी बढोतरी का साधन बनाया और फिर उसे पीठ दिखाई। वे प्रधान मंत्री, अध्यक्ष, वगैरा बन-बनकर जीवन मे सफल हो गये, मगर जिन लाखों आदमियो ने उन्हें आगे बढ़ाया था और उनपर भरोसा किया था, उन्हें इन लोगों ने मंझधार मे छोड़ दिया। इन नेताओं मे से वे तक भी, जो मार्क्स के नाम की दुहाई देते थे या तेज-तर्रार संघवादी थे, पार्लमेण्टों मे घुस गये या मज़दूर-यूनियनों के अच्छी तनख्वाहें पानेवाले मुखिया बन बैठे। उनके लिए अपनी आराम की जगहों को जोखिम मे डालकर बिना सोचे-समझे किसी काम मे हाथ डालना दिन-पर-दिन कठिन हो गया। बस. वे ठण्डे पड़ गये और जब मज़दूर जनता ने लाचार होकर क्रान्ति का झंडा उठाया और अमली कार्रवाई की मांग की, तब इन लोगों ने उन्हें दबाकर रखने की ही कोशिश की। युद्ध के बाद जर्मनी के समाजी-लोकतंत्रवादी लोग गणराज्य के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री बन गये। फ्रान्स मे आम हड़ताल की मनादी करनेवाला तेज-तर्रार संघवादी ब्रियां ग्यारह बार प्रधानमंत्री बना और उसने अपने पुराने साथियों की हडताल को कुचला। इंग्लैण्ड में रैम्जे मैक्डोनल्ड अपने बनानेवाले मज़दूर-दल को धता बताकर प्रधान-मंत्री बन गया। यही हाल स्वीडन, डेनमार्क, बेलजियम और आस्ट्रिया में हुआ। पश्चिम यूरोप आज ऐसे डिक्टेटरों यानी तानाशाहों और सत्ताधारियों से भरा पड़ा है, जो अपने शुरू के दिनों मे समाजवादी थे, मगर ज्यों-ज्यों उनकी उम्र ढलती गई यों-त्यों वे मुलायम पड़ते गये और उद्देश्य के लिए अपना पुराना जोश भूल गये। इतना ही नहीं, कभी-कभी तो ये लोग अपने पुराने साथियों के ही खिलाफ़ हो गये। इटली का प्रधान मंत्री मुसोलिनी पुराना समाजवादी है और पोलैण्ड का तानाशाह पिल्सूद्स्की भी।

मज़दूर-आन्दोलन को ही क्या, स्वाधीनता के शायद हर राष्ट्रीय आन्दोलन को नेताओं और अगुवा कार्यकर्ताओं की ऐसी गद्दारी से अक्सर नुक्सान उठाना पड़ा है। असफलता से ऊबकर वे कुछ समय बाद थक जाते है और शहादत का कोरा ताज उनके दिल को ज्यादा दिन नही लुभा पाता। वे ठंडे हो जाते है और उनके जोश की आग मन्दी पड़ जाती है। कुछ लोग, जो ज्यादा उमंगोंवाले या ज्यादा बेउसूले होते हैं, दूसरे पक्ष में जा मिलते है और जिन लोगों से कल तक मुक़ाबला और लड़ाई

[१] Second International

करते थे, उन्हींसे निजी समझौता कर लेते है। आदमी जो कुछ करने की ठान लेता है, उसीके मुताबिक अपने मन को ढाल लेना उसके लिए काफ़ी आसान होता है। इस गद्दारी से आन्दोलन को हानि उठानी पड़ती है और धक्का लगता है। चूंकि जो लोग मज़दूरों के ख़िलाफ़ कार्रवाइयां करते है और राष्ट्रीय क़ौमों का दमन करते है, वे यह बात अच्छी तरह जानते है, इसलिए वे तरह-तरह के लालच देकर और मीठी-मीठी बाते करके व्यक्तियों को अपनी तरफ़ मिलाने की कोशिशे करते है। मगर व्यक्तियों को पसन्द कर लेने से, या मीठी बातों से, न तो मज़दूर जनता को राहत मिलती है और न आज़ादी के लिए जान लड़ानेवाले दबाये हुए राष्ट्र को। इसलिए गद्दारी और धक्का लगने के बावजूद यह लड़ाई अपने मुकर्रर उद्देश्य की ओर अटल होकर चलती रहती है।

१८८९ ई० मे क़ायम हुए द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ के सदस्यों की संख्या और संघ की प्रतिष्ठा बढ़ने लगी। कुछ ही वर्ष बाद उन्होंने मालातेस्ता और उसके अराजकतावादी साथियों को इस वास्ते निकाल बाहर किया कि वे पार्लमेण्टों के मताधिकार से लाभ उठाने को राज़ी नहीं थे। अन्तर्राष्ट्रीय संघ के समाजवादियों ने साबित कर दिया कि सबकी लड़ाई मे अपने पुराने साथियों का साथ देने की बनिस्बत पार्लमेण्टो मे जाना ज़्यादा पसन्द करते थे। यूरोप मे युद्ध छिड़ जाने की हालत में समाजवादियों का क्या कर्त्तव्य है, इस बारे में उन्होंने बड़ी दिलेर घोषणाएं की। जहांतक उनके काम का सम्बन्ध था, समाजवादी लोग राष्ट्रीय सीमाओं को नही मानते थे। वे मामूली अर्थो मे राष्ट्रवादी नहीं थे। वे कहते थे कि वे युद्ध का विरोध करेंगे। मगर जब १९१४ ई० में महायुद्ध छिड़ ही गया तो द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ का सारा ढाचा तहस-नहस हो गया और हर देश के समाजवादी और मजदूर दल ही नही, बल्कि क्रोपाटकिन-जैसे अराजकतावादी भी दूसरे लोगों की तरह परले सिरे के राष्ट्रवादी और दूसरे देशों पर दांत पीसने-वाले बन गये। कुछ लोग युद्ध के विरोध मे खड़े हुए और इसके लिए उन्हें तरह-तरह की तकलीफ़े और लम्बी-लम्बी सज़ाएं दी गई।

महायुद्ध ख़तम होने पर लेनिन ने १९१९ ई० मे मास्को मे एक नया अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर-संघ बनाया। यह निरा साम्यवादी संगठन था और इसमे माने हुए साम्यवादी ही शामिल हो सकते थे। यह अब भी है और तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ[1] कहलाता है। पुराने द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ के बचे-खुचे लोग भी युद्ध के बाद धीरे-धीरे साथ इकट्ठे हो गये। कुछ लोग मास्को के नये संघ में मिल

[1] **तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ** (Third International)—**वामपक्षी साम्यवादी नेता ट्राट्स्की से मतभेद हो जाने के कारण रूस के तानाशाह स्टालिन ने इसे भंग कर दिया था।**

गये। मगर ज़्यादातर लोग मास्को और उसके पंथ को नापसन्द करते थे और उसे पास तक नहीं फटकने देना चाहते थे। उन्होंने द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ फिर से जिलाया। यह भी आज मौजूद है। इस तरह आजकल दो अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर-संघ हैं और द्वितीय व तृतीय संघों के नाम से मशहूर है। बड़े ताज्जुब की बात यह है कि दोनों ही मार्क्सवाद की दुहाई देते हैं, मगर दोनों ही उसकी अपनी-अपनी अलग व्याख्या करते है, और जितनी ज़्यादा दुश्मनी आपस में एक दूसरे से रखते है उतनी अपने दोनों के दुश्मन पूंजीवाद से भी नहीं रखते है।

इन दोनों अन्तर्राष्ट्रीय संघों में संसार की सारी मज़दूर-यूनियनें शामिल नहीं है। बहुत-से संगठन दोनों से ही अलग है। अमेरिका की मज़दूर-यूनियनें इसलिए अलग है कि उनमें से ज़्यादातर प्रगतिवादी नहीं है। भारत की मज़दूर-यूनियनों का भी दोनों में से किसी अन्तर्राष्ट्रीय संघ से सम्बन्ध नहीं है।

शायद तुमने 'इंटरनेशनल'[1] गीत का नाम सुना होगा। यह दुनियाभर के मज़दूरों और समाजवादियों का माना हुआ गीत है।

: १३४ :

मार्क्सवाद

१६ फ़रवरी, १९३३

पिछले पत्र में मैंने तुम्हें मार्क्स के उन विचारों के बारे में कुछ बताने का इरादा किया था, जिन्होंने यूरोप की साम्यवादी दुनियां में बड़ी हलचल मचा दी थी। मगर मेरा पत्र बहुत लम्बा हो गया था और मुझे यह विषय उठा रखना पड़ा था। मैं इस विषय का विशेषज्ञ नहीं हूं, इसलिए इसके बारे में लिखना मेरे लिए आसान नहीं है। और फ़िर विशेषज्ञों और पंडितों में भी मतभेद है। मैं तुम्हें मार्क्सवाद की सिर्फ़ मोटी-मोटी खासियतें बताऊंगा और इसके मुश्किल हिस्सों को छोड़ दूंगा। तुम्हारे लिए यह जोड़-जाड़कर बनाई हुई-सी चीज़ होगी, मगर मेरा उद्देश्य यह भी नहीं है कि इन पत्रों में किसी चीज़ की पूरी और लम्बी-चौड़ी तसवीरें दूं।

मैं कह चुका हूं कि समाजवाद की कई किस्में हैं। मगर एक बात में सब सहमत हैं कि इसका उद्देश्य यह है कि उत्पादन के साधनों यानी खानों, जमीन, कारखानों वगैरा पर, और जैसे वितरण के साधनों पर, और बैंकों-जैसी संस्थाओं पर भी राज्य का कब्ज़ा हो। विचार यह है कि व्यक्तियों को अपने निजी फ़ायदे के लिए इन

[1] Internationale

साधनों या संस्थाओं को या दूसरों की मेहनत को निचोड़ने न दिया जाय। आज तो ज़्यादातर ये निजी मिल्कियत है और इन्हें खूब निचोड़ा जाता है। नतीजा यह हो रहा है कि कुछ लोग तो मालामाल होकर आनन्द करते है पर सारा समाज मुसीबतें उठाता है और जनता गरीब बनी रहती है। उत्पादन के इन साधनों के मालिकों और चलानेवालों की भी बहुत सारी शक्ति गला-घोंटू होड़वाजी से आपस में लड़ने मे ही खर्च हो जाती है। अगर इस निजी आपसी युद्ध के बजाय साझेदारी के साथ उत्पादन की और खूब सोच-विचारकर वितरण की व्यवस्था की जाय तो फ़िजूल का नुकसान और आपसी होड़ बच जाय और जुदा-जुदा वर्गों व लोगों के बीच आज दौलत की जो घोर असमानता है वह मिट जाय। इसलिए उत्पादन, वितरण और दूसरे बड़े-बड़े कामों का समाजीकरण हो जाना चाहिए, यानी उनपर राज्य का, या यू कहो कि सारी जनता का कब्जा होना चाहिए। समाजवाद की यही मूल कल्पना है।

समाजवाद मे राज्य का या सरकार का रूप क्या हो, यह सवाल बड़े महत्व का होने पर भी अलग है, और अभी हमे उसकी चर्चा करने की ज़रूरत नही है।

समाजवाद के आदर्श की बात पर एकमत हो जाने के बाद, दूसरी बात तय करने की यह रह जाती है कि उसे हासिल कैसे किया जाय। यही से समाजवादियों में आपसी मतभेद शुरू होता है। उनमे कई फ़िरके है और वे अलग-अलग रास्ते बताते है। मोटे तौर पर उनके दो वर्ग किये जा सकते है—१. ब्रिटिश मज़दूर दल और फ़ेबियनों की तरह धीरे-धीरे परिवर्तन और क्रम-विकास चाहनेवाले फिरकों का यह विश्वास है कि एक-एक क़दम आगे बढना चाहिए। पार्लमेण्टों के ज़रिये काम करना चाहिए; २. क्रांतिकारी दलों का पार्लमेंट के जरिये नतीजे हासिल करने मे विश्वास नहीं है। इस दूसरे वर्ग मे ज़्यादातर लोग मार्क्सवादी है।

पहले यानी क्रम-विकासवादी दलों की संख्या अब बहुत कम रह गई है। इंग्लैण्ड मे भी अब ये ठंडे पड़ते जा रहे है और इन्हें उदार दल व दूसरे गैर-समाजवादी दलों से अलग करनेवाली खाई दिन-पर-दिन कम चौड़ी होती जा रही है। इसलिए अब मार्क्सवाद को ही आम समाजवादी सिद्धान्त समझ लेना चाहिए। मगर मार्क्सवादियों मे भी यूरोप मे दो मुख्य बड़े भेद है—एक तरफ़ रूसी साम्यवादी है, और दूसरी तरफ़ जर्मनी, आस्ट्रिया व दूसरे देशों के पुराने समाजी लोकतन्त्रवादी है। इन दोनों के बीच कट्टर दुश्मनी है। महायुद्ध के दौरान मे और उसके बाद भी, ये समाजी लोकतन्त्रवादी अपने दावों पर अमल न कर सकने के कारण अपनी पुरानी शान खो बैठे। इनमे से बहुत-से ज़्यादा जोशीले लोग तो साम्यवादियों में जा मिले है, मगर अब भी पश्चिम यूरोप की बड़ी-बड़ी मज़दूर यूनियनों की बाग-डोर इन्हीके हाथों में है। रूस मे अपनी अपनी सफलता की वजह से साम्य-

वाद एक तरक्की-पंसद पंथ बन गया है। आज यूरोप में और दुनिया भर में पूजीवाद का यही सबसे बड़ा दुश्मन है।

तो फिर यह मार्क्सवाद है क्या ? यह इतिहास, राजनीति, अर्थशास्त्र, मानव-जीवन और मानव-उमगो की व्याख्या करने का एक तरीका है। यह मत भी है और अमली कार्रवाई के लिए पुकार भी। यह ऐसा दर्शन है, जो मनुष्य-जीवन की ज़्यादा-तर हलचलो के बारे मे कुछ-न-कुछ बाते बताता ही है। यह भूत, वर्तमान, और भविष्य के मानव-इतिहास को एक ऐसे बे-लचक बाक़ायदा ढाचे मे बैठाने का यत्न है, जो भाग्य या क़िस्मत जैसा अटल है। आखिर, जीवन इतना बाक़ायदा है या नही; और बधे-बधाये कठोर नियमों और ढांचों पर निर्भर है या नही, यह बहुत साफ़ नही दिखाई देता और बहुतो को इसमे सदेह भी है। मगर मार्क्स ने एक विज्ञानी की निगाह से पिछले इतिहास की जाच की और उससे कुछ नतीजे निकाले। उसने देखा कि मनुष्य अपने आदिम काल से ही जिन्दगी के लिए कशमकश करता रहा है; यह कशमकश क़ुदरत के साथ भी रही है और अपने ही जैसे दूसरे मनुष्यों के साथ भी। आदमी को भोजन और जीवन की दूसरी ज़रूरते जुटाने के लिए काम करना पड़ा। जैसे-जैसे समय बीता वैसे-वैसे उसके काम के तरीक़े धीरे-धीरे बदलते गये और दिन-पर-दिन ज़्यादा पेचीदा व उन्नत होते गये। मार्क्स के मतानुसार जिन्दगी के साधन पैदा करने के ये तरीक़े मनुष्य के और समाज के जीवन मे सभी युगो में सबसे ज़्यादा महत्व की चीज रहे हैं। इतिहास के हरेक काल मे इन्हीकी प्रधानता रही और उस काल की सारी हलचलो और सारे समाजी सम्बन्धों पर इन्हीका असर पड़ा। जैसे-जैसे ये बदले वैसे-वैसे उनके कारण बड़े-बड़े ऐतिहासिक व समाजी परिवर्तन हुए। इन पत्रों के दौरान में हम कुछ हद तक इन परिवर्तनों के गहरे नतीजों को देखते आये है। मिसाल के लिए, जब पहले-पहल खेती शुरू हुई तो उससे बड़ा भारी परिवर्तन हो गया। इधर-उधर भटकनेवाले घुमक्कड़ जगह-जगह बस गये और गांव और शहर पैदा हो गये। खेती से पैदावार बढ़ी तो माल बच रहा और आबादी बढ़ी। और जब लोगों को दौलत और फ़ुर्सत मिली तो कलाए और दस्तकारियां पैदा हुई। औद्योगिक क्रान्ति और एक ऐसी ही साफ़ दिखाई देनेवाली मिसाल है, जिसमे उत्पादन की बड़ी मशीनों के आविष्कार ने और भी ज़बर्दस्त फ़र्क पैदा कर दिया। इसी तरह की और भी बहुत-सी मिसाले दी जा सकती है।

इतिहास के किसी खास समय में उत्पादन के तरीक़े उस समय के लोगों के विकास के एक निश्चित दर्जे के मुताबिक़ होते है। उत्पादन की इस क्रिया के दौरान में और उसके नतीजे से लोगो के बीच कुछ निश्चित सम्बन्ध क़ायम हो जाते है; (जैसे वस्तुओं का लेन-देन, क्रय-विक्रय विनिमय, वग़ैरा) जो उनके उत्पादन के

तरीक़ों पर निर्भर करते है और उनके अनुरूप होते हैं। ये सब सम्बन्ध मिलकर समाज का आर्थिक ढांचा बनाते है। और इसी आर्थिक आधार पर क़ानून, राजनीति, समाजी रीति-रिवाज, विचार ओर दूसरी सब चीज़ों की इमारत खड़ी होती है। इसलिए मार्क्स के इस मत के अनुसार जैसे-जैसे उत्पादन के तरीक़े बदलते है वैसे-वैसे आर्थिक ढांचा भी बदलता है और उसका नतीज़ा यह होता है कि लोगों के विचारों, क़ानूनों, राजनीति, वग़ैरा मे भी परिवर्तन होते है।

इतिहास के बारे मे मार्क्स यह भी मानता था कि वह जुदा-जुदा वर्गों की आपसी कशमकश का एक लेखा है। "सारे मानव-समाज का पिछला और न मौजूदा इतिहास वर्गों की कशमकश का ही इतिहास है।" जिस वर्ग के हाथ में उत्पादन के साधन होते है वही सबके ऊपर हावी रहता है। वह दूसरे वर्गों की मेहनत को चूसकर उससे फ़ायदा उठाता है। जो मेहनत करते है उन्हें अपनी मेहनत की पूरी क़ीमत नही मिलती। उन्हें जीवन की मामूली ज़रूरतों के लिए भी मुश्किल से उसका ज़रा-सा हिस्सा मिलता है, और बाक़ी का सारा फालतू हिस्सा शोषक वर्ग के पास चला जाता है। इस तरह शोषक-वर्ग इस फ़ालतू धन से और भी मालदार बनता जाता है। चूंकि उत्पादन पर कब्ज़ा रखने वाले इस वर्ग का राज्य या सरकार पर भी कब्ज़ा रहता है, इसलिए इस शासक वर्ग की हिफ़ाज़त करना ही राज्य का सबसे पहला उद्देश्य हो जाता है। मार्क्स कहता है : "राज्य समूचे शासक-वर्ग के काम-काज की व्यवस्था करने के लिए एक कार्यकारिणी कमेटी है।" क़ानून इसी गरज से बनाये जाते है और शिक्षा, मज़हब व दूसरे उपायों से लोगों को यह विश्वास दिलाया जाता है कि इस वर्ग की प्रभुता वाजिब और लाज़िमी है। इन उपायों के ज़रिये सरकार और क़ानून के वर्गवाले पहलू को छिपाने की हर तरह कोशिश की जाती है, ताकि दूसरे शोषित वर्ग असली हालत को न जान सकें और उनमे असंतोष पैदा न हो। अगर कोई आदमी फिर भी असंतोष के मारे इस प्रणाली को चुनौती देता है तो राज्य उसे समाज और सदाचार का दुश्मन और पुराने रीति-रिवाजों को उखाड़ फेकनेवाला बताकर कुचल देता है।

मगर हज़ार कोशिशें करने पर भी सदा एक ही वर्ग की प्रभुता नहीं बनी रह सकती। जिन कारणों से उसे यह प्रभुता हासिल होती है, वे ही फिर उसके खिलाफ़ काम करने लगते है। वह वर्ग शासक और शोषक इसी कारण बना था कि उस वक्त उत्पादन के साधन उसके कब्ज़े में थे। अब जब उत्पादन के नये तरीक़े पैदा होते है तो उनके चलानेवाले नये वर्ग आगे आ जाते है और वे शोषित बने नहीं रहना चाहते। नये-नये विचार मनुष्यों के दिलों में हलचल मचा देते है; जिसे विचार-क्रांति कहते है, वह होने लगती है, जो पुराने विचारों और रूढ़ियों की बेड़ियों को तोड़ डालती है। और फिर इस उठते हुए नये वर्ग का सत्ता से बुरी

तरह चिपके रहनेवाले पुराने वर्ग के साथ संघर्ष होता है। नये वर्ग के साथ में आर्थिक सत्ता होती है, इसलिए उसकी जीत लाज़िमी होती है और पुराना वर्ग, इतिहास में अपना खेल पूरा करने के बाद, धीरे-धीरे ग़ायब हो जाता है।

इस नये वर्ग की विजय राजनैतिक और आर्थिक दोनों तरह की होती है। यह उत्पादन के नये तरीकों की शानदार सफलता को दरसानेवाली निशानी होती है और इसके नतीजे से समाज की सारी रचना मे ही परिवर्तन होने लगते है—नये विचार, नया राजनैतिक ढांचा, क़ानून, रीति-रिवाज, सभी चीजों पर असर पड़ता है। अब यह नया वर्ग अपने नीचे के वर्गों के लिए शोषक-वर्ग बन जाता है और फिर उन वर्गों में से कोई एक वर्ग उसे भी हटाकर उसकी जगह ले लेता है इस तरह जब तक एक वर्ग दूसरे का शोषण करनेवाला रहेगा तबतक यह कशमकश चलती रहेगी, और ज़रूर चलती रहेगी। इस सघर्ष यानी कशमकश का अन्त उसी समय होगा जब वर्गों का भेद ग़ायब होकर सिर्फ़ एक ही वर्ग रह जायगा; क्योंकि तब शोषण की गुंजायश ही नही रहेगी। यह अकेला वर्ग खुद अपना शोषण नहीं कर सकता। इसलिए, तभी जाकर समाज में संतुलन और पूरा सहयोग क़ायम होगा; आज जैसी हमेशा की कशमकश व होड़बाजी न रहेगी और राज्य के लिए दमन का जो खास काम बना हुआ है, उसकी भी फिर कोई ज़रूरत नही रहेगी, क्योंकि दबाने के लिए कोई वर्ग ही न होगा। इस तरह धीरे-धीरे खुद राज्य ही 'मुर्झा जायगा' और अराजकतावादी आदर्श भी नज़दीक आ जायगा।

इस तरह मार्क्स इतिहास को इस नज़र से देखता था कि वह लाज़िमी वर्ग-संघर्ष के विकास का एक बहुत बड़ा सिलसिला है। ढेरों बारीकियों और मिसालों से उसने यह साबित किया कि अतीत काल मे यह सब किस तरह हुआ, बड़ी-बड़ी मशीनों के आने से सामन्ती समय पूजीशाही समय में कैसे बदल गया और सामन्त वर्गो की जगह ऊंचा मध्यम-वर्ग कैसे आ गया। उसके मत से आखिरी संघर्ष हमारे ही ज़माने मे ऊंचे मध्यम-वर्गों और मज़दूरों में चल रहा है। पूंजीवाद खुद इस वर्ग की शक्ति और संख्या बढ़ा रहा है, जो अन्त में पूंजीवाद को गर्क करके वर्गहीन समाज और समाजवाद क़ायम करेगा।

इतिहास को इस नज़रिये से देखने का तरीक़ा, जो मार्क्स ने समझाया, 'इतिहास की भौतिकवादी व्याख्या'[१] कहलाता है। इसे 'भौतिक' इसलिए कहते हैं क्योंकि यह 'विचारवादी'[२] नही है। मार्क्स के समय के दार्शनिकों ने 'विचार-वादी' शब्द का एक खास अर्थ में बहुत ज़्यादा इस्तेमाल किया है। उस समय क्रम-विकासवाद का विचार आम हो रहा था। मैं तुम्हें बता चुका हूं कि जहां तक जीव-गणों की उत्पत्ति और विकास का ताल्लुक है, डार्विन ने यह विचार

१ Materialist Conception of history २ Idealist

आम लोगों के दिमाग में जमा दिया था। मगर इससे मनुष्यों के समाजी रिश्तों की कोई व्याख्या नहीं हो पाती थी। कुछ दार्शनिकों ने धुंधले आदर्शवादी खयालों के ज़रिये यह समझाने की कोशिश की कि मनुष्य की प्रगति दिमाग़ की प्रगति पर निर्भर है। मार्क्स का कहना था कि यह रास्ता ही गलत है। उसके मत से धुंधली हवाई अटकलें और विचारवाद खतरनाक है, क्योंकि इस तरह लोग ऐसी हर तरह की चीज़ों की कल्पना करने लगते हैं, जिनका कोई असली आधार नहीं होता। इसलिए उसने वैज्ञानिक ढंग से तथ्यों की जांच करना शुरू किया। 'भौतिक' शब्द का यही मूल है।

मार्क्स बराबर शोषण और वर्ग-संघर्षों की चर्चा करता है। हममें से बहुतेरे अपने चारों तरफ़ अन्याय को देखकर क्रोध और आवेश में भर जाते हैं। पर मार्क्स के मतानुसार न तो यह बात गुस्सा करने की है और न नेक सलाह देने की। शोषण में शोषण करनेवाले व्यक्ति का क़सूर नहीं है। एक वर्ग पर दूसरे की प्रभुता इतिहास की प्रगति का लाज़िमी नतीजा है। वक़्त आने पर दूसरी अवस्था उसकी जगह ले लेती है। अगर कोई आदमी प्रभुताधारी वर्ग का है और उस हैसियत से दूसरों का शोषण करता है तो इसमें वह कोई भयंकर पाप नहीं करता, वह एक ढांचे का अंग है और उसे गालियां देना फ़िज़ूल की बात है। व्यक्तियों और ढांचे के बीच का यह भेद हम बहुत करके भूल जाते हैं। भारत ब्रिटिश साम्राज्यशाही के अधीन है, और हम अपनी सारी ताक़त लगाकर इस साम्राज्यशाही से लड़ रहे हैं। मगर जो अंग्रेज आज भारत में इस ढांचे को थामे हुए हैं, उनका कोई क़सूर नहीं है। वे बेचारे तो एक बड़ी भारी मशीन के सिर्फ़ छोटे-छोटे पुर्जे हैं। उनकी चाल में ज़रा भी फ़र्क़ लाना उनकी शक्ति के बाहर है। इसी तरह हममें से भी कुछ लोग जमींदारी-प्रथा को पुराने ज़माने की चीज और किसान-वर्ग के लिए बहुत ज़्यादा नुक़सान पहुंचानेवाली समझ सकते हैं, क्योंकि इससे उनका भयंकर शोषण हो रहा है। मगर इसका भी यह मतलब नहीं है कि कोई जमींदार निजी तौर पर क़सूरवार है। पूंजीपतियों पर अक्सर शोषक होने का दोष लगाया जाता है, मगर उनकी बात भी ऐसी ही है। क़सूर सदा ढांचे का होता है, व्यक्तियों का नहीं।

मार्क्स ने वर्ग-संघर्ष का प्रचार नहीं किया। उसने यह साबित किया है कि असल में वर्ग-संघर्ष तो पहले से मौजूद है और किसी-न-किसी रूप में सदा से चला आ रहा है। अपनी लिखी हुई पुस्तक 'पूंजी' में उसका उद्देश्य था "आजकल के समाज की गति के आर्थिक नियम को नंगा करके दिखा देना"। और ऊपर की चादर हटा देने से समाज की हमेशा वर्ग-संघर्षों-जैसी दिखाई न देनेवाली वर्गों की ये ज़बर्दस्त लड़ाइयां सामने आ गईं। ये लड़ाइयां हमेशा वर्ग-संघर्षों जैसी दिखाई नहीं

देतीं, क्योंकि प्रभुताधारी वर्ग हमेशा अपने वर्ग के रूप को छिपाने की कोशिश करता है। लेकिन जब चालू व्यवस्था ही खतरे में पड़ जाती है तब यह वर्ग सारे दिखावे छोड़ देता है और उसका असली रूप ज़ाहिर हो जाता है। और फिर वर्गों के बीच खुला युद्ध होने लगता है। जब यह होता है तब लोकतंत्र के रूप, और मामूली क़ानून व क़ायदे सब ताक में रख दिये जाते हैं। कुछ लोग कहते हैं कि ये वर्ग-संघर्ष ग़लतफ़हमी से या बेचैनी फैलानेवालों की शरारत से होते हैं। मगर इसके ख़िलाफ़ ये तो समाज के भीतर ही छिपे हुए होते हैं, और जब लोग स्वार्थों की टक्कर को अच्छी तरह समझने लगते हैं, तब तो वर्ग-संघर्ष वास्तव में और भी बढ़ जाते हैं।

अब ज़रा मार्क्स के इस मत की तुलना भारत की मौजूदा हालतों के साथ करें। ब्रिटिश सरकार का शुरू से यह दावा है कि भारत में उसकी हुकूमत का आधार न्याय पर और भारतवासियों की भलाई पर है। इसमें कोई शक नहीं कि पहले हमारे बहुत-से देशवासी भी यह मानते थे कि इस दावे में थोड़ी-सी सचाई है। मगर अब, जबकि एक ज़बर्दस्त सार्वजनिक आन्दोलन इस राज को ज़ोरदार चुनौती दे रहा है, तो इसका असली रूप पूरे भद्देपन और नंगेपन के साथ प्रकट हो रहा है। आज कोई भी देख सकता है कि संगीनों के बल पर टिकनेवाले इस साम्राज्यशाही शोषण की असलियत क्या है। इसकी सुनहरी सूरतों और चिकनी-चुपड़ी बातों का सारा मुलम्मा उतर गया है। विशेष आर्डिनेंसों ने और भाषण, सम्मेलन व अख़बारों के मामूली-से-मामूली हक़ों के दमन ने, देश के आम क़ानूनों व क़ायदों की जगह ले ली है। मौजूदा सत्ता को जितनी ज़्यादा चुनौती दी जायगी, यह दमन उतना ही बढ़ता जायगा। जब एक वर्ग दूसरे वर्ग के लिए गंभीर ख़तरा बन जाता है तब भी यही होता है। यह भी हम अपने देश में होता हुआ देख रहे हैं कि किसानों व मज़दूरों को और उनके लिए काम करनेवाले कार्यकर्ताओं को आज पाशविक सज़ाएं दी जाती हैं।

इस तरह इतिहास के बारे में मार्क्स का मत यह था कि समाज सदा बदलता और उन्नति करता रहता है। यह एक जगह ठहरा हुआ नहीं है। यह एक गतिशील कल्पना थी। कुछ भी होता रहे, समाज तो लाज़िमी तौर पर आगे ही बढ़ता रहता है, और एक क़िस्म की समाजी व्यवस्था की जगह पर दूसरी आ जाती है। लेकिन एक समाजी व्यवस्था उसी समय मिटती है, जब वह अपना काम पूरा कर चुकती है और उसका पूरी हद तक विकास हो चुकता है। जब समाज इस हद से आगे बढ़ जाता है तब वह आसानी से पुरानी व्यवस्था के उन वस्त्रों को फाड़ फेंकता है, जो तंग होकर उसे जकड़ने लगे थे, और फिर वह नये और बड़े वस्त्र पहन लेता है।

मार्क्स के मत से विकास की इस महान् ऐतिहासिक प्रक्रिया में मदद करना मनुष्य के लिए अटल है। पहले की सब मंज़िलें तय हो चुकी। अब पूंजीशाही ऊंचे मध्यम-वर्गी समाज का और मजदूर-वर्ग का आखिरी वर्ग-संघर्ष हो रहा है। (अलबत्ता यह बात उन आगे बढ़े हुए औद्योगिक देशों की है, जहां पूंजीशाही का पूरा विकास हो चुका है।) दूसरे देश जहां पूंजीशाही का विकास नहीं हुआ है, पिछड़े हुए हैं और वहां की लड़ाइयों का रूप कुछ मिला-जुला और जुदा किस्म का है। मगर जड़ में वहां भी इस लड़ाई की कुछ-कुछ ऐसी ही सूरत है; क्योंकि संसार के देशों के आपसी सम्बन्ध दिन-दिन ज्यादा बढ़ते जा रहे हैं। मार्क्स का कहना है कि पूंजीशाही को कठिनाई-पर-कठिनाई और संकट-पर-संकट का सामना करना पड़ेगा और चूंकि उसमें अन्दरूनी सन्तुलन का अभाव है, इसलिए वह अन्त में लुढ़क पड़ेगा। यह बात लिखे हुए मार्क्स को साठ वर्ष से ऊपर होगये और तबसे पूंजीशाही पर संकट भी बहुत आये। लेकिन खत्म होना तो दूर रहा वह तो उनको पार कर गई, और हालांकि रूस में तो अब वह बाकी नहीं रही है, लेकिन इसके सिवा और जगह पहले से भी ज़्यादा ताक़तवर हो गई है। हां, जिस वक़्त मैं यह लिख रहा हूं उस वक़्त दुनियाभर में पूंजीशाही बुरी तरह बीमार दिखाई देती है और डाक्टर लोगों को उसके अच्छा होने की कोई उम्मीद दिखाई नहीं देती है।

कहा जाता है कि पूंजीशाही आजतक अपनी ज़िन्दगी लम्बाने में जो सफल हुई है, उसका एक कारण है, जिसपर शायद मार्क्स ने पूरी तरह विचार नहीं किया। यह है पश्चिम के औद्योगिक देशों के हाथों उपनिवेशी साम्राज्यों का शोषण। इससे पूंजीशाही ने नई ज़िन्दगी और खुशहाली हासिल की है; अलबत्ता इनकी क़ीमत चुकानी पड़ी है। उन बेचारे देशों को जिनका शोषण किया गया है।

हम इस बात की बहुत बार बुराई करते हैं कि मौजूदा पूंजीशाही में ग़रीब का धनवान और मजदूर का पूंजीपति शोषण करते हैं। बात सोलह आने सही है। इसलिए नहीं कि पूंजीपति का क़सूर है, बल्कि इसलिए कि खुद इस ढांचे का आधार ही इस तरह के शोषण पर है। साथ ही हमें यह भी नहीं समझ लेना चाहिए कि पूंजीशाही में यह कोई नई चीज़ है। सभी पिछले युगों में सारे ढांचों के भीतर मज़दूरों व ग़रीबों के कठोर व अटल नसीब में शोषण ही रहा है। हां, यह कहा जा सकता है कि पूंजीशाही शोषण के बावजूद वे आज पिछले किसी भी ज़माने से ज़्यादा अच्छी हालत में हैं। लेकिन यह कहना नहीं कहने के बराबर है।

इस ज़माने में मार्क्सवाद का सबसे बड़ा व्याख्याकार लेनिन हुआ है। इसने मार्क्सवाद की व्याख्या और स्पष्ट वर्णन तो किया ही साथ ही अपनी ज़िन्दगी में उसे पूरी तरह उतारा भी। फिर भी उसने हमें यह चेतावनी दी है कि हम

मार्क्सवाद को कोई ऐसा कट्टर पंथ न मान बैठें, जिसमें उलट-फेर की गुंजायश न हो। उसे इसकी असली बातों की सचाई पर पूरा यकीन था, मगर वह इसकी हरेक छोटी-छोटी बात मानने को और उसे हर कहीं बिना सोचे-समझे लागू करने को वह तैयार नहीं था। वह हमें बताता है—

"हम किसी भी अर्थ में मार्क्सवाद को ऐसी चीज़ नहीं समझते, जो मुकम्मिल है और जिसमें कोई ऐब नहीं निकाला जा सकता। इसके ख़िलाफ़ हमारा पक्का विश्वास है कि यह मत उस विज्ञान की सिर्फ़ आधार-शिला है, जिसकी समाजवादियों को हर दिशा में उन्नति करनी चाहिए, वरना वे जीवन की दौड़ में पीछे रह जायंगे। हमारे विचार में रूसी समाजवादियों के लिए मार्क्स के मत का खुले दिमाग़ से अध्ययन करना ख़ास तौर पर ज़रूरी है, क्योंकि यह मत हमको सिर्फ़ राह दिखानेवाले आम विचार देता है, जो मिसाल के लिए फ़्रान्स से अलग ढंग पर इंग्लैण्ड में, जर्मनी से फ़्रान्स में, और रूस से जर्मनी में लागू किये जा सकते हैं।"

इस पत्र में मैंने तुम्हें मार्क्स के मतों का कुछ हाल बताया है, मगर मैं नहीं जानता कि इस चेपा-चेपी से तुम्हें कुछ फ़ायदा होगा या नही और ये साफ़-साफ़ तुम्हारी समझ मे आयेंगे या नही। इन मतों को जान लेना इसलिए अच्छा है कि ये आज के लाखों-करोड़ों नर-नारियों को हिला रहे हैं और इनसे हमें अपने देश में भी मदद मिल सकती है। रूस के बड़े राष्ट्र ने और सोवियत संघ के दूसरे अंगों ने मार्क्स को अपना बड़ा पैग़म्बर मान लिया है, और आज संसार की बड़ी-बड़ी मुसीबतों के इलाज की तलाश में बहुतेरे लोग इसकी तरफ़ देख रहे हैं कि शायद इससे कुछ प्रेरणा मिल जाय।

मैं इस पत्र को अंग्रेज़ कवि टेनीसन की कुछ पंक्तियों के साथ समाप्त करूंगा; इनका मतलब यह है—

"पुरानी व्यवस्था बदलकर नई के लिए जगह खाली करती है, और ईश्वर का काम कई तरीक़ों से पूरा होता रहता है, ताकि ऐसा न हो कि एक अच्छा रिवाज दुनिया को भ्रष्ट करदे।"

: १३५ :
इंग्लैण्ड का विक्टोरिया-युग

२२ फ़रवरी, १९३३

समाजवादी विचारों के विकास का बयान करते हुए मैंने अपने पत्रों में तुम्हें बताया है कि अंग्रेज़ों का समाजवाद सबसे मुलायम नमूने का रहा है। उस समय

यूरोप में जितनी विचारधाराएं चल रही थीं, उनमें यह सबसे कम क्रांतिवादी था, और यह आशा लगाये बैठा था कि धीरे-धीरे क़दम-दर-क़दम परिवर्तन होकर अच्छी हालत आ जायगी। कभी-कभी जब व्यापार गिर जाता, मन्दी फैल जाती, बेरोज़गारी बढ़ जाती, मजदूरी घट जाती और लोगों को तकलीफ़ें होने लगती, तब इंग्लैण्ड में भी क्रान्ति की लहर उठ खड़ी होती थी। मगर हालत ज़रा अच्छी हुई कि फिर जोश ठंडा पड़ जाता। उन्नीसवीं सदी में अंग्रेज़ों के विचारों की इस मुलायमी का इंग्लैण्ड की खुशहाली से गहरा ताल्लुक था, क्योंकि खुशहाली और क्रांति में किसी तरह का मेल नहीं होता। क्रांति का अर्थ है, बड़ा भारी परिवर्तन, और जो लोग मौजूदा हालतों में ही काफ़ी संतोष से रहते हैं, वे नहीं चाहते कि उन हालतों को बेहतर बनानेवाले सब्ज़ बाग़ की खातिर जोखिम या जल्दबाज़ी के किसी साहसिक काम में कूद पड़ें।

उन्नीसवी सदी वास्तव में इंग्लैण्ड की महानता की सदी थी। अठारहवीं सदी में उसने औद्योगिक क्रान्ति करके और दूसरे देशों से पहले नये कारख़ाने डालकर जो अगुआई हासिले कर ली थी, उसे उन्नीसवीं सदी के ज़्यादातर हिस्से में भी बनाये रक्खी। मैं कह चुका हूं कि वह दुनिया का कारख़ाना-घर था और उसमें दूर-दूर के देशों से दौलत की नदी बहकर आ रही थी। भारत व दूसरे उपनिवेशों की लूट से उसे दौलत का अटूट ख़िराज मिल रहा था, जिससे उसकी शान बढ़ रही थी। जिस समय यूरोप के क़रीब-क़रीब सभी देशों में परिवर्तन हो रहे थे, इंग्लैण्ड बिना किसी तरह की क्रान्ति के चट्टान की तरह मज़बूत और ठोस नज़र आ रहा था। समय-समय पर संकट-काल ज़रूर आये। मगर वे कुछ ज़्यादा आदमियों को वोट का हक़ देकर टाल दिये गए। हम यह भी देख चुके हैं कि इस बीच में फ़्रान्स में बारी-बारी से गणराज्यों और साम्राज्यों का तांता लगा रहा; इटली में नया राष्ट्र पैदा हुआ, जिसने युगों की फूट के बाद सारे प्रायद्वीप को एक कर दिया; और जर्मनी में एक नये साम्राज्य ने जन्म लिया। बेलजियम, डेनमार्क और यूनान जैसे छोटे-छोटे देश भी बहुत-सी बातों में बदल गये। यूरोप के सबसे पुराने राजवंश हैप्सबर्ग की गद्दी ऑस्ट्रिया को, फ़्रान्स, इटली व प्रशिया ने बार-बार नीचा दिखाया। सिर्फ़ पूर्व में रूस का निरंकुश ज़ार महान् मुग़ल की तरह राज कर रहा था और रूस में कोई परिवर्तन दिखाई नहीं दे रहा था। मगर रूस उद्योगों के लिहाज़ से बहुत पिछड़ा हुआ था और किसानों का राष्ट्र था। नये विचारों और नये उद्योगों की हवा उसे अभी तक नहीं लगी थी।

इंग्लैण्ड अपनी दौलत, अपने साम्राज्य और अपनी समुद्री शक्ति के सबब से यूरोप पर और संसार-भर पर हावी हो रहा था। वह अगुआ राष्ट्र हो गया था और उसके पंजे दुनिया भर में फैले हुए थे। अमेरिका का संयुक्त राज्य अभी तक

अपने भीतरी झगड़ों मे फंसा हुआ था और उसे दुनिया के मामलों की बनिस्बत घर की उन्नति की ज़्यादा चिन्ता थी। परिवहन (ढुलाई) के तरीकों में अद्भुत परिवर्तन हो रहे थे, जिनकी वजह से पृथ्वी दिन-पर-दिन छोटी और सघन होती हुई मालूम दे रही थी, इनसे भी इंग्लैण्ड को दूर देशों पर अपना पंजा कसने में मदद मिली। इनसब परिवर्तनों के होते हुए भी इंग्लैण्ड मे सरकार का रूप वही बना रहा; एक संविधानी बादशाह यानी सत्ताहीन शासक, और सबके ऊपर मानी जानेवाली पार्लमेण्ट। इस पार्लमेण्ट को शुरू में मुट्ठीभर ज़मीदार और धनी व्यापारी चुनते थे, मगर बाद में जब-जब संकट की हालत पैदा हुई तब-तब आफ़त टालने के लिए इस सदी के दौरान में दिन-पर-दिन ज़्यादा लोगों को वोट का हक़ दिया जाता रहा।

इस सदी के ज़्यादातर हिस्से में विक्टोरिया इंग्लैण्ड की महारानी थी। वह जर्मनी के हनोवर घराने की थी। इस घराने ने अठारहवीं सदी में ब्रिटिश राज-सिंहासन को जार्ज नाम के कई बादशाह दिये। विक्टोरिया १८३७ ई० में गद्दी पर बैठी। उस समय वह १८ वर्ष की लड़की थी और उसने सदी के अन्त तक, यानी १९०० ई० तक तिरेसठ वर्ष राज किया। इंग्लैण्ड मे इस लम्बे ज़माने को अक्सर विक्टोरिया-युग के नाम से पुकारते है। इसलिए महारानी विक्टोरिया ने यूरोप में व दूसरे देशों में कई बड़े-बड़े परिवर्तन देखे और पुराने मार्ग-चिन्हों को मिटता हुआ व नयों को उनकी जगह लेता हुआ देखा। उसने यूरोप की क्रान्तियां, फ़्रान्स में परिवर्तन और इटालवी राज्य व जर्मन साम्राज्य का उदय देखा। मृत्यु से पहले वह एक तरह से यूरोप की और यूरोप के राजाओं की दादी मानी जाने लगी थी। मगर यूरोप में विक्टोरिया के ही ज़माने का एक और राजा था, जिसका इतिहास भी वैसा ही है। वह ऑस्ट्रिया के हैप्सबर्ग घराने का सम्राट् फ्रान्स जोज़ेफ़ था। जब क्रांति के वर्ष, १८४८ ई० में वह अपने टूटे-फूटे साम्राज्य की गद्दी पर बैठा तो उसकी भी उम्र अठारह वर्ष की थी। उसने अड़सठ वर्ष राज किया और किसी तरह आस्ट्रिया, हंगरी और अपने अधीन दूसरे हिस्सों को एक सूत्र में बांधे रक्खा। लेकिन महायुद्ध ने उसका और उसके साम्राज्य का अन्त कर दिया।

विक्टोरिया उससे ज्यादा भाग्यवान थी। अपने शासन-काल में उसन इंग्लैण्ड की शक्ति को बढ़ते हुए और अपने साम्राज्य को फैलते हुए देखा। जब वह गद्दी पर बैठी तब कनाडा में गड़बड़ी थी। इस उपनिवेश में खुली बग़ावत हो रही थी और वहां के बहुतेरे उपनिवेशी इंग्लैण्ड से विलग होकर अपने पड़ौसी अमेरिका के संयुक्त राज्य में मिल जाना चाहते थे। मगर इंग्लैण्ड ने अमेरिका के युद्ध से सबक़ सीख लिया था और उसने जल्दी-से कनाडावालों को खुद अपना

शासन चलाने का बहुत-कुछ अधिकार देकर ठंडा कर दिया। थोड़े ही दिनों में वह बढ़ते-बढ़ते पूरा स्वराजी उपनिवेशी राज्य बन गया। साम्राज्य में यह नये ढंग का प्रयोग था, क्योंकि आज़ादी और साम्राज्य का कभी साथ नही हो सकता। मगर परिस्थिति से मजबूर होकर इंग्लैण्ड को ऐसा करना पड़ा, वरना वह कनाडा को खो बठता। कनाडा के ज्यादातर निवासी अंग्रेज वंश के थे, इसलिए मातृभूमि के साथ वे भावना के मज़बूत बंधन में बंधे हुए थे। इधर इस नये देश में लम्बी-चौड़ी जमीनें बिना उपयोग पड़ी थी; और उसकी आबादी भी बहुत कम थी। इसलिए उसे अपने विकास के लिए इंग्लैण्ड के बने माल पर और इंग्लैण्ड के पैसे पर बहुत ज़्यादा निर्भर रहना पड़ता था। इस वास्ते उस समय दोनों देशों के स्वार्थों में कोई टक्कर नही थी और उनके बीच में जो अजीब और नया रिश्ता क़ायम हुआ, उसपर कोई ज़ोर नही पड़ा।

इसी सदी मे आगे चलकर विदेशी अंग्रेज़ी बस्तियों को स्वराज देने का यह तरीका आस्ट्रेलिया में भी काम में लाया गया। सदी के लगभग बीच तक वहां क़ैदियों की बस्ती थी; सदी के अन्त मे वह साम्राज्य का आजाद उपनिवेशी राज्य बना दिया गया।

दूसरी तरफ़ भारत में अंग्रेजी शिकंजा और भी कस दिया गया और देश-विजय के लिए युद्ध-पर-युद्ध करके ब्रिटिश-भारतीय साम्राज्य का विस्तार होता गया। भारत अंग्रेजो की मातहती रियासत थी। स्वराज की यहां छाया तक भी नहीं थी। १८५७ का विद्रोह कुचल दिया गया था और भारत को साम्राज्य का पूरा वज़न महसूस करा दिया गया था। मै तुम्हें बता चुका हूं कि इंग्लैण्ड ने तरह-तरह के तरीकों से भारत का किस तरह शोषण किया। असल मे तो भारत ही ब्रिटेन का साम्राज्य था, और मानो संसार के सामने इस तथ्य का ऐलान करने के लिए महारानी विक्टोरिया ने भारत की साम्राज्ञी का खिताब ले लिया। मगर भारत के अलावा दुनिया के अलग-अलग हिस्सों मे और भी कई छोटे-छोटे देश इंग्लैण्ड के अधीन थे।

इस तरह दो नमूनों के देशों से बना हुआ ब्रिटिश साम्राज्य एक अजीब भानमती का पिटारा हो गया। एक तरफ़ तो स्वराजी देश थे, जो बाद में आज़ाद उपनिवेशी राज्य हो गये, और दूसरी तरफ़ मातहती रियासत व रक्षित रियासतें थीं। पहली तरह के देश एक तरह से एक ही कुटुम्ब के सदस्य थे, जो मातृदेश इंग्लैण्ड को अपना मुखिया मानते थे; दूसरी तरह के देश साफ़ तौर पर इस महकमे के चाकर और गुलाम थे, जिन्हें नीचा समझा जाता था, जिनके साथ बुरा बर्ताव किया जाता था और जिनका शोषण किया जाता था। स्वराजी उपनिवेशों में अंग्रेज या दूसरे यरोपीय लोग और उनकी औलाद रहते थे, और मातहती रियासतों

के लोग तमाम ग़ैर-ब्रिटिश और ग़ैर-यूरोपीय थे। ब्रिटिश साम्राज्य के दोनों भागों का यह फर्क आज तक चला आ रहा है।

दौलत व साम्राज्य का मालिक इंग्लैण्ड बहुत-कुछ भरी-पूरी शक्ति था; लेकिन इतने पर भी उसे संतोष नही था, क्योंकि साम्राज्यशाही लालच की कोई हद नहीं होती और वह हमेशा बढ़ता रहता है। फिर भी इंग्लैण्ड की खास परेशानी यह नहीं थी कि और ज्यादा कैसे लिया जाय, बल्कि यह थी कि जो मिल गया है, उसकी रक्षा कैसे की जाय। भारत तो उसके लिए खासतौर पर सोने की चिड़िया थी, जिसपर वह आखरी दम तक क़ब्जा रखना चाहता था। उसकी सारी विदेशी नीति का दारोमदार यह था कि भारत उसके क़ब्ज़े में रहे और पूर्व के समुद्री रास्ते सुरक्षित रहें। इसीलिए उसने मिस्र मे टांग अड़ाई और अन्त में उस-पर अपनी प्रभुता जमाई; इसी तरह उसने ईरान और अफ़ग़ानिस्तान के मामलों में दखल दिया। उसने बड़ी चालाकी से स्वेज़ नहर कम्पनी के हिस्से खरीद-कर नहर पर भी काबू हासिल कर लिया।

उन्नीसवीं सदी के बड़े हिस्से में खास यूरोप की शक्तियों की तरफ़ से इंग्लैण्ड को परेशानी नहीं रही, क्योंकि वे अपने घर के झगड़ों में ही फंसी हुई थी और अक्सर आपस में लड़ती रहती थीं। इंग्लैण्ड ने यूरोप के एक देश को दूसरे से लड़ाकर और उनकी आपसी लाग-डांटों से फायदा उठाकर यूरोप मे संतुलन क़ायम रखने का अपना पुराना खेल जारी रक्खा। फ्रान्स के नेपोलियन तृतीय से उसे खतरा लग रहा था, मगर वह खतम हो गया और फ्रान्स को दुबारा सम्भलने में कुछ वक्त लग गया। जर्मनी अभी इतना बड़ा नहीं हुआ था कि उसे खतरनाक मुक़ाबलेदार समझा जाता। लेकिन एक देश ब्रिटिश साम्राज्य को चुनौती देता हुआ मालूम पड़ता था और वह था ज़ारशाही रूस; जो था तो पिछड़ा हुआ, मगर नकशे पर फिर भी लम्बा-चौड़ा देश था। जैसे इंग्लैण्ड भारत में और दक्षिणी एशिया में फैल गया था, वैसे ही रूस का विस्तार उत्तरी व मध्य एशिया में हो चुका था और उसकी सरहद भारत से बहुत दूर नही थी। रूस की यह नज़दीकी अंग्रेज़ों के लिए सदा हौवा बनी रहती थी। भारत की चर्चा करते समय मैं तुम्हें अफ़ग़ानिस्तान पर अंग्रेजों के हमले का और अफ़ग़ान-युद्धों का हाल बतला चुका हूं। इन सबका खास सबब ज़ारशाही रूस का डर था।

यूरोप में भी इंग्लैण्ड और रूस की झड़प हुई। रूस एक ऐसा अच्छा बन्दरगाह चाहता था, जो बारहों महीने खुला रहे और सर्दियों में जिसका पानी जमे नही। अपने लम्बे-चौड़े प्रदेशों के बावजूद उसके सारे बन्दरगाह आर्कटिक वृत्त[1] के ही आस-पास थे और वर्ष में कुछ महीने वहां का पानी जमकर बर्फ हो जाता था, जिससे

[1] Arctic Circle. **उत्तरी ध्रुव के चारों ओर का भू-खंड**

वे बन्द हो जाते थे। भारत और अफ़गानिस्तान मे, इसी तरह ईरान मे भी, अंग्रेज़ लोग उसे समुद्र तक नही पहुंचने देते थे। बास्फोरस और दर्रे-दानियाल पर तुर्कों का क़ब्ज़ा होने से काला-सागर का रास्ता भी बन्द था। वर्षो पहले रूस ने कुस्तुन्तुनिया पर कब्जा ज़माने की कोशिश की थी, मगर तुर्कों के आगे उसकी दाल नही गली। इस समय तुर्कों का जोर घट गया था और जिस चीज़ पर रूस की अर्से से लार टपक रही थी, वह करीब-करीब हाथ मे आती दिखाई दे रही थी। उसने उसे छीनने की कोशिश की। मगर इंग्लैण्ड बीच मे आ कूदा और सिर्फ़ अपने स्वार्थ की खातिर तुर्कों का हिमायती बन गया। १८५४ ई० मे क्रीमिया के युद्ध से और बाद मे दूसरे युद्ध की धमकी से रूस आगे नही बढ़ने पाया।

१८५४ से १८५६ ई० तक के इसी क्रीमिया-युद्ध मे फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल घायलों की परिचर्या के लिए साहसी स्वयं-सेविकाओं का एक दस्ता लेकर गई थी। उस समय यह एक अनोखी बात थी, क्योंकि विक्टोरिया-युग की मध्यम-वर्गी स्त्रियां घर मे ही घुसी रहनेवाली होती थी। फ़्लोरेन्स नाइटिंगेल ने उनके सामने सेवा की एक नई मिसाल रक्खी और वह बहुत-सी स्त्रियों को घर की चहारदीवारी से बाहर खीच लाई। इसलिए स्त्रियों के आन्दोलन के विकास मे उसका बड़ा नाम है।

ब्रिटेन की सरकार का रूप वह था, जिसे संविधानी राजाशाही या 'ताजधारी गणराज्य' कहते है। इसका अर्थ यह है कि ताजधारी के हाथ मे असली सत्ता कुछ न थी और वह पार्लमेण्ट के विश्वासपात्र मंत्रियों का कोरा प्रवक्ता होता था। राजनीति की निगाह से वह मंत्रियों के हाथ की कठपुतली होता था और कहा जाता था कि वह 'राजनीति से परे' है। असल बात यह है कि तेज बुद्धि या मजबूत इरादेवाला कोई भी आदमी सिर्फ़ कठपुतली बनकर नहीं रह सकता और इंग्लैण्ड के बादशाहों या बेगमों को सार्वजनिक मामलों में दखल देने के बहुत मौके मिलते है। आमतौर पर यह चीज़ पर्दे के भीतर होती है, और जनता को या तो कुछ मालूम ही नही हो पाता या होता भी है तो बहुत दिनों बाद। खुली दस्तन्दाज़ी पर बहुत नाराजी फैल सकती है और बादशाहत खतरे में पड़ सकती है। संविधानी राजा में जो बड़ा गुण होना ज़रूरी है, वह है ढब[1]; यानी नीति-कुशलता। अगर यह उसमे है, तो फिर उसका काम चल सकता है और वह कई तरीक़ों से अपना असर डाल सकता है।

विधान और कानून के लिहाज से (संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति की तरह) गणराज्यों के राष्ट्रपतियों के हाथों मे पार्लमेण्टी देशों के ताजधारी शासकों से बहुत ज्यादा सत्ता होती है। मगर राष्ट्रपति जल्दी-जल्दी बदलते रहते

[1] Tact—**जैसी परिस्थिति हो उसीके अनुसार चतुराई से बात करना।**

हैं और राजा लम्बे ज़मानों तक बने रहते है, और चुपचाप ही सही, लेकिन राज-काज पर किसी खास दिशा मे लगातार असर डाल सकते हैं। बादशाह को साज़िशें करने और समाजी दबाव डालने के भी बहुत मौके मिलते है, क्योंकि समाजी दुनिया मे वही सबसे आला माना जाता है। वास्तव में शाही दरबारों की सारी फिजा सत्ताशाही की, और पदों के मुताबिक उठने-बैठने की, और खिताबों और वर्गो की होती है और वह देशभर के लिए नमूना बन जाती है। इन बातों का समाजी बराबरी और वर्ग-भेद मिटाने की बात के साथ मेल नही बैठता। इसमे ज़रा भी शक नहीं कि इंग्लैण्ड में शाही दरबार के होने ने अंग्रेज़ों की मनोवृत्ति ढालने में और उनको समाज का वर्ग-भेद क़बूल करने मे बहुत बड़ा असर डाला है। या शायद यह कहना ठीक होगा कि जहा दुनिया के सारे बड़े-बड़े देशों से बादशाहत ग़ायब हो गई है, वहां इंग्लैण्ड में उसके किसी तरह बच रहने की वजह यही है कि वहां लोगों ने ऊचे और नीचे वर्गो के भेद को मान रक्खा है। एक पुरानी कहावत है कि 'हरेक अंग्रेज लार्ड यानी सामन्त को चाहता है' और इसमे बहुत-कुछ सचाई है। यूरोप या अमेरिका में, और शायद जापान व भारत के सिवा एशिया में भी, कहीं वर्ग-भेद इतने सख्त नही है, जितने इंग्लैण्ड मे है। यह ताज्जुब की बात है कि जो इंग्लैण्ड गुज़रे ज़माने मे राजनैतिक लोकतंत्र और उद्योगवाद का अगुआ रह चुका है, वह आज समाजी मामलों में इतना पिछड़ा हुआ है और जड़-बुनियाद से इतना पुरातन-पंथी है।

ब्रिटिश पार्लमेण्ट 'पार्लमेण्टों की जननी' कहलाती है। उसकी जिन्दगी लम्बी और इज्ज़तदार रही है और बहुत-सी बातों में बादशाह की निरंकुशता से लड़ने में उसने सबसे पहले क़दम उठाया था। उस निरंकुश राज की जगह पार्लमेण्ट का अल्पतंत्री शासन आया, यानी मुट्ठीभर ज़मीदारों और शासक-वर्ग के लोगों का राज हुआ। फिर लोकतंत्र की सवारी गाजे-बाजे के साथ आई और बड़ी खीचतान के बाद आबादी के बहुत बड़े हिस्से को पार्लमेण्ट की कामन्स-सभा के सदस्य चुनने का मताधिकार मिला। अमल में इसका नतीजा सच्चा लोकतंत्री राज नहीं हुआ, बल्कि मालदार उद्योगपतियों के हाथों में पार्लमेण्ट की बागडोर आ गई। लोकशाही के बजाय दौलतशाही क़ायम हो गई।

ब्रिटिश पार्लमेण्ट ने शासन और क़ानून बनाने का काम-काज करने के लिए एक अजीब प्रणाली का विकास किया। यह दो दलों की प्रणाली कहलाती है। इन दोनों दलों में कोई ज़्यादा फ़र्क़ नहीं था। वे जिन सिद्धान्तों को मानते थे, उनके बीच कोई विरोध नहीं था। दोनों मालदार लोगों के दल थे और उस समय के समाजी ढांचे को मानते थे। एक दल में पुराने ज़मीदार वर्ग के आदमी ज़्यादा थे तो दूसरे में धनी कारख़ानेदारों की बहुतायत थी। मगर यह नागराज और सांपराज का ही

भेद था। पहले वे टोरी[1] और ह्विग[2] कहलाते थे। बाद में उन्नीसवीं सदी में उनके नाम कंज़रवेटिवज़[3] (अनुदार दल) और लिबरल्स[4] (उदार दल) पड़ गये।

यूरोप के दूसरे देशों का हाल बिल्कुल दूसरा था। वहां सचमुच अलग-अलग कार्यक्रमों और विचार-धाराओंवाले दल पार्लमेण्टों के भीतर और बाहर बड़ी सरगर्मी से लड़ते थे। मगर इंग्लैण्ड में तो घर की-सी बात थी, ख़ुद विरोध भी एक किस्म का सहयोग बन गया था, और दोनों दल बारी-बारी से सत्ताधारी और विरोधी बनते रहते थे। धनवानों और ग़रीबों की असली मुठभेड़ और वर्ग-संघर्ष पार्लमेण्ट में ज़ाहिर नहीं होते थे, क्योंकि दोनों बड़े-बड़े दल धनवानों के दल थे। जनता के जोश को उभाड़नेवाले न तो कोई मज़हबी सवाल थे और न (यूरोपीय देशों के-से) कोई नस्ली या राष्ट्रीय सवाल थे। सदी के पिछले हिस्से में सरगर्मी का असली तत्व आया तो वह आयर्लैण्ड के राष्ट्रवादी सदस्यों की तरफ़ से, क्योंकि उनके लिए आयर्लैण्ड की आज़ादी एक राष्ट्रीय सवाल था।

जब ऐसे बड़े दो दल पार्लमेण्ट के लिए सदस्य खड़े करें तो स्वतंत्र व्यक्तियों या छोटे-छोटे गिरोहों का चुना जाना बहुत मुश्किल होता है। लोकतंत्र और मताधिकार के होते हुए भी बेचारे मतदाता की इस मामले मे कोई सुनवाई नहीं होती। वह या तो दोनों मे से किसी एक दल के उम्मीदवार को वोट दे दे या घर बैठा रहे और वोट ही न दे। और दलों के सदस्यों को पार्लमेण्ट में कोई आज़ादी बाक़ी नही रहती। वे अपने-अपने दल के नेताओं की आज्ञा मानकर वोट देने के सिवा और कुछ नहीं कर सकते। क्योंकि सिर्फ़ इसी ढंग से वे अपने दल को भीतर से ठोस बना सकते है और मुकाबलेवाले दल को हराने का ज़ोर हासिल कर सकते हैं, सत्ताधारी बन सकते हैं। यह संगठन और एकरूपता अपनी जगह बेशक अच्छे हैं, मगर यह चीज़ सच्चे लोकतंत्र से बहुत दूर है।

हम देखते है कि जिस इंग्लैण्ड को अक्सर लोकतंत्री प्रगति का नमूना बताया जाता है, वहां भी लोकतंत्र को शानदार सफलता नहीं मिली। शासन की यह महान समस्या कि जनता अपने ऊपर शासन करने के लिए अच्छे-से-अच्छे आदमी कैसे चुने, फिर भी संतोष देनेवाले ढंग से हल नहीं हुई। व्यवहार में लोकतंत्र का अर्थ यह होता है कि लोग खूब शोर मचावे और भाषणबाज़ी करें और बेचारा मतदाता ऐसे आदमी को चुनने के लिए फुसलाया जाय, जिसके बारे में वह कुछ भी नहीं जानता। आम चुनावों को खुला नीलाम कहा गया है, जिनमें सब तरह के वादे किये जाते हैं। मगर इन सब खामियों के होते हुए भी यह नामधारी या झूठा लोकतंत्र चलता रहा, क्योंकि इंग्लैण्ड खुशहाल था और यह खुशहाली वहां के ढांचे को टूटने नही देती थी और लोगों में कुछ हद तक सन्तोष बनाये रखती थी।

---

[1] Tory. [2] Whig. [3] Conservatives. [4] Liberals

उन्नीसवीं सदी के पिछले वर्षों में इंग्लैण्ड के राजनैतिक दलों के दो बड़े नेता डिज़रायली और ग्लैडस्टन थे। डिज़रायली, जो आगे चलकर बीकन्सफ़ील्ड का अर्ल हो गया, अनुदार-दल का नेता था और कितनी ही बार प्रधानमंत्री बना। उसके लिए यह मार्के की करामात थी, क्योंकि वह यहूदी था और बड़े-बड़े लोगों से उसके कोई ताल्लुक नहीं थे और यहूदियों को अंग्रेज़ लोग पसन्द भी नहीं करते। लेकिन सिर्फ़ योग्यता और लगन के बल पर उसने अपने खिलाफ़ बैर-भाव को जीत लिया और वह रास्ता चीरकर सबके आगे आ गया। वह बड़ा साम्राज्यवादी था, और विक्टोरिया को 'क़ैसरे हिन्द' इसीने बनाया था। ग्लैडस्टन एक पुराने मालदार अंग्रेज़ घराने का था। वह उदार-दल का नेता बन गया और कई बार प्रधानमंत्री भी रहा। जहांतक साम्राज्यवाद और विदेशी नीति का सम्बन्ध था, वहांतक ग्लैडस्टन और डिज़रायली में कोई नस्ली फर्क नहीं था। मगर डिज़रायली अपने साम्राज्यवाद की बात बेलाग कहता था, और ग्लैडस्टन, जो पूरा अंग्रेज़ था, असलियत को लच्छेदार बातों और नेक नसीहतों से ढंक देता था। वह ऐसा ज़ाहिर करता था, मानो जो कुछ भी वह करता है, उसमें ईश्वर ही उसका ख़ास सलाहकार था। बलकानी देशों में तुर्कों के अत्याचारों के खिलाफ़ उसने बड़ा भारी आन्दोलन मचवाया और डिज़रायली ने सिर्फ़ विरोध की ख़ातिर तुर्कों का पक्ष लिया। असल में कसूर तो तुर्कों और बलकान में अलग-अलग राष्ट्रीय क़ौमोंवाली उनकी प्रजाओं, इन दोनों का ही था। वे बारी-बारी से भयंकर हत्याकाण्ड और अत्याचार करते थे।

ग्लैडस्टन ने आयर्लैण्ड के लिए स्वराज का भी समर्थन किया। वह सफल नहीं हुआ और अंग्रेज़ों का विरोध इतना ज़ोरदार था कि खुद उदार-दल के ही दो टुकड़े हो गये। एक हिस्सा अनुदार-दल में जा मिला, जो यूनियनवादी[1] दल कहलाने लगा क्योंकि ये लोग आयर्लैण्ड के साथ यूनियन यानी एकता का रिश्ता रखना चाहते थे।

मगर इस बारे में और विक्टोरिया-युग की दूसरी घटनाओं के बारे में अगले पत्र में कुछ और बातें लिखूंगा।

: १३६ :

इंग्लैण्ड दुनिया का साहूकार बन जाता है

२३ फ़रवरी, १९३३

उन्नीसवीं सदी में इंग्लैण्ड की खुशहाली का कारण उसके उद्योग-धंधे और उपनिवेशों व अधीन देशों का शोषण था। ख़ास करके उसकी बढ़ती हुई दौलत

१. Unionist.

का आधार चार उद्योग थे। इन्हें 'बुनियादी' उद्योग कह सकते हैं। ये थे सूती-कपड़ा, कोयला, लोहा और जहाज-निर्माण। इनके चारों ओर और अलग भी बेशुमार दूसरे उद्योग, भारी भी और हलके भी, पैदा हो गये। व्यवसायों के और बैंकों के बड़े-बड़े घराने खड़े हो गये। अंग्रेज़ों के व्यापारी जहाज़ दुनिया के लगभग हर हिस्से में पाये जाने लगे। ये सिर्फ़ ब्रिटिश माल ही नहीं ले जाते थे, बल्कि दूसरे औद्योगिक देशों के बने हुए माल भी लादते थे। ये संसारभर में सौदागरी सामान को लाने-लेजाने का सबसे बड़ा साधन बन गये। लन्दन में लॉयड का बीमे का बड़ा दफ़्तर दुनिया की जहाजरानी का केन्द्र बन गया। पार्लमेण्ट पर इन उद्योगों और व्यवसायों के मालिकों का दबदबा था।

देश में दौलत की बाढ़ आ गई और ऊंचे व मध्यम-वर्गों के लोग दिन-पर-दिन मालामाल होते गये। इस दौलत का कुछ हिस्सा मजदूरों को भी पहुंचा और उनके रहन-सहन का दर्जा ऊंचा हो गया। मालदारों को जो इतनी सारी दौलत मिल रही थी, उसका वे क्या करते? उसे बेकार पड़ा रखना तो बेवक़ूफ़ी थी। इसलिए हर कोई उद्योग-धंधों को आगे बढ़ाने में जुट गया और ज़्यादा-ज़्यादा माल पैदा करके ज़्यादा-से-ज़्यादा मुनाफ़े कमाने लगा। इस दौलत का बड़ा हिस्सा इंग्लैण्ड और स्काट-लैण्ड में नये-नये कारख़ानों, रेलों और ऐसे ही दूसरे धंधों में लग गया। कुछ समय बाद जब कारख़ानों की संख्या बहुत बढ़ गई और देश में उद्योग-धंधों का पूरा जाल बिछ गया, तो नफ़े की दर घटना लाज़िमी था, क्योंकि साथ-साथ होड़बाज़ी भी बढ़ गई थी। तब पूंजीपतियों ने पूंजी लगाने के ज़्यादा फ़ायदेवाले मैदानों की तलाश में देश से बाहर नजरें दौड़ाईं और उन्हें ठीक मौके भी ख़ूब मिल गये। दुनिया-भर में रेलें बन रही थीं और टेलीफ़ोन व टेलीग्राफ़ के तार बिछाये जा रहे थे और कारख़ाने डाले जा रहे थे। यूरोप, अमेरिका, अफ़्रीका और इंग्लैण्ड के अधीन देशों में इस तरह के कितने ही धंधों में इंग्लैण्ड की फालतू पूंजी ख़ूब डाली जाने लगी। अमेरिका के संयुक्त राज्य के पास क़ुदरती साधनों की कमी नहीं थी, मगर वह तेज़ी से तरक़्क़ी कर रहा था, इसलिए उसकी रेलों वग़ैरा में बहुत-सी ब्रिटिश पूंजी खप गई। दक्षिण अमेरिका में,और वहां भी ख़ासकर आर्जेन्टिना में, अंग्रेजों के बहुत बड़े-बड़े बागान थे। कनाडा और आस्ट्रेलिया का तो विकास ही ब्रिटिश पूंजी से हुआ। चीन में रियायतों के लिए जो लड़ाई हुई, उसका कुछ हाल मैं बता चुका हूं। भारत में तो अंग्रेज़ों की प्रभुता थी ही। यहां उन्होंने रेलों और दूसरे कामों के लिए अपनी हद से ज़्यादा शर्तों पर रुपया उधार दिया।

इस तरह इंग्लैण्ड दुनिया का साहूकार बन गया और लन्दन दुनिया का सराफ़ा हो गया। लेकिन इसका यह अर्थ न समझ लेना कि जब रुपया उधार दिया जाता था तो कोई सोने, चांदी या नक़दी की बोरियां भर-भरकर इंग्लैण्ड से दूसरे

देशों को भेजी जाती थीं। आजकल का व्यापार इस तरीके से नहीं होता, वरना लेन-देन के लिए सोने-चांदी की ही कमी पड़ जाय। मूर्ख लोग सोने-चांदी का बहुत ज़्यादा महत्व देते हैं, मगर ये तो विनिमय के और माल को इधर-उधर पहुंचाने के सिर्फ़ ज़रिये हैं। इन्हे न तो कोई खा सकता है न पहन सकता है, और न किसी दूसरे उपयोग में ला सकता है। इसके ज़ेवर अलबत्ता बन सकते हैं, मगर उनसे किसीको कोई फ़ायदा नही होता। सच्ची दौलत तो ऐसे माल का हाथ मे होना है, ज़िसका उपयोग हो सके। इसलिए जब इग्लैण्ड या अंग्रेज़ पूजीपति रुपया उधार देते थे, तो उसका अर्थ यह होता था कि वे किसी विदेशी उद्योग या रेल मे कुछ पूजी लगाते थे और नक़द रुपये के बजाय अंग्रेजी माल भेजा जाता था। इस तरह इंग्लैण्ड की मशीनों या रेलो का सामान दूसरे देशो को भेजा जाता था। इससे इग्लैण्ड के उद्योग-धंधों को मदद मिलती थी और साथ-ही-साथ वहां के पूजी लगानेवाले वर्ग को अपनी फालतू नक़दी बढ़िया मुनाफे पर लगाने के मौके मिलते थे।

साहूकारी मुनाफ़े का धन्धा है और इंग्लैण्ड ने जितना ज़्यादा इसे अपनाया उतना ही ज्यादा वह मालदार बनने लगा। इससे एक बड़ा निठल्ला वर्ग पैदा हो गया, जो सिर्फ इस व्यवसाय के मुनाफ़ो और हिस्सों पर गुज़र करता था। इन लोगों को किसी चीज़ के उत्पादन के लिए कोई काम ही नही करना पड़ता था। वे किसी रेलवे कम्पनी, चाय-बागान या दूसरे व्यापारी काम-धंधे मे हिस्सेदार होते थे और उनके मुनाफ़े बराबर उनके पास पहुंचते रहते थे। इन निठल्ले अंग्रेजों की बस्तियां फ्रान्स के रिवेरा, इटली और स्विट्जरलैण्ड जैसी दिल-पसन्द जगहों में बस गई। हां, इनमें से ज़्यादातर लोग इंग्लैण्ड में ही रहे।

जिन देशों ने इस तरह इंग्लैण्ड से क़र्ज़ लिया था, वे सब उसका ब्याज या उसपर मुनाफ़ा किस तरह चुकाते थे? इसे भी वे सोना-चांदी के रूप मे नही भेज सकते थे। हर साल अदा करने को उनके पास काफी सोना-चांदी थे ही नही। इसलिए वे माल की शक्ल मे अदा करते थे; पक्का माल तो इतना नही देते थे, क्योंकि खुद इंग्लैण्ड पक्का माल पैदा करनेवाले देशों में सबसे बढ़ा-चढ़ा था। पर वे खाने-पीने की चीज़े और कच्चा माल भेजते थे। उनके यहां से इंग्लैण्ड की तरफ़ गेहूं, चाय, कहवा, मांस, फल, शराब, रुई, ऊन, वग़ैरा की नदी बराबर बहती रहती थी।

दो राष्ट्रों के बीच वाणिज्य का अर्थ है चीजों का विनिमय। यह सम्भव नही कि एक देश ख़रीदता ही रहे और दूसरा बेचता ही चला जाय। ऐसा करने की कोशिश की जाय तो सोना या चांदी के रूप ही मे भुगतान करना पड़े और वहां का सोना-चांदी बहुत जल्दी निबट जाय, या फिर एक-तरफ़ा व्यापार अपने-आप ही बन्द हो जाय। आपसी व्यापार में विनिमय होता है, जो अपने-आप सधता

रहता है; कभी एक देश का पल्ला झुक जाता है तो कभी दूसरे का। अगर हम उन्नीसवीं सदी में इंग्लैण्ड के व्यापार की जांच करें तो मालूम होगा कि सब मिलाकर इंग्लैण्ड से जितना माल बाहर गया, उससे ज़्यादा माल उसके यहां आया। यानी, हालांकि उसने भारी मिक़दार में माल बाहर भेजा, फिर भी वास्तव में उसने उससे ज़्यादा क़ीमत का माल मंगवाया। फ़र्क़ इतना ही था कि उसने भेजा पक्का माल और मंगाये ज्यादातर कच्चे माल और खाने-पीने की चीज़ें। इस तरह मालूम तो यह होता था कि उसने खरीदा ज़्यादा और बेचा कम, और व्यापार करने का यह कोई अच्छा तरीका नही नज़र आता। पर सही बात यह थी कि निर्यात के ऊपर आयात की ज़्यादती उसके उधार दिये हुए रुपये का नफ़ा ही थी। यह वह नजराना था, जो क़र्ज़दार देश या भारत जैसे अधीन देश उसे भेजते थे।

लगी हुई पूंजी का सारा मुनाफा इंग्लैण्ड नहीं पहुंच जाता था। उसका बहुत-सा हिस्सा क़र्ज़दार देश में रह जाता था और ब्रिटिश पूंजीपति उसे फिर वहीं लगा देते थे। इस तरह, बिना नई पूजी लगाये या इग्लैण्ड से माल भेजे हुए, विदेशों में लगी हुई अंग्रेज़ों की पूजी की रक़म बढ़ती ही चली जाती थी। भारत में हमें बार-बार याद दिलाया जाता है कि रेलों, नहरों और बहुत-से दूसरे कामों में अंग्रेजों की बेशुमार पूंजी लगी हुई है और इस हिसाब से भारत पर इंग्लैण्ड के 'क़र्ज' की ज़बर्दस्त रक़म बताई जाती है। भारतवासी इस दावे को किसी तरह मानने को तैयार नहीं हैं, परन्तु यहां इसकी चर्चा करने की जरूरत नहीं। हां, इतना ध्यान में रखना चाहिए कि लगी हुई पूंजी की इस भारी रकम में इंग्लैण्ड से आई हुई नई पूंजी ज्यादा नहीं है। यह तो भारत मे कमाया हुआ मुनाफा फिर से यहीं लगाया हुआ है। मैं तुम्हें बता चुका हूँ कि पलासी की लड़ाई और क्लाइव के समय में सचमुच अंग्रेज़ लोग भारत से बहुत-सा सोना और खज़ाना इंग्लैण्ड ले गय थे। उसके बाद भारत के शोषण का रूप बदल गया और उतना खटकनेवाला नहीं रहा, और मुनाफों का कुछ हिस्सा इसी देश मे फिर लगाया जाता रहा।

इंग्लैण्ड ने देख लिया कि साहूकारी का संसार-व्यापी धन्धा चलाने का सिर्फ़ यही उपाय सम्भव है कि ब्याज का भुगतान माल के रूप मे लेना मंजूर किया जाय। मैं तुम्हें बता चुका हूं कि वह सोना लेने पर नहीं अड़ सकता था। इसके दो बड़े नतीजे हुए। एक तो इंग्लैण्ड ने अपने निवासियों को खिलाने के लिए बाहर से खाने का सामान आने की इजाजत दे दी और अपने यहां की खेती को नुक़सान हो जाने दिया। उसने बाहर बेचने के लिए अपने उद्योगों के ज़रिये पक्का माल तैयार करने पर सारा ज़ोर लगा दिया और अपने किसानों की दुर्दशा पर ध्यान नहीं दिया। अगर उसे विदेशों से सस्ता अनाज मिल सकता था तो घर में पैदा करने की झंझट की क्या ज़रूरत ? और अगर उद्योगों से ज़्यादा मुनाफ़ा बनाया

जा सके तो खेती की परेशानी क्यों उठाई जाय ? बस, इंग्लैण्ड निरा औद्योगिक देश बन गया और अनाज के लिए विदेशों पर निर्भर हो गया।

दूसरा नतीजा यह हुआ कि उसने 'खुला व्यापार'[1] की नीति अपनाई, यानी उसके बन्दरगाहों पर दूसरे देशों से जो माल आता था, उसपर वह या तो महसूल लेता ही न था या बहुत कम लेता था। चूंकि वह सबसे बढ़ा-चढ़ा औद्योगिक देश था, इसलिए पक्के माल के मामले मे उसे बहुत अर्से तक मुकाबले का कोई डर नहीं था। इसलिए विदेशी माल पर महसूल लगाने का मतलब होता विदेशों से अपने यहां आनेवाले अनाज व कच्चे माल पर महसूल लगाना। इससे जनता की ख़ूराक का दाम बढ़ जाता और अपने यहां बनी हुई चीज़ों की क़ीमतें बढ़ जातीं। इसके सिवा, अगर वह भारी महसूल लगाकर विदेशी माल को अपने यहां आने से रोक देता तो बाहर के क़र्ज़दार देश अपना ख़िराज इंग्लैण्ड को कैसे चुकाते ? वे तो माल के ही रूप में भुगतान कर सकते थे। यही कारण था कि जहां दूसरे सब औद्योगिक देश संरक्षणवादी थे, यानी अपने यहां आनेवाले विदेशी माल पर महसूल लगाकर अपने बढ़ते हुए उद्योग-धंधों की रक्षा कर रहे थे, वहां इंग्लैण्ड ने खुले व्यापार की नीति अपना रक्खी थी। संयुक्त राज्य अमेरिका, फ़्रान्स, जर्मनी, सब संरक्षणवादी थे।

उन्नीसवीं सदी में अंग्रेज़ों की, खेती पर कम ध्यान देने, उद्योग-धंधों पर सारा ज़ोर लगाने और बाहर से खाने की चीज़ें मंगाने और विदेशों के नजरानों पर मौज करने की जो नीति थी, वह लाभकारी और दिल-पसंद मालूम देती थी, पर उसमें ख़तरे भी थे, जो अब साफ़ सामने आ रहे हैं। उस नीति का आधार उद्योगों में इंग्लैण्ड का सबसे ऊंचा दर्जा और उसका बड़ा भारी विदेशी व्यापार थे। लेकिन अगर यह ऊंचा दर्जा जाता रहे और साथ-साथ विदेशी व्यापार भी कम होने लगे तो ? उस हालत में वह खाने की चीज़ों के दाम कैसे चुकायेगा ? और अगर वह अनाज की क़ीमत दे भी सका तो जब कोई ताक़तवर दुश्मन उसका रास्ता बन्द कर दे तब वह विदेशों से अनाज कैसे मंगा पायेगा ? पिछले महायुद्ध में वहां के लोगों को आधा-भूखा रहना पड़ा था, क्योंकि खाने-पीने की चीज़ों की आमद क़रीब-क़रीब बन्द हो गई थी। इससे भी बड़ा ख़तरा यह है कि दूसरे देशों की होड़ की वजह से उसका विदेशी व्यापार दिन-दिन गिरता जा रहा है। यह होड़ उन्नीसवीं सदी के आखिरी बीस सालों में ज़्यादा तेज़ हो गई, क्योंकि तब अमेरिका और जर्मनी विदेशी मंडियां ढूंढने लगे। धीरे-धीरे दूसरे देश भी औद्योगिक बन गये और इस तलाश में शामिल हो गये; और अब तो क़रीब-क़रीब सारे संसार का किसी-न-किसी हद तक उद्योगीकरण हो चला है। हरेक देश की यह कोशिश है

[1] Free Trade.

कि अपनी ज़रूरत का ज़्यादा-से-ज़्यादा सामान खुद तैयार कर ले और विदेशी माल न आने दे। भारत विदेशी कपड़े की आमद रोकना चाहता है। तब लंकाशायर और विदेशी व्यापार पर निर्भर रहनेवाले दूसरे ब्रिटिश उद्योग क्या करें?

इन सवालों का जवाब देना इंग्लैण्ड के लिए मुश्किल है और उसके बुरे दिन आते दिखाई दे रहे हैं। वह कछुए की तरह हाथ-पैर सिकोड़कर नहीं पड़ सकता और न अपना अनाज व ज़रूरत की दूसरी चीजें पैदा करके अपने भरोसे जीवन ही बिता सकता है। आज का संसार ऐसा गोरखधंधा हो गया है कि यह बात सम्भव नहीं। और अगर वह अपनेको सबसे विलग कर भी ले तो इसमें सन्देह है कि वह अपनी बहुत ज़्यादा बढ़ी हुई आबादी के लिए काफ़ी खुराक पैदा कर सकेगा। लेकिन ये सवाल आज के हैं; उन्नीसवीं सदी में इनका कोई महत्व नहीं था। इसलिए इंग्लैण्ड ने अपने भविष्य के साथ जुआ खेला और यह दाव लगा दिया कि उसका सबसे ऊंचा दर्जा सदा बना रहेगा। यह बड़ा भारी जुआ था और बाजी भी बड़ी ऊंची लगाई गई थी—यानी या तो संसार का अगुआ राष्ट्र बनकर रहना या गिरकर खतम हो जाना। उसके लिए कोई बीच की मंज़िल नहीं थी। लेकिन विक्टोरिया-युग के मध्यम-वर्गी अंग्रेज़ में न तो अपने ऊपर भरोसे की कमी थी और न अहंकार की। मुद्दत की खुशहाली व सफलता, और उद्योग व व्यवसाय में अगुआई ने उसे यह जंचा दिया था कि वह बाक़ी की सारी मनुष्य-जाति से आला है। वह सब विदेशियों को नाचीज़ समझने लगा। एशिया व अफ्रीका के लोग तो पिछड़े हुए और जंगली थे ही। वे तो इसीलिए पैदा किये गए मालूम होते थे कि पिछड़ी हुई मनुष्य जातियों पर हुकूमत करने और उन्हें सुधारने के लिए अंग्रेज़ों को अपनी पैदायशी प्रतिभा को इस्तेमाल करने का मौक़ा मिले। यूरोप के दूसरे देशों के लोग भी अज्ञानी और अंध-विश्वासी विदेशी थे। सभ्यता की चोटी पर बैठे हुए अंग्रेज़ ही खुदा के बन्दे थे। जो यूरोप बाक़ी दुनिया का सरदार था, उसे पीछे लेकर बढ़नेवाली हरावल वे ही थे। ब्रिटिश साम्राज्य एक तरह की आधी-ग़ैबी संस्था थी, जिसने ब्रिटिश नस्ल की महानता पर आखिरी मुहर लगा दी थी। लार्ड कर्ज़न ने, जो तीस वर्ष पहले भारत का वाइसराय था और अपने ज़माने के सबसे क़ाबिल अंग्रेज़ों में गिना जाता है, अपनी एक पुस्तक उन लोगों को समर्पण की थी, "जो यह मानते हों कि भगवान परवरदिगार के राज में ब्रिटिश साम्राज्य भलाई की प्रेरणा देनेवाली ऐसी बड़ी ताक़त है, जैसी संसार में आज तक कोई नहीं हुई।"

विक्टोरिया-युग के अंग्रेज़ के बारे में यह सब जो मैं लिख रहा हूं, वह ज़रा दूर से खींचकर लाई हुई और अनोखी बात मालूम देती है और शायद तुम यह भी सोचने लगो कि मैं उसका मज़ाक उड़ाने की कोशिश कर रहा हूं। यह ताज्जुब की

बात है कि कोई भी समझदार आदमी इस तरह का बर्ताव करे और ऐसा हैरत-भरा, अहंकार-भरा और अपने मुह मियां-मिट्ठूपन का रुख ग्रहण करे। लेकिन अपनेको राष्ट्रवादी समुदाय माननेवाले किसी भी चीज़ पर यक़ीन कर लेंगे, अगर वह उनके झूठे अभिमान को गुदगुदानेवाली और उन्हे फ़ायदा पहुंचानेवाली हो। व्यक्तियों को अपने पड़ोसियों के साथ ऐसा भोंडा और ओछा बर्ताव करने का कभी ख़याल भी नही आता, मगर राष्ट्रों को ऐसा पछतावा नही हुआ करता। अफ़सोस की बात है कि हम सब एक ही थैली के चट्टे-बट्टे है और अपने-अपने राष्ट्रीय गुणो की शेखी बघारते फिरते है। थोड़े-से फ़र्क़ के साथ विक्टोरिया-युग के अंग्रेज़ का नमूना क़रीब-क़रीब सभी जगह पाया जाता है। यूरोप के सारे राष्ट्रो के अपने-अपने इसी तरह के राष्ट्रीय नमूने हुए है और ऐसे ही अमेरिका व एशिया में भी।

इंग्लैण्ड और पश्चिमी यूरोप की खुशहाली का कारण औद्योगिक पूजीशाही की उन्नति था। यह पूजीशाही मुनाफ़ों की लगातार खोज़ में आगे बढ़ी जा रही थी। सफलता और मुनाफ़ा ही वहां के लोगों की पूजा के देवता बन गये थे, क्योंकि पूंजी-शाही का मज़हब या नेक-चलनी से कोई वास्ता नही था; यह व्यक्तियों और राष्ट्रों के बीच गला-घोंट होड़बाज़ी का पक्का उसूल था, और जो पीछे रह जाय वह जाय जहन्नुम में! विक्टोरिया-युग के लोगों को अपनी मज़हबी उदारता पर अभिमान था। उनका प्रगति और विज्ञान मे विश्वास था और व्यापार व साम्राज्य में उनकी सफलता ने उनके लिए यह साबित कर दिया था कि चुने हुए लोग वे ही थे, जो जीवन-संग्राम में विजयी हुए। क्या डार्विन ऐसा नहीं कह गया था? मज़हबी मामलों मे उनकी उदारता असल में बेरुखी जैसी थी। आर. एच. टानी नामक अंग्रेज लेखक ने इस हालत का खूब अच्छा बयान किया है। वह कहता है कि धरती के मामलों से अलग करके खुदा को अपनी जगह बिठा दिया गया है। "स्वर्ग में भी बंधी हुई राजाशाही थी और धरती पर भी!" खुशहाल मध्यम-वर्गों का यही ख़याल था, मगर जनता के लिए गिरजों मे जाने को और मज़हब को इस आशा से बढ़ावा दिया जाता था कि इससे कहीं उनमें क्रान्तिकारी विचार पैदा न हो पायें। मज़हबी उदारता का मतलब अन्य मामलों में उदारता नहीं था। जिन बातों को बहुमत महत्व देता था, उनमें ज़रा भी उदारता नहीं दिखाई जाती थी, और किसी भी तरह का खिंचाव होने पर उदारता ग़ायब हो ही जाती है। भारत में भी ब्रिटिश सरकार मज़हब के मामलों मे आला दर्जे की उदार है और इस नेकी पर नाज़ करती है। वास्तव मे उसे इस बात की ज़रा भी परवा नहीं कि मज़हब चूल्हे में जाय। लेकिन अगर उसकी राजनीति की या उसके किसी काम की ज़रा भी बुराई की जाय तो फ़ौरन उसके कान खड़े हो जाते हैं, और फिर उसपर कोई उदारता का दोष नहीं लगा सकता! जितना ज्यादा खिंचाव हो वह उतनी ही नीचे गिर जाती है; और अगर खिंचाव काफ़ी बढ़ जाय तो फिर सरकार

उदारता का सारा बाना उतार फेंकती है और खुले व बेग़ैरत आतंक पर उतर आती है। भारत में हम आज यही देख रहे हैं। कुछ ही दिन हुए, मैंने अख़बार में पढ़ा था कि कुछ अंग्रेज कर्मचारियों को धमकी के पत्र लिखने के जुर्म में एक लड़के को, जिसकी उम्र मुश्किल से तेरह-चौदह साल की होगी, आठ वर्ष की सख्त क़ैद की सज़ा दी गई है!

पूंजीशाही उद्योगों के बढ़ने से बहुत परिवर्तन पैदा हो गये। पूंजीशाही दिन-पर-दिन बड़े पैमाने पर अपना काम करने लगी। छोटे व्यवसायों की बनिस्बत बड़े व्यवसाय चलाना ज्यादा मुनाफ़े का और ज्यादा कारगर होता है। इसलिए उद्योगों को मिलकर चलानेवाले कंपनी-संघ और ट्रस्ट[1] बन गये और वे छोटे-छोटे स्वतंत्र उत्पादकों और कारखानों को हड़प कर गये। इसलिए 'दख़ल न देने' के पुराने विचार इस हालत मे खड़े नहीं रह सके। ये ज़बर्दस्त कम्पनी-संघ और ट्रस्ट सरकारों पर भी हावी हो गये।

पूंजीशाही ने साम्राज्यशाही का एक दूसरा और ज्यादा खूखार ढंग पैदा किया। उन्नीसवीं सदी के पिछले हिस्से में जैसे-जैसे औद्योगिक शक्तियों की होड़ बढ़ने लगी, वैसे-वैसे वे बाज़ारों व कच्चे मालों की तलाश में और भी दूर-दूर मैदानों की तरफ़ निगाहें दौड़ाने लगे। दुनियाभर मे साम्राज्य के लिए बड़ी तेज़ छीना-झपटी होने लगी। एशिया में, यानी भारत, चीन, भारत के पूर्ववर्ती देश और ईरान में, जो कुछ हुआ, उसका हाल कुछ ब्यौरे के साथ मैं तुम्हें बता चुका हूं। अब यूरोप की शक्तियां गिद्धों की तरह अफ्रीका पर टूट पड़ी और उसे आपस में बांट लिया। यहां भी इंग्लैण्ड ने सबसे बड़ा हिस्सा ले लिया। उत्तर में मिस्र और पूर्व, पश्चिम व दक्षिण में बड़े-बड़े निवाले उसके हाथ लगे। फ्रान्स भी फ़ायदे में रहा। इटली इस लूट के माल में हिस्सा चाहता था, लेकिन अबीसीनिया ने उसे बुरी तरह हरा दिया और इसपर सभीको अचम्भा हुआ। जर्मनी को भी हिस्सा मिला, पर वह खुश नहीं हुआ। चीखती-चिल्लाती, धमकाती, हड़प करती हुई साम्राज्यशाही सब जगह बे-रोक-टोक बढ़ रही थी। ब्रिटिश साम्राज्यशाही के नामी कवि रुडयार्ड किपलिंग ने 'गोरों की गुरुता'[2] के गीत गाये। फ्रांसवाले दूसरों को सभ्य बनाने के अपने मिशन की बातें करने लगे। जर्मनों को तो अपनी संस्कृति फैलाना ही था। बस, ये सभ्य बनानेवाले, सुधार करनेवाले और दूसरी क़ौमों का बोझा ढोनेवाले बिलकुल त्याग की भावना लेकर निकल पड़े और गेहुंए पीले, व काले लोगों

---

[1] किसी माल के उत्पादन व कीमतों को हाथ में रखने के लिए या किसी व्यवसाय के प्रबंध के लिए कई कम्पनियों का मिलाजुला संगठन।

[2] Whiteman's Burden

की पीठ पर सवार हो गये। और काले आदमी के बोझ के बारे मे किसीने गीत नही गाया।

इन तमाम लालची होड़ करने वाले साम्राज्यवादों के लिए इस दुनिया में काफ़ी जगह नहीं थी। हाट-बाज़ारो के लिए खूख़ार पूजीशाही उमंग हरेक देश को आगे धकेल रही थी और अक्सर इनकी आपस में मुठभेड़े हो जाती थी। कई बार ऐसा मालूम हुआ कि इंग्लैण्ड और फ्रान्स के बीच युद्ध छिड़ते-छिड़ते रह गया। मगर स्वार्थो की असली टक्कर तो अंग्रेजी और जर्मन उद्योगों के बीच हुई। उद्योगों और जहाजरानी की दौड़ में जर्मनी ने इंग्लैण्ड को पकड़ लिया था और वह हर बाज़ार मे उसके मुकाबले मे खड़ा हो रहा था। लेकिन उसने देखा कि धरती के सबसे अच्छे हिस्सो पर इंग्लैण्ड ने पहले ही कब्ज़ा जमा रक्खा था। जिस तरह कोई शानदार और तेज-तर्रार घोड़ा लगाम खीचने पर बिगड़ उठता है, उसी तरह दूसरे राष्ट्रों से रोका जाने पर जर्मनी तैश में आ रहा था और उनके साथ ज़बर्दस्त लड़ाई की ज़ोरों से तैयारी कर रहा था। सारे यूरोप मे भी युद्ध की तैयारियां शुरू हो गई; जल व थल सेनाएं बढ़ने लगी। जुदा-जुदा देशों के बीच गुट-बन्दियां होने लगी, यहांतक कि दो हथियारबन्द दल आमने-सामने खड़े नजर आने लगे। एक तरफ़ जर्मनी, आस्ट्रिया और इटली की तिहरी गुटबन्दी थी और दूसरी तरफ़ रूस और फ्रान्स की दुहरी गुटबन्दी जिसके साथ इंग्लैण्ड भी छिपे तौर पर चिपका हुआ था।

इसी बीच उन्नीसवीं सदी के अन्त मे इंग्लैण्ड को दक्षिण अफ्रीका में एक छोटी-सी ख़ानगी लड़ाई लड़नी पड़ी। ट्रांसवाल के बोअर गणराज्य में सोने की खानें निकल आने की वजह से १८९९ ई० में यह युद्ध हुआ। बोअर लोग यूरोप की सबसे बड़ी शक्ति के ख़िलाफ़ तीन साल तक अद्भुत दिलेरी व धीरज के साथ लड़े। उन्हें कुचल दिया गया और हार माननी पड़ी। मगर थोड़े ही दिनों बाद अंग्रेजों ने बुद्धिमानी और उदारता का काम किया कि अपने कुछ ही दिन पहले के दुश्मनों को पूरा स्वराज्य दे दिया। उस समय उदार-दल का मंत्रिमंडल था। कुछ समय बाद सारा दक्षिण अफ्रीका ब्रिटिश साम्राज्य का स्वतंत्र उपनिवेशी राज्य बन गया।

: १३७ :

अमेरिका में गृह-युद्ध

२७ फ़रवरी, १९३३

पुरानी दुनिया व उसके झगड़ों व साज़िशों ने, उसके बादशाहों और क्रान्तियों न, उसकी नफ़रतों व राष्ट्रवादों ने, हमारा बहुत ज्यादा समय ले लिया। अब ज़रा


अमेरिका का विस्तार
मिसीपी नदी
१८४५-४८
१८०३
१७८३
१५१९
गृहयुद्ध में पृथक् होनेवाले राज्य
रेखा के दक्षिण में

अतलांतिक महासागर को पार करके अमेरिका की नई दुनिया मे चलकर देखे कि यूरोप के लालची पजे से छुटकारा पाने के बाद इसपर कैसी बीती। संयुक्त-राज्य पर हमें खास तौर से ध्यान देने की जरूरत है। छोटी-सी शुरूआत से बढते-बढते अन्त मे आज यह सारे ससार की हालत पर छाया हुआ मालूम दे रहा है। इग्लैण्ड का पुराना गौरव आज नही रहा। वह अब संसार का साहूकार नहीं रहा, बल्कि यूरोप के सारे दूसरे देशों की तरह वह भी एक अभागा कर्जदार देश है, जिसे सयुक्तराज्य अमेरिका से दया व उदारता के बर्ताव की भीख मागनी पड़ रही है। साहूकार की पगड़ी अब अमेरिका के सिर बध गई है, दौलत की नदी उसकी ओर बह रही है; और वह करोडपतियो के ढेर-के-ढेर पैदा कर रहा है। पुरानी दन्तकथा के मीदास की तरह हर चीज को छूकर सोना बनाने का वरदान उसे ज्यादा आनन्द नही दे रहा है और बेशुमार करोड़पतियो के होते हुए भी उसकी जनता आज भी तगी और ग़रीबी भुगत रही है।

समुद्र-तट के जिन तेरह राज्यों ने १७७५ ई० मे इग्लैण्ड से रिश्ता तोड़ लिया था, उनकी आबादी चालीस लाख से कम ही थी। आज अकेले न्यूयार्क शहर की आबादी उससे क़रीब दुगुनी है और सारे सयुक्त राज्य की साढ़े बारह करोड़ है। इस सब मे अब पहले से बहुत ज्यादा राज्य है और वे इस महाद्वीप के एक छोर से दूसरे छोर तक ठेठ प्रशान्त महासागर तक फैले हुए है। उन्नीसवी सदी मे इस लम्बे-चौडे देश के विस्तार और आबादी मे ही नही बल्कि इसके आधुनिक उद्योगों व व्यवसायो मे दौलत व प्रभाव मे, लगातार बढ़ोतरी हुई। सयुक्त राज्य को बहुत कठिनाइयों व झगड़ो का सामना करना पडा और यूरोप के साथ युद्ध और उलझाव भी हुए, लेकिन इसपर पडनेवाली सबसे बड़ी आफ़त थी उत्तर और दक्षिण के राज्यो के बीच दुश्मनी और तबाही का गृह-युद्ध।

अमेरिका के आजाद होने के कुछ ही साल बाद फ्रान्स की राज्यक्रान्ति हुई और उसके पीछे नेपोलियनी युद्ध हुए। नेपोलियन और इग्लैण्ड दोनों एक-दूसरे के वाणिज्य को नष्ट कर देना चाहते थे और इस कोशिश मे उनकी सयुक्त-राज्य से मुठभेड़ हो गई। समुद्र-पार के देशो से अमेरिका का व्यापार बिल्कुल चौपट हो गया और इसके नतीजे से १८१२ ई० मे इग्लैण्ड के साथ उसका दूसरा युद्ध छिड़ गया। इन दो वर्षो के युद्ध का कोई खास नतीजा नही निकला। इस युद्ध के दौरान मे, जब नेपोलियन एल्बा मे ठिकाने लगा दिया गया और इंग्लैण्ड को उधर से छुट्टी मिल गई, तो अंग्रेज़ों ने किसी तरह अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन पर क़ब्जा कर लिया और वहां की बड़ी-बड़ी सभी सरकारी इमारतें जला डाली। इनमें कैपिटोल, जहां काग्रेस के अधिवेशन होते हैं, और व्हाइटहाउस, जिसमें राष्ट्र-पति रहते है, शामिल थे। बाद में अंग्रेज़ों को हरा दिया गया।

इस युद्ध से पहले ही अमेरिका ने दक्षिण में एक बहुत बड़ा प्रदेश अपने इलाक़े में मिला लिया था। यह फ़्रान्स का लुइसियाना नामक पुराना उपनिवेश था। अंग्रेजी जंगी-बेड़े के हमलों से इसको बचाने का कोई रास्ता न देखकर नेपोलियन ने इसे अमेरिका के हाथ बेच दिया था। कुछ साल बाद, १८२२ ई० मे, उसने स्पेन से खरीदकर फ्लोरिडा को मिला लिया और १८४८ ई० में मैक्सिको से युद्ध जीतकर कैलीफोर्निया समेत कई और राज्य दक्षिण-पश्चिम मे ले लिये। इस दक्षिण-पश्चिमी भाग मे अब भी बहुत-से नगरों के नाम स्पेनी है और उन दिनों की याद दिलाते है जब वहां स्पेनवालों का या स्पेन की भाषा बोलनेवाले मैक्सिको-निवासियों का राज था। सिनेमा-जगत के बड़े शहर लॉस ऐन्जेलीस और सान फ़ान्सिस्को के नाम सभीने सुने है।

जिस समय यूरोप क्रान्तियों की और दमन की बार-बार कोशिशे कर रहा था, उसी समय संयुक्त राज्य पश्चिम की ओर फैलता जा रहा था। यूरोप मे दमन की वजह से लोग अपने-अपने देश छोड़कर जा रहे थे और लम्बे-चौड़े इलाकों व ऊंची मजूरियों की कहानियां उन्हें बड़ी संख्या मे यूरोप के देशों से अमेरिका की तरफ खींच रही थीं। जैसे-जैसे पश्चिम मे आबादी बढ़ी वैसे-वैसे नये-नये राज्य बनते गये और संघ में शामिल होते गये।

उत्तरी और दक्षिणी राज्यों के बीच शुरू से ही बड़ा फ़र्क़ था। उत्तरी राज्य औद्योगिक थे और वहां बड़ी-बड़ी मशीनोंवाले नये-नये उद्योग तेज़ी से बढ़ रहे थे; दक्षिण में बड़े-बड़े बागान थे, जिनमे गुलाम मजदूर काम करते थे। गुलामी की प्रथा क़ानून से जायज़ थी, मगर उत्तर के लोग उसे पसन्द नही करते थे और वहां उसका कोई महत्व भी नहीं था। दक्षिण तो पूरी तरह गुलाम मजदूरों पर ही निर्भर था। ये गुलाम अफ्रीका के हब्शी ही होते थे। गोरा एक भी गुलाम नही था। स्वाधीनता की घोषणा में कहा गया था कि "सब मनुष्य जन्म से बराबर है", पर यह बात गोरों पर ही लागू होती थी, कालों पर नही।

इन हब्शियों को अफ्रीका से किस तरह लाया जाता था, यह कहानी बड़ी दर्दनाक है। गुलामों का व्यापार सत्रहवी सदी की शुरूआत में शुरू हुआ था और १८६३ ई० तक गुलामों की आमद बराबर जारी रही। शुरू में तो अफ्रीका के पश्चिमी समुद्र-तट से गुज़रने वाली माल-लद्दू नावें जब कभी आसानी से अफ्रीकियों को पकड़ पातीं तो उन्हें अमेरिका ले जातीं। इस समुद्र-तट का एक हिस्सा अब भी 'गुलामों का तट' कहलाता है। खुद अफ्रीका के निवासियों में गुलामी का रिवाज बहुत कम था; सिर्फ युद्धबन्दियों और क़र्ज़दारों के साथ ही गुलामों का-सा बर्ताव किया जाता था। अफ्रीकियों को अमेरिका ले जाकर गुलामों की तरह बेच देने का यह धन्धा बड़े मुनाफ़े का पाया गया। गुलामों का व्यापार बढ़ा और इसमें

ज्यादातर अंग्रेजों, स्पेनियों और पुर्तगालियों ने व्यापार की तरह पैसा लगाया। गुलामों के व्यापार के लिए ख़ास तरह के जहाज़ बनाये गए थे, जिनकी छतों के बीच में दुछत्ती कोठरियां होती थी। उनमें ये अभागे हब्शी ज़ंजीरों से कसे हुए और दो-दो के पैरों में साथ बेड़ियां डालकर पड़े रहने को मजबूर किये जाते थे। अतलान्तिक महासागर-पार के समुद्री सफ़र में बहुत हफ्ते और कभी-कभी महीनों लग जाते थे। इन तमाम हफ्तों और महीनों में ये हब्शी इन तंग कोठरियों में जंजीरों से बंधे पड़े रहते और हरेक को सिर्फ साढ़े पांच फुट लम्बी और सोलह इंच चौड़ी जगह दी जाती थी!

गुलामों के व्यापार की नींव पर लिवरपूल बहुत बड़ा शहर बन गया। १७१३ ई० में ही जब यूत्रैख्त की संधि हुई तो इंग्लैण्ड ने अफ्रीका और स्पेनी अमेरिका के बीच गुलामों को ले जाने की सहूलियत स्पेन से छीन ली। इससे पहले भी इंग्लैण्ड अमेरिका के अंग्रेजी प्रदेशों में गुलाम पहुंचाया करता था। इस तरह अठारहवीं सदी में अफ्रीका और अमेरिका के बीच गुलामों के व्यापार को अंग्रेज़ों की ठेकेदारी बनाने की कोशिश की गई। १७३० ई० में लिवरपूल के पन्द्रह जहाज़ इस धंधे में लगे हुए थे। यह संख्या बढ़ते-बढ़ते १७९२ ई० में १३२ तक जा पहुंची। औद्योगिक क्रान्ति के शुरू के दिनों में इंग्लैण्ड के लंकाशायर में रुई की कताई का उद्योग बहुत उन्नति कर गया और इसकी वजह से संयुक्त राज्य में गुलामों की मांग बढ़ गई। क्योंकि लंकाशायर की मिलों में खपनेवाली रुई अमेरिका के दक्षिणी राज्यों के बड़े-बड़े कपास-बागानों से आती थी। इन बागानों का तेज़ी के साथ विस्तार हुआ, अफ्रीका से गुलाम भी ज़्यादा आने लगे और हब्शियों की नस्ल बढ़ाने की भी हर तरह से कोशिश की गई। १७९० ई० में संयुक्त राज्य में गुलामों की संख्या ६,९७,००० थी; १८६१ ई० में यह बढ़कर ४०,००,००० हो गई।

उन्नीसवीं सदी के शुरू में ब्रिटिश पार्लमेण्ट ने गुलामी के खिलाफ कड़े क़ानून पास किये। यूरोप और अमेरिका के दूसरे देशों ने भी ऐसा ही किया। लेकिन गुलामों का व्यापार इस तरह ग़ैर-क़ानूनी क़रार दिया जाने पर भी हब्शियों का अफ्रीका से अमेरिका ले जाया जाना जारी रहा। फ़र्क़ यह हुआ कि सफर में उनकी और भी ज़्यादा बुरी हालत होने लगी। उन्हें चौड़े-धाड़े तो ले नहीं जाया जा सकता था, इसलिए तले-ऊपर सरकवां टांडों पर लोगों की नजरों से छिपाया जाता था। एक अमेरिकी लेखक लिखता है :—"कभी-कभी भरी हुई टोबॉगन[१] पर सवार होनेवालों की तरह उन्हें एक-दूसरे की गोदी में टांग-पर-टांग रखकर लाद दिया जाता था!" इस जुल्म की कल्पना भी करना दुश्वार है। उन जहाजों की हालत इतनी गन्दी हो जाती थी कि चार-पांच यात्राओं के बाद उन्हें रद्दी कर देना पड़ता

[१] Toboggan—**बर्फ पर चलनेवाली पहियों की गाड़ी।**

था। मगर मुनाफ़ा बहुत जबर्दस्त होता था, और अठारहवीं सदी के अन्त व उन्नीसवीं के शुरू में, जब यह व्यापार चोटी पर था, तो अफ्रीका के 'गुलामों के तट' से हर वर्ष एक लाख के क़रीब गुलाम ले जाये जाते थे। याद रहे कि इतने सारे गुलामों को ले जाने का यह मतलब था कि हब्शियों को पकड़ने के लिए जो छापे मारे जाते थे, उनमें इनसे कहीं ज़्यादा मौत के घाट उतार दिये जाते थे।

उन्नीसवीं सदी के शुरू में या उसके आस-पास सभी बड़े-बड़े देशों ने इस व्यापार को ग़ैर-क़ानूनी करार दिया। संयुक्त राज्य तक ने भी यही किया। हालांकि इस तरह गुलामों का व्यापार ग़ैर-क़ानूनी हो गया, मगर अमेरिका में गुलामी जायज ही मानी जाती रही, यानी वहां पुराने गुलाम फिर भी गुलाम ही बने रहे। और चूंकि गुलामी जायज थी, इसलिए मनाई होने पर भी गुलामों का व्यापार जारी रहा। जब इंग्लैण्ड ने भी गुलामी-प्रथा उठा दी, तब गुलामों के व्यापार के लिए न्यूयार्क सबसे बड़ा बन्दरगाह हो गया।

हालांकि उन्नीसवीं सदी के बीच तक कितने ही साल न्यूयार्क इस व्यापार का बन्दरगाह रहा, फिर भी अमेरिका के उत्तरी राज्य गुलामी के खिलाफ़ थे। लेकिन दूसरी तरफ़ दक्षिणवालों को अपने बागानों में काम करने के लिए इन गुलामों की जरूरत थी। कुछ राज्यों ने गुलामी-प्रथा उठा दी और कुछने रहने दी। हब्शी लोग गुलामीवाले राज्यों से भागकर गैर-गुलामीवाले राज्यों में चले जाते थे और उनके बारे में झगड़े होते थे।

उत्तर और दक्षिण के आर्थिक स्वार्थ जुदा-जुदा थे और उनके बीच १८३० ई० में ही तट-करों व चुंगियों के मामले में कशमकश पैदा हो गई। संघ से अलग हो जाने की धमकियां दी गईं। राज्य अपने-अपने हकों के बारे में खबरदार थे और संघ-सरकार की बहुत ज़्यादा दस्तन्दाजी पसन्द नहीं करते थे। देश में दो दल हो गये। एक तो हर राज्य की प्रभुता का तरफदार था, दूसरा मज़बूत केन्द्रीय सरकार चाहता था। इन मतभेदों से उत्तर और दक्षिण के बीच की खाई चौड़ी होती गई और जहां कहीं नये राज्य संघ में शामिल होते थे वहीं यह सवाल उठता था कि वे किस पक्ष का समर्थन करेंगे। बहुमत किधर होगा? उत्तर की आबादी तेजी से बढ़ रही थी, क्योंकि यूरोप में लोग आ-आकर वहां बस रहे थे। इससे दक्षिण के लोगों को डर हुआ कि उत्तर की बढ़ी हुई संख्या उन्हें दबा लेगी और हर सवाल पर ज्यादा वोट देकर उन्हें हरा देगी। इसलिए उत्तर और दक्षिण के बीच तनाव बढ़ता गया।

इसी बीच, उत्तर में गुलामी की प्रथा बिल्कुल उठा देने का आन्दोलन खड़ा हुआ। इस आन्दोलन के समर्थक 'अबोलिशनिस्ट्स' कहलाते थे। उनका सबसे बड़ा नेता विलियम लॉयड गैरीज़न था। १८३१ ई० में गैरीज़न ने गुलामी-

विरोधी आन्दोलन के समर्थन के लिए 'लिबरेटर' नामक अखबार निकाला। इसके पहले ही अंक में उसने साफ़ कर दिया कि इस मामले में वह कोई समझौता नहीं करेगा और न मुलायमियत रक्खेगा। उस अंक के कुछ वाक्य बहुत मशहूर हो गये हैं और मैं उन्हें यहां दिये देता हूं :

"मैं सत्य के समान कठोर और न्याय की तरह अटल रहूंगा। इस विषय पर मैं मुलायमी से सोचना, बोलना या लिखना नहीं चाहता। नहीं ! नहीं ! जिसके घर में आग लगी हो, उसे मुलायमी के साथ चिल्लाने को कहो; उसे बलात्कारी के हाथों से अपनी पत्नी को मुलायमी से छुड़ाने के लिए कहो; माता से कहो कि आग में पड़े हुए अपने बच्चे को धीरे-धीरे बाहर निकाले; लेकिन इस जैसे उद्देश्य में मुलायमी बरतने के लिए मुझपर जोर मत डालो। मैंने पक्का निश्चय कर लिया है। मैं गोलमोल बात नहीं कहूंगा, मैं क्षमा नहीं करूंगा, मैं तिलभर भी पीछे नहीं हटूंगा; और मेरी बातें सुननी ही पड़ेंगी।"

लेकिन दिलेरी का यह रवैया थोड़े-से लोगों में ही था। जो लोग गुलामी के खिलाफ़ थे, उनमें से ज्यादातर यह नहीं चाहते थे कि जहां गुलामी मौजूद है वहां उसमें दखल दिया जाय। फिर भी उत्तर और दक्षिण के बीच तनाव बढ़ता ही गया, क्योंकि उनके आर्थिक स्वार्थ जुदा-जुदा थे और तट-कर के सवालों पर खास तौर पर आपस में टकराते थे।

१८६० ई० में अब्राहम लिंकन संयुक्त राज्य का राष्ट्रपति चुना गया और उसका चुनाव दक्षिणवालों के लिए विलग हो जाने का संकेत हो गया। लिंकन गुलामी का विरोधी था, मगर फिर भी उसने साफ़ कह दिया था कि जहां गुलामी पहले से मौजूद है, वहां उसे नहीं छेड़ा जायगा। पर वह इस बात के लिए तैयार नहीं था कि यह नये राज्यों में भी यह चालू की जाय या इसे क़ानूनी बना दिया जाय। इस आश्वासन से दक्षिण की तसल्ली नहीं हुई और एक-एक करके कई राज्य संघ से अलग हो गये। संयुक्त राज्य टुकड़े-टुकड़े हुआ चाहता था। नये राष्ट्रपति के सामने ऐसी भयंकर हालत थी। उसने दक्षिण को राजी करने की और इस अंग-भंग को रोकने की एक और कोशिश की। उसने उन्हें सब तरह के आश्वासन दिये कि गुलामी जारी रहने दी जायगी। उसने यहांतक कह दिया कि वह गुलामी को (जहां मौजूद है) संविधान में शामिल करने को भी तैयार था जिससे कि गुलामी हमेशा के लिए क़ायम रह जाती। असल में वह शान्ति की खातिर किसी भी हद तक जाने को राज़ी था, पर वह एक बात को मंजूर नहीं कर सकता था, और वह थी संघ का टुकड़े-टुकड़े होना। किसी राज्य का संघ से अलग होने का हक वह कतई मानने को तैयार नहीं था।

गृह-युद्ध को टालने की लिकन की सारी कोशिशें असफल रहीं। दक्षिण ने अलग हो जाने का फैसला कर लिया और ग्यारह राज्य अलग भी हो गये। उनके साथ कुछ दूसरे सरहदी राज्यों की भी सहानुभूति थी। अलग होनेवाले राज्य अपनेको 'कॉन्फेडेरेट राज्य'[१] कहने लगे और उन्होंने जेफ़र्सन डेविस को अपना अलग राष्ट्रपति चुन लिया। १८६१ ई० के अप्रैल मे गृह-युद्ध छिड़ गया और पूरे चार वर्ष तक घिसटता रहा। इस युद्ध मे कितने ही भाई भाइयों से और मित्र मित्रों से लड़े। जैसे-जैसे युद्ध चला, दोनों तरफ़ बड़ी-बड़ी फ़ौजें खड़ी हो गईं। उत्तर के पास बहुत सहूलियतें थीं, उसकी आबादी भी ज़्यादा थी और दौलत भी। वह पक्का माल तैयार करनेवाला और उद्योगों का इलाका था, इसलिए उसके साधन बहुत ज़्यादा थे और उसके यहा रेलें भी ज़्यादा थीं। लेकिन दक्षिण के पास उससे अच्छे सिपाही और सेनापति थे—जिनमे जनरल ली खास था। इसलिए शुरू-शुरू मे सारी जीतें दक्षिण के ही हाथ रहीं। लेकिन अन्त मे दक्षिण लड़ते-लड़ते कमज़ोर हो गया। उत्तर के जंगी-बेड़े ने दक्षिण का सम्बन्ध यूरोप में उसके बाज़ार से बिल्कुल काट दिया और कपास व तम्बाकू का निर्यात रोक दिया। इससे दक्षिण अपाहिज हो गया। लेकिन इसका लंकाशायर पर भी तबाही करनेवाला असर हुआ। वहां कपास न पहुंचने से बहुत-सी मिलें बन्द हो गईं। लंकाशायर के मज़दूर बेकार हो गये और सख्त मुसीबतों मे पड़ गये।

इस युद्ध के बारे में अंग्रेज़ी लोकमत की आम तौर पर दक्षिणवालों के साथ सहानुभूति थी, या कम-से-कम मालदार वर्गों की राय दक्षिण के पक्ष मे थी। वाम-दली लोग उत्तर के हिमायती थे।

गृह-युद्ध का सबसे बड़ा कारण गुलामी नहीं था। जैसा कि मैं ऊपर कह चुका हूं लिकन अन्त तक आश्वासन देता रहा था कि गुलामी की प्रथा जहां-कहीं मौजूद हो, वहां वह उसे मानने को तैयार था। झगड़े की जड़ तो असल मे दक्षिण और उत्तर के जुदा-जुदा और कुछ-कुछ आपस में टकरानेवाले आर्थिक स्वार्थ थे; और अन्त मे लिकन को संघ को बचाने के लिए लड़ना पड़ा। युद्ध छिड़ जाने के बाद भी लिकन ने गुलामी-प्रथा के बारे मे कोई साफ़ बयान नहीं दिया, क्योंकि उसे डर था कि उत्तर मे गुलामी के बहुत-से समर्थक कहीं भड़क न जायं। हां, जैसे-जैसे युद्ध चलता गया वैसे-वैसे वह ज़्यादा पक्का होता गया। पहले उसने यह प्रस्ताव रक्खा कि कांग्रेस मालिकों को मुआवज़ा देकर गुलामों को आज़ाद करा दे। बाद मे उसने मुआवज़ा देने का विचार छोड़ दिया और अन्त मे, १८६२ ई० के सितम्बर में, उसने जो 'मुक्ति की घोषणा'[२] निकाली उसमे यह ऐलान कर दिया कि १८६३ ई० की

---

[१] Confederate States
[२] Proclamation of Emancipation

पहली जनवरी से सरकार के ख़िलाफ़ बग़ावत करनेवाले सब राज्यों के ग़ुलाम आज़ाद हो जाने चाहिएं। इस घोषणा के निकालने का ख़ास कारण शायद यह था कि वह युद्ध में दक्षिण को कमज़ोर कर देना चाहता था। इसका नतीजा यह हुआ कि चालीस लाख ग़ुलाम आज़ाद हो गये और यह पूरी आशा थी कि कॉन्फ़ेडरेट राज्यों में ये लोग बखेड़ा खड़ा कर देंगे।

जब दक्षिणवाले पूरी तरह पस्त हो गये तो १८६५ ई० में गृह-युद्ध ख़तम हुआ। वैसे तो युद्ध कभी भी भयंकर चीज़ है, मगर गृह-युद्ध तो अक्सर और भी ज़्यादा भयानक होता है। चार वर्ष की इस भयानक लड़ाई का बोझ सबसे ज़्यादा राष्ट्रपति लिंकन पर पड़ा और उसका जो नतीजा निकला, वह भी बहुत-कुछ उसीकी वजह से था कि उसने तमाम निराशाओं और आफ़तों के बावजूद हिम्मत नहीं हारी। उसे सिर्फ़ जीतने की ही धुन नहीं थी, बल्कि वह चाहता था कि जीत में जहातक हो सके कम-से-कम कड़वापन हो, ताकि जिस संघ की ख़ातिर वह लड़ रहा था वह दिलों की सच्ची एकता हो और ज़बर्दस्ती लादा हुआ मेल न हो। इसलिए युद्ध में विजयी होते ही उसने हारे हुए दक्षिण के साथ उदारता का सलूक शुरू कर दिया। लेकिन युद्ध के बाद कुछ ही दिन बीते थे कि किसी सिर-फिरे ने उसे गोली से मार दिया।

अब्राहम लिंकन की गिनती अमेरिका के सबसे बड़े वीरों में है। संसार के महापुरुषों में भी उसने जगह ले ली है। उसका जन्म बहुत ग़रीब घर में हुआ था; उसने किसी स्कूल में शिक्षा नहीं पाई थी, जो कुछ शिक्षा उसने हासिल की वह ज़्यादातर अपनी ही मेहनत से की थी। फिर भी वह उन्नति करके एक महान राजनीतिज्ञ और वक्ता बन गया, और उसने एक भारी संकट में से अपने देश की नाव को निकाल लिया।

लिंकन की मृत्यु के बाद अमेरिका की कांग्रेस ने दक्षिणी गोरों के साथ उतनी उदारता नहीं दिखाई, जितनी कि शायद लिंकन दिखाता। इन दक्षिणी गोरों को कई तरह की सजाएं दी गईं और बहुतों का मताधिकार छीन लिया गया। उधर हब्शियों को नागरिकता के पूरे अधिकार देकर इस चीज़ को अमेरिका के संविधान में शामिल कर दिया गया। यह नियम भी बना दिया गया कि कोई राज्य किसी व्यक्ति को उसकी नस्ल, रंग या पहले की ग़ुलामी के कारण मताधिकार से महरूम नहीं कर सकेगा।

हब्शी लोग अब क़ानूनी तौर पर आज़ाद हो गये और उन्हें वोट देने का अधिकार मिल गया। लेकिन इससे उन्हें कोई फ़ायदा नहीं हुआ, क्योंकि उनकी माली हालत वैसी-की-वैसी ही रही। आज़ाद किये गए हब्शियों के पास कोई सम्पत्ति नहीं थी और यह एक समस्या होगई कि उनके साथ कैसे बरता जाय।

कुछ हब्शी उत्तर के शहरों में जा बसे, लेकिन ज़्यादातर जहां थे वहीं बने रहे और वे दक्षिण में अपने पुराने गोरे दक्षिण मालिकों की मुट्ठी में वैसे ही रहे आये। वे पुराने बाग़ानों में रोज़ाना मजदूरों की तरह काम करते थे और जो मज़दूरी उनके गोरे मालिक दे देते वही उन्हें लेनी पड़ती। दक्षिण गोरों ने आतंक के ज़रिये हर तरह हब्शियों को दबाये रखने के लिए संगठन भी कर लिया। उन्होंने 'कू क्लक्स क्लैन'[1] नामक एक अजीब संगठन बना लिया, जो ज़ाहिर भी था और ख़ुफ़िया भी। इसके सदस्य बुर्के पहन-पहनकर हब्शियों को डराते फिरते थे और उन्हें चुनावों में वोट देने से भी रोकते थे।

पिछले पचास वर्षों में हब्शियों ने कुछ प्रगति की है। बहुतों के पास सम्पत्ति भी हो गई है और उनकी कई बढ़िया शिक्षा-संस्थाएं हैं। फिर भी अभी तक वे पूरी तरह पराधीन नस्ल हैं। संयुक्त राज्य में उनकी संख्या एक करोड़ बीस लाख के क़रीब यानी सारी आबादी का क़रीब दसवां हिस्सा है। जहां कहीं उनकी संख्या थोड़ी है, वहां उन्हें बर्दाश्त कर लिया जाता है, जैसा कि उत्तर के कुछ हिस्सों में होता है। मगर ज्योंही उनकी संख्या बढ़ने लगती है त्योंही उनकी मुसीबत आ जाती है और उन्हें यह महसूस करा दिया जाता है कि उनकी हालत पुराने ग़ुलामी में किसी भी तरह अच्छी नहीं है। होटलों, रैस्ट्रां, गिरजों, कालेजों, बाग़ों, स्नान करने के समुद्री घाटों, ट्रामगाड़ियों और बिक्री भण्डारों तक में, सभी जगह, उन्हें अछूतों की तरह गोरों से अलग रक्खा जाता है! रेलों में उन्हें ख़ास डब्बों में बैठना पड़ता है जो 'जिम-क्रो गाड़िया'[2] कहलाती हैं। गोरों और हब्शियों के बीच विवाह-सम्बन्ध क़ानून से मना है। सच तो यह है कि तरह-तरह के विचित्र क़ानून हैं। अभी १९२६ ई० में ही वर्जीनिया राज्य ने एक क़ानून बनाकर गोरों और कालों का एक आंगन में साथ-साथ बैठना भी रोक दिया है!

कभी-कभी गोरों और हब्शियों में भयंकर नस्ली दंगे होते हैं। दक्षिण में अक्सर 'लिञ्च' करने की दिल दहलानेवाली वारदातें होती रहती हैं, यानी किसी आदमी पर मजरिम होने का सन्देह करके भीड़ उसे पकड़ लेती है और मार डालती है। इन्हीं वर्षों में ऐसी घटनाएं भी हुई हैं कि गोरों की भीड़ ने हब्शियों को खम्भे से बांधकर ज़िन्दा जला दिया।

[1] **अमरीका के दक्षिणी राज्यों के गोरों की गुप्त समिति, जो १८६५ ई० में स्थापित हुई। इसका काम हब्शियों को दंड देना था। यह १८७६ ई० में तोड़ दी गई थी परन्तु १९१५ ई० में फिर जाग उठी। फिर १९२८ ई० के बाद शान्त हो गई। इसने हब्शियों तथा कैथलिकों को बहुत आतंकित किया और अनेक हत्याएं भी की।**

[2] Jim Crow Cars.

यों तो सारे अमेरिका में ही, पर ख़ास तौर पर दक्षिण राज्यों में हब्शियों के लिए अब भी बहुत मुसीबतें हैं। अक्सर जब मज़दूरों का मिलना कठिन हो जाता है तब दक्षिण के कुछ राज्यों में बेकसूर हब्शियों को किसी बनावटी जुर्म में जेल भेज दिया जाता है और फिर उन क़ैदी मज़दूरों को खानगी ठेकेदारों को किराये पर दे दिया जाता है। यह चीज तो बहुत बुरी है ही, मगर इसके साथ की हालतें तो दिल दहलानेवाली हैं। इस तरह हम देखते हैं कि आखिर क़ानूनी आजादी ही कोई बहुत बड़ी चीज नहीं होती।

क्या तुमने हैरियट बीचर स्टो कि 'अंकल टाम्स केबिन'[1] पढ़ी है, या उसका नाम सुना है? यह पुस्तक दक्षिणी राज्यों के पुराने हब्शी गुलामों के बारे में है और इसमें उनकी दर्दनाक कहानी दी गई है। यह गृह-युद्ध से दस वर्ष पहले प्रकाशित हुई थी और अमेरिका के लोगों को गुलामी के ख़िलाफ़ भड़काने में इसका बड़ा असर पड़ा था।

: १३८ :

अमेरिका का अदृश्य साम्राज्य

२८ फ़रवरी, १९३३

गृह-युद्ध ने अमेरिका के नौजवानों की जानों की भयंकर कुर्बानी ली और वह कर्ज का भारी बोझ भी छोड़ गया। लेकिन उस समय यह देश जवान था और शक्ति से भरा था, इसलिए इसकी बढ़वार जारी रही। उसके पास ज़बर्दस्त कुदरती साधन थे और खनिज पदार्थों की खास बहुतायत थी। कोयला, लोहा और पेट्रोल, जो तीन चीजें आधुनिक उद्योगों और सभ्यता का आधार हैं, यहां भरी पड़ी थीं। देश में जल-शक्ति का भी भंडार था, जिससे बिजली की शक्ति पैदा की जा सकती थी। इस सिलसिले में नियागरा जल-प्रताप ऊपर से गिरनेवाले पानी की चादर की एक मिसाल तो तुम्हें याद आ ही जायगी। यह बहुत लम्बा-चौड़ा देश था, जिसकी आबादी कम थी और हरेक आदमी के लिए पैर पसारने की काफी जगह थी। इसलिए एक बड़ा उत्पादक और औद्योगिक देश बन जाने की सारी सहूलियतें इसे मिली हुई थीं और वह इस रास्ते पर बहुत तेज़ी के साथ बढ़ने लगा। १८८० ई० तक पहुंचते-पहुंचते अमेरिका के उद्योग-मंडियों में ब्रिटिश उद्योगों का मुक़ाबला करने लग गये थे। इंग्लैण्ड ने विदेशी व्यापार पर सौ वर्षों से अपनी जो

[1] Uncle Tom's Cabin.—**इसका हिन्दी-अनुवाद 'टाम काका की कुटिया' के नाम से हुआ है।**

प्रभुता आसानी के साथ जमा रक्खी थी, उसे अमेरिका और जर्मनी ने खतम कर दिया।

इस देश में बाहर से लोग धड़ाधड़ आकर बसने लगे। यूरोप से सब तरह के लोग आये; जैसे जर्मन, स्केंडीनेवी, आयरीश, इटालवी, पोल, वग़ैरा। इनमें-से बहुत-से तो अपने देशों में होनेवाले राजनैतिक आतंक से भागकर आये थे और बहुत-से गुजारे के अच्छे साधनों की तलाश में। हद से ज़्यादा घनी आबादी-वाले यूरोप ने अपनी फ़ालतू आबादी अमेरिका मे भरना शुरू कर दिया। नस्लों, राष्ट्रीय क़ौमों, भाषाओं और मज़हबों का यह एक अनोखा तालमेल था। यूरोप में ये सब अपनी-अपनी छोटी-सी दुनिया मे अलग-अलग रहते थे और इनके दिल दूसरों के लिए नफ़रत और बैर से भरे रहते थे; यहां वे एक ही साथ, एक नये वातावरण मे आ पड़े, जहां पुरानी नफ़रत की कोई गिनती नज़र नही आती थी। लाज़िमी शिक्षा की इकसार प्रणाली ने इनके राष्ट्रीय नुकीलेपनों को घिस डाला और नस्लों की इस खिचड़ी में से अमेरिकी नमूना पैदा होने लगा। पुराने-ऐंगलो-सेक्सन वंश के लोग अपनेको कुलीन समझते थे; यही समाज के अगुआ थे। इनके बाद, पर इनके क़रीब, उन नस्लों का दर्जा था, जो उत्तरी यूरोप से आई थीं। उत्तरी यूरोप के ये लोग दक्षिण यूरोप से आये हुए लोगों को, ख़ासकर इटलीवालों को, नीची नज़र से देखते थे और उन्हे हिकारत से 'डेगो'[1] कहकर पुकारते थे। हब्शी लोग तो बिलकुल अलग-अलग थे ही। ये सबसे नीचे दर्जे के समझे जाते थे और किसी भी गोरी नस्ल से मिलते-जुलते नही थे। पश्चिमी समुद्र के तट पर कुछ चीनी, जापानी और भारतीय आ बसे थे। ये लोग उस समय आये थे जब वहा मज़दूरों की मांग बहुत ज़्यादा थी। ये एशियाई नस्लें भी औरों से अलग-अलग रहती थी।

रेलमार्गो और टेलीग्राफों के जाल सब जगह बिछ जाने से यह लम्बा-चौड़ा देश एक सूत्र में बंध गया। बीते दिनों मे यह सम्भव नहीं था, क्योंकि उस समय एक किनारे से दूसरे किनारे तक पहुंचने में हफ्तों और महीनो लग जाते थे। हम देख चुके है कि पुराने ज़माने मे एशिया और यूरोप में अक्सर बड़े-बड़े साम्राज्य क़ायम हुए, लेकिन आवा-जाई और माल-ढुलाई की कठिनाइयों के कारण वे सब एक सूत्र मे नही बंध पाये। साम्राज्य के जुदा-जुदा भाग एक तरह से स्वाधीन होते थे और अलग-अलग अपना काम-काज करते थे, सिवाय इसके कि वे सम्राट् को सर्वो-परि मानते थे और उसे खिराज देते थे। ये साम्राज्य असल में एक अध्यक्ष के मातहत कई देशों के ढीले-ढाले गुट्ट होते थे। इन सबका कोई एक-सा नज़रिया नहीं पाया जाता था। लेकिन अमेरिका के संयुक्त राज्य मे रेलों और आवा-जाई के

[1] Dego **अर्थात्—गेहुंआ वर्णवाले विदेशी।**

दूसरे साधनों और इकसार शिक्षा-प्रणाली के कारण वहां की जुदा-जुदा नस्लों में एक-सा नज़रिया पैदा हो गया। ये नस्लें धीरे-धीरे मिलकर एक वंश बन गईं। यह प्रक्रिया अभी तक पूरी नहीं हुई है; इसका सिलसिला अभी तक जारी है। इतने बड़े पैमाने पर घुल-मिल जाने की कोई दूसरी मिसाल इतिहास में नहीं मिलती।

संयुक्त राज्य ने यूरोप के झगड़े-टंटों और यूरोपीय शक्तियों की साज़िशों से दूर रहने की कोशिश की और वे चाहते थे कि यूरोप भी अमेरिका से दूर रहे, फिर चाहे वह दक्षिणी अमेरिका हो या उत्तरी अमेरिका। मैं तुम्हें 'मुनरो सिद्धान्त' के बारे में बता चुका हूँ। जब कुछ यूरोपीय शक्तियों के 'पवित्र गठ-बन्धन' ने दक्षिण अमेरिका मे स्पेनी साम्राज्य की रक्षा के लिए दख़ल देना चाहा, तब संयुक्त राज्य के राष्ट्रपति मुनरो ने इस नियम की घोषणा की थी। इस घोषणा मे उसने कहा था कि संयुक्त राज्य सारे अमेरिका मे किसी यूरोपीय शक्ति की फ़ौजी दस्तबाज़ी बर्दाश्त नही करेगा। इस घोषणा ने दक्षिणी अमेरिका के कम उम्र गणराज्यों को यूरोप के फन्दे से बचा लिया। इसकी वज़ह से इंग्लैण्ड से एक बार युद्ध होते-होते बचा रह गया, लेकिन अमेरिका इस नीति पर आज सौ साल से ज्यादा हुए, डटा हुआ है।

दक्षिणी अमेरिका और उत्तरी अमेरिका में बहुत फ़र्क था और सौ वर्ष के समय में भी इस फ़र्क में कोई कमी न हुई। उत्तर में कनाडा दिन-दिन संयुक्त राज्य के समान बनता जा रहा है। लेकिन दक्षिण अमेरिका गणराज्य वैसे नहीं बन रहे है। मैंने तुम्हे पहले बताया है कि दक्षिण अमेरिका के ये गणराज्य, जिनमे मैक्सिको भी शामिल है—हालांकि वह उत्तरी अमेरिका में है—लातीनी गणराज्य कहलाते हैं। अमेरिका और मैक्सिको की सरहद दो जुदा-जुदा कौमों और सस्कृतियो को अलहदा करती है। इस सरहद के दक्षिण में मध्य-अमेरिका की पतली पट्टी के उस पार और दक्षिण अमेरिका के बड़े महाद्वीप-भर में जनता की भाषा स्पेनी और पुर्तगाली है। वास्तव मे वहां स्पेनी भाषा का ही जोर है, क्योंकि मेरा ख़याल है कि पुर्तगाली सिर्फ़ ब्राजील में ही बोली जाती है। दक्षिणी अमेरिका के सबब से ही स्पेनी भाषा आज संसार की बड़ी भाषाओं में गिनी जाती है। लातीनी अमेरिका अब भी संस्कृति सीखने के लिए स्पेन की ही तरफ़ देखता है। संयुक्त राज्य और कनाडा में नस्ली वर्ग-भेद जितना महत्व रखते हैं, उतना लातीनी अमेरिका में नहीं। स्पेनी वंश के लोगों और अमेरिका के आदि निवासियों, यानी रेड इंडियनों, और कुछ हद तक हब्शियों के बीच, आपसी विवाह-सम्बन्धों से यहां मिलावटी नस्ल पैदा हो गई है।

सौ वर्षों की आजादी के बावजूद भी लातीनी अमेरिका के ये गणराज्य शान्ति के साथ रहना पसन्द नहीं करते। समय-समय पर इन देशों में क्रान्तियां

और फ़ौजी तानाशाहियां होती रहती हैं और यहां की हरदम बदलनेवाली राजनीति और सरकारों के दौरे को समझना आसान नहीं है। दक्षिण अमेरिका के तीन बड़े देश, आर्जेन्टिना, ब्राजील और चाइल हैं। इनको ए० बी० सी० देश भी कहते हैं, क्योंकि इनके नामों के पहले अक्षर ए, बी और सी हैं। उत्तरी अमेरिका में मैक्सिको बड़े लातीनी अमेरिका देशों में गिना जाता है।

मुनरो-सिद्धान्त के जरिये संयुक्त राज्य ने लातीनी अमेरिका में यूरोप को टांग अड़ाने से रोक दिया। लेकिन ज्यों-ज्यों संयुक्त राज्य खुद दौलतमन्द होता गया, वह अपने विस्तार के लिए बाहर नये मैदानों की तलाश करने लगा। इसकी निगाह सबसे पहले लातीनी अमेरिका पर ही पड़ी। लेकिन साम्राज्य बनाने के पुराने तरीक़े के माफ़िक़ इसने इनमें से किसी देश पर ज़बर्दस्ती क़ब्ज़ा करने का जतन नहीं किया। इन्होंने इन देशों में अपने देश का बना हुआ माल भेजा और इनकी मंडियों पर क़ब्ज़ा कर लिया। इन्होंने दक्षिण में रेलों, खानों व दूसरे धन्धों में भी अपनी पूंजी लगा दी; सरकारों को, और कभी-कभी क्रान्तियों के समय आपस में लड़नेवाले गुटों को, रुपया उधार दिया। 'इन्होंने' से मेरा मतलब अमेरिका के पूंजीपतियों और साहूकारों से है, लेकिन इनकी मदद पर और इनकी पीठ ठोकनेवाली अमेरिका की सरकार थी। धीरे-धीरे ये साहूकार लोग उस रुपये के बल पर, जो इन्होंने उधार दे रक्खा था, या लगा रक्खा था, मध्य और दक्षिण अमेरिका की कई छोटी-छोटी सरकारों की लगाम खींचने लगे। ये साहूकार इन देशों के एक पक्ष को धन या हथियार क़र्ज देकर और दूसरे को न देकर क्रान्तियां भी करा सकते थे। इन साहूकारों और पूंजीपतियों की पीठ पर संयुक्त राज्य की ज़बर्दस्त सरकार थी, फिर दक्षिण अमेरिका के छोटे और कमजोर देश इनका क्या बिगाड़ सकते थे? कभी-कभी तो संयुक्त राज्य ने व्यवस्था बनाये रखने के बहाने किसी देश के एक गुट की मदद के लिए सचमुच अपने सिपाही ही भेज दिये।

इस तरह अमरीकी पूंजीपतियों ने दक्षिण अमेरिका के इन छोटे-छोटे देशों पर कारगर क़ब्ज़ा हासिल कर लिया। उनके बैंक, रेलें, और खानें, सब इन पूंजीपतियों के हाथों में थे, और अपने फायदे के लिए वे इनको निचोड़ते थे। लगी हुई पूंजियों और पैसे के क़ाबू के सबब से लातीनी अमेरिका के बड़े-बड़े देशों में भी इनका जबर्दस्त दबदबा था। इसका मतलब यह हुआ कि संयुक्त राज्य ने इन देशों की दौलत पर या उसके बहुत बड़े हिस्से पर कब्जा कर लिया था। यह गौर करने की चीज़ है, क्योंकि यह नये किस्म का साम्राज्य है—आजकल के नमूने का साम्राज्य है। यह साम्राज्य आंखों से ओझल और आर्थिक है और बिना कोई ज़ाहिरा बाहरी चिन्हों के शोषण करता है और प्रभुत्व जमाता है। दक्षिण अमेरिका के गणराज्य राजनैतिक और अन्तर्राष्ट्रीय लिहाज़ से आज़ाद और स्वाधीन हैं। नकशे पर ये

देश बहुत बड़े-बड़े दिखाई पड़ते हैं और इस बात का कोई भी निशान नहीं दिखाई देता कि ये किसी भी तरह परतन्त्र हैं। लेकिन फिर भी इनमें से ज़्यादातर देशों पर संयुक्त राज्य का पूरा दबदबा है।

हमने अपने इतिहास की झलकों में जुदा-जुदा युगों में तरह-तरह की साम्राज्य-शाहियां देखी हैं। ठेठ शुरू में युद्ध में एक क़ौम की दूसरी क़ौम पर विजय का यह मतलब होता था कि विजेता लोग पराजित देश या उसके निवासियों के साथ जो चाहें सो करें। विजेता लोग देश और उसके निवासी दोनों पर क़ब्ज़ा कर लेते थे, यानी पराजित लोग ग़ुलाम बन जाते थे। यही आम रिवाज़ था। बाइबिल में हम पढ़ते हैं कि बाबुली लोग यहूदियों को पकड़कर ले गये थे, क्योंकि यहूदी लोग युद्ध में हार गये थे। इस क़िस्म की और भी बहुत-सी मिसालें हैं। धीरे-धीरे इसकी जगह पर दूसरे नमूने की साम्राज्यशाही आ गई, जिसमें सिर्फ़ धरती पर क़ब्ज़ा कर लिया जाता था, लेकिन जनता को ग़ुलाम नहीं बनाया जाता था। क्योंकि यह मालूम हो गया था कि टैक्स लगाकर या शोषण के दूसरे तरीक़ों से उनसे ज़्यादा आसानी के साथ रुपया ऐंठा जा सकता है। हममें से ज़्यादातर लोग अभी तक इसी क़िस्म के साम्राज्यों को जानते हैं, जैसे भारत में ब्रिटिश साम्राज्य, और हम लोगों का ख़याल है कि अगर भारत पर से अंग्रेज़ों का असली राजनैतिक क़ब्ज़ा हट जाय, तो भारत आज़ाद हो जायगा। लेकिन साम्राज्य का यह रूप तो ख़तम ही होता जा रहा है और एक ज़्यादा उन्नत व मुकम्मिल नमूने का साम्राज्य इसकी जगह ले रहा है। सबसे नई किस्म का यह साम्राज्य जमीन पर भी कब्जा नहीं करता; वह तो सिर्फ देश की दौलत पर या दौलत पैदा करनेवाले साधनों पर अपना क़ब्ज़ा जमाता है। ऐसा करके वह देश का पूरा शोषण करके मुनाफ़ा भी उठा सकता है और उस-पर काफ़ी काबू भी रख सकता है और साथ ही उस देश के शासन या दमन की ज़िम्मेदारी से भी बच जाता है। असली तौर पर देश व वहां के निवासी, दोनों पर प्रभुता व बहुत-कुछ क़ब्ज़ा बने रहते हैं, और वह भी कम-से-कम परेशानी के साथ।

इस तरह ज्यों-ज्यों जमाना बीतता गया है, साम्राज्यशाही अपनेको मुक-म्मिल बनाती गई है; और आधुनिक ढंग का साम्राज्य आंखों से ओझल आर्थिक साम्राज्य है। जब ग़ुलामी का अन्त हो गया और उसके बाद ग़ज़ब की सामन्ती ढंग की चाकरी मिट गई, तब लोगों का ख़याल था कि मनुष्य अब आजाद हो जायंगे। लेकिन ज़ल्दी ही यह मालूम हो गया कि जिनके हाथों में रुपये की शक्ति है, वे अबभी मनुष्यों का शोषण करते हैं और उनपर प्रभुता ज़माते हैं। ग़ुलाम और असामी न रहकर लोग अब मज़ूरी के ग़ुलाम हो गये। उनके लिए आज़ादी फिर भी बहुत दूर रही। यही हालत देशों की भी है। लोग समझते हैं कि एक देश की दूसरे पर राजनैतिक प्रभुता ही सारा झगड़ा है, और अगर यह हट जाय तो आज़ादी अपने आप ही आ जायगी। लेकिन यह बात इतनी सही नहीं दिखाई देती, क्योंकि हम

देखते है कि राजनैतिक लिहाज़ से आज़ाद देश भी आर्थिक गुलामी के कारण पूरी तौर पर दूसरों की मुट्ठी में है। भारत मे ब्रिटिश साम्राज्य तो बहुत साफ़ ही नज़र आता है। भारत पर ब्रिटेन का राजनैतिक क़ब्ज़ा है। इस दीखनेवाले साम्राज्य के साथ-साथ और इसके एक जरूरी अंग की तरह ब्रिटेन का भारत पर आर्थिक क़ब्ज़ा भी है। यह बिल्कुल सम्भव है कि भारत पर से ब्रिटेन का यह दीखनेवाला कब्जा देर-सवेर हट जाय, लेकिन न दीखनेवाले साम्राज्य के रूप में आर्थिक क़ब्ज़ा फिर भी बना रहे। अगर ऐसा हो जाय तो इसका मतलब यह होगा कि ब्रिटेन के हाथों भारत का शोषण जारी है।

हुकूमत करनेवाली शक्ति के लिए आर्थिक साम्राज्यशाही कम-से-कम परेशानी पैदा करनेवाली प्रभुता है। इससे उतनी नाराज़ी नहीं पैदा होती, जितनी राजनैतिक प्रभुता से, क्योंकि बहुत-से लोग इसे देख ही नहीं पाते। लेकिन यह जब चुभने लगती है, तब लोग इसके ढंगों को महसूस करने लगते है और उनमें नाराजी पैदा होने लगती है। लातीनी अमेरिका मे आजकल संयुक्त राज्य के लिए प्रेम नहीं है और उत्तर अमेरिका की प्रभुता का विरोध करने के लिए लातीनी अमरीकी राष्ट्रों का एक ठोस संगठन बनाने की कई ज़ोरदार कोशिशें की गई हैं। लेकिन जबतक ये राष्ट्र महलों की क्रान्तियों की और आपसी लड़ाइयों की अपनी आदत नहीं छोड़ेंगे, तबतक इनसे कुछ होना-जाना नही है।

संयुक्त राज्य का दीखनेवाला साम्राज्य फिलीपीन टापुओं तक फैला हुआ है। मैं तुम्हें अपने एक पिछले पत्र में बता चुका हूं कि अमेरिका ने इन टापुओं पर स्पेन से युद्ध के बाद किस तरह कब्जा कर लिया था। १८९८ ई० में अतलांतिक सागर के क्यूबा नामक टापू के मामले को लेकर यह युद्ध शुरू हुआ था। क्यूबा स्वाधीन हो गया, लेकिन सिर्फ नाम को। क्यूबा और हेटी दोनों पर अमेरिका की प्रभुता है।[1]

पनामा नहर को खुले क़रीब बारह वर्ष हो गये। यह मध्य-अमेरिका की एक तंग पट्टी में है, और प्रशान्त-सागर व अतलांतिक सागर को मिलाती है। पचास वर्ष से ज्यादा हुए, स्वेज़ नहर को बनानेवाले फर्दिनांद दे लसेप्स[2] ने इसकी योजना बनाई थी। लेकिन वह बेचारा परेशानी में फँस गया और फिर अमेरिकावालों ने इस नहर को बनाया। इन लोगों को मलेरिया और पीले बुखार की वजह से बहुत कठिनाइयां उठानी पड़ीं; लेकिन इन लोगों ने वहां इन बीमारियों को मिटा देने का इरादा कर लिया और ये सफल हो गये। जिन-जिन जगहों पर मलेरिया के मच्छर व रोगों के दूसरे वाहक पैदा होते थे, उन सबको इन्होंने साफ कर दिया

---

[1] १९५९ में क्यूबा की सत्ता के फिडेल कास्ट्रो के हाथ में आ जाने से वह पूरी तरह से अमरीकी प्रभुता से मुक्त हो गया।

[2] फ्रांसीसी इंजीनियर (१८०५–१८८४)

और नहर के प्रदेश को बिल्कुल रहने लायक बना दिया। यह नहर पनामा के छोटे-से गणराज्य के अन्दर है। लेकिन संयुक्त राज्य का इस नहर पर भी काबू है, और पनामा के छोटे-से गणराज्य पर भी। अमेरिका के लिए यह नहर एक बड़ा वरदान है, वरना जहाजों को सारे दक्षिण अमेरिका का चक्कर लगाकर जाना पड़ता था। फिर भी पनामा नहर का उतना बड़ा महत्व नहीं, जितना स्वेज नहर का है।

इस तरह संयुक्त राज्य दिन-दिन ताक़तवर और दौलतमन्द होता गया और दूसरी चीजों के अलावा ढेरों करोड़पति व आसमान छूनेवाली इमारतें[1] पैदा करने लगा। वह बहुत-सी बातों में यूरोप के बराबर पहुंच गया और उससे आगे भी निकल गया। उद्योगों के लिहाज से यह संसार का बड़ा राष्ट्र हो गया और इसके मज़दूरों के रहन-सहन का दर्जा दूसरे देशों के मुक़ाबले में ऊंचा हो गया। इस खुशहाली की वजह से उन्नीसवी सदी के इंग्लैण्ड की तरह इस देश में भी समाजवादी वे दूसरे वामपक्षी मतों को कोई समर्थन नही मिला। कुछ लोगों को छोड़कर अमेरिका का मज़दूर-वर्ग बहुत मुलायम और पुरातन-पंथी था। उसे औरों से कुछ ज्यादा पैसा मिलता था, इसलिए वह भविष्य की हवाई बेहतरी की आशा में वर्तमान सुखों को ख़तरे में क्यों डालता ? इस मज़दूर-वर्ग में ज्यादातर इटालवी और दूसरे 'डेगो' लोग थे (जैसा कि इन्हें हिकारत के साथ पुकारा डाता था)। ये लोग कमज़ोर और बिखरे हुए थे और नफ़रत की नज़र से देखे जाते थे। जिन मज़दूरों को अच्छी तनख़्वाहे मिलती थी, वे भी इन 'डेगो' लोगों से अपनेको अलग वर्ग का समझते थे।

अमेरिका की राजनीति में दो दल बन गये : एक 'रिपब्लिकन' और दूसरा 'डेमोक्रेटिक'। इंग्लैण्ड की तरह, बल्कि उससे भी ज़्यादा, यहां के ये दोनों दल मालदार वर्गो के प्रतिनिधि थे। इनमें सिद्धान्तों का कोई खास फ़र्क़ नहीं था।

जब महायुद्ध शुरू हुआ तो यहां यही हाल था, और आखिरकार अमेरिका भी खिचकर लड़ाई के भंवर में जा पड़ा।

: १३९ :

आयर्लैण्ड और इंग्लैण्ड के बीच संघर्ष के सात सौ वर्ष

४ मार्च, १९३३

अब हमें अतलांतिक महासागर पार करके फिर पुरानी दुनिया की ओर वापस चलना चाहिए। जहाज या हवाई-जहाज़ से आनेवाले यात्री को सबसे पहले जो

[1] Sky-Screpers

ज़मीन नजर आती है, वह आयर्लैण्ड की है। इसलिए हमारा पहला मुक़ाम यहीं होगा। यह हरा-भरा और सुन्दर टापू यूरोप के ठेठ पश्चिम में मानो अतलांतिक महासागर में डुबकी लगा रहा है। यह टापू छोटा-सा है और संसार के इतिहास की बड़ी धाराओं से दूर जा पड़ा है। लेकिन हालांकि यह नन्हा-सा है, मगर वीरता की कहानियों से भरा है और पिछली कई सदियों से इसने राष्ट्रीय आज़ादी के संघर्ष में अडिग साहस और बलिदान की भावना का परिचय दिया है। एक ताक़तवर पड़ौसी के खिलाफ अपने इस संघर्ष मे आयर्लैण्ड ने अडिगपन का अद्‌भुत लेखा पेश किया है। इस झगड़े को शुरू हुए साढ़े सात सौ वर्षों से ज्यादा हो गये, पर यह अभी तक खतम नहीं हो पाया है![1] हम ब्रिटिश साम्राज्यशाही की कार्रवाइयां चीन, भारत और दूसरी जगहों मे देख चुके हैं। लेकिन आयर्लैण्ड तो इसका शिकार बहुत शुरू से ही होता रहा है। फिर भी यह अपनी मर्जी से कभी इसके आगे नहीं झुका और क़रीब-क़रीब हरेक पीढ़ी में इंग्लैण्ड के खिलाफ़ बगावत होती रही। इस देश के बड़े-बड़े बहादुर पुत्रों ने आज़ादी के लिए लड़ते-लड़ते प्राण दे दिये, या अंग्रेज़ अफ़सरों ने उन्हें फांसी पर लटका दिया। आयरवासियों की बहुत बड़ी संख्या अपनी मातृ-भूमि को, जिसे वे दिलोजान से प्रेम करते थे, छोड़कर विदेशों में जा बसी। बहुत-से इंग्लैण्ड से लड़नेवाली विदेशी फौजों में भरती हो गये, ताकि उन्हें उस देश के खिलाफ़ अपना ज़ोर आजमाने का मौक़ा मिले, जो उनकी मातृभूमि को दबा रहा था और सता रहा था। आयर्लैण्ड से निकाले हुए बहुत लोग दूर-दूर देशों में फैल गये और जहां-कही वे गये अपने दिलों में आयर्लैण्ड की याद लेते गये।

दुखी व्यक्तियों का, और सताये हुए व आज़ादी के लिए छटपटानेवाले देशों का, और उन सबका जो नाख़ुश हैं और जिन्हें मौजूदा हालत में ज़रा भी खुशी नहीं होती, यह ढंग हुआ करता है कि वे गुज़रे ज़माने की ओर देखते हैं और उसी-में तसल्ली ढूंढ़ते हैं। वे इस बीते ज़माने को बहुत ज्यादा सराहते हैं और अपने बीते बड़प्पन की याद करके राहत पाते हैं। जब वर्तमान निराशा को उदासी से भरा होता है, तो बीता जमाना चैन व प्रेरणा देनेवाला आसरा बन जाता है। पुरानी शिकायतें खटकती रहती हैं और लोग उनको नहीं भूलते। इस तरह हरदम पीछे की ओर देखते रहना किसी राष्ट्र में खैरियत का चिन्ह नहीं होता। स्वस्थ राष्ट्र और स्वस्थ देश वर्तमान में कर्म करते हैं और भविष्य की ओर आशा लगाये रहते हैं, लेकिन जो व्यक्ति या देश आज़ाद नहीं होता वह तन-मन से स्वस्थ भी नहीं रह सकता। इसलिए यह लाजिमी है कि वह पीछे की ओर देखे और उसका ध्यान कुछ-कुछ बीते ज़माने में ही लगा रहे।

[1] १९३७ ई० में अल्सटर के सिवा बाकी आयर्लैण्ड स्वतन्त्र गणराज्य बन गया है और उसका नाम आयर (Eire) रख लिया गया है।

इसीलिए आयर्लैण्ड अभी तक बीते जमाने में ही रह रहा है और आयरवासी उन बीते दिनों की याद को बड़े प्यार से संजोये हुए हैं, जबकि वे आज़ाद थे। अपने देश की आज़ादी के कितने ही संघर्षों की, और उसकी पुरानी तकलीफ़ों की याद इनके दिलों में ताज़ा बनी हुई है। उन्हें आज से चौदह सौ वर्ष पुराना, ईसा की छठी सदी का, जमाना याद आता है जब आयर्लैण्ड पश्चिमी यूरोप के लिए विद्या का केन्द्र था और दूर-दूर के विद्यार्थी यहां आते थे। रोमन साम्राज्य का पतन हो चुका था और वेण्डल व हूण लोग रोमन सभ्यता को चकनाचूर कर चुके थे। कहा जाता है कि उस समय आयर्लैण्ड उन देशों मे से था, जिन्होंने यूरोप में सस्कृति के दुबारा बहाल होने तक संस्कृति की जोत जगाये रक्खी। ईसाई मज़हब आयर्लैण्ड मे बहुत पहले आया। ऐसा माना जाता है कि आयर्लैण्ड का संरक्षक—सन्त सेण्ट पैट्रिक यहां ईसाइयत लाया था। आयर्लैण्ड से ही यह मजहब उत्तर इंग्लैण्ड में फैला। आयर्लैण्ड में बहुत-से मठ कायम हुए। भारत के पुराने आश्रमों और बौद्ध-विहारों की तरह ये भी विद्या के केन्द्र बन गये, जिनमें अक्सर पेड़ो के तले पढ़ाई होती थी। उत्तरी और पश्चिमी यूरोप के धर्म-विहीन लोगों में ईसाइयत के नये मजहब का प्रचार करने के लिए मिशनरी लोग इन्हीं मठों मे जाते थे। इन मठों के कुछ साधुओं ने बड़ी सुन्दर हस्तलिपियां लिखीं और उन्हें चित्रों से सजाया। डबलिन मे अब इसी तरह की एक सुन्दर हस्तलिपि रक्खी हुई है, जिसे, 'बुक ऑफ कैल्त्स'[1] कहते हैं और जो शायद बारह सौ वर्ष पहले की लिखी हुई है।

छठी सदी से आगे दो-तीन सौ वर्षो के इस ज़माने को बहुत-से आयरवासी आयर्लैण्ड के सुनहले युग की तरह मानते है, जब गेली[2] संस्कृति अपनी चोटी पर थी। शायद समय की दूरी इन गुज़रे दिनों पर एक जादू डाल देती है, जिससे इनकी महानता असलियत से बढ़ी-चढ़ी नजर आती है। उस समय आयर्लैण्ड कई कबीलों में बंटा हुआ था और ये कबीले आपस में हरदम लड़ा-भिड़ा करते थे। आपसी कलह ही भारत की तरह आयर्लैण्ड की कमजोरी थी। इसके बाद डेन[3] और नार्समैन[4] आये और उन्होंने इंग्लैण्ड और फ्रान्स की तरह आयरियों को भी सताया और बड़े-बड़े प्रदेशों पर क़ब्ज़ा कर लिया। ग्यारहवीं सदी के शुरू में ब्रियान बोरूमा नामक प्रसिद्ध आयरी राजा ने डेनों को हराकर कुछ समय के लिए आय-

---

[1] Book of Kelts.—**कैल्त या सैल्त नस्ल, आर्य-वंश की एक शाखा मानी जाती है, जो आयर्लैण्ड में जाकर बसी।**

[2] Gaelic—**कैल्ट नस्ल से सम्बन्ध रखनेवाली।**

[3] Dane—**डेनमार्क का निवासी।**

[4] Norseman—**नार्वे-स्वीडन का निवासी।**

लैंण्ड को एक सूत्र में बांध दिया। लेकिन उसकी मृत्यु के बाद देश के फिर टुकड़े हो गये।

तुम्हें याद होगा कि नार्मनों[1] ने 'विजेता विलियम' की सरदारी में ग्यारहवीं सदी में इंग्लैण्ड को जीता लिया था। इन्हीं ऐंग्लो-नार्मनों ने सौ वर्ष बाद आयर्लैण्ड पर धावा किया, और जिस भाग को इन्होंने जीता उसका नाम 'पेल' पड़ गया। ११६९ ई० के इस ऐंग्लो-नार्मन हमले ने गेली सभ्यता को सख्त चोट पहुंचाई और इसी समय से आयर्लैण्ड के कबीलों के साथ क़रीब-क़रीब लगातार युद्ध की शुरुआत होती है। ये युद्ध, जो सैकड़ों साल चलते रहे, हद दर्जे के जंगलीपन व जुल्मों से भरे थे। ऐंग्लो-नार्मन (जिन्हें अब अंग्रेज कहना चाहिए), आयरियों को, एक आधी वहशी नस्ल मानकर हिकारत की नज़र से देखते रहे। इन दोनों में नस्ल-भेद तो था ही—अंग्रेज लोग ऐंग्लो-सैक्सन नस्ल के थे और आयरी कैल्ट थे; बाद में इनमें मज़हब का भी भेद पैदा हो गया—अंग्रेज़ और स्काच प्रोटेस्टेण्ट हो गये और आयरवासी रोमन कैथलिक मत के ही भक्त बने रहे। इसलिए इन अंग्रेज-आयरी युद्धों में नस्ली और मज़हबी युद्धों जैसी कट्टर दुश्मनी रही। अंग्रेज़ों ने जान-बूझकर दोनों नस्लों के मिलाप को रोका। एक कानून भी इस बारे में बना, किलकैनी का कानून, जिसके मातहत अंग्रेजों और आयरियों के आपसी विवाह-सम्बन्ध बन्द कर दिये गए।

आयर्लैण्ड में एक के बाद दूसरी बग़ावत होती रही और हरेक को सख्त बेरहमी के साथ दबा दिया गया। आयरी लोग अपने विदेशी शासकों और अत्याचारियों से सख्त नफरत करते थे और जब कभी इन्हें मौक़ा मिलता, या न भी मिलता, तो ये लोग बग़ावत खड़ी कर देते थे। "इंग्लैण्ड की मुसीबत आयर्लैण्ड का सुअवसर है", यह पुरानी कहावत है, और राजनैतिक व मजहबी, दोनों ही कारणों से आयर्लैण्ड अक्सर फ्रान्स और स्पेन जैसे इंग्लैण्ड के दुश्मनों का साथ देता था। इससे अंग्रेज़ों को गुस्सा आता था और उन्हें ऐसा लगता था मानो किसीने पीछे से कटार भोंक दी। इसीलिए वे हर तरह के अत्याचारों के जरिये बदला लेते थे।

महारानी एलिज़ाबेथ के समय (सोलहवीं सदी) में, यह तय किया गया कि आयर्लैण्ड के उत्पाती निवासियों के मुक़ाबले की कमर तोड़ने के लिए इनके बीच अंग्रेज़ ज़मींदार बैठ दिये जायं, जो इन्हें दबाये रहें। इसलिए जमीनें ज़ब्त कर ली गई और आयर्लैण्ड के पुराने जमींदार-वर्गों की जगह विदेशी जमींदार बैठा दिये गए। इस तरह आयर्लैण्ड हकीकत में किसानी राष्ट्र बन गया, जिसके ज़मींदार

---

[1] **स्केण्डिनेविया की एक जाति, जो दसवीं सदी की शुरुआत में उत्तरी फ्रान्स में आकर बस गई और जिसने वहां नार्मण्डी की डची का निर्माण किया। इसका मामूली अर्थ नार्मण्डी का निवासी है।**

विदेशी थे। और सैकड़ों वर्ष गुज़र जाने पर भी ये ज़मींदार आयरी लोगों के लिए विदेशी ही बने रहे।

महारानी एलिज़ाबेथ के बाद गद्दी पर बैठनेवाले जेम्स प्रथम ने आयरवासियों का हौसला तोड़ने की कोशिश में एक कदम और आगे बढ़ाया। उसने फैसला किया कि आयर्लैण्ड में विदेशी उपनिवेशियों की एक बाक़ायदा बस्ती बना दी जाय, और इसलिए बादशाह ने उत्तरी आयर्लैण्ड मे अल्सटर के छहों जिलों की लगभग सारी ज़मीन ज़ब्त कर ली। जमीनें मुफ्त में मिलने लगीं और मौका-परस्तों के झुण्ड-के-झुण्ड स्काटलैण्ड और इंग्लैण्ड से वहां पहुंच गये। इंग्लैण्ड और स्काटलैण्ड से आये हुए ये लोग जमीने लेकर यहीं बस गये और किसानी करने लगे। उपनिवेश बनाने की इस कार्रवाई को सफल बनाने के लिए लन्दन शहर से भी मदद मांगी गई, और उसने इस नये 'अल्सटर बागान' के लिए एक विशेष समिति ही बना डाली। इसी वजह से उत्तर का 'डैरी' नामक शहर 'लन्दनडैरी' कहलाने लगा।

इस तरह अल्सटर आयर्लैण्ड में इंग्लैण्ड का एक टुकड़ा बन गया और इसमें कोई आश्चर्य नही कि आयरियों ने इसपर ज़बर्दस्त नाराजी जाहिर की। इधर ये नये अल्सटरी आयरियों से नफ़रत करते थे और उनको नीची नजर से देखते थे। आयर्लैण्ड को एक-दूसरे के दुश्मन दो खेमों में बांटने की इंग्लैण्ड की यह साम्राज्यशाही कार्रवाई कितनी हैरतअंगेज व चालाकी से भरी हुई थी! अल्सटर की गुत्थी तीन सौ वर्ष से ज्यादा गुजर जाने पर भी अभी तक नहीं सुलझ पाई है।

इस अल्सटर बागान के कुछ ही दिन बाद इंग्लैण्ड में चार्ल्स प्रथम और पार्लमेण्ट के बीच गृह-युद्ध हुआ। पार्लमेण्ट की तरफ प्रोटेस्टेण्ट और प्यूरिटन थे; कैथलिक आयर्लैण्ड ने लाजिमी तौर पर बादशाह का साथ दिया, अल्सटर ने पार्लमेण्ट को मदद दी। आयरवासियों को डर था, और डर की वजह भी थी, कि प्यूरिटन लोग कैथलिक मत को कुचल देंगे। इसलिए १६४१ ई० में इन लोगों ने एक बहुत बड़ी बग़ावत खड़ी कर दी। यह बग़ावत और इसका दमन पहले के मुकाबले में ज़्यादा खूंखार और वहशियाना थे। आयरी कैथलिकों ने प्रोटेस्टेण्टों की बेरहमी से हत्याएं की थीं। क्रामवेल ने इसका भयंकर बदला लिया। आयरवासियों के कई कत्ले-आम हुए, खासकर कैथलिक पादरियों के, और आयर्लैण्ड में आजतक क्रामवेल को बड़ी दुश्मनी के साथ याद किया जाता है।

इस आतंक और बेरहमी के होते हुए भी एक पीढ़ी बाद आयर्लैण्ड में फिर बग़ावत और गृह-युद्ध हुए, जिसकी दो घटनाएं उभरी हुई हैं—लन्दनडैरी और लिमेरिक की घेराबन्दियां। १६८८ ई० में आयरी कैथलिकों ने अल्सटर के प्रोटेस्टेण्टों के नगर लन्दनडैरी को घेर लिया। प्रोटेस्टेण्टों ने बड़ी वीरता से इसकी रक्षा की,

हालांकि उनके पास खाने का सामान नहीं रहा था और वे भूखों मर रहे थे। आखिर चार महीने के घेरे और तकलीफों के बाद अंग्रेजी जहाज खाना और मदद लेकर पहुंचे।

१६९० ई० में लिमेरिक में बिल्कुल इसका उलटा हुआ; वहां कैथलिक आयरियों को अंग्रेजों ने घेर लिया था। इस घेरे का वीर नायक पैट्रिक सार्सफील्ड था, जिसने अपने से बहुत ज्यादा ताकतवर दुश्मन के खिलाफ बड़ी खूबी के साथ लिमेरिक की रक्षा की। इस घेरे में आयर्लैण्ड की स्त्रियां भी लड़ीं और आयर्लैण्ड के देहात में आज तक सार्सफील्ड और उसके वीर जत्थे के गीत गेली भाषा में गाये जाते हैं। सार्सफील्ड को अन्त में लिमेरिक अंग्रेजों के हवाले कर देना पड़ा, लेकिन सम्मानयुक्त सन्धि के बाद। लिमेरिक की इस सन्धि का एक खंड यह था कि आयरी कैथलिकों को पूरी नागरिक और मजहबी स्वतन्त्रता दी जायगी।

लिमेरिक की इस सन्धि को अंग्रेजों ने, या यों कहो कि आयर्लैण्ड में बसे हुए अंग्रेज जमींदार घरानों ने, तोड़ दिया। ये प्रोटेस्टेण्ट घराने डबलिन की मातहती पार्लमेण्ट पर हावी थे। लिमेरिक में दिये गए गम्भीर वादे के बावजूद इन्होंने कैथलिकों को नागरिक या मजहबी स्वतन्त्रता देने से इन्कार कर दिया। इसके बजाय इन्होंने कैथलिकों को सतानेवाले और आयर्लैण्ड के ऊनी व्यापार को जान-बूझकर बर्बाद करनेवाले खास कानून बना दिये। कैथलिक किसान-वर्ग बेरहमी से कुचल दिया गया और जमीनों से बेदखल कर दिया गया। याद रहे कि यह कार्रवाई मुट्ठी-भर विदेशी प्रोटेस्टेण्ट जमींदारों ने आबादी के उस बहुत भारी बहुमत के खिलाफ की थी, जो कैथलिक थी और जिसमें ज्यादातर किसान-वर्ग था। लेकिन सारी सत्ता तो इन अंग्रेज जमींदारों के हाथों में थी, और ये लोग अपनी जागीरों से दूर रहते थे और अपने किसान-वर्ग को इन्होंने अपने कारिन्दों व लगान वसूल करनेवालों की बेदर्द सितमगरी पर छोड़ दिया था।

लिमेरिक की कहानी तो पुरानी है; लेकिन एक गम्भीर वचन के तोड़े जाने से जो कट्टर दुश्मनी और गुस्सा पैदा हो गया था, वे अभी तक ठंडा नही हुआ हैं, और आयरी राष्ट्रवादियों के दिमाग मे आज भी आयर्लैण्ड में अंग्रेजों की दगाबाजी के रूप में लिमेरिक सबसे ज्यादा उभरा हुआ है। एक करार के इस तरह तोड़े जाने ने, और मजहबी बैर-भाव और दमन ने, और जमींदारों के जुल्म ने, उस वक्त हजारों आदमियों को दूसरे देशों में भागने के लिए मजबूर कर दिया। आयर्लैण्ड के चुने हुए नौजवान देश से बाहर चले गये और इंग्लैण्ड से लड़नेवाले किसी भी देश की सेना में भरती हो गये। जहां कही अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई होती, ये आयरवासी वहां जरूर पहुंच जाते थे।

'गुलीवर्स ट्रैवेल्स' का लेखक जोनाथन स्विफ्ट इसी जमाने (१६६७ से

१७४५ ई०) में हुआ । इसने अपने देशवासियों को जो सलाह दी थी, उससे अंग्रेजों के खिलाफ गुस्से का कुछ अन्दाजा लगाया जा सकता है : "इनके कोयले को छोड़कर बाकी हरेक अंग्रेजी चीज जला डालो !" डबलिन में सेण्ट पैट्रिक के गिरजे में जोनाथन स्विफ्ट की कब्र पर खुदा हुआ लेख इससे भी ज्यादा कड़वा है । यह शायद उसीका लिखा हुआ है :

यहां दफन है शरीर
जोनाथन स्विफ्ट का
जो तीस वर्ष तक
इस बड़े गिरजे का डीन रहा,
जहां बेइंसाफी के खिलाफ वहशियाना गुस्सा
अब उसका हृदय नहीं जला सकता ।
यात्री, जाओ और
हो सके तो, उसका अनुसरण करो, जिसने
मनुष्योचित कर्त्तव्य-पालन किया
स्वतन्त्रता की रक्षा के लिए ।

१७७४ ई० में अमेरिका का स्वाधीनता-युद्ध छिड़ गया और अतलांतिक के पार अंग्रेजी फौजें भेजना जरूरी हो गई। इस बदली हुई हालत में आयर्लैण्ड में ब्रिटिश फौजें नहीं रह गई और उधर फ्रान्सीसी हमले की चर्चा होने लगी, क्योंकि फ्रान्स ने भी इग्लैण्ड के खिलाफ युद्ध की घोषणा कर दी थी । इसलिए आयरी कैथलिकों और प्रोटेस्टेण्टों, दोनों ने रक्षा के लिए स्वयंसेवक तैयार किये । कुछ अर्से के लिए ये लोग अपने पुराने बैर भूल गये और आपसी सहयोग से इन्हें अपनी शक्ति का पता चल गया । इंग्लैण्ड के सामने दूसरी बगावत का खतरा खड़ा हो गया और इस डर से कि कही आयर्लैण्ड भी अमेरिका की तरह हाथ से न निकल जाय, इंग्लैण्ड ने आयर्लैण्ड को स्वाधीन पार्लमेण्ट दे दी। इस तरह कहने को तो आयर्लैण्ड इंग्लैण्ड के आधीन नहीं रहा, लेकिन रहा उसी बादशाह के अधीन। और आयर्लैण्ड की पार्लमेण्ट वही पुरानी जमींदारों से लदी, तंग विचारोंवाली सभा बनी रही, जिसमें सिर्फ प्रोटेस्टेण्ट शामिल थे और जिसने पिछले दिनों कैथलिकों पर इतने अत्याचार किये थे । कैथलिकों को अब भी तरह-तरह से तंग किया जाता था। सिर्फ इतना फर्क जरूर हो गया था कि अब प्रोटेस्टेण्टों और कैथलिकों के बीच ज्यादा अच्छी भावना काम करती मालूम देने लगी । इस पार्लमेण्ट का नेता हेनरी ग्रैटन, जो खुद प्रोटेस्टेण्ट था, यह चाहता था कि कैथलिक लोगों को कुछ हक दे दे । लेकिन इसमें उसे ज्यादा सफलता नही मिली ।

इसी बीच फ्रान्स में क्रान्ति हो गई, और आयर्लैण्ड को उससे बहुत उम्मीदें

बंध गई। अनोखी बात तो यह है कि इस क्रान्ति का स्वागत कैथलिक और प्रोटेस्टेण्ट दोनों ने किया, जो अब धीरे-धीरे एक-दूसरे के बहुत नजदीक आते जा रहे थे। 'संयुक्त आयर-निवासी'[1] नामक एक संगठन कायम किया गया कि कैथलिकों और प्रोटेस्टेण्टों में मेल कराया जाय और कैथलिकों को मुक्ति दिलाई जाय। सरकार ने इस सगठन को पसन्द नहीं किया और उसे कुचल दिया। इसलिए अटल व समय-समय पर होनेवाली बगावत १७९८ ई० में फिर भड़क उठी। यह पहले की बगावतों की तरह अल्सटर और देश के बाकी भाग के बीच मजहबी लड़ाई नहीं थी। यह एक राष्ट्रीय बलवा था, जिसमें कुछ हद तक कैथलिक और प्रोटेस्टेण्ट दोनों शामिल थे। इस बलवे को भी अंग्रेजों ने कुचल दिया और इसके आयरी नायक वुल्फ टोन को, देश-द्रोह के जुर्म मे, फांसी पर लटका दिया गया।

इस तरह यह जाहिर हो गया कि आयर्लैण्ड में एक स्वाधीन पार्लमेण्ट बना देने से आयरी लोगों की हालत में कोई फर्क नही आया। इंग्लैण्ड की पार्लमेण्ट भी उस समय एक तंग-नजर और भ्रष्ट मामला थी, जिसका चुनाव जेबी निर्वाचन-क्षेत्रों से होता था और जिसकी बागडोर मुट्ठीभर जमीदार-वर्ग व कुछ बड़े माल-दार व्यापारियों के हाथों में थी। आयरी पार्लमेण्ट में भी यह सब ऐब तो थे ही, इसके अलावा वह कैथलिकों के देश मे होते हुए भी मुट्ठी भर प्रोटेस्टेण्टों के हाथों में थी। इतने पर भी ब्रिटिश सरकार ने इस आयरी पार्लमेण्ट को तोड़ देने का और आयर्लैण्ड को इंग्लैण्ड के साथ जोड़ देने का फैसला किया। आयर्लैण्ड में इस प्रस्ताव का जोरों से विरोध किया गया, लेकिन डबलिन की पार्लमेण्ट के सदस्य भारी रिश्वतें खाकर अपनी ही पार्लमेण्ट को खतम करने का वोट देने के लालच में आ गये। १८०० ई० में 'यूनियन का ऐक्ट' पास हुआ और इस तरह ग्रैटन की चंद-रोजा पार्लमेण्ट का अन्त हो गया। उसकी जगह पर अब कुछ आयरी सदस्य लन्दन की ब्रिटिश पार्लमेण्ट में भेजे जाने लगे।

इस भ्रष्ट आयरी पार्लमेण्ट के भंग कर दिये जाने से शायद बहुत बड़ा नुकसान नहीं हुआ, सिवा इसके कि सम्भव है कुछ दिन बाद यह कोई अच्छी चीज बन जाती। लेकिन यूनियन के कानून ने एक असली नुकसान पहुंचाया और शायद वह इसी नीयत से बनाया भी गया था। यह उत्तर और दक्षिण के प्रोटेस्टेण्टों व कैथलिकों के बीच एकता के आन्दोलन को खतम करने मे सफल हुआ। प्रोटेस्टेण्ट अल्सटर ने बाकी आयर्लैण्ड से फिर मुह मोड़ लिया और इन दोनों भागों के बीच में खाई पैदा हो गई। दोनों के बीच एक और भी फर्क आ गया था। अल्सटर ने इंग्लैण्ड के ढंग पर आधुनिक उद्योगों का अपना लिया। आयर्लैण्ड का बाकी भाग खेतिहर ही बना रहा, पर खराब बन्दोबस्त और लोगों की बराबर निकासी के

[1] United Irishmen.

कारण खेती भी नहीं पनपी। इसलिए उत्तर तो औद्योगिक हो गया, लेकिन दक्षिण और पूर्व, और खास करके पश्चिम, औद्योगिक लिहाज से पिछड़े हुए मध्यकालीन ही रहे आये।

यूनियन के कानून को लोगों ने चुपचाप नहीं मान लिया; उसके विरोध में एक छोटा-सा बलवा हुआ। इस असफल बलवे का नेता राबर्ट ऐमेट नामक एक होनहार नौजवान था, जिसकी मौत, इसके पहले के बहुत-से देशवासियों की तरह, फांसी के तख्ते पर हुई।

आयरी सदस्य ब्रिटिश पार्लमेण्ट की कामन्स-सभा में बैठते थे, लेकिन कोई कैथलिक नही जा सकता था। कैथलिको को इंग्लैण्ड में या आयर्लैण्ड में पार्लमेण्ट में बैठने का हक नही था। ये पाबन्दियां सन् १८२९ ई० में हटा ली गई और कैथलिक लोग ब्रिटिश पार्लमेण्ट मे बैठने के हकदार हो गये। ये पाबन्दियां आयरवासी नेता डेनियल ओ कोनेल की कोशिशों से हटी थी, इसलिए उसे 'उद्धारक' कहा जाने लगा। धीरे-धीरे एक और परिवर्तन यह होनेवाला था कि मताधिकार बढ़ा दिया गया, जिससे ज्यादा व्यक्तियों को वोट का हक मिलता गया। चूकि आयर्लैंड इंग्लैण्ड के साथ जोड़ दिया गया था, इसलिए दोनों देशों पर एक ही कानून लागू होते थे। इसलिए १८३२ ई० का बड़ा सुधार-बिल इंग्लैण्ड के साथ-साथ आयर्लैण्ड पर भी लागू हुआ। इसी तरह बाद का मताधिकार बिल भी लागू हुआ और इस तरह ब्रिटिश कामन्स-सभा में आयरी सदस्य का नमूना बदलने लगा। जमीदारों का प्रतिनिधि होने के बजाय अब वह कैथलिक किसान-वर्ग का और आयरी राष्ट्रीयता का वकील हो गया।

ग़रीबी के सबब से आयर्लैण्ड के किसान-वर्ग ने जिसकी गर्दन पर ज़मींदार सवार था और जिससे कसकर लगान वसूल किया जाता था, आलू को ही अपने खाने की ख़ास चीज़ बना लिया था। ये बेचारे एक तरह से आलुओं पर ही गुजारा करते थे और आजकल के भारतीय किसानों की तरह इनके पास भी कोई जमा-पूजी नहीं थी; आड़े वक्त के लिए इनके पास कुछ नहीं था। ये मौत के दरवाज़े पर खड़े जिन्दगी बिताते थे और रोगों से बचाव करने की इनमें ज़रा भी ताक़त बाक़ी नहीं रही थी। १८६४ ई० में आलू की फ़सल नष्ट हो गई, जिसके सबब इस देश में जबर्दस्त अकाल पड़ गया। लेकिन अकाल के होते हुए भी जमींदारों ने लगाने न दे सकनेवाले अपने असामी किसानों को बेदखल कर दिया। आयरनिवासी बहुत बड़ी संख्या में अपना वतन छोड़कर अमरीका चले गये, और आयर्लैण्ड क़रीब-क़रीब सुनसान हो गया। बहुत-से खेत बेजुते पड़े रहे और चरागाहें बन गये।

जोती जानेवाली खेतिहर ज़मीन का भेड़ों की चरागाह में बदलने का यह

सिलसिला आयर्लैण्ड में सौ वर्षों से ऊपर, और ठेठ हमारे ज़माने तक, बराबर जारी रहा। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि इंग्लैण्ड में ऊनी कपड़ों के कारखाने बढ़ रहे थे। मशीनों का उपयोग जितना ज़्यादा होता था, उत्पादन उतना ही बढ़ता जाता था और ऊन की उतनी ही ज़्यादा ज़रूरत पड़ती थी। इसलिए आयर्लैण्ड के ज़मीदारों को बोये गये खेतों की बनिस्बत, जिनमें किसान काम करते थे, भेड़ों की चरागाहों से ज़्यादा मुनाफा मिलता था। चरागाहों में बहुत कम आदमियों की ज़रूरत पड़ती है, भेड़ों की देख-भाल करनेवाले सिर्फ मुट्ठी-भर आदमियों की। इसलिए खेती करनेवाले मज़दूर फालतू हो गये और ज़मीदारों ने उन्हें निकाल दिया। इस तरह आयर्लैण्ड में, जिसकी आबादी पहले ही बहुत कम थी, हमेशा बहुत-से मजदूर 'फालतू' रहने लगे, और इस कारण आबादी घटने का सिलसिला चलता ही रहा। बस, आयर्लैण्ड 'औद्योगिक' इंग्लैण्ड को कच्चा माल देनेवाला एक इलाका जैसा बन गया। खेतों को चरागाहों में बदलने का पुराना सिलसिला अब उलट गया है और हल को अब फिर अपना महत्व हासिल हो रहा है। मजे की बात यह है कि यह हालत इंग्लैण्ड और आयर्लैण्ड के बीच उस व्यापारी युद्ध का नतीजा है, जो १९३२ ई० में शुरू हुआ था।

उन्नीसवीं सदी के ज़्यादातर हिस्से में जमीन का सवाल, यानी ग़ैर-हाज़िर ज़मींदारों के अधीन दुखी किसानों की मुसीबतें, आयर्लैण्ड की सबसे बड़ी समस्या रही है। अन्त में ब्रिटिश सरकार ने फैसला किया कि सब ज़मींदारियां जबरन खरीद कर और उन्हें किसानों में बांटकर जमींदारों को बिलकुल खतम कर दिया जाय। अलबत्ता जमींदारों को इसमें कोई नुकसान नहीं उठाना पड़ा। उन्हें तो सरकार से अपनी जमीदारियों के पूरे दाम मिल गये। किसानों को जमीनें तो मिल गईं, लेकिन कीमत के बोझ के साथ। उन्हें यह कीमत एक मुश्त नहीं चुकानी पड़ी, इसकी छोटी-छोटी सालाना किस्तें बांध दी गईं।

१७९८ ई० के राष्ट्रीय बलवे के बाद सौ वर्षों से ज्यादा तक आयर्लैण्ड में कोई बड़ी बगावत नहीं हुई। पहले की सदियों के मुकाबले में आयर्लैण्ड की उन्नीसवीं सदी इस बार-बार होनेवाली घटना से बरी रही। लेकिन इसका कारण यह नहीं था कि लोगों में आसूदगी की भावना थी। यह तो पिछले बलवे की, भारी अकाल की और आबादी घटने की थकावट थी। इस सदी के पिछले हिस्से में लोगों का ध्यान कुछ-कुछ ब्रिटिश पार्लमेण्ट की तरफ़ मुड़ा था, और उनको यह आशा बंधी थी कि उसके आयरी सदस्य शायद कुछ कर सकें। लेकिन बहुत से आयरवासी ऐसे भी थे, जो बार-बार बगावत की परम्परा को ज़िन्दा रखना चाहते थे। उनका ख़याल था कि सिर्फ इसी ढंग से आयर्लैण्ड की भावना व आत्मा को ताज़ा और बिना किसी कलंक रक्खा जा सकता है। अमेरिका में बसे हुए आयरवासियों ने आयर्लैण्ड

की स्वाधीनता के लिए एक समिति क़ायम की। ये लोग जिन्हें 'फेनियन' कहा जाता था, आयर्लैण्ड मे छोटे-छोटे बलवे कराया करते थे। लेकिन जनता पर इसका कोई असर नहीं हुआ और ये लोग बहुत जल्द कुचल दिये गए।

अब यह पत्र मुझे खतम कर देना चाहिए, क्योंकि काफ़ी लम्बा हो गया है। पर आयर्लैण्ड की कहानी अभी खतम नहीं हुई है।

: १४० :

आयर्लैण्ड में स्वराज और शिनफ़ेन

९ मार्च, १९३३

इतने खूनी विद्रोहों के बाद और अकालों व दूसरी आफ़तों की वजह से, आयर्लैण्ड आजादी हासिल करने के इस ढंग से कुछ थक गया था। उन्नीसवी सदी मे, जब ब्रिटिश पार्लमेण्ट के लिए मताधिकार बढ़ा, तब कई राष्ट्रवादी आयरी कामन्स-सभा के सदस्य चुने गये। जनता आशा करने लगी कि ये लोग शायद आयर्लैण्ड की आज़ादी के लिए कुछ कर सकें; अब वह पुराने खूनी विद्रोह के तरीके के बजाय पार्लमेण्ट के ज़रिये कार्रवाई में भरोसा करने लगी।

उत्तरी अल्सटर और आयर्लैण्ड के बाक़ी भाग के बीच की खाई फिर चौड़ी हो गई थी। नस्ली और मज़हबी भेदभाव तो चल ही रहे थे, अब इनके अलावा आर्थिक फ़र्क भी और ज़्यादा उभर गये। इंग्लैण्ड और स्काटलैण्ड की तरह अल्सटर भी औद्योगिक बन गया था, और यहां के कारख़ानों में बहुत ज़्यादा माल तैयार होता था। देश का बाक़ी हिस्सा खेतिहर-मध्यकालीन, कम आबादीवाला और ग़रीब था। आयर्लैण्ड के दो भाग कर देने की इंग्लैण्ड की पुरानी नीति ज़रूरत से ज़्यादा सफल हो गई थी; सचमुच वह इतनी सफल हुई कि बाद में खुद इंग्लैण्ड ही कोशिश करने पर भी, इस कठिनाई को पार नहीं कर सका। आयर्लैण्ड की आजादी के रास्ते में अल्सटर सबसे बड़ी रुकावट बन गया। मालदार प्रोटेस्टेण्ट अल्सटर को डर था कि आयर्लैण्ड के आज़ाद होने पर ग़रीब कैथलिक आयर्लैण्ड उसे ग़र्क़ कर देगा।

अब ब्रिटिश पार्लमेण्ट में और आयर्लैण्ड में दो नये शब्द जारी हुए। ये दो शब्द थे 'होम रूल' यानी स्वराज। आयर्लैण्ड की मांग अब स्वराज की मांग बन गई। सात सौ वर्ष पुरानी स्वाधीनता की मांग से यह मांग बहुत कम और बहुत जुदा थी। इसका मतलब यह था कि आयर्लैण्ड की एक मातहत पार्लमेण्ट हो जो मुकामी मामलों का इन्तजाम करे और कुछेक महत्व के विषयों पर ब्रिटिश पार्लमेण्ट का ही दखल चलता रहे। बहुत-से आयरवासी स्वाधीनता की पुरानी मांग को

इस तरह घटा दिये जाने से सहमत नहीं थे। लेकिन देश बग़ावत और रगड़-झगड़ से तंग आ गया था, इसलिए उसने विद्रोह की कई असफल कोशिशों में भाग लेने से इन्कार कर दिया।

ब्रिटिश कामन्स-सभा के आयरी सदस्यों में चार्ल्स स्टचुअर्ट पारनैल भी एक था। यह महसूस करके कि ब्रिटिश पार्लमेण्ट के अनुदार और उदार दोनों दल आयर्लैण्ड की तरफ़ ज़रा भी ध्यान नहीं देते हैं, इसने तय किया कि इनके लिए यह शाइस्ता पार्लमेण्टी खेल जारी रखना मुश्किल कर दिया जाय। इसलिए कुछ दूसरे आयरी सदस्यों की मदद से इसने लम्बे-लम्बे भाषणों और सिर्फ़ रोक लगानेवाली दूसरी तदबीरों से पार्लमेण्ट की कार्रवाई में अड़ंगे लगाने शुरू किये। अंग्रेज़ लोग इन चालों से बहुत झल्लाये; वे कहते थे कि ये बातें न तो पार्लमेण्टी हैं और न शराफ़त की। लेकिन पारनैल के ऊपर इन आलोचनाओं का कोई असर नहीं हुआ। वह अंग्रेज़ों के बनाये हुए क़ायदों के मुताबिक़ शाइस्ता अंग्रेजी पार्लमेण्टी खेल खेलने के लिए पार्लमेण्ट में नहीं आया था। वह तो आयर्लैण्ड की सेवा करने आया था; और अगर मामूली तरीक़ों से अपना काम नही कर सकता था, तो गैर-मामूली तरीक़ों का सहारा लेना वह अपने लिए बिलकुल वाज़िब समझता था। कुछ भी हो, वह आयर्लैण्ड की ओर लोगों का ध्यान खींचने में तो सफल हो ही गया।

पारनैल ब्रिटिश कामन्स-सभा में आयरी होमरूल दल का नेता हो गया, और यह दल दोनों पुराने ब्रिटिश दलों के लिए जी का जंजाल हो गया। जब कभी इन दोनों दलों का कमती-बढ़ती बराबरी का मुकाबला रहता था तब ये आयरी स्वराजी इधर या उधर मिलकर किसीका पलड़ा भारी कर सकते थे। इस तरह वे आयर्लैण्ड के सवाल को हमेशा लोगों की निगाह के सामने रखते थे। आख़िरकार ग्लैडस्टन आयर्लैण्ड को स्वराज देने के लिए राज़ी हो गया और उसने १८८६ ई० में कामन्स-सभा में 'होमरूल विल' पेश किया। स्वराज देने का यह क़ानून बहुत नर्म था, फिर भी इसकी वजह से तूफान मच गया। अनुदार दल के लोग तो पूरे इसके पूरे विरोधी थे ही; ग्लैडस्टन का दल यानी उदार दल भी इसे पसन्द नहीं करता था। यह दल इसी बात पर दो हिस्सों में बंट गया। एक हिस्सा तो सचमुच अनुदार दल में जा मिला और यह नया दल यूनियनिस्ट[१] (एकतावादी) कहलाने लगा, क्योंकि ये लोग आयर्लैण्ड के साथ एकता चाहते थे। होमरूल बिल पार्लमेण्ट में गिर गया और उसीके साथ ग्लैडस्टन का मंत्री-मंडल भी खतम हो गया।

इसके सात वर्ष बाद, १८९३ ई० में, जब ग्लैडस्टन की उम्र चौरासी वर्ष की थी, वह फिर प्रधानमंत्री बना। उसने दूसरी बार होमरूल बिल पेश किया और यह कामन्स-सभा में बहुत कम बहुमत से पास हुआ। लेकिन क़ानून बनने से पहले

[१] Unionist.

तमाम बिलों को लार्ड्स-सभा में से भी गुजरना पड़ता है और लार्ड्स-सभा अनुदार दलवालों और प्रगति-विरोधी लोगों से भरी थी। लार्ड्स-सभा के सदस्यों का चुनाव नहीं होता। यह बड़े-बड़े जमींदारों की एक पुश्तैनी सभा है, जिसमे कुछ पादरी भी होते है। इस सभा ने होमरूल बिल को, जिसे कामन्स-सभा ने मंजूर कर लिया था, नामंज़ूर कर दिया।

इस तरह पार्लमेण्टी कोशिशों से भी आयर्लैण्ड को वह चीज़ न मिली, जो वह चाहता था। फिर भी आयरी राष्ट्रवादी दल (स्वराज दल) पार्लमेण्ट में इस आशा से काम करता रहा कि शायद आगे सफलता मिल जाय। कुल मिलाकर इस दल पर आयर-निवासियों का भरोसा भी था। लेकिन बहुत लोग ऐसे भी थे, जिनका इन तरीक़ों पर से और ब्रिटिश पार्लमेण्ट पर से भरोसा उठ गया था। बहुत-से आयरवादी गन्दी राजनीति से नफ़रत करने लगे थे और सांस्कृतिक व हलचलों मे लग गये थे। बीसवीं सदी के शुरू में आयर्लैण्ड में संस्कृति फिर से जिन्दा हुई। खासकर देश की पुरानी भाषा गेली को, जो पश्चिमी देहाती ज़िलों मे अभीतक भरीपूरी थी, फिर से जिलाने का यत्न किया गया। इस गेली भाषा का भरा पूरा साहित्य था, लेकिन सदियों की अंग्रेज़ी हुकूमत ने इसे शहरों से निकाल दिया था और यह धीरे-धीरे गायब हो रही थी। आयरी राष्ट्रवादियों ने महसूस किया कि उनका राष्ट्र अपनी आत्मा और अपनी प्राचीन संस्कृति की रक्षा अपनी भाषा के वसीले से कर सकता है। इसलिए इन लोगों ने इसे पश्चिमी के गांवों में से खोज निकालने और एक जिन्दा भाषा बनाने के लिए कठोर परिश्रम किया। इस उद्देश्य के लिए एक गैलिक-लीग क़ायम की गई। हर जगह और खासकर पराधीन देशों मे, राष्ट्रीय आन्दोलन अपने देश की भाषा को अपना आधार बनाता है। जिस आन्दोलन की बुनियाद विदेशी भाषा पर होती है, वह न तो जनता तक पहुंच सकता है और न जड़ पकड़ सकता है। आयर्लैण्ड में अंग्रेजी भाषा विदेशी भाषा नहीं रह गई थी। इस भाषा को बहुत करके सभी समझते और बोलते थे। गेली भाषा से तो यह सचमुच ज्यादा चालू थी। इसपर आयरी राष्ट्रवादियों ने गेली भाषा को फिर से उठाना ज़रूरी समझा जिससे अपनी पुरानी सभ्यता से उनका रिश्ता न टूटने पाये।

उस समय आयर्लैण्ड में यह भावना फैली हुई थी कि मज़बूती अन्दर से आती है, बाहर से नहीं। पार्लमेण्ट के अन्दर की कोरी राजनैतिक कारवाईयों के बारे में भ्रम दूर हो रहा था और इसलिए ज्यादा मज़बूत नींव पर राष्ट्र के निर्माण के यत्न किये गए। बीसवीं सदी के शुरू का यह नया आयर्लैण्ड पुराने आयर्लैण्ड से बिलकुल अलग तरह का था, इसलिए इस नये उठाने का असर सारी दिशाओं में प्रकट होने लगा—साहित्य व संस्कृति की दिशाओं में, जैसा कि मैंने ऊपर बताया है,

और आर्थिक दिशा में भी, जहां किसानों की सहकारी आधार पर संगठन करने के सफल यत्न किये गए ।

लेकिन इन सबके पीछे थी आज़ादी की तड़प, और हालांकि ऐसा मालूम होता था कि ब्रिटिश पार्लमेण्ट के आयरी राष्ट्रवादी दल मे आयरी जनता का विश्वास था, लेकिन यह विश्वास डिग रहा था। जनता समझने लग गई थी कि ये लोग कोरे राजनैतिक हैं, जिन्हें भाषण देने का शौक है, लेकिन कुछ कर-धर सकने की ताकत नहीं है। पुराने फेनियनों का और स्वाधीनता में विश्वास करने-वाले दूसरे लोगों का तो इन पार्लमेण्टी लोगों में और इनके स्वराज में विश्वास था ही नहीं। अब नया और नौजवान आयर्लैण्ड भी पार्लमेण्ट से अपना मुंह मोड़ने लगा। अपने पांवों पर खड़े रहने की भावनाएं हवा में भर रही थीं; क्यों नहीं इन्हें राजनीति में भी लागू किया जाय ? हथियारों की बग़ावत के विचार लोगों के दिमाग़ों में फिर चक्कर काटने लगे। लेकिन अमली कार्रवाई की इस इच्छा को एक नया रूप दिया गया। आर्थर ग्रिफ़िथ नामक नौजवान आयर-निवासी ने एक नई नीति का प्रचार शुरू कर दिया । जो 'शिनफ़ेन' कहलाई। इसका अर्थ है 'हम खुद' ।

इन शब्दों से हमें उस नीति का पता चलता है, जो इस आन्दोलन के पीछे काम कर रही थी। शिनफ़ेनी चाहते थे कि आयर्लैण्ड अपने ऊपर भरोसा करें और इंग्लैण्ड से किसी तरह की मदद भी भीख न मांगे। ये लोग भीतर से राष्ट्र की शक्ति को खड़ा करना चाहते थे और गेली-आन्दोलन व संस्कृति को फिर से उठाने के समर्थक थे। राजनैतिक मैदान में ये उस समय चलनेवाली बेकार पार्लमेण्ट कार्रवाई को नापसन्द करते थे और उससे किसी तरह की उम्मीद नही रखते थे। साथ ही वे हथियारों की बग़ावत को मुमकिन नहीं समझते थे। ब्रिटिश सरकार से एक किस्म के असहयोग के जरिये ये पार्लमेण्ट कार्रवाई के बजाय 'सीधी कार्रवाई' का प्रचार करते थे। आर्थर ग्रिफ़िथ ने हंगरी की मिसाल पेश की जहां एक पीढ़ी पहले निष्क्रिय प्रतिरोध[१] की नीति सफल हो चुकी थी, और इंग्लैण्ड को मजबूर करने के लिए उसने इसी ढंग की नीति आयर्लैण्ड में भी बरती जाने की सिफ़ारिश की।

पिछले तेरह वर्षों मे भारत में हमारे सामने असहयोग के कई रूप आये हैं, और आयर्लैण्ड की इस मिसाल का मुकाबला अपने असहयोग से करना दिलचस्प बात है। तमाम दुनिया जानती है कि हमारे आन्दोलन का आधार अहिंसा रहा है। लेकिन आयर्लैण्ड के असहयोग की ऐसी कोई बुनियाद नहीं थी। फिर भी उस

[१] Passive Resistance—**यह असहयोग का ही दूसरा नाम है। बाय-काट भी इसीका अंग है। इसका अर्थ है सरकार से सब कामों में असहयोग करके मुकाबला करना। उर्दू में इसे अदम-तशद्दुद कहते हैं।**

पेश किये गए असहयोग की ताक़त शान्तिमय निष्क्रिय प्रतिरोध में ही थी। इस लड़ाई को भी बुनायदी तौर पर शान्तिमय ही रखने का इरादा था।

शिनफ़ेन के विचार धीरे-धीरे आयर्लैण्ड के नौजवानों में फैलने लगे। इन विचारों की वजह से आयर्लैण्ड में एकदम आग नहीं भड़की। अब भी बहुत-से लोग ऐसे थे, जिन्हें पार्लमेण्ट से उम्मीदें थीं, ख़ासकर इसलिए कि १९०६ ई० के चुनावों में उदार दल का फिर भारी बहुमत हो गया था। कामन्स-सभा में इस बहुमत के होते हुए भी उदार दल को लार्ड्स-सभा के अनुदार व एकतावादी दलों के स्थायी बहुमत का मुक़ाबला करना पड़ता था। इसलिए इन दोनों सभाओं में बहुत जल्द झगड़ा होगया। इस झगड़े का नतीजा यह निकला कि लार्डों की ताक़त कम कर दी गई। आर्थिक मामलों मे इनकी अड़ंगेबाजी का कामन्स-सभा इस तरह पार कर सकती थी कि लार्ड्स के ऐतराजी बिल को अपनी तीन लगातार बैठकों में पास करदे। इस तरह १९११ई० के पार्लमेण्ट क़ानून के ज़रिये उदार दल ने लार्ड्स-सभा के दांत तोड़ दिये। फिर भी लार्डों के हाथ में बहुत काफ़ी ताक़त बनी रही, जिससे वे कामन्स-सभा के काम को रोक सकते थे और उसमें अड़ंगा लगा सकते थे।

लार्डो के अटल विरोध का उचित इन्तज़ाम करके उदार दल ने फिर तीसरी बार होमरूल बिल पेश किया और कामन्स-सभा ने इसे १९१३ ई० में पास कर दिया। जैसी कि उम्मीद थी, लार्डो ने इसको नामंजूर कर दिया और फिर कामन्स-सभा ने इसे लगातार तीन बार पास करने की परेशानी उठाई। इस तरह १९१४ ई० मे यह बिल कानून बन गया और सारे आयर्लैण्ड पर, जिसमें अल्सटर भी शामिल था, लागू हो गया।

ऐसा जान पड़ता था कि आयर्लैण्ड को अन्त में स्वराज मिल ही गया, मगर इसमें बहुत-से अगर-मगर थे! जब १९१२-१३ ई० में पालमेण्ट होमरूल बिल पर बहस कर रही थी, तब उत्तरी आयर्लैण्ड में अजीब घटनाएं हो रही थीं। अल्सटर के नेताओं ने ऐलान कर दिया था कि वे स्वराज्य को नही मानेगे, और अगर इस का कानून पास भी हो गया वे तो उसका मुकाबला करेंगे। वे बग़ावत की बातें करने लगे और उसकी तैयारी भी शुरू कर दी। यह भी कहा गया कि वे स्वराज्य के खिलाफ लड़ने के लिए किसी विदेशी शक्ति की, मतलब यह कि जर्मनी की मदद मांगने में भी नहीं हिचकिचायंगे! यह खुली और बिना छिपाव की ग़द्दारी थी। इससे भी ज़्यादा मज़े की बात तो यह थी कि इंग्लैण्ड के अनुदार दल के नेताओं ने बगावत के इस आन्दोलन को आशीर्वाद दिया और बहुतों ने इसे मदद भी दी। मालदार अनुदार वर्गो की तरफ़ से अल्सटर में रुपया बरसने लगा। यह प्रकट था कि 'ऊंचा वर्ग' कहलानेवाले या शासक-वर्ग के लोग आमतौर पर अल्टसर के साथ थे, और इन्हीं वर्गो के अफ़सर भी थे। हथियार चोरी-छिपे आने लगे और स्वयंसेवकों

को खुल्लमखुल्ला क़वायद सिखाई जाने लगी। अल्सटर में एक कामचलाऊ सरकार भी बना दी गई, जो समय आने पर शासन की ज़िम्मेदारी संभाल ले। ग़ौर करने की दिलचस्प बात यह है कि अल्सटर के अगुआ बाग़ियों में पार्लमेण्ट का एक नामी अनुदार सदस्य एफ० ई० स्मिथ था, जो बाद मे लार्ड बरकनहैड हुआ और भारत सचिव रहा और जिसने दूसरे ऊंचे-ऊंचे ओहदो पर भी काम किया।

इतिहास में बग़ावतें अक्सर होनेवाली घटनाएं है और आयर्लैण्ड ने तो इनमे ख़ासतौर से अपना पूरा हिस्सा बंटा लिया है। फिर भी अल्सटर-विद्रोह की ये तैयारियां हमारे लिए ख़ास दिलचस्प की चीज हैं; क्योंकि इसे भड़कानेवाला दल वही दल था, जो अपनी संविधानी व पुरातन-पंथी खासियत पर घमंड करता था। यह वही दल था, जो सदा 'क़ानून और व्यवस्था' की दुहाई देता था और इस क़ानून और व्यवस्था के तोड़नेवालो को कठोर सजाएं देने का हामी था। लेकिन इसी दल के बड़े-बड़े सदस्य खुली गद्दारी की बातें करते थे और हथियारों की बग़ावत की तैयारी करते थे, और इसके सारे आम सदस्य पैसे की सहायता देते थे! यह भी ग़ौर करने की दिलचस्प बात है कि बग़ावत की यह तजवीज़ उस पार्लमेण्ट की सत्ता को चुनौती थी, जो होमरूल बिल पर विचार कर रही थी और जिसने बाद में इसे पास किया। इस तरह इस दल ने लोकतंत्र की जड़ पर ही कुल्हाड़ी चलाई और इससे अंग्रेज लोगों की वह पुरानी शेखी मिट्टी में मिल गई कि वे क़ानून के राज और संविधानी कार्रवाई में विश्वास रखते है।

१९१२-१४ ई० की अल्सटर-'बग़ावत' ने इन नक़ली दावों और लच्छेदार बातों का पर्दा फाड़ फेंका और सरकार व आधुनिक लोकतत्र का असली रूप प्रकट कर दिया। जबतक 'क़ानून और व्यवस्था' का मतलब यह था कि शासक-वर्ग की खास रियायतों व स्वार्थो की रक्षा होती रहे तबतक क़ानून और व्यवस्था पसंद की चीज़ें थे; जहांतक लोकतंत्र इन खास रियायतों व स्वार्थो में दखल नही देता था, वहांतक उसे बर्दाश्त किया जा सकता था। लेकिन अगर इन खास रियायतों पर कोई हमला होता, तो यह वर्ग लड़ने पर आमादा हो जाता। इस तरह 'क़ानून और व्यवस्था' सिर्फ़ एक चिकना-चुपड़ा फ़िक़रा था, जिसका अर्थ उनके लिए था उनके अपने स्वार्थ। इससे जाहिर हो गया कि ब्रिटिश सरकार असल में एक वर्ग की सरकार थी, जिसे पार्लमेण्ट का विरोधी बहुमत भी आसानी से नही हिला सकता था। अगर यह बहुमत ऐसा कोई समाजवादी कानून पास करने की कोशिश करता, जिससे इनकी खास रियायतों में कमी पड़ती तो लोकतंत्र के सिद्धान्तों के बावजूद ये उसके खिलाफ बग़ावत कर देते। इन बातों को ध्यान में रखना अच्छा है। क्योंकि ये बातें सब देशों पर लागू होती हैं, और यह अन्देशा है कि नेक फ़िक़रों और ढोल-ढमाकेदार शब्दों के माया-जाल में फंसकर कहीं हम असलियत को न भूल जायं।

इस बारे में दक्षिण अमेरिका के किसी गणराज्य, जहां अक्सर क्रान्तियां हुआ करती हैं, और इंग्लैण्ड, जहां एक टिकाऊ सरकार है, दोनों के बीच कोई बुनायादी फ़र्क़ नही है। टिकाऊपन सिर्फ़ इसीमे है, कि शासक-वर्गो ने अपनी जड़े मज़बूत जमाली है, कि अभी तक कोई दूसरा वर्ग इतना ताक़तवर नही हुआ, जो उन्हें हटा दे। १९११ ई० में लार्ड्स-सभा, जो इस वर्ग का एक गढ़ थी, कमज़ोर पड़ गई। इसपर यह वर्ग घबरा गया और अल्सटर का मामला बग़ावत का एक बहाना बन गया।

भारत में 'क़ानून और व्यवस्था' के जादूभरे शब्द तो हमारे साथ हर रोज़ और दिन में कई बार लगे रहते है। इसलिए इनका सही अर्थ समझ लेना हमारे लिए ज़रूरी है। हम यह भी याद रख लें कि हमारा एक नेक सलाहकार, यानी भारत-सचिव, अल्सटर की बग़ावत का एक नेता था।

इस तरह अल्सटर हथियारों और स्वयंसेवकों के साथ बग़ावत की तैयारी करने लगा और सरकार चुपचाप देखती रही। इन तैयारियों के खिलाफ़ कोई आर्डिनेन्स नहीं निकाले गये। कुछ समय बाद आयर्लैण्ड के बाक़ी हिस्से ने अल्सटर की नक़ल शुरू कर दी, लेकिन स्वराज के पक्ष में, और जरूरत पड़ने पर अल्सटर के खिलाफ लड़ने के लिए 'राष्ट्रीय स्वयंसेवकों' का संगठन शुरू कर दिया। इस तरह आयर्लैण्ड में मुक़ाबले की दो फौजें तैयार ही गई। अजीब बात तो यह है कि जिन ब्रिटिश अधिकारियों ने अल्सटर की बग़ावत के स्वयंसेवकों को हथियारबन्द होते हुए देखकर भी आंखे मूद ली थीं, वे ही 'राष्ट्रीय स्वयंसेवकों' को दबाने में बहुत ज्यादा चौकन्ने हो गये, हालाकि ये लोग होमरूल बिल के खिलाफ़ नही थे।

स्वयंसेवकों के इन दो संगठनों के बीच मुठभेड़ लाज़िमी मालूम होने लगी, और इसका अर्थ था गृह-युद्ध। उसी समय, १९१४ ई० के अगस्त मे, एक बड़ा युद्ध, यानी पहला महायुद्ध, छिड़ गया और उसके सामने बाकी सब चीज़ें फीकी पड़ गई। होमरूल बिल क़ानून ज़रूर बन गया, लेकिन उसमें यह शर्त लगा दी गई थी कि युद्ध के अन्त से पहले उसपर अमल नहीं किया जाय! इस तरह स्वराज पहले की तरह बहुत दूर की चीज़ बना रहा और युद्ध का अन्त होने से पहले तो आयर्लैण्ड में बहुत-कुछ हो जानेवाला था।

मैं जुदा-जुदा देशों की अपनी कहानी महायुद्ध की शुरुआत तक ला रहा हूं। आयर्लैण्ड मे भी हम इस मंजिल तक पहुंच चुके है, इसलिए फ़िलहाल आगे नहीं बढ़ेगे। लेकिन इस पत्र को खतम करने के पहले एक बात मैं तुम्हें ज़रूर बता देना चाहता हूं। अल्सटर की बग़ावत के नेताओं को उनकी हरकतों के लिए सज़ा देने के बजाय कुछ ही दिनों बाद ये इनाम दिये गए कि वे ब्रिटिश मंत्रि-मंडल में शामिल किये गए और ब्रिटिश सरकार में उन्हें ऊंचे ओहदे दिये गए।

: १४१ :

इंग्लैण्ड का मिस्र पर जबर्दस्ती क़ब्जा

११ मार्च, १९३३

अमेरिका से लम्बी छलांग मारकर और अतलाण्तिक महासागर पार करके हम आयर्लैण्ड पहुंच गये थे। अब हमें कूदकर एक तीसरे महाद्वीप अफ्रीका में, और ब्रिटिश साम्राज्यशाही के एक और शिकार मिस्र मे पहुंचना है। मैंने अपने कुछ पिछले पत्रों में मिस्र के प्राचीन इतिहास की कुछ चर्चाएं की थी। ये संक्षिप्त और बिखरी हुई थीं, क्योंकि मुझे खुद इस विषय की जानकारी नहीं है। पर, अगर मुझे इससे ज़्यादा मालूम भी होता तो भी यहांतक आकर अब मैं शुरू के युगों को वापस नही लौट सकता। हम आखिर उन्नीसवीं सदी की अपनी कहानी करीब-करीब खतम कर चुके है और बीसवीं सदी के दरवाजे पर आ गये हैं और हमें यहीं ठहरना है। यह नहीं हो सकता कि हम हमेशा कभी पीछे और कभी आगे चलते रहें। इसके अलावा भी अगर मैं हरेक देश के अतीत की कहानी लिखने की कोशिश करूं तो क्या ये पत्र कभी खतम हो सकेंगे ?

फिर भी मैं तुम्हें यह खयाल करने नहीं देना चाहता कि मिस्र की कहानी कुछ है ही नही। मिस्र की गिनती प्राचीन राष्ट्रों में है और इसका इतिहास दूसरे देशों के इतिहासों से पुराना है। इसके ज़माने में छोटी-मोटी सदियों मे नही बल्कि हज़ारों वर्षो के हिसाब से गिने जाते है। अद्‌भुत और हैरत में डालनेवाली बची-खुची निशानियां इसके प्राचीन अतीत की याद दिलाती हैं। पुरातत्व की खोजों के लिए मिस्र सबसे पहला और सबसे बड़ा मैदान रहा है; और जैसे-जैसे बालू के नीचे से पत्थर के स्मारक व दूसरी पुरानी निशानियां खोदकर निकाले गये, वे बहुत ही दूर के उन दिनों की कहानी कहने लगे जबकि वे बने ही थे। खुदाई और खोज का यह सिलसिला अभी तक जारी है और मिस्र के प्राचीन इतिहास में नई-नई बातें जोड़ता जाता है। फिर भी हम अभी तक यह नहीं कह सकते कि मिस्र का इतिहास कब से और कैसे शुरू होता है। क़रीब सात हज़ार वर्ष पहले ही नील के कांठे में सभ्य लोग रहा करते थे जिनके पीछे का लम्बा इतिहास था। ये लोग अपनी चित्र-लिपि में लिखा करते थे; वे मिट्टी के सुन्दर बर्तन और कलश, और सोने व तांबे के बर्तन, और हाथी-दांत व सेलखड़ी की नक़्काशीदार चीजें, बनाते थे।

कहा जाता है कि जब मकदूनिया के सिकन्दर ने ईसा पूर्व चौथी सदी में मिस्र को जीता था, उससे पहले ही इकत्तीस मिस्री राजवंश वहां राज कर चुके थे। इस चार या पांच हज़ार वर्ष के बहुत लम्बे ज़माने मे पुरुषों व स्त्रियों के कुछ अद्‌भुत नमूने सामने आते है, जो आज भी जीते-जागते से मालूम देते है—कर्मवीर

ब्रिटेन का मिस्र पर अधिकार



नर-नारियां, खूब इमारतें बनवानेवाले, सपनों की दुनिया मे रहनेवाले व विचारक महापुरुष, सूरमा, निरंकुश व अत्याचारी राजा, घमडी व अहकारी शासक, खूब-सूरत औरते। एक के बाद दूसरे हज़ार-साला ज़माने मे फ़रऊनों का लम्बा सिल-सिला हमारे सामने से गजर जाता है। स्त्रियो को पूरी आज़ादी थी और कुछ स्त्रियां राजगद्दी पर भी बैठी थी। इस देश में पुजारियो का बड़ा महत्व था और मिस्री लोग हमेशा भविष्य और परलोक की चिन्ता मे डूबे रहते थे। मिस्र के बड़े-बड़े पिरामिड, जिनकी तामीर बेगारी मज़दूरों ने की थी और जिनके बनाने मे इन मज़दूरों के साथ बड़ी बेरहमी की गई थी, एक तरह से फ़रऊनों के इसी भविष्य की तैयारी के वास्ते बनाये गए थे। मोमियाइयां भी लाश को भविष्य के लिए बचा-कर रखने का ही एक ढंग थी। ये सब बातें अधेरी कठोर और उदासीभरी जान पड़ती हैं। और फिर हमे आदमियों के बनावटी बाल भी मिलते है, क्योंकि ये लोग अपने सिर मुडाया करते थे! और बच्चे के खिलौने, जैसे गुड़ियां, गेदें और हाथ-पैर हिलानेवाले छोटे जानवर; जिन्हें देखकर हमे अचानक पुराने मिस्रियों के जीवन के इन्सानी पहलू की याद आ जाती है, और ऐसा मालूम होता है कि युगों को लांघकर वे हमारे नज़दीक आ गये है।

ईसा पूर्व छठी सदी में, यानी बुद्ध-काल के आस-पास, ईरानियों ने मिस्र को जीत लिया और इसे अपने लम्बे-चौड़े साम्राज्य का एक प्रान्त बना दिया, जो नील नदी से सिन्ध नदी तक फैला हुआ था। ये लोग हकामनी वंश के बादशाह थे, जिनकी राजधानी परसीपोल थी। इन्होंने यूनान को अपने क़ाबू मे करने की कोशिश की पर असफल रहे और अन्त में सिकन्दर ने इन्हें हरा दिया। ईरानियों के कठोर शासन से छुड़ानेवाले की तरह मिस्र ने सिकन्दर का स्वागत किया। सिकन्दरिया के रूप में सिकन्दर यहां अपनी यादगार छोड़ गया, और यह शहर विद्या और यूनानी संस्कृति का नामी केन्द्र बन गया।

तुम्हें याद होगा कि सिकन्दर की मृत्यु के बाद उसका साम्राज्य उसके सेना-पतियों मे बंट गया था और मिस्र तालमी के हिस्से में आया था। तालिमी वंश बहुत जल्द मिस्री ढांचे में ढल गया, और ईरानी तो ऐसा नही कर पाये थे, लेकिन तालिमियों ने मिस्री दस्तूरों को अपना लिया। ये लोग मिस्रियों की तरह आचार-व्यवहार करने लगे और उन्हें फ़रऊनों की पुरानी नस्ल का ही सिलसिला मान लिया गया। क्लियोपैत्रा तालमी वंश की आखिरी कड़ी थी। इसकी मृत्यु के बाद, ईसाई सन् शुरू होने के कुछ वर्ष पहले, मिस्र रोमन साम्राज्य का एक प्रान्त हो गया।

मिस्र ने रोम से बहुत पहले ईसाई मज़हब अपना लिया था। रोमनों ने इन मिस्री ईसाइयों पर बहुत अत्याचार किये, जिससे इन्हें भागकर रेगिस्तान मे छिपना

पड़ा। रेगिस्तान मे अनेक ख़ुफ़िया मठ पैदा हो गये और इन मठों में रहनेवाले साधुओं के चमत्कारों की अचरजभरी और रहस्यभरी कहानियां उस ज़माने के ईसाई-जगत् मे खूब फैल रही थी। बाद में जब सम्राट् कान्स्तेन्तीन ने ईसाई मज़हब क़बूल कर लिया, तब ईसाइयत रोमन साम्राज्य का सरकारी मजहब हो गई। तब इन मिस्री ईसाइयों ने भी ग़ैर-ईसाइयो पर, यानी पुराने मिस्री मज़हब को माननेवालों पर, बेरहम अत्याचार करके बदला चुकाने की कोशिश की। सिकन्दरिया अब विद्या का एक मशहूर ईसाई-केन्द्र हो गया, लेकिन राज्य-धर्म होने पर ईसाइयत कई फ़िरक़ों और दलों में बंट गई, जो सदा आपस मे झगड़ते रहते थे और प्रभुताई के लिए लड़ते रहते थे। ये खूनी कलह ऐसी दुखदायी चीज़ बन गई कि आम लोग इन सारे ईसाई फ़िरक़ों से बिल्कुल तंग आ गये। इसलिए सातवीं सदी में जब अरब लोग एक नया मज़हब लेकर आये, तो जनता ने उनका स्वागत किया। मिस्र और उत्तरी अफ्रीका को अरबों ने इतनी आसानी से फतह कर लिया, इसकी एक वजह यह भी थी। अब फिर ईसाइयों पर अत्याचार होने लगे और उनका बेरहमी से दमन होने लगा।

इस तरह मिस्र ख़लीफ़ा के साम्राज्य का एक प्रान्त बन गया। अरबी भाषा और अरबी संस्कृति तेज़ी से फैल गई; यहांतक कि पुरानी मिस्री भाषा का स्थान अरबी ने ले लिया। दो सौ वर्ष बाद, नवीं सदी मे, जब बग़दाद की खिलाफत कमज़ोर हुई तो मिस्र तुर्की हाकिमों के मातहत आधा-स्वाधीन देश हो गया। तीन सौ वर्षो बाद क्रूसेड-युद्धों का मुस्लिम वीर सलादीन मिस्र का सुल्तान बन बैठा। सलादीन के कुछ ही दिन बाद उसके एक वारिस ने कोह क़ाफ़ (काकेशस) प्रदेश से बहुत-से तुर्की गुलाम लाकर उन्हें अपने सिपाही बनाया। ये गोरे गुलाम ममलूक कहलाते थे। ममलूक का अर्थ है गुलाम। ये लोग फ़ौज के लिए बहुत सावधानी से चुने गये थे और बड़े सजीले जवान थे। कुछ ही वर्षो के अन्दर ये ममलूक विद्रोह कर बैठे और इन्होंने अपने ही एक आदमी को मिस्र का सुल्तान बना दिया। इस तरह मिस्र मे ममलूकों का राज शुरू हुआ, जो ढाई सौ साल रहा और आधे-स्वाधीन रूप मे इसके बाद करीब तीन सौ साल और भी चला। इस तरह विदेशी गुलामों की इस जमात ने मिस्र पर पांच सौ वर्षो से ज्यादा हुकूमत की। इतिहास में यह एक अद्वितीय और निराली घटना है।

ऐसा नहीं हुआ कि शुरू में आये हुए ममलूकों का कोई मौरूसी जाति या वर्ग मिस्र में बन गया हो। ये तो कोह क़ाफ़ की गोरी नस्लों के अच्छे-से-अच्छे गुलामों को छांटकर अपनी संख्या बढ़ाते रहते थे। कोहे क़ाफ़ी जातियां आर्य हैं, इसलिए ममलूक भी आर्य थे। ये विदेशी लोग मिस्र की धरती में पनप नहीं पाये और इनके कुटुम्ब कुछ पीढ़ियों के बाद ख़तम हो जाते थे। लेकिन चूंकि नये-नये

ममलूक आते रहते थे, इसलिए इस वर्ग की संख्या और ख़ासतौर पर इसकी ताक़त और इसकी जानदारी क़ायम रही। इस तरह, हालांकि इन लोगों का कोई मौरूसी वर्ग नही बन पाया, फिर भी इनका एक रईस-वर्ग और शासक-वर्ग बन गया जो बहुत लम्बे समय तक क़ायम रहा।

सोलहवीं सदी के शुरू में कुस्तुन्तुनिया के तुर्की उस्मानी सुलतान ने मिस्र को फ़तह कर लिया और ममलूक सुलतान को फासी पर लटका दिया। मिस्र उस्मानी साम्राज्य का एक प्रान्त बन गया। लेकिन ममलूक लोग फिर भी शासक रईस-वर्ग बने रहे। बाद में जब यूरोप में तुर्कों की ताक़त घट गई तब कहने को तो मिस्र उस्मानी साम्राज्य का हिस्सा बना रहा, लेकिन ममलूकों ने वहां खूब मन-मानी की। अठारहवीं सदी के अन्त मे जब नैपोलियन मिस्र पहुंचा, तो उसकी इन्हीं ममलूकों से मुठभेड़ हुई और उसने इन्हें हरा दिया। पिछले किसी पत्र में कही गई उस ममलूक सूरमा की कहानी तुम्हें याद होगी, जिसने अपना घोड़ा बढ़ाकर फ्रान्सीसी सेना के सामने जा खड़ा किया था और मध्य-युगों व वीर-काल के रिवाज़ के मुताबिक उनके नेता को जोड़े की लड़ाई के लिए ललकारा था।

अब हम उन्नीसवीं सदी तक आ गये। इस सदी के अगले हिस्से में मिस्र पर मुहम्मदअली का दबदबा रहा। यह अलबनी तुर्क था और मिस्र का हाकिम बन गया था। ये तुर्की हाकिम 'खदीव' कहलाते थे। मुहम्मदअली आधुनिक मिस्र का बानी माना जाता है। पहली बात तो उसने यह की कि ममलूकों को धोखे से तलवार के घाट उतारकर उनकी सत्ता का अन्त कर दिया। यह मिस्र मे एक अंग्रेजी फ़ौज को भी हराकर इस देश का मालिक बन बैठा और सिर्फ़ नाम के लिए ही तुर्की सुलतान की प्रभु-सत्ता को क़बूल करता रहा। इसने नई मिस्री फ़ौज तैयार की, जिसमें देहाती किसानों की भरती की गई (ममलूकों की नहीं)। इसने नई नहरें खुदवाई और कपास की खेती को बढ़ावा दिया, जो आगे जाकर मिस्र का सबसे बड़ा उद्योग हो गया। इसने यह धमकी भी दी थी कि वह कुस्तुन्तुनिया के नाम के मालिक को निकालकर इस शहर पर ही कब्ज़ा कर लेगा। लेकिन उसने ऐसा किया नहीं और सिर्फ़ सीरिया को मिस्र में मिला लिया।

मुहम्मदअली सन् १८४९ ई० में अस्सी वर्ष की उम्र मे मर गया। इसके उत्तराधिकारी पोच, फ़िज़ूलखर्च और निक़म्मे आदमी थे। लेकिन अगर वे ऐसे न होकर अच्छे भी होते तो भी उनके लिए अन्तर्राष्ट्रीय बौहारों के लालच का और यूरोपीय साम्राज्यशाही की हवस का मुक़ाबला करना कठिन होता। विदेशियों ने, ख़ासकर अंग्रेज और फ्रान्सीसी बौहरों ने, खदीवों को ज्यादातर उनके निजी खर्च के लिए बेहद ऊंची दरों पर रुपया उधार दिया और जब उसका ब्याज वक़्त पर अदा न हो सका तो जंगी-जहाज उसे वसूल करने के लिए आ धमके ! अन्तर्राष्ट्रीय

साज़िश की यह अनोखी कहानी है कि बौहरे और सरकारें किस तरह दूसरे देश को लूटने और दबाने के वास्ते आपस में मिली-भगत से काम करते हैं। कई खदीवों के निकम्मेपन के बावजूद भी मिस्र ने बहुत प्रगति कर ली थी; यहांतक कि एक बड़े अंग्रेजी अख़बार 'टाइम्स' ने जनवरी, १८७६ ई० के एक अंक मे लिखा था : "मिस्र प्रगति की एक चमत्कारी मिसाल है। इस देश ने सत्तर वर्षो में इतनी प्रगति कर ली है, जितनी दूसरे देशों ने पांच सौ वर्षो में की।" पर इस सबके बावज़ूद विदेशी बौहरे एक कौड़ी भी छोड़ने को तैयार नहीं हुए और यह दिखाकर कि देश दिवालियापन की तरफ़ दौड़ रहा है, उन्होंने विदेशी से दस्तन्दाज़ी की मांग की। विदेशी सरकारें, खासकर अंग्रेजी और फ्रान्सीसी सरकारे, तो दखल देने पर तुली बैठी थी। इन्हें तो सिर्फ़ कुछ बहाना चाहिए था, क्योंकि मिस्र ऐसा ललचाऊ निवाला था, जिसे छोड़ा नहीं जा सकता था, और फिर मिस्र भारत के रास्ते में भी पड़ता था।

इसी बीच स्वेज की नहर, जो बेगारी मज़दूरों से और बड़े वहशियाना तरीक़ों से बनवाई गई थी, १८६९ ई० में खुल गई। (यह जानकर तुम्हें दिलचस्पी होगी कि ईसा से १४०० वर्ष पहले पुराने मिस्र राज-वंशों के ज़माने में, इसी तरह की नहर लालसागर और भूमध्यसागर के बीच मे थी !) इस नहर के खुल जाने से यूरोप, एशिया और आस्ट्रेलिया की सारी आवा-जाई स्वेज से होकर गुज़रने लगी और मिस्र का महत्व और भी ज्यादा बढ़ गया। इंग्लैण्ड के लिए इस नहर पर और मिस्र पर काबू रखना परम महत्व की चीज़ हो गया; क्योंकि भारत और पूर्वी देशों में उसके बहुत ही गहरे स्वार्थ फंसे हुए थे। १८७५ ई० में इंग्लैण्ड के प्रधान मन्त्री डिजरेली ने दिवालिये खदीव के स्वेज नहर के हिस्सों को बहुत कम कीमत पर खरीदकर एक राजनैतिक चाल खेली। इन हिस्सों में पूंजी लगाना मुनाफ़े का कारोबार तो था ही, साथ ही ब्रिटिश सरकार का नहर पर बहुत काफ़ी दखल हो गया। मिस्र के बचे हुए हिस्से फ्रान्सीसी बौहरों ने ख़रीद लिये, इसलिए नहर के माली मामलों में मिस्र का कुछ भी दखल बाक़ी नहीं रह गया। इन हिस्सों से फ्रान्सीसियों ने और अंग्रेजों ने बेशुमार मुनाफ़े कमाये है और साथ-ही-साथ नहर पर कब्ज़ा रखकर मिस्र को अपनी मुट्ठी में दबाये रक्खा है। १९३२ ई० में सिर्फ़ ब्रिटिश सरकार को ४० लाख पौंड की मूल पूजी पर इस नहर से ३५ लाख पौंड का मुनाफ़ा रहा है !

यह लाजिमी था कि ब्रिटिश सरकार इस देश पर और ज्यादा दखल ज़माने की कोशिश करती, और इसलिए १८७९ ई० से इसने मिस्र के अन्दरूनी मामलों में बराबर दखल देना शुरू किया और अपने यहां के बौहरों के हाथों में सारा अधिकार दे दिया। बहुत-से मिस्रियों का इसपर नाराज़ होना लाज़िमी था और मिस्र को विदेशी दस्तन्दाज़ी से छुड़ाने पर तुला हुआ एक राष्ट्रवादी दल पैदा हो गया।

इस दल का नेता एक नौजवान सिपाही अरबीपाशा था, जिसका जन्म एक ग़रीब मज़दूर-परिवार में हुआ था और जो मिस्र की फ़ौज में मामूली सिपाही की तरह भरती हुआ था। धीरे-धीरे इसका ज़ोर बढ़ने लगा और यह मिस्र का युद्ध-मंत्री हो गया। इस हैसियत से इसने फ्रान्सीसी व ब्रिटिश मालिकों की हिदायतें मानने से इन्कार कर दिया। विदेशियों के तानाशाही हुक्म के आगे सिर न झुकाने का जवाब इंग्लैण्ड ने युद्ध से दिया, और १८८२ ई० मे अंग्रेजी बेड़े ने सिकन्दरिया शहर पर गोलाबारी की और उसे जला दिया। इस तरह पश्चिमी सभ्यता के बड़प्पन को ज़ाहिर करके और मिस्री सेनाओं को खुश्की पर भी हराकर अंग्रेजों ने अब मिस्र पर पूरा दखल जमा लिया।

इस तरह मिस्र पर अंग्रेजों के फ़ौजी कब्ज़े की शुरुआत हुई। अन्तर्राष्ट्रीय कानून के लिहाज़ से यह एक अनोखी स्थिति थी। मिस्र तुर्की सल्तनत का एक प्रान्त या हिस्सा था। इंग्लैण्ड का तुर्की से दोस्ती का रिश्ता माना जाता था, इसपर भी इंग्लैण्ड ने इतमीनान के साथ उसकी सल्तनत के एक हिस्से पर फ़ौजी कब्ज़ा जमा लिया और मिस्र में अपना एक एजेण्ट रख दिया। मुग़ल बादशाहों की तरह या भारत के वायसराय की तरह यह सबके ऊपर हुक्म चलाता था, यहांतक कि खदीव और उसके मंत्री भी इस ब्रिटिश एजेण्ट के आगे बेबस थे। मिस्र का पहला ब्रिटिश एजेण्ट मेजर बेरिंग था, जिसने मिस्र पर पच्चीस साल राज किया और जो बाद में लार्ड क्रोमर हो गया। क्रोमर ने मिस्र पर निरंकुश राजा की तरह राज किया। इसका सबसे पहला काम यह देखना था कि विदेशी बौहरों और पट्टे-दारो को मुनाफ़ों का भुगतान होता रहे। यह भुगतान बिना रोक-टोक होता रहा और मिस्र की माली हालत की मज़बूती की बड़ी तारीफ़ें की जाने लगी। भारत की तरह मिस्र के प्रशासन में भी कुछ चुस्ती पैदा की गई, लेकिन पच्चीस वर्ष ख़तम होने पर भी मिस्र का पुराना कर्ज़ उतना ही बना रहा, जितना शुरू में था। शिक्षा के लिए कुछ नही किया गया और क्रोमर ने तो एक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय का खोलना भी रोक दिया था। इसके रुख का पता इसके पत्र के एक वाक्य से चलता है, जो इसने १८९२ ई० मे उस समय के इंग्लैण्ड के प्रधान-मंत्री लार्ड सैलिसबरी को लिखा था : "खदीव कट्टर मिस्री बन रहा है !" किसी मिस्र-निवासी का मिस्री की तरह बर्ताव करना लार्ड क्रोमर की निगाह मे जुर्म था, जैसे किसी भारतवासी के भारतीय की तरह व्यवहार करने पर अंग्रेजों की त्यौरियां चढ़ जाती है और वे उसे सजा देते है।

मिस्र पर अंग्रेजों का यह कब्ज़ा फ्रान्सीसियों को नहीं सुहाता था, क्योंकि इस लूट मे उन्हें कोई हिस्सा नही मिला था। यूरोप की दूसरी शक्तियां भी इसे पसन्द नही करती थी, और यह कहने की जरूरत है ही नही कि मिस्री लोग तो

इसे बिल्कुल ही नही चाहते थे। ब्रिटिश सरकार हरेक से यही कहती थी कि परेशानी की कोई बात नही; हम तो मिस्र मे सिर्फ़ कुछ दिनों के लिए है और बहुत जल्द इस देश को छोड़कर चले जायंगे। ब्रिटिश सरकार ने सरकारी तौर पर और बाक़ायदा बार-बार यह घोषणा की कि वे मिस्र को खाली कर देगे। यह गंभीर घोषणा क़रीब पचास बार या इससे ज्यादा बार की गई; यहांतक कि इसकी गिनती याद रखना मुश्किल है। मगर फिर भी अंग्रेज लोग मिस्र में जमे रहे और अभी तक बने हुए है।[1]

१९०४ ई० में अंग्रेज़ों ने झगड़े के बहुत-से मामलों में फ्रान्सीसियों के साथ समझौता कर लिया। अंग्रेज़ इस बात पर राज़ी हो गये कि फ्रान्सीसी लोग मोरक्को मे जो चाहे करें; इसके बदले मे फ्रान्सीसी लोग मिस्र पर अंग्रेज़ों का फौजी कब्ज़ा मानने के लिए राज़ी हो गये। लेन-देन का यह आपसी सौदा अच्छा होगया, सिर्फ़ तुर्की से, जिसकी अभी तक मिस्र पर प्रभुता मानी जाती थी, कोई सलाह नही ली गई; और मिस्री लोगो से तो पूछने का कोई सवाल ही नहीं था!

इस ज़माने में मिस्र का एक और पहलू यह था कि मिस्री अदालतों को विदेशियों के ख़िलाफ़ कार्रवाई करने या मुक़दमे सुनने का अधिकार नहीं था। ये अदालतें इस काम के लायक नही समझी जाती थी और विदेशियो को हक़ था कि उनके मुक़दमे उन्हीकी अदालतों में चलाये जायं। इसलिए 'अधिकार-क्षेत्र के बाहर'[2] कहलानेवाली अदालतें पैदा हो गई, जिनमे विदेशी न्यायाधीश होते थे और जिनके दिलों मे विदेशियों के हित रहते थे। इनमे से एक कट्टर विदेशी न्यायाधीश ने इन अदालतो के बारे मे लिखा है—"इन अदालतों के न्याय ने विदेशी गुट्ट की, जो देश को चूस रहा था, अद्भुत सेवा की।" मेरा खयाल है कि मिस्र के विदेशी निवासी ज़्यादातर टैक्सों से भी बरी हो जाते थे। क्या ही मौज की स्थिति थी! टैक्सों से बरी रहना, जिस देश मे रहे वहां के क़ानूनो और अदालतों के दायरे से बाहर रहना, और साथ ही उस देश के शोषण की हरेक सहूलियत मिलना!

इस तरह इंग्लैण्ड मिस्र पर राज करता था और शोषण करता था और उसके एजेण्ट और प्रतिनिधि अपनी रेज़ीडेन्सियो मे निरंकुश बादशाहों की तरह पूरी शान-शौक़त और तड़क-भड़क से रहते थे। ऐसी हालत में यह होना ही था कि राष्ट्रीयता की भावना और सुधार के आन्दोलन ज़ोर पकड़ते। उन्नीसवी सदी का सबसे मशहूर मिस्री सुधारक जमालुद्दीन अफ़ग़ानी था। यह मजहबी नेता था,

[1] **आखिरकार अगस्त १९३६ ई० में मिस्र की स्वाधीनता स्वीकार कर ली गई और अंग्रेजी फ़ौजें वहां से हटा ली गईं।**

[2] Extra-Territorial

इस्लाम को आधुनिक हालतों के सांचे में ढालकर आधुनिक बना देना चाहता था। यह प्रचार करता था कि हर तरह की प्रगति का इस्लाम के साथ मेल बिठाया जा सकता है। इस्लाम को आधुनिक रूप देने की इसकी कोशिश जड़ मे उसी तरह की थी, जैसी कोशिशे भारत मे हिन्दू-धर्म को आधुनिक बनाने के लिए की गई है। इन कोशिशों का आधार यह होता है कि कुछ पुराने बुनियादी उपदेशों को पकड लेना और पुराने दस्तूरों व मजहबी उसूलो के नये अर्थ लगाना और उनकी नई व्याख्या करना। इस ढंग से आधुनिक ज्ञान पुराने मज़हबी ज्ञान का एक किस्म का नया हिस्सा या उसपर टीका बन जाता है। मगर यह ढंग वैज्ञानिक ढग से बिल्कुल जुदा है, क्योंकि वैज्ञानिक ढंग तो किसी बात पर अड़ता नही और बेधड़क आगे बढ़ता है। कुछ भी हो, जमालुद्दीन का प्रभाव सिर्फ़ मिस्र में ही नहीं बल्कि दूसरे अरबी देशों में भी बहुत बढ़ा-चढ़ा था।

विदेशी व्यापार के विकास के साथ-साथ मिस्र में एक नया मध्यम-वर्ग पैदा हो गया और यह वहां की नई राष्ट्रीयता की रीढ़ बन गया। आज के मिस्री नेताओ मे एक सबसे बड़ा नेता सैद जगलुलपाशा इसी वर्ग का था। मिस्र में ज्यादा-तर मुसलमानों की आबादी है, लेकिन वहां कॉप्ट लोग, जो ईसाई है, अब भी काफ़ी संख्या में है। ये कॉप्ट लोग पुराने मिस्रियों की सबसे खालिस नस्ल के है। नये मध्यम-वर्ग में मुसलमान भी थे और कॉप्ट भी, और यह बड़ी अच्छी बात थी कि इन दोनों में कोई वैर-भाव नही था। अंग्रेज़ों ने इन दोनों मे फूट डलवाने की कोशिश की, लेकिन उन्हें बिल्कुल सफलता नही मिली। अंग्रेज़ों ने राष्ट्रवादी दल में भी फूट डलवाने की कोशिश की। कभी-कभी भारत की तरह मिस्र में भी इन्हें कुछ उदार-वादी मिल जाते थे, जो इनके साथ सहयोग करते थे। लेकिन इसके बारे मे मै तुम्हें ज्यादा बातें किसी आगे के पत्र में लिखूगा।

जब अगस्त, १९१४ ई० में महायुद्ध शुरू हुआ तब मिस्र की यही स्थिति थी। तीन महीने बाद इंग्लैण्ड, फ्रान्स और इनके मित्र-राष्ट्रों के खिलाफ़ तुर्की जर्मनी से मिल गया। इसपर इग्लैण्ड ने मिस्र को सचमुच ही ब्रिटिश साम्राज्य में शामिल कर लेने का फैसला कर लिया। लेकिन इसमें कुछ दिक़्क़तें पैदा हो गई। सो शामिल करने के बजाय मिस्र पर इंग्लैण्ड की सरपरस्ती का ऐलान कर दिया गया।

इतना हाल तो मिस्र का अब काफ़ी है। उन्नीसवी सदी के पिछले वर्षो मे अफ्रीका का बाक़ी हिस्सा भी यूरोपीय साम्राज्यशाही का शिकार हो गया। इस ख़ूब बड़े महाद्वीप पर ज़बर्दस्त झपट मच गई और यूरोपीय शक्तियो ने इसे आपस मे बांट लिया। ये लोग गिद्धों की तरह इसपर टूट पड़े और कभी-कभी इनमें आपस में दो-दो चोंचें भी हो जाती थी। कोई किसीकी रोकथाम करनेवाला न था, लेकिन १८९६ ई० में इटली अबीसीनिया से हार गया। अफ्रीका पर ज्यादातर अंग्रेजों

और फ्रान्सीसियों का क़ब्ज़ा था और कुछ हिस्से बेलजियम, इटली और पुर्तगाल के क़ब्ज़े मे थे। जर्मनों का भी युद्ध में हारने के पहले यहां पौवा था। स्वाधीन राज्य सिर्फ दो रह गये थे—पूर्व में अबीसीनिया और पश्चिमी किनारे पर छोटा-सा लाइबेरिया। मोरक्को मे फ्रान्स और स्पेन का ज़ोर था।

इन बड़े-बड़े प्रदेशों पर किस तरह क़ब्ज़ा किया गया, इसकी कहानी तो बहुत लम्बी और भयंकर है और अभी वह खतम भी नहीं हुई है। इस महाद्वीप को निचोड़ने के लिए, खासकर रबड़ निकालने के लिए, जो साधन काम मे लाये गए, वे इससे भी बुरे थे। कई वर्ष हुए, बेलजियम कांगों में किये गए अत्याचारों के बयानों से सभ्य कहलानेवाले संसार मे आतंक व क्षोभ की लहर फैल गई थी। 'काले आदमियों का बोझ' बड़ा भयानक रहा है।

जहांतक अफ्रीका के भीतरी भागों का ताल्लुक है, उन्नीसवी सदी के पिछले हिस्से तक यह देश, जिसे 'अंधेरा महाद्वीप' कहा जाता है, क़रीब-क़रीब एक अनजाना प्रदेश था। इस अनजाने भू-खंड का सही नक़शा बनाने के लिए इसके एक छोर से दूसरे छोर तक कितनी ही जोखिम-भरी व जीवट की यात्राएं की गई। स्काटलैण्ड का एक मिशनरी, डेविड लिविंग्स्टन, इस देश का सबसे बड़ा खोजी था। वर्षो तक वह इस मुल्क में पता नही कहां गायब रहा, और बाहर की दुनिया को उसकी कुछ खबर न मिली। इसके नाम के साथ-साथ हेनरी स्टेनली का भी नाम मशहूर है। यह एक पत्रकार और खोजी था, जो डेविड लिविंग्स्टन की तलाश में निकला था और अन्त में इसने उसे महाद्वीप के भीतरी हिस्से में खोज निकाला।

: १४२ :

तुर्की 'यूरोप का बीमार' कहलाता है

१४ मार्च, १९३३

मिस्र से भूमध्यसागर पार करके टर्की पहुंच जाना एक छोटा और आसान क़दम है। उन्नीसवी सदी में यूरोप में उस्मानी तुर्को का साम्राज्य धीरे-धीरे टूटता चला गया। पतन का यह सिलसिला इससे पहले की सदी में ही शुरू हो चुका था। शायद तुम्हें याद होगा कि मैंने वियेना की 'तुर्की की घेराबन्दी' का ज़िक्र किया था और यह बताया था कि कुछ समय तक तुर्को की तलवार के सामने यूरोप किस तरह थर्रा उठा था। पश्चिम के पाक ईसाई तुर्को को 'खुदा का क़हर' समझते थे, जो ईसाई-संसार को उसके पापों की सज़ा देने के लिए भेजा गया था। लेकिन वियेना के दरवाज़े पर तुर्को की पूरी हार के बाद मामला उलट गया और तबसे तुर्को को यूरोप में अपने बचाव की फिक्र लग गई। दक्षिण-पूर्वी यूरोप की कई

यूरोप में तुर्की का आख़िरी आधार



राष्ट्रीय क़ौमें, जिन्हें इन्होंने दबा रक्खा था, इनके लिए इतने सारे कांटे बन गई थी। इन कौमो को हज़म करने की कोई कोशिश नही की गई; और अगर कोशिश की भी गई होती तो शायद यह सम्भव नही था क्योंकि राष्ट्रीयता की भावना तुर्को के कठोर शासन से टकराने लगी थी। उत्तर-पूर्व मे ज़ारशाही रूस दिन-दिन फैलता जा रहा था और तुर्की प्रदेशों में घुसने के लिए ज़ोर लगा रहा था। वह तुर्को का पुश्तैनी और हमेशा का दुश्मन बन गया और क़रीब दो सौ वर्षो तक उनसे रुक-रुककर युद्ध करता रहा, जब कि तक ज़ार और सुलतान दोनों अपने साम्राज्यों समेत एक ही साथ ख़तम न हो गये।

साम्राज्यों की तरह उस्मानी साम्राज्य काफ़ी दिनों तक क़ायम रहा। एशिया कोचक में बहुत दिन बना रहने के बाद, १३६१ ई० में इसकी बुनियाद यूरोप में पड़ी। हालांकि क़ुस्तुन्तुनियां १४५३ ई० तक तुर्को के हाथ में नही आया, लेकिन आस-पास का सारा प्रदेश इसके बहुत पहले ही उनके अधीन हो गया था। पश्चिमी एशिया में तैमूर के अचानक भड़ाके ने, और १४०२ ई० में उसके हाथों अंगोरा में तुर्की सुलतान की बुरी तरह पराजय ने, कुस्तुन्तुनिया को कुछ दिनों के लिए तुर्को से बचा दिया। लेकिन तुर्क फिर बहुत जल्दी जोर पकड़ गये। १३६१ ई० से लगाकर हमारे ज़माने में उस्मानी साम्राज्य के अन्त तक, साढ़े पांचसौ से ज्यादा वर्ष हो गये हैं, और यह समय काफ़ी लम्बा है।

फिर भी मध्य-युगों के अन्त के बाद यूरोप में जो नई हालतें बनती जा रही थी, उनके साथ तुर्को का मेल बिल्कुल नहीं बैठता था। व्यापार और वाणिज्य बढ़ रहे थे और यूरोप के कारख़ानेवाले शहरों में उत्पादन की व्यवस्था बड़े पैमाने पर की जा रही थी। तुर्को को इस तरह की चीज़ों में कोई दिलचस्पी नहीं थी। ये तुर्क लोग जवांमर्द सिपाही होते थे, सख्त लड़ाके और अनुशासन-पसंद होते थे, जो फ़ुर्सत के वक्त मस्त रहते थे, पर भड़कने पर खूंख़ार और निर्दयी बन जाते थे। हालांकि ये शहरों में बस गये थे और उन्हें आलीशान इमारतों से सजा देते थे, फिर भी उनमें उनका पुराना घुमक्कड़ी ढंग कुछ बाक़ी था और वे अपने जीवन को उसी ढंग पर ढालते थे। तुर्को के अपने वतन में शायद यही ढंग सबसे ज्यादा माक़ूल था, लेकिन यूरोप या एशिया-कोचक की नई हालतों से बिल्कुल मेल नहीं खाता था। तुर्को ने अपने-आपको इन नये चौगिर्दो के मुताबिक ढालना मंजूर नही किया, इसलिए दोनों अलग-अलग ढांचों में बराबर टक्कर होती रही।

उस्मानी साम्राज्य तीन महाद्वीपों—यूरोप, एशिया व अफ़्रीका को मिलाता था; पूर्व और पश्चिम के बीच के सारे तिजारती रास्ते इसीमें होकर गुज़रते थे। अगर तुर्को में व्यापार की तरफ़ रुझान होता और इसके लिए जरूरी योग्यता होती, तो ये अपनी इस सहूलियत की स्थिति से फ़ायदा उठाकर एक बड़ा व्यापारी

राष्ट्र बन सकते थे। लेकिन इनमें इस तरह की कोई रुचि या योग्यता नहीं थी, और वे इस व्यापार को जान-बूझकर रोकते थे; शायद इसलिए कि वे दूसरों को इससे फ़ायदा उठाते हुए देखना पसन्द नहीं करते थे। पुराने तिजारती रास्तों का इस तरह बन्द किया जाना भी एक सबब था, जिससे यूरोप की जहाज़ी और व्यापारी क़ौमों को पूर्वी देशों के लिए नये रास्ते तलाश करने पर मजबूर होना पड़ा। इसी के नतीजे से कोलम्बस ने पश्चिम के डायज़ और वास्को-दे-गामा ने पूर्व के नये रास्ते खोज निकाले। लेकिन तुर्क लोग इन सब बातों की तरफ से बिल्कुल बेपरवाह रहे और अपने साम्राज्य पर अनुशासन और फौजी मुस्तैदी के बल पर राज करते रहे। नतीजा यह हुआ कि उस्मानी साम्राज्य के यूरोपीय भाग में व्यापार की व दौलत पैदा करनेवाली हलचलें धीरे-धीरे ख़तम हो गईं। नस्ली और मज़हबी झगड़ा भी कुछ हद तक इसका कारण था। तुर्कों को और बलकान की ईसाई क़ौमों को आपसी पुरानी मज़हबी दुश्मनी क्रूसेडों के समय से, और उसके भी पहले से, विरासत में मिली थी। नई राष्ट्रीयता के बढ़ने से यह आग और भी भड़क गई और बराबर झगड़े रहने लगे। उस्मानी सल्तनत के यूरोपीय हिस्से किस तरह नीचे गिरते गये इसकी एक मिसाल देता हूं। जब यूनान १८२९ ई० में तुर्कों से आज़ाद हुआ तब एथेन्स का मशहूर पुराना शहर सिर्फ़ दो हज़ार की आबादी का गांव रह गया था। (आज अब सौ वर्ष बाद, इस शहर की आबादी पांच लाख से ऊपर है।)

व्यापार की व दौलत पैदा करनेवाली इन हलचलों के बन्द होने से अन्त में खुद तुर्की के शासकों को नुक़सान पहुंचा। जब साम्राज्य के हाथ-पांव कमज़ोर और ढीले पड़ गये, तब साम्राज्य का दिल भी कमज़ोर और रोगी हो गया। वास्तव में यह ताज्जुब की बात है कि इन सब लड़ाई-झगड़ों और कठिनाइयों के होते हुए भी यह साम्राज्य इतने दिनों तक टिका रहा।

कई सौ वर्षों तक उस्मानी सुल्तानों की मज़बूती 'जांनिसारियों' के सबब से रही। यह तुर्की सिपाहियों की एक फ़ौजी टुकड़ी थी, जिसमें ईसाई गुलाम भरती किये जाते थे और उन्हें लड़कपन से ही बड़ी होशियारी के साथ तालीम दी जाती थी। इन जांनिसारियों से हमें मिस्र के ममलूकों की याद आ जाती है; लेकिन इन दोनों में फर्क़ था। हालांकि ये लोग तुर्की फ़ौज के सबसे बढ़िया सिपाही थे, लेकिन मिस्र के ममलूकों की तरह कभी सत्ताधारी नहीं हुए। ममलूकों की तरह इनकी भी कोई पुश्तैनी जाति नहीं बनी। ये लोग गुलाम तो थे, लेकिन चहेते समझे जाते थे और इन्हें ऊंची जगहें और ऊंचे ओहदे खास तौर पर दिये जाते थे। लेकिन इनकी औलाद आज़ाद मुसलमान बन गई और बहुत दिनों तक वे इस चहेती टुकड़ी में नहीं रह सके, क्योंकि यह गुलामों ही के लिए थी। इसमें सिर्फ़ नये गोरे ईसाई गुलाम

ही भरती किये जाते थे। ये बातें आज कितनी अनोखी मालूम होती हैं! लेकिन याद रहे कि उस जमाने में इस्लामी देशों में ग़ुलाम शब्द का ठीक वैसा ही अर्थ नहीं लिया जाता था जैसा आजकल लिया जाता है। ग़ुलाम लोग अक्सर ज़ाब्ते और क़ानून के लिहाज से तो गुलाम होते थे, लेकिन वे ऊंचे-से-ऊंचा ओहदा हासिल कर सकते थे। तुम्हें दिल्ली के गुलाम बादशाहों का तो ध्यान होगा ही। मिस्र का सुल्तान सलादीन भी शुरू में गुलाम ही था। मालूम होता है तुर्कों का यह खयाल था कि शासक-वर्ग को ज्यादा-से-ज्यादा मुस्तैद बनाने के लिए उन्हें हर तरह की पूरी तालीम देनी चाहिए। तुर्क लोग यह जानते थे, जैसा कि हरेक शिक्षक जानता है कि तालीम देने का सबसे अच्छा समय बचपन से कुछ साल बाद तक हुआ करता है। मुसलमान प्रजा के बच्चों को छीन लेना और उनको अपने माता-पिता से बिल्कुल अलग कर देना, या ग़ुलाम बना लेना, शायद आसान नहीं था। इसलिए ये लोग छोटे-छोटे ईसाई लड़कों को पकड़ लेते थे और उन्हें सुल्तान के महल के ग़ुलामों में भरती करके बड़ी कड़ी तालीम देते थे। अलबत्ता ये छोटे लड़के बड़े होकर मुसलमान हो जाते थे।

ख़ुद सुल्तान लोग भी इसी ढंग से पाले जाते थे। सुल्तानो की शादियां मामूली ढग से नही होती थी। सावधानी से चुनी हुई गुलाम लड़कियां उनके महलों में भेज दी जाती थी और वे ही इनके बच्चो की मां होती थीं। अठारहवीं सदी की शुरुआत तक जितने सुलतान हुए, वे सब ग़ुलाम माताओं की ही सन्तान थे, और उन्हें उसी तरह की कड़ी तालीम और कठोर अनुशासन से गुज़रना पड़ता था, जैसी कुनबे के किसी दूसरे ग़ुलाम को।

ग़ुलामों को इस तरह होशियारी से छांटने में और सुल्तान से लगाकर नीचे तक उनके अनुशासन में और ख़ास कामों की तालीम मे कुछ विज्ञान जैसा तरीक़ा था। इसके नतीजे से कुछ ख़ास दायरों में किसी हद तक मुस्तैदी ज़रूर आ गई थी; नये गुलामों से बराबर ताजी नस्ल मिलती रहती थी, जिससे कोई पुश्तैनी शासक-वर्ग नहीं बन सका। शायद इस साम्राज्य की शुरू में मज़बूती इसी ढांचे पर निर्भर थी। लेकिन यह चीज यूरोपीय या एशियाई हालतों से बिलकुल मेल नहीं खाती थी। यह ढांचा सामन्ती-ढांचे से बिल्कुल अलग तरह का था, और यह उस पद्धति से तो और भी अधिक भिन्न थी, जो यूरोप में सामन्तशाही की जगह ले रही थी। इस ढांचे के भीतर और व्यापार व वाणिज्य के बहुत-कुछ अभाव में, कोई असली मध्यम-वर्ग पनप न सका। सोलहवी सदी के अन्त में, जब ग़ुलाम कुनबे में पुश्तैनी तत्व आ गया और कुनबे के लोगों के पुत्र उसमें बने रहकर अपने पिताओं की ही तरह की जिन्दगी अपना सकते थे, तब इस ढांचे में शुरू का ख़ालिसपन क़ायम नहीं रह सका। दूसरी कई बातों में भी यह ढांचा धीरे-धीरे ढीला पड़ गया। लेकिन

ज़मीन तो बनी ही रही और इसकी वजह से सदियों के नज़दीकी रब्त-ज़ब्त के बावजूद तुर्की यूरोप से बिल्कुल अलग तरह का और उससे बेगाना बन गया। ख़ुद तुर्की के अन्दर ही वहां की विदेशी जातियां अपने-अपने क़ानूनों और जमातों को लिये हुए एक-दूसरी से बिल्कुल विलग बनी रहीं।

इस अनोखे और पुराने तुर्की ढांचे के बारे मे मैंने तुमको इतना ज्यादा इसलिए बताया है कि यह बिल्कुल निराला था और इसने उस्मानी साम्राज्य का रूप बनाने में मदद पहुंचाई। अलबत्ता अब इसका कोई निशान नही रहा है; यह इतिहास की बात हो गई है।

तुर्की के पिछले दोसौ वर्षों का इतिहास लगातार बढ़े चले आनेवाले रूसियों के ख़िलाफ और अधीन क़ौमों के विद्रोह के खिलाफ़ लड़ाइयों का इतिहास है। यूनान, रूमानिया, सर्विया, बलगारिया, मॉन्तिनीग्रो, बोसनिया, ये सब बलकानी देश थे और उस्मानी साम्राज्य के अंग थे। हम देख चुके है कि इग्लैण्ड, फ्रान्स और रूस की मदद से १८२९ ई० में यूनान उस्मानी साम्राज्य से अलग हो गया था। रूस स्लाव लोगों का देश है, और बलगारिया और सर्विया भी इसी नस्ल के हैं। ज़ारशाही रूस ने यह दिखाना चाहा कि वह इन बलकानी स्लावों का रक्षक और हिमायती है। लेकिन रूस का असली दांत तो कुस्तुन्तुनिया पर लगा था और उसकी कूटनीति का सारा लक्ष्य यही था कि अन्त में साम्राज्य की यह पुरानी राजधानी उसके क़ब्ज़े में आ जाय, क्योंकि जार अपनेको बिजैन्ती सम्राटों का उत्तराधिकारी समझता था। १७३० ई० में रूसी-तुर्की युद्धों का सिलसिला शुरू हुआ और ये युद्ध बीच-बीच में कुछ दिनों की शान्ति के अलावा, १७६८, १७९२, १८०७, १८२८, १८५३, १८७७ ई० में और अन्त मे १९१४ ई० मे होते रहे। १७७४ ई० में रूस ने तुर्की से क्रीमिया छीन लिया और वह काला सागर तक जा पहुंचा। लेकिन इससे कोई ज्यादा फायदा नहीं हुआ; क्योंकि काला सागर तो बोतल की तरह बन्द है, जिसके मुंह पर कुस्तुन्तुनिया की डाट लगी है। १७९२ और १८०७ ई० मे रूसी सरहद कुस्तुन्तुनिया की तरफ बढ़ती गई और तुर्की सरहद पीछे खिसकती गई। जब यूनान का स्वाधीनता-युद्ध चल रहा था और तुर्क लोग इसमें फंसे हुए थे, तब ज़ार ने उनपर हमला करके इस मौके से फ़ायदा उठाना चाहा। अगर इंग्लैण्ड और आस्ट्रिया बीच में न पड़ जाते, तो जार ने कुस्तुन्तुनिया जीत लिया होता।

इंग्लैण्ड और आस्ट्रिया ने तुर्की को रूस से क्यों बचाया? तुर्की से कोई प्यार होने की वजह से नहीं, बल्कि रूस की मुकाबलेदारी और उसके डर की वजह से। मैं पहले बता चुका हूं कि इंग्लैण्ड और रूस के बीच एशिया में और दूसरी जगहों

में, पुश्तैनी लाग-डांट थी। ख़ासकर भारत पर क़ब्ज़ा होने की वजह से अंग्रेज़ लोग ठेठ रूसी सरहद तक पहुंच गये थे और इनके ऊपर हरदम यह दहशत सवार रहती थी कि ज़ारशाही रूस भारत का न जाने क्या कर डाले। इसलिए अंग्रेज़ों की यह नीति थी कि रूस के रास्ते में रुकावटें डालते रहें और उसे अपनी ताक़त न बढ़ाने दें। अगर कुस्तुन्तुनिया पर रूस का क़ब्ज़ा हो जाता तो उसे भूमध्य-सागर में एक बढ़िया बन्दरगाह मिल जाता और वह भारत के जानेवाले रास्ते के पास जंगी-जहाज़ों का बेड़ा रख सकता था। यह बहुत बड़ा ख़तरा था, इसलिए इंग्लैण्ड ने हर बार रूस को, तुर्की को कुचल डालने से, रोका। रूस को दूर रखने मे आस्ट्रिया का भी स्वार्थ था। आस्ट्रिया आज नन्हा-सा देश है, लेकिन कुछ साल पहले यह बलकान प्रायद्वीप से सटा हुआ एक बड़ा साम्राज्य था और चाहता था कि जब तुर्की टूक-टूक हो जाय तो वह खुद बालकानी देशों में काफ़ी बड़ा हिस्सा दबा ले। इसलिए रूस का दूर रखना इसके लिए ज़रूरी था।

बेचारे तुर्की की बुरी हालत थी। इसके ये ताकतवर पड़ौसी इसी इन्तज़ार में थे कि तुर्की को कुछ हो जाय कि ये उसपर टूट पड़ें और उसके टुकड़े-टुकड़े कर डालें। १८५३ ई० मे तुर्की का ज़िक्र करते हुए रूस के ज़ार ने ब्रिटिश राजदूत से कहा था : "हमारे हाथ में एक बीमार है—वह बहुत ज़्यादा बीमार है...। यह किसी समय अचानक हमारी गोद में मर सकता है...।" यह फ़िकरा मशहूर हो गया और तुर्की तबसे 'यूरोप का बीमार' कहा जाने लगा। लेकिन इस बीमार को मरते-मरते बहुत लम्बा समय लग गया।

उसी साल, १८५३ ई० में, ज़ार ने 'बीमार' का सफाया करने की दूसरी कोशिश की। इसके कारण क्रीमिया का युद्ध हुआ, जिसमें इंग्लैण्ड और फ्रान्स ने रूस को रोक दिया। इक्कीस वर्ष बाद, १८७७ ई० में जार ने तुर्की पर फिर हमला किया और उसे हरा दिया; लेकिन फिर विदेशी दस्तन्दाज़ी की वजह से तुर्की किसी हद तक बच गया; कम-से-कम कुस्तुन्तुनिया रूस के हाथ नहीं लगा। तुर्की के भाग्य का निपटारा करने के लिए १८७८ ई० में बर्लिन में एक मशहूर अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन हुआ। इसमें बिस्मार्क शामिल था और डिजरेली भी, और यूरोप के कितने ही राजनीतिज्ञ नेता भी। इन लोगों ने एक-दूसरे को धमकियां दीं और एक-दूसरे के खिलाफ़ साजिशें कीं। मालूम होता है इंग्लैण्ड तो रूस से युद्ध छड़ने ही वाला था कि रूस ने घुटने टेक दिये। बर्लिन की संधि के परिणाम-स्वरूप बलगारिया, सर्बिया, रूमानिया और मान्तिनीग्रो के बलकानी देश स्वाधीन हो गये। आस्ट्रिया ने बोस्निया व हैरत्सैगोविना पर क़ब्जा कर लिया (कहने को ये तुर्की की सत्ता के ही अधीन रहे)। और कुछ हद तक तुर्की का साथ देने के बदले में इंग्लैण्ड ने साइप्रस का टापू उससे उजरत के तौर पर ले लिया।

दूसरा रूसी-तुर्की युद्ध छत्तीस वर्ष बाद, १९१४ ई० में, महायुद्ध के सिलसिले मे हुआ।

इस बीच तुर्की मे बहुत परिवर्तन हो रहे थे। १७७४ ई० में रूस के हाथ पूरी पराजय से तुर्कों को पहला धक्का लगा और वे महसूस करने लगे कि बाकी का यूरोप उनसे आगे निकला जा रहा है। जंगी राष्ट्र होने के नाते सबसे पहले इनका ध्यान फ़ौज को आधुनिक ढंग पर लाने की तरफ़ गया। कुछ हद तक यह काम हुआ और सेना के नये अफ़सरों के जरिये से ही तुर्की में पश्चिमी विचार घुस आये। जैसा मैंने तुमको बताया है, तुर्की में कोई ज्यादा मध्यम-वर्ग नहीं था, और न कोई दूसरा ही संगठित वर्ग था। १८५३-५६ ई० के क्रीमियाई युद्ध के बाद तुर्की को पश्चिमी साचे में डालने का असली जतन किया गया। संविधानी ढंग की सरकार के लिए आन्दोलन ने जोर पकड़ा (जिसका उद्देश्य यह था कि सुलतान के निरंकुश शासन के बजाय लोकतन्त्री विधान-सभा बने)। इस आन्दोलन का नेता मिदहत पाशा था। १८७६ ई० में कुस्तुन्तुनिया में भी विधान की मांग के लिए दंगे हुए, और सुलतान ने संविधान मंजूर कर लिया। लेकिन फ़ौरन ही उसने संविधान को मंसूख भी कर दिया, क्योंकि बलगारिया में विद्रोह हो गया और रूसियों के साथ युद्ध छिड़ गया। इस युद्ध के भारी खर्चों ने और किसी बुनियादी आर्थिक परिवर्तन के बिना ऊपरी सतह पर सुधारों के खर्च ने, तुर्की सरकार को दिवालिया बना दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि उसे पश्चिमी साहूकारों से रुपया क़र्ज़ लेना पड़ा और बदले में इन साहूकारों ने राज्य की आमदनी के एक हिस्से पर अपना दखल जमा लिया। इसलिए पश्चिमी सांचे में डालने का और सुधार का यह प्रयत्न सफल नहीं हुआ। साम्राज्य के पुराने ढांचे में इस नई चीज को बिठाना मुश्किल था।

बीसवी सदी की शुरुआत में संविधान की मांग ने फिर जोर पकड़ा। पहले की तरह फ़ौजी अफ़सर ही सिर्फ़ एक संगठित वर्ग थे और इन्हींके अन्दर नौजवान तुर्क दल नामक नया दल तेजी से बढ़ा। 'एकता और प्रगति' की गुप्त समितियां बनने लगीं और जब इन्होंने फ़ौज का बहुत बड़ा हिस्सा अपनी तरफ़ मिला लिया, तब १९०८ ई० में सुलतान को इस बात के लिए मजबूर कर दिया कि वह १८७६ ई० का पुराना संविधान फिर जारी करे। बड़ी खुशियां मनाई गईं। तुर्क, आर्मीनी और दूसरे लोग, जो अभी तक एक-दूसरे का गला काटते थे, आपस में गले मिले और उन्होंने इस नये युग के उदय पर खुशी के आंसू बहाये, जिसमें सबको बराबर माना जानेवाला था और पराधीन जातियों को पूरे हक़ मिलनेवाले थे। इस रक्तहीन क्रान्ति का खास नायक, खूबसूरत व अहंकारी, लेकिन दिलेर व हौसलेबाज अनवर बे था। मुस्तफ़ा कमाल भी, जो आगे चलकर तुर्की का मुक्तिदाता हुआ, एक नामी नौजवान तुर्क नेता था; लेकिन अनवर बे के मुक़ाबले में यह पीछे था और ये दोनों एक-दूसरे को पसन्द नहीं करते थे।

नौजवान तुर्कों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। सुलतान इन लोगों को परेशान करता रहता था। अन्त में खून बहा और सुलतान गद्दी से उतार दिया गया और उसकी जगह दूसरा बिठाया गया। आर्थिक कठिनाइयां सामने आई और विदेशी शक्तियों से भी झगड़े हुए। आस्ट्रिया ने तुर्की मे फैली हुई इस गड़बड़ी से फ़ायदा उठाकर बोस्निया और हैरत्सैगोविना को अपने साम्राज्य में मिलाने की घोषणा कर दी (इन प्रदेशों पर उसने बर्लिन की सन्धि के बाद १८७८ ई० में क़ब्जा किया था)। इटली ने उत्तरी अफ्रीका मे त्रिपोली पर जबर्दस्ती कब्जा कर लिया और युद्ध की घोषणा कर दी। तुर्क लोग कुछ कर-धर नहीं सके, क्योंकि इनके पास अच्छे जंगी जहाज नहीं थे और इसलिए इन्हें इटली की मांगें मंजूर करनी पड़ीं। यह होने की देर थी कि घर के पास ही एक और खतरा आ खड़ा हुआ। बलगारिया, सर्बिया, यूनान और मान्तिनीग्रो, जो तुर्कों को यूरोप से निकालने के लिए और लूट में हिस्सा बटाने के लिए तैयार बैठे थे, ठीक मौक़ा देखकर एक बलकान लीग में शामिल हो गये और अक्तूबर, १९१२ ई० में, तुर्की पर टूट पड़े। तुर्की पस्त और बिखरा हुआ था ही और संविधानवादियों व प्रगति-विरोधियों के बीच सत्ता के लिए झगड़ा चल रहा था। बलकान लोगों के सामने तुर्की बिलकुल चारों खाने चित हो गया और इसे बहुत भारी नुकसान उठाना पड़ा। इस तरह बलकान युद्ध कुछ ही महीनों में खतम हो गया और तुर्की यूरोप से क़रीब पूरी तरह निकाल दिया गया; सिर्फ़ कुस्तुन्तुनिया उसके पास रह गया। तुर्की का सबसे पुराना यूरोपीय शहर एद्रियानोपल भी उसकी मर्जी के खिलाफ़ उससे छीन लिया गया।

मगर बहुत जल्दी लूट के बंटवारे पर विजेता देश आपस में लड़ पड़े और बलगारिया ने अपने पिछले साथियों पर अचानक और दग़ाबाजी से हमला कर दिया। खूब आपसी मारकाट हुई, और इस गड़बड़ी से फ़ायदा उठाने के लिए रूमानिया, जो अभी तक अलग था, इसमें शामिल हो गया। नतीजा यह हुआ कि बलगारिया ने जो कुछ जीता था, वह खो दिया, और रूमानिया, यूनान व सर्बिया ने अपने इलाक़े बढ़ा लिये। तुर्की को भी एद्रियानोपल वापस मिल गया। बलकान के लोगों की आपसी नफ़रत अचम्भे की चीज है। बलकान देश छोटे-छोटे हैं, लेकिन वे कितनी ही बार यूरोप के तूफ़ानों का केन्द्र हो चुके हैं।

नौजवान तुर्कों ने जिस सुलतान को १९०९ ई० में गद्दी से उतारा था, वह मजेदार आदमी था। उसका नाम था अब्दुल हमीद द्वितीय, और वह १८७६ ई० में गद्दी पर बैठा था। उसे सुधारों से और नये जमाने की नई-नई चीजों से चिढ़ थी, लेकिन वह अपने ढंग का योग्य आदमी था और वह बड़ी-बड़ी शक्तियों को आपस में लड़ा देने के फ़न का उस्ताद माना जाता था। तुम्हें याद होगा कि तमाम उस्मानी सुलतान

ख़लीफ़ा, यानी इस्लाम के मजहबी मुखिया भी होते थे। अब्दुल हमीद ने एक अखिल इस्लामी आन्दोलन खड़ा करने का प्रयत्न करके अपनी इस हैसियत का फ़ायदा उठाना चाहा ! यानी ऐसा आन्दोलन, जिसमे दूसरे देशों के मुसलमान शामिल हो सकें, ताकि वह इनकी मदद ले सके। यूरोप और एशिया में कई वर्षों तक इस अखिल इस्लामवाद की कुछ चर्चा रही, लेकिन इसकी बुनियाद ठोस नही थी और महायुद्ध ने इसका बिलकुल अन्त कर दिया। तुर्की में राष्ट्रवाद ने अखिल इस्लामवाद का विरोध किया और राष्ट्रवाद दोनों में ज्यादा ताक़तवर साबित हुआ।

सुलतान अब्दुल हमीद यूरोप में बहुत बदनाम हो गया, क्योंकि लोग उसे बलगारिया, आर्मीनिया और दूसरी जगहों में अत्याचारों और हत्याकाण्डों के लिए जिम्मेदार मानते थे। ग्लैडस्टन इसे 'महान हत्यारा' कहता था और इन अत्याचारों के ख़िलाफ़ उसने इंग्लैण्ड मे एक बड़ा आन्दोलन चलाया था। तुर्क लोग ख़ुद इसके राज को अपने इतिहास का सबसे अंधेरा जमाना मानते थे। मालूम होता है बलकान व आर्मीनिया मे अत्याचारों और हत्याकाण्डों की घटनाएं दोनों ही तरफ़ से बार-बार होती रहती थी। बलकानी क़ौमें और आर्मीनी लोग तुर्कों की हत्याएं करने के उतने ही अपराधी थे, जितने तुर्क लोग उनकी हत्याओं के। सदियों के नस्ली व मज़हबी वैर-भाव इन लोगों के स्वभाव में ही गहरे बैठ गये थे और भयानक रूप में जाहिर होते थे। आर्मीनिया पर सबसे बुरी मार पड़ी थी। अब आर्मीनिया क़ोहकाफ़ के पास सोवियत रूस का एक गणराज्य है।

इस तरह बलकानी युद्धो के बाद तुर्की बिलकुल पस्त हो गया और यूरोप में उसे सिर्फ़ पैर रखने-भर को जगह बाक़ी रह गई। उसके साम्राज्य का बाक़ी हिस्सा भी टूटता जा रहा था। मिस्र अलबत्ता नाम के लिए उसका था; उसपर असली क़ब्जा ब्रिटेन का था, जो उससे फ़ायदा उठा रहा था। लेकिन दूसरे अरब देशों में राष्ट्रीय आन्दोलन के चिन्ह प्रकट हो रहे थे। इसलिए तुर्की का हिम्मत हारना और उसकी आंखें खुल जाना अचम्भे की बात नहीं थी। १९०८ ई० के उसके सारे बड़े-बड़े मनसूबे मानो ख़ाक में मिल गये। उसी समय जर्मनी इसके साथ कुछ हमदर्दी दिखलाता मालूम हुआ। जर्मनी की निगाह पूर्व की तरफ़ थी और वह सारे मध्य-पूर्व में अपने प्रभाव के सपने देख रहा था। तुर्की भी जर्मनी की तरफ़ मुड़ा और दोनों के सम्पर्क बढ़ने लगे। दूसरा बलकान युद्ध समाप्त होने के सालभर बाद, १९१४ ई० में, जब महायुद्ध हुआ, तब यह स्थिति थी। तुर्की के भाग्य में **चैन नहीं था।**

योरप — प्रथम विश्वयुद्ध के शुरू में



: १४३ :

ज़ारों का रूस

१६ मार्च, १९३३

रूस आज सोवियत देश है और इसके शासन की बागडोर किसानों और मजदूरों के प्रतिनिधियों के हाथों में है। कुछ बातों में यह दुनिया का सबसे आगे बढ़ा हुआ देश है। असली हालते कुछ भी हों, यहां के शासन और समाज का सारा ढांचा समाजी बराबरी के सिद्धान्त पर खड़ा है। यह आजकल की बात है। लेकिन कुछ साल पहले, और सारी उन्नीसवीं सदीभर व उसके पहले, रूस यूरोप का सबसे ज्यादा पिछड़ा हुआ और प्रगति-विरोधी देश था। यहां निरंकुशता और सत्ताशाही अपने पूरे खालिस रूप मे फूल-फल रही थी। पश्चिमी यूरोप मे क्रान्तियों और परिवर्तनों के बावजूद ज़ार लोग अभीतक बादशाहों के दैवी अधिकार के मत को बरकरार रक्खे हुए थे। यहां का ईसाई-संघ भी, जो पुराना कट्टर यूनानी ईसाई-संघ था, रोमन या प्रोटेस्टेण्ट नही बल्कि दूसरे देशों के मुक़ाबले मे ज्यादा सत्तावादी था और ज़ार की सरकार का सहारा और साधन था। इस देश को 'पवित्र रूस' कहते थे और ज़ार सबका 'नन्हा गोरा पिता'[1] माना जाता था। ईसाई-संघ व अधिकारी-वर्ग इन पुरानी दास्तानों को लोगों के दिमाग़ों को धुंधला करने के लिए और आर्थिक व राजनैतिक हालतों से उनका ध्यान हटाने के लिए, काम में लाते थ। इतिहास में 'पवित्रता' ने अजीब-अजीब साथी बनाये हैं!

इस 'पवित्र रूस' का ख़ास प्रतीक 'नाउट' था और वह अक्सर 'पोग्रोम' की कार्रवाईयां किया करता था। ज़ारशाही रूस ने दुनिया को ये दो शब्द भेंट किये हैं। 'नाउट' चाबुक को कहते थे, जिसने खेतिहर ग़ुलामों को और दूसरों को सज़ा दी जाती थी और 'पोग्रोम' का मतलब था बर्बादी व बाक़ायदा अत्याचार। अमल में इसका मतलब था हत्याएं—ख़ासकर यहूदियों की हत्याएं। ज़ारशाही रूस के पीछे थे साइबेरिया के लम्बे-चौड़े सुनसान मैदान, जिसके नाम के साथ देश-निकाला, क़ैद और बेबसी की बातें जुड़ गई हैं। ढेर-के-ढेर राजनैतिक क़ैदी साइबेरिया भेजे जाते थे और वहां बड़े-बड़े डेरे और उपनिवेश पैदा हो गये थे, जिनके नजदीक आत्म-हत्या करनेवालों की कब्रें होती थीं। देश-निकाले और क़ैद की लम्बी और अकेली मियादें बर्दाश्त करना बड़ा मुश्किल होता है। कितने ही बहादुर व्यक्तियों के दिमाग़ों और शरीरों ने इन हालतों को बर्दाश्त न कर सकने की वजह से जवाब दे दिया है। दुनिया से अलग, और दोस्तों व साथियों व सुख-दुःख में साथ देनेवालों से दूर रहकर जिन्दगी बिताने के लिए मनुष्य में दिमाग़ी ताक़त, शान्त व अटल

[1] Little White Father

अन्दरूनी गहराई और बर्दाश्त करने की हिम्मत होनी चाहिए। मतलब यह है कि ज़ारशाही रूस ने हरेक सिर उठानेवाले को मार गिराया और आज़ादी के हर प्रयत्न को कुचल दिया। यहांतक कि यात्राओं को भी मुश्किल बना दिया गया था, ताकि बाहर से उदार विचार न आने पायें। लेकिन आज़ादी का दमन किया जाता है तो वह सूद-दर-सूद जोड़ लेती है और जब वह आगे बढ़ती है तो उसकी प्रगति छलांगों के रूप में होती है, जिससे पुरानी गाड़ी ही उलट जाती है।

अपने पिछले पत्रों में हमने एशिया और यूरोप के जुदा-जुदा भागों में, यानी दूर-पूर्व, मध्य-एशिया, ईरान और तुर्की में, ज़ारशाही रूस की नीतियों और अलग-अलग कारवाईयों को मुख्य विषय के साथ जोड़ना चाहिए। दुनिया के नक्शे में रूस की स्थिति ऐसी है कि इसके हमेशा दो रुख़ रहे हैं; एक पश्चिम की ओर व दूसरा पूर्व की ओर। अपनी इस स्थिति के सबब से यह एक यूरेशियाई शक्ति है और अपने इतिहास के पिछले वर्षों में इसका स्वार्थ कभी पूर्व में और कभी पश्चिम में रहा है। पश्चिम में मुंह की खाने पर इसने पूर्व की तरफ़ निगाह डाली; पूर्व में रोका जाने पर यह पश्चिम की तरफ़ देखने लगा।

मैंने तुम्हें बताया है कि चंगेज़ख़ां का छोड़ा हुआ मंगोली साम्राज्य किस तरह टुक-टुक हो गया और मास्को के शाहजादे के झंडे के नीचे शाहजादों ने सुनहरे क़बीले के मंगोलों को अन्त में रूस से किस तरह निकाल बाहर किया। यह सब चौदहवीं सदी के अन्त मे हुआ। धीरे-धीरे मास्को के शाहजादे सारे देश के निरंकुश शासक बन बैठे और अपने को ज़ार (सीजर) कहने लगे। इनका नजरिया और इनके दस्तूर ज्यादातर मंगोली ही बने और पश्चिमी यूरोप के साथ इनकी कोई बात मेल नहीं खाती थी। पश्चिमी यूरोप तो रूस को जंगली समझता था। १६८९ ई० में ज़ार पीटर, जिसे पीटर महान कहा जाता है, गद्दी पर बैठा। इसने रूस का रुख़ पश्चिम की ओर फेरने का फ़ैसला किया और यूरोपीय देशों की हालतों का अध्ययन करने के लिए वहां का लम्बा दौरा किया। जो कुछ उसने देखा उसमें से बहुत-सी बातों की उसने नक़ल की और अपने यहां के अमीर-वर्ग पर पश्चिमीकरण के अपने विचार लाद दिये। यह वर्ग न तो इन बातों को पसन्द करता था और न इनसे वाकिफ़ था। जनता तो बहुत पिछड़ी और दबी हुई थी ही, इसलिए पीटर के सामने इस बात का कोई सवाल ही नहीं था कि उसके सुधारों के बारे में लोगों के क्या ख़याल हैं। पीटर ने देखा कि उसके जमाने के बड़े राष्ट्रों की समुद्री ताक़त बहुत बढ़ी-चढ़ी है और उसने समुद्री-शक्ति का महत्व समझा। लेकिन इतना लम्बा-चौड़ा होने पर भी रूस के पास उस समय कोई समुद्री दरवाजा नहीं था, सिवाय आर्कटिक सागर के जो क़रीब-क़रीब बेकार था। इसलिए पीटर उत्तर-पश्चिम में बाल्टिक की ओर, और दक्षिण में क्रीमिया की ओर बढ़ा। वह क्रीमिया

तक नही पहुंच सका (उसके उत्तराधिकारी इसमें सफल हुए) पर वह स्वीडन को हराकर बाल्टिक तक ज़रूर पहुंच गया। बाल्टिक सागर से मिलने वाली फिनलैण्ड की खाड़ी के तट के पास, नौवा नदी के किनारे, उसने सेण्टपीटर्सबर्ग नामक नया पश्चिमी ढंग का शहर क़ायम किया। उसने इसे अपनी राजधानी बनाया और इस तरह उन पुरानी परम्पराओं को तोड़ने की कोशिश की, जो मास्को के साथ चिपकी हुई थीं। १७२५ ई० में पीटर की मृत्यु हो गई।

इसके पचास-साठ वर्ष बाद, १७८२ ई० में, रूस के एक दूसरे शासक ने इस देश को पश्चिमी ढंग का बनाना चाहा। यह कैथरीन द्वितीय नामक महिला थी; यह भी 'महान' कहलाती है। यह अनोखी स्त्री थी, जो मजबूत, बेरहम और योग्य थी, पर जिसके व्यक्तिगत जीवन के बारे मे बहुत गंदी बातें मशहूर है। अपने पति ज़ार को हत्या के जरिये ठिकाने लगाकर यह सारे रूस की निरंकुश शासक बन बैठी और इसने चौदह वर्ष राज्य किया। यह संस्कृति की जोरदार संरक्षक होने का ढोंग करती थी और इसने वाल्तेयर से दोस्ती करनी चाही, और उसके साथ पत्र-व्यवहार भी किया। इसने कुछ हद तक वर्साई के फ्रान्सीसी दरबार की नक़ल की और शिक्षा की हालत में कुछ सुधार भी किये। लेकिन ये सब बातें खाली ऊपर-ऊपर और दिखावे के लिए थी। संस्कृति की नकल एकदम से नही की जा सकती! उसकी जड़ तो जमते-जमते जमती है। अगर कोई पिछड़ा हुआ राष्ट्र उन्नत राष्ट्रों की सिर्फ़ बन्दर की तरह नकल करता है, तो वह असली संस्कृति के सोने व चांदी को बदलकर मुलम्मे की चीज़ बना देती है। पश्चिमी यूरोप की संस्कृति कुछ समाजी हालतों पर क़ायम थी। पीटर और कैथरीन ने ये हालतें पैदा करने की कोशिश तो नही की, सिर्फ़ ऊपरी ढांचे की नक़ल करनी चाही। नतीजा यह हुआ कि इन परिवर्तनों का बोझ जनता पर पड़ गया और किसानों की गुलामी व ज़ार की निरंकुश सत्ता और भी पक्की हो गई।

इसलिए ज़ारशाही रूस में एक छटांक प्रगति के साथ-साथ एक मन प्रगति-विरोध भी चलता था। रूसी किसान क़रीब-क़रीब गुलाम थे। वे अपनी-अपनी धरतियों से बंधे हुए थे और बिना ख़ास इजाजत के उन्हे नहीं छोड़ सकते थे। शिक्षा का दायरा ज़मीदार-वर्ग के कुछ अफसरों और दिमागी लोगों तक ही था। मध्यम-वर्ग क़रीब-क़रीब था ही नही, और जनता बिलकुल अपढ़ और पिछड़ी हुई थी। पिछले ज़माने में कई बार किसानों के ख़ूनी विद्रोह हुए थे, लेकिन ये विद्रोह बहुत ज़्यादा अत्याचार की वजह से आंख मूदकर किये गए थे और इन्हें कुचल दिया गया था। अब चोटी के लोगों में कुछ शिक्षा के साथ-साथ पश्चिमी यूरोप में फैले हुए कुछ विचार जनता में भी बूद-बूंद करके पहुंच गये थे। यह फ्रान्सीसी क्रान्ति का और बाद में नेपोलियन का जमाना था। तुम्हें याद होगा कि नेपोलियन के पतन के

बाद सारे यूरोप में प्रगति-विरोध की भावना फैल गई थी, और ज़ार अलैक्जेण्डर प्रथम, तमाम बादशाहों के 'पवित्र' गठ-बन्धन के साथ, इस प्रगति-विरोध का नेता था। इसका उत्तराधिकारी इससे भी बदतर था। झल्लाकर नौजवान अफ़सरों और दिमागी लोगों के एक गिरोह ने १८२५ ई० में बग़ावत कर दी। ये सब-के-सब ज़मींदार-वर्ग के थे और जनता की या फौज की इनको कोई मदद न थी। ये लोग भी कुचल दिये गए। इनको 'दिसम्बरी' कहते हैं, क्योंकि इनका विद्रोह १८२५ ई० के दिसम्बर में हुआ था। यह विद्रोह रूस में राजनैतिक चेतना का पहला चिन्ह था। इसके पहले गुप्त राजनैतिक समितियां बनी थीं, क्योंकि ज़ार की सरकार ने हर तरह की सार्वजनिक राजनैतिक हलचलों पर रोक लगा रक्खी थी। ये गुप्त समितियां जारी रहीं और क्रान्ति के विचार फैलते गये—खासकर दिमाग़ी लोगों में और विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों में।

क्रीमियाई युद्ध में पराजय के बाद रूस में कुछ सुधार किए गए और १८६१ ई० में किसानों की ग़ुलामी मिटा दी गई। किसानों के लिए यह बहुत बड़ी चीज़ थी, लेकिन इससे उन्हें कुछ ज्यादा राहत नहीं मिली, क्योंकि आज़ाद किये गए ग़ुलाम-किसानों को उनके गुजारे लायक ज़मीनें नहीं दी गई थीं। इसी बीच दिमाग़ी लोगों में क्रान्ति के विचारों का फैलना और ज़ार की सरकार के हाथों उनका दमन-साथ-साथ चल रहे थे। इन तरक्क़ी-पसंद दिमाग़ी लोगों व किसान-वर्ग के बीच न तो कोई जोड़ने वाली कड़ी थी और न कोई ऐसी भूमिका थी, जिसपर दोनों मिल सकते। इसलिए १८७० ई० के करीब समाजवादी झुकाववाले विद्यार्थियों ने, (इनके विचार बिलकुल धुंधले और आदर्शवादी थे) यह तय किया कि अपना प्रचार किसान-वर्ग तक पहुंचाया जाय, और हज़ारो विद्यार्थी गावों मे पहुंच गये। किसान लोग इन विद्यार्थियों को नही जानते थे। वे इनपर भरोसा नही करते थे और समझते थे कि यह शायद किसानों की ग़ुलामी को फिर से क़ायम करने का कोई फंदा है। इसलिए किसानों ने इन विद्यार्थियों मे से बहुतों को, जो अपनी जानपर खेलकर आये थे, सचमुच गिरफ्तार करके ज़ार की पुलिस के हवाले कर दिया! जनता से सम्पर्क में आये बिना कोरी हवा मे काम करने की कोशिश की यह एक अनोखी मिसाल है।

किसान-वर्ग में ज़रा भी सफल न होने से इन विद्यार्थियों को बड़ा सदमा पहुंचा और तंग आकर व मायूस होकर इन लोगों ने 'आतंकवाद' कही जानेवाली नीति का सहारा लिया, यानी बम फेकना और सत्ताधारियो को कई तरीक़ों से मारने की कोशिश करना। यही से रूस में आतंकवाद और बम-पन्थ की शुरुआत हुई और इसीके साथ क्रान्तिकारी हलचलों ने एक नया रूप ले लिया। बम फेंकनेवालों का यह दल अपनेको 'बमवाला नरम दल' कहता था और इनके आतंकवादी संगठन

का नाम 'जनता का संकल्प' था। पर यह नाम एक झूठा दावा था, क्योंकि जिस जनता से इसका ताल्लुक था, व हतो कुछ छोटे-छोटे गिरोह थे।

इस तरह इन जां-बाज नौजवान नर-नारियों के छोटे-छोटे गिरोहों और ज़ार की सरकार की बीच नई कशमकश शुरू हुई। रूस की बहुत-सी पराधीन नस्लों व अल्पसंख्यक क़ोमों के लोगों के शामिल हो जाने से क्रान्तिकारियों की सेना बढ़ती गई। सरकार इन नस्लों और अल्पसंख्यक क़ौमों को सताती थी। ये लोग अपनी मातृभाषाओं का इस्तेमाल खुल्लमखुल्ला नहीं कर सकते थे, और बहुत-से दूसरे तरीक़ों से भी इनको ज़लील और परेशान किया जाता था। पोलैण्ड, जो उद्योग-धंधों में रूस से आगे बढ़ा हुआ था, रूस का सिर्फ एक प्रान्त बना दिया गया था और पोलैण्ड का तो नाम ही मिट गया था। पोली भाषा पर पाबन्दी लगा दी गई थी। जब पोलैण्ड का यह हाल था तो दूसरी अल्पसंख्यक कौमों व नस्लों के साथ इससे भी बुरा बर्ताव किया जाता था। १८६०-७० ई० मे पोलैण्ड में बहुत बड़ी बग़ावत हुई, जो बड़ी बेरहमी के साथ दबा दी गई। पचास हज़ार पोल साइबेरिया भेज दिये गए। यहूदियों के 'पोग्रोम' यानी क़त्लेआम लगातार हुआ करते थे और उनकी बहुत बड़ी संख्या दूसरे देशों में जा बसी।

यह लाजिमी ही था कि अपनी-अपनी नस्लों पर ज़ार के इस अत्याचार से गुस्से में भरकर यहूदी व दूसरे लोग रूसी आतंकवादियों में शामिल हो गये। यह आतंकवाद, जिसे अराजकतावाद—निहिलिज़्म कहते थे, बढ़ने लगा और, जैसा कि होना ही था, इसका मुक़ाबला खूनी दमन से किया गया। राजनैतिक क़दियों की लम्बी कतारें साइबेरिया के मैदानों में पैदल घिसटने लगीं, और कितने ही मौत के घाट उतार दिये गए। इस ख़तरे का मुक़ाबला करने के लिए ज़ार सरकार ने एक उपाय काम मे लिया, जिसे उसने ग़ैरमामूली हद तक पहुंचा दिया। उसने आतंकवादियों और क्रान्तिकारियो के बीच उकसानेवाले गुर्गे भेज दिये। ये लोग सचमुच बमकाडों को भडकाते थे और कभी-कभी खुद भी बम फेकते थे, जिससे दूसरों को फांस सकें। इनमें एक बहुत मशहूर गुर्गा अजेफ़ था, जो बम फेंकनेवाले क्रान्तिकारियों का एक अगुआ था और साथ-ही-साथ रूसी खुफिया पुलिस का बड़ा अफ़सर भी था! इस क़िस्म की पूरी तरह तसदीक़ की हुई और भी घटनाएं हैं, जिनमें ज़ार की खुफ़िया पुलिस के अफसरों ने दूसरों को फंसाने के लिए पुलिस के गुर्गो की हैसियत से बम फेंके!

जब यह सब बातें हो रही थीं, रूस की सल्तनत पूर्व की दिशा में बराबर बढ़ती जा रही थी और, जैसा कि मैंने तुमको बताया है, अन्त में प्रशांत सागर तक पहुंच गई थी। मध्य-एशिया में रूसी लोग अफ़गानिस्तान की सरहद तक पहुंच गये थे और दक्षिण में तुर्की की सरहद को धकेल रहे थे। १८६० ई० के बाद से दूसरी बड़ी

तरक़्क़ी यह होने लगी कि पश्चिमी उद्योग-धंधे बढ़ने लगे। यह तरक़्क़ी सिर्फ कुछ इलाकों में, पीटर्सबर्ग के आसपास और मास्को में हुई। कुल मिलाकर सारा देश पूरी तरह कृषि-प्रधान ही रहा। लेकिन जो कारख़ाने खुले, वे बिलकुल नये ढंग के थे और आमतौर पर अंग्रेजों की देख-रेख में चलते थे। इसके दो नतीजे हुए। इन थोड़े-से औद्योगिक इलाकों में रूसी पूंजीशाही तेज़ी से बढ़ी और मज़दूरवर्ग भी इतनी ही तेज़ी से बढ़ गया। जैसा कि अंग्रेजी कारख़ानों में शुरू-शुरू में होता था, रूसी मज़दूरों का भयंकर शोषण होता था और उनसे दिन-रात काम लिया जाता था। लेकिन एक फ़र्क़ रूस में जरूर था। अब समाजवाद और साम्यवाद के नये विचार पैदा हो गये थे। रूसी मजदूरों का दिमाग़ ताजा था और इन विचारों को पकड़ने के लिए तैयार था। अंग्रेज मजदूर, जिसके पीछे पुरानी परम्पराएं थीं, पुरातन-पंथी बन गया था और लकीर का फकीर बना हुआ था।

ये नये विचार शक्ल लेने लगे और 'समाजी लोकतंत्री मज़दूर-दल'[१] बना। यह मार्क्सवादी उसूलों के आधार पर बना था। इन मार्क्सवादियों ने आतंकवादी कार्रवाइयों से अपना विरोध जाहिर किया। मार्क्स के उसूलों के मुताबिक मजदूरों को पहले कार्रवाई के लिए तैयार किया जाना जरूरी था, क्योंकि इसी तरह की सामूहिक कार्रवाई से वे अपना लक्ष्य हासिल कर सकते थे। आतंकवादी तरीक़ों से व्यक्तियों को मार डालने से मज़दूर-वर्ग को इस तरहकी कार्रवाई के लिए तैयार नहीं किया जा सकता था, क्योंकि लक्ष्य ज़ारशाही को उलट देना था—ज़ार या उसके मंत्रियों की हत्या नहीं।

१८८० ई० के क़रीब एक नौजवान, जो बाद में सारी दुनिया में लेनिन के नाम से मशहूर हुआ, स्कूल का विद्यार्थी होते हुए ही क्रान्तिकारी हलचलों में हिस्सा लेता रहता था। १८८७ ई० मे, जब उसकी उम्र सत्रह वर्ष की थी, उसे बड़ा भयंकर सदमा पहुंचा। उसका बड़ा भाई अलक्सांदर, जिससे वह बहुत प्रेम करता था, आतंकवादी तरीक़े से ज़ार की हत्या की कोशिश में हिस्सा लेने के कारण फांसी पर लटका दिया गया। इतना बड़ा सदमा पहुंचने पर भी लेनिन ने फिर भी कहा था कि आतंकवादी तरीकों से आज़ादी नहीं मिल सकती; वह तो जनता की सामूहिक कार्रवाई से ही मिलेगी। दुःख और खामोशी के साथ दांतों को भींचकर, यह नवयुवक अपनी पढ़ाई में लगा रहा; स्कूल की आख़िरी परीक्षा में बैठा और नामवरी के साथ पास हुआ। तीस वर्ष बाद होनेवाली क्रान्ति का नेता और निर्माता ऐसी ही मिट्टी का बना हुआ था।

मार्क्स का यह खयाल था कि मज़दूर-वर्ग की जिस क्रान्ति की उसने भविष्य-

---

१ Social Democratic Labour Party.

वाणी की थी वह जर्मनी-जैसे बढ़े-चढ़े औद्योगिक देश में शुरू होगी, जहां का मज़दूर-वर्ग बहुत बड़ा और संगठित है। रूस को तो वह इसके लिए सबसे कम सम्भावना वाली जगह समझता था, क्योंकि यह देश पिछड़ा हुआ और मध्यकालीन था। लेकिन रूस में उसे नौजवान वफ़ादार अनुयायी मिल गये, जिन्होंने उसकी बातों का बड़ी लगन के साथ इसलिए अध्ययन किया, कि उन्हें यह पता लग जाय कि वे अपनी बर्दाश्त से बाहर जहालत का अन्त किस तरह कर सकते हैं। चूंकि ज़ारशाही रूस में खुल्लमखुल्ला किसी हलचल का या संविधानी तरीक़ों का कोई रास्ता उनके लिए नहीं था, इसलिए वे मजबूर होकर इस अध्ययन में और आपसी चर्चाओं में लग गये। ये लोग बहुत संख्या में जेलों में या साइबेरिया भेज दिये जाते थे या देश से निकाल दिये जाते थे। जहां कहीं वे जाते, मार्क्सवाद का अध्ययन और क्रान्ति के दिवस की तैयारी जारी रखते थे।

: १४४ :

१९०५ ई० की असफल रूसी क्रान्ति

१७ मार्च, १९३३

रूसी मार्क्सवादियों को, यानी समाजी लोकतन्त्री दल को, १९०३ ई० में एक संकट का सामना करना पड़ा। उन्हें एक ऐसे सवाल को सोचना और हल करना पड़ा, जिसका हर ऐसे दल को कभी-न-कभी सामना करना और हल सोचना पड़ता है, जो कुछ उसूलों और निश्चित आदर्शों की बुनियाद पर क़ायम हो। सच तो यह है कि सब नर-नारियों को, जिनके कुछ उसूल और विश्वास होते हैं, अपनी ज़िन्दगी में कितनी ही बार इस तरह के संकटों का सामना करना पड़ता है। सवाल यह था कि क्या वे अपने उसूलों पर पूरी तरह जमे रहें और मजदूर-वर्ग की क्रान्ति की तैयारी करें, या मौजूदा हालतों के साथ कुछ समझौता करलें और इस तरह अन्त में क्रान्ति के लिए ज़मीन तैयार करें? यह सवाल पश्चिमी यूरोप के सब देशों में उठा था और इसके कारण हर जगह समाजी लोकतंत्र या दूसरे ऐसे ही दल कमती-बढ़ती कमज़ोर पड़ गये थे और उनमें अन्दरूनी झगड़े पैदा हो गये थे। जर्मनी में मार्क्सवादियों ने बहादुरी के साथ सोलह आने यानी संपूर्ण क्रान्तिकारी विचार की घोषणा कर दी थी, लेकिन अमल में वे मुलायम पड़ गये और उनका रुख नरम हो गया। फ्रांस में कितने ही समाजवादी नेता अपने दलों को धता बताकर मंत्रि-मण्डलों में शामिल हो गये। इटली, बेलजियम और दूसरी जगहों में भी यही हुआ। इंग्लैण्ड में मार्क्सवाद कमज़ोर था और वहां यह सवाल उठा ही नहीं; पर वहां भी मज़दूर-दल का एक सदस्य मंत्री बन गया।

रूस की स्थिति इससे जुदा थी, क्योंकि वहां पार्लमेण्टी कार्रवाई के लिए कोई गुंजाइश नही थी। क्योंकि वहां पार्लमेण्ट ही नही थी। इतने पर भी वहां ज़ारशाही के खिलाफ़ लड़ाई के 'ग़ैर-क़ानूनी' कहे जानेवाले तरीक़ों को छोड़ देने की, और कुछ दिनों तक चुपचाप सिद्धान्तों का प्रचार करने की संभावना थी। लेकिन इस बारे में लेनिन के विचार साफ़ और निश्चित थे। वह किसी तरह की कमज़ोरी के लिए या समझौते के लिए तैयार नहीं था, क्योंकि उसे डर था कि ऐसा करने से उनके दल में अवसरवादी लोग धड़ाधड़ आ घुसेंगे। वह पश्चिमी समाजवादी दलों के अपनाये गए तरीक़ों को देख चुका था और ये तरीक़े उसे जंचे नही थे। जैसाकि उसने बाद मे एक दूसरे सिलसिले में लिखा था, "पार्लमेण्टवादियों की चालें, जिन-पर पश्चिमी समाजवादी अमल करते थे, बहुत ही ज़्यादा भ्रष्ट करनेवाली थी क्योंकि इन्होंने हरेक समाजवादी दल को धीरे-धीरे एक छोटा 'टैमनी हाल'[1] बना दिया था, जिसमें ऊपर चढ़नेवालों और ओहदों के पीछे दौड़नेवालो की भर-मार है।" लेनिन ने इस बात की परवा नही की कि उसके साथ कितने लोग हैं, बल्कि एक बार तो उसने यहांतक चेतावनी दी थी कि वह अकेला ही लड़ेगा। लेकिन उसकी हठ यह थी कि दल में वे ही लोग लिये जायं, जो पूरा साथ देनेवाले हों, जो क्रान्ति के लिए सब-कुछ निछावर करने को तैयार हों और जिन्हें जनता की वाहवाही लूटने की चिन्ता न हो। वह क्रान्ति के माहिरों की एक जमात तैयार करना चाहता था, जो आन्दोलन को मुस्तैदी से आगे बढ़ा सकें। सिर्फ़ सहानुभूति रखनेवालों और सुख के साथियों की उसे ज़रूरत नही थी।

यह ढंग अपनाना कठिन था और बहुत-से लोग इसे नादानी समझते थे। बहरहाल कुल मिलाकर जीत लेनिन के हाथ रही। समाजी लोकतंत्री दल के दो टुकड़े हो गये और 'बोलशेविकी' व 'मेनशेविकी' ये दो नये नाम पैदा हो गये, जो तबसे मशहूर हो गये हैं। कुछ लोगों के लिए आजकल 'बोलशेविक' शब्द बड़ा भयंकर हो गया है, लेकिन इसका अर्थ सिर्फ़ 'बहुमत' है। 'मेनशेविक' का अर्थ 'अल्पमत' है। १९०३ ई० की इस फूट के बाद समाजी लोकतंत्री दल में लेनिन के साथियों का बहुमत था, इसलिए यह बोलेशेविक, यानी बहुमत-दल कहलाया। यह बात याद रखने की है कि ट्रॉत्स्की, जिसकी उम्र उस समय चौबीस वर्ष की थी और जो १९१७ ई० की क्रान्ति में लेनिन का दाहिना हाथ बननेवाला था, मेनशेविकों की तरफ़ था।

ये चर्चाएं और बहसें रूस से बहुत दूर लन्दन में होती थीं। रूसी दल की एक बैठक लन्दन में इसलिए करनी पड़ी थी, कि ज़ारशाही रूस में उसके लिए

[1] टैमनीहाल न्यूयॉर्क में है। यह राजनैतिक भ्रष्टाचार का एक प्रतीक बन गया है।

कोई जगह नहीं थी और उसके ज़्यादा सदस्य या तो देश से निकाले हुए थे या साइबेरिया से भागे हुए क़ैदी थे।

इसी बीच ख़ुद रूस में ही आग सुलग रही थी। राजनैतिक हड़तालें इसका संकेत थीं। मज़दूरों की राजनैतिक हड़ताल का अर्थ है वह हड़ताल जो आर्थिक बेहतरी यानी मजदूरी बढ़ाने के वास्ते नहीं, बल्कि सरकार की किसी राजनैतिक कार्रवाई का विरोध करने के लिए की गई हो। इसका अर्थ होता है कि मज़दूरों में कुछ राजनैतिक चेतना है। जैसे, अगर भारतीय कारखानों के मज़दूर इसलिए हड़ताल करें कि गांधीजी गिरफ़्तार कर लिये गए या कोई दूसरा भारी दमन हुआ, तो वह राजनैतिक हड़ताल कहलायगी। अजीब बात तो यह है कि पश्चिमी यूरोप में ताक़तवर ट्रेड-यूनियनों और मज़दूर-संगठनों के होते हुए भी, इस किस्म की राजनैतिक हड़तालें बहुत कम होती थीं। यह भी हो सकता है कि ऐसी हड़तालें वहां इसलिए बहुत कम होती थी कि मज़दूर-नेता अपने निहित स्वार्थों के कारण ढीले पड़ गये थे। रूस मे ज़ारशाही के लगातार जुल्मों की वजह से राजनैतिक पहलू हमेशा सबसे आगे रहता था। दक्षिण रूस मे १९०३ ई० में ही कई राजनैतिक हड़तालें अपने-आप हो गई थीं। यह जन-आन्दोलन बहुत बड़े पैमाने पर हुआ, पर नेताओं के अभाव में ढीला पड़ गया।

अगले साल सुदूर-पूर्व में गड़बड़ी मची। उत्तरी एशिया के मैदानों में होकर ठेठ प्रशान्त महासागर तक साइबेरियन रेलवे की लम्बी पटरियां बिछाने का, १८९४ ई० के बाद से जापान के साथ मुठभेड़ों का, और १९०४-५ ई० के रूस-जापान-युद्ध का, एक पिछले पत्र में मैं, ज़िक्र कर चुका हूं। मैंने तुम्हें 'ख़ूनी रविवार' के बारे में भी बताया है, जो २२ जनवरी, १९०५ ई० को हुआ था जबकि ज़ार की फ़ौज ने एक शान्त जुलूस पर गोलियां चलाई थीं, जो एक पादरी को अगुवा बनाकर 'नन्हें पिता' ज़ार के पास रोटी मांगने गया था। इससे सारे देश में नफ़रत की लहर फैल गई और कई राजनैतिक हड़तालें हुई। सबसे अख़ीर में सारे रूस में आम हड़ताल हो गई। नये ढंग की मार्क्सवादी क्रान्ति शुरू हो गई थी।

जिन मज़दूरों ने हड़तालें की थीं, ख़ासकर पीटर्सबर्ग और मास्को-जैसे बड़े केन्द्रों में, उन्होंने हरेक ऐसे केन्द्र में 'सोवियत' नाम का नया संगठन बनाया। शुरू-शुरू में तो यह आम हड़ताल को चलानेवाली एक समिति ही थी। त्रात्स्की पीटर्सबर्ग की सोवियत का नेता बन गया। ज़ार की सरकार बिल्कुल हकबका गई और कुछ हद तक झुक भी गई और उसने संविधानी विधान-सभा और लोकतंत्री मताधिकार देने का वादा किया। ऐसा जान पड़ा मानो निरंकुशशाही का गढ़ टूट गया हो। किसानों के पिछले विद्रोह जिसमें असफल रहे, आतंकवादी अपने

बम से जिसमें सफल नहीं हुए, संविधानवादी मुलायम विचारोंवाले उदार-दली लोग अपनी नपी-तुली दलीलों से जो नहीं कर सके, मज़दूरों ने वह अपनी आम हड़ताल से करके दिखा दिया। ज़ारशाही को अपने इतिहास में पहली बार जनता के सामने सिर झुकाना पड़ा। बाद में यह विजय खोखली साबित हुई। लेकिन फिर भी मज़दूरों के लिए इसकी याद अंधेरे में रास्ता दिखानेवाली एक रोशनी के समान थी।

ज़ार ने एक संविधान-सभा—'दूमा'—देने का वादा किया था। 'दूमा' का अर्थ है विचार करने की जगह; पार्लमेण्ट की तरह कोरी बातें बनाने की जगह नहीं (फ्रान्सीसी भाषा के 'पार्ल' से यह शब्द बना है)। इस वादे से नरम उदार-दली लोगों का जोश ठण्डा पड़ गया। वे राजी हो गये। उदार-दली हमेशा आसानी से राजी हो जाया करते हैं। जमींदार लोग क्रान्ति से डरकर कुछ सुधारों पर राज़ी हो गये, जिससे खुशहाल किसानों को फ़ायदा पहुंचा। इसके बाद ज़ार की सरकार ने असली क्रान्तिकारियों का मुकाबला किया और उनकी कमज़ोरी को पहचानकर उससे पूरा फ़ायदा उठाया। एक तरफ़ भूखे मज़दूर थे, जिन्हें राजनैतिक संविधानों में इतनी दिलचस्पी नहीं थी, जितनी की रोटी और ज़्यादा मजूरी में थी, और बहुत ग़रीब किसान थे जो 'हमें ज़मीन दो' का ख़तरनाक नारा उठा रहे थे। दूसरी तरफ़ क्रान्तिकारी लोग थे, जो ख़ासकर राजनैतिक पहलू को देखते थे और पश्चिमी यूरोपीय नमूने की पार्लमेण्ट पाने की उम्मीद रखते थे और जनता की भावनाओं और असली मांगों के बारे में कुछ नही सोचते थे। बहुत-से ऊंचे दर्जे के कारीगर मज़दूर, जो ट्रेड यूनियनों में संगठित थे, क्रान्ति में शामिल हो गये थे, क्योंकि वे राजनैतिक पहलू की कीमत समझते थे। लेकिन आमतौर से शहरों और गांवों की जनता को इसमे कोई दिलचस्पी नही थी। इसपर ज़ार की सरकार और पुलिस ने वही पुराना ढंग आज़माया, जो तमाम ज़ालिम हुकूमतें काम में लिया करती हैं। इन्होंने फूट पैदा कराई और इस भूखी जनता को कुछ क्रान्तिकारी दलों के खिलाफ भड़का दिया। अभागे यहूदियों की रूसियों ने हत्या की और आर्मीनियों की तातारियों ने। क्रान्तिकारी विद्यार्थियों और ज़्यादा गरीब मज़दूरों तक में भी मुठभेड़ें हुईं। देश के अलग-अलग भागों में इस तरह क्रान्ति की कमर तोड़ देने के बाद सरकार ने क्रान्ति के दो तूफ़ानी केन्द्र पीटर्सबर्ग और मास्को पर हमला किया। पीटर्सबर्ग की सोवियत आसानी से कुचल दी गई। मास्को में फ़ौज ने क्रान्तिकारियों की मदद की, और पांच दिन की लड़ाई के बाद ही सोवियत पूरी तरह कुचली जा सकी। इसके बाद बदले की कार्रवाइयां शुरू हुईं। कहा जाता है कि सरकार ने मास्को में बिना मुकदमा चलाये एक हज़ार आदमियों को फांसी दे दी और सत्तर हज़ार को जेल भेज दिया। सारे देश में इन अलग-अलग बलवों में क़रीब चौदह हज़ार आदमी मारे गये।

इस तरह हार और बर्बादी के साथ १९०५ ई० की रूसी क्रान्ति का अन्त हुआ। इसे १९१७ ई० में सफल होनेवाली क्रान्ति की भूमिका कहा गया है। जनता की चेतना जगाई जा सके और वह बड़े पैमाने पर कार्रवाई कर सके, इससे पहले उसे "बड़ी-बड़ी घटनाओं की शिक्षा मिलनी ज़रूरी है।" १९०५ ई० की घटनाओं के रूप में बहुत भारी क़ीमत चुकाकर जनता को यह तजरबा हासिल हुआ।

दूमा का चुनाव हुआ और मई, १९०६ ई० में, इसकी बैठक हुई। दूमा क्रान्तिकारी जमात तो थी ही नहीं, लेकिन ज़ार की निगाह में उसके विचार इतने ज़्यादा उदार थे कि वह पसन्द नहीं करता था। इसलिए उसने ढाई महीने बाद इसे घर बैठा दिया। विद्रोह को कुचलने के बाद ज़ार को दूमा के गुस्से की कुछ परवा नही रह गई थी। दूमा के बरख़ास्त किये हुए डिप्टी, जो मध्यम-वर्गी उदार संविधानवादी थे, फिनलैण्ड भाग गये। यह पीटर्सबर्ग के बहुत नज़दीक था और ज़ार की सत्ता के अधीन एक आधा-स्वाधीन देश था। इन्होंने रूसियों से अपील की कि वे दूमा के बरख़ास्त किये जाने के विरोध में टैक्स देने से इन्कार कर दें और जल व थल सेनाओं में भर्ती रोकें। लेकिन ये डिप्टी लोग जनता के सम्पर्क में बिल्कुल नही थे, इसलिए इनकी अपील का कोई असर नही हुआ।

दूसरे वर्ष, १९०७ ई० में, दूसरी दूमा का चुनाव हुआ। पुलिस ने वाम-दली उम्मीदवारों के रास्ते में हर तरह की कठिनाइयां पैदा करके, और कभी-कभी उन्हें गिरफ़्तार करने की सहज तदबीर से, यह कोशिश की कि वे चुने न जायं। फिर भी दूमा ज़ार को पसन्द नहीं आई और उसने इसे भी तीन महीने बाद बरख़ास्त कर दिया। अब ज़ार की सरकार ने चुनाव के क़ानून में रद्दो-बदल करके तमाम नामाकूलों का चुनाव रोकने की कार्रवाई की। यह तरकीब सफल हुई और तीसरी दूमा बड़ी इज़्ज़तदार व दकियानूसी जमात बन गई और लम्बे समय तक चली।

तुम्हें ताज्जुब होगा कि ज़ार ने इन कमज़ोर दूमाओं को बनाने की परे-शानी क्यों उठाई, जबकि १९०५ ई० की क्रान्ति को कुचल डालने के बाद वह इतना ताक़तवर हो गया था कि मनमाने ढंग पर काम चला सकता था। इसकी कुछ वजह यह थी कि वह रूस की कुछ छोटी जमातों को, ख़ासकर धनी ज़मींदारों और व्यापारियों को, राजी रखना चाहता था। देश की हालत भी ख़राब थी। इसमें शक नहीं कि जनता कुचल दी गई थी, लेकिन वह झुंझलाहट और क्रोध में भरी बैठी थी। इसलिए यह मुनासिब समझा गया कि कम-से-कम चोटी के धनवान लोगों को तो मुट्ठी में रक्खा जाय। लेकिन इससे भी ज़्यादा बड़ा सबब यूरोपीय देशों पर यह छाप डालना था कि ज़ार एक उदार सम्राट् है। ज़ार के बुरे शासन

और अत्याचारों की चर्चा पश्चिमी यूरोप में हरेक की ज़बान पर थी। जब पहली दूमा बरख़ास्त की गई थी, तब शायद ब्रिटिश उदार दल के एक सदस्य ने कामन्स-सभा में चिल्लाकर कहा था—"दूमा मर गई! दूमा ज़िन्दाबाद!" इससे ज़ाहिर होता है कि दूमा के लिए लोगों में कितनी हमदर्दी थी। साथ ही उस समय ज़ार को रुपये की, और बहुत ज्यादा रुपये की, ज़रूरत थी। सूदख़ोर फ्रान्सीसी उसे रुपया उधार देते आये थे। सच तो यह है कि ज़ार ने १९०५ ई० की क्रान्ति को फ्रान्सीसी क़र्ज़ की मदद से ही कुचला था। यह एक अजीब बेमेल बात थी कि गणराजी फ्रान्स निरंकुशशाही रूस को क्रान्तिकारियों और वामदली लोगों को कुचलने के लिए मदद दे! लेकिन गणराजी फ्रान्स का अर्थ था फ्रान्सीसी साहूकार। बहरहाल दिखावा तो क़ायम रखना ज़रूरी था और दूमा इसमें मदद करती थी।

इस बीच यूरोप की और संसार की हालत तेज़ी के साथ बदल रही थी। जापान के हाथों रूस की पराजय के बाद इंग्लैण्ड के दिल से रूस का पहले जैसा डर जाता रहा था। हां, जर्मनी की शक्ल में इंग्लैण्ड के लिए एक नया डर पैदा हो गया था; उद्योगों में भी, और समुद्र पर भी, जिनपर कि अभीतक इंग्लैण्ड का ही इजारा था। जर्मनी के डर से ही फ्रान्स ने रूस को इतनी उदारता से क़र्ज़े दिये थे। 'जर्मनी का खतरा' कहलानेवाले इस डर ने दो पुराने शत्रुओं को आपस में गले मिला दिया था। १९०७ ई० में अंग्रेज़ी-रूसी सन्धि पर दस्तख़त हुए, जिससे अफ़-गानिस्तान, ईरान और दूसरी जगहों में इन दोनों के झगड़े के तमाम ख़ास-ख़ास मुद्दे तय हो गये। बाद में इंग्लैण्ड, फ्रान्स और रूस का तिहरा गुट बना। बलकान में आस्ट्रिया रूस का मुक़ाबलेदार था और आस्ट्रिया जर्मनी का दोस्त था। इसी तरह काग़ज़ी तौर पर इटली भी जर्मनी का दोस्त था। इस तरह इंग्लैण्ड, फ्रान्स व रूस का तिहरा गुट जर्मनी, आस्ट्रिया व इटली के तिहरे गुट के मुकाबले में खड़ा हो गया। बड़ी-बड़ी फौजें लड़ाई की तैयारी करने लगीं जब कि शान्ति-पसन्द लोग गहरी नींद में सो रहे थे। उन्हें पता नहीं था कि भविष्य में उनपर कितनी भयंकर आफ़त आनेवाली है।

१९०५ ई० के बाद, रूस के ये वर्ष प्रगति-विरोध के वर्ष थे। बोलशेविकों और दूसरे क्रान्तिकारी तत्त्वों को पूरी तरह कुचला जा चुका था। विदेशों में लेनिन की तरह देश से निकाले हुए कुछ बोलशेविक अपना काम धीरज के साथ कर रहे थे। वे पुस्तकें और पुस्तिकाएं लिखते थे और मार्क्स के मत को बदलती हुई हालतों के अनुसार ढालने की कोशिश करते थे। मेनशेविकों और बोलशेविकों के बीच की खाई बढ़ती ही जाती थी। प्रगति-विरोध के इन वर्षों में मेनशेविक ज़्यादा सामने आये। हालांकि इसे अल्पसंख्यक-दल कहा जाता था पर वास्तव में उस समय इसकी ओर बहुत ज्यादा लोग थे। १९१२ ई० से रूसी दुनिया में फिर

एक नया परिवर्तन धीरे-धीरे आने लगा और क्रान्तिकारी हलचलें बढ़ने लगीं और साथ-साथ बोलशेविकों का ज़ोर भी बढ़ा। १९१४ ई० के बीच मे पेत्रोग्राद की हवा क्रान्ति की चर्चा से भरी हुई थी, और १९०५ ई० की तरह बहुत-सी राजनैतिक हड़तालें हुईं। तुर्रा यह कि पीटर्सबर्ग की सात सदस्योंवाली बोलशेविक समिति के बारे में बाद में यह भेद खुला कि इसके तीन सदस्य ज़ारशाही खुफ़िया विभाग में थे! क्रान्तियां कैसे मसाले की बनी होती हैं! बोलशेविकों की एक छोटी-सी जमात दूमा में भी थी और मालिनोवस्की इसका नेता था। बाद मे पता चला कि यह भी पुलिस का गुर्गा था! और लेनिन इसपर भरोसा करता था।

अगस्त, १९१४ ई० में, महायुद्ध शुरू हुआ और इसकी वजह से लोगों का ध्यान युद्ध के मोरचों की तरफ़ खिंच गया, और जबरन् भरती के क़ानून से ख़ास-ख़ास कार्यकर्ताओं को फौज में भरती होना पड़ा, और क्रान्तिकारी आन्दोलन ठंडा पड़ गया। युद्ध के विरोध में आवाज़ उठानेवाले बोलशेविकों की संख्या बहुत कम थी और वे बहुत ज़्यादा बदनाम हो गये।

अब हम अपने मुक़ाम पर, यानी महायुद्ध पर, आ गये हैं और यहीं हमें रुक जाना चाहिए। लेकिन इस पत्र को ख़त्म करने के पहले मैं तुम्हारा ध्यान रूसी साहित्य और कला की ओर ले जाना चाहता हूं। जैसा कि बहुत लोग जानते हैं, ज़ारशाही रूस में बहुत-सी बुराइयां होते हुए भी उसने अपनी निराली नृत्य-कला को क़ायम रक्खा। रूस में उन्नीसवीं सदी मे मंजे हुए लेखकों का एक सिलसिला पैदा हुआ, जिन्होंने साहित्य की एक महान परम्परा क़ायम की। लम्बे उपन्यासों और छोटी कहानियों, दोनों में इन लोगों ने अनोखी विद्वत्ता दिखाई। इस सदी के शुरू में बायरन, शैली और कीट्स का समकालीन पुश्किन हुआ, जो रूसी कवियों में सबसे महान माना जाता है। उन्नीसवीं सदी के उपन्यास-लेखकों में गोगोल, तुर्गनेव, दास्तोवस्की और चेखव मशहूर हैं। फिर, शायद इन सबसे महान लियो तॉल्स्तॉय है, जिनमें केवल उपन्यास लिखने की ही प्रतिभा नहीं थी, बल्कि जो एक मज़हबी और रूहानी नेता भी हो गये और जिनका प्रभाव बहुत दूर तक फैला। यह प्रभाव सचमुच गांधीजी तक भी जा पहुँचा जो उस समय दक्षिण अफ़्रीका में थे। ये दोनों एक-दूसरे की क़द्र करते थे और आपस में पत्र-व्यवहार भी करते थे। अ-विरोध या अहिंसा में पक्का विश्वास इन दोनों को जोड़ने वाली कड़ी था। तॉल्स्तॉय की राय में ईसा का बुनियादी उपदेश यही था और गांधीजी ने प्राचीन हिंदू ग्रन्थों से यही नतीजा निकाला था। तॉल्स्तॉय तो अपने पक्के विश्वासों को जीवन में उतारते हुए, पर दुनिया से विलग रहकर, भविष्य-द्रष्टा ही बने रहे, मगर गांधीजी ने इस नकारात्मक नज़र आनेवाली चीज़ को दक्षिण अफ़्रीका व भारत की सामूहिक समस्याओं पर अमली तरीके से लागू किया।

उन्नीसवीं सदी के महान रूसी लेखकों में से एक अभीतक ज़िन्दा है। इसका नाम मैक्सिम गोर्की[1] है।

: १४५ :

एक ऐतिहासिक युग का अन्त

२२ मार्च, १९३३

उन्नीसवीं सदी ! इन सौ वर्षों ने हमको कितने लम्बे समय तक अटका रक्खा ! चार महीने से, समय-समय पर, मैं तुम्हें इस ज़माने के बारे में लिखता आया हूं और अब इससे कुछ ऊब गया हूं, और जब तुम इन पत्रों को पढ़ोगी तो शायद तुम भी ऊब जाओगी। मैंने यह बताते हुए इसका बयान शुरू किया था कि यह एक बड़ा आकर्षक ज़माना था, लेकिन कुछ समय के बाद यह आकर्षण भी फीका पड़ जाता है। सच तो यह है कि हम उन्नीसवी सदी से आगे चले गये हैं और बीसवीं सदी में काफ़ी आगे बढ़ आये हैं। १९१४ ई० हमारी हद थी। इसी साल, जैसी कि कहावत है, युद्ध के भेड़िये यूरोप पर और संसार पर टूट पड़े। इतिहास इस साल से एक नया रुख ले लेता है। यहां से एक ऐतिहासिक युग का अन्त और दूसरे की शुरुआत होती है।

उन्नीस-सौ चौदह ! यह साल भी तुम्हारे जन्म से पहले का है और फिर भी इसे बीते उन्नीस वर्ष से कम ही हुए ह। मनुष्य के जीवन मे भी यह कोई लम्बा ज़माना नहीं है, इतिहास की तो बात ही क्या। लेकिन इन वर्षों में दुनिया इतनी ज्यादा बदल गई है और अब भी बदलती जा रही है कि मालूम होता है तबसे एक युग बीत गया है; और १९१४ ई० व उसके पहले के साल बहुत पुराने इतिहास में चले गये हैं, और दूर अतीत के अंग बन गये हैं, जिसके बारे में हम पुस्तकों में पढ़ते है, और जो हमारे ज़माने से बिल्कुल अलग तरह का है। इन बड़े-बड़े परिवर्तनों के बारे में मुझे आगे चलकर तुम्हे कुछ बताना है। इस समय में तुम्हें एक चेतावनी दूंगा। तुम स्कूल मे भूगोल पढ़ रही हो, और जो भूगोल तुम पढ़ रही हो वह उस भूगोल से बिल्कुल जुदा है जो १९१४ ई० के पहले मुझे स्कूल में पढ़ना पड़ा था। और सम्भव है कि जो भूगोल तुम आज पढ़ रही हो उसकी बहुत-सी बातें तुम्हें बहुत जल्दी भूल जानी पड़े, जैसा कि मुझे भी करना पड़ा था। ज़मीनों के पुराने निशान, पुराने देश, युद्ध के धुएं में गायब होगये और उनकी जगह नये-नये देश पैदा होगये, जिनके नामों को याद रखना मुश्किल है। सैकड़ों शहरों के नाम रातों-रात बदल गये। सेण्ट पीटर्सबर्ग पहले पेत्रोग्राद हुआ और फिर

[1] इनकी १९३६ ई० में मृत्यु हो गई।

लेनिनग्राद; कुस्तुन्तुनिया को अब इस्तम्बूल कहना होगा; पेकिंग अब पेइपिंग कहलाता है; और बोहेमिया का प्रेग् अब चेकोस्लोवाकिया का प्राहा हो गया है।

उन्नीसवीं सदी के बारे में लिखे गये पत्रों में मैंने महाद्वीपों और देशों का ज़रूरी तौर पर अलग-अलग बयान किया है; हमने जुदा-जुदा पहलुओं पर और जुदा-जुदा आन्दोलनों पर भी अलग-अलग विचार किया है। लेकिन तुम्हें ध्यान में रखना चाहिए कि यह सब-कुछ लगभग साथ-साथ होता रहा है और इतिहास सारे संसार के ऊपर अपने हज़ारों पांवों को मिलाकर चलता रहा है। विज्ञान और उद्योग, राजनीति और अर्थशास्त्र, खुशहाली और ग़रीबी, पूंजीवाद और साम्राज्य-वाद, लोकतंत्र और समाजवाद, डारविन और मार्क्स, आज़ादी और गुलामी, अकाल और महामारी, युद्ध और शान्ति, सभ्यता और बर्बरता—इन सबका इस विचित्र बनावट में अपना-अपना स्थान रहा और एक की दूसरे पर क्रिया और प्रतिक्रिया हुई। इसलिए अगर हम इस ज़माने की या किसी दूसरे ज़माने की तसवीर अपने मन में बनावें तो यह तसवीर बड़ी झिलमिल और कांच के रंगीन टुकड़ों-वाली सैरबीन की तरह हरदम चलती-फिरती और बदलनेवाली होगी; हां, इस तसवीर के कई हिस्से ऐसे होंगे जिनपर ग़ौर करने से खुशी हासिल नहीं होगी।

जैसा कि हम देख चुके हैं, इस ज़माने की मुख्य विशेषता थी बड़े पैमाने पर पानी, भाप, बिजली वग़ैरा मशीनी शक्तियों के उत्पादन व उपयोग से पूंजीशाही उद्योगों की उन्नति। संसार के अलग-अलग भागों पर इसके अलग-अलग प्रभाव पड़े और ये प्रभाव ज़ाहिरा तौर पर भी पड़े थे और छिपे तौर पर भी। मसलन, लंकाशायर में मशीनी करघों के ज़रिये कपड़े के उत्पादन ने भारत के भीतरी गांवों की हालत उलट-पलट कर दी और वहां के कितने ही धंधे खतम कर दिये। यह पूंजीशाही उद्योग गतिशील था। अपनी इसी खासियत से वह दिन-पर-दिन बड़ा होता गया और उसकी भूख कभी नहीं बुझी। उसके निरालेपन का एक चिह्न था कमाने की हवस; यानी वह हमेशा इस कोशिश में रहता था कि कमाये और जमा करे और फिर कमाये। व्यक्तियों की भी यह कोशिश थी और राष्ट्रों की भी। इसलिए इस ढांचे के भीतर बढ़नेवाला समाज कमाने की हवसवाला समाज कहलाता है। लक्ष्य हमेशा यही रहा कि ज़्यादा-से-ज़्यादा उत्पादन हो और इस तरह पैदा होनेवाली फालतू दौलत नये-नये कारखानों, रेल-मार्गों व ऐसे ही दूसरे उद्योगों को खड़ा करने में लगती रहे और मालिकों को तो मालदार बनाती ही रहे। इस लक्ष्य के पीछे दौड़ में बाकी सब चीज़ों को क़ुर्बान कर दिया गया। मज़दूर लोग, जो उद्योगों की दौलत पैदा करते थे, इसका सबसे कम नफा उठा पाते थे। और इससे पहले कि इन मज़दूरों की, जिनमें स्त्रियां और बच्चे भी थे, बुरी हालत में कुछ सुधार हुआ, इन्हें

भयंकर मुसीबतों में से गुज़रना पड़ा। इस पूंजीशाही उद्योग के, व उसमें लगे हुए राष्ट्रों के लाभ के लिए उपनिवेशों व अधीन देशों को भी बलिदान का बकरा बनाया जा रहा था और निचोड़ा जाता था।

इस तरह पूंजीशाही अंधे की तरह और बेरहमी के साथ आगे बढ़ती गई, और उसकी पगडंडियों में उसके शिकारों की लाशें बिछ गईं। लेकिन इतने पर भी उसकी यह कूच विजय की खुशी से भरी हुई प्रगति थी। विज्ञान की मदद पाकर वह बहुतेरी बातों में सफल हुई, और इस सफलता ने संसार को चौधिया दिया, और उसके कारण पैदा होनेवाली मुसीबतों का मानो बहुत-कुछ बदला चुका दिया। इत्तिफ़ाक़िया ही और सोच-समझकर कोई योजना बनाये बिना ही उसने जीवन को सुखी बनानेवाली चीज़ें पैदा कर दीं। लेकिन चमकदार सतह और अच्छाइयों के नीचे बुराइयों का ढेर था। वास्तव में उसकी सबसे निराली चीज़ थी उसके पैदा किये हुए फ़र्क : एक तरफ हद से ज़्यादा ग़रीबी और दूसरी तरफ़ हद से ज़्यादा दौलत; गन्दी झोंपड़ियां और आसमान छूनेवाली इमारतें; साम्राजी राज्य और पराधीन शोषित उपनिवेश। यूरोप तो हुकूमत करनेवाला महाद्वीप था, और एशिया व अफ्रीका निचोड़े जानेवाले महाद्वीप थे। इस सदी के बड़े भाग मे अमेरिका संसार के घटनाचक्र से बाहर रहा, लेकिन वह तेज़ी से आगे बढ़ रहा था और ज़बर्दस्त साधन जुटा रहा था। यूरोप में इंग्लैण्ड इस पूजीशाही का, और ख़ासकर उसके साम्राज्यशाही पहलू का दौलतमंद, अभिमानी और अपने-आप में मस्त नेता था।

पूजीशाही उद्योगों की दौड़ और लालची तासीर ने ही मामला इतना बिगाड़ दिया कि विरोध और आन्दोलन खड़े हो गये और आखिर में मज़दूरों के हितों की रक्षा के लिए उनपर कुछ पाबन्दियां लग गईं। शुरू के दिनों में कारख़ाना-प्रणाली का अर्थ था मज़दूरों का भयंकर शोषण–ख़ासकर स्त्रियों और बच्चों का। कारख़ानों में काम करने के लिए स्त्रियों और बच्चों को मरदों से ज़्यादा पसन्द किया जाता था क्योंकि वे सस्ते मिल जाते थे और उन्हें बहुत ही गन्दी व मनहूस हालतों में, कभी-कभी तो दिन भर में अट्ठारह घंटे, काम करने को मजबूर किया जाता था। अन्त में राज्य ने दख़ल दिया और फ़ैक्टरी क़ानून कहलानेवाले क़ानून पास किये जिनमें रोज़ाना काम के घंटे बांध दिये गए और मज़दूरों के लिए अच्छी हालतों पर ज़ोर दिया गया। इन क़ानूनों के जरिये स्त्रियों और बच्चों की ख़ास तौर पर रक्षा की गई। लेकिन कारख़ानेदारों के ज़ोरदार विरोध के मुक़ाबले में इन्हें पास करने के लिए बड़ी लम्बी और सख़्त लड़ाई हुई।

पूंजीशाही उद्योग का नतीजा यह भी हुआ कि समाजवादी और साम्यवादी ख़याल फैले, जिन्होंने नये उद्योग को तो मान लिया लेकिन पूंजीवाद की बुनियाद

को मानने से इन्कार कर दिया। मज़दूरों के संगठन, ट्रेड-यूनियनें और अन्तर्राष्ट्रीय संगठन भी बने और विकसित हुए।

पूंजीशाही से साम्राज्यशाही पैदा हुई, और पूर्वी देशों की बहुत अर्से से क़ायम आर्थिक हालतों पर पश्चिमी पूंजीशाही उद्योग की टक्कर ने वहां तबाही मचा दी। धीरे-धीरे इन पूर्वी देशों तक में भी पूंजीशाही उद्योग जड़ पकड़ गया और बढ़ने लगा। वहां पश्चिम के साम्राज्यवाद को चुनौती देनेवाला राष्ट्रवाद भी पैदा हो गया।

इस तरह पूंजीशाही ने संसार को हिला डाला, हालांकि इसकी वजह से मनुष्य-जाति के लिए भयंकर मुसीबतें पैदा हुईं, लेकिन फिर भी, कुल मिलाकर यह एक भली हलचल साबित हुई; कम-से-कम पश्चिम में तो हुई ही। इसके पीछे-पीछे संसारी सुख के साधनों में ज़बर्दस्त तरक्क़ी हुई और इसने मनुष्य-जाति की ख़ुशहाली का स्तर एकदम ऊंचा उठा दिया। साधारण आदमी का अब इतना ज़्यादा महत्त्व हो गया जितना पहले कभी नहीं हुआ था। कहने को तो उसे वोट का अधिकार मिल गया था, लेकिन व्यवहार में किसी भी चीज़ में उसकी बात नही सुनी जाती थी। हां, फ़र्ज़ी तौर पर राज्य में उसका दर्जा ऊंचा हो गया और इसके साथ उसमें आत्म-सम्मान की भावना भी बढ़ी। अलबत्ता यह बात पश्चिमी देशों पर ही लागू होती थी जहां पूंजीशाही उद्योग ने अपनी जड़ें जमा ली थीं। ज्ञान का बड़ा भारी भंडार इकट्ठा हो गया और विज्ञान ने चमत्कार पैदा कर दिये और जीवन में उसके हज़ारों उपयोगों ने हरेक की ज़िन्दगी आसान बना दी। चिकित्सा ने, ख़ासकर उसके बीमारियां रोकनेवाले पहलू ने और सार्वजनिक सफ़ाई ने, बहुत-से रोगों को दबाना और निर्मूल करना शुरू कर दिया जो मनुष्य के लिए बला थे। मिसाल के लिए मलेरिया का कारण और उसकी रोक-थाम का उपाय खोज निकाले गये। और अब इसमें शक नहीं कि अगर माकूल उपाय किये जायं तो यह रोग किसी भी इलाके में निर्मूल किया जा सकता है। यह सही है कि भारत में व दूसरी जगहों में मलेरिया का अभी तक ज़ोर है और करोड़ों इसके शिकार होते हैं, पर यह विज्ञान का क़सूर नहीं है, क़सूर लापरवाह सरकार का और अज्ञानी जनता का।

इस सदी की शायद सबसे ज़्यादा मार्के की सूरत थी माल-ढुलाई व आवा-जाई के साधनों में प्रगति। रेल, भाप के जहाज़, तार-प्रणाली और मोटरकार ने दुनिया को बिलकुल बदल दिया, और मनुष्य-जाति के सारे मामलों में उसे पहले की बनिस्बत बहुत ही जुदा क़िस्म की जगह बना दिया। दुनिया सिकुड़कर छोटी हो गई और उसके निवासी एक दूसरे के ज़्यादा नज़दीक आ गये। अब वे एक दूसरे से ज़्यादा मिल-भेंट सकते थे और इस आपसी परिचय के कारण अज्ञान से पैदा होनेवाली कई दीवारें ढह गईं। एक-से विचार फैलने लगे, जिनसे सारे संसार में कुछ हद तक

समानता पैदा होने लगी। जिस ज़माने का हम ज़िक्र कर रहे हैं, उसके ठेठ अन्त में बेतार-प्रणाली और उड़न-कला ने क़दम रक्खा। अब तो ये काफ़ी साधारण चीज़ें हो गई हैं। तुम कई बार हवाई-जहाज़ों में उड़ी हो और तुमने बिना कुछ ध्यान दिये उनमें बैठकर यात्राएं की हैं। बेतार-प्रणाली और उड़न-कला का विकास बीसवीं सदी की और हमारे ही ज़माने की बातें हैं। लोग गब्बारे में बैठकर तो अक्सर उड़े थे, लेकिन कथा-कहानियों में अलिफ़लैला के उड़न-ग़लीचे और भारतीय कहानियों के उड़न-खटोले जैसी चीज़ों पर बैठकर उड़नेवालों के सिवा हवा से भारी चीज़ पर कोई आसमान में नहीं उड़ा था। हवा से भारी मशीन पर आकाश में उड़नेवालों में सबसे पहले व्यक्ति दो अमरीकी भाई विल्बर राइट और ओरविले राइट थे। आजकल का हवाई-जहाज़ इसी मशीन की औलाद है। दिसम्बर, १९०३ ई० मे वे तीन सौ गज़ से भी कम उड़े, लेकिन फिर भी उन्होंने वह कर दिखाया, जो पहले कभी नहीं हुआ था। इसके बाद उड़न-कला में लगातार प्रगति होती रही और १९०९ ई० में जब ब्लेरिओ नामक फ़ान्सीसी, इंग्लिश चैनल के ऊपर उड़कर फ़ान्स से इंग्लैण्ड पहुंचा था, तब जो खलबली मची थी वह मुझे अभी तक याद है। इसके कुछ ही दिन बाद मैंने पेरिस मे एफ़िल टावर के ऊपर सबसे पहला हवाई जहाज़ उड़ते देखा था। कई वर्ष बाद, मई, १९२७ ई० में, जब चार्ल्स लिण्डबर्ग अतलांतिक सागर को लांघ करके चांदी के तीर की तरह चमचमाता हुआ आया और पेरिस के हवाई अड्डे ला-बूर्ज़े पर उतरा, तब तुम और मैं पेरिस में ही मौजूद थे।

ये तमाम चीज़ें इस ज़माने की देन हैं जबकि पूंजीशाही उद्योगों का बोलबाला था। इस सदी में मनुष्य ने बेशक निराले काम किये। इस ज़माने की एक देन और भी है। जैसे-जैसे लालची और हड़पख़ोर पूंजीशाही बढ़ी वैसे ही सहकारी आन्दोलन में उसे रोकने का उपाय निकाला गया। माल को मिलकर ख़रीदने-बेचने और मुनाफ़ों को आपस में बांटने के लिए लोगों का यह एक मेल था। साधारण पूंजीशाही तरीक़ा गर्दन-मार होड़बाज़ी का तरीक़ा था, जिसमें हर व्यक्ति दूसरे से आगे जाने की कोशिश करता था। सहकारी तरीक़े का आधार था आपसी सहकार। तुमने बहुत-से सहकारी भंडार देखे होंगे। यूरोप में उन्नीसवीं सदी में यह सहकारी आन्दोलन बहुत बढ़ा। शायद सबसे ज़्यादा सफलता इसे डेनमार्क के छोटे-से देश में मिली।

राजनैतिक मैदान में लोकतन्त्री विचारों की बढ़ोतरी हुई और अपनी-अपनी पार्लमेण्टों व विधान-सभाओं के लिए वोट देने के हक़ दिन-पर-दिन ज़्यादा लोगों को मिलते गये। पर यह मताधिकार सिर्फ़ पुरुषों के लिए ही था, और स्त्रियां, चाहे वे दूसरी तरह से कितनी ही लायक क्यों न हों, इस हक़ को पाने के

लिए ठीक या काफ़ी समझदार नहीं मानी गईं। बहुत-सी स्त्रियों ने इसपर सख्त नाराज़ी ज़ाहिर की और बीसवीं सदी के शुरू में इंग्लैण्ड में स्त्रियों ने एक ज़बर्दस्त आन्दोलन खड़ा किया। यह नारी मताधिकार आन्दोलन[१] कहलाया, और जब पुरुषों ने इसे मामूली चीज़ समझा और इसपर कुछ ध्यान नहीं दिया तो मताधिकारवादी स्त्रियों ने उन्हें मजबूर करने के लिए ज़ोर-ज़बरदस्ती के और मार-पीट के तरीके अपनाये। लोगों का ध्यान खीचनेवाली हरकतों से ये पार्लमेण्ट की कार्रवाई में गड़बड़ी डालती थीं और ब्रिटिश मंत्रि-मंडल के मंत्रियों पर वार करती थीं, जिसकी वजह से इन मन्त्रियों को हरदम पुलिस की हिफ़ाज़त में रहना पड़ता था। संगठित हिंसा भी बड़े पैमाने पर हुई और बहुत-सी स्त्रियां जेलों में डाल दी गई, जहां उन्होंने भूख-हड़तालें शुरू कर दी। इसपर उन्हें छोड़ दिया गया; लेकिन ज्योंही वे चंगी हुई उन्हें फिर क़ैद कर दिया गया। इस तरह की कार्रवाई को जायज़ करने के लिए पार्लमेण्ट ने एक विशेष क़ानून बनाया जिसे आम तौर पर लोग 'बिल्ली और चूहे का क़ानून'[२] कहते थे। मताधिकार-वादी स्त्रियों की ये तरकीबें सभी लोगों का ध्यान खींचने में सफल हुई। कुछ वर्षों में, महायुद्ध के शुरू होने के बाद स्त्रियों को वोट देने का हक़ मंज़ूर कर लिया गया।

स्त्रियों का यह आन्दोलन, जिसे अक्सर 'नारीवादी आन्दोलन'[३] कहा जाता है, सिर्फ वोट का ही हक़ नहीं मांगता था। उसकी मांग थी पुरुषों के साथ हरेक बात में बराबरी का हक़। कुछ दिन पहले तक पश्चिम में स्त्रियों की दशा बहुत बुरी थी। उन्हें कोई हक़ नही थे। क़ानून के मातहत अंग्रेज़ स्त्रियों को जायदाद रखने का भी हक़ नहीं था; सब चीज़ों पर पति का हक़ होता था, यहां तक कि स्त्री की कमाई पर भी। इस तरह क़ानून के लिहाज़ से उनकी दशा उससे भी बदतर थी जो आज हिन्दू क़ानून के मातहत स्त्रियों की है, और यह तो काफ़ी बुरी है। सच तो यह है कि पश्चिम में स्त्रियां एक पराधीन नस्ल थीं, जैसी कि ढेरों बातों में आज भारतीय स्त्रियां है। मताधिकार आन्दोलन शुरू होने से बहुत पहले ही स्त्रियों ने दूसरे मामलों में पुरुषों की बराबरी के बर्ताव की मांग की थी। आखिर १८८०-९० ई० के बीच में इंग्लैण्ड में स्त्रियों को जायदाद रखन के कुछ हक़ दिये गए। स्त्रियों को इसमें सफलता कुछ तो इसलिए मिली कि कारख़ानेदार इसके पक्ष में थे। उन्होंने सोचा कि अगर स्त्रियां अपनी कमाई की मालिक हो जायंगी तो इससे उन्हें कारख़ानों में काम करने का लालच होगा।

---

१ Woman Suffrage Movement
२ Cat and Mouse Act
३ Feminist Movement

हर तरफ़ हमें बड़े-बड़े परिवर्तन दिखाई देते हैं, लेकिन हुक़ूमतों के ढंगों में कोई परिवर्तन नहीं होता। बड़ी-बड़ी शक्तियां साजिश और दग़ाबाज़ी के उन्हीं उपायों पर चलती रहीं, जो बहुत दिन पहले फ्लोरेन्स के मैकियावैली ने, और उससे १८०० वर्ष पहले एक भारतीय मंत्री चाणक्य ने, सुझाये थे। इनमें हरदम लांग-डांट चलती रहती थी और गुप्त सन्धियां व गुटबन्दियां होती थीं और हर शक्ति दूसरी को नीचा दिखाने की कोशिश में रहती थी। जैसा कि हम देख चुके ह, यूरोप का रूप सकर्मक व सर-ज़ोर था, और एशिया का अकर्मक। संसार की राजनीति मे अमेरिका, दूसरों के मुक़ाबले मे, बहुत कम हिस्सा लेता था, क्योंकि वह अपने ही मामलों मे फंसा हुआ था।

राष्ट्रीयता के विकास के साथ-साथ इस भावना का भी विकास हुआ कि 'मेरा देश चाहे सही हो या ग़लत', और राष्ट्र ऐसी-ऐसी कार्रवाईयां करने में शान समझने लगे जो व्यक्तियों के लिए बुरी और भ्रष्ट समझी जाती थी। इस तरह व्यक्तियों और राष्ट्रों के आचार-व्यवहार के बीच एक अजीब फ़र्क़ पैदा हो गया, दोनों के बीच ज़बर्दस्त अन्तर पड़ गया और जो बातें व्यक्तियों के लिए खोटी आदतें थीं, वेही राष्ट्रों के लिए अच्छी आदतें बन गईं। व्यक्ति की हैसियत से पुरुषों व स्त्रियों के मामले में खुदग़र्ज़ी, लोभ, हेकड़ी और कमीनापन, कतई बुरे समझे जाते थे। लेकिन बड़े-बड़े राष्ट्रो, समुदायों के मामले में देशभक्ति और देश-प्रेम का शानदार चोग़ा पहनाकर इन्हीं बातों को सहारा जाता था और बढ़ावा दिया जाता था। अगर बड़े समुदाय या राष्ट्र एक दूसरे के ख़िलाफ़ हत्या और मारकाट का सहारा लें तो ये भी तारीफ़ के लायक हो जाती है। इन्हीं दिनों एक ग्रन्थकार ने कहा है, और ठीक ही कहा है, कि "सभ्यता ऐसी तरक़ीब बन गई है, जिसके ज़रिये व्यक्तियों की बुरी आदतें बड़े समुदायों को सुपुर्द कर दी जाती है, और जितना बड़ा समुदाय हो उतनी ही ज्यादा उसके हिस्से मे आती है।

: १४६ :

महायुद्ध की शुरूआत

२३ मार्च, १९३३

पिछला पत्र मैंने यह बतलाते हुए ख़तम किया था कि एक दूसरे के साथ व्यवहार में राष्ट्र कितने खोटे और भ्रष्ट हो गये थे। जहां-कहीं उनके लिए ऐसा करना संभव था, वहां वे दूसरों को गुस्सा दिलानेवाला और बैर बढ़ाने-वाला रुख़ इख्तियार करना, और 'खाओ नहीं तो बिगाड़ो' की नीति बरतना, अपनी स्वाधीनता का लक्षण समझते थे। उनसे यह कहनेवाली कोई सत्ता नहीं थी कि अच्छा बर्ताव करें, क्योंकि क्या वे स्वाधीन नहीं थे और क्या वे किसीकी

दस्तन्दाज़ी को बर्दाश्त कर सकते थे ! उनके बर्ताव पर अगर कोई रोक थी तो वह नतीज़ों का डर थी। इसलिए कुछ हद तक बलवानों का आदर किया जाता था और निर्बलों को डराया-धमकाया जाता था।

राष्ट्रों की यह आपसी लाग-डांट वास्तव में पूंजीशाही उद्योग की बढ़ोतरी का लाज़िमी नतीज़ा थी। हम देख चुके हैं कि मंडियों और कच्चे मालों की लगातार बढ़ती हुई मांग ने पूजीवादी शक्तियों को किस तरह साम्राज्य के लिए दुनिया के चारों और दौड़ लगाने को मज़बूर कर दिया था। उन्होंने एशिया और अफ्रीका में दौड़-भाग मचाई और जितने प्रदेश पर वे क़ब्ज़ा कर सकती थीं, उतने पर, उससे पूरा फ़ायदा उठाने के लिए, क़ब्ज़ा कर लिया। जब ये साम्राज्यशाही शक्तियां सारी दुनिया पर छा गई और पैर फैलाने को कोई जगह न रही, तो ये एक दूसरी को भेड़ियों की तरह घूरने लगीं और एक-दूसरी की मिल्कियतों पर ललचाने लगीं। एशिया और अफ्रीका और यूरोप में इन बड़ी शक्तियों के बीच अक्सर मुठभेड़ें होती रहती थीं और गुस्से की आग भड़क उठती थी और ऐसा लगता था मानो युद्ध छिड़ने ही वाला है। इनमें से कुछ शक्तियां दूसरी शक्तियों से अच्छी हालत में थीं, और उद्योगों में अगुआ और बहुत बड़े साम्राज्यवाला इंग्लैण्ड, इनमें सबसे ज़्यादा भाग्यशाली नजर आता था। लेकिन इंग्लैण्ड को भी संतोष नही था, क्योंकि जितना ज़्यादा किसीको मिलता है उतनी ही उसकी हवस भी बढ़ जाती है। उसके 'साम्राज्य-निर्माताओ' के दिमाग़ों में साम्राज्य के विस्तार की खूब लम्बी-चौड़ी योजनाएं चक्कर काटती रहती थीं; मसलन काहिरा से उत्तमाशा अन्तरीप तक, उत्तर से दक्षिण तक अटूट फैले हुए अफ्रीका साम्राज्य की योजनाएं। उद्योगों में जर्मनी व संयुक्त राज्य अमेरिका की मुक़ाबलेदारी भी इंग्लैण्ड को परेशान कर रही थीं। ये देश पक्का माल इंग्लैण्ड से सस्ता तैयार कर रहे थे और इस तरह इंग्लैण्ड को हाट-बाज़ार उससे चुपचाप छीनते जा रहे थे।

जब इतना भाग्यशाली इंग्लैण्ड ही सन्तुष्ट नहीं था, तो दूसरे राष्ट्र तो और भी ज़्यादा असन्तुष्ट थे। खासकर जर्मनी, जो बड़ी शक्तियों में बहुत देर में शामिल हुआ था और जिसने देखा कि सारे पके बेर तो पहले ही लुट चुके है। इसने विज्ञान, शिक्षा व उद्योगों में ज़बर्दस्ती प्रगति की थी और साथ ही बड़ी बढ़िया फ़ौज़ें तैयार कर ली थीं। अपने मज़दूरों के लिए समाजी-सुधार के क़ानूनों में भी यह इंग्लैण्ड-समेत अन्य दूसरे देशों से आगे था। जिस समय जर्मनी मैदान में आया उस समय हालांकि दुनिया के बड़े हिस्से पर दूसरी साम्राज्यवादी शक्तियों ने क़ब्ज़ा कर लिया था और दूसरों के शोषण से लाभ उठाने के रास्ते बंध चुके थे, फिर भी कठोर मेहनत और आत्म-अनुशासन के बल पर जर्मनी इस औद्योगिक पूंजीशाही के युग की सबसे ज़्यादा ताक़तवर और कारगर शक्ति बन गया। उसके

व्यापारी जहाज हर बन्दरगाह में नज़र आने लगे और उसके बन्दरगाह हैम्बर्ग व ब्रैमैन संसार के सबसे बड़े बन्दरगाहों में गिने जाने लगे। जर्मनी का व्यापारी जहाज़ी बेड़ा सिर्फ़ दूर देश देशों को जर्मनी का माल ही नहीं ले जा जाता था, बल्कि उसने दूसरे देशों के माल ढोने के धन्धे पर भी क़ब्ज़ा कर लिया था।

यह नया साम्राज्यशाही जर्मनी इस सफलता को हासिल करके और अपने बल को पूरी तरह महसूस करके, अगर उन बन्दिशों पर खीझ रहा था, जो उसकी आगे की बढ़ोतरी पर लगादी गई थी, तो इसमें अचम्भे की बात नहीं है। जर्मन साम्राज्य का नेता प्रशिया था और प्रशियाई ज़मीदार-वर्ग व सैनिक-वर्ग, जिसके हाथों में सत्ता थी नम्रता के लिए कभी मशहूर नहीं रहा। ये लोग सरकश थे और अपनी बेदर्द सरकशी पर घमंड करते थे। हायनत्सालर्न घराने के कैसर विल्हैम द्वितीय के रूप में उन्हें अपने इस और अकड़बाज़ स्वभाव का आदर्श नेता भी मिल गया था। कैसर चारों तरफ़ ज़ाहिर करता फिरता था कि जर्मनी संसार का नेता बननेवाला है, कि वह धरती पर अपने लिए महत्व की जगह चाहता है, कि उसका भविष्य समुद्र पर निर्भर है; और यह कि अपनी संस्कृति दुनियाभर में फैलाना उसका मिशन है।

इससे पहले यह तमाम बातें दूसरे लोग व दूसरे राष्ट्र भी कह चुके थे। इंग्लैण्ड का 'गोरे आदमी का भार' और फ्रान्स का 'सभ्यता सिखानेवाला मिशन' जर्मनी की संस्कृति के ही भाई-बन्द थे। इंग्लैण्ड का दावा था कि समुद्रों पर उसकी पूरी प्रभुताई है, और यह सही भी था। जो दावा कई अंग्रेज़ों ने इंग्लैण्ड के लिए किया था, वही कैसर ने जर्मनी के लिए ज़रा भद्दे और लफ्फ़ा जीभरे ढंग से कहा। फ़र्क़ इतना ही था कि इंग्लैण्ड क़ाबिज़ था और जर्मनी नहीं था। मगर इसपर भी क़ैसर के लपफ़ाजी भरे भाषणों ने अंग्रेज़ों को बहुत चिढ़ा दिया। कोई दूसरा राष्ट्र दूनिया में अगुआ राष्ट्र बनने का विचार तक करे यह खयाल उनके लिए बहुत ही नागवार था। यह एक किस्म का कुफ्र था और अपने आपको अगुआ राष्ट्र समझनेवाले इंग्लैण्ड को ज़ाहिरा चुनौती थी। और सौ वर्ष पहले ट्रैफल्गर में नेपोलियन की पराजय के बाद से तो समुद्र पर मानो इंग्लैण्ड का ही इज़ारा था। इसलिए इंग्लैण्ड को यह बात बिलकुल बेजा मालूम होती थी कि जर्मनी या कोई दूसरा राष्ट्र उसकी इस हैसियत को चुनौती दे। अगर इंग्लैण्ड की समुद्री ताक़त कम हो जाय तो उसके दूर-दूर बिखरे हुए साम्राज्य का क्या होगा ?

क़ैसर की चुनौतियां और धमकियां तो काफ़ी बुरी थी हीं; इससे भी बुरी बात यह थी कि उसने इनके बाद सचमुच अपना जंगी-बेड़ा बढ़ा लिया। इससे अंग्रेजों के मिज़ाज और औसान बिगड़ गये और वे भी अपना जंगी-बेड़ा बढ़ाने लगे।

इस तरह दोनों के बीच समुद्री-ताक़त की दौड़ शुरू हो गई और दोनों देशों के अख़बारों ने लगातार चीख-पुकार मचा दी जिसमें ज़्यादा-से ज़्यादा जंगी-जहाज़ों की मांग की गई और राष्ट्रीय बैर-भाव भड़काया गया।

यूरोप में यह ख़तरे का प्रदेश था। बहुत-से और भी थे। फ्रान्स और जर्मनी तो पुराने मुक़ाबलेदार थे ही, और फ्रान्सीसियों के दिलों में १८७० ई० की पराजय की कड़वी यादें कांटे की तरह खटक रही थीं और वे बदला लेने के सपने देख रहे थे। बलकानी देश सदा से बारूद का ढेर थे, जहां कितने ही स्वार्थ टकरा रहे थे। पश्चिमी एशिया में अपना प्रभाव बढ़ाने के ख़याल से जर्मनी ने भी तुर्की से दोस्ती करना शुरू किया। बगदाद को कुस्तुन्तुनिया और यूरोप से जोड़ने-वाला एक रेलमार्ग इस शहर तक बनाने की तजवीज़ हुई। यह तजवीज़ बहुत अच्छी थी, लेकिन चूंकि जर्मनी इस बग़दाद रेलवे पर क़ाबू रखना चाहता था, इसलिए राष्ट्रीय द्रोह भड़क उठे।

धीरे-धीरे युद्ध का भय सारे यूरोप में फैल गया और शक्तियों ने अपने-अपने बचाव के लिए गुट बनाने चाहे। बड़ी शक्तियां दो गिरोहों में बंट गईं; एक तो जर्मनी, आस्ट्रिया और इटली का तिहरा गुट और दूसरा इंग्लैंड, फ्रान्स और रूस का तिहरा समझौता। इटली तिहरे गुट का बहुत ढीला-ढाला सदस्य था और जब युद्ध हुआ तो वह सचमुच अपने वचन को भंग करके दूसरे के पक्ष से जा मिला। आस्ट्रिया के साम्राज्य के सारे अंजर-पंजर हिल रहे थे; नक़शे पर तो वह बड़ा दिखाई देता था लेकिन आपस मे विरोधी तत्वों से भरा था, और विज्ञान, संगीत व कला का महान केन्द्र, सुन्दर वेनिस, उसकी राजधानी था। मतलब यह कि अमल में तिहरे गुट का अर्थ था जर्मनी। हां, आज़मायश का वक्त आने से पहले कोई नहीं जानता था कि इटली और आस्ट्रिया का क्या रुख होगा।

बस, यूरोप में भय का राज हो रहा था और भय बड़ी भयंकर चीज़ है। हर देश युद्ध की तैयारी करता चला जा रहा था और हथियारों से ख़ूब लैस बन रहा था। अस्त्रीकरण की दौड़ मची हुई थी और इस होड़ का विचित्र पहलू यह होता है कि अगर एक देश अपने युद्ध के साधनों में बढ़ोतरी करता है तो दूसरे देशों को भी वैसा ही करने पर मजबूर होना पड़ता है। हथियार, यानी तोपें जंगी-जहाज़, गोला-बारूद व युद्ध का दूसरा सब सामान तैयार करनेवाली खानगी कम्प-नियों ने सहज ही ख़ूब मुनाफ़े लूटे ताकि चकमे में आकर सारे देश उनसे ख़ूब हथियार खरीदें। हथियार बनानेवाली ये कम्पनियां बड़ी मालदार और प्रभाववाली थीं और इंग्लैण्ड, फ्रान्स, जर्मनी व दूसरे देशों के बहुत-से ऊंचे ओहदेदार और मन्त्री इनके हिस्सेदार थे और इसलिए इनकी मालदारी में उनका स्वार्थ था। हथियार बनानेवाली कम्पनियां मालदार तभी होती हैं जब युद्ध के अन्देशे हों या युद्ध हों।

इसलिए बड़े अचम्भे की स्थिति यह थी कि कई सरकारों के मंत्रियों व ऊंचे ओहदेदारों का माली स्वार्थ इसमें था कि युद्ध हो । अलग-अलग देशों के युद्ध-खर्चे को बढ़ावा देने के लिए ये कम्पनियां दूसरी तरकीबें भी इस्तेमाल में लाती थीं । जनमत पर असर डालने के लिए वे अखबारों को खरीद लेती थीं और अक्सर सरकारी अफ़सरों को रिश्वतें देती थीं और जनता को भड़काने के लिए झूठी अफ़वाहें फैलाती थीं । युद्ध-सामग्री बनाने का उद्योग भी कैसी भयंकर चीज़ है, जो दूसरों की मौत पर जीता है, और जो युद्ध से मुनाफ़ा कमाने के लिए युद्ध के हत्याकांडों को बढ़ावा देने व पैदा करवाने में ज़रा नहीं हिचकिचाता। इसी उद्योग ने १९१४ ई० के युद्ध को जल्दी लाने में कुछ हद तक मदद पहुंचाई थी। आज भी वह यही खेल खेल रहा है।

युद्ध की इस चर्चा के दौरान में मैं तुम्हें शान्ति की एक कोशिश की बात बतलाना चाहता हूं। और किसीने नहीं बल्कि रूस के ज़ार निकोलस द्वितीय ने शक्तियों के सामने यह सुझाव रक्खा कि वे विश्वशान्ति का युग लाने के लिए आपस में मिलकर बातचीत करें। यह वही ज़ार था जो अपने साम्राज्य में हरेक उदारवादी आन्दोलन को कुचल रहा था और अपने क़ैदियों से साइबेरिया को आबाद कर रहा था ! उसका शान्ति की बात चलाना एक तरह से मज़ाक-सा लगता है। लेकिन शायद उसकी नीयत ईमानदारी की थी क्योंकि उसके लिए शान्ति का मतलब यह था कि मौजूदा हालत और उसकी निरंकुशशाही हमेशा क़ायम रहें। उसके बुलावे पर हॉलैण्ड के हेग नगर में १८९९ व १९०७ ई० में दो शान्ति-सम्मेलन हुए। इसमें ज़रा भी महत्व की कोई कार्रवाई नहीं हुई। शान्ति एकदम आकाश से नहीं टपक सकती। वह तो तभी आ सकती है जब झगड़ों की जड़ें उखाड़ फेंकी जायं।

मैंने तुम्हें बड़ी शक्तियों की लाग-डांटों और अन्देशों के बारे में बहुत-कुछ बतलाया है। बेचारे छोटे राष्ट्रों पर कोई ध्यान नहीं देता है, सिवाय उनके जो नटखटपन करें। यूरोप के उत्तर में कुछ छोटे-छोटे देश हैं, जो ध्यान देने लायक़ हैं क्योंकि ये लालची और हड़पखोर बड़ी शक्तियों से बिल्कुल दूसरी क़िस्म के हैं। ये हैं स्केण्डिनेविया में नॉरवे व स्वीडन और इनके ठीक नीचे डेनमार्क। ये उत्तरी ध्रुव-प्रदेश से ज़्यादा दूर नहीं हैं; ये बहुत ठंडे हैं और यहां का रहना बहुत कठिन है। वहां सिर्फ़ छोटी-सी आबादी का ही गुज़ारा हो सकता है। लेकिन चूंकि ये नफ़रत, डाह और लाग-डांटवाली बड़ी शक्तियों के दायरे से बाहर हैं, इसलिए चैन की ज़िन्दगी बिताते हैं और अपना सारा ज़ोर सभ्य रास्तों में लगाते हैं। वहां विज्ञान पनपता है और बढ़िया साहित्य का विकास हुआ है। नॉरवे व स्वीडन मिला दिये गए थे और १९०५ ई० तक दोनों का एक ही राज्य बना हुआ था। लेकिन इस वर्ष

में नॉरवे ने विलग होने का और अपनी अलग हैसियत क़ायम रखन का फ़ैसला किया। इसलिए दोनों देशों ने अपना आपस में समझौता करके अपना रिश्ता तोड़ देने का फ़ैसला किया और तबसे दोनों अलग-अलग स्वाधीन राज्य चले आ रहे है। न तो युद्ध हुआ और न एक देश ने दूसरे पर दबाव डालने की कोशिश की। दोनों दोस्ती के साथ पड़ोसियों की तरह रहते चले आ रहे है।

छोटे-से डेनमार्क ने अपनी स्थल-सेना व जल-सेना दोनों को तोड़कर क्या बड़े और क्या छोटे सभी देशों के सामने एक मिसाल पेश कर दी है। यह किसान-राष्ट्र है, छोटे-छोटे किसानों का देश है, जहां धनवान और ग़रीब मे ज़्यादा फ़र्क नहीं है। इस बराबरी के दर्जे की खास वजह है वहां सहकारी आन्दोलन की खूब उन्नति।

लेकिन यूरोप के सारे छोटे देश डेनमार्क की तरह नेकी के बढ़िया नमूने नहीं है। हॉलैण्ड, जो खुद बहुत छोटा है, अभी तक इण्डोनेशिया (जावा, सुमात्रा, वग़ैरा) मे एक बड़े साम्राज्य का स्वामी बना हुआ है। उसका पड़ौसी बेल्जियम अफ्रीका में कांगो को चूस रहा है। पर यूरोपीय राजनीति में इसका असली महत्व इसकी स्थिति के सबब से है। यह क़रीब-क़रीब फ्रान्स और जर्मनी के रास्ते में पड़ता है और इन दोनों देशों के बीच कोई युद्ध हो तो उसमें इसका घिसट आना एक तरह से लाज़िमी ही है। तुम्हें याद होगा कि वाटरलू बेल्जियम में ब्रुसैल्स के पास है। इसी कारण बेल्जियम 'यूरोप का अखाड़ा'[1] कहलाया करता था। मुख्य बड़ी शक्तियों ने आपसी क़रार कर लिया कि अगर युद्ध हो तो बेल्जियम को तटस्थ माना जाय लेकिन, जैसा कि हम आगे देखेंगे, जब युद्ध सचमुच छिड़ गया तो इस क़रार और वादे की धज्जियां उड़ गई।

मगर यूरोप व दूसरी जगहों के तमाम छोटे देशों में सबसे ज़्यादा झगड़ालू देश बलकान में है। पीढ़ियों की अदावत और आपसी लाग-डांट जिनके पीछे लगी हुई है ऐसी क़ौमों व नस्लों की यह बेमेल खिचड़ी आपसी बैर व लड़ाई-झगड़ों से भरी हुई है। १९१२-१३ ई० के बलकानी युद्धों में बेहद खून-खराबी हुई थी और थोड़े-से समय में व छोटे-से क्षेत्र में धन-जन की ज़बर्दस्त हानि हुई। कहते हैं कि बलग़ारियों ने शरणार्थी और भागते हुए तुर्कों पर भयंकर जुल्म किये थे। बहुत वर्ष पहले खुद तुर्कों का लेखा भी बहुत ख़राब रहा था। सर्बिया (आजकल यूगोस्लाविया का एक भाग) ने भी हत्याओं के लिए बड़ी बुरी बदनामी हासिल की थी। देशभक्त कहलाने वालों का गुप्त हत्याकारी दल, जिसका नाम 'काला हाथ'[2] था और जिसके सदस्यों में राज्य के कई ऊंचे ओहदेदार शामिल थे, निराले किस्म की

---

[1] Cock-pit of Europe

[2] Black Hand.

दिल दहलानेवाली हत्याओं के कुछ कांडों के लिए ज़िम्मेदार था। देश के बादशाह और बेगम को, यानी बादशाह अलक्सांदर और महारानी द्रागा को, बेगम के भाइयों, प्रधान-मंत्री व कुछ दूसरे लोगों के साथ कमीने तरीक़े से क़त्ल कर डाला गया। यह सिर्फ़ राजमहल की क्रान्ति थी, और एक दूसरा व्यक्ति बादशाह बना दिया गया।

इस तरह यूरोप के आकाश में बादलों की गरज व बिजली की कौध के साथ बीसवीं सदी की शुरूआत हुई, और जैसे-जैसे साल बीतते गये मौसम और भी ज़्यादा तूफ़ानी होता गया। पेचीदगियां और उलझनें बढ़ती गईं और यूरोप के जीवन मे दिन-पर-दिन गांठें बंधती गईं—जो गांठें आख़िर में युद्ध के ही ज़रिये कटनेवाली थीं। सारी शक्तियां युद्ध की बाट देख रही थी और उसके लिए सरगर्मी से तैयारियां कर रही थीं, लेकिन फिर भी शायद युद्ध कोई भी नहीं चाहती थी। कुछ हद तक सब युद्ध से डरती थीं, क्योंकि यक़ीन के साथ कोई भी यह भविष्यवाणी नही कर सकता था कि युद्ध का नतीजा क्या होगा। पर फिर भी सिर्फ भय युद्ध की ओर ढकेल रहा था। जैसा कि मैं तुम्हें बतला चुका हूं, यूरोप में दो पक्ष एक दूसरे के खिलाफ़ आमने-सामने खड़े हुए थे। यह 'शक्ति का संतुलन' कहलाता था, जो इतना नाज़ुक था कि ज़रा से धक्के से बिगड़ सकता था। जापान, हालांकि यूरोप से बहुत दूर था और उसकी अपनी समस्याओं से ज़्यादा वास्ता नही रखता था, मगर उसके गठ-बन्धनों में और शक्ति के इस संतुलन में शामिल था। क्योंकि जापान इंग्लैण्ड का साथी था। इस गठ-बन्धन का मतलब था पूर्व में, और ख़ासकर भारत में, इंग्लैण्ड के स्वार्थों की रक्षा करना। यह इंग्लैण्ड-रूस की मुकाबलेदारी के दिनों मे हुआ था और अभीतक चला आ रहा था, हालांकि अब इंग्लैण्ड और रूस एक ही तरफ़ थे। गठ-बन्धनों के इस यूरोपीय ढांचे से अलग रहनेवाली बड़ी शक्ति सिर्फ़ एक अमेरिका थी।

बस, १९१४ ई० में यही हालत थी। तुम्हें याद होगा कि इस समय होमरूल बिल के सवाल पर आयर्लैण्ड में इंग्लैण्ड को बहुत परेशानी उठानी पड़ रही थी। अल्सटर बग़ावत कर रहा था, उत्तर में और दक्षिण में स्वयंसेवक क़वायदें कर रहे थे और आयर्लैण्ड में गृह-युद्ध की चर्चा हो रही थी। बहुत मुमकिन है, जर्मन सरकार ने सोचा हो कि इंग्लैण्ड तो आयर्लैण्ड के झगड़े में उलझा रहेगा और अगर यूरोपीय युद्ध छिड़ जाय तो उसमें दख़ल नहीं देगा। लेकिन सही बात तो यह थी कि अंग्रेज़ सरकार ख़ानगी तौर पर फ्रान्स को वचन दे चुकी थी कि युद्ध छिड़ने पर उसका साथ देगी, लेकिन आम लोगों को यह बात मालूम न थी।

२८ जून, १९१४ ई०—यही वह तारीख़ थी जिस दिन आग भड़काने

वाली चिनगारी सुलगाई गई। आर्कडचूक फ्रान्सिस फ़र्दिनैन्द आस्ट्रिया की राज-गद्दी का वारिस था। वह बलकान में बोस्निया की राजधानी सिराजिवो की यात्रा को गया था। जैसा कि मैं तुम्हें बतला चुका हूं, कुछ वर्ष पहले जब 'नौजवान तुर्क' अपने सुल्तान से पिंड छुड़ाने का यत्न कर रहे थे, तब इस बोस्निया को आस्ट्रिया ने अपने राज्य में मिला लिया था। जब आर्कडचूक अपनी पत्नी के साथ खुली गाड़ी में बैठकर सिराजिवो के बाज़ार में से गुज़र रहा था, तब उसपर गोलियां चलाई गई और वह व उसकी पत्नी दोनों मारे गये। आस्ट्रिया की सरकार और जनता उबल पड़ी और उन्होंने सर्बिया की सरकार पर (सर्बिया बोस्निया का पड़ौसी था) यह इलज़ाम लगाया कि उसका इस हत्या में हाथ है। सर्बिया की सरकार को तो इससे इन्कार करना ही था। बहुत दिन बाद जो जांच की गई, उससे यह पता लग गया है कि, हालांकि सर्बिया की सरकार हत्या के लिए ज़िम्मेदार नहीं थी, पर हत्या के लिए जो तैयारियां की गई थीं, उनसे वह बिलकुल अनजान भी नहीं थी। वैसे इस हत्या की ज़िम्मेदारी ज्यादातर सर्बिया के 'काला हाथ'-संगठन पर ही डाली जानी चाहिए।

कुछ तो गुस्से में भरकर और ज्यादातर राजनैतिक कारणों से आस्ट्रिया की सरकार ने सर्बिया की तरफ़ बड़ा सरकश रुख़ इख्तियार किया। जाहिर है कि उसने सर्बिया को सदा के लिए नीचा दिखाने का फ़ैसला कर लिया था और कोई बड़ा युद्ध छिड़ जाने पर उसे जर्मनी की ताक़तवर सहायता का भरोसा था। बस, सर्बिया का माफी मांगना मंजूर नहीं किया गया और २३ जुलाई, १९१४ ई० को आस्ट्रिया ने सर्बिया को युद्ध का आखिरी पैग़ाम भेज दिया। पांच दिन बाद, २८ जुलाई को, आस्ट्रिया ने सर्बिया के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया।

आस्ट्रिया की राजनीति की बागडोर ज़्यादातर एक घमंडी और मूर्ख मंत्री के हाथों में थी जो युद्ध के लिए तुला हुआ था। बूढ़ा सम्राट् फ्रान्सिस जोज़फ़ (जो १८४८ से आस्ट्रिया की गद्दी पर बैठा हुआ था) इस पर सहमत होने के लिए मना लिया गया और जर्मनी से सहायता के अनमने वादे का मतलब पूरा आश्वासन लगाया गया। सही बात तो यह थी कि उस समय आस्ट्रिया के सिवा कोई भी दूसरी बड़ी शक्ति दिल से युद्ध नहीं चाहती थी। अपनी तैयारी और लड़ाकू आदत के बावजूद जर्मनी युद्ध नहीं चाहता था और कैसर विल्हैम द्वितीय ने तो कुछ अनमने तौर पर युद्ध को रोकने की कोशिशें भी कीं। इंग्लैण्ड और फ्रान्स भी युद्ध नहीं चाहते थे। रूसी सरकार का अर्थ था ज़ार, जो एक कमज़ोर और मूर्ख व्यक्ति था, जो अपनी पसन्द के बदमाशों और मूर्खों से घिरा हुआ था और जो इनके इशारों पर कभी इधर और कभी उधर ढुलक जाता था। फिर भी करोड़ों का नसीब इस व्यक्ति के हाथों में था। कुल मिलाकर वह खुद तो युद्ध को नापसन्द

करता था, लेकिन सलाहकारों ने उसे देरी के नतीजों से डरा दिया और सेना के तैयारीकरण के लिए राजी कर ही लिया। इस 'तैयारीकरण' का अर्थ था सिपाहियों को लाम पर जाने के लिए बुलाना, और रूस-जैसे लम्बे-चौड़े देश में इस कार्रवाई में समय लगता था। शायद जर्मनी के हमले के भय ने रूसी तैयारीकरण में जल्दबाज़ी पैदा कर दी। यह तैयारीकरण ३० जुलाई को हुआ, और इस समाचार ने जर्मनी को डरा दिया, और उसने रूस से इसे बन्द करने की मांग की। लेकिन युद्ध की भारी-भरकम मशीन अब रुकनेवाली नही थी। दो दिन बाद, १ अगस्त को, जर्मनी ने भी तैयारीकरण की आज्ञा निकालकर रूस व फ्रान्स के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया और बेल्जियम में होकर फ्रान्स जाने के लिए जबर्दस्त जर्मन सेनाओं ने फौरन बेल्जियम पर धावा बोल दिया; क्योंकि यह रास्ता आसान पड़ता था। बेचारे बेल्जियम ने जर्मनी का कुछ नहीं बिगाड़ा था, लेकिन जब राष्ट्र जिन्दगी और मौत के लिए लड़ते हैं तो वे ऐसी तुच्छ बातों की या दिये हुए वचनों की कोई परवा नहीं करते। जर्मन सरकार ने बेल्जियम में होकर अपनी सेनाएं भेजने की इजाज़त बेल्जियम से मांगी थी; और जैसा कि होना था, ऐसी इजाज़त देने के लिए बड़ी बेज़ारी से इन्कार कर दिया गया।

बेल्जियम की तटस्थता इस तरह भंग किये जाने पर इंग्लैण्ड में और दूसरी जगहों में बड़ा हो-हल्ला मचा और इंग्लैण्ड ने तो खुद जर्मनी के खिलाफ युद्ध छेड़ने का इसे आधार बना लिया। सच तो यह है कि इंग्लैण्ड अपना रास्ता बहुत पहले ही चुन चुका था और बेल्जियम का सवाल उसके लिए एक आसान बहाना बन गया। अब ऐसा लगता है कि युद्ध से पहले फ्रान्सीसी सेना ने भी जरूरत पड़ने पर जर्मनी पर हमला करने के लिए बेल्जियम मे होकर अपनी फ़ौजें ले जाने की योजनाएं तैयार करली थी। बहरहाल, जर्मनी के मुक़ाबले में, जिसपर यह इलज़ाम लगाया गया था कि उसने अपने गम्भीर वादों को और सन्धियों को सिर्फ 'रद्दी क़ागज़ के टुकड़े' समझा, इंग्लैण्ड ने हक़ व सचाई का रखवाला और छोटे राष्ट्रों का हिमायती बनने का ढोंग रचने की कोशिश की। ४ अगस्त को आधीरात के वक़्त इंग्लैण्ड ने जर्मनी के खिलाफ़ युद्ध छेड़ने की घोषणा कर दी, लेकिन उसने यह पेशबन्दी की कि ऐन मौक़े पर गड़बड़ी को रोकने के ख़याल से एक दिन पहले ही अपनी सेना (ब्रिटिश हमलावर फ़ौज) चुपचाप इंग्लिश चैनल के पार भेज दी थी। इसलिए, जबकि दुनिया तो इसी ख़याल में थी कि इंग्लैण्ड का युद्ध में शामिल होने या न होने का सवाल अधर लटका हुआ है, तब अंग्रेज़ सिपाही यूरोप में पहुंच भी चुके थे।

अब आस्ट्रिया, रूस, जर्मनी, इंग्लैण्ड, फ्रान्स, वग़ैरा सब युद्ध में फंस गये थे और छोटा-सा सर्बिया तो, जो कुछ हद तक इस युद्ध छिड़ने का सबब बन गया

था, फंसा हुआ था ही। जर्मनी और आस्ट्रिया के साथी इटली का क्या हाल था ? इटली अलग रहा, इटली खड़ा-खड़ा यह देखता रहा कि कौन-सा पक्ष जीत रहा है, इटली ने सौदेबाज़ी की, और अन्त मे छः महीने बाद वह अपने पुराने साथियों के खिलाफ़ फ़ान्सीसी-अंग्रेज़ी-रूसी पक्ष में पक्के तौरपर जा मिला।

इस तरह अगस्त, १९१४ ई० के शुरू के दिनों में यूरोप में फ़ौजों के जमाव और कूच होते रहे। ये फ़ौजें क्या थीं ? पुराने ज़माने में फ़ौजों में कुछ पेशेवर सिपाही हुआ करते थे। वे स्थायी फ़ौजें होती थीं। मगर फ्रान्स की राज्यक्रान्ति ने बड़ा भारी फ़र्क़ पैदा कर दिया। जब क्रान्ति को विदेशी हमले का ख़तरा पैदा हुआ तब साधारण नागरिकों को बड़ी संख्या में भर्ती करके फ़ौजी तालीम दी गई। तबसे ही यूरोप में अपनी मर्ज़ी से भरती होनेवाले पेशेवर सिपाहियों की बंधी हुई सेनाओं के बजाय जबरन भरती की सेनाएं रखने की हवा चल पड़ी—यानी ऐसी सेनाएं, जिनमें देश के तमाम तगड़े व्यक्तियों को मजबूरन भरती होना पड़ता था। इसलिए तगड़े व्यक्तियों की यह आम फौजी सेवा फ्रान्सीसी राज्य-क्रान्ति की उपज थी। यह यूरोप-भर में फैल गई और हरेक नवयुवक को दो वर्ष या ज़्यादा समय तक डेरों में रहकर फौजी तालीम लेनी पड़ती थी और बाद में जब कभी आज्ञा दी जाती तब उसे मजबूर होकर लाम पर जाना पड़ता था। इस तरह युद्ध में लड़नेवाली फ़ौज का अर्थ था राष्ट्र के लगभग सारे नवयुवक। फ्रान्स, जर्मनी, आस्ट्रिया और रूस में यही हाल था, और इन देशों में तैयारीकरण का अर्थ होता था इन नवयुवकों का दूर-दूर के शहरों और गांवों के अपने-अपने घरों से भरती के लिए बुलाया जाना। जब युद्ध शुरू हुआ तब इंग्लैण्ड में इस किस्म की कोई आम फ़ौजी सेवा नहीं थी। अपने ताकतवर जंगी-बेड़े के भरोसे वह स्थायी और मर्ज़ी से भरती होनेवाली फौज़ बहुत कम रखता था। लेकिन युद्ध के दौरान में उसने भी दूसरे देशों जैसा किया और जबरन फौज़ी सेवा जारी कर दी।

इस आम फौजी सेवा का अर्थ यह था कि सारा-का-सारा राष्ट्र लड़ाई में शामिल था। तैयारीकरण के आदेश का प्रभाव हर शहर पर, हर गांव पर और हर परिवार पर पड़ता था। अगस्त के उन शुरू के दिनों में यूरोप के ज़्यादातर भाग में जिन्दगी की सारी हलचलें एकदम बन्द हो गईं थीं और करोड़ों नौजवान कभी लौटकर न आने के लिए अपने-अपने घरों को छोड़कर लाम पर चले गये थे। हर जगह फ़ौजों की कूच और भाग-दौड़, और सिपाहियों के लिए हर्ष-ध्वनि, और देशभक्ति के जोश का जबर्दस्त प्रदर्शन, और दिलों के तारों का कसा जाना, नज़र आते थे, और लोग इन बातों से खुश होते थे क्योंकि आनेवाले वर्षों की भयंकर तबाहियों का लोगों को उस वक्त ज़रा भी भान नहीं था।

इस जोशीली देशभक्ति की हवा में हर आदमी बह गया। अन्तर्राष्ट्रीयता की पुकार मचानेवाले समाजवादी और सबकी दुश्मन पूंजीशाही के खिलाफ़ दुनिया के मज़दूरों को एक होने का नारा लगानेवाले मार्क्सवादी तक भी, उखड़कर इस हवा में बह गये और जोशीले देशभक्त बनकर पूंजीपतियों के इस युद्ध में शामिल हो गये। कुछ लोग अपने उसूलों पर जमे रहे, लेकिन इनसे नफ़रत की जाती थी और इन्हें गालियां दी जाती थी और अक्सर सज़ाएं भी दी जाती थीं। ज्यादातर लोग दुश्मनी की भावना से पागल हो उठे। एक तरफ़ तो अंग्रेज़ व जर्मन मजदूर एक दूसरे की हत्या कर रहे थे, दूसरी तरफ़ इन दोनों देशों के, और लड़नेवाले दूसरे देशों के भी, विद्वान और विज्ञानी और प्रोफेसर एक दूसरे को कोसते थे और एक दूसरे के बारे में निहायत दिल दहलानेवाले क़िस्सो पर विश्वास कर लेते थे।

मतलब यह है कि युद्ध के शुरू होते ही उन्नीसवीं सदी का एक ऐतिहासिक ज़माना खतम हो गया। पश्चिमी सभ्यता की शानदार और धीमे बहनेवाली नदी एकदम युद्ध के भंवर में ग़ायब हो गई। पुरानी दुनिया हमेशा के लिए चली गई। चार वर्ष से कुछ ज़्यादा समय के बाद इस भंवर मे से एक नई चीज़ पैदा हुई।

: १४७ :

युद्ध छिड़ने से ठीक पहले का भारत

२९ मार्च, १९३३

भारत के बारे में पत्र लिखे मुझे बहुत दिन हो गये। अब मुझे इस विषय पर वापस आने का और तुम्हें यह बतलाने का लोभ होता है कि युद्ध की घड़ी से पहले भारत मे क्या बीत रही थी। मैंने इस लोभ में पड़ने का इरादा कर लिया है।

कई लम्बे पत्रों में हम उन्नीसवीं सदी में भारतीय जीवन के और भारत में अंग्रेज़ी राज के कुछ पहलुओं की पहले ही जांच कर चुके हैं। इस ज़माने का उजागर पहलू यह नज़र आता है कि भारत पर अंग्रेज़ों का पंजा मज़बूत होता जाता है और उसके साथ ही देश का शोषण होता है। भारत को अंग्रेजों के कब्ज़े की तिहेरी फ़ौज ने दबोच रक्खा था—सैनिक, असैनिक और व्यवसायी। अंग्रेज़ी फ़ौजें और अंग्रेज़ अफ़सरों के मातहत भारतीय पेशेवर सेना को भारत पर कब्ज़ा जमानेवाली विदेशी सेना ही कहा जा सकता है। लेकिन इससे भी ज्यादा मज़बूत पंजा असैनिक अफ़सरों का था जो एक ग़ैर-जिम्मेदार और बहुत ज़्यादा केन्द्रित नौकरशाही थी। और तीसरी, यानी व्यवसायी सेना, जो इन दोनों का सहारा थी और यह सबसे ज्यादा ख़तरनाक थी क्योंकि ज्यादातर शोषण इसी

के ज़रिये या इसके नाम पर किया जाता था और देश के शोषण के इसके ढंग इतने ज़ाहिर नहीं थे जितने कि पहली दोनों सेनाओं के थे। वास्तव में बहुत समय तक, और कुछ हद तक आज भी, भारत के कुछ नेता पहली दोनों पर बहुत ज्यादा ऐतराज़ करते थे और मालूम होता है कि तीसरी को उतना महत्व नहीं देते थे।

भारत में ब्रिटिश नीति का लक्ष्य हमेशा यह रहा कि ऐसे निहित स्वार्थ पैदा करना जो अंग्रेज़ों के बनाये हुए होने की वज़ह से उन्हींके आसरे रहें और भारत में उनके पुरते बन जायं। इस तरह से सामन्ती राजाओं को मज़बूत बनाया गया, और बड़े ज़मीदारों व ताल्लुक़ेदारों का वर्ग पैदा किया गया, और यहांतक कि मज़हबी मामलों में दखल न देने के नाम पर समाजी रूढ़िवाद को भी बढ़ावा दिया गया। ये तमाम निहित स्वार्थ खुद भी देश के शोषण मे शरीक थे और सच तो यह है कि इस शोषण के सबब से ही ये ज़िन्दा रह सकते थे। भारत मे जो सबसे बड़ा निहित स्वार्थ पैदा किया गया वह अंग्रेज़ी पूजी का था।

अंग्रेज़ राजनीतिज्ञ लॉर्ड सैलिस्बरी का, जो भारत-मंत्री था, एक बयान अक्सर दोहराया जाता है, और चूकि वह अच्छा प्रकाश डालता है, इसलिए मैं उसे यहां देता हूं। १८७५ ई० में उसने कहा था :

> "चूकि भारत का ख़ून खींचना ज़रूरी है, इसलिए नश्तर उन अंगों में लगाना चाहिए जहां ख़ून जमा हो रहा हो, या कम-से-कम काफ़ी हो, उन अंगों में नही जो ख़ून की कमी से पहले ही कमज़ोर है।"

भारत पर अंग्रेजों के क़ब्ज़े ने और जो नीति उन्होंने यहां बरती उसने बहुत-से नतीज़े पैदा किये, जिनमें से कुछ उनके मन के लायक़ नही थे। लेकिन जब कोई व्यक्ति भी अपने कर्मों के तमाम फलों पर काबू नही पा सकता तब राष्ट्रों की तो बात ही क्या। अक्सर ऐसा होता है कि कुछ कार्रवाइयो के नतीज़ों में ऐसे नये बल भी होते है, जो उन्हीं कार्रवाइयों का मुक़ाबला करते है, उनसे लड़ते है, और उन्हें परास्त कर देते हैं। साम्राज्यवाद से राष्ट्रवाद पैदा होता है; पूजीवाद से कारख़ानों के कामगारों के बड़े-बड़े झुंड पैदा हो जाते हैं, जो एक होकर पूजीपति कारख़ानेदारों का मुक़ाबला करते है। किसी आन्दोलन का गला घोंटने और किसी क़ौम को दबाने के मतलब से किये गए सरकारी अत्याचारों का अक्सर यह नतीजा निकलता है कि वे सचमुच और भी मज़बूत व फ़ौलादी बन जाते हैं और इस तरह आख़िरी जीत के लिए तैयार होने लगते हैं।

हम देख चुके हैं कि भारत में अंग्रेज़ों की औद्योगिक नीति के नतीज़ों से देहातीकरण हो गया, यानी कोई धन्धे न होने की वज़ह से दिन-पर-दिन ज्यादा लोग शहर छोड़-छोड़कर गांवों को वापस जाने लगे। खेतिहर धरती पर दबाव

बढ़ गया और किसानों की जोतें, यानी उनके खेतों और चकों के क्षेत्र दिन-पर-दिन छोटे होने लगे। ज़्यादातर जोतें 'गैर-गुज़ारा' हो गईं, यानी वे इतनी बड़ी नहीं थीं कि किसान को कम-से-कम इतना मुनाफ़ा भी दे सकें, जो उसके गुज़ारे के लिए काफ़ी हो। लेकिन उसे कोई दूसरा चारा नहीं था, सिवाय इसके कि अपनी गाड़ी इसी तरह चलाता रहे और दिन-पर-दिन ज़्यादा क़र्ज़दार बनता जाय। ब्रिटिश सरकार की बन्दोबस्त की नीति ने हालत और भी खराब कर दी, ख़ासकर ताल्लुकेदारी और बड़ी ज़मींदारी के इलाक़ों में। इन इलाक़ों में, और उन इलाक़ों में जहां ज़मीन का मालिक किसान होता था, दोनों जगह सरकार को मालगुज़ारी अदा न करने पर या ज़मींदार को लगान न देने पर किसानों को उनके पट्टों से बेदख़ल कर दिया जाता था। इसके नतीजे से और धरती पर नये आनेवालों के लगातार दबाव के कारण, देहाती इलाक़ों में बे-ज़मीन मेहनतकशों का एक बड़ा वर्ग पैदा हो गया और, जैसा कि मैं बतला चुका हूं, कई भयंकर अकाल पड़ गये।

बेदख़लों का यह बड़ा वर्ग जोतने के लिए धरती का भूखा था, लेकिन धरती इतनी नही थी कि सबको मिल सके। ज़मीदारी इलाक़ों मे ज़मींदारों ने लगान बढ़ाकर धरती की इस बढ़ती हुई मांग से फ़ायदा उठाया। असामी किसानों को राहत देने के लिए कुछ काश्तकारी क़ानून बनाये गए, जिनके ज़रिये लगानों को कुछ फ़ीसदी से ज़्यादा एकदम बढ़ाये जाने पर रोक लगा दी गई। लेकिन इनसे बचने के तरह-तरह के रास्ते निकाल लिये गए और तरह-तरह के ग़ैर-कानूनी 'हक़' या अबवाब वसूल किये जाने लगे। अवध की एक ताल्लुक़ेदारी रियासत में मुझे एक बार अलग-अलग तरह के पचास से ऊपर ग़ैर-क़ानूनी 'हक़' गिनाये गए थे! इनमें मुख्य था नज़राना। यह एक तरह की पेशगी रक़म होती है, जो असामी को ठेठ शुरू में ही देनी पड़ती है। बेचारे किसान ये तरह-तरह की लागें किस तरह अदा कर सकते है? वे तो गांव के बनिये या साहूकार से उधार लेकर ही अदा कर सकते है। जब कर्ज़ चुकाने की न तो उम्मीद दिखाई देती हो और न हैसियत हो, तो कर्ज़ लेना बेवकूफ़ी की बात है। लेकिन बेचारा किसान क्या करे! उसे कहीं आशा की किरन नहीं दिखाई देती; वह किसी भी क़ीमत पर खेती के लिए धरती चाहता है और उम्मीद न होने पर भी उम्मीद करता है कि शायद कुछ मिल जाय। नतीजा यह होता है कि अक्सर इन कर्ज़ों के बावजूद भी वह ज़मींदार की मांगों को पूरी नहीं कर सकता और पट्टे से बेदख़ल कर दिया जाता है और फिर बे-ज़मीन मेहनतकशों के वर्ग में शामिल हो जाता है।

ज़मीन का मालिक किसान और असामी किसान दोनों ही, और बहुत से बे-ज़मीन मेहनतकश भी, बनिये के शिकार बन जाते हैं। वे कर्ज़ से कभी पिंड

नहीं छुड़ा सकते। जब कभी वे कुछ कमाते हैं तो बनिये को दे देते हैं, लेकिन यह सब सूद में समा जाता है और पुराना क़र्ज़ ज्यों-का-त्यों बना रहता है। बनिये के हाथों इनकी मुंड़ाई पर बहुत कम रोक-थाम है। असल में वे दास की तरह हमेशा के लिए उससे बंध जाते हैं। बेचारा असामी तो एक तरह से दोहरा दास होता है—ज़मींदार का भी और बनिये का भी।

ज़ाहिर है कि यह चीज़ बहुत दिनों तक नहीं चल सकती। एक वक्त ऐसा आ जाता है, जबकि किसान वसूल की जानेवाली किसी भी रक़म को अदा करने में बिलकुल असमर्थ हो जाते हैं; बनिया उन्हें और ज्यादा कर्ज़ देने से इन्कार कर देता है और ज़मींदार भी कठिनाई में फंस जाता है। यह ऐसा ढांचा है, जिसमें गिरावट और कम-मज़बूती के आसार ऊपर से ही नज़र आते हैं। सारे देश मे इन दिनों जो किसानी झगड़े हुए हैं, वे इशारा करते हैं कि यह ढांचा अबतक रहा है और ज्यादा दिन टिका नहीं रह सकता।

मुझे लगता है कि इस पत्र में मैं कुछ हेर-फेर के साथ उन्ही बातों को दोहरा रहा हूं जो शायद मैं किसी पिछले पत्र में लिख चुका हूं। लेकिन मै चाहता हूं कि तुम यह महसूस करो कि असली भारत में ही करोड़ों अभागे खेतिहर लोग है, न कि मुट्ठीभर मध्यम-वर्ग के लोग, जिन्होंने सारी तसवीर को घेर रक्खा है।

बे-ज़मीन मेहनतकशों के बड़े बेदख़ल वर्ग की मौजूदगी ने बड़े-बड़े नये कारख़ाने डालना आसान कर दिया। ऐसे कारख़ाने तभी चल सकते हैं जब इस तरह के लोग काफ़ी (वास्तव में काफ़ी से भी ज़्यादा) संख्या में हों, जो मजूरी पर काम करने के लिए तैयार हों। जिस आदमी के पास धरती का छोटा-सा भी टुकड़ा है, वह उसे छोड़ना नहीं चाहता। इसलिए कारख़ाना-प्रणाली के लिए बे-ज़मीन बेकारों की भारी संख्या जरूरी है। और ये लोग जितने ज़्यादा हों उतना ही कारख़ानेदारों को मजूरी घटाना और इनपर काबू रखना आसान हो जाता है।

मेरा ख़याल है कि मैं तुम्हें यह बतला चुका हूं कि ठीक इसी समय के लगभग, भारत में एक नया मध्यम-वर्ग धीरे-धीरे पैदा हुआ, जिसने कारोबार में लगाने के लिए कुछ पूजी भी जमा कर ली। बस, चूंकि रुपया मौजूद था और मेहनत करनेवाले मौजूद थे, इसलिए कारख़ाने बन गये। लेकिन भारत में लगाई गई पूंजी ज़्यादातर विदेशी (ब्रिटिश) पूंजी थी। ब्रिटिश सरकार इन कारख़ानों को बढ़ावा नहीं देती थी। ये उसकी इस नीति के ख़िलाफ़ पड़ते थे, जिसके मातहत वह भारत को निरा कृषि-प्रधान देश रखना चाहती थी, जो इंग्लैण्ड को कच्चा माल देता रहे और इंग्लैण्ड के तैयार माल को खपाता रहे। लेकिन जो सूरतें मैंने ऊपर बतलाई हैं वे ऐसी थीं कि भारत में बड़ी मशीन का उत्पादन शुरू हुए बिना

रह नहीं सकता था और ब्रिटिश सरकार उसे आसानी से रोक नहीं सकती थी। इसलिए सरकार की नापसंदगी के बावजूद कारख़ाने बढ़ने लगे। इस नापसंदगी को ज़ाहिर करने का एक तरीक़ा यह था कि भारत में आनेवाली मशीनों पर टैक्स लगा दिया गया। दूसरा था कपास पर उत्पादन-चुंगी, जो वास्तव में भारत की सूती मिलों के उत्पादन पर टैक्स था।

शुरू-शुरू के भारतीय उद्योगपतियों में सबसे बड़े जमशेदजी नौशेरवानजी टाटा थे। इन्होंने बहुत सारे उद्योग शुरू किये; इनमें सबसे बड़ा बिहार के साकची में टाटा आयरन एण्ड स्टील कंपनी था। यह कंपनी १९०७ ई० में शुरू हुई और १९१२ ई० में काम करने लगी। लोहे का उद्योग उन उद्योगों में गिना जाता है जो 'बुनियादी' उद्योग कहलाते हैं। आजकल लोहे पर इतनी चीज़ें निर्भर हैं कि जिस देश में लोहे का उद्योग नहीं होता, उसे बहुत-कुछ दूसरों पर निर्भर रहना पड़ता है। टाटा का लोहे का कारख़ाना बहुत बड़ा कारोबार है। साकची गांव अब जमशेदपुर नगर हो गया है और यहां से थोड़ी दूर पर रेल का स्टेशन टाटानगर कहलाता है। युद्धकाल में लोहे के कारख़ाने ख़ास तौर से उपयोगी होते हैं, क्योंकि वे युद्ध का सामान बना सकते हैं। ब्रिटिश सरकार के लिए यह ख़ुशकिस्मती की बात थी कि जब महायुद्ध शुरू हुआ तब भारत में टाटा का कारख़ाना मौजूद था।

भारतीय कारख़ानों में काम करनेवाले मज़दूरों की दशा बहुत बुरी थी। यह दशा उसी तरह की थी जैसी उन्नीसवीं सदी के शुरू में इंग्लैण्ड के कारख़ानों में थी। बे-ज़मीन बेकार लोगों की बहुत बड़ी संख्या के सबब मज़ूरी की दरें बहुत कम थीं और काम के घंटे बहुत ज़्यादा थे। १९११ ई० में सबसे पहला भारतीय कारख़ाना क़ानून (इंडियन फैक्टरी ऐक्ट) पास हुआ। इस क़ानून में भी पुरुषों के लिए दिन में काम के बारह घंटे और बच्चों के लिए छह घंटे निश्चित किये गए थे।

ये कारख़ाने तमाम बे-ज़मीन मज़दूरों को नहीं खपा पाये। इनमें से बहुत-से असम में व भारत के दूसरे भागों में चाय वग़ैरा के बागानों में काम करने को चले गये। इन बागानों में वे जिन हालतों में काम करते थे, उन्होंने उन्हें, जबतक कि वे वहां रहते थे, मालिकों का दास बना दिया था।

ग़रीबी के मारे हुए क़रीब बीस लाख भारतीय मज़दूर विदेशों को प्रवास कर गये। इनमें से ज़्यादातर लंका और मलाया के बागानों में गये। बहुत-से लोग मारीशस के टापुओं (मैडैगास्कर के पास भारत सागर में) ट्रिनिडाड (दक्षिण अमेरिका के उत्तरी सिरे पर) फ़िजी (आस्ट्रेलिया के पास) और दक्षिणी अफ्रीका, पूर्वी अफ्रीका और ब्रिटिश गायना (दक्षिणी अमेरिका में) को चले गये। इनमें से बहुत-सी जगहों पर वे 'गिरमिटिये' मज़दूर बनकर गये,

जिसका मतलब यह था कि अमल में वे आधे गुलाम थे। गिरमिट (अंग्रेजी ऐग्रीमेण्ट का बिगड़ा रूप) वह दस्तावेज़ होता था, जिसमें इन मज़दूरों के साथ किया गया शर्तनामा होता था और जिसके मातहत वे अपने मालिकों के गुलाम होते थे। इस गिरमिट-प्रथा के बहुत सारे दिल दहलानेवाले बयान भारत पहुंचे, खास कर फ़िज़ी से, जिनसे यहां खलबली मची और यह प्रथा बन्द कर दी गई।

यह तो किसान-वर्ग, मज़दूर-वर्ग और प्रवासियों का हाल हुआ। यह भारत की ग़रीब, खामोश और बहुत दिनों से दुखी जनता थी। हल्ला मचाने-वाला तो असल में नया मध्यम-वर्ग था, जो एक तरह से अंग्रेज़ों के संग से पैदा हुआ था, लेकिन फिर भी जो उनकी बुराई करने लगा। यह बढ़ने लगा और इसके साथ ही राष्ट्रीय आन्दोलन भी बढ़ा। तुम्हें याद होगा कि यह आन्दोलन १९०७-८ ई० में बड़ा ज़ोर पकड़ गया था जबकि एक जन-आन्दोलन ने बंगाल को हिला दिया था और कांग्रेस गरम व नरम, दो विरोधी गुटों में बंट गई थी। अंग्रेज़ों ने तरक्की-पसन्द तबक़े को कुचलने की, और कुछ मामूली सुधारों के ज़रिये नरम तबक़े को मिलाने का यत्न करने की, अपनी सदा की नीति बरती। इसी समय एक नया मोहरा सामने आया—यह था मुसलमानों को अल्पसंख्यक मानकर उनके साथ अलग और खास बर्ताव की राजनैतिक मांग। अब यह सबको अच्छी तरह मालूम हो चुका है कि उस समय सरकार ने भारतवासियों में फूट पैदा करने के लिए और राष्ट्रीयता की बढ़ोतरी को रोकने के लिए इन मांगों को बढ़ावा दिया।

उस समय तो ब्रिटिश सरकार अपनी नीति में सफल हो गई। लोकमान्य तिलक जेल में थे और उनका दल दबाया जा चुका था। नरम दल ने शासन में कुछ सुधारों का, जिनसे भारतवासियों को कोई सत्ता नहीं मिलती थी, खुशी से स्वागत किया (उस वक्त के वायसराय व भारत-मंत्री के नाम पर ये सुधार मिण्टो-मोर्ले सुधार कहलाये)। कुछ समय बाद बंग-भंग की मंसूखी ने बंगालियों की भावना को ठंडा कर दिया। १९०७ ई० और उसके बाद का राजनैतिक आन्दोलन एक बार फिर आरामकुर्सी पर बैठकर चर्चा करनेवालों का फ़ालतू शग़ल बन गया। इसलिए, जब १९१४ ई० में युद्ध शुरू हुआ, तब देश में सक्रिय राजनैतिक जीवन नहीं के बराबर था। कांग्रेस, जो सिर्फ़ नरम दलवालों की प्रतिनिधि रह गई थी, हर साल अधिवेशन करती थी और कुछेक काग़ज़ी प्रस्ताव पास करने के सिवा कुछ नहीं करती थी। राष्ट्रीयता की लहर बहुत मन्द पड़ गई थी।

पश्चिम के सम्पर्क से राजनैतिक मैदान के अलावा दूसरी प्रतिक्रियाएं भी हुईं। नये मध्यम-वर्गों के (जनता के नहीं) मज़हबी विचारों पर भी असर पड़ा; ब्रह्मसमाज, आर्यसमाज, वगैरा नये आन्दोलन पैदा हुए और जात-पांत की प्रथा ढीली होने लगी। संस्कृति के बारे में भी चेतना हुई, खासकर बंगाल में। बंगाली

लेखकों ने बंगला भाषा को भारत की आधुनिक भाषाओं में सबसे ज़्यादा भरपूर बना दिया, और बंगाल ने इस युग के सबसे महान भारतवासियों में गिने जाने-वाले कवि रवीन्द्रनाथ ठाकुर को जन्म दिया, जो सौभाग्य से अभीतक हमारे बीच मौजूद है।[1] बंगाल ने सर जगदीशचन्द्र बसु और सर प्रफुल्लचन्द्र राय जैसे महान वैज्ञानिकों को भी जन्म दिया। रामानुजम और सर चन्द्रशेखर वेंकट रमण दो और महान भारतीय वैज्ञानिक हैं, जिनके नामों का ज़िक्र मैं यहां कर दूं। इस तरह भारत विज्ञान में भी ऊंचा दर्जा हासिल कर रहा था, और यह वह चीज़ थी जो यूरोप की महानता की बुनियाद थी।

एक और नाम का भी ज़िक्र मैं यहां कर दूं। यह नाम सर मोहम्मद इक़बाल का है, जो उर्दू के, और खासकर फ़ारसी के, प्रतिभाशाली शायर हैं।[2] उन्होंने राष्ट्रीयता पर कुछ सुन्दर नज़्में लिखी हैं। बदक़िस्मती से इन्होंने अपने जीवन के पिछले बरसों में शायरी करना छोड़ दिया और दूसरे कामों में लग गये।

जबकि युद्ध से पहले के वर्षों में राजनैतिक लिहाज़ से भारत सोया हुआ था, तब एक दूर देश में भारत की इज़्ज़त के लिए एक बांकी और अनोखी लड़ाई हुई। यह दक्षिण अफ्रीका था, जहां भारी संख्या में भारतीय मज़दूर और कुछ भारतीय व्यापारी प्रवास करके बस गये थे। इन्हें हर तरह से ज़लील किया जाता था और इनके साथ बड़ा बुरा बर्ताव किया जाता था, क्योंकि वहां जातीय अकड़ का बोलबाला था। संयोग से एक नौजवान भारतीय बैरिस्टर को एक मुक़दमे की पैरवी के लिए दक्षिण अफ्रीका बुलाया गया। उसने वहां अपने देशवासियों की हालत देखी जिससे उसे बहुत ग्लानि और दुःख हुआ। उसने भरसक उनकी सहायता करने का फैसला किया। वर्षों तक वह चुपचाप कोशिशें करता रहा; उसने अपना पेशा और घर-बार छोड़ दिये और जिस मामले को उसने उठाया था, उसमें वह पूरी लगन के साथ जुट गया। यह व्यक्ति मोहनदास करमचन्द गांधी था। आज भारत का बच्चा-बच्चा इन्हें जानता है और इनसे प्रेम करता है; लेकिन उस समय दक्षिण अफ्रीका के बाहर इन्हें कोई नहीं जानता था। अचानक इनका नाम समुद्र-पार से बिजली की तरह भारत में आया, और लोग इनके बारे में और इनकी बहादुर लड़ाई के बारे में अचरज और प्रशंसा और अभिमान के साथ चर्चा करने लगे। दक्षिण अफ्रीका की सरकार ने वहां के प्रवासी भारतीयों को और भी ज़्यादा जलील करने की कोशिश की, लेकिन गांधीजी की नेतागिरी में उन्होंने सिर झुकाने से इन्कार कर दिया। यह काफ़ी अचम्भे की बात थी कि अपने वतन से दूर, ग़रीब,

---

[1] रवीन्द्रनाथ ठाकुर की मृत्यु सन् १९४१ ई० में हो गई।

[2] इक़बाल की मृत्यु सन् १९३८ ई० में हो गई।

रौंदे हुए व भोले-भाले मज़दूरों की एक बिरादरी ने और छोटे-छोटे व्यापारियों के एक समुदाय ने ऐसा बहादुराना रुख़ इख़्तियार किया। और इससे भी ज़्यादा अचम्भे की चीज़ वह तरीक़ा था, जो उन्होंने अपनाया, क्योंकि राजनैतिक हथियारों में, संसार के इतिहास में यह एक बिल्कुल नया हथियार था। तबसे इसके बारे में हम अक्सर सुना करते हैं। यह था गांधीजी का सत्याग्रह, जिसका अर्थ है सत्य पर अड़े रहना। इसे कभी-कभी निष्क्रिय-प्रतिरोध भी कहते हैं, पर यह अनुवाद ठीक नहीं है, क्योंकि सत्याग्रह तो काफ़ी सक्रिय होता है। यह निरा निष्क्रिय प्रतिरोध नही है, हालांकि अहिंसा इसका लाज़िमी अंग है। लड़ाई के इस अहिंसात्मक तरीके से गांधीजी ने भारत और दक्षिण अफ्रीका को हैरत मे डाल दिया और जब भारत के लोगों ने यह सुना कि दक्षिण अफ्रीका में हमारे देशवासी हज़ारों नर-नारी ख़ुशी-ख़ुशी जेल चले गये तो वे अभिमान और हर्ष से थरथरा उठे। अपने ही देश में अपनी पराधीनता और बेबसी पर हम मन-ही-मन शर्मिन्दा हो गये, और अपने ही देशवासियों की तरफ़ से दी गई इस बहादुर चुनौती की मिसाल ने हमारे आत्माभिमान को बढ़ा दिया। इस मुद्दे पर भारत में एकदम से राजनैतिक चेतना पैदा हो गई और दक्षिण अफ्रीका को ढेरों रुपया भेजा जाने लगा। गांधीजी और दक्षिण अफ्रीका की सरकार के बीच समझौता होने पर यह लड़ाई बन्द कर दी गई। हालांकि उस समय भारतीय पक्ष की यह यक़ीनी विजय थी, मगर भारतीयों पर अभीतक कई पाबन्दियां चली आ रही हैं, और कहा जाता है कि दक्षिण अफ्रीका की सरकार पुराने क़रारनामे का पालन नही कर रही। प्रवासी भारतीयों का मसला अभी तक हमारे सामने है और जबतक भारत आज़ाद नहीं हो जाता तबतक यह मसला बना रहेगा। जब भारतवासियों की अपने देश में ही इज्ज़त नहीं है तब दूसरी जगह कैसे हो सकती है? और जबतक कि हम अपने ही देश में अपने पैरों पर खड़े होकर आज़ादी हासिल करने में सफल नही होते तबतक प्रवासी लोगों की क्या ज़्यादा मदद कर सकते है?

युद्ध से पहले के वर्षों में भारत में यही हालत हो रही थी। जब १९११ ई० में इटली ने तुर्की पर हमला किया तो भारत में तुर्की के लिए बहुत सहानुभूति उमड़ पड़ी, क्योंकि तुर्की एक एशियाई और पूर्वी शक्ति माना जाता था, इसलिए सारे भारतीयों की सद्भावना उसके साथ थी। भारतीय मुसलमानों पर इसका ख़ास असर पड़ा, क्योंकि वे तुर्की के सुल्तान को ख़लीफ़ा या अमीर-उल-मोमिनीन मानते थे। उस दिनों तुर्की के सुल्तान अब्दुल हमीद की शुरू की हुई अखिल इस्लामवाद की भी कुछ चर्चा चली थी। १९१२ और १९१३ ई० के बलकानी युद्धों ने भारतीय मुसलमानों में और भी खलबली पैदा कर दी और दोस्ती व सद्भावना जताने के लिए रैड क्रेसैन्ट मिशन नामक डाक्टरी सहायता का एक मिशन, तुर्की के घायलों की सेवा के लिए भारत से भेजा गया।

इसके कुछ ही दिनों बाद महायुद्ध शुरू हो गया और तुर्की इसमें इंग्लैण्ड का दुश्मन बनकर शामिल हो गया। लेकिन यह बात युद्ध के ज़माने की है और मुझे यहां रुक जाना चाहिए।

: १४८ :

१९१४-१८ का महायुद्ध

३१ मार्च, १९३३

इस युद्ध के बारे में मैं तुम्हें क्या लिखूं, जिसे विश्व-युद्ध या महायुद्ध कहा जाता है, जिसने चार वर्ष से ऊपर यूरोप का और एशिया व अफ्रीका के कुछ भागों का सत्यानाश किया और लाखों नौजवानों का उठती जवानी में सफ़ाया कर दिया। सोचने के लिए युद्ध कोई भला विषय नहीं है। यह भद्दी चीज़ है, लेकिन इसकी अक्सर तारीफ़ की जाती है और इसपर खूब चमकदार रंग चढ़ाये जाते हैं; और कहा जाता है कि जैसे आग पर तपाने से सोना शुद्ध हो जाता है उसी तरह युद्ध की आग उन आरामतलब राष्ट्रों को खरा और मज़बूत बना देती है, जो बहुत ज़्यादा आराम और विलासी जीवन से नाज़ुक और भ्रष्ट हुए होते हैं। हमारे सामने ऊंचे दर्जे के साहस और दिल छूनेवाली क़ुर्बानियों की मिसालें पेश की जाती हैं, मानो इन नेकियों को युद्ध ही पैदा करता है।

मैंने तुम्हारे साथ इस युद्ध के कारणों की जांच करने की कोशिश की है : किस तरह पूंजीशाही औद्योगिक देशों का लालच और साम्राज्यशाही शक्तियां टकराईं और उनकी वजह से मुठभेड़ लाज़िमी हो गई। इनमें से हरेक देश के उद्योगपति शोषण के लिए किस तरह ज़्यादा-से-ज़्यादा सहूलियतें व मैदान चाहते थे; किस तरह साहूकार लोग खूब रुपया बनाने की धुन में थे; किस तरह युद्ध-सामग्री बनानेवाले लम्बे-चौड़े मुनाफ़े कमाना चाहते थे। बस, ये लोग युद्ध में कूद पड़े, और इनके व इनके वर्ग के प्रतिनिधि बुज़ुर्ग राजनीतिज्ञों के इशारे पर राष्ट्रों के नौजवान, एक दूसरे की गरदनें काटने के लिए दौड़ पड़े। इनमें से बहुत ज़्यादा नौज़वान और युद्ध करनेवाले तमाम देशों के आम लोग, युद्ध के कारणों के बारे में कुछ नहीं जानते थे। असल में इनका तो युद्ध से कोई सरोकार ही नहीं था; जीत हो या हार, इनका तो इससे नुक़सान ही होना था। यह तो धनवानों का खेल था, जो लोगों की ज़िन्दगियों से, और ज़्यादातर नौज़वानों की ज़िन्दगियों से, खेला जा रहा था। लेकिन जबतक आम लोग लड़ने के लिए तैयार न हों तब तक युद्ध नहीं हो सकता था। जैसा कि मैं तुम्हें बतला चुका हूं, यूरोप के सारे देशों में जबरन भरती यानी लाज़िमी युद्ध-चाकरी थी; इंग्लैण्ड में यह युद्ध शुरू होने के बाद आई। लेकिन अगर कुल मिलाकर सारे लोग वास्तव में लड़ने की इच्छा न रखते हों तो ऐसे मामले में ज़बर्दस्ती से भी उन्हें मज़बूर नहीं किया जा सकता।

योरप — प्रथम विश्वयुद्ध के बाद में



इसलिए सारे लड़नेवाले राष्ट्रों में लोगों का जोश व देश-प्रेम मार-मारकर जगाने के लिए बड़ी तैयारी के साथ ज़ोरदार कोशिशें की गई। हर पक्ष दूसरे को 'हमला शुरू करनेवाला' बताता था और सिर्फ़ अपनी रक्षा के लिए लड़ने का बहाना करता था। जर्मनी कहता था कि उसके चारों ओर शत्रुओं ने घेरा डाल रक्खा है, जो उसका गला घोटने की कोशिश कर रहे हैं। उसने रूस व फ्रान्स पर यह इलज़ाम लगाया कि उन्होंने उसपर धावा बोलने में पहल की। इंग्लैण्ड ने छोटे-से बेल्जियम की वाजिब रक्षा को अपनी कार्रवाई का आधार बनाया, क्योंकि इसकी तटस्थ हैसियत को जर्मनी ने बड़ी बेशर्मी से भंग कर दिया था। युद्ध में उलझे हुए तमाम देशों ने अपने-आपको भला समझने का रुख़ अपनाया, और सारा कसूर दुश्मन के सिर मढ़ दिया। हर राष्ट्र के लोगों को यह यक़ीन दिलाया गया कि उनकी आज़ादी ख़तरे में है और उसकी रक्षा के लिए उन्हें लड़ना ज़रूरी है। हर जगह युद्ध की यह हवा तैयार करने में अख़बारों ने ख़ास तौर पर ज़बर्दस्त हिस्सा लिया। नतीजों के लिहाज़ से इसका मतलब था शत्रु-देशों की जनता के खिलाफ़ सख्त नफ़रत फैलाना।

दीवानेपन की यह लहर इतनी ज़ोरदार थी कि सामने आनेवाली हर चीज़ को बहाती चली गई। भीड़ में जनता के ग़ुस्से को उभाड़ना काफी आसान होता है; लेकिन युद्ध में उलझे हुए तमाम देशों के दिमाग़वाले और समझ-बूझवाले लोग, नर-नारी जो शान्त व संजीदा स्वभाववाले माने जाते थे, विचारक, लेखक, प्रोफेसर, वैज्ञानिक,—सब-के-सब अपने संतुलन खो बैठे, और ख़ूनी-मस्ती से व शत्रु-राष्ट्रों के खिलाफ़ बैर-भाव से भर गये। पादरी लोग, धर्मात्मा लोग, जो शान्ति-पसन्द माने जाते हैं, सभी दूसरों की तरह, बल्कि उनसे भी ज़्यादा, ख़ून के प्यासे हो रहे थे। यहांतक कि शान्तिवादी और समाजवादी भी दीवाने बन गये और अपने उसूलों को भूल गये। हां, सभी लेकिन कुछको छोड़कर। हर देश में ऐसे अल्पमतों की बहुत छोटी संख्या भी थी, जिन्होंने दीवाना बनने से इन्कार कर दिया और अपने-आपको युद्ध के इस बुख़ार का शिकार नही होन दिया। उनपर ताने कसे जाते थे और उन्हें कायर कहकर पुकारा जाता था। बहुतों को तो युद्ध में भाग लेने से इन्कार करने पर जेलों तक में डाल दिया गया। इनमें कुछ तो समाजवादी थे, कुछ क्वेकरों की तरह धर्मात्मा लोग थे, जो ईमानदारी से युद्ध-विरोधी[1] होते हैं। यह सच ही कहा गया है कि आजकल जब युद्ध छिड़ जाता है तो उसमें फंसे हुए लोग पागल हो जाते हैं।

जैसे ही युद्ध शुरू हुआ, सभी देशों की सरकारों ने उसे सत्य को दबाने का और तरह-तरह की झूठी बातें फैलाने का बहाना बना लिया। लोगों की व्यक्तिगत

[1] Conscientious Objectors.

स्वतन्त्रताओं का भी गला घोंटा गया। दूसरे पक्ष पर तो पूरी तरह पर्दा डाल दिया जाता था। इसलिए लोग क़िस्से का सिर्फ़ एक ही पक्ष जान पाते थे, और वह भी बहुत तोड़ा-मरोड़ा हुआ और अक्सर बिल्कुल झूठा बयान होता था। इस तरक़ीब से लोगों को बेवक़ूफ़ बनाना कुछ मुश्किल नहीं था।

शान्ति के दिनों में भी तंग-नज़र राष्ट्रवादी प्रचार ने और अख़बारों की तोड़-मरोड़ ने लोगों को बेवक़ूफ़ बना दिया था और युद्ध के लिए ज़मीन तैयार कर दी थी। युद्ध को ही बड़े यश की चीज़ बना दिया गया था। जर्मनी में, या यूं कहो कि प्रशिया मे, युद्ध की ये ऊंची तारीफ़ें क़ैसर से लगाकर नीचे तक के शासकों की एक पक्की विचारधारा ही बन गई थी। इसे वाजिब बताने के लिए विद्वानों से पुस्तकें लिखवाई गई थीं, जिनमें यह साबित किया गया था कि युद्ध एक 'जीवोपयोगी आवश्यकता'[1] है—यानी यह मानव-जीवन और प्रगति के लिए ज़रूरी है। क़ैसर का ख़ूब विज्ञापन होता था, क्योंकि वह सदा कुछ भोंडे तरीक़े से अपना आडम्बर दिखाया करता था। लेकिन इसीसे मिलते-जुलते विचार इंग्लैण्ड व दूसरे देशों के सैनिक-वर्ग और उच्च-वर्ग के लोगों में फैले हुए थे। रस्किन, इंग्लैण्ड में उन्नीसवीं सदी के महान लेखकों में गिना जाता है। वह उनमें है, जिनकी रचनाएं गांधीजी को पसन्द हैं। यह व्यक्ति, जिसके उत्तम विचारों के बारे में किसीको शक नहीं है, अपनी एक पुस्तक मे लिखता है :

> "संक्षेप मे, मैंने पाया कि सब महान राष्ट्रों को अपने शब्दों की सचाई और अपने विचारों की ताक़त का ज्ञान युद्ध में हुआ; और शान्ति ने नष्ट कर दिया; युद्ध ने सिखाया और शान्ति ने धोखा दिया; युद्ध ने तैयार किया और शान्ति ने विश्वासघात किया; एक शब्द में कहें तो वे युद्ध में पैदा हुए और शान्ति में मर गये।"

यह दिखाने के लिए कि रस्किन कितना साफ़-दिल साम्राज्यवादी था, मैं उसका एक और बयान यहां दूंगा :

> "यही बात है जो उसे (इंग्लैण्ड को) करनी चाहिए, वरना वह मिट जायगा; उसे उपनिवेश कायम करने चाहिएं..... उपजाऊ बंजर ज़मीन के हर टुकड़े पर, जिसपर वह पैर रख सके, उसे क़ब्ज़ा कर लेना चाहिए और वहां अपने इन उपनिवेशियों को यह सिखाना चाहिए कि उनका पहला.....ध्येय है ज़मीन पर या समुद्र पर इंग्लैण्ड की शक्ति को आगे बढ़ाना।"

एक बयान और भी। यह एक अंग्रेज़ अफ़सर की पुस्तक में से है, जो ब्रिटिश सेना में मेजर-जनरल हो गया था। यह बतलाता है कि "बिना जान-बूझकर धोखे-

[1] Biological necessity.

बाज़ी के, बिना धोखेबाज़ी का व्यवहार किये या बिना धोखाधड़ी की बात के" युद्ध में फतह नामुमकिन है। इसकी राय में कोई नागरिक जो "इन उपायो को अपनाने से इन्कार करता है, अपने साथियों और मातहतों के साथ जान-बूझकर गद्दारी करता है" और "उसे सिर्फ़ कमीना कायर ही कहा जा सकता है।" "नीति, अनीति—महान राष्ट्रों के लिए ये चीज़ें क्या हैं जब उनका नसीब ही दांव पर चढ़ रहा हो?" हर राष्ट्र को "चाहिए कि जबतक उसके दुश्मन पर घातक चोट न पड़ जाय तबतक बार-बार चोटें मारता रहे।" मैं नहीं कह सकता कि इस सबपर रस्किन का क्या मत होता! अलबत्ता यह ख़याल न कर बैठना कि अंग्रेज़ी मानस का यह कोई अच्छा नमूना है, या यह कि क़ैसर के शेख़ीभरे भाषण एक औसत जर्मन के भावों को ज़ाहिर करते थे। लेकिन बद-क़िस्मती यह है कि ऐसे विचार रखनेवाले लोग ही अक्सर सत्ताधारी होते हैं और युद्ध-काल में तो वे क़रीब-क़रीब हमेशा आगे आ जाते हैं।

आम तौरपर ऐसे बेलाग दावे खुल्लम-खुल्ला नहीं किये जाते और युद्ध को पाखंडी लिबास पहना दिया जाता है। बस, उधर तो यूरोप में व दूसरी जगह सैकड़ों मीलों के मोर्चों पर ज़बर्दस्त नर-संहार हो रहा था, इधर घर में इस हत्या-कांड को वाजिब ठहराने के लिए और लोगों को भुलावे में डालने के लिए बड़े सुन्दर और लच्छेदार जुमले रचे जाते थे। यह आज़ादी और इज्ज़त का युद्ध था; "युद्ध का अन्त करने के लिए युद्ध" था; लोकतन्त्र की रक्षा के लिए था; आत्म-निर्णय के लिए और छोटे राष्ट्रों की आज़ादी के लिए था, वग़ैरा, वग़ैरा। इसी अर्से में बहुत सारे पूंजी लगानेवाले और उद्योगपति और युद्ध-सामग्री बनानेवाले, जो घरों में बैठे थे, और इन लच्छेदार जुमलों का बड़ी देशभक्ति के साथ इस्ते-माल करके नौजवानों को युद्ध की भट्टी में कूद पड़ने के लिए उकसाते थे, लम्बे-चौड़े मुनाफ़े कमा रहे थे और करोड़पति बन रहे थे।

ज्यों-ज्यों यह युद्ध महीने-दर-महीने और साल-दर-साल चलता गया, त्यों-त्यों और-और देश इसमें खिंचते गये। दोनों पक्ष चुपचाप रिश्वतों का लोभ देकर तटस्थों को अपनी-अपनी ओर मिलाने की कोशिशें करते थे; खुल्लम-खुल्ला रिश्वतें देने की बातें की जातीं तो उन ऊंचे आदर्शों पर और लच्छेदार शब्दों पर पानी फिर जाता, जिसका ख़ूब शोर मचाया जाता था। इंग्लैण्ड और फ़्रान्स की रिश्वत देने की हैसियत जर्मनी से बढ़ी-चढ़ी थी, इसलिए युद्ध में शरीक होनेवाले ज़्यादातर तटस्थ देश अंग्रेज़ी-फ़्रान्सीसी-रूसी पक्ष में आ मिले। जर्मनी के पुराने साथी इटली के साथ मित्र-राष्ट्रों ने एक गुप्त सन्धि कर ली, जिसमें उसे एशिया कोचक में व दूसरी जगह प्रदेश देने का वादा किया गया, और इस तरह इन्होंने उसे अपनी तरफ़ मिला लिया। एक और गुप्त सन्धि से रूस को कुस्तुन्तुनिया देने का वादा

किया गया। दुनिया को आपस में बांट लेने का काम बडा मज़ेदार था। ये गुप्त सन्धियां मित्र-राष्ट्रों के राज्यनीतिज्ञों के बयानों से बिल्कुल उलटी थीं। सत्ता हाथ में आने के बाद अगर रूसी बोलशेविक इन सन्धियों को प्रकाशित न करते तो शायद किसीको इनका पता भी न चलता।

आखिरकार एक दर्जन से कुछ ऊपर देश मित्र-राष्ट्रों के साथ हुए (अंग्रेज़ी-फ़ान्सीसी पक्ष को मैं संक्षेप के लिए मित्र-राष्ट्र कहूंगा)। ये थे इंग्लैण्ड और उसका साम्राज्य, फ्रान्स, रूस, इटली, संयुक्त राज्य अमेरिका, बेलिजयम, सर्बिया, जापान, चीन, रूमानिया, यूनान और पुर्तगाल। (दो एक और भी होंगे, जिनके नाम मुझे याद नही)।

जर्मन-पक्ष में जर्मनी, आस्ट्रिया, तुर्की और बलगारिया ये। संयुक्त राज्य अमेरिका तीसरे साल युद्ध में शामिल हुआ। अगर अभी हम अपनी गिनती में इसे छोड़ भी दें तो भी यह साफ़ है कि मित्र-राष्ट्रों के साधन जर्मन पक्ष के साधनों से बहुत ज़्यादा बढ़े-चढ़े थे। इनके पास ज़्यादा सिपाही थे, बहुत ज़्यादा रुपया था, हथियार व गोला-बारूद बनाने के ज़्यादा कारख़ाने थे, और इन सबके ऊपर, इनका समुद्रों पर कब्ज़ा था, जिसकी वजह से ज़रूरत के वक्त तटस्थ देशों के साधनों का इस्तेमाल करना इनके लिए आसान था। इसलिए इस समुद्री-ताक़त के सबब से वे अमेरिका से युद्ध का सामान, या खाने का सामान मंगा सकते थे या क़र्ज़ा ले सकते थे। जर्मनी और उसके साथी चारों ओर अपने शत्रुओं से घिरे हुए और किनारी-बन्द थे, और जर्मनी के साथी देश कमज़ोर थे, जो ज़्यादा मदद नहीं पहुंचा सकते थे। वे तो बहुत करके जर्मनी की ताक़त को ख़र्च करनेवाले थे और उसे उनको सहारा देना पड़ता था। इसलिए सूरत यह थी कि एक तरफ़ तो संसार के ज़्यादातर देश लड़ रहे थे दूसरी तरफ़ उनके मुक़ाबले में अकेला जर्मनी था। हर पहलू से यह जोड़ बहुत ही असमान था। लेकिन फिर भी जर्मनी चार वर्ष तक दुनिया के मुकाबले में डटा रहा और कई बार तो विजयी होते-होते रह गया। हर साल यही मालूम देता था कि विजय अधर ही लटकी हुई है। अकेले एक राष्ट्र के लिए यह अद्भुत था और यह उस शानदार सैनिक-तंत्र की वजह से ही मुमकिन हुआ था जो जर्मनी ने खड़ा किया था। अन्ततक, जब कि जर्मनी और उसके साथी पूरी तरह परास्त किये जा चुके थे, जर्मन सेना का संगठन वैसा-का-वैसा बना हुआ था और उसका बड़ा भाग विदेशी ज़मीन पर था।

मित्र-राष्ट्रों की तरफ़ लड़ाई की सबसे ज़्यादा झोंक फ्रान्स को बर्दाश्त करनी पड़ी और फ्रान्सीसियों ने ही अपने नौजवानों के जीवनों की ज़बर्दस्त भेंट चढ़ाकर जर्मन सैनिक-तंत्र से लोहा लिया। इंग्लैण्ड की दी गई सबसे बड़ी सहायता थी जंगी-बेड़ा और समुद्री-शक्ति, और साथ ही कूटनीति और प्रचार भी। अपनी

सेना के घमंड में भरा हुआ जर्मनी तटस्थ देशों के साथ कूटनीति में और प्रचार के ढंगों में अजीब भोंडापन बरत रहा था। इसमें कोई शक नहीं कि झूठी बातों को और तोड़े-मरोड़े हुए तथ्यों का प्रचार करने की होशियारी और पूरे कमाल में इंग्लैण्ड इस युद्ध में तमाम देशों से बाज़ी ले गया। लड़ाई में रूस और इटली और दूसरे साथी देशों का हिस्सा इंग्लैण्ड वग़ैरा के मुक़ाबले में बहुत कम भी रहा और तारीफ़ के काबिल भी नहीं रहा। लेकिन फिर भी रूस के सब देशों से ज़्यादा आदमी मारे गये। युद्ध ख़तम होने से कुछ ही पहले शामिल होने वाले अमेरिका ने जर्मनी को कुचलने में आख़री और फैसला करानेवाला हिस्सा अदा किया।

युद्ध के शुरू महीनों में इंग्लैण्ड और अमेरिका के बीच ज़बर्दस्त तनाव था और दोनों के बीच युद्ध ठन जाने की भी चर्चा थी। यह तनाज़ा समुद्रों पर अमेरिका की जहाज़रानी में इंग्लैण्ड की दस्तन्दाज़ी से पैदा हुआ था, क्योंकि इंग्लैण्ड को शक था कि अमेरिका के जहाज़ जर्मनी को माल ले जाते हैं। लेकिन फौरन ही इंग्लैण्ड के प्रचार की मशीन ज़ोरों से काम करने लगी और अमेरिका को अपनी तरफ़ मिलाने का ख़ास यत्न करने लगी। सबसे पहले अत्याचारों का प्रचार हाथ मे लिया गया, और जर्मन सेना ने बेल्जियम में जो कुछ किया, उसके दिल दहलानेवाले क़िस्से फैलाये गए। इसे जर्मन हूण या 'बॉश'[1] का 'डरावनापन' कहा गया। इनमें से कुछेक क़िस्सों की कुछ बुनियाद भी थी, मसलन लूवें के विश्व-विद्यालय और पुस्तकालय का नष्ट किया जाना, लेकिन ज़्यादातर क़िस्से कोरे मन-गढ़न्त थे। एक अद्भुत क़िस्सा वह था, जिसमें कहा गया था कि जर्मन लोग लाशों का कारख़ाना चला रहे हैं! लेकिन दोनों पक्ष के देशों के लोगों की एक दूसरे के खिलाफ़ इतनी जबर्दस्त नफ़रत थी कि वे किसी भी बात पर यक़ीन करने को तैयार थे।

अंग्रेज़ों का प्रचार जिस बड़े पैमाने पर चलाया जा रहा था, उसका कुछ अन्दाज़ तुम्हें इससे हो सकता है कि अमेरिका को भेजे गये ब्रिटिश-युद्ध मिशन में ५०० अफसर और १०,००० उनके सहायक थे! यह तो सरकारी तौर पर था; इसके अलावा ग़ैर-सरकारी तौर पर भी ज़बर्दस्त काम हो रहा था। प्रचार के इस काम में उचित और अनुचित सब तरह के उपायों को अपनाया जाता था। स्वीडनवासियों की सद्भावना हासिल करने के लिए स्वीडन के स्टॉकहोम में अंग्रेज़ों ने सरकारी तौर पर एक क़िस्म का अंग्रेज़ी संगीत-भवन खोला था, जिसमें मनोरंजन का रंगारंग कार्यक्रम होता था!

इस प्रचार ने और जर्मनी की पनडुब्बियों की कार्रवाइयों ने, जिनके बारे

---

[1] Boche—खून का प्यासा बंगाई।

में मैं आगे चलकर कुछ लिखूंगा, अमेरिका को मित्र-राष्ट्रों के पक्ष में लाने का बड़ा भारी काम किया। लेकिन आखिरी फैसला करानेवाला कारण तो रुपया था।

युद्ध एक खर्चीला धन्धा है, जबर्दस्त खर्चीला। यह कीमती सामग्री के पहाड़-के-पहाड़ हड़प कर जाता है और उसके एवज़ में सिर्फ़ बर्बादी सामने रखता है। यह बहुत-सी दौलत पैदा करनेवाली हलचलों को बन्द कर देता है और लोगों की सारी शक्तियां सिमटकर तबाही में लग जाती हैं। यह तमाम रुपया कहां से आता? शुरू-शुरू में मित्र-राष्ट्रों के पक्ष में सिर्फ़ इंग्लैण्ड और फ्रान्स ही आसूदा समझे जा सकते थे। ये युद्ध के खर्च का सिर्फ़ अपना ही हिस्सा नहीं देते थे, बल्कि रुपया और सामान उधार देकर अपने साथियों का भी हिस्सा अदा करते थे। कुछ समय बाद पैरिस का दिवाला निकल गया; उसके वित्तीय साधन खतम हो गये। तब अकेले लन्दन ने युद्ध में मित्र-राष्ट्रों के पक्ष को धन की सहायता दी। युद्ध के दूसरे वर्ष के खतम होते-न-होते लन्दन भी दिवालिया हो गया। इसलिए, १९१६ ई० के अन्ततक फ्रान्स और इंग्लैण्ड दोनों की साख खतम हो गई। तब धन की सहायता मांगने के लिए नामी राजनीतिज्ञों का एक ब्रिटिश मंडल अमेरिका गया। अमेरिका रुपया उधार देने को राज़ी हो गया और फिर तो मित्र-राष्ट्रों के पक्ष की तरफ़ से युद्ध को चलानेवाला यह अमरीकी रुपया ही था। मित्र-राष्ट्रों पर अमेरिका का क़र्ज़ दिनदूना-रातचौगुना बढ़ते-बढ़ते बेशुमार अंकों तक जा पहुंचा; और ज्यों-ज्यों यह बढ़ता गया त्यों-त्यों रुपया उधार देनेवाले अमेरिका के बड़े बैंक और साहूकार मित्र-राष्ट्रों की जीत में दिन-पर-दिन ज्यादा शरीक़ होने लगे। अगर मित्र-राष्ट्र जर्मनी से हार जायं तो अमेरिका ने उन्हें जो भारी रकमें उधार दी थीं उनका क्या होगा? अमरीकी बौहरे की जेब पर असर पड़ने लगा, और उसने इसी मुताबिक़ जवाबी कार्रवाई की। युद्ध में अमेरिका के मित्र-राष्ट्रों में शामिल होने के पक्ष में भावना ज़ोर पकड़ने लगी और आखिरकार अमेरिका शामिल हो ही गया।

इन दिनों हम अमरीकी क़र्जों के सवाल के बारे में बहुत-कुछ सुन रहे हैं और अखबार इससे भरे रहते हैं। यह क़र्ज़, जो इंग्लैण्ड और फ्रान्स के गलों में चक्की के पाट की तरह लटका हुआ है, और जिसे वे चुका नहीं सकते, युद्ध के दिनों में अम्बार बन गया था। अगर उस समय यह रुपया नहीं दिया गया होता तो इनकी साख पूरी तरह खतम हो गई होती और अमेरिका उनके साथ शामिल भी नहीं हुआ होता।

: १४९ :

महायुद्ध का दौर

१ अप्रैल, १९३३

जब, १९१४ ई० के अगस्त महीने के शुरू में युद्ध शुरू हुआ, तब सारी दुनिया की नजर बेल्जियम पर और फ्रान्स की उत्तरी सरहद पर थी। बहुत बड़ी जर्मन सेनाएं आगे बढ़ती चली जा रही थीं और अपने रास्ते में आनेवाली तमाम रुकावटों का सफ़ाया कर रही थीं। छोटे-से बेल्जियम ने कुछ देर के लिए उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया और इसपर गुस्सा होकर उन्होंने आतंक पैदा करनेवाली कार्रवाइयों से बेल्जियमवासियों को डराना चाहा। इन्हीं कार्रवाइयों को मित्र-राष्ट्रों ने अत्याचार के क़िस्सों का आधार बनाया। ये सेनाएं पेरिस की तरफ़ बढ़ीं और फ्रान्सीसी सेना का तो मानो उनके सामने बिस्तर गोल हो गया, और छोटी-सी ब्रिटिश सेना मार भगाई गई। युद्ध छिड़ने के एक ही महीने के भीतर पैरिस का फ़ैसला होता हुआ नज़र आने लगा और फ्रान्सीसी सरकार तो सचमुच अपने दफ़्तर और क़ीमती सामान दक्षिण में बोर्दो[1] ले जाने की तैयारी करने लगी। कुछ जर्मनों ने तो समझा कि उन्होंने युद्ध क़रीब-क़रीब जीत लिया। अगस्त के अन्त में युद्ध के पश्चिमी मोर्चे (यानी फ्रान्सीसी मोर्चे) पर यह हालत थी।

इसी दरमियान रूसी फ़ौजें पूर्वी प्रशिया पर धावा बोल रही थीं और यह यत्न किया जा रहा था कि किसी तरह पश्चिमी मोर्चे से जर्मनी का ध्यान बंट जाय। फ्रान्स और इंग्लैण्ड में 'सड़क-कूट-इंजन' कहलानेवाली रूसी फ़ौजों पर बड़ी-बड़ी आशाएं बांधी जा रही थीं, जो बर्लिन की तरफ़ बढ़ रही थीं। लेकिन रूसी सिपाहियों के पास अच्छे और पूरे हथियार नहीं थे, और उनके अफ़सर बिलकुल निकम्मे थे और उनके पीछे ज़ार की भ्रष्ट सरकार थी। जर्मन लोग यकायक उनपर टूट पड़े और उन्होंने पूर्वी प्रशिया की झीलों और दलदलों में भारी रूसी सेना को फांसकर उसे बिलकुल तबाह कर दिया। इस ज़बर्दस्त जर्मन विजय को तानननबुर्ग का संग्राम कहा जाता है। इसमें भाग लेनेवाले मुख्य सेनापतियों में फ़ॉन हिण्डनबर्ग था, जो बाद में जर्मन गणराज्य का राष्ट्रपति बना।

यह महान विजय थी, लेकिन दूसरी तरफ़ इससे जर्मन सेनाओं को भारी नुकसान उठाना पड़ा। इसे हासिल करने के लिए, और पूर्व में रूसी हमले से कुछ डरकर, जर्मनों ने अपनी कुछ सेनाएं फ्रान्सीसी मोर्चे से हटाकर रूसी मोर्चे पर भेज दी थीं। इससे पश्चिमी मोर्चे पर पड़ा हुआ दबाव कुछ कम हो गया था और फ्रान्सीसी सेना ने धावा मार जर्मनों को पीछे ढकेलने की एक ज़बर्दस्त कोशिश की।

---

[1] फ्रान्स के दक्षिण में एक मशहूर बन्दरगाह।

सितम्बर, १९१४ ई० के शुरू में, मार्न की लड़ाई में, वह जर्मनों को क़रीब पचास मील पीछे हटाने में सफल हो गई। पैरिस बच गया और फ़्रान्सीसियों व अंग्रेज़ों को दम लेने का कुछ वक्त मिल गया।

जर्मनों ने इस मुक़ाबले को तोड़कर आगे बढ़ने के लिए एक बार फिर ज़ोर लगाया और वे क़रीब-क़रीब सफल भी हो गये थे, लेकिन उन्हें रोक दिया गया। तब दोनों ओर की सेनाएं ख़न्दकें खोदकर उनमें जम गईं और एक नये क़िस्म की लड़ाई, यानी 'खन्दकी जंग'[1] शुरू हो गई। यह एक तरह की ज़िच थी, और तीन वर्ष से ऊपर, और कुछ हद तक युद्ध के ख़तम होने तक, पश्चिमी मोर्चे पर यह ख़न्दकी जंग जारी रहा और बड़ी भारी-भारी सेनाएं छछून्दरों की तरह ज़मीन खोदकर अन्दर पड़ी रहीं और एक-दूसरी को बेदम करने की कोशिश करती रहीं। इस मोर्चे पर जर्मन और फ़्रान्सीसी सेनाओं की संख्या शुरू से ही बीसियों लाख तक पहुंच गई थी। इसी मोर्चे पर छोटी-सी ब्रिटिश सेना भी तेज़ी से बढ़ गई, यहांतक कि उसकी संख्या भी लाखों में गिनी जा सकती थी।

पूर्वी या रूसी मोर्चे पर इससे ज़्यादा हलचल थी। रूसी फ़ौजों ने ऑस्ट्रिया की फ़ौजों को बार-बार हराया लेकिन ख़ुद उन्हें जर्मनों ने हमेशा हराया। इस मोर्चे पर मरनेवालों और घायलों की संख्या बहुत ही बड़ी थी। यह न समझना कि ख़न्दकी जंग के सबब से पश्चिमी मोर्चे पर मरनेवालों की संख्या कुछ कम थी। मनुष्यों की ज़िन्दगी के साथ अजीब लापरवाही का बर्ताव किया जाता था और ख़न्दक़ी मुक़ामों पर बार-बार हमलों मे लाखों को मरने के लिए मौत के मुंह में झोंक दिया जाता था, और नतीजा कुछ नहीं निकलता था।

युद्ध के और भी बहुत सारे ज़ंगी मुक़ाम थे। तुर्कों ने स्वेज़-नहर पर हमला करने की कोशिश की, पर उन्हें पीछे हटा दिया गया। जैसा कि मैं पहले बतला चुका हूं, मिस्र को दिसम्बर, १९१४ ई० में इंग्लैण्ड की मातहती रियासत ऐलान कर दिया गया था। फौरन ही इंग्लैण्ड ने वहां की नई विधान-सभा को मंसूख़ कर दिया और जिन लोगों पर सन्देह था उन्हें जेलों में भर दिया। राष्ट्रवादी अख़बार बन्द कर दिये गए और पांच से ज़्यादा आदमियों को एक जगह मिलने पर रोक लगा दी गई। वहां जो सेन्सर-प्रणाली[2] जारी की गई थी, उसे लन्दन के 'टाइम्स' अख़बार ने 'वहशियतभरी सख़्त' बतलाया था। सारे युद्ध-काल में यह देश सचमुच फौज़ी क़ानून के मातहत रक्खा गया।

इंग्लैण्ड ने तुर्की के ढीले अंजर-पंजरवाले साम्राज्य के कई कमज़ोर मुक़ामों में हमला कर दिया : इराक़ में, और, कुछ दिन बाद, फ़िलिस्तीन में और सीरिया

---

[1] Trench Warfare

[2] Censorship—**अख़बारों पर ख़बरें आदि छापने का प्रतिबन्ध।**

में। अरब में अंग्रेज़ों ने अरबों की राष्ट्रीय भावना से फ़ायदा उठाया और रुपये व सामान की ख़ूब रिश्वतों की मदद से तुर्की के खिलाफ़ अरब विद्रोह खड़ा करवा दिया। अरब में अंग्रेज़ो के एजेण्ट कर्नल टी० ई० लारेंस का इस विद्रोह मे बहुत बड़ा हाथ था। बाद में यह एक भेद-भरा आदमी मशहूर हो गया और इसने एशिया के कई आन्दोलनों में परदे के पीछे से काम किया।

लेकिन तुर्की की ख़ास धरती पर सीधा हमला फ़रवरी, १९१५ ई०, में हुआ, जब ब्रिटिश जंगी बेड़े ने दर्रे-दानियाल में ज़बर्दस्ती घुसने की और इस तरह कुस्तुन्तुनिया पर क़ब्ज़ा करने की कोशिश की। अगर वे इसमें सफल हो गये होते तो उन्होंने युद्ध में न सिर्फ़ तुर्की का ही अन्त कर दिया होता, बल्कि पश्चिमी एशिया से सारा जर्मन असर दूर कर दिया होता। लेकिन वे विफल हुए। तुर्की ने बड़ी बहादुरी से मुक़ाबला किया और ध्यान में रखने की दिलचस्प बात यह है कि कमाल पाशा का इसमें बहुत बड़ा हाथ था। क़रीब एक साल तक अंग्रेज़ों ने गैली-पोली में इस कोशिश को जारी रक्खा; फिर भारी नुक़सान उठाने के बाद वापस लौट गये।

मित्र-राष्ट्रों ने पश्चिमी और पूर्वी अफ़्रीका में जर्मन उपनिवेशों पर भी हमले किये। ये उपनिवेश जर्मनी से बिलकुल कटे हुए थे और सहायता नहीं पा सकते थे। धीरे-धीरे इन्होंने घुटने टेक दिये। चीन में जर्मनी के रियायती इलाक़े क्याउचाउ पर जापान ने आसानी से क़ब्ज़ा कर लिया। जापान तो दरअसल बड़े मज़े मे था, क्योंकि दूर-पूर्व मे कोई लड़ाई-झगड़ा नही था। इसलिए उसने चीन को डरा-धमकाकर उससे तरह-तरह की और ख़ास रियायतें ले लीं और इस तरह मौके का ख़ूब फ़ायदा उठाने की कोशिश की।

इटली कई महीनों तक युद्ध के दौर को ध्यान से देखता रहा और यह पता लगाने की कोशिश करता रहा कि कौन-सा पक्ष जीतेगा। आख़िर में यह यक़ीन करके कि जीत मित्र-राष्ट्रों को ही मिलेगी, उसने उनकी पेश की हुई रिश्वतें कबूल कर लीं और एक गुप्त क़रारनामा तय कर लिया। मई, १९१५ ई० में इटली युद्ध में मित्र-राष्ट्रों के साथ बाक़ायदा शामिल हो गया। दो वर्ष तक इटली और आस्ट्रिया की फ़ौजें एक दूसरी को हराने की सख्त कोशिशें करती रहीं। पर कोई नतीजा नहीं निकला। तब जर्मन फ़ौजें ऑस्ट्रिया की फ़ौजों की मदद को आ पहुंची और उनके सामने इटली की फौजें ढेर हो गईं। ऑस्ट्रिया-जर्मनी की सेना वेनिस के नज़दीक तक पहुंच गई।

अक्तूबर, १९१५ ई० में, बलगारिया जर्मनी के साथ आ मिला। इसके कुछ ही दिन बाद आस्ट्रिया-जर्मनी की सेना ने बलगारिया के सहयोग से सर्बिया को बिलकुल कुचल दिया। सर्बिया के राजा को अपनी बची-खुची सेना के साथ देश छोड़-कर भागना पड़ा और मित्र-राष्ट्रों के जहाज़ों में शरण लेनी पड़ी और सर्बिया

जर्मन राज्य के अधीन हो गया।

बलकानी युद्धों में अपनी हरकतों के बाद रूमानिया मौक़ा-परस्ती के लिए ख़ास तौरपर मशहूर हो गया था। यह भी दो वर्ष तक महायुद्ध के दौरे को ताकता रहा और अन्त में अगस्त, १९१६ ई० में, इसने अपना भाग्य मित्र-राष्ट्रों के साथ जोड़ दिया। इसकी सज़ा भी उसे बहुत जल्दी मिल गई। जर्मन सेना उस पर टूट पड़ी और उसने सारे मुक़ाबले को कुचल डाला। रूमानिया में भी आस्ट्रिया-जर्मनी की फ़ौजों का क़ब्ज़ा हो गया।

बस, मध्य यूरोपीय शक्तियां कहलानेवाले जर्मनी और आस्ट्रिया का उत्तर-पूर्व में बेल्जियम पर व फ्रान्स के कुछ भाग पर और पोलैण्ड, सर्बिया व रूमानिया पर क़ब्ज़ा हो गया। युद्ध के कई छोटे-छोटे लड़ाई के मैदानों में जीत इनके हाथ रही। लेकिन लड़ाई की जान तो पश्चिमी मोर्चे पर और समुद्रों पर थी, और वहां इन्हें कोई कामयाबी नहीं मिल रही थी। उस मोर्चे पर दोनों पक्षों की सेनाएं, मौत के आलिंगन में गुथी हुई पड़ी थीं। समुद्रों पर मित्र-राष्ट्रों का एकछत्र राज्य था। युद्ध के शुरू के दिनों में कुछ जर्मन क्रूज़र इधर-उधर घूमते-फिरते थे और मित्र-राष्ट्रों की जहाज़रानी में बाधा पहुंचाते थे। इनमें से एक मशहूर जहाज़ ऐमडन था, जिसने मद्रास तक पर बमबारी की थी। लेकिन यह तो एक तुच्छ नोक-झोंक थी जिससे इस असलियत में कोई फ़र्क़ नही पड़ता था कि समुद्री-रास्तों पर मित्र-राष्ट्रों का क़ाबू था। और इस क़ाबू की मदद से उन्होंने मध्य यूरोपीय शक्तियों को बाहर से मिलनेवाली खाने-पीने की व दूसरी सारी चीजों को रोकने की कोशिश की। जर्मनी और आस्ट्रिया की यह नाकाबन्दी उनके लिए भयंकर संकट हो गई, क्योंकि भोजन-सामग्री की बहुत कमी पड़ गई और सारी आबादी को भूखों मरने की नौबत आ गई।

उधर जर्मनी ने पनडुब्बियों के ज़रिये मित्र-राष्ट्रों के जहाज़ों को डुबोना शुरू कर दिया। यह पनडुब्बी-जंग इतना कारगर हुआ कि इंग्लैण्डवाली भोजन-सामग्री कम पड़ गई और अकाल का खतरा पैदा हो गया। मई, १९१५ ई० में एक जर्मन पनडुब्बी ने अतलान्तिक महासागर में चलनेवाले बड़े यात्री-जहाज़ 'लुसिटैनिया' को डुबो दिया और इसमें बहुत लोग डूब गये। इसमें कितने ही अमरीकी यात्री भी डूब मरे और इस सबब से अमेरिका के लोग बहुत गुस्से में भर गये।

जर्मनी ने इंग्लैण्ड पर हवाई हमले भी किये। बहुत बड़े-बड़े ज़ैपलिन हवा-जहाज़ चांदनी रातों में लन्दन पर और गोला-बारूद के कारख़ानोंवाली जगहों पर बम गिराने के लिए आते थे। बाद में बम गिराने का यह काम हवाई जहाज़ करने लगे; और इनकी घरघराहट सुनाई देना, हवामार तोपों का छूटना, और बचाव के लिए लोगों का तहख़ानों में और जमींदोज़ मुक़ामों में

दौड़ना, ये सब मामूली बातें हो गईं। शहरी आबादियों पर इस तरह बम गिराये जाने से इंग्लैण्ड के लोगों को बहुत गुस्सा आया। उनका गुस्सा वाजिब भी था, क्योंकि यह बड़ी भयानक चीज़ है। लेकिन जब अंग्रेज़ी हवाई जहाज़ भारत के उत्तर-पश्चिम सरहदी इलाके में या इराक़ में बम गिराते हैं, और ख़ासकर उन शैतानी आविष्कारों यानी 'देर से फटनेवाले बमों' को गिराते हैं, तो इंग्लैण्ड में ज़रा भी ग़ुस्सा नहीं पैदा होता। यह पुलिस कार्रवाई कहलाती है, और उस वक़्त भी की जाती है, जब यह कहा जाता है कि कोई लड़ाई नहीं है।

बस, यों महीने-दर-महीने युद्ध चलता रहा और उसमें मनुष्यों की जानें इस तरह होम होने लगीं जैसे जंगल की आग में टीड़ी-दल भस्म होते हैं। और ज्यों-ज्यों यह जारी रहा, त्यों-त्यों ज्यादा बर्बादी ढानेवाला और वहशियाना होता गया। जर्मनों ने ज़हरीली गैस चलाई और जल्द ही दोनों पक्ष इसका इस्तेमाल करने लगे। बमबारी के लिए हवाई जहाज़ों का ज्यादा इस्तेमाल होने लगा और फिर सबसे पहले ब्रिटिश पक्ष की तरफ़ से, 'टकों' का चलन हुआ। ये बड़े भारी-भरकम मशीनी दानव होते हैं, जो कीड़ों की तरह रेंगते हुए हर चीज़ पर चढ़ जाते हैं। मोर्चों पर लाखों आदमी मौत के मुंह में चले गये और उनके पीछे उनके वतनों में स्त्रियां और बच्चे भुखमरी व मोहताजी की तकलीफ़ें सहने लगे। नाकेबन्दी के कारण, ख़ासकर जर्मनी और आस्ट्रिया में, भयंकर भुखमरी फैल गई। ये चीज़ें लोगों के धीरज की परीक्षा बन गईं। इस कठिन परीक्षा में कौन-सा पक्ष दूसरे से ज़्यादा दिनों तक टिका रहेगा? क्या दोनों में से कोई एक फौज़ दूसरी को थका मारेगी? क्या जर्मनी की नाकाबन्दी उसकी हिम्मत तोड़ देगी? या क्या जर्मनों का पनडुब्बी-हमला इंग्लैण्ड को भूखा मारकर उसके हिम्मत व औसान तोड़ देगा। हरेक देश के पीछे कुर्बानियों व तकलीफों की मिसालों का बड़ा भारी लेखा था। लोग ताज्जुब करते थे कि क्या ये सब भयंकर कुर्बानियां व तकलीफें फ़िज़ूल के लिए हुई थीं? क्या हम अपने शहीदों को भूल जायं और दुश्मन के आगे घुटने टेक दें? युद्ध से पहले के दिन मानो दूर अतीत में चले गये थे, यहांतक कि लोग युद्ध के कारणों को भी भूल गये थे; नर-नारियों के दिमाग़ों को टोंचनेवाली सिर्फ एक चीज़ रह गई थी—बदले व जीत की हवस।

उन शहीदों की पुकार बड़ी भयंकर होती है, जो अपने प्यारे उद्देश्य के लिए अपने जीवन निछावर कर देते हैं। ऐसा कौन ज़िन्दा-दिल नर या नारी है, जो इसके असर से बच जाय? युद्ध के इन आखिरी वर्षों में सब तरफ़ अंधेरा छा रहा था और युद्ध में फंसे देशों के हरेक घर में रंज था, और एक थकावट थी और लोगों की आंखों का पर्दा हट गया था; लेकिन मशाल दिखाने के सिवा कोई कर ही क्या सकता था? एक ब्रिटिश अफ़सर मेजर मैक्के की लिखी हुई यह रुलाने

वाली कविता पढ़ो और कल्पना करने की कोशिश करो कि उसकी जाति के जिन नर-नारियों ने इसे युद्ध के उन अंधेरे व उदासीभरे दिनों में पढ़ा होगा, उनके दिलों पर कैसी बीती होगी। और यह भी याद रक्खो कि इसी क़िस्म की कविताएं जुदा-जुदा देशों में और बहुत-सी भाषाओं में लिखी गई थीं। इस कविता का हिन्दी-अनुवाद यह है :

हम हैं शहीद।
कुछ दिन हुए हम ज़िन्दा थे,
अनुभव उषा का करते थे, देखते थे लाली सूर्यास्त की
करते थे प्रेम और प्रेम हम पाते थे, और अब हम पड़े
फ्लैन्दर्ज़ रणक्षेत्र में।

शत्रु के साथ उस झगड़े को हमारे लेना उठा तुम;
कंपित करों से तुम्हें फेंकते हैं हम
यह मशाल ; ऊंची उठाये इसे रखना काम है तुम्हारा।
यदि तुम करोगे दग़ा हम मरनेवालों से,
शान्ति नहीं हमको मिलेगी, फिर चाहे उगे पोस्ते के फूल
फ्लैन्दर्ज़ रणक्षेत्र में।

१९१६ ई० के आख़िरी दिनों में मित्र-राष्ट्रों का पलड़ा भारी मालूम देने लगा। उनके नये टैंकों ने पश्चिमी मोर्चे पर पहल उनके हाथ में दे दी थी ; इंग्लैण्ड पर छापे मारनेवाले ज़ैपलिन हवा-जहाज़ों पर आफ़तें आ रही थीं; जर्मन पनडुब्बियों के बावजूद तटस्थ जहाज़ों के ज़रिये काफ़ी भोजन-सामग्री इंग्लैण्ड पहुंच पा रही थी। मई, १९१६ ई० में उत्तरी सागर में एक समुद्री जंग (जटलैण्ड की जंग) हुई जिसमें कुल मिलाकर अंग्रेज़ों की जीत रही थी। इसी बीच जर्मनी की नाकेबन्दी से आस्ट्रिया-जर्मनी के लोगों को भुखमरी के आसार नज़र आने लगे थे। ऐसा लगता था कि मध्य यूरोपीय शक्तियों के लिए बुरा वक़्त आ गया, इसलिए चट-पट कार्रवाई की ज़रूरत महसूस की जाने लगी। जर्मनी ने तो मित्र-राष्ट्रों को टटोलने के लिए सुलह के कुछ इशारे भी भेजे, लेकिन उन्होंने इनको बिल्कुल नामंजूर कर दिया। मित्र-राष्ट्रों की सरकारें कई देशों के आपसी बटवारे के लिए गुप्त सन्धियों के ज़रिये इतनी ज़्यादा बंधी हुई थीं कि वे पूरी जीत से कम किसी भी चीज़ से राज़ी नहीं हो सकती थीं। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ने भी सुलह कराने के कुछ यत्न किये थे, पर वह सफल नहीं हुए।

इसपर जर्मन नेताओं ने अपना पनडुब्बी-युद्ध घमसान बनाने का फ़ैसला किया ताकि इंग्लैण्ड भूखा मरकर घुटने टेक दे। जनवरी, १९१७ ई० में उन्होंने ऐलान किया कि वे कुछ समुद्रों में तटस्थ जहाज़ों को भी डुबो देंगे। इरादा यह था

कि ये तटस्थ जहाज़ इंग्लैण्ड को खाने की चीज़ें न ले जा सकें। इस ऐलान ने अमेरिका को बहुत नाराज़ कर दिया; वह अपने जहाज़ों का इस प्रकार डुबोया जाना बर्दाश्त नही कर सकता था। इससे उसका युद्ध में शामिल होना लाज़िमी हो गया। जब जर्मन सरकार ने बिना रोक-टोक सब जहाज़ों को डुबोने के बारे में तय किया तो उसे यह बात ज़रूर मालूम रही होगी। शायद उन्होंने यह महसूस किया हो कि उनके लिए कोई चारा बाक़ी नहीं रहा और यह ख़तरा उठाना ज़रूरी था, या उन्होंने यह समझा हो कि वैसे भी अमरीकी साहूकार मित्र-राष्ट्रों को काफ़ी मदद दे रहे थे। जो भी हो, संयुक्त राज्य अमेरिका ने अप्रैल, १९१७ ई० में युद्ध छेड़ने की घोषणा कर दी। ऐसे मौक़े पर, जबकि दूसरे सब राष्ट्र थके-मांदे हो रहे थे, अमेरिका अपने अपार साधनों और अपनी ताज़ा हालत को लेकर युद्ध में उतरा तो इसमें ज़रा भी शक नहीं रहा कि जर्मन शक्तियां हरा दी जायंगी।

लेकिन अमेरिका के युद्ध में शामिल होने से पहले ही बहुत ज़रूरी महत्व की एक और घटना घट चुकी थी। १५ मार्च, १९१७ ई०, को पहली रूसी क्रान्ति के नतीजे से ज़ार को गद्दी छोड़नी पड़ गई थी। इस क्रान्ति के बारे में मै तुम्हें अलग लिखूंगा। अभी तो मै तुम्हें यह बतलाना चाहता हूं कि इस क्रान्ति के सबब से युद्ध के दौर में ज़बर्दस्त फ़र्क पड़ गया। यह साफ हो गया कि रूस अब अगर चाहता तो भी जर्मन शक्तियों के ख़िलाफ ज़्यादा नहीं लड़ सकता था। इसका मतलब यह हुआ कि जर्मनी पूर्वी मोर्चे की चिन्ता से बिलकुल बरी हो गया। अब वह अपनी तमाम या ज़्यादातर पूर्वी सेनाओं को वहां से हटाकर पश्चिमी मोर्चे पर भेज सकता था और उन्हें फ्रांसीसियों और अंग्रेज़ों पर धावा मारने के काम में ला सकता था। अचानक ही स्थिति जर्मनी के हक़ में अच्छी बन गई। अगर रूसी क्रांति होने के छह या सात सप्ताह पहले उसे यह बात मालूम हो गई होती तो कितना फ़र्क़ हो गया होता। इसका मतलब शायद यह होता कि वह अपने पनडुब्बी-जंग को ज़ोरदार न बनाता और शायद अमेरिका तटस्थ बना रहता। रूस के युद्ध से बाहर निकल जाने और अमरीका के तटस्थ रहने से यह बहुत ज़्यादा सम्भव था कि अंग्रेज़ी व फ़ान्सीसी सेनाओं को जर्मनी कुचल डालता। लेकिन इस हालत में भी पश्चिमी मोर्चे पर जर्मनी की ताक़त बढ़ गई, और उधर जर्मन पनडुब्बियों के ज़रिये मित्र-राष्ट्रों के व तटस्थ देशों के जहाज़ों का ज़बर्दस्त नाश होने लगा।

रूसी क्रान्ति ने मानो जर्मनी को मदद पहुंचाई। लेकिन फिर भी यह अन्दरूनी कमज़ोरी का एक बड़ा भारी सबब बन गई। पहली क्रान्ति को आठ महीने भी न बीते थे कि दूसरी क्रान्ति हो गई, जिसके नतीजे से सोवियतों और बोलशेविकों के हाथ में सत्ता आ गई, जिनका नारा था शान्ति। उन्होंने तमाम जंगी देशों के मज़दूरों और सिपाहियों को पुकारा और शान्ति के लिए अपील की।

उन्होंने बतलाया कि यह पूंजीपतियों का युद्ध था और यह कि मज़दूरों को चाहिए कि वे साम्राज्यशाही इरादों की ख़ातिर अपने-आपको तोपों का निवाला न बनने दें। इनमें से कुछ आवाज़ें मोर्चों पर लड़नेवाले दूसरे राष्ट्रों के सिपाहियों के कानों में पहुंची और उनके दिलों पर बहुत असर हुआ। फ़्रान्सीसी सेना में ग़दर हुआ, जिसे अधिकारी लोग किसी तरह सिर्फ़ दबा ही पाये। जर्मन सिपाहियों के दिलों पर तो और भी ज़्यादा असर हुआ क्योंकि कितनी ही पलटनों ने तो क्रान्ति के बाद रूसी फौज़ों से सचमुच भाईचारा क़ायम कर लिया था। जब इन पलटनों की बदली पश्चिमी मोर्चे पर की गई, तो वे यह संदेश अपने साथ ले गये और इसे दूसरी पलटनों में फैलाने लगे। जर्मनी युद्ध से थक चुका था और उसकी हिम्मत बिलकुल टूट गई थी, इसलिए रूस के ये बीज ऐसी जमीन पर पड़े, जो उनके लिए पहले ही तैयार थी। इस तरह रूसी क्रान्ति ने जर्मनी को भीतर से कमज़ोर कर दिया।

लेकिन जर्मन फौजी नेता इन अप-शकुनों को देख ही नहीं रहे थे और मार्च, १९१८ ई० में उन्होंने सोवियत रूस पर एक दबोचनेवाली और नीचा दिखानेवाली सुलह ज़बर्दस्ती थोप दी। सोवियतों को इसे इसलिए मानना पड़ा कि उनके सामने दूसरा कोई चारा नहीं था और वे किसी भी क़ीमत पर सुलह चाहते थे। मार्च, १९१८ ई० में ही जर्मनों ने पश्चिमी मोर्चे पर आखिरी बार ज़बर्दस्त ज़ोर लगाया। जर्मनों ने अंग्रेज़ी-फ़्रान्सीसी क़तार तोड़ डाली और इस धावे में सेनाओं का नाश करते हुए आगे बढ़ गये और फिर उसी मार्न नदी तक जा पहुंचे जहां से साढ़े तीन वर्ष पहले उन्हें पीछे ढकेल दिया गया था। यह ज़बर्दस्त कोशिश थी लेकिन यह आखिरी साबित हुई और जर्मनी बिलकुल पस्त हो गया। इसी बीच अतलाण्तिक महासागर पार करके अमेरिकी सेनाएं आ गई, और पिछले कड़वे तज़रबे से नसीहत लेकर अब पश्चिमी मोर्चे पर सारे मित्र-राष्ट्रों की सेनाएं—ब्रिटिश, अमरीकी, फ्रान्सीसी—एक ही आला कमान के नीचे रख दी गई, ताकि सबके बीच पूरा-पूरा सहयोग हो सके और मिलकर ज़ोर लगाया जा सके। पश्चिम में सारी मित्र-राष्ट्री सेना का महा सेनापति फ़्रान्स के मार्शल फॉश को बनाया गया। १९१८ ई० के बीच तक हवा का रुख़ साफ़ बदल गया; पहल और हमला करने की हैसियत, दोनों मित्र-राष्ट्रों के हाथ में आ गई और ये जर्मनों को पीछे ढकेलते हुए आगे बढ़ने लगे। अक्तूबर तक युद्ध का अन्त नज़दीक नज़र आने लगा और युद्ध बन्द होने की चर्चा होने लगी।

४ नवम्बर को कील में जर्मन जहाज़ी फौज में बग़ावत हो गई और पांच दिन बाद बर्लिन में जर्मन गणराज्य की घोषणा कर दी गई। उसी दिन, यानी ९ नवम्बर को, क़ैसर विल्हैम द्वितीय बड़े भद्दे ढंग से और बेइज्जती से जर्मनी

छोड़कर हालैण्ड भाग गया और इसके साथ ही हॉयनत्सालर्न घराने का अन्त हो गया। चीन के मंचुओं की तरह "वे शेर की दहाड़ की तरह दाख़िल हुए थे और सांप की पूंछ की तरह गायब हो गये।"

११ नवम्बर, १९१८ ई० को युद्ध रोकने के सुलहनामे पर दस्तख़त हो गये और युद्ध का अन्त हो गया। इस सुलहनामे का आधार वे "चौदह शर्तें" थीं, जो अमेरिका के राष्ट्रपति विल्सन ने तैयार की थीं। ये शर्तें ज्यादातर इन उसूलों को ध्यान में रखकर बनाई गई थीं : युद्ध में शरीक छोटे-छोटे राष्ट्रों के लिए आत्म-निर्णय, निरस्त्रीकरण (हथियार-बन्दी), गुप्त कूटनीति से बचना, सब शक्तियां रूस की सहायता करें और एक राष्ट्र-संघ[1]। आगे चलकर हम देखेंगे कि विजेताओं ने इन चौदह शर्तों में से कितनी को आसानी से ताक में उठाकर रख दिया।

युद्ध ख़तम हो गया। लेकिन इंग्लैण्ड के जंगी बेड़े ने जर्मनी की नाका-बन्दी जारी रक्खी, और भूखे मरते जर्मन स्त्रियों व बच्चों के लिए भोजन-सामग्री नहीं पहुंचने दी गई। छोटे-छोटे बच्चों तक को सज़ा देने की नीयत का और नफ़रत का यह हैरत पैदा करनेवाला नंगा रूप था, और इंग्लैण्ड के नामदार राजनीतिज्ञों ने, जन-नेताओं ने, बड़े-बड़े अख़बारों ने और उदारदली कहलानेवाले साप्ताहिकों तक ने, इसका समर्थन किया। देखा जाय तो उस समय इंग्लैण्ड का प्रधान-मंत्री लॉयड जॉर्ज उदारदली था। युद्ध के सवा चार वर्षों का लेखा बेरोक हैवानियतों व सख्त बेरहमियों से भरा हुआ है। लेकिन सुलह के बाद जर्मनी की नाकाबन्दी जारी रखना सरासर जल्लादी हैवानियत में शायद सबसे ज़्यादा बढ़ा-चढ़ा है। युद्ध ख़तम हो गया था, लेकिन फिर भी एक पूरा राष्ट्र भूखों मर रहा था और उसके बच्चे भूख की भयंकर तकलीफ़ें उठा रहे थे और भोजन-सामग्री जान-बूझकर और ज़बर्दस्ती उन्हें नहीं पहुंचने दी जाती थी। युद्ध हमारे दिमाग़ों को कितना फेर देता है, और उन्हें बावली नफ़रत से कितना भर देता है! जर्मनी के बूढ़े चैन्सलर बैथमान हॉलवैग ने कहा था : "हमारी सन्तानों पर और हमारी सन्तानों की सन्तानों पर उस नाकाबन्दी की छाप बनी रहेगी, जो इंग्लैण्ड ने ज़बर्दस्ती हमारे खिलाफ़ की थी, और जिसकी छनी हुई बेरहमी शैतानियत से किसी तरह कम नहीं है।"

एक तरफ़ तो बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ और ऊंची कुर्सियों पर बैठे दूसरे लोग इस नाकाबन्दी का समर्थन कर रहे थे, लेकिन दूसरी तरफ़ बेचारा अंग्रेज़ सिपाही, जिसने लड़ाई की मुसीबतें झेली थीं, इस दृश्य को बर्दाश्त नहीं कर सकता था। सुलह के बाद राइन प्रदेश के कोलोन नगर में एक ब्रिटिश सेना डाल दी गई थी।

[1] League of Nations

इस सेना की कमानवाले अंग्रेज़ सेनापति को एक तार प्रधान मंत्री लॉयड जॉर्ज को भेजना पड़ा था, जिसमें बतलाया गया था कि "जर्मन स्त्रियों और बच्चों के कष्टों को देखकर ब्रिटिश सेना पर कितना बुरा असर पड़ रहा था।" सुलह के बाद सात महीने से ऊपर इंग्लैण्ड ने जर्मनी की यह नाका-बन्दी जारी रक्खी।

युद्ध के लम्बे दौर ने युद्ध में फंसे देशों को हैवान बना दिया था। इसने बहुत-से लोगों की नेकी-बदी की भावना मिटा दी थी, और कितने ही अच्छे-भले आदमियों को भी पापियों जैसा बना दिया था। लोग मारकाट के, और सच्ची बातों की जान बूझकर तोड़-मरोड़ के आदी हो गये थे, और उनके दिलों में नफ़रत और बदले की भावना भर गई थी।

इस युद्ध का गोशवारा क्या था? आज तक कोई नहीं जानता; अभी तक तो वह तैयार ही किया जा रहा है! मैं यहां कुछ आंकड़े दूंगा, जिनसे तुम यह समझ सको कि आजकल के युद्ध का क्या मतलब होता है।

युद्ध में मरनेवालों और घायलों की कुल संख्या का हिसाब नीचे लिखे मुताबिक़ लगाया गया है :—

मारे गये सिपाही	१,००,००,०००
मरे हुए माने गये सिपाही	३०,००,०००
मारे गये असैनिक	१,३०,००,०००
घायल	२,००,००,०००
क़ैदी	३०,००,०००
युद्ध में अनाथ हुए	९०,००,०००
युद्ध में विधवाएं हुईं	५०,००,०००
शरणार्थी	१,००,००,०००

इन बेशुमार आंकड़ों को देखो और इनके भीतर इन्सानियत की आहों का ख़याल करने की कोशिश करो। इनका जोड़ लगाओ : सिर्फ मरनेवालों और घायलों की ही संख्या ४,६०,००,००० होती है!

और इसमें नक़द कितना ख़र्च हुआ? इसका हिसाब अभीतक लगाया जा रहा है! अमेरिकावालों ने मित्रराष्ट्र-पक्ष का कुल ख़र्च ४०,९९,९६,००,००० पौंड (क़रीब पौने छह खरब रुपये) कूता है, और जर्मन पक्ष का ख़र्च १५,१२,२३,००,००० पौंड (क़रीब दो खरब रुपये)। कुल मीज़ान छप्पन अरब पौंड से ऊपर! ये आंकड़े हमारी समझ में पूरी तरह नहीं आ सकते क्योंकि ये हमारी रोज़ाना ज़िन्दगी के हिसाब से बिलकुल परे हैं। ये मानो हमें ज्योतिष-विज्ञान के आंकड़ों की याद दिलाते हैं, जैसे सूर्य की या तारों की दूरी। इसमें अचम्भे की कोई बात नहीं कि जो राष्ट्र इस युद्ध में शामिल थे, हारनेवाले व

जीतनेवाले दोनों ही, वे युद्ध में किये गए ख़र्च से पैदा होनेवाले नतीजों में अभी तक बुरी तरह फंसे हुए हैं।

"युद्धों का अन्त करने के लिए युद्ध", और "संसार में लोकतंत्र को निरापद बनाने के लिए युद्ध", और "छोटे-छोटे राष्ट्रों की आज़ादी क़ायम रखने के लिए युद्ध" और "आत्म-निर्णय" के लिए युद्ध, और आम तौरपर आज़ादी व ऊंचे आदर्शों के लिए युद्ध, ख़तम हो गया। और इसमें जीत का सेहरा इंग्लैण्ड, फ्रान्स, अमेरिका, इटली और कई छोटे-छोटे पिछलग्गुओं के सिर बंधा (रूस अलबत्ता इनमें शामिल नहीं था)। इन ऊंचे व नेक आदर्शों को अमली जामा कैसे पहनाया गया, यह हम आगे चलकर देखेंगे। अभी तो हम अंग्रेज़ कवि साउदी की कविता[1] की उन लाइनों को याद करलें जो उसने एक पुरानी जीत के बारे में लिखी थीं। इनका हिन्दी-अनुवाद यह है :

"और सब ही ने सराहा डचूक को
जिसने जीती थी लड़ाई यह बड़ी।"
"पर हुआ क्या लाभ इससे अन्त में ?"
नन्हें पीटर किन ने बस पूछा यही
बोला वह—यह तो बता सकता न मैं,
पर विजय वह बहुत ही मशहूर थी।"

: १५० :

रूस में ज़ारशाही की आख़िरी सांस

७ अप्रैल, १९३३

महायुद्ध के दौर के बयान में मैंने रूसी क्रान्ति का और युद्ध पर उसके असर का ज़िक्र किया था। युद्ध पर इस असर के अलावा यह क्रान्ति ख़ुद भी एक ज़बर्दस्त घटना थी, जो संसार के इतिहास में बेजोड़ है। हालांकि अपने ढंग की यह पहली ही क्रान्ति थी, मगर अब यह बहुत दिनों तक अपने नमूने की अकेली चीज़ नहीं रह सकती क्योंकि यह दूसरे देशों के लिए एक चुनौती बन गई है और संसार-भर के क्रान्तिकारियों के लिए मिसाल बन गई है। इसलिए यह बारीकी से अध्ययन करने लायक है। इसमें शक नहीं कि यह युद्ध का सबसे बड़ा नतीजा थी; फिर भी युद्ध में कूदनेवाली किसी भी सरकार या राजनीतिज्ञ को न तो इसका ज़रा भी गुमान था और न वे इसे ज़रा भी चाहते थे। या यह कहना ज़्यादा सही होगा कि इसका जन्म रूस की उन मौजूदा ऐतिहासिक व आर्थिक हालतों से हुआ, जो

[1] Southey—'Battle of Blenheim'

युद्ध से होनेवाली अपार तबाहियों व मुसीबतों से तेज़ी से चरम सीमा पर पहुंच गई थीं, और जिनसे लेनिन सरीखे आला-दिमाग़ और क्रान्ति के उस्ताद ने फ़ायदा उठाया।

असल में तो १९१७ ई०में रूस में दो क्रान्तियां हुई; एक मार्च में और दूसरी नवम्बर में। या इस पूरे काल को क्रान्ति की एक लगातार धारा माना जा सकता है, जिसमें दो बार बाढ़ आई।

रूस के बारे में अपने पिछले पत्र में मैंने १९०५ ई० की क्रान्ति का ज़िक्र किया है, जो इसी तरह युद्ध और पराजय के वक़्त में पैदा हुई थी। यह हैवानी ज़ुल्मों से दबा दी गई थी और ज़ार की हुकूमत, सब उदारवादी विचारवालों का खुफ़िया विभाग के ज़रिये पता लगा कर उन्हें कुचलती हुई, बेरोक निरंकुशता की अपनी रफ़्तार पर चलती रही। मार्क्सवादियों को, और ख़ास कर बोलशेविकों को, कुचल दिया गया और उनके सारे ख़ास-ख़ास पुरुष व स्त्रियां या तो साइबेरिया की ताजीरी बस्तियों में थे या देश छोड़कर विदेशों में चले गये थे। लेकिन विदेश-वासी इन मुट्ठीभर लोगों ने भी लेनिन की रहनुमाई में अपना प्रचार और अध्ययन जारी रक्खा। ये सब-के-सब पक्के मार्क्सवादी थे, लेकिन मार्क्स का सिद्धान्त इंग्लैण्ड या जर्मनी जैसे ख़ूब ज़्यादा उद्योगी देशों के लिए ही सोच कर निकाला गया था। रूस अभीतक मध्यकालीन और खेतिहर देश था; उसके बड़े शहरों में उद्योगों की सिर्फ़ शुरूआत थी। इसलिए लेनिन ने मार्क्सवाद की बुनियादी बातों को इसी रूस के मुताबिक ढालना शुरू किया। इस विषय पर उसने बहुत ज्यादा लिखा और रूसी निर्वासित लोग आपस में बहस-मुबाहसे किया करते थे और इस तरह अपने-आपको क्रान्ति के ख़यालों में मज़बूत बनाते थे। लेनिन यह मानता था कि कोई काम हो, वह माहिरों और सिखाये हुए लोगों के ज़रिये किया जाना चाहिए, केवल जोशीले दीवानों के ज़रिये नहीं। अगर क्रान्ति की कोशिश की जानेवाली थी, तो लेनिन की राय थी कि लोगों को इस काम के लिए पूरी तरह तैयार किया जाना भी ज़रूरी था, ताकि जब कार्रवाई का वक़्त आये तो वे साफ़ तौर से सोच सकें कि उन्हें क्या करना है। इसलिए, १९०५ ई० के दमन के बाद के अंधियारे वर्षों को, लेनिन और उसके साथियों ने अपने को आयन्दा कार्रवाई के लिए तैयार करने में लगाया।

१९१४ ई० में ही रूस का शहरी मज़दूर-वर्ग चेतने लगा था और दुबारा क्रान्तिकारी बन रहा था। बहुत-सी राजनैतिक हड़तालें हुई। तब युद्ध शुरू हो गया और इसने लोगों का सारा ध्यान खींच लिया और सबसे ज़्यादा तरक्की-पसंद मज़दूरों को सिपाही बनाकर मोर्चों पर भेज दिया गया। लेनिन और उसकी

जमात ने शुरू से ही युद्ध का विरोध किया (ज़्यादातर नेता रूस से निर्वासित थे)। दूसरे देशों के समाजवादियों की तरह वे इसकी धार में बह नहीं गये। उन्होंने इसे पूंजीपतियों का युद्ध बतलाया, जिससे मज़दूर-वर्ग का कोई सरोकार नही था; अगर था तो सिर्फ़ उसी हद तक जहांतक कि वे अपनी आज़ादी हासिल करने के लिए उसका फ़ायदा उठा सकें।

लड़ाइयों में रूसी सेना को ज़बर्दस्त नुकसान उठाने पड़े; शायद युद्ध में उलझी हुई सब सेनाओं से ज़्यादा। एक तो वैसे ही यह माना जाता है कि फ़ौजी लोग आम तौर पर ज़्यादा चतुर नहीं हुआ करते, फिर रूसी सेनापति तो बिलकुल ही निकम्मे थे। रूसी सिपाही, जिनके पास न तो अच्छे और पूरे हथियार थे, और अक्सर जिन्हें न गोली-बारूद मिलती थी और न पीछे से सहायता, लाखों की संख्या में दुश्मन के आगे धकेल दिये जाते थे और इस तरह मौत के मुंह में झोंक दिये जाते थे। इसी बीच पैत्रोग्राद में, जो पहले सेण्ट पीटर्सबर्ग था, व दूसरे बड़े शहरों में, ज़बर्दस्त मुनाफ़ाख़ोरी चल रही थी और सट्टेबाज मालामाल बन रहे थे। ये 'देश-भक्त' सट्टेबाज़ और मुनाफ़ाख़ोर इसीलिए ज़ोर-ज़ोर से मांग करते थे कि युद्ध अन्त तक लड़ा जाय। इसमें शक नहीं कि अगर युद्ध सदा चलता रहता तो इनके मन की मुराद पूरी हो जाती! लेकिन सिपाही और मज़दूर और किसान-वर्ग (जो सिपाही देता था) पस्त हो गये थे, और भूखों मर रहे थे और बेचैनी से भर रहे थे।

ज़ार निकोलस बड़ा ही मूर्ख आदमी था, जो अपनी पत्नी ज़ारीना के बहुत ज़्यादा असर में था, और यह भी उतनी ही मूर्ख थी पर उससे ज़्यादा हठीली थी। इन दोनों ने अपने चारों तरफ लफंगों और मूर्खों को जमा कर रक्खा था और किसीकी मजाल नहीं थी कि इनकी बुराई करे। मामला यहांतक पहुंचा कि ग्रेगरी रासपुतिन नामक एक गुंडा ज़ारीना का ख़ास मर्ज़ीदान बन गया और ज़ारीना के ज़रिये से ज़ार का भी (रासपुतिन का अर्थ है 'गन्दा कुत्ता')। रासपुतिन एक ग़रीब किसान था जो घोड़ों की चोरी के मामले में झमेले में पड़ गया था। इसने पवित्रता का बाना पहनने का, और फ़क़ीरी का फ़ायदेमन्द पेशा इख़्तियार करने का फैसला किया। भारत की तरह रूस में भी पैसा कमाने का यह आसान तरीक़ा था। उसने अपने बाल बढ़ाने शुरू किये और बालों के साथ उसकी शोहरत भी बढ़ी, यहांतक कि वह शाही दरबार में जा पहुंचा। ज़ार और ज़ारीना का इकलौता पुत्र जो ज़ारेवित्ज़ (युवराज) कहलाता था, कुछ बीमार रहता था और रासपुतिन ने किसी तरह ज़ारीना को यह विश्वास दिला दिया कि वह उसे चंगा कर देगा। बस, उसकी क़िस्मत खुल गई और कुछ ही दिनों में वह ज़ार और ज़ारीना पर हावी हो गया और ऊंची-से-ऊंची नौकरियां उसीकी

सलाह पर दी जाने लगीं। वह बड़ी बदनाम ज़िन्दगी बसर करता था और भारी-भारी रिश्वतें लेता था, लेकिन फिर भी उसने वर्षों तक अपना दबदबा क़ायम रक्खा।

इससे सबके दिलों में नफ़रत पैदा हो गई। यहांतक कि उदारदली और अमीर-वर्ग भी बड़बड़ाने लगे और राजमहल की क्रान्ति की—यानी ज़ार को ज़बर्दस्ती बदल डालने की—चर्चा चलने लगी। इसी बीच ज़ार निकोलस अपनी सेना का सिपहसालार बन गया और हर चीज को चौपट करने लगा। १९१६ ई० का साल ख़तम होने से कुछ दिन पहले ज़ार के घराने के एक व्यक्ति ने रास-पुतिन की हत्या कर डाली। उसे भोजन के लिए बुलाया गया और कहा गया कि अपनेको गोली मार ले; लेकिन जब उसने ऐसा करने से इन्कार किया तो उसे गोली मार दी गई। इसकी हत्या का लोगों ने एक बला से छुटकारा मानकर स्वागत किया, लेकिन इसके नतीजे से ज़ार की ख़ुफ़िया पुलिस का अत्याचार और भी बढ़ गया।

संकट दिन-पर-दिन बढ़ने लगा। अन्न का अकाल पड़ गया और पैत्रोग्राद में खाने की चीज़ो के लिए दंगे हो गये। और फिर, मार्च के शुरू में, मज़दूरो की बहुत दिनों की तड़प में से अचानक और अपने-आप क्रान्ति पैदा हो गई। मार्च की ८ तारीख़ से लगाकर १२ तारीख़ तक के पांच दिनों में इस क्रान्ति की शानदार विजय हो गई। यह कोई राजमहल का मामला नही था; न यह कोई सगठित क्रान्ति ही थी, जिसकी योजना चोटी के नेताओं ने होशियारी से बनाई हो। यह तो मानो नीचे से उठी थी, सबसे ज़्यादा सताये हुए मज़दूरों में से उठी थी, और बिना किसी ज़ाहिरा योजना या रहनुमाई के अंधे की तरह टटोलती हुई आगे बढ़ी थी। मुक़ामी बोलशेविकों-समेत सारे क्रान्तिकारी दल भौचक रह गये और यह नही सोच सके कि क्या रास्ता बतायें। जनता ने ख़ुद ही पहले क़दम उठाया और जिस घड़ी उन्होंने पेत्रोग्राद में पड़े हुए सिपाहियों को अपनी तरफ़ मिला लिया, उन्हें विजय हासिल हो गई। इन क्रान्तिकारी जनसमूहों को तबाही पर उतारू बिखरी हुई भीड़ समझने की गलती नहीं करनी चाहिए, जैसे कि पहले अक्सर किसानों के दंगे हुए थे। मार्च की इस क्रान्ति के बारे में महत्व की बात यह थी कि इसमें, इतिहास में पहली बार, कारख़ानों के मज़दूर-वर्ग ने, जिसे 'सर्वहारा-वर्ग'[१] कहा गया है, आगे क़दम बढ़ाया। और हालांकि इन मज़दूरों के साथ उस समय कोई ऊंचे दर्जे के नेता नहीं थे (लेनिन और दूसरे नेता या तो क़ैदी थे या निर्वासित), फिर भी इनमें लेनिन की जमात के तैयार किये हुए कितने ही अनजाने कार्यकर्त्ता थे। बीसियों कारख़ानों के इन अनजाने मज़दूरों ने सारे आन्दोलन को सहारा दिया और उसे निश्चित धाराओं में चलाया।

---

[१] Proletariat

यहां हम उद्योगी जन-समूहों का वह रूप देखते है, जो अमली कार्रवाई में सामने आया। ऐसा और कहीं भी नहीं हुआ। रूस तो बहुत ही ज़्यादा खेतिहर देश था और यह खेती भी मध्यकालीन ढंग पर चलाई जाती थी। कुल मिलाकर सारे देश में आधुनिक उद्योग नही के बराबर थे; जो थोड़े-बहुत थे, वे भी कुछेक नगरों मे जमे हुए थे। इन कारख़ानों में से बहुत-से तो पेत्रोग्राद में थे, इसलिए यहां औद्योगिक मज़दूरों की बहुत बड़ी आबादी थी। मार्च की क्रान्ति पेत्रोग्राद के इन मज़दूरों का और इस नगर में पड़ी हुई पलटनों का काम थी।

८ मार्च को क्रान्ति की पहली गड़गड़ाहट सुनाई देती है। नारियां आगे आती हैं और कपड़े के कारख़ानों की मज़दूरनियां बाहर निकल आती हैं और बाज़ारों में प्रदर्शन करती हैं। दूसरे दिन हड़तालों का ज़ोर बढ़ जाता है; बहुत सारे मज़दूर भी बाहर निकल आते है; रोटी की पुकार मचाई जाती है और "निरंकुशता का नाश हो" के नारे लगाये जाते हैं। सत्ताधारी लोग प्रदर्शन करनेवाले मजदूरों को कुचलने के लिए क़ज़्ज़ाकों को भेजते हैं, जो पहले भी सदा जारशाही के ख़ास पुश्ते रहे थे। क़ज़्ज़ाक लोग भीड़ को धक्के मारकर तितर-बितर करते है, पर गोलियां नही चलाते। और मज़दूर बड़ी ख़ुशी के साथ देखते है कि अपने सरकारी मुखड़ों के पीछे क़ज़्ज़ाक लोग असल में उनके दोस्त है। फ़ौरन ही लोगों का उत्साह बढ़ जाता है और वे कज़्ज़ाकों से भाईचारा बढ़ाने की कोशिश करते है। लेकिन पुलिस से नफ़रत की जाती है और उनपर पत्थर फेंके जाते है। तीसरे दिन, १० मार्च को, क़ज़्ज़ाकों के साथ भाईचारे की भावना बढ़ती हुई नज़र आती है। यहांतक कि यह अफ़वाह फैल जाती है कि लोगों पर गोलियां चलानेवाली पुलिस पर क़ज़्ज़ाकों ने गोलियां चलाई। पुलिस बाज़ारों से हट जाती है। मज़दूर-नारियां सिपाहियों के पास जाती हैं और उनसे दर्दभरी अपील करती हैं; सिपाहियों की संगीनें ऊपर कर ली जाती हैं।

अगला दिन, ११ मार्च, इतवार होता है। मज़दूर लोग शहर के बीच में जमा होते हैं और पुलिस उनपर छिपी जगहों से गोलियां चलाती है। कुछ फ़ौजी सिपाही भी लोगों पर गोलियां चलाते हैं; इस पर लोग उस पलटन के बारकों में जाकर सख़्त शिकायत करते हैं। पलटन का दिल पिघल जाता है और वह अपने ग़ैर-कमीशनी अफ़सरों की मातहती में जनता की रक्षा के लिए निकल पड़ती है; वह पुलिस पर गोलियां चलाती है। पलटन को गिरफ़्तार किया जाता है, पर अब मामला हाथ से निकल चुका होता है। १२ मार्च को विद्रोह दूसरी पलटनों में फैल जाता है और वे अपनी रायफ़लें और मशीन-गनें लेकर निकल पड़ती हैं। बाज़ारों में ख़ूब गोलियां चलती हैं; लेकिन यह कहना मुश्किल था कि कौन किसपर गोलियां चला रहा है। फिर सिपाही और मज़दूर जाकर कुछ मंत्रियों को (बाक़ी भाग

चुके हैं), पुलिसवालों को और ख़ुफ़िया विभाग के आदमियों को गिरफ़्तार कर लेते हैं। वे जेलों में पड़े हुए पुराने राजनैतिक क़ैदियों को रिहा कर देते हैं।

पेत्रोग्राद में क्रान्ति की शानदार विजय हो चुकी थी। जल्द ही मॉस्को ने भी यही रास्ता अपनाया। गांवों के लोग इन घटनाओं को ग़ौर से देख रहे थे। धीरे-धीरे किसान-वर्ग ने नई व्यवस्था को मान लिया, पर बिना उत्साह के। उनके लिए तो महत्व के दो ही सवाल थे, धरती के मालिक बनना और बेखटके साथ रहना।

ज़ार का क्या हुआ? इन घटना-भरे दिनों में उसपर क्या बीत रही थी? वह पेत्रोग्राद में नहीं था; वहां से बहुत दूर एक छोटे-से नगर में था, जहां से, ऐसा समझा जाता था कि वह सिपहसालार की हैसियत से सेनाओं की बागडोर सम्भाल रहा था। लेकिन उसका वक्त आ गया था और एक पूरी तरह पके फल की तरह वह बिना किसी का ध्यान खींचे टूट कर गिर पड़ा। ज़बर्दस्त ज़ार, सारे रूसों का महा निरंकुश शासक, जिसके आगे लाखों थर्राते थे, 'पवित्र रूस' का 'नन्हा पिता', 'इतिहास के कूड़ा-दान' में ग़ायब हो गया। यह अजीब बात है कि जब बड़े ढांचों का काम पूरा हो जाता है और उनकी ज़िन्दगी पूरी हो जाती है, तो वे किस तरह ढह जाते हैं। जब ज़ार ने पेत्रोग्राद में मज़दूरों की हड़तालों का और दंगों का हाल सुना तो उसने फ़ौज़ी क़ानून लागू करने का हुक्म निकाला। कमान करनेवाले सेनापति ने इसका रस्मी तौरपर ऐलान कर दिया, पर इस ऐलान की न तो शहर में मुनादी की गई और न इसे कहीं चिपकाया गया, क्योंकि इस काम को करनेवाला ही कोई न मिला! सरकारी ढांचा टूक-टूक हो चुका था। ज़ार ने अब भी इन सब घटनाओं से आंखें मूदकर पेत्रोग्राद वापस जाना चाहा। रेल के मज़दूरों ने रास्ते में उसकी गाड़ी रोक ली। ज़ारीना ने, जो उस समय पेत्रोग्राद के बाहर की एक बस्ती में थी, ज़ार को एक तार भेजा। तारघर ने उसपर पेंसिल से यह लिखकर लौटा दिया: "पानेवाले का पता-ठिकाना नामालूम!"

मोर्चे पर लड़नेवाले सेनापतियों ने और पेत्रोग्राद में रहनेवाले उदार-दली नेताओं ने इन घटनाओं से डरकर, और इस टूट-फूट में से जो कुछ बच सके बचाने की आशा करके, ज़ार से राजगद्दी छोड़ देने की प्रार्थना की। ज़ार ने ऐसा ही किया और अपने एक रिश्तेदार को अपना उत्तराधिकारी नामज़द कर दिया। लेकिन अब कोई ज़ार नहीं होनेवाला था; रोमानॉफ़ का घराना, तीन सौ वर्षों के निरंकुश शासन के बाद, रूसी रंगमंच से सदा के लिए बिदा हो गया।

अमीर-वर्ग, ज़मींदार-वर्ग, ऊपर का मध्यम वर्ग और उदारदली व सुधारक लोग तक भी, मज़दूर-वर्ग के इस भड़ाके को आतंक और दहशत से देख रहे थे। जब उन्होंने देखा कि जिस सेना पर वे भरोसा करते थे वह भी मज़दूरों से जा मिली, तो वे उनके सामने अपनेको बेबस महसूस करने लगे। अभीतक वे यह तय नहीं

कर पाये थे कि जीत किस पक्ष की होगी, क्योंकि सम्भव था कि ज़ार मोर्चे पर से सेना लेकर फिर प्रकट हो जाय और उसकी सहायता से बलवे को कुचल दे। इसलिए एक तरफ़ तो मज़दूरों के डर ने, दूसरी तरफ़ ज़ार के डर ने, और साथ ही अपनी चमड़ी बचाने की बेहद चिन्ता ने, इनकी दशा बहुत दुखी बना दी थी। उस वक़्त एक दूमा मौजूद थी जिनमें ज़मींदार-वर्ग और ऊपर के मध्यम वर्ग के प्रतिनिधि थे। मज़दूर भी कुछ हद तक इसे मानते थे, लेकिन इस नाज़ुक घड़ी में आगें क़दम बढ़ाने या कुछ करने के बजाय उसके अध्यक्ष और सदस्य डर के मारे कांपते हुए बैठे रहे और यह तय न कर सके कि क्या किया जाय।

इसी बीच सोवियत का रूप बनने लगा। मज़दूरों के प्रतिनिधियों के अलावा सिपाहियों के प्रतिनिधि भी इसमें शामिल कर दिये गए और नई सोवियत ने बहुत बड़े तौरीद[1] राजमहल के एक बाज़ू पर क़ब्ज़ा कर लिया, जिसका कुछ भाग दूमा ने घेर रक्खा था। मज़दूरों और सिपाहियों में अपनी विजय का जोश भरा हुआ था। पर अब सवाल यह पैदा हुआ कि इस विजय का वे क्या करें? उन्होंने सत्ता हासिल कर ली थी; उसकी तामील कौन करे? उन्हें यह नहीं सूझा कि ख़ुद सोवियत ही यह काम कर सकती है; उन्होंने यह मान लिया कि मध्यम वर्ग को ही सत्ता लेनी चाहिए। इसलिए सोवियत का एक शिष्ट-मंडल पैदल ही दूमा के पास यह कहने के लिए गया कि वह शासन का काम सम्भाले। दूमा के अध्यक्ष और सदस्यों ने समझा कि ये लोग उन्हें गिरफ़्तार करने आये हैं। वे नहीं चाहते थे कि सत्ता का बोझ उनपर डाला जाय; वे इससे पैदा होनेवाले ख़तरों से डरते थे। लेकिन वे करते भी तो क्या? सोवियत शिष्ट-मंडल ने आग्रह किया और इन लोगों को इन्कार करने में भी डर लगा। इसलिए बड़ी बे-मर्ज़ी के साथ और नतीजों से डरते हुए, दूमा की एक कमेटी ने सत्ता मंज़ूर कर ली और बाहर की दुनिया को यह मालूम पड़ा कि दूमा ही क्रान्ति को चला रही थी। कैसा यह अजीब गड़बड़-घोटाला था! अगर हम किसी कहानी में इन बातों को पढ़ें तो हमें यक़ीन नहीं हो सकता कि ऐसी बातें हो सकती हैं। लेकिन सच्ची घटनाएं अक्सर ख़याली क़िस्सों से भी ज़्यादा अजीब हुआ करती हैं।

दूमा की कमेटी ने जो काम-चलाऊ सरकार मुक़र्रर की वह बहुत ही कट्टर-पन्थी जमात थी और उसका प्रधान मंत्री एक राजवंशी था। उसी इमारत के दूसरे बाज़ू में सोवियत की बैठकें होती थीं और यह काम-चलाऊ सरकार के कामों में हरदम टांग अड़ाती रहती थी। लेकिन ख़ुद सोवियत भी शुरू में नरम विचारों की थी और उसमें बोलशेविकों की संख्या मुट्ठीभर थी। इस तरह एक क़िस्म की दोहेरी हुकूमत चल रही थी—यानी काम-चलाऊ सरकार और सोवियत—और

[1] Touride Palace.

इन दोनों के पीछे वे क्रान्तिकारी जन-समूह थे, जिन्होंने क्रान्ति को सफल बनाया था और उससे बड़ी-बड़ी आशाएं बांध रक्खी थी। नई सरकार ने भूखी और युद्ध से थकी जनता को जो सिर्फ़ एक ही रास्ता बताया कि जबतक जर्मनों को परास्त न कर दिया जाय तबतक युद्ध को चालू रखना चाहिए। उन्हें ताज्जुब हो रहा था कि क्या इसी चीज़ के लिए उन्होंने क्रान्ति की मुसीबतें झेली थी और ज़ार को निकाल बाहर किया था !

ठीक इसी समय, १७ अप्रैल को, लेनिन मौके पर आ पहुंचा। युद्ध के शुरू से अख़ीर तक वह स्विट्जरलैण्ड में रहा था और जैसे ही उसने क्रान्ति का समाचार सुना, वह रूस आने के लिए छटपटाने लगा। पर वह आता कैसे ? अंग्रेज़ और फ़ान्सीसी उसे अपने-अपने इलाक़ों में होकर गुजरने नहीं देते थे, और न जर्मन व आस्ट्रियावासी ही। आख़िरकार जर्मन सरकार ख़ुद अपने ही मतलब से इस बात पर राज़ी हो गई कि वह एक बन्द रेलगाड़ी में बैठकर स्विट्ज़रलैण्ड की सरहद से रूसी सरहद तक जर्मनी में होकर निकल जाय। उन्हें आशा थी, और इसके लिए सबब भी ज़रूर था, कि लेनिन के रूस पहुंचने से काम-चलाऊ सरकार और युद्धवादी दल कमज़ोर पड़ जायंगे, क्योंकि लेनिन युद्ध का विरोधी था और वे इसका फायदा उठाना चाहते थे। उन्होंने यह नहीं सोचा कि यह गुमनाम-सा क्रान्तिकारी अन्त मे सारे यूरोप को और सारी दुनिया को हिला डालेगा !

लेनिन के दिमाग़ में न तो कोई शंका थी और न धुधलापन। उसकी तेज़ नज़रें जनता की मनोवृत्तियों को पकड़ लेती थी; उसका सुलझा हुआ दिमाग़ सोचे-समझे हुए उसूलों को बदलती हुई हालतों में लागू कर सकता था और ढाल सकता था; उसकी अटल इच्छाशक्ति नज़दीकी नतीजों की परवा न करती हुई उसके सोचे हुए मार्ग को पकड़े रहती थी। जिस दिन वह पहुंचा उसी दिन उसने बोलशेविक दल को जोर से झंझोड़ डाला, उनकी हाथ-पर-हाथ धरकर बैठे रहने की निन्दा की, और जोश-भरे फ़िकरों में उन्हें बतलाया कि उनका कर्त्तव्य क्या था। उसका भाषण बिजली की धारा थी जो दर्द भी पहुंचाती है और साथ ही जान भी डालती है। उसने कहा—"हम लोग पाखंडी नहीं हैं, हमें अपना आधार सिर्फ़ जनता की चेतना को ही बनाना चाहिए। अगर अल्पमत में रहना भी ज़रूरी हो तो हम यही करेंगे। कुछ समय के लिए नेतागिरी की जगह नहीं लेना अच्छा है; हमें अल्पमत में रहने से डरना नहीं चाहिए।" बस, वह अपने सिद्धान्तों पर अटल रहा और उनपर समझौता करने के लिए कभी राज़ी नहीं हुआ। जो क्रान्ति अभीतक नेताओं और रास्ता दिखानेवालों के बिना बहती चली जा रही थी, उसे आख़िर अपना नेता मिल गया। मौक़े ने अपने-आप नेता पैदा कर दिया था।

ये मतभेद क्या थे जो इस मंजिल पर बोलशेविकों को मेनशेविकों व दूसरे क्रान्तिकारी धड़ों से अलग किये हुए थे ? और लेनिन के आने से पहले बोलशेविकों को किस चीज़ ने अलग कर रक्खा था ? और फिर सोवियत ने अपने हाथों में सत्ता आने के बाद भी उसे पुराने ढंगवाली और पुरातन-पन्थी दूमा को क्यों सौंप दिया था ! मै इन सवालों की गहराई में नही जा सकता, लेकिन हमें इनपर थोड़ा-सा विचार ज़रूर करना चाहिए, ताकि हम १९१७ ई० में पेत्रोग्राद और रूस के हरदम बदलनेवाले नाटक को समझ सकें।

कार्ल मार्क्स का मानव-परिवर्तन और प्रगतिवाद, जो 'इतिहास की पदार्थवादी व्याख्या' कहलाता है, इस आधार पर कायम था कि ज्योंही पुराने समाजी रूप ज़माने से पिछड़ जाते है त्योंही नये रूप उनकी जगह ले लेते है। जैसे-जैसे मशीनी उत्पादन के तरीक़े उन्नति करते गये वैसे-वैसे समाज का आर्थिक व राजनैतिक संगठन धीरे-धीरे उनके बराबर जा पहुंचा। जिस रास्ते से यह हुआ वह था प्रभुतावान वर्ग और शोषित वर्गो के बीच का लगातार वर्ग-संघर्ष। इस तरह पश्चिमी यूरोप में पुराने सामन्ती वर्ग का स्थान मध्यम वर्ग ने ले लिया और अब यही वर्ग इंग्लैण्ड, जर्मनी, फ्रान्स, वगैरा के राजनैतिक ढांचे को चला रहा है, और इसका स्थान आगे चलकर मज़दूर-वर्ग ले लेगा। रूस में अभीतक सामन्ती वर्ग की तूती बोलती थी और पश्चिमी यूरोप में जिस परिवर्तन ने मध्यमवर्ग को सत्ताधारी बना दिया था, वह यहां अभी नहीं हुआ था। इसलिए ज्यादातर मार्क्सवादियों का ख़याल था कि मजदूरों के गणराज्य की आख़िरी मंज़िल पर पहुंचने से पहले रूस को इसी मध्यमवर्गी और पार्लमेण्ट्री मंज़िल में से होकर गुज़रना होगा। उनके मतानुसार यह बीच की मंजिल कूदकर पार नही की जा सकती थी। मार्च, १९१७ ई० की क्रान्ति से पहले ख़ुद लेनिन ने, मध्यमवर्गी क्रान्ति लाने के लिए, ज़ार व ज़मींदारों के ख़िलाफ़ किसानों के साथ सहयोग करने की (मध्यमवर्ग का विरोध न करते हुए) बिचली नीति का प्रतिपादन किया था।

इसलिए बोलशेविक और मेनशेविक और मार्क्स के मतों में विश्वास करनेवाले तमाम लोग, अंग्रेज़ी या फ्रान्सीसी नमूने का मध्यमवर्गी लोकतंत्री गणराज्य बनाने के विचार में डूबे हुए थे। मजदूरों के अगुआ प्रतिनिधि भी समझते थे कि यही चीज होनेवाली है और यही सबब था कि सोवियत ने सत्ता अपने हाथों में रखने के बजाय दूमा के पास जाकर उसे सौंप दी। जैसा कि अक्सर हम सबके साथ होता है, ये लोग अपने ही कट्टर-मतों के ग़ुलाम बन गये थे और यह नही देख पाते थे कि नई हालत पैदा हो गई है, जो अलग नीति की, या कम-से-कम पुरानी नीति को नये सांचे में ढ़ालने की, मांग करती है। जनता नेताओं से

बहुत ज़्यादा क्रान्तिकारी थी। सोवियत को चलानेवाले मेनशेविक तो यहांतक कहते थे कि मज़दूर-वर्ग को अभी कोई समाजी सवाल नहीं उठाना चाहिए; उनका तुरत का कर्त्तव्य था राजनैतिक आज़ादी हासिल करना। बोलशेविक मौक़ा देखकर चल रहे थे। लेकिन इन झिझकनेवाले और फूककर क़दम रखनेवाले नेताओं के बावजूद मार्च की क्रान्ति सफल हो गई।

लेनिन के आते ही यह सब बदल गया। उसने फ़ौरन ही स्थिति की नब्ज़ पहचान ली और सही नेतागिरी की अद्भुत चतुराई से मार्क्स के कार्यक्रम को उसी के मुताबिक ढाल लिया। ग़रीब किसान-वर्ग के सहयोग से मज़दूर-वर्ग का राज क़ायम करने के लिए अब खुद पूंजीशाही के खिलाफ़ लड़ाई ठानी जानेवाली थी। बोलशेविकों के तीन वक्ती नारे ये थे : (१) लोकतंत्री गणराज्य, (२) ज़मीदारी जागीरों की ज़ब्ती, और (३) मजदूरों से दिन में आठ घंटे काम। इन नारों ने फ़ौरन ही किसान और मजदूर वर्गों के लिए लड़ी जानेवाली लड़ाई मे जान डाल दी। उनके लिए यह धुंधला और थोथा आदर्श नही रहा; वह जीवन और आशा का सवाल बन गया।

लेनिन की नीति यह थी कि बोलशेविक लोग मज़दूरों के बहुमत को अपनी तरफ़ मिला लें और इस तरह सोवियत पर कब्ज़ा कर लें; और फिर सोवियत कामचलाऊ सरकार से सत्ता छीन ले। वह फ़ौरन ही दूसरी क्रान्ति का हामी नही था। वह इसपर अड़ा हुआ था कि कामचलाऊ सरकार को उखाड़ फेकने का वक़्त आने से पहले मजदूरों को और सोवियत के बहुमत को अपनी तरफ़ कर लेना ज़रूरी है। जो लोग इस सरकार के साथ सहयोग करना चाहते थे, उनके लिए उसका रुख कठोर था; उसका कहना था कि यह क्रान्ति के साथ विश्वासघात करना है। इतना ही कठोर रुख उसका उनके लिए था जो ठीक मौक़ा आने से पहले ही दौड़कर इस सरकार को उलट देना चाहते थे। उसने कहा "कार्रवाई की घड़ी वह मौक़ा नहीं है जब लक्ष्य से 'ज़रा दूर बायी ओर' निशाना लगाया जाय। हम उसे महान अपराध, संगठन का टूटना, समझते है।"

बस, धीरज के साथ लेकिन दिल को पत्थर बनाकर, बर्फ़ का यह डला अपने अन्दर धधकती आग लिये हुए अपने मुक़र्रर लक्ष्य की तरफ़ बढ़ा चला जा रहा था मानो अटल होनी का कोई औज़ार हो।

: १५१ :

बोलशेविक सत्ता छीन लेते हैं

९ अप्रैल, १९३३

क्रान्तिकारी ज़माने में इतिहास मानो सात-सात कोस लम्बे डग भरता

हुआ आगे बढ़ता है। बाहरी तौर पर तो तेज़ी के साथ परिवर्तन होते ही है, लेकिन इनसे भी बड़ा परिवर्तन जनता की चेतना में होता है। पुस्तकों से वह कुछ नही सीखती, क्योंकि पुस्तकी शिक्षा हासिल करने का उन्हें ज़्यादा मौक़ा नही मिलता। और पुस्तकें तो अक्सर करके जितनी बातें प्रकट करती है उनसे ज़्यादा छिपाती हैं। जनता को तो अनुभव की ज़्यादा सरल, पर ज़्यादा सच्ची पाठशाला में शिक्षा मिलती है। क्रान्तिकाल में, सत्ता के लिए ज़िन्दगी-मौत की कशमकश में, लोगों की असली नीयतों को आम तौरपर छिपानेवाले नक़ली चेहरे गिर पड़ते है। और उनके पीछे वह असलियत देखी जा सकती है जो समाज का आधार होती है। इसलिए रूस में, १९१७ ई० के इस उलट-फेरों से भरे वर्ष में, जनता ने, और खासकर शहरी कारख़ानों के उन मज़दूरों ने, जो क्रान्ति की जान थे, घटनाओं से नसीहत ली और वे लगभग हर रोज़ बदलते रहे।

न तो कोई चीज़ टिकाऊ नज़र आती थी, और न सधी हुई। ज़िन्दगी हरकत से भर रही थी। और बदल रही थी। जनता व वर्ग अलग-अलग दिशाओं में खींच-तान व रेल-पेल कर रहे थे। कुछ लोग अभीतक ऐसे भी थे जो ज़ार-शाही के लौट आने की उम्मीदें बांध रहे थे और साजिशें कर रहे थे। पर इनका वर्ग कुछ महत्व नही रखता था और हम इनको दर-गुज़र कर सकते है। मुख्य झगड़ा तो काम-चलाऊ सरकार और सोवियत के बीच पैदा हुआ; फिर भी सोवियत का बहुमत सरकार के साथ सहयोग और समझौता चाहता था। जो लोग समझौते के लिए उत्सुक थे वे हुकूमत और राज्यसत्ता के अधिकारी बनाये जाने से डरते थे। सोवियत में एक वक्ता ने कहा था—"सरकार की जगह कौन लेगा? क्या हम? मगर हमारे तो हाथ कांपते है . . .।" यह वही परिचित रोना है जो हमने भारत में भी बहुतेरे कमज़ोर हाथवालों और डरे हुए दिलवालों के मुंह से सुना है। परन्तु जब वक़्त आता है तो मज़बूत हाथों और बहादुर दिलों की कमी नहीं रहती।

दोनों पक्षों के समझौता-परस्त लोगों न कामचलाऊ सरकार और सोवियत के बीच झगड़े को टालने की चाहे जितनी कोशिशें की हों, लेकिन यह झगड़ा टल नहीं सकता था। सरकार, मित्र-राष्ट्रों को तो युद्ध जारी रखकर, और रूस के जायदादी वर्गों को जहांतक हो सके उनकी मिल्कियतों की रक्षा करके, राज़ी रखना चाहती थी। जनता से ज़्यादा सम्पर्क में होने की वजह से सोवियत ने उसकी सुलह की व किसानों के लिए धरती की मांग की, और दिन में आठ घंटे काम वग़ैरा की मजदूरों की अनेकों मांगों को स्वीकार कर लिया। इस तरह हुआ यह कि सरकार को तो सोवियत ने अपंग बना दिया, और ख़ुद सोवियत को जनता ने अपंग बना दिया, क्योंकि जनता वास्तव में दलों और नेताओं से कहीं ज़्यादा क्रान्तिकारी थी।

यह यत्न किया गया कि सरकार सोवियत के साथ ज़्यादा कदम मिलाकर चले, और किरेन्स्की नामक एक वामदली वकील और प्रभावशाली भाषण देने-वाला, सरकार का अगुआ बन गया। यह एक सर्वदली सरकार बनाने में सफल हुआ और सोवियत मे बहुमतवाले मेनशेविको के भी कुछ प्रतिनिधि इसमे शामिल हुए। इसने जर्मनी के ख़िलाफ़ एक जोरदार हमला शुरू करके इंग्लैण्ड और फ्रान्स को खुश करने की भी जी-तोड़ कोशिश की। पर यह धावा बेकार रहा, क्योंकि सेना और जनता अब युद्ध बिल्कुल नहीं चाहते थे।

इसी समय पेत्रोग्राद में अखिल रूसी सोवियत काग्रेसें हो रही थीं, और हर कांग्रेस अपने पहलेवाली से ज़्यादा सरगर्म होती जा रही थी। इनमे दिन-पर-दिन ज़्यादा बोलशेविक चुने जाने लगे और दोनों ज़बर्दस्त दलों, यानी मेनशेविकों और समाजी क्रान्तिकारियों (किसानों का दल), का बहुमत कम होता गया। बोलशेविकों का ज़ोर बढ़ गया, ख़ासकर पेत्रोग्राद के मज़दूरों में। सारे देश मे सोवियतें क़ायम हो गईं और जबतक सरकारी आज्ञाओं पर सोवियत की दस्त-खती मंजूरी न हो जाती तबतक वे उन्हें नहीं मानती थीं। कामचलाऊ सरकार की कमज़ोरी का एक कारण यह भी था कि रूस में कोई मज़बूत मध्यमवर्ग नहीं था।

इधर जब राजधानी में सत्ता के लिए खींचातानी चल रही थी, तब उधर किसान-वर्ग ने क़ानूनों को तोड़ना शुरू कर दिया। जैसा कि मै बतला चुका हूं, इन किसानों की मार्च की क्रान्ति के बारे में कोई ज़्यादा अच्छी राय नहीं थी, पर वे उसके ख़िलाफ़ भी नही थे। वे तो हाथ-पर-हाथ धरे बैठे थे और मौक़ा देख रहे थे। लेकिन बड़ी-बड़ी जागीरों के ज़मींदारों ने, इस डर से कि कहीं उनकी मिल्कियतें ज़ब्त न कर ली जायं, उन्हें छोटे-छोटे पट्टों में बांट दिया और इन्हें नक़ली पट्टेदारों को इस गरज़ से दे दिया कि वे इन्हें इन ज़मींदारों की अमानत की तरह रक्खें। उन्होंने अपनी बहुत-सी मिल्कियतें विदेशियों के नाम भी कर दीं। इस तरह उन्होंने अपनी जमींदारियों को बचाने की कोशिश की। किसानों ने इसे बिल्कुल पसन्द नहीं किया और उन्होंने सरकार से कहा कि क़ानूनी आज्ञा निकालकर जमीनों की बिक्रियां रोक दी जायं। सरकार आगा-पीछा सोचने लगी; वह कर ही क्या सकती थी? वह किसी भी दल को चिढ़ाना नहीं चाहती थी। तब किसानों ने ख़ुद कार्रवाई शुरू कर दी। इसमें मोर्चों से लौटे हुए सिपाहियों ने (जो वास्तव मे किसान ही थे) सबसे ज़्यादा भाग लिया। यह आन्दोलन बढ़ता गया, यहांतक कि किसानों ने सारी ज़मीनों पर क़ब्ज़ा कर लिया। जून तक इसका असर साइबेरिया के उपजाऊ मैदानों तक जा पहुंचा। साइबेरिया में बड़े-बड़े ज़मींदार नही थे, इसलिए किसान-वर्ग ने गिरजों और मठों की जमीनों पर क़ब्ज़ा कर लिया।

ध्यान में रखने की बात यह है कि बड़ी-बड़ी जागीरों की यह ज़ब्ती बिल्कुल

किसानों की ही तरफ़ से शुरू हुई और बोलशेविक क्रान्ति के कई महीने पहले हुई। लेनिन चाहता था कि जमीनें फ़ौरन ही ठीक ढंग से किसानों के नाम कर दी जायं। वह इस बात के बिल्कुल ख़िलाफ़ था कि ज़मीनों पर ऊटपटांग तरीक़े से अंधेर-गर्दी के साथ जबर्दस्ती क़ब्ज़ा कर लिया जाय। इस तरह जब बोलशेविकों के हाथ में सत्ता आई, तब उन्होंने देखा कि रूस भू-स्वामी किसानों का देश बन चुका था।

लेनिन के पहुंचने के ठीक एक महीने बाद एक और नामी निर्वासी पेत्रोग्राद लौट आया। यह त्रात्स्की[1] था जो न्यूयार्क से वापस आया था। रास्ते में अंग्रेज़ों ने इसे रोक लिया था। त्रात्स्की न तो पुराना बोलशेविक था और न अब वह मेन-शेविक था। लेकिन वह बहुत जल्दी लेनिन का सहयोगी बन गया और इसने पेत्रोग्राद की सोवियत में एक अगुआ की जगह हासिल कर ली। यह बहुत बढ़िया बोलने वाला था, ऊंचे दर्जे का लेखक था, और मानो शक्ति से भरी हुई बिजली की बैटरी था। लेनिन के दल को इसने सबसे ज़्यादा सहायता पहुंचाई। इसकी लिखी हुई आत्मकथा से एक लम्बा बयान मैं यहां देना चाहता हूं, जिसमें उसने 'माडर्न सर्कस' नामक भवन की सभाओं में दिये गए अपने भाषणों का हाल लिखा है। यह बहुत बढ़िया रचना तो है ही, साथ ही इसे पढ़कर पेत्रोग्राद में १९१७ ई० के अनोखे क्रान्तिकारी दिनों का जीता-जागता चित्र हमारी आंखों के सामने आ जाता है।

> "सांसों व इंतज़ारी से सरगर्म हवा, कभी-कभी उन ललकारों और जोशभरे नारों से भड़क उठती थी जो मॉडर्न सर्कस का अनूठापन था। मेरे ऊपर और चारों तरफ़ कुहनियों, सीनों, और सिरों की रेल-पेल थी। मैं मानो इन्सानी शरीरों की किसी गर्म खोह में से बोल रहा था; जब कभी मैं अपने हाथ फैलाता था वे किसीसे छू जाते थे और उसके जवाब में एक मीठी हरकत मुझे बतला देती थी कि इससे परेशान होने की ज़रूरत नहीं, बल्कि मुझे रुकना नहीं चाहिए और अपना भाषण जारी रखना चाहिए। कोई वक्ता, चाहे जितना थक गया हो, उस जोश में दीवानी इन्सानी भीड़ के बिजली-जैसे तनाव से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सकता था। वे जानना चाहते थे, समझना चाहते थे, अपना रास्ता ढूंढ़ना चाहते थे। कभी-कभी मुझे ऐसा लगता था मानो मैं इस

---

[1]प्रसिद्ध बोलशेविक नेता और लेखक। स्टालिन से मतभेद हो जाने के कारण यह १९२९ में रूस से फिर निर्वासित कर दिया गया और अमेरिका चला गया। १९४० में मैक्सिको में इसकी हत्या कर दी गई। इसने अपनी आत्मकथा—'माइ लाइफ़'—लिखी है।

भीड़ के, जो कि मिलकर एक पूरी इकाई बन गई थी, कठोर कौतूहल को अपने होठों से महसूस कर रहा हूं। तब पहले से सोची हुई सब दलीलें और सब शब्द टूट जाते थे, और सहानुभूति के हुक्मी दबाव के नीचे चले जाते थे। और फिर मेरे अन्तर्मानस में से ऐसे दूसरे शब्द और दूसरी दलीलें पूरी तरतीब में निकलने लगते थे, जिनका बोलने-वाले को पहले बिलकुल गुमान भी न था, लेकिन जिनकी इन लोगों को ज़रूरत थी। ऐसे मौक़ों पर मुझे यह महसूस होता था मानो मैं बाहर के किसी वक्ता की आवाज़ सुन रहा हूं, उसके विचारों के साथ दौड़ने की कोशिश कर रहा हूं, और डरता जाता हूं कि मेरी सोची-विचारी दलीलों की आवाज़ से कहीं वह नींद में चलनेवाले की तरह छत के किनारे पर आकर गिर न पड़े।

"ऐसा था यह मॉडर्न सर्कस। इसका अपना डील-डौल था—आग से भरा, कोमल और ग़ुस्से में दीवाना। दुधमुंहें बच्चे मानो उन स्तनों को आराम के साथ चूस रहे थे, जिनमें से बढ़ावा देने-वाली या डरानेवाली पुकारें निकल रही थीं। पूरी भीड़ इसी किस्म की थी, उन दुधमुंहें बच्चों-जैसी थी, जो अपने सूखे होठों से क्रान्ति की चूचियों से चिपके हुए थे। लेकिन यह बच्चा बहुत जल्दी जवान हो गया।"

इस तरह पेत्रोग्राद में और रूस के दूसरे शहरों और गांवों में क्रान्ति का हरदम बदलता हुआ नाटक चलता रहा। दुधमुंहा बच्चा जवान हो गया और क़द्दावर हो गया। युद्ध के भयंकर बोझ से हर जगह आर्थिक ढांचा टूटता नज़र आ रहा था। लेकिन फिर भी मुनाफ़ा-खोर अपने लिए युद्ध के मुनाफे कमाये चले जा रहे थे!

कारखानों में और सोवियतों में बोलशेविकों की ताक़त और उनका दबदबा दिन-पर-दिन बढ़ रहे थे। इससे चौकन्ना होकर किरेन्स्की ने उन्हें दबा देने का फ़ैसला किया। पहले तो लेनिन को बदनाम करने का ज़बर्दस्त प्रचार शुरू किया गया और कहा गया कि वह जर्मनों का एजेण्ट है, जो रूस को मुसीबत में फंसाने के लिए भेजा गया है। क्या वह जर्मन अधिकारियों की रज़ामन्दी से जर्मनी में होकर स्विट्ज़रलैण्ड से नहीं आया? इससे मध्यमवर्गों में लेनिन बहुत ज़्यादा बदनाम हो गया और वे उसे देशद्रोही समझने लगे। किरेन्स्की ने लेनिन की गिरफ़्तारी के लिए वारण्ट निकाला, इसलिए नहीं कि वह क्रान्तिकारी था, बल्कि इसलिए कि वह जर्मनी का समर्थक देशद्रोही था। ख़ुद लेनिन तो इस इलज़ाम को ग़लत साबित करने के लिए अदालत के सामने जाने को तैयार था; लेकिन

उसके साथी राज़ी नहीं हुए और उन्होंने उसे छिप जाने के लिए मजबूर किया। त्रात्स्की भी गिरफ़्तार कर लिया गया, लेकिन पेत्रोग्राद की सोवियत के बार-बार कहने पर छोड़ दिया गया। बहुत-से और बोलशेविक भी गिरफ़्तार कर लिये गए; उनके अख़बार बन्द कर दिये गए; जिन मज़दूरों को उनका हामी समझा जाता था उनके हथियार छीन लिये गए। कामचलाऊ सरकार की तरफ़ इन मज़दूरों का रुख़ दिन-पर-दिन ज़्यादा सरकश और डरानेवाला होता जा रहा था और उसके ख़िलाफ़ बार-बार ज़बर्दस्त प्रदर्शन किये जाते थे।

जब उलट-क्रान्ति ने सिर उठाया तो इस नाटक में एक बीच का तमाशा सामने आया। कोर्निलोव नामक एक पुराना सेनापति कामचलाऊ सरकार-समेत सारी क्रान्ति को कुचल डालने के लिए एक सेना लेकर राजधानी पर चढ़ आया। जैसे ही वह राजधानी के नज़दीक पहुंचा, उसकी सेना नौ-दो ग्यारह हुई। वह क्रान्ति के पक्ष मे जा मिली थी।

घटनाएं बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ रही थी। सोवियत साफ़ तौरपर सरकार की प्रतिस्पर्द्धी बनती जा रही थी और अक्सर वह या तो सरकारी आज्ञाओं को रद्द कर देती थी या उनसे उलटी हिदायतें जारी कर देती थी। अब स्मॉलनी-इन्स्टीटचूट पेत्रोग्राद मे सोवियत का केन्द्र और क्रान्ति का सदरमुक़ाम था। यह स्थान पहले अमीर-वर्ग की लड़कियों का ग़ैर-सरकारी स्कूल था।

लेनिन पेत्रोग्राद के बाहर की बस्ती में आगया और बोलशेविकों ने तय किया कि अब कामचलाऊ सरकार से सत्ता छीन लेने का वक़्त आ गया है। त्रात्स्की को बग़ावत का सारा इन्तज़ाम करने का अधिकार सौंप दिया गया और बाद की योजना सावधानी के साथ बना ली गई कि सबसे ज़रूरी महत्व के किन-किन स्थानों पर किस तरह और कब क़ब्ज़ा किया जाय। बलवे के लिए नवम्बर की ७ तारीख़ मुक़र्रर की गई। उस दिन सोवियतों की अखिल रूसी कांग्रेस का अधिवेशन होनेवाला था। यह तारीख़ लेनिन ने मुकर्रर की थी और इसके लिए उसने बड़ा दिलचस्प सबब बताया था। उसने कहा "नवम्बर की ६ तारीख़ को कुछ करने में बहुत जल्दी होगी। हमें अपने बलवे का आधार अखिल-रूसी बनाना चाहिए, और ६ तारीख़ को कांग्रेस के सब प्रतिनिधि आ नही पायेंगे। दूसरी तरफ़ ८ नवम्बर को बहुत देर हो जायगी। इस तारीख़ तक कांग्रेस जम जायगी और लोगों की बड़ी जमात के लिए कोई फुर्तीली और आख़िरी फ़ैसला करानेवाली कार्रवाई करना मुश्किल होता है। हमें ७ तारीख़ को, जिस दिन कांग्रेस का अधिवेशन हो, अपनी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि हम उससे कह सकें, "यह लो सत्ता! अब बतलाओ तुम इसका क्या करना चाहते हो?" ये शब्द थे उस सुलझे दिमाग़वाले क्रान्ति के माहिर के, जो यह ख़ूब अच्छी तरह जानता

था कि क्रान्तियों की सफलता अक्सर बहुत-ही मामूली नज़र आनेवाली घटनाओं पर निर्भर होती है।[1]

सात नवम्बर का दिन आया और सोवियत सिपाहियों ने जाकर सरकारी इमारतों पर, ख़ासकर तारघर, टेलीफ़ोनघर और सरकारी बैंक जैसे ज़रूरी और जुगत के स्थानों पर क़ब्ज़ा कर लिया। किसीने कोई मुकाबला नहीं किया। एक ब्रिटिश एजेण्ट ने इंग्लैण्ड को जो सरकारी रिपोर्ट भेजी थी, उसमें उसने लिखा था, "कामचलाऊ सरकार तो मानो छू-मन्तर हो गई।"

लेनिन इस नई सरकार का अध्यक्ष बना और त्रात्स्की विदेश-मंत्री। दूसरे दिन, ८ नवम्बर को, लेनिन स्मॉलनी इन्स्टीटचूट में कांग्रेस के अधिवेशन में गया। शाम का वक़्त था। कांग्रेस ने इस नेता का ज़बर्दस्त हर्षध्वनि के साथ स्वागत किया। अमरीकी पत्रकार रीड ने, जो इस मौक़े पर मौजूद था, यह लिखा है कि जब 'महान लेनिन' मंच की ओर बढ़ा तब वह कैसा नज़र आ रहा था—

"एक नाटा, गठीला व्यक्ति, जिसका उभरा हुआ और आगे निकला हुआ बड़ा-सा सिर कन्धों पर रक्खा हुआ। छोटी-छोटी आंखें, पकौड़ी-सी नाक, चौड़ा और भरा हुआ मुंह, भारी ठुड्डी; जो अब घुटी हुई थी लेकिन जिसपर उसकी पुरानी और आयन्दा मशहूर दाढ़ी के रोयें उगना शुरू हो गये थे। मैले-कुचैले कपड़े पहने हुए, पतलून टांगों से ज़्यादा लम्बी। छाप डालनेवाली कोई ऐसी चीज़ उसमें नहीं, जिसने उसे भीड़ की आंखों का तारा बनाया। एक अनूठा लोकप्रिय नेता—सिर्फ़ दिमाग़ी गुणों के बल पर बना हुआ नेता; रंगहीन, व्यंगहीन, अडिग और सबसे अलहदा, जिसमें कोई मज़ेदार सनकें नहीं—पर जिसमें गहरे विचारों को सीधी-सादी भाषा में समझाने की और किसी असली स्थिति का विश्लेषण करने की शक्ति। और जिसमें पैनी चतुराई के साथ सबसे ऊंचे दर्जे की दिमाग़ी जुर्रत मिली हुई।"

एक साल के भीतर यह दूसरी क्रान्ति सफल हो गई थी और अभीतक यह गज़ब की शान्तिमय रही थी। सत्ता बदलने मे बहुत कम ख़ून-ख़राबी हुई। मार्च

---

[1] **यह क़िस्सा कि लेनिन ने बोलशेविकों द्वारा सत्ताहरण के लिए ७ नवम्बर का दिन निश्चित किया था, एक अमरीकी पत्रकार रीड ने, जो उन दिनों पेत्रोग्राद में था, बयान किया है। लेकिन और लोग जो वहां मौजूद थे, इसे नहीं मानते थे। लेनिन रूपोश था और उसे डर था कि कहीं बोलशेविक नेता जमानासाजी न कर बैठें और मौक़े को हाथ से न निकल जाने दें। इसलिए वह उन्हें निरन्तर कार्रवाई के लिए उकसाता रहता था। जब ७ तारीख़ को मामला चरम सीमा पर पहुंच गया तो यह कार्रवाई हो गई।**

में इससे बहुत ज़्यादा लड़ाई और मारकाट हुई थी। मार्च की क्रान्ति अपने-आप उठी थी और बिना किसी योजना के हुई थी, नवम्बर की क्रान्ति की योजना खब सोच-विचारकर बनाई गई थी। इतिहास में पहली बार ग़रीब-से-ग़रीब वर्ग के, और ख़ासकर मज़दूरवर्ग के प्रतिनिधि किसी देश के राजा बने थे। लेकिन इनको इतनी आसानी से सफलता मिलनेवाली नहीं थीं। इनके चारों तरफ तूफ़ान के बादल जमा हो रहे थे और भयानक वेग के साथ इनपर फट पड़नेवाले थे।

लेनिन और उसकी नई बोलशेविक सरकार के सामने क्या स्थिति थी? हालांकि रूसी सेना तितर-बितर हो गई थी और उसके लड़ने की कोई सम्भावना नहीं रही थी, फिर भी जर्मनी के साथ युद्ध जारी था; सारे देश में गड़बड़ मची हुई थी और सिपाहियों व लुटेरों के गिरोह मनमानी करते हुए घूमते फिर रहे थे; आर्थिक ढांचा टूट चुका था; भोजन-सामग्री की बहुत कमी थी और लोग भूखों मर रहे थे; चारों ओर पुरानी व्यवस्था के ठेकेदार क्रान्ति को कुचलने की घात लगाये बैठे थे; राज्य का संगठन पूंजीशाही था और ज़्यादातर पुराने सरकारी नौकरों ने नई सरकार को सहयोग देने से इन्कार कर दिया; साहूकारों ने रुपया देना बन्द कर दिया; यहांतक कि तारघर भी तार नही भेजता था। यह ऐसी कठिन स्थिति थी, जो बहादुर-से-बहादुर का दिल दहलाने के लिए काफ़ी थी।

लेनिन और उसके साथियों ने इस गाड़ी को चलाने के लिए मिलकर ज़ोर लगाया। सबसे पहली चिन्ता उन्हें जर्मनी के साथ सुलह की थी और उन्होंने फ़ौरन युद्ध बन्द किये जाने का प्रबन्ध किया। दोनों देशों के प्रतिनिधि ब्रैस्त लितोव्स्क में मिले। जर्मन लोग खूब अच्छी तरह जानते थे कि बोलशेविकों में लड़ने की ताक़त नहीं रही है, इसलिए उन्होंने घमंड और बेवक़ूफ़ी में भरकर ज़बर्दस्त और नीचा दिखानेवाली मांगें रक्खी। सुलह के लिए बहुत उत्सुक होते हुए भी बोलशेविक लोग इससे भौंचक्के रह गये और उनमें से बहुतों ने इन शर्तों को ठुकरा देने की सलाह दी। लेकिन लेनिन तो किसी भी क़ीमत पर सुलह चाहता था। कहते हैं कि जर्मनों ने त्रात्स्की से, जो सुलह-सम्मेलन का एक रूसी प्रतिनिधि था, कहा कि वह एक समारोह में शाम की पोशाक[1] पहनकर आये। वह दुविधा में पड़ गया; क्या मज़दूरों के प्रतिनिधि को इस किस्म की मध्यमवर्गी पोशाक पहनना अच्छी बात थी? उसने सलाह के लिए लेनिन को तार दिया, और लेनिन ने फ़ौरन जवाब भेजा : "अगर सुलह कराने में मदद मिले तो लंहगा भी पहनकर जाओ!"

---

[1] Evening Dress—**यूरोप में हर मौक़े के लिए अलग-अलग तरह की पोशाकों का रिवाज है। शाम की पोशाक में पीछे की ओर लम्बा लटकता हुआ काला कोट, कलफ़दार कमीज काली बो, सफेद पतलून और काले जूते शामिल हैं।**

इधर तो सोवियत सुलह की शर्तों पर वाद-विवाद कर रही थी, उधर जर्मनों ने पेत्रोग्राद की तरफ़ बढ़ना शुरू कर दिया और उन्होंने अपना सुलह का प्रस्ताव पहले से भी ज़्यादा सख़्त कर दिया। अन्त में सोवियत ने लेनिन की सलाह मान ली और मार्च, १९१८ में, ब्रैस्त-लितोव्स्क की सन्धि पर दस्तख़त कर दिये, हालांकि वे इसे बहुत बुरी चीज़ समझते थे। इस सन्धि के ज़रिये रूसी इलाक़े का एक बड़ा टुकड़ा जर्मनी ने हथिया लिया, लेकिन सोवियत को तो किसी भी क़ीमत पर सुलह मंज़ूर करनी थी, क्योंकि लेनिन ने कह दिया था कि "सेना ने तो अपनी टांगों से (यानी मैदान से भागकर) सुलह के पक्ष में राय दे दी है।"

सोवियत ने पहले तो महायुद्ध में शरीक हुई तमाम शक्तियों के बीच एक आम सुलह कराने की कोशिश की थी। सत्ता हाथ में आने के दूसरे ही दिन उन्होंने एक ऐलान जारी किया था, जिसमें दुनिया-भर के सामने सुलह का प्रस्ताव रक्खा था, और उन्होंने यह बिलकुल साफ़ कह दिया था कि वे ज़ारशाही की तमाम गुप्त सन्धियों के मातहत मिले दावों को छोड़ने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि कुस्तुन्तुनिया तुर्कों के ही क़ब्जे में रहना चाहिए और इसके अलावा भी कोई देश किसी दूसरे देश के हिस्सों को नहीं हथियावे। सोवियत के सुझाव का किसीने जवाब नहीं दिया, क्योंकि लड़नेवाले दोनों पक्षों को अभी अपनी-अपनी जीत की आशा थी और दोनों युद्ध की लूट में हाथ मारना चाहते थे। इसमें शक नहीं कि यह प्रस्ताव करने में सोवियत का उद्देश्य कुछ हद तक सिर्फ़ थोथा प्रचार था। वे हर देश की जनता पर और युद्ध से थके हुए सिपाही-वर्ग पर असर डालना चाहते थे और दूसरे देशों में समाजी क्रान्तियां भड़काना चाहते थे; क्योंकि उनका लक्ष्य तो संसार-व्यापी क्रान्ति था। वे समझते थे कि इसी तरीक़े से वे ख़ुद अपनी क्रान्ति की रक्षा कर सकते हैं। मैं पहले ही बतला चुका हूं कि सोवियत के इस प्रचार का फ्रान्सीसी और जर्मन सेनाओं पर बड़ा भारी असर पड़ा था।

ब्रैस्त-लितोव्स्क की सन्धि को लेनिन एक काम-चलाऊ चीज़ समझता था जो ज़्यादा दिन टिकनेवाली नहीं थी, और हुआ यही कि नौ महीने बाद, ज्योंही मित्र-राष्ट्रों ने पश्चिमी मोर्चे पर जर्मनी के दांत खट्टे किये, त्योंही सोवियत ने इस सन्धि को रद्द कर दिया। लेनिन तो सिर्फ़ यह चाहता था, कि सेना के थके हुए मज़दूरों और किसानों को ज़रा आराम और दम लेने का मौक़ा मिल जाय ताकि वे अपने-अपने घरों को वापस जाकर ख़ुद अपनी आंखों से देख सकें कि क्रान्ति ने क्या बात पैदा कर दी है। वह चाहता था कि किसान लोग महसूस करें कि ज़मींदार ख़तम हो गये थे और वे धरती के मालिक बन गये थे; और कारख़ानों के मज़दूर महसूस करें कि उनके शोषक भी ख़तम हो गये थे। इससे वे क्रान्ति से होनेवाले फ़ायदों की क़ीमत समझने लगेंगे और उनकी रक्षा के लिए बेचैन होंगे और महसूस

करेंगे कि उनके असली शत्रु कौन थे। बस, लेनिन का यही विचार था, क्योंकि वह खूब जानता था कि गृह-युद्ध आनेवाला है। उसकी यह नीति बाद मे बड़ी शानदार सफलता के साथ सही साबित हुई। ये किसान और मज़दूर मोर्चो से अपने-अपने खेतों को और कारखानों को वापस लौटे; वे कोई बोलशेविक या समाजवादी नहीं थे, लेकिन वे क्रान्ति के सबसे कट्टर समर्थक बन गये; क्योंकि उस चीज़ को नहीं छोड़ना चाहते थे जो उन्हें क्रान्ति के ज़रिये मिली थी।

बोलशेविक नेता इधर तो जर्मनों से किसी-न-किसी तरह समझौते की कोशिश कर रहे थे, उधर उन्होंने अन्दरूनी हालतों पर भी ध्यान देना शुरू किया। मशीनगनों और युद्ध के सामान से लैस बहुत-से भूतपूर्व फ़ौजी अफ़सर व ले-भग्गू लोग लुटेरों का धन्धा कर रहे थे और बड़े-बड़े शहरों के ठेठ बीच मे मारकाट और लूटपाट मचा रहे थे। पुराने अराजकतावादी दलों के भी कुछ सदस्य थे, जो सोवियतों को पसंद नहीं करते थे और बहुत गड़बड़ मचा रहे थे। सोवियत अधिकारियों ने इन धाड़ैतियों वग़ैरा का सख्ती से दमन किया और उन्हें कुचल दिया।

सोवियत राज को इससे भी बड़ा ख़तरा सारी अ-सैनिक सेवाओं के कर्मचारियों की तरफ से पैदा हुआ, जिनमें से बहुतों ने बोलशेविकों के मातहत काम करने से या उन्हें किसी तरह का सहयोग देने से इन्कार कर दिया। लेनिन ने यह नियम बनाया कि "जो काम नहीं करेगा वह खाना भी नहीं खायगा"; काम नहीं तो खाना भी नहीं। इसलिए सहयोग न देनेवाले सरकारी नौकरों को फौरन बरख़ास्त कर दिया गया। साहूकारों ने अपनी तिजोरियां खोलने से इन्कार किया तो वे डायनेमाइट से उड़ा दी गई। लेकिन पुरानी व्यवस्था के मातहत काम करनेवाले जिन कर्मचारियों ने सहयोग करने से इन्कार किया, उनके लिए लेनिन की हिकारत की आला मिसाल तब देखने में आई जब प्रधान सेनापति ने हुक्म मानने से इन्कार किया। उसे बरखास्त कर दिया गया और पांच मिनट के भीतर क्राइलैन्को नामक एक नौजवान बोलशेविक लेफ्टिनेन्ट को प्रधान सेनापति बना दिया गया!

इन परिवर्तनों के बावजूद रूस का पुराना ढांचा बहुत-कुछ वैसा-का-वैसा बना रहा। किसी विशाल देश का एकदम समाजीकरण आसान बात नहीं है, और अगर घटनाओं ने मजबूरी पैदा न कर दी होती तो सम्भव है कि रूस में परिवर्तन की प्रक्रिया में बहुत वर्ष लग जाते। जिस तरह किसानों ने ज़मींदारों को निकाल बाहर किया था, उसी तरह पुराने मालिकों के खिलाफ क्रोध में भरकर मज़दूरों ने भी कई जगह उन्हें निकाल बाहर किया और कारख़ानों पर कब्ज़ा कर लिया। सोवियत इन कारखानों को उनके पुराने पूंजीपति मालिकों को किसी हालत में वापस नहीं दे सकती थी, इसलिए उसने इनपर कब्ज़ा कर लिया। गृह-

युद्ध के समय में इन मालिकों ने कई जगह कारख़ानों की मशीनों को तोड़ने की कोशिश की, और सोवियत को दख़ल देना पड़ा और इन कारख़ानों की रक्षा के लिए उन्हें अपने कब्ज़े में लेना पड़ा। इस तरह उत्पादन के साधनों का समाजीकरण, यानी एक किस्म का राज्य-समाजवाद, या कारख़ानों पर राज्य की मिल्कियत, इतनी तेज़ी से हुई जितना मामूली हालतों में नहीं हो सकती थी।

सोवियत शासन के पहले नौ महीनों में रूस के लोगों के जीवन में कुछ ज़्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ा। बोलशेविकों ने निन्दाओं और गालियों तक को भी बर्दाश्त किया और बोलशेविक-विरोधी अख़बार निकलते रहे। जनता आम तौरपर भूखी मर रही थी, लेकिन धनवानों के पास अब भी शान-शौकत और ऐश-आराम के लिए ख़ूब पैसा था। रात में चलनेवाले नाच-रंग के शराब-घरों में भीड़ लगी रहती थी और घुड़-दौड़ वग़ैरा दूसरे खेलकूद होते रहते थे। बड़े-बड़े नगरों में मध्यम-वर्गी पैसेवाले ख़ूब नजर आते थे, जो सोवियत सरकार का पतन होनेवाला समझकर खुल्लम खुल्ला ख़ुशियां मनाते थे। ये लोग, जो पहले देशभक्ति की दुहाई देकर जर्मनी के ख़िलाफ़ युद्ध जारी रखने के लिए बेचैन थे, अब सचमुच पेत्रोग्राद पर जर्मनी की चढ़ाई के जलसे मना रहे थे। अपनी राजधानी पर जर्मनों का कब्ज़ा हो जाने की सम्भावना पर ये बहुत ख़ुश नज़र आते थे। समाजी क्रान्ति इन्हें जितनी ज़्यादा बुरी चीज़ मालूम होती थी उतना विदेशी प्रभुत्व का डर नहीं था। क़रीब-क़रीब हमेशा ऐसा ही हुआ करता है, ख़ासकर जब वर्गों का मामला होता है।

इस तरह जनता का जीवन बहुत करके हस्ब-मामूल चल रहा था और इस वक़्त पर बोलशेविकों का आतंक तो वास्तव में था ही नहीं। मॉस्को का मशहूर नृत्य-नाटक दिन-रात चलता रहता था और उसमें दर्शकों की ख़ूब भीड़ रहती थी। जब पेत्रोग्राद पर जर्मनों का ख़तरा बढ़ गया था तब सोवियत सरकार मॉस्को चली गई थी और तब से मॉस्को ही उनकी राजधानी चला आ रहा है। मित्र-राष्ट्रों के राजदूत अभी तक रूस में ही थे। जब पेत्रोग्राद जर्मनों के हाथ में पड़ जाने का अन्देशा पैदा हुआ, तब ये लोग वहां से भाग गये थे और सब चहल-पहल से दूर वोलोगडा नामक एक छोटे-से देहाती नगर में हिफ़ाज़त के साथ जम गये थे। जो बे-सिर-पैर की अफ़वाहें इनके पास पहुंचती थीं उनसे ये सब वहां हरदम परेशानी और सनसनी की हालत में बैठे रहते थे। वे बेकल होकर त्रात्स्की से बार-बार पूछते रहते थे कि ये अफ़वाहें सच हैं या नहीं। इन बूढ़े कूटनीतिज्ञों की इस घबराहट से त्रात्स्की इतना तंग आ गया कि वह "वोलोग्डा के इन 'एक्सेलेन्सियों'[1]

[1] राजदूतों के नाम के पहले हिज़ एक्सेलेन्सी (His Excellency) की उपाधि लगाई जाती है।

की नसों के तनाव को आराम देने के लिए ब्रोमाइड का नुसख़ा" लिखने के लिए तैयार हो गया ! जिन्हें हिस्टीरिया के दौरे होते हैं या जो जल्दी घबड़ा जाते हैं, उन्हें डाक्टर लोग ब्रोमाइड दिया करते हैं ।

ऊपर से तो जनता का जीवन हस्ब-मामूल चलता नज़र आता था, मगर इस ज़ाहिरा ख़ामोशी के नीचे कितनी ही धाराएं और उलटी धाराएं बह रही थीं। किसीको भी, यहांतक कि ख़ुद बोलशेविकों को भी, यह आशा नहीं थी कि बोलशेविक ज़्यादा दिन टिक जायंगे । हर आदमी साजिशों में लगा था । जर्मनों ने दक्षिण रूस के यूक्रेन मे एक कठ-पुतली राज्य खड़ा कर दिया था और सुलह के बावजूद उनकी तरफ से सोवियत को अन्देशा बना हुआ था । मित्र-राष्ट्र अल-बत्ता जर्मनों से नफ़रत करते थे, पर बोलशेविकों से वे उससे भी ज़्यादा नफ़रत करते थे । हां, अमेरिका के राष्ट्रपति विल्सन ने १९१८ ई० के शुरू में सोवियत कांग्रेस को दोस्ताना शुभकामनाएं ज़रूर भेजी थीं । पर बाद में मालूम होता है वह पछताया और उसने अपने विचार बदल दिये । मतलब यह कि मित्र-राष्ट्र उलट-क्रान्ति की कार्रवाइयों को चुपचाप पैसे से और दूसरी तरह से सहायता दे रहे थे और ख़ुद भी गुप-चुप उनमें हिस्सा ले रहे थे । मॉस्को विदेशी जासूसों से भरा पड़ा था । ब्रिटिश गुप्तचर-विभाग का ख़ास एजेन्ट, जो इंग्लैण्ड का उस्ताद जासूस माना जाता था, सोवियत सरकार को मुसीबतों में डालने के लिए वहां भेजा गया था । जिन अमीरों और मध्यमवर्गी लोगों की ज़मीन-जायदादें छीन ली गई थीं, वे मित्र-राष्ट्रों के पैसे की मदद से जनता को बराबर उलट-क्रान्ति के लिए भड़का रहे थे ।

१९१८ ई० के बीच के दिनों में यही हालत थी । सोवियत की जान मानो कच्चे धागे से लटकी हुई थी ।

: १५२ :
सोवियतों का मुश्किलों को पार करना

११ अप्रैल, १९३३

१९१८ ई० के जुलाई महीने में रूस की स्थिति में चौंका देनेवाली घटनाएं सामने आईं । बोलशेविकों के चारों ओर फैला हुआ जाल धीरे-धीरे उन्हें जकड़ता आ रहा था । दक्षिण में यूक्रेन की तरफ़ से जर्मन चढ़े आ रहे थे और इधर रूस में चेकोस्लोवाकिया के बहुत सारे पुराने युद्ध-बन्दियों को मित्र-राष्ट्र मॉस्को पर धावा बोलने के लिए उकसा रहे थे । फ्रान्स में सारे पश्चिमी मोर्चे पर महायुद्ध अभीतक चल रहा था, लेकिन रूस में यह अजीब माजरा नज़र आ रहा था कि

सोवियत रूस—१९१८-१९



मित्र-राष्ट्र और जर्मन शक्तियां, दोनों अलग-अलग, बोलशेविकों को कुचलने की एक-सी कोशिश में जुटे हुए थे। हम यहां फिर देखते है कि वर्ग-विद्वेष की ताकत राष्ट्रीय विद्वेष की ताकत से कितनी ज़्यादा ज़ोरदार होती है; और राष्ट्रीय विद्वेष तो काफ़ी ज़हरीला व कड़ुवा होता ही है। इन शक्तियों ने रूस के खिलाफ़ बाक़ायदा युद्ध नहीं छेड़ रक्खा था; उन्होंने तो सोवियत को परेशान करने के लिए बहुत-से दूसरे तरीके निकाल लिये थे, ख़ासकर उलट-क्रान्ति के नेताओं को उकसाना और उन्हें हथियारों की व पैसे की मदद देना। कई पुराने ज़ारशाही सेनापति भी सोवियत के खिलाफ़ लड़ रहे थे।

ज़ार और उसके कुटुम्बी पूर्वी रूस में यूराल के पहाड़ों के पास वहां की मुकामी सोवियत की निगरानी में क़ैदी बनाकर रक्खे गये थे। इस प्रदेश में चेक सैनिकों के चढ़ आने से यह सोवियत डर गई, और इस अन्देशे ने उसे दहला दिया कि कहीं भूतपूर्व ज़ार क़ैद से छूटकर उलटी-क्रान्ति का ज़बर्दस्त नेता न बन जाय इसलिए उन्होंने क़ायदे-क़ानून को ताक़ में रखकर ज़ार के सारे कुटुम्ब को मौत के घाट उतार दिया। मालूम होता है कि सोवियत की केन्द्रीय कमेटी इसके लिए ज़िम्मेदार नहीं थी, और लेनिन, अन्तर्राष्ट्रीय नीति के नाते भूतपूर्व ज़ार की, और इन्सानियत के नाते उसके कुटुम्ब की, हत्या के खिलाफ़ था। लेकिन जब यह काम हो ही गया तो केन्द्रीय सरकार ने उसे वाजिब ठहराया। शायद इस घटना ने मित्र-राष्ट्री सरकारों को और भी ज़्यादा बौखला दिया और उन्हें पहले से भी ज़्यादा सरकश बना दिया।

अगस्त में स्थिति और भी बिगड़ गई और दो घटनाओं के नतीजे से क्रोध, निराशा और आतंक पैदा हो गये। इनमें से एक तो थी लेनिन को मारने की कोशिश और दूसरी थी उत्तरी रूस मे आर्केञ्जल पर मित्र-राष्ट्रों की फ़ौजों का उतरना। मॉस्को में बेतहाशा सनसनी फैल गई और सोवियत की ज़िन्दगी ख़तम होती हुई नज़र आने लगी। ख़ुद मॉस्को भी एक तरह से जर्मनों, चेकों, उलट-क्रान्तिकारी तत्वों-जैसे शत्रुओं से घिरा हुआ था। मॉस्को के इर्द-गिर्द कुछ-ही ज़िले सोवियत के राज में रह गये थे, और मित्र-राष्ट्री सेना के उतरने से अन्त बिलकुल निश्चित दिखाई दे रहा था। बोलशेविकों के पास कुछ ज़्यादा सेना नहीं थी; ब्रेस्त-लितोव्स्क की सन्धि को पांच ही महीने हुए थे, और पुरानी सेना के ज़्यादातर सिपाही भागकर खेती में जा लगे थे। ख़ुद मॉस्को में ही षड्यन्त्रों की भरमार थी, और मध्यमवर्ग के लोग सोवियतों के होने वाले पतन पर खुले-आम खुशियां मना रहे थे।

नौ महीने की उम्र को यह सोवियत गणराज्य की ऐसी भयंकर मुसीबत में फंसा हुआ था। बोलशेविकों को बेबसी और डर ने घेर लिया, और जब इन्होंने

देखा कि हर हालत में मरना ही है तो फ़ैसला कर लिया कि लड़ते-लड़ते ही मरना चाहिए। जैसा कि सवा सौ वर्ष पहले कम उम्र के फ़ान्सीसी गणराज्य ने किया था, वे चारों ओर से घिरे हुए जंगली जानवर की तरह अपने शत्रुओं पर उलट पड़े। उन्होंने सब्र और दया दोनों को तिलांजलि दे दी। सारे देश में फ़ौजी क़ानून जारी कर दिया गया और सितम्बर के शुरू में केन्द्रीय सोवियत कमेटी ने 'लाल आतंक'[1] का ऐलान कर दिया। "तमाम देशद्रोहियों के लिए मौत, विदेशी हमलावरों के ख़िलाफ़ बिना रहम का युद्ध।" वे अन्दरूनी और बाहरी दोनों शत्रुओं से इस तरह लड़ेंगे कि पीछे हटने का नाम नहीं। सोवियत सारी दुनिया के मुक़ाबले में और ख़ुद अपने प्रगति-विरोधियों के मुक़ाबले में डटकर खड़ी हो गई। इसी समय 'लड़ाकू साम्यवाद' का ज़माना भी शुरू हुआ और सारा देश मानो शत्रुओं से घिरी हुई छावनी बना दिया गया। लाल सेना को संगठित करने का पूरा यत्न किया गया और वह काम त्रात्स्की के सिपुर्द किया गया।

यह सितम्बर और अक्तूबर, १९१८ ई०, के आस-पास की बात है जब पश्चिम में जर्मनी की फ़ौजी-मशीन टूट रही थी और युद्ध बन्द करने की चर्चा चल रही थी। राष्ट्रपति विल्सन ने अपने 'चौदह सूत्र' रख दिये थे, जिनके बारे में यह माना गया था कि उनमें मित्र-राष्ट्रों के सब इरादे शामिल कर दिये गए थे। ध्यान देने की दिलचस्प बात है कि इनमें से एक सूत्र यह था कि तमाम रूसी प्रदेश पर से फ़ौजें हटा ली जायंगी और रूस को बड़ी शक्तियों की सहायता से अपना विकास करने का पूरा मौक़ा दिया जायगा। रूस में मित्र-राष्ट्रों की दस्तन्दाज़ी और वहां उनकी फ़ौजों का उतरना इस सूत्र की एक निराली व्याख्या सामने ला रहे थे। बोलशेविक सरकार ने राष्ट्रपति विल्सन को एक विरोध-पत्र भेजा, जिसमें उसके चौदह सूत्रों की तीखी आलोचना की गई थी। इस विरोध-पत्र में उन्होंने लिखा था : "आप पोलैण्ड, सर्बिया, बेल्जियम, वग़ैरा की स्वाधीनता की, और आस्ट्रिया-हंगरी के लोगों के लिए आज़ादी की मांग करते हैं।. . . . लेकिन अजीब बात है कि आपकी मांगों में हमें आयर्लैण्ड, मिस्र, भारत और फ़िलीपाइन टापुओं तक की आज़ादी का कोई ज़िक्र नहीं दिखाई देता है।"

११ नवम्बर, १९१८ ई०, को मित्र-राष्ट्रों और जर्मन शक्तियों के बीच सुलह हो गई और लड़ाई बन्द करने के सुलहनामे पर दस्तख़त हो गये। लेकिन रूस में १९१९ और १९२० ई० में गृह-युद्ध ज़ोर-शोर से लगातार चलता रहा। सोवियत ने अकेले-दम झुड-के-झुंड दुश्मनों का मुक़ाबला किया। एक वक़्त तो ऐसा था जब सोवियत सेना पर सत्रह अलग-अलग मोर्चों पर एक साथ हमले हुए। इंग्लैण्ड, अमेरिका, फ़ान्स, जापान, इटली, सर्बिया, चेकोस्लोवाकिया, रूमानिया,

[1] Red Terror.

बाल्टिक सागर के तटवर्त्ती राज्य, पोलैण्ड, और ढेरों उलट-क्रान्तिकारी रूसी सेनापति, सब-के-सब सोवियत के ख़िलाफ़ लड़ रहे थे और यह लड़ाई ठेठ साइबेरिया से लगाकर बाल्टिक सागर और क्रीमिया तक फैली हुई थी। बार-बार ऐसा मालूम होता था कि सोवियत का अन्त होनेवाला है; मॉस्को भी ख़तरे में पड़ गया था; पेत्रोग्राद दुश्मनों के हाथ मे पड़ने ही वाला था; पर सोवियत हर संकट को पार कर गई, और हर सफलता के साथ उसका आत्म-विश्वास और बल बढ़ते गये।

उलट-क्रान्ति के नेताओं में एक एडमिरल कोलचक था। वह अपने को रूस का शासक कहने लगा और मित्र-राष्ट्रों ने सचमुच उसे ऐसा मान भी लिया और बहुत सहायता दी। साइबेरिया में इसने जो हरकत की उसका हाल उसके युद्ध-साथी जनरल ग्रेव्ज़ ने लिखा है, जो कोलचक को मदद देनेवाली अमेरिकी सेना का सेनापति था। यह अमरीकी सेनापति लिखता है :

> "वहां बड़ी भयंकर हत्याएं हुई; लेकिन जैसा कि दुनिया का विश्वास है, वे बोलशेविकों ने नही की थीं। अगर मै कम-से-कम करके भी कहूं तो बोलशेविकों के हाथों एक-एक आदमी की हत्या के मुक़ाबले मे बोलशेविक-विरोधियों ने पूर्वी साइबेरिया में सौ-सौ आदमियों को मौत के घाट उतारा।"

तुम्हें यह जानकर दिलचस्पी होगी कि नामी राजनीतिज्ञ कितनी जानकारी के बल पर महान राष्ट्रों का कारोबार चलाते है और युद्ध व सुलह करते है। लॉयड जॉर्ज ने, जो उस समय इंग्लैण्ड का प्रधान मंत्री था और यूरोप में शायद सब से ज़्यादा असरवाला व्यक्ति था, ब्रिटिश कामन्स-सभा मे रूस के बारे में बोलते हुए वहां के कोलचक व दूसरे सेनापतियों का ज़िक्र किया था। इन्हीं नामों के साथ उसने 'सेनापति खारकोफ़' का भी नाम लिया था। खारकोफ़ किसी सेनापति का नाम नहीं बल्कि एक मशहूर शहर का नाम है, जो यूक्रेन की राजधानी है! पर भूगोल की मामूली बातों से इतने अनजान होते हुए भी इन राजनीतिज्ञों ने यूरोप के टुकड़े-टुकड़े कर ही डाले और उसका नया नक़शा बना ही डाला!

मित्र-राष्ट्रों ने रूस की भी नाकाबन्दी कर दी और यह इतनी कारगर हुई कि १९१९ ई० के पूरे वर्ष मे रूस न तो बाहर से कुछ भी ख़रीद सका और न बाहर कुछ बेच सका।

इन ज़बर्दस्त कठिनाइयों और कई शक्तिशाली दुश्मनों के बावजूद सोवियत रूस सही-सलामत रह गया और उसने शानदार विजय हासिल की। यह बात इतिहास की सबसे ज़्यादा अजीब कारगुज़ारियों में गिनी जाती है। सोवियत यह कैसे कर पाई? इसमें कोई शक नहीं कि अगर मित्र-राष्ट्रीय शक्तियां एक हो जातीं और बोलशेविकों का नाश करने पर तुल जातीं, तो वे शुरू के दिनों में ऐसा कर

सकती थीं। जर्मनी से निबट लेने के बाद उनके पास मनमानी करने के लिए बड़ी-बड़ी फ़ौजें थीं। पर इन फ़ौजों का हर-कहीं इस्तेमाल करना आसान नहीं था, खासकर सोवियतों के खिलाफ़। ये युद्ध से थक चुकी थीं और अगर इनसे विदेशों में युद्ध करने की फिर मांग की जाती तो ये इन्कार कर देतीं। इसके अलावा मज़दूरों में नये रूस के लिए काफ़ी सहानुभूति थी, और मित्र-राष्ट्री सरकारों को डर था कि अगर वे सोवियतों के खिलाफ़ युद्ध का खुला ऐलान कर देंगे तो उन्हें अपने-अपने देशों में मुसीबत का सामना करना पड़ेगा। सच तो यह है कि यूरोप विद्रोह के किनारे पर खड़ा मालूम दे रहा था। और इसके अलावा मित्र-राष्ट्री शक्तियों की आपसी लाग-डांट चल रही थी। सुलह होते ही उन्होंने आपस में लड़ना–झगड़ना शुरू कर दिया था। इन सब कारणों से वे बोलशेविकों को ख़तम करने के लिए कोई पक्का यत्न नहीं कर सकीं। इसलिए उन्होंने इस काम को जहांतक हो सके टेढ़े रास्ते से पूरा कराने के लिए यह कोशिश की कि अपनी खातिर दूसरों को लड़वा दिया और उन्हें रुपये, हथियारों और माहिरों की सलाह की मदद दी। उन्हें विश्वास था कि सोवियतें टिक नहीं सकेंगी।

इनसब बातों से सोवियतों को बेशक मदद मिली और उन्हें अपनी ताक़त बढ़ाने का समय मिल गया। लेकिन यह समझ लेना उनके साथ अन्याय करना होगा कि उनकी विजय बाहरी परिस्थितियों के सबब से हुई। दरअसल यह तो रूसी जनता के आत्म-विश्वास, आत्म-त्याग और न झुकने वाले इरादे की विजय थी, और इसमें चमत्कार की बात यह थीं कि जब इन लोगों को हर जगह काहिल, जाहिल, पस्त-हिम्मत और किसी ज़ोरदार कोशिश के नाक़ाबिल समझा जाता था, और ठीक ही समझा जाता था। आज़ादी एक आदत है और अगर हम बहुत दिनों उससे महरूम रहें तो बहुत करके उसे भूल जाते हैं। इन जाहिल रूसी किसानों और मज़दूरों को इस आदत पर अमल करने का कोई मौक़ा नहीं मिला था। फिर भी उन दिनों के रूसी नेताओं में यह गुण था कि उन्होंने इस नाचीज़ इन्सानी मसाले को एक बलवान, संगठित राष्ट्र के रूप में बदल दिया, जिसे अपने उद्देश्य में विश्वास और अपनी शक्ति का भरोसा था। कोलचक और उसके संगी-साथी हरा दिये गए, सिर्फ़ इस वजह से नहीं कि बोलशेविक नेता क़ाबिल और पक्के इरादेवाले थे, बल्कि इसलिए भी कि रूसी किसान ने उन्हें बर्दाश्त करने से इन्कार कर दिया। उसके लिए वे पुरानी व्यवस्था के प्रतिनिधि थे जो उसकी नई जीती हुई धरती को और दूसरी रियायतों को छीनने के लिए आये थे। इसलिए उसने मरते-दम तक इनको बचाने का फ़ैसला कर लिया।

मीनार की तरह सभीसे ऊंचा और सबके ऊपर एकछत्र प्रभुता जमाने-वाला–ऐसा था लेनिन। रूसी जनता के लिए तो वह मानो देवता था, जो आशा

और विश्वास का चिन्ह था, जो इतना बुद्धिमान था कि हर कठिनाई में रास्ता निकाल सकता था, और जो न तो किसी भी हालत में परेशान होता था, न घबराता था। उसके बाद उन दिनों त्रात्स्की का नम्बर आता था (क्योंकि अब वह रूस में बदनाम है), जो लेखक और वक्ता था, जिसे पहले का कोई फ़ौजी तजरबा नहीं था, और जो अब गृह-युद्ध और नाके-बन्दी के बीच एक बड़ी सेना तैयार करने के काम में जुट गया था। त्रात्स्की जान पर खेलनेवाला बहादुर था और लड़ाई में अक्सर अपनी जान खतरे में डाल देता था। जिन लोगों में हिम्मत व अनुशासन की कमी होती थी उनके लिए उसके दिल में कोई दया नहीं थी। गृह-युद्ध की एक नाज़ुक घड़ी में उसने यह आज्ञा निकाली थी :

> "मैं चेतावनी देता हूं कि अगर फौज की कोई इकाई बिना हुक्म के पीछे हटेगी तो पहले उस टुकड़ी का नायक गोली से उड़ाया जायगा और फिर सेनापति। उनकी जगहों पर वीर और जवांमर्द सिपाही मुक़र्रर किये जायंगे। कायर, नामर्द और ग़द्दार गोली से नही बच सकेंगे। यह मैं सारी लाल सेना के सामन कसम खाकर वचन देता हूं।"

और उसने अपना वचन पूरा किया।

अक्तूबर, १९१९ ई० में त्रात्स्की ने जो दूसरा फ़ौजी हुक्म निकाला वह भी दिलचस्प है, क्योंकि उससे ज़ाहिर होता है कि बोलशेविक लोग जनता और पूंजीशाही सरकारों को किस तरह दो अलग-अलग चीज़ें मानने की हरदम कोशिश करते थे, और कोरा राष्ट्रीय नज़रिया कभी भी नहीं अपनाते थे। इस हुक्म में कहा गया था :

> "लेकिन आज भी, जब हम इंग्लैण्ड के भाड़े के टट्टू यूदेनिश के साथ सख्त लड़ाई में फंसे हुए हैं, मैं मांग करता हूं कि तुम यह कभी मत भूलो कि इंग्लैण्ड दो हैं। मुनाफ़ाखोरों, मारकाट करनेवालों, रिश्वत-ख़ोरों और ख़ून के प्यासों के इंग्लैण्ड के अलावा, मज़दूरों का, आध्यात्मिक शक्ति का, अन्तर्राष्ट्रीय एकता के ऊंचे आदर्शों का एक इंग्लैण्ड और है। हमसे जो लड़ रहा है वह सट्टाबाज़ार के सटोरियों का कमीना और बेईमान इंग्लैण्ड है। मज़दूरों का और जनता का इंग्लैण्ड हमारे साथ है।"

जिस वक्त पेत्रोग्राद यूदेनिश के हाथों में पड़ने ही वाला था, तब उसको बचाने के फ़ैसले में उसकी कुछ झलक नज़र आती है, जिसके साथ लाल सेना को लड़ाया जा रहा था। बचाव-परिषद् ने हुक्म जारी किया था कि "ख़ून की एक बूंद बाक़ी रहने तक भी पेत्रोग्राद की हिफ़ाज़त करो, बित्ताभर भी पीछे न हटो, और शहर की गली-गली में दुश्मन का मुक़ाबला करो"।

महान रूसी लेखक मैक्सिम गोर्की लिखता है कि लेनिन ने एक बार त्रात्स्की के बारे में कहा था :

"भला मुझे ऐसा दूसरा व्यक्ति बतलाओ तो, जो एक साल के भीतर ऐसी फ़ौज तैयार कर दे जो दूसरों के लिए मिसाल बन जाय, और इसके अलावा फ़ौजी मामलों के माहिर भी जिसकी इज्ज़त करने लगें। हमारे पास ऐसा व्यक्ति है। हमारे पास सबकुछ है। और चमत्कार अब भी होते रहते हैं।"

यह लाल सेना दिन-दूनी रात-चौगुनी बढ़ने लगी। दिसम्बर, १९१७ ई० में, जब बोलशेविकों ने सत्ता पर क़ब्ज़ा किया था, इसकी संख्या ४,३५,००० थी। ब्रेस्तलितोव्स्क की सन्धि के बाद ज़्यादातर सिपाही छोड़कर चले गये होंगे और सेना का दुबारा संगठन करना पड़ा होगा। १९१९ के बीच तक इसकी संख्या १५,००,००० हो गई थी। एक वर्ष बाद यह बढ़कर ५३,००,००० की भारी तादाद पर पहुंच गई थी।

१९१९ ई० के अन्त तक गृह-युद्ध में सोवियतें पूरे तौरपर अपने विरोधियों के ऊपर हावी हो चुकी थीं। मगर युद्ध एक साल तक और चलता रहा और इस बीच कई नाज़ुक घड़ियां आईं। १९२० ई० में पोलैण्ड (जो जर्मनी की पराजय के बाद नया बना था) की रूस से खटक गई और दोनों में युद्ध छिड़ गया। १९२० ई० के अन्त तक ये सब युद्ध करीब-करीब ख़तम हो चुके थे और रूस को आख़िर कुछ राहत मिली थी।

इसी बीच अन्दरूनी कठिनाइयां बढ़ गई थीं। युद्ध, नाकेबन्दी, महामारी और अकाल ने देश की हालत बहुत बुरी कर डाली थी। उत्पादन बहुत कम हो गया था, क्योंकि जब मुकाबले की दो सेनाएं लगातार देश को रौंद रही हों तो न तो किसान खेत बो सकते हैं और न मज़दूर कारख़ाने चला सकते हैं। युद्ध-काल में साम्यवादी तरीक़े अपनाने से देश किसी तरह मुसीबतों से पार हो गया था, लेकिन हरेक व्यक्ति को अपने पेट पर कसकर पट्टी बांधनी पड़ी थी और अब इस सिलसिले को सहन करना कठिन हो रहा था। खेतिहर लोग ज़्यादा उत्पादन में दिलचस्पी नहीं ले रहे थे, क्योंकि उनका कहना था कि जो लड़ाकू साम्यवाद चल रहा था उसके मातहत उनकी पैदा की हुई सारी फ़ालतू फ़सल को राज्य छीन लेगा, इसलिए वे मेहनत क्यों करें? एक बहुत ही कठिन और ख़तरनाक स्थिति पैदा हो रही थी। पेत्रोग्राद के नज़दीक में मल्लाहों का विद्रोह तक भी हो गया था, और ख़ुद पेत्रोग्राद (या लेनिनग्राद) में हड़तालें हो रही थीं।

लेनिन ने, जिसमें बुनियादी बातों को मौजूदा हालतों के मुताबिक ढालने की अद्‌भुत ख़ासियत थी, फ़ौरन कार्रवाई की। उसने युद्धकालीन साम्यवाद को

खतम कर दिया और 'नई अर्थनीति' के नाम से एक नई नीति चलाई। इसके मातहत किसान को उत्पादन करने की और अपनी उपज को बेचने की ज़्यादा आज़ादी मिल गई, और कुछ ख़ानगी व्यापार भी खोल दिया गया। कुछ हद तक यह ठेठ साम्यवादी सिद्धान्तों से परे हटना था, लेकिन लेनिन ने, इसे काम-चलाऊ तदबीर कहकर, वाजिब ठहराया। इससे जनता को ज़रूर ही बहुत राहत मिली। लेकिन जल्द ही रूस को एक और आफ़त का सामना करना पड़ा। यह सूखे के कारण, और उसकी वजह से दक्षिण-पूर्वी रूस के लम्बे-चौड़े प्रदेश में फ़सल चौपट होने के कारण पड़नेवाला अकाल था। यह भयंकर अकाल था, इतिहास में इससे बड़ा अकाल पहले कभी नही पड़ा था, और इसमे लाखों लोग भूखों मर गये। इस अकाल से सरकार का सारा ढांचा ही टूट जाने का अन्देशा था, क्योंकि एक तो यह वर्षों के युद्ध और नाकेबन्दी और अर्थ-व्यवस्था की गड़-बड़ी के बाद ही आ पड़ा था, और दूसरे तबतक सोवियत सरकार को लड़ाई-झगड़े से बेफ़िक्र होकर काम करने का मौक़ा नहीं मिला था। पर फिर भी, जिस तरह सोवियत पहले की आफतों को पार कर गई थी, उसी तरह इसे भी सही-सलामत पार कर गई। यूरोपीय सरकारों का एक सम्मेलन यह विचार करने के लिए हुआ कि अकाल का कष्ट दूर करने के लिए रूस को क्या सहायता देनी चाहिए। उन्होंने ज़ाहिर किया कि वे तबतक कोई सहायता नही देंगे जबतक कि सोवियत सरकार ज़ारशाही के उन पुराने कर्ज़ों को चुकाने का वादा न करे, जिन्हें उसने रद्द कर दिया था। साहूकारी इन्सानियत से ज़्यादा ज़ोरदार साबित हुई और रूसी माताओं ने अपने अध-मरे बच्चों के नाम पर जो दिल पिघलानेवाली अपील की उसपर भी कोई ध्यान नहीं दिया गया। लेकिन संयुक्तराज्य अमेरिका ने कोई शर्तें नहीं लगाई और बहुत मदद पहुंचाई।

जब इंग्लैण्ड व दूसरे यूरोपीय देशों ने रूस को अकाल में सहायता देने से इन्कार किया तो इसका यह मतलब नहीं था कि वे और मामलों में सोवियत का बायकाट कर रहे थे। १९२१ ई० के शुरू में ही एक आंग्ल-रूसी तिजारती सन्धि पर दस्तख़त हो चुके थे और दूसरे देशों ने भी उनके रास्ते पर चलकर सोवियत के साथ तिजारती सन्धियां कर ली थीं।

चीन, तुर्की, ईरान, अफ़ग़ानिस्तान, वग़ैरा पूर्वी देशों के साथ सोवियत ने बड़ी उदार नीति अपनाई। उसने पुरानी ज़ारशाही रियायतें छोड़ दी और बहुत दोस्ताना व्यवहार करने की कोशिश की। यह चीज़, तमाम पराधीन और शोषित क़ौमों के लिए आज़ादी के सोवियत सिद्धान्तों के मुताबिक थी, लेकिन इसके पीछे सोवियत की ज़्यादा महत्ववाली नीति थी अपनी स्थिति मज़बूत बनाना। सोवियत रूस की इस उदारता से इंग्लैण्ड-जैसी साम्राज्यशाही शक्तियां

अक्सर विषम स्थिति में पड़ जाती थीं, क्योंकि पूर्वी देश जब दोनों को मुकाबले में रखते थे तो उन्हें इंग्लैण्ड व दूसरी शक्तियां हेच मालूम पड़ती थीं।

१९१९ ई० में एक और घटना हुई, जिसका ज़िक्र यहां करना ज़रूरी है। यह थी साम्यवादी दलों के हाथों मॉस्को में तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ की स्थापना। पिछले पत्रों में मैं प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय संघ का ज़िक्र कर चुका हूं, जिसे कार्ल मार्क्स ने क़ायम किया था, और द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ का भी जो बहादुरी की बहुत-सी बातें करने के बाद १९१४ ई० का महायुद्ध छिड़ते ही टूट गया। बोलशेविकों का ख़याल था कि द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ को कायम करनेवाले पुराने मज़दूर व साम्यवादी दलों ने मज़दूर-वर्ग को धोखा दिया। इसलिए उन्होंने साफ़ क्रान्तिकारी नज़रियेवाला तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ बनाया ताकि पूंजीशाही और साम्राज्यशाही के ख़िलाफ़ और उन मौक़ा-परस्त साम्राज्यवादियों के ख़िलाफ़ भी लड़ा जाय जो 'मध्यम वर्ग' की नीति पर चलनेवाले थे। इस अन्तर्राष्ट्रीय संघ को अक्सर 'कॉमिन्तर्न'[1] भी कहा जाता है, और बहुत-से देशों में प्रचार करने में इसने बहुत भारी हिस्सा लिया है। जैसा कि इसके नाम से मतलब है, यह एक अन्तर्राष्ट्रीय संगठन है, जिसका चुनाव बहुत-से जुदा-जुदा देशों के साम्यवादी दल करते हैं। लेकिन, चूंकि रूस ही वह देश है जहां साम्यवाद की शानदार विजय हुई है, इसलिए कॉमिन्तर्न में लाज़िमी तौरपर रूसी प्रभाव सब से ज़्यादा है। अलबत्ता कॉमिन्तर्न और सोवियत सरकार अलग-अलग चीज़ें हैं, हालांकि बहुत-से व्यक्ति दोनों में ऊंचे-ऊंचे ओहदों पर हैं। चूंकि कॉमिन्तर्न ऐलानिया तौरपर क्रान्तिकारी साम्यवाद फैलानेवाला संगठन है, इसलिए साम्राज्यशाही शक्तियां इससे बुरी तरह चिढ़ी हुई हैं और वे अपने-अपने प्रदेशों में इसकी हलचलों को दबाने की बराबर कोशिशें करती रहती हैं।

युद्ध के बाद पश्चिमी यूरोप में द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ (मज़दूर और साम्यवादी अन्तर्राष्ट्रीय संघ) भी दुबारा जिलाया गया। बहुत हद तक द्वितीय व तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय संघों का, कम-से-कम उसूली बातों में, एक ही मक़सद है। पर दोनों की विचारधाराएं और तरीक़े बिल्कुल अलग-अलग हैं और दोनों एक दूसरे के कट्टर विरोधी हैं। ये आपस में लड़ते-झगड़ते रहते हैं और एक-दूसरे पर ऐसे हमले करते हैं जैसे कि उन दोनों के दुश्मन पूंजीवाद पर भी नहीं करते। द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ अब एक इज़्ज़तदार संगठन बन गया है और इसके सदस्य अक्सर यूरोपीय सरकारों के मंत्रिमंडलों में शामिल होते रहते हैं। तृतीय संघ क्रान्तिकारी संगठन चला आ रहा है, इसलिए यह इज़्ज़तदार नहीं माना जाता।

---

[1] Comintern—यह Communist International का संक्षिप्त रूप है।

रूस के गृह-युद्ध में शुरू से अख़ीर तक 'लाल आतंक' और 'सफेद आतंक' सख़्त बेरहमी से एक दूसरे से होड़ लगाते रहे, और इसमें शायद 'सफेद आतंक' 'लाल आतंक' से ज़बर्दस्त बाज़ी ले गया। साइबेरिया में कोलचक के अत्याचारों के बारे में अमेरिकी सेनापति के बयान से (जो मैं ऊपर दे चुका हूं), और दूसरे बयानों से, यही नतीजा निकलता है। लेकिन इसमें भी कोई शक नहीं हो सकता कि 'लाल आतंक' कठोर था, और इसका फल कितने ही बेक़सूर आदमियों को भोगना पड़ा होगा। बोलशेविकों पर सब तरफ़ से हमले हो रहे थे और वे चारों ओर षड्यन्त्रों व जासूसों से घिरे हुए थे, इसलिए उनका धीरज टूट गया और ज़रा भी शुबहा होनेपर वे बड़ी कठोर सज़ाएं देने लगे। ख़ासकर उनकी राजनैतिक पुलिस, जो 'चेका'[1] कहलाती थी, इस आतंक के लिए बहुत बदनाम थी। यह भारत की 'सी० आई० डी०'[2] जैसी थी, पर इसके अधिकार बहुत बढ़े-चढ़े थे।

यह पत्र लम्बा होता जा रहा है। लेकिन इसे पूरा करने से पहले मैं तुम्हें लेनिन के बारे में कुछ और बातें बतलाना चाहता हूं। अगस्त, १९१८ ई० में, जब उसकी हत्या की कोशिश की गई थी, तब उसे गहरे घाव लगे थे। पर इनके बावजूद उसने कुछ आराम नहीं लिया था। वह काम के ज़बर्दस्त बोझ को निबटाता रहा, और इसका लाज़िमी नतीजा यह हुआ कि मई, १९२२ ई० में, उसकी हालत गिर गई। कुछ दिन आराम लेने के बाद वह फिर काम में लग गया, पर ज़्यादा दिन के लिए नहीं। १९२३ ई० में उसकी हालत पहले से भी ज़्यादा गिर गई और वह सम्भल न सका। २१ जनवरी, १९२४ ई०, को मॉस्को के पास उसकी मृत्यु हो गई।

कई दिनों तक उसकी लाश मॉस्को में रक्खी गई—सर्दी का मौसम था और रासायनिक मसाले लगाकर लाश को वर्षों तक के लिए टिकाऊ बना दिया गया था। और जनसाधारण के प्रतिनिधि, किसान और मज़दूर, नर और नारियों और बच्चे, सारे रूस से और साइबेरिया के दूरवर्ती मैदानों से, अपने उस परम-प्यारे साथी को आख़िरी ताज़ीम देने आये, जिसने उन्हें गहराइयों में से खींचकर बाहर निकाला था और भरे-पूरे जीवन का मार्ग दिखाया था। उन्होंने मॉस्को के सुन्दर 'लाल चौक' में उसके लिए एक सादा और बिना सजावट का मक़बरा बनाया। उसकी लाश एक कांच के सन्दूक़ में अभीतक वहां रक्खी हुई है और हर शाम को लोगों की एक लम्बी क़तार ख़ामोशी के साथ उसके पास से गुज़रती

---

[1] Cheka.

[2] C. I. D. (Criminal Investigation Department)—**अंग्रेजी राज्य का भारतीय पुलिस का ख़ुफ़िया विभाग।**

है। लेनिन को मरे बहुत वर्ष नहीं बीते हैं, लेकिन इतने थोड़े समय में ही वह, न सिर्फ अपने रूस में बल्कि सारे संसार में, एक ज़बर्दस्त परम्परा कायम करनेवाला बन गया है। जैसे-जैसे समय बीतता है, उसकी महानता को चार चांद लगते जाते हैं; वह संसार के कुछ गिने-चुने अमर जनों में गिना जाने लगा है। पेत्रोग्राद अब लेनिनग्राद हो गया है, और क़रीब-क़रीब हर रूसी घर में एक लेनिन का कोना है, या लेनिन का चित्र होता है। मगर लेनिन ज़िन्दा है, यादगारों में या तसवीरों में नहीं, बल्कि अपने किये हुए ज़बर्दस्त कारनामों में, और आज करोड़ों मज़दूर-पेशा लोगों के दिलों में, जो उसकी मिसाल से प्रेरणा और अच्छे दिनों की आशा हासिल करते हैं।

यह न समझना कि लेनिन एक बेदर्द मशीन की तरह था, जो अपने काम में डूबा रहता था और इसके सिवा और कोई बात नहीं सोचता था। वह अपने काम का और अपनी ज़िन्दगी के उद्देश्य का पूरा पुजारी ज़रूर था, लेकिन साथ ही उसमें यह भावना ज़रा भी नहीं थी कि लोग उसकी ओर आंखे लगाये हुए हैं। वह तो एक विचार का सच्चा पुतला था। और इसपर भी उसमें इन्सानियत बहुत थी, और इन्सानी गुणों में सबसे बड़ा गुण था—दिल खोलकर हँसने की ताक़त। मॉस्को में ब्रिटिश सरकार का प्रतिनिधि लॉकहार्ट, जो सोवियत के ख़तरनाक दिनों में वहां था, लिखता है कि चाहे जो हो जाय, लेनिन हमेशा ख़ुश-मिज़ाज रहता था। इस ब्रिटिश राजनयिक ने लिखा है: "अपने जीवन में मैं जिन सार्वजनिक नेताओं से मिला हूँ उन सबमें सबसे ज्यादा यकसा स्वभाववाला मैंने इसी को पाया"। वह अपनी बातचीत में और अपने काम में सीधा व सच्चा, और लम्बी-चौड़ी बातों से और ढोंग से नफरत करनेवाला था। वह संगीत-प्रेमी था, यहांतक कि उसे डर लगा रहता था कि इस संगीत-प्रेम का उसपर इतना ज्यादा असर न हो जाय कि वह अपने काम में ढीला बन जाय।

लेनिन के एक साथी ल्यूनाशार्स्की ने, जो बहुत वर्षों तक शिक्षा-विभाग का बोलशेविक मंत्री रहा था, उसके बारे में एक निराली बात कही थी। लेनिन का पूंजीपतियों को सताना, और ईसा का एक मन्दिर से सूद-खोरों को निकालना—इन दोनों बातों का मुकाबला करते हुए उसने कहा था—"अगर ईसा आज ज़िन्दा होता तो वह बोलशेविक होता।" मजहब को न माननेवाले लोगों के लिए इस तरह की तुलना करना एक निराली बात है।

स्त्रियों के बारे में लेनिन ने एक बार कहा था: "जबतक आधी आबादी रसोई-घर में ग़ुलामी करती रहेगी, तबतक कोई राष्ट्र आज़ाद नहीं हो सकता।" एक दिन जब वह कुछ बच्चों को दुलार रहा था तब उसने बड़े भेद की बात कही थी। उसका पुराना मित्र मैक्सिम गोर्की लिखता है कि उसने कहा था, "इनके

जीवन हमारे जीवनों से ज्यादा आनन्द के होंगे। इन्हें उन बहुत-सी मुसीबतों में से नहीं गुजरना पड़ेगा जिन्हें हम लोगों ने पार किया है। इन्हें अपने जीवन मे इतने ज़्यादा ज़ुल्म नही देखने पड़ेंगे।" हम सबको ऐसी ही उम्मीद करनी चाहिए।

इस पत्र के अन्त में मै पूरे आर्केस्ट्रा के लिए और लोगों के समूह-गान के लिए हाल ही में लिखी गई एक रूसी रचना के शब्द दूगा। जिन लोगों ने इसे सुना है, उनका कहना है कि इसके संगीत में जान और शक्ति भरी है और यह गीत मानो विद्रोही जनता की भावना को ज़ाहिर करनेवाला है। इस गीत का जो हिन्दी अनुवाद यहां दिया जा रहा है उसमें भी इस भावना का कुछ अंश आ जाता है। यह गीत 'अक्तूबर' कहलाता है और इसका अर्थ है 'नवम्बर, १९१७ ई०, की बोलशेविक क्रान्ति।' उन दिनों रूस मे वह कैलेण्डर चलता था जो बिना सुधारा हुआ कैलेण्डर कहलाता है और यह मामूली पश्चिमी कैलेण्डर से तेरह दिन पीछे था। इस कैलेण्डर के मुताबिक मार्च, १९१७ ई०, की क्रान्ति फ़रवरी में हुई और इस लिए वह 'फ़रवरी की क्रान्ति' कहलाती है। इसी तरह नवम्बर, १९१७ ई० के शुरू मे होनेवाली बोलशेविक क्रान्ति 'अक्तूबर की क्रान्ति' कहलाती है। अब रूस ने अपना कैलेण्डर बदल दिया है और सुधरा हुआ कैलेण्डर अपना लिया है, पर ये पुराने नाम अभीतक काम में आते है।

हम काम और रोटी की भीख मांगने के लिए गये,
हमारे हृदय पीड़ा से दबे हुए थे,
कारखानों की चिमनियां आकाश की ओर इशारा कर रही थीं,
मानों मुट्ठी बांधने की शक्ति से रहित थके हुए हाथ हों।
हमारे दुःख और हमारी पीड़ा की तोपों की आवाज से भी अधिक घोर
शब्दों ने ख़ामोशी को भंग कर दिया।
ऐ लेनिन! तू हमारे गांठ-गठीले हाथों की अभिलाषा है।
हमने समझ लिया है लेनिन, हमने समझ लिया है कि हमारे भाग्य में है संघर्ष!
संघर्ष! संघर्ष!
तूने अन्तिम लड़ाई में हमारा नेतृत्व किया। संघर्ष!
तूने हमें मज़दूर-वर्ग की विजय दी।
अज्ञान और ज़ुल्म के ऊपर इस विजय को हमसे कोई नहीं छीन सकेगा।
कोई नहीं! कोई नहीं। कभी नहीं! कभी नहीं!
आओ, इस संघर्ष में हरेक जवान और वीर बन जाओ,
क्योंकि हमारी विजय का नाम अक्तूबर है।
अक्तूबर! अक्तूबर!

अक्तूबर सूर्य का संदेश-वाहक है।
अक्तूबर विद्रोही सदियों का संकल्प है!
अक्तूबर! यह श्रम है, यह ख़ुशी है, यह गीत है।
अक्तूबर! यह खेतों और मशीनों के लिए शुभ शकुन है।
यह नई सन्तति और लेनिन का झंडे पर लिखा हुआ नाम है।

: १५३ :

जापान चीन को डराता-धमकाता है

१४ अप्रैल, १९३३

जिस समय महायुद्ध चल रहा था, उस समय सुदूर पूर्व में कुछ घटनाएं हुई जिनपर ध्यान देना ज़रूरी है। इसलिए अब मैं तुम्हें चीन ले चलता हूं। चीन के बारे में अपने पिछले पत्र में मैंने वहां गणराज्य की स्थापना का और उसके नतीजे से होनेवाली गड़बड़ों का ज़िक्र किया था। साम्राज्य को फिर से क़ायम करने के यत्न किये गए। ये तो विफल रहे; पर गणराज्य समूचे देश पर अपनी सत्ता कायम करने में सफल नही हुआ, या यों कहो कि कोई भी एक सरकार इसमें सफल नहीं हुई। तबसे अबतक कोई भी ऐसी हुकूमत समूचे चीन पर राज नहीं कर पाई है, जिसे सब मानते हों। कुछ वर्षों तक देश में दो बड़ी सरकारें रहीं, एक उत्तरी और दूसरी दक्षिणी। दक्षिण में डा० सनयात-सेन और उसके राष्ट्रीय दल कुओ-मिन-तांग का प्रभुत्व था। उत्तर में युआन शिह-काई की फौजी हुकूमत थी और उसके बाद सेनापतियों और फौजी आदमियों का एक तांता लगा रहा। ये फौजी हौसलेबाज़ तूशन कहलाते थे और अब भी कहलाते है; पिछले वर्षों में ये लोग चीन के लिए एक बवाल साबित हुए हैं।

इस तरह चीन लगातार गड़बड़ी की दुःखदाई हालत में, और अक्सर उत्तर व दक्षिण के बीच या मुकाबलेदार तूशनों के बीच गृह-युद्ध की हालत में रहा। साम्राज्यशाही शक्तियों के लिए साजिशें करने का, और कभी एक दल या तूशन को और कभी दूसरे को उकसाकर इस अन्दरूनी फूट से फ़ायदा उठाने की कोशिश करने का, यह बड़ा अच्छा मौक़ा था। तुम्हें याद होगा कि इसी तरकीब से अंग्रेज़ों ने भारत में अपना पांव जमाया था। यूरोपीय शक्तियों ने इस मौक़े का फ़ायदा उठाया और साजिशें करना व एक तूशन को दूसरे के ख़िलाफ़ लड़ाना शुरू किया। लेकिन जल्द ही उनकी ख़ुद की परेशानियों ने और महायुद्ध ने सुदूर-पूर्व में उनकी हरकतों का खातमा कर दिया।

लेकिन जापान की हालत इससे जुदा थी। युद्ध का मुख्य जंगी मोर्चा बहुत

दूर था, और जापान बिलकुल बेखटके चीन में अपनी पुरानी हरकतें जारी रख सकता था। वास्तव में उस समय वह ऐसा करने के लिए पहले से बहुत ज़्यादा अच्छी स्थिति में था, क्योंकि दूसरी शक्तियां और जगह उलझी हुई थीं और उनकी दस्तन्दाज़ी करने की गुंजायश नही थी। उसने जर्मनी से युद्ध सिर्फ़ इसलिए छेड़ा कि उसे चीन में जर्मनी के रियायती प्रदेश क्याउ-चाउ पर क़ब्ज़ा करना था और फिर भीतर की ओर आगे घुसना था।

पिछले चालीस वर्षों में जापानियों ने चीन के साथ जो नीति बरती है, वह निराले तौरपर एक-सी चली आती हुई दिखाई देती है। जैसे ही उन्होंने अपनी सेना का आधुनिक ढंग पर संगठन कर लिया और अपने देश के उद्योगीकरण को तेज़ी से आगे बढ़ा दिया, उन्होंने चीन में अपनी प्रभुता क़ायम करने का फ़ैसला किया। वे फैलने के लिए और अपने उद्योगों को बढ़ाने के लिए जगह चाहते थे। कोरिया और चीन दोनों नज़दीक भी थे और कमज़ोर भी, और मानो बुलावा दे रहे थे कि कोई आकर उनपर हुकूमत करे और उनका शोषण करे। जापानियों की पहली कोशिश थी चीन के साथ १८९४-९५ ई० का युद्ध। वे जीत तो गये पर कुछ यूरोपीय शक्तियों के विरोध के सबब उन्हें उतना नहीं मिला जितना वे चाहते थे। इसके बाद रूस के साथ १९०४ ई० का ज़रा कठिन झगड़ा आया। इसमें भी वे जीत गये और उन्होंने कोरिया और मंचूरिया में अपने पांव मज़बूती से जमा लिये। कुछ ही दिन बाद उन्होंने कोरिया पर क़ब्ज़ा करके उसे जापानी साम्राज्य का हिस्सा बना लिया।

लेकिन मंचूरिया चीन का ही हिस्सा बना रहा। इसमें चीन के तीन पूर्वी प्रान्त शामिल हैं और यही बात कही भी जाती है। जापानियों ने सिर्फ़ वहां के रूसी रियायती प्रदेशों पर अधिकार कर लिया, जिसमें रूसियों का बनाया हुआ रेल-मार्ग भी, जो तबतक 'चाइनीज़ ईस्टर्न रेलवे' कहलाता था, शामिल था। इस रेल-मार्ग का नाम बदलकर 'साउथ मंचूरियन रेलवे' कर दिया गया। अब जापान ने मंचूरिया पर अपना पंजा खूब मज़बूती से जकड़ना शुरू कर दिया। इसी बीच रेल-मार्ग ने चीन के बहुत ज़्यादा घनी आबादीवाले बाक़ी हिस्से से लोगों को खींचना शुरू किया और चीनी किसानों का तांता बंध गया। मंचूरिया में सोयाबीन नामक बीज खूब पैदा होता था और इसके कीमती गुणों के सबब से इसके लिए सारी दुनिया की मांग बढ़ने लगी। इस बीज से और चीज़ों के अलावा एक तरह का तेल भी निकाला जाता है। इस सोयाबीन की खेती ने भी लोगों को मंचूरिया की तरफ़ खींचा। इस तरह, इधर तो जापानी लोग मंचूरिया की अर्थ-व्यवस्था पर ऊपर के सिरे से पूरा क़ब्ज़ा करने का यत्न कर रहे थे, उधर दक्षिण से ढेर-के-ढेर चीनी चले आ रहे थे और वहां बसते जाते थे। मंचूरिया के पुराने

निवासी, चीनी किसानों व दूसरे लोगों की इस बाढ़ में डूब गये और संस्कृति व आचार-विचार में ख़ुद ही पूरे चीनी बन गये ।

चीन में गणराज्य की स्थापना जापान को नहीं भायी । वह तो चीन की ताक़त बढ़ानेवाली हर चीज़ को नापसन्द करता था, और उसकी सारी कूटनीति का लक्ष्य यह था कि सारा चीन मिलकर एक मज़बूत राज्य न बन जाय । इसलिए उसने एक तूशन की दूसरे के ख़िलाफ़ मदद करने में कारगर दिलचस्पी ली ताकि अन्दरूनी गड़बड़ी चलती रहे ।

चीन के कम उम्रवाले गणराज्य के सामने बड़ी ज़बर्दस्त समस्याएं थी । यह सिर्फ़ अधमरी साम्राज्यशाही सरकार से राजनैतिक सत्ता छीन लेने का ही सवाल नहीं था । छीनने के लिए राजनैतिक सत्ता तो कुछ थी ही नहीं, क्योंकि ऐसी केन्द्रीय सत्ता की कोई हस्ती ही नही थी । केन्द्रीय सत्ता तो बनाई जाने को थी । पुराना चीन नाम के लिए साम्राज्य था । अमली तौरपर तो वह बहुत-से ख़ुद-मुख़्तार इलाकों का जमघट था, जिन्हें आपस में जोड़नेवाली गांठें ढीली-ढाली थीं । सारे प्रान्त थोड़े या बहुत ख़ुद-मुख़्तार थे. और नगर व गांव तक भी ऐसे ही थे । केन्द्रीय सरकार की या सम्राट् की सत्ता तो मानी जाती थी, पर यह सरकार मुक़ामी मामलों में दखल नही देती थी । यह 'एक-सत्तावाला' राज्य नही था, यानी ऐसा राज्य नहीं था जिसमें सारी सत्ता और असली शासन केन्द्र के हाथ में हो और सरकार के जुदा-जुदा पहलुओं में इकसारपन हो । यह तो वह ढीले बन्धनों-वाला राज्य था (राजनैतिक लिहाज़ से) जो पश्चिमी उद्योगों व साम्राज्यशाही हविस की टक्कर से टूक-टूक हो गया था । अब यह महसूस किया जा रहा था कि अगर चीन को सही-सलामत रहना है तो उसे मज़बूत केन्द्रीय राज्य बनना चाहिए जिसकी शासन-प्रणाली इकसार हो । नया गणराज्य ऐसा ही राज्य क़ायम करना चाहता था । यह चीज़ कुछ नई थी, और इसीलिए गणराज्य के सामने इसने यह एक बहुत बड़ी कठिनाई पैदा कर दी । चीन में सड़कों, रेलों, वगैरा, आवा-जाई के उचित साधनों की कमी राजनैतिक एकता के रास्ते में ख़ुद ही एक ज़बर्दस्त रुकावट बन रही थी ।

पुराने ज़माने में चीन के लोग कोरी राजनैतिक सत्ता को कोई महत्व की चीज़ नहीं समझते थे । उनकी समूची शानदार सभ्यता की बुनियाद संस्कृति पर थी, और जीने की कला सिखाने का इसका ढंग संसारभर में बेजोड़ था । वे अपनी इस पुरानी संस्कृति से इतने भरपूर थे कि जब उनका राजनैतिक और आर्थिक ढांचा टूटकर गिर पड़ा, तब भी वे अपनी पुरानी संस्कृति के ढंगों से चिपके रहे । जापान ने समझ-बूझकर पश्चिमी उद्योगों को और पश्चिमी रंग-ढंग को अपनाया था, लेकिन दिल से वह सामन्तशाही बना रहा । चीन सामन्तशाही

नहीं था; उसमें बुद्धिवाद और वैज्ञानिक भावना भरी थी, और विज्ञान व उद्योगों में पश्चिम में होनेवाली उन्नतियों को वह शौक़ से देख रहा था। लेकिन फिर भी वह इस तरह नहीं दौड़ पड़ा जैसे जापान दौड़ पड़ा था। इसमें शक नहीं कि उसके रास्ते में कई कठिनाइयां थी, जो जापान के सामने नहीं थी। मगर फिर भी कोई ऐसा काम करने में उसे झिझक थी, जिसके नतीजे से पुरानी संस्कृति से बिलकुल नाता टूट जाय। चीन का स्वभाव दार्शनिकों के जैसा था, और दार्शनिक लोग जल्दबाज़ी में कोई काम नहीं किया करते। उसके मन में बड़ी उथल-पुथल मची हुई थी और अब भी है; क्योंकि जिन समस्याओं का उसे सामना करना पड़ा था वे सिर्फ़ राजनैतिक ही नहीं थी। वे आर्थिक और समाजी और दिमाग़ी और शिक्षा से ताल्लुक रखनेवाली, वग़ैरा थी।

और फिर, चीन और भारत जैसे बेहद लम्बे-चौड़े देशों का आकार ही कठिनाइयां पैदा करता है। ये महाद्वीप-सरीखे देश हैं और इनमें कुछ-कुछ महाद्वीपों-जैसा भारीपन है। साथी जब गिरता है तो उठने में अपने भारीपन के मुताबिक समय लेता है; वह बिल्ली या कुत्ते की तरह उछलकर खड़ा नहीं हो सकता।

जब महायुद्ध शुरू हुआ तो जापान फ़ौरन मित्र-राष्ट्रों के साथ शामिल हो गया और उसने जर्मनी के ख़िलाफ़ युद्ध छेड़ दिया। उसने क्याउ-चाउ पर क़ब्ज़ा कर लिया और फिर चीन के भीतर की तरफ़ शान्तुंग प्रान्त में बढ़ने लगा, जिसमें क्याउ-चाउ है। इसका मतलब यह था कि जापानी लोग ख़ास चीन पर धावा बोल रहे थे। जर्मनी के ख़िलाफ़ लड़ने का यहां कोई सवाल नहीं था, क्योंकि इस इलाके से जर्मनी का कोई ताल्लुक़ ही नहीं था। चीनी सरकार ने नरमी के साथ उनसे वापस चले जाने को कहा। ऐसी हेकड़ी! और यह कहकर जापानियों ने झट एक सरकारी विरोध-पत्र भेज दिया, जिसमें इक्कीस मांगें गिनाई गई थीं।

ये 'इक्कीस मांगें' मशहूर हो गईं। मैं यहां उनका ज़िक्र नहीं करूंगा। इनका मतलब यह था कि तरह-तरह की रियायतें और ख़ास रियायतें, ख़ासकर मंचूरिया, मंगोलिया और शान्तुंग प्रान्त में, जापान के हवाले कर दी जायं। इन मांगों को मान लेने का नतीजा यह होता कि अमल में चीन जापान का एक उपनिवेश बन जाता। उत्तरी चीन की कमजोर सरकार ने इन मांगों पर एतराज़ किया, पर वह शक्तिशाली जापानी सेना के सामने क्या कर सकती थी? और फिर, उत्तरी चीन की यह सरकार ख़ुद अपनी ही जनता में लोकप्रिय नहीं थी। इसपर भी इसने एक काम किया, जिससे बहुत मदद मिली। इसने जापानी मांगों को प्रकाशित कर दिया। फ़ौरन ही चीन में ज़बर्दस्त बावैला मच गया, यहांतक कि दूसरी शक्तियां, जो युद्ध में मशगूल थीं, इस कार्रवाई से घबरा गईं। अमेरिका ने ख़ास

तौर पर एतराज़ किया। नतीजा यह हुआ कि जापान को कुछ मांगें तो वापस लेनी पड़ी और कुछको नरम करना पड़ा। बाकी मांगो का यह हुआ कि मई, १९१५ ई० मे जापान चीनी सरकार को डरा-धमकाकर उन्हें मनवाने में सफल हो गया। इसकी वजह से चीन में सख़्त जापान-विरोधी भावना फैल गई।

अगस्त, १९१७ ई० मे, युद्ध शुरू होने के तीन वर्ष बाद, चीन मित्र-राष्ट्रों के साथ मिल गया और उसने जर्मनी के ख़िलाफ़ लड़ाई छेड़ दी। यह बेहूदा-सी बात थी, क्योंकि चीन जर्मनी का कुछ नही बिगाड़ सकता था। इसमें चीन का सारा उद्देश्य यह था कि वह मित्र-राष्ट्रों को मनाना चाहता था और जापान के और ज़्यादा चंगुल से अपनेको बचाना चाहता था।

इसके कुछ ही दिन बाद, नवम्बर, १९१७ ई०, की बोलशेविक क्रान्ति हो गई, जिसके सबब से सारे उत्तरी एशिया मे बड़ी भारी गड़बड़ फैल गई। सोवियत व सोवियत-विरोधी फ़ौजों का एक जगी मैदान साइबेरिया था। रूसी 'सफेद' सेनापति कोलचक, सोवियतों के ख़िलाफ़ साइबेरिया को अपना अड्डा बनाकर लड़ रहा था। सोवियत की शानदार जीत से चौकन्ने होकर जापानियों ने साइबेरिया को एक बड़ी सेना भेजी। ब्रिटिश और अमरीकी सिपाही भी वहां भेजे गये। कुछ दिनों के लिए साइबेरिया से और मध्य एशिया से रूसी असर ग़ायब हो गया। ब्रिटिश सरकार ने इन इलाकों में रूस का इक़बाल पूरी तरह खतम करने का भरसक जतन किया। मध्य एशिया के बीचों-बीच काशगर मे अंग्रेज़ों ने बोलशेविक-विरोधी प्रचार के लिए एक रेडियो स्टेशन क़ायम कर दिया।

मंगोलिया में भी सोवियत व सोवियत-विरोधी लोगों के बीच घमासान लड़ाई हुई। १९१५ ई० मे ही, जबकि महायुद्ध चल रहा था, ज़ारशाही रूस की मदद से मंगोलिया चीनी सरकार से खुद-मुख्तारी हासिल करने में सफल हो गया था। राज तो चीन का ही बना रहा, पर मंगोलिया के विदेशी सम्बन्धों के मामले में रूस को भी वहां कुछ बराबरी का दर्जा दे दिया गया। यह अजीब बन्दोबस्त था। सोवियत क्रान्ति के बाद मंगोलिया में गृह-युद्ध हुआ, जिसमें तीन वर्ष से ऊपर लड़ाई के बाद सोवियतों की जीत हुई।

महायुद्ध के बाद होनेवाले सुलह-सम्मेलन के बारे में मैंने अभीतक तुम्हें कुछ नहीं बताया है। इसकी चर्चा मैं अगले पत्र में करूंगा। पर यहां इतना ज़िक्र कर देना चाहता हूं कि इस सम्मेलन ने यानी बड़ी शक्तियों ने—जिनमें ख़ास तौर से इंग्लैण्ड, फ़्रान्स और संयुक्तराज्य अमेरिका को गिनना चाहिए, चीन का शान्तुंग प्रान्त जापान की भेट करना तय किया। इस तरह, इस युद्ध के नतीजे से, इन शक्तियों ने अपने साथी चीन से उसके देश का एक टुकड़ा सचमुच जापान को दिलवा दिया। इसकी वजह यह थी कि युद्ध के दौरान में इंग्लैण्ड, फ़्रान्स और जापान

के बीच कोई गुप्त सन्धि हो गई थी। वजह चाहे जो रही हो, चीन के साथ इस गन्दी चालबाजी पर चीनी जनता ने सख्त नाराज़ी ज़ाहिर की और पेकिंग की सरकार को धमकी दी कि अगर उसने इस मामले में समझौता कर लिया तो क्रान्ति हो जायगी। जापानी माल के चौकस बायकाट का भी ऐलान कर दिया गया और जापान-विरोधी दंगे हुए। चीनी सरकार ने (जिससे मेरा मतलब उत्तर की पेकिंग सरकार से है, जो मुख्य सरकार थी) सुलह की सन्धि पर सही करने से इन्कार कर दिया।

दो वर्ष बाद संयुक्तराज्य अमेरिका के वाशिंगटन नगर में एक सम्मेलन हुआ, जिसमें शान्तुंग का यह सवाल उठाया गया। यह सम्मेलन उन सब शक्तियों का था, जिनका सुदूर पूर्व के सवाल से सरोकार था, और वे अपने ज़गी बेड़ों की तादाद पर विचार करने के लिए जमा हुई थीं। जहांतक चीन और जापान का ताल्लुक़ था, १९२२ ई० के इस वाशिंगटन-सम्मेलन से बड़े नतीजे निकले। जापान शान्तुंग वापस देने को राज़ी हो गया, और इस तरह, जिस एक सवाल ने चीनी लोगों को बुरी तरह बेचैन कर रक्खा था, उसका फ़ैसला हो गया। इन शक्तियों के बीच दो महत्व के इक़रारनामे भी हुए।

इनमें से एक इक़रारनामा, जो अमेरिका, इंग्लैण्ड, जापान और फ्रान्स के बीच हुआ, 'चार-शक्ति क़रार'[१] कहलाता है। इन चारों शक्तियों ने आपस में वचन दिये कि प्रशान्त महासागर में एक-दूसरे के क़ब्ज़े के प्रदेशों की सीमाओं को मानेंगे; यानी उन्होंने वादे किये कि एक दूसरे के प्रदेशों में घुस-पैठ नही करेंगे। दूसरा इक़रारनामा, जो 'नौ-शक्ति सन्धि'[२] कहलाता है, इस सम्मेलन में शामिल होनेवाली संयुक्तराज्य अमेरिका, बेल्जियम, इंग्लैण्ड, फ्रान्स, इटली, जापान, हॉलैण्ड, पुर्तगाल और चीन, इन नौ शक्तियों के बीच हुआ। इस सन्धि की पहली ही धारा इस प्रकार शुरू होती थी :

"चीन की प्रभुता, स्वाधीनता और प्रदेश की व शासन की अखंडता को तस्लीम करने के लिए . . .।"

ज़ाहिर है कि इन दोनों इक़रारनामों का मक़सद आयन्दा हमलों से चीन को बचाना था। इनका मक़सद था शक्तियों के रियायत-जोई और क़ब्ज़ा करने के उस खेल को रोकना जो वे अबतक खेलती आ रही थीं। पश्चिमी शक्तियों को युद्ध के बाद पैदा होनेवाली समस्याओं से ही फ़ुरसत नहीं थी, इसलिए उस वक़्त चीन में उन्हें कोई दिलचस्पी नहीं थी। इसीलिए उन्होंने आत्म-त्याग का यह फ़रमान निकाला और उसपर अमल करने की क़समें खाईं। जापान ने भी

---

[१] Four-Power Pact. [२] Nine-Power Treaty.

इसपर अमल करने की प्रतिज्ञा की, हालांकि यह उस इरादी नीति से टक्कर खाता था जिसे वह बहुत वर्षों से बरत रहा था। लेकिन ज्यादा साल बीतने न पाये थे कि यह बिल्कुल ज़ाहिर हो गया कि तमाम इक़रारनामों और वायदों के बावजूद, जापान ने उलटे अपनी पुरानी नीति जारी रक्खी और चीन पर हमला कर दिया। अन्तर्राष्ट्रीय झूठ और मक्कारी की यह एक अनोखी निर्लज्जतापूर्ण मिसाल है। आगे चलकर जो घटनाएं हुई, उनकी भूमिका समझाने के लिए मुझे यहां वाशिंगटन-सम्मेलन का ज़िक्र करना पड़ा।

इसी वाशिंगटन-सम्मेलन के आस-पास ही साइबेरिया से विदेशी सिपाहियों को आख़िरी तौर पर हटा लिया गया। जापानी सबसे अख़ीर में हटे। इनके हटते ही मुक़ामी सोवियतें फ़ौरन मैदान में आ गईं और रूस के सोवियत गणराज्य में शामिल हो गई।

रूसी सोवियत ने अपने क़ायम होने के कुछ ही दिन बाद चीनी सरकार को लिखा था और उन तमाम ख़ास सहूलियतों को छोड़ने का इरादा ज़ाहिर किया था, जिनका दूसरी साम्राज्यशाही शक्तियों की तरह, ज़ारशाही रूस भी फ़ायदा उठा रहा था। एक तो साम्राज्यवाद और साम्यवाद का किसी तरह का साथ नहीं हो सकता, पर इसके अलावा भी, सोवियत ने पूर्वी देशों के साथ जिन्हें पश्चिमी शक्तियां बहुत समय से निचोड़ रही थीं और दबा रही थीं, जानबूझकर उदार नीति अपनाई। सोवियत रूस के लिए यह नेक-नीयती तो थी ही, ठोस नीति भी थी, क्योंकि इससे पूर्व के कई देश उसके दोस्त बन गये। ख़ास सहूलियतों को छोड़ने का रूस का प्रस्ताव बिना किसी तरह की शर्तों के था; वह बदले में कुछ नहीं चाहता था। इसपर भी चीनी सरकार रूस के साथ ताल्लुक़ बढ़ाने में डरती थी कि कहीं पश्चिम की यूरोपीय शक्तियां नाराज़ न हो जायं। ख़ैर, अन्त में रूसी और चीनी प्रतिनिधि एक जगह मिले और १९२४ ई० में दोनों में कुछ बातों पर इक़रारनामा हो गया। इस इक़रारनामे की ख़बर लगते ही फ्रान्सीसी, अमरीकी और जापानी सरकारों ने पेकिंग सरकार को अपना विरोध लिख भेजा और वह इतनी घबरा गई कि उसने सचमुच इस इक़रारनामे पर अपने प्रतिनिधि के दस्तख़तों को ही मानने से इन्कार कर दिया। बेचारी पेकिंग सरकार की हालत इतनी तंग हो गई थी! इसपर रूसी प्रतिनिधि ने इक़रारनामे की सारी इबारत प्रकाशित कर दी। इससे काफ़ी सनसनी फैल गई। यह पहला ही मौक़ा था कि शक्तियों के साथ अपने रब्त-ज़ब्त में चीन को इज़्ज़त और भलमनसाहत का बर्ताव मिला था और उसके हकों को तस्लीम किया गया था। चीनी लोग तो इसपर ख़ुशी से उछल पड़े और सरकार को इसके ऊपर सही करनी पड़ी। साम्राज्यशाही शक्तियों के लिए इसे नापसन्द करना लाज़िमी था क्योंकि

इससे उनकी सारी पोल खुल जाती थी। रूस तो उदारता से दे रहा था, पर ये अपनी तमाम ख़ास सहूलियतों पर अड़ी हुई थीं।

सोवियत सरकार ने डा० सनयात-सेन की दक्षिणी चीनी सरकार से भी बातचीत शुरू की, जिसका सदर मुक़ाम कैण्टन में था, और दोनों में आपसी समझौता हो गया। क़रीब-क़रीब इस सारे ही समय में, उत्तर व दक्षिण के बीच, और उत्तर में कितने ही फ़ौजी सेनापतियों के बीच, एक हलका-सा गृह-युद्ध चल रहा था। ये उत्तरी तूशन, या इनमें से महा-तूशन कहलानेवाले कुछ लोग, किसी उसूल या कार्यक्रम के लिए नहीं लड़ रहे थे; उनकी लड़ाई तो अपने-अपने लिए सत्ता हथियाने की थी। वे एक-दूसरे के साथ मिल जाते और फिर दूसरे पक्ष में जा मिलते और नई गुट-बन्दी कर लेते। ये लगातार बदलनेवाली गुट-बन्दियां बाहरवालों को बहुत चक्कर में डाल देती थीं। ये तूशन, या फ़ौजी हौसले-बाज़, निजी सेनाएं खड़ी करते थे, निजी टैक्स वसूल करते थे, और निजी युद्धों में लगे रहते थे और इन सबका बोझ पड़ता था बेचारी मुसीबत की मारी चीनी जनता पर। कहते हैं कि कुछ महा-तूशनों की पीठ पर विदेशी शक्तियां थीं; खासकर जापान। शांघाई की बड़ी-बड़ी व्यापारी कम्पनियों से भी इन्हें रुपये-पैसे की मदद मिलती रहती थी।

इस अंधेरे के बीच दक्षिण ही एक चमकदार मुक़ाम था, जहां डा० सनयात-सेन की सरकार काम कर रही थी। इसके कुछ आदर्श थे और एक नीति थी, और यह तूशनों की कुछ हुकूमतों की तरह लुटेरों का मामला नहीं थी। १९२४ ई० में कुओ-मिन-तांग या जनता के दिल की पहली राष्ट्रीय कांग्रेस हुई और डा० सनयात-सेन ने इसके सामने एक घोषणा-पत्र रक्खा। इस घोषणा-पत्र में उसने उन सिद्धान्तों को पेश किया, जिनपर राष्ट्र को चलना चाहिए। यह घोषणा-पत्र और ये सिद्धान्त तबसे कुओ-मिन-तांग का आधार रहे हैं, और आज भी यह कहा जाता है कि नामधारी राष्ट्रीय सरकार की आम नीति इन्हींपर आधारित है।

मार्च, १९२५ ई०, में डा० सनयात-सेन की मृत्यु हो गई। इसने अपनी जान चीन की सेवा में खपा दी थी और यह चीनी जनता का प्यारा बन गया था।

: १५४ :
युद्ध-काल में भारत

१६ अप्रैल, १९३३

ब्रिटिश साम्राज्य का अंग होने के नाते भारत का तो महायुद्ध से सीधा लगाव था। लेकिन भारत में या उसके पास कोई असली लड़ाई का मैदान नहीं

बना। फिर भी, युद्ध ने भारत की घटनाओं पर, कितनी ही तरह से सीधा और तिरछा असर डाला, जिसके नतीजे से यहां भारी परिवर्तन हुए। मित्र-राष्ट्रों को सहायता पहुंचाने के लिए यहां के साधनों का भरपूर कस निकाल लिया गया।

यह भारत का युद्ध नहीं था। जर्मन शक्तियों के ख़िलाफ़ भारत को कोई शिकायत नही थी और तुर्की के लिए तो यहां बहुत ज़्यादा सहानुभूति थी। लेकिन इस मामले में भारत लाचार था। वह तो इंग्लैण्ड की मातहती रियासत था जिसे मजबूरन अपने साम्राज्यशाही मालिक की मर्ज़ी के मुताबिक चलना पड़ता था। बस, इसलिए देश में घोर विरोध होते हुए भी भारतीय सिपाही तुर्कों और मिस्रियों और दूसरे लोगों के ख़िलाफ़ लड़े और इसकी वजह से पश्चिमी एशिया में भारत बुरी तरह बदनाम हो गया।

जैसाकि मैं किसी पिछले पत्र में लिख चुका हूं, युद्ध शुरू होने के समय भारत की राजनैतिक हालत बहुत गिरी हुई थी। युद्ध शुरू होने पर तो लोगों का ध्यान राजनीति की तरफ़ से और भी हट गया और युद्ध के सिलसिले मे ब्रिटिश सरकार की बहुत-सी एहतियाती कार्रवाइयों की वजह से कोई भी कारगर राजनैतिक हलचल कठिन हो गई। सरकारें बाक़ी सबको दबाने के लिए और अपनी मनमानी करने के लिए युद्ध-काल को अच्छा बहाना बना लेती है। अगर कोई छूट दी जाती है तो खुद अपने-आपको। अख़बारों पर सेंसर लगा दिया जाता है, जो सचाई का गला घोंट देता है, अक्सर झूठी बातें फैलाता है, और आलोचना का मुह बन्द कर देता है। हर किस्म की राष्ट्रीय हलचलों पर रोकथाम रखने के लिए ख़ास क़ानून और क़ायदे बनाये जाते हैं। युद्ध में फंसे हुए सारे देशों में ऐसा ही किया गया और भारत में भी लाज़िमी तौर पर यही हुआ। यहां 'भारत रक्षा कानून'[1] जारी किया गया। इस तरह युद्ध की, या युद्ध से ताल्लुक रखनेवाली हर बात की सार्वजनिक आलोचना का रास्ता कारगर तरीक़े से बन्द कर दिया गया। पर इस सबके पीछे लोगों के दिलों में तुर्की के लिए आम सहानुभूति थी, और सब यह मनाते थे कि इंग्लैण्ड की जर्मनी के हाथों ख़ूब पिटाई हो। जो देश खुद बुरी तरह पिट चुके थे, उनमें तो ऐसी चाह का होना कुदरती बात थी। लेकिन खुल्लम-खुल्ला इसका इज़हार नहीं किया जाता था।

खुले तौर पर तो इंग्लैण्ड के लिए वफ़ादारी की ज़ोरदार पुकारों से आसमान गूंज रहा था। सबसे ज़्यादा शोर मचानेवाले राजा लोग थे और उनसे कम ऊपरके मध्यमवर्गी लोग थे, जिनका सरकार से ताल्लुक़ पड़ता था। मित्र-राष्ट्रों ने लोकतन्त्र व स्वतन्त्रता की और छोटे-छोटे राष्ट्रों की आज़ादी की जो पाखंडभरी दुहाइयां दीं, उनके जाल में कुछ हद तक मध्यमवर्ग भी फंस गया।

---

१ Defence of India Act

लोगों ने सोचा कि शायद यह चीज़ भारत पर भी लागू हो, और उन्हें आशा हुई कि इस मुसीबत की घड़ी में इंग्लैण्ड को जो मदद दी जायगी उसका बाद में उचित इनाम मिलेगा। और फिर हर हालत में इसके सिवा कोई चारा ही नही था, और न कोई दूसरा बेखटक रास्ता था; इसलिए उन्होंने रपट पड़े की हरगंगा में ही भलाई समझी। भारत में वफ़ादारी के इस ऊपरी इज़हार को उन दिनों इंग्लैण्ड में खूब सराहा गया और तरह-तरह से एहसान जतलाया गया। जिनके हाथ में सत्ता थी उनकी ओर से कहा गया कि इसके बाद इंग्लैण्ड भारत को 'नये दृष्टि-कोण' से देखेगा। पर भारत में और विदेशों में कुछ भारतवासी ऐसे भी थे जिन्होंने 'वफ़ादारी' का यह रुख नहीं अपनाया। ज़्यादातर लोगों की तरह वे चुपचाप और हाथ-पर-हाथ धरकर भी नहीं बैठे रहे। आयर्लैण्डवालों के पुराने कौल के मुताबिक उनका विश्वास था कि इंग्लैण्ड की कठिनाई उनके देश के लिए अच्छा मौक़ा है। ख़ासकर जर्मनी व यूरोप के दूसरे देशों में रहनेवाले कुछ भारतीय इंग्लैण्ड के दुश्मनों को मदद देने के उपाय खोजने के लिए बर्लिन में जमा हुए और इस काम के लिए उन्होंने एक कमेटी बनाई। जर्मन सरकार तो हर तरह की सहायता लेने को क़ुदरती तौर पर तैयार बैठी ही थी, इसलिए उसने इन भारतीय क्रान्तिकारियों का स्वागत किया। जर्मन सरकार और भारतीय कमेटी, इन दोनों पक्षों के बीच बाक़ायदा तहरीरी समझौता हुआ और दोनों ने इसपर दस्तख़त किये। इसके मातहत भारतीयों ने, दूसरी बातों के अलावा, युद्ध में जर्मन सरकार को सहायता देने का इस शर्त पर वचन दिया कि जीत होने पर जर्मनी भारत की आज़ादी पर ज़ोर देगा। इसपर इस कमेटी ने जबतक युद्ध चला तबतक जर्मनी के हित में काम किया। इन्होंने भारत से बाहर भेजे जाने-वाले भारतीय सिपाहियों में प्रचार किया और इनकी कार्रवाइयां ठेठ अफगानिस्तान और भारत के सरहदी इलाक़े तक फैल गईं। लेकिन अंग्रेजों की परेशानियां खूब बढ़ा देने के सिवा वे और कुछ करने में सफल नहीं हुए। समुद्री रास्ते में भारत को हथियार भेजने की कोशिश को अंग्रेजों ने विफल कर दिया। युद्ध में जर्मनी की हार से इस कमेटी का और इसके हौसलों का ख़ुद ही अन्त हो गया।

भारत में भी क्रान्तिकारी हलचलों के कुछ मामले हुए और षड्यन्त्र के मुक़दमों का फैसला करने के लिए खास अदालतें कायम की गई। बहुतों को फांसी की और बहुतों को लम्बी-लम्बी क़ैद की सजाएं दी गई। उस समय के सज़ा पाये हुए कुछ लोग आज अठारह वर्ष बाद भी जेलों में पड़े हुए हैं।

युद्ध के दौरान में और देशों की तरह यहां के मुट्ठीभर लोगों ने भी खूब लम्बे-चौड़े मुनाफ़े कमाये, लेकिन ज़्यादातर जनता को दिन-पर-दिन ज़्यादा तंगी महसूस हुई और असन्तोष बढ़ने लगा। मोर्चे पर भेजने के लिए आदमियों की मांग

बढ़ती ही चली गई और सेना के लिए बड़े ज़ोरों से भर्ती की जाने लगी। रंगरूट लानेवालों को हर तरह के लालच और इनाम दिये गए, और जमींदारों को अपने असामी काश्तकारों मे से रंगरूटों की बंधी हुई संख्या देने को मज़बूर किया गया। सेना और मज़दूरों की पलटनों के लिए आदमियों को जबरन् भर्ती के ये 'दबाऊ तरीक़े'[1] पंजाब मे ख़ासतौर पर इस्तेमाल किये गए। सिपाहियों की तरह और मज़दूर पलटनों के लिए जुदा-जुदा मोर्चों पर भारत से जानेवाले आदमियों की कुल संख्या दस लाख से ऊपर पहुंच गई थी। जिन लोगों पर इन बातों का असर पड़ा, उनमें इन तरीकों से बहुत नाराजी फैली, और कहते हैं कि युद्ध के बाद पंजाब मे जो झगड़े हुए, उनका एक सबब यह भी था।

पंजाब पर युद्ध का एक और तरह से भी असर पड़ा। बहुत-से पंजाबी, और ख़ासकर सिक्ख, संयुक्तराज्य अमेरिका के कैलिफोर्निया में और पश्चिमी कनाडा के ब्रिटिश कोलम्बिया में जाकर बस गये थे। जबतक अमेरिका और कनाडा के अधिकारियों ने बन्द नही किया तबतक प्रवासियों का यह तांता लगा ही रहा। इस तरह आनेवालों के रास्ते मे रुकावट पैदा करने के लिए कनाडा की सरकार ने एक नियम बनाया कि सिर्फ़ उन्हीं आनेवालों को कनाडा में क़दम रखने दिया जायगा जो रास्ते मे बिना जहाज़ की बदली किये सीधे एक बन्दरगाह से दूसरे बन्दरगाह को आयेंगे। इसका मतलब भारतीय आनेवालों को रोकना था, क्योंकि उन्हें चीन या जापान मे हर हालत मे जहाज़ बदलने पड़ते थे। इसपर बाबा गुरदीत सिंह नामक एक सिक्ख ने कोमागाटामारू नामक पूरा-का-पूरा जहाज़ किराये पर लिया और वह अपने साथ प्रवासियों की भीड़-की-भीड़ कलकत्ता से ठेठ कनाडा में वैन्कोवर को ले गया। इस तरह इसने चालाकी से कनाडा के क़ानून की बचत निकाल ली, पर कनाडा तो उसे किसी तरह भी अपने यहां नहीं रखना चाहता था, इसलिए किसी आवासी को जहाज़ से नही उतरने दिया गया। उन्हें उसी जहाज़ से वापस भेज दिया गया और वे सब-कुछ खोकर और गुस्से में भरे हुए भारत लौटे। कलकत्ता के पास बज-बज में पुलिस के साथ इनकी ख़ासी झड़प हुई, जिसमें ख़ासकर सिक्खों के बहुत आदमी मारे गये। बाद में इन सिक्खों के पीछे ख़ुफ़िया पुलिस लगा दी गई और सारे पंजाब में इनका पीछा किया गया। इन लोगो ने भी पंजाब में गुस्सा और असन्तोष भड़काया, और कोमागाटामारू की घटना से सारे भारत में नाराज़ी फैल गई।

युद्ध के उन दिनों में जो कुछ हुआ, उस सबकी जानकारी करना मुश्किल है, क्योंकि सेन्सर की वजह से बहुत सारे समाचार प्रकाशित ही नहीं हो पाते थे, और इसलिए बे-सिर-पैर की अफवाहें उड़ा करती थीं। फिर भी, यह मालूम है कि

---

[1] "Press-gang" Methods.

सिंगापुर में एक भारतीय पल्टन में भारी बग़ावत हुई और दूसरे बहुतेरे स्थानों पर भी छोटे पैमाने पर गड़बड़ें हुईं।

युद्ध के लिए सिपाही देने व दूसरी तरह से मदद पहुंचाने के अलावा भारत को नक़द रुपया भी मुहैय्या करना पड़ा। यह भारत की 'भेंट' कहलाती थी। एक मौक़े पर इस तरह दस करोड़ पौंड दिये गए और बाद में इससे भी बड़ी रक़म दी गई। एक ग़रीब देश से जबरन् वसूल किये गए इस चन्दे को 'भेंट' कहने के लिए ब्रिटिश सरकार के मसख़रेपन की दाद देनी चाहिए!

यह सब जो कुछ अभी मैंने तुम्हें बतलाया है, उसमें, जहांतक भारत का ताल्लुक है, युद्ध के कम महत्ववाले नतीजों को ही शामिल किया गया है। लेकिन युद्धकालीन हालतों के सबब से एक बहुत बड़ा बुनियादी परिवर्तन पैदा हो रहा था। युद्ध के दौरान में, और देशों के विदेशी व्यापार की तरह, भारत का विदेशी व्यापार भी बिल्कुल चौपट हो गया था। ब्रिटिश माल की भारी मिक़दार, जो भारत आया करती थी, अब बहुत कम हो गई। भूमध्य सागर में और अतलांतिक महासागर मे जर्मन पनडुब्बिया जहाज़ों को डुबो देती थीं और इन हालतो में व्यापार जारी रखना सम्भव नहीं था। इसलिए भारत को अपने लिए ख़ुद इन्तज़ाम करना पड़ा और अपनी ज़रूरतें आप पूरी करनी पड़ीं। युद्ध के लिए ज़रूरी हर क़िस्म की चीज़ें भी उसे सरकार के लिए मुहैय्या करनी पड़ती थी। इसके नतीजों से भारतीय उद्योग-धन्धे तेज़ी से बढ़ने लगे। इनमें कपड़े और पटसन-जैसे पुराने उद्योग और नये युद्धकालीन उद्योग, दोनों शामिल थे। टाटा के लोहे व इस्पात के कारख़ाने ने, जिसकी तरफ़ सरकार ने अभीतक बेरुख़ी दिखाई थी, अब ज़बर्दस्त महत्व हासिल कर लिया, क्योंकि वह युद्ध का सामान तैयार कर सकता था। अब इसका संचालन बहुत-कुछ सरकारी देख-रेख में होने लगा।

इसलिए जबतक युद्ध चलता रहा तबतक भारत के अंग्रेज़ों व भारतीय पूंजीपतियों, दोनों को खुला मैदान मिल गया और विदेशों से कोई होड़ नहीं रही। इस मौक़े का उन्होंने पूरा फ़ायदा उठाया और बेचारी भारतीय जनता का पेट काटकर इससे मुनाफ़े कमाये। माल की क़ीमतें बढ़ा दी गई और बेशुमार मुनाफ़े बांटे गये। पर जिन मज़दूरों की मेहनत ने ये मुनाफ़े और नफ़े पैदा किये थे, उनकी दुखी हालतों में कोई परिवर्तन नहीं दिखाई दिया। उनकी मज़दूरियां कुछ बढ़ी, लेकिन जीवन की ज़रूरी चीज़ों की क़ीमतें इससे बहुत ज़्यादा बढ़ गई, इसलिए उनकी हालत सचमुच और भी बुरी हो गई।

लेकिन पूंजीपति ख़ूब मालदार हो गये और उन्होंने मुनाफ़े से बेशुमार दौलत जमा कर ली, जिसे उन्होंने फिर उद्योगों मे लगाना चाहा। यह पहला मौक़ा था जब भारतीय पूंजीपति इतने ज़ोरदार हो गये कि वे सरकार पर दबाव

डालने लगे। इस दबाव के अलावा भी घटनाओं के ज़ोर ने ब्रिटिश सरकार को युद्ध-काल में भारतीय उद्योगों की मदद करने के लिए मजबूर कर दिया। देश के और ज़्यादा उद्योगीकरण की मांग के सबब से विदेशों से ज़्यादा मशीनें मंगवाई गई, क्योंकि इस क़िस्म की मशीनें उस समय भारत में नहीं बन सकती थी। इसलिए जहां पहले इंग्लैण्ड से भारत को तैयार माल आता था, उसके बजाय अब मशीनें ज़्यादा आने लगीं।

इन सब बातों की वजह से भारत में ब्रिटिश सरकार की नीति में भारी परिवर्तन हो गया; सौ वर्ष पुरानी नीति छोड़ दी गई और उसकी जगह एक नई नीति अपनाई गई। ब्रिटिश साम्राज्यशाही ने अपनेको बदलती हुई हालतों के मुताबिक़ ढालकर अपना चेहरा पूरी तरह बदल डाला! तुम्हें याद होगा कि मैंने तुम्हें भारत में अंग्रेज़ी राज की शुरू की मंज़िलों का हाल बतलाया था। पहली मंज़िल लूट का माल और नक़दी ले जाने की अठारहवी सदी की थी। फिर दूसरी मंज़िल आई जब अंग्रेज़ी हुकूमत की जड़ मज़बूती से जम गई और जो युद्ध की ठेठ शुरूआत तक सौ वर्षों से ऊपर बनी रही। इसमें भारत को कच्चे माल के मैदान की तरह और इंग्लैण्ड के तैयार माल का हाट-बाज़ार बनाकर रक्खा गया। यहां बड़े-बड़े उद्योगों के विकास को हर तरह से रोका गया और भारत की आर्थिक उन्नति नहीं होने दी गई। अब युद्ध-काल में तीसरी मंज़िल आई जब ब्रिटिश सरकार ने भारत के बड़े-बड़े उद्योग-धन्धों को बढ़ावा दिया और यह इस तथ्य के बावजूद किया गया कि इससे कुछ हद तक इंग्लैण्ड के उद्योगपतियों के स्वार्थों को नुक़सान पहुंचा। यह साफ़ है कि अगर भारतीय कपड़ा उद्योग को बढ़ावा दिया जाता है तो उसी हद तक लंकाशायर को नुक़सान पहुंचता है, क्योंकि भारत लंकाशायर का सबसे बड़ा ग्राहक रहा है। तब ब्रिटिश सरकार ने लंकाशायर व दूसरे ब्रिटिश उद्योगों के हितों को नुक़सान पहुंचाकर अपनी नीति में यह परिवर्तन क्यों किया? मैं पहले ही बतला चुका हूं कि युद्ध से पैदा होनेवाली हालतों ने उसे ऐसा करने के लिए किसी तरह मजबूर कर दिया था। इस नीति-परिवर्तन के कारणों पर हम ब्यौरे के साथ विचार कर लें :

१. युद्ध-काल की मांगें अपने-आप इस नतीजे पर पहुंचने के लिए मजबूर करती हैं और भारत में उद्योगीकरण को आगे की ओर धकेलती हैं।

२. इससे भारतीय पूंजीपति-वर्ग बढ़ता है और ज़ोरदार बनता है। नतीजा यह होता है कि अपने बचत के धन को व्यवसाय में लगाने का मौक़ा हासिल करने के लिए वह उद्योगों के विकास के लिए दिन-पर-दिन ज़्यादा सहूलियतों की मांग करता है। इंग्लैण्ड अब इस स्थिति में नहीं है कि इनकी परवा न करे, क्योंकि ऐसा करने के इनके विरोधी बन जाने की, और देश के उन सरगर्म व क्रान्ति-

कारी तत्वों के समर्थक बन जाने का डर है, जिनका ज़ोर बढ़ रहा है। इसलिए, विकास के लिए कुछ सहूलियतें देकर इन्हें जहांतक हो सके ब्रिटिश पक्ष में मिलाये रखना ज़रूरी हो जाता है।

३. इंग्लैण्ड के पूंजीपति-वर्ग का फालतू धन भी अविकसित देशों के उद्योगों में लगने के मौक़े तलाश करता है, क्योंकि यहां मुनाफ़े वहा से ज़्यादा है। चूंकि ख़ुद इंग्लैण्ड का भरपूर उद्योगीकरण हो चुका है, इसलिए वहां पूंजी लगाने के ऐसे माकूल साधन नहीं है। मुनाफ़े भी बहुत ज़्यादा नहीं मिलते, और संगठित मज़दूर-आन्दोलन की ताक़त के सबब से मज़दूर-वर्ग के साथ झगड़े अक्सर होते है। अविकसित इलाकों का मजदूर-वर्ग कमजोर है, इसलिए मजूरी की दरें नीची हैं और मुनाफ़े ऊंचे है। इसलिए अंग्रेज़ पूजीपति कुदरती तौर पर अपनी पूंजी भारत-जैसे इंग्लैण्ड के अधीन अविकसित इलाकों मे लगाना ज़्यादा पसन्द करते है। बस, ब्रिटिश पूजी भारत में आ जाती है और इसके नतीजों से उद्योगीकरण और भी आगे बढ़ जाता है।

४. युद्ध से हासिल होनेवाले तजुरबे बतलाते है कि सिर्फ़ वे ही देश युद्ध को कारगर तरीक़े से जारी रख सकते हैं, जिनका भरपूर उद्योगीकरण हो चुका हो। युद्ध में आख़िरकार ज़ारशाही रूस की कमर इसीलिए टूट गई कि वहां काफ़ी उद्योगीकरण नही हुआ था और उसे दूसरे देशों पर निर्भर रहना पड़ा था। इंग्लैण्ड को डर है कि शायद अगला युद्ध भारतीय सरहद पर सोवियत रूस के साथ छिड़ जाय। अगर भारत में भारत के अपने बड़े-बड़े उद्योग न हों तो ब्रिटिश सरकार सरहद पर युद्ध को ठीक तरह चलाने में समर्थ न होगी। इतना बड़ा ख़तरा उठाया नही जा सकता। इसलिए फिर वही नतीजा निकलता है कि भारत का उद्योगीकरण होना चाहिए।

इन वजहों से ब्रिटिश नीति लाज़िमी तौर पर बदली और भारत के उद्योगीकरण का फैसला किया गया। इंग्लैण्ड की आम साम्राज्यशाही नीति की यह मांग थी, भले ही उससे लंकाशायर को या दूसरे ब्रिटिश उद्योगों को धक्का पहुंचे। हां, इंग्लैण्ड ने यह ज़रूर जतलाया कि इस परिवर्तन की वजह भारत के लिए और उसकी भलाई के लिए ब्रिटिश सरकार की बेहद चाह है। इस नीति का फैसला कर लेने के बाद इंग्लैण्ड ने यह पक्का करने के उपाय किये कि भारत के नये उद्योगों की बागडोर ब्रिटिश पूंजीपतियों के हाथों में रहे। भारतीय पूंजीपतियों को बड़े एहसान के साथ इस व्यवसाय में बहुत छोटे साझीदार की तरह लिया जाता है।

युद्ध-काल में, १९१६ ई० में, एक भारतीय उद्योग-कमीशन मुकर्रर किया गया, और दो वर्ष बाद उसने अपनी रिपोर्ट दी, जिसमें ये सिफ़ारिशें की गईं कि

सरकार भारतीय उद्योगों को बढ़ावा दे और खेती में नये औद्योगिक साधनों का इस्तेमाल शुरू किया जाय। उसने यह भी सुझाया कि देश के सब बालक-बालिकाओं को प्राथमिक शिक्षा देने का प्रयत्न किया जाय। जैसाकि इंग्लैण्ड में कारख़ानों के विकास के शुरूआती दिनो मे किया गया था, उसी तरह यहां भी कारीगर मज़दूर-वर्ग पैदा करने के लिए बड़े पैमाने पर मामूली शिक्षा ज़रूरी समझी गई।

युद्ध के बाद इस कमीशन के पीछे ढेरों दूसरे कमीशन और कमेटियां बनाई गईं। यहांतक सुझाव रक्खा गया कि भारतीय उद्योगों को चुंगियों या आयात-निर्यात चुंगियों के जरिये 'सरक्षण'[1] दिया जाना चाहिए। भारतीय उद्योगो के लिए यह बड़ी भारी जीत समझी गई। और कुछ हद तक यह थी भी। लेकिन बारीक़ी से छान-बीन करने पर कुछ मजेदार पहलू सामने आये। इरादा यह था कि विदेशी पूंजी को भारत आने के लिए बढ़ावा दिया जाय, और अमल में विदेशी पूजी का मतलब था ब्रिटिश पूजी; और ब्रिटिश पूजी धड़ाधड़ आने लगी। उसकी प्रधानता तो हो ही गई, बल्कि प्रधानता भी ऐसी कि गर्क करनेवाली। बड़ी-बड़ी कम्पनियों में से बहुत ज़्यादा कम्पनियां ब्रिटिश पूजी के बल पर चल रही थीं। इसलिए भारत में आयात-निर्यात चुंगियो और संरक्षणों का नतीजा हुआ भारत में ब्रिटिश पूजी का सरक्षण ! यों भारत में ब्रिटिश नीति मे यह बड़ा परिवर्तन आख़िर ब्रिटिश पूजीपतियो के हित में इतना बुरा साबित नहीं हुआ। उन्हें पांव फैलाने के लिए और अपने मज़दूरो को कम मजूरियां देकर मुनाफ़ कमाने के लिए अच्छे पनाहदार हाट-बाज़ार मिल गये। भारत, चीन, मिस्र व ऐसे ही दूसरे देशों में, जहां मजूरी की दरें कम थी, अपनी पूजी लगाने के बाद उन्होंने इंग्लैण्ड में अंग्रेज मज़दूरों की मजूरियां कम करने की धमकी दी। उन्होंने मज़दूरों से कहा कि अगर ऐसा नही किया गया तो वे भारत, चीन, वगैरा के कम मजूरी के बने हुए माल के मुक़ाबले मे खड़े नहीं रह सकेंगे। और इन पूजीपतियों ने अंग्रेज़ कारीगर को यह भी बतला दिया कि अगर वह अपनी मजूरी में कटौती पर एतराज़ करेगा तो उन्हें दु:ख के साथ मजबूर होकर इंग्लैण्ड मे अपने कारख़ाने बन्द करने पड़ेंगे और अपनी पूंजी दूसरी जगह लगानी पड़ेगी।

भारत में उद्योगों पर क़ाबू रखने के लिए भारत की अंग्रेज सरकार ने और भी कई तरह की कार्रवाइयां कीं। यह पेचीदा विषय है, इसलिए मैं इसकी चर्चा नहीं करना चाहता। लेकिन एक चीज़ मैं बतला दूं। आजकल के उद्योगों में बैंकों का काम बहुत महत्व का होता है, क्योंकि बड़े-बड़े उद्योगों के लिए रुपया उधार लेने की ज़रूरत होती है। अगर उधार लेने की ये सहूलियतें मिलना बन्द हो जायं

---

[1] Protection—**विदेशी माल पर चुंगियां या महसूल लगाकर देश की पैदावार बढ़ाना या उसे नुक़सान न होने देना।**

तो अच्छे-से-अच्छा धन्धा भी एकदम पैदे बैठ सकता है। चूंकि बैंक यह रुपया उधार देते हैं, इसलिए तुम समझ सकती हो कि उनमें ज़रूरी तौर पर कितनी ताक़त होती है। वे किसी भी धन्धे को बना या बिगाड़ सकते हैं। युद्ध ख़तम होने के कुछ ही दिन बाद ब्रिटिश सरकार ने भारत की सारी बैंक-व्यवस्था को अपने क़ब्ज़े में ले लिया। इस तरह से, और सरकारी सिक्कों के चलन में हथकंडे करके, सरकार भारतीय उद्योगों और कम्पनियों पर बड़ा भारी अधिकार चला सकती है। इसके अलावा, भारत में अंग्रेज़ी व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 'इम्पीरियल प्रिफ़रेंस' की नीति चलाई। इसका मतलब यह था कि अगर विदेशी माल पर संरक्षण के लिहाज से टैक्स लगाये जायं तो ब्रिटिश माल पर या तो कम टैक्स लगें या बिल्कुल न लगें, ताकि दूसरे मालों के मुक़ाबले में ब्रिटिश माल का पाया ऊंचा रहे।

युद्ध के दौरान में भारतीय पूंजीपति-वर्गों और ऊपरके मध्यम वर्गों की बढ़ती हुई ताक़त का असर राजनैतिक आन्दोलन में भी ज़ाहिर होने लगा। राजनीति धीरे-धीरे युद्ध से पहले की और युद्ध के शुरू की सुस्ती से बाहर निकली, और स्वराज वग़ैरा के लिए तरह-तरह की मांगे की जाने लगी। अपनी लम्बी सज़ा काटने के बाद लोकमान्य तिलक जेल से छूटकर आये। जैसाकि मैं बतला चुका हूं, कांग्रेस उन दिनों नरम दल के हाथों में थी और यह एक छोटी-सी बिना असरवाली जमात थी, जिसका जनता से कोई सम्पर्क नहीं था। चूंकि ज़्यादा तरक्की-पसंद राजनैतिक लोग कांग्रेस के बाहर थे, इसलिए उन्होंने होमरूल लीगों का संगठन किया। इस तरह की दो लीगें क़ायम हुईं, एक लोकमान्य तिलक की, और दूसरी श्रीमती ऐनी बेसेन्ट की। कुछ वर्षों तक श्रीमती बेसेन्ट ने भारतीय राजनीति में बहुत बड़ा हिस्सा लिया और उनकी बोलने की कला व ज़ोरदार वकालत ने राजनीति में लोगों की दिलचस्पी फिर से जगाने में बहुत मदद की। सरकार ने उनके प्रचार को इतना ख़तरनाक समझा कि उसने उन्हें, उनके दो साथियों समेत, कुछ महीनों के लिए नज़रबन्द तक कर दिया। उन्होंने कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन की सदारत की, और वह पहली महिला थीं, जो कांग्रेस की अध्यक्ष बनीं। कुछ वर्ष बाद श्रीमती सरोजनी नायडू कांग्रेस की दूसरी महिला अध्यक्ष हुईं।

१९१६ ई० में कांग्रेस के दोनों पक्षों—नरम व गरम दलों—में समझौता हो गया और दिसम्बर, १९१६ ई० के लखनऊ अधिवेशन में दोनों शामिल हुए। मगर यह समझौता बहुत थोड़े दिन टिका क्योंकि दो ही वर्ष के भीतर फिर फूट पड़ गई, और नरम दल के लोग, जो अब अपनेको 'उदारदली' कहने लगे थे, कांग्रेस से अलग हो गये, और तब से अलग ही हैं।

कांग्रेस का, १९१६ ई० का लखनऊ अधिवेशन, कांग्रेस में दुबारा जान

पड़ने को ज़ाहिर करता है। तब से कांग्रेस का बल और महत्व बढ़ते ही चले गये और अपने इतिहास मे वह पहली बार मध्यम-वर्गो का सच्ची राष्ट्रीय संगठन बनने लगी। असली जनता से उसका कोई सरोकार नहीं था और जबतक गांधीजी नही आये तबतक जनता को भी इसमें कोई दिलचस्पी नहीं थी। इस तरह नाम-धारी नरमदली और गरमदली लोग कम-बढ़ एक ही वर्ग के, यानी मध्यमवर्ग के प्रतिनिधि थे। नरमदल वाले मुट्ठीभर खुशहाल लोगों के या सरकारी नौकरियों के लिए तैयार बैठे लोगों के प्रतिनिधि थे, या यह कहना ज़्यादा ठीक होगा कि खुद ही खुशहाल थे या सरकारी नौकरियां चाहते थे। गरमदलवालों के साथ मध्यम-वर्ग के ज़्यादातर हिस्से की सहानुभूति थी और उनकी क़तारों में बहुत सारे बेकार दिमाग़ी लोग थे। ये दिमाग़ी लोग (जिनसे मेरा मतलब सिर्फ़ थोड़े-बहुत शिक्षित लोगों से है) इनकी क़तारों को कट्टर बनाते थे और क्रान्तिकारियों की क़तारों को भी रंगरूट देते थे। नरम और गरम-दलों के मक़सदों और आदर्शों में कोई बड़ा फ़र्क़ नही था। दोनों ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर स्वराज के हामी थे, और दोनों फिलहाल स्वराज का एक टुकड़ा लेने को तैयार थे। हां, गरमदलवाले नरमदलवालों से कुछ ज़्यादा चाहते थे और उनकी बनिस्बत ज़रा ज़्यादा कड़ी भाषा बोलते थे। अलबत्ता मुट्ठीभर क्रान्तिकारी आज़ादी की पूरी मिकदार चाहते थे, पर कांग्रेस के नेताओं पर उनका कोई असर नहीं था। नरमदल और गरम-दल में बुनियादी फ़र्क यह था कि नरम-दली लोग धन-साधन वालों[1] और इनके पिछलग्गुओं का एक मालदार दल था और गरसदली लोगों मे कुछ धन-साधन हीन[2] लोग भी थे। और, गरमदल के ज़्यादा गरम विचारों के सबब से देश के युवक और युवतियां क़ुदरती तौर पर उसकी ओर खिचते थे क्योंकि इनमें से ज़्यादातर यह समझते थे कि कार्रवाई के एवज़ कड़ी भाषा बोलना काफ़ी है। हां, ये बातें आम तौर पर दोनों तरफ़ के तमाम व्यक्तियों पर लागू नहीं होतीं। मसलन गरमदल के एक योग्य और त्यागी नेता गोपालकृष्ण गोखले थे, जो किसी तरह भी धन-साधनवाले नहीं थे। सर्वेन्ट्स ऑफ़ इण्डिया सोसाइटी इन्होंने ही क़ायम की थी। लेकिन नरमदल या गरमदल दोनों में किसी का भी असली धन-साधनहीन वर्ग से यानी मज़दूरों और किसानों से, कोई ताल्लुक़ नहीं था। हां, तिलक अपनी निजी हैसियत से जनता में लोकप्रिय थे।

१९१६ ई० की लखनऊ-कांग्रेस एक और दोबारा मेल, यानी हिन्दू-मुस्लिम एकता, के लिए मशहूर है। कांग्रेस सदा से राष्ट्रीय आधार को पकड़े हुए थी,

---

[1] Haves—**वह वर्ग जिसके हाथ में धन और साधन रहता है।**

[2] Have-nots—**अधिकांश जनता जिसके पास धन और सत्ता और जीवन के कोई साधन नहीं हैं। ये दोनों शब्द अंग्रेज़ी में पारिभाषिक हो गये हैं।**

लेकिन व्यवहार में वह प्रबल हिन्दू संस्था थी, क्योंकि उसमें हिन्दुओं का ज़बर्दस्त बहुमत था। युद्ध से कुछ वर्ष पहले मुस्लिम शिक्षित वर्ग ने, कुछ हद तक सरकार के बढ़ावा देने पर, अखिल भारतीय मुस्लिम लीग नामक अपनी अलग जमात खड़ी कर ली थी। इसका मक़सद मुसलमानों को कांग्रेस से अलग रखना था, पर जल्द ही वह कांग्रेस की तरफ़ बह गई और लखनऊ में दोनों के बीच भारत के भावी संविधान के बारे में समझौता हो गया। यह कांग्रेस-लीग-योजना कहलाई और दूसरी बातों के अलावा, इसमे यह तय पाया गया कि विधान-सभाओं में मुस्लिम अल्प-संख्यकों के लिए किस हिसाब से जगहे सुरक्षित की जाय। इसके बाद यह कांग्रेस-लीग-योजना एक जुड़वां कार्यक्रम बन गई, जो देश की मांग के तौर पर मान ली गई। यह मध्यम-वर्गो के विचारों की वकालत करती थी, क्योंकि उस समय इन्हीं लोगों का राजनीति की तरफ़ झुकाव था। इस योजना के आधार पर हलचलें ज़ोर पकड़ने लगी।

मुसलमानों का झुकाव राजनीति की तरफ़ ज़्यादा हो गया था और कांग्रेस के साथ मिलकर काम करने की वजह बहुत करके यह थी कि वे तुर्की के खिलाफ़ अंग्रेज़ों की लड़ाई से खीझ उठे थे। तुर्की के साथ हमदर्दी की वजह से और इस हमदर्दी का ख़ूब ज़ोरों से इज़हार करने की वजह से मौलाना मोहम्मद अली और मौलाना शौकत अली नामक दो मुस्लिम नेताओं को युद्ध के शुरू मे ही नज़रबन्द कर दिया गया था। मौलाना अबुल कलाम आज़ाद अपनी लिखी किताबों से अरब देशों मे बहुत लोकप्रिय थे और इन देशों से ताल्लुक़ होने के कारण उन्हें भी नज़रबन्द कर दिया गया था। इनसब बातों से मुसलमान लोग चिढ़ गये और भड़क गये और वे दिन-पर-दिन सरकार के ज़्यादा विरोधी बनते गये।

चूंकि भारत में स्वराज की मांग ज़ोर पकड़ने लगी, इसलिए ब्रिटिश सरकार ने तरह-तरह के वादे किये और जांच-कमेटियां बैठाई जिनसे लोगो का ध्यान बंट गया। १९१८ ई० की गर्मियों में उस ज़माने के भारत-मंत्री और वायसराय ने एक जुड़वां रिपोर्ट पेश की, जो इन दोनों के नामों पर माण्टेग्यू-चैम्सफोर्ड रिपोर्ट कहलाती है, और जिसमे भारत के लिए कुछ सुधारों व परिवर्तनों के प्रस्ताव शामिल थे। इन आज़मायशी प्रस्तावों पर देश मे फ़ौरन ही ज़बर्दस्त बहस छिड़ गई। कांग्रेस ने ज़ोरों से इनका विरोध किया और उन्हें नाकाफ़ी बतलाया। उदारदल ने इनका स्वागत किया और इसीलिए उन्होंने कांग्रेस का साथ छोड़ दिया।

जब युद्ध ख़तम हुआ उस समय भारत में यह हालत थी। देशभर में बड़ी आशा के साथ परिवर्तन की बाट देखी जा रही थी। राजनैतिक हवा में गर्मी बढ़ रही थी। उदारदल की मुलायम व पुचकारनेवाली और कुछ झिझकभरी व बे-असर कानाफूसियों की जगह गरम-दल की विश्वासभरी, सरगर्म, सीधी और

लड़ाकू पुकारें ले रही थीं। पर उदारदल और गरमदल दोनों ही राजनीति की भाषा में और शासन के ऊपरी ढांचे के बारे में बातें करते थे; उनकी पीठ के पीछे ब्रिटिश साम्राज्यशाही देश के आर्थिक जीवन पर अपना पंजा चुपचाप मज़बूत किये चली जा रही थी।

: १५५ :

यूरोप का नया नक़्शा

२१ अप्रैल, १९३३

महायुद्ध के दौर पर संक्षेप में विचार करने के बाद हमने रूसी क्रान्ति की चर्चा की और उसके बाद युद्ध-काल में भारत की हालत की। अब हम फिर युद्ध का अन्त करनेवाले सुलहनामे पर आते हैं और देखते हैं कि जीतनेवालों ने क्या-क्या किया। जर्मनी तो धूल में लोट रहा था। कैसर भाग गया था और गणराज्य की घोषणा कर दी गई थी। जर्मन सेना को उन इलाक़ों से तो हटना ही पड़ा, जिन-पर उसने धावा करके क़ब्ज़ा कर लिया था, बल्कि अलसास लौरेन से और ठेठ राइन नदी तक जर्मनी के कुछ हिस्से से भी हाथ धोना पड़ा। राइनलैण्ड पर, यानी कोलोन के आसपास के इलाके पर, मित्र-राष्ट्रों का दखल तय पाया गया। जर्मनी को अपने तमाम जंगी-जहाज़ और पनडुब्बियां, जो 'यू–बोट' कहलाती थीं, और हज़ारों भारी-भारी तोपें और हवाई-जहाज़ और रेल के इंजन और लारियां और दूसरे सामान मित्र-राष्ट्रों के हवाले करने पड़े।

उत्तरी फ्रान्स में कौम्पेन के वन में, जहां सुलहनामे पर दस्तख़त हुए थे, एक यादगार बनी हुई है जिसपर नीचे लिखी इबारत खुदी हुई है :

"यहां, ११ नवम्बर, १९१८ ई०, को जर्मन साम्राज्य का पापी घमंड चूर हो गया, जिसे उन आज़ाद कौमों ने नीचा दिखाया, जिन्हें उसने ग़ुलाम बनाना चाहा था।"

कम-से-कम ज़ाहिरा तौर पर तो जर्मन साम्राज्य वास्तव में ख़तम हो गया था, और प्रशियाई फ़ौजी मग़रूर धूल में मिला दिया गया था। मगर रूसी साम्राज्य का तो इससे भी पहले अन्त हो चुका था और रोमानॉफ़ का घराना उस रंगमंच से धक्का देकर हटा दिया गया था, जिसपर उसने इतने वर्षों तक बुरी हरकतें की थीं। यह युद्ध एक तीसरे साम्राज्य और प्राचीन राजवंश का, यानी हैप्सबर्गों के आस्ट्रिया-हंगरी साम्राज्य का, भी मरघट साबित हुआ। लेकिन जीतनेवालों में दूसरे साम्राज्य अभीतक बाक़ी थे, और विजय से न तो उनका घमंड ही कम

हुआ था और न उन्हें उन लोगों के हकों की ज्यादा परवाह हुई, जिन्हें उन्होंने गुलाम बना रक्खा था।

विजयी मित्र-राष्ट्रों ने १९१९ ई० में पैरिस में अपना एक सुलह-सम्मेलन किया। पैरिस में इनके हाथों दुनिया का भविष्य गढ़ा जानेवाला था, इसलिए महीनों तक इस शहर पर सारी दुनिया की आंखे लगी रही। दूर-दूर से और आस-पास से हर तरह के लोग यात्राएं करके यहां पहुंचे। इनमें राजनीतिज्ञ और राजनैतिक लोग थे, जो अपने-आपको सब-कुछ समझ रहे थे; और राज-नयिक और खास जानकारी रखनेवाले और फ़ौजी अफ़सर और साहूकार, और मुनाफ़ाखोर थे, और सबके साथ सहायकों और टाइपिस्टों और क्लर्कों की भीड़-की-भीड़ थी। और पत्रकारों की तो फ़ौज-की-फ़ौज थी ही। आज़ादी के लिए लड़नेवाली आयरी, मिस्री, अरबी वग़ैरा क़ौमों के, और दूसरी क़ौमों के जिनके नाम तक पहले नही सुने गये थे, प्रतिनिधि वहां पहुंचे। और उन क़ौमों के प्रतिनिधि भी पहुंचे जो आॅस्ट्रिया और तुर्की के साम्राज्यों के खण्डहरों में से अपने-अपने लिए अलग-अलग राज्य तराश लेने की फ़िराक़ में थे। और मौक़े से फ़ायदा उठानेवाले ले-भग्गू तो ढेर-के-ढेर थे ही। दुनिया का नये सिरे से बंटवारा होने जा रहा था, और ये गिद्ध इस मौक़े को कभी नहीं चूकना चाहते थे।

सुलह-सम्मेलन से लोगों को बड़ी-बड़ी उम्मीदें थीं। लोगों को आशा थी कि युद्ध के भयंकर तजरबों के बाद इन्साफी और टिकाऊ शान्ति का कोई उपाय सोच निकाला जायगा। युद्ध का ज़बर्दस्त बोझ जनता को अभीतक पीस रहा था, और मेहनत-कश वर्गों में बड़ी भारी बेचैनी फैल रही थी। ज़िन्दगी की ज़रूरतों की क़ीमतें बहुत चढ़ गई थीं और इसके सबब से जनता के कष्ट बढ़ गये थे। १९१९ ई० में समाजी क्रान्ति की घटा के बहुत आसार नज़र आ रहे थे। रूस की मिसाल छूत की तरह लग रही थी।

यह थी उस सुलह-सम्मेलन की पृष्ठभूमि जिसकी बैठक वर्साई के उसी भवन में हुई जहां अड़तालीस वर्ष पहले जर्मन साम्राज्य की घोषणा की गई थी। इतने बड़े सम्मेलन को हर रोज़ बैठना कठिन था, इसलिए उसे कई कमेटियों में बांट दिया गया। इन कमेटियों की बैठकें ख़ानगी तौर पर होती थीं और इनकी साजिशें व खींचा-तानियां तमीज़ के बुर्के में ढंकी रहती थीं। सम्मेलन की बागडोर मित्र-राष्ट्रों की 'दस की कौन्सिल'[१] के हाथों में थी। बाद में यह घटकर पांच की रह गई, जो 'पांच बड़े'[२] कहलाते थे—यानी संयुक्तराज्य अमेरिका,

[१] Council of Ten. [२] Big Five.

इंग्लैण्ड, फ्रान्स, इटली और जापान। जब जापान निकल गया तो 'चार की कौन्सिल' रह गई; और अन्त में इटली के निकल जाने पर सिर्फ़ 'तीन बड़े' बाक़ी रह गये—अमेरिका, इंग्लैण्ड और फ्रान्स। इन तीन देशों के प्रतिनिधि थ राष्ट्रपति विल्सन, लॉयड जॉर्ज और क्लैमैन्शो। और दुनिया को नये सांचे में ढालने का और उसके भयंकर घावों को भरने की महान जिम्मेदारी इन तीनों के ऊपर आ पड़ी। यह काम तो महामानवों और नर-देवों के बूते का था! और ये तीनों न तो कोई महामानव थे और न नर-देव। बादशाहों, राजनीतिज्ञों, सेनापतियों, वग़ैरा सत्ताधारी व्यक्तियों का अखबार वग़ैरा इतना ज़्यादा विज्ञापन करते हैं, और उन्हें इतना आसमान पर चढ़ा देते हैं कि साधारण लोगों को वे अक्सर विचार और कर्म के देव-सरीखे दिखाई देने लगते हैं। उनके चारों ओर एक प्रभा-मण्डल-सा दिखाई देता है और अपने अज्ञान की वजह से हम उनको ऐसे कितने ही गुणों की खान समझ लेते हैं, जो उनके पास फटकते तक नहीं। नज़दीक से जानकारी होने के बाद वे बहुत ही मामूली व्यक्ति निकल आते हैं। आस्ट्रिया के एक प्रसिद्ध राज्यनीतिज्ञ ने एक बार कहा था कि अगर दुनिया को यह मालूम पड़ जाय कि उसपर कितनी कम अक्ली से हुकूमत की जाती है तो वह हक्का-बक्का हो जाय। कहने का मतलब यह है कि हालांकि ये तीनों, यानी 'तीन बड़े', देखने में बड़े लगते थे, पर उनका नज़रिया बेहद तंग था और वे अन्तर्राष्ट्रीय मामलों से नावाकिफ़ थे, यहांतक कि उन्हें भूगोल का भी ज्ञान नहीं था!

राष्ट्रपति वुडरो विल्सन ज़बर्दस्त नेकनामी और शोहरत लेकर आया था। उसने अपने भाषणों में और सरकारी टीपों में इतने सुन्दर व आदर्शवादी फ़िक़रों का इस्तेमाल किया था कि लोग उसे आगे आनेवाली आज़ादी का पैग़म्बर ही समझने लगे थे। इंग्लैण्ड का प्रधानमंत्री लायड जॉर्ज भी लच्छेदार फ़िक़रों का जाल बुननेवाला था, लेकिन वह मशहूर मौक़ा-परस्त था। 'शेर' कहलाने-वाला क्लैमैन्शो तो आदर्शों और ढोंगभरे फ़िक़रों को बेकार चीज़ समझता था। यह तो फ्रान्स के पुराने दुश्मन जर्मनी को कुचल डालने पर, उसे हर तरह कुचलने और ज़लील करने पर, तुला बैठा था ताकि वह फिर कभी सिर न उठा सके।

बस, ये तीनों तो आपस में एक-दूसरे से लड़ते-झगड़ते थे और अपनी-अपनी तरफ़ खींचतान करते थे, और इन तीनों को सम्मेलन में भी, और उसके बाहर भी दूसरे कई लोग खींचते और धक्के देते रहते थे। और इन सबके पीछे रूस का भूत खड़ा हुआ था। सम्मेलन में रूस का कोई प्रतिनिधि नहीं था और न जर्मनी का था; पर सोवियत रूस की सिर्फ़ हस्ती ही पैरिस में जमा होनेवाली तमाम पूंजीवादी शक्तियों के लिए लगातार चुनौती बनी हुई थी।

अन्त में, लॉयड जॉर्ज की मदद से, क्लैमैन्शो की जीत हुई। विल्सन जिन

चीज़ों पर बहुत ज़ोर देता था, उनमें से एक चीज़ राष्ट्र-संघ मिल गई, और जब उसने सब को इसपर राज़ी करा लिया तो वह बाक़ी बहुत-सी बातों में झुक गया। कई महीनों के तर्क-वितर्क और वाद-विवाद के बाद इस सुलह-सम्मेलन में आखिरकार मित्र-राष्ट्र-सन्धि के एक मसौदे पर सहमत हुए। और आपस में सहमत हो जाने के बाद उन्होंने अपना हुक्मनामा सुनाने के लिए जर्मन प्रतिनिधियों को तलब किया। सन्धि का यह ४४० खंडोंवाला भारी-भरकम मसौदा इन जर्मनों पर फेंक दिया गया और उन्हें इसपर दस्तख़त करने को कहा गया। उनके साथ कोई दलील नहीं की गई, न उन्हें सुझाव देने या परिवर्तन करने का मौक़ा दिया गया। यह सुलह तो उनपर लादी जानेवाली थी ; या तो वे इसपर ज्यों-के-त्यों दस्तख़त कर दें या इन्कारी का नतीजा भुगतने को तैयार हो जायं। नये जमन गणराज्य के प्रतिनिधियों न एतराज़ किया पर मोहलत के आखरी दिन इस 'वर्साई की सन्धि' पर दस्तखत कर दिये।

आस्ट्रिया, हंगरी, बल्गारिया और तुर्की के साथ मित्र-राष्ट्रों ने अलग-अलग सन्धियां तय कीं और उनपर दस्तख़त किये। तुर्की-सन्धि पर हालांकि सुल्तान राजी हो गया था, पर कमालपाशा और उसके साथियों ने डटकर विरोध किया, इसलिए वह बीच में ही टूट गई। लेकिन इसकी कहानी मैं तुम्हें अलग बतलाना चाहता हूं।

इन सन्धियों के सबब से क्या-क्या परिवर्तन हुए ? इलाकों में ज़्यादातर रद्दो-बदल पूर्वी यूरोप, पश्चिमी एशिया और अफ्रीका में हुई। अफ्रीका में मित्र-राष्ट्रों ने जर्मन उपनिवेशों को युद्ध की लूट के तौर पर हड़प लिया, और सबसे बढ़िया टुकड़ा इंग्लैण्ड के हाथ में आया। अफ्रीका के एक छोर से दूसरे छोर तक, यानी उत्तर में मिस्र से लगाकर दक्षिण में उत्तमाशा अन्तरीप तक, साम्राज्य की अटूट पट्टी का जो सपना अंग्रेज़ लोग बहुत दिनों से देख रहे थे, उसे वे पूर्वी अफ्रीका में टांगानिका व दूसरे इलाकों पर क़ब्ज़ा करके पूरा करने में सफल हो गये।

यूरोप में भारी तब्दीलियां हुईं और नक़शे पर नये राज्यों की काफ़ी संख्या नज़र आने लगी। पुराने नक़शे की नये नक़शे से तुलना करने पर तुम्हें ये बड़ी तब्दीलियां देखते ही नज़र आ जायंगी। इनमें से कुछ तब्दीलियां तो रूसी क्रान्ति का नतीजा थीं, क्योंकि रूस की सरहद पर बसनेवाली कई क़ौमों ने, जो खुद रूसी नहीं थीं, सोवियत से नाता तोड़ लिया और अपनी स्वाधीनता का ऐलान कर दिया। सोवियत सरकार ने आत्म-निर्णय के उनके हक़ों को मान लिया और किसी तरह की अड़चन नहीं डाली। यूरोप के नये नक़शे को देखो। एक बड़ा राज्य आस्ट्रिया-हंगरी ग़ायब हो गया है और उसकी जगह कई छोटे-छोटे राज्य पैदा हो गये हैं, जो अक्सर 'आस्ट्रिया के उत्तराधिकारी राज्य' कहे जाते हैं। ये हैं : आस्ट्रिया, जो

अब घटकर अपने पुराने रूप का ज़रा-सा टुकड़ा रह गया है और वियना-जैसा शानदार बड़ा शहर जिसकी राजधानी है; हंगरी, जिसका आकार भी बहुत छोटा रह गया है; चेकोस्लोवेकिया, जिसमें पुराना बोहेमिया शामिल है; यूगोस्लाविया, जो हमारा पुराना और बुरा जाना-पहचाना सर्बिया है, और जो इतना फैल गया है कि पहचाना नहीं जाता; और बाक़ी हिस्से रूमानिया, पोलैण्ड और इटली को चले गये हैं। यह काट-छांट बिलकुल मुकम्मिल तौर पर की गई थी।

दूर उत्तर में एक और नया राज्य पोलैण्ड बन गया, या यों कहो कि एक पुराना राज्य फिर प्रकट हो गया। यह प्रशिया, रूस और आस्ट्रिया के इलाक़ों को जोड़-तोड़कर बनाया गया था। पोलैण्ड को बन्दरगाह देने के लिए एक बड़ा ही अनोखा करतब दिखाया गया। जर्मनी के, या यों कहो कि प्रशिया के दो हिस्से कर दिये गए और दोनों हिस्सों के बीच में समुद्र तक जमीन की एक 'गली' पोलैण्ड को दे दी गई। इसलिए पश्चिमी प्रशिया से पूर्वी प्रशिया जानेवाले को पोलैण्ड की इस गली को पार करना पड़ता है। इस गली के नज़दीक दान्त्सिख का मशहूर शहर है। इसे आज़ाद शहर बना दिया गया है—यानी न तो वह जर्मनी का है और न पोलैण्ड राज्य का। यह ख़ुद ही एक राज्य है, जो सीधा राष्ट्र-संघ के मातहत है।

पोलैण्ड के उत्तर में लिथ्यूनिया, लातविया, ऐस्तोनिया और फ़िनलैण्ड के बाल्टिक तटवर्ती राज्य हैं जो तमाम पुराने ज़ारशाही साम्राज्य के उत्तराधिकारी हैं। ये राज्य हैं तो छोटे-छोटे पर हरेक राज्य अपनी संस्कृति की अलग हस्ती है, और हरेक की अपनी अलग भाषा है। तुम्हें यह जानकर दिलचस्पी होगी कि लिथ्यूनिया-निवासी आर्य है (यूरोप की कई दूसरी क़ौमों की तरह) और उनकी भाषा संस्कृत से बहुत मिलती-जुलती है। यह एक मार्के की बात है, जिसे शायद भारत के बहुत-से लोग महसूस नहीं करते, लेकिन जो हमको दूर-दूर बसनेवाली क़ौमों को जोड़नेवाली कड़ियों का पता देता है।

यूरोप में एक और बड़ी इलाक़ों की तबदीली यह हुई कि अलसास और लौरेन के प्रान्त फ्रान्स को वापस मिल गये। कुछ और परिवर्तन भी हुए, लेकिन उनकी झंझट में मैं तुम्हें नहीं डालना चाहता। अब तुमने देख लिया कि इन परिवर्तनों के नतीज़े से कई नये राज्य पैदा हो गये, जिनमें से ज्यादातर बिल्कुल छोटे-छोटे थे। पूर्वी यूरोप अब बलकान-जैसा बन गया, और इसलिए अक्सर यह कहा जाता है कि सुलह-सन्धियों से यूरोप का 'बलकानीकरण' हो गया। अब पहले से बहुत ज्यादा सरहदें हो गई हैं, और इन ज़रा-ज़रा से राज्यों के बीच अक्सर झगड़े-टंटे रहा करते हैं। यह देखकर हैरत होती है कि ये एक-दूसरे से कितनी नफ़रत करते हैं, ख़ासकर डैन्यब के कांठेवाले राज्य। इसकी बहुत-कुछ ज़िम्मेदारी मित्र-

राष्ट्रों पर है, जिन्होंने बिल्कुल ग़लत तरीके पर यूरोप का बंटवारा कर डाला, और इस तरह कई नई समस्याएं पैदा कर दीं। बहुत-सी अल्पसंख्यक क़ौमें विदेशी हुकूमतों के अधीन हैं, जो उन्हें सताती रहती है। पोलैण्ड को ज़मीन का एक बड़ा टुकड़ा मिल गया है, जो वास्तव में यूक्रेन का भाग है। इस इलाके के बेचारे यूक्रेनियों का ज़बरन 'पोलीकरण' करने के इरादे से उनपर हर तरह के अत्याचार किये गए हैं। यूगोस्लाविया और रूमानिया और इटली में भी इसी तरह की विदेशी अल्पसंख्यक जातियां हैं और इनके साथ बड़ा बुरा बर्ताव किया जाता है। दूसरी तरफ आस्ट्रिया और हंगरी की धज्जियां उड़ा दी गई है और ज़्यादातर खुद उनके ही निवासी उनसे छीन लिये गए हैं। इन तमाम इलाक़ों पर विदेशी क़ब्ज़ा होने के सबब से राष्ट्रीय आन्दोलन और लगातार रगड़े-झगड़े कुदरती तौर पर होते रहते हैं।

नक़शे पर फिर निगाह डालो। तुम देखोगी कि फ़िनलैण्ड, ऐस्तोनिया, लातविया, लिथ्यूनिया, पोलैण्ड और रूमानिया राज्यों की लड़ी ने रूस को पश्चिमी यूरोप से बिल्कुल काट दिया है। जैसा कि मैं तुम्हें बतला चुका हूं, इनमें से ज्यादातर राज्य वर्साई की सन्धि से नहीं बने थे, बल्कि सोवियत क्रान्ति के नतीजे थे। मगर फिर भी मित्र-राष्ट्रों ने इनका स्वागत किया, क्योंकि ये रूस को ग़ैर-बोलशेविक यूरोप से अलग करनेवाली कतार बन गये थे। ये बोलशेविक छूत को दूर रखने में मदद देनेवाला एक 'सफ़ाई का घेरा'[1] (जिससे छूत की बीमारियों को फैलने से रोका जाता है) बन गये थे! बाल्टिक-तटवर्ती ये तमाम राज्य ग़ैर-बोलशेविक हैं, वरना वे सोवियत संघ में ज़रूर ही शामिल हो गये होते।

पश्चिमी एशिया में पुराने तुर्की साम्राज्य के कुछ भागों पर पश्चिमी शक्तियों की लार टपकने लगी। युद्ध के दौरान में अंग्रेजों ने अरब, फिलस्तीन और सीरिया को मिलाकर संयुक्त अरब सल्तनत बना देने का वादा करके अरबों को तुर्की के ख़िलाफ़ विद्रोह करने के लिए उकसाया था। इधर तो अरबों से यह वादा किया जा रहा था, उधर ये ही अंग्रेज़ इन्हीं प्रदेशों के बंटवारे की एक गुप्त सन्धि फ्रान्स के साथ कर रहे थे। यह कार्रवाई इनकी शान के लिए भद्दी चीज़ थी, और इंग्लैण्ड के एक प्रधान मंत्री रैम्जे मैक्डोनल्ड ने इसे 'भोंडी दोरंगी चालबाज़ी' की मिसाल बतलाया था। लेकिन यह दस वर्ष पहले की बात है जब वह प्रधान मंत्री नहीं था, और इसलिए कभी-कभी सच्ची बात कहने की हिम्मत कर सकता था।

जब ब्रिटिश सरकार ने सिर्फ़ अरबों के साथ किये हुए वादे को ही नहीं बल्कि फ्रान्स के साथ की हुई गुप्त सन्धि को भी तोड़ने के विचार से खेलना शुरू किया तो इससे भी ज्यादा अजीब नतीजा निकला। भारत से लगाकर मिस्र तक

[1] Cordon Sanitaire.

फैले हुए एक महान मध्य-पूर्वी साम्राज्य का, यानी अपने भारतीय साम्राज्य को अपने अफ्रीकी उपनिवेशों से जोड़नेवाले एक बहुत-ही बड़े खंड का, सपना आंखों के आगे नाचने लगा। यह एक लुभावना और ज़बर्दस्त सपना था। मगर फिर भी उस समय इसका पूरा होना ज्यादा कठिन नहीं नज़र आता था। उस समय, यानी १९१८ ई० में, इस सारे लम्बे-चौड़े इलाके में, यानी ईरान, इराक, फिलस्तीन, अरब के कुछ भाग, मिस्र, वग़ैरा में अंग्रेज़ी फ़ौजों ने कब्ज़ा जमा रक्खा था। ये लोग फ्रान्स को सीरिया में कदम नहीं रखने देना चाहते थे। खुद कुस्तुन्तुनिया भी अंग्रेज़ों के क़ब्ज़े में था। लेकिन जब १९२० और १९२१ और १९२२ ई० के वर्षों की होनेवाली घटनाएं सामने आने लगीं तो यह सपना गायब हो गया। पीछ से सोवियत ने और सामने से कमालपाशा ने इंग्लैण्ड के मंत्रियों की इन ऊंचे हौसलों-वाली योजनाओं को मिट्टी में मिला दिया।

लेकिन फिर भी इंग्लैण्ड पश्चिमी एशिया में इराक और फिलस्तीन वग़ैरा के बहुत बड़े हिस्से पर क़ब्ज़ा जमाये रहा और घूस व दूसरी तरक़ीबों से उसने अरब के घटनाचक्र पर असर डालने की कोशिश की। सीरिया फ्रान्सीसियों के हिस्से पड़ा। अरब देशों की नई राष्ट्रीयता का और आज़ादी के लिए उनकी लड़ाई का हाल मैं फिर कभी लिखूंगा।

अब हमें वर्साई की सन्धि पर लौट जाना चाहिए। इस सन्धि के मातहत जर्मनी को युद्ध छेड़नेवाला कसूरवार ठहराया गया और सन्धि पर दस्तख़त कराके इस तरह जर्मनों से ज़बर्दस्ती यह इक़बाल कराया गया कि वे युद्ध के कसूरवार हैं। ऐसी ज़ोर-ज़बर्दस्ती के इक़बालनामों की कोई क़ीमत नहीं होती; वे कड़वाहट ही पैदा करते हैं, जैसा कि इस मामले में हुआ भी।

जर्मनी से यह भी मांग की गई कि वह बिल्कुल बे-हथियार हो जाय। उसे थोड़ी-बहुत पुलिस की तरह काम करनेवाली छोटी-सी सेना रखने की इजाज़त दी गई और अपना जंगी बेड़ा मित्र-राष्ट्रों के हवाले कर देना पड़ा। जब जर्मन बेड़ा इस तरह सौंपे जाने के लिए जा रहा था, तब उसके अफ़सरों और जहाजियों ने अपनी ही जिम्मेदारी पर यह तय कर डाला कि अंग्रेज़ों के हवाले करने की बजाय उसे डुबो देना बेहतर है। बस, जून १९१९ ई० में, स्कैपा फ्लो की खाड़ी में, अंग्रेज़ों की निगाह के सामने, जो उसे लेने की तैयारियां कर रहे थे, सारे जर्मन बेड़े को उसीके जहाजियों ने जहाज़ों में छेद करके डुबो दिया।

इसके अलावा, जर्मनी से युद्ध का दंड और मित्र-राष्ट्रों को युद्ध से होने-वाले नुक़सानों व तबाहियों का हर्जाना भी तलब किया गया। इसे 'रिपेअरेशन्स' (नुक़सान का बदला) कहा गया, और यह शब्द कई वर्षों तक यूरोप के ऊपर भूत की तरह सवार रहा। सन्धि में कोई निश्चित रक़म तय नहीं की गई थी, पर उसमें

इसके तय किये जाने का विधान रक्खा गया था। मित्र-राष्ट्रों के युद्ध के नुक़सानों को पूरा करने की यह जिम्मेदारी एक जबर्दस्त मामला था। जर्मनी तो उस वक़्त वैसे ही हारा हुआ और बर्बाद देश था, जिसके सामने अपने ही घर का ख़र्च चलाने की विकट समस्याएं थीं। इसपर मित्र-राष्ट्रों का यह बोझ कन्धों पर उठाना एक नामुमकिन काम था, जो कभी भी पूरा नहीं हो सकता था। लेकिन मित्र-राष्ट्र तो नफ़रत और बदले की भावना से भरे हुए थे। वे जर्मनी से सिर्फ़ अपना 'एक पौंड मांस'[1] ही वसूल नहीं करना चाहते थे, बल्कि उसके ज़मीन पर पड़े हुए शरीर के खून की आखिरी बूद तक चूस लेना चाहते थे। इंग्लैण्ड में लॉयड जॉर्ज ने 'कैसर को फांसी दो' का नारा लगाकर चुनाव जीते थे। फ्रान्स में तो लोगों की भावनाएं इससे भी ज्यादा कट्टर थीं।

सन्धि की तमाम धाराओं का सारा मतलब यह था कि जर्मनी को हर सम्भव उपाय से बांध दिया जाय, अपाहिज बना दिया जाय, और फिर पनपने नहीं दिया जाय। इरादा यह था कि वह पीढ़ियों तक मित्र-राष्ट्रों का आर्थिक गुलाम बना रहे और हर साल उन्हें बेशुमार रकमें खिराज की तरह देता रहे। जिन अक्लमंद महा-राजनीतिज्ञों ने वर्साई में इस बदला लेनेवाली सुलह की नींव डाली, उनके ध्यान में इतिहास की यह ज़ाहिरा नसीहत नहीं आई कि इस तरह किसी महान क़ौम को लम्बे अर्से तक बांधे रखना असम्भव है। अब वे इसपर पछता रहे हैं।

अन्त में मैं राष्ट्रपति विल्सन के दिमाग़ की उपज उस राष्ट्र-संघ का ज़िक्र करना चाहता हूं, जिसे वर्साई की सन्धि ने दुनिया को भेंट किया। यह आज़ाद और स्वशासित राज्यों का एक संघ बननेवाला था और इसका मक़सद था "इन्साफ़ और मान के आधार पर आपसी रिश्ते क़ायम करके भावी युद्धों को रोकना और संसार के राष्ट्रों के बीच दुनिया की चीजों और दिमाग़ी बातों से ताल्लुक़ रखनेवाले मामलों में सहयोग बढ़ाना"। बड़ी तारीफ़ के क़ाबिल था यह मक़सद! संघ के हर सदस्य-राज्य ने वादा किया कि जबतक बिना लड़ाई के समझौते की सारी सम्भावनाएं ख़तम न हो जायं तबतक वह किसी साथी-राज्य से युद्ध

[1] **शेक्सपीयर के 'मर्चेण्ट ऑव् वेनिस' नामक नाटक का नायक एक व्यापारी एक यहूदी से रुपया उधार लेता है और दस्तावेज लिख देता है कि अगर निश्चित तारीख़ तक कर्जा न लौटा सके तो उसके बाद यहूदी को उसके शरीर का एक पौंड मांस काट लेने का अधिकार होगा। व्यापारी उस तारीख़ को रुपया नहीं दे पाता है और यहूदी उसका एक पौंड मांस मांगता है। इसपर मुक़दमा अदालत में जाता है और व्यापारी की प्रेमिका वकील बनकर उसे छुड़ा लेती है। इसी कथानक के आधार पर अंग्रेजी में 'एक पौंड मांस' की कहावत बन गई है।**

नहीं छेड़ेगा, और अगर छेड़ेगा भी तो उसके बाद नौ महीने छोड़कर। कोई सदस्य-राज्य इस वचन को भंग करे, उस हालत में दूसरे राज्य इस वचन से बंधे हुए थे कि उस राज्य के साथ अपने लेन-देन के और माली रिश्ते तोड़ दे। काग़ज़ पर तो यह सब बड़ा सुहावना लगता है, पर अमल में मामला बिल्कुल बदल गया। फिर भी यह ध्यान देने की बात है कि संघ ने भी युद्धों का अन्त करने की कोशिश नहीं की; उसने तो युद्धों के रास्ते में कठिनाइयां पैदा करनी चाहीं, ताकि समय बीतने पर और मेल-जोल की कार्रवाइयों से युद्ध का जोश ठंडा पड़ जाय। उसने युद्धों के कारणों को भी दूर करने की कोशिश नहीं की।

संघ में एक तो असेम्बली शामिल थी, जिसमें तमाम सदस्य-राज्यों के प्रतिनिधि लिये गए थे, और एक कौन्सिल थी, जिसमें बड़ी-बड़ी शक्तियों के स्थायी प्रतिनिधियों के अलावा असेम्बली के चुने हुए कुछ और प्रतिनिधि भी आ सकते थे। संघ का एक सचिवालय रक्खा गया था, जिसका सदर मुक़ाम, जैसाकि तुम्हें मालूम है, जेनेवा था। संघ की हलचलों के और विभाग भी रक्खे गये थे : अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर कार्यालय, जिसका ताल्लुक़ मज़दूरों के मामलों से था; हेग में अन्तर्राष्ट्रीय न्याय की स्थायी अदालत ; और बौद्धिक सहयोग की एक समिति। संघ की ये सारी हलचलें एकसाथ शुरू नहीं हुईं। कुछ हलचलें बाद मे शामिल की गईं।

संघ का मूल संविधान वर्साई की सन्धि में ही शामिल था। यह 'राष्ट्र-संघ का इक़रारनामा'[1] कहलाता है। इसमें यह शर्त रक्खी गई थी कि तमाम राज्य अपनी-अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए लड़ाई के साज़-सामान की कम-से-कम जितनी ज़रूरत हो, उससे ज़्यादा नहीं रक्खे। जर्मनी का निरस्त्रीकरण (जो लाज़िमी था) इस दिशा में पहला कदम माना गया था; दूसरे देशों का नम्बर इसके बाद आता था! इसके अलावा यह भी कहा गया था कि अगर कोई राज्य दूसरे पर हमला करे तो उसके ख़िलाफ़ कार्रवाई की जाय। लेकिन यह नहीं बतलाया गया कि हमला किस हालत में माना जायगा। जब दो क़ौमे या दो राष्ट्र लड़ते हैं तो हरेक दूसरे को दोषी ठहराता है और उसे ही हमलावर बतलाता है।

बड़े-बड़े मामलों को संघ सिर्फ़ सबकी एक राय से ही तय कर सकता था। यानी, अगर किसी प्रस्ताव के ख़िलाफ़ एक भी सदस्य-राज्य ने मत दे दिया, तो वह गिर जाता था। इसका अर्थ यह था कि बहुमत की धीगा-धीगी नहीं चल सकती थी। इसका मतलब यह भी था कि राष्ट्रीय सत्ताएं पहले ही की तरह स्वाधीन और बहुत-कुछ ग़ैर-ज़िम्मेदार बनी रहीं, संघ उनके सिर पर कोई महा-राज्य

[1] Covenant of the League of Nations.

नहीं बन गया। इस इन्तज़ाम ने संघ को बहुत कमज़ोर कर दिया और अमल में उसे एक सलाहकार कमेटी जैसा बना दिया।

कोई भी स्वाधीन राज्य इस संघ में शामिल हो सकता था, पर चार देशों को जान-बूझकर अलग रक्खा गया था : तीन तो हारी हुई शक्तियां—जर्मनी, आस्ट्रिया और तुर्की; और चौथी बोलशेविक शक्ति रूस। हां, यह बात ज़रूर रख दी गई थी कि बाद मे ये देश कुछ शर्तों पर संघ में आ सकते हैं। मगर निराली बात यह हुई कि भारत इस संघ का मूल सदस्य बन गया, हालांकि यह चीज़ उस नियम के बिल्कुल खिलाफ़ थी, जिसके मुताबिक़ सिर्फ स्व-शासित राज्य ही संघ के सदस्य हो सकते थे। अलबत्ता, 'भारत' से मतलब था भारत की ब्रिटिश सरकार, और इस चतुर चालबाज़ी से ब्रिटिश सरकार ने एक और प्रतिनिधि शामिल करने का ढंग बैठा लिया। मगर, दूसरी तरफ़ अमेरिका ने, जो एक तरह से संघ का जन्मदाता था, इसमें शामिल होने से इन्कार कर दिया। अमेरिकावासियों ने राष्ट्रपति विल्सन की कार्रवाइयों को, और यूरोपीय साज़िशों व उलझनों को, पसन्द नहीं किया और अलग ही रहने का फ़ैसला किया।

बहुत लोग संघ की तरफ़ बड़े शौक़ से देख रहे थे और आशा लगा रहे थे कि वह आजकल की दुनिया के झगड़े-फ़िसादों का अन्त कर देगा, या कम-से-कम उनमें बहुत-कुछ कमी कर देगा, और अमन व खुशहाली का युग ले आयगा। संघ को लोकप्रिय बनाने के लिए और, कहा जाता है कि, लोगों में चीज़ों को अन्तर्राष्ट्रीय नज़र से देखने की आदत डालने के लिए, बहुतेरे देशों में राष्ट्र-संघ-समितियां क़ायम हुई। दूसरी ओर, बहुत-से अन्य लोगों ने संघ को एक ढोंग व ढकोसला बतलाया जो बड़ी-बड़ी शक्तियों के इरादों को आगे बढ़ाने की नीयत से बनाया गया था। अबतक हमें इसका कुछ अमली तजरबा भी हो गया है और शायद इसके लाभों के बारे में राय देना आसान हो गया है। संघ ने १९२० ई० के साल के नये दिन से काम करना शुरू किया। अभीतक उसके जीवन के थोड़े-ही दिन बीते हैं, पर इतने ही समय में उसकी पोल बिल्कुल खुल गई है। इसमें शक़ नहीं कि आज के ज़माने की ज़िन्दगी के गली-कूचों में इसने अच्छा काम किया है, और यह तथ्य कि इसने राष्ट्रों को, या यों कहो कि उनकी सरकारों को, अन्तर्राष्ट्रीय समस्याओं पर विचार करने के लिए एक साथ ला बिठाया है, पुराने तरीक़ों से आगे बढ़ा हुआ है। लेकिन अमन क़ायम रखने का, या युद्ध की संभावनाओं को ही कम करने का, अपना असली मक़सद हासिल करने में बिल्कुल नाकामयाब रहा है।

राष्ट्र-संघ के बारे में राष्ट्रपति विल्सन का असली इरादा चाहे जो रहा हो, पर इसमें कोई शक नहीं रह गया है कि बड़ी-बड़ी शक्तियों ने, खासकर इंग्लैण्ड

और फ्रान्स ने, इसे अपना औज़ार बना लिया है। इसका बुनियादी फ़र्ज ही मौजूदा व्यवस्था को क़ायम रखना है। यह राष्ट्रों के बीच इन्साफ़ और मान की डींगें तो मारता है, पर यह जांच नहीं करता कि मौजूदा आपसी रिश्तों की बुनियादें भी इन्साफ़ और मान पर क़ायम है या नहीं। उसका दावा है कि वह राष्ट्रों के 'घरू मामलों' में दस्तन्दाज़ी नहीं करता। साम्राज्यशाही शक्तियों के अधीन देश उसके लिए घरू मामले है। इसलिए, जहांतक राष्ट्र-संघ का ताल्लुक़ है, उसका यही नज़रिया है कि इन शक्तियों की अपने-अपने साम्राज्यों पर हमेशा के लिए प्रभुता बनी रहे। इसके अलावा, जर्मनी व तुर्की से छीने हुए नये प्रदेश 'मैन्डेट्स' (फ़रमानों) के नाम से मित्र-राष्ट्रीय शक्तियों को इनाम में दे दिये गए। यह शब्द राष्ट्र-संघ की खासियत है, क्योंकि इसका मतलब है पुराने साम्राज्यशाही शोषण को एक सुहावना नाम देकर जारी रखना। कहा जाता है कि ये फ़रमान, फ़रमानी प्रदेशों की जनता की इच्छाओं के मुताबिक़ दिये गए थे। इनमें से बेचारी कितनी ही क़ौमों ने इन फ़रमानों के खिलाफ़ बग़ावतें भी कीं और वर्षों तक खूनी लड़ाइयां जारी रक्खीं, पर अन्त में बमों और गोलों की मार से उन्हें झुकने को मज़बूर कर दिया गया। सरोकारी क़ौमों की इच्छाएं मालूम करने का यही तरीका था !

लच्छेदार शब्दों व फ़िकरों का इस्तेमाल किया गया। साम्राज्यशाही शक्तियां फ़रमानी प्रदेशों के निवासियों की 'अमानतदार' मानी गईं और संघ का काम यह देखना था कि अमानत की शर्तों का पालन हो। पर असल में इससे मामला और भी ज्यादा बिगड़ गया। शक्तियों ने अपनी मनमानी की, पर ज़रा ज्यादा बगुला-भगती जामा पहन लिया, और इस तरह भोले-भोले लोगों के भीतरी मन को तसल्ली दिला दी। जब किसी छोटे राज्य ने किसी तरह की खिलाफ़-वर्ज़ी की, तो संघ ने कड़ा रुख इख्तियार कर लिया और अपनी नाराज़गी की धमकी दिखाई। लेकिन जब किसी बड़ी शक्ति ने खिलाफ़-वर्जी की, तो संघ नज़र बचा-कर दूर देखने लगा, या उसने क़सूर को बिल्कुल छोटा बनाने की कोशिश की।

इस तरह संघ में बड़ी-बड़ी शक्तियों की तूती बोलती रही। जब-जब इनका स्वार्थ सधा तब-तब इन्होंने इससे फ़ायदा उठाया, और जब उसकी परवाह न करना ज्यादा फ़ायदेमन्द दिखाई दिया तब इसे ताक में रख दिया। शायद इसमें संघ का कोई क़ुसूर नहीं था; क़ुसूर तो खुद उस ढांचे का था जिसे संघ को इसलिए बर्दाश्त करना पड़ता था क्योंकि वह बना ही इस ढंग पर था। जुदा-जुदा शक्तियों के बीच कट्टर मुकाबलेबाज़ी और होड़वाज़ी तो साम्राज्यवाद का सार ही था, क्योंकि हरेक शक्ति दुनिया का ज्यादा-से-ज्यादा शोषण करने पर उतारू थी। अगर किसी समाज के लोग एक दूसरे की जेबें कतरने की बराबर कोशिशें करते रहें और एक

दूसरे की गर्दनें काटने के लिए चाकुओं पर सान चढ़ाते रहें, तो उनके बीच ज़्यादा सहयोग होने की गुंजायश नहीं रहती और न यह गुंजायश रहती है कि समाज कोई निराली प्रगति करेगा। इसलिए, अगर सर-परस्तों और धर्म-पिताओं की आली-शान जमात के बावजूद राष्ट्र-संघ पनप नही सका, तो इसमें अचम्भे की बात नही है।

जब वर्साई में सन्धि की चर्चाएं चल रही थीं, तब जापान सरकार की तरफ़ से यह प्रस्ताव रक्खा गया कि सन्धि में सब नस्लों के लोगों को बराबर माननेवाली एक धारा शामिल कर दी जाय। पर यह प्रस्ताव माना नहीं गया। मगर चीन में क्याउ-चाउ जापान को भेंट करके उसके आंसू पोंछ दिये गए। चीन-जैसे एक कमज़ोर और सीधे-सादे साथी को नुक़सान पहुंचाकर 'तीन बड़ों' ने अपनी दरिया-दिली दिखाई। इसी वजह से चीन ने सन्धि पर दस्तख़त नही किये।

ऐसी थी यह वर्साई की सन्धि जिसने 'युद्धों का अन्त करनेवाले युद्ध' का अन्त कर दिया। फिलिप स्नाउडन ने, जो आगे चलकर वाइकाउण्ट स्नाउडन और इंग्लैण्ड का एक मंत्री हुआ, सन्धि के बारे में नीचे लिखी टीका की थी :

> "यह सन्धि लुटेरों, साम्राज्यवादियों और फ़ौजी-पेशा लोगों को राज़ी कर देगी। लेकिन जो इस इन्तज़ार में थे कि युद्ध का अन्त होने पर अमन-चन का राज हो जायगा, उनकी आशाओं का तो इसने गला घोंट दिया। यह अमन की सन्धि नहीं है बल्कि दूसरे युद्ध की घोषणा है। यह लोकतत्र के साथ और युद्ध के शहीदों के साथ विश्वास-घात है। इस सन्धि ने मित्र-राष्ट्रों की असली नीयतों को उघाड़कर रख दिया है।"

यह सच भी है कि नफरत, घमंड और लालच के बस में होकर मित्र-राष्ट्र अपने बूते से बाहर निकल गये। बाद के वर्षों में जब उन्हें खुद ही अपनी बेवक़ूफी के नतीजों में ग़र्क हो जाने का खतरा पैदा हुआ, तो वे पछताने लगे। पर तबतक चिड़ियां खेत को चुग गई थीं।

: १५६ :

युद्ध के बाद की दुनिया

२६ अप्रैल, १९३३

अब हम अपने लम्बे सफ़र की आखिरी मंज़िल पर आ गये हैं; यानी हम वर्तमान काल की देहली पर खड़े हैं। हमें महायुद्ध के बाद की दुनिया पर ग़ौर करना है। अब हम अपने ही ज़माने में है, जो वास्तव में तुम्हारा ही ज़माना है।

यूरोप के नये राष्ट्र


युद्ध के बाद की सधियों से ग्रास्ट्रिया ग्रौर हगरी से लिया गया प्रदेश
फिनलैण्ड
नार्वे
स्वीडन
बाल्टिक समुद्र
एस्टोनिया
लटविया
लिथुवानिया
डेन्मार्क
सोवियत रूस
जर्मनी
पोलैण्ड
प्राग
म्यूनिख
चेकोस्लोवाकिया
वियेना
ग्रास्ट्रिया
बुडापेस्ट
हगरी
रूमानिया
ट्रीस्ट
बेलग्रेड
यूगोस्लाविया
इटली

यह आखिरी मंज़िल है, और समय के लिहाज़ से बहुत छोटी-सी मंज़िल है, पर फिर भी कठिन मंज़िल है। युद्ध को ख़तम हुए ठीक साढ़े चौदह वर्ष बीत गये हैं, और इतिहास के जिन लम्बे-लम्बे ज़मानों पर हम विचार कर चुके हैं उनके मुक़ाबले में समय का यह नन्हा-सा टुकड़ा क्या चीज़ है ? पर हम तो बिल्कुल इसकी रेल-पेल के बीच में हैं, और इतने नज़दीक से घटनाओं के बारे में सही रायें बनाना कठिन है। न तो हमें इसकी तसवीर को दूर से देखने का सही रुख मिल सकता है और न वह स्थिर अलगाव मिल सकता है, जिसका इतिहास तक़ाज़ा करता है। बहुतेरी घटनाओं के बारे में हम बहुत ज़्यादा भड़के हुए हैं, और हो सकता है कि छोटी-छोटी चीज़ें हमें बड़ी दिखाई देने लगें, और कुछेक सचमुच बड़ी चीज़ों के महत्व को हम पूरी तरह न आंक सकें। हो सकता है कि हम पेड़ों के झुरमुट में ही भटकते रह जायं और सारे जंगल को न देख पा सकें।

इसके अलावा दूसरी कठिनाई यह पता लगाने में है कि घटनाओं के महत्व को कैसे नापा जाय ? इसके लिए हम कौन-सा गज़ काम में लें ? यह तो काफ़ी ज़ाहिर है कि बहुत-कुछ इस बात पर निर्भर है कि हम चीज़ों को किस ढंग से देखते हैं। एक तरह की नज़र से कोई घटना हमें महत्व की लग सकती है, पर दूसरी तरह की नज़र से वह बिल्कुल बिना महत्व की और तुच्छ मालूम दे सकती है। मुझे डर है कि अबतक जितने पत्र मैंने तुम्हें लिखे हैं उनमें कुछ हद तक इस सवाल को टाला है; मैंने इसका सफ़ाई से और ठीक-ठीक उत्तर नहीं दिया है। इतने पर भी जो कुछ मैंने लिखा है उसपर मेरे आम नज़रिये का रंग चढ़ गया है। इन्हीं जमातों और इन्हीं घटनाओं के बारे में कोई दूसरा लिखता तो शायद बिल्कुल दूसरी तरह से लिखता।

यहां मैं इस बहस में नहीं पड़ना चाहता कि इतिहास के बारे में हमारा नज़रिया क्या होना चाहिए। पिछले वर्षों में इस विषय पर मेरा ख़ुद का नज़रिया बहुत बदल गया है। और जिस तरह इस मामले में और दूसरे मामलों पर मैंने अपने विचार बदले ह, उसी तरह बहुत-से दूसरे लोगों ने भी बदले हैं। क्योंकि युद्ध ने हर चीज़ को और हर आदमी को बुरी तरह झंझोड़ दिया है। इसने पुरानी दुनिया को बिल्कुल उलट दिया है, और तबसे हमारी बेचारी पुरानी दुनिया दुबारा उठ खड़ी होने की कोशिश में तकलीफ़ उठा रही है, पर सफल नहीं हो पाती। युद्ध ने विचारों के उस सारे ढांचे को हिला दिया जिसपर हमारा विकास हुआ था, और हमारे मन में आधुनिक समाज व सभ्यता की बुनियाद के बारे में ही दुविधा पैदा कर दी है। हमने नौजवान ज़िन्दगियों की ज़बर्दस्त बर्बादी, झूठी बातें, मार-काट, हैवानियत, तबाही देखीं और हम हैरान होकर सोचने लगे कि कहीं यह सभ्यता का अंत तो नहीं है। रूस में सोवियत का उदय हुआ, जो एक नई चीज़ थी, एक नई समाजी व्यवस्था थी, और पुरानेपन को एक चुनौती थी। दूसरे विचार भी हवा में फैल रहे थे। यह विघ-

टन का ज़माना था, यानी पुराने विश्वास और दस्तूर टुकड़े-टुकड़े हो रहे थे; यह दुविधा और एतराज़ का युग था जो एक हालत से दूसरी में गुज़रनेवाले और तेज़ी से बदलनेवाले ज़माने में सदा पैदा होते रहते हैं।

इनसब बातों से हमारे लिए युद्ध के बाद के ज़माने पर इतिहास की तरह विचार करना कुछ कठिन हो जाता है। हम तरह-तरह के विश्वासों और विचारों पर चर्चाएं और सवाल भले ही करें, और उनमें से किसी को सिर्फ़ इसलिए क़बल भले ही न करें कि वह पुराना कहा जाता है, मगर इन चीज़ों को हम विचारों से सिर्फ़ खिलवाड़ करने का, या अपना कर्त्तव्य जानने के लिए दिमाग़ लड़ाने की परेशानी से बचने का, बहाना नहीं बना सकते। संसार के इतिहास में इस तरह के बदलते हुए ज़माने दिमाग़ और शरीर की चुस्ती का ख़ास तौर पर तकाज़ा करते हैं। ये ही ऐसे मौक़े होते हैं जब ज़िन्दगी के मन्द ढर्रे में जान पड़ जाती है और जोखिम के काम हमें पुकारते हैं, और हम सब नई व्यवस्था की इमारत खड़ी करने में अपना-अपना हिस्सा अदा कर सकते हैं। ऐसे ही मौक़ों पर नौजवानों ने हमेशा आगे बढ़कर हिस्सा लिया है, क्योंकि ये अपने को बदलते हुए विचारों और हालतों के मुताबिक़ उन लोगों की बनिस्बत ज़्यादा आसानी से ढाल सकते हैं जो बूढ़े और सख़्त हो गये हैं, और प्राचीन विश्वासों में जम गये हैं।

इस युद्ध के बाद के ज़माने की ज़रा ब्यौरे से जांच करना शायद अच्छा होगा। पर इस पत्र में मैं चाहता हूं कि तुम इसपर चौतरफ़ा निगाह डालो। नेपोलियन के पतन के बाद उन्नीसवीं सदी का हमने जो सिंहावलोकन किया था वह तुम्हें याद होगा। अब १८१५ ई० की वियना की सुलह और उसके नतीजों पर बरबस हमारा ध्यान जाता है। और हम उसकी तुलना १९१९ ई० की वर्साई की सुलह व उसके नतीजों से करने लगते हैं। वियना की सुलह कोई मुबारक सुलह नहीं थी; उसने यूरोप में आयन्दा युद्धों के बीज बो दिये। तजरबे से सबक न लेकर हमारे राजनीतिज्ञों ने वर्साई की सुलह को उससे भी बहुत ज़्यादा बुरी बना दिया, जैसा कि हम पिछले पत्र में देख चुके हैं। युद्ध के बाद के वर्षों पर इस नामधारी सुलह की अंधेरी छाया बहुत गहरी छायी रही है।

इन बीते चौदह वर्षों की मार्के की घटनाएं क्या हैं? मेरे ख़याल से महत्व में अव्वल और सबसे ज़्यादा ध्यान खींचनेवाली घटना सोवियत संघ का उदय होना और मज़बूत बनना है। इस सोवियत संघ का पूरा नाम 'यूनियन ऑव् सोशलिस्ट सोवियत रिपब्लिक्स' है जो यू० एस० एस० आर० लिखा जाता है। अपनी हस्ती क़ायम रखने की लड़ाई में सोवियत रूस को जिन ज़बर्दस्त कठिनाइयों

का सामना करना पड़ा उनका कुछ ज़िक्र मैं पहले कर चुका हूं। इन कठिनाइयों के बावजूद भी उसका सफल होना इस सदी का एक चमत्कार है। सोवियत व्यवस्था पुराने ज़ारशाही साम्राज्य के सारे एशियाई भाग पर, ठेठ प्रशान्त महासागर तक साइबेरिया में, और भारत की सरहद के बिल्कुल नज़दीक मध्य-एशिया में, फैल गई। सोवियतों के गणराज्य तो अलग-अलग बने, पर वे सब एक संघ में शामिल हो गये, और यही अब समाजवादी सोवियत गणराज्य संघ या संक्षेप में सोवियत संघ कहलाता है। यह संघ यूरोप और एशिया के विशाल क्षेत्र पर छाया हुआ है, और सारे संसार की धरती के क्षेत्रफल का लगभग छठा भाग है। यहां क्षेत्रफल बहुत बड़ा है, लेकिन बड़ापन खुद कोई अर्थ नहीं रखता, और रूस बहुत पिछड़ा हुआ था और साइबेरिया व मध्य-एशिया तो उससे भी गये-बीते थे। सोवियत रूस ने दूसरा चमत्कार यह कर दिखाया कि निर्माण की भारी-भरकम योजनाओं के ज़रिये अपने देश के बड़े-बड़े भागों का रूप ऐसा बदल दिया कि उन्हें पहचाना नहीं जा सकता। किसी क़ौम की इतनी तेज़ी के साथ तरक्क़ी की ऐसी मिसाल इतिहास में दूसरी नहीं मिलती है। मध्य-एशिया के सबसे ज़्यादा पिछड़े हुए इलाक़े भी इतनी तेज़ी के साथ बढ़ गये हैं कि हम भारतवासियों को उसकी होड़ करनी चाहिए। सबसे ज़्यादा मार्के की प्रगतियां शिक्षा और उद्योगों में हुई है। पंचवर्षीय योजनाओं के ज़रिये रूस का उद्योगीकरण सरगर्मी और ज़ोरों के साथ किया गया है और बहुत बड़े-बड़े कारखाने खड़े कर दिये गए हैं। इस सबका जनता पर बड़ा भारी बोझ पड़ा है, जिसे आराम और ज़रूरी चीज़ों तक से महरूम रहना पड़ा है, ताकि उसकी कमाई का ज़्यादातर हिस्सा पहले समाजवादी देश के निर्माण में लग जाय। किसान-वर्ग पर खास तौर से ज़्यादा बोझ पड़ा है।

इस प्रगतिशील और आगे बढ़ने की धुनवाले सोवियत देश के मुक़ाबले में सदा बढ़नेवाली परेशानियोंवाले पश्चिमी यूरोप का फ़र्क़ साफ़ नज़र आता है। अपनी तमाम कठिनाइयों के बावजूद पश्चिमी यूरोप अभीतक रूस से बहुत ज़्यादा मालदार है। अपनी खुशहाली के लम्बे अर्से में उसने बहुत काफ़ी चर्बी जमा कर ली है जिसके आसरे वह कुछ समय तक गुज़र कर सकता है। लेकिन हर देश पर लदा हुआ क़र्ज़ का बोझ, मुआवज़ों की उस रक़म की समस्या, जो वर्साई सन्धि के मातहत जर्मनी को अदा करनी थी, और बड़ी-छोटी शक्तियों की आपसी लगातार लाग-डांट और लड़ाई-झगड़े, इन सबने बेचारे यूरोप को बड़ी मुसीबत की हालत में डाल दिया है। इस कठिनाई का हल निकालने के लिए बेशुमार सम्मेलनों की बैठकें होती रहती हैं, पर कोई रास्ता नहीं निकलता, और स्थिति दिन-पर-दिन बिगड़ती जाती है। सोवियत रूस की आज के पश्चिमी यूरोप से तुलना करना ऐसा है जैसे किसी भारी बोझा लदे हुए लेकिन ज़िन्दगी और जीवट

से भरपूर नौजवान की ऐसे बूढ़े आदमी से तुलना करना, जिसमें कोई आशा और फ़ुर्ती बाक़ी नहीं रही है, और जो गर्व के साथ, लेकिन बरबस, अपनी मौजूदा अवस्था के अन्त की ओर बढ़ा चला जा रहा है।

मालूम होता था कि युद्ध के बाद संयुक्तराज्य अमेरिका यूरोप की इस छूत से बच गया। दस वर्ष तक उसने ख़ूब दौलत बटोरी। युद्ध-काल में उसने साहूकारी के धन्धे पर से इंग्लैण्ड की सवारी को धक्का देकर हटा दिया था। अब अमेरिका सारी दुनिया का बौहरा बन गया था और तमाम दुनिया उसकी क़र्ज़दार थी। आर्थिक निगाह से समूची दुनिया पर उसका दबदबा छा गया था और शायद दुनिया से मिलनेवाले ख़िराज पर वह बड़े आराम से ज़िन्दगी बसर करता रहता, जैसा कि पहले कुछ हद तक इंग्लैण्ड ने किया था। लेकिन इसमें दो दिक़्क़तें थीं। क़र्ज़दार देश तंग हालत में थे और अपने क़र्ज़ों का भुगतान नक़द रक़म में नहीं कर सकते थे। वास्तव में अगर उनकी हालत अच्छी भी होती तो भी वे इतनी बड़ी-बड़ी रक़में नक़दी में नही दे सकते थे। क़र्ज़ अदा करने की कोशिश सिर्फ़ एक ही तरह की जा सकती थी कि वे माल तैयार करते और उसे अमेरिका भेज देते। मगर अमेरिका को यह विचार पसन्द नही था कि विदेशी माल उसके यहां आये, इसलिए ऊंची-ऊंची दीवारें खड़ी कर दी गई जिससे बाहर के ज़्यादातर माल का वहां आना रुक गया। फिर बेचारे क़र्ज़दार देश क़र्ज़ किस तरह चुकाते? तब एक नई सूझ-बूझ का उपाय सोच निकाला गया। अमेरिका उन्हें और रुपया उधार दे ताकि वे उसका ब्याज उसे अदा कर सकें! क़र्ज़ों का भुगतान कराने का यह अनोखा तरीक़ा था, क्योंकि इसका अर्थ यह था कि क़र्ज़ देनेवाला रक़में-पर-रक़में उधार देता चला जाय और क़र्ज़ बढ़ता चला जाय। थोड़े ही दिनों में यह बिल्कुल ज़ाहिर हो गया कि ज़्यादा क़र्ज़दार देश क़र्ज़ से कभी भी बरी नहीं हो पायेंगे। और तब अमेरिका ने अचानक उधार देना बन्द कर दिया और सारा काग़ज़ी ढांचा फ़ौरन ही टूटकर गिर पड़ा। और फिर एक बहुत ही अजीब बात हुई। अमेरिका, मालदार अमेरिका, नाक तक सोने से भरा हुआ अमेरिका, अचानक ही बेशुमार बेकार मज़दूरों का देश हो गया, और उद्योग की कलें चलना बन्द हो गईं, और मुफ़लिसी फैलने लगी।

जब मालदार अमेरिका पर ऐसी कड़ी चोट पड़ी तो यह खयाल किया जा सकता है कि यूरोप की क्या हालत थी। हरेक देश ने भारी-भारी आयात-चुंगियां लगाकर, और दूसरे उपायों से, और 'स्वदेशी माल खरीदो' का आन्दोलन करके, विदेशी माल का आना रोकने की कोशिशें कीं। हर देश यह चाहता था कि बेचे ही बेचे, खरीदे कुछ नहीं, और खरीदे भी तो जितना हो सके उतना कम! इस तरह की चीज़ अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की हत्या किये बिना ज़्यादा दिन नहीं चल

सकती, क्योंकि व्यापार और व्यवसाय तो विनिमय के सहारे चलते है। यह नीति आर्थिक राष्ट्रवाद कहलाती है। यह तमाम देशों मे फैल गई और इसी तरह सरगर्म राष्ट्रवाद के दूसरे रूप भी फैले। जब व्यापार और उद्योग मन्दे पड़ने लगे, तो हर देश की दिक़्क़तें बढ़ने लगीं, और बड़ी-बड़ी साम्राज्यशाही शक्तियों ने बाहर तो साम्राज्यशाही शोषण बढ़ाकर और घर में मज़दूरो की मजूरियां घटाकर अपना जमा-खर्च बराबर करने का जतन किया। संसार के अलग-अलग भागों को निचोड़ने की इच्छा और कोशिशें करनेवाली मुक़ाबलेदार साम्राज्यशाहियां आपस में दिन-पर-दिन ज़्यादा टकराने लगी। इधर तो राष्ट्र-संघ निरस्त्रीकरण की पाखंडभरी बातें कर रहा था, और हाथ-पर-हाथ धरे बैठा था, उधर युद्ध का भूत सिर पर चढ़ता हुआ दिखाई दे रहा था। शक्तियां एक बार फिर उस मुठभेड़ के लिए आपस मे गुट-बन्दियां करने लगी, जो न टलनेवाली दिखाई पड़ रही थी।

मतलब यह है कि अब हम उस बड़े ज़माने के अन्त के नज़दीक पहुंचते हुए मालूम होते हैं, जिसमें पश्चिमी यूरोप व अमेरिका में पूजीशाही सभ्यता का राज रहा और बाक़ी दुनिया पर उसकी प्रभुता छाई रही। युद्ध के बाद के पहले दस वर्षों में ऐसा मालूम होने लगा था कि शायद पूजीशाही फिर पनप जाय और एक और लम्बे अर्से के लिए जमकर खड़ी हो जाय। लेकिन इसके बाद के क़रीब तीन वर्षो ने, इसकी सम्भावना बहुत कम कर दी है। पूजीशाही राज्यों की आपसी मुक़ाबलेदारी तो बढ़ते-बढ़ते खतरनाक शकल ले ही रही है, पर साथ ही हर राज्य के भीतर वर्गो के बीच, और सरकार को चलानेवाले पूंजीशाही मालिक-वर्ग व मज़दूरों के बीच, रगड़े-झगड़े दिन-पर-दिन तेज़ी पकड़ते जा रहे है। ज्यों-ज्यों ये हालतें बिगड़ती जाती है, मालिक-वर्ग उठते हुए मज़दूर-वर्ग को कुचलने का आख़िरी प्रयत्न जान लड़ाकर करता है। यह फ़ासीवाद[1] का रूप धारण कर लेता है। फ़ासीवाद वहां प्रकट होता है, जहां वर्गों का संघर्ष बहुत तेज़ हो गया हो और मालिक-वर्ग के लिए अपनी ख़ास-रियायती हैसियत खोने का खतरा पैदा हो गया हो।

फ़ासीवाद का जन्म महायुद्ध के कुछ ही दिन बाद इटली में हुआ। वहां जब मज़दूर लोग क़ाबू से बाहर हो रहे थे तब मुसोलिनी की नेतागिरी में फ़ासीवादियों ने सत्ता छीन ली, और तबसे वे ही सत्ताधारी हैं। फ़ासीवाद का अर्थ है नंगी तानाशाही। वह लोकतंत्री प्रणालियों को खुल्लमखुल्ला हिक़ारत की नज़र से देखता है। फ़ासीवादी तरीक़े कम या ज़्यादा रूप में यूरोप के कई देशों में फैल गये हैं और तानाशाही वहां बिल्कुल साधारण घटना हो गई है। १९३३ ई० के शुरू में जर्मनी

[1] Fascism.

में भी फ़ासीवाद की पूरी जीत हुई, जहां १९१८ ई० मे क़ायम हुए कम-उम्र-वाले गणराज्य का अन्त कर दिया गया और मज़दूरों के आन्दोलन का नाश करने के लिए निहायत वहशियाना उपायों का सहारा लिया गया ।

बस, यूरोप में फ़ासीवाद लोकतंत्र और समाजवादी ताक़तों के मुक़ाबले में खड़ा हो गया, ओर साथ ही पूंजीशाही शक्तियां एक दूसरी को घूरने लगीं और आपस मे लड़ने की तैयारियां करने लगी। और, इसके अलावा, पूंजीशाही ने एक तरफ़ बहुतायत और दूसरी तरफ़ गरीबी का बड़ा ही निराला नज़ारा पेश कर दिया; एक तरफ़ तो अन्न सड़ रहा था और फेंका भी जा रहा था और नष्ट भी किया जा रहा था, और दूसरी तरफ़ जनता भूखों मर रही थी ।

पिछले कुछ वर्षों के दौरान में यूरोप का एक प्राचीन देश स्पेन गणराज्य बन गया है और उसने अपने हैप्सबुर्ग-बूर्बों राजा को निकाल बाहर किया है । इस तरह यूरोप में और दुनिया में एक बादशाह और कम हो गया है ।

महायुद्ध के बाद के चौदह वर्षों में जो मार्के की घटनाएं हुई, उनमें से तीन का ज़िक्र में कर चुका हूं : पहली, सोवियत यूनियन का उदय; दूसरी, दुनिया पर अमेरिका का आर्थिक दबदबा और उसका मौजूदा संकट; और तीसरी, यूरोप की गुत्थी । इस ज़माने की चौथी मार्के की घटना है पूर्वी देशों का पूरी तरह जाग उठना और आज़ादी हासिल करने के लिए सरगर्म कोशिशें करना । पूर्व अब साफ़ तौर पर दुनिया की राजनीति में दाख़िल हो जाता है । इन पूर्वी राष्ट्रों को दो दर्जों में बांटा जा सकता है : एक तो वे जो स्वाधीन समझे जाते है, और दूसरे वे जो किसी-न-किसी साम्राज्यशाही शक्ति के अधीन उपनिवेशी देश हैं । एशिया व उत्तरी अफ्रीका के इन तमाम देशों में राष्ट्रीयता ज़ोर पकड़ गई है, और आज़ादी की उमंग ज़ोरदार व सरगर्म हो गई है । इनसब देशों में पश्चिमी साम्राज्यशाही के खिलाफ़ ज़ोरदार आन्दोलन हुए है, और कुछ देशों में बग़ावतें तक हुई है । इनमें से कई देशों को अपनी लड़ाई में संकट के मौक़े पर सोवियत संघ से सीधी मदद मिली है, और इससे भी बहुत ज़्यादा महत्व की बात यह है कि सोवियत संघ ने उनकी पीठ ठोकी है ।

तुर्की का फिर से ज़िन्दा होना एक ऐसे राष्ट्र का बहुत ही मार्के का ज़िन्दा होना है, जो गिरा हुआ और बीता हुआ दिखाई देता था । और इसके लिए ज़्यादा-तर तारीफ़ उस दिलेर नेता मुस्तफ़ा कमालपाशा की है, जिसने उस वक़्त भी घुटने टेकने से इन्कार कर दिया जब सब-कुछ उसके विरोध में नज़र आ रहा था । उसने न सिर्फ़ अपने देश के लिए आज़ादी हासिल की, बल्कि आज के ज़माने का जामा पहनकर उसे इतना बदल दिया कि उसकी शकल ही दूसरी हो गई । उसने सुल्तानियत का, और ख़िलाफ़त का, और स्त्रियों के पर्दे का, और ढेरों पुराने

रिवाजों का, अन्त कर दिया। सोवियत की हिमायत और असली सहारे ने उसे बड़ी भारी मदद पहुंचाई। अंग्रेज़ों के रौब-दाब से छुटकारा पाने की कोशिश में सोवियत ने ईरान को भी मदद दी। यहां भी रिज़ा खां नामक मज़बूत व्यक्ति आगे आया, और आजकल यही ईरान का शासक है। इस अर्से में अफ़ग़ानिस्तान भी अपनी मुकम्मिल स्वाधीनता क़ायम करने में सफल हो गया।

अरब देश को छोड़कर बाक़ी सारे अरबी देश अभी तक विदेशियों के अधीन हैं। अरबी क़ौमों की एकता की मांग अभीतक पूरी नहीं हुई है। अरब देश का ज़्यादातर भाग सुल्तान इब्न सऊद के मातहत स्वाधीन हो गया है। इराक़ क़ाग़ज़ी तौर पर तो स्वाधीन है, मगर अमली तौर पर वह अंग्रेज़ों के असर और इख़्तियार के दायरे में है। फ़िलस्तीन और ट्रान्स-जौर्डन ब्रिटिश 'फ़रमानी' हैं और सीरिया फ्रान्सीसी 'फ़रमानी' है। सीरिया में फ्रान्सीसियों के खिलाफ़ अनोखी बहादुराना बग़ावत हुई और वह कुछ-कुछ सफल भी हुई। मिस्र में भी अंग्रेज़ों के खिलाफ़ छोटे-छोटे विद्रोह हुए और बड़ी लम्बी लड़ाई चली। यह लड़ाई अभी-तक जारी है, हालांकि कहने को मिस्र स्वाधीन है, पर अंग्रेज़ों के सहारे टिका हुआ बादशाह वहां राज करता है। उत्तरी अफ्रीका के दूर पश्चिम में, मोरक्को में भी अब्दुल करीम की रहनुमाई में बड़ी बहादुराना लड़ाई हुई। वह स्पेनियों को तो निकाल बाहर करने में सफल हो गया पर बाद में फ्रान्सीसियों ने पूरा ज़ोर लगाकर उसे कुचल दिया।

एशिया और अफ्रीका में आज़ादी की ये लड़ाइयां ज़ाहिर करती हैं कि पूर्व के दूर-दूर देशों में नई चेतना किस तरह फैल रही थी और नर-नारियों के दिलों में किस तरह घर कर रही थी। दो देशों के नाम आगे आते हैं, क्योंकि उनका संसार-व्यापी महत्व है। ये चीन और भारत हैं। इनमें से एक भी देश में होनेवाला कोई बुनियादी परिवर्तन संसार की बड़ी शक्तियों के समूचे ढांचे पर असर डालता है; संसारी राजनीति में इसके ज़बर्दस्त नतीजे पैदा हुए बिना नहीं रह सकते। इसलिए चीन व भारत में होनेवाली लड़ाइयां इन देशों की जनता की घरू लड़ाइयां न रहकर दुनिया के लिए बहुत ज़्यादा महत्व रखती हैं। चीन की क़ामयाबी का अर्थ है एक ज़बर्दस्त राज्य का उदय, जो शक्तियों के मौजूदा नामधारी संतुलन को बिगाड़ देता है और जो साम्राज्यशाही शक्तियों के हाथों चीन के शोषण का अपने-आप अन्त कर देता है। भारत की सफलता का भी अर्थ है ऐसे बड़े राज्य का प्रकट होना, जिसमें और कुछ नहीं तो बहुत ताक़त भरी हुई है, और इसका अर्थ है ब्रिटिश साम्राज्यशाही का न टलनेवाला अन्त।

गत दस वर्षों के दौरान में चीन में कितने ही उतार-चढ़ाव आये। कुओ-मिन-तांग और साम्यवादियों का गठ-बन्धन टूट गया, और तबसे आज तक चीन

तूशनों व ऐसे ही लुटेरे सरदारों का शिकार बना हुआ है, जिन्हें अक्सर उन विदेशी स्वार्थों से सहायता मिलती रहती है, जो चाहते हैं कि चीन में गड़बड़ चलती रहे। पिछले दो वर्षों से तो जापान ने चीन पर सचमुच चढ़ाई कर रक्खी है और कई प्रान्तों पर क़ब्ज़ा कर लिया है। यह ग़ैर-रस्मी युद्ध अभीतक चल रहा है। इस बीच चीन के भीतरी भाग में कई बड़े-बड़े इलाके साम्यवादी बन गये हैं और वहां कुछ-कुछ सोवियत के ढंग की हुकूमत क़ायम हो गई है।

भारत में पिछले चौदह वर्ष बड़े भरपूर रहे हैं और इस समय में यहां सर-गर्म लेकिन अमन-पसन्द राष्ट्रीयता सामने आई है। महायुद्ध के कुछ ही दिन बाद, जब बड़े-बड़े सुधारों के इन्तज़ार में उम्मीदें बांधी जा रही थीं, हमें पंजाब में फ़ौजी क़ानून और जलियांवाला बाग का भयंकर हत्याकांड मिला। इसपर गुस्से से, और तुर्की व ख़िलाफ़त के साथ बुरे बर्ताव पर मुसलमानों मे सख़्त नाराज़ी से, गांधीजी की रहनुमाई में १९२०-२२ ई० का असहयोग-आन्दोलन हुआ। वास्तव में, १९२० ई० से ही गांधीजी भारतीय राष्ट्रीयता के ला-कलाम नेता हो गये हैं। भारत में यह गांधी-युग रहा है, और अहिंसक विद्रोह के उनके बिल्कुल नये व कार-गर तरीकों ने इसी ख़ासियत की वजह से दुनिया-भर का ध्यान खींच लिया है। कुछ दिनों धीमी हलचलों व तैयारियों के बाद, १९३० ई० में, जब कांग्रेस ने स्वाधीनता की मंजिल पर पहुंचने का पक्का इरादा कर लिया, तो आज़ादी की लड़ाई फिर शुरू हो गई। तबसे हमारे यहां सविनय अवज्ञा,[1] और जेलों का ठसाठस भरना, और बहुत-सी दूसरी बातें जो तुम्हें मालूम हैं, होती रही हैं। इस बीच ब्रिटिश नीति यह रही है कि नाम के सुधारों से कुछ लोगों को हो सके तो अपनी तरफ़ मिला लिया जाय, और राष्ट्रीय आन्दोलन को कुचलने का यत्न किया जाय।

१९३१ ई० में बर्मा में भूखों-मरते किसान-वर्ग का एक बड़ा भारी विद्रोह हुआ। इसे बड़ी बेरहमी से दबा दिया गया। जावा और इन्दोनेशिया में भी विद्रोह हुआ। स्याम में खलबली मची और कुछ परिवर्तन हुआ, जिससे बादशाह के अधि-कारों को पाबन्द कर दिया गया। फ़्रान्सीसी हिंद-चीन में भी राष्ट्रीयता आगे बढ़ रही है।

मतलब यह कि सारे पूर्व में राष्ट्रीयता ज़ाहिर होने के लिए छटपटा रही है और कहीं-कहीं उसमें कुछ साम्यवाद का मेल हो गया है। इन दोनों के बीच कोई एक-जैसी चीज़ नहीं है, सिवा इसके कि दोनों साम्राज्यशाही से एक-जैसी नफ़रत करते हैं। सोवियत संघ के भीतर और बाहर के तमाम पूर्वी देशों के साथ

---

[1] Civil Disobedience—**शान्ति के साथ क़ानून तोड़ना—सिविल नाफ़रमानी।**

सोवियत रूस की समझदार और खुले दिल से मदद देनेवाली नीति ने गैर-साम्यवादी देशों तक में भी उसके बहुत सारे दोस्त पैदा कर दिये हैं।

हाल के वर्षों का एक और माक का पहलू यह रहा है कि स्त्रियां उन बहुत-से क़ानूनी, समाजी और रिवाजी बन्धनों से आज़ाद हो गई हैं, जिन्होंने उन्हें जकड़ रक्खा था। पश्चिम में तो महायुद्ध ने इस चीज़ को बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ाया। और पूर्व में भी, तुर्की से लगाकर भारत और चीन तक, स्त्री-जाति उठकर चलने लगी है और राष्ट्रीय व समाजी हलचलों में निडर होकर भाग ले रही है।

ऐसा है यह समय जिसमें हम रह रहे हैं। हर रोज परिवर्तन के, और बड़ी-बड़ी घटनाओं के, राष्ट्रों की आपसी रगड़-झगड़ के, पूंजीवाद व समाजवाद और फ़ासीवाद व लोकतन्त्र के बीच बैर-भाव के, बढ़ती हुई ग़रीबी और मुफ़लिसी के समाचार सुनाई पड़ते हैं, और इन सबके ऊपर युद्ध की शाम की छाया पड़ रही है।

इतिहास का यह दिल हिलानेवाला ज़माना है, और इसमें जीना और हिस्सा लेना सौभाग्य की बात है, फिर चाहे वह हिस्सा देहरादून-जेल में एकान्तवास ही क्यों न हो!

: १५७ :

गणतंत्र के लिए आयर्लैण्ड की लड़ाई

२८ अप्रैल, १९३३

अब हम हाल के वर्षों की महत्व की घटनाओं पर कुछ ज़्यादा ब्यौरे के साथ विचार करेंगे। मैं आयर्लैण्ड से शुरू करूंगा। दुनिया के इतिहास और दुनिया की ताक़तों के लिहाज़ से यूरोप के दूर पश्चिम में यह छोटा-सा देश आज कोई बड़ा महत्व नहीं रखता है। मगर यह एक बहादुर और कभी न दबनेवाला देश है, और ब्रिटिश साम्राज्य की सारी ज़बर्दस्त ताक़त भी इसकी आत्मा को न तो कुचल सकी है और न इसे डराकर सिर झुकाने को मजबूर कर सकी है।

आयर्लैण्ड के बारे में अपने पिछले पत्र में मैंने होमरूल बिल का ज़िक्र किया था जिसे ब्रिटिश पार्लमेण्ट ने महायुद्ध शुरू होने के ठीक पहले पास किया था। अल्स्टर के प्रोटेस्टैण्ट नेताओं ने और इंग्लैण्ड के अनुदार दल ने इसका विरोध किया था और इसके खिलाफ़ बाक़ायदा बग़ावत खड़ी की गई थी। इसपर, ज़रूरत पड़े तो अल्स्टर के खिलाफ़ लड़ने को, दक्षिणी आयरवासियों ने भी अपने 'राष्ट्रीय स्वयंसेवकों' का संगठन किया था। ऐसा मालूम हो रहा था कि आयर्लैण्ड में गृह-युद्ध टल नहीं सकता। ठीक इसी समय महायुद्ध शुरू हो गया और लोगों का सारा

ध्यान बेल्जियम और उत्तरी फ्रान्स के मोर्चों की तरफ बंट गया। पार्लमेण्ट में आयरी नेताओं ने युद्ध में सहायता देने की अपनी तैयारी जाहिर की, मगर देश को इसमें कोई दिलचस्पी नही थी और वह सहायता देने को ज़रा भी तैयार नहीं था। इधर अल्स्टर के 'बागियो' को ब्रिटिश सरकार में ऊंचे-ऊंचे ओहदे दे दिये गए। जिससे आयरनिवासी और भी ज्यादा नाराज़ हो गये।

आयर्लैण्ड में नाराज़ी बढ़ने लगी और यह भावना ज़ोर पकड़ने लगी कि इंग्लैण्ड के युद्ध में यहां के लोगों को कुर्बानी का बकरा न बनाया जाय। जब यह प्रस्ताव किया गया कि इंग्लैण्ड की तरह आयर्लैण्ड में भी लामबन्दी जारी की जाय और स्वस्थ शरीरवाले तमाम नौजवानों को सेना में जबरन् भर्ती किया जाय, तो सारे देश में विरोध की गुस्साभरी आग भड़क उठी। ज़रूरत पड़ने पर आयर्लैण्ड भी इसे रोकने के लिए तैयार हो गया।

१९१६ ई० के ईस्टर[1] सप्ताह में डबलिन में बलवा हुआ और आयरी गणराज्य का ऐलान कर दिया गया। कुछ दिन की लड़ाई के बाद ब्रिटिश सरकार ने इसे कुचल दिया, और बाद में इस चन्द-रोजा बग़ावत में भाग लेनेवाले आयर्लैण्ड के कुछ सबसे बहादुर और होनहार नौजवानों को गोलियों से उड़ा दिया गया। यह बलवा, जो 'ईस्टर बलवे' के नाम से मशहूर है, ब्रिटिश सत्ता को चुनौती देनेवाला कोई गंभीर प्रयास नहीं गिना जा सकता। यह तो दुनिया को सिर्फ़ यह जतलाने का एक बहादुराना इशारा था कि आयर्लैण्ड अब भी गणराज के सपने देखता था और अपनी इच्छा से अंग्रेज़ों की मातहती क़बूल करने को कभी तैयार नहीं था। दुनिया को यह दिखाने के लिए इस बलवे को खड़ा करनेवाले नव-युवकों ने जान-बूझकर अपनी जानें निछावर कर दीं। वे अच्छी तरह जानते थे कि इस बार असफल होंगे, पर उन्हें आशा थी कि उनकी कुरबानी बाद में फल देगी और आयर्लैण्ड को आज़ादी के नज़दीक ले जायगी।

इसी बलवे के दिनों के आसपास जर्मनी से आयर्लैण्ड को हथियार लाने की कोशिश करनेवाले एक आयरवासी को अंग्रेजों ने गिरफ़्तार कर लिया। यह व्यक्ति सर रोजर केसमैण्ट था, जो बहुत वर्षों तक इंग्लैण्ड की विदेशी व्यापार सेवा में रह चुका था। केसमैण्ट पर लंदन में मुक़दमा चलाया गया और उसे मौत की सज़ा दी गई। अदालत में क़ैदी के कठघरे में खड़े होकर उसने जो बयान पढ़ा था, वह बड़ा ही दिल खीचनेवाला और असर डालनेवाला था और उसमें आयरी आत्मा के जोशीले देश-प्रेम को खोलकर रख दिया गया था।

---

[1] Easter week—**ईसाइयों का त्यौहार, जो ईसा मसीह के स्वर्गारोहण की याद में मनाया जाता है। यह सप्ताह प्रतिवर्ष २१ मार्च से २८ अप्रैल के बीच में पड़ता है।**

बलवा तो असफल रहा, पर उसकी हार में ही उसकी शानदार जीत थी। इसके बाद ही ब्रिटिश सरकार ने जो दमन किया, और ख़ासकर नौजवान नेताओं के एक दल को जो गोलियों से उड़ा दिया, इनका आयरवासी जनता पर गहरा असर पड़ा। ऊपर-ऊपर तो आयर्लैण्ड खामोश नज़र आता था, लेकिन नीचे गुस्से की आग दहक रही थी, और जल्द ही यह 'शिन फ़ेन' के रूप में फूट पड़ी। शिन फ़ेन की विचारधारा बड़ी तेज़ी से फैलने लगी। आयर्लैण्ड के बारे में अपने पिछले पत्र में मैं इस शिन फ़ेन का ज़िक्र, कर चुका हूं। शुरू में तो इसे सफलता नहीं मिली; पर अब यह जंगल की आग की तरह फैलने लगी।

महायुद्ध ख़तम होने के बाद लंदन की पार्लमेण्ट के लिए सारे ब्रिटिश आइल्स[१] में चुनाव हुए। आयर्लैण्ड में, शिन फ़ेन दल ने, अंग्रेज़ों के साथ कुछ सहयोग का समर्थन करनेवाले पुराने राष्ट्रवादियों को हराकर, पार्लमेण्ट की बहुत ज़्यादा सीटों पर क़ब्ज़ा कर लिया। मगर शिन फ़ेनी लोगों ने चुनाव इसलिए नहीं जीता था कि ब्रिटिश पार्लमेण्ट की बैठकों में भाग लें। उनकी नीति बिल्कुल दूसरे क़िस्म की थी; वे तो असहयोग और बायकाट में विश्वास रखते थे। इसलिए ये निर्वाचित शिन फ़ेनी लंदन की पार्लमेण्ट में नहीं गये, और उन्होंने १९१९ ई० में डबलिन में अपनी खुद की गणराजी विधान-सभा बना डाली। उन्होंने आयरी गणराज्य की घोषणा कर दी और अपनी विधान-सभा का नाम 'डेल आइरीन'[२] रक्खा। वे लोग यह मानकर चले थे कि यह अल्स्टर-समेत समूचे आयर्लैण्ड के लिए है, पर अल्स्टरवालों का इससे अलग रहना लाज़िमी ही था। कैथलिक आयर्लैण्ड से उन्हें कोई प्यार नहीं था। 'डेल आइरीन' ने दि वैलेरा को अपना अध्यक्ष और ग्रिफ़िथ को उपाध्यक्ष चुना। उस समय संयोग से नये गणराज्य के ये दोनों सरदार इंग्लैण्ड की जेलों में थे।

फिर एक बहुत ही निराली लड़ाई शुरू हुई। यह लड़ाई बेमिसाल थी और आयर्लैण्ड व इंग्लैण्ड के बीच पिछली कितनी ही लड़ाइयों से बिल्कुल अलग तरह की थी। निरे मुट्ठीभर युवक और युवतियां, अपने देशवासियों की सहानुभूति का सहारा पाकर, अपने से बे-अन्दाज़ ज़्यादा बड़ी ताक़त के ख़िलाफ़ लड़े; उनके मुक़ाबले में एक बड़ा और संगठित साम्राज्य खड़ा था। शिन फ़ेनी लड़ाई एक क़िस्म का असहयोग थी, जिसमें कभी-कभी खून बह जाता था। उन्होंने ब्रिटिश संस्थाओं के बायकाट का प्रचार किया और जहां सम्भव हुआ वहां अपनी संस्थाएं क़ायम कर दीं, जैसे मामूली अदालतों की जगह पंचायती अदालतें। देहात में

[१] British Isles—**इंग्लैण्ड, स्काटलैण्ड, आयर्लैण्ड, और उसके तटवर्ती टापुओं का सामूहिक नाम।**

[२] Dail Eireann

पुलिस की चौकियों के ख़िलाफ़ लड़ाई के छापामार ढंग का सहारा लिया गया। जेलों में भूख-हड़तालें करके शिन फ़ेन क़ैदियों ने अंग्रेज़ सरकार को बहुत परेशान किया। सबसे मशहूर भूख-हड़ताल, जिसने आयर्लैण्ड को थर्रा दिया, कॉर्क नगर के लार्ड मेयर टैरेन्स मैकस्विनी की हुई। जब उसे जेल में डाला गया तो उसने जाहिर कर दिया कि वह जेल से जरूर छूटेगा, जिन्दा नहीं छूटा तो मरकर छूटेगा, और उसने अनशन कर दिया। पचहत्तर दिन के अनशन के बाद उसकी लाश जेल से बाहर निकली।

माइकल कॉलिन्स शिन फ़ेन बग़ावत के नामी संगठन करनेवालों में गिना जाता है। शिन फ़ेन की चतुर चालों ने आयर्लैण्ड में ब्रिटिश सरकार को बहुत-कुछ अपंग बना दिया, और देहात के जिलों में तो उसकी हस्ती ही मिटा दी। धीरे-धीरे दोनों तरफ़ हिंसा का ज़ोर बढ़ने लगा और कई बार अदले के बदले लिये गए। आयर्लैण्ड में लड़ने के लिए ख़ास ब्रिटिश फ़ौजी दल भर्ती किया गया। इस दल के सिपाहियों को बड़ी ऊंची-ऊंची तनख्वाहें दी गई और इसमें महायुद्ध की सेनाओं से हाल ही में छुट्टी पाये हुए वे लोग थे जो बहुत ख़तरनाक और ख़ूनी समझे जाते थे। अपनी वर्दियों के रंग के कारण यह दल 'काला व भूरा'[1] के नाम से मशहूर हो गया। इस काले व भूरे दल ने बेदर्द हत्याओं का जंगी दौर शुरू कर दिया। ये लोग शिन फ़ेनों को आतंकित करके सिर झुकाने को मज़बूर करने के इरादे से सोते हुए लोगों को गोलियों से मार देते थे। पर शिन फ़ेनों ने सिर नहीं झुकाया और अपना छापामार युद्ध जारी रक्खा। इसपर 'काले व भूरे' दल ने ख़ूनी बदले निकाले, और समूचे गांव-के-गांव और शहरों के बड़े हिस्से जलाकर राख कर डाले। आयर्लैण्ड लड़ाई का बड़ा भारी मैदान बन गया, जिसमें दोनों पक्ष ख़ून-ख़राबी और बर्बादी में एक-दूसरे से होड़ लगाने लगे। एक पक्ष के पीछे तो साम्राज्य का संगठित बल था, दूसरे के पीछे मुट्ठी भर लोगों का लोहे-जैसा मज़बूत इरादा था। १९१९ ई० से अक्तूबर, १९२१ ई० तक, दो वर्ष यह आंग्ल-आयरी युद्ध चला।

इसी दरम्यान, १९२० ई० में, ब्रिटिश पार्लमेण्ट ने फुर्ती से नया होमरूल बिल पास कर दिया। युद्ध से पहले पास किया गया पुराना विधान, जिसकी वजह से अल्स्टर में विद्रोह की नौबत पहुंच गई थी, चुपचाप मंसूख कर दिया गया। नये बिल के मुताबिक आयर्लैण्ड के दो टुकड़े कर दिये गए—एक तो अल्स्टर या उत्तरी आयर्लैण्ड, और दूसरा देश का बाकी भाग, और दोनों के लिए अलग-अलग पार्लमेण्टें रक्खी गईं। आयर्लैण्ड वैसे ही छोटा-सा देश है, इसलिए बंटवारा होने पर ये दोनों भाग एक छोटे-से टापू के नन्हें-नन्हें इलाक़े हो गये। उत्तरी भाग के लिए

[1] Black and Tan.

अल्स्टर मे नई पार्लमेण्ट बना दी गई, पर दक्षिण में, यानी आयर्लैण्ड के बाक़ी भाग में, होमरूल क़ानून पर किसीने ध्यान ही नहीं दिया। वे सब तो शिन फ़ेनी बग़ावत में मशगूल थे।

अक्तूबर, १९२१ ई० में इंग्लैण्ड के प्रधान मंत्री लॉयड जॉर्ज ने शिन फ़ेनों से आरजी-सुलह की अपील की ताकि समझौते की सम्भावना पर चर्चा की जा सके, और उसकी बात मान ली गई। इसमे शक नहीं कि अपने ज़बर्दस्त साधनों से, और सारे आयर्लैण्ड को वीरान बनाकर, इंग्लैण्ड अन्त में शिन फ़ेनों को कुचल ही डालता, पर आयर्लैण्ड में इस नीति के सबब से वह अमेरिका व दूसरे देशों में बहुत बदनाम होता जा रहा था। लड़ाई जारी रखने के लिए अमेरिका में रहनेवाले और ब्रिटिश उपनिवेशों तक में रहनेवाले आयरी लोगों ने आयर्लैण्ड को खूब धन भेजा। लेकिन इधर शिन फ़ेन लोग भी थक चुके थे, क्योंकि उनपर बड़ा भारी बोझ पड़ा था।

अंग्रेज़ और आयरी प्रतिनिधि लंदन मे मिले, और दो महीने की चर्चा व बहस के बाद दिसम्बर, १९२१ ई० में एक काम-चलाऊ समझौते पर दोनों के दस्तख़त हो गये। इसमें आयरी गणराज्य को तो नही माना गया, पर दो-एक मामलों को छोड़कर इसमे आयर्लैण्ड को उससे कहीं ज़्यादा आज़ादी मिल गई जितनी किसी उपनिवेश को अभीतक हासिल थी। इतने पर भी आयरी प्रतिनिधि इसे मंजूर करने को राज़ी नहीं थे, और उन्होंने तभी अपनी मंजूरी दी जब इंग्लैण्ड ने फ़ौरन और भयंकर युद्ध की धमकी की तलवार उनके सर पर चमकाई।

इस सन्धि के ऊपर आयर्लैण्ड मे ज़बर्दस्त खीच-तान हुई। कुछ लोग इसके समर्थक थे, दूसरे लोग घोर विरोधी थे। इस सवाल पर शिन फ़ेन दल के दो टुकड़े हो गये। अन्त में जाकर डेल आइरिन ने इस सन्धि को मंज़ूर कर लिया, और 'आयरिश आज़ाद राज्य' की स्थापना हुई, जो आयर्लैण्ड में सरकारी तौर पर 'साओरस्टाथ आइरीन' कहलाता है। मगर इसके नतीजे से शिन फ़ेन दल के पुराने साथियों के बीच गृह-युद्ध छिड़ गया। डेल आइरीन का अध्यक्ष दि वैलेरा इंग्लैण्ड के साथ सन्धि के ख़िलाफ़ था, और दूसरे बहुत लोग भी ख़िलाफ़ थे; उधर माइकल कॉलिन्स व दूसरे लोग पक्ष में थे। देश में कई महीनों तक गृह-युद्ध ज़ोरों के साथ चलता रहा, और विपक्षियों को दबाने के लिए सन्धि व आज़ाद राज्य के समर्थकों को ब्रिटिश फ़ौजों ने मदद दी। गणराजवादियों ने माइकल कॉलिन्स को गोली से मार दिया, और इसी तरह गणराजवादी नेताओं को आज़ाद राज्य के हामियों ने गोलियों से मार दिया। सारी जेलें गणराजवादियों से भर गईं। यह सारा गृह-युद्ध और आपसी बैर आयर्लैण्ड के बहादुराना आज़ादी की

लड़ाई का बहुत ही ज्यादा दुखदायी नतीजा था। जहां अंग्रेज़ों के हथियार कुन्द पड़ गये थे वहां उनकी नीति ने विजय पाई। एक आयरवासी दूसरे आयरवासी से लड़ रहा था, और इंग्लैण्ड इस नये शुगूफे से मन-ही-मन खुश होता हुआ कुछ हद तक एक पक्ष को चुपचाप सहायता दे रहा था और खड़ा-खड़ा तमाशा देख रहा था।

गृह-युद्ध धीरे-धीरे ठंडा पड़ गया, पर गणराज्यवादी फिर भी आज़ाद राज्य को क़बूल करने के लिए तैयार नही हुए। यहांतक कि वे गणराज्यवादी भी, जो 'डेल' (आजाद राज्य की पार्लमेण्ट) में चुने गये थे, उसकी बैठकों में हाज़िर होने से इन्कार हो गये, क्योंकि वफ़ादारी की जिस शपथ में बादशाह का नाम आता था उसे लेने में उन्हें ऐतराज़ था। इसलिए दि वैलेरा व उसका दल 'डेल' से दूर रहे और दूसरे आज़ाद राज्य दल ने, जिसका नेता आज़ाद राज्य का अध्यक्ष कॉस्ग्रेव था, गणराज्यवादियों को तरह-तरह से कुचलने का यत्न किया।

आयरी आज़ाद राज्य के बनने से इंग्लैण्ड की साम्राज्यवादी नीति में दूर तक असर डालनेवाले नतीजे पैदा हो गये—आयरी सन्धि से आयर्लैण्ड को उससे कहीं ज़्यादा स्वाधीनता मिल गई थी, जितनी उस समय कानूनन दूसरे उपनिवेशों को हासिल थी। ज्योंही आयर्लैण्ड को यह मिली, त्योंही दूसरे उपनिवेशों ने भी उसे आपसे-आप हासिल कर लिया, और उपनिवेशों दर्जे के विचार में परिवतन पैदा हो गया। इंग्लैण्ड और उपनिवेशों के जो कई इम्पीरियल सम्मेलन हुए, उनके नतीजे से उपनिवेशों की ज़्यादा स्वाधीनता की दिशा में और भी परिवर्तन हुए। अपने ज़ोरदार गणराज आन्दोलनवाला आयर्लैण्ड हमेशा मुकम्मिल स्वाधीनता की तरफ गाड़ी खींचता रहता था। बोअरों के बहुमतवाले दक्षिण अफ्रीका का भी यही हाल था। इस तरह उपनिवेशों की स्थिति बदलती और सुधरती चली गई, और वे राष्ट्रों के ब्रिटिश कॉमनवैल्थ में इंग्लैण्ड की बराबरी के राष्ट्र माने जाने लगे। देखने-सुनने में यह बड़ा भला लगता है, और इसमें शक नही कि एक से राजनैतिक दर्जे की ओर यह बढ़ता हुआ कदम है। पर यह बराबरी जितनी कल्पना में है उतनी असल में नहीं है। आर्थिक लिहाज़ से उपनिवेश इंग्लैण्ड और ब्रिटिश पूंजी के साथ बंधे हुए हैं, और उनपर आर्थिक दबाव डालने के बहुत-से रास्ते हैं। साथ-ही-साथ, ज्यों-ज्यों उपनिवेशों का विकास होता जाता है, त्यों-त्यों उनके आर्थिक स्वार्थ इंग्लैण्ड के आर्थिक स्वार्थों से टकरानेवाले सबब बनने लगते हैं। इस तरह साम्राज्य धीरे-धीरे कमज़ोर पड़ता जाता है। सच तो यह है कि साम्राज्य के टूट-फूट जाने का खतरा सिर पर सवार होने की वजह से ही इंग्लैण्ड बंधनों को ढीला करने पर और उपनिवेशों के साथ बराबरी का

राजनैतिक दर्जा कबूल करने के लिए रजामन्द हुआ। मौक़े पर इतना आगे बढ़-कर उसने बहुत-कुछ बचा लिया। लेकिन ज़्यादा दिन के लिए नहीं। उपनिवेशों को इंग्लैण्ड से अलगानेवाली ताक़तें लगातार काम कर रही हैं; खास-तौर पर वे आर्थिक ताक़तें हैं, और ये ताक़तें साम्राज्य को लगातार कमज़ोर करने के सबब बन रही हैं। इस वजह से, और इंग्लैण्ड के यक़ीनी पतन की वजह से, मैंने तुम्हें लिखा था कि ब्रिटिश साम्राज्य धीरे-धीरे ग़ायब होता जा रहा है। जब एक सौ परम्पराएं व संस्कृति और नस्ली एकता के होते हुए भी उपनिवेशों का इंग्लैण्ड के साथ ज़्यादा दिनों तक बंधे रहना मुश्किल है, तो फिर भारत का उसके साथ बंधे रहना और भी ज्यादा मुश्किल होना चाहिए। क्योंकि भारत के आर्थिक हितों की तो ब्रिटिश स्वार्थों के साथ सीधी टक्कर है, और किसी एक को दूसरे के सामने झुकना ही पड़ेगा। इसलिए यह सम्भव नही कि आज़ाद भारत इंग्लैण्ड के साथ बंधे रहना मंज़ूर कर लेगा, क्योंकि इसका लाज़िमी नतीजा है भारत की आर्थिक नीति का इंग्लैण्ड की आर्थिक नीति का ताबेदार बन जाना।

इस तरह ब्रिटिश कामनवैल्थ का अर्थ है राजनैतिक लिहाज़ से आज़ाद इकाइयां; लेकिन इस समूह का मतलब सिर्फ़ आज़ाद उपनिवेशों से है, बेचारे पराधीन भारत से नहीं। परन्तु ये इकाइयां अभी तक इंग्लैण्ड के आर्थिक समूह साम्राज्य के अधीन हैं। आयरी सन्धि का अर्थ था ब्रिटिश पूंजी के हाथों कुछ हद तक आयर्लैण्ड का शोषण जारी रहना, और गणराज्य के लिए आन्दोलन के पीछे असली झगड़ा यही था। दि वैलेरा और गणराजवादी लोग ज़्यादा ग़रीब किसानों के, निचले मध्य वर्गों के, और ग़रीब दिमाग़ी लोगों के, प्रतिनिधि थे। कॉस्ग्रेव आज़ाद राज्यवाले धनवान मध्य वर्ग के और धनवान किसानों के प्रतिनिधि थे, और इन दोनों वर्गों के हित अंग्रेज़ी व्यापार में थे, और अंग्रेज़ी पूंजी का हित इनमें था।

कुछ समय बाद दि वैलेरा ने अपने दांव-पेच बदलने का फैसला किया। वह और उसका दल डेल आइरीन में गये और उन्होंने वफ़ादारी की शपथ भी ले ली, पर साथ ही यह ज़ाहिर कर दिया कि यह शपथ उन्होंने सिर्फ़ रस्म पूरी करने के लिए ली है, और अपना बहुमत होते ही वे उसे हटा देंगे। १९३२ ई० के शुरू में होनेवाले चुनावों में दि वैलेरा को आज़ाद राज्य की पार्लमेण्ट में यह बहुमत हासिल भी हो गया, और उसने फ़ौरन ही अपने कार्यक्रम पर अमल करना शुरू कर दिया। गणराज्य के लिए लड़ाई तो अब भी चल रही थी, पर लड़ाई का ढंग बदल गया था। दि वैलेरा ने वफ़ादारी की शपथ को मिटा देने का इरादा जाहिर किया और ब्रिटिश सरकार को यह इत्तला भी दे दी कि आगे से वह ज़मीन की सालाना क़िस्तें नहीं देगा। मेरा ख़याल है कि इन सालाना किस्तों का ज़िक्र में

पहले कर चुका हूं। जब आयर्लैण्ड की ज़मीनें बड़े-बड़े ज़मीदारों से ले ली गई थीं तब उन्हें इनका भरपूर मुआवज़ा दिया गया था, और इसका रुपया हर साल उन किसानों से वसूल किया जाता था, जिन्हें ये ज़मीनें दी गई थीं। यह सिलसिला शुरू हुए एक पीढ़ी से ज़्यादा गुज़र चुकी थी, लेकिन यह अभी तक जारी था। दि वैलेरा ने कह दिया कि आगे यह एक पाई भी न देगा।

इसपर इंग्लैण्ड मे फ़ौरन ही बावैला मच गया और ब्रिटिश सरकार से झगड़ा ठन गया। अव्वल तो ब्रिटिश सरकार ने यह ऐतराज़ किया कि दि वैलेरा ने वफ़ादारी की शपथ हटाकर १९२१ ई० की आयरी सन्धि को तोड़ा है। दि वैलेरा ने कहा कि उपनिवेशों के बारे में की गई घोषणा के मुताबिक अगर आयर्लैण्ड और इंग्लैण्ड बराबर के राष्ट्र हैं और अगर हरेक को अपना संविधान बदलने की आज़ादी है, तो ज़ाहिर है कि आयर्लैण्ड को संविधान में से वफ़ादारी की शपथ को बदलने या निकाल देने का अधिकार है। इसलिए अब १९२१ ई० की सन्धि का सवाल ही नहीं उठता। अगर आयर्लैण्ड को यह अधिकार नही है, तो उस हद तक वह इंग्लैण्ड के मातहत है।

दूसरे, सालाना क़िस्तों के बन्द किये जाने पर तो ब्रिटिश सरकार ने और भी ज़ोर-शोर से विरोध किया और कहा कि यह अहदनामे का और फ़र्ज़ की ज़िम्मेदारी का बहुत बेहूदा उल्लंघन है। दि वैलेरा ने इस बात को नही माना, और इस पर क़ानूनी दलीलें हुईं। पर इसके पचड़े में हम नही पड़ना चाहते। जब सालाना क़िस्तें चुकाने का समय आया और वे नहीं दी गईं, तो इंग्लैण्ड ने आयर्लैण्ड के खिलाफ़ नया युद्ध छेड़ दिया। यह आर्थिक युद्ध था। इंग्लैण्ड में आनेवाले आयरी माल पर भारी आयात चुंगियां लगा दी गईं; ताकि इंग्लैण्ड को अपनी उपज भेजनेवाले आयरी किसान बर्बाद हो जायं और आयरी सरकार समझौता करने पर मजबूर हो जाय। जैसी कि इंग्लैण्ड की आदत है, उसने दूसरे पक्ष को मजबूर करने के लिए अपना सोटा घुमाया, पर इस किस्म के तरीक़े अब पहले की तरह कारगर नहीं रह गये थे। आयरी सरकार ने इसके जवाब में आयर्लैण्ड आनेवाले ब्रिटिश माल पर चुंगियां लगा दीं। इस आर्थिक युद्ध ने दोनों तरफ के किसानों और उद्योगों को भारी नुकसान पहुंचाया। परन्तु अपमानित राष्ट्रीयता और शान का ख़याल दोनों में से किसी भी एक पक्ष के झुकने के रास्ते में रोड़ा बन गये।

१९३३ ई० के शुरू में आयर्लैण्ड में नये चुनाव हुए, और इनमें जब दि वैलेरा पहले से भी ज़्यादा सफल रहा और उसका पहले से भी ज़्यादा बहुमत हो गया तो ब्रिटिश सरकार को बहुत खिजलाहट हुई। इसका मतलब यह था कि आर्थिक शिकंजा कसने की ब्रिटिश नीति सफल नहीं हुई। मज़ेदार बात यह है कि इधर तो

ब्रिटिश सरकार क़र्ज़ न चुकाने में आयरवासियों की बदमाशी की पुकार करती है, उधर वह खुद अमरीका के क़र्ज़ नहीं चुकाना चाहती।

बस, आज दि वैलेरा आयरी सरकार का अध्यक्ष है और वह एक-एक पग बढ़ाता हुआ अपने देश को गणराज्य की ओर ले जा रहा है। वफ़ादारी की शपथ तो कभी की खतम हो गई; सालाना क़िस्तों का भुगतान सदा के लिए बन्द कर दिया गया है; गवर्नर-जनरल का पुराना पद भी तोड़ दिया गया है, और इस पद पर, जिसका अब कोई महत्व नहीं रह गया है, दि वैलेरा ने अपने दल के एक आदमी को मुकर्रर कर दिया है। गणराज्य के लिए लड़ाई चल रही है, पर अब उसके ढंग बदल गये हैं; सदियों पुरानी आंग्ल-आयरी कशमकश जारी है और आज इसने आर्थिक युद्ध का रूप ले लिया है।

आयर्लैण्ड के जल्द ही गणराज्य बन जाने के आसार हैं। पर एक बड़ी रुकावट रास्ते में अटकी हुई है। दि वैलेरा और उसके दल की सबसे बड़ी इच्छा यह है कि अल्स्टर समेत अखंड आयर्लैण्ड, एक गणराज्य बन जाय, और समूचे टापू की एक केन्द्रीय सरकार हो। आयर्लैण्ड इतना छोटा है कि उसके दो टुकड़े नहीं किये जा सकते। दि वैलेरा के सामने बड़ी समस्या यह है कि अल्स्टर को बाक़ी आयर्लैण्ड के साथ किस तरह जोड़ा जाय। जबरदस्ती से यह काम नहीं हो सकता। १९१४ ई० में ब्रिटिश सरकार की ऐसी कोशिश से बग़ावत होते-होते रह गई थी। और आज़ाद राज्य तो अल्स्टर को मज़बूर कर ही नहीं सकता, न ऐसा करने का उसका सपने में भी कोई इरादा है। दि वैलेरा को आशा है कि वह अल्स्टर की सद्भावना हासिल कर लेगा और इस तरह दोनों को एक कर देगा। पर आशा में ज़रूरत से ज़्यादा आशावाद दिखाई देता है, क्योंकि प्रोटैस्टेन्ट अल्स्टर का कैथलिक आयर्लैण्ड की तरफ कट्टर अविश्वास अभी तक चला आ रहा है।

टिप्पणी (१९३८ ई०)—कुछ साल चलने के बाद दोनों देशों के बीच यह आर्थिक युद्ध दोनों देशों के एक आपसी राज़ीनामे के जरिये खतम कर दिया गया। यह राज़ीनामा, जिससे सालाना किस्तों की समस्या का और रुपये-पैसे तथा दूसरे देने-पावने का निपटारा हो गया, आयरी आज़ाद राज्य के लिए बहुत फ़ायदे-मन्द रहा। दि वैलेरा ने गणराज्य की तरफ और भी कदम बढ़ाये हैं, और ब्रिटिश सरकार और ताज से कितने ही रिश्ते तोड़ दिये हैं। आयर्लैण्ड का नाम अब 'आयर' रख दिया गया है। आयर के सामने सबसे ज़्यादा ज़रूरी सवाल देश की एकता है, जिसमें अल्स्टर भी शामिल हो। पर अल्स्टर अभी राज़ी नहीं है।

: १५८ :

राख के ढेर से नये तुर्की का उदय

७ मई, १९३३

पिछले पत्र में मैं गणराज्य के लिए आयर्लैण्ड की बहादुराना लड़ाई का हाल लिख चुका हूं। आयर्लैण्ड का तुर्की से कोई वास्ता नहीं है, लेकिन आज मुझे नये तुर्की का ध्यान आ रहा है, इसलिए तुम्हें उसीके बारे में लिखना चाहता हूं। आयर्लैण्ड की ही तरह तुर्की ने भी जीतने के कोई आसार न होने पर भी हैरत में डाल लेनेवाला डटकर मुकाबला किया। हम देख चुके हैं कि महायुद्ध के नतीजों से रूस, जर्मनी व आस्ट्रिया, ये तीन साम्राज्य गायब हो गये। तुर्की में हम चौथे बड़े साम्राज्य, यानी उस्मानी साम्राज्य, का अन्त देखते हैं। उस्मान और उसके उत्तराधिकारियों ने ६०० वर्ष पहले इस साम्राज्य की नींव डाली थी और इसका निर्माण किया था। इसलिए इनका राजवंश रूस के रोमोनॉफ़ घराने से या प्रशिया और जर्मनी के हॉयनत्सालर्न घराने से बहुत पुराना था। ये तेरहवीं सदी के शुरू-आती हैप्सबर्गों के ज़माने के थे, और इन दोनों प्राचीन घरानों का एक साथ पतन हुआ।

महायुद्ध में जर्मनी की हार से कुछ दिन पहले ही तुर्की का ढेर हो गया, और उसने मित्र-राष्ट्रों के साथ लड़ाई बन्द करने का मामला अलग तय किया। देश बहुत-कुछ टूक-टूक हो चुका था, साम्राज्य मिट गया था, और सरकार की व्यवस्था टूट चुकी थी। इराक़ और अरबी देश तुर्की से बिल्कुल कट गये थे और बहुत-कुछ मित्र-राष्ट्रों के अधीन थे। खुद कुस्तुन्तुनिया पर भी मित्र-राष्ट्रों का क़ब्जा था, और विजयी ताक़त के अहंकारी निशान ब्रिटिश जंगी-जहाज बास्फोरस में, इस महान शहर के सामने ही लंगर डाले पड़े थे। हर जगह अंग्रेज़ी, फ्रान्सीसी व इटालवी सिपाही नज़र आते थे, और ब्रिटिश खुफ़िया विभाग के जासूस सब जगह गीदड़ गश्त लगा रहे थे। तुर्की किले ढाये जा रहे थे, और बची-खुची तुर्की सेना के हथियार रखवाये जा रहे थे। नौजवान तुर्की नेता अनवर पाशा और तलअत बेग वग़ैरा, दूसरे देशों को भाग गये थे। सुल्तान की गद्दी पर कठपुतली खलीफ़ा वहीदुद्दीन बैठा हुआ था, जो इस तबाही में से अपने-आपको बचाने पर तुला हुआ था, उसका देश भले ही चूल्हे में जाय। ब्रिटिश सरकार की पसन्द का एक और कठपुतली व्यक्ति वज़ीर आज़म बनाया गया। तुर्की पार्लमेण्ट तोड़ दी गई।

१९१८ ई० के अन्त में और १९१९ ई० के शुरू में, तुर्की के अंदर इस तरह की हालतें थीं। तुर्क लोग बिल्कुल बेदम हो गये थे और उनके हौसले बिल्कुल पस्त हो चुके थे। तुम्हें याद होगा कि उन्हें कितनी ज़बर्दस्त मुसीबतें सहनी पड़ी थीं।

मुस्तफ़ा कमाल तुर्की को बचाता है



महायुद्ध के चार वर्षों से पहले बलकानी युद्ध हुआ था, और उससे भी पहले इटली के साथ युद्ध हुआ था, और यह सब नौजवान तुर्कों की उस क्रान्ति के बिलकुल पीछे-पीछे लगा हुआ आया था, जिसने सुल्तान अब्दुल हमीद को हटाकर पार्लमेण्ट क़ायम कर दी थी। तुर्कों ने हमेशा अद्‌भुत धीरज का परिचय दिया है, लेकिन करीब आठ साल के लगातार युद्ध ने उनकी कमर तोड़ दी; ऐसी हालत में किसी भी क़ौम की कमर टूट जाती। इसलिए वे सारी उम्मीदे छोड़ बैठे और अपने-आपको बदनसीबी के हवाले करके मित्र-राष्ट्रों के फ़ैसले का इन्तजार करने लगे।

दो साल पहले युद्ध के दौरान में, मित्र-राष्ट्रों ने इटली के साथ एक गुप्त क़रार कर लिया था, जिसमें उसे स्मर्ना और एशिया कोचक का पश्चिमी भाग देने का वादा था। इससे पहले काग़ज़ी तौर पर क़ुस्तुन्तुनिया रूस को भेंट कर दिया गया था और अरबी देशों का मित्र-राष्ट्रों ने आपस में बंटवारा करना तय कर लिया था। एशिया कोचक इटली को दिये जाने के बारे में इस आख़री गुप्त क़रार पर रूस की रज़ामन्दी ज़रूरी थी। पर इटली की बदक़िस्मती से, ऐसा होने के पहले ही, बोलशेविकों के हाथ में सत्ता आ गई। इसलिए यह क़रारनामा मंज़ूर नहीं हो पाया, जिसकी वजह से इटली मित्र-राष्ट्रों से बहुत कुढ़ा और नाराज़ हुआ।

बस, उस वक़्त यह हालत थी। मालूम होता था कि बुज़दिल सुल्तान से लगाकर नीचे तक सारे तुर्क गिर चुके हैं। 'यूरोप का मरीज़' आखिरकार दम तोड़ चुका था, कम-से-कम नज़र यही आता था। लेकिन कुछ तुर्क ऐसे भी थे, जो क़िस्मत या परिस्थिति के आगे सिर झुकाने को तैयार नहीं थे, भले ही मुक़ाबला करना बिलकुल बे-उम्मेद दिखाई देता हो। कुछ दिनों तक तो वे चुपचाप और ख़ुफ़िया तौर पर अपना काम करते रहे। वे उन्हीं गोदामों से हथियार और सामान इकट्ठा करते रहे जो सचमुच मित्र-राष्ट्रों के क़ब्ज़े में थे, और इन्हें जहाज़ों में भरकर काला सागर के रास्ते से अनातोलिया (एशिया कोचक) के भीतरी भाग को रवाना करते रहे। इन ख़ुफ़िया कार्रवाई करनेवालों में मुस्तफ़ा, कमाल-पाशा मुख्य था, जिसका नाम मेरे पिछले कई पत्रों में आ चुका है।

अंग्रेज़ लोग मुस्तफ़ा कमाल को फूटी आंख भी नहीं देख सकते थे। वे उसपर शुबहा करते थे और उसे गिरफ़्तार करना चाहते थे। सुल्तान भी, जो पूरी तरह अंग्रज़ों के अगूठे के नीचे दबा हुआ था, उसे नहीं चाहता था। मगर उसने सोचा कि कमाल को भीतर की तरफ बहुत दूर भेज देना बिना खतरे की चाल होगी, इसलिए कमाल पाशा को पूर्वी अनातोलिया की सेना का इन्स्पेक्टर-जनरल मुक़र्रर कर दिया गया। सच पूछो तो वहां देख-भाल करने के लिए कोई सेना ही नहीं थी, और असल में कमालपाशा से यह चाहा गया था कि वह तुर्की सिपाहियों के

हथियार रखवाने का काम करे। कमाल के लिए यह बढ़िया मौक़ा था; उसने तपाक से इसे मंज़ूर कर लिया और वह फ़ौरन रवाना हो गया। उसका चला जाना अच्छा ही हुआ, क्योंकि उसके रवाना होने के कुछ ही घंटे बाद सुल्तान की मति पलट गई। कमाल के डर ने अचानक उसे दबा दिया, और आधी रात गये उसने अंग्रेज़ों के पास ख़बर भेजी कि वे कमाल को रोक ले। पर चिड़िया तो उड़ चुकी थी।

कमालपाशा और कुछ गिने-चुने दूसरे तुर्क अनातोलिया मे राष्ट्रीय पैमाने पर मुकाबले की तैयारी करने लगे। शुरू-शुरू मे वे चुपचाप और चौकस होकर चले, और वहां पड़े हुए फ़ौजी अफसरों को अपनी तरफ़ मिलाने का यत्न करने लगे। ज़ाहिरा तौर पर तो वे सुल्तान के कारकुनों की तरह काम करते थे, पर कुस्तुन्तुनिया से आनेवाले आदेशों पर वे कोई ध्यान नही देते थे। घटनाचक्र उनकी मदद कर रहा था। काकेशिया मे अंग्रेजों ने आर्मीनिया का गणराज्य बनाया था और तुर्की के पूर्वी प्रान्त उसमे मिला देने का वादा किया था। (आजकल आर्मीनिया का गणराज्य सोवियत संघ का भाग है)। आर्मीनियनों और तुर्कों में कट्टर दुश्मनी थी, और बीते वर्षों में कभी एक ने और कभी दूसरे ने बहुतेरे हत्याकाड किये थे। जबतक तुर्कों का दबदबा था तबतक तो इस खूनी खेल मे उनकी ही जीत होती रही, खासकर अब्दुल हमीद के राज मे। इसलिए अब तुर्कों को आर्मीनियनों के मातहत रक्खे जाने का अर्थ था उनका सर्वनाश। इस तरह मरने से उन्होंने लड़ना अच्छा समझा। इसलिए अनातोलिया के पूर्वी प्रान्तों के तुर्क कमालपाशा की अपीलो और जोश दिलानेवाली बातों को बड़े चाव के साथ सुनने को तैयार थे।

इसी बीच बहुत महत्व की दूसरी घटना ने तुर्कों को उभाड़ दिया। १९१९ ई० के शुरू मे इटालवी लोगों ने एशिया कोचक मे अपने सिपाही उतारकर फ्रान्स व इंग्लैण्ड के साथ किये गए उस खुफ़िया करार को पूरा करना चाहा, जो अमल में नही आ पाया था। इंग्लैण्ड और फ्रान्स ने इसे बिलकुल पसंद नही किया; उस वक़्त वे इटालवी लोगों को बढ़ावा नही देना चाहते थे। जब उन्हें और कुछ न सूझा तो वे इसपर राज़ी हो गये कि स्मर्ना व यूनानी सिपाही क़ब्ज़ा कर लें, ताकि इटालवी लोगों की पेशबन्दी हो जाय।

इस काम के लिए यूनानियों को क्यों पसन्द किया गया? फ्रान्सीसी और अंग्रेज़ लड़ाई से थक चुके थे और ग़दर पर उतारू थे। वे फ़ौज़ी सेवा से छुटकारा पाना चाहते थे और जितनी जल्दी हो सके घर लौट जाना चाहते थे। इधर यूनानी तैयार थे, और यूनानी सरकार एशिया कोचक व क़ुस्तुन्तुनिया दोनों को अपने राज्य में मिलाने का और इस तरह पुराने बिज़ेन्तीन साम्राज्य फिर से

जान डालने के सपने देख रही थी। दो बड़े काबिल यूनानी लॉयड जार्ज के दोस्त थे, जो उन दिनों इंग्लैण्ड का प्रधानमंत्री था और मित्र-राष्ट्रों की मंडली में जिसका बहुत ज़ोर था। इनमें से एक तो यूनान का प्रधान-मंत्री वेनिज़ेलोस था। दूसरा सर वसील जहराफ़ के नाम से मशहूर एक बड़ा अजीब व्यक्ति था, हालांकि उसका मूल नाम बेसीलिओस ज़करियास था। १८७७ ई० में ही, जबकि यह नौजवान था, यह हथियार बनानेवाली एक अंग्रेज़ी कम्पनी का बलकानी राज्यों में एजेण्ट बन गया था। जब महायुद्ध खतम हुआ तब यह सारे यूरोप में, और शायद सारे संसार में, सबसे ज़्यादा मालदार व्यक्ति था, और बड़े-बड़े राजनीतिज्ञ व सरकारें इसको सलाम झुकाने मे बड़ी खुशी महसूस करते थे। इसे ऊंचे-ऊंचे अंग्रेज़ी व फ्रान्सीसी खिताब दिये गए ; यह कई अखबारो का मालिक था; और मालूम होता था कि पर्दे के पीछे से सरकारों पर खूब असर डालता था। आम लोगों को उसके बारे में कोई जानकारी नही थी, और वह उजाले से दूर ही रहता था। सचमुच वह नमूने का आधुनिक अन्तर्राष्ट्रीय साहूकार था, जो बहुत-से देशों व असरों में घरोपा महसूस करता है और जिसके हाथों में कुछ हद तक कितनी ही लोकतंत्री सरकारों की बागडोर रहती है। ऐसे देशों के लोग मन मे समझते है कि उनपर उनकी अपनी ही हुकूमत है, मगर पर्दे के पीछे आंखों से ओझल अन्तर्राष्ट्रीय साहूकारों की असली सत्ता काम करती रहती है।

ज़हरॉफ़ इतना मालदार और असरदार कैसे बन गया ? उसका धन्धा था हर तरह के युद्ध का सामान बेचना, और बलकान मे तो खास तौर से यह बड़े नफ़े का काम था। लेकिन बहुत लोगों का मानना है कि शुरू से ही वह ब्रिटिश खुफिया विभाग का आदमी था। इससे उसे धन्धे में और राजनीति में बहुत मदद मिली, और बार-बार होनेवाले युद्धों मे उसने करोड़ों का मुनाफ़ा बटोरा, और इस तरह वह आज का एक अजीब देव बन गया।

किस्से-कहानियों के जैसे मालदार इस अजीब आदमी ने और वेनिज़ेलोस ने लॉयड जॉर्ज को इस बात पर राज़ी करा लिया कि यूनानी सिपाही एशिया कोचक में भेज दिये जायं। जहराफ़ इस कार्रवाई का पूरा खर्चा उठाने को तैयार हो गया। उसने बिना मुनाफे के जो सौदे किये थे, उनमे से यह भी एक था, क्योंकि लोगों का ख़याल है कि तुर्की युद्ध के लिए इसने यूनानियों को जो दस करोड़ डालर पेशगी दिये वे सब बट्टे खाते गये।

यूनानी सिपाही अंग्रेज़ी जहाज़ों में समुद्र पार करके एशिया कोचक पहुंचे और मई, १९१९ ई० में अंग्रेज़ी, फ्रांसीसी और अमरीकी जंगी-जहाज़ों की हिफ़ाज़त में स्मर्ना पर उतरे। इन सिपाहियों ने, जो तुर्की को मित्र-राष्ट्रों की 'भेंट' थे, फौरन ही ज़बर्दस्त पैमाने पर हत्याकांड और अत्याचार शुरू कर दिये।

वहां आतंक का ऐसा राज फैला कि युद्ध से थके हुए संसार का थका-मांदा विवेक भी थर्रा उठा। ख़ुद तुर्की मे तो इसका बड़ा ही बुरा असर पड़ा, क्योंकि तुर्की को पता लग गया कि मित्र-राष्ट्रों के हाथों उनकी कैसी बुरी हालत होती दिखाई देती है। और फिर अपने पुराने दुश्मन व प्रजा यूनानियो के हाथों इस तरह मारा-काटा जाना और बर्ताव किया जाना ! तुर्कों के दिल में आग धधकने लगी, और राष्ट्रीय आन्दोलन ज़ोर पकड़ने लगा। यहांतक कहा जाता है कि हालांकि कमालपाशा इस आन्दोलन का नेता था, मगर स्मर्ना पर यूनानियों का क़ब्ज़ा इसे पैदा करनेवाला था। कई तुर्की अफ़सर, जो तबतक डांवाडोल थे, इस आन्दोलन में शामिल हो गये, हालांकि इसका अर्थ सुल्तान को ललकारना था। क्योंकि सुल्तान ने अब मुस्तफ़ा कमाल की गिरफ़्तारी का हुक्म निकाल दिया था।

सितम्बर, १९१९ ई०, में अनातोलिया के सिवास में चुने हुए प्रतिनिधियों की एक कांग्रेस हुई। इसने विरोध के नये आन्दोलन पर मोहर लगा दी, और कमाल की सदारत मे एक कार्यकारिणी कमेटी बना दी गई। मित्र-राष्ट्रों के साथ सुलह की कम-से-कम शर्तों का एक 'राष्ट्रीय क़रार' भी मंज़ूर किया गया। इन शर्त्तों का आधार पूर्ण स्वाधीनता रक्खा गया था। क़ुस्तुन्तुनिया में सुल्तान पर इसका असर पड़ा और वह कुछ डरा भी। उसने पार्लमेण्ट का नया अधिवेशन बुलाने का वादा किया और चुनावों का हुक्म निकाला। इन चुनावों में सिवास कांग्रेस के लोगों को भारी बहुमत हासिल हुआ। कमालपाशा को क़ुस्तुन्तुनिया के लोगों पर भरोसा नहीं था, और उसने नये चुने गये डिपुटियों को वहां न जाने की सलाह दी। पर वे इसपर राज़ी नही हुए और रऊफ़बेग की अगुवाई में वे इस्तम्बूल चले गये (क़ुस्तुन्तुनिया को अब मैं इसी नाम से पुकारूंगा)। उनके वहां जाने का एक सबब यह था कि मित्र-राष्ट्रों ने ज़ाहिर कर दिया था कि अगर नई पार्लमेण्ट इस्तम्बूल में सुल्तान की सदारत में बैठेगी तो वे उसे तस्लीम कर लेंगे। हालांकि कमाल भी एक डिपुटी था, पर वह ख़ुद नहीं गया।

नई पार्लमेण्ट जनवरी, १९२० ई०, मे इस्तम्बूल में बैठी, और उसने फ़ौरन ही उस 'राष्ट्रीय क़रार' को मंज़ूर कर लिया, जो सिवास कांग्रेस में तैयार किया गया था। मित्र-राष्ट्रों के इस्तम्बूल में तैनात प्रतिनिधियों को यह बात अच्छी नहीं लगी, और पार्लमेण्ट ने और भी जो बहुत-से काम किये वे भी उन्हें अच्छे नहीं लगे। इसलिए छह सप्ताह बाद उन्होंने अपनी वही हस्ब-मामूल और ज़रा भौंडी चालबाजियां शुरू कर दीं, जिनको वे मिस्र में व दूसरी जगह कई बार आजमा चुके थे। अंग्रेजी सेनापति अपनी फ़ौज लेकर इस्तम्बूल घुस आया, उसने शहर पर क़ब्ज़ा कर लिया, फ़ौज़ी क़ानन लागू कर दिया, रऊफ़बेग समेत चालीस राष्ट्रीय

डिपुटियों को गिरफ्तार कर लिया, और उन्हें देश-निकाला देकर माल्टा भेज दिया ! अंग्रेज़ों के इस 'नरम' उपाय का मतलब दुनिया को सिर्फ़ यह ज़ाहिर करना था कि मित्र-राष्ट्रों ने 'राष्ट्रीय क़रार' को नापसन्द किया था ।

तुर्की मे फिर खलबली मच गई । अब यह बिलकुल ज़ाहिर हो गया कि सुल्तान अंग्रेज़ों के हाथों की कठपुतली था । ज़्यादातर तुर्की डिपुटी भागकर अंगोरा चले गये, और वहां पार्लमेण्ट की बैठक हुई और उसने अपना नाम 'तुर्की की महान राष्ट्रीय विधान-सभा' रक्खा । उसने अपनेको देश की सरकार करार दिया और ऐलान कर दिया कि जिस दिन से अंग्रेज़ों ने इस्तम्बूल पर कब्ज़ा किया उसी दिन से सुल्तान का और इस्तम्बूल में उसकी सरकार का राज खतम हो गया था ।

इसके जवाब मे सुल्तान ने कमालपाशा को व दूसरे लोगों को बाग़ी क़रार दिया, उनका हुक्का-पानी बंद कर दिया और उन्हें मौत की सजा का हुक्म दे दिया । इसके अलावा उसने यह भी डुग्गी पिटवा दी कि अगर कोई आदमी कमालपाशा व उसके साथियों की हत्या कर देगा तो वह पाक फ़र्ज़ अदा करेगा और उसे इस लोक व परलोक दोनों मे सवाब मिलेगा । याद रहे कि सुल्तान खलीफ़ा, यानी अमीर-उल-मोमिनीन भी था, और हत्या के लिए खुली इजाज़त का उसका यह फ़तवा बड़ी भयंकर चीज़ था। कमालपाशा न सिर्फ़ ऐसा बाग़ी था, जिसके पीछे सरकारी भेड़िये लगे हुए थे, बल्कि वह दीन से बेदीन होनेवाला भी क़रार दिया गया था, जिसे कोई भी मज़हबी अन्धा या दीवाना क़त्ल कर सकता था । सुल्तान ने राष्ट्रवादियों को कुचलने मे कोई कसर बाक़ी नही रक्खी । उसने उनके खिलाफ़ जिहाद बोल दिया और उनसे लड़ने के लिए गैर-सैनिको की एक 'खलीफ़ा की फौज' तैयार करवाई । मुल्लाओं वग़ैरा को बलवे खड़े करवाने के लिए भेजा गया । जगह-जगह बलवे हुए और कुछ दिन तो तुर्की में गृह-युद्ध की आग धधकती रही । यह नगर-नगर के बीच, भाई-भाई के बीच, सख्त दुश्मनी की लड़ाई थी, और दोनों तरफ़ से निर्दय ज़ुल्म ढाये गए ।

इधर स्मर्ना में यूनानी लोग ऐसी हरकतें कर रहे थे, मानो वे ही देश के हमेशा के लिए मालिक हो, और बिलकुल वहशियाना मालिक हों। उन्होंने उपजाऊ कांठों को वीरान कर दिया और हज़ारों बेघर तुर्कों को वहांसे खदेड़ दिया । तुर्कों की तरफ़ से कोई कारगर मुक़ाबला न होने के सबब वे आगे बढ़ते चले गये ।

राष्ट्रवादियों के सामने दुखदायी मंजरा था—घर में गृह-युद्ध, जिसके पीछे उनके उधर विदेशी हमलावरों की उनपर चढ़ाई, और सुल्तान व यूनानियों दोनों की पीठ ठोकनेवाली बड़ी मित्र-राष्ट्री शक्तियां, जो जर्मनी पर जीत

हासिल करने के बाद सारी दुनिया पर हावी हो रही थीं। लेकिन कमालपाशा ने अपने लोगों को यह नारा दिया कि 'जीतो या मर मिटो।' एक अमरीकी ने जब उससे पूछा कि अगर राष्ट्रवादी नाकाम हुए तो क्या होगा, तो उसने जवाब दिया, "जो राष्ट्र ज़िन्दगी और स्वाधीनता के लिए आखरी कुर्बानियां करता है वह कभी नाकाम नही होता। नाकामी का अर्थ है कि राष्ट्र मर चुका।"

मित्र-राष्ट्रों ने कम्बख्त तुर्की के लिए जो संधि तैयार की थी, वह अगस्त, १९२० ई०, में प्रकाशित कर दी गई। यह सेव्र की सन्धि कहलाई। इसने तुर्की की आज़ादी का अन्त कर दिया; स्वाधीन राष्ट्र की हैसियत से तुर्की को मौत की सज़ा सुना दी गई। तुर्की के सिर्फ टुकड़े-टुकड़े ही नही कर दिये गए, बल्कि खुद इस्तम्बूल तक मे धरना देने और क़ब्जा बनाये रखनेवाला एक मित्र-राष्ट्रीय कमीशन बिठा दिया गया। सारे देश में रंज छा गया और प्रार्थनाओं व हड़ताल के साथ राष्ट्रीय मातम का दिन मनाया गया। अखबारों मे काले हाशिये छापे गये। पर इससे क्या होता था, क्योंकि सुलतान के प्रतिनिधि सन्धि पर दस्तखत कर चुके थे। हां, राष्ट्रवादियों ने उसे बड़ी हिकारत के साथ ठुकरा दिया, और सन्धि के प्रकाशन का यह नतीजा हुआ कि उनका बल बढ़ने लगा, और अपने देश की मिट्टी बिलकुल खराब होने से बचाने के लिए दिन-पर-दिन ज़्यादा तुर्क उनकी तरफ़ आने लगे।

लेकिन बग़ावत पर उतारू तुर्की पर इस सन्धि का अमल कौन कराता? मित्र-राष्ट्र खुद यह काम नही करना चाहते थे। उन्होंने अपनी फ़ौजों को तोड़ दिया था, और घर में उन्हें फ़ौजों से निकले हुए सिपाहियों व मज़दूरों के बिगड़े हुए मिज़ाज का सामना करना पड़ रहा था। पश्चिमी यूरोप के देशों में अभी तक हवा मे क्रान्ति की भावना मौजूद थी। उधर मित्र-राष्ट्रों में आपस में ही नाइत्तफ़ाक़ी पैदा हो रही थी और वे युद्ध की लूट के बंटवारे पर लड़-झगड़ रहे थे। पूर्व मे इंग्लैण्ड को और कुछ हद तक फ्रान्स को एक खतरनाक़ सूरत का सामना करना पड़ रहा था। फ्रान्सीसी 'फ़रमान' के अधीन सीरिया में बेचैनी की आग फैल रही थी और वहां गड़बड़ के आसार थे। मिस्र में खूनी बग़ावत हो ही चुकी थी, जिसे अंग्रेज़ों ने कुचल दिया था। भारत मे १८५७ ई० के विद्रोह के बाद बग़ावत का पहला बड़ा आन्दोलन तैयार हो रहा था, हालांकि यह शान्ति के साथ था। यह गांधीजी की रहनुमाई में असहयोग का आन्दोलन था और खिलाफ़त का सवाल और तुर्की के साथ किया गया बर्ताव इस आन्दोलन का एक खास सहारा था।

इस तरह हम देखते है कि मित्र-राष्ट्र इस हैसियत में नहीं थे कि खुद अपनी ही सन्धि तुर्की पर लाद सकें; न वे तुर्की राष्ट्रवादियों के हाथों इसकी खुल्लमखुल्ला

धज्जियां उड़ाया जाना ही सहने को तैयार थे। इसलिए उन्होंने अपने दोस्तों वैनिज़ेलोस व ज़हराफ़ का सहारा ढूंढ़ा और ये दोनों यूनान की तरफ़ से इस काम को अंजाम देने के लिए पूरी तरह तैयार हो गये। यह किसीको आशा नहीं थी कि पस्त-हिम्मत तुर्क कुछ ज़्यादा परेशान करेंगे, और एशिया कोचक की लूट हथियाने लायक़ थी। इसलिए और भी ज़्यादा यूनानी सिपाही भेजे गये, और यूनानी-तुर्की युद्ध बड़े पैमाने पर छिड़ गया। १९२० ई० में गर्मियों से लगाकर ख़रीफ़ तक जीत ने यूनानियों का साथ दिया, और उन्होंने सामना करनेवाले तुर्कों को खदेड़ दिया। कमालपाशा और उसके साथियों के हाथ में सेना के जो बचे-खुचे टुकड़े रह गये थे, उन्हींमें से एक कारगर सेना तैयार करने के लिए उन्होंने जी-तोड़ कोशिश की। जिस वक़्त उन्हें मदद की निहायत ज़रूरत पड़ी तभी उन्हें मदद मिल गई, और ठीक मौक़े पर मिल गई। यानी सोवियत रूस ने हथियारों से और पैसे से उन्हें मदद पहुंचाई। क्योंकि इंग्लैण्ड दोनों ही के लिए एक-सा दुश्मन था।

ज्यों-ज्यों कमाल की ताक़त बढ़ने लगी त्यों-त्यों मित्र-राष्ट्रों के दिलों में इस लड़ाई के नतीजे के बारे में कुछ-कुछ अन्देशा होने लगा, और उन्होंने पहले से अच्छी शर्तें पेश कीं। पर कमालियों के लिए अब भी वे मंज़ूर करने लायक़ न थी, और उन्होंने इन्हें ठुकरा दिया। इसपर मित्र-राष्ट्रों ने यूनानी-तुर्की झगड़े से अपना पिंड छुड़ाया और अपनी ग़ैर-तरफ़दारी ज़ाहिर कर दी। यूनानियों को जंजाल में फंसवाकर उन्होंने उन्हें मंझधार में छोड़ दिया। यहांतक कि फ्रान्स ने, और कुछ हद तक इटली ने भी, तुर्कों को दोस्त बनाने की गुप-चुप कोशिशें कीं। पर अंग्रेज़ अभी थोड़े-बहुत यूनानियों की तरफ़ थे, लेकिन थे ग़ैर-सरकारी तौर पर।

१९२१ ई० की गर्मियों में यूनानियों ने तुर्की की राजधानी अंगोरा पर क़ब्ज़ा करने के लिए बड़ा ज़ोर लगाया। वे नगर के बाद नगर पर क़ब्ज़ा जमाते हुए अंगोरा के पास तक आ पहुंचे, पर अन्त में सक़रिया नदी पर उन्हें रोक दिया गया। इस नदी के पास तीन सप्ताह तक दोनों सेनाएं आपस में जूझती रहीं, सदियों पुराने सारे नस्ली बैर को लेकर लगातार लड़ती रहीं, और एक ने दूसरी के साथ ज़रा भी रू-रियायत नहीं की। धीरज की यह ज़बरदस्त कसौटी बन गई; तुर्क तो बस किसी तरह डटे रहे, पर यूनानियों ने घुटने टेक दिय और वे पीछे हट गये। जैसाकि उसका ढंग रहा था, यूनानी सेना हर चीज़ को जलाती और तबाह करती हुई पीछे लौटी, और उसने दो सौ मील के उपजाऊ देहात को वीरान बना दिया।

सक़रिया नदी की जंग में तुर्कों की बस बाल-बाल जीत हुई। यह आख़िरी जीत किसी तरह भी नहीं थी, पर फिर भी इसकी गिनती आधुनिक इतिहास की निर्णायक लड़ाइयों में की जाती है। इसके बाद ज्वार का रुख ही पलट गया। पूर्व व

पश्चिम के बीच जिन बड़ी-बड़ी मुठभेड़ों ने पिछले दोसौ से भी ज़्यादा वर्षों में एशिया कोचक की चप्पा-चप्पा ज़मीन को इन्सान के ख़ून से तर कर दिया है, यह लड़ाई उन्हींमें एक और थी।

दोनों की सेनाएं बेदम हो गई थीं और वे फिर ताक़त हासिल करने के लिए और दुबारा तैयार होने के लिए सुस्ताने लगी थीं। मगर कमालपाशा का सितारा बुलन्दी पर था। फ्रान्सीसी सरकार ने अंगोरा से सन्धि कर ली। अंगोरा और सोवियत के बीच भी सन्धि हो गई। फ्रान्स के तस्लीम कर लेने पर मुस्तफ़ा कमाल को दो फायदे हुए। एक तो उसका डर निकल गया, दूसरे उसे कुछ चीज़ें भी मिलीं। इससे सीरिया की सरहद के तुर्की सिपाही यूनान के ख़िलाफ़ लड़ने के लिए ख़ाली हो गये। ब्रिटिश सरकार अभी तक कठपुतली सुल्तान को और इस्तम्बूल की निकम्मी सरकार को सहारा दे रही थी। इसलिए इस फ्रान्सीसी सिन्ध से उसे धक्का पहुंचा।

अगस्त, १९२२ ई०, में तुर्की सेना ने, अचानक, पर पूरी सावधानी से तैयारी के बाद, यूनानियों पर हमला बोल दिया और उन्हें आसानी से समुद्र में धकेल दिया। आठ दिनों में यूनानी लोग १६० मील पीछे हट गये, लेकिन हटते-हटते भी उन्होंने जो भी तुर्की पुरुष, स्त्री या बच्चा रास्ते में पड़ा उसे मारकर ख़ूनी बदला लिया। तुर्कों ने भी कम बेरहमी नहीं दिखाई, और वे यूनानियों को क़ैदी बनाने की झंझट में नहीं पड़े। जो थोड़े-से क़ैदी उन्होंने पकड़े उनमें यूनानी सेना का सेनापति व अफ़सर थे। यूनानी सेना का ज़्यादा हिस्सा स्मर्ना से समुद्र के रास्ते निकल भागा, पर ख़ुद स्मर्ना शहर का बड़ा भाग जला डाला गया।

इस विजय के बाद कमालपाशा ने दम नहीं लिया और अपनी सेनाओं को लेकर इस्तम्बूल की तरफ़ कूच कर दिया। नगर के पास चनक पर अंग्रेज सिपाहियों ने उसे रोका और सितम्बर, १९२२ ई० में कुछ दिनों तुर्की व इंग्लैण्ड के बीच युद्ध छिड़ जाने का अन्देशा रहा। पर अंग्रेज़ों ने तुर्की की करीब सभी मांगों को मंज़ूर कर लिया और दोनों ने आरज़ी सुलह पर दस्तखत कर दिये, जिसमें अंग्रेज़ों ने सचमुच यह वादा किया कि वे थ्रेस में तबतक पड़ी हुई यूनानी फ़ौजों को तुर्की से हटवा देंगे। तुर्की के पीछे सोवियत का भूत हमेशा खड़ा दिखाई दे रहा था, इसलिए मित्र-राष्ट्र ऐसा युद्ध नहीं छेड़ना चाहते थे, जिसमें रूस तुर्की की मदद पर आ जाय।

मुस्तफ़ा कमाल ने शानदार विजय हासिल की, और १९१९ ई० के मुट्ठीभर बाग़ी अब बड़ी-बड़ी शक्तियों के प्रतिनिधियों से बराबरी की हैसियत में बात करने लगे। इन दिलेर लोगों को बहुत-सी सूरतों ने सहायता पहुंचाई थी—जैसे युद्ध के बाद पड़नेवाले असर, मित्र राष्ट्रों में आपसी फूट, भारत व मिस्र में होने-वाली गड़बड़ों में इंग्लैण्ड का फंसा रहना, सोवियत रूस की सहायता, अंग्रेज़ों के

हाथों तुर्की का ज़लील किया जाना, वग़ैरा । मगर इन सबके अलावा तुर्कों की शानदार विजय के कारण थे ख़ुद उन्हींके मजबूत इरादे और आज़ाद होने की ज़ोरदार इच्छा, और तुर्की किसानों व सिपाहियों में लड़ने की अद्‌भुत ख़ूबियां ।

लोज़ान में एक सुलह-सम्मेलन हुआ और यह कई महीनों तक खिंचता रहा । इंग्लैण्ड के अहंकारी और रोब जमानेवाले प्रतिनिधि लार्ड कर्ज़न, और कुछ-कुछ बहरे व कूढ़-मग्ज़ इस्मत पाशा के बीच अजीब कुश्ती हुई । इस्मत पाशा चुपचाप मुस्कराता रहता था, और जिस बात को वह नहीं सुनना चाहता था, उसे अनसुनी कर देता था, जिससे कर्ज़न को सख़्त झुंझलाहट होती थी । भारत के वायसराई ढंगों के आदी और वैसे भी बहुत घमंडी कर्ज़न ने गर्जन-तर्जन के तरीक़ों का प्रयोग किया पर बहरे और मुस्कराते इस्मत के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी । आख़िर तंग आकर कर्ज़न लौट गया और सम्मेलन भंग हो गया । सम्मेलन की बैठक बाद में फिर हुई, पर इस बार कर्ज़न के बजाय दूसरा ब्रिटिश-प्रतिनिधि आया । 'राष्ट्रीय क़रार' में शामिल तमाम तुर्की मांगें, सिवाय एक मांग के, मान ली गईं और जुलाई, १९३३ ई०, में लोज़ान की सन्धि पर दस्तख़त हो गये । इस बार भी सोवियत रूस के सहारे ने और मित्र-राष्ट्रों की आपसी लाग-डाट ने तुर्की की मदद की ।

ग़ाज़ी, यानी विजयी, कमाल पाशा को वे सब चीज़ें मिल गईं, जिन्हें हासिल करने का उसने बीड़ा उठाया था । लेकिन शुरू से ही उसने यह बुद्धिमानी की थी कि अपनी मांगें कम-से-कम रक्खी थीं और विजय की घड़ी में भी वह उन्हीं पर जमा रहा । अरब, इराक, फिलस्तीन, सीरिया, वग़ैरा ग़ैर-तुर्की देशों पर तुर्की प्रभुत्व जमाने का विचार उसने बिलकुल छोड़ दिया था । वह तो यही चाहता था कि तुर्की क़ौम का वतन ख़ास तुर्की आज़ाद हो जाय । वह नहीं चाहता था कि तुर्क लोग दूसरी क़ौमों के मामलों में टांग अड़ायें, पर वह तुर्की में विदेशियों की भी कोई दस्तन्दाजी बर्दाश्त करने को तैयार नहीं था । बस, तुर्की एक ठोस और एक-रस देश बन गया । कुछ वर्षों बाद, यूनानियों के सुझाव पर, आबादियों की अनोखी अदला-बदली हुई । अनातोलिया में बाक़ी बचे हुए यूनानी यूनान भेज दिये गए, और उनके बदले में यूनान में रहनेवाले तुर्क बुला लिये गए । इस तरह क़रीब पन्द्रह लाख यूनानियों की अदला-बदली हुई, और इनमें से ज़्यादातर परिवार पीढ़ियों से और सदियों से अनातोलिया या यूनान में रहते आये थे । यह क़ौमों की अजीब उखाड़-पछाड़ थी और इसने तुर्की के आर्थिक जीवन को बिलकुल उलट-पलट दिया, क्योंकि यूनानी लोगों का वहां के व्यवसाय में ख़ास तौर पर बड़ा-भारी साझा था । लेकिन इससे तुर्की और भी ज़्यादा एक-रस देश बन गया, और शायद इसके जैसा एक-रस देश यूरोप या एशिया में दूसरा कोई नहीं है ।

मैं लिख चुका हूं कि लोज़ान की सन्धि से तुर्की की एक के सिवाय सारी मांगें पूरी हो गईं। यह अपवाद इराक की सरहद के पास विलायत यानी मोसल का सूबा था। चूंकि दोनों पक्ष इसके बारे में एकमत नहीं हो सके, इसलिए यह मामला राष्ट्र-संघ के सुपुर्द कर दिया गया। कुछ तो तेल के कुओं के कारण, पर ज़्यादातर जंगी महत्व के कारण, मोसल का महत्व था। मोसल के पहाड़ों पर क़ब्ज़ा रखने का अर्थ था कुछ हदतक तुर्की, इराक़ व ईरान, और रूस में काकेशिया पर भी, दबाव रखना। इसलिए तुर्की के लिए इसका महत्व लाजिमी था। इंग्लैण्ड के लिए भी यह उतना ही महत्व रखता था; एक तो भारत जानेवाले खुश्की और हवाई रास्तों की रक्षा के लिए, और दूसरे सोवियत रूस पर हमले या उससे बचाव के मोर्चे के तौर पर। नक़्शा देखने से तुम्हें पता लग जायगा कि मोसल की जगह कितने महत्व की है। इस सवाल पर राष्ट्रसंघ ने इंग्लैण्ड के हक़ में फ़ैसला दिया। तुर्की ने इसे मानने से इन्कार कर दिया, और युद्ध की चर्चा फिर शुरू हो गई। ठीक उसी समय, दिसम्बर, १९२५ ई० में रूसी-तुर्की सन्धि हो गई। पर अन्त में अंगोरा की सरकार झुक गई, और मोसल इराक़ के नये राज्य को दे दिया गया। इराक़ स्वाधीन राज्य माना जाता है, पर अमल में वह अभी तक इंग्लैण्ड की सरपरस्ती में है, और वहां अंग्रेज़ अफ़सरों व सलाहकारों की भरमार है।

मुझे याद है कि लगभग ग्यारह वर्ष पहले जब हमने यूनानियों पर मुस्तफ़ा कमाल की महान विजय का समाचार सुना था तो हमें कितनी ख़ुशी हुई थी। यह अगस्त, १९२२ ई० में अफ़्यूम क़ाराहिसार की जंग थी, जबकि उसने यूनानी मोर्चे को तोड़ दिया था और यूनानी सेना को स्मर्ना की तरफ़ और समुद्र में खदेड़ दिया था। हममें से कई उस समय लखनऊ की ज़िला-जेल में थे, और जो कुछ टीम-टाम हम इकट्ठी कर सके, उससे अपने बारक को सजाकर हमने तुर्की की विजय का उत्सव मनाया था, और शाम को रोशनी करने का भी कुछ ढंग किया था।

: १५९ :

मुस्तफ़ा कमाल अतीत से नाता तोड़ता है

८ मई, १९३३

हमने तुर्की की पराजय के अन्धेरे दिनों से लगाकर उनकी शानदार विजय के दिन तक उनके उतार-चढ़ाव को देखा है, और हमने यह काफ़ी अजीब बात देखी है कि मित्र-राष्ट्रों ने, और ख़ासकर इंग्लैण्ड ने, तुर्की को दबाने व निर्बल करने के लिए जो उपाय अपनाये, उन्हींका उनपर बिल्कुल उलटा असर हुआ,

और इन उपायों ने सचमुच राष्ट्रवादियों का बल बढ़ा दिया तथा उन्हें ज़्यादा ज़ोरदार मुकाबला करने के लिए ख़ूब मज़बूत कर दिया। तुर्की का अंग-भंग करने की मित्र-राष्ट्रों की कोशिशें, यूनानी सैनिकों का स्मर्ना भेजा जाना, मार्च, १९२० ई०, में अंग्रेज़ों की राजनैतिक चोट, जबकि राष्ट्रवादी नेताओं को गिरफ़्तार करके देश से बाहर भेज दिया गया था, राष्ट्रवादियों के ख़िलाफ़ इंग्लैण्ड का अपने कठपुतली सुल्तान को सहारा दिया जाना, इनसब बातों ने तुर्कों के क्रोध और जोश की आग में घी का काम किया। किसी बहादुर क़ौम को ज़लील करने और कुचलने के यत्न का लाज़िमी नतीजा यही होता है।

मुस्तफ़ा कमाल और उसके साथियों को जो विजय हासिल हुई, उसका उन्होंने क्या किया? कमालपाशा पुरानी लकीर का फ़क़ीर बने रहने का क़ायल नहीं था; वह तुर्की को बाहर-भीतर पूरी तरह बदल देना चाहता था। लेकिन विजय के बाद ख़ूब लोकप्रिय बन जाने पर भी उसे बड़ी सावधानी से आगे बढ़ना ज़रूरी था, क्योंकि किसी क़ौम को लम्बी परम्परा व मज़हब की नींव पर खड़े हुए उसके प्राचीन रिवाजों से ज़बर्दस्ती हटा देना कोई आसान काम नहीं होता। वह सुल्तानियत और ख़िलाफ़त दोनों का अन्त करना चाहता था, पर उसके कई साथी इससे सहमत नही थे, और आम तुर्की भावना भी शायद ऐसे परिवर्तन के ख़िलाफ़ थी। कोई नहीं चाहता था कि कठपुतली सुल्तान वहीदुद्दीन एक दिन भी बना रहे। उसे लोग देशद्रोही-जैसा नीच समझते थे जिसने अपने देश को विदेशियों के हाथ बेच देने की कोशिश की थी। मगर बहुत-से लोग एक क़िस्म की संविधानी सुल्तानियत और ख़िलाफ़त चाहते थे, जिसमें असली सत्ता राष्ट्रीय विधान-सभा के हाथों में हो। पर कमालपाशा ऐसा कोई समझौता नहीं चाहता था, इसलिए वह मौक़े का इन्तज़ार करने लगा।

हमेशा की तरह इस बार भी अंग्रेज़ों ने यह मौका दे दिया। जिस वक़्त लोज़ान के शान्ति-सम्मेलन की तैयारी की जा रही थी, तब ब्रिटिश सरकार ने इस्तम्बूल में सुल्तान को उसमें शामिल होने के लिए बुलावा भेजा, जिसमें सुल्तान से कहा गया था कि सुलह की शर्तों पर बातचीत करने के लिए प्रतिनिधि भेजे। साथ ही उससे यह भी अर्ज़ की गई थी कि इस निमंत्रण की ख़बर अंगोरा पहुंचा दे। अंगोरा की युद्ध जीतनेवाली राष्ट्रीय सरकार के साथ इस रूखे व्यवहार ने, और कठपुतली सुल्तान को फिर आगे ढकेलने की इस इरादतन कोशिश ने, तुर्की में सनसनी पैदा कर दी और तुर्कों को आग-बबूला कर दिया। उन्हें शक हो गया कि अंग्रेज़ और दग़ाबाज़ सुल्तान मिलकर कोई और साज़िश कर रहे हैं। मुस्तफ़ा कमाल ने इस भावना का फ़ौरन फ़ायदा उठाया, और नवम्बर, १९२२ ई०, में राष्ट्रीय विधान-सभा से सुल्तानियत को रद्द करा डाला। पर सिर्फ़ ख़िलाफ़त

के रूप में ख़िलाफ़त अब भी बाक़ी रह गई, और यह ज़ाहिर कर दिया गया कि उसका उत्तराधिकार उस्मानी ख़ानदान में रहेगा। इसके थोड़े ही दिन बाद गद्दी से उतारे गये सुल्तान वहीदुद्दीन के खिलाफ़ घोर देशद्रोह का आरोप लगाया गया। उसने खुली अदालत के सामने जाने की बजाय भाग जाना बेहतर समझा, और वह एक अंग्रेज़ी ऐम्बुलेन्स गाड़ी में बैठकर चोरी-छिपे भाग गया, और इसने उसे एक अंग्रेज़ी जंगी जहाज तक पहुंचा दिया। राष्ट्रीय विधानसभा ने उसके चचेरे भाई अब्दुल मजीद अफंदी को नया ख़लीफ़ा चुन लिया, जो अब सिर्फ़ रस्म के लिए अमीर-उल-मोमिनीन था, राजनैतिक सत्ता उसके हाथ में कुछ नहीं थी।

अगले साल, १९२३ ई० में, तुर्की गणराज्य की बाक़ायदा घोषणा हो गई, और उसकी राजधानी अंगोरा रक्खी गई। मुस्तफ़ा कमाल राष्ट्रपति चुना गया, और उसने सारी सत्ता अपनी मुट्ठी में कर ली, जिससे वह तानाशाह बन गया। विधानसभा उसके आदेशों का पालन करने लगी। अब उसने बहुत-से पुराने रिवाजों पर हथौड़ा चलाना शुरू किया। मजहब की वह कोई ज़्यादा इज़्ज़त नहीं करता था। बहुतेरे लोग, ख़ासकर मज़हबी ख़यालोंवाले भोले लोग, उसके तरीक़ों से और तानाशाही से नाराज़ हो उठे, और वे नये ख़लीफ़ा के गिर्द जमा हो गये। ख़लीफ़ा एक ठंडा और सीधा-सादा आदमी था। कमाल पाशा को यह बात ज़रा भी अच्छी नहीं लगी। उसने ख़लीफ़ा के साथ ज़रा भद्दा बर्ताव किया, और वह अगला बड़ा क़दम उठाने के लिए मौक़े का इन्तज़ार करने लगा।

उसे यह मौका फिर जल्दी ही मिल गया, और मिला भी बड़े अजीब ढंग से। आग़ा ख़ां और भारत के एक पेन्शनयाफ़्ता जज अमीर अली ने लन्दन से उसके पास एक संयुक्त ख़त भेजा। उन्होंने भारत के करोड़ों मुसलमानों की वकालत का दावा किया और ख़लीफ़ा के साथ किये गए सलूक पर ऐतराज़ किया। उन्होंने मांग की कि ख़लीफ़ा की शान क़ायम रक्खी जाय और उसके साथ बेहतर सलूक किया जाय। इस ख़त की नक़लें उन्होंने इस्तम्बूल के कुछ अख़बारों को भेज दीं; और हुआ यह कि असली ख़त के अंगोरा पहुंचने से पहले ही उसकी नक़ल इस्तम्बूल में प्रकाशित हो गई। इस ख़त में भड़कानेवाली कोई बात नही थी, पर कमालपाशा ने फ़ौरन इसे धर-दबाया और जबर्दस्त हो-हल्ला मचा दिया। जिस मौक़े की वह तलाश में था, वह उसे मिल गया था, और वह इससे पूरा फ़ायदा उठाना चाहता था। बस, यह बात फैला दी गई कि तुर्को में फूट डालने की यह एक और अंग्रेज़ी साजिश थी। कहा गया कि आग़ा ख़ां अंग्रेज़ों का ख़ास एजेण्ट है; वह इंग्लैण्ड में रहता है, अंग्रेज़ी घुड़दौड़ों से उसका ख़ास सरोकार है, और वह अंग्रेज़ राजनैतिकों से ख़ूब

मिलता-जुलता है। वह कट्टर मुसलमान भी नहीं है, क्योंकि वह एक खास तबके का पीर है। इसके अलावा यह भी बतलाया गया कि महायुद्ध के दौरान में अंग्रेज़ों ने आगा खां को पूर्व के सुल्तान-ख़लीफ़ा के मुकाबले में बराबरी के दर्जे पर खड़ा कर दिया था, और प्रचार वग़ैरा से उसकी इज़्ज़त बढ़ा दी थी, और उसे भारतीय मुसलमानों का नेता बनाने की कोशिश की थी, ताकि उन्हें मुट्ठी में रक्खा जा सके। अगर आगा खां को ख़लीफ़ा की इतनी चिन्ता थी तो उसने युद्धकाल में उस वक़्त ख़लीफ़ा का समर्थन क्यों नहीं किया जब अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ जिहाद का ऐलान कर दिया गया था ? उस वक़्त तो उसने ख़लीफ़ा के ख़िलाफ़ अंग्रेज़ो का पक्ष लिया था वग़ैरा-वग़ैरा।

इस तरह कमालपाशा ने इस संयुक्त ख़त के ऊपर, जिसे उसके लेखकों ने लन्दन से भेजा था, अच्छा-खासा तूफ़ान खड़ा कर दिया, और आगा खां को लोगों की निगाह में गिरा दिया। ख़त लिखनेवालों को यह गुमान भी नही था कि इसके ये नतीजे निकलेंगे। ख़त को छापनेवाले बेचारे इस्तम्बूली सम्पादकों पर देश-द्रोही व इंग्लैण्ड के एजेण्ट होने का इलज़ाम लगा दिया गया और उन्हें सख़्त सज़ाएं दी गईं। इस तरह भावनाओं को खूब भड़काने के बाद मार्च, १९२४ ई०, में ख़िलाफ़त को ख़तम करने का बिल राष्ट्रीय विधान-सभा में पेश किया गया और उसी दिन पास कर दिया गया। इस तरह आज की दुनिया से एक ऐसी संस्था बिदा हो गई, जिसने इतिहास में बड़ा खेल खेला था। जहांतक तुर्की का ताल्लुक़ था, कम-से कम वहा तो अब कोई 'अमीर-उल-मोमिनीन' नहीं था, क्योंकि तुर्की अब बग़ैर-मज़हब का राज्य बन गया था।

इससे कुछ दिन पहले, जब युद्ध के बाद अंग्रेज़ों की तरफ़ से ख़िलाफ़त को ख़तरा था, तब भारत में इसपर ज़बर्दस्त हलचल मची थी। सारे देश में ख़िलाफ़त कमेटियां बन गई थीं, और बहुतेरे हिन्दू इस हलचल में मुसलमानों के साथ हो गये थे, क्योंकि वे समझते थे कि ब्रिटिश सरकार इस्लाम को चोट पहुंचा रही है। अब, जब खुद तुर्को ने ही इरादा करके ख़िलाफ़त का अन्त कर दिया, तो इस्लाम ख़लीफ़ा के बग़ैर हो गया। कमालपाशा की यह पक्की राय थी कि तुर्का को अरबी देशों के साथ या भारत के साथ किसी मजहबी मामले में नहीं फंसना चाहिए। अपने देश को या अपने-आपको इस्लाम का नेता बनाने की उसकी बिल्कुल इच्छा नही थी। जब भारत और मिस्र के कुछ लोगों ने उससे कहा कि वह खुद ख़लीफ़ा बन जाय, तो उसने इन्कार कर दिया। उसकी निगाह पश्चिम की तरफ़ यूरोप पर थी, और वह तुर्की को जल्दी-से-जल्दी पश्चिमी देशों के ढंग का बनाना चाहता था। अखिल इस्लामवाद के विचार का वह पूरा विरोधी था। उसका नया नारा था अखिल तूरानीवाद, क्योंकि तुर्क लोग तूरानी नस्ल के थे। यानी,

इस्लाम के फैले हुए और ढीले-ढाले अन्तर्राष्ट्रीय नारे की बनिस्बत वह ख़ालिस राष्ट्रीयता के ज़्यादा कड़े व ठोस रिश्ते को बेहतर समझता था।

मैं बतला चुका हूं कि तुर्की अब पूरा एक-रस देश हो गया था, जिसमें विदेशी लोग नही के बराबर थे। पर इराक़ व ईरान की सीमाओं के आस-पास पूर्वी तुर्की में अब भी एक ग़ैर-तुर्की नस्ल रहती थी। यह प्राचीन कुर्द नस्ल थी, जो ईरानी भाषा बोलती थी। ये लोग जिस कुर्दिस्तान के निवासी थे, उसके टुकड़े तुर्की, इराक़, ईरान व मोसल प्रदेश में बांट दिये गए थे। कुल तीस लाख कुर्दों में से आधे के करीब अब भी ख़ास तुर्की में बसे हुए थे। १९०८ ई० के नौजवान तुर्क आन्दोलन के बाद यहां आधुनिक राष्ट्रीय आन्दोलन शुरू हो गया था। वर्साई-सम्मेलन में भी कुर्दों के प्रतिनिधियों ने राष्ट्रीय स्वाधीनता की मांग रक्खी थी।

१९२५ ई० में तुर्की के कुर्दी क्षेत्र में ज़ोर की बग़ावत फूट पड़ी। यह ठीक वही ज़माना था जब मोसल का झगड़ा इंग्लैण्ड और तुर्की के बीच रगड़ा पैदा कर रहा था। मोसल ख़ुद एक कुर्दी क्षेत्र था जो तुर्की के उस भाग से मिला हुआ था जहां बग़ावत हो रही थी। तुर्की के लिए इस नतीजे पर पहुंचना लाजिमी था कि इस बग़ावत के पीछे इंग्लैण्ड का हाथ है, और ब्रिटिश एजेण्टों ने ज़्यादा कट्टर कुर्दों को कमालपाशा के सुधारों के ख़िलाफ़ भड़का दिया है। यह बतलाना सम्भव नहीं कि इस बग़ावत से ब्रिटिश एजेण्टों का कोई ताल्लुक था या नही, हालांकि यह तो ज़ाहिर था कि उस मौक़े पर तुर्की में इस कुर्दी गड़बड़ पर ब्रिटिश सरकार को ख़ुशी हुई थी। अलबत्ता यह साफ़ दिखाई देता है कि इस फ़िसाद में मज़हबी कट्टरपन का बहुत बड़ा हाथ था, और यह भी उतना ही साफ़ है कि कुर्दी राष्ट्रीयता का भी इसमें बड़ा हाथ था। राष्ट्रीयता की उकसाहट सबसे ज़ोरदार थी।

कमालपाशा ने फ़ौरन यह हल्ला मचा दिया कि तुर्की राष्ट्र ख़तरे में है, क्योंकि कुर्दो की पीठ पर इंग्लैण्ड है। उसने राष्ट्रीय विधानसभा से एक क़ानून पास करा लिया, जिसमें लिखा गया था कि भाषणों के ज़रिये या छपे साहित्य के ज़रिये जनता की भावनाओं को भड़काने के वास्ते मज़हब का इस्तेमाल घोर देशद्रोह माना जाना चाहिए, और इस हैसियत से उसके लिए सख़्त-से-सख़्त सजाएं दी जानी चाहिएं। मस्जिदों में ऐसे मज़हबी उसूलों का पढ़ाया जाना भी रोक दिया गया, जिनसे गणराज्य के लिए वफ़ादारी की भावनाओं के गुमराह होने का अन्देशा हो। इसके बाद उसने बिना किसी दया-माया के कुर्दो को कुचलना शुरू किया और हज़ारों की संख्या में उनका फ़ैसला करने के लिए 'स्वाधीनता की ख़ास अदालतें' कायम कर दीं। शेख़ सईद, डाक्टर फ़ुआद, वग़ैरा कितने ही कुर्दी नेता फांसी पर लटका दिये गए। वे कुर्दिस्तान की स्वाधीनता की पैरवी करते हुए मरे।

मतलब यह कि जो तुर्क कुछ ही दिन पहले अपनी आजादी के लिए लड़ रहे थे, उन्होंने अपनी आज़ादी चाहनेवाले कुर्दों को कुचल दिया। यह अजीब बात है कि अपना बचाव करनेवाली राष्ट्रीयता किस तरह हमलावर राष्ट्रीयता बन जाती है, और आज़ादी के लिए लड़ाई दूसरों पर प्रभुता जमाने की लड़ाई बन जाती है। १९२९ ई० में कुर्दो ने दूसरी बार विद्रोह किया, और कम से-कम उस समय तो इसे भी फिर कुचल दिया गया। लेकिन जो क़ौम आज़ादी हासिल करने पर तुली हो और उसकी क़ीमत चुकाने को तैयार हो, उसे हमेशा के लिए कोई कैसे कुचल सकता है ?

इसके बाद कमालपाशा ने उनसब लोगों पर ग़ुस्सा उतारना शुरू किया, जिन्होंने राष्ट्रीय विधानसभा में या बाहर उसकी नीति का विरोध किया था। तानाशाह की सत्ता की भूख हमेशा उसके इस्तेमाल के साथ बढ़ती जाती है; वह कभी नहीं बुझती; वह किसी तरह का विरोध बर्दाश्त नहीं कर सकती। बस, कमालपाशा ने भी हर तरह के विरोध पर सख्त नाराज़ी ज़ाहिर की, और जब एक मज़हबी दीवाने ने उसकी हत्या की कोशिश की तब तो मामला बिल्कुल ही बिगड़ गया। अब स्वाधीनता की अदालतें गाज़ी पाशा का विरोध करनेवाले सब लोगों का फ़ैसला करती हुई और उन्हें सख्त सज़ाएं देती हुई सारे तुर्की में दौरा करने लगीं। यहांतक कि अगर विधान-सभा के बड़े-से-बड़े नेताओं और कमाल के पुराने राष्ट्रवादी साथियों ने भी विरोध किया तो उन्हें भी नहीं बख्शा गया। रऊफ़ बेग को, जिसे ब्रिटिश सरकार ने माल्टा में निर्वासित कर दिया था और जो बाद में तुर्की का प्रधान मंत्री हुआ, उसकी ग़ैर-हाज़िरी में ही सज़ा दे दी गई। स्वाधीनता के युद्ध में भाग लेनेवाले कितने ही बड़े-बड़े नेताओं व सेना-पतियों को ज़लील किया गया, और सज़ाएं दी गईं, और कुछ को तो फांसी पर लटका दिया गया। उनपर यह इल्ज़ाम लगाया गया था कि उन्होंने कुर्दो से मिल-कर, या तुर्की के पुराने दुश्मन इंग्लैण्ड तक से मिलकर, राज्य को ख़तरे में डालने-वाली साज़िशें की थीं।

तमाम विरोध का सफ़ाया करके मुस्तफ़ा कमाल अब एक-छत्र तानाशाह बन गया, और इस्मत पाशा उसका दाहिना हाथ था। उसके दिमाग़ में जो विचार भरे हुए थे, उनमें से अब बहुतों को उसने अमल में लाना शुरू किया। उसने बहुत छोटी-सी पर नमूनेदार चीज़ से शुरूआत की। उसने 'फ़ेज़'[1] टोपी पर हमला किया, जो तुर्क की और कुछ हद तक मुसलमान की निशानी बन गई थी। पहले

[1] Fez Cap—**तुर्रेदार लाल तुर्की टोपी जो तुर्की, मिस्र, भारत, आदि देशों के मुसलमान पहना करते थे ! मोरक्को के फ़ेज़ नगर में बनने के कारण इसका यह नाम पड़ा है।**

उसन होशियारी के साथ फ़ौज से इसकी शुरूआत की। इसके बाद वह ख़ुद हैट पहनकर बाहर निकला, जिससे लोगों को बड़ा अचम्भा हुआ; और अन्त में जाकर उसने फ़ैज़ टोपी पहनना फ़ौजदारी जुर्म ही क़रार दिया! सिर्फ़ टोपी को इतना ज़्यादा महत्व देना जरा नादानी की बात लगती है। बहुत ज़्यादा महत्व की बात तो यह है कि सिर के अन्दर क्या है, न कि सिर के ऊपर क्या रक्खा है। पर कभी-कभी छोटी-छोटी चीज़ें बड़ी-बड़ी चीज़ों की निशानियां बन जाती हैं, और सीधी-सादी फ़ैज़ टोपी के ज़रिये कमालपाशा ने, मालूम होता है, पुराने रिवाजों और कट्टरपन पर हमला किया था। इस सवाल को लेकर दंगे हो गये। इन्हें दबा दिया गया और दंगाइयों को सख़्त सज़ाएं दी गईं।

इस पहली बाज़ी को जीतकर मुस्तफ़ा कमाल ने एक कदम और आगे बढ़ाया। उसने तमाम ख़ानक़ाहों (मठों) और मज़हबी इबादत-गाहों को बन्द कर दिया और तोड़ दिया, और उनकी सारी जायदादें राज्य के लिए ज़ब्त कर लीं। जो दरवेश इनमें रहते थे, उनसे कह दिया गया कि अपनी गुज़र के लिए मजूरी करें। दरवेशों की ख़ास पोशाक पर भी पाबन्दी लगा दी गई।

इससे भी पहले मुस्लिम मकतब तोड़ दिये गए थे और उनकी जगह पर राज्य के ग़ैर-मज़हबी स्कूल खोल दिये गए थे। तुर्की में कितने ही विदेशी स्कूल और कालेज थे। इनमें दी जानेवाली मज़हबी शिक्षा भी बन्द करा दी गई, और अगर किसीने ऐसा करने से इन्कार किया तो उसे बन्द करा दिया गया।

क़ानूनों में एक साथ रद्दो-बदल कर दी गई। अभी तक बहुतेरी बातों में क़ानून का आधार शरीअत[1] था। अब स्विट्ज़रलैण्ड का जाब्ता दीवानी, और इटली का जाब्ता फ़ौजदारी, और जर्मनी का ज़ाब्ता व्यापारी, पूरे-के-पूरे लागू कर दिये गए। इसके नतीजों से विवाह, वसीयत, वग़ैरा पर लागू होनेवाले ज़ाती क़ानूनों में बिल्कुल परिवर्तन हो गया। इन मामलों से सम्बन्ध रखनेवाला पुराना इस्लामी क़ानून बदल गया। कई बीवियां रखने की प्रथा भी हटा दी गई।

पुराने मज़हबी दस्तूर के ख़िलाफ़ जानेवाली दूसरी तब्दीली थी आदमी की शकल के आलेखों, चित्रों और मूर्त्तियों को बढ़ावा दिया जाना। इस्लाम में ऐसा करना शरीअत के ख़िलाफ़ माना जाता है। मुस्तफ़ा कमाल ने ये काम सिखाने के लिए लड़कों व लड़कियों की कल-शालाएं खोल दीं।

नौजवान तुर्कों के ज़माने से ही तुर्की स्त्रियां आज़ादी की लड़ाई में ख़ूब महत्व का हिस्सा लेती आई थीं। कमालपाशा की ख़ास मंशा थी कि वे सब तरह के बन्धनों से छुटकारा पा जायं। एक 'नारी अधिकार-रक्षा-समिति'

---

[1] क़ुरान के आदर्शों तथा सिद्धान्तों के अनुसार मुसलमानों का धर्मशास्त्र।

बनाई गई और नौकरियों व धन्धों के दरवाज़े स्त्रियों के लिए खोल दिये गए। सबसे पहले बुर्क़े पर ज़ोरदार धावा बोला गया और यह गज़ब की तेज़ी से ग़ायब हो गया। स्त्रियों को तो इस बुर्क़े को फाड़ फेंकने का मौक़ा मिलने की देर थी। कमालपाशा ने उन्हें यह मौक़ा दिया और वे दौड़ी-दौड़ी चली आई। उसने यूरोपीय ढंग के नाच को खूब बढ़ावा दिया। वह खुद तो इसका शौकीन था ही, साथ ही उसके मन में यह नारियों की रिहाई की और पश्चिमी सभ्यता की निशानी बन गया था। हैट और नाच, प्रगति और सभ्यता के नारे बन गये! ये पश्चिम के कोई अच्छे निशान नहीं थे, पर कम-से-कम ऊपरी सतह पर उनका असर पड़ा, और तुर्की ने अपनी टोपी और अपनी पोशाक और अपने रहन-सहन का ढंग बदल दिये। पर्दे में पाली-पोसी हुई स्त्रियों की सारी पीढ़ी ने कुछ ही वर्षों में एकदम बदलकर वकीलों, अध्यापकों, डाक्टरों और जजों के काम सम्भाल लिये। इस्तम्बूल के बाजारों में स्त्री-पुलिस भी दिखाई देती है! यह देखकर बड़ी दिलचस्पी होती है कि किस तरह एक चीज का असर दूसरी चीज पर होता है। लातीनी वर्णमाला को अपनाने मे तुर्की मे टाइप-राइटरों का इस्तेमाल बहुत बढ़ गया। इससे शीघ्र-लिपि (शार्ट-हैण्ड) जाननेवाले टाइपिस्टों की ज़रूरत बढ़ गई, और इसका नतीजा हुआ स्त्रियों को और भी ज़्यादा नौकरियां मिलना।

बच्चों को भी कई तरह से बढ़ावा दिया गया कि वे मकतबों के पुराने तोता-रटंती नमूने बनने के बजाय अब पूरा विकास करके अपने पांवों पर खड़े होनेवाले और लायक नागरिक बन जायं। एक बड़ी निराली संस्था 'बच्चों का सप्ताह' थी। कहा जाता है कि हर साल एक हफ्ते के लिए हर सरकारी कर्मचारी की कुर्सी पर नाम के लिए एक-एक बच्चे को बैठा दिया जाता था और सारे राज्य का शासन बच्चे करते थे। मै नही कह सकता कि यह काम कैसे चलता होगा, पर यह सूझ बड़ी मज़ेदार है, और मुझे यक़ीन है कि कुछ बच्चे चाहे जितने नादान और नातजर्बेकार क्यों न हों, उनका बर्ताव हमारे बड़ी उम्रवाले और गम्भीर और रोबदार सूरतोंवाले शासकों व सरकारी कर्मचारियों के बर्ताव से ज़्यादा नासमझी का नही हो सकता।

एक छोटा-सा परिवर्तन, पर तुर्की के शासकों के नये विचारों का ख़ास इशारा, सलाम करने के रिवाज़ को रोकना था। उन्होंनें साफ़ बतला दिया कि हाथ मिलाना सलाम करने का ज़्यादा सभ्य तरीक़ा है, और आगे से इसीको अपनाया जाना चाहिए।

इसके बाद कमालपाशा ने तुर्की भाषा पर, या यूं कहो कि उसमें जिन्हें वह विदेशी तत्व मानता था उनपर, ज़बर्दस्त हमला बोल दिया। तुर्की भाषा अरबी लिपि मे लिखी जाती थी, और कमालपाशा इसे कठिन भी समझता था

और विदेशी भी। मध्य-एशिया में सोवियतों के सामने भी इसी किस्म की समस्या आई थी, क्योंकि कई तातारी क़ौमों की लिपियां अरबी या फ़ारसी लिपियों से निकली हुई थीं। १९२४ ई० में सोवियतों ने इस सवाल पर विचार करने के लिए बाकू में एक सम्मेलन बुलाया, और इसमें यह तय किया गया कि मध्य-एशिया की जुदा-जुदा तातारी भाषाओं के लिए लातीनी लिपि काम में ली जाय। मतलब यह कि भाषाएं तो वैसी-की-वैसी रहीं, पर वे लातीनी या रोमन अक्षरों में लिखी जाने लगीं। इन भाषाओं की ख़ास ध्वनियों को अदा करने के लिए चिन्हों की ख़ास तरकीब सोच निकाली गई। इस तरकीब ने मुस्तफ़ा कमाल को मोह लिया और उसने इसे सीख लिया। उसने इसे तुर्की भाषा पर लागू किया, और इसके पक्ष में उसने ख़ुद ज़ोरदार कार्रवाई शुरू कर दी। लगभग दो वर्षों के प्रचार और सिखाई के बाद कानून के ज़रिये एक तारीख़ तय कर दी गई, जिसके बाद अरबी लिपि का इस्तेमाल मना कर दिया गया, और लातीनी लिपि लाज़िमी कर दी गई। अख़बार, किताबें, वग़ैरा, हर चीज़ लातीनी लिपि में निकालना जरूरी कर दिया गया। सोलह से चालीस वर्ष तक की उम्र के हर व्यक्ति को लातीनी वर्णमाला सीखने के लिए स्कूल में जाना पड़ा। जो सरकारी कर्मचारी इस लिपि को न जानते हों, उन्हें बर्ख़ास्त किया जा सकता था। क़ैदी लोग जबतक नई लिपि में पढ़ना-लिखना न सीख लेते तबतक उन्हें सज़ा पूरी होने पर भी जेलों से नहीं छोड़ा जाता था! तानाशाह अच्छी तरह पूरा काम कर सकता है, ख़ासकर अगर वह लोकप्रिय भी हो। कोई भी दूसरी सरकारें जनता के जीवन में इस क़दर दख़ल देने की हिम्मत नही कर सकतीं।

इस तरह तुर्की में लातीनी लिपि की जड़ जम गई, पर इसके बाद जल्द ही दूसरा परिवर्तन किया गया। यह देखा गया कि अरबी व फ़ारसी शब्द इस लिपि में आसानी से नहीं लिखे जा सकते थे; उनकी ख़ास ध्वनियां और उनके बारीक भेद इसमें अदा नहीं किये जा सकते थे। ख़ालिस तुर्की शब्द इतने उम्दा नहीं थे, वे ज़्यादा अनगढ़, ज़्यादा सीधे और ज़ोरदार थे, और नई लिपि में आसानी से लिखे जा सकते थे। इसलिए यह फ़ैसला किया गया कि तुर्की भाषा में से अरबी व फ़ारसी शब्दों को निकाल दिया जाय और उनकी जगह ख़ालिस तुर्की शब्द रक्खे जायं। इस फ़ैसले के पीछे अलबत्ता राष्ट्रीय सबब था। जैसा कि मैं बतला चुका हूं, कमालपाशा चाहता था कि जहांतक हो तुर्की को अरबी व दूसरे पूर्वी असरों से दूर कर दिया जाय। अरबी व फ़ारसी शब्दों और मुहावरों से भरी पुरानी तुर्की भाषा शाही उस्मानी दरबार के सजधज और टीम-टामवाले रहन-सहन के लिए भले ही काफ़ी माक़ूल हो, पर नये व ज़ोरदार गणराजी तुर्की के लिए वह माक़ूल नहीं समझी गई। इसलिए अरबी-फ़ारसी के उम्दा-उम्दा शब्द छोड़ दिये गए और विद्वान प्रोफ़ेसर व दूसरे लोग किसानों की भाषा सीखने को,

और पुराने ख़ालिस तुर्की नस्ल के शब्दों की तलाश करने को, गांव-गांव घूमने लगे। यह परिवर्तन आजकल हो रहा है। उत्तरी भारत के हम लोग अगर ऐसा परिवर्तन करें, तो उसका अर्थ यह होगा कि हमें लखनऊ या दिल्ली की लच्छेदार और कुछ-कुछ बनावटी हिन्दुस्तानी को छोड़ना होगा, जो पुराने दरबारी ढंग की बची-खुची निशानी है, और उसकी जगह देहात के बहुत सारे गंवारू शब्दों को अपनाना होगा।

भाषा में इन परिवर्तनों के सबब से नगरों और व्यक्तियों के नामों में भी परिवर्तन हो गये हैं। जैसा कि तुम जानती हो, कुस्तुन्तुनिया अब इस्ताम्बूल हो गया है, अंगोरा अब अंकारा है, और स्मर्ना अब इस्मीर है। तुर्की में व्यक्तियों के नाम आम तौर पर अरबी से लिये गए हैं—मुस्तफ़ा कमाल भी अरबी नाम है। नई चाल ख़ालिस तुर्की नाम रखने की हो गई है।

एक परिवर्तन, जिसकी वजह से बखेड़ा पैदा हो गया है, यह क़ानून है कि इस्लामी नमाज़ और अज़ान[1] भी तुर्की भाषा में हो। मुसलमान लोग हमेशा से मूल अरबी में नमाज़ पढ़ते आये हैं; भारत में आज भी ऐसा ही होता है। इसलिए बहुत-से मौलवियों और मस्जिदों के मुल्लाओं ने महसूस किया कि यह नयापन अनुचित है, और उन्होंने अपनी नमाज़ अरबी में जारी रक्खी। पर तुर्की सरकार ने इस विरोध को भी दूसरे विरोधों की तरह कुचल दिया है।

गत दस वर्षों के इन तमाम लम्बे-चौड़े समाजी उलट-फेरों ने जनता की ज़िन्दगी के ढंग को बिल्कुल बदल दिया है, और पुराने रिवाजों व मज़हबी लगावों से बिल्कुल अलग एक नई पीढ़ी तैयार हो रही है। मगर महत्व रखते हुए भी इन परिवर्तनों का देश के आर्थिक जीवन पर बहुत ज़्यादा असर नहीं पड़ा है। चोटी पर कुछ छोटे-मोटे परिवर्तनों के सिवा इसका आधार वही बना हुआ है, जो पहले था। कमालपाशा अर्थ-शास्त्री नहीं है, पर न वह ऐसे बुनियादी परिवर्तनों का हामी है, जैसे सोवियत रूस में हुए हैं। इसलिए, हालांकि राजनैतिक मामलों में उसका सोवियतों के साथ दोस्ती का नाता है, पर आर्थिक मामलों में वह साम्यवाद से दूर ही रहता है। मालूम होता है कि उसके राजनैतिक व समाजी विचार महान फ्रान्सीसी राज्यक्रान्ति से लिये हुए हैं।

अभी तक तुर्की में नौकरी-पेशा वर्ग को छोड़कर कोई ज़ोरदार मध्यम-वर्ग नहीं है। यूनानियों व दूसरे विदेशी लोगों को निकाल देने से व्यवसाय की हालत कमज़ोर पड़ गई है। पर अपनी आर्थिक स्वाधीनता से हाथ धोने की बनिस्बत तुर्की सरकार राष्ट्र की ग़रीबी को और उद्योगों के धीमे विकास को जान-बूझकर ज़्यादा अच्छा समझती है। और चूंकि उसे डर है कि तुर्की में बड़े पैमाने पर विदेशी

[1] नमाज के लिए मसजिद में मुल्ला की बांग।

पूंजी के आ जाने से उसे अपनी आर्थिक स्वाधीनता से हाथ धोना पड़ेगा, और इसकी वजह से विदेशियों के हाथों देश का शोषण होगा, इसलिए उसने विदेशी उद्योगों का शुरू होना रोक दिया है। विदेशी माल पर भारी चुंगियां लगा दी गई हैं। उद्योगों का राष्ट्रीयकरण हो गया है—यानी जनता की तरफ़ से सरकार उनकी मालिक है और उन्हें चलाती है। रेलमार्गों का निर्माण काफ़ी तेज़ी से हो रहा है।

खेती में कमालपाशा की ज़्यादा दिलचस्पी है, क्योंकि तुर्की किसान तुर्की राष्ट्र व सेना की रीढ़ रहा है। आदर्श फ़ार्म बनाये गए हैं, ट्रैक्टर चालू कर दिये गए हैं, और सहकारी समितियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

बाकी दुनिया की तरह तुर्की भी युद्ध के बाद की महामंदी में फंस गया था और उसे अपना ख़र्च चलाना मुश्किल हो गया था। पर वह तो मुस्तफ़ा कमाल की रहनुमाई में धीरे-धीरे और मज़बूती के साथ आगे बढ़ रहा है, और मुस्तफ़ा कमाल देश का सबसे ऊंचा नेता व तानाशाह बना हुआ है। उसे 'अता तुर्क' यानी देशपिता का ओहदा दिया गया है, और आजकल वह इसी नाम से मशहूर है।[1]

: १६० :

भारत गांधीजी के पीछे चलता है

११ मई, १९३३

अब मैं तुम्हें भारत की हाल की घटनाओं के बारे में कुछ बतलाऊंगा। बाहर की घटनाओं की बनिस्बत इनमें हमारी ज़्यादा दिलचस्पी होना लाजिमी ही है, और मुझे अपने ऊपर क़ाबू रखना पड़ेगा कि कहीं मैं बहुत ज़्यादा ब्यौरों में न चला जाऊं। पर हमारी ज़ाती दिलचस्पी के अलावा भी, जैसा कि मैं लिख चुका हूं, आज भारत दुनिया की एक बड़ी समस्या है। साम्राज्यशाही हुकूमत का यह एक ही नमूनेदार और सबसे बढ़िया देश है। ब्रिटिश साम्राज्यशाही का सारा ढांचा ही इसपर खड़ा है, और अंग्रेज़ों को इस सफल मिसाल ने दूसरे देशों को भी साम्राज्यशाही हौसलेबाज़ी के रास्ते पर चलने के लिए लुभाया है।

भारत के बारे में अपने पिछले पत्र में मैंने यहां युद्ध के ज़माने में होनेवाले परिवर्तनों का, भारतीय उद्योगों व भारतीय पूंजीपति वर्ग के विकास का, और भारतीय उद्योगों की तरफ़ ब्रिटिश नीति में परिवर्तन का, ज़िक्र किया है। इंग्लैण्ड पर भारत का औद्योगिक और व्यापारी दबाव बढ़ता जा रहा था, और इसी तरह राजनैतिक दबाव भी बढ़ रहा था। समूचे पूर्व में राजनैतिक चेतना जाग रही थी,

[1] **कमाल पाशा की मृत्यु १९३८ ई० में हो गई, और उसके बाद इस्मत इनोनू तुर्की का राष्ट्रपति चुना गया।**

सारी दुनिया में युद्ध के बाद उथल-पुथल और बेचैनी हो रही थी। भारत में ख़ूनी क्रान्तिकारी हलचलें अक्सर सामने आती रहती थीं। लोगों के दिलों में बड़ी-बड़ी उमंगे थी। ख़ुद ब्रिटिश सरकार भी महसूस करने लगी थी कि कुछ-न-कुछ किया जाना चाहिए। राजनैतिक मैदान में उसने एक जांच की कार्रवाई की, और उसके बाद माण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड रिपोर्ट में परिवर्तन के कुछ सुझाव पेश किये गए। आर्थिक मैदान में उसने उठते हुए मध्यम-वर्ग को बहलाने के लिए टुकड़े फेंकने की कार्रवाई की, पर यह ध्यान रक्खा कि सत्ता और शोषण के गढ़ उसीके हाथों में बने रहें।

युद्ध के बाद कुछ दिनों तक व्यापार की तरक़्क़ी हुई और काफ़ी तेज़ी का ज़माना रहा, जिसमें ज़बर्दस्त मुनाफ़े बटोरे गये, ख़ासकर बंगाल के पटसन व्यापार में। हिस्सेदारों को बांटे जानेवाले मुनाफ़े अक्सर सौ फीसदी से भी ऊपर पहुंच जाते थे। चीज़ों की कीमतें बढ़ गई, और कुछ हद तक मजूरियां भी बढ़ी, पर क़ीमतों के मुकाबले में बहुत कम। क़ीमतों के साथ काश्तकारों के ज़मीदारों को दिये जानेवाले लगान भी बढ़ गये। इसके बाद मन्दी आई और व्यापार मंदा होने लगा। कारखानों के मजदूरों व खेतिहरों की हालत ख़राब हो गई और बेचैनी तेजी के साथ बढ़ने लगी। दिन-पर-दिन ज़्यादा बुरी हालतें होने से कारख़ानों में बहुत हड़तालें होने लगीं। अवध में जहां ताल्लुकेदारी प्रथा के मातहत काश्तकार-वर्ग की हालत ख़ास तौर पर ख़राब थी, एक ज़बर्दस्त किसानी आन्दोलन बिलकुल अपने-आप ही पैदा हो गया। पढ़े-लिखे निचले मध्यम-वर्गों में बेकारी बढ़ने लगी, जिसके सबब से बहुत मुसीबत फैली।

युद्ध के बाद के शुरू के दिनों में आर्थिक तसवीर यही थी. और अगर तुम इसे ध्यान में रक्खोगी तो तुम्हें राजनैतिक घटनाचक्र को समझने में मदद मिलेगी। देश में लड़ाकू भावना फैल रही थी और तरह-तरह के रूपों में ज़ाहिर हो रही थी। कारखानों का मज़दूर-वर्ग ट्रेन यूनियनें बनाकर अपना संगठन कर रहा था और बाद में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस को बढ़ाने में लग गया था। छोटे-छोटे जमींदार और मौरूसी काश्तकार सरकार से नाराज़ थे और राजनैतिक कार्रवाई को अच्छी निगाह से देख रहे थे। कहावत है कि चोट खाने पर कीड़ा भी उलटकर वार करता है; इसी तरह काश्तकार भी उलटने की कोशिश कर रहे थे। और मध्यम-वर्ग ख़ासकर बेरोज़गार वर्ग, के लोग साफ़ तौर पर राजनीति की तरफ़ झुक रहे थे। और उनम से कुछ गिने-चुने व्यक्ति क्रान्तिकारी हलचलों की तरफ़ झुक रहे थे। इन हालतों का हिन्दुओं, मुसलमानों, सिक्खों वग़ैरा सबपर एक-सा असर पड़ रहा था, क्योंकि आर्थिक हालत मज़हबी अलगावों की कोई परवा नहीं करती। पर मुसलमान लोग इसके अलावा भी तुर्की के

ख़िलाफ़ युद्ध से, और इस डर से कि ब्रिटिश सरकार जज़ीरत-उल-अरब कहलाने-वाले मक्का, मदीना और जरूसलम के पाक शहरों पर कब्ज़ा कर लेगी, बहुत भड़के हुए थे (जरूसलम यहूदियों, ईसाइयों और मुसलमानों तीनों के लिए पवित्र शहर है)।

बस, गुस्से से भरा, कुछ लड़ने पर आमादा और ज़्यादा उम्मेदवार न होते हुए भी उम्मेद लगाये हुए भारत युद्ध के बाद कुछ मिलन की बाट देख रहा था। कुछ ही महीनों के अन्दर नई ब्रिटिश नीति के जिन पहले फलों की बेताबी से बाट देखी जा रही थी, वे क्रान्तिकारी आन्दोलन को दबाने के लिए ख़ास क़ानून बनाने के प्रस्ताव के रूप में सामने आये। ज़्यादा आज़ादी के बजाय ज़्यादा दमन होने-वाला था। ये बिल एक कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर रक्खे गये थे और 'रौलट बिल' के नाम से मशहूर हुए। पर सारे देश में ये बहुत जल्दी 'काले बिल' कहलाने लगे। हर जगह, हर भारतीय ने, यहांतक कि नरम-से-नरम विचारवाले भारतीय ने भी, इन बिलों की निन्दा की। सरकार को और पुलिस को इन बिलों ने ऐसे बहुत ज़्यादा इख़्तियार दे दिये थे कि जिस किसी व्यक्ति पर उन्हें नाराजी या सन्देह हो, उसे गिरफ्तार किया जा सकता था, बिना मुकदमा चलाये जेल में डाला जा सकता था, या उसपर गुप-चुप मुकदमा चलाया जा सकता था। उन दिनों इन बिलों के बारे में यह बात मशहूर हो गई थी कि 'न वकील न अपील, न दलील'। ज्योंही इनके ख़िलाफ़ मचनेवाली दुहाई ने ज़ोर पकड़ा, त्योंही एक नया तत्व राजनैतिक क्षितिज पर एक छोटा-सा बादल, प्रकट हुआ जो तेज़ी के साथ बढ़कर और फैलकर सारे भारतीय आकाश पर छा गया।

यह नया तत्व मोहनदास करमचंद गांधी था। गांधीजी युद्ध-काल में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौट आये थे, और अपने साथियों को लेकर साबरमती के पास आश्रम में बस गये थे। अभी तक वह राजनीति से दूर रहे थे। उन्होंने युद्ध के लिए रगरूटों की भर्ती में सरकार को मदद भी दी थी। दक्षिण अफ्रीका में उनकी सत्याग्रह की लड़ाई के समय से भारत में तो लोग उन्हें अच्छी तरह जानते ही थे। १९१७ ई० में उन्होंने बिहार के चम्पारन ज़िले के निलहे गोरों से सताये हुए और रौदे हुए काश्तकारों की कामयाबी के साथ हिमायत की थी। बाद में वह गुजरात के खेड़ा जिले के किसानों के लिए लड़े थे। १९१९ ई० के शुरू में वह बहुत बीमार पड़ गये। इस बीमारी से वह पूरी तरह उठने भी न पाये थे कि रौलट बिल-विरोधी हलचल देश-भर में फैल गई। चारों तरफ़ जो दुहाई मच रही थी, उसमें गांधीजी ने भी अपनी आवाज़ शामिल कर दी।

लेकिन यह आवाज़ दूसरी आवाज़ों से कुछ अलग तरह की थी। यह बे-शोर और धीमी थी, फिर भी भीड़ के शोरगुल के ऊपर सुनाई दे सकती थी। यह मुलायम और हल्की थी, पर मालूम होता था कि उसमें कहीं फ़ौलाद की धार

छिपी हुई है। यह नम्र और दिल को छूनेवाली थी, पर फिर भी उसमें कोई डरावनी और दहशत पैदा करनेवाली चीज़ थी। इसका हर शब्द अर्थ-भरा था और उसमें जान लड़ाने की सच्ची लगन थी। सुलह और दोस्ती की भाषा के पीछे शक्ति थी, और कर्म की कांपती हुई छाया थी, और असत्य के आगे सिर न झुकाने का पक्का इरादा था। इस आवाज से अब हम परिचित हो चुके हैं ; पिछले चौदह वर्षों में हमने इसे बहुत बार सुना है। पर १९१९ ई० के फरवरी और मार्च में यह हमारे लिए नई थी; हम अच्छी तरह समझ नहीं पाते थे कि इसका क्या अर्थ है, पर हम थर्रा उठते थे। यह चीज़ हमारी उस कोरी निन्दा करनेवाली गला-फाड़ राजनीति से बहुत अलग तरह की थी, जिसके लम्बे-लम्बे भाषण सदा एक-सरीखे उन बेकार और बेअसर प्रस्तावों पर ही ख़तम हो जाते थे, जिनपर कोई ध्यान नहीं देता था। यह कर्म करने की राजनीति थी, कोरी बातों की नहीं।

महात्मा गांधी ने उन लोगों की सत्याग्रह-सभा बनाई, जो कुछ चुने हुए क़ानूनों को तोड़ने के लिए और इस तरह से जेल जाने के लिए तैयार थे। उस वक़्त यह बिलकुल नया विचार था, जिसपर हममें से बहुत-से तो उतावले हो गये पर बहुत-से सहम गये। आज यह बहुत ही मामूली घटना हो गई है और हममें से ज़्यादातर के लिए तो यह ज़िन्दगी का एक बंधा हुआ और बाक़ायदा सिलसिला बन गया है !

अपने क़ायदे के मुताबिक गांधीजी ने वायसराय को बड़ी नम्र अपील और चेतावनी भेजी। जब उन्होंने देखा कि सारे भारत के एक स्वर से विरोध के बावजूद ब्रिटिश सरकार रौलट बिलों को पास करने पर तुली हुई है, तो उन्होंने आवाज उठाई कि जिस दिन ये बिल क़ानून बन जायं, उससे आगे के पहले रविवार को सारे भारत में मातम का दिन मनाया जाय, हड़ताल की जाय, सब कारोबार बन्द रक्खे जायं और सभाएं की जायं। सत्याग्रह-आन्दोलन इसी दिन से शुरू किया जानेवाला था, इसलिए ६ अप्रैल, १९१९ ई० के दिन सारे देश में, हर नगर और गांव में, सत्याग्रह-दिवस मनाया गया। अपने ढंग का यह पहला ही अखिल भारतीय प्रदर्शन था, जिसका निराला ही गहरा असर रहा, और जिसमें हर किस्म के लोगों ने और समुदायों ने भाग लिया। हमारे जिन लोगों ने इस हड़ताल के लिए कोशिशें की थीं, वे इसकी सफलता को देखकर हैरत में भर गये। हम शहरों के कुछ गिने-चुने लोगों के ही पास पहुंच पाये थे। पर हवा में एक नया जोश भर रहा था, और किसी तरह यह संदेश हमारे विशाल देश के दूर-से-दूर गांवों तक में जा पहुंचा। पहली ही बार देहात के लोगों ने और शहरी मज़दूरों ने सारी जनता के इस राजनैतिक प्रदर्शन में भाग लिया।

दिल्लीवालों ने अप्रैल की ६ तारीख से एक सप्ताह पहले तारीख की ग़लत-फ़हमी से इससे पहले के रविवार यानी ३१ मार्च को ही हड़ताल मना ली। वे दिन दिल्ली के हिन्दुओं और मुसलमानों में अद्‌भुत भाईचारे और मेल-मिलाप के थे, और लोगों ने आर्यसमाज के बड़े नेता स्वामी श्रद्धानन्द का दिल्ली की मशहूर जामा मस्जिद में भारी भीड़ों के सामने भाषण देने का निराला नज़ारा देखा। ३१ मार्च को पुलिस और फ़ौज के सिपाहियों ने बाज़ारों की भारी भीड़ों को तितर-बितर करने की कोशिश की और उनपर गोलियां चलाईं, जिनसे कुछ लोग मारे गये। संन्यासी के भेष में बुलन्द और शानदार दिखाई देनेवाले स्वामी श्रद्धानन्द चांदनी चौक में छाती खोलकर और बेधड़क होकर गुरखों की संगीनों के सामने खड़े हो गये। इनसे तो वे बच गये और इस घटना से भारत-भर में ख़ुशी की लहर दौड़ गई; पर दुःख की बात तो यह है कि इस घटना को पूरे आठ वर्ष भी नहीं बीते थे कि जब वह रोग-शय्या पर पड़े थे तब एक मज़हबी दीवाने मुसलमान ने धोखे से गोली मारकर उन्हें मार डाला।

६ अप्रैल के उस सत्याग्रह-दिवस के बाद घटनाएं तेज़ी के साथ दौड़ने लगीं। १० अप्रैल को अमृतसर में भी फ़िसाद हुआ। डा० किचलू व डा० सत्यपाल की गिरफ़्तारी का मातम मनानेवाली निहत्थी और सिर-नंगी भीड़ पर फ़ौज के सिपाहियों ने गोलियां चला दी, जिनसे बहुत लोग मारे गये। इसपर भीड़ ने दफ़्तरों में बैठे हुए पांच-छः बेक़सूर अंग्रेजों को मारकर और उनके बैंकों की इमारतों में आग लगाकर पागलपन भरा बदला निकाला। फिर तो पंजाब पर मानो पर्दा पड़ गया। ख़बरों पर कड़ा सेन्सर बिठाकर उसे बाक़ी भारत से काट दिया गया था; वहां से कोई ख़बर नहीं आने पाती थी, और लोगों के लिए इस प्रान्त में जाना या वहां से आना बहुत मुश्किल था। वहां फ़ौजी क़ानून लगा दिया गया था, और इसकी सख़्त तकलीफ़ कई महीनों तक लोगों को सहनी पड़ी। धीरे-धीरे हफ़्तों और महीनों की दर्दभरी अकुलाहट के बाद पर्दा उठा और लोगों को उन ख़ौफ़नाक सच्ची घटनाओं का पता लगा।

पंजाब में फ़ौजी शासन के ज़माने की दिल दहलानेवाली बातों का ज़िक्र मैं यहां नहीं करूंगा। अमृतसर के जलियांवाला बाग में १३ अप्रैल को जो हत्याकाण्ड हुआ उसे सारी दुनिया जानती है। मौत के उस पिंजरे में, जिसमें से बच निकलने का कोई रास्ता नहीं था, हज़ारों मर गये और घायल हुए। 'अमृतसर' शब्द ही हत्याकाण्ड का अर्थ रखनेवाला हो गया है। यह तो बुरा था ही पर इसके अलावा सारे पंजाब में और भी इससे ज़्यादा शर्मनाक कारनामे हुए।

इतने वर्ष बीत जाने पर भी इस सारी वहशत और ख़ौफ़नाक हालत को भूलना मुश्किल है; पर फिर भी इसे समझना कठिन नहीं है। भारत में अंग्रेज़ों

की हुकूमत का ढंग ही ऐसा है कि वे सदा अपनेको ज्वालामुखी के किनारे पर बैठा हुआ महसूस करते हैं। उन्होंने भारत के दिल या दिमाग़ को न तो कभी समझा और न कभी समझने की कोशिश की। अपनी लम्बे-चौड़े और पेचीदा इंतज़ामी ढांचे पर, और पीछे से उसे सहारा देनेवाले बल पर, भरोसा करते हुए वे अपनी ज़िन्दगी अलग ही बिताते रहे हैं। पर उनके इस सारे भरोसे के पीछे अनजान होनी का भय सदा बना रहता है, और डेढ़ सौ वर्षों के राज के बावजूद भी भारत उनके लिए अनजान देश बना हुआ है। १८५७ ई० के विद्रोह की यादें उनके दिमाग़ में अभी तक ताज़ा हैं, और वे महसूस करते हैं कि मानो वे किसी अजनबी और दुश्मनी रखनेवाले देश में रहते हैं, जो किसी भी दिन उनपर उलटकर उन्हें चाक कर सकता है। उनके पीछे की जमीन आम तौर पर यही है। इसलिए जब उन्होंने अपने ख़िलाफ़ लड़ने पर आमादा एक ज़बर्दस्त आन्दोलन देशभर में उठता हुआ देखा तो, उनके मन में डर पैदा हुआ। जब अमृतसर में की गई १० अप्रैल की खूनी कार्रवाइयों का समाचार लाहौर में पंजाब के ऊंचे अफ़सरों के पास पहुंचा तो उनके होश बिल्कुल गुम हो गये। उन्होंने समझा कि १८५७ ई० के विद्रोह की तरह यह भी बड़े पैमाने पर दूसरा खूनी विद्रोह है, और सारे अंग्रेज लोगों की जानें खतरे में हैं। उन्हें ख़तरे की लाल झंडी दिखाई देने लगी, और उन्होंने आतंक जमाने का फ़ैसला कर लिया। जलियांवाला बाग़ और फ़ौजी क़ानून और जो कुछ इनके बाद हुआ, वह सब इनके सोचने के इसी ढंग का नतीजा था।

डरे हुए आदमी की बौखलाहट को भले ही कोई माफ़ न कर सके, पर वह उसे समझ सकता है, चाहे ख़ौफ़ का असली सबब कुछ भी न हो। पर जिस चीज़ ने भारत को और भी ज़्यादा हैरत में डाला और गुस्सा दिलाया वह यह थी कि जिस जनरल डायर ने अमृतसर में गोलिया चलवाई थी, और गोलियां चलवाने के बाद हजारों घायलों की तरफ़ वहशियाना लापरवाही दिखाई थी, उसने कई महीनों बाद अपनी इस कार्रवाई को बड़े ताने के साथ वाजिब ठहराया। घायलों के बारे में उसने कहा था—"यह मेरा काम नही था।" इंग्लैण्ड के कुछ लोगों ने और वहां की सरकार ने डायर की हलकी-सी बुराई की, पर इंग्लैण्ड के शासक-वर्ग का आम रवैय्या लार्ड-सभा की उस बहस में प्रकट हुआ, जिसमें डायर पर तारीफ़ों की बौछार की गई। इनसब बातों ने भारत के गुस्से की आग में घी का काम किया और पंजाब पर किये गए अत्याचारों से देश-भर में सख़्त कड़वाहट पैदा हो गई। पंजाब में सचमुच जो कुछ हुआ, उसका पता लगाने के लिए सरकार और कांग्रेस दोनों ने जांच कमेटियां मुकर्रर कर दी थीं। देश में उनकी रिपोर्टों की बाट देखी जा रही थी।

उस साल, से १३ अप्रैल का दिन भारत के लिए 'राष्ट्रीय दिवस' बन गया

है, और ६ अप्रैल से १३ अप्रैल तक के आठ दिन 'राष्ट्रीय सप्ताह' बन गये हैं। जलियांवाला बाग अब राजनैतिक तीर्थस्थान हो गया है। आजकल यह ख़ूबसूरत ढंग से लगाया हुआ बाग है और उसकी पुरानी दिल दहलानेवाली सूरत बहुत-कुछ बदल गई है। पर याद अभी तक बाक़ी है।

उस साल, १९१९ ई० के दिसम्बर में, एक अजीब संयोग से कांग्रेस का सालाना जलसा अमृतसर में ही हुआ। चूंकि जांचों के नतीजों की बाट देखी जा रही थी, इसलिए इस कांग्रेस में कोई बड़े फ़ैसले नहीं किये गए, पर यह ज़ाहिर हो गया कि कांग्रेस बदल गई थी। वह अब कुछ-कुछ जनता की कांग्रेस बन गई थी, और उसमें एक नई जीवट पैदा हो गई थी जो कुछ पुराने कांग्रेसजनों को घबरानेवाली थी। सदा की तरह अडिग लोकमान्य तिलक अपनी जिन्दगी में आखिरी बार कांग्रेस में भाग लेने आये थे, क्योंकि अगले कांग्रेस-अधिवेशन से पहले ही उनकी मृत्यु होनेवाली थी। इस कांग्रेस में गांधीजी भी आये थे, जो जनता में लोकप्रिय हो गये थे और कांग्रेस व भारतीय राजनीति पर जिनके रोब-दाब का लम्बा जमाना शुरू हो रहा था। इस कांग्रेस में सीधे जेल से छूटकर बहुत-से नेता भी आये थे, जिन्हें फ़ौजी क़ानून के दिनों में षड्यन्त्र के बेहूदे मुक़दमों में फंसा दिया गया था और लम्बी-लम्बी सज़ाएं दी गई थी, पर अब उन सजाओं को माफ़ करके उन्हें छोड़ दिया गया था। और मशहूर अली-बन्धु[1] भी आये थे, जो कई वर्षों की नज़र-बन्दी के बाद उसी समय छोड़े गये थे।

अगले साल कांग्रेस लड़ाई में कूद पड़ी और उसने गांधीजी के असहयोग का कार्यक्रम अपना लिया। कलकत्ता के विशेष अधिवेशन में यह कार्यक्रम मंजूर किया गया और बाद में नागपुर के सालाना अधिवेशन में इसे तसदीक कर दिया गया। इस लड़ाई का तरीका पूरी तरह शान्ति का, यानी अहिंसा (बिना खून-खराबी) का रक्खा गया था और इसका आधार यह था कि भारत के शासन और शोषण में सरकार को कोई मदद न दी जाय। इसकी शुरुआत कुछ बायकाटों से होनेवाली थी, जैसे विदेशी सरकार के दिये हुए खिताबों, सरकारी जलसों वग़ैरा का, वकीलों व मुक़दमेबाज़ों द्वारा अदालतों का, सरकारी स्कूलों व कालेजों का, और मॉण्टेग्यू-चेम्सफ़ोर्ड सुधारों के मातहत नई कौन्सिलों का। आगे चलकर इन बायकाटों में असैनिक व सैनिक नौकरियों को और टैक्सों को भी शामिल किया जानेवाला था। रचनात्मक कार्यक्रम में हाथ-कताई और खद्दर पर, और सरकारी अदालतों के बजाय पंचायती अदालतें कायम करने पर, जोर दिया गया था। हिन्दू-मुस्लिम एकता और हिन्दुओं में छुआछूत मिटाना इस आन्दोलन के दो और सबसे ज़्यादा महत्व के अंग थे।

[1] मौलाना मोहम्मद अली और मौलाना शौक़त अली।

कांग्रेस ने अपना संविधान भी बदल दिया, और वह कार्रवाई करने के क़ाबिल जमात बन गई। साथ ही उसने अपनी मेम्बरी का दरवाज़ा जनता के लिए खोल दिया।

अबतक कांग्रेस जो करती चली आई थी, उससे अब यह कार्यक्रम बिल्कुल ही अलग चीज़ था; सचमुच यह दुनिया में ही बिल्कुल नई चीज़ थी, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका के सत्याग्रह का दायरा बहुत छोटा रहा था। इसका अर्थ था कि कुछ लोग फौरन और भारी कुर्बानियां दें, जैसे वकीलों से कहा गया था कि वे अपनी वकालत छोड़ दें, और विद्यार्थियों से कहा गया था कि सरकारी कालेजों का बायकाट कर दें। इसके बारे में कोई पक्की राय देना मुश्किल था, क्योंकि इसे नापने के लिए कोई गज़ ही नहीं था। इसलिए अगर पुराने और अनुभवी कांग्रेसी नेता आगा-पीछा सोचने लगे और दुविधा में पड़ गये, तो इसमें अचम्भे की कोई बात नहीं थी। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता लोकमान्य तिलक की मृत्यु इसके कुछ दिन पहले ही हो चुकी थी। बाकी के नामी कांग्रेसी नेताओं में सिर्फ़ अकेले मोतीलाल नेहरू ने शुरू की मंज़िलों में गांधीजी का समर्थन किया था। पर साधारण कांग्रेसजन के, या हर आदमी के, या जनता के रुख़ के बारे में कोई शक न था। गांधीजी इन्हें अपने साथ बहा ले गये और उन्होंने इनपर मानो जादू डाल दिया। और 'महात्मा गांधी की जय' के ऊंचे नारों के साथ इन लोगों ने अहिसावाले असहयोग के नये सिद्धान्त की मंज़ूरी जाहिर की। मुसलमानों में भी इसके लिए उतना ही जोश था, जितना दूसरों में। सच तो यह है कि अली बन्धुओं की रहनुमाई में चलनेवाली ख़िलाफ़त कमेटी ने तो इस कार्यक्रम को कांग्रेस से भी पहले अपना लिया था। जल्द ही जनता के जोश ने और आन्दोलन की जल्दी सफलताओं ने पुराने कांग्रेसी नेताओं में से ज़्यादातर को इस आन्दोलन में खींच लिया।

इन पत्रों में मैं इस बिल्कुल नई तरह के आन्दोलन की खूबियों-कमियों की, या इसे ठीक बतानेवाली दलीलों की, जांच नहीं कर सकता। यह सवाल इतना पेचीदा है कि मेरे बूते से बाहर है, और सिवाय गांधीजी के, जो इसके कर्ता हैं, शायद कोई भी इसकी तसल्ली देने लायक व्याख्या नहीं कर सकता। फिर भी हमको इसे एक बाहरी व्यक्ति के नज़रिये से देखना चाहिए, और यह समझने की कोशिश करनी चाहिए कि यह इतनी तेज़ी से और सफलता से कैसे फैल गया।

मैं ग़रीब जनता पर पड़नेवाले आर्थिक दबाव का, और विदेशी शोषण के मातहत उनकी बराबर गिरी हुई हालत का, और मध्यम-वर्गों में बेकारी बढ़ने का, ज़िक्र कर चुका हूं। इसका इलाज क्या था? राष्ट्रीयता के विकास ने लोगों का ध्यान राजनैतिक आज़ादी की ज़रूरत की तरफ़ फेर दिया। आज़ादी

सिर्फ़ इसीलिए ज़रूरी नहीं थी कि पराधीन और ग़ुलाम बने रहना ज़लालत था, या सिर्फ इसीलिए नहीं कि जैसा तिलक ने कहा था 'स्वराज हमारा जन्म-सिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे', बल्कि हमारी जनता की गरीबी के बोझ को कम करने के लिए भी जरूरी थी। पर यह आज़ादी कैसे हासिल हो सकती थी? ज़ाहिर था कि चुपचाप बैठे रहने और इन्तज़ार करते रहने से वह हमें मिलने-वाली नहीं थी। और यह भी इतना ही ज़ाहिर था कि कोरे विरोध और भीख मांगने के तरीक़े, जिनपर कांग्रेस अबतक थोड़ी-बहुत सरगर्मी के साथ चल रही थी, किसी क़ौम की शान के ख़िलाफ़ ही नहीं थे, बल्कि बेकार और बे-असर भी थे। इतिहास में ऐसी कोई मिसाल नहीं है, जिसमें इस किस्म के तरीके सफल हुए हों, या इनसे शासक-वर्ग अथवा खास रियायती वर्ग सत्ता छोड़ने को मजबूर हुए हों। इतिहास ने तो सचमुच हमें यह बतलाया था कि जिन कौमों को या वर्गों को ग़ुलाम बना लिया गया था, उन्होंने अपनी आज़ादी ख़ूनी बग़ावतों या विद्राहों के ज़रिये हासिल की थी।

भारतीय जनता के लिए हथियारों की बग़ावत का कोई सवाल ही नहीं दिखाई देता था। हम लोग निहत्थे कर दिये गए थे, और हममें से बहुत ज़्यादा लोग तो हथियार चलाना ही नहीं जानते थे। इसके अलावा मार-काट की लड़ाई में ब्रिटिश सरकार की या किसी भी राज्य की संगठित शक्ति इतनी ज्यादा थी कि उसके मुक़ाबले में कोई चीज़ खड़ी नहीं की जा सकती थी। फ़ौजों में ग़दर हो सकता था, पर निहत्थे लोगों का बग़ावत करना और हथियारबन्द फ़ौजों का मुक़ाबला करना मुमकिन नहीं था। दूसरी तरफ, व्यक्तियों पर वार करने की नीति यानी अलग-अलग अफ़सरों को बम से या पिस्तौल से मार डालना दिवा-लियापन की नीति थी। यह चीज़ क़ौम को गिरानेवाली थी, और यह ख़याल बेहूदा था कि वह एक संगठित शक्तिवाली सरकार को हिला सकेगी, व्यक्तियों को भले ही वह चाहे जितनी दहशत दिला दे। जैसा कि मैं लिख चुका हूं, इस किस्म की व्यक्तियों की मार-काट रूसी क्रान्तिकारियों तक ने भी त्याग दी थी।

तब फिर क्या रह जाता था? रूस अपनी क्रान्ति में सफल हो गया था, और उसने मज़दूरों का गणराज्य क़ायम कर लिया था, और उसके तरीक़े थे सामूहिक कार्रवाई, जिसकी पीठ पर सेना का सहारा था। पर रूस में भी सोवियतों को तभी क़ामयाबी मिली थी जबकि युद्ध के नतीजों से देश व पुरानी सरकार दोनों बिल्कुल पस्त हो चुके थे, और सोवियतों का विरोध करनेवाला कोई बचा ही नहीं था। इसके अलावा उस समय भारत में रूस को या मार्क्सवाद को कोई जानता भी न था और न मज़दूरों या किसानों की बाबत कुछ सोचता ही था।

इसलिए ये सब अन्धी गलियां थीं, और ज़लालतभरी ग़ुलामी की

सहन न की जा सकनेवाली हालतों में से निकलने का कोई रास्ता नज़र नहीं आता था। जो लोग ज़रा भी नाज़ुक-तबीयत थे, वे जबर्दस्त उदासी और लाचारी महसूस कर रहे थे। ठीक इसी मौक़े पर गांधीजी ने अपना असहयोग का कार्यक्रम देश के सामने रक्खा। आयर्लैण्ड के शिन फ़ेन की तरह इसने हमें अपने ऊपर भरोसा करना और अपनी ताक़त बढ़ाना सिखाया, और सरकार पर दबाव डालने का तो यह बहुत ही असरदार तरीक़ा साफ़ दिखाई दे रहा था। सरकार तो ज़्यादातर भारतवासियों की, मर्ज़ी या बेमर्ज़ी के, सहयोग पर टिकी हुई थी, और अगर यह सहयोग हटा लिया जाता और बायकाट पर अमल किया जाता, तो फ़र्ज़ी तौर पर तो सरकार के सारे ढांचे को गिरा देना बिल्कुल सम्भव था। और अगर असहयोग इतनी दूर न भी पहुंच पाता, तो भी इसमें तो कोई शक नहीं था कि इससे सरकार पर ज़बर्दस्त दबाव पड़ सकता था, और साथ ही जनता का बल बढ़ सकता था। असहयोग पूरी तरह शान्ति के साथ होनेवाला था, पर फिर भी वह कोरा अ-प्रतिरोध यानी ख़ामोश मुकाबला नहीं था। सत्याग्रह ग़लत समझी जानेवाली बातों के मुक़ाबले का साफ़-साफ़, पर अहिंसावाला रूप था। अमल में वह बिना मार-काट की बग़ावत था, लड़ाई लड़ने का सबसे ज्यादा सभ्य तरीक़ा था, पर फिर भी राज्य के टिकाऊपन के लिए ख़तरनाक था। जन-समूह से अपना फ़र्ज़ अदा कराने का यह असरकारक उपाय था, और भारत के लोगों की अपनी ख़ास तबीयत से मेल खाता हुआ नज़र आता था। हमको तो यह बड़ा भलामानस साबित करता था और सामनेवाले को मानो ग़लत साबित कर देता था। इसने हमारा वह डर दूर कर दिया, जिसके मारे हम मरे जा रहे थे, और हम इस तरह तनकर लोगों के सामने खड़े होने लगे जैसा कि पहले कभी नहीं हुआ था, और अपने मन की बात पूरी तरह और साफ़-साफ़ कहने लगे। हमारे दिलों पर से मानो बड़ा भारी बोझ हट गया और बोलने व काम करने की इस आजादी ने हमारे दिलों में भरोसा और बल भर दिये। और, सबसे बड़ी बात यह हुई कि शान्ति के उपायों ने बहुत हद तक उन ज़बर्दस्त दुश्मनी के नस्ली व राष्ट्रीय वैर-भावों को नहीं बढ़ने दिया जो अबतक सदा से ऐसी लड़ाइयों के साथ-साथ पैदा होते रहे थे, और इस तरह अन्त में जाकर निबटारा ज़्यादा आसान कर दिया।

इसलिए, अगर असहयोग के इस कार्यक्रम ने, जिसके साथ गांधीजी की निराली शख़्सियत जुड़ी हुई थी, देश के खयालों को जगा दिया और उसे आशा से भर दिया, तो इसमें ताज्जुब की बात नही थी। यह फैलने लगा, और इसके आते ही पुरानी पस्त-हिम्मती ग़ायब हो गई। नई कांग्रेस ने देश के ज़्यादातर जानदार तबकों को अपनी तरफ़ खींच लिया और उसका बल व उसकी इज्ज़त बढ़ने लगी।

इसी बीच सुधारों की मॉण्टेग्यू-चेम्सफोर्ड-योजना के मातहत नई कौन्सिलें और असेम्बलियां बनाई जा चुकी थीं। नरम दल ने, जो अब उदार दल कहलाने लगा था, इनका स्वागत किया था और वे उनके मातहत मन्त्री या दूसरे सरकारी अफसर बन गये थे। वे तो एक तरफ़ से सरकार में ही मिल गये थे, और उन्हें जनता का कोई समर्थन नहीं था। कांग्रेस ने इन विधान-मंडलों का बायकाट कर दिया था, और देश में इनकी तरफ़ किसीका ध्यान नहीं था। सबकी निगाहें असली लड़ाई की ओर लगी हुई थीं, जो बाहर नगरों में और गांवों में चल रही थीं। पहली ही बार बहुतेरे कांग्रेस कार्यकर्त्ता गांवों में गये, और वहां उन्होंने कांग्रेस कमेटियां क़ायम कीं, और गांवों के लोगों में राजनैतिक चेतना फैलाने में सहायता दी।

मामला अब तूल पकड़न लगा था, और दिसम्बर, १९२१ ई० में मुठभेड़ रुक नहीं सकी। इंग्लैण्ड के युवराज की भारत-यात्रा, जिसका कांग्रेस ने बायकाट कर दिया था, इस मुठभेड़ का सबब बन गई। भारत-भर में सामूहिक गिरफ़्तारियां हुई और जेलें हज़ारों 'राजबन्दियों' (राजनैतिक कैदियों) से भर गई। हममें से बहुतों को तो जेल के भीतर का तब पहली बार तजरबा हुआ। कांग्रेस के चुने हुए अध्यक्ष देशबन्धु चित्तरंजन दास भी गिरफ़्तार हो गये, और उनकी जगह पर अहमदाबाद-अधिवेशन की सदारत हकीम अजमल खां ने की। पर तबतक ख़ुद गांधीजी को गिरफ़्तार नहीं किया गया था। बस, आन्दोलन बढ़ने लगा, और जो लोग गिरफ़्तारी के लिए आगे आते थे, उनकी संख्या गिरफ़्तार किये जानेवालों से सदा ज़्यादा होती थी। चूंकि नामी नेता और कार्यकर्त्ता जेलों में ठूस दिये गए थे, इसलिए नातजरबेकार और कभी-कभी ग़लत लोग तक भी (कभी-कभी ख़ुफ़िया पुलिस के एजण्ट भी), उनकी जगह लेने लगे, और ढांचा बिखर गया और कुछ मार-काट भी हुई। १९२२ ई० के शुरू के दिनों में उत्तर प्रदेश में गोरखपुर के पास चौरी-चौरा में किसानों की भीड़ व पुलिस के बीच भिड़न्त हो गई, जिसके बाद किसानों ने पुलिस चौकी को, जिसमें कुछ सिपाही भी थे, जला डाला। इस घटना से व ऐसी ही दूसरी घटनाओं से, जिनसे ज़ाहिर होता था कि आन्दोलन बेतरतीब और ख़ूनी होता जा रहा है, गांधीजी के दिल को बहुत चोट पहुंची। इसलिए उनके सुझाव पर कांग्रेस कार्य-समिति ने असहयोग का क़ानून भंगवाला कार्यक्रम रोक दिया। इसके कुछ ही दिन बाद गांधीजी भी गिरफ़्तार कर लिये गए, उनपर मुकदमा चला, और उन्हें छह साल क़ैद की सज़ा दे दी गई। यह मार्च, १९२२ ई० की बात है। असहयोग-आन्दोलन का पहला दौर इस तरह ख़तम हुआ।

: १६१ :

सन् १९२०-३० में भारत की हालत

१४ मई, १९३३

१९२२ ई० में सविनय-अवज्ञा आन्दोलन के रोक लिये जाने पर असहयोग का पहला दौर ख़तम हो गया, पर इसे रोक दिये जाने से बहुत-से कांग्रेसजनों को बड़ी नाराज़ी हुई। इससे बड़ी भारी बेदारी पैदा हो गई थी। करीब ३०,००० व्यक्ति क़ानून तोड़कर जेल गये थे। क्या यह सब फ़िज़ूल जानेवाला था, और क्या आन्दोलन को उसका मकसद हासिल होने से पहले ही अध-बीच में सिर्फ़ इसलिए रोक देना चाहिए था कि कुछ बेचारे जोशीले किसानों ने गड़बड़ कर दी थी? आजादी तो अभी बहुत दूर थी और ब्रिटिश सरकार पहले ही की तरह अपना काम कर रही थी। दिल्ली में और प्रान्तों में क़ानून बनानेवाली कौन्सिलें थीं, पर इनके हाथ में असली सत्ता कुछ भी नहीं थी। कांग्रेस ने उनका बायकाट कर दिया था। गांधीजी जेल में थे।

अगला कदम क्या हो, इसके बारे में कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं में बहुत मतभेद था, और कांग्रेस की नीति में परिवर्तन की पैरवी करने के लिए 'स्वराज पार्टी' के नाम से एक दल बनाया गया। इनका सुझाव था कि असहयोग के बुनियादी कार्यक्रम पर तो जमा रहा जाय, पर उसकी एक मद में रद्दो-बदल कर दी जाय। यानी कौन्सिलों का बायकाट उठा लिया जाय। इससे कांग्रेस में दो दल हो गये, पर अन्त में स्वराज-पार्टी की ही बात चली।

कांग्रेसजन कौन्सिलों में गये, और वहां उन्होंने ज़ोरदार भाषण दिये और सरकार के ख़र्चे को नामंज़ूर कर दिया। पर सरकार ने उनके प्रस्तावों और वोटों की कोई परवाह नहीं की, और जिस बजट को विधान-सभा ने नामंज़ूर कर दिया था उसे वायसराय ने तसदीक़ कर दिया। कौन्सिलों में कांग्रेसजनों की इन कार्रवाइयों ने कुछ समय के लिए प्रचार का अच्छा काम किया, पर इनसे आन्दोलन की तर्ज़ में गिरावट आ गई। इनका नतीजा यह हुआ कि जन-समूह से इन लोगों का सम्पर्क टूट गया, और ये लोग प्रगति-विरोधी गुटों से भद्दे समझौते करने लगे।

१९२०-३० ई० के इन वर्षों में जो तरह-तरह की ताक़तें व आन्दोलन भारत को हिलकोर रहे थे, उन्हें समझने की हमें कोशिश करनी चाहिए। हिन्दू-मुस्लिम समस्या सारी फ़िज़ा पर हावी हो रही थी। आपसी रगड़ बढ़ रही थी, और मस्जिदों के सामने बाजा बजाने के हक-जैसे तुच्छ सवालों पर उत्तर भारत की कई जगहों में दंगे हो गये थे। असहयोग के दिनों की निराली एकता

के बाद यह अजीब और अचानक परिवर्तन हो गया था। यह क्यों हुआ, और उस एकता की बुनियाद क्या थी ?

राष्ट्रीय आन्दोलन का बहुत-कुछ आधार था आर्थिक तंगी और बेरोज़गारी। इसकी वजह से सब जमातों में इकसार ब्रिटिश-सरकार विरोधी भावना और स्वराज के लिए धुंधली-सी चाहना पैदा हो गई थी। दुश्मन से लड़ने की यह भावना सबको जोड़नेवाली कड़ी बन गई थी, और सब लोग मिलकर काम कर रहे थे; पर अलग-अलग जमातों की मंशाएं अलग-अलग थीं। हर जमात के लिए स्वराज अलग-अलग माने रखता था—बेरोज़गार मध्यम-वर्ग नौकरियों की आशा लगा रहा था, किसान को यह आशा थी कि ज़मींदार की बहुत-सी भारी वसूलियों से राहत मिलेगी। मज़हबी जमातों की नज़र से इस सवाल को देखा जाय तो मुसलमान लोग सामूहिक रूप से आन्दोलन में ख़ासकर ख़िलाफ़त की वजह से शामिल हुए थे। यह निरा मज़हबी सवाल था, जो सिर्फ़ मुसलमानों से ताल्लुक़ रखता था, और ग़ैर-मुसलमानों को इससे कोई लेना-देना नहीं था। फिर भी गांधीजी ने इसे अपना लिया था, और दूसरों पर भी इसके लिए ज़ोर डाला था, क्योंकि मुसीबत में पड़े भाई की मदद करना वह अपना फ़र्ज़ समझते थे। उन्हें यह भी उम्मेद थी कि इस तरह वे हिन्दुओं व मुसलमानों को एक-दूसरे के ज़्यादा नज़दीक ला सकेंगे। इस तरह मुसलमानों का आम नज़रिया मुस्लिम राष्ट्रीयता या मुस्लिम अन्तर्राष्ट्रीयता का था, सच्ची राष्ट्रीयता का नहीं। हां, उस घड़ी दोनों के बीच झगड़ा दिखाई नहीं दे रहा था।

दूसरी ओर, हिन्दुओं का राष्ट्रीयता का ख़याल साफ़ तौर पर हिन्दू राष्ट्रीयता का ख़याल था। इस मामले में हिन्दू राष्ट्रीयता को सच्ची राष्ट्रीयता से एकदम अलग करना आसान नहीं था (मुसलमानों के मामले में ऐसा करना आसान था)। दोनों राष्ट्रीयताएं आपस में मिली हुई थीं, क्योंकि भारत अकेला हिन्दुओं का घर है और उनका यहां बहुमत है। इसलिए मुसलमानों की बनिस्बत हिन्दुओं का पक्के राष्ट्रीयतावादी दिखाई देना ज़्यादा आसान था, हालांकि दोनों ही अपनी-अपनी ख़ास क़िस्म की राष्ट्रीयता की पैरवी करते थे।

तीसरी वह चीज़ थी, जिसे सच्ची या भारतीय राष्ट्रीयता कहा जा सकता था, और जो इन दोनों मज़हबी व साम्प्रदायिक किस्मों से बिल्कुल जुदा थी। और, सही बात तो यह है कि, यही वह क़िस्म थी, जिसे इस शब्द के आज के अर्थों में राष्ट्रीयता कहा जा सकता था। अलबत्ता इस तीसरी जमात में हिन्दू भी थे और मुसलमान भी, और दूसरे लोग भी। राष्ट्रीयता की ये तीनों क़िस्में असहयोग-आन्दोलन के ज़माने में, १९२० से १९२२ ई० तक, इत्तफ़ाक से साथ हो गई

थीं। रास्ते तो तीनों अलग-अलग थे, पर उस घड़ी तीनों बराबर-बराबर चल रहे थे।

१९२१ ई० के जन-आन्दोलन ने ब्रिटिश सरकार को बिल्कुल हक्का-बक्का कर दिया। हालांकि इसकी सूचना उन्हें बहुत दिन पहले मिल गई थी, पर उन्हें यह नहीं सूझ रहा था कि इससे किस तरह निबटना चाहिए। गिरफ़्तारियों और सज़ाओं का हस्ब-मामूल सीधा उपाय बे-असर हो रहा था, क्योंकि कांग्रेस तो यह चाहती थी ही। इसलिए उनके खुफ़िया विभाग ने कांग्रेस को भीतर से कमज़ोर करने के लिए एक नई तरकीब ईजाद की। पुलिस के गुर्गे और ख़ुफ़िया विभाग के कर्मचारी कांग्रेस-कमेटियों में घुस गये और मार-पीट की कार्रवाइयों को भड़काकर गड़बड़ें पैदा करने लगे। दूसरा उपाय यह अपनाया गया कि साम्प्रदायिक झगड़े पैदा करने के लिए खुफ़िया-विभाग के गुर्गे साधुओं और फ़क़ीरों के भेष में जगह-जगह भेजे गये।

यह सही है कि लोगों की मर्जी के खिलाफ़ राज करनेवाली सरकारें हमेशा इसी तरह के उपायों का सहारा लिया करती है। साम्राज्यशाही शक्तियों का धन्धा इन्हीं चीज़ों पर चलता है। इन तरीकों का सफल होना जनता की कमज़ोरी और पिछड़ेपन को जितना बतलाता है उतना उनसे ताल्लुक रखनेवाली सरकार की बदकारी को नहीं। दूसरे लोगों में फूट डालना, और उन्हें आपस में लड़ा देना, और इस तरह उन्हें कमज़ोर कर देना व उनका शोषण करना, अपने में ही इंतज़ाम के बेहतर होने की निशानी है। यह नीति सिर्फ़ तभी सफल हो सकती है जब दूसरी तरफ़ फूट और अलहदगियां हों। यह कहना खुले तौर पर ग़लत होगा कि ब्रिटिश सरकार ने भारत में हिन्दू-मुस्लिम समस्या पैदा की, लेकिन उसने इस समस्या को ज़िन्दा रखने के और दोनों जातियों में मेल न होने देने की जो लगातार कोशिशें कीं उनको दरगुज़र करना भी उतना ही ग़लत होगा।

१९२२ ई० में, असहयोग-आन्दोलन मुल्तवी किया जाने के बाद, इस तरह के दाव-पेचों के लिए ज़मीन तैयार थी। बिना कोई ज़ाहिरा नतीजा निकले एक दिलेर आन्दोलन अचानक ख़तम होने के बाद उलटा असर हुआ। तीनों जुदा-जुदा रास्ते, जो एक दूसरे के बराबर-बराबर चल रहे थे, अब अलग-अलग दिशाओं में जाने लगे। ख़िलाफ़त का सवाल रास्ते में से हट गया था। हिन्दू और मुसलमान, दोनों जातियों के साम्प्रदायिक नेता, जो असहयोग के दिनों के जनता के जोश से दब गये थे, फिर उठ खड़े हुए और सार्वजनिक हलचलों में भाग लेने लगे। बेरोज़गार मध्यम-वर्गी मुसलमान यह समझने लगे कि हिन्दुओं ने तमाम नौकरियों का ठेका ले रक्खा है और उनके रास्ते में रोड़ा बन रहे हैं। इसलिए उन्होंने अलग व्यवहार की और हर चीज़ में अलग हिस्सों की मांग की।

राजनैतिक लिहाज़ से हिन्दू-मुस्लिम सवाल असल में मध्यम-वर्गी मामला था, और नौकरियों के पीछे झगड़ा था। पर इसका असर जन-समूह पर भी पड़ने लगा।

कुल मिलाकर हिन्दू जाति मुसलमानों से ज़्यादा अच्छी हालत में थी। अंग्रेज़ी शिक्षा को शुरू में ही अपनाकर उन्होंने ज़्यादातर सरकारी नौकरियों पर क़ब्ज़ा कर लिया था। हिन्दू लोग मुसलमानों से मालदार भी ज़्यादा थे। गांव का बौहरा या साहूकार बनिया होता था, जो छोटे-छोटे ज़मींदारों और काश्तकारों को चूसता था, और उन्हें धीरे-धीरे भिखमंगा बनाकर उनकी धरती पर ख़ुद क़ब्ज़ा कर लेता था। यह बनिया हिन्दू और मुसलमान काश्तकारों व ज़मींदारों को इकसार चूसता था, पर उसके हाथों मुसलमानों का शोषण साम्प्रदायिक मोड़ ले लेता था, ख़ासकर उन प्रान्तों में, जहां खेतिहर लोग ज़्यादातर मुसलमान थे। मशीन से बने माल के ज़्यादा चलन ने मुसलमानों को हिन्दुओं से ज़्यादा नुकसान पहुंचाया, क्योंकि मुसलमानों में दस्तकारों की संख्या हिन्दुओं से कहीं ज़्यादा थी। इन तमाम कारणों ने भारत की दो बड़ी जातियों के बीच दुश्मनी की भावना बढ़ाई और मुस्लिम राष्ट्रीयता को, जो देश के बजाय सम्प्रदाय का ज़्यादा लिहाज़ रखती थी, मज़बूत कर दिया।

मुस्लिम साम्प्रदायिक नेताओं की मांगें ऐसी थीं कि जो भारत में सच्ची राष्ट्रीय एकता की सारी उम्मीदों पर पानी फेरनेवाली थीं। उनसे उन्हींके साम्प्रदायिक तरीके पर लोहा लेने के लिए हिन्दू साम्प्रदायिक संगठन भी ज़ोर पकड़कर आगे आने लगे। सच्ची राष्ट्रीयता का ढोंग करनेवाले ये संगठन उतने ही फ़िरकापरस्त और तंग-नज़र थे, जितने मुसलमानों के।

ख़ुद कांग्रेस तो इन साम्प्रदायिक संगठनों से दूर रही, पर कांग्रेस-जनों पर उनका ज़हर चढ़ गया। सच्चे राष्ट्रवादी लोगों ने इस साम्प्रदायिक जुनून को रोकने का जतन किया, पर उन्हें सफलता नहीं मिली और बड़े-बड़े दंगे हो गये।

इस गड़बड़झाले को ज़्यादा बढ़ाने के लिए एक तीसरी तरह की फ़िरकेवाराना राष्ट्रीयता का, यानी सिक्ख राष्ट्रीयता का, उदय हुआ। अबतक हिन्दुओं व सिक्खों को अलहदा करनेवाली लकीर बहुत-कुछ धुंधली थी। पर राष्ट्रीय चेतना ने जीवटदार सिक्खों को भी हिला दिया और वे अपनी ज़्यादा साफ़ व अलग हैसियत बनाने की कोशिश करने लगे। इनमें ज़्यादा संख्या फ़ौजों से छूटे हुए सिपाहियों की थी, जिन्होंने इस छोटे पर खूब संगठित सम्प्रदाय को, जो कहनी की बनिस्बत करनी का ज़्यादा आदी था, कड़ा रुख दे दिया। ज़्यादातर सिक्ख पंजाब में मौरूसी किसान थे, और वे महसूस करने लगे थे कि शहरी साहूकार व शहरों के दूसरे स्वार्थ उन्हें खा जायंगे। अपना अलग फ़िरका मनवाने

की उनकी इच्छा के पीछे यही भावना काम कर रही थी। शुरू-शुरू में अकाली आन्दोलन मज़हबी मामलों में, या यों कहो कि गुरुद्वारों की जायदाद पर क़ब्ज़ा करने में, दिलचस्पी लेने लगा। इसे अकाली आन्दोलन इसलिए कहते थे कि अकाली लोग सिक्खों की एक चुस्त और सरगर्म जमात थे। इसलिए इस सवाल पर इनकी सरकार से मुठभेड़ हुई, और अमृतसर के पास गुरु का बाग़ में दिलेरी और धीरज का अद्‌भुत प्रदर्शन देखने में आया। पुलिस के हाथों अकाली जत्थों की बड़ी बेदर्दी से पिटाई हुई, पर वे न तो कदम-भर पीछे हटे और न उन्होंने पुलिस पर हाथ उठाया। अन्त में अकालियों की जीत हुई और गुरुद्वारों पर उनका क़ब्ज़ा हो गया। तब वे राजनीति के मैदान में उतर आये और अपने लिए हर दर्जे की मांगें करने में दूसरे साम्प्रदायिक फ़िरकों की होड़ करने लगे।

जुदा-जुदा जातियों की ये तंग साम्प्रदायिक भावनाएं, जिन्हें मैंने फ़िरकेवाराना राष्ट्रीयता कहा है, बड़ी दुखदायी थी। पर उनका होना एक तरह से कुदरती चीज़ थी। असहयोग ने भारत को पूरी तरह हिला डाला था, और ये फ़िरकेवाराना चेतनाएं और हिन्दू, मुस्लिम व सिक्ख राष्ट्रीयता, इस थरथराहट का पहला नतीजा थीं। इनके अलावा और भी बहुत-सी छोटी-छोटी जमातों ने अपनी हस्ती को पहचाना। 'दलित वर्ग' कहलानेवाली जातियां इनमें ख़ास हैं। दलित वर्ग के लोग, जिन्हें सवर्ण हिन्दूओं ने सदियों से दबा रक्खा था, ज़्यादातर खेती में काम करनेवाले बे-ज़मीन मज़दूर थे। इसलिए जब इनमें अपनी हस्ती की भावना पैदा हुई तो यह लाज़िमी था कि अपनी कितनी ही मज़बूरियों से छुटकारा पाने की उमंग उनके सिर पर सवार हो जाती और जिन हिन्दुओं ने उन्हें सदियों से सताया था, उनके ख़िलाफ़ वे सख़्त गुस्से से भर जाते।

हरेक चेतन फ़िरका राष्ट्रीयता और देशभक्ति को अपने-अपने स्वार्थों की रोशनी में देखने लगा। जिस तरह राष्ट्र स्वार्थी होते हैं, उसी तरह फ़िरके या जातियां भी स्वार्थी हुआ करती हैं; यह दूसरी बात है कि जातियों या राष्ट्रों के कुछ ख़ास लोग बे-स्वार्थ नज़रिया रखते हों। बस, हर फ़िरका अपने हिस्से से बहुत ज़्यादा चाहता था, और इसलिए इनके बीच झगड़े टल नहीं सकते थे। ज्यों-ज्यों साम्प्रदायिक बैर-भाव बढ़ने लगा त्यों-त्यों हर फ़िरके के तेज़-तर्रार साम्प्रदायिक नेता आगे आने लगे, क्योंकि क्रोध के आवेश में हर फ़िरका उसी व्यक्ति को अपना प्रतिनिधि समझता है, जो अपने फ़िरके की मांगें सबसे ऊंची रक्खे और दूसरों को सबसे ज़्यादा गालियां दे। सरकार ने भी इस आपसी झगड़े को कई तरीक़ों से भड़काया, ख़ासकर ज़्यादा तेज़-तर्रार साम्प्रदायिक नेताओं को बढ़ावा देकर। बस, ज़हर फैलता चला गया, और हम ऐसे शैतानी चक्कर में फंस गये, जिसमें से निकलने का कोई रास्ता दिखाई नहीं देता था।

जिन दिनों भारत में ये ताकतें और ये फूट डालनेवाली हालतें पैदा हो रही थीं, उन्हीं दिनों यरवदा-जेल में गांधीजी बहुत बीमार पड़ गये और उन्हें आपरेशन कराना पड़ा। १९२४ ई० के शुरू में वह जेल से छोड़ दिये गए। साम्प्रदायिक झगड़ों से उन्हें बहुत रंज हुआ, और बाद में एक बड़े दंगे ने उनके दिल को इतनी चोट पहुंचाई कि उन्होंने इक्कीस दिन का उपवास किया। आपसी सुलह कराने के लिए कई 'एकता'-सम्मेलन हुए, पर कोई नतीजा नहीं निकला।

इन साम्प्रदायिक तकरारों और फ़िरकेवाराना राष्ट्रीयता का नतीजा यह हुआ कि कांग्रेस और कौन्सिलों की स्वराज पार्टी, दोनों कमज़ोर पड़ गईं। स्वराज का ख़याल गड्ढे में जा पड़ा, क्योंकि ज्यादातर लोग अपने-अपने फ़िरकों के हितों के बाबत ही सोचने और बोलने लगे। किसी भी फ़िरके की तरफ़दारी से बचने की कोशिश में कांग्रेस पर चारों ओर से सम्प्रदायवादियों के हमले होने लगे। इन दिनों कांग्रेस ने चुपचाप संगठन और कुटीर-उद्योगों (खद्दर) वग़ैरा को अपना सबसे बड़ा काम बना लिया था, और इससे उसे किसानों के जन-समूह से सम्पर्क बनाये रखने में मदद मिली।

अपने देश के साम्प्रदायिक झगड़ों के बारे में मैंने ज़रा विस्तार के साथ इसलिए लिखा है कि १९२०-३० ई० के वर्षों में इन्होंने हमारे राजनैतिक जीवन पर बहुत बड़ा असर डाला। लेकिन इतने पर भी हमें इनको बहुत ज़्यादा महत्व नहीं देना चाहिए। इन्हें ज़रूरत से बहुत ज़्यादा महत्व देने की आदत पड़ गई है, और किसी हिन्दू लड़के और मुसलमान लड़के का हर आपसी झगड़ा एक साम्प्रदायिक झगड़ा समझा जाता है, और हर अदना दंगे को बड़ा भारी दर्शाया जाता है। हमें ध्यान रखना चाहिए कि भारत बहुत बड़ा देश है, और लाखों शहरों व गांवों में हिन्दू व मुसलमान आपस में बड़े मेल से रहते हैं, और उनमें कोई साम्प्रदायिक झगड़ा नही है। आम तौर पर इस तरह के झगड़े कुछ गिने-चुने शहरों में ही होते हैं, हालांकि कभी-कभी गांवों में भी झगड़ा फैल जाता है। यह भी ध्यान में रखना चाहिए कि साम्प्रदायिक सवाल भारत में जड़-मूल से एक मध्यम-वर्गी सवाल है, और चूंकि कांग्रेस में, कौन्सिलों में, अख़बारों में, और क़रीब-क़रीब सारी हलचलों में हमारी राजनीति पर मध्यम-वर्ग हावी हो रहा है, इसलिए इसे बहुत ज़्यादा महत्व दे दिया जाता है। किसान-वर्ग तो शोर मचाना जानता ही नहीं; ये लोग तो अभी हाल ही में गांवों की कांग्रेस-कमेटियों, किसान-सभाओं, वग़ैरा के ज़रिये राजनैतिक कामों में भाग लेने लगे हैं। शहरी मज़दूर, ख़ासकर बड़े-बड़े कारख़ानों के मज़दूर, ज़रा ज़्यादा चौकस हैं, और उन्होंने अपनी ट्रेड यूनियनें खड़ी कर ली हैं। पर कारख़ानों के ये मज़दूर तक भी, और इनसे भी ज़्यादा किसान-वर्ग, अपनी रहनुमाई के लिए मध्यम-वर्गों से निकले हुए व्यक्तियों का ही

मुंह ताकते हैं। अब हमें इस ज़माने के जन-समूह, किसान-वर्ग और कारख़ानों के मज़दूर-वर्ग की हालत पर ग़ौर करना चाहिए।

महायुद्ध की वजह से भारतीय उद्योगों में जो बढ़ोतरी हुई, वह सुलह के कुछ वर्षों बाद तक भी जारी रही। ब्रिटिश पूंजी भारत में धड़ाधड़ आती रही, और नये कारख़ाने व उद्योगों को चलाने के लिए बहुत सारी नई-नई कम्पनियां दर्ज हुईं। ज़्यादा बड़ी औद्योगिक कम्पनियां ख़ास तौर पर विदेशी पूंजी के सहारे की गई, और इस तरह बड़े पैमानेवाले उद्योगों की बाग-डोर दरअसल अंग्रेज़ पूंजीपतियों के हाथ में आ गई। कुछ वर्ष हुए यह अन्दाज लगाया गया था कि भारत में काम करने वाली कम्पनियों में से ८७ फी सदी कम्पनियों में अंग्रेज़ों की पूंजी लगी हुई थी, और शायद यह अन्दाज भी नीचा है। इस तरह भारत पर इंग्लैण्ड का असली आर्थिक पंजा और भी मजबूत हो गया। छोटे-छोटे कस्बों को नुक़सान पहुंचाकर बड़े-बड़े शहर पैदा हो गये, पर गांवों को कोई नुकसान नहीं हुआ। कपड़ा उद्योग ख़ास तौर पर बढ़ गया, और खनिज उद्योग भी इसी तरह बढ़ा।

बढ़ते हुए उद्योगीकरण की नई-नई समस्याओं पर ग़ौर करने के लिए सरकार ने बहुत कमेटियां और कमीशन मुकर्रर किये। इन्होंने सिफ़ारिश की कि विदेशी पूंजी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। साथ ही इन्होंने भारत में अंग्रेज़ों के औद्योगिक हितों का आम तौर पर पक्ष लिया। भारतीय उद्योगों को नुकसान से बचाने के लिए एक टैरिफ बोर्ड मुकर्रर किया गया। लेकिन, जैसा कि मैं बतला चुका हूं, बहुत-से मामलों में इस बचाने का अर्थ था भारत में ब्रिटिश पूंजी की रक्षा करना। मंडियों में इस रक्षा किये हुए माल की कीमतें बढ़ जाना लाज़िमी था, और इससे उसी हद तक रोज़ाना जरूरत की चीज़ें भी मंहगी हो गईं। नतीजा यह हुआ कि उद्योगों की रक्षा का बोझ जनता पर, या इस माल के खरीदारों पर, पड़ा और कारख़ानेदारों को ऐसी पनाहदार मंडी मिल गई, जिसमें होड़ या तो बिल्कुल नहीं रही थी, या कम हो गई थी।

कारख़ानों की बढ़ोतरी के साथ-साथ क़ुदरती तौर पर कारख़ानों में मज़दूरी कमानेवाले वर्ग की संख्याओं में भी बढ़ोतरी हुई। सन १९२२ ई० में ही सरकारी अन्दाज़ था कि भारत में इस वर्ग के लोगों की संख्या कम-से-कम दो करोड़ थी। देहाती इलाक़ों के बे-ज़मीन बेकार मज़दूर इस वर्ग में शामिल होने के लिए कारख़ानोंवाले नगरों में आने लगे, और यहां इन्हें आम तौर पर शोषण की शर्मनाक हालतों में रहने को मज़बूर होना पड़ा। जो हालतें इंग्लैण्ड में सौ वर्ष पहले कारख़ाना प्रणाली के शुरू में थीं, वे ही अब भारत में पैदा हो गईं—जैसे कारख़ानों में काम के कमर-तोड़ घंटे, बहुत ही कम मजूरी, रहन-सहन की गिरी हुई और गंदी हालतें। कारख़ानेदार-वर्ग की तो एक ही मंशा थी : ख़ूब मुनाफ़े

बटोरकर तेज़ी के जमान से पूरा फ़ायदा उठाना। और कुछ वर्षों तक तो उन्होंने बड़ी सफलता के साथ यह धंधा किया, और हिस्सेदारों को भारी-भारी मुनाफ़े बांटे, पर उधर मज़दूरों की हालत बहुत बुरी ही बनी रही। अपने पैदा किये हुए इन ज़बर्दस्त मुनाफ़ों में मज़दूरों का कोई साझा नहीं था, पर आगे चलकर जब तेज़ी के ज़माने के बाद मन्दी आई और व्यापार गिरने लगा, तो मजदूरों से कहा गया कि कम मज़ूरियां लेकर दोनों की इस कम्बख़्ती में साझा बटावें।

ज्यों-ज्यों मज़दूरों के संगठन, यानी ट्रेड यूनियनें, ज़ोर पकड़ते गये, त्यों-त्यों साथ-ही-साथ, मजदूरों के रहन-सहन और काम की बेहतर हालतों के लिए, काम के घंटों में कमी के लिए और ऊंची मज़ूरियों के लिए, पुकार भी ज़ोर पकड़ती गई। कुछ तो इसके असर से, और कुछ मज़दूर-वर्ग के साथ अच्छा बर्ताव किये जाने की आम संसार-व्यापी मांग के असर से, सरकार ने कारख़ानों के मज़दूरों की हालत में सुधार करने के इरादे से कई क़ानून पास किये। मैं किसी पिछले पत्र में कारखाना कानून पास किये जाने का ज़िक्र कर चुका हूं। इसके मुताबिक बारह से पन्द्रह वर्ष की उम्र के बच्चों से दिन-भर में छह घंटे से ज़्यादा काम नही लिया जाना चाहिए। स्त्रियों और बच्चों के रात में काम करने पर भी रोक लगा दी गई थी। बालिग पुरुषों और स्त्रियों के लिए दिन-भर में काम के ज़्यादा-से-ज़्यादा ग्यारह घंटे और सप्ताह में साठ घंटे (काम का सप्ताह छह दिन का माना गया था) तय कर दिये गए। बाद में होनेवाले कुछ संशोधनों के साथ यह कारख़ाना क़ानून अभीतक लागू है।

खानों में काम करनेवाले कम्बख़्त मज़दूरों को, ख़ासकर ज़मीन के अन्दर कोयले की खानों में काम करनेवालों को, कुछ राहत देने के लिए १९२३ ई० में भारतीय खान-क़ानून पास किया गया। तेरह वर्ष से कम के बच्चों के लिए ज़मीन के अन्दर काम करने पर पाबन्दी लगा दी गई और स्त्रियां ज़मीन के अन्दर काम करती रहीं, और देखा जाय तो इनकी संख्या मजदूरों की कुल संख्या से आधी के क़रीब थी। बालिग़ों के लिए छह दिन के हफ़्ते में काम के ज़्यादा से-ज़्यादा घंटे इस तरह तय किये गए : ज़मीन पर काम करने के साठ और जमीन के भीतर काम करने के चौवन। एक दिन में मेरे ख़याल से, ज़्यादा-से-ज़्यादा बारह घंटे होते हैं। काम के घंटों के ये आंकड़े मैं इसलिए बता रहा हूं कि तुम्हें मज़दूरों की हालतों का कुछ अन्दाज़ा हो जाय। पर इनकी मदद से भी तुम्हें थोड़ा सा ही अन्दाज़ा हो सकता है, क्योंकि पूरी जानकारी के लिए इनके अलावा और भी बहुत-सी चीज़ों का जानना ज़रूरी है, जैसे मज़ूरियों की दर, रहन-सहन की हालतें, वग़ैरा। यहां हम इन बातों के ब्यौरे में नहीं जा सकते। लेकिन यह महसूस करना भी कम बात नहीं है कि किस तरह लड़कों व लड़कियों और पुरुषों व स्त्रियों को कारखानों में

सिर्फ़ पेट भरने लायक टुच्ची मजूरी पर ग्यारह-ग्यारह घंटे रोज़ काम करना पड़ता है। कारख़ानों में जैसा हरदम एक-सा काम वे करते है, वह ज़बर्दस्त उदासी पैदा करनेवाला होता है; उसमें कोई मज़ा नहीं होता। और जब वे बिल्कुल थके-मांदे घर पहुंचते है, तो आम तौर पर एक पूरे कुनबे को मिट्टी की छोटी-सी झोंपड़ी में भर जाना पड़ता है, जिसमें टट्टी-पेशाब की कोई सहूलियतें नहीं होती।

कुछ और क़ानून भी पास किये गए, जिनसे मज़दूरों को मदद मिली। १९२३ ई० में कामगरों का मुआवज़ा क़ानून बना, जिसके मातहत दुर्घटनाओं वग़ैरा में घायल हुए मजदूर को कुछ मुआवज़ा दिया जाना ज़रूरी था। और १९२६ ई० में ट्रेड यूनियन क़ानून बनाया गया, जो ट्रेड यूनियनों के गठन और बाक़ायदा माने जाने से, ताल्लुक रखता था। इन दिनों में भारत में ट्रेड यूनियन आन्दोलन ज़रा तेज़ी के साथ बढ़ा, ख़ासकर बम्बई में। एक अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस बनी, पर कुछ वर्षो बाद यह दो दलों में बंट गई। महायुद्ध व रूसी क्रान्ति के ज़माने से ही दुनिया-भर में मज़दूर-वर्ग दो अलग-अलग दिशाओं में खींचा जा रहा है। एक तरफ़ तो द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ (जिसका ज़िक्र मै कर चुका हूं) से जुड़े हुए पुराने कट्टर पंथी और नरमदली मज़दूर-संघ है; दूसरी तरफ़ सोवियत रूस व तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ का ज़बर्दस्त नया खिचाव है। इसलिए हर जगह कारख़ानों के नरम विचारवाले और आम तौर पर ख़ुशहाल मज़दूर कोई ख़तरा नहीं उठाना चाहते और द्वितीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ की ओर झुक रहे है; और ज़्यादा क्रान्तिकारी मज़दूर तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय संघ की ओर। यह खींचतान भारत में भी हुई और १९२९ के अन्त में यहां भी दो दल हो गये। तभी से भारत में मज़दूर-आन्दोलन कमज़ोर पड़ गया है।

किसान-वर्ग के बारे में मै उससे ज़्यादा यहां कुछ नहीं लिख सकता जितना अपने पिछले पत्रों में लिख चुका हूं। इनकी हालत और भी बिगड़ती जा रही है और वे साहूकार के कर्ज़ों में दिन-पर-दिन बड़ी बुरी तरह फंसते जा रहे है। छोटे-छोटे ज़मीदार, मौरूसी काश्तकार और साधारण काश्तकार, सबके-सब क़र्ज़ देनेवाले बनिये या साहूकार के पंजों में फंस जाते हैं। चूंकि काश्तकार क़र्ज़ नहीं चुका सकता है, इसलिए धरती धीरे-धीरे इस साहूकार के क़ब्ज़े में चली जाती है। और चूकि यह साहूकार ज़मींदार भी होता है और साहूकार भी, इसलिए काश्तकार उसका दोहरा ग़ुलाम बन जाता है। आम तौर पर यह बनिया ज़मींदार शहर में रहता है, और उसके व काश्तकार-वर्ग के बीच कोई गहरा आपसी सम्पर्क नहीं रहता। इसकी लगातार कोशिश इसी दिशा में रहती है कि भूखों-मरते किसान-वर्ग से जितना मुमकिन हो सके उतना ज़्यादा रुपया वसूल किया जाय। पुराना ज़मींदार, जो अपने काश्तकार-वर्ग के बीच में ही रहता था, कभी-कभी उनपर

दया भी दिखा सकता था; पर शहर में रहनेवाला साहूकार-ज़मींदार वसूली के लिए अपन कारिन्दे भेज देता है, और ऐसी कमज़ोरी कभी नहीं दिखाता।

सरकारी कमेटियों ने खेतिहर वर्गों के कर्ज़ों के बारे में कितने ही सरकारी तख़मीने बनाये हैं। १९३० ई० में यह अन्दाज़ लगाया गया था कि सारे भारत में (बर्मा को छोड़कर) इन वर्गों के कुल कर्जों की भारी रकम ८,०३,००,००,००० रुपये है! इसमें ज़मींदारों और खेती करनेवालों, दोनों के क़र्ज़े शामिल हैं। मंदी के वर्षों में और बाद में यह रकम बहुत ज़्यादा बढ़ गई।

इस तरह खेतिहर-वर्ग, छोटे-छोटे ज़मींदार और काश्तकार दोनों, दिन-पर-दिन गहरी दलदल में धंसते जा रहे हैं और इनके बाहर निकलने का सिवा इसके कोई रास्ता नहीं है कि मौजूदा भूमि प्रणाली की पूरी तरह से जड़ ही काट दी जाय। टैक्स लगाने की मौजूदा व्यवस्था ऐसी है कि उसका सबसे ज़्यादा बोझ उस वर्ग पर पड़ता है, जो सबसे ज़्यादा ग़रीब है और जो उसे बर्दाश्त करने की सब-से कम हैसियत रखता है। ख़र्च की बड़ी-बड़ी मदें सेना, प्रशासन सेवाएं और इंग्लैण्ड की दूसरी वसूलियां हैं, जिनसे जनता को कोई लाभ नहीं पहुंचता। शिक्षा पर फी आदमी क़रीब आठ आने ख़र्च किये जाते है, जबकि इसके मुक़ाबले में इंग्लैण्ड का यह ख़र्च २ पौंड १५ शिलिंग (क़रीब ४० रु०) फी आदमी है। इस तरह इंग्लैण्ड में शिक्षा पर भारत से ७३॥ गुना ज़्यादा ख़र्च होता है।

पिछले वर्षों में भारत की आबादी की फी आदमी राष्ट्रीय आमदनी का तख़मीना लगाने के यत्न कई बार किये गए हैं। यह मुश्किल मामला है, और तख़मीनों में बड़ा फ़र्क़ है। १८७० ई० में दादाभाई नौरोजी ने हिसाब लगाया था कि यह २० रु० फी आदमी ह। हाल के तख़मीन ६७ रु० तक जा पहुंचे है, और कुछ अंग्रेज़ों के लगाये हुए सबसे अच्छे तख़मीने भी ११६ रु० से ऊंचे नहीं जाते। संयुक्त राज्य अमेरिका में इसके मुक़ाबले का आंकड़ा १९२५ रु० है, और तबसे यह बहुत ज़्यादा बढ़ चुका है। इंग्लैण्ड में फी आदमी आमदमी १,००० रु० है।[1]

: १६२ :

भारत में हिंसा के बिना बग़ावत

१७ मई, १९३३

भारत व उसके गुजरे ज़माने के बारे में मैंने तुमको जितने ज़्यादा पत्र लिखे ह, उतने किसी और देश के बारे में नहीं लिखे। लेकिन गुज़रा ज़माना अब मौजूदा जमाने में विलीन होता जा रहा है, और मुझे आशा है कि यह जो पत्र मैं शुरू कर

[1] ये आंकड़े प्रति व्यक्ति की सालाना औसत आमदनी के हैं।

रहा हूं, वह मेरी कहानी को आज के भारत तक ले आयेगा। मैं हाल की कुछ घटनाओं का ज़िक्र करूंगा, जो हमारे दिमाग़ों में ताज़ा बनी हुई हैं। उनके बारे में लिखने का वक़्त अभी नहीं आया है, क्योंकि कहानी अभी अधूरी है। मगर सारा इतिहास वर्तमान में आकर एकदम ही रुक जाता है, और कहानी के बाक़ी अध्याय भविष्य के गर्भ में छिपे पड़े रहते हैं। सच पूछो तो कहानी का कोई अन्त ही नहीं है; वह तो बराबर आगे चलती रहती है।

१९२७ ई० के आख़िरी दिनों में ब्रिटिश सरकार ने ऐलान किया कि सरकारी ढांचे में आयन्दा सुधारों व परिवर्तनों के बारे में जांच करने के लिए एक कमीशन भारत भेजा जायगा। भारत के सारे राजनैतिक दलों ने इस घोषणा पर क्रोध ज़ाहिर किया और इसे बुरा बताया। कांग्रेस ने इसपर इसलिए ऐतराज किया कि वह तो इस ख़याल को ही सख़्त नापसन्द करती थी कि स्वराज की क़ाबलियत के लिए भारत का समय-समय पर इम्तहान लिया जाया करे। इस देश पर जबतक हो सके क़ब्ज़ा बनाये रखने की अपनी इच्छा पर पर्दा डालने के लिए अंग्रेज लोग इसी फ़िक़रे का इस्तेमाल करते थे। कांग्रेस ने बहुत बरसों से अपने देश के लिए आत्म-निर्णय के उसी हक़ का दावा किया था, जिसका महायुद्ध के दौरान में मित्र-राष्ट्रों ने इतना ढिंढोरा पीटा था। और, उसने भारत पर हुक्म चलाने या उसकी क़िस्मत का आख़िरी फैसला करने के ब्रिटिश पार्लमेण्ट के अधिकार को क़बूल करने से इन्कार कर दिया। इसी बिना पर कांग्रेस ने इस नये पार्लमेण्टी कमीशन पर ऐतराज़ किया। भारत के नरम दलों ने इस कमीशन पर दूसरे सबबों से ऐतराज़ किया, जिनमें ख़ास यह था कि किसी भारतीय को इसका सदस्य नहीं बनाया गया था। यह ख़ालिस अंग्रेज़ी कमीशन था। हालांकि ऐतराज़ के सबब अलग-अलग थे, पर यह सच बात है कि नरम-से-नरम विचार के लोगों समेत भारत की क़रीब-क़रीब हर जमात ने एक-स्वर से इसकी निन्दा की और इसके बायकाट की सिफारिश की।

इसी समय के लगभग, दिसम्बर, १९२७ ई० में, मद्रास में कांग्रेस का सालाना अधिवेशन हुआ और उसने तय किया कि भारत के लिए राष्ट्रीय स्वाधीनता उसका लक्ष्य है। यह पहला ही मौक़ा था जब कांग्रेस ने स्वाधीनता की घोषणा की। दो वर्ष बाद, लाहौर में, स्वाधीनता साफ तौर पर कांग्रेस की नीति बन गई। मद्रास कांग्रेस ने 'सर्वदल-सम्मेलन' भी बनाया, जो थोड़े दिन ज़ोर-शोर से काम करके ख़तम हो गया।

अगले वर्ष, १९२८ ई० में, ब्रिटिश कमीशन ने भारत में क़दम रक्खा और जैसा कि मैं लिख चुका हूं, आम तौर पर इसका बायकाट किया गया। जहां-जहां यह गया वहां-वहां इसके ख़िलाफ़ बड़े-बड़े प्रदर्शन किये गए। इसके सभापति

के नाम पर इसे साइमन कमीशन कहते थे, और 'साइमन लौट जाओ'[१] का नारा भारत-भर में गूंज उठा। कई मौकों पर पुलिस ने प्रदर्शन करनेवालों पर लाठियां चलाईं; लाहौर में पुलिस ने लाला लाजपतराय तक को पीटा। कुछ महीनों बाद लालाजी की मौत हो गई, और डाक्टरों की राय थी कि हो सकता है पुलिस की मार से लालाजी की मौत जल्दी हो गई हो। इनसब बातों से देश में क़ुदरती तौर पर बड़ी उत्तेजना और बड़ा क्रोध पैदा हो गया।

इस अर्से में सर्वदल-सम्मेलन संविधान का मसौदा बनाने का और साम्प्रदायिक उलझन का हल ढूढ निकालने की कोशिश कर रहा था। इसने एक रिपोर्ट तैयार की, जिसमें संविधान के बारे में और साम्प्रदायिक समस्या के बारे में सुझाव थे। यह रिपोर्ट नेहरू-रिपोर्ट कहलाती है, क्योंकि जिस कमेटी ने इसका मसौदा बनाया था, उसके सभापति पंडित मोतीलाल नेहरू थे।

सरकार द्वारा मालगुज़ारी की दर में बढ़ोतरी के ख़िलाफ़ गुजरात के बारडोली गांव के किसानों का बड़ा मोर्चा इस वर्ष की एक और मार्के की घटना थी। उत्तर प्रदेश की तरह गुजरात में बड़ी-बड़ी ज़मीदारियों की प्रथा नहीं है। वहां सिर्फ़ मालगुज़ार किसान हैं। इन किसानों ने सरदार वल्लभभाई पटेल की रहनुमाई में अनोखी दिलेरी की लड़ाई चलाई और महान विजय हासिल की।

दिसम्बर, १९२८ ई०, की कलकत्ता-कांग्रेस ने नेहरू-रिपोर्ट मंज़ूर कर ली, जिसमें ब्रिटिश उपनिवेशों के संविधान से मिलते-जुलते संविधान की सिफ़ारिश की गई थी। कांग्रेस ने इसे मंज़ूर तो कर लिया, पर यह मंज़ूरी थोड़े दिन के लिए थी, और इसके लिए उसने एक वर्ष की मीयाद मुकर्रर कर दी। अगर एक वर्ष के भीतर ब्रिटिश सरकार से इसके आधार पर कोई समझौता न हो, तो कांग्रेस फिर स्वाधीनता की मांग पर चली जायगी। इस तरह कांग्रेस व देश न टलनेवाले संकट की तरफ़ दौड़ रहे थे।

मजदूर-वर्ग भी बड़ा उतावला हो रहा था, और कुछ औद्योगिक केन्द्रों में जब मजूरियां घटाने की कोशिश की गई तो वहां वह सरगर्म बनने लगा। बम्बई में इनका संगठन ख़ास तौर पर बहुत अच्छा था, और यहां बड़ी-बड़ी हड़तालें हुई, जिनमें एक लाख से भी ज़्यादा मज़दूरों ने भाग लिया। मज़दूरों में समाजवादी, और कुछ हद तक साम्यवादी विचार फैलने लगे और इस क्रान्तिकारी उभाड़ से और मज़दूर-वर्ग की बढ़ती हुई ताक़त से भयभीत होकर सरकार ने १९२९ ई० के शुरू में एकाएक बत्तीस मज़दूर नेताओं को गिरफ़्तार कर लिया, और उनके ख़िलाफ़ षड्यंत्र का बड़ा मुक़दमा चला दिया। यह मुक़दमा दुनिया-भर में 'मेरठ केस' के नाम से मशहूर हो गया। लगभग चार वर्ष की अदालती सुनवाई के बाद

[१] 'Simon go Back'

तमाम मुजरिमों को क़ैद की ज़बर्दस्त सज़ाएं दे दी गई। और मज़े की बात यह थी कि उनमें से किसीपर भी बग़ावत की अमली कार्रवाई और शान्ति-भंग करने तक का जुर्म नहीं लगाया गया था। मालूम होता है कि उनका कसूर यह था कि वे एक ख़ास तरह का मत रखते थे और उसका प्रचार करते थे। अपील करने पर ये सज़ाएं बहुत कम कर दी गई।

एक और क़िस्म की हलचल, जो अन्दर-ही-अन्दर सुलग रही थी और कभी-कभी ऊपरी सतह पर भी प्रकट हो जाती थी, यह थी कि कुछ लोग क्रान्ति लाने के लिए हिंसा के उपायों में विश्वास करते थे। ये हलचलें सबसे ज़्यादा बंगाल में, कुछ हद तक पंजाब में, और थोड़ी-बहुत उत्तर प्रदेश में थीं। ब्रिटिश सरकार ने इसे दबाने के बहुत उपाय किये और षड्यन्त्रों के कितने ही मुक़दमे चलाये गए। सरकार ने 'बंगाल आर्डिनेन्स' नामक एक विशेष क़ानून जारी किया ताकि जिस किसीपर वह सन्देह करने का इरादा करले, उसे गिरफ्तार करने और बिना मुकदमा चलाये जेल में रखने का अधिकार उसे मिल जाय। इस आर्डिनेन्स के मातहत कितने ही सौ बंगाली नौजवान गिरफ़्तार करके जेलों में डाल दिये गए। ये 'नजरबन्द' कहलाते थे और उनकी क़द की कोई मीयाद नहीं होती थी। ध्यान देने की दिलचस्प बात यह ह कि जब यह निराला आर्डिनेन्स जारी किया गया था, तब इंग्लैण्ड में मज़दूर सरकार सत्ता में थी, और इस आर्डिनेन्स की ज़िम्मेदारी उसीके ऊपर आती थी।

इन क्रान्तिकारियों ने आतंक फैलाने की बहुत-सी कार्रवाइयां कीं, जिनमें से ज़्यादातर बंगाल में हुईं। इनमें से तीन घटनाओं ने लोगों का ध्यान ख़ास तौर पर खींचा। पहली तो लाहौर में एक अंग्रेज़ पुलिस अफ़सर पर गोली चलाने की थी, जिसके बारे में ख़याल किया जाता था कि उसने साइमन-कमीशन के ख़िलाफ़ प्रदर्शन में लाला लाजपतराय को मारा था। दूसरी भगतसिंह और बटुकेश्वर दत्त के हाथों दिल्ली के असेम्बली-भवन में बम फेंके जाने की थी। इस बम से कोई नुक़सान नही हुआ, और मालूम होता है कि यह सिर्फ़ ज़ोरदार भड़ाका करने और देश का ध्यान खींचने के इरादे से फेंका गया था। तीसरी घटना १९३० ई० में चटगांव में उस समय के लगभग हुई जब सविनय अवज्ञा आन्दोलन शुरू ही हुआ था। यह वहां के हथियारख़ाने पर बड़ा हिम्मतवर और बड़ी तैयारी के साथ मारा गया छापा था, और कुछ सफल भी रहा। इस आन्दोलन को कुचलन के लिए सरकार ने दिमाग़ में सूझनेवाली सारी तरकीबें काम में लीं। जासूस और मुख़बिर रक्खे गये, बहुत लोगों को गिरफ़्तार किया गया और षड्यन्त्र के मुक़दमे चलाये गए, लोगों को नजरबन्द किया गया (कभी-कभी अदालतों से बरी किये गए लोगों को फ़ौरन ही फिर गिरफ़्तार करके आर्डिनेन्स के मातहत

नज़रबन्द बनाकर रक्खा जाता था), और पूर्व बंगाल के कुछ भागों पर फ़ौजी शासन क़ायम कर दिया गया था, और लोग परमिटों के बिना बाहर घूम-फिर नहीं सकते थे, न वे साइकिलों की सवारी कर सकते थे और न मनचाही पोशाक बदल सकते थे। पुलिस को इत्तला न देने के जुर्म में पूरे-के-पूरे नगरों और गांवों पर भारी-भारी जुर्माने लगा दिये गए थे।

१९२९ ई० में लाहौर में एक षड्यन्त्र के मुक़दमे के एक क़ैदी जतीन्द्रनाथ दास ने जेल के बुरे बर्ताव के विरोध में भूख हड़ताल कर दी। यह नौजवान अन्त तक डटा रहा और इस भूख-हड़ताल से इकसठवें दिन उसकी मौत हो गई। जतीनदास के आत्म-बलिदान ने भारत में गहरा असर डाला। एक और घटना, जिसने देश को सदमा व दर्द पहुंचाया, १९३१ ई० के शुरू में भगतसिंह की फांसी थी।

अब मैं फिर कांग्रेस की राजनीति पर आता हूं। कलकत्ता-कांग्रेस ने जो एक साल की मोहलत दी थी, वह पूरी हो रही थी। १९२९ ई० के आख़िरी दिनों में सरकार ने उन गंभीर घटनाओं को रोकने के लिए ज़ोर लगाया, जिनका अन्देशा नज़र आ रहा था। उसने आयन्दा कुछ आगे क़दम बढ़ाने के बारे में एक गोलमोल घोषणा की। उस वक़्त भी कांग्रेस ने कुछ शर्तों के साथ सहयोग के लिए हाथ बढ़ाया। पर जब ये शर्तें पूरी नहीं हुई तो दिसम्बर, १९२९ ई०, की लाहौर-कांग्रेस ने लाचार होकर स्वाधीनता के पक्ष में और उसे हासिल करने के लिए लड़ने का फ़ैसला किया।

इस तरह १९३० ई० का वर्ष होनेवाली घटनाओं की घटा से घिरे हुए आसमान में शुरू हुआ। सविनय अवज्ञा की तैयारियां हो रही थीं। विधान-सभा व कौन्सिलों का फिर बायकाट कर दिया गया था और उनके कांग्रेसी सदस्यों ने इस्तीफ़े दे दिये थे। जनवरी की २६ तारीख़ को शहरों व गांवों की अनगिनती सभाओं में सारे देश में स्वाधीनता की विशेष प्रतिज्ञा ली गई। इस दिन की वर्ष-गांठ हर साल 'स्वाधीनता-दिवस' के नाम से मनाई जाती है। मार्च में, नमक-क़ानून तोड़ने के लिए समुद्र-तट पर गांधीजी की मशहूर दांडी-यात्रा हुई। अपना धावा शुरू करने के लिए उन्होंने नमक-कर को इसलिए चुना था कि यह कर ग़रीब लोगों पर बड़ा बोझ था, और इसलिए ख़ास तौर पर बुरा था।

अप्रैल, १९३० ई०, के बीच तक सविनय अवज्ञा का आंदोलन पूरे ज़ोर पर पहुंच गया था। हर जगह सिर्फ़ नमक-क़ानून ही नहीं तोड़ा गया, बल्कि दूसरे क़ानून भी तोड़े गये। देश-भर में शान्ति के साथ बग़ावत फैल गई और उसे कुचलने के लिए नये-नये क़ानून और आर्डिनेन्स एक के बाद एक तेज़ी के साथ निकलने लगे। पर ये आर्डिनेन्स ही सविनय अवज्ञा के सबब बन गये। सामूहिक गिरफ़्तारियां

हुई, और लाठियों की हैवानी मार, शान्त भीड़ो पर गोलियां चलना, कांग्रेस-कमेटियों का ग़ैर-क़ानूनी क़रार दिया जाना, अख़बारो का मुह बन्द किया जाना, सेन्सर का बिठाया जाना, मार-पीट और जेलों में सख़्ती का बर्ताव—ये सब रोज़मर्रा की घटनाएं हो गई। एक तरफ़ तो आर्डिनेन्सों का राज था, दूसरी तरफ़ इन्हें पक्के इरादे से और क़रीने से तोड़ा जाता था। साथ-साथ विदेशी माल और अंग्रेज़ी कपड़े का बायकाट भी चल रहा था। लगभग एक लाख व्यक्ति जेलों में गये, और कुछ दिनों तक भारत की इस शान्त मगर मज़बूत इरादे की लड़ाई पर दुनिया-भर का ध्यान लगा रहा।

तीन हक़ीक़तें मै तुम्हारी निगाह में लाना चाहता हूं। पहली तो थी उत्तर-पश्चिम सीमाप्रान्त में मार्के की राजनैतिक चेतना। लड़ाई शुरू होते ही, यानी १९३० ई० के अप्रैल में, पेशावर में शान्त भीड़ों पर गोलियों की जबर्दस्त बौछार की गई, और पूरे साल-भर तक सीमाप्रान्त के हमारे देशवासियों ने बे-अन्दाज़ ज़ालिमाना बर्ताव को शानदार धीरज के साथ बर्दाश्त किया। यह चीज़ दुगनी मार्के की थी, क्योंकि सरहदी लोग शान्ति-पसन्द बिल्कुल नहीं होते, और ज़रा-सी उत्तेजना पर भड़क उठते हैं। पर इतने पर भी वे शान्त बने रहे। राजनैतिक मैदान में नया क़दम रखनेवाली पठानों जैसी क़ौम के लिए फ़ौरन ही आगे आ जाना और ऐसा बहादुरी का काम कर दिखाना अचम्भे की और बड़ी तारीफ़ के क़ाबिल बात थी।

दूसरी ध्यान देने लायक़ हक़ीक़त, जो यक़ीनन इस महान वर्ष की सबसे ज़्यादा मार्के की घटना थी, भारतीय नारियों में पैदा होनेवाली अद्भुत चेतना थी। जिस ढंग से लाखों स्त्रियों ने घूंघट हटा दिये और वे घरों की चहारदीवारी को छोड़कर लड़ाई में अपने भाइयों के साथ कंधे से कंधा भिड़ाकर लड़ने के लिए गलियों और बाज़ारों में निकल पड़ीं, यह ऐसी चीज़ थी कि जिन लोगों ने इसे नही देखा वे इसपर विश्वास नहीं कर सकते थे।

तीसरी ध्यान देने लायक़ हक़ीक़त यह थी कि ज्यों-ज्यों आन्दोलन ज़ोर पकड़ता गया त्यों-त्यों, जहांतक किसान-वर्ग से ताल्लुक़ था, आर्थिक हेतु अपना असर दिखाने लगा। १९३० ई० का साल महान संसारव्यापी संकट का पहला साल था, और खेती की उपज की क़ीमतें बहुत गिर गई थी। किसान-वर्ग को इससे बहुत नुक़सान हुआ, क्योंकि उनकी आमदनी उनकी उपज की बिक्री पर निर्भर होती है। इसलिए टैक्सबन्दी के आन्दोलन ने उनकी मुसीबत से मेल खाया, और स्वराज उनके लिए सिर्फ़ दूर की राजनैतिक मंज़िल नहीं रहा, बल्कि मौजूदा आर्थिक सवाल बन गया, और यह चीज़ ज़्यादा महत्व की थी। बस, उनके लिए इस आन्दोलन का एक नया और ज़्यादा गहरा अर्थ हो गया और

ज़मींदारों व काश्तकारों के बीच वर्ग-संघर्ष का बीज पैदा हो गया। संयुक्त प्रान्त और पश्चिमी भारत में यह बात ख़ास तौर पर हुई।

जब भारत में सविनय अवज्ञा आन्दोलन ज़ोरों के साथ चल रहा था, तब समुद्र-पार लन्दन में ब्रिटिश सरकार ने बड़ी धूम-धाम और कैफ़ियत के साथ एक गोलमेज़-कान्फ्रेन्स बुलाई। कांग्रेस को इससे कोई वास्ता नहीं था। जो भारतीय उसमें शामिल होन को गये, वे सब सरकार के नामज़द किये हुए थे। कठ-पुतलियों की तरह या बेजान छायामूर्त्तियों की तरह वे लन्दन के उस रंगमंच पर फुदकते फिरते थे, और मन में अच्छी तरह जानते थे कि असली लड़ाई तो भारत में हो रही है। भारतवासियों की कमज़ोरियां दुनिया को जताने के लिए सरकार ने चर्चाओं में साम्प्रदायिक समस्या को सबसे आगे खड़ा कर दिया था। उसने यह होशियारी की थी कि कान्फ्रेन्स के लिए हद दर्जे के सम्प्रदायवादियों और प्रगति-विरोधियों को नामज़द किया था, जिससे समझौते का कोई मौका ही नहीं था।

मार्च, १९३१ ई०, में कांग्रेस और सरकार के बीच कुछ दिन के लिए सुलह या अस्थायी समझौता हुआ ताकि दोनों मिलकर आगे बातचीत कर सकें। यह 'गांधी-इर्विन समझौता' कहलाया। सविनय अवज्ञा आन्दोलन कुछ दिन के लिए रोक दिया गया, और हजारों सत्याग्रही क़ैदी छोड़ दिये गए, और आर्डिनेन्स उठा लिये गए।

१९३१ ई० में कांग्रेस की तरफ़ से गांधीजी गोलमेज़-कान्फ्रेन्स में भाग लेने के लिए लन्दन गये। इधर भारत में तीन समस्याएं उठ खड़ी हुईं, और कांग्रेस व सरकार दोनों का ध्यान उनपर अटक गया। पहली समस्या बंगाल की थी, जहां आतंकवादी कार्रवाइयों को रोकने के बहाने सरकार ने राजनैतिक कार्यकर्त्ताओं के ख़िलाफ़ सख्त धावा बोल दिया था। पहले भी ज़्यादा सख्त एक नया आर्डिनेन्स जारी किया गया था, और दिल्ली समझौते के बावजूद बंगाल ने नही जाना कि शान्ति क्या होती है।

दूसरी समस्या सीमाप्रान्त में थी, जहां राजनैतिक चेतना लोगों को अभी तक कार्रवाई करने के लिए मजबूर कर रही थी। ख़ान अब्दुल ग़फ़्फ़ार खां की रहनुमाई में एक विशाल, अनुशासनदार, पर शान्ति-पसन्द संगठन ज़ोर पकड़ रहा था। ये 'ख़ुदाई ख़िदमतगार' कहलाते थे, और इन्हें 'लाल-कुर्ती दल' भी कहते थे, क्योंकि ये लोग लाल रंग की वर्दी पहनते थे (समाजवादियों या साम्यवादियों से उनका कोई वास्ता नहीं था)। सरकार इस आन्दोलन से बहुत चिढ़ती थी। वह इससे डरती भी थी, क्योंकि वह अच्छे पठान लड़ाकू के जौहर को जानती थी।

तीसरी समस्या संयुक्त प्रान्त में पैदा हुई। संसार-व्यापी मन्दी और क़ीमतों के गिरने से ग़रीब किसान पर बड़ी भारी मुसीबत आ गई थी। वह लगान अदा नहीं कर सकता था। उसे कुछ छूटें दी गईं, पर ये काफ़ी नही समझी गईं। कांग्रेस ने उसकी ओर से बीच-बचाव करने की कोशिश की, पर कोई नतीजा नहीं निकला। जब १९३१ ई० के नवम्बर में लगान वसूली का मौक़ा आया तो मामला तूल पकड़ गया। कांग्रेस ने इलाहाबाद ज़िले से शुरूआत की और काश्तकारों व ज़मींदारों दोनों को सलाह दी कि जबतक छूटों के सवाल का फ़ैसला न हो जाय तबतक वे लगान और मालगुज़ारी अदा न करें। बस, सरकार ने इसकी पेशबन्दी करने के लिए संयुक्त प्रान्त के लिए एक आर्डिनेन्स जारी कर दिया। यह आर्डिनेन्स बड़ा सख़्त और बड़े पैमाने पर था, जिसमें ज़िला अफ़सरों को हर तरह की हलचल को कुचलने के और व्यक्तियों की गति-विधियों तक पर रोक लगाने के पूरे अधिकार दे दिये गए थे।

इस आर्डिनेन्स के फ़ौरन बाद ही सीमाप्रान्त के लिए दो अनोखे आर्डिनेन्स निकले, और वहां व संयुक्त प्रान्त में नामी कांग्रेस-जनों को गिरफ़्तार कर लिया गया।

बस, जब साल के आख़िरी हफ़्ते में गांधीजी लन्दन से ख़ाली हाथ लौटे, तो उनके सामने यह स्थिति खड़ी थी। तीन प्रान्तों में आर्डिनेन्सों का राज था, और उनके कई साथी जेलों में बन्द हो चुके थे। एक ही सप्ताह के भीतर कांग्रेस ने दुबारा सविनय अवज्ञा आन्दोलन की घोषणा कर दी, और उधर सरकार ने अपनी ओर से हज़ारों कांग्रेस-कमेटियों और कांग्रेस से मिले हुए ढेरों संगठनों को ग़ैर-कानूनी क़रार दिया।

यह लड़ाई १९३० की लड़ाई से बहुत ज़्यादा कड़ी थी। पिछले तजरबों से फ़ायदा उठाकर सरकार ने इसके लिए अपने-आपको बड़ी सावधानी से तैयार कर लिया था। रवादारी का पर्दा और क़ानून के रस्मी तरीके हटा दिये गए थे, और सारी चीज़ों को घेरनेवाले आर्डिनेन्सों के मातहत असैनिक अफ़सरों के मातहत देश भर में एक तरह के फ़ौजी शासन का बोलबाला था। राज्य की असली हैवानी ताक़त का नंगा नाच हो रहा था। यह नतीजा लाज़िमी था, क्योंकि ज्यों-ज्यों राष्ट्रीय आन्दोलन ज़ोर पकड़ता जाता है त्यों-त्यों वह विदेशी हुकूमत की जड़-बुनियाद को ही ख़तरे में डालता जाता है, और हुकूमत की तरफ़ से रुकावटी मुक़ाबला भी उतना ही ख़ूंख़ार बनता जाता है। अमानतदारी और नेकनीयती की ढोंगी बातें ताक में रख दी जाती हैं और डंडा व संगीन विदेशी शासन को सहारा देनेवाली असली थूनियों के रूप में सामने आते हैं। क़ानून सिर्फ़ ऊपर बैठे हुए वायसराय की ही नहीं, बल्कि हर अदना सरकारी कर्मचारी की मर्ज़ी का काम

हो जाता है और वह अपनी मनमानी करने लगता है क्योंकि वह ख़ूब जानता है कि उसके ऊपर के अफ़सर उसे सहारा देंगे। ख़ुफ़िया विभाग और सी० आई० डी०, ज़ारशाही रूस के ज़माने की तरह हर जगह फैल जाते हैं और उनकी शक्ति बढ़ जाती है। किसीपर कोई रोक-थाम नहीं रहती, और ज्यों-ज्यों निरंकुश सत्ता का इस्तेमाल होता है त्यों-त्यों उसकी भूख भी बढ़ती जाती है। जो सरकार सबसे ज़्यादा अपने ख़ुफ़िया विभाग के बल पर हुकूमत करती है, और जो देश उसके मातहत तकलीफ़ें उठाता है, उन दोनों का चाल-चलन बहुत जल्दी गिर जाता है। क्योंकि हर ख़ुफ़िया विभाग साज़िश, जासूसी, मक्कारियों, आतंकवाद, लोगों को भड़काना, झूठे मामले बनाना, डरा-धमकाकर रुपया ऐंठना, वग़ैरा की फ़िज़ा में ख़ूब मज़े से फूलता-फलता है। पिछले तीन वर्षों में अदना सरकारी कर्मचारियों को और पुलिस को और सी० आई० डी को, जो बेहद अधिकार दे दिये गए, और जिस तरह इनका इस्तेमाल किया गया, उसकी वजह से इन विभागों के लोग दिन-पर-दिन ज्यादा हैवान बनते गये और नीचे गिरते गये। इनका मकसद था देश में आतंक फैलाना।

मैं ब्यौरे में नहीं जाना चाहता। इस मौक़े पर सरकार की नीति का एक मज़ेदार पहलू था संगठनों व व्यक्तियों, दोनों की जायदादों, मकानों, मोटरों, बैंकों में जमा रुपयों, वग़ैरा की चारों तरफ़ ज़ब्ती। इसका मतलब था कांग्रेस के मध्यम-वर्गी मददगारों पर चोट करना। एक आर्डिनेन्स का मामूली पर निराला पहलू यह था कि माता-पिताओं और अभिभावकों को उनके बच्चों या पालितों के क़सूरों के लिए सज़ा दी जा सकती थी!

इधर तो ये सबकुछ हो रहा था, और उधर ब्रिटिश सरकार के प्रचार के सारे साधन दुनिया के सामने भारत की लुभावनी तसवीर खींचने में लगे हुए थे। खुद भारत में तो कोई भी अख़बार, बुरा नतीजा भुगतने के डर से, सच्ची बातें छापने की हिम्मत नहीं करता था—यहांतक कि गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों के नाम छापना भी जुर्म था!

लेकिन भारत के तमाम सबसे ज़्यादा प्रगति-विरोधी तत्वों के साथ गठ-बन्धन करने का यत्न भारत में ब्रिटिश नीति का सबसे ज़्यादा भंडा फोड़ने वाला पहलू रहा है। आज भारत में ब्रिटिश साम्राज्य प्रगति के बलों से लड़ने के यत्न में सामन्ती व परले सिरे के प्रगति-विरोधी बलों के सहारे खड़ा है। अंग्रेज़ों ने अपने सहारे के लिए 'निहित स्वार्थों' को एक झंडे के नीचे लाने का यत्न किया है, और उन्हें यह हौवा बताकर डराया है कि अगर भारत से ब्रिटिश सत्ता उठ जायगी तो समाजी क्रान्ति हो जायगी। सामन्ती राजा लोग उनके बचाव की पहली कतार हैं; इनके बाद ज़मीदार वर्गों की क़तार हैं। चालाक तिकड़में

करके और कट्टर सम्प्रदायवादियों को आगे धकेलकर, उन्होंने अल्पसंख्यकों की समस्या को भारत की आज़ादी के रास्ते में एक बाड़ बना दिया है। हाल ही में मन्दिर-प्रवेश के सवाल पर ब्रिटिश सरकार ने हिन्दुओं में परले सिरे के कट्टर-पन्थियों के साथ हर तरह की हमदर्दी और दिली उल्फ़त दिखाकर बड़ा अजीब नजारा पेश कर दिया था। ब्रिटिश सरकार हर जगह प्रगति-विरोधियों में, और तंग-नज़र कट्टरपथियों मे और गुमराह स्वार्थियों में अपना सहारा ढूढ़ती रहती है।

जनता की सामूहिक लड़ाई में एक बड़ा भारी फ़ायदा होता है। जनता को राजनीति का पाठ पढ़ाने का यह सबसे बढ़िया और सबसे जल्दी का तरीक़ा है, हालांकि है शायद सख़्त। क्योंकि जनता को "बड़ी घटनाओं के स्कूल में पाठ पढ़ना" जरूरी होता है। शान्ति-काल की साधारण राजनैतिक हलचलें, मसलन लोकतंत्री देशों के चुनाव, औसत आदमी को अक्सर भ्रम में डाल देते है। लच्छे-दार भाषणों की बाढ़-सी आ जाती है। हर उम्मीदवार तरह-तरह के सब्ज़ बाग दिखाता है, और बेचारा मतदाता, या खेत में या कारख़ाने में या दूकान पर काम करनेवाला मामूली आदमी, चक्कर में पड़ जाता ह। उसे एक दल और दूसरे दल के बीच अलहदगी की कोई साफ़ लकीरें नही दिखाई देती। पर जब जनता की लड़ाई होती है, या क्रान्ति होती है, तो असली हालत साफ़ सामने आ जाती है, मानो बिजली कौध उठी हो। संकट की ऐसी नाज़ुक घड़ियों में समुदाय या वर्ग या व्यक्ति अपन असली भावों को या स्वरूप को छिपा नहीं सकते। सचाई ज़ाहिर ही होकर रहती है। क्रान्ति का ज़माना सिर्फ़ चरित्र, साहस, धीरज और बे-स्वार्थीपन की ही कसौटी नहीं होता, बल्कि वह जुदा-जुदा वर्गो और गिरोहों की उन आपसी असली टकराहटों को भी ज़ाहिर कर देता है, जो तबतक लुभावने और गोलमोल फ़िक़रों से ढकी हुई थी।

भारत में सविनय अवज्ञा आन्दोलन राष्ट्रीय आन्दोलन रहा है; वह वर्ग-संघर्ष कभी नहीं हुआ। और वह तो साफ़ तौर पर मध्यम-वर्गी आन्दोलन रहा है, जिसे किसान-वर्ग, ने सहारा दिया है। इसलिए वह वर्गो को इस तरह अलग नहीं कर सका जैसा कि वर्ग आन्दोलन ने किया होता। पर फिर भी इस राष्ट्रीय आन्दोलन में भी कुछ हदतक जुदा-जुदा वर्गो की अलग-अलग क़तारें बन गई। इनमें से सामन्ती राजाओं, ताल्लुक़ेदारों, बड़े ज़मींदारों, वग़ैरा के कुछ वर्ग पूरी तरह सरकार की कतार में चले गये। उन्होंने अपने वर्ग-हित को राष्ट्रीय आज़ादी पर तरजीह दी।

कांग्रेस की रहनुमाई में राष्ट्रीय आन्दोलन की तरक़्क़ी की वजह से किसान जनता कांग्रेस के साथ हो गई, और बहुत-से बोझों से छुटकारा पाने के लिए

कांग्रेस की ओर देखने लगी। इससे कांग्रेस की शक्ति बहुत बढ़ गई, और साथ ही उसका नज़रिया भी जनता का हो गया। नेतागिरी तो मध्यम वर्ग के पास ही बनी रही, पर नीचे से दबाव के सबब से वह मुलायम पड़ गया और कांग्रेस दिन-पर-दिन किसानों की व समाजी समस्याओं पर ज़्यादा ध्यान देने लगी। समाजवाद की तरफ़ भी धीरे-धीरे उसका झुकाव बढ़ने लगा। कराची-कांग्रेस ने १९३१ ई० में बुनियादी अधिकारों और आर्थिक कार्यक्रम का जो महत्ववाला प्रस्ताव पास किया, उससे यह चीज़ साफ़ हो गई। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि विधान में कुछेक जाने-माने लोकतंत्री अधिकारों व स्वतन्त्रताओं की, और अल्पसंख्यकों के हक़ों की भी गारण्टी होनी चाहिए। इसमें यह भी कहा गया था कि मुख्य व बुनियादी उद्योगों और सेवाओं पर राज्य का नियन्त्रण रहना चाहिए। स्वाधीनता के लिए लड़ाई का अर्थ अब ऐसी चीज हो गया जो राजनैतिक आज़ादी से बहुत ज़्यादा थी, और अब इसमें समाजी बातें भी शामिल कर दी गई। जनता की ग़रीबी और शोषण का अन्त करने का सवाल असली सवाल बन गया और स्वाधीनता इस मंज़िल पर पहुंचने का ज़रिया बन गई।

जिस समय भारत में सविनय अवज्ञा आन्दोलन चल रहा था और हज़ारों राजनैतिक कार्यकर्ता जेलों में बन्द थे, तब ब्रिटिश सरकार ने भारत में संविधानी सुधारों के बारे में अपने प्रस्ताव पेश किये। इनमें प्रान्तीय स्व-शासन का एक बाड़दार रूप सुझाया गया था, और ऐसे संघ का सुझाव था, जिसमें सामन्ती राजा लोगों की ही तूती बोलती। इन प्रस्तावों में सरकार ने वे सब बन्दिशें रख दी थीं, जिनकी ईज़ाद आदमी की अक़्ल कर सकती है, ताकि अंग्रेज़ लोग न सिर्फ़ अपने स्वार्थ साधते रहें, बल्कि भारत पर उनका तिहरा—सैनिक, असैनिक और तिजारती—क़ब्ज़ा भी मज़बूत हो जाय। हर निहित स्वार्थ की पूरी तरह रक्षा की गई थी, और सबसे बड़ा स्वार्थ, यानी इंग्लैण्ड का स्वार्थ, तो बख़ूबी बचाया गया था। हां, मालूम होता था कि नज़र-अन्दाज़ किया गया है सिर्फ़ भारत के क़रीब पैंतीस करोड़ निवासियों के हितों को! इन प्रस्तावों पर भारत में विरोध का तूफ़ान उठ खड़ा हुआ।

बर्मा को मैंने अबतक बिल्कुल छोड़ रक्खा है, इसलिए अब उसके बारे में कुछ लिखूंगा। बर्मा के लोगों ने १९३० या १९३२ ई० के सविनय अवज्ञा आन्दोलनों में भाग नहीं लिया। मगर १९३० व १९३१ ई० में आर्थिक मुसीबतों की वजह से उत्तर बर्मा में किसानों का बड़ा भारी विद्रोह हुआ। ब्रिटिश सरकार ने इस विद्रोह को बड़े वहशियाना ज़ुल्म करके दबा दिया। अब राजनैतिक लिहाज़ से बर्मा को भारत से अलग करने के यत्न किये जा रहे हैं, ताकि अगर भारत आज़ादी हासिल कर ले तो भी ब्रिटिश साम्राज्यशाही बर्मा का शोषण

करती रहे। बर्मा के तेल और इमारती लकड़ी और खनिज साधनों के सबब से उसका महत्व बहुत ज़्यादा है।

टिप्पणी (अक्तूबर १९३८) :

जब साढ़े पांच वर्ष पहले जेल में यह पत्र लिखा गया था तबसे अबतक भारत में बहुत परिवर्तन हो चुके हैं। उस समय सविनय अवज्ञा-आन्दोलन चल तो रहा था, पर उसका रूप बहुत हलका हो गया था और बहुत से कांग्रेसजन जेलों में पड़े थे। अपनी हज़ारों कमेटियों और जुड़ी हुई संस्थाओं समेत कांग्रेस ग़ैर-क़ानूनी क़रार दी गई थी। १९३४ ई० में कांग्रेस ने सविनय अवज्ञा-आन्दोलन बन्द कर दिया और सरकार ने कांग्रेस पर लगाई गई रोक उठाली। कांग्रेस ने कौन्सिलों के बायकाट की अपनी पुरानी नीति बदल दी और केन्द्रीय विधान-सभा के चुनाव लड़कर उनमें काफ़ी कामयाबी हासिल की।

१९३५ ई० में, बड़ी लम्बी बहस के बाद, ब्रिटिश पार्लमेण्ट ने गवर्नमेंट ऑफ इंडिया एक्ट पास किया, जिसमें भारत के लिए नया संविधान तय किया गया था। इसके मातहत कई तरह की पाबन्दियों के साथ किसी हद तक प्रान्तीय स्व-शासन दिया गया था, और प्रान्तों व देशी रियासतों का एक संघ रक्खा गया था। भारत में इस क़ानून का चारों ओर से विरोध हुआ, और कांग्रेस न इसे ठुकरा दिया। गवर्नरों व वायसराय के हाथों में दी गई पाबन्दियां और 'विशेष शक्तियों' पर ख़ास तौर से ऐतराज़ किया गया, क्योंकि इनसे प्रान्तीय स्व-शासन का असली तत्व ही निकल जाता था। संघ का और भी ज़ोरों के साथ विरोध किया गया, क्योंकि इसमें देशी रियासतों का निरंकुश राज सदा के लिए कायम रहता था, और सामन्ती व निरंकुश सत्तावाली इकाइयों और आधे-लोकतंत्री प्रान्तों के बीच एक नाकारा गठ-जोड़ा बनता था। इसको भारत की राजनैतिक व समाजी प्रगति का गला घोंटने का, और सीधे तौर पर व सामन्ती राजा लोगों के ज़रिये, ब्रिटिश साम्राज्यशाही का पंजा मज़बूत करने का, नपा-तुला प्रयत्न समझा गया। एक साम्प्रदायिक तरकीब भी इस नये संविधान का अंग थी, और इससे बहुत-से जुदागाना निर्वाचक मंडल पैदा हो जाते थे। कुछ अल्पसंख्यकों ने इसका स्वागत किया, क्योंकि उनको कुछ हद तक इससे फ़ायदा पहुंचता था, लेकिन इस बिना पर सबने इसे बुरा बताया कि यह लोकतंत्री उसूलों के ख़िलाफ़ था और प्रगति को रोकनेवाला था।

इस क़ानून का प्रान्तीय स्व-शासन से ताल्लुक़ रखनेवाला हिस्सा १९३७ ई० के शुरू में लागू कर दिया गया, और इसके मुताबिक़ सारे भारत में आम चुनाव हुए। हालांकि कांग्रेस ने इस क़ानून को ठुकरा दिया था, पर उसने इन

चुनावों में शरीक होने का फ़ैसला किया और देश के एक सिरे से दूसरे सिरे तक चुनाव का ज़ोरदार और चौतरफ़ा हल्ला बोल दिया। सारे प्रांतों में से बहुत ज़्यादा प्रान्तों में कांग्रेस को ज़बर्दस्त सफलता मिली और ज़्यादातर नये प्रान्तीय विधान मंडलों में कांग्रेस-जनों के बहुमतवाले दल बन गये। अब इस सवाल पर गरमा-गरम बहस हुई कि प्रान्तीय हुकूमतों में इन्हें मंत्रियों की कुर्सियां लेनी चाहिए या नहीं। निदान कांग्रेस ने कुर्सियां लेने का फ़ैसला किया, पर यह ज़ाहिर कर दिया कि स्वाधीनता का पुराना मुद्दा और पुरानी नीति बरक़रार है और उसने इसी नीति को आगे बढ़ाने के इरादे से, और स्वाधीनता की लड़ाई के लिए देश को बलवान बनाने के इरादे से, कुर्सियों पर बैठना क़बूल किया है। उसने यह भी जतला दिया कि गवर्नरों को पाबन्दियां लगाने का अधिकार काम में नहीं लाना चाहिए।

इस फैसले के नतीजे से इन सात प्रान्तों में कांग्रेसी मंत्रिमंडल बने—बम्बई, मद्रास, संयुक्त प्रान्त, बिहार, मध्य प्रान्त, उड़ीसा, और उत्तर-पश्चिमी सीमाप्रान्त। आसाम में कुछ दिन बाद कांग्रेस ने मिला-जुला मंत्रिमंडल बनाया। जिन दो प्रान्तों में ग़ैर-कांग्रेसी मंत्रि-मंडल थे, वे बंगाल और पंजाब थे।

कांग्रेसी मंत्रि-मंडलों के बनने के बाद राजनैतिक क़ैदी रिहा कर दिये गए, और उन प्रान्तों में नागरिक स्वतन्त्रता पर लगी हुई पाबन्दियां हटा दी गईं। जनता ने इस परिवतन का स्वागत किया और अपनी हालत में जल्दी सुधार होने की बेताबी से इन्तज़ार करने लगी। जनता में राजनैतिक चेतना तेज़ी से बढ़ गई और किसानों व मज़दूरों के आन्दोलन ज़ोर पकड़ने लगे। बहुत-सी हड़तालें हुईं। मंत्रि-मंडलों ने किसान-वर्ग का बोझ हलका करने के लिए आराज़ी व कर्ज़ों के क़ानून बनाने का काम फ़ौरन हाथ में ले लिया और कारख़ानों के मज़दूरों की हालत सुधारने की कोशिश की। उन्होंने कुछ-न-कुछ किया ज़रूर, पर वे ऐसी परिस्थिति में थे और क़ानून की ऐसी बन्दिशों के भीतर काम चला रहे थे कि दूर तक असर करनेवाले कोई भी परिवर्तन शुरू नहीं कर सकते थे।

कांग्रेसी मंत्रि-मंडलों और गवर्नरों के बीच बार-बार टक्करें हुईं, और दो मौक़ों पर तो मंत्रियों ने अपने इस्तीफ़े भी पेश कर दिये। इन इस्तीफों की मंज़ूरी का नतीजा यह होता कि कांग्रेस और ब्रिटिश सरकार के बीच गहरी मुठभेड़ हो जाती। सरकार यह नहीं चाहती थी, इसलिए मंत्रियों की राय मान ली गई। पर फिर भी हक़ीक़त में स्थिति डांवा-डोल है और दोनों की टक्करें लाज़िमी हैं। कांग्रेस के लिए तो यह एक चलती-फिरती छाया है, और स्वाधीनता ही उसका मुद्दा बना हुआ है।

अगर ब्रिटिश सरकार की तरफ़ से भारत को ज़बर्दस्ती संघ बनाने की

कोशिश की गई तो बड़ी मुठभेड़ बहुत जल्दी हो सकती है। कट्टर विरोध की वजह से अभी तक तो ऐसा नहीं किया गया है। कांग्रेस आज इतनी ज़्यादा ताक़तवर हो गई है जितनी अपनी ज़िन्दगी में वह पहले कभी नहीं हुई; इसलिए इसकी उपेक्षा नहीं की जा सकती। उसने फ़ैसला कर लिया है कि संघ के सवाल पर नही झुकेगी। कांग्रेस की मांग है कि बालिग़ मताधिकार से चुनी हुई संविधान-सभा बनाई जाय, जो आज़ाद भारत के संविधान की रचना करे।

भारत में साम्प्रदायिक समस्या ने फिर सिर उठाया है और इसकी वजह से रगड़े-झगड़े पैदा हो गये है। मगर कुछ ऐसे आसार है कि आर्थिक व समाजी सवाल सबसे आगे आ जायं और साम्प्रदायिक व मज़हबी भेदभावों की ओर से ध्यान हटा दें।

भारत में जनता की चेतना देशी रियासतों में भी फैलने लगी है, और बहुत-सी रियासतों में उत्तरदायी शासन की मांग करनेवाले ज़ोरदार आन्दोलन बढ़ रहे हैं। बड़ी-बड़ी रियासतों में मैसूर, काश्मीर और त्रावनकोर के नाम लिये जा सकते हैं। रियासती अधिकारियों ने इन मांगों का जवाब ज़ालिमाना दमन और हिंसा से दिया है, ख़ासकर त्रावनकोर में तो यह हाल ही की बात है। इनमें से बहुत-सी अर्ध-सामन्ती रियासतों (मसलन कश्मीर) के राज-काज की बागडोर अंग्रेज़ अफ़सरों के हाथों में है।

पिछले कुछ वर्षो के दौरान में भारत अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में दिन-पर-दिन ज़्यादा दिलचस्पी लेता रहा है और अपनी ख़ुद की समस्या को संसार की समस्या के लिहाज से देखने की कोशिश करता रहा है। अबीसीनिया, स्पेन, चीन, चेकोस्लोवाकिया और फ़िलस्तीन की घटनाओं ने भारतवासियों के दिलों पर गहरा असर डाला है, और कांग्रेस की विदेशी नीति धीरे-धीरे बनने लगी है। यह नीति शान्ति की और लोकतंत्र के समर्थन की है। वह जितना साम्राज्यवाद का विरोध करती है उतना ही फ़ासीवाद का भी।

१९३७ ई० में बर्मा भारत से अलग कर दिया गया। उसे भी एक विधान सभा दे दी गई है, जो भारत की प्रान्तीय विधान-सभाओं से मिलती-जुलती है।

: १६३ :

मिस्र आज़ादी के लिए जूझता है

२० मई, १९३३

अब हम मिस्र की चर्चा करेंगे और बढ़ती हुई राष्ट्रीयता व साम्राज्यशाही शक्ति के बीच एक और लड़ाई के दौर पर निगाह डालेंगे। यह शक्ति

भारत की तरह मिस्र में भी इंग्लैण्ड ही है। कई बातों में मिस्र भारत से बहुत जुदी तरह का है, और इंग्लैण्ड को वहां अड्डा जमाये बहुत ज़माना नहीं हुआ है। फिर भी दोनों देशों में कई समान बातें और समान सूरतें हैं। भारत व मिस्र के राष्ट्रीय आन्दोलनों ने अलग-अलग तरीक़े अपनाये हैं, लेकिन बुनियादी तौर पर आज़ादी की उमंग एक-सी ही है और मुद्दा भी एक-सा ही है। और इन राष्ट्रीय आन्दोलनों को दबाने की कोशिशों में साम्राज्यशाही जिस ढंग से काम करती है, वह भी बहुत-कुछ एक-सा है। हम दोनों एक दूसरे के तजरबों से बहुत-कुछ सीख सकते हैं। हम भारतवासियों के लिए तो यह ख़ास नसीहत की चीज़ है, क्योंकि मिस्र की मिसाल में हम देख सकते हैं कि अंग्रेज़ों का 'आज़ादी' का बख्शना क्या अर्थ रखता है और उनका क्या नतीजा होता है।

सारे अरबी देशों (अरब, इराक, सीरिया, फ़िलस्तीन) में मिस्र सबसे ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ है। यह पूर्व और पश्चिम के बीच बड़ा राजमार्ग और स्वेज़ नहर तैयार होने के समय से ही भाप के जहाज़ों का बड़ा तिजारती रास्ता रहा है। उन्नीसवीं सदी के नये यूरोप के साथ इसका सम्पर्क पश्चिमी एशिया के किसी भी देश के मुक़ाबले में बहुत ही ज़्यादा रहा है। यह बहुत ही ख़ास क़िस्म की राष्ट्रीय इकाई है, जो दूसरे अरबी देशों से बिल्कुल अलग है, पर जिसका संस्कृति के मामले में उनके साथ बहुत गहरा रिश्ता है; क्योंकि इन सबकी भाषा, दस्तूर व मज़हब एक ही हैं। काहिरा के दैनिक अख़बार सारे अरबी देशों में पहुंचते हैं और वहां इनका बड़ा भारी असर है। इन तमाम देशों मे से मिस्र में ही पहले-पहल राष्ट्रीय आन्दोलन की शकल बनी, इसलिए यह लाज़िमी ही था कि मिस्री राष्ट्रीयता दूसरे अरबी देशों के लिए नमूना बन जाय।

मिस्र के बारे में अपने सबसे पिछले पत्र में मैंने अरबी पाशा की रहनुमाई में १८८१-८२ ई० के राष्ट्रीय आन्दोलन का ज़िक्र किया था और बताया था कि इंग्लैण्ड ने इसे किस तरह कुचल दिया। मैं शुरू के सुधारकों का, जमालुद्दीन अफ़गानी का, और शरीयत के पाबन्द इस्लाम पर नई विचारधाराओं की टक्कर का ज़िक्र भी कर चुका हूं। इन सुधारकों ने पुराने उसूलों का सहारा लेकर और दीन से चिपकी हुई बहुत-सी बुराइयों को हटाकर, यानी उन चीज़ों को हटाकर जो सदियों के दौरान में मज़हब के साथ जुड़ जाती हैं, इस्लाम का जमाने की रफ्तार के साथ मेल बिठाने की कोशिश की। प्रगति-पसन्द लोगों का अगला क़दम था मज़हब को समाजी रस्मों से अलग करना। पुराने मज़हबों का कुछ ढंग है कि वे हमारी रोज़ाना ज़िन्दगी के हर पहलू को घेर लेते हैं और उसे क़ायदों के मुताबिक़ चलाते हैं। इस तरह हिन्दूधर्म ने और इस्लाम ने, अपने-अपने खरे मज़हबी उपदेशों से बिल्कुल जुदा, विवाह, उत्तराधिकार, दीवानी व फ़ौजदारी

क़ानून, राजनैतिक ढांचा और वास्तव में लगभग हर बात के लिए, समाजी ज़ाब्ते व क़ायदे तय कर दिये हैं। दूसरे शब्दों में, इन्होंने समाज के लिए पूरा ढांचा तय कर दिया है और उसे मज़हब की सनद व सत्ता देकर हमेशा क़ायम रखने की कोशिश की है। हिन्दूधर्म तो अपनी बेलोच वर्ण-व्यवस्था से इस मामले में हद दर्जे को पहुंच गया है। किसी समाजी ढांचे को यों मज़हब के नाम पर सदा के लिए क़ायम कर देने से फिर कोई परिवर्तन मुश्किल हो जाता है। इसलिए, दूसरे देशों की तरह मिस्र के प्रगति-पसन्द लोगों ने भी मज़हब को समाजी ढांचे और रस्मों से अलगाने की कोशिश की। उन्होंने यह दलील दी कि ये पुरानी रस्में, जिन्हें मज़हब या रिवाज ने गुज़रे ज़माने में लोगों पर लाद दिया था, उन हालतों के लिए बेशक उचित और मौज़ूं थीं, जो धर्म पुस्तकों के ज़माने में चालू थीं। पर अब ये हालतें बहुत बदल गई थीं और पुरानी रस्में इनके साथ मेल नही खाती थीं। साधारण सहज बुद्धि हमें बतलाती है कि बैलगाड़ी के लिए बनाया गया क़ायदा मोटर गाड़ी या रेलगाड़ी पर लागू नहीं हो सकता।

इन प्रगति-पसन्द लोगों व सुधारकों की यही दलील थी। इसके नतीजे में राज्य को व बहुतेरी रस्मों को दिन-पर-दिन ज़्यादा ग़ैर-मज़हबी बना दिया गया, यानी उन्हें मज़हब से अलग कर दिया गया। जैसा कि हम देख चुके हैं, तुर्की में रफ़्तार हद दर्जे तक पहुंच गई है। तुर्की गणराज्य का राष्ट्रपति तो अपने पद की शपथ भी ख़ुदा के नाम पर नहीं लेता; अपनी ईमानदारी के नाम पर लेता है। मिस्र में मामला इस हद तक तो नहीं पहुंचा है, पर वहां व दूसरे इस्लामी देशों में इसी क़िस्म का झुकाव काम कर रहा है। तुर्की, मिस्र, सीरिया, ईरान, वग़ैरा के लोग आज मज़हब की पुरानी बातों की बनिस्बत राष्ट्रीयता की नई बातों पर ही ज़्यादा ज़ोर देते है। भारत को एक राष्ट्र बनाने की इस रफ़्तार को रोकने की भारतीय मुसलमानों ने जितनी कोशिश की है, उतनी दुनिया के मुसलमानों की किसी और बड़ी जमात ने नहीं की। इसलिए भारत के मुसलमान इस्लामी देशों के अपने सहधर्मियों के मुक़ाबले में बहुत ज़्यादा दकियानूसी और रंग मज़हबी में रंगे हुए हैं। यह एक विचित्र और मार्के की हक़ीकत है। नई राष्ट्रीयता अक्सर करके पूंजीवादी आर्थिक ढांचे के मातहत मध्यम-वर्गों के विकास के साथ-ही-साथ चलती आई है। भारत के मुसलमान इन मध्यम-वर्गों का विकास करने में पिछड़ गये हैं, और इस कमी ने शायद राष्ट्रीयता की ओर उनकी गति में रुकावट डाल दी है। यह भी सम्भव है कि भारत का एक अल्पसंख्यक समुदाय होने के नाते उनकी भय की भावना इतना ज़ोर पकड़ गई है कि वे ज़्यादा दक़ियानूसी बन गये पुराने दस्तूरों के साथ ज़्यादा बंध गये हैं, और नई बातें पसन्द करनेवाली रायों व विचारों को सन्देह की नज़र से देखने लगे हैं। इसलिए लगभग एक हज़ार वर्ष पहले जब भारत में मुसलमानों के हमले शुरू हुए, तब कुछ इसी प्रकार की मनोदशा के

सबब से ही हिन्दू लोग अपने खोलों में घुस गये होंगे और जात-पांत में खूब मज़बूती के साथ जकड़-बन्द समुदाय बन गये होंगे ।

उन्नीसवीं सदी के आख़री पच्चीस वर्षों में और इनके बाद के समय में, विदेशी व्यापार की बढ़ोतरी के साथ मिस्र में एक नया मध्यम-वर्ग पैदा हो गया। इस वर्ग का एक व्यक्ति सअद ज़ग़लूल था, जिसका जन्म 'फ़लाह' या किसान-परिवार में हुआ था और जो तरक्की करके इस वर्ग में आ गया था। जब अरबी पाशा १८८१-८२ ई० में ब्रिटिश सरकार के मुकाबले में खड़ा हो गया था, तब ज़ग़लूल नौजवान था और उसने अरबी पाशा के मातहत काम किया था। तबसे लगाकर १९२७ ई० में अपनी मृत्यु तक, ज़ग़लूल, ने मिस्र की आज़ादी के लिए काम किया, और वह मिस्र के स्वाधीनता-आन्दोलन का नेता बन गया। वह मिस्र का सबका माना हुआ नेता था। जिस किसान-वर्ग में उसका जन्म हुआ था, उनका यह बहुत प्यारा था, और जिन मध्यम-वर्गो का वह आदमी था वे उसकी पूजा करते थे। पर नामधारी रईस-वर्ग, यानी पुराना सामन्ती ज़मींदार-वर्ग, उसे पसन्द नही करता था। वे लोग उठते हुए मध्यम-वर्ग को पसन्द नहीं करते थे, क्योंकि यह देहात में उनकी प्रभुता को धीरे-धीरे छीनता जा रहा था। उनकी निगाह में ज़ग़लूल कल का छोकड़ा था, और इसे एक नेता की हैसियत से और अपने वर्ग के प्रतिनिधि की हैसियत से उनके ख़िलाफ़ लड़ना पड़ता था। भारत की तरह यहां भी ब्रिटिश सरकार ने इसी सामन्ती ज़मींदार-वर्ग में अपना पाया तलाश करने की कोशिश की। असल में यह वर्ग मिस्री की बनिस्बत तुर्की ज़्यादा था, और पुराने शासक अमीर-वर्ग का प्रतिनिधि था।

इस तरह ब्रिटिश सरकार ने मिस्र में, साम्राज्यशाही के माने हुए और जंचे-जंचाये ढंग से, किसी-न-किसी समाजी जमात या राजनैतिक तबके को अपने साथ जोड़ लेने का यत्न किया, और जुदा-जुदा वर्गो व तबकों को एक दूसरे से लड़ाकर देश में सच्ची राष्ट्रीयता के विकास में रुकावटें डाल दीं। भारत की तरह यहां भी अंग्रेज़ों ने अल्पसंख्यकों का सवाल खड़ा करने की कोशिश की, क्योंकि मिस्र में ईसाई कॉप्ट लोग अल्प संख्या में थे। पर इसमें यह सफल नहीं हुए। और यह सबकुछ उसी माने हुए ढंग से किया गया; उनकी ज़बान पर व्यंगभरे शब्द थ और यह बहाना था कि जो कुछ वे करते थे वह सब दूसरों की भलाई के लिए था। वे अपनेको 'मूक जनता' का 'अमानतदार' बतलाते थे, और कहते थे कि अगर 'फ़िसादी' या ऐसे ही दूसरे लोग, जिनका "देश के नफ़े-नुक़सान से कोई वास्ता नहीं", गड़बड़ न करें तो सब काम ठीक हो जाय। संयोग की बात है कि भलाइयां बख़्शने की इस रफ़्तार का बहुत करके यह रूप बना कि जिन लोगों की 'भलाई' की गई, उनमें बहुतों को गोलियों से भून दिया गया। शायद

इस तरह उन्हें दुनिया की मुसीबतों से छुटकारा दिला दिया गया, और बहुत जल्दी स्वर्ग पहुंचा दिया गया !

युद्ध के दौरान में शुरू से अख़ीर तक और बाद में भी बहुत समय तक मिस्र फ़ौजी क़ानून के मातहत रहा। युद्ध के ज़माने में वहां एक तो वेहथियार करने का क़ानून और दूसरा जबरन फ़ौज में भर्ती का कानून पास किये गए थे। सारे देश में ब्रिटिश सिपाही भरे थे। युद्ध के शुरू में ही मिस्र को इंग्लैण्ड की सर-परस्ती-वाली रियासत क़रार दिया गया था।

१९१८ ई० में सुलह होते ही मिस्र के राष्ट्रवादी फिर तेज़ हो गये, और उन्होंने ब्रिटिश सरकार को और पेरिस के सुलह सम्मेलन को पेश करने के लिए मिस्र की स्वाधीनता का दावा तैयार किया। उस वक्त मिस्र में दलो की कोई हस्ती नहीं थी। 'वतनी' नामक एक राजनैतिक दल था, जिसके सदस्यों की संख्या बहुत कम थी। मिस्र की स्वाधीनता की पैरवी के लिए सअद ज़ग़लूल पाशा की निगरानी में एक बड़े प्रतिनिधि-मंडल को लंदन व पेरिस भेजे जाने का प्रस्ताव किया गया, और इस प्रतिनिधि-मंडल को मजबूत करने और राष्ट्रीय रूप देने के लिए देशव्यापी संगठन बनाया गया। मिस्र के बड़े वफ़द दल का मूल यही था, क्योंकि 'वफ़द' का अर्थ प्रतिनिधि-मंडल होता है। ब्रिटिश सरकार ने इस प्रतिनिधि-मंडल को लंदन जाने की इजाज़त नहीं दी और १९१९ ई० के मार्च में ज़ग़लूल व दूसरे नेताओं को गिरफ़्तार कर लिया।

इस कारण से ख़ूनी क्रान्ति भड़क उठी। कुछ अंग्रेज़ मारे गये, और काहिरा शहर व दूसरे केन्द्र क्रान्तिकारी समिति के हाथों में चले गये। कई जगह राष्ट्रवादियों की जन-सुरक्षा समितियां बन गई। इस बग़ावत में विश्वविद्यालयों के विद्यार्थियों ने बड़ा भारी हिस्सा लिया। पर इन शुरू की सफलताओं के बावजूद यह बग़ावत बहुत हद तक दबा दी गई। हालांकि कभी-कदास अंग्रेज़ अमलदार मारे जाते रहे और तेज़ विद्रोह दब गया था, पर आन्दोलन कुचला नही जा सका। उसने अपने पैंतरे बदल दिये और निष्क्रिय प्रतिरोध के दूसरे दौर में क़दम रक्खा। यह इतना सफल रहा कि ब्रिटिश सरकार मिस्र की मांग पूरी करने के लिए कुछ कदम उठाने पर मजबूर हो गई। लार्ड मिलनर की निगरानी में इंग्लैण्ड से एक कमीशन भेजा गया। मिस्र के राष्ट्रवादियों ने इस कमीशन का बायकाट करने का फैसला किया, और इसमें उन्हें मार्के की सफलता मिली। मिलनर-कमीशन के बायकाट में विद्यार्थियों ने फिर बहुत बड़ा भाग लिया। इस राष्ट्र-व्यापी प्रतिरोध का कमीशन पर इतना गहरा असर पड़ा कि उसने कुछ ऐसी सिफ़ारिशें कर डालीं, जिनका नतीजा बहुत दूर तक पहुंचता था। ब्रिटिश सरकार ने इन सिफ़ारिशों की परवाह नहीं की, और मिस्र की आज़ादी के लिए लड़ाई

१९१९ ई० के शुरू से लगाकर १९२२ ई० के शुरू तक, तीन साल चलती रही। मिस्री लोग 'इस्तिकलाल-अल-ताम' यानी पूरी स्वाधीनता से कम कोई चीज़ लेने को तैयार नहीं थे।

गिरफ़्तार होने के कुछ दिन बाद, १९१९ ई० में, ज़ग़लूल पाशा को रिहा कर दिया गया। पर दिसम्बर, १९२१ ई० में उसे फिर गिरफ़्तार कर लिया गया और देश-निकाला दे दिया गया। पर अंग्रेज़ों की निगाह में इससे स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ, और मिस्रवासियों को ठंडा करने के लिए उन्हें कुछ कार्रवाई करने को मजबूर होना पड़ा। हालांकि ज़ग़लूल कोई हठधर्मी गरम-ख्याली नही था, पर राजीनामे के सब प्रयत्न विफल हो गये। सच तो यह है कि कुछ लोगों ने एक बार ज़ग़लूल की हत्या तक की कोशिश की, क्योंकि वे उसपर यह आरोप लगाते थे कि उसने अंग्रेज़ों के साथ ढीले-ढाले राज़ीनामे की कोशिश करके अपने देश के साथ दग़ा की है। पर उस वक्त ब्रिटिश सरकार व मिस्री राष्ट्रवादियों के एकमत न हो सकने के असली सबब बुनियादी थे और अबतक भी चले आते हैं। वे सबब उन सबबों से मिलते-जुलते है, जो भारत में समझौता नहीं होने दे रहे हैं। मिस्री लोग मिस्र में सारे ब्रिटिश हितों को नामंज़ूर नही करना चाहते थे। वे इन पर बातचीत करने के लिए, और साम्राज्यव्यापी व्यापार, जंगी महत्व के रास्तों व दूसरे मामलों पर इंग्लैण्ड के हितों की गुंजायश रखने को तैयार थे। लेकिन उनका कहना था कि वे इन सवालो पर बातचीत तभी करेंगे जब उनकी पूरी स्वाधीनता मान ली जायगी, और इन सवालों का इस स्वाधीनता पर कोई बुरा असर न पड़ेगा। दूसरी ओर इंग्लैण्ड का खयाल था कि मिस्र को कितनी आज़ादी दी जाय यह तय करना उसका काम है। और यह आज़ादी भी इंग्लैण्ड के हितों के अंतर्गत होनी चाहिए, क्योंकि इन हितों की हिफ़ाज़त सबसे पहली चीज़ थी।

इसलिए दोनों के बीच समझौते का कोई दुतरफ़ा आधार नही था। मगर ब्रिटिश सरकार ने महसूस किया कि कुछ-न-कुछ तो किया जाना लाज़िमी है, इसलिए उसने २८ फरवरी, १९२२ ई०. को बिना किसी समझौते के ही एक घोषणा कर दी। उसने बयान दिया कि आगे से वह मिस्र को 'स्वाधीन प्रभु राज्य' मानेगी, मगर—और यह बड़ा भारी मगर था—चार बातें आगे ग़ौर करने के लिए हाथ में रख ली गई। ये थीं :

१. मिस्र में ब्रिटिश साम्राज्य के आवा-जाई के साधनों की सुरक्षा।
२. सीधे या तिरछे विदेशी हमले या दख़लन्दाज़ी से मिस्र का बचाव।
३. मिस्र में विदेशी हितों की और अल्प-संख्यकों की हिफाज़त।
४. सूदान के भविष्य का सवाल।

ये शर्तें उन शर्तों की खानदानी बहनों जैसी लगती हैं, जो भारत पर लगाई

जाती हैं। हम इन्हें 'संरक्षण'[१] कहते हैं, और यहां इनका कुनबा बहुत बड़ा है। मिस्र ने इन शर्तों को मंज़ूर नहीं किया, क्योंकि वैसे तो ये सीधी-सादी और भोली-भाली नज़र आती थीं, पर इनका अर्थ यह था कि मिस्र को, न तो घरेलू मामलों में और न विदेशी मामलों में, कोई असली स्वाधीनता मिलनेवाली थी। इसलिए २८ फरवरी, १९२२ ई०, की घोषणा ब्रिटिश सरकार की एकतरफ़ा कार्रवाई थी, जिसे मिस्र ने नहीं माना। शर्तों और संरक्षणों के साथ स्वाधीनता का भी क्या अर्थ हो सकता है, यह आगे के वर्षों में मिस्र में खूब अच्छी तरह ज़ाहिर हो गया।

इस 'स्वाधीनता' के बावजूद ब्रिटिश अफ़सरों की मातहती में फ़ौजी क़ानून डेढ़ साल और लागू रहा। इसका अन्त तभी हुआ जब मिस्र की सरकार ने एक बरियत का क़ानून पास किया, यानी तमाम सरकारी कर्मचारियों को फ़ौजी क़ानून के ज़माने में की गई सारी ग़ैर-क़ानूनी कार्रवाइयों की ज़िम्मेदारी से बरी करने का क़ानून बनाया।

नये 'स्वाधीन' मिस्र को बहुत ही उलटी चाल का संविधान भेंट किया गया, जिसमें बादशाह के हाथों में बड़ी भारी शक्तियां थीं। यह बादशाह फुआद था, जो बेचारे मिस्रियों के सिर पर थोप दिया गया था। बादशाह फुआद और ब्रिटिश अफ़सरों में बड़े मज़े की पटने लगी। दोनों राष्ट्रवादियों से नफ़रत करते थे और जनता की आज़ादी के विचार को, या असली पार्लमेण्टी हुकूमत तक को, नापसन्द करते थे। फुआद ने अपने-आपको ही सरकार समझ लिया और अपनी खूब मन-मानी की। उसने पार्लमेण्ट को बर्खास्त कर दिया, और आड़े समय में मदद के लिए सदा तैयार ब्रिटिश संगीनों के भरोसे तानाशाह की तरह राज करने लगा।

मिस्र की स्वाधीनता की घोषणा करने के बाद ब्रिटिश सरकार ने परोपकार की सबसे पहली कार्रवाई यह की कि नई हुकूमत के मातहत जो अफ़सर रिटायर होनेवाले थे, उनके लिए मुआवज़े की भारी-भारी रक़मों का दावा पेश किया। मिस्री सरकार की हैसियत से बादशाह फुआद फ़ौरन राज़ी हो गया, और इस तरह ६५,००,००० पौंड की ज़बर्दस्त रक़म चुका दी गई है। एक ऊंचे अफ़सर को तो ८,५००० पौंड भी दिये गए। और मज़ेदार बात यह है कि रिटायर होने के लिए जिन अफ़सरों को इतने भारी-भारी मुआवज़े दिये गए थे, उन्हींमें से कुछको ख़ास मुआहिदों के मातहत फिर रख लिया गया। यह याद रहे कि मिस्र कोई बड़ा देश नहीं है और उसकी आबादी संयुक्त प्रान्त की आबादी की तिहाई से भी कम है।

मिस्र के संविधान में बड़े ठाठ-बाठ से यह माना गया है कि "सारी सत्ता का निकास राष्ट्र में है।" पर असल में, नये संविधान के लागू होने के वक़्त से ही, मिस्री

---

[१] Safeguards

पार्लमेण्ट बड़ी डांवाडोल रही है। जहांतक मुझे मालूम है, कोई भी पार्लमेण्ट अपनी नियम की मीयाद पूरी नहीं कर पाई है। बादशाह फ़ुआद ने संविधान को बार-बार ताक में रखकर जब मन में आया तब उसकी हत्या की है और निरंकुश राजा की तरह राज किया है।

नई पार्लमेण्ट के सबसे पहले चुनाव १९२३ ई० में हुए, और ज़ग़लूल पाशा और उसके दल ने, जो आजकल वफ़्द दल कहलाता है, देश-भर में झाड़ू फेर दी। उन्हें नब्बे फ़ी सदी वोट मिले और उन्होंने पार्लमेण्ट की २१४ सीटों में से ११७ जीत लीं। इंग्लैण्ड को मनाने की एक और कोशिश की गई, और इस काम के लिए ज़ग़लूल लन्दन भी गया। पर दोनों की रायों में मेल नहीं बैठ सका, और समझौते की बातचीत कई सवालों पर टूट गई, जिनमें से एक सवाल सूदान का था। सूदान मिस्र के दक्षिण में एक देश है; मिस्र से यह बिलकुल अलग है; निवासी भी अलग हैं, और भाषा भी। नील नदी अपने ऊपरले प्रदेशों में सूदान में होकर बहती है। लिखे हुए इतिहास के शुरू से ही, यानी सात-आठ हज़ार वर्षों से, नील नदी मिस्र की रगों का ख़ून रही है। मिस्र की सारी खेती-बाड़ी और ज़िन्दगी का दारोमदार नील नदी में हर साल आनेवाली बाढ़ों पर रहता है, जिन्होंने अबीसीनिया के पठारों से खादभरी मिट्टी लाकर इस रेगिस्तान को हरी भरी और उपजाऊ धरती बना दिया है। लार्ड मिलनर (बायकाट किये गए कमीशन के अध्यक्ष) ने नील नदी के बारे में लिखा है :

"यह विचार परेशानी पैदा करनेवाला है कि इस बड़ी नदी से पानी का बराबर मिलते रहना मिस्र के लिए महज़ सहूलियत व ख़ुशहाली का ही नहीं बल्कि जीने-मरने का सवाल है, और इसे तबतक हमेशा कुछ-न-कुछ ख़तरों का अन्देशा बना रहना लाज़िमी है जबतक कि इस नदी के ऊपरले फैलाव मिस्र के कब्ज़े में न हों।"

नील नदी के ऊपरले फैलाव सूदान में हैं; इसलिए मिस्र के वास्ते सूदान जीवन का आधार है।

पहले यह माना जाता था कि सूदान पर इंग्लैण्ड व मिस्र का जुड़वां इख़्तियार है। इसका नाम आंग्ल-मिस्री सूदान[1] था। चूंकि असल में मिस्र पर इंग्लैण्ड का राज था, इसलिए दोनों के हितों में कोई टक्कर नहीं थी, और मिस्र का बहुत-सा रुपया सूदान में ख़र्च किया जाता था। लार्ड कर्ज़न ने १९२४ ई० में ब्रिटिश पार्लमेण्ट में सचमुच यह बयान दिया था कि अगर मिस्र ने सूदान के ख़र्च की ज़िम्मेदारी न उठाई होती तो सूदान दिवालिया हो गया होता। लेकिन जब अंग्रेज़ों को आख़िरकार मिस्र से अपना बिस्तर गोल करने के सवाल का सामना करना

[1] Anglo-Egyptian Sudan.

पड़ा तो उन्होंने सूदान पर क़ब्ज़ा बनाये रखना चाहा। दूसरी ओर, मिस्री यह महसूस करते थे कि उनकी हस्ती सूदान में नील नदी की ऊपरली धाराओं पर मिस्र के इख़्तियार के साथ बंधी हुई है। इसलिए दोनों के हितों की टक्कर हुई।

१९२४ ई० में जब सूदान के सवाल पर सअद ज़ग़लूल और ब्रिटिश सरकार के बीच बातचीत चल रही थी, तब सूदानियों ने मिस्र के साथ कई तरह से अपना लगाव ज़ाहिर किया। इसके लिए ब्रिटिश सरकार ने उन्हें सख़्त सज़ा दी, और मिस्र की सरकार से कोई सलाह-मशविरा किये बिना ही जो मन में आया सो किया; हालांकि सूदान में दोनों का जुड़वां शासन था, जिसके लिए मिस्र को काफ़ी ख़र्च करना पड़ता था।

मिस्र की स्वाधीनता की नामधारी घोषणा में इंग्लैण्ड ने विदेशी हितों की हिफ़ाज़त की एक और शर्त रक्खी थी। ये विदेशी हित क्या थे? पिछले किसी पत्र में मैं इनके बारे में लिख चुका हूं। जब तुर्की साम्राज्य कमज़ोर हो रहा था, तब बड़ी-बड़ी शक्तियों ने उसपर तरह-तरह के कायदे थोप दिये थे, जिनके मातहत तुर्की में उनके नागरिकों के साथ ख़ास तरह का बर्ताव होना चाहिए था। ये यूरोपीय विदेशी तुर्की में चाहे जो जुर्म करें, उनपर न तो तुर्की क़ानून लागू होते थे और न तुर्की अदालतों में मुक़दमे चल सकते थे। उनके ख़िलाफ़ मुक़दमों की सुनवाई या तो उन्हींके देशों के राजदूतों अथवा राजनयिक प्रतिनिधियों के सामने हो सकती थी, या विदेशी जजों की ख़ास अदालतों में। उन्हें और भी कई रियायतें थी, जैसे, कई क़िस्म के टैक्सों से छूट। विदेशियों की ये ख़ास और बड़ी क़ीमती रियायतें "कैपिटचुलेशन्स" यानी 'शर्तों पर सौपना' कहलाती थीं, क्योंकि वे कुछ हद तक किसी राज्य का अपनी प्रभुता सौप देने के बराबर थीं। चूकि तुर्की को इन्हें बर्दाश्त करना पड़ा, इसलिए तुर्की साम्राज्य के जदा-जुदा भागो को भी उन्हें मंज़ूर करना पड़ा। मिस्र को, जो पूरी तरह ब्रिटिश राज के अधीन था और जहां तुर्की की नाम को भी सत्ता नहीं थी, इस मामले में तुर्की साम्राज्य के अंग की तरह पीसा गया, और यहां ये कैपिटचुलेशन्स ज़बर्दस्ती लागू किये गए। इन बहुत ही ख़ुश-नसीब हालतों को पाकर शहरों में विदेशी व्यापारियों व पूजीपतियों की असरदार बस्तियां पैदा हो गई। इसलिए यह लाज़िमी ही था कि ये लोग उस ढांचे को हटाने का विरोध करते जो हर तरह से इनकी हिफ़ाज़त करता था और कोई टैक्स न देने पर भी इन्हें मालदार और ख़ुशहाल बनने की छूट देता था। ये ही वे विदेशी निहित स्वार्थ थे जिनकी हिफ़ाज़त की ब्रिटिश सरकार ने ज़िम्मेदारी ली थी। मिस्र के लिए ऐसा ढांचा अंगीकार करना सम्भव नहीं था, जो सिर्फ़ स्वाधीनता से बिल्कुल मेल खानेवाला ही नहीं था, बल्कि जिसके सबब से उसकी आमदनी में ज़बर्दस्त कमी आती थी। और जब

सबसे ज़्यादा मालदार लोग ही टैक्सों से बरी हो जाते थे, तो समाजी हालतों में सुधार की दिशा में बड़े पैमाने पर कुछ भी करना ज़रा भी सम्भव नहीं था। सीधे ब्रिटिश राज के लम्बे ज़माने में, अंग्रेज़ों ने प्राइमरी शिक्षा, या सफ़ाई, या गांवों की हालत सुधारने के लिए, देखा जाय तो, कुछ भी नहीं किया था।

संयोग से तुर्की ने, जो कैपिटचुलेशन्स का मूल सबब रहा था, कमाल पाशा की जीत के बाद इनसे पिंड छुड़ाया। यहां मैं यह भी ज़िक्र कर दूं कि चीन भी इन्हीं कैपिटचुलेशन्स से मिलती-जुलती चीज़ के साथ अभी तक जूझ रहा है। उन्नीसवीं सदी में कुछ समय तक जापान को भी ये बर्दाश्त करने पड़े, पर ज्यों-ही वह ताक़तवर हुआ, उसने इन्हें मानने से इन्कार कर दिया।

मतलब यह कि विदेशी निहित स्वार्थों का सवाल इंग्लैण्ड व मिस्र के आपसी समझौते के रास्ते में एक और रोड़ा था। निहित स्वार्थ आज़ादी के रास्ते में हमेशा रोड़ा लगाया करते हैं।

अपनी हस्ब-मामूल नेक मंशा के साथ ब्रिटिश सरकार न अल्पसंख्यकों के हितों की रक्षा का भी फ़ैसला कर लिया था। फरवरी १९२२ ई०, की स्वाधीनता की घोषणा में यह भी एक शर्त थी। मुख्य अल्पसंख्यक वर्ग कॉप्टों का था। ये लोग प्राचीन मिस्रियों की औलाद माने जाते हैं और इसलिए मिस्र की सबसे पुरानी नस्ल है। ये लोग ईसाई हैं, और ईसाइयत के शुरू में, जब यूरोप ईसाई नहीं हुआ था, ईसाई बन गये थे। अल्पसंख्यकों के लिए ब्रिटिश सरकार ने जो बड़ी भारी चिन्ता दिखाई, उसपर धन्यवाद देने के बजाय इन कॉप्टों ने ऐसा नाशुकरापन दिखाया कि उससे कह दिया कि आप हमारी फिक्र न करें! फ़रवरी १९२२ ई०, की घोषणा के कुछ ही दिनों बाद कॉप्टों ने अपनी बड़ी भारी सभा बुलाई और प्रस्ताव किया कि "राष्ट्रीय एकता व राष्ट्रीय मक़सद पर पहुंचने की ख़ातिर वे अल्पसंख्यकों को दी गई सारी ख़ास सहूलियतें और हिफ़ाज़तें निछावर करते हैं"। अंग्रेज़ों ने कॉप्टों के इस फ़ैसले को बिल्कुल बे-समझी का कहकर उसकी बुराई की! मगर समझदारी का हो या बे-समझी का, इस फ़ैसले ने अंग्रेज़ों के अल्पसंख्यकों की हिफाज़त के दावे को रद्द कर दिया और अल्पसंख्यकों का सवाल चर्चा का विषय नहीं रह गया। सच तो यह है कि आज़ादी की लड़ाई में कॉप्टों ने बड़ा भारी हिस्सा लिया था और वफ़्द दल में ज़ग़लूल पाशा के सबसे ज़्यादा भरोसे के साथियों में कुछ कॉप्ट भी थे।

इन एक-दूसरी के खिलाफ़ मंशाओं के कारण और स्वार्थों की असली टक्करों के कारण, १९२४ ई० में मिस्र, जिसके प्रतिनिधि सअद ज़ग़लूल और उसके साथी थे, और ब्रिटिश सरकार के बीच चलनेवाली समझौते की बातचीत बीच में ही टूट गई। इसपर ब्रिटिश सरकार को बड़ा ग़ुस्सा आया। उन्हें तो

मिस्र में अपनी मर्ज़ी का काम करवाने की आदत पड़ी हुई थी, इसलिए क़ाहिरा की नई पार्लमेण्ट पर और ख़ासकर वफ़्द दल के नेताओं पर उन्हें बड़ी खीझ महसूस हुई। उन्होंने वफ़्द दल को और मिस्री पार्लमेण्ट को अपने साम्राज्यशाही तरीक़े से सबक़ सिखाने का फ़ैसला किया। इसका मौक़ा भी उन्हें जल्दी ही मिल गया, और जिस अजीब ढंग से उन्होंने इस मौक़े को झपटकर उससे फ़ायदा उठाया, उसका बयान मैं अगले पत्र में करूंगा। यह निराली घटना, जो एक तरह से आज की साम्राज्यशाही के कारनामों को आईना दिखा देती है, एक अलग पत्र में लिखने लायक़ है।

: १६४ :

अंग्रेज़ों की मातहती में स्वाधीनता का अर्थ

२२ मई, १९३३

पिछले पत्र में मैं मिस्री सरकार के राष्ट्रवादी प्रतिनिधियों और ब्रिटिश सरकार के बीच १९२४ ई० में समझौते की बातचीत विफल होने का और इसपर ब्रिटिश सरकार के ग़ुस्से का ज़िक्र कर चुका हूं। इसके बाद होनेवाली ख़ास-ख़ास घटनाओं का हाल शुरू करने से पहले मैं तुम्हें बतलाना चाहता हूँ कि नामधारी स्वाधीनता के बावजूद, मिस्र में ब्रिटिश फ़ौजें दख़ल जमाकर बैठी रहीं। वहां न सिर्फ़ ब्रिटिश फ़ौज तैनात कर दी गई थी, बल्कि मिस्री फ़ौज भी अंग्रेज़ों के इख़्तियार में थी, और इसके ऊपर एक अंग्रेज़ था, जो फ़ौज का 'सरदार' कहलाता था। पुलिस के मुख्य अफ़सर भी अंग्रेज़ थे, और मिस्र में विदेशियों की हिफ़ाज़त के बहाने ब्रिटिश सरकार का वित्त, न्याय तथा अन्दरूनी मामलों के विभागों पर भी इख़्तियार था। मतलब यह कि सरकार की हरेक निहायत ज़रूरी चीज़ पर अंग्रेज़ों का इख़्तियार था। मिस्री लोगों का इस बात पर ज़ोर देना लाज़िमी था कि ब्रिटिश सरकार इस किस्म के कब्ज़े को हटा ले।

१९ नवम्बर, १९२४ ई०, को सर ली स्टैक की, जो मिस्री फ़ौज के सरदार के पद पर था और सूदान का गवर्नर जनरल भी था, कुछ मिस्रियों ने हत्या कर दी। इससे मिस्र में व इंग्लैण्ड में अंग्रेज़ों को क़ुदरती तौर पर सदमा पहुंचा। शायद इससे भी ज़्यादा सदमा मिस्र के राष्ट्रवादी दल वफ़्द को हुआ, क्योंकि वे जानते थे कि इसका मतलब उनपर हमला होगा। और यह हमला काफ़ी फ़ुर्ती से हुआ। तीन ही दिन के भीतर, २२ नवम्बर को, मिस्र के ब्रिटिश हाई कमिश्नर लार्ड ऐलनबी ने मिस्री सरकार को अपना आख़री शर्तनामा पेश कर दिया, जिसमें नीचे लिखी मांगें फ़ौरन पूरी करने को कहा गया था :

१. क़सूर माना जाय और उसके लिए माफी मांगी जाय;

२. मुजरिमों को सज़ा दी जाय;

३. तमाम राजनैतिक प्रदर्शनों पर रोक लगा दी जाय;

४. पांच लाख पौंड का हर्जाना चुकाया जाय;

५. सूदान से सारे मिस्री सिपाहियों को चौबीस घंटे के भीतर हटा लिया जाय ;

६. सूदान में सिंचाई के क्षेत्रों पर मिस्र के हित में जो बन्दिशें लगा दी गई थीं, उन्हें उठा लिया जाय;

७. मिस्र में तमाम विदेशियों की हिफ़ाज़त का जो अधिकार ब्रिटिश सरकार ने अपने हाथ में ले लिया था, उसका विरोध आयन्दा से ख़तम कर दिया जाय। (इसका ख़ास मतलब, वित्त, न्याय व अन्दरूनी मामलों के विभागों पर ब्रिटिश सत्ता बनी रहने से था।)

ये सातों मांगें ज़रा ध्यान देने क़ाबिल हैं। चूंकि कुछ लोगों ने सर ली स्टैक की हत्या कर दी थी, इसलिए ब्रिटिश सरकार ने, किसी जांच की गुंजायश तक न रहने देकर, फ़ौरन ही समूची मिस्री सरकार के साथ यानी मिस्र की जनता के साथ ऐसा बर्ताव किया मानो वे सब-के-सब हत्या के अपराधी थे। इसके अलावा, इस सारे मामले से उसने खूब अच्छा माली फ़ायदा उठाया; और सबसे महत्व की बात तो यह है कि उसने इस मौक़े का उपयोग करके अपने व मिस्री सरकार के बीच झगड़े के उनसब मामलों को ज़बर्दस्ती तय कर दिया, जिनके बारे में कुछ ही महीने पहले लन्दन में होनेवाली समझौते की बातचीत टूट चुकी थी। मानों सिर्फ़ यही काफ़ी नहीं था, इसलिए उसने यह भी जोड़ दिया कि तमाम राजनैतिक प्रदर्शन बन्द कर दिये जायं। इस तरह उसने देश की जनता की हस्ब-मामूल ज़िन्दगी के सिलसिले को ही रोक दिया।

देखा जाय तो यह सब उस हत्या से पैदा होनेवाला बड़ा अजीब-सा माजरा था, और एक हत्या में से ब्रिटिश सरकार के फ़ायदे की इतनी सारी चीज़ें निकाल लेना बड़ी ज़ोरदार और उपजाऊ कल्पना-शक्ति का काम था। इसे और भी ज्यादा विचित्र बनानेवाली बात यह है कि जिन दो मुख्य अफ़सरों को (ये नाम-मात्र को मिस्री सरकार के अधीन थे), यानी क़ाहिरा की पुलिस के सरदार और जन-सुरक्षा के यूरोपीय विभाग के डायरेक्टर-जनरल को, अपराध व जुल्म रोकने के लिए ख़ास तौर पर ज़िम्मेदार माना जा सकता था, वे दोनों अंग्रेज़ थे। उन्हें किसीने भी हत्या के लिए ज़िम्मेदार नहीं ठहराया। पर बेचारी मिस्री सरकार को, जिसने हत्या के बाद फ़ौरन ही अपना सख़्त रंज और अफ़सोस ज़ाहिर कर दिया था, ब्रिटिश सरकार के भारी, पर बेदर्दी से हिसाब लगाये गए और नफ़े-दार, गुस्से का नतीजा भुगतना पड़ा।

मिस्री सरकार इतनी झुक गई कि ज़मीन चाटने लगी। ज़ग़लूल पाशा ने शर्तनामे की लगभग सारी बातें मान लीं; यहांतक कि चौबीस घंटे में पांच लाख पौंड का हर्जाना भी चुका दिया। सिर्फ़ सूदान के बारे में मिस्री सरकार ने कहा कि वह अपने हक नही छोड़ सकती। पर लार्ड ऐलनबी के लिए यह ख़ाक-सारी और माफीनामा भी काफ़ी नही थे, और चूकि सूदानवाली शर्त नहीं मानी गई थी, इसलिए उसने ब्रिटिश सरकार की ओर से सिकन्दरिया के चुंगीघर पर जबर्दस्ती क़ब्जा कर लिया और इस तरह चुंगी की आमदनी को अपने हाथ में ले लिया। इसके अलावा, मिस्री सरकार के ऐतराज़ों के बावजूद उसने इन शर्तों को सूदान पर जबर्दस्ती लागू कर दिया और सूदान को ब्रिटिश उपनिवेश बना दिया। सूदान में मिस्री फ़ौजियों ने विद्रोह किये, पर उन्हें हद दर्जे की सख़्ती से दबा दिया गया।

ब्रिटिश सरकार की इस कार्रवाई पर विरोध जताने के लिए ज़ग़लूल पाशा व उसकी सरकार ने फौरन इस्तीफ़े दे दिये, और १९२४ ई० के उसी नवम्बर महीने में शाह फ़ुआद ने पार्लमेण्ट को भंग कर दिया। इस तरह ब्रिटिश सरकार ज़ग़लूल व उसके वफ़द दल को कुर्सियों से हटाने में और कम-से-कम उस वक़्त पार्लमेण्ट को ख़तम करने में सफल हुई। उसने सूदान पर भी क़ब्जा कर लिया, और इस तरह सूदान में नील नदी की धाराओं पर क़ब्ज़ा करके मिस्र का गला घोंटने की आसानी हासिल कर ली।

बेचारी मिस्री पार्लमेण्ट ने "एक दुखदायी वारदात से साम्राज्यशाही मतलबों के लिए फायदा उठाने" के खिलाफ़ राष्ट्रसंघ में अपील की। पर बड़ी-बड़ी शक्तियों के खिलाफ शिकायतों को राष्ट्रसंघ न देखता है न सुनता है।

इस समय से मिस्र में एक लगातार लड़ाई शुरू हो गई। इस खींचतान में एक तरफ तो सारे देश का असली प्रतिनिधि वफ़द दल था, और दूसरी तरफ़ शाह फ़ुआद और ब्रिटिश हाई कमिश्नर का गुट्ट था, जिसके पीछे कई विदेशी स्वार्थ और दरबार के टुकड़-ख़ोर थे। इस सारे वक़्त में संविधान को ताक में रख-कर तानाशाहियां देश पर राज कर रही थीं, और शाह फ़ुआद निरंकुश राजा बना हुआ था। जब-जब पार्लमेण्ट का अधिवेशन होने दिया गया तब-तब उसने ज़ाहिर कर दिया कि लगभग सारा देश वफ़द दल का समर्थक है, इसलिए पार्ल-मेण्ट को ही भंग कर दिया गया। अगर फ़ुआद को अंग्रेज़ों का और उनके अधीन सेना व पुलिस का सहारा न होता, तो वह इस ढंग की कार्रवाइयां शायद नहीं कर सकता। 'स्वाधीन' मिस्र के साथ बहुत-कुछ भारत की किसी देशी रियासत जैसा सलूक किया जाता है, जहां असली सत्ताधारी ब्रिटिश रैज़ीडेण्ट के इशारों पर काम होता है।

नवम्बर, १९२४ ई०, को पार्लमेण्ट भंग कर दी गई थी। मार्च, १९२५ ई०, में नई चुनी हुई पार्लमेण्ट का अधिवेशन हुआ। इसमें वफ़्द दल का भारी बहुमत था, और इसने उसी वक़्त ज़ग़लूल पाशा को 'चैम्बर ऑफ़ डिपुटीज़' का अध्यक्ष चुन लिया। यह चीज़ न तो अंग्रेजों को पसंद आई और न बादशाह फ़ुआद को। इसलिए बस उसी दिन यह नई-नकोर, एक दिन की उम्रवाली पार्लमेण्ट भंग कर दी गई! इसके बाद पूरे एक वर्ष तक संविधान के रहते-रहते मिस्र में कोई पार्लमेण्ट नहीं रही, और फ़ुआद ने एक तानाशाह की तरह राज किया। हां, उसकी पीठ पर असली ताक़त ब्रिटिश कमिश्नर की थी। इस पर सारे देश ने नाराज़ी ज़ाहिर की, और शाह फ़ुआद व अंग्रेज़ों के इस गुट्ट का विरोध करने के लिए ज़ग़लूल सारे तबक़ों को एक करने में सफल हो गया। नवम्बर, १९२५ ई०, में यहांतक हुआ कि सरकारी मुमानियत को अंगूठा दिखाकर पार्लमेण्ट के सदस्यों की एक सभा हुई। चूंकि पार्लमेण्ट-भवन में फौजी सिपाही भरे हुए थे, इसलिए सदस्यों की यह सभा दूसरी जगह की गई।

तब फ़ुआद ने अपने महलों से महज़ एक फ़रमान निकालकर सारे संविधान को ही बदल डालने की कोशिश की। उसका इरादा इसे और भी ज़्यादा दकियानूसी बनाने का था, ताकि आगे की पार्लमेण्टों पर ज़्यादा आसानी से काबू रक्खा जा सके और ज़ग़लूल दल को बाहर ही रक्खा जा सके। पर इसके ख़िलाफ़ ज़बर्दस्त हो-हल्ला मच गया, और यह साफ़ हो गया कि नये ढांचे के भीतर चुनावों का बायकाट कर दिया जायगा। इसपर शाह फ़ुआद को झुकना पड़ा और चुनाव पुराने ढांचे के ही मुताबिक हुए। नतीजा ज़ग़लूल के दल का भारी बहुमत, यानी इस दल की संख्या २०० और विरोधियों की संख्या १४! राष्ट्र पर ज़ग़लूल के काबू का, और मिस्र क्या चाहता था इसका, इससे ज़्यादा बड़ा सबूत नहीं हो सकता था। इसके बावजूद भी ब्रिटिश कमिश्नर (जो भारत का एक भूतपूर्व गवर्नर लॉर्ड लॉयड था) ने कहा कि उसे ज़ग़लूल के प्रधान-मंत्री बनने पर ऐतराज़ है, इसलिए इसकी जगह दूसरा व्यक्ति मुक़र्रर किया गया। यह समझना ज़रा मुश्किल है कि इस मामले में अंग्रेज़ों को दख़ल देने का क्या वास्ता था। फिर भी, नई सरकार की बागडोर बहुत-कुछ ज़ग़लूल के ही दल के हाथों में थी, और सम्भलकर चलने के जतनों के बावजूद उसकी लार्ड लॉयड से अक्सर टक्करें होती रहती थीं, क्योंकि लॉर्ड लॉयड निहायत शाह-मिज़ाज़ और धौंस जमानेवाला व्यक्ति था, और वह मिस्र को अक्सर अंग्रेज़ी जंगी-जहाज़ों की धमकियां दिया करता था।

१९२७ ई० में इंग्लैण्ड के साथ समझौता करने की एक और कोशिश की

गई, पर बादशाह फ़ुआद का बहुत मुलायम प्रधान-मंत्री भी अंग्रेज़ों की शर्तों पर हक्का-बक्का रह गया। काग़ज़ी स्वाधीनता के पर्दे में उनका असली इरादा मिस्र को इंग्लैण्ड की रियासत बनाने का था। इसलिए समझौते की बातचीत फिर विफल हुई।

जिन दिनों समझौते की ये बातचीतें चल रही थीं तभी २३ अगस्त, १९२७ ई०, को मिस्र के महान् नेता सैअद ज़ग़लूल पाशा की सत्तर वर्ष की उम्र में मृत्यु हो गई। वह तो नहीं रहा, पर मिस्र में उसकी याद एक चमत्कार व क़ीमती विरासत के रूप में ज़िन्दा है, और लोगों को प्रेरणा देती है। उसकी पत्नी, बेगम सफ़िया ज़ग़लूल, अभी ज़िन्दा है; सारा राष्ट्र उसे चाहता है, उसे अपनी बुज़ुर्ग मानता है और उसे 'मादरे कौम' कहकर पुकारता है। क़ाहिरा में ज़ग़लूल का मकान, जो 'क़ौम का मकान' कहलाता है, बहुत अर्से से मिस्री राष्ट्रवादियों का सदर मुक़ाम है।

ज़ग़लूल के बाद मुस्तफ़ा नहास पाशा वफ़्द का नेता हुआ। कुछ दिन बाद, मार्च, १९२८ ई०, में वह प्रधान मंत्री बना। उसने नागरिक स्वतंत्रता और लोगों के हथियार रखने के हक से वास्ता रखनेवाले कुछ मामूली-से अन्दरूनी सुधार किये। फौजी क़ानून के ज़माने में ब्रिटिश सरकार ने इन हकों को कम कर दिया था। ज्योंही मिस्री पार्लमेण्ट ने इस सवाल पर ग़ौर करना शुरू किया, त्योंही इंग्लैण्ड से धमकियां आई कि ऐसा नहीं किया जाना चाहिए। इंग्लैण्ड का इस तरह एक बिल्कुल घरू मामले में दखल देना बड़ी विचित्र बात मालूम होती है। मगर लॉर्ड लॉयड ने, माने हुए पुराने ढंग से, आखिरी चेतावनी दे दी और ब्रिटिश जंगी-जहाज़ माल्टा से सिकन्दरिया के बन्दरगाह में आ धमके। नहास पाशा कुछ हद तक झुक गया, और इन मामलों को कुछ महीने बाद अगले अधिवेशन तक के लिए टालने पर राज़ी हो गया।

मगर दूसरा अधिवेशन तो होनेवाला ही न था। शाह फ़ुआद और ब्रिटिश हाई कमिश्नर ने, यानी प्रगति-विरोधी तत्वों और साम्राज्यशाही ने ऐसी तरकीब की कि पार्लमेण्ट को गड़बड़ करने का आगे कोई मौक़ा ही न मिले। इन दोनों की साज़िश एक अजीब रंग लाई। नहास पाशा के लिए ख़ास तौर पर कहा जाता था कि उसका चरित्र बड़ा ऊंचा है और वह किसी लालच में नहीं फंस सकता। अचानक ही, एक पत्र के आधार पर (जो बाद में जाली साबित हुआ) नहास पाशा और वफ़्द के एक कॉप्ट नेता पर भ्रष्टाचार का इल्ज़ाम लगाया गया। दरबारी लोगों ने और अंग्रेज़ों ने इसके बारे में धुंआधार प्रचार किया। ब्रिटिश संवाद-एजेन्सियों और पत्र-संवाददाताओं ने इन झूठे अभियोगों को सिर्फ मिस्र में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी खूब फैलाया। इस इल्ज़ाम की आड़ लेकर शाह फ़ुआद ने नहास पाशा से प्रधान-

मंत्री-पद से इस्तीफा देने को कहा। जब नहास पाशा ने ऐसा करने से इन्कार किया तो फुआद ने उसे बरख़ास्त कर दिया। अब लॉयड-फुआद-साज़िश का अगला क़दम उठाया गया। अचानक एक राजनीतिक दांव खेला गया और बादशाह ने फ़रमान जारी करके पार्लमेण्ट को मुल्तवी कर दिया और संविधान को बदल दिया। संविधान में से अख़बारों की आज़ादी व दूसरी नागरिक स्वतन्त्रताओं से ताल्लुक़ रखनेवाली दफाएं रद्द कर दी गई और तानाशाही की घोषणा कर दी गई। इस पर इंग्लैण्ड के अख़बारों ने और मिस्र में रहनेवाले विदेशियों ने ख़ूब ख़ुशियां मनाई।

पर तानाशाही की घोषणा के बावजूद पार्लमेण्ट के सदस्यों ने अपनी सभा की, और नई सरकार को ग़ैरक़ानूनी क़रार दिया। मगर लॉयड को या फुआद को इनसे कोई परेशानी नहीं थी। 'क़ानून और व्यवस्था' का फ़र्ज़ है प्रगति-विरोध और साम्राज्यशाही को सहारा देना, इनके ख़िलाफ़ हथियार की तरह इस्तेमाल किया जाना नहीं!

सरकार ने नहास पाशा पर जो मुक़दमा चलाया था, वह सरकारी दबाव के बावजद धूल में मिल गया। उसके ऊपर लगाये गए आरोप झूठे साबित हुए। और सरकार ने हुक्म जारी कर दिया कि इस मुक़दमे का फ़ैसला अख़बारों में न छापा जाय (सरकार कैसी अद्‌भुत इन्साफ़-पसन्द और बहादुर दिलवाली थी!) मगर इसपर भी यह समाचार फ़ौरन फैल गया, और हर जगह बहुत ख़ुशियां मनाई गई।

तानाशाही ने, जिसकी पीठ पर लॉर्ड लॉयड व अंग्रेज़ी फ़ौजें थीं, वफ़्द दल को, यानी वास्तव में मिस्री राष्ट्रीयता को, कुचलने और तहस-नहस करने का भरसक यत्न किया। देश में बाकायदा आतंक का राज हो गया और समाचारों पर पूरी रोक लगा दी गई। पर इस सबके बावजूद बड़े-बड़े राष्ट्रीय प्रदर्शन हुए, जिनमें स्त्रियों ने ख़ास हिस्सा लिया। सप्ताह-भर की एक हड़ताल हुई, जिसमें वकीलों व दूसरे लोगों ने भाग लिया, मगर समाचारों पर सेन्सर होने की वजह से अख़बार इसे प्रकाशित तक नहीं कर सके।

बस, १९२८ ई० का साल बड़ी खलबली और मुसीबत में बीता। साल के अन्त में इंग्लैण्ड की राजनैतिक स्थिति में परिवतन होने से मिस्र में भी फौरन ही इसका असर पड़ा। वहां मज़दूर दल की सरकार क़ायम हो गई थी, और सबसे पहली कार्रवाई इसने यह की कि लार्ड लॉयड को वापस बुला लिया, जो ब्रिटिश सरकार तक के लिए नाक़ाबिले-बर्दाश्त हो गया था। लॉयड के हटाये जाने से कुछ दिनों के लिए फुआद-अंग्रेज़ गठबन्धन टूट गया। बिना अंग्रेज़ों के सहारे फुआद एक दिन भी काम नहीं चला सकता था, इसलिए उसने दिसम्बर, १९२८ ई० में पार्लमेण्ट के

नये चुनावों की इजाज़त दे दी। इस बार फिर वफ़्द दल ने लगभग सारी सीटों पर क़ब्ज़ा कर लिया।

इंग्लैण्ड की मज़दूर सरकार ने मिस्र के साथ समझौते की बातचीत फिर शुरू की, और इस काम के लिए १९२९ ई० में नहास पाशा लन्दन गया। इस बार मज़दूर सरकार अपने पहले की सरकारों से कुछ आगे बढ़ी और तीन शर्तों के बारे में नहास पाशा का कहना मान लिया गया। लेकिन चौथी शर्त—सूदान के बारे में फिर कोई समझौता नही हुआ, इसलिए बातचीत भंग हो गई। फिर भी इस मौक़े पर पहले से बहुत ज़्यादा बातों पर समझौता हो गया था; दोनों पक्षों में दोस्ताना ताल्लुक बने रहे और दोनों ने फिर चर्चा चलाने के वादे किये। कुल मिलाकर नहास पाशा और वफ़्द दल के लिए यह सफलता की बात थी, जो मिस्र में अंग्रेज़ व दूसरे विदेशी व्यापारियों और साहूकारों को ज़रा भी अच्छी न लगी। कुछ महीने बाद, जून, १९३० ई० में बादशाह और पार्लमेण्ट के बीच झगड़ा हो गया और नहास पाशा ने प्रधानमन्त्री के पद से इस्तीफा दे दिया।

इस खाली जगह में फुआद फिर तानाशाही लेकर आ कूदा—यह उसके राज-काल की तीसरी तानाशाही थी। पार्लमेण्ट भंग कर दी गई वफ़्द दल के अख़बार बन्द कर दिये गए और आम तौर पर यह तानाशाही बड़ी सख़्ती के साथ काम करने लगी। पार्लमेण्ट की दोनों सभाओं, यानी चेम्बर व सीनेट, के सब सदस्यों ने महलों की सरकार की जरा भी परवाह नहीं की और पार्लमेण्ट-भवन में ज़बर्दस्ती घुसकर अधिवेशन कर डाला। २३ जून, १९३०, ई० को उन्होंने संविधान की वफ़ादारी की गभीर शपथ ली और क़सम खाई कि वे अपनी पूरी ताकत के साथ उसकी रक्षा करेंगे। सारे देश में बड़े-बड़े प्रदर्शन हुए। इन्हें फ़ौजी सिपाहियों ने संगीनों के ज़ोर से तितर-बितर कर दिया, और बहुत ख़ून-खराबी हुई। नहास पाशा ख़ुद भी घायल हो गया। इस तरह ब्रिटिश अफ़सरों के मातहत फौजियों और पुलिस के सिपाहियों ने उस तानाशाही को बरक़रार रक्खा, जिसपर, शाह के पिछलग्गुए मुट्ठीभर रईसों व धनवानों के सिवा, सारा राष्ट्र सख़्त नाराज़ था। वफ़्दियों के अलावा दूसरे लोगों तक ने, यहांतक कि भारत की तरह के नर्मदली और उदारदली लोगों ने भी, जो जनता की ओर से सख़्त कार्रवाई के विरोध में हल्ला मचाते थे, तानाशाही के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई।

इसी साल, यानी १९३० ई० में,कुछ दिन बाद शाह ने एक नये संविधान की घोषणा करनेवाला फ़रमान जारी किया, जिसमें उसने पार्लमेण्ट के अधिकार तो कम कर दिये और अपने अधिकार बढ़ा लिये! इस क़िस्म की चीज़ बहुत आसान थी। बस, एक घोषणापत्र जारी किया और काम हुआ; क्योंकि शाह के पीछे एक साम्राज्यशाही शक्ति की भयानक छाया थी।

मिस्र के १९२२ ई० से लगाकर १९३० ई० तक के, इन नौ वर्षों की कहानी मैंने तुम्हें ज़रा ब्यौरे के साथ बतलाई है, क्योंकि यह कहानी मुझे अनोखी मालूम हुई। ये वर्ष, ब्रिटिश सरकार की फरवरी, १९२२ ई० की घोषणा के अनुसार मिस्र की 'स्वाधीनता' के वर्ष थे। मिस्री लोग क्या चाहते थे, इसका तो कोई सवाल ही नहीं था। हां, जब-जब उन्हें मौक़ा दिया गया तब-तब उनके बहुत बड़े बहुमत ने, जिसमें मुसलमान व कॉप्ट दोनों शामिल थे, वफ़्दियों को ही चुना। मगर चूंकि ये लोग विदेशियों की और ख़ासकर अंग्रेज़ों की, देश का शोषण करने की ताक़त को कम करना चाहते थे, इसलिए इन सारे विदेशी निहित स्वार्थों ने संगीनों के ज़ोर पर और खून-ख़राबी जालसाज़ी व साज़िश से, हर तरह इनका विरोध किया, और अपने इशारे पर नाचनेवाला कठपुतली-जैसा शाह खड़ा कर दिया।

वफ़्द-आन्दोलन बिल्कुल राष्ट्रीय मध्यम-वर्गी आन्दोलन रहा है। इसने राष्ट्रीय स्वाधीनता के लिए लड़ाई लड़ी है, और समाजी समस्याओं में दख़ल नहीं दिया है। जब कभी पार्लमेण्ट ने अपना काम किया, उसने शिक्षा व दूसरे विभागों में कुछ अच्छा काम कर दिखाया। सच तो यह है कि राष्ट्रीय लड़ाई के होते हुए भी इस थोड़े-से समय में पार्लमेण्ट ने जितना किया उतना ब्रिटिश शासन पिछले चालीस वर्षों में भी नहीं कर पाया था। किसान-वर्ग वफ़्द दल को कितना चाहता है, यह बात चुनावों से और बड़े-बड़े प्रदर्शनों से ज़ाहिर हो चुकी है। मगर फिर भी चूंकि यह आन्दोलन असल में मध्यम-वर्गी था, इसलिए उस हद तक चेतना नहीं पैदा कर सका है जिस हद तक समाजी परिवर्तन के मक़सदवाला कोई आन्दोलन करता।

इस पत्र को ख़तम करने से पहले मैं स्त्रियों के आन्दोलन का हाल बतलाना चाहता हूं। शायद ख़ुद अरब को छोड़कर सारे अरबी देशों की नारियों में बड़ी भारी चेतना जागी है। दूसरी बहुत-सी बातों की तरह इस बात में भी इराक़ या सीरिया या फिलस्तीन के मुकाबले में मिस्र ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ है। पर इन सब देशों में नारियों का एक संगठित आन्दोलन है, और जुलाई १९३० ई० में दमिश्क में अरब नारियों की कांग्रेस का पहला अधिवेशन भी हुआ था। उन्होंने राजनैतिक मामलों की बनिस्बत संस्कृति की व समाज की तरक्क़ी पर ही ज़्यादा ज़ोर दिया। मिस्र की स्त्रियों का राजनीति की तरफ़ ज़्यादा झुकाव है। वे राजनैतिक प्रदर्शनों में भाग लेती हैं, और उनका एक मजबूत 'नारी मताधिकार संघ' भी है। उनकी मांग है कि विवाह के क़ानन में ऐसा सुधार किया जाय, जो उनके हक़ में हो, रोज़गारों में स्त्रियों को पुरुषों के बराबर की सहूलियतें दी जायं, वग़ैरा। मुसलमान व ईसाई नारियां आपस में पूरा सहयोग करती हैं। मुंह पर बुर्का डालने की आदत हर जगह कम होती जा रही है, ख़ासकर मिस्र में। तुर्की की तरह से बुर्का ग़ायब तो नहीं हुआ है, पर उसकी धज्जियां उड़ रही हैं।

टिप्पणी (अक्तूबर, १९३८)

१९३० ई० से मिस्र तानाशाही हुकूमत के मातहत रहा, जिसकी नकेल महलों से घुमाई जाती थी। फ़र्जी तौर पर तो वह 'प्रभुता-सम्पन्न स्वाधीन राज्य' था, पर अमल में वह एक तरह से इंग्लैण्ड का उपनिवेश था, जहां क़ाहिरा व सिकन्दरिया में विदेशी छावनियां पड़ी हुई थीं, और स्वेज़ नहर व सूदान पर इंग्लैण्ड का इख्तियार था। ये साल दुनिया भर में भारी आर्थिक मन्दी के थे, और रुई की कीमतें गिरने के सबब से मिस्र को बहुत नुक़सान उठाना पड़ा था।

१९३५ ई० में फ़ासीवादी इटली ने अबीसीनिया पर धावा बोल दिया, और मिस्र व नील के ऊपरले कांठे में ब्रिटिश हितों के लिए इस नये ख़तरे से मिस्र व इंग्लैण्ड के आपसी रिश्तों में फ़र्क आ गया। अब इंग्लैण्ड की यह ताक़त नही थी कि मिस्र बाग़ी और विरोधी बना रहे और मिस्री नेताओं को इंग्लैण्ड के साथ दोस्ती के आसार नज़र आने लगे। पार्लमेण्ट के चुनावों में वफ़द दल की शानदार जीत हुई, और नहास पाशा प्रधानमंत्री बना। अबीसीनिया में इटली की हमलावर कार्रवाई से जो नई फ़िजा पैदा हुई, उसमें मिस्र व इंग्लैण्ड ने एक दूसरे की शर्तें मान लीं, और अगस्त, १९३६ ई० में एक सन्धि पर दोनों के दस्तख़त हो गये। सुलह की ख़ातिर मिस्र उन बहुत-सी बातों को छोड़ने पर राज़ी हो गया, जिन-पर वह पहले अड़ा हुआ था; उसने सूदान में जैसी-की-तैसी हालत को और स्वेज़ नहर को बचाने के इंग्लैण्ड के अधिकार को क़बूल कर लिया। इसके अलावा मिस्र की विदेश नीति इंग्लैण्ड की विदेश नीति से जोड़ दी गई। दूसरी ओर, इंग्लैण्ड ने काहिरा व सिकन्दरिया से अपने फौज़ी हटा लिये; मिली-जुली अदालतों और विदेशियों के ख़ास अधिकारों को मंसूख कराने में मदद देने का और राष्ट्रसंघ में मिस्र के दाख़िले की हिमायत का वादा किया।

इस समझौते पर खूब खुशियां मनाई गईं, लेकिन अभी इनके लिए ठीक वक़्त नही आया था। राजाओं के बदल जाने के बावजूद भी राज-महल वफ़द दल से नफ़रत करता रहा और उसके ख़िलाफ़ साज़िशें रचता रहा। पर्दे की आड़ से ब्रिटिश साम्राज्यशाही अब भी अपना काम कर रही थी! मिस्र की धरती के बहुत बड़े हिस्से पर मुट्ठीभर लोगों की मालकियत है, और शाही घराना भी इसके ज़बर्दस्त हिस्से का मालिक है। ये बड़े-बड़े भू-स्वामी प्रगतिशील क़ानून बनाये जाने के और जनता की शक्ति में बढ़ोतरी के घोर विरोधी हैं। इसलिए लगातार रगड़-झगड़ होने लगी, और शाह ने नहास पाशा को उसके पद से हटा दिया और पार्लमेण्ट को भंग कर दिया।

कुछ अर्से तक राजमहल की हुकूमत के बाद नये चुनाव हुए, और जब इनमें वफ़द दल की भारी हार हुई, तो सबको ताज्जुब हुआ। बाद में मालूम हुआ कि

यह चुनाव ज्यादातर बनावटी मामला था, और धोखेबाज़ी से चुनाव के ग़लत विवरण तैयार किये गए थे। नहास पाशा की रहनुमाई में वफ़्द दल अब भी जनता का बहुत प्यारा बना हुआ है, पर आज की सरकार को राजमहल का गुट्ट ब्रिटिश साम्राज्यशाही के सहारे पर चलाता है।

: १६५ :

पश्चिमी एशिया का दुनिया की राजनीति में दुबारा प्रवेश

२५ मई, १९३३

समुद्र की एक ज़रा-सी पट्टी ही मिस्र व अफ्रीका को पश्चिमी एशिया से अलग करती है। अब हम इस स्वेज़ नहर को लांघ करके अरब और फिलस्तीन सीरिया, और इराक़—इन तमाम देशों की, और इनसे कुछ परे ईरान की यात्रा करेंगे। जैसा कि हम देख चुके हैं, पश्चिमी एशिया ने इतिहास में ज़बर्दस्त हिस्सा अदा किया है, और यह अक्सर संसार के मामलों की धुरी रहा है। इसके बाद कई सदियों तक चलने वाला ऐसा ज़माना आया जब राजनैतिक लिहाज़ से यह नज़र से ओझल हो गया। यह रुके हुए पानी की खाड़ी जैसा बन गया; जीवन की धारा इसके पास होकर हरहराती हुई बहती रही, पर इससे इसकी ख़ामोश सतह पर हलकी-सी लहर भी पैदा नहीं हुई। और अब हम एक और परिवर्तन अपनी आंखों से देख रहे हैं, जो मध्य-पूर्व के देशों को फिर दुनिया के गोरखधन्धे में ला रहा है; पूर्व और पश्चिम को जानेवाला राजमार्ग फिर इनमें होकर गुजरने लगा है। यह हकीकत हमारे लिए ध्यान देने लायक़ है।

जब कभी मैं पश्चिमी एशिया की बात सोचता हूं तो मैं गुज़रे ज़माने में अपना आपा खो बैठता हूं। मेरे मन में पुराने दिनों की इतनी यादें भर जाती हैं कि उनकी मोहनी से बचना मेरे लिए मुश्किल हो जाता है। मैं इस आकर्षण से बचने की कोशिश करूंगा, लेकिन कहीं तुम भूल न जाओ, इसलिए मैं तुम्हें याद दिलाना चाहता हूं कि दुनिया के इस हिस्से का इतिहास के शुरू से ही हज़ारों वर्षों तक बड़ा महत्व रहा है। पुराना ख़ाल्दिया सात हजार वर्ष पहले इतिहास में क़दम रखता है (यह प्रदेश आज कल तक का इराक़ है)। उसके बाद बाबिलन आता है। और बाबिलनों के बाद असीरियाइयों का उदय होता है, जिनकी महान राजधानी निनेव है। फिर इन असीरियाइयों को भी धक्का देकर निकाल दिया जाता है, और ईरान से आनेवाला एक नया राजवंश और एक नई क़ौम भारत की सरहद से लगाकर मिस्र तक सारे मध्य-पूर्व पर अपना सिक्का जमा लेते हैं। ये लोग ईरान के हकामनी थे, जिनकी राजधानी पर्सिपोली थी। इनमें 'महान

बादशाह' कुरुश और दारा और ज़रक्स पैदा हुए, जिन्होंने छोटे-से यूनान को हड़पने की कोशिश की पर जो उसे जीत नहीं सके। बाद में यूनान के, या यों कहो कि मक़दूनिया के एक सपूत सिकन्दर ने इन्हें अपनी करनी का मज़ा चखाया। सिकन्दर की जिन्दगी में यह निराली घटना हुई कि उसने एशिया व यूरोप के इस मिलन स्थान में दोनों महाद्वीपों के लिए एक योजना बनाई, जिसे 'विवाह' कहा जाता है। उसने ख़ुद ईरान के शाह की पुत्री से विवाह किया (हालांकि पहले ही उसकी कई पत्नियां थीं) और उसके हज़ारों अफ़सरों व सिपाहियों ने भी ईरानी लड़कियों से विवाह किये।

सिकन्दर के बाद कितनी ही सदियों तक भारत की सरहद से लगाकर मिस्र तक सारे मध्य-पूर्व में यूनानी संस्कृति छाई रही। इस ज़माने में रोम की शक्ति बढ़ी और एशिया की तरफ़ फैली। पर सासानियों के नये ईरानी साम्राज्य तक पहुंचकर इसे रुकना पड़ा। ख़ुद रोमन साम्राज्य के ही टूटकर दो भाग हो गये—एक पश्चिमी और दूसरा पूर्वी और कुस्तुन्तुनिया पूर्वी साम्राज्य की राजधानी बन गया। पश्चिमी एशिया के इन मैदानों में पूर्व और पश्चिम का पुराना झगड़ा जारी रहा, जिसमें कुस्तुन्तुनिया का बिज़ेन्टीन साम्राज्य व ईरान का सासानी साम्राज्य इसके दो मुख्य लड़वैये थे। और उधर उन्हीं दिनों ऊंटों पर सौदागरी का सामान लादे बड़े-बड़े कारवां इन मैदानों को पार करके पूर्व से पश्चिम और पश्चिम से पूर्व आते-जाते थे, क्योंकि मध्य-पूर्व उन दिनों संसार के बड़े राजमार्गों में गिना जाता था।

पश्चिमी एशिया के इन देशों में तीन महान मज़हबों का जन्म हुआ था; एक यहूदी मजहब (यानी यहूदियों का मज़हब) दूसरा ज़रतुश्त-मज़हब (आजकल के पारसियों का मज़हब), और तीसरा ईसाइयत। अब अरब के रेगिस्तान में चौथा मज़हब प्रकट हुआ, और संसार के इस भाग में यह बहुत जल्दी इन तीनों पर छा गया। इसके बाद बग़दाद का अरबी साम्राज्य आया और पुराने झगड़े ने नया रूप ले लिया—यानी एक तरफ़ अरब लोग दूसरी तरफ़ बिजेन्तीन लोग : एक लम्बे और शानदार दौर के बाद सेलजूक तुर्कों के मुकाबले में अरबी सभ्यता मन्द पड़ गई, और मंगोल चंगेज़ खां के उत्तराधिकारियों ने उसे सदा के लिए दबा दिया।

पर मंगोलों के पश्चिम आने से पहले ही एशिया के पश्चिमी तटों पर ईसाई पश्चिम और मुस्लिम-पूर्व के बीच ख़ूंख़ार लड़ाई शुरू हो चुकी थी। ये क्रूसेडों की लड़ाई थी, जो बीच-बीच में रुकती हुई लगभग तेरहवी सदी के बीच तक चली। ये क्रूसेड मज़हबी युद्ध माने जाते थे, और वास्तव में थे भी। मगर युद्धों के लिए मज़हब बहाना ज़्यादा था, सबब नहीं। उन दिनों पूर्व के लोगों के मुक़ाबले में यूरोप के लोग पिछड़े हुए थे। यूरोप में यह अंधकार का युग था। लेकिन यूरोप जागने लगा

था, और ज़्यादा आगे बढ़े हुए व सुसंस्कृत पूर्व ने उसे चुम्बक की तरह खींच लिया। पूर्व की ओर इस खिचाव ने कई रूप लिये और इनमें क्रूसेडों का सबसे ज़्यादा महत्व था। इन युद्धों के नतीजे से यूरोप ने पश्चिमी एशियाई देशों से बहुत-कुछ सीखा। उसने कई ललित कलाएं और दस्तकारियां और विलास की आदतें सीखीं, और सबसे महत्व की बात तो यह है कि काम करने व सोचने के वैज्ञानिक तरीक़े सीखे।

जब मंगोल लोग तबाही साथ लिये हुए पश्चिमी एशिया पर टूट पड़े थे, तबतक क्रूसेडों का युद्ध ख़तम नहीं होने पाया था। पर हमें मंगोलों को महज़ सत्यानाश करनेवाले ही नहीं समझना चाहिए। चीन से लगाकर रूस तक उनकी लम्बी-चौड़ी दौड़ ने दूर-दूर देशों की क़ौमों का मेल करा दिया और व्यापार व आमद-रफ्त को बढ़ाया। उनके विशाल साम्राज्य के मातहत पुराने क़ारवानी रास्ते यात्रा के लिए हो गये, और इन रास्तों पर सिर्फ़ सौदागर लोग ही नहीं, बल्कि राजनयिक धर्म-प्रचारक व दूसरे लोग भी अपनी ज़बर्दस्त यात्राओं पर जाते-आते थे। मध्य पूर्व संसार के इन प्राचीन राजमार्गो के सीधे रास्ते में पड़ता था और यह एशिया और यूरोप को जोड़नेवाली कड़ी था।

तुम्हें शायद याद होगा कि मंगोलों के ज़माने में ही मार्को पोलो अपने वतन वेनिस से सारे एशिया को लांघकर चीन पहुंचा था। उसकी लिखी हुई, या यों कहो कि लिखाई हुई एक पुस्तक संयोग से हमें मिल गई है, जिसमें उसकी यात्राओं का हाल दिया हुआ है; और इसीलिए हम उसका नाम जानते है। लेकिन और भी बहुत लोगों ने इस क़िस्म की लम्बी यात्राएं की होंगी, और सोचा होगा कि इनके बारे में लिखने की इल्लत कौन करे, और अगर कुछ लिखा भी होगा तो उनकी पुस्तकें शायद नष्ट हो गई होंगी, क्योंकि वे दिन तो हाथ की लिखी पुस्तकों के थे। एक देश से दूसरे देश को आने-जाने वाले कारवां नित्य चलते रहते थ, और हालांकि मुख्य धन्धा व्यापार था, पर कितने ही लोग धन की व धन कमाने के मौकों की तलाश में इनके साथ हो जाते थे। पुरान ज़माने का एक और महान यात्री मार्को पोलो की तरह सामने आता है। यह इब्नबतूता नामक एक अरब था, जिसका जन्म चौदहवीं सदी के शुरू में मोरक्को के तनजीर में हुआ था। यह मार्को पोलो के ठीक एक पीढ़ी बाद पैदा हुआ था। इक्कीस साल का यह नौजवान लम्बी-चौड़ी दुनिया में अपनी ज़बर्दस्त यात्रा पर निकल पड़ा। समझ-बूझ, बुद्धि और एक मुसलमान क़ाज़ी से पाई हुई शिक्षा के सिवा इसका कोई सम्बल नहीं था। मोरक्को से सारे उत्तरी अफ़्रीका को लांघकर यह मिस्र जा पहुंचा और वहां से अरब और सीरिया और ईरान गया। फिर वह अनातोलिया (तुर्की), और दक्षिणी रूस (सुनहरी कबीले के मंगोल ख़ानों के अधीन), और कुस्तुन्तुनिया (जो अभी तक बिज़ेन्तिया की राजधानी था), और मध्य-एशिया होता हुआ

भारत आया। भारत को उत्तर से दक्षिण तक लांघकर वह मलाबार और लंका पहुंचा, और फिर चीन चला गया। वापस लौटते वक़्त वह अफ़्रीका में घूमता फिरा, और उसने सहारा के रेगिस्तान तक को पार कर डाला! यात्रा का यह ऐसा लेखा है कि आज बहुतेरी सहूलियतों के होते हुए भी इसकी मिसाल बहुत दुर्लभ है। इसे देखकर चौदहवीं सदी के बारे में हमारी आंखें ताज्जुब से खुली रह जाती हैं, और इससे हमें पता लगता है कि उन दिनों साधारण यात्रा की क्या हालत थी। कुछ भी हो, इब्नबतूता पिछले व अगले सारे महान यात्रियों में गिना जाना चाहिए।

इब्नबतूता की पुस्तक में, जहां-जहां वह गया वहां-वहां के निवासियों और देशों के बारे में बड़ी मज़ेदार बातें हैं। उस समय मिस्र मालदार था, क्योंकि पश्चिम के साथ भारत का सारा व्यापार यहीं होकर गुज़रता था और यह बड़े मुनाफ़े का धन्धा था। इन मुनाफ़ों के सबब से काहिरा बड़ा शहर बन गया था, जिसमें बड़ी सुन्दर पुरानी इमारतें थीं। इब्नबतूता ने भारत में जात-पांत का, सती का, और पान-सुपारी भेंट करने के रिवाज का वर्णन किया है! उसकी पुस्तक से हमें पता चलता है कि भारत के सौदागर विदेशी बंदरगाहों में ज़ोरों का व्यापार करते थे, और भारतीय जहाज़ समुद्रों पर यात्राएं करते थे। उसने इस पर खास तौर से ध्यान दिया है और लिखा है कि सुन्दर स्त्रियां उसने कहां-कहां देखीं और उनके लिबास, इत्र-फुलेल व ज़ेवर किस-किस ढंग के थे। दिल्ली शहर का वह यों वर्णन करता है "यह भारत की राजधानी है, एक विशाल और शानदार शहर है, जिसमें खूबसूरती और मज़बूती मिली हुई हैं"। यह उस सनकी सुल्तान महमूद तुग़लक का ज़माना था, जो क्रोध के आवेश में अपनी राजधानी दिल्ली से हटाकर दक्षिण में दौलताबाद ले गया था, और जिसने इस "विशाल व शानदार शहर" को "ख़ाली, और कुछेक निवासियों के सिवा निर्जन" बनाकर वीरान कर दिया था, और जो गिने-चुने लोग वहां थे, वे भी बहुत दिनों बाद चुपचाप वहां आ बसे थे।

मैंने इब्नबतूता के बहाव में थोड़ा बह जाने का ढंग निकाल लिया है, क्योंकि पुराने ज़माने की यात्राओं की ये कहानियां मुझे बहुत लुभाती हैं।

बस, हम देखते हैं कि चौदहवी सदी तक मध्य-पूर्व, यानी पश्चिमी एशिया, ने दुनिया के मामलों में बड़ा भारी हिस्सा लिया, और यह पूर्व व पश्चिम को जोड़नेवाली मुख्य कड़ी थी। पर अगले सौ वर्षों में हालत बदल गई। उस्मानी तुर्कों ने कुस्तुन्तुनिया पर क़ब्ज़ा कर लिया, और वे मिस्रसमेत मध्य-पूर्व के इन तमाम देशों में फैल गये। यूरोप व एशिया के बीच व्यापार को इन्होंने रोकने की कोशिश की, और इसका कुछ कारण यह था कि यह व्यापार भूमध्य सागर में

उनके मुक़ाबलेदार वियेनावासियों और जिनोआवासियों के हाथों में था। पर व्यापार ने ख़ुद ही दूसरी राह पकड़ ली, क्योंकि नये समुद्री रास्ते खुल गये थे और इन समुद्री रास्तों ने ख़ुश्की के पुरानी क़ारवानी रास्तों की जगह ले ली थी। इस तरह पश्चिमी एशिया में होकर गुज़रनेवाले ये ख़ुश्की के रास्ते, जिन्होंने हज़ारों वर्षों तक बड़ा अच्छा काम दिया था, अब बेकाम हो गये, और जिन देशों में होकर ये गुज़रते थे, उनका महत्त्व धीरे-धीरे कम होता गया।

सोलहवीं सदी की शुरूआत से लगाकर उन्नीसवीं सदी के अन्त तक, यानी लगभग चारसौ वर्षों तक, समुद्री रास्तों का सबसे ऊंचा महत्व रहा। इन्होंने ख़ुश्की के रास्तों को पीछे डाल दिया, ख़ासकर उन जगहों में, जहां रेलमार्ग नहीं थे—और पश्चिमी एशिया में तो रेलमार्ग थे ही नहीं। महायुद्ध से कुछ दिन पहले जर्मन सरकार के भरोसे पर, कुस्तुन्तुनिया और बग़दाद के बीच रेलमार्ग डालने की योजना बनाई गई थी। दूसरी शक्तियां यह जरा भी नहीं सहन कर सकती थीं कि जर्मनी इस काम को करे, क्योंकि इससे मध्य-पूर्व में जर्मनी का असर बढ़ जाता। मगर इसी बीच महायुद्ध शुरू हो गया।

१९१८ ई० में जब महायुद्ध का अन्त हुआ, तब पश्चिमी यूरोप में इंग्लैण्ड का बोलबाला था और, जैसा कि मैं बतला चुका हूं, ज़रा देर के लिए, भारत से लगाकर तुर्की तक एक महान मध्य-पूर्वी साम्राज्य के नज़्ज़ारे ब्रिटिश राजनीतिज्ञों की चौधियाई हुई आंखों के आग नाचने लगे। लेकिन यह तो होनेवाला न था। इस सपने के पूरा होने में बोलशेविक रूस और कमालपाशा और दूसरे कारणों ने रुकावट डाल दी, लेकिन फिर भी इंग्लैण्ड बहुत-कुछ हिस्से पर क़ब्ज़ा जमाये रहा। इराक़ और फ़िलस्तीन अंग्रेज़ों के रौब या इख़्तियार में बने रहे। इसलिए, हालांकि अंग्रेज़ लोग अपने लम्बे-चौड़े अरमानों को पूरा नहीं कर सके, पर वे भारत को जानेवाले मार्गों और भारत के दरवाज़ों पर क़ब्ज़ा बनाये रखने की अपनी पुरानी नीति पर टिके रहने में सफल हो गये। इसी उद्देश्य से ब्रिटिश सेनाएं युद्ध-काल में शाम व फ़िलस्तीन में लड़ी थीं. और इसी उद्देश्य से उन्होंने तुर्की के ख़िलाफ़ अरबों के विद्रोह को भड़काया था और सहायता दी थी। यही वजह थी कि युद्ध के बाद मोसल के सवाल पर इंग्लैण्ड और तुर्की के बीच भारी झगड़ा पैदा हो गया। और इंग्लैण्ड व सोवियत रूस के बीच मन-मुटाव का यह एक ख़ास कारण था, क्योंकि इंग्लैण्ड इस विचार को ही सख़्त नापसन्द करता है कि रूस-जैसी बड़ी शक्ति भारत को जानेवाली राह के किनारे की मेंड़ पर बैठी हुई ताक लगाती रहे।

जिन दो रेलमार्गों के बारे में महायुद्ध से पहले इतना झगड़ा था—एक तो बग़दाद रेलवे और दूसरी हिजाज़ रेलवे—वे अब तैयार हो गये हैं। बग़दाद

रेलवे बग़दाद को भूमध्य-सागर व यूरोप से जोड़ती है। हिज़ाज रेलवे अरब देश में मदीना को अलेप्पो पर बग़दाद रेलवे से जोड़ती है (हिजाज़ अरब का सबसे ज़्यादा महत्व का भाग है, जिसमें इस्लाम के मशहूर शहर मक्का और मदीना है)। इस तरह पश्चिमी एशिया के कई बड़े शहर रेलमार्गों के जरिये यूरोप व मिस्र से जुड़ गये हैं, और अब वहां आसानी से पहुंचा जा सकता ह। अलेप्पो शहर बहुत बड़ा रेलवे जंकशन बनता जा रहा है, क्योंकि तीन महा-द्वीपों के रेलमार्ग यहां मिलनेवाले हैं : पहला तो यूरोप से आनेवाला रेलमार्ग, दूसरा बग़दाद होकर एशिया से आनेवाला, तीसरा काहिरा होकर अफ़्रीका से आनेवाला। एशिया और अफ़्रीका के इन रास्तों पर क़ाबू रखना ब्रिटिश नीति का बहुत वर्षों से इरादा रहा है। बग़दाद से आगे बढ़ाया जाने पर एशियाई रेलमार्ग भारत तक भी आ सकता है। अफ़्रीकावाले रेलमार्ग को अफ़्रीका महाद्वीप के ठेठ आर-पार क़ाहिरा से धुर दक्षिण में केपटाउन तक ले जाने का इरादा है। केप से क़ाहिरा तक 'पूरा-लाल' रेलमार्ग बहुत दिनों से अंग्रेज़ साम्राज्यवादियों का सपना रहा है, और अब जल्दी ही पूरा होने जा रहा है। 'पूरा-लाल' का अर्थ यह है कि यह रेलमाग ठेठ ब्रिटिश प्रदेश में होकर गुज़रे, क्योंकि ब्रिटिश साम्राज्य ने नक़शों में लाल रंग पर अपना इजारा कर लिया है।

कह नहीं सकते कि आगे चलकर ये बातें पूरी होंगी या नहीं; क्योंकि मोटरकार और हवाई-जहाज़ अब रेल के करारे मुक़ाबलेदार होते जा रहे हैं। साथ ही यह बात भी ध्याने में रखने लायक़ है कि पश्चिमी एशिया के ये दोनों रेलमार्ग—बग़दाद रेलवे और हिजाज़ रेलवे—ज़्यादातर अंग्रेजों के इख़्तियार में है, और उनके इख़्तियार में भारत तक एक नया और सीधा रास्ता खोलने की ब्रिटिश नीति का मक़सद पूरा कर रहे है। बग़दाद रेलवे का एक टुकड़ा सीरिया में होकर गुज़रता है, जो फ़्रान्सीसियों के कब्ज़े में है। फ़्रान्सीसियों के भरोसे रहना ब्रिटिश सरकार पसन्द नहीं करती, इसलिए वह इसकी जगह फ़िलस्तीन में होकर एक नया रेलमार्ग डालने का इरादा कर रही है। एक और छोटा-सा रेल-मार्ग अरब में लाल सागर के बंदरगाह जद्दा व मक्का के बीच बनाया जा रहा है। हर साल मक्का जानेवाले हज़ारों यात्रियों को इससे बड़ी सुविधा हो जायगी।

यह वर्णन रेलमार्गों की उस प्रणाली का है, जो पश्चिमी एशिया का दर-वाज़ा दुनिया के लिए खोलती जा रही है। मगर यह काम पूरा होने से पहले ही इसका महत्व कुछ कम होता जा रहा है, और मोटरकार व हवाई-जहाज़ इसे हटाकर इसकी जगह ले रहे हैं। मोटरकार रेगिस्तान में बड़ी आसानी से चलती है, और उन्हीं क़ारवानी रास्तों पर सरपट दौड़ने लगती है, जिनपर चुपचाप कष्ट सहनेवाला ऊंट हज़ारों वर्षों से पैर घसीटता रहा है। रेलमार्ग पर बहुत खर्चा

बैठता है, और उसे बनाने में वक़्त भी बहुत लगता है। मोटर सस्ती पड़ती है और जब ज़रूरत हो तब फौरन काम में ली जा सकती है। लेकिन मामूली तौर पर मोटर-गाड़ियां व लारियां लम्बी दूरियां तय नहीं कर सकतीं; वे तो ज़्यादा-से-ज़्यादा सौ मील के छोटे-छोटे क्षेत्रों में ही इधर-उधर दौड़ सकती हैं।

मगर लम्बी-लम्बी दूरियों के लिए हवाई जहाज़ है ही, जो रेल से सस्ता भी है और बहुत ज़्यादा तेज़-रफ्तारवाला भी। इसमें कोई शक नहीं कि सवारियां व सामान ढोने के लिए हवाई जहाज़ों का उपयोग दिन-पर-दिन तेज़ी के साथ बढ़ता जायगा। इस दिशा में बड़ी भारी प्रगति हो चुकी है और हवाई रास्तों पर चलनेवाले ख़ूब बड़े-बड़े हवाई-जहाज़ एक महाद्वीप से दूसरे महाद्वीप को बराबर आने-जाने लगे हैं। पश्चिमी एशिया फिर से इन बड़े हवाई रास्तों का चौराहा बन गया है, और बग़दाद तो इनका ख़ास केन्द्र हो गया है। लन्दन से भारत जानेवाले 'ब्रिटिश इम्पीरियल एयरवेज़' के हवाई जहाज़ बग़दाद होकर जाते हैं; इसी तरह डच के० एल० एम० के एम्स्टरडम से बटाविया जानेवाले हवाई जहाज़ और 'एयर फ्रान्स' के पैरिस से हिन्द-चीन जानेवाले फ्रान्सीसी हवाई जहाज़ भी बग़दाद से गुज़रते हैं। मास्को व ईरान को भी बग़दाद से हवाई-जहाज़ जाते-आते हैं। चीन व सुदूर-पूर्व जानेवाले हवाई मुसाफ़िर को बग़दाद होकर जाना पड़ता है। बग़दाद से हवाई जहाज़ क़ाहिरा भी जाते हैं, और वहां केपटाउन जानेवाले अफ्रीकी हवाई जहाज़ों से मिलान करते हैं।

हवाई जहाज़ चलानेवाली ज़्यादातर कम्पनियां घाटे में चल रही हैं, और इनकी अपनी-अपनी सरकारें इन्हें रुपये की भरपूर सरकारी सहायता देती हैं; क्योंकि साम्राज्यों के लिए हवाई ताक़त आज सबसे ज़्यादा महत्व की चीज़ है। हवाई ताक़त की बढ़ोतरी के साथ-साथ समुद्री-ताक़त का महत्व बहुत कम हो गया है। इंग्लैण्ड, जिसे अपनी नौ-सेना पर बड़ा घमंड था और जो अपनेको हमलों से बचा हुआ समझता था, अब बचाव के लिहाज़ से टापू नहीं रह गया। हवाई हमलों से उसे उतनी ही जोखम है, जितनी फ्रान्स या दूसरे किसी देश को। इसलिए सारी बड़ी-बड़ी शक्तियां अपनी-अपनी हवाई ताक़त बढ़ाने की धुन में हैं, और समुद्र पर मुक़ाबलेदारी की जगह अब हवाई मुक़ाबलेदारी ने ले ली है। शान्ति-काल में हर देश हवाई मुसाफ़िरी को बढ़ावा और सरकारी सहायता देता है, क्योंकि इसके जरिये ट्रेनिंग पाये हुए हवाबाज़ों की सेना तैयार हो जाती है, जिनका युद्ध-काल में इस्तेमाल किया जा सकता है। असैनिक उड़ान से फौजी उड़ान के विकास में मदद मिलती है। इसलिए असैनिक उड़ान का बड़ी तेज़ी से विकास हो रहा है, और यूरोप व अमेरिका में हवाई आमद-रफ़्त के सैकड़ों सिलसिले चल रहे हैं। इस मामले में संयुक्तराज्य अमेरिका शायद सबसे आगे है। सोवियत

संघ में भी खूब प्रगति हुई है और इसके विशाल प्रदेशों में एक सिरे से दूसरे सिरे तक आमद-रफ़्त के बहुत सिलसिले चल रहे हैं।

हवाई शक्ति के इस युग में पश्चिमी एशिया ने नया महत्व हासिल कर लिया है। वजह यह है कि दूर-दूर देशों को जानेवाले हवाई रास्ते यहीं मिलान करते हैं। पश्चिमी एशिया ने संसार की राजनीति में फिर क़दम रक्खा है, और यह महाद्वीपों के आपसी सरोकार के मामलों की चूल बन गया है। इसका मतलब यह भी है कि पश्चिमी एशिया बड़ी-बड़ी शक्तियों की आपसी रगड़-झगड़ और लड़ाई का अखाड़ा बन गया है, क्योंकि इनकी हविसें टकराती हैं और हरेक शक्ति इस कोशिश में रहती है कि दूसरी को धोखा देकर आगे निकल जाय। अगर हम यह ध्यान में रख लें, तो हम उस नीति को समझ सकते हैं जिसने मध्य-पूर्व व दूसरे देशों में इंग्लैण्ड व दूसरी शक्तियों की कार्रवाइयों को ढाला है।

भारत को जानेवाले इस नये बड़े रास्ते में पड़ने के अलावा मोसल में तेल है, और हवाई ताक़त के इस युग में तेल का महत्त्व इतना ज़्यादा बढ़ गया है, जितना पहले कभी नही था। इराक़ में तेल के महत्वपूर्ण कुए हैं, और जैसा कि हम देख चुके हैं, यह महाद्वीपों के बीच चलनेवाली हवाई प्रणाली के ठीक बीच में है। इसीलिए इराक़ पर क़ाबू रखने का अंग्रेज़ों के लिए बड़ा भारी महत्व है। ईरान में भी लम्बे-चौड़े तेल-क्षेत्र हैं, जिनमें से ऐंग्लो-पर्शियन आयल कम्पनी बहुत अर्से से तेल निकालकर फ़ायदा उठा रही है। इस कम्पनी में ब्रिटिश सरकार के भी कुछ हिस्से हैं। तेल व पेट्रोल का महत्व बढ़ता जा रहा है, और साम्राज्यशाही नीतियों पर असर डाल रहा है। सच तो यह है कि आज की साम्राज्यशाही को कभी-कभी 'तेल की साम्राज्यशाही' भी कहा जाता है।[1]

इस पत्र में हमने कुछेक उन कारणों पर विचार किया है, जिन्होंने मध्य-पूर्व को नया महत्व दे दिया है और उसे संसार की राजनीति के भंवर में दुबारा ला पटका है। लेकिन इस सबके पीछे सारे एशियाई पूर्व की चेतना है।

: १६६ :

अरब-देश—सीरिया

२८ मई, १९३३

हम देख चुके है कि आम तौर पर एक-सी भाषा व परम्पराओंवाले देशों

---

[1] **यहां तेल से अभिप्राय खनिज तेल से है, जिसमें से मिट्टी का तेल, पेट्रोल वग़ैरा अनेक आवश्यक चीजें निकलती हैं। यह तेल जमीन में छेद किये हुए कुओं में से निकाला जाता है।**


अरब देश
ईरान
मोसल
खिकंक
दजला
बग़दाद
बसरा
फ़ुरात
इराक़
सीरिया
तुर्की
ऐलप्पो
दमिश्क
बेरूत
हैफ़ा
जरूसलम
ट्रांस जार्डन
रेगिस्तान
सउदी अरब
अक़बा
स्वेज़

में रहनेवाले अलग-अलग लोगों को एक डोरी में बांधने और मज़बूत बनाने में राष्ट्रीयता कितना ज़ोरदार बल रही है। लेकिन जहां यह राष्ट्रीयता किसी एक समुदाय को एक डोरी में बांधती है, वहां दूसरे समुदायों से उसका भेद जता देती है और उसे ज़्यादा अलग कर देती है। मिसाल के लिए, राष्ट्रीयता ने फ्रान्स को एक मज़बूत, ठोस राष्ट्रीय इकाई बना दिया है, जो कसकर बंधा हुआ है और बाकी दुनिया को ऐसे देख रहा है मानो वह कोई दूसरी तरह की चीज़ हो; इसी तरह इसने जुदा-जुदा जर्मन क़ौमों को मिलाकर एक ताकतवर जर्मन राष्ट्र बना दिया है। पर फ्रान्स व जर्मनी का इस तरह अलग-अलग बंध जाना ही दोनों को एक दूसरे से और भी ज़्यादा जुदा कर रहा है।

जिस देश में अपनी अपनी खासियत रखनेवाले कई राष्ट्रीय समुदाय होते हैं, वहां राष्ट्रीयता अक्सर फूट डालनेवाले बल का काम करती है, जो देश को मज़बूत बनाने और एक डोरी में बांधने के बजाय सचमुच उसे कमज़ोर कर देता है और उसे टूक-टूक करने लगता है। महायुद्ध से पहले आस्ट्रिया-हगरी का साम्राज्य कई छोटी-छोटी राष्ट्रीय इकाइयों का ऐसा ही देश था, जिनमें से दो, यानी जर्मन-आस्ट्रियाई व हगेरियाई, तो प्रधान थीं और बाक़ी उनकी मोहताज थीं। इसलिए राष्ट्रीयता की बढ़ोतरी ने आस्ट्रिया-हंगरी को कमज़ोर कर दिया, क्योंकि उसने हरेक राष्ट्रीय इकाई में अलग-अलग ताज़ा ज़िन्दगी भर दी, और इसके साथ उनमें आज़ादी की तमन्ना पैदा हुई। युद्ध ने मामले को और भी बिगाड़ दिया, और जब युद्ध के बाद हार सामने आई, तो देश छोटे-छोटे टुकड़ों में बंट गया, और हर राष्ट्रीय क्षेत्र एक अलग राज्य बन गया (यह बटवारा कुछ अच्छा या सही नहीं था, पर यहां हमें इसके ब्यौरे में जाने की ज़रूरत नही है)। दूसरी ओर, करारी हार के बावजूद भी, जर्मनी के टुकड़े नहीं हुए। राष्ट्रीयता के ज़बर्दस्त दबाव के नीचे वह आफ़त में भी बंधा रहा।

महायुद्ध से पहले, आस्ट्रिया-हंगरी की भांति तुर्की भी कई राष्ट्रीय इकाइयों का जमघट था। बलकानी नस्लों के अलावा वहां अरबी, आर्मीनियाई, वग़ैरा नस्लें भी थीं। इसलिए इस साम्राज्य में भी राष्ट्रीयता फूट डालनेवाला बल साबित हुई। सबसे पहले बलकान देशों पर इसका असर पड़ा, और उन्नीसवीं सदी में शुरू से अख़ीर तक तुर्की को, यूनान से शुरू करके, सब बलकानी नस्लों के साथ बारी-बारी से लड़ना पड़ा। बड़ी शक्तियों ने, और खासकर ज़ारशाही रूस ने, इस उगती हुई राष्ट्रीयता से फ़ायदा उठाने की कोशिश की और उसके साथ सांठ-गांठ की। उन्होंने आर्मीनियाई लोगों को उस्मानी साम्राज्य को कमज़ोर बनाने का और उसपर हथौड़े चलाने का औज़ार भी बनाया, और इसीलिए तुर्की सरकार और आर्मीनियाई लोगों में बार-बार लड़ाइयां हुई, जिनके सबब से ख़ूनी हत्या-

कांड हुए। बड़ी शक्तियों ने इन आर्मीनियाई लोगों को अपने स्वार्थ के लिए इस्तेमाल करके प्रचार का साधन बनाया। पर महायुद्ध के बाद जब इनका कोई काम नहीं रहा, तो उन्होंने इन्हें अपने भाग्य के भरोसे छोड़ दिया। बाद में आर्मीनिया, जो काले सागर से लगा हुआ तुर्की के पूर्व में है, एक सोवियत गणराज्य बन गया और रूसी सोवियत संघ में शामिल हो गया।

तुर्की उपनिवेशों के अरबी भागों को चेतन होने में ज़्यादा वक़्त लगा, हालांकि अरबों व तुर्कों में बहुत आपसी मन-मुटाव था। सबसे पहले संस्कृति की चेतना पैदा हुई और अरबी भाषा व साहित्य में फिर से जान पड़ी। इसकी शुरुआत सीरिया में १८६० ई० के लगभग ही हो गई थी, और फिर यह चीज़ मिस्र व दूसरे अरबी भाषा-भाषी देशों में फैली। तुर्की में १९०८ ई० की नौजवान तुर्क क्रान्ति और सुल्तान अब्दुल हमीद के पतन के बाद राजनैतिक आन्दोलन ज़ोर पकड़ने लगा। अरबी मुसलमानों व ईसाइयों दोनों में राष्ट्रवादी भावनाएं ज़ोर पकड़ने लगीं, और अरबी देशों को तुर्की-राज से आज़ाद करने और उन्हें मिलाकर एक राज्य बनाने का ख़याल शकल लेने लगा। हालांकि मिस्र अरबी भाषा-भाषी देश था, पर राजनैतिक लिहाज़ से वह बहुत-कुछ अलग-सा था। इसलिए इस सोचे गये अरबी राज्य में, जिसमें अरब, सीरिया, फिलस्तीन व इराक़ को शामिल करने का इरादा था, मिस्र के शरीक होने की आशा नहीं की गई थी। अरब लोग यह भी चाहते थे कि ख़लीफ़ा के पद को उस्मानी सुल्तान से हटाकर किसी अरबी राजवंश में लाया जाय, जिससे दीन इस्लाम की नेतागिरी फिर उनके हाथ में आ जाय। इस चीज़ को भी मज़हबी क़दम की बनिस्बत राष्ट्रीय क़दम ही ज़्यादा माना गया,—ऐसा क़दम जो अरबों के महत्व और शान को चार चांद लगानेवाला था। इसलिए सीरिया के ईसाई अरबों तक ने इसका समर्थन किया।

इंग्लैण्ड ने महायुद्ध के पहले से ही इस अरबी राष्ट्रवादी आन्दोलन के साथ सांठ-गांठ शुरू कर दी थी। युद्धकाल में एक महान अरबी सल्तनत के बारे में तरह-तरह के वादे किये गए, और मक्का के शरीफ़ हुसैन ने अपने सामने लटकी हुई इस आशा से लुभाकर अंग्रज़ों का साथ दिया और तुर्कों के ख़िलाफ़ अरबों की बग़ावत खड़ी की कि वह एक बड़ा शासक व ख़लीफ़ा बन जायगा। सीरिया के मुसलमान व ईसाई अरबों ने बग़ावत में शरीफ़ हुसैन का साथ दिया, और उनके कई नेताओं को इसकी कीमत अपनी जानें देकर चुकानी पड़ी, क्योंकि तुर्कों ने इन्हें फांसी पर लटका दिया। ये लोग मई की ६ तारीख को दमिश्क और बेरूत में फांसियों पर चढ़ाये गए थे, और तबसे इन राष्ट्रीय शहीदों की याद में यह दिन सीरिया में अभी तक मनाया जाता है।

अरबों का यह विद्रोह सफल हो गया; ब्रिटिश सरकार ने इसे रुपये की सहायता की थी, और अंग्रेज़ों के एक निराले व पोशीदा आदमी और ख़ुफ़िया विभाग के एजेण्ट कर्नल लारेंन्स का इसमें ख़ास हाथ था। युद्ध ख़तम होते-होते, तुर्कों के लगभग सारे अरबी उपनिवेश अंग्रेज़ों के इख़्तियार में आ गये थे। तुर्की साम्राज्य टूक-टूक हो गया था। मै तुम्हें बतला चुका हूं कि मुस्तफ़ा कमाल का, तुर्कों की स्वाधीनता के लिए अपनी लड़ाई में, ग़ैर-तुर्की प्रदेशों पर (कुर्दिस्तान के कुछ भाग के सिवा) कब्ज़ा जमाने का इरादा कभी नहीं रहा। उसने ख़ास तुर्की पर ही जमे रहकर बड़ी अक्लमंदी का काम किया।

इसलिए युद्ध के बाद इन अरबी देशों के भविष्य का निपटारा जरूरी हो गया। विजयी मित्र-राष्ट्रों ने, या यों कहो कि ब्रिटिश व फ्रान्सीसी सरकारों ने, ईमानदारी का ढोंग रचकर इन देशों के बारे में यह ज़ाहिर किया कि उनका इरादा था "अर्से से तुर्कों से सताई हुई क़ौमों की पूरी और साफ़-साफ़ मुक्ति, और ऐसी राष्ट्रीय सरकारों व प्रशासनों की स्थापना, जिनकी सत्ता उनके मूल निवासियों की पहल व स्वतंत्र पसंद में से निकलती हो"। इस ऊंचे इरादे को पूरा करने के लिए इन दोनों सरकारों ने इन अरबी राज्यों के बड़े भाग की आपस में बन्दर-बांट शुरू कर दी। फ्रान्स और इंग्लैण्ड को, राष्ट्रसंघ के आशीर्वाद के साथ, 'फ़रमान' जारी कर दिये गए, जो साम्राज्यशाही शक्तियों का प्रदेश हड़पने का नया तरीका था। फ्रान्स को सीरिया मिला; इंग्लैण्ड को फ़िलस्तीन और इराक़ मिल गये। अरब का सबसे बढ़िया हिस्सा हिजाज़, इंग्लैण्ड के पिट्ठू मक्का के शरीफ़ हुसन के मातहत कर दिया गया। इस तरह एक अकेला अरबी राज्य बनाने के वादों के बावजूद, इन अरबी प्रदेशों को अलग-अलग 'फरमानों' के अधीन अलग-अलग क्षेत्रों में बांट दिया गया। हिजाज़ का एक राज्य अलबत्ता ऊपर से स्वाधीन था, पर वास्तव में वह अंग्रेज़ों के अधीन था। इन बंटवारों से अरब लोगों को भारी निराशा हुई और उन्होंने इन्हें अटल मानने से इन्कार कर दिया। लेकिन उन्हें तो अभी और भी अचम्भे और निराशाएं देखना बाकी थीं, क्योंकि इन लोगों पर ज़्यादा आसानी से राज करने के लिए, हर 'फरमान' की हदों के भीतर वही पुरानी साम्राज्यशाही भेदनीति बरती जाने लगी। अब इन देशों में से हरेक पर अलग-अलग ग़ौर करना आसान होगा। इसलिए सबसे पहले मैं फ्रान्सीसी 'फरमान' सीरिया को लेता हूं।

१९२० ई० के शुरू में सीरिया में, अंग्रेज़ों की मदद से अमीर फ़ैसल (हिजाज़ के शाह हुसैन का पुत्र) के अधीन एक अरबी सरकार क़ायम की गई। सीरियाई राष्ट्रीय कांग्रेस का एक अधिवेशन हुआ और उसने संयुक्त सीरिया के लिए एक लोकतंत्री संविधान का मसविदा पास किया। लेकिन यह तो कुछ ही महीनों का

तमाशा था, क्योंकि १९२० ई० की गर्मियों में फ्रान्सीसी अपनी जेब में राष्ट्रसंघ का सीरिया के लिए 'फरमान' लेकर आ धमके, और उन्होंने फ़ैसल को निकाल बाहर किया और देश पर ज़बर्दस्ती कब्ज़ा कर लिया। सब मिलाकर भी सीरिया एक छोटा-सा देश है, जिसकी आबादी तीस लाख से कम है। लेकिन फ्रान्सीसियों के लिए यह बर्रों का छत्ता साबित हुआ, क्योंकि अब जब मुसलमान व ईसाई दोनों सीरियाई अरबों ने स्वाधीनता का फैसला कर लिया था, तब वे किसी दूसरी शक्ति की हुकूमत को आसानी से कैसे मंज़ूर कर सकते थे ! बस, वहां लगातार झगड़ा-फसाद रहने लगा और जगह-जगह बलवे होने लगे और सीरिया में फ्रान्सीसियों का राज चलाने के लिए बड़ी भारी फ्रान्सीसी सेना की ज़रूरत पड़ गई। तब फ्रान्सीसी सरकार ने, साम्राज्यशाही के हस्ब-मामूल दाव-पेंच चलाये, और देश को और भी छोटे-छोटे राज्यों में बांटकर और मज़हबी व अल्पसंख्यक मतभेदों को महत्व देकर सीरियाई राष्ट्रीयता को कमज़ोर करने का जतन किया। "राज करने के लिए फूट डालने' की यह नीति इरादा करके अपनाई गई थी, और करीब-करीब सरकारी तौर पर ज़ाहिर कर दी गई थी।

सीरिया पहले ही छोटा-सा देश था; अब उसे पांच अलग-अलग राज्यों में बांट दिया गया। पश्चिमी समुद्र-तट पर लबनान पहाड़ों के नज़दीक लबनान का राज्य बना दिया गया। यहां की आबादी में ज़्यादा संख्या ईसाइयों के मैरोनाइट सम्प्रदाय की थी। इन लोगों को सीरियाई अरबों के ख़िलाफ़ अपनी तरफ़ मिलाने के लिए, फ्रान्सीसियों ने ख़ास दर्जा दे दिया।

लबनान के उत्तर में, समुद्र के ही किनारे, पहाड़ों में, जहां अलावी नामक मुसलमान क़ौम निवास करती थी, एक और छोटा-सा राज्य बना दिया गया। इसके भी और आगे उत्तर में अलेग्ज़ैण्ड्रेटा नामक तीसरा राज्य क़ायम किया गया; यह तुर्की से लगा हुआ था और इसके निवासी ज़्यादातर तुर्की भाषा-भाषी लोग थे।

इस तरह कट-छंटकर जो ख़ास सीरिया रह गया, वह अपने सबसे ज़्यादा उपजाऊ ज़िलों से महरूम था, और इससे भी ज़्यादा ख़राबी की बात यह थी कि समुद्र से वह बिल्कुल कट गया था। हज़ारों वर्षों से सीरिया भूमध्य सागर के किनारों के बड़े देशों में गिना जाता था, लेकिन अब यह प्राचीन रिश्ता टूट गया और उसे उजाड़ रेगिस्तान से नाता जोड़ना पड़ा। यही नहीं बल्कि इस बचे-खुचे सीरिया में से भी एक पहाड़ी टुकड़ा अलग करके जबल-उद्-द्रूज़ नामक अलग राज्य बना दिया गया, जहां कबीलोंवाली द्रूज़ क़ौम बसती थी।

सीरियावासी शुरू से ही फ्रान्सीसी 'फरमान' को चुपचाप सहन करन को तैयार नहीं थे। वहां मुठभेड़ें और बड़े-बड़े प्रदर्शन हुए, जिनमें अरब स्त्रियों ने

भाग लिया। फ्रान्सीसियों न इनका बड़ी सख़्ती से दमन किया। देश के बंटवारे ने, और मज़हबी व अल्पसंख्यक समस्याएं खड़ी करने के जान-बूझकर किये गए प्रयत्न ने, मामला और भी बिगाड़ दिया और असंतोष बढ़ने लगा। इसे दबाने के लिए फ्रान्सीसियों ने, भारत में अंग्रेज़ों के ढंग पर, व्यक्तिगत व राजनैतिक आज़ादी पर पाबन्दियां लगा दीं, और देश-भर में अपने भेदियों व ख़ुफिया विभाग के आदमियों का जाल फैला दिया। उन्होंने ऐसे 'वफ़ादार' सीरियाइयों को सरकारी ओहदों पर मुकर्रर किया, जिनका जनता पर कोई असर नहीं था और जिन्हें उनके देशवासी आम तौर पर ग़द्दार समझते थे। अलबत्ता यह सब ख़ूब नेक-नीयती का ढोंग रचकर किया गया, और फ्रान्सीसियों ने घोषणा की कि वे "सीरियाइयों को राजनीति में समझदार बनाने के लिए और स्वाधीनता के लिए तैयार करना अपना फ़र्ज़" समझते हैं। यह फ़िक़रा भारत में भी खूब जाना-पहचाना है।

मामला नाज़ुक होता जा रहा था, ख़ासकर जबल-उद्-द्रूज़ के लड़ाकू व कुछ-कुछ आदिम निवासियों में (जो हमारे उत्तर-पश्चिमी सीमान्त के कबीलों से मिलते-जुलते हैं)। फ्रान्सीसी गवर्नर ने इन द्रूजों के नेताओं के साथ बड़ी गन्दी चाल खेली। उसने इन्हें बुलाया और फिर क़ैद करके बन्धक बनाकर रख लिया। यह घटना १९२५ ई० की गर्मियों में हुई, और जबल-उद्-द्रूज़ में फौरन बलवा फूट पड़ा। यह मुक़ामी विद्रोह सारे देश में फैल गया, और सीरिया की आज़ादी व एकता के लिए आम बग़ावत बन गया।

सीरिया की स्वाधीनता का यह युद्ध एक निराली चीज़ था। भारत के दो या तीन ज़िलों के आकार का यह छोटा-सा देश उस फ्रान्स से लड़ने को खड़ा हो गया, जो उस समय संसार की सबसे ज़बर्दस्त फ़ौजी शक्ति था। यह तो सही है कि सीरियाई लोग फ्रान्स की बेशुमार और साज़-सामान से पूरी तरह लैस सेनाओं से जमकर लड़ाइयां नहीं लड़ सकते थे, पर उन्होंने इनका देहाती इलाकों पर क़ब्ज़ा रखना मुश्किल कर दिया। फ्रान्सीसियों के क़ब्ज़े में सिर्फ़ बड़े-बड़े नगर थे, और इनपर भी सीरियाई लोग अक्सर छापे मारते रहते थे। फ्रान्सीसियों ने हज़ारों को गोलियों से भूनकर और बहुत-से गांवों को आग लगाकर लोगों में दहशत फैलाने का भरसक प्रयत्न किया। अक्तूबर, १९२५ ई०, में दश्मिक के मशहूर पुराने शहर पर भी बम बरसाये गए और उसका बहुत-सा हिस्सा तबाह कर दिया गया। सारा-का-सारा सीरिया फ़ौजी छावनी बन गया था। पर यह सबकुछ होते हुए भी उपद्रव दो साल तक नहीं दबा। आख़िरकार फ्रान्स की ज़बर्दस्त फ़ौजी मशीन ने इसे कुचल दिया, पर सीरियाइयों की महान कुर्बानियां अकारथ नहीं थीं। उन्होंने अपनी आज़ादी का हक़ साबित कर दिया था, और दुनिया जान गई थी कि वे किस मसाले के बने हुए थे।

ग़ौर करने की दिलचस्प बात यह है कि फ्रान्सीसियों ने तो इस उपद्रव को मज़हबी रंग देने की कोशिश की और ईसाइयों को द्रूज़ों से लड़ाना चाहा, पर सीरियाइयों ने साफ़ कह दिया कि वे तो राष्ट्रीय आज़ादी के लिए लड़ रहे थे, किसी मज़हबी मक़सद के लिए नहीं। उपद्रव के ठेठ शुरू में ही द्रूज़ प्रदेश में एक कामचलाऊ सरकार क़ायम कर ली गई थी। इस सरकार ने एक घोषणा जारी की, जिसमें जनता से अपील की गई थी कि वह स्वाधीनता के युद्ध में शरीक होकर "एक व अखंड सीरिया के लिए स्वाधीनता" हासिल करे, "संविधान का मसौदा बनाने के लिए संविधान-सभा का आज़ाद चुनाव हो, देश में दख़ल जमानेवाली विदेशी सेना हटाई जाय, और सुरक्षा का ज़िम्मा लेने के लिए तथा फ्रान्सीसी क्रान्ति व मानव-अधिकारों के उसूलों को लागू करने के लिए एक राष्ट्रीय सेना तैयार की जाय"। मतलब यह कि फ्रान्सीसी सरकार और फ्रान्सीसी सेना ने ऐसी क़ौम को दबाने की कोशिश की, जो फ्रान्सीसी क्रान्ति के उसूलों के लिए और उसके ऐलान किये हुए हक़ों के लिए लड़ रही थी!

१९२८ ई० के शुरू के दिनों में ही सीरिया में फ़ौजी शासन खतम हो गया; अख़बारों पर से सेन्सर भी हटा लिया गया। बहुत-से राजनैतिक बन्दी रिहा कर दिये गए। राष्ट्रवादियों की मांग के मुताबिक़ संविधान का मसौदा बनाने के लिए एक संविधान-सभा बनाई गई। लेकिन अलग-अलग मज़हबी निर्वाचक मंडलों का जाल रचकर (जैसा कि आजकल भारत में है), फ्रान्सीसियों ने आफ़त के बीज बो दिये। मुसलमानों, यूनानी कैथलिकों, यूनानी कट्टर-पंथी ईसाइयों और यहूदियों के लिए अलग-अलग परकोटे बना दिये गए और हर मतदाता को अपने ही मज़हबी तबके के आदमी को वोट देने के लिए मजबूर किया गया। दमिश्क में एक विचित्र और आंखें खोलनेवाली सूरत पैदा हो गई। राष्ट्रवादियों का नेता प्रोटेस्टैण्ट ईसाई था। प्रोटेस्टैण्ट होने के नाते वह किसी ख़ास निर्वाचक-मंडल में नहीं आता था, और इसलिए चुना ही नहीं जा सकता था, हालांकि वह दमिश्क के सबसे ज़्यादा लोकप्रिय आदमियों में गिना जाता था। मुसलमानों ने अपनी दस सीटों में से एक सीट खाली करने की तैयारी दिखाई ताकि वह प्रोटेस्टैण्टों को दी जा सके, पर फ्रान्सीसी सरकार इसपर राज़ी नहीं हुई।

फ्रान्सीसियों की इन तमाम कार्रवाइयों के बावजूद संविधान-सभा पर राष्ट्रवादियों का क़ब्ज़ा हो गया, और उन्होंने सीरिया के लिए स्वाधीन व प्रभु-राज्य के संविधान का मसौदा बनाया। इसके मुताबिक़ सीरिया ऐसा गणराज्य बननेवाला था, जिसमें सारी सत्ता का स्रोत जनता थी। इस संविधान में फ्रान्सीसियों का या उनके 'फरमान' का कहीं ज़िक्र भी न था। फ्रान्सीसियों ने इसपर अपना विरोध ज़ाहिर किया, मगर संविधान-सभा टस-से-मस न हुई, और महीनों तक खींच-

तान होती रही। अन्त में फ्रान्सीसी हाई कमिश्नर ने सुझाव रक्खा कि इस संविधान को सिर्फ एक कामचलाऊ दफ़ा के साथ पास कर दिया जाय; और वह यह कि जब तक 'फरमान' चलता रहे तबतक संविधान की किसी दफा को ऐसे लागू न किया जाय कि वह 'फरमान' के मातहत फ्रान्स की ज़िम्मेदारियों के खिलाफ़ पड़े। यह कुछ गोलमोल बात थी, पर फिर भी फ्रान्सीसियों की तो इसमें बड़ी हेठी होती थी। लेकिन संविधान-सभा यह बात भी मानने को तैयार नहीं हुई। निदान, मई, १९३० ई०, में फ्रान्सीसी सरकार ने संविधान-सभा को भंग कर दिया और साथ ही संविधान का अपना तैयार किया हुआ मसौदा ज़ाहिर कर दिया, जिसमें वह कामचलाऊ दफ़ा जोड़ दी गई थी।

इस तरह ख़ास सीरिया जो कुछ चाहता था, उसका बड़ा हिस्सा हासिल करने में सफल हो गया। मगर न तो उसने अपनी किसी एक भी मांग को समझौते की ख़ातिर ढीली किया और न छोड़ा। दो चीज़ें रह गई थीं—एक तो 'फरमान' का अन्त, जिसके साथ कामचलाऊ दफ़ा भी ख़तम हो जाती; दूसरी सीरिया की एकता का बड़ा सवाल। इनके अलावा वैसे यह संविधान प्रगति की तरफ़ ले जानवाला है, और ऐसा बनाया गया है कि देश पूरी तरह आज़ाद हो जाय। अपने महान् विद्रोह में सीरियाइयों ने अपनेको बहादुर और हठी लड़ाके साबित कर दिया, और बाद में समझौते की बातचीत में भी वे उतने ही पक्के इरादेवाले और अटल बने रहे, और उन्होंने पूरी आज़ादी की अपनी मांग को ज़रा भी मुलायम करने या शर्तों में बांधने से इन्कार कर दिया।

नवम्बर, १९३३ ई०, में फ्रान्स ने सीरिया के 'डिपुटियों के चैम्बर' के सामने एक सन्धि रक्खी। इस चैम्बर में ऐसे लोग भर दिये गए थे, जो फ्रान्स की तरफ़ झुके हुए थे। इसमें फ्रान्सीसी सरकार के हिमायती नरमदली लोगों का बहुमत था। लेकिन इसपर भी चैम्बर ने इस सन्धि को ठुकरा दिया। इसकी वजह यह थी कि फ्रान्स एक तो इसपर अड़ा हुआ था कि सीरिया का पांच राज्यों में मौजूदा बंटवारा बना रहे और दूसरे यह कि सीरिया में उसकी छावनियां, बारकें, हवाई अड्डे और फ़ौजें क़ायम रहें।

टिप्पणी (अक्तूबर १९३८) :

चेकोस्लोवाकिया में नात्सियों की शानदार जीत ने, और यूरोप पर जर्मनी के बढ़ते हुए दबदबे ने और उपनिवेशों के लिए उसकी मांग ने, संसार-भर में एक नई सूरत पैदा कर दी है। फ्रान्स अब बड़ी शक्तियों की दूसरी कतार में हो गया है, और इतने लम्बे-चौड़े समुद्रपार साम्राज्य को ज़्यादा दिनों तक नहीं सम्भाल सकता। फिलस्तीन में जो मुश्किलें पैदा हो गई हैं, उनके सबब से यह सुझाव दिया जा रहा

है कि सीरिया और फिलस्तीन और ट्रान्स-जॉर्डन को एक करके उनका अरब-संघ बनाया जा सकता है।

: १६७ :

फ़िलस्तीन और ट्रान्स-जॉर्डन

२९ मई, १९३३

सीरिया से लगा हुआ फ़िलस्तीन है, जिसपर ब्रिटिश सरकार को राष्ट्रसंघ से 'फरमान' मिला हुआ है। यह देश तो और भी छोटा है, जिसकी आबादी दस लाख से भी कम है, लेकिन जो अपने पुराने इतिहास और लगावों की वजह से लोगों का ध्यान बहुत खीचता है। क्योंकि यह यहूदियों व ईसाइयों, दोनों की पवित्र-भूमि है, और कुछ हद तक मुसलमानों की भी है। इसके निवासी ज़्यादातर मुसलमान अरब हैं, और वे आज़ादी की और सीरिया के अपने अरब-भाइयों के साथ एकता की मांग करते हैं। लेकिन अंग्रेज़ों की नीति ने यहां यहूदियों की ख़ास अल्पसंख्यक समस्या खड़ी कर दी है। ये यहूदी अंग्रेज़ों का पक्ष लेते हैं और फिलस्तीन की आज़ादी का विरोध करते हैं, क्योंकि उन्हें डर है कि इससे वहां अरबी राज हो जायगा। अरब और यहूदी अलग-अलग दिशाओं में ज़ोर लगा रहे हैं, इसलिए आपसी मुठभेड़ें हो जाना लाज़िमी है। अरबों की तरफ़ उनकी बड़ी संख्या है; दूसरी तरफ़ रुपये के ज़बर्दस्त साधन हैं और यहूदी कौम का संसार-व्यापी संगठन है। इसलिए इंग्लैण्ड यहूदी मज़हबी राष्ट्रीयता को अरब राष्ट्रीयता के मुकाबले में खड़ी कर रहा है, और दुनिया में दिखावा यह करता है कि बीच-बचाव करनेवाले की हैसियत से और दोनों के बीच अमन रखने के लिए उसका वहां बना रहना ज़रूरी है। यह वही पुराना खेल है, जिसे हम साम्राज्यशाही हुकूमत के मातहत दूसरे देशों में देख चुके हैं; यह अनोखी बात है कि इसे बार-बार दोहराया जाता है।

यहूदी लोग बड़ी निराली क़ौम हैं। शुरू-शुरू में फ़िलस्तीन में इनका छोटा-सा कबीला था, या कई कबीले थे, और इनकी पहले की कहानी बाइबिल के पुराने अहदनामे (तौरात) में बयान की गई है। वे बड़े ही मग़रूर थे, और यह समझते कि वे 'खुदा की प्यारी क़ौम' हैं। लेकिन इस तरह की मग़रूरी में लगभग सभी कौमें फंसी हुई हैं। यहूदियों को बार-बार जीता गया, उनका दमन किया गया और उन्हें ग़ुलाम बनाया गया, और बाइबिल के सही माने गये अनुवाद में इन यहूदियों के जो गीत और विलाप दिये हुए हैं, वे अंग्रेज़ी भाषा की सबसे सुन्दर और मर्मस्पर्शी कविताओं में गिने जाते हैं। मेरा ख़याल है कि मूल हिब्रू भाषा में वे इतने ही या इससे ज़्यादा सुन्दर होंगे। एक भजन की कुछ सतरें मैं यहां देना चाहता हूं :

"बाबोलन के समुद्रतट पर हम बैठ गये और विलाप करने लगे : उस समय ऐ जा यन[1] हमें तेरी याद आई।

अपने सुरमंडलों[2] को हमने लटका दिया : उन पेड़ों पर जो वहीं थे।

क्योंकि जो हमें बन्दी बनाकर हांक ले गये थे, वे हमसे, हमारी रंजीदा हालत में, एक गीत और राग सुनना चाहते थे : हमें ज़ाइयन का एक गीत सुनाओ।

हम प्रभु का गीत कैसे गावें : एक बिराने देश में ? ऐ जरूशलम, अगर मैं तुझे भूल जाऊं : तो मेरा दाहिना हाथ अपना हुनर भूल जाय।

अगर मैं तुझे याद न करूं, तो मेरी ज़बान तालू से चिपक जाय : हां, अगर हँसी-खेल में भी मैं जरूशलम का तिरस्कार करूं।"

आख़िरकार ये यहूदी संसार-भर में बिखर गये। इनका न तो कोई वतन था और न कोई राष्ट्र, इसलिए जहां-जहां वे गये वहां-वहां उनके साथ नागवार और नापसन्द अजनबियों जैसा बर्ताव किया गया। इन्हें शहरों के ख़ास मोहल्लों में, जिन्हें 'गैटो' कहते थे, दूसरों से बिल्कुल अलग बसाया गया, ताकि ये दूसरों को नापाक न कर दें। कभी-कभी तो इन्हें ख़ास तरह का लिबास पहनने को मजबूर किया जाता था। इन्हें ज़लील किया जाता था, नफ़रतभरे ताने सुनाये जाते थे, भयानक तकलीफें दी जाती थीं, और हत्याकांडों के ज़रिये मौत के घाट उतार दिया जाता था। 'यहूदी' शब्द ही एक गाली, और कंजूस व मक्खीचूस बौहरे का अर्थ रखनेवाला शब्द बन गया है। इतने पर भी यह अद्भुत क़ौम इस सबमें से न सिर्फ़ ज़िन्दा निकल आई, बल्कि अपनी नस्ली व संस्कृति की ख़ास निशानियां भी क़ायम रख सकी, और ख़ूब फूली-फली, और इसने ढेरों महान पुरुषों को जन्म दिया। आज यहूदियों ने वैज्ञानिकों, राजनीतिज्ञों, साहित्यकारों, साहूकारों, व्यापारियों, वग़ैरा में आगे का दर्जा हासिल कर लिया है; यहांतक कि बड़े-से-बड़े समाजवादी और साम्यवादी भी यहूदी रहे हैं। अलबत्ता इनमें ज़्यादातर लोग बहुत मालदार नहीं हैं, ये पूर्वी यूरोप के शहरों में भरे हुए हैं, और समय-समय पर इन्हें 'पोग्रोमों' यानी हत्याकांडों का शिकार बनना पड़ता है। इन बे-घरबार और बे-बचत लोगों ने, ख़ासकर इनमें से ग़रीबों ने उस पुराने जरूशलम के सपने देखना कभी नहीं छोड़ा जो उनकी कल्पना में इतना महान व शानदार दिखाई देता है जितना असलियत में वह कभी रहा ही नहीं। वे जरूशलम को ज़ाइयन कहते हैं और उसे बहिश्त (स्वर्ग) की तरह मानते हैं। ज़ाइयनवाद वही पुरातन की पुकार है, जो इन्हें जरूशलम व फ़िलस्तीन की ओर खींचती है।

[1] Zion or Sion—जरूशलम की एक पहाड़ी, जिसपर हज़रत दाऊद का निवास-स्थान था।

[2] एक प्रकार का तारों का बाजा।

उन्नीसवीं सदी के आख़िरी वर्षों में इस जाइयनवादी आन्दोलन ने धीरे-धीरे उपनिवेश बसाने के आन्दोलन की शकल ले ली, और बहुत-से यहूदी फ़िलस्तीन में बसने को चले गये। इबरानी भाषा को भी फिर से जिलाया गया। महायुद्ध के दौरान में ब्रिटिश सेनाओं ने फिलस्तीन पर धावा किया, और जब वे जरूशलम पर कूच कर रही थीं तब ब्रिटिश सरकार ने, नवम्बर, १९१७ ई०, में एक घोषणा की जो बाल्फ़ोर-घोषणा कहलाती है। उन्होंने ऐलान किया कि उनका इरादा फ़िलस्तीन में 'यहूदी राष्ट्रीय वतन' कायम करने का है। यह घोषणा अन्तर्राष्ट्रीय यहूदी कौम की सद्भावना हासिल करने के लिए की गई थी, और पैसे के लिहाज़ से इसका महत्व भी था। यहूदियों ने इसका स्वागत किया। लेकिन एक छोटी-सी कमी रह गई। मालूम होता है एक ऐसी हक़ीक़त पर ध्यान ही नहीं गया, जो कम महत्व की नहीं थी। फ़िलस्तीन कोई वीरान जंगल या ख़ाली और बे-आबाद जगह नहीं थी। वह तो पहले से ही किसी दूसरों का वतन था। इसलिए ब्रिटिश सरकार ने जो यह फ़ैय्याज़ी दिखाई वह वास्तव में उन लोगों को नुक़सान पहुंचाने-वाली थी, जो फ़िलस्तीन में पहले से ही रहते आये थे। और इन लोगों ने, जिनमें अरब, ग़ैर-अरब, मुसलमान, ईसाई, और वास्तव में सारे ग़ैर-यहूदी शामिल थे, इस घोषणा पर ज़ोरदार विरोध ज़ाहिर किया। यह तो असल में आर्थिक सवाल था। इन लोगों को लगा कि यहूदी लोग तमाम काम-धन्धों में उनका मुक़ाबला करेंगे, और अपनी भारी दौलत के बल पर देश के आर्थिक स्वामी बन जायंगे। उन्हें डर था कि यहूदी लोग उनके मुंह की रोटी और किसान-वर्ग की धरती छीन लेंगे।

तभीसे फ़िलस्तीन की कहानी अरबों और यहूदियों के बीच लड़ाई-झगड़े की कहानी रही है, जिसमें ब्रिटिश सरकार ने हवा के रुख के मुताबिक कभी एक का और कभी दूसरे का पक्ष लिया है; लेकिन आम तौर पर यहूदियों की हिमायत की है। इस देश को बिना स्वराज का ब्रिटिश उपनिवेश माना जाता रहा है। अरबों ने ईसाइयों व दूसरी ग़ैर-यहूदी क़ौमों का सहारा लेकर आत्म-निर्णय के हक़ की और पूरी आज़ादी की मांग रक्खी है। उन्होंने 'फरमान' पर और नये आनेवालों पर इस वजह से सख्त ऐतराज़ किया है कि वहां ज़्यादा लोगों के लिए गुंजायश ही नहीं है। ज्यों-ज्यों यहूदी आवासियों का तांता बंध रहा है, त्यों-त्यों उनका डर व ग़ुस्सा भी बढ़ते जा रहे हैं। अरबों ने साफ़ कह दिया है कि "ज़ाइन-वाद ब्रिटिश साम्राज्यशाही का मददगार है; ज़िम्मेदार ज़ाइनवादी नेता इसपर बराबर ज़ोर देते रहे हैं कि बलवान 'यहूदी राष्ट्रीय वतन' भारत के मार्ग पर पहरा देने के लिए अंग्रेज़ों के लिए बहुत फ़ायदेमन्द होगा, और सिर्फ इस कारण होगा कि वह अरबों की राष्ट्रीय तमन्नाओं को रोकनेवाला बल है।" भारत का नाम कैसी ऊट-पटांग जगहों में उठ खड़ा होता है!

अरब कांग्रेस ने ब्रिटिश सरकार के साथ असहयोग का, और उसके हाथों बनाई जानेवाली विधान-परिषद् के चुनावों के बायकाट का फैसला किया। यह बायकाट बड़ा सफल हुआ, और परिषद् बन ही नहीं सकी। एक तरह के असहयोग की नीति वर्षों चलती रही; फिर वह ज़रा हलकी पड़ गई और कुछ तबकों ने ब्रिटिश सरकार को कुछ सहयोग दिया। मगर इसपर भी अंग्रेज़ लोग चुनी हुई परिषद् नहीं बनवा सके और हाई कमिश्नर सर्व-सत्ताधारी सुल्तान की तरह हुकूमत करने लगा।

१९२८ ई० में जुदा-जुदा अरबी फिरके अरब कांग्रेस में मिलकर फिर एक हो गये, और उन्होंने "अपने हक की तरह" लोकतंत्री पार्लमेण्टी ढंग की सरकार की मांग की। उन्होंने निडर होकर यह भी कह दिया कि "फ़िलस्तीन की जनता मौजूदा निरंकुश उपनिवेशी ढंग की हुकूमत को न तो बर्दाश्त कर सकती है और न करेगी"। अरबी राष्ट्रीयता की इस नई लहर का ध्यान देने लायक पहलू था आर्थिक सवालों पर ज़ोर दिया जाना। यह हमेशा इस बात का चिह्न हुआ करता है कि लोग मौक़े की असलियत के महत्व को दिन-पर-दिन ज़्यादा समझते जा रहे हैं।

अगस्त, १९२९ ई० में बड़े भारी अरब-यहूदी दंगे हुए। इनका असली सबब तो था यहूदियों की बढ़ती हुई दौलत व संख्या की वजह से अरबों में कड़वाहट और डर फैलना, और साथ ही यहूदियों की तरफ़ से अरबों की आज़ादी की मांग का विरोध। लेकिन नज़दीकी सबब उस दीवार का झगड़ा था, जो "विलाप की दीवार"[1] कहलाती है। यह दीवार पुराने ज़माने में हिरोद के मन्दिर के पर-कोटे का हिस्सा थी। इसलिए यहूदियों के लिए यह पवित्र जगह है और वे इसे अपने उन दिनों की यादगार मानते हैं जब वे एक महान क़ौम थे। बाद में इस जगह मस्जिद बना दी गई, और यह दीवार उसीकी इमारत में शामिल कर दी गई। यहूदी लोग इस दीवार के पास प्रार्थना करते हैं, और ज़ोर-ज़ोर से नौहा[2] पढ़ते हैं। इसीलिए इसका नाम "विलाप की दीवार" पड़ गया है। अपनी एक सबसे मशहूर मस्जिद के पास इस नौहा-गरी पर मुसलमान लोग ऐतराज़ करते हैं।

दंगों के दबा दिये जाने के बाद यह झगड़ा दूसरे तरीकों से चलने लगा। और अनोखी बात यह है कि अरबों को इसमें फ़िलस्तीन के सारे ईसाई सम्प्रदायों का समर्थन हासिल था। इसलिए मुसलमानों और ईसाइयों, दोनों ने एक होकर बड़ी-बड़ी हड़तालें और प्रदर्शन किये। स्त्रियों तक ने भी इसमें आगे होकर भाग लिया। इससे ज़ाहिर होता है कि असली झगड़ा मज़हबी नहीं था, बल्कि नये

[1] Wailing Wall.

[2] बाइबिल के पुराने अहदनामे का वह अंश, जिसमें यहूदी कौम का विलाप है।

आनेवालों और पुराने निवासियों के बीच आर्थिक टक्कर थी। ब्रिटिश हुकूमत 'फरमान' के मातहत अपने फर्ज़ पूरे नहीं कर सकी, और ख़ासकर १९२९ ई० के दंगों को न रोक सकी; इसके लिए राष्ट्रसंघ ने उसकी कड़ी निन्दा की।

बस, फ़िलस्तीन असल में एक ब्रिटिश उपनिवेश बना हुआ है, और कुछ बातों में तो मुकम्मिल उपनिवेश से भी बदतर है। और अंग्रेज़ लोग यहूदियों को अरबों के खिलाफ़ अपना मोहरा बनाकर इस हालत को बरक़रार रख रहे हैं। यहां अंग्रेज़ कर्मचारी भरे हुए हैं और तमाम ऊंचे ओहदों को घेरे हुए हैं। जैसाकि अंग्रेज़ों के सब अधीन देशों में होता आया है, यहां भी शिक्षा के लिए कुछ नहीं किया गया है, हालांकि अरब लोग बहुत ही चाहते हैं। यहूदियों के आलीशान स्कूल और कालेज हैं, क्योंकि उनके पास रुपये-पैसे के खूब साधन हैं। यहूदियों की आबादी मुसलमानों की आबादी की लगभग एक-चौथाई तक तो पहुंच ही चुकी है, और उनकी आर्थिक शक्ति भी बहुत ज़्यादा है। वे तो शायद उस दिन की आस लगाये बैठे हैं जिस दिन फ़िलस्तीन में उनकी क़ौम का बोलबाला होगा। राष्ट्रीय आज़ादी व लोकतंत्री शासन के लिए अपनी लड़ाई में अरबों ने यहूदियों का सहयोग हासिल करन की कोशिश की, पर इस प्रस्ताव को यहूदियों ने ठुकरा दिया। उन्होंने विदेशी शासक शक्ति का पक्ष लेने में ही अपना भला समझा है, और इस तरह बहुसंख्यक जनता की आज़ादी रोक रखने में उसे मदद पहुंचाई है। इसलिए ताज्जुब नहीं कि यह बहुमत, जिसमें अरबों की सबसे ज़्यादा संख्या है और ईसाई भी हैं, यहूदियों के इस रुख पर सख़्त नाराज़ है।

ट्रान्स-जॉर्डन

फ़िलस्तीन से लगा हुआ, जॉर्डन नदी के उस पार एक और छोटा-सा राज्य है, जो अंग्रेज़ों की युद्ध के बाद की उपज है। यह ट्रान्स-जॉर्डन कहलाता है। यह नन्हा-सा इलाका रेगिस्तान की सीमा पर है और सीरिया व अरब के बीच में है। इस राज्य की कुल आबादी तीन लाख है, जो किसी बिचले दर्जे के शहर के बराबर भी नहीं है! ब्रिटिश सरकार इसे आसानी से फ़िलस्तीन में शामिल कर सकती थी, पर साम्राज्यशाही नीति मिलाकर एक करने के बजाय बंटवारा करना हमेशा बेहतर समझती है। यह राज्य भारत को जानेवाले खुश्की और हवाई रास्ते में एक महत्वपूर्ण मंजिल की तरह है। रेगिस्तान और पश्चिम में समुद्र तक फैले हुए उपजाऊ प्रदेशों के बीच यह उपयोगी सरहदी राज्य भी है।

छोटा-सा होने पर भी इस राज्य में घटनाओं का वही सिलसिला चलता रहता है जो पड़ौस के बड़े देशों में। यहां भी लोकतंत्री पार्लमेण्ट के लिए मांग है, जो मानी नहीं जाती, प्रदर्शनों का दमन होता है, अखबारों पर सेन्सर है, नेताओं

को देश निकाला है, सरकारी कार्रवाइयों का बायकाट है, वग़ैरा, वग़ैरा। अंग्रेज़ों ने अमीर अब्दुल्ला (हिजाज़ के शाह हुसैन का दूसरा पुत्र और फ़ैसल का भाई) को बड़ी चालाकी से ट्रान्स-जॉर्डन का शासक बना दिया, जो पूरी तरह उनके अंगूठे के नीचे कठपुतली शासक है। लेकिन वह अंग्रेज़ों को जनता से छिपानेवाले परदे का काम देता है। जो कुछ वहां होता है, उसका ज़्यादातर कसूर उसीके सिर मढ़ा जाता है, और जनता उससे बुरी तरह नाराज होती जा रही है। अब्दुल्ला के मातहत ट्रान्स-जॉर्डन वास्तव में कुछ ऐसा ही है जैसे कि हमारी बहुत-सी छोटी-छोटी देशी रियासतें।

फ़र्जी तौर पर तो यह राज्य स्वाधीन है, लेकिन १९२८ ई० में अब्दुल्ला ने ब्रिटिश सरकार के साथ जिस सन्धि पर दस्तख़त किये थे, उसके मुताबिक़ इंग्लैण्ड को तरह-तरह की फ़ौजी व हद्दसरी ख़ास रियायतें दे दी गई हैं। अंग्रजों की छत्रछाया में नये नमूने की जो स्वाधीनता गुलज़ार होती है, उसकी यह छोटे पैमाने पर एक और मिसाल है। मुसलमान और ईसाई दोनों ही इस सन्धि से, और आम तौर पर इस हालत से, बुरी तरह नाराज़ हैं। सन्धि के ख़िलाफ़ ज़ोरदार हलचल दबा दी गई, यहांतक कि इसका समर्थन करनेवाले अख़बार भी बन्द कर दिये गए, और जैसा कि मैं ऊपर लिख चुका हूं, नेताओं को देश से बाहर निकाल दिया गया। इसपर विरोध और भी बढ़ गया, और राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपना अधिवेशन करके एक राष्ट्रीय क़रार पास किया, और सन्धि की खुली निन्दा की। जब नये चुनावों के लिए मतदाताओं की सूचियां बनने लगी तो कुछ लोगों के सिवा सबने इसका बायकाट कर दिया। मगर फिर भी अब्दुल्ला व ब्रिटिश सरकार ने सन्धि की दिखाऊ तसदीक के लिए जैसे-तैसे कुछ समर्थक जमा कर ही लिये।

१९२९ ई० में फ़िलस्तीन में जो उपद्रव हुए, उनके दौरान में ट्रान्स-जॉर्डन में भी ब्रिटिश सरकार और बाल्फ़ोर-घोषणा के ख़िलाफ़ भारी प्रदर्शन हुए।

मैं जुदा-जुदा देशों में होनेवाली घटनाओं के बारे में विस्तार के साथ लिखता जा रहा हूं, और ये घटनाएं ऐसी दिखाई पड़ती हैं, मानो एक ही किस्सा बार-बार दोहराया जाता हो। ये बातें मैं तुम्हें यह भान कराने को लिख रहा हूं कि किस तरह हम अपने-अपने देशों में इस भ्रम में पड़ जाते हैं कि हमें सिर्फ़ राष्ट्रों की अपनी-अपनी बातों पर जितना विचार करना है, उतना उन संसार-व्यापी बलों पर नहीं, जिनके साथ सारे पूर्व की उठती हुई राष्ट्रीयता है, जिससे लड़ने के लिए साम्राज्यशाही का वही ढंग व सलीक़ा है। ज्यों-ज्यों राष्ट्रीयता पनपती है और आगे बढ़ती है, त्यों-त्यों साम्राज्यशाही के दाव-पेंच ज़रा बदल जाते हैं; जहांतक ऊपरी बातों का ताल्लुक है वहांतक लोगों को राज़ी करने का और झुकने का दिखावटी यत्न होता है। उधर ज्यों-ज्यों यह राष्ट्रीय लड़ाई अलग-अलग देशों में आगे

बढ़ती है, त्यों-त्यों समाजी झगड़ा , यानी हर देश के जुदा-जुदा वर्गों में वर्ग-संघर्ष, भी ज़्यादा ज़ाहिर होता जाता है, और सामन्ती-वर्ग, और कुछ हद तक मालिक वर्ग, साम्राज्यशाही शक्ति की दिन-पर-दिन ज़्यादा तरफ़दारी करने लगते हैं।

टिप्पणी (अक्तूबर, १९३८) :

फ़िलस्तीन में अरब राष्ट्रीयता, यहूदी ज़ाइनवाद और ब्रिटिश साम्राज्य-शाही की तिकोनी टक्कर जारी है, और दिन-पर-दिन ज़्यादा ला-इलाज होती गई है। जर्मनी में नात्सियों की शानदार सफलता ने यहूदियों की बहुत बड़ी संख्या को मध्य-यूरोप से खदेड़ दिया, और इसलिए फ़िलस्तीन पर यहूदियों का बोझ बढ़ने लगा। इसने अरबों के इन अन्देशों को गहरा कर दिया कि वे यहूदी आवासियों की बाढ़ में डूब जायंगे, और फ़िलस्तीन में यहूदियों की हुकूमत हो जायगी। अरबों ने इसके ख़िलाफ़ लड़ाई ठान दी, और उनमें से कुछ लोग आतंकवादी कार्रवाइयों में पड़ गये। बाद में कुछ ज़्यादा सरगर्म ज़ाइनवादियों ने भी इसी ढंग की कार्र-वाइयों के जरिये जैसे-का-तैसा बदला लिया।

अप्रैल, १९३३ ई०, में फ़िलस्तीन के अरबों ने आम हड़ताल का ऐलान कर दिया। ब्रिटिश अधिकारियों ने फ़ौज़ी ताक़त और बदले की कार्रवाइयों से इस हड़ताल को कुचलने की भरपूर कोशिश की, पर इसके बावजूद यह करीब छह महीने चली। नात्सियों के नामी नमूने की, बहुत बड़ी-बड़ी नज़रबन्द-छावनियां बन गईं। इस कोशिश में असफल होने पर सरकार ने फ़िलस्तीन के मामलों की जांच करने के लिए एक शाही कमीशन मुकर्रर किया। इस कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में लिखा कि 'फरमान' सफल नहीं हुआ, इसलिए वह वापस लौटा दिया जाना चाहिए। कमीशन ने सुझाव दिया कि देश को तीन क्षेत्रों में बांट दिया जाय; सबसे बड़ा क्षेत्र अरबों के इख्तियार में, समुद्र के पासवाला छोटा क्षेत्र यहूदियों के इख्तियार में, और जरूशलम समेत तीसरा क्षेत्र सीधा अंग्रेज़ों के इख्तियार में। बंटवारे की इस योजना पर अरबों, यहूदियों, वग़ैरा सभीने ऐतराज़ किया, लेकिन बहुत-से यहूदी इसपर अमल करने को भी तैयार हो गये। पर अरबों ने साफ़ कह दिया कि वे इस योजना से कोई वास्ता नहीं रक्खेंगे; और राष्ट्रीय कार्रवाइयां ज़ोर पकड़ने लगीं। पिछले कुछ महीनों में इस विरोध ने, अंग्रेज़ी राज के कट्टर बैरी एक जबर्दस्त राष्ट्रीय आन्दोलन का रूप ले लिया है, जो फ़िलस्तीन के बड़े-बड़े क्षेत्रों में से उसे धीरे-धीरे हटाता जा रहा है , और ये क्षेत्र अरब राष्ट्रवादियों के कब्ज़े में आ गये हैं। ब्रिटिश सरकार ने इस देश को दुबारा जीतने के लिए नई सेनाएं भेज दी हैं, और आजकल वहां आतंक और भय का राज हो रहा है।

दुःख की बात है कि अरब लोगों ने आतंक फैलानेवाली बहुत-सी कार्रवाइयां कर डाली हैं। कुछ हदतक यहूदियों ने भी अरबों के ख़िलाफ़ ऐसा ही किया है।

उधर ब्रिटिश सरकार ने आज़ादी की राष्ट्रीय लड़ाई को कुचलने के इरादे से तबाही और हत्याओं की बेरहम नीति का सहारा लिया और अब भी ले रही है। आयर्लैण्ड में 'काले और भूरे' आतंक के दिनों में जिन तरीक़ों का इस्तेमाल किया गया था, उनसे भी बुरे तरीक़े फ़िलस्तीन में अपनाये जा रहे हैं, और समाचारों पर लगाये गए कड़े सेन्सर ने उन्हें दुनिया की नज़रों से छिपा रक्खा है। लेकिन फिर भी जो खबरें आ रही हैं, वे काफ़ी बुरी हैं। अभी मैंने पढ़ा है कि 'मुश्तबाह'[1] अरब लोगों को ब्रिटिश फौज़ी सिपाही किस तरह 'लोहे के पिंजरे' कहलानेवाले और कांटेदार तारों से घिरे बड़े-बड़े बाड़ों में भेड़ों की तरह ठूंस देते हैं। हरेक 'पिंजरे' में ५० से लगाकर ४०० तक क़ैदियों को भर दिया जाता है, और इनके रिश्तेदार इन्हें ठीक इस तरह खाना खिलाते हैं जैसे पिंजरों में बन्द जानवरों को खिलाया जाता है।

इस बीच सारी अरबी दुनिया में गुस्से की भावना आग की तरह भड़क उठी है, और अपनी आज़ादी के लिए छटपटानेवाली क़ौम को कुचलने की इस हैवानी कार्रवाई ने पूर्व-भर के मुसलमानों और ग़ैर-मुसलमानों दोनों के दिलों को हिला दिया है। यह सही है कि इन लोगों ने बहुत-सी ग़लत और आतंकवादी कार्रवाइयां की हैं, लेकिन यह भी याद रखना चाहिए कि वे असल में राष्ट्रीय आज़ादी के लिए लड़ रहे हैं, और ब्रिटिश साम्राज्यशाही की फ़ौजों ने बड़ी बेरहमी से उनको दबाया है।

बड़े दुःख की बात है कि अरब व यहूदी, दो सतायी हुई क़ौमें, आपस में ही एक दूसरी से टकरा रही हैं। यूरोप में यहूदी लोग ज़बर्दस्त आफ़तों की मार में से गुज़र रहे हैं और वहां इनकी बड़ी भारी संख्या हर देश से दुतकारी जाकर बेवतनों की तरह मारी-मारी फिर रही है, इसलिए इनके साथ हरेक की सहानुभूति होना लाज़िमी है। फिलस्तीन की तरफ उनके खिचाव की वज़ह भी हरेक समझ सकता है। और यह भी हकीकत है कि यहूदी आवासियों ने देश की तरक्की की है, वहां उद्योगों के कल-कारख़ाने डाले हैं, और रहन-सहन के दर्जों को ऊंचा उठाया है। लेकिन हमें यह न भूलना चाहिए कि लाज़िमी तौर पर फ़िलस्तीन एक अरबी देश है, और ऐसा ही रहेगा, और अरबों को उन्हींके बाप-दादों की ज़मीनों पर कुचला जाना और दबाया जाना ठीक नहीं है। दोनों क़ौमों की भलाई इसीमें है कि आज़ाद फ़िलस्तीन में, एक दूसरी के वाजिब हितों को बेजा तौर पर छीने बिना, आपसी सहयोग के साथ रहें और एक आगे बढ़नेवाला बनाने में मदद दें।

बदक़िस्मती की बात यह है कि भारत व पूर्व को जानेवाले समुद्री व हवाई

[1] जिसपर किसी तरह का सन्देह किया जाय।

रास्तों में पड़ने से, फ़िलस्तीन ब्रिटिश साम्राज्यशाही योजना का निहायत ज़रूरी हिस्सा है, और इस योजना को आगे बढ़ाने के लिए अरबों व यहूदियों, दोनों का बेजा तरीक़े से इस्तेमाल किया गया है। आगे क्या होगा, यह कहना मुश्किल है। बंटवारे की पुरानी योजना के असफल होने का अन्देशा है, और अब अरब देशों के बड़े संघ की चर्चा चल रही है, जिनके बीच में यहूदियों का ख़ुद-मुख़्तार इलाका रहेगा। पर यह साफ़ है कि फिलस्तीन में अरब राष्ट्रीयता कुचली नहीं जा सकेगी, और देश का भविष्य सिर्फ़ अरब-यहूदी सहयोग और साम्राज्यशाही के सफ़ाये की पक्की नींव पर ही बनाया जा सकता है।

: १६८ :

अरब की मध्य-युगों से छलांग

३ जून, १९३३

मैंने तुम्हें अरब-देशों के बारे में तो लिख दिया है, पर अरबी भाषा व संस्कृति के बड़े विकास और इस्लाम की जन्मभूमि खास अरब का अभी तक कुछ बयान नहीं किया है। हालांकि अरब अरबी सभ्यता का निकास रह चुका है, पर वह फिसड्डी और मध्यकालीन ही बना हुआ है, और हमारी आधुनिक सभ्यता की कसौटी के मुताबिक, उसके पड़ौसी अरब-देश मिस्र, सीरिया, फ़िलस्तीन और इराक़ उससे बहुत दूर आगे निकल गये हैं। अरब बहुत लम्बा-चौड़ा देश है—आकार और क्षेत्रफल में वह भारत के दो-तिहाई के बराबर है। लेकिन इतना बड़ा होने पर भी आबादी इस सारे देश की सिर्फ़ चालीस या पचास लाख ही आंकी जाती है—यानी भारत की आबादी का क़रीब ७०वां या ८०वां भाग। इससे ज़ाहिर है कि यह बहुत ही बिखरा बसा हुआ है। इसका ज़्यादा हिस्सा असल में रेगिस्तान है, और इसी कारण गुज़रे ज़माने में यह लालची ले-भग्गुओं की नज़र से बचा रह गया, और चारों ओर की दुनिया में परिवर्तन होते हुए भी मध्यकालीन हालतों की निशानी बना रहा, जिसमें रेल, तार, टेलीफोन, वग़ैरा कुछ भी नहीं हैं। इसके ज़्यादातर निवासी घुमक्कड़ ख़ानाबदोश कबीले थे, जो बद्दू कहलाते हैं। ये लोग 'रेगिस्तान के जहाज़' कहे जानेवाले अपने तेज़ ऊंटों पर बैठकर और दुनिया-भर में नामी अपने सुन्दर अरबी घोड़ों पर सवार होकर रेगिस्तान की बालू पर एक छोर से दूसरे छोर तक सफ़र किया करते थे। ये लोग कबीलों की ज़िन्दगी बसर करते थे, जिनमें हर कबीले का बुज़ुर्ग ही उसका मुखिया होता था। उनकी यह परंपरा हजार वर्ष से वैसी-की-वैसी चली आ रही थी। लेकिन महायुद्ध ने जिस तरह और बहुत-सी चीज़ों को बदल दिया, उसी तरह इसे भी बदल दिया।

इब्न सऊद का अरब


फिलस्तीन
ट्रांस जोर्डन
इराक़
ईरान
स्वेज
मिस्र
सीरिया का रेगिस्तान
कुवैत
बेहरीन
क़तर की खाड़ी
नील नदी
हिजाज़
रियादा
मदीना
नज्द
लाल सागर
मक्का
ओमन
अरबी रेगिस्तान
हाद्रामौत
यमन
इटालवी इथोपिया
अदन
ब्रिटिश प्रभाव क्षेत्र

अगर तुम नक़्श को देखो तो तुम्हें पता लगेगा कि अरब का बड़ा प्रायद्वीप लाल सागर व ईरान की खाड़ी के बीच में पड़ा है। इसके दक्षिण में अरब सागर है; उत्तर में फिलस्तीन, ट्रान्स- जॉर्डन व सीरियाई रेगिस्तान है; और उत्तर-पूर्व में इराक की हरी-भरी और उपजाऊ घाटियां है। पश्चिमी किनारे पर, लाल सागर से लगा हुआ, हिजाज़ का प्रदेश है, जहा इस्लाम ने परवरिश पाई, और जिसमें मक्का व मदीना के पाक शहर और ज़द्दा का बन्दरगाह है, जहां हर साल मक्का जानेवाले हज़ारों हाजी उतरते हैं। अरब के बीचों-बीच और पूर्व की ओर ईरान की खाड़ी तक नज़्द फैला हुआ है। हिजाज़ और नज़्द अरब के दो मुख्य टुकड़े है। दक्षिण-पश्चिम में यमन है, जो पुराने रोमन ज़माने से "अरेबिया फ़लिक्स" यानी मुबारक, खुशहाल अरब के नाम से मशहूर रहा है, क्योंकि बाक़ी के ज़्यादातर बंजर और रेगिस्तानी हिस्से के मुकाबले में यह उपजाऊ और फल-दार है। इस हिस्से की आबादी जैसी घनी होनी चाहिए वैसी ही है। अरब की दक्षिण-पश्चिमी नोक के ठीक पास ही अदन है, जो अंग्रेज़ों के कब्जे में है, और जिसके बन्दर पर पूर्व से पश्चिम को जाने आनेवाले जहाज ठहरा करते है।

महायुद्ध के पहले लगभग समूचा देश तुर्की के इख्तियार में था, या यों कहो कि तुर्की की छत्रछाया को मानता था। पर नज़्द में अमीर इब्न सऊद धीरे-धीरे स्वाधीन शासक के रूप में आगे आ रहा था और प्रदेशों को जीतता हुआ ईरान की खाड़ी की ओर बढ़ रहा था। इब्न सऊद मुसलमानों के वहाबी नामक खास सम्प्रदाय या फ़िरके का सरदार था, जिसे अठारहवी सदी में अब्दुल वहाब ने चलाया था। यह असल में ईसाइयत के प्यूरिटनों की तरह इस्लाम में सुधार का आन्दोलन था। वहाबी लोग बहुत-सी रस्मों के विरोधी थे और उस वीर-पूजा के भी विरोधी थे, जो पीरों-फ़कीरो की क़ब्रों और निशानियां मानी जानेवाली चीज़ों की पूजा के रूप में मुसलमान जनता में बहुत फैल गई थी। वहाबी लोग इसे बुत-परस्ती[1] कहते थे, जिस तरह यूरोप के प्यूरिटन लोग सन्तों की मूर्त्तियों और यादगारों की पूजा करने वाले रोमन कैथलिकों को बुत-परस्त कहा करते थे। इसलिए राजनीतिक लाग-डांट के अलावा वहाबियों और अरब के दूसरे मुसलमान फ़िरकों के बीच मज़हबी बैर भी था।

महायुद्ध के दिनों में अरब अंग्रेज़ों की साज़िशों के लिए बड़ी उपजाऊ जगह बन गया, और जुदा-जुदा अरब सरदारों को रिश्वतें व धन की सहायता देने में इंग्लैण्ड का और भारत का रुपया पानी की तरह बहाया गया। उनसे तरह-तरह के वादे किये गए, और उन्हें तुर्की के खिलाफ़ विद्रोह करने के लिए उकसाया गया। कभी-कभी तो ऐसा होता था कि आपस में लड़नेवाले दो मुकाबलेदार सरदारों में

[1] मूर्ति-पूजा।

दोनों को अंग्रेज़ों की तरफ़ से पैसे की मदद मिलती रहती थी ! आख़िर अंग्रेजों ने मक्का के शरीफ़ हुसैन को अरब-विद्रोह का झंडा खड़ा करने के लिए आमादा कर ही लिया। शरीफ़ हुसैन का महत्व इस सबब से था कि वह मुसलमानों के पैगम्बर हज़रत मोहम्मद के वंश का था, और इसलिए इसकी बड़ी इज़्ज़त थी। ब्रिटिश सरकार ने हुसैन को संयुक्त अरब की सल्तनत देने का वादा किया।

लेकिन इब्न सऊद ज्यादा होशियार था। उसने ब्रिटिश सरकार से अपनेको स्वाधीन बादशाह क़बूल करवा लिया, पांच हजार पौंड, यानी क़रीब सत्तर हज़ार रुपये की अच्छी-खासी रकम माहवारी लेना मंज़ूर कर लिया, और ग़ैर-तरफ़दार रहने का वचन दे दिया। बस, जबकि दूसरे तो लड़-झगड़ रहे थे, उसने अपनी हैसियत जमा ली, और कुछ हद तक इंग्लैण्ड के धन से उसे मज़बूत बना ली। उधर तुर्की के सुल्तान के ख़िलाफ़, जो उस समय ख़लीफ़ा भी था, बग़ावत की वज़ह से शरीफ़ हुसैन भारत समेत तमाम इस्लामी देशों में बदनाम होता जा रहा था। इब्न सऊद ने चुपचाप तटस्थ रहकर इन बदलती हुई हालतों से पूरा फ़ायदा उठाया, और धीरे-धीरे इस्लाम का सरगर्म नेता होने की शोहरत बना ली।

अरब के दक्षिण में यमन था। यमन का इमाम महायुद्ध के शुरू से अख़ीर तक तुर्कों का वफ़ादार रहा। लेकिन वह जंग के मैदानों से अलग जा पड़ा था, इसलिए कुछ कर-धर नहीं सकता था। तुर्की की पराजय के बाद वह स्वाधीन हो गया। अभी तक यमन एक स्वाधीन राज्य है।

जब महायुद्ध का अन्त हुआ, तब अरब पर इंग्लैण्ड का दबदबा था, और वह शरीफ़ हुसैन व इब्न सऊद दोनों को अपना औज़ार बनाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन इब्न सऊद इतना होशियार था कि उसने अपनेको इस तरह उल्लू नहीं बनने दिया। लेकिन शरीफ़ हुसैन के खानदान की शान-शौक़त एकदम पूरी तरह खिल उठी, क्योंकि उसकी पीठ पर अंग्रेज़ों की फ़ौज जो थी। ख़ुद हुसैन हिजाज़ का बादशाह बन गया; उसका एक पुत्र फ़ैसल सीरिया का शासक बना; दूसरे पुत्र अब्दुल्ला को अंग्रेज़ों ने ट्रान्स-जॉर्डन के छोटे-से नये राज्य का शासक बना दिया। लेकिन यह शान ज़्यादा दिन नहीं टिकी, क्योंकि, जैसा हम देख चुके हैं, फ़ैसल को फ्रान्सीसियों ने सीरिया से निकाल बाहर किया, और हुसैन की बादशाहत इब्न सऊद के वहाबियों की बाढ़ में बह गई। फ़ैसल को, जो फिर बेकारों की मंडली में शामिल हो गया था, अंग्रेज़ों ने इराक़ की हुकूमत बख़्श दी, और वहां वह अपने सरपरस्तों की कृपा के भरोसे राज करने लगा।

हिजाज़ में हुसैन की बादशाहत के चन्द दिनों में अंगोरा की तुर्की पार्लमेण्ट ने १९२४ ई० में ख़लीफ़ा का पद हटा दिया। जब कोई ख़लीफ़ा न रहा तो हुसन बड़ी हौसलेबाज़ी से इस ख़ाली सिंहासन पर कूद पड़ा और उसन अपनेको इस्लाम का

ख़लीफ़ा ऐलान कर दिया। इब्न सऊद ने देखा कि अब उसका मौक़ा आ गया है, इसलिए उसने अरब राष्ट्रीयता व मुस्लिम अन्तर्राष्ट्रीयता से हुसैन के ख़िलाफ़ कार्रवाई की अपील की। वह एक मग़रूर ले-भग्गू के मुक़ाबले में इस्लाम के ग़ाज़ी की हैसियत से खड़ा हो गया, और होशियारी से किये गए प्रचार की बदौलत दूसरे देशों के मुसलमानों की अच्छी राय हासिल करने में भी सफल हो गया। भारत की ख़िलाफ़त-कमेटी ने भी उसे अपनी नेक दुआएं भेजीं। अंग्रेज़ों ने हवा का रुख़ देखकर, और यह महसूस करके कि जिस घोड़े पर उन्होंने दाव लगाया था, वह जीतनेवाला नहीं है, चुपचाप हुसैन का साथ छोड़ दिया। उन्होंने रुपये की मदद देना बन्द कर दिया, और बेचारा हुसैन, जिसे इतनी उम्मीदें दिलाई गई थीं, ताक़तवर और चढ़े आनेवाले दुश्मन के आगे एक तरह से अकेला व बे-आसरे छोड़ दिया गया।

कुछ ही महीनों के भीतर, अक्तूबर, १९२४ ई०, में वहाबी लोग मक्का म घुस आये, और अपने सुधारवादी इस्लाम के मुताबिक़ उन्होंने कुछ मक़बरे तोड़ डाले। इस तोड़-फोड़ से इस्लामी देशों में बहुत घबराहट फैल गई; भारत में भी मुसलमानों की भावनाएं बहुत भड़क गई। अगले साल मदीना और जद्दा भी इब्न सऊद के क़ब्ज़े में आ गये और हुसैन व उसके ख़ानदान को हिजाज़ से निकाल बाहर किया गया। १९२६ ई० के शुरू में इब्न सऊद ने अपनेको हिजाज़ का बादशाह ऐलान कर दिया। अपनी नई हैसियत को मज़बूत बनाने के लिए और विदेशों के मुसलमानों को राज़ी रखने के लिए, उसने जून, १९२६ ई०, में मक्का में विश्व इस्लामी कांग्रेस का इजलास किया, जिसमें दूसरे देशों के प्रतिनिधि मुसलमानों को न्यौता देकर बुलाया। ख़लीफ़ा बनने की उसकी कोई इच्छा दिखाई नहीं देती थी, और कम-से-कम उसके बहावी मत की वजह से यह मुमकिन भी नहीं था कि ज़्यादातर मुसलमान उसे ख़लीफ़ा मान लेते। मिस्र का शाह फ़ुआद, जिसके राष्ट्र-विरोधी और ज़ालिमाना कारनामों की जांच हम कर चुके हैं, ख़लीफ़ा-बनने का बड़ा शौक़ीन था, लेकिन उसे कोई भी नहीं चाहता था, यहांतक कि उसकी मिस्री प्रजा भी नही चाहती थी! हुसैन ने जो ख़लीफ़ा की गद्दी ले ली थी, उसे उसने अपनी हार के बाद त्याग दिया।

मक्का की इस्लामी कांग्रेस ने कोई महत्व का फ़ैसला नहीं किया, और शायद किसी फ़ैसले पर पहुंचने के इरादे से वह बुलाई भी नहीं गई थी। यह तो इब्न सऊद ने अपनी हैसियत को, ख़ासकर विदेशी शक्तियों के सामने, मज़बूत बनाने के लिए एक चाल खेली थी। ख़िलाफ़त-कमेटी के भारतीय प्रतिनिधि, जिनमें मेरे ख़याल से मौलाना मोहम्मद अली भी थे, नाकाम होकर और इब्न सऊद से नाराज़ होकर वापस आये। लेकिन इससे उसका कुछ नहीं बिगड़ा।

उसने तो ज़रूरत के वक़्त भारत की ख़िलाफ़त-कमेटी से अपना मतलब साधा था, और अब उसे इसकी हिमायत की कोई ज़रूरत नहीं रही थी।

इब्न सऊद कुछ ही दिनों में क़रीब-क़रीब सारे अरब का मालिक बन गया, सिवाय यमन के, जो अपने पुराने इमाम के मातहत स्वाधीन राज्य बना रहा! दक्षिण-पश्चिम के इस कोने के अलावा वह अरब का सरदार था। उसने नज्द के बादशाह का ख़िताब ले लिया, और इस तरह वह दोहरा बादशाह बन गया, यानी हिजाज़ का बादशाह और नज्द का बादशाह। विदेशी शक्तियों ने उसकी स्वाधीनता को मान लिया, और उसने विदेशियों को ऐसी कोई ख़ास रियायतें नहीं दीं जैसी मिस्र में अभी तक है। सच तो यह है कि वे वहां शराब वग़ैरा तक नहीं पी सकते थे।

इब्न सऊद एक सफल सिपाही और लड़ाका साबित हो गया था। अब उसने अपने राज्य को ज़माने की हालतों के मुताबिक ढालने का ज़्यादा मुश्किल काम हाथ में लिया। बुजुर्ग-मुखियावाले क़बीलों की ज़िन्दगी से छलांग मारकर वह आज के संसार में आनेवाली बात थी। मालूम तो यह होता है कि इस काम में भी इब्न सऊद को भारी कामयाबी मिली है, और इस प्रकार उसने दुनिया को जतला दिया है कि वह एक दूरंदेश राजनीतिज्ञ है।

उसकी सबसे पहली कामयाबी अन्दरूनी गड़बड़ को दबाने में हुई। कुछ ही दिनों में क़ारवानों और हाजियों के बड़े रास्ते पूरी तरह बेख़तरे के हो गये। यह बड़ी भारी सफलता थी, और हाजियों की उस बड़ी संख्या ने क़ुदरती तौर पर इसका स्वागत किया, जिन्हें रास्तों में अबतक अक्सर डाकुओं का सामना करना पड़ता था।

ख़ानाबदोश बद्दुओं को बसा देना इससे भी ज़्यादा मार्के की कामयाबी थी। हिजाज़ को जीतने से पहले ही इब्न सऊद ने इनकी बस्तियां बसाना शुरू कर दिया था, और इस तरह एक आधुनिक राज्य की नीव डाल दी थी। एक जगह न टिकनेवाले और घुमक्कड़ और आज़ादी-पसंद बद्दुओं को बसाना आसान नहीं था, लेकिन इब्न सऊद इस काम में बहुत-कुछ सफल हो गया है। राज्य की शासन-व्यवस्था को कई दिशाओं में सुधारा गया है, और हवाई जहाज़ और मोटरें और टेलीफ़ोन और आज की सभ्यता के बहुत-से दूसरे चिह्न नज़र आने लगे हैं। हिजाज़ को धीरे-धीरे लेकिन सचमुच नये ज़माने का बनाया जा रहा है। लेकिन मध्य-युगों से छलांग लगाकर आजकल के ज़माने में आना कोई आसान बात नहीं है, क्योंकि सबसे बड़ी कठिनाई तो लोगों के विचारों को बदलने में होती है। यह नई प्रगति और नया परिवर्तन बहुत-से अरब-वासियों को अच्छे नहीं लगे; पश्चिम की नये-नये ढंग की मशीनें, उसके इंजन और मोटरें और हवाई जहाज़, उन्हें शैतान

की करामातों जैसे दिखाई दिय। उन्होंने इन नय रवैयों के ख़िलाफ़ आवाज़ उठाई, और १९२९ ई० में तो वे इब्न सऊद के ख़िलाफ़ भड़क ही उठे। इब्न सऊद ने हिकमत और दलीलों से उन्हें अपनी राय का बनाने की कोशिश की, और बहुतों को तो उसने बना भी लिया। लेकिन कुछ लोग विद्रोह करते रहे, पर इब्न सऊद ने उन्हें हरा दिया।

इसके बाद इब्न सऊद के सामन एक और कठिनाई आई; लेकिन इस कठिनाई का सामना सारी दुनिया को करना पड़ रहा था। १९३० ई० से हर जगह व्यापार में ज़बर्दस्त मन्दी आने लगी है। इसका सबसे ज़्यादा असर पश्चिम के बड़-बड़े औद्योगिक देशों पर पड़ा है, जो इसके लगातार कसते हुए शिकंजे में अभी तक छटपटा रहे है। अरब का संसार के व्यापार से कोई वास्ता नहीं है, पर वहां इस मन्दी ने अपना असर दूसरे ही ढंग से डाल दिया है। मक्का की बड़ी सालाना ज़ियारत से वसूल होनेवाली आमदनी इब्न सऊद की मालगुज़ारी का ख़ास जरिया रही है। सारे देशों से हर साल लगभग एक लाख हाजी हज के लिए मक्का जाया करते थे। १९३० ई० में यह संख्या एकदम घटकर चालीस हज़ार रह गई, और यह घटोतरी बाद के वर्षो में भी चलती रही। इसके सबब से देश का आर्थिक ढांचा बिल्कुल उलट गया और अरब के कई हिस्सों के लोगों पर ज़बर्दस्त मुसीबत पड़ गई। पैसे की कमी ने इब्न सऊद के लिए बहुत-से कामों में खर्च की तंगी पैदा कर दी है, और सुधार की उसकी बहुत-सी योजनाओं को खटाई में डाल दिया है। वह विदेशियों को रियायतें देने के लिए कभी तैयार नही था, क्योकि उसका यह डर वाजिब था कि देश के साधनों से विदेशियों को फ़ायदा उठाने दिया गया तो देश में उनका प्रभाव बढ़ जायगा; और इसका नतीजा होगा विदेशियों की दस्त-न्दाज़ी और देश की स्वाधीनता में कमी आना। उसके ये अन्देशे बिल्कुल वाजिब थे, क्योंकि पराधीन उपनिवेशी देशों को जो मुसीबतें झेलनी पड़ी हैं, उनमें से ज़्यादा-तर मुसीबतें विदेशियों के हाथों उनके शोषण से पैदा हुई है। इब्न सऊद ने बिना आज़ादी की घड़ा-भर प्रगति व दौलत की बनिस्बत ग़रीबी और आज़ादी को ज़्यादा अच्छा समझा।

मगर व्यापार की मन्दी के दबाव ने इब्न सऊद को अपनी नीति में थोड़ा-सा परिवर्तन करने को मजबूर कर दिया, और उसने विदेशियों को कुछ रियायतें देना शुरू किया। पर फिर भी उसने यह सावधानी रक्खी कि उसकी स्वाधीनता पर आंच न आने पावे, और इसके लिए उसने शर्तें लगा दीं। फ़िलहाल ये रिआयतें सिर्फ़ विदेशी मुसलमानों की कम्पनियों को ही दी जायंगी। मसलन, सबसे पहली रियायत भारतीय मुसलमान पूंजीपतियों की एक कम्पनी को, जद्दा बन्दरगाह और मक्का के बीच रेलमार्ग डालने के लिए दी गई है। अरब के लिए यह रेलमार्ग

एक ज़बर्दस्त चीज़ है, क्योंकि इससे हज की सालाना ज़ियारत का रूप ही बिल्कुल बदल जाता है। हाजियों को तो इससे सुविधा होगी ही, पर अरबों के नज़रिये को ज़माने के माफ़िक़ बनाने में भी यह बहुत बड़ा हाथ बटायेगी।

पिछले किसी पत्र में मैं लिख चुका हूं कि फ़िलहाल अरब में एक ही रेलमार्ग है। यह हिजाज़ रेलवे है जो मदीना को सीरिया के अलेप्पो नामक स्थान पर बग़दाद रेलवे से जोड़ती है।

इस पत्र के शुरू में मै लिख चुका हूं कि दक्षिण-पश्चिम में यमन पहले 'अरेबिया फ़ेलिक्स' कहलाता था। सच तो यह है कि यह नाम दक्षिणी अरब के उस बड़े भाग का भी था, जो क़रीब-क़रीब ईरान की खाड़ी तक फैला हुआ है। पर इस इलाक़े के लिए यह नाम बिल्कुल ग़ैर-मौज़ू है, क्योंकि यह तो वीरान रेगिस्तान है। पुराने ज़माने में लोग शायद इसके बारे में ज़्यादा नहीं जानते थे, इसीलिए यह ग़लती हो गई। कुछ ही दिन पहले तक यह अनजाना प्रदेश था, जिसकी न तो कोई खोज की गई थी और न नक्शा तैयार किया गया था।

: १६९ :

इराक़ और हवाई बमबारी की ख़ूबियां

७ जून, १९३३

अब एक अरबी देश पर विचार करना बाक़ी रह गया है। यह है इराक़ या मैसोपोटेमिया—दजला और फ़ुरात नामक दो नदियों के बीच का हरा-भरा और उपजाऊ खंड; बग़दाद और हारूं रशीद और अलिफ़लैला की पुरानी कहानियों की भूमि। यह ईरान व अरब के रेगिस्तान के बीच में है। इसके दक्षिण में इसका मुख्य बन्दरगाह बसरा है, जो ईरान की खाड़ी में गिरनेवाली नदी के मुहाने से कुछ ऊपर हट कर है; उत्तर में इसकी सरहद तुर्की से लगी हुई है। इराक़ और तुर्की की सरहदें कुर्दिस्तान में मिलती हैं, जहां कुर्द लोग रहते हैं। इन कुर्दों की ज़्यादातर संख्या आजकल तुर्की में है, और तुर्कों के खिलाफ़ इनकी आज़ादी की लड़ाई का हाल मैं तुम्हें बतला चुका हूं। लेकिन बहुत-से कुर्द इराक़ में भी हैं, और ये यहां की एक बड़ी अल्पसंख्यक क़ौम हैं। मोसल, जो बहुत वर्षों तक इंग्लैण्ड और तुर्की के बीच बखेड़े की जड़ रहा था, अब इराक़ के इसी कुर्दी इलाके में है, और इसका मतलब यह है कि वह अंग्रेज़ों के इख्तियार में है। मोसल के पास असीरियाइयों के प्राचीन नगर निनेवा के खंडहर हैं।

इराक़ उन देशों में से था, जिनके लिए राष्ट्रसंघ ने इंग्लैण्ड को 'फ़रमान' दिया था। राष्ट्रसंघ की पाखंडी भाषा में 'फ़रमान' का अर्थ है राष्ट्रसंघ के नाम पर सभ्यता की 'पवित्र धरोहर'। मतलब यह था कि 'फ़रमानी' प्रदेश के

निवासी न तो इतने आगे बढ़े हुए थे, और न अपने निजी हितों को सम्भालने के क़ाबिल थे, इसलिए बड़ी शक्तियों के हाथों उन्हें इसके लिए मदद दिया जाना ज़रूरी था। इसके मुक़ाबले की कार्रवाई शायद यह होगी कि गायों या हिरनों के झुंड के हितों की रखवाली के लिए किसी शेर को तैनात किया जाय। कहा यह गया था कि ये फ़रमान' वहां की जनता की मांग पर दिये गए थे। पश्चिमी एशिया में तुर्की राज से छुटकारा दिलाये हुए देशों के 'फ़रमान' इंग्लैण्ड और फ्रान्स के हिस्से पड़े। जैसा कि मैं बतला चुका हूं, इन दोनों देशों की सरकारों ने घोषणा की थी कि उनका एक ही इच्छा थी "इन क़ौमों की मुकम्मिल व साफ़-साफ़ मुक्ति . . . और ऐसी हुकूमतें व प्रशासन क़ायम करना, जिनकी सत्ता वहीं के निवासियों की पहल और आजाद पसंद से निकली हुई हो"। पिछले बारह वर्षों में इस नेक मंशा को पूरा करने के लिए क्या-क्या कार्रवाइयां की गई हैं, उनकी कुछ झांकी हम सीरिया, फ़िलस्तीन और ट्रान्स-जॉर्डन में देख चुके हैं, जहां बार-बार उपद्रव हुए और असहयोग हुआ और बायकाट हुआ। उस समय लोगों की "पहल और आजाद पसन्द" को बढ़ावा देने के लिए उन्हें गोलियों का शिकार बनाया गया, उनके नेताओं को देश से बाहर भेज दिया गया या निकाल दिया गया, उनके अखबारों का गला घोंट दिया गया, उनके शहर और गांव बर्बाद कर दिये गए, और अक्सर फ़ौजी क़ानून लागू कर दिया गया। इस तरह की घटनाएं कोई नई चीज़ नहीं है। जबसे इतिहास लिखा जाना शुरू हुआ है, तभी से साम्राज्य-शाही शक्तियों ने ख़ून-ख़राबी और बर्बादी और आतंक का दिल खोलकर सहारा लिया है। आज के नमूने की साम्राज्यशाही की नई ख़ासियत यह है कि वह अपने आतंक और शोषण को 'अमानतदारी' और 'जनसमूह की भलाई' और 'पिछड़ी हुई क़ौमों को स्वराज की तालीम' वग़ैरा के पाखंडभरे शब्दों के परदे में छिपाने की कोशिश करता है। अगर वे गोलियां चलाते हैं और हत्याएं करते है और बर्बादी करते हैं, तो सिर्फ़ उन लोगों की भलाई के लिए जो गोलियों से मारे जाते हैं। शायद यह पाखंड तरक्की का चिन्ह हो, क्योंकि पाखंड का मतलब है नेकी की बड़ाई क़बूल करना, और पाखंड इस बात को ज़ाहिर करता है कि चूंकि सच्ची बात लोगों को पसन्द नही आती है, इसलिए उसे इस तरह के दिलासा देनेवाले और झांसा देनेवाले शब्दों में लपेटकर छिपा लिया जाता है। पर कुछ भी हो, यह मक्कारीभरा पाखंड नंगी सचाई के मुकाबले में बहुत बदतर मालूम होता है।

अब हमें यह देखना है कि इराक़ में वहां के निवासियों की तमन्नाओं को किस तरह पूरा किया गया, और इस देश ने ब्रिटिश 'फ़रमान' के मातहत आज़ादी की तरफ़ कैसे कदम बढ़ाया है। महायुद्ध के दौरान में अंग्रेज़ों ने इराक़ को, जो उस समय मैसोपोटेमिया कहलाता था, तुर्की के ख़िलाफ़ अपने जंग का अड्डा बनाया था। उन्होंने इस देश को ब्रिटिश व भारतीय फ़ौजियों से भर दिया। अप्रैल, १९१६

ई० में उन्होंने भारी शिक़स्त खाई, जबकि जनरल टाउनशैण्ड के मातहत लड़ने-वाली ब्रिटिश सेना को कुतल-अमारा में तुर्कों के आगे हथियार डालने पड़े। मैसोपोटेमिया अभियान में ज़बर्दस्त बर्बादी और बद-इन्तज़ामी हुई, और चूंकि भारत-सरकार इसके लिए बहुत ज़्यादा ज़िम्मेदार थी, इसलिए उसे अपनी नाक़ाबलियत व बेवकूफी की कड़ी आलोचनाएं खूब सुननी पड़ी। फिर भी, अन्त में अंग्रेज़ों के बढ़िया साधनों ने अपना असर दिखाया, और उन्होंने तुर्कों को उत्तर की ओर खदेड़ दिया और बग़दाद पर क़ब्ज़ा कर लिया और बाद में वे मोसल के नज़दीक जा पहुंचे। महायुद्ध का अन्त होते-होते समूचे इराक़ पर अंग्रेज़ी फ़ौजों ने क़ब्ज़ा जमा लिया।

इंगलैण्ड को इराक़ का जो 'फ़रमान' दिया गया था, उसका पहला असर १९२० ई० के शुरू में दिखाई दिया। इसके ख़िलाफ़ ज़ोरदार विरोध ज़ाहिर किया गया और इस विरोध ने बहुत ज़ल्दी दंगे-फ़िसाद का रूप ले लिया, और इन दंगे-फ़िसादों ने बढ़ते-बढ़ते बग़ावत का रूप ले लिया, जो सारे देश में फैल गई। यह अनोखा और दिलचस्प संयोग है कि १९२० ई० के इस पहले हिस्से में तुर्की, मिस्र, सीरिया, फ़िलस्तीन और ईराक़ में करीब-क़रीब एक ही साथ दंगे-फ़िसाद हुए। उन दिनों भारत में भी असहयोग-आन्दोलन की चर्चा थी। इराक़ की बग़ावत आख़िरकार कुचल दी गई, और इसमें भारत के सिपाहियों ने ज़्यादातर मदद दी। ब्रिटिश साम्राज्यशाही का गन्दा काम करना बहुत वर्षों से भारतीय सेना का अमल रहा है, और इसी वजह से मध्य-पूर्व व दूसरी जगहों में हमारे देश की काफ़ी बदनामी हो गई है।

अंग्रेज़ों ने इराक की बग़ावत को कुछ तो ताकत से और कुछ आयन्दा स्वाधीनता का यक़ीन दिलाकर ठंडा कर दिया। उन्होंने अरबी मंत्रियों की काम-चलाऊ सरकार कायम की, लेकिन हर मंत्री के साथ एक-एक अंग्रेज़ सलाहकार लगा दिया, जिसके हाथ में असली सत्ता थी। लेकिन ये सीधे-साधे और नामज़द मंत्री तक भी इतने सरगरम साबित हुए कि अंग्रेजों को पसन्द न आये। ब्रिटिश सरकार की योजनाओं का तक़ाजा था कि इराक पूरी तरह उसका ताबेदार बन जाय, पर कुछ मंत्रियों ने उसका साथ देने से इन्कार कर दिया। इसलिए अप्रैल, १९२१ ई०, में ब्रिटिश सरकार ने मंत्रियों के नेता सैयद तालिबशाह को, जो सबसे क़ाबिल था, गिरफ़्तार करके देश से निकाल दिया, और इस तरह देश को स्वाधीनता के लिए तैयार करने की दिशा में दूसरा क़दम उठाया गया। १९२१ ई० की गर्मियों में ब्रिटिश सरकार हिजाज़ से हुसैन के पुत्र फ़ैसल को पकड़ लाई और उसे ईरानियों को उनके होनेवाले बादशाह की तरह भेंट कर दिया। तुम्हें याद होगा कि फ़ैसल उन दिनों बेकार था, क्योंकि सीरिया में इसने जो दाव

खेला था वह फ़ान्सीसी हमले के सामने बिलकुल ढेर हो गया था। अंग्रेज़ों का यह भला दोस्त था, और महायुद्ध के दौरान में इसने तुर्की के ख़िलाफ़ अरबों के विद्रोह में ख़ास हिस्सा लिया था। इसलिए, अंग्रेज़ों के मनसूबों के साथ इसके हां-में-हां मिलाने की उससे ज़्यादा उम्मीद थी, जितनी कि देशी मंत्रियों ने अबतक पूरी की थी। 'नामवर' लोग, मालदार मध्यवर्ग के लोग, और दूसरे बड़े-बड़े आदमी फ़ैसल को इस शर्त पर अपना बादशाह बनाने के लिए राज़ी हो गये कि लोकतंत्री पार्लमेण्टवाली संविधानी हुकूमत क़ायम की जायगी। इस मामले में उनके लिए कोई चारा तो था ही नहीं। पर वे चाहते थे कि जो पार्लमेण्ट बने वह असली हो और चूंकि फ़ैसल तो हर हालत में बादशाह होने ही वाला था, इसलिए उन्होंने पार्लमेण्ट की यह शर्त रख दी। आम जनता की इस बारे में कोई राय नहीं ली गई। बस, अगस्त, १९२१ ई०, में फ़ैसल बादशाह बन गया।

लेकिन समस्या का यह कोई हल नहीं था, क्योंकि इराक़ की जनता ब्रिटिश 'फ़रमान' की कट्टर विरोधी थी, और पूरी स्वाधीनता व बाद में दूसरे अरबी देशों के साथ एक होना चाहती थी। शोर-गुल व प्रदर्शन जारी रहे, और एक साल बाद, अगस्त १९२२ ई०, में मामला नाज़ुक हो गया। तब ब्रिटिश अधिकारियों ने इराकियों को स्वाधीनता का एक और सबक पढ़ाया। ब्रिटिश हाई कमिश्नर सर पर्सी कॉक्स ने बादशाह (जो उस समय बीमार पड़ा हुआ था) के अधिकारों को, और साथ ही मंत्रियों के और इराक़ को दी गई कौन्सिल के अधिकारों को, ख़तम कर दिया और हुकूमत की सारी बागडोर ख़ुद अपने हाथों में ले ली। सच तो यह है कि वह एक-छत्र तानाशाह बन गया। उसने अपनी मनमानियों पर जबरन अमल करवाया, और अंग्रेज़ी फ़ौजों की मदद से, और ख़ासकर ब्रिटिश हवाई फ़ौज की मदद से, उपद्रवों को दबा दिया। वही पुराना क़िस्सा, जो जुदा-जुदा रूपों में भारत, मिस्र, सीरिया, वग़ैरा में हर जगह हुआ, यहां भी दोहराया गया। राष्ट्रवादी अख़बार बन्द कर दिये गये, राजनैतिक दल तोड़ दिये गए, नेताओं को देश-निकाला दे दिया गया, और ब्रिटिश हवाई जहाजों ने अपने बमों से ब्रिटिश साम्राज्य की ज़बर्दस्त ताकत साबित कर दी।

मगर फिर भी यह समस्या का हल नही था। कुछ महीनों के बाद सर पर्सी कॉक्स ने बादशाह और मंत्रि-मंडल को ज़ाहिरा तौर पर अपना काम करने की इज़ाज़त देदी, और उन्हें इंग्लैण्ड के साथ सन्धि करने पर राजी करा लिया। यह यकीन फिर दिलाया गया कि इराक़ को स्वाधीनता हासिल कराने में इंग्लैण्ड उसकी मदद करेगा, और उसे राष्ट्रसंघ का सदस्य भी बना लेगा। मगर इन लच्छेदार और दिलासाभरे वादों के पीछे ठोस हक़ीक़त यह थी कि इराक़ सरकार को इस बात पर राज़ी होने के लिए मजबूर किया गया कि वह अपना राज-काज अंग्रेज़

अफ़सरों की मदद से, या इंग्लैंड के मंज़ूरशुदा अफ़सरों की मदद से चलावे। अक्तूबर, १९२२ ई०, की यह सन्धि जनता की राय के ख़िलाफ़ की गई थी, और उसने इसे लानत दी। लोगों ने साफ़ कह दिया कि अरबी सरकार सिर्फ़ ढकोसला है और असली सत्ता पहले की तरह ही अंग्रेज़ अधिकारियों के हाथ में है। नेताओं ने फैसला किया कि आयन्दा संविधान का मसौदा बनाने के लिए जो राष्ट्रीय संविधान-सभा बुलाई जानेवाली थी, उसके चुनावों का बायकाट किया जाय। यह असहयोग सफल हुआ और संविधान-सभा बुलाई ही न जा सकी। टैक्सों की वसूली में भी दंगे हुए, और मुश्किलें आईं।

साल-भर से ज़्यादा, यानी १९२३ ई० के शुरू से अख़ीर तक, ये गड़बड़ियां चलती रहीं। आख़िरकार, इस सन्धि में इराक़ के हक़ में कुछ परिवर्तन किये गए और हलचल मचानेवालों के कुछ नेताओं को देश-निकाला दे दिया गया। इससे आन्दोलन कुछ ठंडा पड़ा, और १९२४ ई० के शुरू में संविधान-सभा के चुनाव किये जा सके। पर इस सभा ने भी ब्रिटिश सन्धि का विरोध किया। इसपर ब्रिटिश सरकार ने संविधान-सभा पर जोरदार दबाव डाला, और अन्तमें एक-तिहाई से कुछ ज़्यादा सदस्यों ने सन्धि पर मंज़ूरी की मोहर लगा दी, क्योंकि डिपुटियों की बड़ी संख्या इस अधिवेशन में हाज़िर ही नहीं थी।

संविधान-सभा ने इराक़ के लिए नये संविधान का मसौदा बनाया, और क़ाग़ज़ पर तो यह वाजिब ही मालूम देता था, क्योंकि इसमें यह तजवीज़ थी कि इराक़ संविधानी मौरूसी बादशाहत और पार्लमेण्टी ढंग की हुकूमतवाला पूरा सत्ताधीश और स्वाधीन आज़ाद राज्य है। लेकिन पार्लमेण्ट के दो सदनों में से एक-सीनेट बादशाह का नामज़द होनेवाला था। इस तरह बादशाह के हाथ में बहुत बड़ी शक्ति थी, और बादशाह की पीठ पर अंग्रेज़ अफ़सर थे, जो कुंजीवाले ओहदों पर बैठे हुए थे। यह संविधान मार्च, १९२५ ई० में लागू हुआ, और पार्लमेण्ट ने कुछ वर्षों तक अपना काम किया, पर 'फ़रमान' के ख़िलाफ़ आवाज़ें उठती रहीं। मोसल के बारे में इंग्लैण्ड व तुर्की के बीच तकरार पर लोगों का बहुत-सा ध्यान सिमटकर लगा रहा, क्योंकि इस इलाके के लिए इराक़ भी दावेदार था। जून, १९२६ ई०, में इंग्लैण्ड, इराक़ व तुर्की की आपसी शामिल सन्धि से यह झगड़ा आख़िरी तौर पर तय हो गया। मोसल इराक़ को दे दिया गया, और चूंकि इराक़ तो ब्रिटिश साम्राज्यशाही की छाया में है ही, इसलिए इस तरह ब्रिटिश स्वार्थों की हिफ़ाजत हो गई।

जून, १९३० ई०, में इंग्लैण्ड और इराक़ के बीच दोस्ती की नई सन्धि हुई। अन्दरूनी और विदेशी दोनों मामलों में इराक़ की पूरी स्वाधीनता इस बार फिर मान ली गई। पर इसमें जो पाबन्दियां और शर्तें रक्खी गई थीं, वे ऐसी थीं कि

उनसे इस स्वाधीनता का रूप बदलकर ढंकी हुई सरपरस्ती की हुकूमत बन जाता था। भारत को जाने वाले रास्ते की हिफ़ाजत के लिए, जिसे सन्धि में इंग्लैण्ड के 'आवा-जाई के ज़रूरी ज़रिये' कहा गया है, इराक़ इंग्लैण्ड को हवाई अड्डों के लिए जगहे देता है। इंग्लैण्ड मोसल में व दूसरी जगहों पर अपने फ़ौजी सिपाही भी हमेशा रखता है। इराक फ़ौजी तालीम के लिए सिर्फ़ अंग्रज़ों को ही रख सकता है, और इराक़ी फ़ौजों में अंग्रेज़ अफ़सर सलाहकारों की हैसियत से काम करेंगे। हथियार गोला-बारूद और हवाई जहाज़ इंग्लैण्ड से ही हासिल किये जायंगे। अगर युद्ध छिड़ जाय तो दुश्मन के ख़िलाफ़ युद्ध-जैसी कार्रवाइयों के लिए देश में इंग्लैण्ड को सब तरह की सुविधाएं दी जायंगी। इस तरह मोसल के आस-पास के जंगी अहमियतवाले मुक़ामों तुर्की व ईरान पर या अज़रबाइजान में सोवियतों पर इंग्लैण्ड आसानी से वार कर सकता है।

इस सन्धि के फौरन बाद ही १९३१ ई० में इंग्लैण्ड और इराक़ के बीच एक न्यायिक (जुडीशल) क़रार हुआ, जिसमें इराक़ ने वचन दिया है, वह एक ब्रिटिश न्यायिक सलाहकार, अपील की अदालत का अंग्रेज़ अध्यक्ष, और बगदाद, बसरा, मोसल वग़ैरा में अदालतों के अंग्रेज़ अध्यक्ष तनख्वाहें देकर रक्खेगा।

इन शर्तो के अलावा भी यह नज़र आता ह कि इराक़ में अंग्रेज़ अफ़सरों ने बहुत-से ऊंचे ओहदों को घेर रक्खा है। इसलिए अमल में यह 'स्वाधीन' देश एक तरह से इंग्लैण्ड का पलुआ देश है, और इसको पक्का करनेवाली १९३० ई० की दोस्ती की सन्धि पच्चीस वर्ष के लिए है।

हालांकि पार्लमेण्ट ने १९२५ ई० में नये संविधान की मंज़ूरी के बाद से ही अपना काम चालू कर दिया था, पर जनता ज़रा भी खुश नही थी, और दूर के इलाक़ों में कभी-कभी फ़िसाद हो जाते थे। कुर्दी इलाकों में तो खास तौर पर यह बात थी। यहां बार-बार उपद्रव हुए, जिन्हें ब्रिटिश हवाई फ़ौज ने बमबारी की व समूचे गांवों के सत्यानाश की हलकी-सी कार्रवाई से दबा दिया। १९३० ई० की सन्धि के बाद, अंग्रेज़ों की छत्रछाया में इराक़ को राष्ट्रसंघ का सदस्य बनाये जाने का सवाल उठा। पर देश में शान्ति नही थी और फ़िसाद चालू थे। यह न तो 'फ़रमानी' शक्ति इंग्लैण्ड के लिए नामवरी की बात थी और न शाह फ़ैसल की मौजूदा सरकार के लिए। क्योंकि ये विद्रोह इस बात के काफ़ी सबूत थे कि जनता उस हुकूमत से खुश नहीं थी, जो ब्रिटिश सरकार ने उसपर ज़बरन थोप दी थी। इन मामलों का राष्ट्रसंघ के सामने आना बहुत बुरा समझा गया, इसलिए इन उपद्रवों को डंडे के ज़ोर से और आतंक की कार्रवाइयों से खतम करने के लिए खास ज़ोर लगाया गया। इस काम के लिए ब्रिटिश हवाई फ़ौज का इस्तेमाल किया गया, और शान्ति व अमन क़ायम करने के इन जतनों का क्या नतीजा हुआ, यह कुछ हद तक एक ऊंचे अंग्रेज़ अफ़सर के बयान से जाना जा सकता है। लैफ्टिनेन्ट

कर्नल सर आर्नोल्ड विल्सन ने ८ जून १९३२ ई०, को लन्दन की रॉयल एशियन सोसाइटी के सालना जलसे पर दिये गए अपने व्याख्यान में ज़िक्र किया था कि किस

> "ठिढ़ाई के साथ (जेनेवा की घोषणाओं के बावजूद) रॉयल एयर फ़ोर्स पिछले दस वर्षों से, और खासकर गुज़रे छह महीनों में, कुर्दिस्तान के निवासियों पर बमबारी करता रहा। 'टाइम्स' के विशेष संवाददाता के शब्दों में, तबाह किये गए गांव, कत्ल किये गए मवेशी, अंग-भंग किये गए स्त्रियां और बच्चे, सभ्यता के एकसमान नमूने का सबूत देते है।"

जब यह पता लगा कि गांवों के लोग हवाई जहाज़ की आवाज पर भाग जाते थे और छिप जाते थे, और इतनी भी खिलाड़ी की भावना नहीं थी कि जबतक बमों से मर न जायं तबतक बमों का इन्तज़ार करते रहें, तो देर से फटनेवाले नई क़िस्म के बमों का इस्तेमाल किया गया। ये बम गिरने पर नहीं फटते थे, बल्कि इस तरह बंधे हुए होते थे कि कुछ देर बाद फटते थे। इस शैतानी फरेब का मकसद यह था कि हवाई जहाजों के चले जाने पर गांव के लोग धोखे में आकर अपनी झोंपड़ियों में लौट आवें और फिर बम के फटने से घायल हो जायं। जो लोग मर जाते थे, उनकी किस्मत एक तरह से अच्छी थी। जो अपंग हो जाते थे, जिनके हाथ-पांव कभी-कभी कटकर जा पड़ते थे, वे बहुत ज्यादा बदनसीब थे, क्योंकि दूर-दूर के उन गांवों में डाक्टरी इलाज का कोई इन्तज़ाम नहीं था।

बस, इस तरह शान्ति व अमन फिर कायम कर दिये गए और ब्रिटिश सरकार की छत्रछाया में इराक़ ने अपनेको राष्ट्रसंघ के सामने पेश किया, और उसे सदस्य बना लिया गया। कहा जाता है, और यह सही भी है, कि इराक़ को 'बमों के जरिये' राष्ट्रसंघ में फेंक दिया गया।

राष्ट्रसंघ का सदस्य-राज्य बन जाने की वजह से इराक़ पर ब्रिटिश 'फ़रमान' खतम हो गया है। उसकी जगह अब १९३० ई० की सन्धि ने ले ली है, जिसके मातहत इस राज्य पर अंग्रेजों का कारगर इख्तियार पक्का हो गया है। इस सूरते-हाल पर नाराज़ी बराबर ज़ारी है, क्योंकि इराक़ की जनता मुकम्मिल आज़ादी और अरबी देशों के साथ एक होना चाहती है। राष्ट्रसंघ का सदस्य होने में उनकी ज्यादा दिलचस्पी नहीं है, क्योंकि पूर्व की दूसरी सताई हुई क़ौमों की तरह वे समझते हैं कि राष्ट्रसंघ को तो यूरोप की बड़ी शक्तियों ने अपने उपनिवेशी व दूसरे स्वार्थ साधने का महज़ औजार बना रक्खा है।[1]

[1] **शाह फ़ैसल की मृत्यु सितम्बर १९३३ ई० में हो गई। इसके बाद इसका पुत्र ग़ाज़ी प्रथम गद्दी पर बैठा, जिसका १९३९ ई० में एक दुर्घटना में प्राणान्त हो गया। इसके बाद इसका बालक पुत्र गद्दी का उत्तराधिकारी हुआ।**

अब हमने अरबी क़ौमों का सिंहावलोकन पूरा कर दिया है। तुमन ग़ौर किया होगा कि महायुद्ध के बाद भारत व दूसरे पूर्वी देशों के साथ-साथ ये सब भी राष्ट्रीयता की लहर से किस तरह जोरों के साथ उमड़ उठे थे। ऐसा मालूम होता था कि सबमें एक साथ बिजली की धार चल रही है। दूसरा मार्के का पहलू था सबका एक ही तरह के तरीके अपनाना। इनमें से बहुत-से देशो में बग़ावतें और ख़ूनी उपद्रव हुए, पर धीरे-धीरे वे असहयोग और बायकाट की नीति का दिन-पर-दिन ज़्यादा सहारा लेने लगे। इसमें कोई शक नहीं कि मुकाबले में अड़ने के इस नये तरीक़े का रिवाज़ भारत ने ही १९२० ई० में डाला था, जबकि काग्रेस गांधीजी के दिखाये रास्ते पर चली थी। असहयोग और विधान-मंडलो के बायकाट का विचार भारत से ही पूर्व के दूसरे देशों में फैला है, और राष्ट्रीय आज़ादी की लड़ाई का यह एक जाना-माना और अक्सर अमल मे आनेवाला तरीक़ा बन गया है।

साम्राज्यवादी अधिकार के अंग्रेज़ी और फ्रान्सीसी तरीकों में एक दिलचस्प फ़र्क़ की तरफ में तुम्हारा ध्यान दिलाना चाहता हूं। इंग्लैंड ने अपने सारे उपनिवेशी देशों में सामन्ती, जमींदारों, और सबसे ज़्यादा दकियानूसी व पिछड़े हुए वर्गो से गठ-बन्धन का जतन किया। यह चीज़ हम भारत में, मिस्र में और कई जगह देख चुके है। उसने अपने उपनिवेशी देशों में डांवाडोल राजगद्दियां क़ायम की, और उनपर प्रगति-विरोधी शासकों को बैठा दिया, क्योंकि वह अच्छी तरह जानता था कि ये उसकी मदद करेंगे। बस, उसने मिस्र में फ़ुआद को, इराक़ में फ़ैसल को और ट्रान्स-जॉर्डन में अब्दुल्ला को बैठाया, और हिजाज में हुसैन को बिठाने की कोशिश की। दूसरी ओर फ्रान्स ख़ुद ही अपने नमूने का मध्यवर्गी देश होने के सबब से उपनिवेशी देशों के कुछ मध्य वर्गो में, यानी उठते हुए मध्यमवर्गो मे अपना सहारा ढूंढने की कोशिश करता है। मसलन सीरिया में उसने सहारे के लिए ईसाई मध्यमवर्गों पर नजर डाली। इंग्लैण्ड और फ्रान्स दोनों ही अपने अधीन उपनिवेशी देशों में ज़्यादातर इस नीति पर अमल करते हैं कि विरोध करनेवाली राष्ट्रीयता को फूट डालकर कमज़ोर कर देना, और मज़हबी अल्पसंख्यक, नस्ली और समस्याएं खड़ी कर देना। मगर सारे पूर्व में राष्ट्रीयता धीरे-धीरे इन भेद-भावों को दबाती जा रही है, और शायद यह चीज इतनी कहीं नहीं हो रही, जितनी कि मध्य-पूर्व के अरबी देशों में, जहां मज़हबी फ़िरके आम राष्ट्रीयता के आदर्श के आगे कमज़ोर पड़ते जा रहे है।

ऊपर मैंने इराक में इंग्लैण्ड के रॉयल फ़ोर्स की कार्रवाइयों का ज़िक्र किया है। पिछले क़रीब बारह वर्षों से ब्रिटिश सरकार की यह साफ़-साफ़ नीति बन गई है कि अपने नीम-उपनिवेशी देशों में नामधारी 'पुलिस कार्रवाई' के लिए हवाई जहाज़ों का इस्तेमाल करना। जहां कुछ हदतक स्वराज दे दिया गया है और जहां का प्रशासन बहुत-कुछ देशी हो गया है, वहां यह नीति ख़ास तौर पर बरती जाती है। इन देशों में अब क़ब्ज़ा जमानेवाली सेनाएं या तो रक्खी नहीं

जातीं या उन्हें बहुत कम कर दिया गया है। इसमें बहुत लाभ हैं। एक तो बहुत-सा खर्च बच जाता है, दूसरे, देश पर फ़ौजी क़ब्ज़ा कम नज़र आने लगता है। साथ ही हवाई जहाज़ों व बमों के ज़रिये स्थिति उनके पूरे काबू में रहती है। इस तरह, स्वाधीन इलाकों में हवाई जहाज़ों से बमबारी का इस्तेमाल बहुत ज़्यादा बढ़ गया है, और इंग्लैण्ड इस तरीक़े का जितना ज़्यादा इस्तेमाल करता है उतना शायद दूसरी कोई शक्ति नहीं करती। इराक़ के बारे में तो मैं बतला ही चुका हूं। यही क़िस्सा भारत के उत्तर-पश्चिमी सीमाप्रान्त के लिए दोहराया जा सकता है, जहां इस तरह की बमबारी लगातार और बार-बार का वाक़या हो गई है।

शायद यह तरीका फ़ौजें भेजने के पुराने तरीक़े से ज़्यादा सस्ता और ज़्यादा जल्दी का है। पर यह तरीका निहायत ज़ालिमाना और भयानक है। सच तो यह है कि ऐसी किसी चीज़ की कल्पना ही कठिन है, जो बम गिराने और ख़ासकर देर से फटनेवाले बम गिराने, और बेगुनाहों व गुनहगारों की इकसार हत्या करने के तरीक़े से ज़्यादा नफ़रत पैदा करनेवाला व वहशियाना हो। इस तरीक़े से दूसरे देश पर हमला करना भी बहुत आसान हो जाता है। इसलिए इसके ख़िलाफ़ हो-हल्ला मच गया है, और शहरी आबादियों पर हवाई हमलों के वहशीपन के ख़िलाफ़ जेनेवा में राष्ट्रसंघ में बड़े असरदार भाषण दिये जाते हैं। संयुक्तराज्य अमेरिका समेत सारे राष्ट्र इस पक्ष में थे कि हवाई बमबारी बिलकुल बंद कर दी जाय। लेकिन इंग्लैण्ड अपने उपनिवेशों में 'पुलिस कार्रवाइयों' के लिए हवाई जहाज़ों के इस्तेमाल का अधिकार अपने हाथ में रखने पर अड़ा रहा, और इसलिए राष्ट्र-संघ में और १९३३ ई० के निरस्त्रीकरण-सम्मेलन में इस बात पर कोई आपसी समझौता नहीं हो पाया।

: १७० :

अफ़ग़ानिस्तान और एशिया के कुछ और देश

८ जून, १९३३

इराक़ के पूर्व में ईरान फैला हुआ है और ईरान के पूर्व में अफ़ग़ानिस्तान फैला हुआ है। ईरान और अफ़ग़ानिस्तान दोनों भारत के पड़ोसी हैं, क्योंकि ईरान की सरहद कई सौ मील तक (बलूचिस्तान) में भारत से लगती है, और अफ़ग़ानिस्तान व भारत, बलूचिस्तान के ठेठ पश्चिमी सिरे से लगाकर हिन्दूकुश के उत्तरी पहाड़ों तक,—जहां भारत अपना बर्फ़ से ढका माथा मध्य-यूरोप के सीने पर आराम से टिकाये हुए है और नीचे सोवियत प्रदेशों में नज़र डाल रहा है,—क़रीब एक हज़ार मील तक अगल-बगल फैले हुए हैं।"[1] ये तीनों देश सिर्फ़ पड़ौसी

[1] हिन्दुस्तान के विभाजन के बाद ये सीमाएं अब पाकिस्तान में चली गई हैं, और ईरान तथा अफ़ग़ानिस्तान भारत के पड़ौसी नहीं रहे।

अफ़ग़ानिस्तान


सोवियत रूस
ताशकन्द
बुखारा
समरकन्द
पामीर
सिक्किम
हेरात
अफ़ग़ानिस्तान
काबुल
खैबर
पेशावार
कंधार
लाहौर
सिन्धु नदी
क्वेटा
मुल्तान
बलूचिस्तान
भा र त
कराची

ही नहीं हैं, बल्कि नस्ली लिहाज से भी इनमें एक ही ख़ून है, क्योंकि इन सबम आर्य नस्ल के लोग सबसे ज़्यादा हैं । जैसाकि हम देख चुके हैं, संस्कृति के लिहाज़ से गुज़रे ज़माने में इनमें बहुत-सी बातें एकसमान रही हैं। कुछ ही दिन पहले तक उत्तर भारत में फ़ारसी भाषा विद्वानों की भाषा गिनी जाती थी, और यह अभी तक भी चल रही है, खासकर मुसलमानों में। अफ़ग़ानिस्तान में तो फ़ारसी अभी तक दरबारी भाषा है, हालांकि अफ़ग़ानों की आम भाषा पश्तो है ।

ईरान के बारे में जितना मैं पिछले पत्रों में लिख चुका हूं, उससे ज़्यादा कुछ नहीं लिखना चाहता । पर अफ़ग़ानिस्तान की हाल की घटनाओं का थोड़े में बयान करना ज़रूरी है । अफ़ग़ानी इतिहास एक तरह से भारतीय इतिहास का ही टुकड़ा है; असल में बहुत वर्षों तक अफ़ग़ानिस्तान भारत का ही भाग था । अलग होने के बाद से, और खासकर पिछले सौ वर्षों से ऊपर के समय में, यह रूस और इंग्लैण्ड के दो महान साम्राज्यों के बीच झोंक झेलनेवाला राज्य रहा है । रूसी साम्राज्य तो मिट चुका है और उसकी जगह सोवियत संघ ने ले ली है, पर अफ़ग़ानिस्तान अभी तक वही पुराना झोंक झेलनेवाला काम कर रहा है, जहां अंग्रेज़ों और रूसियों की सांठ-गांठें चलती रहती हैं, और दोनों अपना-अपना पौवा जमाने की कोशिश में रहते है । उन्नीसवीं सदी में इन साजिशों ने बढ़कर इंग्लैण्ड और अफ़ग़ानिस्तान के बीच युद्ध का रूप ले लिया, जिसके नतीजे से अंग्रेज़ों को आफतें तो बहुत झेलनी पड़ी, पर अन्त में उनकी प्रभुता क़ायम हो गई । अफ़ग़ानी राज-घराने के कितने ही व्यक्ति नज़रबन्दों की तरह उत्तर भारत में अभी तक इधर-उधर बसे हुए हैं, और हमें अफ़ग़ानिस्तान में इंग्लैण्ड की दस्तन्दाज़ी की याद दिलाते है । यहां अंग्रेज़ो से दोस्ती रखनेवाले अमीरों का राज रहा, और अफ़ग़ानिस्तान की विदेशी नीति तो साफ़-साफ़ अंग्रेज़ों के इख़्तियार में रक्खी गई । पर ये अमीर कितने ही दोस्ताना क्यों न हों, उनपर पूरी तरह भरोसा नही किया जा सकता था, इसलिए ब्रिटिश सरकार की ओर से उन्हें हर साल बड़ी-बड़ी रक़मे सरकारी मदद के तौर पर दी जाती थीं । अमीर अब्दुल रहमान, जिसकी लम्बी बादशाही १९०१ ई० में ख़तम हुई, इसी तरह का अमीर था । इसके बाद अमीर हबीबुल्ला गद्दी पर बैठा । यह भी अंग्रेज़ों की तरफ ही बहुत झुका हुआ था ।

अफ़ग़ानिस्तान को भारत की अंग्रेज़ी हुकूमत का सहारा इसलिए लेना पड़ा कि दुनिया के नकशे में इसकी जगह ही ऐसी है । नक़शे में तुम देखोगी कि बलूचिस्तान के बीच में आने से इसका समुद्र से लगाव कट गया है । इसलिए इसकी हालत उस मकान जैसी है जिसे आम रास्ते पर पहुंचने के लिए दूसरे की ज़मीन पर होकर गुज़रने के सिवा कोई चारा न हो । और यह बड़ी झंझट का मामला है । अफ़ग़ानिस्तान के लिए बाहरी दुनिया से संबंध क़ायम रखने का सबसे आसान

रास्ता भारत होकर था। अफ़ग़ानिस्तान के उत्तर के रूसी प्रदेशों में उन दिनों आवा-जाई के अच्छे साधन नहीं थे। मेरा ख्याल है कि हाल में सोवियत सरकार ने रेलमार्ग डालकर और हवाई व मोटर सेवाओं को बढ़ावा देकर आवा-जाई के साधनों का विकास किया है। बस, चूंकि अफ़ग़ानिस्तान के लिए भारत ही दुनिया की तरफ़ खुलनेवाला दरवाज़ा था, इसलिए ब्रिटिश सरकार उसपर कई तरह से दबाव डालकर इस कमज़ोरी का फ़ायदा उठा सकती थी। समुद्र तक पहुंचने में अफ़ग़ानिस्तान की यह दिक़्क़त, देश के सामने खड़ी हुई एक बहुत बड़ी समस्या है।

१९१९ ई० के शुरू में अफ़ग़ानी राजदरबार की साज़िशें और लाग-डाटें भीतर से ऊपर को निकलकर फूट पड़ीं, और राजमहलों की दो लगातार क्रान्तियां तुर्त-फुर्त हो गईं। मुझे यह ठीक तरह नहीं मालूम कि परदे के पीछे क्या-क्या हुआ और इन परिवर्तनों के लिए कौन ज़िम्मेदार था। अमीर हबीबुल्ला की हत्या कर दी गई, और उसके बाद उसका भाई नसरुल्ला अमीर हुआ। लेकिन नसरुल्ला भी बहुत जल्दी हटा दिया गया, और हबीबुल्ला का एक छोटा पुत्र अमानुल्ला अमीर बना। गद्दी पर बैठते ही उसने १९१९ ई० में भारत पर एक छोटा-सा हमला कर दिया। इस हमले का उस वक्त भड़कानेवाला ठीक क्या कारण था या पहल किसकी तरफ़ से हुई, यह मुझे नही मालूम। शायद अमानुल्ला ब्रिटिश सरकार का किसी भी तरह मोहताज बनने से सख्त नाराज़ था और अपने देश की पूरी स्वाधीनता क़ायम करना चाहता था। शायद उसने यह भी सोचा हो कि हालतें उसके माफ़िक़ थीं। तुम्हें याद होगा कि उन दिनों पंजाब में फ़ौजी क़ानून लागू था, भारत में चारों तरफ़ असन्तोष था, और ख़िलाफ़त के सवाल पर मुसलमानों की हलचल ज़ोर पकड़ रही थी। सबब या लोभ कुछ भी रहे हों, अंग्रेज़ों के साथ अफ़ग़ानों का युद्ध छिड़ गया। पर यह युद्ध बहुत ही थोड़े दिन चला और लड़ाई भी बहुत कम हुई। फ़ौजी हैसियत से भारत में अंग्रेज़ लोग अमानुल्ला से अलबत्ता बहुत ज़्यादा ताक़तवर थे; मगर वे लड़ने का तैयार नहीं थे और कुछ मामूली वारदातों से ही वे अफ़ग़ानों के साथ राज़ीनामा करने को तैयार हो गये। नतीजा यह हुआ कि अफ़ग़ानिस्तान को स्वाधीन देश मान लिया गया, और दूसरे देशों के साथ विदेशी रिश्तों के मामले में उसका पूरा इख्तियार कबूल कर लिया गया। इस तरह अमानुल्ला ने अपना उद्देश्य हासिल कर लिया, और यूरोप व एशिया में हर जगह उसकी शान बढ़ गई। अंग्रेज़ों का तो उससे नाराज़ होना लाज़िमी ही था।

अमानुल्ला ने अपने देश में जो नई नीति बरती, उससे लोगों का ध्यान उसकी ओर और भी खिचने लगा। यह नीति थी पश्चिमी ढंग पर तेज़ी के साथ सुधार, जिसे अफ़ग़ानिस्तान का 'पश्चिमीकरण' कहा जाता है। इस काम में

उसकी बेगम सुरैय्या ने उसे बहुत सहायता दी। उसन यूरोप में कुछ शिक्षा पाई थी, और बुर्क़े में स्त्रियों का पर्दा उसे बहुत अलकसाता था। इस तरह एक पिछड़े हुए देश को कुछ ही दिनों में बदल डालने का, यानी अफ़ग़ानों को ढकेलकर और पुराने ढर्रे में से निकालकर नये रास्ते पर डालने का अनोखा सिलसिला शुरू हुआ। मालूम होता है कि अमानुल्ला ने मुस्तफ़ा कमालपाशा को अपना नमूना बनाया था, और कई बातों में उसकी नक़ल करने की कोशिश की, यहांतक कि अफ़गानों को कोट-पतलून और यूरोपीय टोप भी पहना दिये. और उनकी दाढ़ियां भी मुंड़वा दीं। पर अमानुल्ला में मुस्तफ़ा कमाल जैसी हिम्मत और क़ाबलियत नही थी। मुस्तफ़ा कमाल ने अपने झाड़-फेर सुधारों की शुरुआत करने से पहले राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय लिहाज़ से अपनी हैसियत ख़ूब मज़बूत बना ली थी। उसकी पीठ पर एक मुस्तैद व संगीन फ़ौज थी और अपने तमाम देशवासियों पर ज़बर्दस्त रौब था। पर अमानुल्ला इन पेशबन्दियों के बिना ही आगे बढ़ गया और उसे बहुत ज़्यादा मुश्किलें उठानी पड़ीं, क्योंकि अफ़ग़ान लोग किसी भी तुर्क से बहुत ज़्यादा पिछड़े हुए थे।

लेकिन काम बिगड़ जाने पर समझदारी की बातें करना आसान होता है। अपने राजकाल के शुरू के वर्षों में अमानुल्ला मानों सारी रुकावटों को पार करता चला गया। उसने बहुत-से अफ़ग़ान लड़कों व लड़कियों को शिक्षा पाने के लिए यूरोप भेजा। उसने अपने राजकाज में बहुत-से सुधार शुरू किये। उसने अपने पड़ौसी देशों और तुर्की के साथ सन्धियां करके अन्तर्राष्ट्रीय मामले में अपनी हैसियत मज़बूत बनाई। सोवियत रूस ने चीन से लगाकर तुर्की तक सारे पूर्वी देशों के साथ जान-बूझकर शरीफ़ाना और दोस्ताना नीति अपनाई थी, और तुर्की व ईरान को विदेशी पंजे से छुटकारा दिलाने में रूस की यह दोस्ती और सहायता बड़ा भारी हेतु बनी थी। १९१९ ई० में इंग्लैण्ड के साथ चन्दरोज़ा युद्ध में अमानुल्ला ने जिस आसानी से अपना मकसद हासिल कर लिया था, उसका भी यह बड़ा हेतु रही होगी। बाद के वर्षो में, सोवियत रूस, तुर्की, ईरान और अफ़ग़ानिस्तान, इन चार शक्तियों के बीच काफ़ी सन्धियां और आपसी कौल-क़रार हुए। इन सबके बीच कोई शामिल सन्धि नहीं हुई, या किन्ही तीन के बीच भी नही हुई। हरेक ने बाक़ी तीन के साथ अलग-अलग और बहुत कुछ मिलती-जुलती सन्धियां की। इस तरह मध्य-पूर्व में, इनसब देशों की ताक़त बढ़ानेवाली सन्धियों का जाल-सा बिछ गया। यहांपर मैं इन सन्धियों की सिर्फ़ सूची, उनकी तारीख़ों के, साथ देता हूं :

तुर्की-अफ़ग़ान सन्धि	१० फरवरी, १९२१ ई०
सोवियत-तुर्की सन्धि	१७ दिसम्बर, १९२५ ई०
तुर्की-ईरान सन्धि	२२ अप्रैल, १९२६ ई०

सोवियत-अफ़ग़ान सन्धि	३१ अगस्त, १९२६ ई०
सोवियत-ईरान सन्धि	१ अक्तूबर, १९२७ ई०
ईरान-अफ़ग़ान सन्धि	२८ नवम्बर, १९२७ ई०

ये सन्धियां सोवियत कूटनीति की शानदार जीत थीं, मगर मध्य-पूर्व में अंग्रेज़ों के असर पर गहरी चोट थी। कहना न होगा कि ब्रिटिश सरकार ने इन पर सख़्त ऐतराज़ किया और अमानुल्ला की सोवियत रूस के साथ दोस्ती को, और रूस की तरफ़ झुकाव को तो, ख़ासतौर पर नापसन्द किया।

१९२८ ई० के शुरू में अमानुल्ला और बेगम सुरैय्या अफ़ग़ानिस्तान से यूरोप के शानदार दौरे पर रवाना हुए। वे रोम, पैरिस, बर्लिन, लंदन, मॉस्को, वग़ैरा, यूरोप की कई राजधानियों में गये और हर जगह उनकी खूब आव-भगत हुई। ये तमाम देश व्यापार व राजनीति के मतलबों से अमानुल्ला को खुश रखना चाहते थे। उसे कीमती तोहफ़े भी दिये गए। पर उसने राजनयिकों जैसा खेल खेला और किसी बात की हामी नहीं भरी। लौटते समय वह तुर्की और ईरान होता हुआ आया।

उसके लम्बे दौरे ने लोगों का ध्यान खूब खींचा। इस दौरे ने अमानुल्ला की इज़्ज़त बढ़ा दी, और दुनिया में अफ़ग़ानिस्तान का महत्व भी बहुत बढ़ा दिया। मगर ख़ुद अफ़ग़ानिस्तान में हालत अच्छी नहीं थी। अमानुल्ला ने ऐसे बड़े-बड़े परिवर्तनों के बीच में अपने देश से बाहर जाकर भारी जोखिम उठाई थी, जो रहन-सहन के पुराने ढर्रे को ही उलट-पुलट कर रहे थे। मुस्तफ़ा कमाल ने ऐसी जोखिम कभी नहीं उठाई थी। अमानुल्ला की ग़ैरहाज़िरी के लम्बे समय में, उसके ख़िलाफ़ क़तार बांधनेवाले तमाम प्रगति-विरोधी लोग और ताक़तें धीरे-धीरे सामने आ गये। उसे बदनाम करने के लिए हर तरह की साज़िशें की गईं और अनगिनत अफ़वाहें फैलाई गईं। इस अमानुल्ला-विरोधी प्रचार के लिए न मालूम कहां से रुपये की मानो नदी बही चली आ रही थी। मालूम होता था कि बहुत-से मुल्लाओं को इस काम के लिए रुपया मिल रहा था। ये लोग देश-भर में फैल गये और अमानुल्ला को काफ़िर क़रार देकर फ़तवे निकालने लगे। यह दिखलाने के लिए कि बेगम सुरैय्या कितनी भद्दी पोशाक पहनती हैं, उसकी हज़ारों ऐसी विचित्र तसवीरें गांव-गांव में बांटी गईं, जिनमें वह यूरोपीय ढंग की शाम की पोशाक या कोई ढीला-ढाला गाउन पहने हुए दिखाई गई थी। इस तूल-तबील और ख़र्चीले प्रचार के लिए कौन ज़िम्मेदार था? अफ़ग़ानों के पास न तो इसके लिए पैसा था और न कभी उन्होंने यह काम सीखा था; वे तो इसके लिए सिर्फ काम का मसाला थे। मध्य-पूर्व में और यूरोप में आम तौर पर यह ख़याल किया जाता था, और कहा जाता था, कि इस प्रचार के पीछे ब्रिटिश ख़ुफ़िया विभाग का हाथ था। इस तरह

की बातें कभी साबित नहीं की जा सकतीं, और इस काम के साथ अंग्रेज़ों का नाम जोड़ने के लिए कोई साफ़-साफ़ सबूत भी नहीं मिल रहा था, हालांकि यह कहा जाता है कि अफ़ग़ान बाग़ियों के पास अंग्रेज़ी रायफ़लें थी। परन्तु यह तो काफ़ी ज़ाहिरा है बात कि अफ़ग़ानिस्तान में अमानुल्ला की ताक़त कम करने में इंग्लैण्ड की दिलचस्पी थी।

जब इधर अफ़ग़ानिस्तान में अमानुल्ला की जड़ें खोखली की जा रही थीं तब वह यूरोप की राजधानियों में शानदार स्वागतों के मज़े ले रहा था। जब वह देश लौटा तो अपने सुधारों के लिए नये जोश से भरा हुआ, नये विचारों से भरा हुआ और कमाल पाशा का, जिससे वह अंगोरा में मिला था, पहले से भी ज़्यादा मुरीद बना हुआ था। वह इन सुधारों को आगे बढ़ाने में फ़ौरन जुट गया। उसने अमीर वर्ग की उपाधियां मिटा दी, और मुल्लाओं की ताक़त कम करने का प्रयत्न किया। उसने मंत्रियों की एक कौन्सिल के हाथ में सरकार की बागडोर भी देने की कोशिश की, और इस तरह खुद अपने निरंकुश अधिकारों को कम कर दिया। नारियों के बन्धन काटने का काम भी धीरे-धीरे आगे बढ़ाया गया।

लेकिन सुलगती हुई आग अचानक भड़क उठी, और १९२८ ई० के अन्त में बग़ावत की लपटें फैलने लगीं। यह बग़ावत बच्चा सक़्क़ा नामक एक मामूली भिश्ती की सरदारी में ज़ोर पकड़ गई और १९२९ ई० में पूरी तरह सफल हो गई। अमानुल्ला और उसकी बेगम देश छोड़कर भाग गये और बच्चा सक़्क़ा बादशाह बन बैठा। पांच महीने तक बच्चा-सक़्क़ा काबुल में राज करता रहा, फिर अमानुल्ला के एक सेनापति व मंत्री नादिर खां ने उसे हटा दिया। नादिर खां ने अपनी ही चालें खेलीं, और जब वह पूरी तरह सफल हो गया तो खुद ही नादिरशाह के नाम से राजगद्दी पर बैठ गया। देश में बार-बार झगड़े और उपद्रव होते रहे, लेकिन नादिरशाह बादशाह बना रहा, क्योंकि इंग्लैण्ड से उसकी दोस्ती थी, और सहायता भी मिलती थी। ब्रिटिश सरकार ने उसे बहुत बड़ी रकम बिना सूद के उधार दी और रायफ़लें व गोली-बारूद भी भेजीं। अफ़ग़ानिस्तान की डावांडोल हालत का सबसे बड़ा सबब यह है कि वह दो ताक़तवर मुकाबलेदारों के बीच में झोंक झेलनेवाला राज्य है।[1]

मैं अफ़ग़ानिस्तान का और पश्चिमी व दक्षिणी एशिया का हाल पूरा कर चुका हूं। अब मैं तुम्हें एशिया के दक्षिण-पूर्वी कोने की कुछ हाल की घटनाओं के बारे में थोड़े में बतलाकर इस पत्र को ख़तम कर दूंगा।

---

[1] **नवम्बर, १९३३ ई० में नादिरशाह की हत्या कर दी गई और उसके बाद उसका पुत्र ज़हीरशाह गद्दी पर बैठा।**

बर्मा के पूर्व में स्याम[1] है, और दुनिया के इस भाग में अकेला यही देश अपनी स्वाधीनता बनाये रख सका है। यह ब्रिटिश बर्मा और फ्रांसीसी हिन्दचीन के बीच में भिचा हुआ है। इस देश में पुराने भारतीय चिह्न भरे पड़े हैं, और इसकी परम्पराओं और संस्कृति और रीति-रिवाजों पर अभी तक पुरानी भारतीयता की छाप है। कुछ ही दिन पहले तक यहां निरंकुश सल्तनत थी, और यहां की समाजी हालत ज़्यादातर सामन्ती थी, जिसमें छोटा-सा उठता हुआ मध्यमवर्ग था। मेरा ख़याल है कि यहां के राजा की उपाधि बहुत करके 'राम' होती थी और यह शब्द हमें भारत की याद दिलाता है। यानी यहां राम प्रथम, राम द्वितीय, वग़ैरा नाम के राजा होते रहे हैं। महायुद्ध के दौरान में, जब मित्र-राष्ट्रों की जीत साफ़-साफ़ दिखाई देने लगी, तब यह देश मित्र-राष्ट्रों के साथ शामिल हो गया, और बाद में यह राष्ट्रसंघ का सदस्य बन गया।

१९३२ ई० में स्याम की राजधानी बैंकाक में अचानक राजनैतिक उखाड़-पछाड़ हुई और निरंकुश ढंग का राज ख़तम हो गया, और इसकी जगह स्यामी लोक-दल की सरकार के मातहत लोकतंत्र की शुरूआत हो गई। लुआंग प्रदीत नामक एक वकील की नेतागिरी में नौजवान स्यामी फौजी अफसरों व दूसरे लोगों के दल ने राजघराने के व्यक्तियों को और ख़ास-ख़ास मंत्रियों को गिरफ़्तार कर लिया, और राजा प्रजाधिपोक को एक संविधान मंजूर करने पर मजबूर कर दिया। राजा की शक्तियां सीमित कर दी गई और एक लोकसभा बनाई गई। इस परिवर्तन का जनता ने समर्थन तो किया पर यह सारी जनता की उथल-पुथल के सबब से नहीं हुआ था। यह घटना उस अचानक फ़ौजी उखाड़-पछाड़ से मिलती-जुलती थी, जिसके ज़रिये नौजवान तुर्कों ने सुल्तान अब्दुल हमीद के ज़ुल्मों का अन्त कर दिया था। राजा के फौरन घुटने टेकने से संकट तो टल गया, पर परिवर्तन के आगे झुकने की उसकी यह तैयारी सच्ची नही थी। अप्रैल, १९३३ ई० में उसने लोक-सभा को अचानक भंग कर दिया और लुआंग प्रदीत को निकाल दिया। दो महीने बाद फिर अचानक राजनैतिक उखाड़-पछाड़ हुई और लोक-सभा फिर से बहाल कर दी गई। स्याम की नई सरकार ने इंग्लैण्ड के साथ कोई गहरे लगाव क़ायम नही किये हैं, बल्कि वह जापान की तरफ़ बहुत ज़्यादा झुकी हुई है।[2]

स्याम के पूर्व में फ़्रान्सीसी हिन्द-चीन में भी राष्ट्रीयता फैल रही है और ज़ोर पकड़ती जा रही है। इस राष्ट्रीय आन्दोलन को दबाने के लिए फ्रान्सीसी सरकार

---

[1] आजकल इसका राष्ट्रीय नाम थाईलैण्ड है।

[2] अक्तूबर, १९३३ ई० में एक दक्षिण-पक्षीय उपद्रव हुआ, पर इसे दबा दिया गया और लुआंग प्रदीत सरकार का नेता बना रहा।

ने षड्यन्त्र के बहुत-से मुक़दमे चला दिये हैं, और बहुत लोगों को कैद की लम्बी-लम्बी सज़ाए दे दी है। मार्च, १९३३ ई० में, जिनेवा में होनेवाले निरस्त्रीकरण सम्मेलन की बैठक में फ्रान्सीसी प्रतिनिधि ने एक भेद खोलनेवाला बयान दिया था। यह प्रतिनिधि, मोश्ये सारियो, फ्रान्सीसी हिंद-चीन का खुद गवर्नर रह चुका था। उसने बतलाया कि "उपनिवेशी मिल्कियतों में राष्ट्रीयता का विकास हो रहा है और वहां राज चलाना दिन-पर-दिन निहायत दुश्वार हो रहा है"। उसने फ्रान्सीसी हिंद-चीन की मिसाल दी कि जब वह वहां का गवर्नर था तब अमन क़ायम रखने के लिए १,५०० आदमी काफी थे, पर इसके मुकाबले में अब वहां १०,००० आदमियों की ज़रूरत पड़ रही थी।

अन्त में डच ईस्ट-इण्डीज में जावा है, जो अपनी शकर और अपने रबड़ के लिए मशहूर है, और अपनी जनता के उस ज़बर्दस्त शोषण के लिए भी नामी है, जो उसके बागानों मे हुआ करता था। भारत के साथ-साथ यहां भी राष्ट्रीयता बढ़ने की वजह से कुछ हद तक सुधार हुए हैं और बहुत ज़्यादा दमन हुआ है। जावा-निवासियों में ज़्यादातर मुसलमान हैं, और महायुद्ध के दौरान में और उसके बाद पश्चिमी एशिया की घटनाओं का उनपर भी असर पड़ा। कैण्टन में चीनी क्रान्तिकारी आन्दोलन के उत्थान ने उनपर बहुत असर डाला,और वे भारत के असहयोग आन्दोलन की तरफ़ भी मायल हुए। १९१६ ई० में डच सरकार ने जावावासियों को संविधानी सुधार देने का वादा किया, और बटेविया में जनता की कौन्सिल क़ायम कर दी गई। पर इसके ज़्यादातर सदस्य नामज़द थे और इसे कोई खास अधिकार नहीं दिये गए थे, इसलिए इसके खिलाफ आन्दोलन जारी रहा। १९२५ ई० में फिर नया संविधान लागू किया गया, पर इससे कुछ फर्क नहीं हुआ, यह जनता को राज़ी न कर सका। जावा व सुमात्रा में हड़तालें और दंगे हुए, और १९२७ ई० में डच सरकार के ख़िलाफ़ एक बलवा हुआ। इसे बड़ी बेरहमी से कुचल दिया गया। पर राष्ट्रीय आन्दोलन चलता रहा, और ठोस कामों के मैदान में इसने बहुत-से राष्ट्रीय स्कूल खोले, और भारत की तरह कुटीर उद्योगों व दस्तकारियों को बढ़ावा दिया। आज़ादी के लिए लड़ाई अब भी जारी है। संसार-व्यापी आर्थिक मन्दी की वजह से, और भारी बचाव चुंगियां लगाने से विदेशी मंडियां पाबन्द हो जाने की वजह से, जावा के चीनी उद्योग को बहुत नुक़सान पहुंचा है।

१९३३ ई० के शुरू में जावा के पूर्वी तट के पास एक विचित्र वारदात हो गई। एक डच जंगी-जहाज के मल्लाहों ने, वेतन में कटौती किये जाने का विरोध करने के लिए, जहाज पर क़ब्जा कर लिया और उसे लेकर चल दिये। उन्होंने जहाज़ को कोई नुकसान नहीं पहुंचाया और यह भी ज़ाहिर कर दिया कि वे तो सिर्फ़ अपने वेतनों के लिए अड़ रहे थे। यह एक किस्म की हमलावर हड़ताल थी। इसपर डच

हवाई जहाज़ों ने इस जंगी जहाज पर बम गिराये, जिससे बहुत-से मल्लाह मारे गये, और जहाज़ पर क़ब्ज़ा कर लिया गया।

बस, अब हम राष्ट्रीयता व साम्राज्यशाही के बीच बार-बार होनेवाली टक्करोंवाले एशिया को छोड़कर यूरोप की तरफ़ चलते हैं, क्योंकि यूरोप हमारा ध्यान खींच रहा है। हमने अभी तक युद्ध के बाद के यूरोप पर ग़ौर नहीं किया है। ध्यान रहे कि यूरोप की हालत आज भी संसार-व्यापी हालतों की कुंजी है। इसलिए मेरे कुछ अगले पत्र यूरोप के ही बारे में होंगे।

लेकिन अभी एशिया के भी दो भागों पर, दो विशाल प्रदेशों पर, ग़ौर करना बाक़ी है : एक तो चीन और दूसरा उत्तर में सोवियत इलाक़ा। इनका हम कुछ समय बाद लौटकर बयान करेंगे।

: १७१ :

क्रान्ति, जो होते-होते रह गई

१३ जून, १९३३

जी० के० चैस्टरटन नामक मशहूर अंग्रेज़ लेखक ने कहीं लिखा है कि इंग्लैण्ड में उन्नीसवीं सदी की सबसे बड़ी घटना वह क्रान्ति थी, जो नहीं हुई। तुम्हें याद होगा कि इस सदी में कई मौक़ों पर इंग्लैण्ड क्रान्ति की ठेठ ड्योढ़ी पर पहुंच गया था, यानी वहां छोटे-छोटे मध्य-वर्गों और मज़दूरों की पैदा की हुई समाजी क्रान्ति होने ही वाली थी। मगर शासक वर्ग हमेशा ऐन मौके पर ज़रा झुक गये, उन्होंने वोट का हक़ बढ़ाकर पार्लमेण्टी ढांचे में जनता को दिखावटी हिस्सा दे दिया, और विदेशों के साम्राज्यशाही शोषण की लूट का जरा-सा टुकड़ा भी उन्हें दे दिया, और इस तरह सर पर झूमनेवाली क्रान्ति को रोके रक्खा। अपने फैलते हुए साम्राज्य और उससे वसूल होनेवाले पैसे के बल पर उनके लिए ऐसा करना आसान था। इसलिए इंग्लैण्ड में क्रान्ति तो नहीं हुई, पर उसकी छाया देश पर अक्सर पड़ती रही, और उसके भय से घटनाओं के रूप ज़रूर बने-बिगड़े। कहा जाता है कि इस तरह वह चीज़, जो हक़ीक़त में हुई ही नहीं, पिछली सदी की सबसे बड़ी घटना है।

इसी तरह शायद यह भी कहा जा सकता है कि पश्चिमी यूरोप में युद्ध के बाद के ज़माने की सबसे बड़ी घटना वह क्रान्ति थी, जो होते-होते रह गई। जिन हालतों ने रूस में बोलशेविक क्रान्ति पैदा की थी, वे मध्य व पश्चिमी यूरोप के देशों में भी मौजूद थीं, हालांकि थी किसी क़दर कम। रूस और पश्चिमी यूरोप के इंग्लैण्ड, जर्मनी, फ्रान्स, वगैरा औद्योगिक देशों के बीच खास फ़र्क़ यह था कि रूस में ज़ोरदार मध्य-वर्ग नहीं थे। सच तो यह है कि मार्क्स के मुताबिक मज़दूर-वर्ग की क्रान्ति पहले इन आगे बढ़े हुए औद्योगिक देशों में फूट पड़ने की उम्मीद थी, पिछड़े,

हुए रूस में तो हरगिज़ नहीं। पर महायुद्ध ने ज़ारशाही के घुने हुए पुराने ढांचे को चकनाचूर कर दिया, और मज़दूरों की सोवियतों ने सिर्फ़ इसी वजह से सत्ता छीन ली कि वहां ऐसा कोई जोरदार मध्य-वर्ग नहीं था, जो आगे आकर पश्चिमी ढंग की पार्लमेण्ट के ज़रिये से सरकार पर क़ब्ज़ा करता। इसलिए, यह बड़ी विचित्र बात है कि रूस का यह पिछड़ापन ही, जो उसकी कमज़ोरी का सबब था, उसके लिए ज़्यादा आगे बढ़े हुए देशों से भी बड़ा क़दम बढ़ाने का सबब बन गया। बोलशेविकों ने लेनिन की रहनुमाई में यह क़दम उठाया था, पर वे किसी भ्रम में नहीं थे। वे जानते थे कि रूस पिछड़ा-हुआ देश है और ज़्यादा आगे बढ़े हुए देशों के बराबर पहुंचने में उसे वक्त लगेगा। उन्हें आशा थी कि मज़दूर-वर्ग का गणराज्य कायम करने की जो मिसाल उन्होंने पेश की थी, वह यूरोप के दूसरे देशों के मजदूरों को मौजूदा हुकूमतों के ख़िलाफ़ विद्रोह करने के लिए उकसायेगी। उन्होंने महसूस किया कि यूरोप की इस आम समाजी क्रान्ति में ही उनके ज़िन्दा रहने की अकेली उम्मीद भरी है, वरना बाक़ी की पूजीवादी दुनिया रूस की कम-उम्र सोवियत सरकार को उभरने ही न देगी।

अपनी क्रान्ति के शुरू के दिनों में उन्होंने इसी आशा और इसी भरोसे के साथ संसार के मज़दूरों के नाम अपनी अपीलें बिखेरी थीं। उन्होंने मुल्क जीतने के तमाम साम्राज्यशाही इरादों की खुली मलामत की; उन्होंने कहा कि ज़ारशाही रूस और फ्रान्स व इंग्लैण्ड के बीच जो ख़ुफ़िया सन्धियां हुई थीं, उनके आधार पर वे कोई दावा नहीं करेंगे; उन्होने साफ़ कह दिया कि कुस्तुन्तुनिया तुर्कों के ही कब्ज़े में रहेगा। उन्होंने पूर्वी देशों और ज़ारशाही साम्राज्य की सताई हुई कई छोटी-छोटी क़ौमों के सामने बहुत ही शरीफ़ाना शर्तें रक्खीं। और, सबसे बड़ी बात यह थी कि वे अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर-वर्ग के हामी की तरह सामने आ डटे, और उन्होंने हर जगह के मज़दूरों से अपील की कि वे भी उनकी मिसाल पर चलकर समाजवादी गणराज्य क़ायम करें। राष्ट्रीयता या राष्ट्र के रूप में रूस उनके लिए कोई महत्त्व नहीं रखते थे, सिवाय इसके कि यह संसार का वह भाग था, जहां इतिहास में पहली बार मज़दूरों की सरकार क़ायम हुई थी।

जर्मन सरकार और मित्र-राष्ट्र-सरकारों ने तो बोलशेविकों की अपीलों को अपने यहां नहीं पहुंचने दिया, पर इनकी ख़बरें जैसे-तैसे कितनी ही मोर्चों और कारखानी इलाकों में जा पहुंची। हर जगह उनका ज़बर्दस्त असर पड़ा, और फ्रान्सीसी फौजों में तो काफ़ी दरारें नज़र आने लगीं। जर्मन फौजों और मज़दूरों पर तो और भी ज़्यादा असर पड़ा। जर्मनी, आस्ट्रिया, हंगरी, वग़ैरा हारे हुए देशों में तो बलवे और विद्रोह भी हुए, और कई महीनों तक, या साल दो साल तक, ऐसा मालूम हुआ मानो यूरोप एक ज़बर्दस्त समाजी क्रान्ति की डयोढ़ी पर खड़ा है।

फ़तहमन्द मित्र-राष्ट्रीय देशों की हालत हारे हुए देशों से कुछ बेहतर थी, क्योंकि सफलता ने उनमें ताज़गी पैदा कर दी थी और उम्मीदें पैदा कर दी थीं (जिन्हें बाद की घटनाओं ने बिल्कुल थोथी साबित कर दिया) कि वे हारी हुई शक्तियों से धन वसूल करके अपने कुछ नुक़सानों को पूरा कर सकेंगे। पर मित्र-राष्ट्रीय देशों तक में भी क्रान्ति की हवा थी। वास्तव में यूरोप व एशिया-भर की फ़िज़ा नाराजी के धुएं से भरी हुई थी, और क्रान्ति की आग अन्दर-ही-अन्दर सुलग रही थी, और भभक उठना ही चाहती थी। मगर एशिया और यूरोप में फैली हुई नाराज़ी जुदा-जुदा ढंग की थी और क्रान्ति पर आमादा वर्गों में भी कुछ फ़र्क़ था। एशिया में पश्चिमी साम्राज्यशाही के ख़िलाफ़ राष्ट्रीय विद्रोहों की बागडोर मध्यम-वर्गो के हाथ में थी; यूरोप के मज़दूर-वर्ग मौजूदा मध्य-वर्गी पूजीवादी समाजी व्यवस्था को उलटने पर और मध्यम-वर्गों से सत्ता छीन लेने पर आमादा हो रहे थे।

पर इन तमाम गड़गड़ाहटों और बुरे शकुनों के बावजूद, मध्य यूरोप और पश्चिमी यूरोप में रूसी क्रान्ति की तरह की कोई क्रान्ति नहीं भड़की। पुराना ढांचा इतना मज़बूत था कि उसके ऊपर किये गए वारों को बर्दाश्त कर सकता था। लेकिन इन वारों ने उसे इतना कमज़ोर कर दिया और इतना हिला दिया कि इससे सोवियत रूस बच गया। अगर सोवियत रूस को मोर्चो के पीछे से यह ज़ोरदार मदद न मिली होती, तो पूरा अन्देशा था कि वह १९१९ या १९२० ई० में साम्राज्यशाही शक्तियों के आगे ढेर हो जाता।

धीरे-धीरे महायुद्ध के बाद ज्यों-ज्यों एक के बाद दूसरा साल गुज़रता गया, त्यों-त्यों कुछ हद तक गड़बड़ियां ठंडी पड़ती दिखाई देने लगीं। एक तरफ़ तो प्रगति-विरोधी दकियानूसी बादशाहवादी व सामन्ती ज़मींदार थे और दूसरी तरफ़ नरम समाजवादी या समाजी लोकतंत्रवादी थे। इनके अजीब गठ-बन्धन ने क्रान्ति-कारी तत्वों को दबा दिया। सचमुच यह गठ-बन्धन अजीब था, क्योंकि समाजी लोकतंत्रवादी लोग यह दुहाई देते थे कि वे मार्क्सवाद और मज़दूरों की हुकूमत में विश्वास रखते हैं। इसलिए ऊपर से तो उनका आदर्श वही नज़र आता था, जो सोवियतों और साम्यवादियों का था। मगर फिर भी ये समाजी लोकतंत्रवादी पूजीवादियों से उतना नहीं डरते थे, जितना साम्यवादियों से, और साम्यवादियों को कुचलने के लिए पूंजीवादियों से मिल गये। या यह भी हो सकता है कि वे पूजी-वादियों से इतना डरते थे कि उनके ख़िलाफ जाने की हिम्मत नहीं कर सकते थे; वे बिना लड़ाई-झगड़े के और पार्लमेण्टी उपायों से अपनी हैसियत मज़बूत बनाने का, और इस तरह बिल्कुल नामालूम तरीक़े से समाजवाद लाने की उम्मीद करते थे। उनके इरादे चाहे जो रहे हों, उन्होंने क्रान्तिकारी भावना को कुचलने के लिए प्रगति-विरोधी तत्वों को मदद दी, और इस तरह यूरोप के कई देशों में सचमुच

उलट-क्रान्ति पैदा कर दी। लेकिन जब इस उलट-क्रान्ति की बारी आई तो इसने इन समाजी लोकतंत्री दलों को ही कुचल डाला, और नई व सरगर्म समाजवाद-विरोधी ताकतों ने सत्ता हथिया ली। महायुद्ध के पीछे आनेवाले वर्षों में यूरोप में घटनाओं ने मोटे तौर पर इसी तरह का रूप लिया।

लेकिन कशमकश अभी ख़तम नही हुई है, और पूजीवाद व समाजवाद, इन दो मुक़ाबले की ताक़तों के बीच लड़ाई चल रही है। दोनों के बीच कोई पक्का समझौता नहीं हो सकता, हालांकि दोनों के बीच काम-चलाऊ ठहराव और सन्धियां हुई हैं, और शायद आयन्दा भी हों। रूस व साम्यवाद एक छोर पर खड़े है तो पश्चिमी यूरोप व अमेरिका दूसरे छोर पर। दोनों के बीच के उदार दल, नरम दल व बिचले दल हर जगह ग़ायब होते जा रहे हैं। ये कशमकश और बेज़ारी वास्तव में संसार-भर में पूरी आर्थिक उलट-पुलट और बढ़ती हुई मुसीबतों से पैदा हो रही हैं, और यह खींच-तान तबतक जारी रहेगी जबतक कि पलड़े कुछ बराबर न हो जायं।

महायुद्ध के बाद जो कई विफल क्रान्तियां अबतक हुई है, उनमें जर्मनी की क्रान्ति सबसे ज़्यादा दिलचस्प और भेद खोलनेवाली है। इसलिए इसका कुछ हाल मैं तुम्हें बतलाऊंगा। मैं लिख चुका हूं कि जब महायुद्ध छिड़ा तब यूरोप के तमाम देशों के समाजवादी अपने आदर्शों और वादों पर अमल में चूक गये। वे अपने-अपने देश की भयंकर राष्ट्रीयता में बह गये, और युद्ध की पागल में ख़ूनी प्यास में समाजवाद के अन्तर्राष्ट्रीय आदर्श को भूल गये। १९१४ ई० की ३० जुलाई को, जब महायुद्ध के बादल मंडरा रहे थे, जर्मनी के समाजी लोकतंत्रवादी दल के नेताओं ने हैप्सबर्गों के साम्राज्यशाही इरादों के लिए "जर्मन सिपाही के ख़ून की एक भी बूद" कुर्बान किये जाने के ख़िलाफ़ पुकार मचाई थी। (उस समय आस्ट्रिया के आर्क-ड्यूक फ्रैण्ज़-फर्दिनैन्द की हत्या के मामले पर आस्ट्रिया और सर्बिया के बीच झगड़ा था।) मगर पांच दिन बाद इस दल ने युद्ध का समर्थन किया, और अन्य देशों ने ऐसे ही अन्य दलों ने भी यही किया। यहांतक कि आस्ट्रिया के समाजवादी नेता ने तो सचमुच पोलैण्ड और सर्बिया को आस्ट्रिया के साम्राज्य में मिला लेने की बात कह डाली, और कह दिया कि इसे ज़बरन क़ब्ज़ा नहीं माना जायगा!

१९१८ ई० के शुरू के दिनों में यूरोप के मज़दूरों के नाम बोलशेविकों की अपीलों का जर्मन मज़दूरों पर काफ़ी असर पड़ा, और गोला-बारूद के कारखानों में बड़ी-बड़ी हड़तालें हुईं। इससे जर्मनी की साम्राज्यशाही सरकार के लिए ख़तरनाक सूरत पैदा हो गई, और शायद उसका तख्ता ही उलट गया होता। मगर समाजवादी नेताओं ने हड़ताल-कमेटियों में शामिल होकर और हड़ताल को भीतर से फोड़कर स्थिति को बिगड़ने से बचा लिया।

१९१८ ई० की ४ नवम्बर को उत्तरी जर्मनी में कील[1] मे जहाज़ी फ़ौज में ग़दर की आग भड़क उठी। जर्मन बेड़े के बड़े-बड़े जंगी जहाज़ों को बाहर जाने का आदेश दिया गया था, पर मल्लाहो और कोयला झोंकनेवालों ने उन्हें चलाने से इन्कार कर दिया। उन्हें दबाने के लिए जो फ़ौजी भेजे गये, वे भी उन्हींमें जा मिले और उनके ही तरफ़दार बन गये। इन लोगों ने अफ़सरों को हटा दिया या गिरफ़्तार कर लिया, और मज़दूरों व सिपाहियों की कौन्सिलें (सोवियतें) बन गई। ये रूस में सोवियत क्रान्ति की पहली शुरुआत जैसे लक्षण थे, और यह जर्मनी-भर में फैलती हुई मालूम दे रही थी। पर समाजी लोकतंत्रवादी नेता झटपट कील में आ धमके, और मल्लाहों व मज़दूरों का ध्यान दूसरी बातों की तरफ़ बटाने में कामयाब हो गये। मगर ये मल्लाह अपने-अपने हथियार लेकर कील से चले गये और विद्रोह के बीज बोते हुए जर्मनी-भर में फैल गये।

अब क्रान्तिकारी आन्दोलन फैलता जा रहा था। बवेरिया (दक्षिणी जर्मनी) में गणराज्य का ऐलान कर दिया गया। पर क़ैसर फिर भी अड़ा रहा। नवम्बर की ९ तारीख़ को बर्लिन मे आम हड़ताल हो गई। सारे काम बन्द हो गये, पर ख़ून-खराबी ज़रा भी नही हुई, क्योंकि शहर की छावनी में पड़ी हुई सारी पल्टन क्रान्तिकारियों से जा मिली। पुरानी व्यवस्था जाहिरा तौर पर ख़तम हो गई थी, और अब सवाल यह था कि उसकी जगह कौन-सी चीज़ आयेगी। कुछ साम्यवादी नेता सोवियत या गणराज्य की घोषणा करने ही वाले थे कि एक समाजी लोकतंत्रवादी नेता पार्लमेण्टी ढंग के गणराज्य की घोषणा करके उनसे बाज़ी ले गया।

इस तरह जर्मन गणराज्य का जन्म हुआ। पर यह गणराज्य की महज़ छाया थी, क्योंकि असलियत में हालत ज़रा भी नही बदली थी। समाजी लोकतंत्रवादियों ने, जिन्होंने स्थिति पर क़ाबू कर रक्खा था, लगभग हर चीज़ को जैसा-का-तैसा रहने दिया। उन्होंने मंत्रियों वग़ैरा के कुछ ऊंचे ओहदे ले लिये, लेकिन फ़ौज, असैनिक सेवाएं, न्याय-विभाग, और सारा प्रशासन उसी तरह चलते रहे जैसे क़ैसर के ज़माने मे चलते थे। बस, हाल ही में निकली एक पुस्तक के नाम के मुताबिक "क़ैसर चला गया : सेनापति रह गये"।[2] क्रान्तियां न तो इस तरह बनती है, न ताक़त हासिल करती है। असली क्रान्ति वह होती है, जो राजनैतिक, समाजी और आर्थिक ढांचे को बदल डाले! अगर सत्ता क्रान्ति के दुश्मनों के हाथ में रह जाय तो यह उम्मीद रखना बेकार है कि क्रान्ति ज़िन्दा रह जायगी। मगर जर्मनी के समाजी लोकतंत्र-

[1] Kiel—**जर्मनी के उत्तर में महत्वपूर्ण बन्दरगाह और जर्मनी जहाजी बेड़े का अड्डा। यहां समुद्र के उस पार तक नहर काटी गई है, जो कील नहर कहलाती है।**

[2] The Kaiser Goes : The Generals Remain.

वादियों ने ठीक यही बात की, और क्रान्ति के बैरियों को क्रान्ति को धूल में मिलाने की तैयारी करने के पूरे मौक़े दे दिये।

नई समाजी लोकतंत्रवादी सरकार को यह अच्छा न लगा कि कील के मल्लाह क्रान्तिकारी विचार फैलाते हुए देश-भर में घूमते फिरें। उन्होंने बर्लिन में इन मल्लाहों को दबाने की कोशिश की और जनवरी, १९१९ ई०, के शुरू में संगीन मुठभेड़ हुई। इसपर जर्मन साम्यवादियों ने सोवियत ढंग की सरकार क़ायम करने का प्रयत्न किया और शहर की जनता से मदद देने को कहा। जनता ने उन्हें कुछ मदद दी। उन्होंने सरकारी इमारतों पर कब्ज़ा कर लिया और जनवरी में क़रीब एक सप्ताह तक—जो बर्लिन का 'लाल सप्ताह' कहलाता है—शहर में उन्हींका बोलबाला नज़र आता था। मगर जनता ने उनके कहे मुताबिक अच्छी तरह काम नहीं किया, क्योंकि ज़्यादातर लोग चक्कर में पड़ गये थे और यह नहीं जानते थे कि क्या करना चाहिए। बर्लिन में फ़ौज के सिपाही भी चक्कर में पड़ गये और ग़ैर-तरफ़दार बने रहे। चूंकि इन सिपाहियों पर भरोसा नहीं किया जा सकता था, इसलिए समाजी लोकतंत्रवादियों ने अपने काम के लिए कुछ ख़ास स्वयंसेवक सिपाही भर्ती किये और इनकी सहायता से उन्होंने साम्यवादी बलवे को बिल्कुल ठंडा कर दिया। लड़ाई बड़ी बेरहमी के साथ हुई और ज़रा भी दया नहीं दिखाई गई। लड़ाई ख़तम होने के कुछ दिन बाद कार्ल लीबनेख़्त और रोज़ा लुग्ज़मबुर्ग नामक दो साम्यवादी नेताओं को उनके छिपने की जगह से खोज निकाला गया और उनकी बेदर्दी के साथ हत्या करदी गई। इस हत्या की वजह से और बाद में इस हत्या के लिए ज़िम्मेदार व्यक्तियों को बरी करने की वजह से, साम्यवादियों और समाजी लोकतंत्रवादियों के बीच सख़्त दुश्मनी पैदा हो गई। कार्ल लीबनेख़्त उन्नीसवीं सदी के पुराने और मशहूर समाजवादी लड़ाके विल्हैम लीबनेख़्त का लड़का था, जिसका ज़िक्र मैं अपने किसी पिछले पत्र में कर चुका हूं। रोज़ा लुग्ज़मबुर्ग भी पुराना कार्यकर्त्ता था और लेनिन का बड़ा दोस्त था। वाक़या यह है कि लीबनख़्त और लुग्ज़मबुर्ग दोनों ही उस साम्यवादी बलवे के विरोधी थे, जिसने उन्हें मौत के घाट उतारा।

समाजी लोकतंत्री गणराज्य ने साम्यवादियों को कुचल दिया, और बाद में फौरन ही वाइमर में गणराज्य के संविधान का मसौदा तैयार किया गया; इसी-लिए यह वाइमर संविधान कहलाता है। तीन महीनों के भीतर ही गणराज्य में एक और परिवर्तन का ख़तरा पैदा हो गया, पर यह दूसरी ओर से था। प्रगति-विरोधियों ने गणराज्य के ख़िलाफ़ एक उलट-क्रान्ति रच डाली और पुराने सेना-पतियों ने इसमें आगे आकर हिस्सा लिया। यह विद्रोह 'काप पुत्श' कहलाता है, क्योंकि काप इसका नेता था और 'पुत्श' जर्मन भाषा का शब्द है, जो इस प्रकार

के बलवे का द्योतक है। समाजी लोकतंत्री सरकार बर्लिन छोड़कर भाग गई, पर बर्लिन के मज़दूरों ने एकदम आम हड़ताल करके इस 'पुत्श' को ख़तम कर दिया। इस हड़ताल से सारे काम-काज बिल्कुल बन्द हो गये और बर्लिन के महान नगर का जीवन ठप्प हो गया। इन संगठित मजदूरों के सामने 'काप' और उसके साथियों को बर्लिन छोड़कर भाग जाना पड़ा, और समाजी लोकतंत्रवादी नेता हुकूमत सम्भालने के लिए फिर लौट आये। सरकार ने साम्यवादियों के साथ जितना सख़्त बर्ताव किया था, उसके मुकाबले में काप-दली बाग़ियों के साथ काफ़ी नरमी बरती। इनमें से बहुत-से तो अफ़सर थे, जिन्हें पेन्शनें मिलती थीं। पर बलवे के बावजूद इनकी पेन्शनें तक चालू रहीं।

बवेरिया में भी इसी क़िस्म का उलट क्रान्तिकारी 'पुत्श' या बलवा खड़ा किया गया था। यह भी असफल रहा, मगर इसमें खास दिलचस्पी की बात यह है कि इसका संगठन करनेवाला आस्ट्रिया का एक अदना अफ़सर हिटलर था, जो आज जर्मनी का तानाशाह है।

इस सबका नतीजा यह हुआ कि हालांकि जर्मन गणराज्य नाम के लिए चलता रहा, पर वह दिन-पर-दिन कमज़ोर पड़ता गया। समाजवादियों यानी समाजी लोकतंत्रवादियों और साम्यवादियों की आपसी फूट ने दोनों को कमज़ोर कर दिया, और गणराज्य की खुली बुराई करनेवाले प्रगति-विरोधी लोग दिन-पर-दिन ज़्यादा ज़ोरदार व सरगर्म होते गये। बड़े-बड़े ज़मींदारों ने, जिन्हें जर्मनी में 'यून्कर' कहते हैं और बड़े-बड़े पूजीपतियों ने, सरकार में जो थोड़े-बहुत समाजवादी तत्व रह गये थे, उन्हें भी धीरे-धीरे बाहर धकेल दिया। वर्साई की सुलह सन्धि से जर्मन जनता के दिलों को बड़ा धक्का लगा, और प्रगति-विरोधियों ने इससे खूब फ़ायदा उठाया। इस सन्धि की शर्तों के मुताबिक़ जर्मनी को बे-हथियार होना पड़ा और अपनी भारी फ़ौज तोड़ देनी पड़ी। उसे सिर्फ़ एक लाख सिपाहियों की छोटी-सी फ़ौज रखने की इज़ाज़त दी गई। नतीजा यह हुआ कि ऊपर-ऊपर तो निरस्त्रीकरण होता रहा पर हक़ीक़त में हथियारों का बड़ा भारी भंडार छिपा दिया गया। विशाल 'ख़ानगी फ़ौजें', यानी जुदा-जुदा दलों के स्वयंसेवक दल, खड़े हो गये। अनुदार राष्ट्रवादियों की स्वयंसेवक सेना 'स्टील हैल्मैट्स'[1] कहलाती थी; साम्यवादी मज़दूरों के स्वयंसेवक 'रेड फ्रन्ट'[2] कहलाते थे और हिटलर के पीछे चलनेवाले 'नात्सी'[3] सिपाही कहलाते थे।

[1] Steel Helmets—**फौलादी टोप।**

[2] Red Front—**लाल मोर्चा।**

[3] Nazi—**नात्सी। यह शब्द जर्मनी की नेशनल सोशलिस्ट पार्टी के नाम का संक्षिप्त रूप है।**

जर्मनी में युद्ध के बाद इन शुरू के वर्षों के बारे में मैंने तुम्हें बहुत-कुछ बतला दिया है, और इससे भी ज़्यादा मैं तुम्हें यह बतला सकता हू कि किस तरह क्रान्ति हवा में मंडरा रही थी और उलट-क्रान्ति से लड़ी थी। जर्मनी के बवेरिया, सैक्सनी, वग़ैरा कई भागों में भी बलवे हुए। इसीसे बहुत-कुछ मिलती-जुलती हालतें आस्ट्रिया में चल रही थी, जो सुलह-सन्धि के मातहत कट-छंटकर अपने पहले रूप का नन्हा-सा टुकड़ा रह गया था। यह छोटा-सा देश, जिसकी राजधानी वियेना जैसा विशाल शहर था, भाषा व संस्कृति के लिहाज़ से पूरी तरह जर्मन था। लड़ाई बन्द होने के दूसरे ही दिन, १२ नवंबर, १९१८ ई०, को यह गणराज्य बन गया था। यह जर्मनी का अंग बनना चाहता था, पर मित्र-राष्ट्रीय शक्तियों ने इसकी मस्त मनाई कर दी, हालांकि यह चीज़ कुदरती तौर पर हो जानी चाहिए थी। आस्ट्रिया व जर्मनी के लिए तजवीज़ किये गए इस मिलाप को जर्मन भाषा के 'आंश्लुस'[१] शब्द से ज़ाहिर किया जाता है।

जर्मनी की तरह आस्ट्रिया में भी शुरू में समाजी लोकतत्रवादियों के हाथों में सत्ता थी, पर डर के मारे और हिम्मत न होने की वजह से वे मध्य-वर्गी दलों के साथ समझौते की नीति पर चले। नतीजा यह हुआ कि समाजी लोकतंत्रवादी बहुत कमज़ोर हो गये और हुकूमत दूसरे लोगों के हाथों में चली गई। जर्मनी की तरह यहां भी ख़ानगी फ़ौजें खड़ी हो गई और अन्त में प्रगति-विरोधी तानाशाही कायम हो गई। बहुत दिनों तक वियेना के समाजवादी शहर और देहातों के पुरातन-पंथी किसानों में आपसी रगड़-झगड़ चलती रही। वियेना की समाजवादी म्यूनिसिपल कमेटी मज़दूर वर्गो के लिए बढ़िया मकानों की व दूसरी योजनाओं के लिए मशहूर हो गई।

हंगरी में बहुत पहले ही, ३ अक्तूबर, १९१८ ई० को, युद्ध ख़तम होने के पांच सप्ताह पहले ही, क्रान्ति भड़क उठी। नवम्बर में गणराज्य की घोषणा कर दी गई। चार महीने बाद, मार्च, १९१९ ई० में, दूसरी क्रान्ति हुई। यह बेला-कुन नामक एक साम्यवादी की सरदारी में, जो पहले लेनिन के साथ रह चुका था, सोवियत क्रान्ति थी। यहां सोवियत सरकार क़ायम होगई और कुछ महीनों तक सत्ता में रही। इसपर देश के दकियानूसी व प्रगति-विरोधी तत्वों ने अपनी मदद के लिए रूमानिया की फ़ौज बुलवाई। रूमानियावाले बड़ी खुशी से वहां आये, उन्होंने बेला-कुन की सरकार को कुचलने में मदद दी, और फिर वे देश को लूटने के लिए वही जम गये। हंगरी को उन्होंने तभी छोड़ा जब मित्र-राष्ट्रों ने उनके ख़िलाफ़ कार्रवाई की धमकी दी। रूमानियावाले ज्योंही हंगरी से हटे, त्योंही

[१] Anschluss—**एकीकरण। यह एकीकरण मार्च, १९३८ ई० में हो गया।**

वहां के दक़ियानूसी लोगों ने देश के तमाम उदार व तरक्की-पसन्द तत्वों पर आतंक जमाने के लिए एक खानगी सेना, या स्वयंसेवकों के जत्थे तैयार किये, ताकि आयन्दा क्रान्ति के किसी भी प्रयत्न को रोका जा सके। इस तरह १९१९ ई० में हंगरी में 'सफेद आतंक' कहलानेवाला ज़माना शुरू हुआ, जो "युद्ध के बाद के इतिहास का एक सबसे ज़्यादा ख़ूनी सफ़ा" माना जाता है। हंगरी में आज भी कुछ हद तक सामन्ती प्रथा है, और इन सामन्ती जमींदारों ने, युद्ध के दौरान में खूब दौलत पैदा करनेवाले उद्योगपतियों से मिलकर, सिर्फ़ साम्यवादियों को ही नहीं, बल्कि आम तौर पर मज़दूरों को, और समाजी लोकतंत्रवादियों को, और उदारदली लोगों को, और शान्तिवादियों को और यहूदियों तक को, क़त्ल किया और खौफ़ दिलाया। तभीसे हंगरी एक प्रगति-विरोधी तानाशाही के मातहत चला आ रहा है। दिखावे के लिए एक पार्लमेण्ट भी है, पर उसका मतदान खुला है, यानी पार्लमेण्ट के सदस्यों का चुनाव खुले तौर पर होता है, और पुलिस व फौज का काम यह देखने का होता है कि तानाशाही के पसन्द किये हुए लोग ही चुने जायं। राजनैतिक सवालों पर किसी क़िस्म की आम सभाएं बर्दाश्त नहीं की जाती।

इस पत्र में मैंने युद्ध के बाद मध्य यूरोप की कुछ घटनाओं का, और युद्ध से पहले मध्य यूरोपीय शक्तियां कहे जानेवाले देशों पर युद्ध और हार और रूसी क्रान्ति के गहरे असर का, ज़िक्र किया है। युद्ध के अचरजभरे आर्थिक नतीजों का और उनके सबब से पूजीवाद आज की बुरी हालत में कैसे पहुंच गया, इसका बयान हमें अलग से करना है। इस पत्र में मैंने जिन बातों के बारे में लिखा है, उनका सीधा मतलब यह है कि युद्ध के बाद में उन दिनों यूरोप में क्रान्ति सिर पर खड़ी हुई नज़र आ रही थी। इस हक़ीकत से सोवियत रूस को मदद मिली, क्योंकि अपने-अपने मज़दूर-वर्ग पर बुरा असर पड़ने के डर से कोई भी साम्राज्यशाही शक्ति रूस पर खुले दिल से हमला करने का हौसला नही कर सकती थी। मगर क्रान्ति हुई ही नही, सिवा इसके कि कहीं-कहीं उसके लिए कुछ प्रयत्न हुए, जो कुचल दिये गए। इस समाजी क्रान्ति को कुचलने में और रोकने में समाजी लोकतंत्रवादियों ने बहुत बड़ा हिस्सा लिया, हालांकि उनका समूचा दल ही ऐसी समाजी क्रान्ति के उसूल पर बना था। मालूम होता है इन समाजी लोकतंत्रवादियों को यह उम्मीद थी या यक़ीन था कि पूजीवाद अपनी मौत मर जायगा। इसलिए, उसपर खूब जोर के साथ हमला करने के बजाय उन्होंने उस वक़्त तो उसे बचाने का ही काम किया। या यह भी हो सकता है कि उनके दल का भारी-भरकम और मालदार संगठन काफी आराम-तलब था और मौजूदा व्यवस्था में इतना उलझा हुआ था कि समाजी उथल-पुथल की जोखिम नही उठाना चाहता था। उन्होंने बीच के रास्ते पर चलने की कोशिश की, जिसका नतीजा यह हुआ कि उन्होंने सारा काम

बिगाड़ दिया और गांठ का भी खो दिया। जर्मनी में हाल की घटनाओं से यह बात इतनी साफ हो गई है जितनी पहले कभी नहीं हुई थी।

युद्ध के बादवाले इन वर्षों पर छा जानेवाली एक और हकीकत है हिंसा की भावना का बढ़ना। यह विचित्र बात है कि जब भारत में अहिंसा धर्म का उपदेश दिया जा रहा था, तब लगभग सारी दुनिया में हिंसा का नंगा और बेहया नाच हो रहा था, और उसकी बड़ाई की जा रही थी। इसके लिए ज़्यादातर तो युद्ध जिम्मेवार था और बाद में जुदा-जुदा वर्गों के स्वार्थों की टक्करें। ज्यों-ज्यों ये टक्करें ज्यादा ज़ाहिर और गहरी होती गई त्यों-त्यों हिंसा बढ़ी। उदारवाद तो मानो ग़ायब हो गया और उन्नीसवीं सदी का लोकतंत्र लोगों की नज़रों से गिर गया। अब तानाशाहों का खेल शुरू हो गया।

इस पत्र में मैंने हारनेवाली शक्तियों का ज़िक्र किया है। जीतनेवाली शक्तियों को भी ऐसी ही मुसीबतें उठानी पड़ी थीं, हालांकि इंग्लैण्ड और फ्रान्स मध्य-यूरोप की तरह के किसी बलवे या उथल-पुथल से अछूते बच गये। इटली में बड़ी भारी उथल-पुथल हुई, जिसके अजीब नतीजे निकले। इनपर अलग से रोशनी डालना ठीक होगा।

: १७२ :

पुराने क़र्ज़े चुकाने का नया तरीक़ा

१५ जून, १९३३

महायुद्ध के बाद हम यूरोप को, और सच तो यह है कि कुछ हद तक सारी दुनिया को, खलबलाते हुए देग की-सी हालत में पाते हैं। वर्साई की सुलह से या दूसरी सन्धियों से हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। पोलों, और चेकों और बाल्टिक कौमों के आज़ाद कर दिये जाने पर यूरोप का जो नया नक़शा बना, उससे कुछ पुरानी राष्ट्रीय समस्याएं हल हो गईं। लेकिन साथ ही आस्ट्रिया के टाइरोल को इटली के अधीन और यूक्रेन के कुछ भाग को पोलैण्ड के अधीन कर दिये जाने से, और पूर्वी यूरोप के दूसरे प्रदेशों का बुरा बंटवारा किया जाने से, इस नये नक़शे ने नई-नई राष्ट्रीय समस्याएं पैदा कर दीं। पोलैण्ड के गलियारे और डैनज़िग का बन्दोबस्त सबसे ज़्यादा निराला और खिजानेवाला था। मध्य व पूर्वी यूरोप का, कई छोटे-छोटे नये राज्य बनाकर, 'बलकानीकरण' कर दिया गया था, जिसका अर्थ था—और ज़्यादा सरहदें, चुंगी की और ज़्यादा चौकियां, व और ज़्यादा हैवानी दुश्मनियां।

१९१९ ई० की इन सन्धियों के अलावा, रूमानिया ने तरकीब लगाकर

बैसरेबिया पर, जो पहले दक्षिण-पश्चिमी रूस का भाग था, क़ब्ज़ा कर लिया। तभीसे यह मामला सोवियत रूस व रूमानिया के बीच झगड़े और तकरार का मामला बना हुआ है। बैसरेबिया 'नीपर के किनारे का अलसास-लौरेन' कहलाने लगा है।

इन प्रादेशिक परिवर्तनों के सवाल से भी बड़ा सवाल हर्जानों का था—यानी उस रकम का जिसे हारा हुआ जर्मनी, युद्ध के ख़र्चे और युद्ध से होनेवाले नुकसान के मुआवज़े के तौर पर, जीते हुए मित्र-राष्ट्रों को देने के लिए मजबूर किया जानेवाला था। वर्साई की सन्धि में इसके लिए कोई ठीक-ठीक रकम तय नहीं की गई थी, पर बाद के सम्मेलनों में इन हर्जानों की ज़बर्दस्त रकम ६,६०,००,००,००० पौंड तय की गई, जो सालाना किस्तों में चुकाई जानेवाली थी। इस भारी रक़म का चुकाना किसी भी देश के लिए नामुमकिन था, फिर हारे हुए और पस्त जर्मनी के लिए तो इसे चुकाना और भी ज़्यादा दुश्वार था। जर्मनी ने इन्कार किया, पर वह बेकार हुआ। कोई और चारा न देखकर उसने संयुक्तराज्य अमेरिका से उधार लेकर दो-तीन क़िस्तें अदा कीं। उसने वक़्त टालने के लिए ऐसा किया था, क्योंकि उसे सारे सवाल पर दुबारा ग़ौर करवाने की आशा थी। जर्मनी और बहुत-से दूसरे देश अच्छी तरह समझ गये थे कि उसके लिए पीढ़ियों तक ये भारी रक़में देते रहना मुमकिन नहीं था।

जर्मनी की माली हालत बहुत जल्दी बिखर गई, और सरकार के पास इतना रुपया नहीं रहा कि वह हर्जानों वग़ैरा के विदेशी क़र्ज़े चुका सके या अन्दरूनी ख़र्च तक पूरे कर सके। दूसरे देशों की अदायगी के लिए सोना देना पड़ता था। इसलिए जब तयशुदा तारीखों पर ये अदायगियां न हुईं तो इक़रार टूट गया। इधर जर्मनी में तो सरकार नोटों के ज़रिये भुगतान कर सकती थी, इसलिए उसने लगातार ज़्यादा कागज़ी नोट छापने की तरकीब अपनाई। मगर नोट छापने से रुपया पैदा नहीं होता ; सिर्फ़ लेन-देन की सहूलियत पैदा होती है। लोग नोटों का इस्तेमाल इसलिए करते हैं कि वे जानते हैं कि अगर वे चाहें तो उनके बदले में सोना या चांदी ले सकते हैं। इन नोटों की साख के लिए बैंकों में हमेशा सोने की कुछ राशि जमा रहती है, ताकि नोटों की क़ीमत न गिरने पाये। इस तरह काग़ज़ी सिक्का बड़ा अच्छा काम देता है, क्योंकि इससे रोज़ाना लेन-देन के काम में लगनेवाला बहुत-सा सोना और चांदी बच जाता है और सरकार की साख बढ़ जाती है। लेकिन अगर कोई सरकार बेहिसाब काग़ज़ी सिक्के छापती चली जाय और इसकी परवा न करे कि बैंकों में कितना सोना जमा है, तो इस सिक्के की क़ीमत गिर जाना लाज़िमी है। जितने ज़्यादा नोट छपते हैं उतनी ही उनकी क़ीमत घटती जाती है, और उनके ज़रिये होने वाला लेन-देन का काम भी उतना ही कम हो जाता है। यह सिलसिला

सिक्के का फैलाव कहलाता है।[1] १९२२ व १९२३ ई० में जर्मनी में ठीक यही हुआ। जर्मन सरकार को अपने ख़र्चे चलाने के लिए ज़्यादा रुपये की ज़रूरत हुई, तो उसने ज़्यादा नोट छाप डाले। इसका नतीजा यह हुआ कि दूसरी सब चीज़ों की क़ीमतें तो बढ़ गईं, पर पौंड, डालर या फ्रैंक[2] के मुक़ाबले में जर्मनी के मार्क[3] की क़ीमत गिर गई। इसलिए सरकार को मार्क के नोट और छापने पड़े और मार्क की क़ीमत और भी गिरी। यह सिलसिला हद दर्जे तक पहुंच गया, यहांतक कि एक डालर या पौंड की क़ीमत अरबों काग़ज़ी मार्क हो गई। असल में काग़ज़ी मार्क की कोई क़ीमत ही नहीं रह गई। चिट्ठी पर लगाने के लिए एक टिकट की क़ीमत दस और लाख क़ाग़ज़ी मार्क हो गई! दूसरी चीज़ों की कीमतें भी इसी तरह चढ़ गईं लगातार बढ़ती रहती थीं।

जर्मन सिक्के का यह फैलाव और मार्क की क़ीमत में यह हैरतभरी गिरावट अपने-आप ही नहीं हुई। यह तो जर्मन सरकार ने अपनी आर्थिक मुश्किलों में से निकलने के इरादे से जानबूझकर किया था, और बहुत हद तक ऐसा ही हुआ। क्योंकि सरकार ने, म्युनिसिपल कमेटियों ने और दूसरे क़र्ज़दारों ने जर्मनी में अपने-अपने तमाम अन्दरूनी क़र्ज़े निकम्मे काग़ज़ी मार्कों के ज़रिये आसानी से चुका दिये। अलबत्ता वे इस तरह विदेशों में या विदेशों को क़र्ज़े नहीं चुका सके, क्योंकि वहां उनका काग़ज़ी सिक्का कोई भी लेने को तैयार नहीं था। जर्मनी में तो क़ानून के ज़ोर से लोगों को यह सिक्का लेने के लिए मजबूर किया जा सकता था। इस तरह सरकार ने और हर क़र्ज़दार ने क़र्ज़ के दुखदायी बोझ से पिंड छुड़ाया। लेकिन इसके बदले में जनता को ज़बर्दस्त तक़लीफें उठानी पड़ीं। इस फैलाव के ज़माने में सब लोगों ने दुःख सहे, पर सबसे ज़्यादा दुःख मध्यम-वर्ग को सहने पड़े, क्योंकि इन वर्गों के ज़्यादातर लोगों को बंधी-बंधाई तनख़्वाहें मिलती थीं या दूसरी बंधी-बंधाई आमदनियां होती थीं। ज्यों-ज्यों मार्क की क़ीमत गिरी त्यों-त्यों ये तनख़्वाहें ज़रूर बढ़ीं, पर इतनी ऊंची कभी नही हुई कि मार्क की तेज़ी से गिरती हुई क़ीमत का मुक़ाबला करतीं। इस फैलाव ने निचले मध्यम-वर्गों का तो क़रीब-क़रीब सफ़ाया ही कर दिया, और आगे के वर्षों में जर्मनी में होनेवाली मार्के की घटनाओं पर विचार करते वक़्त यह बात हमें ध्यान में रखनी होगी। क्योंकि अब इन नाराज़ व दर्जे से गिरे हुए मध्यम-वर्गों की ज़बर्दस्त विद्रोही फ़ौज तैयार हो गई, जिसमें क्रान्ति की आग भरी थी। ये लोग धीरे-धीरे उन ख़ानगी सेनाओं में जा मिले, जो बड़े-बड़े दलों के इर्द-गिर्द बढ़ती जा रही थीं, और ज़्यादातर लोग हिटलर के नये राष्ट्रीय समाजवादी दल या नात्सी दल में जा मिले।

---

[1] Inflation—**मुद्रा-स्फीति**

[2] **फ्रांस का सिक्का।** [3] Mark—**जर्मनी का सिक्का।**

पुराना मार्क, जो अब किसी भी मतलब के लिए बेकार हो गया था, मंसूख़ कर दिया गया, और इसकी जगह 'रैन्टनमार्क' का नया सिक्का जारी किया गया। इसका सिक्के के फैलाव से कोई वास्ता नहीं था, और इसकी क़ीमत वही थी, जो उतनी क़ीमत के सोने की। इस तरह अपने निचले मध्यम-वर्गों का पूरी तरह सफ़ाया करके जर्मनी फिर पायेदार सिक्के पर लौट आया।

जर्मनी की इन आर्थिक गड़बड़ियों का नतीजा सारे राष्ट्रों को भुगतना पड़ा। मित्र-राष्ट्रों को हर्जानों की अदायगी में चूक पड़ गई। इन हर्जानों को मित्र-राष्ट्रीय शक्तियां आपस में बांट लेती थीं और सबसे बड़ा हिस्सा फ्रान्स को मिलता था। रूस अपना हिस्सा नहीं लेता था; अगर उसका कोई दावा था भी तो उसने छोड़ दिया था। जब जर्मनी क़िस्त अदा करने में चूक गया तो फ्रान्स और बैल्जियम ने जर्मनी के रूर इलाक़े पर फ़ौजी क़ब्ज़ा कर लिया। वर्साई सन्धि के मातहत राइनलैण्ड पर मित्र-राष्ट्रों का पहले ही क़ब्ज़ा हो चुका था। जनवरी, १९२३ ई०, में फ्रान्स और बैल्जियम ने कुछ और इलाके पर क़ब्ज़ा कर लिया। (इस कार्रवाई में इंग्लैण्ड ने शामिल होने से इन्कार कर दिया था) रूर का यह इलाक़ा राइनलैण्ड से मिला हुआ है और इसमें कोयले से भरपूर खानें हैं और कारख़ाने हैं। फ्रान्स इस कोयले पर और वहां तैयार होनेवाली दूसरी चीज़ों पर कब्ज़ा करके अपना रुपया वसूल करना चाहता था। पर यहां एक मुश्किल खड़ी हो गई। जर्मन सरकार ने निष्क्रिय प्रतिरोध यानी सत्याग्रह[1] के ज़रिये फ्रान्सीसियों के इस क़ब्ज़े को रोकने का फैसला किया, और उसने रूर के खान-मालिकों व मज़दूरों से कहा कि वे काम बन्द कर दें और फ्रान्स को किसी तरह की मदद न दें। उसने खान-मालिकों व उद्योगपतियों को करोड़ों मार्कों की मदद दी, ताकि काम बन्द करने की वजह से होनेवाले नुक़सान पूरे हो जायं। नौ-दस महीने बाद, जो फ्रान्स और जर्मनी दोनों को बहुत महंगे पड़े, जर्मन सरकार ने यह असहयोग उठा लिया, और इस इलाके की खानों और कारख़ानों को चलाने के काम में फ्रान्सीसियों को सहयोग देना शुरू कर दिया। १९२५ ई० में फ्रान्सीसियों और बैल्जियनों ने रूर छोड़ दिया।

रूर में जर्मनों का खामोश मुकाबला तो असफल हो गया था, पर इसने साबित कर दिया था कि हर्जानों के सवाल पर दुबारा ग़ौर करना और अदायगी की वाजिब रकमें तय करना ज़रूरी था। इसलिए जल्दी-जल्दी एक के बाद दूसरे सम्मेलन हुए और कमीशन बैठे, और एक के बाद दूसरी नई-नई योजनाएं निकाली गईं। १९२४ ई० में डौज़ योजना[2] बनी, पांच साल बाद, १९२९ ई० में, यंग योजना

[1] Passive Resistance—**निष्क्रिय प्रतिरोध।**

[2] Dawes Plan—**इस योजना को बनानेवाला** Charles Gates Dawes **नामक अमरीकी अर्थ-विद् और राजनीतिज्ञ था।**

आई, और तीन साल बाद सबों ने एक तरह से मान लिया कि हर्जाने अब आगे नही चुकाये जा सकते। इसलिए यह सारा विचार ही रद्द कर दिया गया।

१९२४ ई० से लगाकर अगले कुछ वर्षों तक जर्मनी ने हर्जानों का बराबर भुगतान किया, लेकिन जब जर्मनी के पास रुपया ही नहीं था और वह दिवालिया हो रहा था, तो यह भुगतान हुआ कैसे ? यह संयुक्तराज्य अमेरिका से क़र्ज़ लेकर हुआ। मित्र-राष्ट्रों (इंग्लैण्ड, फ्रांस, इटली वग़ैरा) को अमेरिका का रुपया देना था—वह रुपया, जो उन्होंने युद्ध-काल में उधार लिया था; उधर जर्मनी को हर्जानों के तौर पर मित्र-राष्ट्रों का रुपया देना था। बस अमेरिका ने जर्मनी को रुपया उधार दिया, ताकि जर्मनी मित्र-राष्ट्रों को रुपया अदा कर सके, और मित्र-राष्ट्र यही रुपया अमेरिका को दे दें। यह बड़ी ख़ूबसूरत तरकीब थी, और हरेक राज़ी दिखाई देता था! सच तो यह है कि रुपया वसूल करने का और कोई रास्ता ही नही था। अलबत्ता क़र्ज़ लेने और उधार देने का यह सारा चक्कर एक छोटी-सी चीज़ पर निर्भर था—वह यह कि अमेरिका जर्मनी को रुपया उधार देता चला जाय। अगर यह बन्द हुआ तो सारा इन्तज़ाम चौपट हुआ समझो।

क़र्ज़ देने और उधार लेने के इस सिलसिले का अर्थ यह नही था कि सचमुच कोई नक़द रुपया दिया-लिया जाता हो। यह तो सब काग़ज़ी लेन-देन था। अमेरिका जर्मनी के खाते में एक ख़ास रक़म लिख देता था; जर्मनी इसे मित्र-राष्ट्रों के खाते में जमा कर देता था; और मित्र-राष्ट्र इसीको फिर अमेरिका के खाते में लिख देते थे। असल रुपया तो कहीं जाता-आता नहीं था, सिर्फ़ बही-खातों में कुछ इन्दराज़ हो जाते थे। अमेरिका ऐसे कंगाल देशों को उधार क्यों देता चला जाता था, जो पिछले क़र्ज़ों का सूद तक अदा नहीं कर पाते थे ? अमेरिका ऐसा इसलिए करता था कि इन देशों को किसी तरह अपनी गाड़ी चलाने में मदद मिल जाय और वे दिवालिया होने से बच जायं। क्योंकि अमेरिका को यूरोप के चौपट हो जाने का डर था, जिसके और तो बुरे नतीजे निकालते ही, पर जिसका अर्थ यह होता कि अमेरिका का सारा लेना ही मारा जाता। इसलिए समझदार बौहरे की तरह अमेरिका न अपने क़र्ज़दारों को ज़िन्दा और काम चलाने लायक़ बनाये रक्खा। लेकिन कुछ वर्षों बाद अमेरिका लगातार उधार देने की इस नीति से उकता गया, और उसने इसे खतम कर दिया। बस, हर्जानों और क़र्ज़ों का सारा ढांचा फौरन भहराकर गिर पड़ा और अदायगियां रुक गई, और यूरोप के सारे राष्ट्र व अमेरिका दलदल में फंस गये।

इस तरह हर्जानों की समस्या महायुद्ध के बाद लगभग बारह वर्षों तक यूरोप पर छायी रही। इसके साथ ही युद्ध के कर्ज़ों का सवाल था—यानी जर्मनी के अलावा दूसरे देशों के क़र्ज़ों का। जैसाकि मैं महायुद्ध के बारे में अपने एक पत्र में लिख चुका

हूं, महायुद्ध के शुरू के दिनों में इंग्लैण्ड और फ़्रान्स ने युद्ध का खर्चा उठाया, और अपने साथी छोटे-छोटे राष्ट्रों को रुपया उधार दिया। फिर फ़्रान्स के साधन खतम हो गये और वह आगे उधार देने क़ाबिल नहीं रहा। मगर इंग्लैण्ड उधार देता रहा। बाद में इंग्लैण्ड का खज़ाना भी खाली हो गया, और वह भी आगे उधार देने काबिल नहीं रहा। अकेला संयुक्तराज्य अमेरिका ही उधार देनेवाला रह गया, और उसने इंग्लैण्ड, फ़्रान्स व दूसरे मित्र-राष्ट्रों को, अपने फ़ायदे का ध्यान रखते हुए, खुले दिल से रुपया उधार दिया। बस, युद्ध का अन्त होने पर कुछ देशों को फ़्रान्स का देना था; बहुत-से देश इंग्लैण्ड के क़र्ज़दार थे; और तमाम मित्र-राष्ट्रीय देशों को अमेरिका को बड़ी-बड़ी रक़में देनी बाकी थीं। अकेला अमेरिका ही ऐसा देश था, जिसे किसी दूसरे देश को कुछ देना नही था। उस समय वह बड़ा भारी साहूकार राष्ट्र था। उसने इंग्लैण्ड की पुरानी हैसियत हासिल कर ली थी, और दुनिया भर का बोहरा बन गया था। कुछ आंकड़ों से शायद यह बात साफ हो जायगी। महायुद्ध से पहले अमेरिका क़र्ज़दार राष्ट्र था, जिसे दूसरे देशों को तीन अरब डालर चुकाने थे। लेकिन युद्ध का अन्त होते-होते यह सारा क़र्ज़ा चुक गया, और उलटे अमेरिका ने भारी-भारी रक़में उधार दे दी थी। १९२६ ई० में अमेरिका पच्चीस अरब डालर का लेनदार, साहूकार राष्ट्र बन गया था।

युद्ध के ये कर्ज़े इंग्लैण्ड, फ़्रान्स, इटली वग़ैरा क़र्ज़दार देशों पर ज़बर्दस्त बोझ थे, क्योंकि ये सब सरकारी क़र्ज़े थे, जिनके लिए सरकारें ज़िम्मेदार थीं। इन देशों ने अमेरिका से अपने हित में खास तौर पर अच्छी शर्तें हासिल करने की कोशिश की, और इन्हें कुछ रियायतें मिल भी गई, पर बोझ फिर भी बना रहा। जबतक जर्मनी हर्जानों की क़िस्तें देता रहा तबतक कर्ज़दार देश इन अदायगियों को (जो वास्तव में अमेरिका के ही उधार खाते की थीं) अमेरिका के खाते में डालते रहे। पर जब हर्जानों की ये क़िस्तें वक़्त पर न चुकाई गई या आना बन्द हो गई, तो क़र्ज़े चुकाना भी मुश्किल हो गया। यूरोप के क़र्ज़दार देशों ने हर्जानों व युद्ध के क़र्ज़ों को जोड़ने का यत्न किया, उन्होंने कहा कि अगर एक की अदायगी बन्द हो जाती है तो दूसरे की भी अपने-आप बन्द हो जानी चाहिए। मगर अमेरिका ने दोनों को मिलाने से इन्कार कर दिया। उसने कहा कि जो रुपया उसने उधार दिया था, उसे वह वापस चाहता था; जर्मनी से वसूल होनेवाले हर्जानों का सवाल बिल्कुल अलग था, क्योंकि इनकी हैसियत ही जुदा थी। अमेरिका के इस रुख पर यूरोप में बहुत नाराजगी जाहिर की गई और उसे बहुत जली-कटी बातें सुनाई गई। कहा गया है कि वह शाइलॉक की तरह, "आधा सेर मांस" चाहता है। फ़्रान्स में खास तौर पर यह बात कही गई कि अमेरिका से जो रुपया उधार लिया गया था, वह सबके शामिल मक़सद के लिए, यानी युद्ध में खर्च हुआ था, इसलिए वह साधारण क़र्ज़ की तरह नहीं माना जाना चाहिए। उधर अमेरिकावासियों को यूरोप में युद्ध के

बाद की आपसी लाग-डाटों और साज़िशों से बड़ी नफ़रत हो गई थी। उन्होंने देखा कि फ्रान्स और इंग्लैण्ड और इटली अपनी-अपनी फ़ौजों व जंगी-बेड़ों पर खूब रुपया खर्च करते चले जा रहे थे, और छोट-छोटे देशों को हथियार खरीदने के लिए रुपया तक उधार दे रहे थे। अगर यूरोप के इन देशों के पास लड़ाई के सामानों के लिए इतना सारा रुपया था, तो अमेरिकावाले उनके क़र्ज़े माफ़ क्यों करें? अगर वे इन क़र्ज़ों को माफ़ कर दें तो शायद यह रुपया भी लड़ाई के सामानों में झोंक दिया जायगा। अमेरिका की यही दलील थी, और वह क़र्जों के अपने दावों पर अड़ा रहा।

हर्जानों की ही तरह युद्ध के क़र्ज़ों का भी किसी तरह चुकाया जाना बहुत मुश्किल था। अन्तर्राष्ट्रीय क़र्ज़े या तो सोना देकर अदा किये जा सकते हैं, या माल देकर, या सेवाएं (जैसे माल लाना-लेजाना, जहाज़रानी, व दूसरी सेवाएं) देकर। इन भारी रक़मों का सोने के रूप में अदा किया जाना नामुमकिन था; इतना सोना मिल ही नहीं सकता था। और माल व सेवाओ के रूप में भारी हर्जानों व क़र्ज़ों दोनों की अदायगी क़रीब-क़रीब नामुमकिन हो गई थी, क्योंकि अमेरिका ने और यूरोप के देशों ने भी चुंगी की पाबन्दियां लगाकर विदेशी माल आना रोक दिया था। इससे एक अनहोनी सूरत पैदा हो गई, और यही असली कठिनाई थी। मगर फिर भी कोई देश न तो चुंगी की पाबन्दियां कम करने को तैयार था, और न अपने क़र्ज़े की रक़म के बदले में माल लेने को तैयार था, क्योंकि इससे देशी उद्योगों को नुकसान पहुंचने का ख़तरा था। यह एक विचित्र और खोटा चक्कर था।

अकेला यूरोप ही ऐसा महाद्वीप नही था, जो संयुक्तराज्य अमेरिका का क़र्ज़दार था। अमेरिकी बौहरों और व्यापारियों ने कनाडा व लातीनी अमेरिका (यानी दक्षण व मध्य अमेरिका और मैक्सिको) में करोड़ों की पूंजी लगा रक्खी थीं। महायुद्ध के ज़माने में लातीनी अमेरिका के इन देशों पर आजकल के उद्योगों व मशीनों की शक्ति का गहरा असर पड़ा था। इसलिए उन्होंने उद्योगों के विकास पर सारा ध्यान लगा दिया, और संयुक्त राज्य में जो धन की नदी बह रही थी, वह इस काम के लिए उत्तर से इन देशों की तरफ आने लगी। इन्होंने इतना रुपया उधार ले लिया कि उसपर ब्याज देना भी मुश्किल हो गया। हर जगह तानाशाह पैदा हो गये, और जबतक यह उधार-खाता चलता रहा तबतक सब काम ठीक होता रहा, उसी तरह जिस तरह कि जबतक अमेरिका क़र्ज़ देता रहा तबतक जर्मनी में सब काम ठीक होता रहा। जब लातीनी अमेरिका को क़र्ज़ देना बन्द कर दिया गया तो वहां भी उसी तरह दिवाला निकल गया जिस तरह यूरोप में निकला था।

अमेरिका की लगाई हुई पूंजियों का, और लातीनी अमेरिका में वे किस

तेज़ी के साथ बढ़ीं इसका कुछ अन्दाज़ा तुम्हें देने के लिए मैं यहां दो आंकड़े देता हूं। १९२६ ई० में इन पूंजियों की रक़म सवा चार अरब डालर थी। तीन साल बाद, १९२९ ई० में, यह रक़म साढ़े पांच अरब तक पहुंच गई थी।

बस, युद्ध के बाद वर्षों में अमेरिका दुनिया का माना हुआ बोहरा बन गया। वह मालदार था, खुशहाल था, और दौलत के मारे फटा पड़ रहा था। उसका रौब सारे संसार पर छा गया था, और उसके निवासी यूरोप को, और उससे भी ज़्यादा एशिया को, कुछ हिक़ारत के साथ ऐसा समझते थे मानो वे कोई सठियाए हुए बूढ़े और झगड़ालू महाद्वीप हों। १९२०-३० ई० में खुशहाली के उन चोटी के दिनों में अमेरिकी दौलत की कुछ कल्पना करने की कोशिश करो। १९१२ से लगाकर १९२७ ई० तक के पन्द्रह वर्षों में अमेरिका की कुल राष्ट्रीय दौलत १,८७,२३,९०,००,००० डालर से बढ़कर ४,००,००,००,००,००० डालर हो गई। १९२७ ई० में यहां की आबादी पौने बारह करोड के लगभग थी, और औसत से एक आदमी की आमदनी ३,४२८ डालर आती थी। तरक्की इतनी तेज़ी से हो रही है कि ये आंकड़े हर साल बदलते जाते हैं। पिछले एक पत्र में, भारत व दूसरे देशों की राष्ट्रीय आमदनियों की तुलना करते हुए मैंने अमेरिका के लिए इससे बहुत नीचा आंकड़ा दिया था। पर यह आंकड़ा राष्ट्रीय आमदनी का था, दौलत का नहीं, और वह भी शायद किसी पिछले वर्ष का था। ऊपर दिया हुआ १९२७ ई० का आंकड़ा अमेरिका के राष्ट्रपति कूलिज के नवम्बर, १९२६ ई०, में दिये हुए एक बयान के आधार पर है।

कुछ और आंकड़े भी शायद तुम्हें दिलचस्प मालूम हों। ये सब १९२७ ई० के हैं। संयुक्तराज्य अमेरिका में कुटुम्बों की संख्या २,७०,००,००० थी। इनके पास बिजली की रोशनीवाले १,५९,२३,५०० घर थे, और व्यवहार में आनेवाले टेलीफ़ोनों की संख्या १,७७,८०,००० थी। यहां १,९२,३७,१७१ मोटरें चलती थीं, और यह संख्या सारी दुनिया की मोटरों की ८१ फीसदी थी। अमेरिका में मोटर गाड़ियों का उत्पादन सारे संसार के उत्पादन का ८७ फीसदी था, पैट्रोलियम का उत्पादन ७१ फीसदी था, और कोयले का ४३ फीसदी। मज़ा यह है कि संयुक्त-राज्य की आबादी सारी दुनिया की आबादी की सिर्फ़ ६ फीसदी थी। इस तरह वहां की जनता के जीवन का दर्जा बहुत उंचा था, मगर उतना ऊंचा नहीं था जितना कि हो सकता था, क्योंकि दौलत तो कुछेक हज़ार लखपतियों और करोड़पतियों के हाथों में जमा थी। ये 'बड़े व्यापारी' देश पर राज करते थे। राष्ट्रपति उनकी मर्ज़ी का चुना जाता था, क़ानून वे बनाते थे, और अक्सर करके क़ानूनों को तोड़ते भी थे। इन बड़े व्यापारियों में ज़बर्दस्त भ्रष्टाचार था, पर जबतक आम खुशहाली थी तबतक अमेरिकी जनता को इसकी कोई परवाह नहीं थी।

१९२०-३० ई० में अमेरिका की खुशहाली के ये आंकड़े मैंने कुछ तो तुम्हें यह बतलाने के लिए दिये हैं कि आधुनिक औद्योगिक सभ्यता ने भारत व चीन-जैसे पिछड़े-हुए और उद्योग-विहीन देशों के मुक़ाबले में एक देश को किस ऊंची चोटी पर पहुंचा दिया है; और कुछ इसलिए कि अमेरिका की इस खुशहाली का बाद में वहां आनेवाले संकट और पतन के मुकाबले में फ़र्क़ ज़ाहिर हो गया। इसका हाल मैं आगे चलकर लिखूंगा।

यह संकट तो बाद में आनेवाला था। ठेठ १९२९ ई० तक तो ऐसा मालूम हुआ कि दुखी यूरोप और एशिया की तकलीफ़ों से अमेरिका अछूता रह गया। पराजित शक्तियों की हालत बहुत बुरी थी। जर्मनी के कष्टों का कुछ हाल मैं तुम्हें बतला चुका हूं। मध्य-यूरोप के ज़्यादातर छोटे-छोटे देशों की, और ख़ासकर आस्ट्रिया की, हालत तो और भी बुरी थी। आस्ट्रिया को भी सिक्के के फैलाव की मुसीबत सहनी पड़ी, और पोलैण्ड को भी, और दोनों को अपने सिक्के बदलने पड़े।

पर यह मुसीबत सिर्फ़ पराजित देशों में ही नहीं थी। धीरे-धीरे विजेता देश तक भी इसमें फंस गये। यह तो हमेशा से माना जाता रहा था कि क़र्ज़दार होना अच्छी चीज नहीं है। पर अब एक नया और अजीब अनुभव हुआ: वह यह कि क़र्ज़-देवा होना भी उतना ही बुरा है जितना क़र्ज़-लेवा! क्योंकि वे विजेता शक्तियां, जो जर्मनी से हर्जानों की लेनदार थीं, इन हर्जानों के कारण बड़ी कठिनाइयों में पड़ गईं, और इनकी वसूली के काम ने तो इन्हें और भी आफ़त में डाल दिया। इन बातों का जिक्र मैं अगले पत्र में करूंगा।

: १७३ :

रुपये का अजीब बर्ताव

१६ जून, १९३३

युद्ध के बाद की एक सबसे ज़्यादा मार्के की ख़ासियत है रुपये का अजीब बर्ताव। युद्ध से पहले हर देश में रुपये का बहुत कुछ ठहरा हुआ मूल्य था। हर देश का निजी सिक्का था; जैसे भारत में रुपया, इंग्लण्ड में पौंड, अमेरिका में डालर, फ्रान्स में फ्रैन्क, जर्मनी में मार्क, रूस में रूबल, इटली में लीरा, वग़ैरा; और इन सिक्कों का आपस में ठहरा हुआ सम्बन्ध था। ये आपस में 'अन्तर्राष्ट्रीय स्वर्ण-मान' से बंधे हुए थे—यानी हर सिक्के का सोने की कीमत के अनुसार एक तयशुदा मूल्य होता था। हर देश की सीमाओं के भीतर उसका अपना सिक्का ठीक काम देता था, पर बाहर के देशों में नहीं। दो सिक्कों को जोड़नेवाली कड़ी सोना थी,

इसलिए अन्तर्राष्ट्रीय भुगतान सोने के लेन-देन से किये जाते थे। जबतक इन सिक्कों के स्वर्ण-मान कायम रहते थे, तबतक उनमें ज़्यादा उतार-चढ़ाव नहीं हो सकता था, क्योंकि जहांतक मूल्य का सम्बन्ध है, वहांतक सोना ऐसी धातु है, जिसका भाव ज़्यादा उतरता-चढ़ता नहीं।

मगर युद्ध काल की ज़रूरतों ने लड़नेवाली सरकारों को यह स्वर्ण-मान छोड़ने पर मजबूर कर दिया, जिससे उनके सिक्कों के मूल्य गिर गये। कुछ हद तक सिक्के का फैलाव भी हुआ। इससे व्यापार चलाने में तो मदद मिली, पर सिक्कों के अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध उलट-पुलट हो गये। युद्धकाल में दुनिया दो विशाल शिविरों में बंट गई थी—एक मित्र-राष्ट्रीय शिविर और दूसरा जर्मन शिविर। और हर शिविर के भीतर आपसी सहयोग व तालमेल था और हर चीज़ युद्ध पर निछावर कर दी जाती थी। युद्ध के बाद कठिनाइयां पैदा हो गई, और बदलनेवाली आर्थिक हालतों और राष्ट्रों के आपसी अविश्वासों का नतीजा यह हुआ कि जुदा-जुदा सिक्के अजीब व्यवहार करने लगे। आजकल लेन-देन का सारा ढांचा ज़्यादातर साख के आधार पर खड़ा है। बैंक का नोट व हुंडी, दोनों रुपया देने के इक़रार-नामे होते है, जिन्हें असली रुपये की तरह माना जाता है। साख विश्वास पर निर्भर रहती है, और अगर विश्वास जाता रहता है, तो उसके साथ साख भी चली जाती है। युद्ध के बाद के वर्षों के दौरान में लेन-देन के ढंग ने इतनी गड़बड़ क्यों मचा दी, इसका यह भी एक कारण है, क्योंकि यूरोप की झंझट-भरी हालतों ने सारे विश्वास की जड़ हिला दी थी। आज के संसार में आपसी निर्भरता है; हर भाग का दूसरे भाग के साथ गहरा सम्बन्ध है, और कितनी ही अन्तर्राष्ट्रीय हलचलें सदा होती रहती है। इसका अर्थ यह है कि एक देश की गड़बड़ियों की फौरन ही दूसरे देशों में प्रतिक्रिया होती है। अगर जर्मन मार्क का मूल्य गिर जाय या कोई जर्मन बैंक दिवा-लिया हो जाय, तो लंदन और पैरिस और न्यूयार्क के लोगों में भी इससे बहुत घबराहट फैल सकती है। इन सबबों से और दूसरे सबबों से, जिनका ज़िक्र करके में तुम्हें परेशान नहीं करना चाहता, क़रीब-क़रीब सभी देशों में सिक्के या रुपये की दिक्कतें पैदा हो गई; और उद्योगों के लिहाज़ से जो देश जितना ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ था उतनी ही ज़्यादा बार उसपर दिक्कतें आई। क्योंकि उद्योगों में तरक्की का अर्थ था बहुत पेचीदा और नाज़ुक अन्तर्राष्ट्रीय ढांचा। अलबत्ता, तिब्बत जैसे पिछड़े हुए व सबसे अलग-थलग प्रदेश पर मार्क या पौड के उतार-चढ़ाव का कोई असर न होगा, पर डालर के मूल्य में गिरावट होने से जापान में तो फौरन घबराहट फैल सकती है।

इसके अलावा हर उद्योग-प्रधान देश में अलग-अलग तबकों के स्वार्थ भी अलग-अलग थे। यानी कुछ लोग सस्ता रुपया और सिक्के का फैलाव चाहते थे

(अलबत्ता वैसा बेहद फैलाव नहीं जैसा जर्मनी में हुआ था), उधर कुछ लोग इससे बिल्कुल उलटा सिक्के का सिकुड़ना, यानी रुपये का ऊंचा स्वर्ण-मान चाहते थे। मसलन, साहूकार, बोहरे, वग़ैरा रुपये के ऊंचे मूल्य के पक्ष में थे, क्योंकि उन्हें दूसरों से रुपया लेना था; और कर्ज़दार लोग अपने कर्जे चुकाने के लिए क़दरती तौर पर सस्ता रुपया चाहते थे। उद्योगपति व कारख़ानेदार सस्ते रुपये के पक्ष में थे, क्योंकि आम तौर पर वे बोहरों के कर्ज़दार थे; और इससे भी ज़्यादा महत्व-की बात यह है कि सस्ता रुपया होने से विदेशों में उनके माल की बिक्री बढ़ती थी। सस्ते अंग्रेज़ी सिक्के का अर्थ यह होगा कि विदेशी मंडियों में ज़र्मन, अमरीकी या दूसरे विदेशी मालों की कीमतों के मुकाबले में ब्रिटिश माल की क़ीमत कम होगी, और इसकी वजह से ब्रिटिश उद्योगपति फायदे में रहेंगे और उनका माल ज़्यादा बिकेगा। बस, तुम्हारे ध्यान में यह बात आ गई होगी कि अलग-अलग तबके अलग-अलग दिशाओं में खींचतान कर रहे थे, और ख़ास रस्सा-कशी उद्योगपतियों व बोहरों के बीच चल रही थी। मैं इस चीज़ को जहांतक हो आसान तौर पर लिखने की कोशिश कर रहा हूं। पर सच तो यह है कि इसमें उलझनें पैदा करने-वाले बहुत-से सबब थे।

फ्रान्स व इटली दोनों में सिक्के का फैलाव था, और फ्रैंक व लीरा के मूल्य गिर गये थे। फ्रैंक का पुराना मूल्य यह हुआ करता था कि एक पौंड स्टर्लिंग (यह ब्रिटिश पौंड का नाम है) के २५ फ्रैंक होते थे। यह भाव गिरकर एक पौंड के २७५ फ्रैंक हो गया। बाद में एक पौंड का भाव करीब १२० फ्रैंक तय कर दिया गया।

युद्ध के बाद, जब अमेरिका ने इंग्लैण्ड को सहायता देना बन्द कर दिया, तब पौड का मूल्य कुछ गिर गया। उस समय इंग्लैण्ड के सामने एक कठिनाई पैदा हो गई। क्या वह पौड के मूल्य में इस क़ुदरती गिरावट को मंजूर कर ले और पौंड का यह नया मूल्य तय कर दे? इससे माल सस्ता हो जाने की वजह से उद्योगों को तो मदद मिलती, पर बोहरों और साहूकारों को घाटा पहुंचता। इससे भी ज़्यादा महत्व की बात यह थी कि इससे लन्दन की वह हैसियत ख़तम हो जाती, जिससे वह सारे संसार का आर्थिक केन्द्र बना हुआ था। तब यह होता कि लन्दन की जगह न्यूयार्क इस हैसियत में आ बैठता और कर्ज़ लेनेवाले लन्दन न जाकर वहां पहुंचने लगते। दूसरा रास्ता यह था कि पौंड को उसकी मूल कीमत पर ऊपर चढ़ा दिया जाता। इससे पौंड की साख बढ़ जाती और लन्दन की आर्थिक अगुवाई क़ायम रहती। पर उद्योगों को हानि पहुंचती और, जैसा कि इस घटना ने साबित कर दिया, और भी कई अनचाही बातें पैदा हो जातीं।

ब्रिटिश सरकार ने १९२५ ई० में दूसरा रास्ता अपनाया, और पौंड का

स्वर्ण-मान पहले की बराबर ऊंचा कर दिया। इस तरह उसने कुछ हद तक अपने उद्योगों को अपने बौहरों के हित में निछावर कर दिया। उसके सामने जो असली मुद्दा था, वह इससे भी ज़्यादा महत्व का था, क्योंकि उसका ब्रिटिश साम्राज्य की पायेदारी पर गहरा असर पड़ता था। अगर लन्दन संसार की आर्थिक नेतागिरी खो देता, तो साम्राज्य के जुदा-जुदा अंग फिर उसकी रहनुमाई या सहायता के आसरे न रहते, और साम्राज्य धीरे-धीरे ग़ायब हो जाता। बस, यह सवाल साम्राज्यशाही नीति का सवाल बन गया, और यह बड़ा साम्राज्यवाद इंग्लैण्ड के उद्योगों व मौजूदा घरेलू हितों को कुर्बान करके जीत गया। तुम्हें याद होगा कि साम्राज्यशाही हितों ने ठीक इसी तरह इंग्लैण्ड को, लंकाशायर व ब्रिटिश उद्योगों को नुकसान पहुंचाकर भी, युद्ध के बाद भारत के उद्योगीकरण को बढ़ावा देने के लिए उकसाया था।

बस, अपना नेतृत्व और साम्राज्य बनाये रखने के लिए इंग्लैण्ड ने ज़ोरदार प्रयत्न किया, पर यह कोशिश बड़ा महंगी पड़ी, और इसकी असफलता मानो पहले ही बदी थी। ब्रिटिश सरकार या कोई भी दूसरी सरकार, आर्थिक होनहार के अटल चक्र को रोक नहीं सकती थी। कुछ देर के लिए पौंड ने अपना प्राचीन गौरव हासिल कर लिया था, लेकिन उद्योगों को दिन-पर-दिन ज़्यादा अपंग बनाकर। बेरोजगारी बढ़ गई, और कोयला-उद्योग पर तो ख़ास तौर से मार पड़ी। पौण्ड का सिकुड़ना (स्वर्ण-मान बढ़ाने की प्रक्रिया का यही नाम है) ही इसके लिए ज़्यादातर ज़िम्मेदार था। पर कुछ और कारण भी थे। हर्जानों की अदायगी के रूप में जर्मनी से कुछ कोयला वसूल हुआ था, और इसका नतीजा यह हुआ कि इंग्लैण्ड के कोयले की मांग कम हो गई। इसके नतीजे से कोयले की खानों में बेकारी और भी ज़्यादा बढ़ गई। इस तरह क़र्ज़-देवा और विजेता देशों को यह मानना पड़ा कि पराजित देशों से इस तरह का खिराज वसूल करना कोई ऐसी नियामत नहीं है, जो बुराई से खाली हो। इंग्लैण्ड का कोयला-उद्योग भी बहुत बुरी तरह चलाया जा रहा था। वह सैकड़ों छोटी-छोटी कम्पनियों में बंटा हुआ था, और यूरोप व अमेरिका की बड़ी-बड़ी व अच्छे इन्तज़ामवाली संयुक्त कम्पनियों के साथ आसानी से होड़ नहीं कर सकता था।

जब कोयला-उद्योग की हालत दिन-पर-दिन ज़्यादा बिगड़ने लगी, तो खान-मालिकों ने अपने मज़दूरों की मज़दूरियां घटाने का फैसला किया। खान-मज़दूरों में इसपर गुस्से की आग भड़क उठी, और उन्हें दूसरे उद्योगों के मज़दूरों का भी सहारा मिला। इंग्लैण्ड का सारा मज़दूर-आन्दोलन खान-मज़दूरों के हित में लड़ने के लिए तैयार हो गया, और एक 'युद्ध कौन्सिल' बना दी गई। इससे पहले खान-मज़दूरों, रेल-मज़दूरों और माल लादनेवाले मज़दूरों की तीन बड़ी मज़दूर यूनियनों

का एक ताकतवर 'तिहेरा संगठन' बन गया था, जिसमें लाखों सु-संगठित व सीखे हुए मज़दूर शामिल थे। मज़दूर-वर्ग के इस सरगर्म रवैये ने सरकार को काफ़ी भयभीत कर दिया, और उसने खान-मालिकों को सरकारी सहायता देकर संकट को टाल दिया। यह सहायता इसलिए दी गई थी कि वे मजदूरों को पुराने दर पर मजूरी एक साल तक और देते रहें। एक जांच-कमीशन भी मुकर्रर किया गया। पर इन सब बातों का कोई नतीजा नहीं निकला, और अगले साल, १९२६ ई० में, जब खान-मालिकों ने मज़दूरी घटानी चाही तो संकट फिर पैदा हो गया। इस बार सरकार मज़दूर-वर्ग से लड़ने पर आमादा थी, क्योंकि पिछले महीनों के अन्दर उसने हर तरह की तैयारी कर ली थी।

खान-मालिकों ने खानों में ताला-बन्दी का फैसला किया, क्योंकि खान-मज़दूर मज़दूरी में कटौती के लिए राज़ी नही हुए। इससे ट्रेड यूनियन कांग्रेस की पुकार पर सारे इंग्लैण्ड में झटपट आम हड़ताल हो गई। इस पुकार का अनोखा असर हुआ, और देश-भर के लगभग सारे संगठित मज़दूरों ने काम बन्द कर दिया। देश का सारा कारोबार क़रीब-क़रीब ठप्प हो गया; रेलें चलनी बन्द हो गई, अख़बार नहीं छप सके, और ज़्यादातर दूसरी हलचलें भी रुक गई। सरकार स्वयं-सेवकों की मदद से किसी तरह बहुत ज़रूरी सेवाएं चलाती रही। आम हड़ताल ३-४ मई की आधीरात से शुरू हुई थी। दस दिन बाद, ट्रेड यूनियन कांग्रेस के नरम नेताओं ने, जो इस किस्म की क्रान्तिकारी हड़ताल को बुरी समझते थे, यह बहाना लगाकर हड़ताल को एकदम तुड़वा दिया कि उन्हें कुछ भरोसा दिला दिया गया है। खान-मजदूर मझधार में छोड़ दिये गए, मगर वे कई महीनों तक लस्टम-पस्टम और थके-हारे हड़ताल को चलाते रहे। पर अन्त में वे भूख से लाचार हो गये और उन्हें बुरी तरह हार खानी पड़ी। यह सिर्फ़ खान-मज़दूरों की ही नहीं बल्कि आम तौर पर इंग्लैण्ड के सारे मज़दूरों की करारी हार थी। कई उद्योगों में मज़दूरी घटा दी गई, कुछ उद्योगों में काम के घंटे बढ़ा दिये गए, और मज़दूर-वर्ग के रहन-सहन के दर्जे नीचे गिर गये। सरकार ने अपनी जीत का लाभ उठाकर मज़दूर-वर्ग को कमज़ोर करने के, और ख़ास तौर पर आयन्दा आम हड़तालें रोकने के, कानून बनाये। १९२६ ई० की यह आम हड़ताल मजदूर-नेताओं की ढिलमिल-यक़ीनी और कमज़ोरी के कारण, और इसकी तैयारी में उनकी क़सर के कारण, असफल हुई। सच तो यह है कि उनका सारा उद्देश्य इसे टालने का था, पर जब वे ऐसा न कर सके तो उन्होंने मौक़ा पाते ही इसे खतम कर दिया। उधर सरकार इसके लिए पूरी तरह तैयार थी, और उसे मध्यम-वर्गों का सहारा भी मिल गया था।

इंग्लैण्ड की आम हड़ताल और कोयला-खानों की लम्बी ताला-बन्दी ने

सोवियत रूस में बड़ी हलचल पैदा कर दी, और रूस की मजदूर यूनियनों ने बड़ी-बड़ी रकमें भेजीं, जो रूसी मज़दूरों ने इंग्लण्ड के खान-मज़दूरों की सहायता के लिए ख़ास तौर पर चन्दा करके जमा की थीं।

उस वक्त तो इंग्लैण्ड का मज़दूर-वर्ग कुचला जा चुका था। लेकिन गिरते हुए उद्योगों और बढ़ती हुई बेरोजगारी की समस्या का यह कोई हल नहीं था। बेकारी के सबब से मज़दूरों में आम मुसीबत फैल गई; इसके सबब से राज्य पर भी बोझ आ पड़ा, क्योंकि कई देशों में बेरोज़गारी के बीमे की योजना चालू हो चुकी थी। यह मान लिया गया था कि अगर कोई मज़दूर बिना किसी क़सूर के बेकार हो जाय तो उसको सहारा देना राज्य का कर्त्तव्य था। इसलिए रजिस्ट्री-शुदा बेकारों को कुछ सहायता या ख़ैरातें, जो 'डोल' कहलाती थीं, बांटी जाती थीं; और इसका अर्थ यह था कि सरकार को और स्थानीय संस्थाओं को भारी रक़में खर्च करनी पड़ती थीं।

यह सब क्यों हो रहा था ? उद्योगों का पतन क्यो हो रहा था ? व्यापार की हालत क्यों गिर रही थी ? बेकारी क्यों बढ़ रही थी ? और सिर्फ़ इंग्लैण्ड में ही नहीं बल्कि क़रीब-क़रीब सब देशों में हालतें क्यों बिगड़ती जा रही थी ? सम्मेलनों का तांता लग रहा था, राजनीतिज्ञ और शासक भी हर तरह से हालतों को सुधारना चाहते थे, पर उन्हें कोई सफलता नहीं मिल रही थी। यह भी नहीं था कि भूचाल या बाढ़ या सूखा-जैसी कोई अकाल और मुसीबत पैदा करनेवाली क़ुदरती आफ़त आ पड़ी हो। दुनिया बहुत करके अपने पुराने ढंग पर ही चल रही थी। देखा जाय तो संसार में पहले से ज़्यादा अन्न था, कारखाने भी ज़्यादा थे, और हर ज़रूरी चीज़ ज्यादा थी, लेकिन इसपर भी इन्सान की मुसीबत बढ़ गई थी। ज़ाहिर था कि यह उलटा नतीजा पैदा करनेवाली कोई-न-कोई जड़-मूल की ख़राबी थी। कहीं-न-कहीं बेहद बद-इंतजामी थी। समाजवादियों व साम्यवादियों का कहना था कि यह सब पूंजीवाद का कुसूर था, जो अपने दिन गिन रहा था। वे रूस की मिसाल देते थे, जहां बहुत सारी मुसीबतों और दिक्कतों के बावजूद कम-से-कम बेरोजगारी तो नहीं थी।

ये सवाल काफ़ी पेचीदा है, और इन्सानी तक़लीफ़ों के इलाज के बारे में डाक्टरों व पंडितों में बड़ा भारी मतभेद है। फिर भी हमें उनपर ग़ौर करना चाहिए और उनके कुछ ख़ास पहलुओं की जांच करनी चाहिए।

सारा संसार आज एक ही इकाई बनता जा रहा है, और बहुत-कुछ बन भी गया है। कहने का मतलब यह है कि रहन-सहन, हलचलें, पैदावार, खपत, वग़ैरा सब अन्तर्राष्ट्रीय और संसार-व्यापी बनने की तरफ़ रुजू हो रहे हैं और यह रुझान बढ़ रही है। व्यापार, उद्योग-धन्धे, सिक्कों का चलन वग़ैरा भी बहुत-कुछ अन्त-

र्राष्ट्रीय चीज़ें हैं। जुदा-जुदा देशों के बीच गहरा सम्बन्ध और आपसी निर्भरता है, और किसी भी देश की घटना का दूसरे देशों में असर पड़ता है। मगर इस तमाम अन्तर्राष्ट्रीयता के बावजूद हुकूमतें व उनकी नीतियां तंग राष्ट्रीयता के ढंग पर ही चल रही हैं। वास्तव में, यह तंग राष्ट्रीयता युद्ध के बाद के वर्षों के दौरान में और भी ज़्यादा खराब और उग्र हो गई है, और आज सारी दुनिया पर हावी होनेवाला हेतु बन गई है। इसके सबब से संसार की वास्तविक अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं और हुकूमतों की राष्ट्रवादी नीतियों के बीच लगातार संघर्ष हो रहा है। यह समझ लो कि संसार की अन्तर्राष्ट्रीय हलचलें मानो समुद्र की ओर बहनेवाली नदी है, और राष्ट्रीय नीतियां मानो उसे रोकने के, उसमें बांध बनाने के, उसका बहाव बदलने के, और यहांतक कि उसे उलटी दिशा में बहाने के, प्रयत्न है। यह तो साफ है कि नदी उलटी दिशा में नहीं बह सकती, न उसे रोका ही जा सकता है। हां, यह सम्भव है कि कभी-कभी उसका बहाव कुछ बदल दिया जाय, या बांध से उसमें बाढ़ आ जाय। इसलिए आजकल की राष्ट्रीयताएं नदी के सीधे बहाव में रुकावट डाल रही हैं, और बाढ़ व दहें और सड़े पानी की तलैयां पैदा कर रही है, पर वे नदी की होनेवाली प्रगति को नहीं रोक सकतीं।

व्यापारी व आर्थिक क्षेत्रों में इस तरह वह चीज़ हमारे सामने है, जिसे 'आर्थिक राष्ट्रीयता' कहते है। इसका अर्थ यह है कि हर देश को चाहिए कि वह जितना खरीदे उससे ज़्यादा बेचे और जितना खपावे उससे ज़्यादा उत्पादन करे। हर देश अपना माल बेचना चाहता है, तो फिर उसे खरीदेगा कौन ? हर तरह की बिक्री के लिए यह ज़रूरी है कि एक बेचनेवाला हो तो दूसरा खरीदनेवाला हो। सिर्फ़ बेचनेवालों की दुनिया होना बिल्कुल बेहूदा बात है। पर मज़ा यह है कि आर्थिक राष्ट्रीयता का आधार यही है। हर देश विदेशी माल का आयात रोकने के लिए तटकरों की दीवारें, आर्थिक बाड़ें, खड़ी कर देता है, और साथ ही अपने विदेशी व्यापार को बढ़ाना चाहता है। जिस अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर आधुनिक संसार खड़ा हुआ है, उसमें तटकरों की ये दीवारें रुकावट डालती है और उसका गला घोंट देती हैं। जब व्यापार मन्दा हो जाता है, तो उद्योगों को हानि पहुंचती है, और बेकारी बढ़ने लगती है। इसका फिर यह नतीजा होता है कि विदेशी माल को रोकने के लिए जबर्दस्त कोशिशें की जाती है, क्योंकि उसे देशी उद्योगों में रुकावट माना जाता है, और चुंगियों की दीवारें और भी ऊंची कर दी जाती हैं। इससे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को और भी ज़्यादा नुकसान पहुंचता है, और यह खोटा चक्कर चलता रहता है।

सच तो यह है कि आज का उद्योग-प्रधान जगत राष्ट्रीयता की मंजिल से आगे निकल गया है। माल के उत्पादन और वितरण की समूची व्यवस्था सरकारों

व देशों के राष्ट्रवादी ढांचे में ठीक नहीं बैठती। भीतर के बढ़नवाले शरीर के लिए यह खोल बहुत छोटा हो जाता है, इसलिए तड़क जाता है।

व्यापार के मार्ग में ये तटकर व रुकावटें वास्तव में हर देश के कुछ गिने-चुने वर्गों को लाभ पहुंचाते हैं, पर चूंकि ये वर्ग अपने-अपने देशों में हावी होते हैं, इसलिए वे ही देश की नीति को बनाते हैं। बस, हर देश दूसरे देश से आगे निकल जाना चाहता है, और नतीजे में सबको एक-साथ मुसीबत उठानी पड़ती है, और राष्ट्रीय मुकाबलेदारी और बैर-भाव बढ़ जाते हैं। आपसी मतभेदों को सम्मेलनों के ज़रिये निबटाने के बार-बार यत्न किये जाते हैं, और अलग-अलग देशों के राजनीतिज्ञ ऊंचे-से-ऊंचे इरादे ज़ाहिर करते हैं, पर फिर भी सफलता उनके हाथ नहीं आती। क्या इससे तुम्हें उन कोशिशों का ध्यान नहीं आता, जो साम्प्रदायिक समस्या को, हिन्दू-मुस्लिम-सिख समस्याओं को, निबटाने के लिए भारत में बार-बार हुई हैं? शायद दोनों ही मामलों में असफलता के कारण हैं : गलत धारणाएं, गलत हेतु और साथ ही ग़लत उद्देश्य।

आर्थिक राष्ट्रीयता को बढ़ावा देनेवाले तट-करों, और सरकारी दानों, सरकारी सहायताओं, रेल से माल भेजने की विशेष दरों, वग़ैरा दूसरे उपायों से सिर्फ़ मिल्कियतदार और कारखानेदार वर्गों को ही लाभ होता है, क्योंकि अपने देश की इन महफ़ूज़ घरेलू मंडियों का फ़ायदा वे ही उठाते हैं। इस तरह संरक्षणों और संरक्षण-करों के भीतर निहित स्वार्थ पैदा हो जाते हैं, और तमाम निहित-स्वार्थों की तरह वे ऐसे हर परिवर्तन का घोर विरोध करते हैं, जिससे उन्हें नुकसान पहुंचने की सम्भावना हो। यह भी इसका एक हेतु है कि एक बार जारी हो जाने पर संरक्षण-कर क्यों हमेशा के लिए कायम हो जाते हैं, और दुनिया में आर्थिक राष्ट्रीयता क्यों पनपती है, बावजूद इसके कि ज्यादातर लोग उसे सबके लिए बुरा समझते हैं। एक बार पैदा हो जाने पर निहित स्वार्थों का अन्त करना आसान नहीं है, और किसी देश का इस दिशा में अकेला आगे बढ़ना तो और भी कठिन है। अगर सारे देश संरक्षण-करों का अन्त करने के लिए और उन्हें बहुत-कुछ घटाने के लिए मिलकर काम करने को राजी हो जायं तो शायद ऐसा हो भी सके। मगर फिर भी दिक्कतें आयेंगी, क्योंकि उद्योगों के लिहाज़ से पिछड़े हुए देशों की हानि होगी, क्योंकि वे उन्नत देशों का बराबरी के दर्जे पर मुक़ाबला नहीं कर सकेंगे। नये उद्योग अक्सर करके संरक्षण-करों के आसरे ही पनपते हैं।

आर्थिक राष्ट्रीयता राष्ट्रों के आपासी व्यापार को भी कम करती और रोकती है। इस तरह दुनिया की मंडी पर बुरा असर पड़ता है। हर राष्ट्र संरक्षित मंडीवाला ठेकेदार क्षेत्र बन जाता है; खुला व्यापार ख़तम हो जाता है। हर राष्ट्र के भीतर भी इजारेदारियां बढ़ जाती हैं, और आज़ाद व खुली मंडियां

ग़ायब होने लगती हैं। बड़े-बड़े कम्पनी-समूह, बड़े-बड़े कारख़ाने और बड़ी-बड़ी दुकानें, छोट-छोटे उत्पादकों और छुटभैये दूकानदारों को चाट जाते हैं, और इस तरह होड़ को ख़तम कर देते हैं। अमेरिका, इंग्लैण्ड, जर्मनी, जापान, वगैरा उद्योग-प्रधान देशों में ये राष्ट्रीय इजारेदारियां बढ़ीं, और इस तरह सारी सत्ता कुछ लोगों के हाथों में जमा हो गई। पैट्रोल, साबुन, रासायनिक वस्तुएं, लड़ाई का सामान, इस्पात, बैंक, व इसी तरह की बहुत-सी चीज़ों में इजारेदारियां क़ायम हो गई। इसका नतीजा बड़ा विचित्र होता ह। यह सब विज्ञान की उन्नति और पूंजीवाद के विकास का लाज़िमी नतीजा है, मगर फिर भी यह इसी पूजीवाद की जड़ पर कुल्हाड़ा चलाता है। क्योंकि पूजीवाद का जन्म तो संसारी मंडी और आजाद मंडी के साथ हुआ था। मुक़ाबलेदारी पूजीवाद की जान थी। अगर संसारी मंडी चली जाती है, और आज़ाद मंडी व राष्ट्रीय सीमाओं में होड़ भी चली जाती है, तो समाज के इस पुराने पूजीवादी ढांचे का पेदा ही फूट जाता है। इसकी जगह कौन-सी व्यवस्था आवेगी यह तो दूसरी बात है, पर ऐसा मालूम होता है कि आपस में इन विरोधी झुकावों के होते हुए पुरानी व्यवस्था ज्यादा समय तक नहीं टिक सकती।

विज्ञान व उद्योगों की उन्नति समाज के मौजूदा ढंग से बहुत आगे निकल गये हैं। इनके ज़रिये से खाने-पीने व ऐश-आराम की चीज़ें बेहद मिकदार में तैयार होती है, और पूजीवाद की समझ में नहीं आता कि इनका क्या करे। कई बार तो वह सचमुच इन्हें नष्ट करने पर या इनकी पैदावार बांधने पर उतारू हो जाता है। इस तरह बहुतायत और गरीबी के साथ-साथ बने रहने का अजीब नज़ारा हमारे सामने आ जाता है। अगर पूंजीवाद आज के विज्ञान और मशीनी तरीकों की प्रगति के साथ नहीं चल सकता, तो कोई ऐसी व्यवस्था बनानी होगी, जो विज्ञान से ज्यादा मेल खाती हो। वरना दूसरा रास्ता यह है कि विज्ञान का गला घोंट दिया जाय और उसे प्रगति करने से रोक दिया जाय। मगर यह बेवकूफी की बात होगी, और किसी भी हालत में इसकी तो कल्पना ही नहीं की जा सकती।

इसलिए, अगर आर्थिक राष्ट्रीयता, और इजारेदारी व राष्ट्रीय मुक़ाबलेदारियों की बढ़ोतरी, और मरते हुए पूजीवाद के दूसरे नतीजों की वजह से सारे जगत में मुसीबत फैल गई हो, तो इसमें अचम्भे की बात नहीं है। आधुनिक साम्राज्यवाद खुद भी इसी पूंजीवाद का एक रूप ह, क्योंकि हर साम्राज्यशाही शक्ति दूसरी क़ौमों का शोषण करके अपनी राष्ट्रीय समस्याएं सुलझाने की कोशिश करती है। इसका नतीजा यह होता ह कि साम्राज्यशाही शक्तियों के बीच मुकाबलेदारी व संघर्ष ज़्यादा बढ जाते हैं। आज के उलट-पुलटे संसार में हर चीज़ संघर्ष ही पैदा करती हुई नज़र आती है।

मैंने यह पत्र इस जिक्र के साथ शुरू किया था कि युद्ध के बाद के ज़माने के दौरान में रुपये ने अजीब तौर पर बर्ताव किया। पर जब और सारी चीज़ें ही बड़ा निराला बर्ताव कर रही है, तो क्या हम केवल रुपये को ही दोष दे सकते है ?

: १७४ :

चाल और जवाबी चाल

१८ जून, १९३३

पिछले दो पत्रों में मैने आर्थिक और सिक्कों के सवालों पर विचार किया है। ये विषय बहुत भेदभरे व मुश्किल से समझ में आनेवाले माने जाते है। यह सच है कि ये विषय आसान नहीं है, और इन्हें समझने के लिए दिमाग़ पर जोर देना पड़ता है, पर आखिर ये इतने डरावने भी नही है; और इन विषयों को जो रहस्य की हवा घेरे हुए है, उसके लिए कुछ हद तक अर्थ-शास्त्री व विशेषज्ञ जिम्मेदार हैं। पुराने जमाने में रहस्य के ठेकेदार पंडे-पुजारी हुआ करते थे, जो लोगों के समझ में न आनेवाली पुरातन भाषा में तरह-तरह के कर्म-काण्डों व पूजा-पाठों के जरिये और छिपी हुई शक्तियों से ताल्लुक रखने का ढोंग रचकर, भोली-भाली जनता को अपनी इच्छा के मुताबिक नचाते थे। इन पंडे-पुजारियों की सत्ता आज बहुत कम हो गई है, और उद्योग-प्रधान देशों में तो क़रीब-क़रीब खतम ही हो गई है। पर इन पंडे-पुजारियों की जगह अब विशेषज्ञ, अर्थशास्त्री, बोहरे, वगैरा पैदा हो गये है, जो ज्यादातर पारिभाषिक शब्दों से भरी हुई भेद-भरी भाषा में बोलते हैं, जिसे समझना साधारण आदमी के लिए मुश्किल हो जाता है। इसलिए औसत दर्जे के आदमी को इन प्रश्नों का निबटारा विशेषज्ञों पर छोड़ना पड़ता है। मगर यह विशेषज्ञ, जाने या अनजाने, शासक वर्गो के पिछलग्गुये बन जाते है और इन्हीं-का हित-साधन करते है। और विशेषज्ञों में भी मतभेद होता है।

इसलिए अच्छा यह है कि हम सब इन आर्थिक प्रश्नों को कुछ समझने की कोशिश करें जो आज राजनीति पर व दूसरी सब चीजों पर हावी नज़र आते हैं। मनुष्य-जाति को समुदायों व वर्गों में बांटने के कई ढंग हैं। एक सम्भव तरीका यह होगा कि इनके दो वर्ग कर दिये जायं—एक तो बहनेवाले, यानी वे लोग, जिनमें अपनी कोई इच्छा-शक्ति नहीं होती और जो अपने-आपको पानी की सतह पर तिनके की तरह इधर-उधर बह जाने देते हैं; और दूसरे वे लोग जो जिन्दगी पर असर डालते हैं और अपने चौगिर्द को बदल देते है। पिछले वर्ग के लिए ज्ञान और समझ होना जरूरी है, क्योंकि कारगर काम इन्हींके आधार पर हो सकता है। सिर्फ नेक इरादे या नेक उम्मीदें काफी नहीं होतीं। जब कोई कुदरती आफ़त आती है, या महामारी फैलती है, या सूखा पड़ता है, या और कोई भी अचानक मुसीबत आ पड़ती है, तो हम देखते हैं कि सिर्फ़ भारत में ही नहीं बल्कि यूरोप में भी, राहत

के लिए लोग ईश्वर से प्रार्थना किया करते हैं। अगर प्रार्थना से उन्हें शान्ति मिलती है और उनमें आत्म-विश्वास और साहस पैदा होता है, तो यह अच्छी चीज़ है, और इसपर किसीको ऐतराज नहीं हो सकता। पर इस विचार की जगह कि प्रार्थना से रोग की महामारी रुक जायगी, अब यह वैज्ञानिक ख़याल बन रहा है कि बीमारी की जड़ को सफाई व दूसरे उपायों से मिटा देना चाहिए। अगर किसी कारख़ाने की मशीनें चलते-चलते रुक जाती हैं या किसी मोटर-गाड़ी के टायर में पंचर हो जाता है, तो क्या किसीने सुना है कि लोग हाथ-पर-हाथ धरकर बैठे जाते हों और सिर्फ आशा करने लगते हों, या मनाने लगते हों, या प्रार्थना भी करने लगते हों कि मशीन की ख़राबी अपने-आप ठीक हो जाय या पंचर अपने-आप मुड़ जाय ? वे तो तुरन्त काम में जुट जाते हैं और मशीन को या टायर को दुरुस्त कर देते हैं, और फ़ौरन ही मशीन काम करने लगती है या मोटर-गाड़ी मज़े से सड़क पर दौड़ने लगती है।

इसी तरह इन्सानी और समाजी मशीन में भी हमको अच्छे इरादों के अलावा उसकी चालढाल और सम्भावनाओं का अच्छा ज्ञान होना ज़रूरी है। यह ज्ञान बहुत करके सही नहीं होता, क्योंकि इसका सम्बन्ध इन्सान की इच्छाओं और तमन्नाओं और रुचियों और ज़रूरतों-जैसी अनिश्चित बातों से होता है। और जब हम सामूहिक रूप से जनता का, या सारे समाज का, या जनता के जुदा-जुदा वर्गों का, विचार करते हैं तो यह ज्ञान और भी ज़्यादा अनिश्चित हो जाता है। लेकिन अध्ययन और अनुभव और निरीक्षण से धीरे-धीरे इस अनिश्चित ढेर में भी व्यवस्था आने लगती है, और ज्ञान बढ़ता है, और इसके साथ-साथ अपने चौगिर्द का मुक़ाबला करने की हमारी क्षमता भी बढ़ती है।

अब मैं युद्ध के बाद के वर्षों में यूरोप के राजनैतिक पहलू के बारे में भी कुछ कहना चाहता हूं। सबसे पहली बात जो नज़र के सामने आती है, वह है यूरोप महाद्वीप का तीन खंडों में बंटना : एक तो युद्ध में जीतनेवाले देश, दूसरे पराजित देश और तीसरा सोवियत रूस। नारवे, स्वीडन, हालैण्ड, स्विट्ज़रलैण्ड, वग़ैरा कुछ छोटे-छोटे देश ऐसे भी थे, जो इन तीनों में से किसी खंड में नहीं आते थे, पर राजनैतिक लिहाज़ से इनका कोई ख़ास महत्व नहीं था। हां, मज़दूरों की हुकूमतवाला सोवियत रूस अपनी निराली हैसियत रखता था और जीतनेवाली शक्तियों के लिए बराबर चिढ़न और खीज का सबब बना हुआ था। इस चिढ़न का कारण रूस के शासन का वह ढंग ही नहीं था, जो दूसरे देशों के मज़दूरों को क्रान्ति का न्यौता दे रहा था, बल्कि यह भी था कि जीतनेवाली शक्तियां पूर्व में जो बहुत-सी तरक़ीबें लड़ा रही थीं, रूस उनके मार्ग में अड़ंगा लगा रहा था। दूसरे देशों में दस्तन्दाज़ी के युद्धों का ज़िक्र मैं कर चुका हूं, जिनके दौरान में, १९१९

और १९२० ई० में, ज़्यादातर जीतनेवाली शक्तियों ने सोवियत रूस को कुचलने की कोशिश की थी। मगर फिर भी सोवियत रूस बच गया, और यूरोप की साम्राज्यशाही शक्तियों को उसकी हस्ती बर्दाश्त करने को मज़बूर होना पड़ा, मगर इसमें भी उन्होंने जहांतक हो सका सद्भावना और शराफ़त नहीं दिखाई। ख़ासकर ज़ारशाही ज़माने से चला आनेवाला इंग्लैण्ड व रूस का पुराना बैर बना रहा, और कभी-कभी इसमें ऐसे ख़तरे और ऐसी घटनाएं फूट पड़ती थीं, जिनसे युद्ध का ख़तरा तक हो जाता था। सोवियत रूस को पक्का विश्वास हो गया था कि इंग्लैण्ड उसके ख़िलाफ़ लगातार साज़िशें कर रहा था और यूरोप में शक्तियों का सोवियत-विरोधी गुट्ट रचने की कोशिशें कर रहा था। कई बार तो युद्ध के हल्ले भी हो गये।

पश्चिमी व मध्य यूरोप में जीतने व हारनेवाली शक्तियों के बीच का भेद बहुत साफ़ था, और फ्रान्स तो विजय की भावना का ख़ास प्रतीक बना हुआ था। पराजित देश सुलह की सन्धियों की कई शर्तों से कुदरती तौर पर नाराज़ थे, और हालांकि वे कुछ करने में असमर्थ थे, पर आयन्दा परिवर्तनों की उम्मीदें लगाये बैठे थे। आस्ट्रिया व हंगरी बहुत बेज़ार हो गये थे, और उनकी हालत दिन-पर-दिन बिगड़ती नज़र आती थी। दूसरी ओर यूगोस्लाविया सर्बिया का ही फूला हुआ रूप था, और वह बेमेल तत्वों व छोटी क़ौमों का जमघट बना हुआ था। ये जुदा-जुदा भाग कुछ ही वर्षों में एक-दूसरे से तंग आ गये और बिखरने लगे। क्रोशिया में (जो आजकल यूगोस्लाविया का एक प्रान्त है) स्वाधीनता का ज़ोरदार आन्दोलन चल रहा है, और सर्बिया की सरकार इसे ज़ोरों के साथ दबा रही है। पोलैण्ड का नक़शा काफ़ी बड़ा हो गया है, पर उसके साम्राज्यशाही लोग ये अजीब आशाएं दिल में लिये बैठे हैं कि पोलैण्ड दक्षिण में काले सागर तक फैल जाय और १७७२ ई० की उसकी पुरानी सीमा फिर क़ायम हो जाय। इन दिनों पोलैण्ड में रूसी यूक्रेन का कुछ भाग शामिल है, और इसे हैवानी सजाओं के आतंक-राज से 'शान्त करने' की या 'पोलीकरण' की कोशिश की जाती रही है, और अब भी की जा रही है। ये आग के कुछेक छोटे-छोटे ढेर हैं, जो पूर्वी यूरोप में सुलग रहे हैं। इनका महत्व इसीमें है कि आग फैल जाने का ख़तरा है।

राजनैतिक लिहाज़ से, और फ़ौजी लिहाज़ से भी, युद्ध के बाद के वर्षों में, यूरोप की शक्तियों में फ्रान्स का ही बोलबाला था। जो कुछ वह चाहता था, उसका बड़ा हिस्सा उसे प्रदेश के रूप में और हर्जानों की उम्मीद के रूप में मिल गया था, लेकिन फिर भी उसे चैन नहीं था। उसके सिर पर भय का भयंकर भूत सवार था। उसे भय था कि जर्मनी कहीं फिर इतना बलशाली न हो जाय कि उससे लड़ पड़े और शायद उसे हरा भी दे। इस भय का मुख्य कारण था जर्मनी की बहुत बड़ी

आबादी। आकार में फ्रान्स जर्मनी से सचमुच बड़ा है, और शायद उससे ज़्यादा उपजाऊ भी है। फिर भी फ्रान्स की आबादी ४,१०,००,००० से कम है, और ज़्यादा घटती-बढ़ती नहीं है। मगर जर्मनी की आबादी ६,२०,००,००० से ऊपर है, और बढ़ती जा रही है। जर्मनों के बारे में यह भी मशहूर है कि वे एक हमलावर और युद्ध-प्रिय क़ौम हैं, और एक ही पीढ़ी में फ्रान्स पर दो बार चढ़ाइयां कर चुके हैं।

इसलिए जर्मनी के बदला लेने का भय फ्रान्स के सिर पर सवार था, और उसकी समूची नीति की बुनियाद और इस नीति का संचालन करनेवाली भावना 'सुरक्षा' की थी; यानी जो कुछ उसे मिल गया था, उसे बनाये और बचाये रखने के लिए फ्रान्स की सुरक्षा। वर्साई की सुलह से जिन तमाम देशों को निराशा हुई थी, उन्हें फ्रान्स की बढ़ी-चढ़ी फ़ौजी ताक़त काबू में रखे हुए थी, और इस सुलह का क़ायम रहना फ्रान्स की सुरक्षा के लिए ज़रूरी समझा जाता था। अपनी हैसियत को और भी मज़बूत बनाने के लिए फ्रान्स ने उन राष्ट्रों का एक गुट्ट बना लिया, जिनका हित वर्साई की सन्धि के क़ायम रहने में था। ये देश थे : बैल्जियम, पोलैण्ड, चैकोस्लोवाकिया, रूमानिया, और यूगोस्लाविया।

इस तरह फ्रान्स ने यूरोप में अपना दबदबा या नेतृत्व क़ायम कर लिया। यह चीज़ इंग्लैण्ड को पसंद नहीं थी, क्योंकि इंगलैण्ड नहीं चाहता कि यूरोप में उसके सिवाय किसी और शक्ति का दबदबा हो। इंग्लैण्ड के दिल में फ्रान्स के लिए प्यार और दोस्ती की भावना बहुत ठंडी पड़ गई। इंग्लैण्ड के अख़बारों में फ्रान्स को स्वार्थी और सख़्त-दिल कहकर उसकी आलोचना की, और पुराने शत्रु जर्मनी के बारे में दोस्ताना बातें लिखीं। अंग्रेज़ों ने कहा कि हमें पुरानी बातों को भूल जाना और क्षमा कर देना चाहिए, और शान्ति काल में अपनेको युद्ध के दिनों की यादों से प्रभावित नहीं होने देना चाहिए। ये भावनाएं कितनी तारीफ़ के क़ाबिल थीं, और अंग्रेज़ों के नज़रिये से तो ये दोहरी तारीफ़ के क़ाबिल थीं, क्योंकि संयोग से वे अंग्रेज़ों की नीति के साथ मेल खाती थीं। इटालवी राजनीतिज्ञ काउन्ट स्फ़ोर्ज़ा ने कहा है कि यह "इंग्लैण्ड के लोगों को ईश्वर की कृपा का दिया हुआ एक क़ीमती वरदान" है कि अगर इंग्लैण्ड को कोई राजनैतिक लाभ होता हो, या ब्रिटिश सरकार को कोई कूटनीतिक कार्रवाई करनी पड़े, तो सभी वर्गों के लोग ऊंची-से-ऊंची नैतिक दलीलों से उनको उचित साबित करते हैं।

१९२२ ई० के शुरू से ही आंग्ल-फ्रान्सीसी रगड़-झगड़ यूरोप की राजनीति का एक दायमी पहलू बन गई है। ऊपर-ऊपर तो मुस्कराहटें और शरीफ़ाना शब्द थे, और दोनों के राजनीतिज्ञ और प्रधान मंत्री अक्सर आपस में मिलते थे और साथ फोटो खिचवाते थे, लेकिन दोनों सरकारें अक्सर अलग-अलग दिशाओं में खींच-तान

करती रहती थीं। १९२२ ई० में जब जर्मनी हर्जानों की अदायगी में चूक गया, तो उस समय इंग्लैण्ड इस पक्ष में नहीं था कि रूर की घाटी पर मित्र-राष्ट्र क़ब्ज़ा कर लें। मगर फ्रान्स ने इंग्लैण्ड के विरोध की परवाह न करके अपनी मर्ज़ी का काम किया। मगर रूर पर क़ब्ज़ा करने में इंग्लैण्ड ने कोई हिस्सा नहीं लिया।

एक और पुराना साथी इटली भी फ्रान्स से बिगड़ गया और इन देशों के बीच भी लगातार रगड़-झगड़ रहने लगी। इसका कारण था १९२२ ई० में मुसोलिनी का सत्ता हथियाना और उसके साम्राज्यशाही हौसले जिनमें फ्रान्स रुकावटें डालता था। मुसोलिनी और फ़ासीवाद का बयान मैं अपने अगले पत्र में करूंगा।

युद्ध के बाद के वर्षों में ब्रिटिश साम्राज्य के भीतर भी टूट-फूट के कुछ लक्षण दिखाई दिये। इस सवाल के कुछ पहलुओं पर मैं दूसरे पत्रों में चर्चा कर चुका हूं। यहां मैं केवल एक ही पहलू का ज़िक्र करूंगा। आस्ट्रेलिया व कनाडा दोनों दिन-पर-दिन अमेरिका के सांस्कृतिक व आर्थिक प्रभाव के दायरे में खिंचते जा रहे थे, और तीनों देश मिलकर जापानियों को और ख़ासकर जापानियों के आवास को नापसन्द करते थे। आस्ट्रेलिया को इनसे ख़ास ख़तरा है, क्योंकि वहां लम्बे-चौड़े बे-आबाद क्षेत्र हैं, और जापान ज़्यादा दूर नहीं है और उसकी आबादी समाई से ज़्यादा हो गई है। इसलिए इंग्लैण्ड की जापान के साथ दोस्ती को न तो ये दोनों उपनिवेश पसंद करते थे और न अमेरिका। इंग्लैण्ड अमेरिका को ख़ुश रखना चाहता था, क्योंकि साहूकार की हैसियत में और दूसरी तरह से अमेरिका सारी दुनिया पर हावी हो रहा था। साथ ही इंग्लैण्ड अपने साम्राज्य को भी जबतक सम्भव हो तबतक चलाये रखना चाहता था। इसलिए उसने १९२२ ई० में वाशिंगटन-सम्मेलन में आंग्ल-जापानी दोस्ती को क़ुर्बान कर दिया। चीन-संबंधी अपने पिछले पत्र में मैं इस सम्मेलन के बारे में लिख चुका हूं। इसी सम्मेलन में चार शक्तियों के समझौते और नौ शक्तियों की सन्धि की रचनाएं हुई थीं। ये सन्धियां चीन और प्रशान्त महासागर के तट से सम्बन्ध रखती थीं, पर सोवियत रूस को, जिसका इनसे गहरा वास्ता था, सम्मेलन में नहीं बुलाया गया, हालांकि उसने आपत्ति भी उठाई थी।

इस वाशिंगटन-सम्मेलन से इंग्लैण्ड की पूर्वी नीति बदलनी शुरू हो गई। उस समय तक तो इंग्लैण्ड दूर पूर्व में, और ज़रूरत पड़ने पर भारत में भी, सहायता के लिए जापान पर भरोसा करता आ रहा था। पर अब दूर पूर्व के देश दुनिया के मामलों में बड़े महत्व का कारण बनते जा रहे थे और अलग-अलग शक्तियों के बीच स्वार्थों की टक्करें थीं। चीन का उदय हो रहा था, या उदय होता दिखाई दे रहा था, और जापान व अमेरिका का आपसी वैरभाव दिन-पर-दिन बढ़ता जा रहा था। बहुत लोगों का ख़याल था कि अगले महायुद्ध का मुख्य केन्द्र प्रशान्त

महासागर बनेगा। जब जापान और अमेरिका का सवाल सामने आया तो इंग्लैण्ड अमेरिका के पक्ष में जा मिला, या यह कहना ज़्यादा सही होगा कि उसने जापान का साथ छोड़ दिया। उसकी नीति साफ़-साफ़ यह थी कि किसी तरह के वादों में बंधे बिना, बलशाली व मालदार अमेरिका से दोस्ती बनाये रक्खे। जापान की दोस्ती ख़तम करने के बाद इंग्लैण्ड दूर पूर्व में होनेवाले युद्ध की तैयारियों में लग गया। उसने सिंगापुर में खूब बड़ी और भारी लागत की गोदियां बनवाई, और इस स्थान को बहुत बड़ा जहाज़ी अड्डा बना दिया। यहां से वह हिन्द महासागर और प्रशान्त महासागर के बीच चलनेवाले जहाज़ों पर क़ाबू रख सकता है। वह एक ओर भारत व बर्मा पर और दूसरी ओर फ्रान्सीसी व डच उपनिवेशों पर हावी रह सकता है; और सबसे ज़्यादा महत्व की बात यह है कि वह प्रशान्त महासागर में होनेवाली टक्कर में कारगर हिस्सा ले सकता है, चाहे वह जापान के साथ हो या किसी दूसरी शक्ति के साथ।

१९२२ ई० में वाशिंगटन में आंग्ल-जापानी दोस्ती के इस तरह टूट जाने से जापान का सम्बन्ध सबसे टूट गया। तब जापानियों को लाचार होकर रूस की तरफ़ निगाह डालनी पड़ी और वे सोवियतों के साथ अच्छे ताल्लुक़ पैदा करने लगे। तीन वर्ष बाद, जनवरी, १९२५ ई० में जापान व सोवियत संघ के बीच सन्धि हो गई।

युद्ध के ठीक बाद के कुछ वर्षों तक जीतनेवाली शक्तियों ने जर्मनी के साथ ऐसा बर्ताव किया मानो वह बिरादरी से छेका हुआ राष्ट्र हो। इन शक्तियों से ज़्यादा सहानुभूति न पाकर, और उन्हें कुछ डराने के इरादे से, यह भी सोवियत रूस की ओर झुका और अप्रैल १९२२ ई०, में इसने रूस के साथ सन्धि कर ली जो रापालो की सन्धि कहलाती है। इस सन्धि की बातचीत गुप्त रक्खी गई थी, इसलिए जब इसे प्रकाशित किया गया तो मित्र-राष्ट्रीय सरकारें हक्का-बक्का हो गईं। ब्रिटिश सरकार तो ख़ास तौर पर घबरा गई, क्योंकि इंग्लैण्ड का शासक-वर्ग सोवियत रूस को बुरी तरह नापसन्द करता था। जर्मनी के बारे में इंग्लैण्ड की नीति में परिवर्तन पैदा करनेवाला कारण वास्तव में इंग्लैण्ड का यह महसूस करना था कि अगर जर्मनी के साथ अच्छा सलूक नहीं किया गया और उसे मनाया नहीं गया तो वह रूस से जा मिलेगा। अंग्रेज़ लोग जर्मनी की कठिनाइयों की तरफ़ बड़ी सहानुभूति दिखाने लगे और ग़ैर-सरकारी तौर पर हर तरह से उसकी ओर दोस्ती का हाथ बढ़ाने लगे। रूर की कार्रवाई से वे बिलकुल अलग रहे। यह सब जर्मनी से यकायक प्रेम हो जाने के सबब से नहीं हुआ, बल्कि इस इच्छा से किया गया कि जर्मनी को रूस से अलग और राष्ट्रों के सोवियत-विरोधी गुट्ट में बनाये रक्खा जाय। कुछ वर्षों तक अंग्रेज़ों की नीति इसीपर टिकी रही और उन्हें १९२५ ई०

में लोकार्नो में सफलता भी मिल गई। लोकार्नो में बड़ी-बड़ी शक्तियों का एक सम्मेलन हुआ, और युद्ध के बाद पहली बार जीतनेवाली शक्तियों और जर्मनी के बीच कुछ बातों पर सच्चा समझौता हुआ, और इन्हें सन्धि का रूप दिया गया। मगर मुकम्मिल समझौता नहीं हुआ; हर्जानों का ज़बर्दस्त सवाल व दूसरे सवाल वैसे ही रह गये। हां, शुरूआत अच्छी हो गई, और आपस में बहुत-से वादे किये गए और पक्के यक़ीन दिलाये गए। जर्मनी ने वर्साई की सन्धि के मुताबिक़ तय की गई अपनी पश्चिमी फ्रान्सीसी सरहद को मंजूर कर लिया; पर पूर्वी सरहद को, जहां समुद्र तक जानेवाला पोली गलियारा था, उसने आख़िरी तौर पर मंजूर करने से इन्कार कर दिया, मगर यह वादा कर दिया कि इस सरहद को बदलवाने की कोशिशों में वह बिना लड़ाई के उपायों का सहारा लेगा। सन्धि में एक शर्त यह भी थी कि अगर एक पक्ष इस समझौते को तोड़े तो बाक़ी मिलकर उससे लड़ने को पाबन्द होंगे।

लोकार्नो की सन्धि ब्रिटिश नीति की जीत थी। इससे इंग्लैण्ड कुछ हद तक फ्रान्स व जर्मनी के आपसी झगड़ों का पंच बन गया, और जर्मनी रूस से दूर हट गया। मगर लोकार्नो का सबसे बड़ा महत्व वास्तव में यह था कि इसने पश्चिमी यूरोप के राष्ट्रों को एक सोवियत-विरोधी गुट्ट में ला इकट्ठा किया। इसपर रूस घबराया, और कुछ ही महीनों में उसने तुर्की के साथ गठ-बन्धन करके इसका जवाब दिया। इस रूसी-तुर्की सन्धि पर दिसम्बर, १९२५ ई०, में राष्ट्र-संघ के मोसल के ख़िलाफ़ फ़ैसले के ठीक दो दिन बाद, दस्तख़त हुए थे,। तुम्हें याद होगा कि यह फ़ैसला तुर्की के ख़िलाफ़ था। सितम्बर, १९२६ ई० में जर्मनी राष्ट्र-संघ में दाख़िल हुआ, और आपस में ख़ूब गले-मिलना और हाथ मिलाना हुआ, और राष्ट्र-संघ में सबने ख़ुशियां ज़ाहिर कीं और एक दूसरे को बधाइयां दीं।

इस तरह यूरोपीय राष्ट्रों के बीच ये चालें और जवाबी चालें चलती रहीं, जिनपर अक्सर उनकी घरू नीतियों का असर पड़ता था। इंग्लैण्ड में दिसम्बर, १९२३ ई०, के आम चुनावों के बाद अनुदार दल की हार हुई, और पार्लमेण्ट में मज़दूर दल की पहली बार सरकार बनी, हालांकि इनका साफ़ बहुमत नहीं था। रैम्ज़े मैकडोनल्ड प्रधान मंत्री हुआ। यह सरकार साढ़े नौ महीने के थोड़े-से वक़्त तक ही चली। मगर इस थोड़े समय में ही उसने रूस के साथ समझौता कर लिया, और दोनों के बीच राजनयिक और तिजारती सम्बन्ध क़ायम हो गये। अनुदार दल-वाले सोवियत को किसी भी तरह तस्लीम करने के ख़िलाफ़ थे, और इसी साल के भीतर होनेवाले आम चुनावों में रूस का नाम बहुत सामने आया। इसकी वजह यह थी कि चुनावों में अनुदार दल ने एक पत्र को, जो 'ज़िनोवीफ़ का पत्र' कहलाता है, अपना मात देनेवाला मोहरा बनाया। इस पत्र में इंग्लैण्ड के साम्यवादियों को

गुप्त रूप से क्रांति की तैयारी करने के लिए उकसाया गया था। ज़िनोवीफ़ सोवियत सरकार में एक नामी बोलशेविक था; उसने इस पत्र का लेखक होने से बिल्कुल इन्कार किया, और कहा कि वह ज़रूर जाली होगा। मगर फिर भी अनुदार दल-वालों ने इस पत्र से पूरी तरह फ़ायदा उठाया और कुछ हद तक इसकी सहायता से वे चुनाव जीतने में सफल हो गये। अब अनुदार-दली सरकार बनी, जिसका प्रधान-मंत्री स्टैनली बाल्डविन था। इस सरकार से बार-बार कहा गया कि वह 'ज़िनोवीफ़ के पत्र' की सचाई या झुठाई की जांच करे, मगर उसने इन्कार कर दिया। बाद में बर्लिन में जो भेद खुले, उनसे ज़ाहिर हो गया कि यह पत्र एक 'श्वेत' रूसी ने, यानी एक बोलशेविक-विरोधी रूसी प्रवासी ने, जालसाज़ी करके बनाया था। मगर इस जालसाज़ी ने इंग्लैण्ड में अपना काम पूरा कर दिया था, और एक सरकार का अन्त करके दूसरी को ला बिठाया था। अन्तर्राष्ट्रीय मामलों पर कितनी तुच्छ घटनाओं का असर पड़ जाया करता है!

इसी साल में कुछ दिन बाद, एक नई घटना, जो इस बार दूर पूर्व में हुई, ब्रिटिश सरकार की भारी खिजलाहट का सबब बन गई। चीन में एक मज़बूत संयुक्त राष्ट्रीय सरकार अचानक सामने आई और सोवियत सरकार के साथ इसके गहरे सम्बन्ध मालूम दिये। कई महीनों तक अंग्रेज़ लोग चीन में भारी कठि-नाइयों में फंसे रहे। उन्हें अपनी शान किरकिरी करवानी पड़ी, और बहुत-सी ऐसी बातें करनी पड़ीं, जो उन्हें पसन्द नहीं थीं। और फिर, यह चीनी आन्दोलन, कुछ दिन की सफलता भोगकर, फूट के फन्दे में पड़ गया और टूक-टूक हो गया। सेनापतियों ने आंदोलन के वामपक्षी तत्वों को मार डाला या निकाल बाहर किया, और शांघाई के विदेशी बोहरों का पल्ला पकड़ना बेहतर समझा। अन्तर्राष्ट्रीय खेल में रूस की यह भारी हार थी और चीन में व दूसरे देशों में उसकी शान किरकिरी हो गई। मगर इंग्लैण्ड के लिए यह शानदार जीत थी, और उसने सोवियत रूस की इस हार को ठेठ तक पहुंचाकर इस मौक़े से फ़ायदा उठाना चाहा। सोवियत-विरोधी गुट्ट को संगठित करने के और रूस को चारों ओर से घेरने के प्रयत्न फिर किये गए।

१९२७ ई० के बीच में संसार के जुदा-जुदा भागों में सोवियत रूस के खिलाफ़ कार्रवाइयां की गईं। अप्रैल, १९२७ ई०, में एक ही दिन, पैकिंग में सोवियत दूतावास पर और शांघाई में रूसी व्यापारिक दूतावास पर छापे मारे गये। इन दोनों क्षेत्रों पर अलग-अलग चीनी सरकारों का कब्ज़ा था, पर इस मामले में दोनों ने एक साथ कार्रवाई की। दूतावास पर छापा मारना और किसी राजदूत का अपमान करना बहुत ग़ैर-मामूली बात होती है; बहुत करके इसका लाज़िमी नतीजा युद्ध ही होता है। रूसी लोगों का विश्वास था कि इंग्लैण्ड व दूसरी सोवियत-

विरोधी शक्तियों ने चीनी सरकार को दबाकर इस तरह का काम कराया है ताकि रूस को लड़ाई के लिए मजबूर होना पड़े। मगर रूस नहीं लड़ा। एक महीने बाद, मई, १९२७ ई०, में एक और ग़ैर-मामूली छापा मारा गया। इस बार यह छापा लंदन में रूस के एक तिजारती दफ़्तर पर था। यह 'आर्कोस' का छापा कहलाता है, क्योंकि आर्कोस इंग्लैण्ड में रूस की एक सरकारी तिजारती कम्पनी का नाम था। यह भी दूसरी शक्ति का बड़ा भारी अपमान था, और जैसाकि इस घटना से साबित हुआ, बिलकुल ग़ैर-वाजिब अपमान था। इसके नतीजे से दोनों देशों के आपसी राजनयिक व तिजारती सम्बन्ध फ़ौरन टूट गये। अगले महीने, यानी जून में, सोवियत मंत्री की वारसा में हत्या कर दी गई। (इससे चार वर्ष पहले रोम में सोवियत के प्रतिनिधि की लोज़ान में हत्या हो चुकी थी)। इन घटनाओं ने, जो एक के बाद एक जल्दी-जल्दी हो रही थीं, रूसी लोगों के होश उड़ा दिये, और उन्हें सारी साम्राज्यशाही शक्तियों के हाथों अपने ऊपर हमले का पूरा अन्देशा हो गया। रूस में युद्ध की बड़ी दहशत फैल गई, और पश्चिमी यूरोप के कई देशों के मज़दूरों ने सोवियत रूस की हिमायत में, और होनहार दिखाई देनेवाले युद्ध के ख़िलाफ़, प्रदर्शन किये। पर यह दहशत गुज़र गई, और कोई युद्ध नहीं छिड़ा।

१९२७ ई० के ही साल में सोवियत रूस ने बड़े समारोह के साथ बोलशेविक क्रान्ति का दसवां वार्षिकोत्सव मनाया। उस समय इंग्लैण्ड व फ्रान्स का रूस की तरफ़ बहुत वैर-भाव था, पर पूर्वी राष्ट्रों के साथ रूस की दोस्ती इस घटना से साबित हो गई और इस समारोह में ईरान, तुर्की, अफ़ग़ानिस्तान, और मंगोलिया के सरकारी प्रतिनिधि-मंडलों ने भाग लिया।

इधर तो यूरोप में और दूसरे देशों में ये ख़तरे के घंटे बज रहे थे और युद्ध की तैयारियां हो रही थीं, उधर निरस्त्रीकरण की भी बहुत काफ़ी चर्चा चल रही थी। राष्ट्र-संघ के इकरारनामे में यह तजवीज़ थी कि "संघ के सदस्य मानते हैं कि अमन बना रहने के लिए यह ज़रूरी है कि राष्ट्रीय सुरक्षा का लिहाज़ रखते हुए राष्ट्रीय हथियारों में ज़्यादा-से-ज़्यादा कमी हो, और अन्तर्राष्ट्रीय कर्त्तव्यों को सब राष्ट्र शामिल कार्रवाई करके पालन करायें।" इस खोखले सिद्धान्त की तजवीज़ करने के अलावा उस समय राष्ट्र-संघ ने और कुछ नहीं किया, पर उसने अपनी कौन्सिल से अनुरोध किया कि वह इस दिशा में ज़रूरी कदम उठावे। जर्मनी व दूसरी हारी हुई शक्तियों को तो शान्ति सन्धियों के ज़रिये बे-हथियार कर ही दिया गया। जीतनेवाली शक्तियों ने भी वचन दिया था कि इसके बाद वे भी ऐसा ही करेंगी, पर बार-बार होनेवाले सम्मेलनों से भी कोई ठोस नतीजा नहीं निकल पाया। जब हर शक्ति अपना निरस्त्रीकरण इस तरह करना चाहती थी कि दूसरों की बनिस्बत ज़्यादा ताक़तवर बनी रहे, तो यह असफलता कोई अचम्भे की बात

नहीं थी। यह लाज़िमी ही था कि दूसरी शक्तियां इस बात पर राज़ी न होतीं। फ़ान्सीसी तो हमेशा अपनी इसी मांग पर अड़े रहे कि निरस्त्रीकरण से पहले उनकी सुरक्षा का इन्तज़ाम होना चाहिए।

बड़ी शक्तियों में से न तो अमेरिका ही राष्ट्र-संघ का सदस्य था और न सोवियत संघ। सोवियत रूस तो राष्ट्र-संघ को वास्तव में एक मुक़ाबलेदार व वैरी धोखे की टट्टी, और सोवियत संघ के ख़िलाफ़ डटा हुआ पूजीशाही शक्तियों का गुट्ट, समझता था। सोवियत संघ तो ख़ुद ही राष्ट्रों का संघ माना जाता था (जैसा कि कभी-कभी ब्रिटिश साम्राज्य के बारे में कहा जाता है) क्योंकि इस संघ में कितने ही गणराज्य संघटित थे। पूर्वी राष्ट्र भी राष्ट्र-संघ को शंका की दृष्टि से देखते थे और उसे साम्राज्यशाही शक्तियों का औज़ार समझते थे। यह होते हुए भी अमेरिका, रूस और लगभग सब देश निरस्त्रीकरण के सवाल पर विचार करने के लिए संघ के सम्मेलनों में भाग लेते थे। १९२५ ई० में राष्ट्र-संघ ने एक तैयारी करानेवाला कमीशन नियुक्त किया, जिसे यह काम सौंपा गया कि निरस्त्रीकरण के एक विश्व-सम्मेलन के लिए ज़मीन तैयार करे। यह कमीशन, एक के बाद एक योजना पर विचार करता हुआ, सात साल तक लगातार चलता रहा, पर कोई नतीजा नहीं निकला। १९३२ ई० में विश्व-सम्मेलन का ही अधिवेशन हुआ, पर कई महीनों की बेकार बातचीत के बाद इसका नाम ही मिट गया।

अमेरिका ने निरस्त्रीकरण की इन चर्चाओं में तो भाग लिया ही, साथ ही यूरोप और यूरोप के मामलों में उसकी दिलचस्पी भी बढ़ गई, क्योंकि संसार-भर में उसकी आर्थिक हैसियत का दबदबा था। सारा यूरोप उसका कर्ज़दार था, और वह यूरोप के देशों को दुबारा एक दूसरे की गर्दनें उड़ाने से रोकना चाहता था, क्योंकि इसमें ऊंचे इरादों के अलावा यह भी ख़याल था कि अगर वे लड़ पड़े तो उसके कर्ज़ों का और व्यापार का क्या होगा? जब निरस्त्रीकरण की चर्चाओं का जल्दी कोई नतीजा निकलता नहीं दिखाई दिया, तो फ़ान्सीसी व अमरीकी सरकारों की आपसी बातचीत के बाद १९२८ ई० में शान्ति क़ायम रखने में मदद पहुंचाने के लिए एक नया प्रस्ताव सामने रक्खा गया। इस प्रस्ताव में युद्ध को 'ग़ैर क़ानूनी' करार दिये जाने का ज़ोरदार प्रयत्न किया गया। मूल सुझाव यह था कि सिर्फ़ फ़ान्स और अमेरिका के बीच इक़रारनामा हो जाय; पर इसे आगे बढ़ाया गया, और अन्त में इसमें संसार के सारे राष्ट्रों को शामिल करने की बात रक्खी गई। अगस्त, १९२८ ई० में पैरिस में इस इक़रारनामे पर दस्तख़त हुए, इसलिए यह १९२८ ई० का पैरिस-क़रार कहलाता है। इसे केलॉग-ब्रियां-क़रार या सिर्फ़ केलॉग-क़रार भी कहते हैं। केलॉग अमेरिका का राज्य-मंत्री था, जिसने इस मामले में अगुवाई की थी, और आरिस्ताइद ब्रियां फ्रान्स का विदेश मंत्री था। यह इक़रार-

नामा एक छोटा-सा दस्तावेज़ था, जिसमें अन्तर्राष्ट्रीय मतभेदों का निपटारा करने के लिए युद्ध का आसरा लेना बुरा बतलाया गया था, और इक़रारनामे पर दस्तख़त करनेवालों के आपसी सम्बन्धों में युद्धनीति के त्याग को राष्ट्रीय नीति का आधार माना गया था। यह भाषा, जो एक तरह से खुद इक़रारनामे की ही शब्दावली है, मीठी लगती है, और अगर इसमें ईमानदारी की भावना होती तो युद्ध का अन्त हो जाता। लेकिन यह बहुत जल्दी ज़ाहिर हो गया कि इन शक्तियों के मन में कितना कपट था। फ़्रान्स व इंग्लैण्ड दोनों ने, और इंग्लैण्ड ने, ख़ास तौर पर इस इक़रारनामे पर दस्तख़त करने से पहले कई शर्तें रख दी थीं, जिनकी वजह से उनके लिए तो यह नहीं के बराबर हो गया था। ब्रिटिश सरकार ने इस इक़रारनामे में से ऐसी तमाम युद्ध-सम्बन्धी कार्रवाइयां निकाल दी थीं, जो उसे अपने साम्राज्य के हित में करनी पड़ें। इसका अर्थ यह था कि वह जब चाहे तब युद्ध छेड़ सकती थी। उसने अपनी हुकूमत व असरवाले प्रदेशों पर एक क़िस्म के ब्रिटिश 'मुनरो सिद्धान्त' की घोषणा कर दी।

इधर तो इस तरह खुले तौर पर युद्ध को 'ग़ैर-क़ानूनी' करार दिया जा रहा था, उधर १९२८ ई० में एक गुप्त आंग्ल-फ्रान्सीसी नौ-सेना समझौता हो गया। इसका भेद किसी तरह खुल गया, और इससे यूरोप व अमेरिका में सनसनी फैल गई। पर्दे के पीछे असली मामला क्या था, वह इससे क़ाफ़ी सामने आ गया।

सोवियत संघ ने केलॉग-क़रार को मान लिया और उसपर दस्तख़त कर दिये। ऐसा करने में उसका असली हेतु यह था कि इस तरह कुछ हद तक ऐसे सोवियत-विरोधी गुट्ट का बनना रुक जायगा, जो क़रार की आड़ में सोवियत पर हमला करे। ब्रिटिश सरकार ने जो शर्तें रक्खी थीं, वे ख़ास तौर पर सोवियत को ही लक्ष्य करके रक्खी थीं। दस्तख़त करते वक्त रूस ने इन अंग्रेज़ी व फ्रान्सीसी शर्तों पर सख़्त ऐतराज़ किया था।

रूस युद्ध को टालने के लिए इतना बेताब था कि उसने अपने पड़ोसी पोलैण्ड, रूमानिया, ऐस्टोनिया, लैटविया, तुर्की और ईरान के साथ सुलह का एक ख़ास क़रार करके अलग पेशबन्दी कर ली। यह लिट्विनोफ़-क़रार कहलाता है। केलॉग-क़रार के अन्तर्राष्ट्रीय क़ानून बनने के छह महीने पहले फरवरी १९२९ ई०, में इस पर दस्तख़त हुए।

इस तरह झगड़ालू और तबाही की तरफ़ जानेवाले संसार को बचाने की लाचार कोशिशों की तरह ये क़रार और गुट-बन्दियां और सन्धियां बराबर होती रहीं, मानो ऊपर-ऊपर के ऐसे क़रारों या चेपा-चापियों से किसी भीतरी रोग का इलाज हो सकता हो। यह १९२०-३० ई० का ज़माना था जब यूरोपीय देशों में समाजवादियों और समाजी लोकतंत्रवादियों की सरकारें अक्सर बनती रहती थीं।

फ्रांस और इटली का प्रभाव क्षेत्र

इन लोगों को ज्यों-ज्यों पद और सत्ता का चस्का लगता गया, त्यों-त्यों ये पूंजीशाही ढांचे में मिलते गये। सच तो यह है कि वे पूंजीवाद के सबसे बड़े हिमायती बन गये, और अक्सर करके उतने ही सरगर्म साम्राज्यवादी बन गये जितने कि कट्टर-पन्थी या प्रतिगामी लोग थे। युद्ध के बाद कुछ वर्षों की क्रान्तिकारी उथल-पुथल के बाद यूरोपीय जगत कुछ हद तक ठंडा पड़ गया था। मालूम होता था कि पूंजीवाद ने एक और जमाने तक के लिए अपने-आपको नई सूरतों में ढाल लिया था, और फौरन ही किसी क्रान्तिकारी परिवर्तन की कोई उम्मीद कहीं भी दिखाई नहीं देती थी।

१९२९ ई० में यूरोप की यह हालत थी।

: १७५ :

मुसोलिनी, और इटली में फ़ासीवाद

२१ जून, १९३३

यूरोप की कथा की रूप-रेखा मैं १९२९ ई० तक ले आया हूं। पर अभी-तक इसका एक महत्व का अध्याय छूट गया है, और इसको लिखने के लिए मुझे कुछ पीछे जाना पड़ेगा। यह इटली के युद्ध के बाद की घटनाओं से सम्बन्ध रखता है। ये घटनाएं इसलिए इतने महत्व की नहीं है कि वे हमें बतलाती है कि इटली में क्या हुआ, बल्कि इसलिए कि वे नये ढंग की हैं, और दुनिया-भर की हलचलों के एक नये पहलू की और संघर्ष की चेतावनी देती हैं। इसलिए इनकी खासियत राष्ट्रीय ही नहीं है, बल्कि उससे बहुत ज़्यादा है। इसीलिए इन्हें मैंने एक अलग पत्र के लिए रख छोड़ा था। इसलिए इस पत्र में मैं आज के एक नामी व्यक्ति मुसोलिनी[1] का और इटली में फ़ासीवाद के उदय का ज़िक्र करूंगा।

महायुद्ध शुरू होने से पहले ही इटली सख्त आर्थिक मुसीबत में फंसा हुआ था। १९११–१२ ई० में तुर्की के साथ उसके युद्ध का अन्त उसकी विजय के साथ हुआ था, और उत्तरी अफ्रीका में त्रिपोली पर उसका क़ब्ज़ा होने से उसके साम्राज्य-वादी लोगों को बड़ी खुशी हुई थी। मगर इस छोटे-से युद्ध से उसे अन्दरूनी तौर पर ज़्यादा लाभ नहीं हुआ था, और न इससे उसकी आर्थिक हालत ही सुधरी थी। बल्कि हालत और भी बिगड़ती गई और १९१४ ई० में, जबकि महायुद्ध शुरू होने ही वाला था, इटली क्रान्ति के दरवाज़े पर खड़ा दिखाई दे रहा था। कारखानों में बड़ी-बड़ी हड़तालें हुईं, और मज़दूरवर्ग के नरमदली समाजवादी नेताओं की

[1] बेनितो मुसोलिनी की अप्रैल, १९४५ ई० में द्वितीय महायुद्ध के अन्त होने पर उसके विरोधियों ने हत्या कर दी।

कोशिशों ने ही मज़दूरों को रोके रक्खा। ये लोग हड़तालों को रोकने में सफल हो गये। इसके बाद महायुद्ध छिड़ गया। इटली ने अपने जर्मन दोस्तों का साथ देने से इन्कार कर दिया, और दोनों पक्षों को दबाकर उनसे रियायतें हासिल करने के लिए अपनी तटस्थ स्थिति से लाभ उठाने का प्रयत्न किया। सबसे ऊंची बोली बोलने-वाले को अपनी सहायता भेंट करने का यह रुख कुछ नसीहत देनेवाला नहीं था, लेकिन राष्ट्र बिल्कुल सख्त-दिल हुआ करते हैं, और उनके व्यवहार का तरीका ऐसे ढंग का होता है कि किसी स्वतंत्र व्यक्ति के लिए तो वह शर्म की बात समझी जाय। मित्र-राष्ट्र, यानी इंग्लैण्ड और फ्रान्स, ऊंची रिश्वतें दे सकते थे—परन्तु नक़दी के रूप में भी और प्रदेश देने के वादे के रूप में भी—इसलिए मई, १९१५ ई०, में इटली मित्र-राष्ट्रों की तरफ़ युद्ध में शरीक हो गया। मेरा खयाल है कि मैं बाद में की गई उस गुप्त संधि का ज़िक्र कर चुका हूं, जिसमें स्मर्ना व एशिया कोचक का कुछ टुकड़ा इटली के हिस्से में रक्खा गया था। मगर इस सन्धि पर अमल होने से पहले ही रूस में बोलशेविक क्रान्ति हो गई और यह छोटा-सा खेल बिगड़ गया। इटली की यह शिकायत थी, और पैरिस की शान्ति-संधियों के बारे में कुछ असंतोष भी था, और यह भावना थी कि इटली के 'हकों' जान-बूझकर लिहाज़ नहीं किया गया। साम्राज्यवादियों और मध्य-वर्गों ने आशा लगा रक्खी थी कि नये उपनिवेशी प्रदेशों पर क़ब्जा मिलेगा और इनके शोषण से उनके देश का आर्थिक बोझ हलका हो जायगा।

युद्ध के बाद इटली में हालत बहुत बिगड़ी हुई थी, और यह देश दूसरे सब मित्र-राष्ट्रीय देशों से ज़्यादा पस्त हो गया था। आर्थिक व्यवथा टूटती हुई नज़र आ रही थी, और समाजवाद व साम्यवाद के हिमायतियों की संख्या बढ़ रही थी। रूसी बोलशेविकों की मिसाल तो उनके सामने थी ही। एक तरफ़ तो कारखानों के मज़दूर थे, जो आर्थिक हालतों की मुसीबतें सह रहे थे, दूसरी तरफ़ उन फौजी सिपाहियों की बड़ी संख्या थी, जिनकी सेवाएं तोड़ दी गई थीं और जो बेकार हो गये थे। गड़बड़ियां फैलने लगीं, और मध्य-वर्गी नेताओं ने मजदूरों की बढ़ती हुई ताकत का मुकाबला करने के लिए इन सिपाहियों को संगठित करने की कोशिश की। १९२० ई० की गर्मियों में संकट पैदा हो गया। धातु का काम करनेवाले मज़दूरों के बड़े संघ ने, जिसके लगभग पांच लाख सदस्य थे, ऊंची मज़दूरी की मांग की। यह मांग ठुकरा दी गई, और तब मज़दूरों ने एक नई तरह की हड़ताल का फैसला किया, जिसका नाम 'कामरोक हड़ताल' रक्खा गया। इस हड़ताल का मतलब यह था कि मज़दूर लोग कारखानों में तो जाते थे, पर काम करने के बजाय ठाली बैठे रहते थे, बल्कि काम में रुकावटें डालते थे। यह वह मज़दूर-संघवादी कार्यक्रम था, जिसकी सिफारिश बहुत दिनों पहले फ्रान्स के मज़दूरों ने की थी। कारखानेदारों ने इस रुकावटी हड़ताल के जवाब में ताला-बन्दी का सहारा लिया, यानी उन्होंने

कारख़ानों में ताले डाल दिये। इस पर मज़दूरों ने कारख़ानों पर ही कब्जा कर लिया और उन्हें समाजवादी ढंग पर चलाने का प्रयत्न किया।

मज़दूरों की यह कार्रवाई साफ़-साफ़ क्रान्तिकारी थी, और अगर वे इसपर डटे रहते तो या तो समाजी क्रान्ति हुए बिना न रहती या उन्हें मुंह की खानी पड़ती। ज़्यादा दिन तक कोई बीच की हालत नहीं रह सकती थी। उस समय इटली में समाजवादी दल का बहुत ज़ोर था। मज़दूर-संघों के अलावा तीन हज़ार म्यूनिसिपल कमेटियों की बागडोर भी उसके हाथों में थी, और पार्लमेण्ट में उसके सदस्यों की संख्या डेढ़-सौ, यानी सदस्यों की कुल संख्या की एक-तिहाई थी। ऐसा ज़ोरदार और जड़ जमा हुआ दल, जिसके पास जायदाद हो और जिसके हाथ में बहुत-से सरकारी ओहदे हों, कभी क्रान्तिकारी नहीं हुआ करता। मगर ऐसा होने पर भी इस दल ने, अपने नरम लोगों समेत, कारख़ानों पर मज़दूरों के क़ब्जा किये जाने की कार्रवाई को मंजूरी दे दी। पर मंजूरी देने के सिवा इसने और कुछ नहीं किया। वह पीछे लौटना नहीं चाहता था, लेकिन उसमें आगे बढ़ने की भी हिम्मत नहीं थी। इसलिए उसने कम-से-कम प्रतिरोध का बिचला रास्ता अपनाया, और तमाम संशयी लोगों की तरह और उन लोगों की तरह जो आगा-पीछा सोचते रहते हैं, और ऐन मौके पर फैसला नहीं कर पाते, इन लोगों ने भी समय का साथ छोड़कर उसे आगे निकल जाने दिया। नतीजा यह हुआ कि वे कुचल दिये गए। मज़दूरवर्ग के नेताओं और वामपक्षी दलों की हिचकिचाहट की वजह से कारख़ानों पर मज़दूरों का क़ब्जा फिसफिसा कर जाता रहा।

इससे मालिक वर्गों का हौसला बहुत बढ़ गया। उन्होंने मज़दूरों व उनके नेताओं की ताक़त को तोल लिया था, और देख लिया था कि वह उतनी नहीं थी जितना कि वे उसे समझते थे। इसलिए अब उन्होंने मज़दूर-आन्दोलन और समाजवादी दल को कुचलने की बदला लेनेवाली योजना बनाई। उन्होंने अपनी सहायता के लिए स्वयंसेवकों के कुछ गिरोहों की ओर खास ध्यान दिया, जिन्हें १९१० ई० में, बैनितो मुसोलिनी ने, सेना से निकले हुए सिपाहियों को जमा करके बनाया था। ये 'लड़ाकू गिरोह'[1] कहलाते थे, और इनका खास काम यह था कि जब मौक़ा लगे तब समाजवादियों, वाम-पक्षियों व इनकी संस्था पर हमले करना। मसलन, कभी वे किसी समाजवादी अख़बार के छापेख़ाने को तहस-नहस कर देते थे, कभी किसी ऐसी म्यूनिसिपल संस्था या सहकारी समिति पर हमला करते थे, जो समाजवादियों या वाम-पक्षियों के हाथ में होती थी। बड़े-बड़े उद्योगपति व आमतौर पर

[1] **इटालवी भाषा में इनका नाम** Fasci di combattimenti **(फ़ासि दि कॉम्बैतिमेन्ति) था। फ़ासिज़्म** (Fascism) **यानी फ़ासीवाद शब्द इसी-से निकला है।**

ऊंचे मध्य-वर्गी लोग, मज़दूर-वर्ग व समाजवाद के खिलाफ़ अपनी लड़ाई में, इन 'लड़ाकू गिरोहों' को आसरा व और धन की सहायता देते थे। सरकार तक भी इनकी तरफ़ से आंखें मूंदे रहती थी, क्योंकि वह समाजवादी दल की ताक़त को बर्बाद करना चाहती थी।

इन लड़ाकू गिरोहों या 'फ़ासियो' को संगठित करनेवाला यह बैनितो मुसोलिनी कौन था? उस समय यह नौजवान था (इसका जन्म १८८३ ई० में हुआ था, इसलिए आज यह ठीक पचास वर्ष का है), और इसकी ज़िन्दगी उथल-पुथल और ज़िन्दा-दिली से भरी हुई थी। इसका पिता लोहार था और समाजवादी था। इसलिए बैनितो का लालन-पालन समाजवादी असर में हुआ। जवानी के दिनों में यह सरगर्म आन्दोलनकारी था, और अपने क्रान्तिकारी प्रचार की वजह से स्विट्ज़रलैण्ड के कई प्रान्तों से निकाला गया था। यह नरम समाजवादी नेताओं को उनकी नरमी के लिए बुरी तरह फटकारता था। राज्य के खिलाफ़ बमों के इस्तेमाल का व दूसरे उपायों का यह खुला समर्थन करता था। तुर्की के साथ इटली के युद्ध के समय ज्यादातर समाजवादी नेताओं ने युद्ध का समर्थन किया था। मगर मुसोलिनी का ढंग दूसरा था; इसने युद्ध का विरोध किया; और ख़ून-ख़राबी की कुछ कार्रवाइयों की वजह से उसे कुछ महीनों की जेल भी भुगतनी पड़ी थी। इसने नरम समाजवादी नेताओं की, युद्ध का समर्थन करने के लिए कड़ी आलोचना की, और उन्हें समाजवादी दल से निकलवाकर रहा। यह मिलान से निकलनेवाले समाजवादी दैनिक 'अवन्ती' का सम्पादक बन गया, और मज़दूरों को रोज़ यह सलाह देता रहा कि हिंसा का मुकाबला हिंसा से कर। नरम मार्क्सवादी नेताओं ने इस तरह हिंसा भड़काये जाने पर सख्त ऐतराज किया।

इतने में ही महायुद्ध शुरू हो गया। कुछ महीनों तक तो मुसोलनी ने युद्ध का विरोध किया और इटली को तटस्थ रखने के लिए प्रचार किया। मगर फिर इसने अपने विचार यकायक बदल दिये, या विचारों को ज़ाहिर करने का ढंग बदल दिया, और अपना यह ऐलान कर दिया कि इटली को मित्र-राष्ट्रों के साथ शरीक हो जाना चाहिए। यह समाजवादी अख़बार को छोड़ बैठा, और एक नये अख़बार का सम्पादन करने लगा, जिसने इस नई नीति का प्रचार किया। इसे समाजवादी दल से निकाल दिया गया। बाद में यह एक साधारण सिपाही की तरह सेना में भरती हो गया, इटली के मोर्चे पर लड़ा, और लड़ाई में घायल हुआ।

युद्ध के बाद मुसोलनी ने अपनेको समाजवादी कहना बन्द कर दिया। वह न इधर का रहा न उधर का, क्योंकि उसका पुराना दल उससे नफ़रत करता था और मज़दूर वर्गों में उसका कोई असर नहीं था। वह शान्तिवाद और समाजवाद की निन्दा करने लगा, और मध्य-वर्गी राज्य की भी। उसने हर तरह के

राज्य की निन्दा की, और अपनको 'व्यक्तिवादी' कहकर अराजकता की सराहना की। यह सारी बातें उसीने लिखी हैं। उसने यह काम किया कि मार्च, १९१९ ई० में फ़ासीवाद की बुनियाद डाली और अपने लड़ाकू दस्तों में बेकार सिपाहियों की भरती शुरू कर दी। इन गिरोहों का हिंसा में विश्वास था, और चूंकि सरकार कभी इनके मामले में दखल नहीं देती थी, इसलिए इनके हौसले और सरगर्मी बढ़ती गई। शहरों में कभी-कभी मज़दूर वर्गों की इनके साथ बाक़ायदा मुठभेड़ें होती थीं और वे इन्हें खदेड़ देते थे। मगर समाजवादी नेता मज़दूरों के लड़ाकू जोश का विरोध करते थे और उन्हें सलाह देते थे कि फ़ासी आतंक का मुक़ाबला करने के लिए शान्ति व सब्र से काम लें। उन्हें उम्मीद थी की इस तरह फ़ासीवाद अपने-आप पस्त हो जायगा। लेकिन शांत होने के बजाय फ़ासीवादी गिरोह हीं ज़ोर पकड़ते गये, क्योंकि इन्हें धनवानों से चन्दे मिलते थे और सरकार ने इनके मामलों में दखल देने से इन्कार कर दिया था। उधर, जन-साधारण प्रतिरोध की बची-खुची भावना भी खो चुके थे। यहांतक कि फ़ासीवादी हिंसा को रोकने के लिए मज़दूरवर्ग के हथियार हड़ताल की भी कोशिश नहीं की गई।

मुसोलिनी के नीचे फ़ासीवादियों ने दो परस्पर-विरोधी नारों का मेल साध लिया। सबसे पहले और सबसे आगे तो वे समाजवाद और साम्यवाद के दुश्मन थे, इस वजह से उन्हें ज़मीन-जायदादवाले वर्गों का समर्थन हासिल हो गया। लेकिन मुसोलिनी तो पुराना समाजवादी आन्दोलनकारी और क्रान्तिकारी था, और उसकी ज़बान पर उन चालू पूंजीपति-विरोधी नारों की भरमार थी, जिन्हें बहुत-से ग़रीब-से-ग़रीब वर्ग ख़ूब पसन्द करते थे। उसने आन्दोलन का शास्त्र भी इस धंधे के माहिर साम्यवादियों से बहुत-कुछ सीख लिया था। इसलिए फ़ासीवाद एक विचित्र खिचड़ी बन गया, और उसकी अलग-अलग तरह से व्याख्या की जा सकती थी। असल में तो यह एक पूंजीवादी आन्दोलन था, पर वह कई ऐसे नारे लगाता था, जो पूंजीवाद के लिए ख़तरनाक थे। इस तरह इसने अपनी मंडली में एक रंग-बिरंगी भीड़ जमा कर ली। मध्यमवर्गों के लोग, और ख़ासकर निचले मध्यम-वर्ग के बेकार लोग, इसकी रीढ़ थे। ज्यों-ज्यों इसकी शक्ति बढ़ती गई त्यों-त्यों बेकार व बे-हुनर मज़दूर लोग, जो मज़दूर-संघों में संगठित नहीं थे, हवा के साथ बहकर इसमें आने लगे, क्योंकि सफलता से बढ़कर सफल बनानेवाली चीज़ कोई नहीं होती। फ़ासीवादियों ने दूकानदारों को कीमतें कम करने के लिए जबर्दस्ती मज़बूर किया, और इस तरह ग़रीबों की सहानुभूति भी हासिल कर ली। बहुत-से ले-भग्गू भी फ़ासी झंडों के नीच जमा हो गये। मगर इस सबके बावजूद फ़ासीवाद अल्पसंख्यक आन्दोलन ही रहा।

बस, जबकि समाजवादी नेता संशय में पड़े थे और आगा-पीछा सोचते थे

और आपस में लड़ते-झगड़ते थे और उनके दल में फूट और भेद पड़ रहे थ, तब फ़ासीवादियों का बल बढ़ रहा था। स्थायी सेना फ़ासीवाद की ओर बहुत झुकी हुई थी, और मुसोलिनी ने सेना के सेनापतियों को अपने पक्ष में मिला लिया था। मुसोलिनी का यह अद्भुत करतब था कि उसने ऐसे विविध और परस्पर-विरोधी तत्वों को अपनी ओर मिला लिया, और उन्हें एक सूत्र में बांधे रक्खा, और अपने दल के हर गिरोह के मन में एक ख़याल जमा दिया कि फ़ासीवाद ख़ासतौर पर उसी-के लिए है। मालदार फ़ासीवादी मुसोलिनी को अपनी ज़ायदाद का रक्षक समझता था और यह समझता था कि उसके पूंजीपति-विरोधी भाषण व नारे सिर्फ थोथे शब्द थे, जिनका मतलब जनसाधारण को उल्लू बनाना था। उधर ग़रीब फ़ासीवादी का यह विश्वास था कि यह पूंजीवाद-विरोध ही फ़ासीवाद का असली तत्व है, और बाक़ी सब बातों का मतलब सिर्फ मालदार लोगों को राज़ी रखना है। इस तरह मुसोलिनी एक के खिलाफ़ दूसरे को चकमा देने की कोशिश करता रहता था। एक दिन वह मालदारों के पक्ष में बोलता तो दूसरे दिन ग़रीबों के पक्ष में। लेकिन असल में वह ज़मीन-जायदादवाले वर्गों का हामी था, जो उसे धन की सहायता देते थे और जो मज़दूर-वर्ग व समाजवाद की ताक़त का नाश करने पर तुले हुए थे, क्योंकि इनकी तरफ से उन्हें बहुत दिनों से खतरा था।

आख़िरकार अक्तूबर, १९२२ ई०, में स्थायी सेना के सेनापतियों की रहनुमाई में इन फ़ासीवादी दस्तों ने रोम पर चढ़ाई कर दी। प्रधान मंत्री ने, जो अबतक फ़ासीवादियों की कार्रवाइयों को दरगुज़र करता रहा था, फ़ौजी क़ानून लागू कर दिया। मगर अब वक़्त निकल चुका था और अब खुद बादशाह तक मुसोलिनी की तरफ़ था। उसने (बादशाह ने) फौजी कानून के हुक्मनामे को रद्द कर दिया, अपने प्रधान मंत्री का इस्तीफ़ा मंजूर कर लिया, और नया प्रधान मंत्री बनने के लिए और अपना मंत्रि-मंडल बनाने के लिए मुसोलिनी को बुलाया। ३० अक्तूबर, १९२२ ई० को फ़ासीवादी सेना रोम पहुंच गई, और उसी दिन मुसोलिनी प्रधान मंत्री बनने के लिए मिलान से रेल में आ गया।

फ़ासीवाद पूरी तरह सफल हो गया था, और बागडोर मुसोलिनी के हाथों में आ गई थी। पर इसका दावा क्या था? इसका कार्यक्रम क्या था और इसकी नीति क्या थी? बड़े आन्दोलन क़रीब-क़रीब बिना अपवाद के, किसी साफ़ विचारधारा के गिर्द खड़े हुआ करते हैं, जो कुछ तयशुदा उसूलों पर बनती है और जिसके साफ़-साफ ध्येय व कार्यक्रम होते हैं। फ़ासीवाद की निराली ख़ासियत यह थी कि उसके न तो कोई तयशुदा उसूल थे न कोई विचारधारा थी, न उसके पीछे कोई दर्शन था। हां, अगर समाजवाद, साम्यवाद व उदार-नीति के ख़ाली विरोध को ही दर्शन समझ लिया जाय तो बात दूसरी है। १९२० ई० में, फ़ासीवादी गिरोहों के

संगठन के एक वर्ष बाद, फ़ासीवादियों के बारे में मुसोलिनी ने ऐलानिया कहा था :

"चूंकि वे किसी तरह के तयशुदा उसूलों से बंधे हुए नहीं हैं, इसलिए वे बिना रुके एक ही लक्ष्य की तरफ़ बढ़ते जाते हैं, और वह लक्ष्य है इटली की जनता की भावी भलाई।"

मगर यह तो कोई ऐसी नीति नहीं है, जो अपनी अलग खासियत रखती हो, क्योंकि हर व्यक्ति यह कह सकता है कि वह अपने देशवासियों की भलाई का समर्थन करने को तैयार है। १९२२ ई० में, रोम पर चढ़ाई के ठीक एक महीने पहले, मुसोलिनी ने कहा था : "हमारा कार्यक्रम बहुत सीधा-सादा है; हम इटली पर राज करना चाहते हैं।"

मुसोलिनी ने इटालवी भाषा के एक विश्व-कोश में फ़ासीवाद के जन्म पर जो लेख लिखा है, उसमें उसने इस बात को और भी साफ़ कर दिया है। उसने लिखा है कि जब वह रोम पर चढ़ाई करने के लिए रवाना हुआ था तब भविष्य के बारे में उसके दिमाग़ में कोई योजना नहीं थी। राजनैतिक संकट के समय कुछ करने की ज़ोरदार इच्छा ने ही उसे इस मुहिम पर कूच करने के लिए प्रेरित किया था, और यह उसकी पिछली समाजवादी साधना का परिणाम था।

हालांकि फ़ासीवाद और साम्यवाद एक दूसरे के कट्टर विरोधी हैं, पर कुछ हलचलें दोनों में एक-सी हैं। लेकिन जहांतक सिद्धान्तों का और विचारधारा का सम्बन्ध है वहांतक इन दोनों में जमीन-आसमान का फ़र्क़ है। क्योंकि, जैसा कि हम देख चुके हैं, फ़ासीवाद के कोई बुनियादी सिद्धान्त नहीं हैं; वह तो कोरे काग़ज़ से शुरू होता है। दूसरी तरफ़ साम्यवाद या मार्क्सवाद एक पेचीदा आर्थिक मत और इतिहास की व्याख्या है, जिसके लिए सख़्त दिमाग़ी अनुशासन की ज़रूरत है।

हालांकि फ़ासीवाद के कोई सिद्धान्त या आदर्श नहीं थे, पर उसकी मारकाट व आतंक का साफ़ ढंग था, और गुजरे जमाने के बारे में उसका एक ख़ास नज़रिया था, जिससे हमको उसे कुछ समझने में सहायता मिलती है। उसका चिह्न रोम का एक पुराना साम्राज्यशाही चिह्न था, जो रोम के सम्राटों और मजिस्ट्रेटों के आगे-आगे चला करता था। यह छड़ियों का एक बंडल होता था, जिसके बीच में कुल्हाड़ी रहती थी।[1] फ़ासीवादी संगठन इसी पुराने रोमी नमूने के आधार पर रचा गया था, यहांतक कि नाम भी पुराने ही काम में लाये गए थे। फ़ासी सलाम[2] भी

---

[1] ये छड़ियां fasces कहलाती थी, और Fascimo शब्द इसीसे बना है।
[2] इसे Fascista कहते हैं।

पुराना रोमी सलाम है, जिसमें बाज़ू को उठाकर एक तरफ़ फैला दिया जाता है। इस तरह फ़ासीवाद लोग प्रेरणा के लिए साम्राज्यशाही रोम की ओर पीछे नज़र डालते थे; उनका नज़रिया भी साम्राज्यशाही था। उनका गुरुमंत्र था 'तर्क वितर्क नहीं, सिर्फ आज्ञापालन'। यह मंत्र शायद सेना के लिए ठीक हो, पर लोकतंत्र के लिए तो कभी भी ठीक नहीं है। उनका नेता मुसोलिनी 'इल दचूचे' (Il Duce), यानी तानाशाह था। अपनी वर्दी के लिए उन्होंने काला कुर्ता अपनाया, और इसलिए उनका नाम 'काले कुर्तोंवाले' (Black shirts), पड़ गया।

चूंकि फ़ासीवादियों का एक ही पक्का कार्यक्रम सत्ता हासिल करना था, इसलिए मुसोलिनी के प्रधान मंत्री बनने पर वह पूरा हो गया। तब मुसोलिनी अपने विरोधियों को कुचलकर अपनी हैसियत मज़बूत बनाने में पूरी तरह जुट गया। मारकाट व आतंक की खूब बदमस्तियां मचीं। इतिहास में मारकाट की घटनाएं बहुत आम हैं; लेकिन मामूली तौर पर मारकाट को ज़रूरत के वक़्त और वह भी बड़े दुःख के साथ अपनाया जाता है, और उसके झूठे-सच्चे कारण बताये जाते हैं और सफाई दी जाती है। मगर फ़ासीवाद मारकाट के लिए जवाब देने-जैसे किसी रुख में विश्वास नहीं करता था। फ़ासीवादी लोग तो मारकाट को मानते थे और उसकी खुली तारीफ़ करते थे, और उनका कोई मुकाबला न होने पर भी मारकाट मचाते थे। पार्लमेण्ट के विरोधी सदस्यों को मार-पीटकर दहला दिया गया, और संविधान को बिल्कुल बदल देनेवाला चुनाव-सम्बन्धी नया क़ानून ज़बर्दस्ती पास करा लिया गया। इस तरह मुसोलिनी के पक्ष में भारी बहुमत हासिल कर लिया गया।

सत्ता पर सचमुच कब्ज़ा हो जाने पर भी और पुलिस व सरकारी अमले की बागडोर हाथों में होने पर भी फ़ासीवादियों का अपनी ग़ैर-कानूनी मारकाट जारी रखना अचम्भे की बात थी। मगर उन्होंने मारकाट जारी रक्खी। उनके सामने मैदान तो खाली पड़ा ही था, क्योंकि राज्य की पुलिस तो दख़ल देती ही कैसे? हत्याएं की गईं, लोगों को सख्त तकलीफें दी गईं, मार-पीट की गई, सम्पत्ति बर्बाद की गई, और इन फ़ासीवादियों ने एक नये तरीके का आम तौर पर इस्तेमाल किया। वह यह था कि जो कोई उनका विरोध करने की जुर्रत करता, उसे अरंडी के तेल की सेरों खुराकें पिला दी जाती थीं।

१९२४ ई० में गायाकोमो मैतिओती की हत्या से सारा यूरोप थर्रा उठा। यह एक नामी समाजवादी था और पार्लमेण्ट का सदस्य था। उन दिनों जो चुनाव होकर ही चुका था, उसके दौरान में इसने पार्लमेण्ट में अपने भाषणों में फ़ासीवादी तरीक़ों की निन्दा की थी। इसके कुछ ही दिनों के भीतर उसकी हत्या कर दी गई।

खानापूरी करने के लिए हत्यारों पर मुकदमे तो चलाये गए, पर वे एक तरह से बिना सज़ा पाये ही छूट गये। मारपीट के सबब से अमेन्दोला नामक नरमदली नेता की मौत हो गई। उदार-दली पिछला प्रधान मंत्री नित्ती बड़ी मुश्किल से जान बचाकर इटली से भाग गया, पर उसका मकान तहस-नहस कर दिया गया। ये कुछ थोड़ी-सी मिसालें हैं, जिनकी तरफ संसार का ध्यान खिंचा, लेकिन मारकाट की कार्रवाइयां तो लगातार और चारों तरफ़ होती रहती थीं। यह मारकाट दमन के क़ानूनी तरीकों से अलग थी और उनके अलावा थी। मगर यह भी सिर्फ जोशीली भीड़ की मारकाट नहीं थी। यह तो अनुशासन में बंधी हुई मारकाट थी, जिसका इस्तेमाल तमाम विरोधियों के ऊपर इरादतन किया जाता था, और सिर्फ समाजवादियों व साम्यवादियों पर ही नहीं बल्कि अमन-पसंद और बहुत नरम व उदारदली लोगों पर भी। मुसोलिनी का हुक्म था कि उसके विरोधियों का जीना दुश्वार 'या असम्भव' कर दिया जाय। इस हुक्म पर फ़रमाबरदारी से अमल किया गया। कोई दूसरा दल, कोई दूसरा संगठन, कोई दूसरी संस्था, जिन्दा न रहने पाये। हर चीज़ फ़ासी ढंग की हो। सारी नौकरियां फ़ासीवादियों को ही दी जायं।

मुसोलिनी इटली का तानाशाह बन बैठा, जिसके हाथ में सारी ताक़त थी। वह सिर्फ़ प्रधान मंत्री ही नहीं था, बल्कि पर-राष्ट्र-विभाग, स्वराष्ट्र-विभाग, उपनिवेश-विभाग, युद्ध-विभाग, नौ-सेना विभाग, हवाई-सेना-विभाग और मज़दूर-विभाग का भी मंत्री था! एक तरह से वह पूरा मंत्रि-मंडल था। बेचारा बादशाह कोने में जा बैठा। और उसका नाम भी सुनाई नहीं देता था। पार्लमेण्ट भी धीरे-धीरे एक तरफ धकेल दी गई और अपने रूप की हल्की छाया रह गई। सारी हलचलों पर 'फ़ैसिस्ट ग्रान्ड कौंसिल' छाई हुई थी और इस कौन्सिल पर मुसोलिनी छाया हुआ था।

पर-राष्ट्रों-सम्बन्धी मामलों पर मुसोलिनी के शुरू के भाषण से यूरोप में बहुत ताज्जुब और घबराहट फैल गये। ये भाषण अजीब ढंग के थे। लफ़्फ़ाजी व धमकियों से भरे हुए और राजनीतिज्ञों की कूटनीतिभरी बातों से बिल्कुल अलग किस्म के। मालूम होता था कि वह हमेशा लड़नें पर आमादा था। वह इटली की तक़दीर में लिखे साम्राज्य की और बेशुमार इटालवी हवाई जहाजों के आकाश में छा जाने की बातें करता था, और कई बार तो उसने अपने पड़ोसी फ़ान्स को खुल्लम-खुल्ला धमकियां दीं। फ़ान्स इटली से बहुत ज्यादा ताक़तवर ज़रूर था, मगर लड़ना कोई नहीं चाहता था, इसलिए मुसोलिनी की बहुत-सी बातों को बर्दाश्त कर लिया जाता था। हालांकि इटली राष्ट्र संघ का सदस्य था, पर मुसोलिनी ने राष्ट्र-संघ को अपने व्यंग और तिरस्कार का खास निशाना बनाया, और एक बार

तो उसने राष्ट्र-संघ को बहुत ही लड़ाकू तरीक़े से चुनौती दी। मगर फिर भी राष्ट्र-संघ ने व दूसरी शक्तियों ने इसे सहन कर लिया।

इटली में बहुत-से ऊपरी परिवर्तन हो गये हैं, और वहां हर जगह क़ायदा और वक़्त की पाबन्दी को देखकर विदेशी यात्रियों के मन पर अच्छी छाप पड़ती है। शाही शहर रोम को सुन्दर बनाया जा रहा है। और उसे अच्छा बनाने की कई लम्बी-चौड़ी योजनाएं हाथ में ली गई हैं। मुसोलिनी की आंखों के आगे नये रोमन साम्राज्य के ख़याली नज़ारे नाचते रहते हैं।

पोप और इटली की सरकार के बीच जो पुराना झगड़ा चला आता था, वह १९२९ ई० में, पोप और इटली की सरकार के प्रतिनिधि के बीच राज़ीनामा होने से ख़तम हो गया। जबसे, १८७१ ई० में, इटली की बादशाहत ने रोम को अपनी राजधानी बनाया था, तभी से पोप इसे मानने से या रोम पर अपनी प्रभुता का दावा छोड़ने से इन्कार करता आ रहा था। इसलिए जितने भी पोप हुए वे अपना चुनाव होते ही रोम में वैटिकन[1] के अपने खूब बड़े महल में, जिसमें सेण्ट पीटर का गिरजा भी शामिल है, जा बैठते थे, और कभी उससे बाहर निकलकर इटली की जमीन पर पांव नहीं देते थे। वे अपने-आपको मरज़ी से क़ैदी बना लेते थे। १९२९ ई० के राज़ीनामे से रोम का यह छोटा-सा वैटिकन इलाक़ा एक स्वाधीन व पूरा प्रभुताधारी राज्य मान लिया गया। पोप इस राज्य का कामिल राजा होता है, और इसके नागरिकों की कुल संख्या पांचसौ के क़रीब है! इस राज्य की अपनी निजी अदालतें हैं, सिक्का है, डाक के टिकट हैं, और सार्वजनिक सेवाएं हैं, और दुनिया-भर में सबसे महंगी छोटी-सी रेल-व्यवस्था है। अब पोप मरज़ी से बना हुआ कैदी नहीं रहा; कभी-कभी वह वैटिकन से बाहर निकलता है। इस सन्धि ने मुसोलिनी को कैथलिकों में लोकप्रिय बना दिया। फ़ासीवाद मारकाट का ग़ैर-क़ानूनी पहलू क़रीब एक साल तो खूब तेज़ रहा, और बाद में १९२६ ई० तक कुछ मंदा रहा। १९२६ ई० में राजनैतिक विरोधियों का मुक़ाबला करने के लिए 'ग़ैर-मामूली क़ानून' पास किये गए, जिनके ज़रिये राज्य को ज़बर्दस्त अधिकार मिल गये और ग़ैर-क़ानूनी कार्रवाइयों की ज़रूरत नहीं रह गई। ये कानून उन आर्डिनेन्सों और आर्डिनेन्सों के आधार पर रचे गये कानूनों से कुछ-कुछ मिलते-जुलते थे, जिनकी हमारे भारत में भरमार है। इन 'ग़ैरमामूली क़ानूनों' के मातहत अनगिनती लोगों को सज़ाएं दी जाती रहीं,

---

[1] रोम के पास वैटिकन पहाड़ी पर बने हुए पोपों के विशाल राजभवन का नाम। सन् १३७७ ई० से यह पोपों का आवास है। इसी महल के नीचे बसा हुआ वैटिकन नगर पोपों की राजधानी और स्वतन्त्र रियासत माना जाता है।

उन्हें जेलों म डाला जाता रहा, और देश-निकाला दिया जाता रहा। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक़, नवम्बर, १९२६ ई० से लगाकर अक्तूबर, १९३२ ई०, तक कम-से-कम १०,०४४ व्यक्ति ख़ास अदालतों के सामने पेश किये गए। देश से निकाले हुओं के लिए पौन्ज़ा, वैन्तोलीन व त्रेमिती[1] नामक तीन ताजीरी टापू अलग मुक़र्रर कर दिये गए थे, और वहां की हालतें बहुत ही ख़राब थीं।

दमन और गिरफ़्तारियों का अभी तक ख़ूब ज़ोर चला आ रहा है, और इनसे साफ़ ज़ाहिर है कि देश में एक गुप्त व क्रान्तिकारी विरोधी-दल मौजूद है, हालांकि उसे कुचलने की सारी कोशिशें की गई हैं। देश पर ख़र्च का बोझ बढ़ रहा है और उसकी आर्थिक हालत दिन-पर-दिन बिगड़ती जा रही है।

: १७६ :

लोकतंत्र और तानाशाहियां

२२ जून, १९३३

बेनितो मुसोलिनी ने अपनेको इटली का तानाशाह बनाकर जो मिसाल पेश की, उसकी छूत मालूम होता है यूरोप-भर में फैल गई। उसने कहा था : "यूरोप के हर देश में राजगद्दियां इस इन्तज़ार में ख़ाली पड़ी हुई हैं कि योग्य व्यक्ति उनपर बैठ जायं"। बस, कई देशों में तानाशाह पैदा हो गये, और पार्लमेण्टों को या तो भंग कर दिया गया या उन्हें तानाशाहों की मर्ज़ी के मुताबिक चलने को ज़बर्दस्ती मजबूर किया गया। इसकी एक नामी मिसाल स्पेन था।

स्पेन महायुद्ध के चक्कर में नहीं पड़ा था। उसने लड़नेवाले राष्ट्रों को माल बेचकर ख़ूब रुपया बनाया। लेकिन उसकी निजी मुसीबतें थीं और उद्योगों के लिहाज़ से वह बहुत पिछड़ा हुआ था। यूरोप में उसकी महानता के वे दिन बीत चुके थे जब उसके बन्दरगाहों में अमेरिकाओं और पूर्व का धन उलटता था। अब यूरोप की बड़ी शक्तियों में उसकी कोई गिनती नहीं थी। यहां एक कमज़ोर पार्लमेण्ट थी, जो 'कोर्तें' कहलाती थी, और रोमन पादरियों का बहुत ज़ोर था। उद्योगों के लिहाज़ से पिछड़े हुए दूसरे यूरोपीय देशों की तरह यहां भी जर्मनी व इंग्लैण्ड के ठोस मार्क्सवाद और नरम समाजवाद के बजाय मज़दूर-संघवाद और अराजकतावाद का प्रचार हुआ। १९१७ ई० में, जब बोलशेविक लोग रूस में सत्ता के लिए संघर्ष कर रहे थे, तब स्पेन के मज़दूरों और वामपक्षियों ने आम हड़ताल करके लोकतंत्री गणराज्य क़ायम करने का यत्न किया। पर बादशाह की सरकार और सेना ने इस सारे आन्दोलन को कुचल दिया, और इसके नतीजे से

[1] ये तीनों छोटे-छोटे टापू इटली के दक्षिणी तट के पास हैं।

देश में सारी सत्ता सेना के हाथों में आ गई। बादशाह भी सेना के भरोसे कुछ और स्वाधीन व निरंकुश हो गया।

फ़ान्स और स्पेन ने मोरक्को को एक तरह से दो प्रभाव-क्षेत्रों में बांट लिया था। १९२१ ई० में मोरक्को के रिफ़ लोगों में अब्दुल करीम नामक एक योग्य नेता स्पेनी शासन के ख़िलाफ़ उठ खड़ा हुआ। इसने बड़ी योग्यता और वीरता का परिचय दिया और स्पेनी सेना की टुकड़ियों को बार-बार हराया। इससे स्पेन में अन्दरूनी संकट पैदा हो गया। बादशाह और फ़ौज के नेता, दोनों ही संविधान व पार्लमेण्ट का अन्त करके तानाशाही क़ायम करना चाहते थे। इस बात पर तो दोनों एकमत हो गये, पर मतभेद इसपर हुआ कि तानाशाह कौन बने। बादशाह तो ख़ुद तानाशाह या निरंकुश राजा बनना चाहता था, और सेना के नेता फ़ौजी तानाशाही चाहते थे। सितम्बर, १९२३ ई० में सेना का विद्रोह हुआ, और इसने इस मुद्दे का फैसला सेना के पक्ष में कर दिया, और जनरल प्राइमो दि रिवेरा तानाशाह बन गया। उसने कोर्ते (पार्लमेण्ट) को मंसूख कर दिया और खुल्लमखुल्ला फ़ौज के बल पर, राज करने लगा। मगर रिफ़ों के ख़िलाफ़ मोरक्को का मुहिम फिर भी सफल नहीं हुआ, और अब्दुल करीम स्पेनियों को सरगर्मी के साथ बराबर चुनौती देता रहा। स्पेनी सरकार ने उसे अच्छी शर्तें पेश कीं। मगर उसने इन्हें ठुकरा दिया, और वह पूरी स्वाधीनता की मांग पर डटा रहा। मुमकिन है कि स्पेनी सरकार अकेली उसे दबाने में सफल न होती। पर १९२५ ई० में फ़ान्सीसियों ने, जिनका मोरक्को में बहुत बड़ा स्वार्थ था, दख़ल देने का फैसला किया, और अपने ज़बर्दस्त साधनों का अब्दुल करीम के ख़िलाफ़ इस्तेमाल किया। १९२६ ई० के बीच तक अब्दुल करीम परास्त हो चुका था, और फ़ान्सीसियों के आगे घुटने टेकने के साथ उसकी लम्बी और बहादुराना लड़ाई ख़तम हो गई।

इन सारे वर्षों के दौरान में स्पेन में प्राइमो दि रिवेरा की तानाशाही, फौजी ताकत के तमाम हस्ब-मामूल लवाज़मों—जैसे अखबारों पर पाबन्दी, दमन, और कभी-कभी फ़ौजी क़ानून वग़ैरा—के साथ बराबर चलती रही। याद रहे कि यह तानाशाही मुसोलिनी की तानाशाही से जुदा थी, क्योंकि यह सिर्फ़ फौज के सहारे टिकी हुई थी, इटली की तरह जनता के कुछ वर्गों पर नहीं। इसलिए ज्योंही फ़ौज प्राइमो दि रिवेरा से उकता गई त्योंही उसका कोई सहारा बाक़ी नहीं रहा। १९३० ई० के शुरू में बादशाह ने प्राइमो को बरख़ास्त कर दिया। उसी साल क्रान्ति भी हुई जो दबा दी गई। लेकिन गणराज्य की और क्रान्ति की भावना इतनी फैल गई थी कि उसे दबाकर नहीं रक्खा जा सकता था। १९३१ ई० में गणराज्यवादियों ने म्यूनिसिपल चुनावों में अपनी ताक़त का सबूत दिया, और इसके कुछ ही दिन बाद बादशाह अल्फ़ोन्सो ने, यह समझकर कि बहादुरी दिखाने में भलाई

नहीं है, राजगद्दी को त्याग दिया, और देश छोड़कर भाग गया। स्पेन में काम-चलाऊ सरकार क़ायम हो गई, और यह देश जो यूरोप में निरंकुश बादशाहत और पादरियों के राज का नमूना था, यूरोप का सबसे कम-उम्र गणराज्य बन गया। इसने बादशाह अल्फ़ोन्सो को क़ानून के बचाव से बाहर कर दिया और पादरियों के असर के ख़िलाफ़ लड़ाई छेड़ दी।

लेकिन मैं तो तानाशाहों का बयान कर रहा था। इटली और स्पेन के अलावा जिन और देशों ने लोकतंत्री हुकूमतों को धता बताई और तानाशाहियां क़ायम कर लीं, उनके नाम ये हैं: पोलैण्ड, यूगोस्लाविया, यूनान, बलगारिया, पुर्तगाल, हंगरी और आस्ट्रिया। पोलैण्ड में ज़ारशाही ज़माने का पुराना समाजवादी पिल्सूदस्की तानाशाह था, क्योंकि सेना उसके हाथों में थी। पोली पार्लमेण्ट के सदस्यों के लिए बहुत ही हैरत पैदा करनेवाली नागवार भाषा बोलना उसने अपनी आदत बना ली थी, और कभी-कभी तो सचमुच इन्हें गिरफ़्तार करके फौरन चलता कर दिया जाता था। यूगोस्लाविया में ख़ुद बादशाह अलैग्ज़ैण्डर ही तानाशाह बना हुआ है। कहा जाता है कि देश के कुछ भागों में तो हालत और भी बिगड़ गई है, और इतना अत्याचार हो रहा है, जितना तुर्को के राज में भी कभी नहीं हुआ था।

जिन देशों का मैंने ज़िक्र किया है, उन सबमें लगातार खुल्लमखुल्ला तानाशाहियां नहीं रही हैं। कभी-कभी इनकी पार्लमेण्ट जाग उठती हैं और उन्हें काम करने दिया जाता है; जैसा कि हाल ही में बलगारिया में हुआ, कभी-कभी सत्ताधारी हुकूमत डिपुटियों के साम्यवादी सरीखे किसी गिरोह को, जिसे वह पसन्द नहीं करती, गिरफ़्तार कर लेती है, और उन्हें ज़बर्दस्ती पार्लमेण्ट से निकाल देती है, और बाक़ी के लोगों को जैसे-तैसे काम चलाने के लिए छोड़ देती है। ये देश बराबर या तो तानाशाही के अधीन रहते हैं या उसके किनारे पर। और ज़ोर-ज़बर्दस्ती पर टिकी हुई व्यक्तियों अथवा छोटे-छोटे गिरोहों की इन हुकूमतों को दमन, विरोधियों की हत्याओं व गिरफ़्तारियों, ख़बरों पर सख़्त पाबन्दी, और जासूसों के फैले हुए जाल का लगातार सहारा ढूंढ़ना पड़ता है।

यूरोप के बाहर भी तानाशाहियां पैदा हो गईं। तुर्की और कमालपाशा का ज़िक्र मैं कर ही चुका हूं। दक्षिण अमेरिका में भी कई तानाशाह थे, लेकिन वहां तो तानाशाही एक पुराना दस्तूर बन गई है, क्योंकि दक्षिण अमेरिका के गणराज्यों में लोकतंत्री परम्पराओं के लिए अच्छी भावना कभी नहीं रही है।

तानाशाहियों की इस सूची में मैंने सोवियत संघ को शामिल नहीं किया है, क्योंकि वहां की तानाशाही औरों की ही तरह बेरहम होते हुए भी जुदा क़िस्म की है। यह किसी व्यक्ति या छोटे गिरोह की तानाशाही नहीं है, बल्कि एक सुसंगठित राजनैतिक दल की है, जिसने ख़ास तौर पर मज़दूरों को अपना आधार बना रक्खा

है। वे इसे 'सर्वहारा वर्ग की तानाशाही'[१] कहते हैं। इस तरह संसार में तीन क़िस्म की तानाशाहियां हैं : साम्यवादी ढंग की, फ़ासीवादी और फौजी। फौजी तानाशाही कोई निराली चीज़ नहीं है; यह तो शुरू से ही चली आई है। साम्यवादी और फ़ासीवादी ढंगों की तानाशाहियां इतिहास में नई हैं, और हमारे ज़माने की ख़ास उपज हैं।

ध्यान खीचनेवाली सबसे पहली चीज़ यह है कि ये तमाम तानाशाहियां और इनके भेद, लोकतंत्री और पार्लमेण्टी ढंग की हुकूमतों से ठीक उलटी चीज़ें हैं। तुम्हें याद होगा कि मैं बतला चुका हूं कि उन्नीसवीं सदी लोकतंत्रवाद की सदी थी। यानी इस सदी में प्रगतिशील विचारों पर फ्रान्सीसी राज्यक्रान्ति के मानव-अधिकारों का असर था, और व्यक्ति की आज़ादी इनका लक्ष्य था। इसीमें से यूरोप के ज़्यादातर देशों में पार्लमेण्टी ढंग की हुकूमत का कहीं कम और कहीं ज़्यादा विकास हुआ। आर्थिक क्षेत्र में इसके सबब से दख़ल न देने का मत चला। बीसवीं सदी ने, या यों कहो कि युद्ध के बाद के वर्षों ने, उन्नीसवीं सदी की इस महान परम्परा का अन्त कर दिया, और अब लोकतंत्र के विचार का आदर करनेवालों की संख्या दिन-पर-दिन कम होती जा रही है। और लोकतंत्र के इस पतन के साथ-साथ हर जगह नामधारी उदार दलों का भी यही हाल हुआ है, और अब ये असर रखनेवाली ताक़तों में इनकी गिनती नहीं होती।

साम्यवाद और फ़ासीवाद दोनों ही लोकतंत्र के विरोधी हैं और उसकी बुराई करते हैं, हालांकि हरेक इसके लिए बिल्कुल अलग-अलग दलीलें देता है। जो देश साम्यवादी या फ़ासीवादी नहीं हैं, वहां भी लोकतंत्र अब पहले जितना पसन्द नहीं किया जाता। पार्लमेण्ट का पुराना रूप अब नहीं रहा, और उसके लिए लोगों की ज़्यादा इज़्ज़त भी नहीं रही। बड़े अमलदारों को इतने ज़्यादा अधिकार दे दिये जाते हैं कि अगर वे किसी कार्रवाई को ज़रूरी समझें तो उसे पार्लमेण्ट की निगाह में लाये बिना ही कर सकते हैं। इसकी कुछ वजह तो यह है कि हम ऐसे नाज़ुक ज़माने में रह रहे हैं जब फ़ौरन कार्रवाई करना लाज़िमी हो जाता है और प्रतिनिधि-सभाओं के लिए हमेशा झटपट कार्रवाई करना नामुमकिन होता है। हाल ही में जर्मनी ने अपनी पार्लमेण्ट को बिल्कुल उखाड़ फेंका है, और अब फ़ासी हुकूमत का बुरे-से-बुरा नमूना दिखाई दे रहा है। संयुक्तराज्य अमेरिका ने तो अपने राष्ट्रपति को हमेशा से ही बहुत अधिकार दे रक्खा है, और इन दिनों यह और भी बढ़ा दिया गया है। शायद आजकल सिर्फ़ इंग्लैण्ड और फ़्रान्स ही दो ऐसे देश हैं, जहां की पार्लमेण्टें ज़ाहिरा तौर पर अब भी पहले ही की तरह अपना काम कर रही हैं। इनकी फ़ासीवादी कार्रवाइयां तो इनके मातहत देशों और उपनिवेशों

[१] Dictatorship of the Proletariat.

में ही ज़ाहिर होती हैं। जैसे, भारत में ब्रिटिश फ़ासीवाद काम कर रहा है और हिन्द-चीन में फ्रान्सीसियों का फ़ासीवाद देश में "अमन कायम कर रहा है"। लेकिन लंदन और पेरिस की पार्लमेण्टें भी अब खोखली होती जा रही हैं। पिछले महीने में ही एक बड़े उदार-दली अंग्रेज़ ने कहा था :

> "हमारी प्रतिनिधि पार्लमेण्ट बड़ी तेज़ी के साथ एक ऐसे शासक गुट्ट की हिदायतों को दर्ज करनेवाला औज़ार बनती जा रही है, जिसका चुनाव एक अधूरी और ठीक तरह काम न करनेवाली चुनाव मशीन से होता है।"

इस तरह उन्नीसवीं सदी के लोकतंत्र और पार्लमेण्टों का असर हर जगह कम होता जा रहा है। कुछ देशों में तो लोगों ने इन्हें खुल्लम-खुल्ला और भोंडेपन से धता बताई है; बाक़ी देशों में इनका असली महत्व ग़ायब हो गया है, और ये "गंभीर और थोथी तड़क-भड़क" की चीज़ बनती जा रही हैं। एक इतिहास-लेखक ने पार्लमेण्टों के इस पतन की तुलना उन्नीसवीं सदी में बादशाहतों के पतन से की है। इस इतिहास-लेखक का कहना है कि जिस तरह इंग्लैण्ड में और दूसरे देशों में बादशाह की असली सत्ता खतम हो गई है और वह संविधानी राजा बन गया है—सो भी एक तरह से नुमाइश के लिए; उसी तरह पार्लमेण्टें भी ऐसे बे-अधिकार और शान-शौकतवाले चिह्न बन जायंगी और बन रही है, जो बड़े और महत्व वाले दिखाई तो देते हैं, पर जिनका मतलब कुछ नहीं है।

ऐसा क्यों हुआ है? वह लोकतंत्र जो एक सदी से ज़्यादा तक अनगिनती लोगों का आदर्श और प्रेरणा देनेवाला रहा, और जिसके लिए हज़ारों शहीद हो गये, अब लोगों की नज़रों से क्यों गिर गया है? इस तरह के परिवर्तन बिना काफ़ी कारणों के नहीं हुआ करते; वे जनता की महज सनकों व पसंदों के कारण भी नहीं होते। जिन्दगी की आधुनिक हालतों में कोई ऐसी चीज़ ज़रूर है, जो उन्नीसवीं सदी के 'बाक़ायदा' लोकतंत्र से मेल नहीं खाती। यह विषय बड़ा दिलचस्प और पेचीदा है। मैं इसके ब्यौरे में तो नहीं जा सकता, लेकिन दो-एक कारण तुम्हारे सामने रक्खूंगा।

ऊपर के पैरे में मैंने लोकतंत्र के बारे में 'बाक़ायदा' शब्द इस्तेमाल किया है। साम्यवादियों का कहना है कि वह असली लोकतंत्र नहीं था; वह तो इस सचाई को छिपानेवाला सिर्फ़ लोकतंत्री खोखा था कि एक वर्ग दूसरे वर्गों पर राज करता है। उनका कहना था कि लोकतंत्र पूंजीपति वर्ग की तानाशाही का ख़िलाफ़ था। यह तो धन-तंत्र, यानी मालदारों की हुकूमत था। जनता को दिया गया वोट का अधिकार, जिसकी खूब डुग्गी पीटी गई थी, उन्हें चार या पांच वर्षों में एक बार यह कहने की छूट देता है कि कोई एक व्यक्ति उनपर राज करे और उनका शोषण करे, या कोई दूसरा व्यक्ति। हर हालत में शासक-वर्ग जनता का शोषण करता है।

असली लोकतंत्र तभी आ सकता है जब यह वर्ग-शासन व शोषण बन्द हो और सिर्फ़ एक वर्ग रह जाय। मगर इस तरह का समाजवादी राज्य बनाने के लिए कुछ समय तक सर्वहारा वर्ग की तानाशाही ज़रूरी है, ताकि आबादी के तमाम पूंजीवादी और मध्य-वर्गी तत्वों को दबाकर रक्खा जा सके और उन्हें मज़दूरों के राज्य के खिलाफ़ साज़िशें करने से रोका जा सके। रूस में इस तानाशाही का प्रयोग सोवियतें करती हैं, जिनमें तमाम मज़दूरों, किसानों और दूसरे 'क्रियाशील' तत्वों के प्रतिनिधि होते हैं। इस तरह यह ९० फीसदी या ९५ फीसदी लोगों की, बाक़ी के १० या ५ फीसदी लोगों पर, तानाशाही हो जाती है। यह उनका मत है। असल में सोवियतों की बागडोर साम्यवादी दल के हाथों में रहती है, और इस दल की नकेल साम्यवादियों के शासक गुट्ट के हाथों में रहती है। और जहांतक समाचारों पर पाबन्दी और विचार व कार्रवाई की आज़ादी का सवाल है, वहांतक यह तानाशाही भी उतनी ही कठोर होती है जितनी कि कोई दूसरी। मगर चूंकि यह मज़दूरों की ख़ैरख्वाही पर टिकी होती है, इसलिए इसे मजदूरों को साथ लेकर चलना ज़रूरी होता है। और अन्त में जाकर किसी दूसरे वर्ग के हित के लिए मज़दूरों का या किसी वर्ग का शोषण नहीं होता। हकीकत में कोई शोषक वर्ग ही नहीं रह जाता। अगर किसी तरह का शोषण होता है तो राज्य के ज़रिये, सबकी भलाई के लिए। याद रखने लायक बात है कि रूस में लोकतंत्री ढंग की सरकार कभी रही ही नहीं। वह तो १९१७ ई० में निरंकुश राजाशाही से छलांग मारकर एकदम साम्यवाद में ही आ कूदा।

फ़ासीवादी नज़रिया इससे बिलकुल जुदा है। जैसाकि मैं अपने पिछले पत्र में तुम्हें बतला चुका हूं, यह पता लगाना आसान नहीं है कि फ़ासीवादी उसूल क्या हैं; क्योंकि फ़ासीवादियों के कोई जमे हुए उसूल होते ही नही। लेकिन वे लोकतंत्र के विरोधी हैं, इसमें कोई शक नहीं; और उनका विरोध साम्यवादियों की इस दलील पर नहीं है कि लोकतंत्र असली चीज नहीं है, बल्कि धोखा है। फासीवादी तो लोकतंत्री विचारों के समूचे उसूल पर ही ऐतराज करते हैं; और वे अपने पूरे ज़ोर के साथ लोकतंत्र को गालियां देते हैं। मुसोलिनी लोकतंत्र को 'सड़ा हुआ मुर्दा' कहता है! फ़ासीवादी लोग व्यक्ति की स्वतंत्रता से भी इतने ही चिढ़ते है; वे कहते हैं कि राज्य ही सबकुछ है, व्यक्ति की कोई गिनती नहीं (साम्यवादी भी व्यक्ति की स्वतंत्रताओं को कोई महत्व नहीं देते)। उन्नीसवीं सदी के लोकतंत्री उदारवाद का ऋषि मेज़िनी अगर जिन्दा होता तो अपने देशवासी मुसोलिनी से क्या कहता ?

सिर्फ़ साम्यवादी व फ़ासीवादी ही नहीं, बल्कि बहुत-से दूसरे लोग भी, जिन्होंने मौजूदा ज़माने की मुसीबतों पर ग़ौर किया है, इस पुराने विचार से नाखुश हो गये हैं कि वोट का हक़ दे देने का ही नाम लोकतंत्र है। लोकतंत्र का अर्थ है बराबरी, और लोकतंत्र सिर्फ़ बराबरीवाले समाज में ही फूल-फल सकता है।

यह तो काफ़ी साफ़ है कि हरेक को वोट का हक दे देने से बराबरीवाला समाज नहीं बन जाता। बालिग़ मताधिकार वग़ैरा के बावजूद आज ज़बर्दस्त असमानता है। इसलिए लोकतंत्र को मौक़ा देने के लिए पहले बराबरीवाला समाज बनाना ज़रूरी है। इस बहस के सबब से दूसरे अलग-अलग आदर्श और उपाय भी पैदा हो जाते हैं। मगर ये सब लोग इस बात को मानते हैं कि आजकल की पार्लमेण्टें बहुत ही खराब हैं।

अब हम फ़ासीवाद की ज़रा और गहराई में जायेंगे और यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि वह है क्या। यह खून-खराबी की बड़ाई करता है और शान्तिवाद से नफ़रत करता है। इटालवी विश्वकोष में मुसोलिनी ने लिखा है :

> "फ़ासीवाद सदा शान्ति की जरूरत या फ़ायदेमन्दी में विश्वास नहीं करता। इसलिए वह शान्तिवाद को ठुकराता है, क्योंकि इसमें संघर्ष से इन्कार और क़ुर्बानी के मौक़े पर लाज़िमी बुज़दिली के ऐब छिपे हुए हैं। युद्ध, और सिर्फ़ युद्ध ही ऐसी चीज़ है, जो इन्सानी शक्तियों को हद दर्जे के खिचाव पर उठा देता है, और जिन क़ौमों में युद्ध क़बूल करने का साहस होता है उनपर अपने बड़प्पन की छाप लगा देता है। बाक़ी सब आजमाइशें नकली हैं; वे व्यक्ति के सामने मौत और ज़िन्दगी का सवाल नहीं रखतीं।"

फ़ासीवाद कट्टर राष्ट्रवादी है; साम्यवाद अन्तर्राष्ट्रीय है। फ़ासीवाद तो सचमुच अन्तर्राष्ट्रीयता का विरोध करता है। वह तो राज्य को देवता बना देता है, जिसकी वेदी पर व्यक्ति की स्वतंत्रता और हक़ों की क़ुर्बानी ज़रूरी है। दूसरे सारे देश ग़ैर हैं और दुश्मन के बराबर हैं। यहूदियों को विदेशी तत्व मानकर सताया जाता है। कुछेक पूंजीवादी-विरोधी नारों और क्रान्तिकारी तरीकों के बावजूद, फ़ासीवाद जायदादवालों व प्रतिगामी तत्वों से मिला हुआ है।

फ़ासीवाद के ये कुछ पुराने पहलू हैं। अगर इसके पीछे कोई बिचारधारा हो भी तो उसे समझना मुश्किल है। जैसाकि हम देख चुके हैं इसका जन्म तो सत्ता की सीधी-सादी ख्वाहिश के साथ हुआ। लेकिन क़ामयाबी हासिल होने पर इसके गिर्द एक विचारधारा बनाने का यत्न किया गया। यह विचारधारा कितनी पेचीदा है कि इसकी कुछ जानकारी तुम्हें देने को और तुम्हें चक्कर में डालने को मैं एक नामी फ़ासीवादी विचारक की रचना का एक टुकड़ा यहां देता हूं। इसका नाम जिओवानी जैन्ताइल है और यह फ़ासीवादी विचारधारा का माना हुआ शास्त्रकार है। यह सरकार का फ़ासीवादी मंत्री भी रहा था। जैन्ताइल लिखता है कि लोगों को, लोकतंत्री ढंग से, अपनी व्यक्तिगत ख़ासियत या ख़ुदी के ज़रिये ख़ुद की असलियत की तलाश नहीं करनी चाहिए,बल्कि फ़ासीवादी तरीकों से जगत की आत्म-चेतना-

रूप पारमार्थिक अहम् की क्रियाओं के ज़रिये करनी चाहिए (इसका कुछ भी अर्थ हो, पर मेरी समझ से बाहर है)। इस तरह इस मत में व्यक्ति की स्वतंत्रता और व्यक्ति की ख़ासियत के लिए कोई गुंजाइश नहीं है; क्योंकि सच्ची असलियत और व्यक्ति की स्वतंत्रता वह चीज़ है, जिसे वह अपने-आपको किसी दूसरी चीज़ में, यानी राज्य में, खोकर हासिल करता है ।

> "कुटुम्ब, राज्य, आत्मा में विलीन होकर फिर बहाल हो जाने से मेरी व्यक्तिगत खासियत दबती नहीं है वरन ऊंची उठती है मजबूत होती है और व्यापक होती है ।" जैन्ताइल आगे लिखता है :
>
> "जहांतक कोई ताकत इच्छा को ढालने की हैसियत रखती है वहांतक वह ताकत नैतिक है, फिर वह उपदेश या लाठी किसी भी दलील को काम में ले ।"

बस, इससे हम समझ सकते है कि ब्रिटिश सरकार भारत में जब-कभी लाठियां चलाती है, तो वह कितनी नैतिक ताकत खर्च कर देती है !

यें सब किसी बात को उसके होने के बाद वाज़िब साबित करने के या उसकी सफाई देने के प्रयत्न हैं। यह भी कहा जाता है कि फ़ासीवाद का उद्देश्य 'सामूहिक राज्य' है, जिसमें, मेरे खयाल से हर व्यक्ति सबके समान हित के लिए सबके साथ मिल-जुलकर ज़ोर लगाता है। पर ऐसा राज्य न तो अभी तक इटली में हुआ है, न किसी दूसरे देश में। इटली में पूंजीवादी बहुत-कुछ इसी तरह अपना काम कर रहा है, जिस तरह दूसरे पूंजीवादी देशों में, हालांकि यहां कुछ पाबन्दियां लगा दी गई हैं।

ज्यों-ज्यों फ़ासीवाद दूसरे देशों में फैलता जा रहा है, त्यों-त्यों यह ज़ाहिर होता जा रहा है कि फ़ासीवाद ऐसी घटना नहीं है, जो इटली में ही हुई हो, बल्कि वह तो ऐसी चीज़ है, जो किसी भी देश में, ख़ास तरह की समाजी तथा आर्थिक, हालतें पैदा होने पर सामने आ जाती है। जब कभी मज़दूर-वर्ग ताक़तवर हो जाता है और पूंजीवादी राज्य के लिए सचमुच खतरा बन जाता है, तब पूंजीवादी राज्य क़ुदरती तौर पर अपनेको बचाने की कोशिश करता है । आम तौर पर मज़दूर-वर्ग की तरफ़ से यह खतरा भयंकर आर्थिक संकट के मौकों पर ही पैदा होता है । जब मालिक-वर्ग और शासक-वर्ग पुलिस व सेना का इस्तेमाल करके साधारण लोकतंत्री उपायों से मज़दूरों को नहीं दबा पाता, तब वह फ़ासीवादी उपाय का आसरा लेता है। वह उपाय यह है कि मिल्कियतवाले पूंजीपति-वर्ग की हिफ़ाज़त के खातिर एक आम जन-आन्दोलन खड़ा कर दिया जाता है, जिसमें जन-समूह के दिल को छूनेवाले कुछ नारे रख दिये जाते हैं। इस आन्दोलन की रीढ़ निचला मध्यम-वर्ग होता है, क्योंकि इसके ज़्यादातर लोग बेकारी की मुसीबत में फंसे हुए होते हैं।

और नारों से व अपनी हालत सुधारने की आशाओं से खिचकर राजनैतिक लिहाज़ से पिछड़े हुए और बिखरे हुए बहुत-से मज़दूर और किसान भी इसमें आ मिलते हैं। इस तरह के आन्दोलन को मध्यम-वर्ग पैसे की सहायता देते हैं, क्योंकि वे इससे लाभ उठाने की आशा रखते हैं। और हालांकि यह खून-खराबी का अपना धर्म व रोज़ का धन्धा बना लेता है,पर देश की पूंजीवादी सरकार बहुत हदतक जान-बूझकर इसको चलने देती है, क्योंकि यह दोनों के एक-से दुश्मन समाजवादी मज़दूर-वर्ग से लड़ता है। यह फ़ासीवादी आन्दोलन एक दल के रूप में और देश का शासक बन जाने पर तो और भी ज़ोर से, मज़दूर-संगठनों को नष्ट कर देता है, और तमाम विरोधियों पर अपना आतंक जमा देता है।

फ़ासीवाद का उदय तब होता है जब बढ़ते हुए समाजवाद और मोर्चा-बन्द पूंजीवाद के बीच वर्ग-संघर्ष तीखे व नाज़ुक हो जाते हैं। यह समाजी युद्ध किसी ग़लतफ़हमी से नहीं होता, बल्कि हमारे आज के समाज में छिपे हुए संघर्षों और तरह-तरह के स्वार्थों को ज्यादा अच्छी तरह समझने के कारण होता है। इन संघर्षों को उनकी तरफ आंखें मूदकर नहीं सुलझाया जा सकता। और, मौजूदा ढांचे की वजह से दुःख उठानेवाले लोग तरह-तरह के इन स्वार्थों को ज्यों-ज्यों ज्यादा समझते जाते हैं, त्यों-त्यों उनकी नाराजी बढ़ती जाती है क्योंकि उन्हें लगता है कि उनका वाजिब हिस्सा उनसे छीना जा रहा है। मिल्कियतवाले-वर्ग अपने हाथ की चीज़ों को छोड़ना नहीं चाहता, इसलिए संघर्ष और भी तेज़ हो जाता है। जबतक पूंजीवाद लोकतंत्री संस्थाओं की कल का इस्तेमाल सत्ता में बने रहने के लिए और मज़दूर-वर्ग को दबाने के लिए कर सकता है, तबतक वह लोकतंत्र को भी फूलने-फलने देता है। पर जब यह मुमकिम नहीं रहता, तो पूंजीवाद लोकतंत्र को धता बताता है और खून-खराबी व आतंक के खुले फ़ासीवादी उपायों का सहारा लेता है।

मेरा खयाल है कि रूस के अलावा यूरोप के दूसरे सब देशों में फ़ासीवाद किसी-न-किसी हद तक मौजूद है। जर्मनी में उसने सबसे ताज़ा कामयाबी हासिल की है। इंग्लैण्ड तक में भी शासक वर्गों में फ़ासीवादी विचार घर कर रहे हैं, और भारत में तो हम इनका अमल अक्सर देखते ही रहते हैं। आज संसार के अखाड़े में साम्यवाद के मुक़ाबले में पूंजीवाद का आखिरी सहारा फ़ासीवाद खड़ा हुआ है।

फ़ासीवाद के दूसरे पहलू कुछ भी हों, यह संसार को सतानेवाली आर्थिक मुसीबतों का कोई हल पेश नहीं करता। अपने राष्ट्रवाद के सबब से यह आपसी निर्भरता की संसार-व्यापी तासीर के खिलाफ़ जाता है, पूंजीवाद के पतन से पैदा हुई समस्याओं को और भी विकट बनाता है, और राष्ट्रीय कशमकश बढ़ाता है, जिसका नतीजा अक्सर युद्ध होता है।

: १७७ :

चीन में क्रान्ति और उलट-क्रान्ति

२६ जून, १९३३

अब हम बेक़रारियों से भरे यूरोप से विदा लेते हैं और इससे भी ज़्यादा गड़बड़ियोंवाले दूसरे प्रदेश—दूर-पूर्व—चीन और जापान चलते हैं। चीन के बारे में अपने पिछले पत्र में मैंने इस कम-उम्र गणराज्य की बहुत-सी कठिनाइयों का ज़िक्र किया था, जिसकी क़लम संसार की सबसे प्राचीन और जानदार संस्कृति पर लगी थी। यह देश छिन्न-भिन्न होता दिखाई दे रहा था और यहां बिना उसूलवाले लड़ाकू सरदार, तूशन और महा-तूशन ज़ोर पकड़ रहे थे। इन्हें वे साम्राज्यशाही शक्तियां बढ़ावा और मदद देती रहती थीं, जिनका स्वार्थ इसीमें था कि चीन कमज़ोर बना रहे और उसमें अन्दरूनी फूट बनी रहे। इन तूशनों के कोई उसूल नहीं थे; हरेक अपने-अपने व्यक्तिगत हौसले पूरे करने पर तुला हुआ था और लगातार चलनेवाले छोटे-छोटे गृहयुद्धों में ये लोग अक्सर कभी एक तरफ़ हो जाते थे, कभी दूसरी तरफ़। साथ ही ये अपना और अपनी सेनाओं का ख़र्च बेचारे दुखी किसान-वर्ग से वसूल करते थे। चीन के महान नेता डा. सन-यात-सेन की दक्षिण में कैण्टन में जमाई हुई राष्ट्रीय सरकार का हाल भी मैं लिख चुका हूं। इसने ज़िन्दगी-भर चीन की आज़ादी के लिए काम किया था।

सारे देश पर विदेशी साम्राज्यशाही शक्तियों के आर्थिक स्वार्थ छाये हुए थे, जो शांघाई, हांगकांग, वग़ैरा बड़े-बड़े बन्दरगाहों में जमी बैठी थीं, और चीन के सारे विदेशी व्यापार पर क़ब्ज़ा किये हुए थीं। डा० सन ने बिलकुल सच कहा था कि आर्थिक निगाह से चीन इन साम्राज्यशाही शक्तियों का उपनिवेश है। एक ही मालिक होना काफ़ी बुरा होता है, कई मालिकों का होना तो कभी-कभी और भी बुरा होता है। डा० सन ने अपने देश के उद्योगों के विकास के लिए और अपने देश की हालत सुधारने के लिए विदेशियों की सहायता लेने का यत्न किया। उसे अमेरिका व इंग्लैण्ड से ख़ास तौर पर सहायता की आशा थी, पर उसकी सहायता के लिए न तो ये दोनों सामने आये, न दूसरी कोई साम्राज्यशाही शक्ति। इन सबका स्वार्थ तो चीन के शोषण में था, उसकी भलाई या मजबूती में नहीं। तब १९२४ ई० में डा० सन ने सोवियत रूस की तरफ़ निगाह डाली।

चीन के विद्यार्थियों और दिमाग़ी वर्गों में साम्यवाद छिपे-छिपे और तेज़ी के साथ ज़ोर पकड़ रहा था। १९२० ई० में यहां साम्यवादी दल क़ायम किया गया था, और वह गुप्त समिति की तरह काम करता था, क्योंकि बदलती हुई सरकारें उसे खुल्लम-खुल्ला काम नहीं करने देती थीं। डा० सन तो साम्यवाद से कोसों

चीन की राज्यक्रान्ति


मंगोलिया
मंचूरिया
गोबी रेगिस्तान
पीकिंग
कोरिया
चंग-सु-लिन
पीत नदी
चीन
नानकिंग
शंघाई
हंको
यांगटीसी नदी
कु-मिन-तांग
फूचो
कैन्टन
हांगकांग
कैन्टन की राष्ट्रीय सरकार

दूर था; वह तो मुलायम समाजवादी था, जैसाकि उसकी पुस्तक 'जनता के तीन सिद्धान्त'[१] से ज़ाहिर होता है। पर चीन व दूसरे पूर्वी देशों के बारे में सोवियत रूस के उदार व खरे व्यवहार पर अच्छा असर पड़ा और उसने रूस के साथ दोस्ताना ताल्लुक़ क़ायम कर लिये। उसने कुछ रूसी सलाहकारों को अपने यहां रक्खा। इनमें एक बहुत काबिल बोलशेविक बोरोदिन को लोग सबसे ज़्यादा जानते हैं। बोरोदिन कैण्टन की कुओ-मिन-तांग को मज़बूत करनेवाला स्तंभ बन गया, और उसने मेहनत करके राष्ट्रीय दल को एक बड़ा ताकतवर संगठन बना दिया, जिसके पीछे जनता का सहारा था। उसने कोरे रूसी ढंग पर काम करने की कोशिश नहीं की। उसने दल का राष्ट्रीय आधार कायम रक्खा; लेकिन अब साम्यवादियों को कुओ-मिन-तांग के सदस्यों में भरती किया जाने लगा। इस तरह राष्ट्रीय कुओ-मिन-तांग और साम्यवादी दल के बीच एक किस्म का ग़ैर-रस्मी गठबन्धन हो गया। कुओ-मिन-तांग के बहुत-से रूढ़िवादी और मालदार सदस्यों को, खासकर ज़मीदारों को, साम्यवादियों के साथ का यह मेल-जोल अच्छा नहीं लगा। उधर साम्यवादियों को भी यह चीज़ पसन्द नहीं थी, क्योंकि इसके सबब से उन्हें अपना कार्यक्रम ठंडा करना पड़ा और ऐसे बहुत-से कामों को छोड़ना पड़ा, जिन्हें वरना वे करते। यह गठ-बन्धन बहुत टिकाऊ नहीं था और, जैसा कि हम आगे चलकर देखेंगे, नाज़ुक घड़ी आने पर वह टूट गया और इससे चीन पर आफ़त का पहाड़ टूट पड़ा। दो या ज़्यादा वर्गों को, जिनके स्वार्थ आपस में टकराते हों, एक जमात में बांधे रखना हमेशा कठिन हुआ करता है। पर जितने दिन यह गठ-बन्धन रहा उतने दिन खूब फूला-फला और कुओ-मिन-तांग व कैण्टन सरकार की ताक़त बढ़ती गई। काश्तकारों के संगठनों को और कामगरों के मज़दूर-संघों को भी बढ़ने में सहायता दी गई और ये तेज़ी के साथ फैलने लगे। जनता का यह समर्थन ही कैण्टन की कुओ-मिन-तांग को असली ताक़त देनेवाला था, और इसीने ही जमीदारों के नेताओं को डरा दिया और आगे चलकर उन्हें दल को तोड़ देने के लिए उकसाया।

कई बुनियादी भेदों के होते हुए भी चीन व भारत की हालतें बहुत-कुछ मिलती जुलती हैं। असल में चीन खेती-प्रधान देश है, जिसमें किसानों की बहुत बड़ी संख्या है। पूंजीवादी उद्योग ज़्यादातर छह-सात शहरों में ही है और विदेशियों के क़ब्ज़े में हैं। करोड़ों किसान व आसामी काश्तकार क़र्ज़े के ज़बर्दस्त बोझ के नीचे पिसे जा रहे हैं। लगानों की दर बहुत ऊंची है, और भारत की तरह यहां भी किसानों को मज़बूरी से महीनों ठाली बैठे रहना पड़ता है, क्योंकि उन दिनों खेतों में कोई काम नहीं होता। इसलिए इस फालतू समय का उपयोग करने के लिए और आमदनी बढ़ाने के लिए उन्हें घरेलू उद्योगों की ज़रूरत है। वास्तव में ऐसे कई उद्योग चालू भी हो

[१] Three Principles of the People.

गये हैं। यहां बड़ी-बड़ी जागीरें बहुत कम है। अगर ऐसी कोई जागीर बन भी जाती है तो बहुत ज़ल्दी वारिसों म बंट जाती है। किसानों की लगभग आधी संख्या के लोग अपने-अपने खेतों के मालिक हैं, बाक़ी आधे लोग ज़मींदारों के खेतों पर काम करते हैं। इसलिए चीन बेशुमार छोटे-छोटे खेतों का देश हो गया है। सैकड़ों वर्षों से चीनी किसानों की यह ख्याति है कि वे धरती का सारा सार निकाल लेते है। उनके पास धरती के इतने छोटे-छोटे टुकड़े होते हैं कि उन्हें मजबूरन ऐसा करना पड़ता है। और इसीलिए वे अद्‌भुत सूझ-बूझ से काम लेते हैं, और ज़बर्दस्त मेहनत से काम करते हैं। उनके पास मेहनत बचानेवाले वे औज़ार नहीं थे, जो आजकल खेती-बाड़ी को मुहैय्या हैं, इसलिए इतनी फसल के वास्ते उन्हें ऐसी कठिन मेहनत की ज़रूरत होती है जैसी कि उन्हें करने की ज़रूरत नहीं है।

पर इस सारी सूझ-बूझ और कड़ी मेहनत के बावजूद उनमें से क़रीब आधे लोग अपना खर्च नहीं चला सकते थे, और वे अपनी थोड़ी-सी और बढ़ने से रुकी हुई ज़िन्दगी आधे पेट खाकर गुजार देते थे। भारत के बेशुमार किसानों का भी यही हाल है। चीनी किसान मुफ़लिसी की हालत में रहते थे, और अकाल व बाढ़ के रूप में आनेवाली आफ़तें लाखों का सफ़ाया कर देती थीं। बोरोदिन के सुझाव पर डा० सन की सरकार ने किसानों व मज़दूरों को राहत पहुंचानेवाले फ़रमान निकाले। धरती का लगान एक-चौथाई कम कर दिया गया, मज़दूरों के लिए दिन-भर में काम करने के आठ घंटे और कम-से-कम मजूरी तय कर दिये गए और किसानों के संघ क़ायम किये गए। यह लाज़िमी ही था कि जनता ने इन सुधारों का स्वागत किया और उनके दिल जोश से भर गये। वे धड़ाधड़ नये संघों में शामिल होने लगे और कैण्टन सरकार का समर्थन करने लगे।

इस तरह कैण्टन सरकार ने अपनी हैसियत मज़बूत बना ली और वह उत्तर के तूशनों से लोहा लेने की तैयारी करने लगी एक फ़ौजी अकादमी खोली गई और फौज़ तैयार की गई। सिर्फ़ कैण्टन में ही नहीं बल्कि सारे चीन में, और कुछ हद तक सारे पूर्व में, एक दिलचस्प नई बात यह पैदा हो गई कि मज़हबी सत्ता की जगह धीरे-धीरे ग़ैर-मज़हबी सत्ता ने ले ली। इस शब्द के महदूद अर्थ में तो चीन कभी मज़हबी देश रहा ही नहीं। पर अब वह भी और ज़्यादा ग़ैर-मज़हबी बन गया। पहले शिक्षा मज़हबी हुआ करती थी, पर अब वह भी ग़ैर-मज़हबी बना दी गई। कितने ही पुराने मन्दिरों का जिस तरह उपयोग किया गया, उससे इस सिलसिले की सबसे ज़्यादा खुली मिसालें मिलतीं। कैण्टन के एक मशहूर प्राचीन मन्दिर का आजकल पुलिस ट्रेनिंग भवन की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। एक और जगह मन्दिरों को तोड़कर सब्जी-मंडियां बना दी गई हैं।

डा० सन-यात-सेन की मौत मार्च, १९२० ई०, में हो गई पर बोरोदिन

की सलाह पर चलती हुई कैण्टन सरकार अपनी ताक़त बढ़ाती चली गई। कुछ ही दिन बाद कुछ घटनाएं ऐसी हुई, जिन्होंने चीनी जनता के दिलों में विदेशी साम्राज्यवादियों के खिलाफ और खासकर अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ गुस्सा भर दिया। शाघाई की कपड़ा-मिलों में हड़तालें हुई और मई, १९२५ ई०, में एक प्रदर्शन में एक मज़दूर मारा गया। उसकी याद में एक बड़ी सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया, और विद्यार्थियों व मज़दूरों ने इस मौक़े को साम्राज्यशाही-विरोधी प्रदर्शन बना लिया। एक अंग्रेज़ पुलिस अफसर ने अपने मातहत सिख सिपाहियों को भीड़ पर गोली चलाने की आज्ञा दी। आज्ञा यह थी कि "मारने के लिए गोली चलाओ", और कई विद्यार्थी मारे गये। इसपर सारे चीन में अंग्रेज़ों के ख़िलाफ़ गुस्से की आग भड़क उठी, और इसके बाद की एक घटना ने तो मामला और भी बिगाड़ दिया। यह घटना, जून, १९२५ ई०, में कैण्टन के विदेशी इलाके में (जो शमीन इलाका कहलाता था) हुई, जहां चीनियों की एक भीड़ पर, जिसमें विद्यार्थियों की ज़्यादा तादाद थी, मशीनगनों से गोलियां बरसाई गईं, जिसमें बावन आदमी मारे गये और बहुत-से घायल हुए। यह घटना 'शमीन का हत्याकांड' कहलाती है, और इसके लिए खास तौर पर अंग्रेज़ों को ज़िम्मेदार ठहराया गया था। कैण्टन में ब्रिटिश माल का राजनैतिक बायकाट कर दिया गया और हांगकांग का व्यापार कई महीनों तक बन्द पड़ा रहा, जिससे अंग्रेज़ी कम्पनियों की और ब्रिटिश सरकार की भारी हानि हुई। शायद तुम जानती हो कि हांगकांग दक्षिण चीन में अंग्रेज़ों का इलाक़ा है। यह कैण्टन के बहुत नज़दीक है, और यह व्यापार की बड़ी भारी मंडी है।

डा० सन की मौत के बाद कैण्टन सरकार के अनुदार दक्षिण पक्ष और प्रगतिशील वाम पक्ष के बीच निरन्तर खीचतान चलने लगी। कभी एक पक्ष के हाथ में सत्ता आ जाती तो कभी दूसरे पक्ष के हाथ में। १९२६ ई० के बीच के लगभग, दक्षिण-पक्षी चांग-काई-शेक प्रधान सेनापति बन गया, और इसने साम्यवादियों को निकालना शुरू कर दिया। लेकिन फिर भी दोनों दल कुछ हद तक साथ-साथ काम करते रहे, हालांकि दोनों एक-दूसरे पर भरोसा नहीं करते थे। इसके बाद तूशनों से लड़ने के लिए और उन्हें निकाल बाहर करने के लिए सारे देश में एक ही राष्ट्रीय सरकार कायम करने के लिए कैण्टन की सेना ने उत्तर की तरफ़ कूच किया। उत्तर का यह कूच एक निराली चीज़ थी, और सारी दुनिया का ध्यान बहुत जल्दी इसकी तरफ़ खिच गया। असली लड़ाई ज़रा भी नहीं हुई और दक्षिण की सेना विजय-पर-विजय हासिल करती हुई तेज़ी के साथ आगे बढ़ती गई। उत्तर चीन में फूट तो थी, पर दक्षिणवालों की असली ताक़त किसानों व मज़दूरों में उनकी लोकप्रियता के कारण थी। प्रचारकों और आन्दोलनकारियों की छोटी-सी टुकड़ी सेना के आगे-आगे चलती थी, जो किसानों व मज़दूरों के संघ क़ायम करती जाती थी और उन्हें

समझाती थी कि कैण्टन सरकार के राज में उन्हें क्या-क्या फायदे मिलनेवाले हैं। इसलिए शहर-शहर और गांव-गांव में इन आगे बढ़नेवाली सेनाओं का स्वागत होता था और उन्हें हर तरह की सहायता दी जाती थी। कैण्टन की सेनाओं के ख़िलाफ़ जो सिपाही भेजे जाते थे, वे लड़ते ही नहीं थे, और अक्सर सारे सामान के साथ उन्हींमें जा मिलते थे। १९२६ ई० के ख़तम होते-होते राष्ट्रवादियों ने आधे चीन को पार कर लिया था और यांगत्सी नदी पर हैन्काउ के बड़े शहर पर क़ब्ज़ा कर लिया था। वे अपनी राजधानी को कैण्टन से उठाकर हैन्काउ में ले आये और इसका नाम बदलकर वूहान रख दिया। उत्तर के लड़ाकू सरदारों को हरा दिया गया और खदेड़ दिया गया। साम्राज्यशाही शक्तियों को जब अचानक यह भान हुआ कि एक नया और सरगर्म राष्ट्रीय चीन उनके सामने खड़ा हुआ बराबरी का दावा कर रहा है और उनकी धमकियों में नहीं आ रहा है, तो वे बुरी तरह खीझ उठीं।

१९२७ ई० के शुरू में जब राष्ट्रवादियों ने हेन्काउ में अंग्रेजी रियायती इलाक़े पर क़ब्ज़ा करने की कोशिश की तो चीनियों और अंग्रेजों के बीच झगड़ा पैदा हो गया। मामूली हालत में चीनियों के ऐसे हमलावर रवैय्ये से युद्ध छिड़ गया होता, और ब्रिटिश सरकार ने उन्हें कुचल डाला होता और उन्हें डरा-धमकाकर उनसे हर्जाने और ज्यादा रियायतें वसूल कर ली होतीं। हम देख ही चुके हैं कि १८४० ई० के 'अफ़ीम-युद्ध' के समय से लगभग सौ वर्षों तक सदा यही दस्तूर रहा था। लेकिन अब ज़माना बदल गया था और नया चीन उनके मुकाबले में खड़ा था। बस, ब्रिटिश नीति में भी फ़ौरन ही, और चीन के इतिहास में पहली बार परिवर्तन पैदा हो गया, और चीन की तरफ़ उसका रुख मुलायम पड़ गया। हैन्काउ के रियायती इलाक़े का मामला एक मामूली-सी चीज़ था और आसानी से तय हो सकता था। मगर हैन्काउ के नज़दीक, और राष्ट्रवादियों की चढ़ाई के रास्ते में, शांघाई का बड़ा बन्दरगाह पड़ता था जो चीन में सबसे बड़ा और सबसे ज़्यादा मालदार विदेशी रियायती इलाक़ा था। शांघाई की किस्मत के साथ विदेशियों के ख़बर्दस्त निहित स्वार्थ जुड़े हुए थे। ख़ुद शांघाई शहर, या यों कहो कि रियायती इलाक़ा, विदेशियों के क़ब्ज़े में था, और चीनी सरकार के अधिकार से क़रीब-क़रीब बाहर था। इसलिए जब राष्ट्रवादी सेनाएं शांघाई के नज़दीक आ पहुंची तो वहांके इन विदेशियों और उनकी सरकारों में बहुत चिन्ता पैदा हो गई, और उनके जंगी जहाज व सैनिक तुरन्त इस बन्दरगाह पर पहुंचे गये। ब्रिटिश सरकार ने तो जनवरी, १९२७ ई० के शुरू में हमला करनेवाली एक बड़ी फ़ौज ख़ास तौर पर शांघाई भेजी, जिसमें कुछ भारतीय सिपाही भी थे। राष्ट्रवादी सरकार ने हैन्काउ या वूहान में अड्डा ज़मा लिया था। उसके सामने एक कठिन समस्या पैदा हो गई—आगे बढ़ा जाय या नहीं, और शांघाई पर क़ब्ज़ा किया जाय या नहीं। अभी तक की आसान

सफलताओं से उनके हौसले बढ़ गये थे और उनके दिल ज़ोश से भर गये थे, और शांघाई बड़ा ललचानेवाला माल था। दूसरी ओर हालत यह थी कि अभी तक वे पांच सौ मील से ऊपर प्रदेश पर सिर्फ़ कूच-दर-कूच करते आ रहे थे और वहां अपनी हैसियत मज़बूत नहीं बना पाये थे। यह मुमकिन था कि शांघाई पर हमला करने से वे विदेशी शक्तियों से भिड़कर कठिनाइयों में फंस जायं और अबतक उन्होंने जो हासिल किया था, वह ख़तरे में पड़ जाय। बोरोदिन ने सावधानी बरतने की और हालत मजबूत बनाने की सलाह दी। उसकी राय थी कि राष्ट्रवादियों को शांघाई पर हाथ नहीं डालना चाहिए और चीन का जो दक्षिणी आधा हिस्सा उनके क़ब्ज़े में आ चुका था, उसमें अपनी हैसियत मज़बूत कर लेनी चाहिए और उत्तर में प्रचार के ज़रिये ज़मीन तैयार करनी चाहिए। उसे आशा थी कि बहुत जल्द, साल-डेढ़-साल में ही, समूचा चीन राष्ट्रवादियों की चढ़ाई का स्वागत करने को तैयार हो जायगा। शांघाई पर क़ब्ज़ा करने का, पेकिंग पर चढ़ाई करने का और साम्राज्यशाही शक्तियों का मुक़ाबला करने ठीक समय तभी आयेगा। क्रान्तिकारी बोरोदिन ने यह सावधानीभरी सलाह इस कारण दी थी कि उसे मौक़े पर असर डालनेवाले कई तरह के कारणों को आंकने का अनुभव था। मगर कुओ-मिन-तांग के दक्षिण-पक्षी नेताओं ने, और ख़ासकर उसके प्रधान सेनापति चांग-काई-शेक ने, शांघाई पर चढ़ाई करने की हठ की। शांघाई को लेने की इस इच्छा का असली कारण बाद में जाहिर हुआ जब कुओ-मिन-तांग के दो टुकड़े हो गये। काश्तकारों और मज़दूरों के संघों की बढ़ती हुई ताक़त इन दक्षिण-पक्षी नेताओं को अच्छी नहीं लगती थी। बहुत-से सेनापति ख़ुद जमींदार थे। इसलिए उन्होंने दल के दो टुकड़े हो जाने और राष्ट्रवादी हित कमज़ोर पड़ जाने की परवाह न करके इन संघों को कुचल डालने का फैसला किया। शांघाई बड़े-बड़े चीनी मध्य-वर्गों का खास केन्द्र था; और इन दक्षिण-पक्षी सेनापतियों को यक़ीन था कि दल के प्रगतिशील तत्वों से और ख़ासकर साम्यवादियों से लड़ने के लिए उन्हें इन मध्य-वर्गों से धन की व दूसरे किस्म की मदद मिल जायगी। वे जानते थे कि इस किस्म की लड़ाई में वे शाघाई के विदेशी बौहरों और उद्योगपतियों की मदद पर भी भरोसा कर सकते थे।

बस, उन्होंने शांघाई पर चढ़ाई कर दी और २२ मार्च, १९२७ ई०, को शहर का चीनी भाग उनके हाथ में आ गया; विदेशी रियायती इलाक़ों पर उन्होंने हमला नहीं किया। शांघाई का यह पतन भी ज़्यादा लड़ाई लड़े बिना ही हो गया। मुक़ाबला करनेवाले सिपाही राष्ट्रवादियों की तरफ़ जा मिले, और राष्ट्रवादियों का समर्थन करने के लिए शहर के मज़दूरों ने जो आम हड़ताल की, उससे शांघाई की मौजूदा सरकार का पतन पूरा हो गया। दो दिन बाद नानकिंग के बड़े नगर पर भी राष्ट्रवादियों ने क़ब्ज़ा कर लिया। और तब कुओ-मिन-तांग के वाम-पक्ष और

दक्षिण-पक्ष के बीच वह फूट पैदा हुई, जिससे राष्ट्रवादियों की शानदार सफलता धूल में मिल गई और चीन पर विपत्ति का पहाड़ टूट पड़ा। क्रान्ति का अन्त हो गया, और अब उलट-क्रान्ति शुरू हो गई।

चांग-काई-शेक ने हैन्काउ सरकार के कितने ही सदस्यों की मर्ज़ी के ख़िलाफ़ शांघाई पर चढ़ाई की थी। अब दोनों दल एक-दूसरे के ख़िलाफ़ साज़िशें करने लगे। हैन्काउवालों ने सेना में चांग के असर की जड़ खोदने की और इस तरह उससे पिंड छुड़ाने की कोशिशें कीं; उधर चांग ने नानकिंग में मुक़ाबले की दूसरी सरकार क़ायम कर ली। ये सब घटनाएं शांघाई पर कब्ज़ा होने के कुछ ही दिनों के भीतर हो गई। हैन्काउ की अपनी ही सरकार से बग़ावत करके चांग ने अब साम्यवादियों, वाम-पक्षियों और मज़दूर-संघों के कार्यकर्त्ताओं के ख़िलाफ़ जंग छेड़ दिया। जिन कार्यकर्त्ताओं की बदौलत उसने शांघाई को आसानी से जीत लिया था और उन्होंने वहां उसका बड़ी ख़ुशी के साथ स्वागत किया था, उन्हींको अब उसने बीन-बीनकर कुचल डाला। बहुत-से लोगों को गोलियों से भून दिया गया, बहुतों के सिर उड़ा दिये गए, हज़ारों को गिरफ्तार करके जेलों में डाल दिया गया। शांघाई में राष्ट्रवादी जिस आज़ादी को लाये थे, उसीको उन्होंने बहुत जल्दी ख़ूनी आतंक में बदल दिया।

१९२७ ई० के अप्रैल महीने के इन्हीं दिनों में पेकिंग के सोवियत राजदूतावास पर और शांघाई के सोवियत व्यापार दूतावास पर एक साथ छापे मारे गये। यह साफ़ दिखाई दे रहा था कि चांग-काई-शेक उत्तर के लड़ाकू सरदार चांग-सो-लिन से मिलकर कार्रवाई कर रहा था, हालांकि वैसे चांग-सो-लिन के साथ उसकी लड़ाई समझी जाती थी। पेकिंग में भी और शांघाई में भी साम्यवादियों और प्रगतिशील कार्यकर्त्ताओं का 'सफ़ाया' किया गया। साम्राज्यशाही शक्तियों को तो इस नई घटना से ख़ुशी होती ही, क्योंकि इससे चीनी राष्ट्रवादियों का दल तहस-नहस और कमज़ोर हो गया। चांग-काई-शेक ने शांघाई में विदेशी शक्तियों के प्रतिनिधियों से सहयोग करना चाहा। तुम्हें याद होगा कि इसी समय के लगभग, मई, १९२७ ई०, में ब्रिटिश सरकार ने लंदन में सोवियत के आर्कोस भवन पर छापा मारा था और फिर रूस से ताल्लुक तोड़ दिया था।

इस तरह, एक दो महीने के भीतर चीन की सारी तसवीर ही बदल गई। जो कुओ-मिन-तांग चीनी राष्ट्र का प्रतिनिधि माना जानेवाला संगठित और विजयी दल था और सफलता की उमंग में विदेशी शक्तियों के मुकाबले में खड़ा था, वही अब टूटकर आपस में युद्ध करनेवाले गिरोहों में बंट गया था। और जो मज़दूर और किसान उसकी जान और ताक़त बने हुए थे, उन्हींको अब सताया गया और ढूंढ़-ढूंढ़कर पकड़ लिया गया। शांघाई के विदेशी स्वार्थों ने फिर सुख

की सांस ली, और नवाज़िश के साथ एक गिरोह के ख़िलाफ़ दूसरे को मदद दी। मज़दूरों को चारा डालकर फंसाने और तंग करने के मज़ेदार और फ़ायदेमन्द खिलवाड़ के लिए यह मदद ख़ास तौर पर दी गई। शांघाई के कारख़ानों के इन मज़दूरों का (वास्तव में चीन-भर के मज़दूरों का) कारख़ानेदार ज़बर्दस्त शोषण करते थे और इनकी ज़िन्दगी के दस्तूर और रहन-सहन की हालतें बहुत ही नीचे दर्जे की थी। मज़दूर-संघ-आन्दोलन से इनकी ताक़त बढ़ गई थी और इसके कारण कारखानेदारों को मज़बूर होकर इन्हें ऊंची मदूज़री देनी पड़ी थी। इसलिए यूरोपीय, जापानी या चीनी कारखानेदार मज़दूर-संघों को पसंद नहीं करते थे।

चीन में घटनाओं ने जो पलटा खाया, उसके कारण रूस में बोरोदिन की कड़ी आलोचना हुई और जुलाई, १९२७ ई०, में वह रूस चला गया। उसके जाते ही हैन्काउ में कुओ-मिन-तांग का वाम-पक्ष तहस-नहस हो गया। अब नानकिंग-सरकार का कुओ-मिन-तांग पर पूरा क़ब्ज़ा हो गया, और खास तौर पर साम्यवादियों के ख़िलाफ़ और तमाम वाम-पक्षियों और मज़दूर-नेताओं के ख़िलाफ़ लड़ाई जारी रही। इस मौक़े पर जो लोग चीन से चले गये या निकाल दिये गए उनमें महान नेता सन-यात-सेन की बुज़ुर्ग विधवा श्रीमती सन-यात-सेन भी थी। इसने बड़े दुःख के साथ कहा था कि जंगखोरों व दूसरे लोगों ने चीन की आज़ादी की खातिर किये गए उसके पति के महान काम की पीठ में छुरा भोंक दिया। तुर्रा यह है कि ये जंगखोर डा० सन के तीन मशहूर उसूलों की दुहाई देते रहते थे। ये उसूल थे—राष्ट्रीयता, लोकतंत्र और समाजी न्याय।

चीन एक बार फिर आपस में लड़नेवाले लड़ाकू सरदारों व सेनापतियों का गोरखधन्धा बन गया। कैण्टन ने नानकिंग सरकार से रिश्ता तोड़ दिया और दक्षिण में अपनी अलग सरकार क़ायम कर ली। १९२८ ई० में पेकिंग नानकिंग-सरकार के हाथों में आ गया। इसका नाम बदलकर पीपिंग कर दिया गया, जिसका अर्थ है 'उत्तरी शान्ति'। पेकिंग का अर्थ था 'उत्तरी राजधानी' पर अब यह राजधानी नहीं रह गया था।

पेकिंग, जिसे अब हम पीपिंग कहेंगे, के पतन के बावजूद देश के जुदा-जुदा हिस्सों में घरेलू युद्ध चलता रहा। कैण्टन ने तो अपनी अलग सरकार बना ली थी, लेकिन उत्तर में भी कितने ही लड़ाकू सरदारों ने बहुत-कुछ अपनी मनमानी मचा रक्खी थी। ये लोग एक-दूसरे से ख़ानगी लड़ाइयां लड़ते रहते थे और कभी-कभी कुछ दिनों के लिए आपस में सुलह भी कर लेते थे। कहने को तो नानकिंग की नामधारी 'राष्ट्रीय' सरकार कैण्टन के सिवा सारे चीन पर शासन करती थी, मगर बहुत-से प्रदेश उसके क़ब्ज़े से बाहर थे, ख़ासकर भीतर का एक बड़ा क्षेत्र, जहां साम्यवादी सरकार क़ायम हो गई थी। नानकिंग-सरकार पैसे की मदद के लिए ज़्यादातर

शांघाई के वोहरों पर निर्भर रहती थी। बहुत सारे सेनापतियों की बड़ी-बड़ी सेनाएं किसान-वर्ग पर ज़बर्दस्त बोझ बन रही थीं। सेनाओं से निकले हुए हज़ारों सिपाही रोजगार की तलाश में देहातों में घूमते-फिरते थे, और रोज़गार न मिलने पर अक्सर डाकेज़नी करते रहते थे।

दिसम्बर, १९२७ ई० में नानकिंग-सरकार और सोवियत सरकार का आपसी रिश्ता टूट गया, और साम्राज्यशाही शक्तियों की छत्रछाया में नानकिंग-सरकार ने सरगरम सोवियत-विरोधी नीति अपनाई। अगर रूस युद्ध न करने के इरादे पर डटा नहीं रहता तो नतीजा यह होता कि १९२७ ई० में युद्ध छिड़ जाता। १९२९ ई० में चीनी सरकार, इस बार मंचूरिया में, फिर हमलावर नीति पर उतर आई। उसने सोवियत व्यापार-दूतावास पर छापा मारा और चीनी पूर्वी रेलवे के रूसी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। यह रेलवे ज़्यादातर रूस की मिल्कियत थी, इसलिए सोवियत सरकार ने फौरन चीनी सरकार के खिलाफ़ कार्रवाई की। कुछ महीनों तक युद्ध-जैसी हालत चलती रही, और तब चीनी सरकार ने पुराना बन्दोवस्त फिर से क़ायम करने की रूसी मांग मंज़ूर कर ली।

मंचूरिया और उसमें होकर गुज़रनेवाले रेल-मार्गों की वजह से बहुत-सी अन्तर्राष्ट्रीय उलझनें होती रही हैं, क्योंकि यहां बहुत-से स्वार्थ, ख़ासकर चीनी, जापानी और रूसी स्वार्थ, टकराते हैं। पिछले दिनों, सारी दुनिया का विरोध होते हुए भी, जापान ने चीन के इन उत्तर-पूर्वी प्रान्तों पर कब्ज़ा जमा लिया है। इसके बारे में मैं अपने अगले पत्र में लिखूंगा।

ऊपर मैंने ज़िक्र किया है कि चीन के कुछ भागों में साम्यवादी हुकूमतें क़ायम हो गई थीं। मालूम होता ह कि सबसे पहली साम्यवादी सरकार नवम्बर, १९२९ ई०, में दक्षिण में क्वान्तुंग प्रान्त के हाइफेंग जिले में क़ायम हुई थी। यह 'हाइफेंग सोवियत गणराज्य' था, जो किसानों के जुदा-जुदा संघों के मिलने से बना था। चीन के भीतरी हिस्सों में सोवियत इलाका बढ़ने लगा, यहांतक कि १९३२ ई० के बीच तक इसमें चीन के कुल क्षेत्रफल का क़रीब छठा भाग शामिल हो गया, जिसका क्षेत्रफल २,५०,००० वर्गमील था और जिसकी आबादी ५,००,०००,००० थी। इस सरकार ने ४,००,००० जवानों की लाल सेना तैयार कर ली, और इस सेना में लड़के और लड़कियों के सहायक दस्ते भी थे। नानकिंग-सरकार और कैण्टन सरकार दोनों ने इन चीनी सोवियतों को कुचलने के लिए पूरा ज़ोर लगाया, और चांग-काई-शेक ने बार-बार सेना लेकर उनपर चढ़ाइयां कीं, पर ये कोशिशें ज़्यादा सफल नहीं हुईं। कभी-कभी ये सोवियतें पीछे हट जाती थीं, और भीतरी भागों में दूसरी जगहों पर अपने पांव जमा लेती थीं[1]।

[1] चांग-काई-शेक और चीनी सोवियतों के बीच संघर्ष, जापानी आक्रमण के

: १७८ :

जापान सारी दुनिया को ललकारता है

२९ जून, १९३३

चीन कैसे टूक-टूक हुआ, जो क्रान्ति पहले पूरी तरह सफल नज़र आती थी वह एकदम कैसे पस्त हो गई और खूख़ार उलट-क्रान्ति उसे कैसे हड़प कर गई, इसकी शुरू से अबतक की ग़मनाक कहानी मैं तुम्हें बतला चुका हूं। यह कहानी अभी पूरी नहीं हुई है, और बहुत-कुछ बाकी है। क्रान्ति इसलिए असफल हुई कि चेतन वर्ग-हितों की भीतरी कशमकश राष्ट्रीयता की बांधनेवाली ताक़त से ज़्यादा ज़ोरदार साबित हुई। मालदार ज़मींदारों व दूसरे स्वार्थों ने किसान व मज़दूर जनता के दबदबे का ख़तरा उठाने के बजाय राष्ट्रवादी आन्दोलन को खत्म करना बेहतर समझा।

अपनी अन्दरूनी गड़बड़ों के अलावा चीन को अब एक विदेशी दुश्मन के ज़ोरदार हमले का भी मुक़ाबला करना पड़ा। यह जापान था, जो चीन की कमज़ोरी से और दूसरी शक्तियों के अपने ही झंझटों में फंसे रहने से फ़ायदा उठाने पर तुला हुआ था।

जापान आज के उद्योगवाद और मध्य-कालीन सामंतवाद की, और पार्लमेण्टी तरीक़े और एकतंत्री सत्ता और फौजी क़ब्ज़े की खिचड़ी की एक अजीब मिसाल था। यहां के हुकूमतवाले ज़मींदार व फौजी वर्गों ने जानबूझकर ख़ानदानी ढंग का राज्य बनाने की कोशिश की है, जिसमें वे खुद तो मुखिया हैं और सम्राट् उनका सबसे बड़ा सरदार है। मज़हब, शिक्षा, वग़ैरा हरेक चीज़ को इसी सिलसिले को बढ़ाने का साधन बनाया गया है। मज़हबी चीज़ों पर सरकारी दखल है; यहांतक कि मन्दिर और पूजा की जगहें भी सरकारी क़ब्ज़े में हैं, और पुजारियों के ओहदे सरकारी हैं। इस तरह मन्दिरों व पाठशालाओं के ज़रिये काम करनेवाली ज़बर्दस्त प्रचार-मशीन लोगों को सिर्फ देशभक्ति ही नहीं सिखाती, बल्कि सम्राट् की इच्छा के मुताबिक़ हुक्म बजाना भी सिखाती है, क्योंकि सम्राट को आधा-देवता माना जाता है। पुरानी बहादुरी का कुछ-कुछ अर्थ रखनेवाला पुराना जापानी शब्द 'बुशीदो' था, जिसका अर्थ था एक किस्म की ख़ानदानी वफ़ादारी। इस खयाल का विस्तार करके समूचे राज्य पर लागू कर दिया गया है, और इसके साथ सबके ऊपर सम्राट् का नाता जोड़ दिया गया है। सम्राट् तो वास्तव में एक चिह्न है, जिसके नाम पर शासन करनेवाले बड़े-बड़े ज़मींदार व

विरुद्ध इनका आपस में मिल जाना, जापान का चीन पर हमला और उसके फलस्वरूप होनेवाला युद्ध—इन सबका हाल पुस्तक के अन्त में परिशिष्ट में दिया गया है।

चीन पर जापान के आक्रमण



फौजी, वर्ग सत्ता की तामील करते हैं। उद्योगों के सबब से जापान में भी मध्यम-वर्गों का उदय हुआ है, परन्तु बड़े-बड़े उद्योगपति पुराने जमींदार-परिवारों में से ही निकले हुए हैं। इसलिए खास मध्य-वर्गों के हाथ में कोई सत्ता नहीं आई है। अमली तौर पर तो जापान में इतनी ठेकेदारी है कि कुछेक शक्तिशाली परिवारों का देश के उद्योगों पर भी कब्ज़ा है, और राजनीति पर भी।

जापान में बौद्ध-धर्म बहुत समय से आम मज़हब रहा है, मगर शिन्टो एक तरह से राष्ट्रीय मज़हब है, और इसमें पुरखों की पूजा पर बहुत ज़ोर दिया जाता है। इस पूजा में गुज़रे सम्राटों और राष्ट्रवीरों की और खासकर युद्धों में मारे गये शहीदों की पूजा शामिल है। इस तरह यह पूजा देश के लिए प्रेम का, और गद्दीनशीन सम्राट् के लिए आज्ञापालन की भावना का पाठ पढ़ाने का एक जोरदार और कारगर साधन बन गई है। जापानी लोग अपनी अद्भुत देशभक्ति के लिए और देश के हित में क़ुर्बानी की हैसियत के लिए मशहूर हैं। पर इस बात को बहुत लोग नहीं जानते कि यह देशभक्ति बहुत ही हमलावर ढंग की है, और सारी दुनिया पर अपने साम्राज्य के सपने देखा करती है। १९१५ ई० के लगभग जापान में एक नया पन्थ शुरू हुआ। इसका नाम 'ओमोतो-क्यो' पन्थ था और यह बड़ी तेज़ी से देश-भर में फैल गया। इस पन्थ का खास मज़हबी उसूल यह था कि जापान सारे संसार का शासक बने और सम्राट् उसका सबसे आला सरदार हो। इस पन्थ की ओर से कहा गया था—

> "हमारा उद्देश्य यह है कि जापान के सम्राट को सारे संसार पर राज करनेवाला और शासन करनेवाला बनावें, क्योंकि संसार में वही अकेला ऐसा राजा है, जिसमें सबसे पहले के स्वर्गवासी पूर्वज से विरासत में मिली हुई आध्यात्मिक ज़िम्मेदारी क़ायम है।"

जैसाकि हम देख चुके हैं, महायुद्ध के दौरान, जापान ने चीन को डरा-धमकाकर उससे अपनी इक्कीस मांगें मंज़ूर कराने की कोशिश की। अमेरिका व यूरोप में हो-हल्ला मच जाने से उसकी सारी मांगें तो पूरी नहीं हुईं, पर फिर भी उसे बहुत कुछ मिल गया। युद्ध के बाद ज़ारशाही साम्राज्य के पतन पर जापान ने देखा कि एशिया में अपने राज्य को फैलाने का यह बढ़िया मौक़ा है। उसकी फौजें साइबेरिया में दाखिल हो गईं और उसके एजेण्ट मध्य-एशिया में ठेठ समरकन्द और बुख़ारा तक जा पहुंचे। पर रूस के सम्भल जाने से और कुछ हदतक अमेरिका के विरोध और शक की वजह से, यह हौसलेबाजी नाकामयाब हो गई। क्योंकि यह हमेशा याद रखने की बात है कि जापान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच कट्टर दुश्मनी है। ये एक दूसरे से बहुत नफ़रत करते हैं, और प्रशान्त महासागर के आर-पार एक-दूसरे पर आंखें तरेरते रहते हैं। १९२२ ई० के वाशिंगटन-सम्मेलन से जापान की उमंगों पर पानी फिर गया और अमरीकी कूटनीति की जीत हो गई। इस सम्मेलन में जापान समेत नौ शक्तियों ने

चीन को अखंड मानने के वचन दिये, और इसका अर्थ यह था कि जापान चीन में पैर फैलाने की सारी उम्मीदें छोड़ दे। इसी सम्मेलन में आंग्ल-जापानी दोस्ती खतम हो गई और दूर-पूर्व में जापान बिल्कुल अकेला रह गया। ब्रिटिश सरकार ने सिंगापुर में एक ज़बर्दस्त जहाज़ी अड्डा बनाना शुरू कर दिया, और ज़ाहिर है कि यह जापान के लिए खतरे की चीज़ था। १९२४ ई० में संयुक्त राज्य अमेरिका ने जापानियों का आना रोकने का बिल पास किया, क्योंकि वह अपने राज्य में जापानी मज़दूरों को नहीं आने देना चाहता था। रंग-भेद की इस नीति पर जापान में, और कुछ हद तक सारे पूर्व में, बहुत गुस्सा ज़ाहिर किया गया, मगर जापान अमेरिका का कुछ नहीं बिगाड़ सकता था। इसलिए जब उसने यह महसूस किया कि वह अकेला पड़ गया है और चारों तरफ दुश्मनों से घिर गया है, तो उसनें रूस की तरफ़ रुख मोड़ा, और जनवरी, १९२५ ई०, में रूस के साथ सन्धि कर ली।

इसी दौरान जापान पर जो बड़ी आफत आई और जिसने उसे बहुत कमज़ोर कर दिया, उसका हाल मैं तुम्हें बतलाना चाहता हूं। १९२५ ई० के सितम्बर की पहली तारीख को जापान में भयंकर भूचाल आया और उसके साथ समुद्री ज्वार की लहर आई और राजधानी तोक्यो के विशाल नगर में आग लग गई। यह विशाल नगर बर्बाद हो गया और योकोहामा बन्दरगाह का भी यही हाल हुआ। क़रीब एक लाख आदमी मर गये, और बहुत भारी नुकसान हुआ। जापानियों ने बड़े साहस और धीरज के साथ इस आफ़त का मुक़ाबला किया, और पुराने तोक्यो के खण्डहरों पर नया शहर खड़ा कर लिया।

अपनी कठिनाइयों की वजह से जापान ने रूस से सुलह तो कर ली थी, पर इसका यह मतलब नहीं था कि वह साम्यवाद का हामी हो गया था। साम्यवाद का अर्थ था सम्राट्-पूजा का और सामन्तवाद का, और शासक-वर्ग के हाथों जनता के शोषण का अन्त, और सच तो यह है कि मौजूदा अमल जिन चीज़ों को बरक़रार रखना चाहता था, उन सबका अन्त। जापान में यह साम्यवाद जनता की बढ़ती हुई मुसीबतों की वजह से ज़ोर पकड़ रहा था, क्योंकि उद्योगपति अपने स्वार्थ की ख़ातिर जनता को दिन-पर-दिन ज़्यादा चूस रहे थे। उधर आबादी भी तेज़ी से बढ़ रही थी। जापानी लोग अमेरिका या कनाडा में या आस्ट्रेलिया के बंजर उजाड़-खंडों तक में जाकर नहीं बस सकते थे; उनके लिए, वहां जाने के दरवाज़े बन्द थे। चीन नज़दीक था, लेकिन वहां आबादी पहले ही बहुत ज़्यादा थी। कुछ लोग कोरिया और मंचूरिया में जा बसे। निजी ख़ास मुसीबतों के अलावा जापान को उद्योगवाद और व्यापार की मंडी की उन मुसीबतों का भी सामना करना पड़ा, जिन्हें सारा संसार आम तौर पर भुगत रहा था। जब अन्दरूनी हालत ज़्यादा गम्भीर होने लगी तो साम्यवादियों

और सारे वाम-पक्षियों का सख्ती से दमन किया गया। १९२५ ई० म 'अमन क़ायम रखने का क़ानून' पास किया गया। चूंकि इसकी भाषा दिलचस्प है, इसलिए इस क़ानून की पहली धारा मैं यहां देता हूं। इसमें लिखा है—

"जिन्होंने राष्ट्रीय संविधान को बदलने के मकसद से, या निजी जायदाद के क़ायदे को उलटने के मकसद से, कोई समिति या बिरादरी खड़ी की हो, या जो किसी ऐसे संगठन के मकसद से पूरी तरह जानकार होकर उसमें शामिल हुए हों, उन्हें मौत की सज़ा से लगाकर पांच साल से ऊपर तक की कड़ी कैद की सज़ाएं दी जायंगी।"

इस क़ानून की हद दर्जे की सख्ती, जो सिर्फ साम्यवादी सुधारों को ही नहीं बल्कि सब क़िस्मों के समाजवादी या बुनियादी या संविधानी सुधारों तक को रोकती है, यह जतलाती है कि साम्यवाद की तरक्की से जापानी सरकार कितनी डरी हुई है।

लेकिन साम्यवाद समाजी हालतों से पैदा होनेवाली आम मुसीबत का नतीजा है, और जबतक ये हालतें सुधरेंगी नहीं तबतक दमन से कोई फल नहीं निकल सकता। आजकल जापान में भयंकर मुसीबत है। चीन व भारत की तरह यहां भी किसान-वर्ग कर्ज़ों के ज़बर्दस्त बोझ से पिसा जा रहा है। खासकर भारी फौजी खर्च और युद्ध की तैयारियों की वजह से जनता पर करों का भारी बोझ है। ख़बरें आती रहती हैं कि भूखों मरते किसान जान बचाने के लिए घास और जड़ें खा रहे हैं, और अपने बच्चों तक को बेच रहे हैं। बेकारी के सबब मध्यम-वर्गों की भी बुरी हालत है, और आत्म-हत्याएं बढ़ गई हैं।

साम्यवाद के खिलाफ़ १९२८ ई० के शुरू में बड़ पैमाने पर धावा बोला गया, और एक रात में एक हज़ार से ज़्यादा गिरफ्तारियां हुईं, मगर अख़बारों को इस घटना का समाचार महीने-भर तक नहीं छापने दिया गया। तबसे हर साल पुलिस तलाशियां और सामूहिक गिरफ़्तारियां करती रहती हैं। अक्तूबर, १९३२ ई०, में पुलिस ने बहुत बड़ा छापा मारा, और २,२५० व्यक्तियों को गिरफ़्तार किया। इनमें से ज़्यादातर लोग मज़दूर नहीं थे, बल्कि विद्यार्थी और शिक्षक थे। इनमें सैकड़ों ग्रेजुएट थे और स्त्रियां थीं। निराली बात यह नज़र आती है कि जापान के बहुत-से मालदार नौजवान साम्यवाद की तरफ खिंच रहे हैं। भारत और दूसरे देशों की तरह यहां भी प्रगतिशील विचारकों को चोर-डाकुओं से ज़्यादा ख़तरनाक समझा जाता है। भारत में मेरठ के षड्यंत्र के मामले की तरह जापान में भी साम्यवादियों के कुछ मुक़दमे वर्षों तक चलते रहे।

जापान की अन्दरूनी हालतों के बारे में ये सब बातें मैंने तुम्हें इसलिए

बतलाई हैं कि जापान ने मंचूरिया में जो ख़तरा उठाया, उसके पीछे की ज़मीन का तुम्हें अंदाज़ हो जाय। अब इसका कुछ हाल मैं तुम्हें बतलाना चाहता हूं।

पिछले पत्रों में तुमने पढ़ा होगा कि जापान ने एशियाई महाद्वीप में पांव जमाने के लिए, पहले कोरिया में और फिर मंचूरिया में, लगातार कोशिशें की थीं। १८९४ ई० में चीन के साथ युद्ध और दस साल बाद का रूसी युद्ध, दोनों इसी मक़सद से लड़े गये थे। जापान को सफलता हासिल हुई, और वह एक-एक पग आगे बढ़ने लगा। उसने कोरिया को हड़प लिया और वह जापानी साम्राज्य का महज़ एक टुकड़ा बन गया। मंचूरिया में, जो चीन के तीन पूर्वी प्रान्तों का ही चालू नाम है, पोर्ट आर्थर के आस-पास रूस के पट्टे और रियायती इलाके जापान को दे दिये गए। रूस ने मंचूरिया के एक सिरे से दूसरे सिरे तक जो चाइनीज़ ईस्टर्न रेलवे बनाई थी, उसका भी कुछ हिसा जापान के कब्ज़े में आ गया और उसका नाम साउथ मंचूरिया रेलवे रख दिया गया। मगर इन सब तब्दीलियों के बावजूद, कुल मंचूरिया फिर भी चीनी सरकार के ही अधीन बना रहा और इस रेल-मार्ग की वजह से अब ढेर-के-ढेर चीनी यहां आकर बसने लगे। सच पूछो तो इन तीन उत्तर-पूर्वी प्रान्तों की तरफ चीनियों का यह देश छोड़कर जाना संसार के इतिहास में सबसे बड़ा देशान्तर-गमन माना जाता है। १९२३ से १९२९ ई० तक के सात वर्षों में पच्चीस लाख से भी ज़्यादा चीनी लोग चीन की सीमा पार करके मंचूरिया चले गये। आजकल मंचूरिया की आबादी तीन करोड़ के क़रीब है और इसमें ९५ फीसदी चीनी हैं। इस तरह ये तीन प्रान्त पूरी तरह चीनी बन गये हैं। बाकी की पांच फीसदी आबादी में रूसी, मंगोली ख़ानाबदोश, कोरियाई और जापानी लोग हैं। मंचूरिया के पुराने निवासी मंचू लोग चीनियों में घुल-मिल गये हैं और अपनी भाषा तक भूल गये हैं।

तुम्हें याद होगा कि १९२२ ई० में वाशिंगटन-सम्मेलन के मौक़े पर नौ शक्तियों की जो सन्धि हुई थी, उसकी बाबत में लिख चुका हूं। पश्चिमी शक्तियों के सुझाव पर यह सन्धि ख़ासतौर से चीन में जापान की चालों को रोकने के लिए की गई थी। इन नौ-की-नौ शक्तियों ने (जिनमें जापान भी शामिल था) साफ तौर पर और बिना लाग-लपेट के 'चीन की प्रभु-सत्ता, स्वाधीनता और प्रादेशिक व प्रशासनिक अखंडता का लिहाज़ रखने' का आपसी फैसला किया था।

कुछ वर्षों तक तो जापान ने कोई कार्रवाई नहीं की। मगर परदे के पीछे से वह कुछ चीनी लड़ाकू-सरदारों या तूशनों को पैसे वग़ैरा की मदद देता रहा, ताकि वे घरेलू युद्ध चलाते रहें और इस तरह चीन को कमज़ोर बना दे। उसने चांग-सो-लिन को ख़ास तौर पर सहायता दी, जिसका दबदबा मंचूरिया पर और दक्षिणी राष्ट्र-वादियों की विजय से पहले पेकिंग तक पर छाया हुआ था। १९३१ ई० में जापानी सरकार ने मंचूरिया में खुल्लम-खुल्ला हमलावर रवैय्या अपनाया। या तो इसका

कारण वह गहरा आर्थिक संकट था, जिसने उसे बाहर के देशों में कुछ कार्रवाई करने पर मजबूर किया ताकि लोगों का ध्यान भी बंट जाय और अन्दरूनी तनाव भी कम हो जाय; या सरकार में फौजी फिरके का ज़ोर था; या यह भावना थी कि दूसरी सारी शक्तियां अपनी-अपनी मुसीबतों में और व्यापार की मन्दी के चक्कर में फंसी हुई हैं, और दखल देनेवाली नहीं हैं। शायद इनसब कारणों ने मिलकर जापानी सरकार को इतना जोखिमभरा क़दम उठाने के लिए उकसाया हो। क्योंकि इस कार्रवाई से १९२२ ई० की नौ शक्तियों की सन्धि साफतौर पर भंग हो गई, इससे राष्ट्रसंघ का इक़रारनामा भी भंग होता था, क्योंकि चीन और जापान दोनों ही राष्ट्रसंघ के सदस्य थे, और इस हैसियत से राष्ट्रसंघ में मामला ले जाये बिना एक दूसरे पर हमला नहीं कर सकते थे। और आखिरी बात यह है कि इससे १९२८ ई० के युद्ध को ग़ैरक़ानूनी ठहरानेवाला पैरिस-क़रार (या केलॉग-क़रार) भी साफ़ तौर पर भंग हो गया। चीन के ख़िलाफ़ युद्ध-जैसी कार्रवाइयां जारी रखकर जापान ने इन सन्धियों और वादों को तोड़ दिया, और सारे संसार को अंगूठा दिखा दिया।

हां, जापान न इस बात का इक़रार नहीं किया। उसने कुछ लचर और निरा झूठा बहाना बनाया कि मंचूरिया में डाकुओं और कुछ मामूली वारदातों की वजह से अमन क़ायम करने के लिए और अपने हितों की हिफ़ाज़त के लिए उसे वहां अपने सिपाही भेजने के लिए मजबूर होना पड़ा है। युद्ध का कोई खुला एलान नहीं किया गया, मगर फिर भी जापान ने मंचूरिया पर धावा बोल दिया था। चीनी लोगों को इसपर बड़ा ग़ुस्सा आया। चीनी सरकार ने विरोध ज़ाहिर किया और राष्ट्र-संघ व दूसरी शक्तियों के आगे फरियाद की, लेकिन किसीने भी कोई ध्यान नहीं दिया। हर देश अपनी निजी मुसीबतों में फंसा हुआ था और जापान का विरोध करके नये झगड़े मोल नहीं लेना चाहता था। यह भी मुमकिन है कि कुछ शक्तियों ने, खासकर इंग्लैण्ड, ने, जापान के साथ कोई गुप-चुप सांठ-गांठ कर ली हो। चीन के ग़ैर-फौजी सिपाहियों ने मंचूरिया में जापानियों को काफ़ी परेशान कर डाला। पर मज़ा यह है कि माना यह जाता था कि इन दोनों देशों के बीच कोई युद्ध नहीं है! चीन में जापानी माल के बायकाट का बड़ा आन्दोलन जापान को और भी परेशान करनेवाली चीज़ था।

जनवरी, १९३२ ई०, में जापानी सेना शांघाई के नज़दीक चीन की धरती पर अचानक उतर पड़ी और वहां उसने जो हत्याकांड मचाया, वह इस ज़माने के सबसे ज़्यादा सहमानेवाले हत्याकांडों में गिना जाता है। उसने विदेशी रियायती इलाकों को तो जान-बूझकर छोड़ दिया, ताकि पश्चिमी शक्तियां नाराज़ न हो जायं, और घनी आबादीवाले चीनी मोहल्लों पर हमला कर दिया। शांघाई के

नज़दीक एक लम्बे-चौड़े क्षत्र पर (शायद इसका नाम चापेइ था) बम और गोले बरसाये गए और उसे बिल्कुल बर्बाद कर दिया गया। हजारों आदमी मारे गये और बशुमार आदमी बेघर-बार हो गये। याद रहे कि यह लड़ाई किसी फौज के साथ नहीं थी। यह तो मासूम नागरिकों पर बमबारी थी। यह जवांमर्दी की कार्रवाई जिस जापानी एडमिरल की निगरानी में हुई थी, उससे जब पूछा गया तो उसने कहा था कि जापान ने दया करके यह फैसला किया है कि "नागरिकों पर यह अन्धाधुन्ध बमबारी सिर्फ़ दो दिन और" होनी चाहिए! शांघाई में लंदन के टाइम्स अखबार का संवाददाता जापान की तरफ झुका हुआ था, पर वह भी जापानियों के हाथों चीनियों के इस 'कत्ले-आम' (ये शब्द उसीके हैं) से हक्का-बक्का रह गया। इसलिए चीनियों ने इसके बारे में क्या महसूस किया होगा, उसकी कल्पना करना बहुत आसान है। सारे चीन में गुस्से की लहर दौड़ गई, और इस वहशियाना विदेशी हमले के सामने देश के सारे लड़ाकू सरदार और सरकारें अपने आपसी बैर भूल गये या भूलते हुए दिखाई देने लगे। जापान के खिलाफ़ शामिल मोर्चे की चर्चा होने लगी और अन्दरूनी चीन की साम्यवादी सरकार तक भी नानकिंग-सरकार को अपनी सेवाएं देने के लिए तैयार हो गई। मगर अचरज की बात है कि नानकिंग या उसके नेता चांग-काई-शेक ने, इतने पर भी, आगे बढ़ते हुए जापानी सिपाहियों से शांघाई को बचाने के लिए कोई क़दम नहीं उठाया। नानकिंग ने सिर्फ इतना किया कि राष्ट्र-संघ के सामने अपना विरोध पेश कर दिया। उसने तो जापानियों के खिलाफ़ शामिल मोर्चा भी खड़ा करने की कोशिश नहीं की। मालूम यह होता है कि अपनी लम्बी-चौड़ी बातों और देश में फैली हुई गुस्से की आग के बावजद, मुक़ाबला करने की उसकी कोई इच्छा नहीं थी।

और तब दक्षिण से आई हुई एक अजीब सेना शांघाई में दाखिल हुई। इसका नाम उन्नीसवीं रूट आर्मी[1] थी। इसमें कैण्टनवासी लोग थे, पर न तो यह नानकिंग-सरकार की फ़रमाबरदार थी और न कैण्टन-सरकार की। यह फटी-टूटी सी सेना थी, जिसके पास न तो लड़ाई का सामान था, न बड़ी तोपें थीं, न अच्छी वर्दियां थीं, और न चीन की कड़ाके की सर्दी से बचानेवाले काफ़ी कपड़े थे। इसमें चौदह से सोलह साल की उम्रों के बहुत-से लड़के भर्ती हो गये थे; कुछकी उम्र तो सिर्फ बारह साल की थी। इस टूटी-फूटी सेना ने चांग-काई-शेक के हुक्म की परवाह न करके जापानियों से लड़ने और लोहा लेने का फ़ैसला किया। १९३२ ई० के जनवरी महीने में, दो हफ्ते तक ये लोग नानकिंग-सरकार की मदद के बिना ही लड़ते रहे, और ये ऐसी निराली जवांमर्दी से लड़े कि इन्होंने अपने से कहीं ज़्यादा तादादवाले और बेहतर हथियारोंवाले जापानियों को रोककर उन्हें हैरत में

[1] Nineteenth Route Army.

डाल दिया। इससे सिर्फ़ जापानियों को ही नहीं बल्कि हरेक को अचम्भा हुआ, यहांतक कि विदेशी शक्तियां तथा खुद चीन की जनता भी अचम्भे में पड़ गई। बिना किसी मदद के दो हफ्ते लड़ने के बाद, जब चारों तरफ़ इस फ़ौज को शाबासी दी जाने लगी, तब शांघाई को बचाने के लिए चांग-काई शेक ने अपने कुछ सिपाही भेजे।

इस उन्नीसवीं फ़ौज ने इतिहास रच डाला और यह संसार-भर में मशहूर हो गई। इनके मुकाबले ने जापानियों की योजनाओं पर पानी फेर दिया। और चूंकि पश्चिमी शक्तियो को भी शांघाई में अपने स्वार्थों की चिन्ता थी, इसलिए जापानी सिपाहियों को धीरे-धीरे शांघाई क्षेत्र से हटा लिया गया और जहाजों में लादकर भेज दिया गया। यह नोट करने लायक़ बात है कि इन पश्चिमी शक्तियों को अपने आर्थिक व दूसरे स्वार्थों की जितनी ज्यादा चिन्ता थी, उतनी चिन्ता हज़ारों को मौत के घाट उतारनेवाले चापेइ-जैसे अजीब हत्याकांडों की और गम्भीर सन्धियों व अन्तर्राष्ट्रीय इक़रारनामो के भंग हो जाने की नही थी। राष्ट्र-संघ में यह मामला बार-बार पेश किया गया, पर उसने कार्रवाई टालने का हमेशा कोई-न कोई बहाना ढूढ लिया। राष्ट्र-संघ के लिए यह हकीकत कोई बहुत ज़रूरी कार्रवाई का मामला नही थी कि सचमुच युद्ध हो रहा था और उसमें हजारों आदमी मारे जा चुके थे या मारे जा रहे थे। कहा यह गया कि असल में कोई युद्ध था ही नहीं, क्योंकि इस युद्ध का कोई वाक़ायदा ऐलान ही नही किया गया था! राष्ट्र-संघ की इस कमज़ोरी से, और अन्याय की तरफ एक तरह से जान-बूझकर आंखें मूद लेने की नीति से, उसकी शोहरत और शान को बहुत धक्का पहुंचा। देखा जाय तो कुछ बड़ी-बड़ी शक्तिया ही इसके लिए ज़िम्मेदार थी, और इंग्लैण्ड ने तो राष्ट्र-संघ में खास तौर पर जापान की हिमायत का रवैय्या अपनाया। आखिरकार राष्ट्र-संघ ने मंचूरिया के मामले की जांच करने के लिए एक अन्तर्राष्ट्रीय कमीशन लार्ड लिटन की सदारत में मुकर्रर किया। तमाम शक्तियों ने इसे फौरन मंज़ूर कर लिया, क्योंकि इसका मतलब यह था कि किसी भी किस्म का फैसला महीनों तक के लिए टल गया। उन्होंने सोचा कि मंचूरिया बहुत दूर है, और कमीशन को वहां जाकर जांच करने में बहुत वक़्त लग जायगा, और तबतक शायद सारा मामला ही ठंडा पड़ जाय।

जापानी लोग शांघाई से तो हट गये, पर अब उन्होंने मंचूरिया पर ज्यादा ध्यान दिया। उन्होंने वहां एक कठपुतली सरकार क़ायम कर दी, और ऐलान कर दिया कि मंचूरिया ने अपने आत्म-निर्णय के हक़ की तामील की है। इस नये कठ-पुतली राज्य का नाम मंचूकुओ रक्खा गया, और चीन के पुराने मंचू राजाओं के वंश का एक फटे-हाल नौजवान इस नई रियासत का राजा बना दिया गया।

इसमें कोई शक नही कि यह सब दिखावे के लिए ही था, और असली शासक तो जापान था। हरकोई जानता था कि अगर जापानी फ़ौजें हटा ली जायं तो मंचूकुओ राज्य एक दिन में लुढ़क पड़ेगा।

मंचूरिया में जापानियों को बहुत परेशानियां उठानी पड़ीं, क्योंकि चीनी स्वयंसेवकों के दस्ते उनसे बराबर लड़ते रहते थे। जापानी लोग इन दस्तों को 'डाकुओं के दस्ते' कहते है। जापानियों ने मुकामी चीनियों को फ़ौजी तालीम और लड़ाई का सामान देकर मंचूकुओ की फ़ौजें तैयार कीं। मगर जब ये फ़ौजें इन 'डाकू-दस्तो' मे लड़ने को भेजी गई तो अपने सारे नये-से-नये सामान के साथ उन्हींमें जा मिलीं! हर वक़्त की इस लड़ाई से मंचूरिया का भारी नुक़सान हुआ, और सोयाबीन का व्यापार तबाह होने लगा।

महीनों की जांच के बाद लिटन-कमीशन ने राष्ट्र-संघ में अपनी रिपोर्ट पेश की। यह सावधान, मुलायम और मुसिफ़ाना भाषा में लिखा हुआ दस्तावेज़ था, पर जापान के बिल्कुल ही ख़िलाफ़ जाता था। इससे ब्रिटिश सरकार बहुत घबराई, क्योंकि वह तो जापान को बचाने पर तुली बैठी थी। इसलिए इस मामले का विचार कई महीनों के लिए फिर टाल दिया गया। लेकिन अन्त में राष्ट्र-संघ को इस सवाल पर ग़ौर करना ही पड़ा। अमेरिका का रुख इंग्लैण्ड के रुख से बिल्कुल और तरह का था; वह जापान के बहुत ज़्यादा ख़िलाफ़ था। अमेरिका ने साफ़ कह दिया था कि वह जापान के हाथों मंचूरिया में या दूसरी जगह ज़बर्दती किये गए किसी परिवर्तन को नहीं मानेगा। मगर अमेरिका के इस कठोर रुख के बावजूद इंग्लैण्ड ने, और कुछ हद तक फ़ान्स इटली व जर्मनी ने, जापान का पक्ष लिया।

इधर तो राष्ट्र-संघ में मंचूरिया के सवाल को टालने की भरसक कोशिश की जा रही थी, उधर जापान ने एक नई कार्रवाई कर डाली। १९३३ ई० की पहली जनवरी के दिन जापानी सेना अचानक ठेठ चीन में जा धमकी और उसने शान-हाइ-क्वान नगर पर हमला कर दिया। यह नगर चीन की बड़ी दीवार के भीतरी किनारे पर बसा है। बड़ी-बड़ी तोपों और विध्वंसक जहाज़ों से गोले, और हवाई जहाज़ो से बम, बरसाये गए। यह सरासर नये-से-नये ढंग का हमला था। शान-हाइ-क्वान जलकर राख का ढेर हो गया, और ज़्यादातर नगरवासी मौत के शिकार हुए या मौत की घड़ियां गिनने लगे। और इसके बाद जापानी फ़ौज आगे बढ़ती हुई चीनी प्रान्त जेहाल में घुस गई और पीपिंग के नज़दीक जा पहुंची। बहाना यह बनाया गया कि लुटेरों ने मंचूकुओं पर हमला करने के लिए जेहोल को अपना सदर मुकाम बना रक्खा था और कुछ भी हो, जेहोल तो मंचूकुओं का हिस्सा ही था!

हमले की इस ताज़ा कार्रवाई से और नये दिन के हत्याकांड से राष्ट्र-संघ

की नींद खुली, और बहुत करके छोटी-छोटी शक्तियों के ज़ोर देने पर राष्ट्र-संघ ने एक प्रस्ताव करके लिटन-रिपोर्ट को मंज़ूर कर लिया और जापान को क़सूरवार ठहराया। जापान ने इसकी ज़रा भी परवाह नहीं की (क्या वह जानता नहीं था कि इंग्लैण्ड और कुछ दूसरी बड़ी-बड़ी शक्तियां चुपचाप उसकी पीठ ठोंक रहे थे?) और राष्ट्र-संघ से किनारा किया। राष्ट्र-संघ से इस्तीफ़ा देकर जापान आराम से पीपिंग की तरफ़ बढ़ता चला गया। उसे ज़रा भी रुकावट का सामना नहीं करना पड़ा, और जब जापानी सेना, मई, १९३३ ई० में क़रीब-क़रीब पीपिंग के दरवाज़े पर जा पहुंची, तो चीन और जापान के बीच लड़ाई बन्द करने का ऐलान कर दिया गया। जापान पूरी तरह सफल हो गया था। नानकिंग-सरकार ने और मौजूदा कुओ-मिन-तांग ने जापानियों की हमलावर कार्रवाई के ख़िलाफ़ जो ओछापन दिखलाया, उससे अगर वह चीन में बहुत बदनाम हो गई, तो इसमें ताज्जुब की कोई बात नहीं है।

मंचूरिया के इस झगड़े के बारे में मैंने काफ़ी बातें कह दी हैं। यह इसलिए महत्व रखता है कि चीन के भविष्य पर इसका असर पड़ता है। मगर इससे भी ज़्यादा महत्व की बात यह है कि इससे ज़ाहिर हो गया है कि राष्ट्र-संघ एक ढकोसला है, और अन्तर्राष्ट्रीय कार्रवाइयां ग़लत साबित हो चुकी हैं, उनको सामने बिल्कुल नपुंसक और बेकार साबित हुआ है। इससे यूरोप की बड़ी शक्तियों की दुरंगी नीति और साज़िशों की भी कलई खुल गई है। इस ख़ास मामले में तो अमेरिका (जो राष्ट्र-संघ का सदस्य नहीं है) जापान के ख़िलाफ़ कड़ा रुख़ इख्तियार करने को तैयार हो गया था, और ऐसा मालूम होता था कि वह जापान से भिड़ भी पड़ेगा। लेकिन उधर इंग्लैण्ड व दूसरी शक्तियों ने जापान को चुपचाप जो बढ़ावा दिया, उससे अमेरिका का यह रुख़ बे-असर हो गया, और जब अमेरिका को डर हुआ कि जापान के ख़िलाफ़ वह अकेला रह जायगा, तो वह भी ज़्यादा ख़बरदार हो गया। राष्ट्र-संघ ने अपनी नेकनीयती दिखाने के लिए जापान की बुराई तो कर दी, पर आगे कोई क़दम नहीं उठाया। यह तय हुआ था कि राष्ट्र-संघ के सदस्य मंचूकुओ के कठपुतली राज्य को क़बूल नहीं करेंगे, लेकिन यह ग़ैर-क़बूलियत कोरा मज़ाक बन गई।

राष्ट्र-संघ में जापान की निन्दा के बावजूद इंग्लैण्ड के मंत्री और राजदूत मौक़े-बे-मौके आगे बढकर जापान की कार्रवाई को वाजिब ठहराने का यत्न करते रहते हैं। रूस के साथ इंग्लैण्ड का बर्ताव अजीब तौर पर इससे उलटा नज़र आता है। अप्रैल, १९३३ ई०, में रूस में कुछ अंग्रेज़ इंजीनियरों पर भेदिये होने के जुर्म में मामला चलाया गया। कुछ तो बरी कर दिये गए और दो को थोड़े-थोड़े दिनों की क़ैद की सज़ाएं दी गई। इसपर इंग्लैण्डवालों ने बड़ा वावेला मचाया, और ब्रिटिश सरकार ने इंग्लैण्ड में रूसी माल के आयात पर फ़ौरन रोक लगा दी।

रूस ने भी इसके जवाब में अपने यहां ब्रिटिश माल का आना बन्द कर दिया।[1]

इस तरह मंचूरिया और इससे भी बहुत-कुछ ज़्यादा चीन के हाथ से निकल गया, और बाक़ी हिस्से पर भी जापान का ख़तरा बराबर बना रहा। तिब्बत स्वाधीन था। मंगोलिया सोवियत देश था जो रूसी सोवियत संघ के साथ जुड़ा हुआ था। चीन के एक और बड़े प्रान्त सिंकियांग या चीनी तुर्किस्तान में भी गड़बड़ हुई। यह तिब्बत और साइबेरिया के बीच है। इस प्रान्त में कश्मीर के श्रीनगर से, लद्दाख में लेह के रास्ते से यारक़न्द और काशगर को क़ाफ़िले बराबर जाया करते हैं। इस प्रान्त के ज़्यादातर निवासी मुसलमान तुर्क हैं। इनका रंग-ढंग, इनकी संस्कृति और इनके नाम तक चीनी हैं। मगर ये चीन के भीतरी हिस्से से बहुत दूर हैं, और गोबी के रेगिस्तान ने इन्हें चीन से बिल्कुल अलग कर दिया है। आवा-जाई के साधन बहुत ही पुराने जमाने के हैं। इन्हें चीन के साथ बांधनेवाले बंधन ज़्यादा मजबूत नहीं हैं, और इनमें तुर्की राष्ट्रीयता की भावना है, जो समय-समय पर फूट पड़ती है। महायुद्ध के समय से ही यह बहुत बड़ा प्रदेश अन्तर्राष्ट्रीय साज़िशों का अखाड़ा बना हुआ है। इंग्लैण्ड, रूस और जापान एक-दूसरे के ख़िलाफ़ और चीनी सरकार के ख़िलाफ़ जासूसी और साज़िशें करते रहते हैं और यहां के आपस में लड़नेवाले सरदारों को सहायता देते रहते हैं।

१९३३ ई० के शुरू में सिंकियांग में तुर्कों ने विद्रोह कर दिया; यारक़न्द और क़ाशगर पर उनका क़ब्ज़ा हो गया, और उसे गणराज्य ज़ाहिर कर दिया गया। ब्रिटिश सरकार ने सोवियत पर इस विद्रोह को भड़काने का आरोप लगाया। उधर सोवियत ने ब्रिटिश सरकार पर खुल्लम-खुल्ला यह आरोप लगाया कि उसने मंचूकुओ की तरह चीन और रूस के बीच झोंक झेलनेवाला राज्य बनाने की नीयत से इस विद्रोह को भड़काया है। सिंकियांग में अंग्रेज़ी फ़ौज के जिस अफ़सर ने यह विद्रोह खड़ा किया था, उसका नाम तक बतला दिया गया है।

टिप्पणी—सिंकियांग के इस विद्रोह को चीनी सरकार के समर्थकों ने दबा दिया। मालूम होता ह कि सोवियत अधिकारियों ने भी ग़ैर-सरकारी तौर पर इसमें कुछ सहायता दी थी। इसके सबब से मध्य एशिया में रूस की प्रतिष्ठा बहुत बढ़ गई और अंग्रेज़ों की प्रतिष्ठा गिर गई।

---

[1] इंग्लैण्ड और रूस की यह व्यापारिक लड़ाई बाद में दोनों देशों के बीच समझौता हो जाने पर बन्द हो गई।

: १७९ :

समाजवादी सोवियत गणराज्यों का संघ

७ जुलाई, १९३३

अब हम सोवियतों के देश रूस की तरफ लौटते है और उसकी कहानी के सूत्र को जहां छोड़ा था, वही से फिर पकड़े लेते हैं। हम जनवरी, १९२४ ई० तक आ पहुंचे थे, जबकि क्रान्ति के नेता और उसमें जान डालनेवाले लेनिन की मौत हुई थी। तबसे अबतक दूसरे देशों के बारे में जितने पत्र मैंने तुम्हें लिखे हैं, उनमें से बहुतों में रूस का अक्सर ज़िक्र आता रहा है। रूस की समस्याओं पर, या भारतीय सरहद पर, या तुर्की, ईरान वग़ैरा मध्य-एशियाई देशों पर, या दूर-पूर्व के चीन और जापान पर, ग़ौर करते वक़्त रूस का नाम बार-बार सामने आया है। यह हकीक़त तुम्हे साफ़ दिखाई देने लगी होगी कि एक राष्ट्र की राजनीति और अर्थ-नीति को दूसरे देशों की राजनीति और अर्थ-नीति से अलग करना बहुत मुश्किल ही नहीं, बल्कि सचमुच नामुमकिन है। पिछले वर्षो में राष्ट्रों के आपसी ताल्लुक़ और उनकी एक दूसरे पर निर्भरता बहुत ही ज़्यादा बढ़ गये है, और सारा संसार कितनी ही बातों में एक इकाई बनता जा रहा है। इतिहास अन्तर्राष्ट्रीय, यानी विश्व-इतिहास, बन गया है और एक देश के लिहाज़ से हम भी उसे तभी समझ सकते हैं, जब सारे संसार को अपनी निगाह के सामने रक्खें।

यूरोप और एशिया में सोवियत संघ जिस ज़बर्दस्त इलाक़े को घेरे हुए है, वह पूंजीवादी दुनिया से अलग खड़ा है। मगर फिर भी वह हर जगह इस दूसरे जगत के सम्पर्क में आता है और अक्सर इससे टकराता भी है। सोवियत की उदार पूर्वी नीति का, तुर्की, ईरान और अफ़ग़ानिस्तान को उसकी दी हुई सहायता का, चीन के साथ उसके गहरे रिश्तों का, और फिर इन रिश्तों के एकदम टूट जाने का जिक्र मैं अपने पिछले पत्रों में कर चुका हूं। मैं इंग्लैण्ड के आर्कोस छापे का और उस 'ज़िनोवीफ पत्र' का हाल भी बतला चुका हूं, जो बाद में जाली निकला, लेकिन फिर भी जिसने इंग्लैण्ड के एक आम चुनाव में गड़बड़ी कर दी। अब मैं तुम्हें सोवियत भूमि के बीच में ले चलना चाहता हूं, ताकि तुम उस अद्भुत और दिलकश समाजी प्रयोग के विकास पर निगाह डाल सको, जो कि वहां हो रहा था।

क्रान्ति के बाद, १९१७ से १९२० ई० तक के पहले चार साल, बहुत-से दुश्मनों से क्रान्ति की हिफ़ाज़त करने के लिए लड़ाइयां लड़ने में बीते। यह ज़माना युद्ध और क्रान्ति और घरेलू-युद्ध और भुखमरी और मौत का थर्रानेवाला और नाटकीय ज़माना था, जो जनता के जिहादी जोश और आदर्श के लिए मर मिटने के वास्ते दिखाई गई बहादुरी के प्रकाश से जगमगा उठा था। इसका फ़ौरन कोई फल नहीं

मध्य एशिया में सोवियत गणराज्य



मिलनेवाला था, मगर लोगों के दिल बड़ी-बड़ी उम्मीदों और इरादों से भरे हुए थे। और इनका खयाल करके वे अपनी ज़बर्दस्त तकलीफ़ों को धीरज के साथ सहते थे, और कुछ ही देर के लिए सही, अपने भूखे पेटों को भूल जाते थे। यह 'जंग-बाज़ साम्यवाद' का ज़माना था।

इसके बाद १९२१ ई० में लेनिन ने जब नई आर्थिक नीति चलाई तो ज़रा आराम लेने की फ़ुरसत मिली। यह नीति साम्यवाद को पीछे ले जानेवाली थी; देश के मध्य-वर्गी तत्वों से समझौता था। मगर इसका यह अर्थ नहीं था कि बोल-शेविक नेताओं ने अपना मकसद बदल दिया हो। इसका मतलब सिर्फ़ यह था कि ये लोग सुस्ताने और नई ताक़त हासिल करने के लिए एक क़दम पीछे हट गये थे, ताकि बाद में वे कई क़दम फिर आगे बढ़ सकें। बस, सोवियतों ने धीरज के साथ अपने राष्ट्र को बनाने की जबर्दस्त समस्या का मुकाबला किया, जो बहुत-कुछ तबाह और बर्बाद हो चुका था। निर्माण और रचना के कामों के वास्ते उन्हें रेल के इंजनों और गाड़ियों, बोझा ढोनेवाली मोटर-गाड़ियों, मशीनी हलों, कारखानों का सरंजाम, वग़ैरा-वग़ैरा मशीनों और सामानों की ज़रूरत पड़ी। ये चीज़ें उन्हें बाहर के देशों से खरीदनी पड़ती थी, पर खरीदने के लिए उनके पास पैसा नहीं था। इसलिए उन्होंने बाहर के इन देशों में उधार खाते खोलने की कोशिश की, ताकि वे अपने खरीदे हुए माल की कीमत आसान किस्तों में चुका सकें। मगर माल उधार तो तभी मिल सकता था जबकि देशों में आपसी बोल-चाल होती। जब वे सरकारी तौर पर एक दूसरे को मानते ही नही थे तो उधार कैसा? इसलिए रूस को बड़ी तमन्ना थी कि बड़ी शक्तियां उसे तसलीम कर लें और उनके साथ उसके राज-नैतिक और तिजारती ताल्लुक़ क़ायम हो जायं। पर ये साम्राज्यशाही शक्तियां बोलशेविकों और उनके सारे कामों से नफ़रत करती थीं। उनके लिए साम्यवाद एक लानत थी, जिसे मिटा देना ज़रूरी था। वास्तव में, दस्तन्दाजी की लड़ाइयों के दौरान उन्होंने इसे मिटा डालने की भरसक कोशिश भी की थी, पर वे सफल नहीं हो पाई थीं। ये शक्तियां चाहती तो यह थीं कि सोवियत संघ से कोई वास्ता न रक्खें। लेकिन जिस सरकार के क़ब्ज़े में दुनिया की सतह का छठा भाग हो उसकी परवाह न करना कठिन है। ऐसे अच्छे ग्राहक की परवाह न करना और भी कठिन है, जो बहुत-सी क़ीमती मशीनें ख़रीदने को तैयार हो। रूस-जैसे खेतिहर देश और जर्मनी, इंग्लैण्ड व अमेरिका जसे उद्योगवाले देशों का आपसी व्यापार दोनों के लिए फायदेमन्द था, क्योंकि रूस को मशीनों की ज़रूरत थी और बदले में वह सस्ता अन्न और कच्चा माल दे सकता था।

आखिर जेबें भरने का खिचाव साम्यवाद की नफ़रत से ज़्यादा ज़ोरदार साबित हुआ, और क़रीब-क़रीब सभी देशों ने सोवियत सरकार को तसलीम कर लिया।

बहुतों ने उसके साथ तिजारती सन्धियां भी कर लीं। अकेला अमेरिका ही ऐसी शक्ति था, जिसने सोवियत संघ को तसलीम करने से बराबर इन्कार किया। मगर रूस और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच व्यापार होने लगा है।[1]

इस तरह सोवियत रूस ने ज़्यादातर पूंजीवादी व साम्राज्यवादी शक्तियों से रिश्ते क़ायम कर लिये, और कुछ हद तक उसने इन शक्तियों की आपसी लाग-डांट से फ़ायदा भी उठाया। ऐसा ही उसने तब किया था जब १९२२ ई० में जर्मनी ने उससे सहायता मांगी थी और रापालो की सन्धि पर दोनों ने दस्तख़त किये थे। मगर यह समझौता बिल्कुल डांवाडोल था, क्योंकि पूंजीवादी और साम्यवादी तरीके बुनियादी तौर पर ही बे-मेल थे। बोलशेविक लोग सताई हुई और शोषित क़ौमों को, उपनिवेशी देशों की पराधीन क़ौमों व कारख़ानों के मज़दूरों दोनों को, उन्हें चूसने वालों के ख़िलाफ़ विद्रोह करने के लिए उकसाते रहते थे। यह काम वे सरकारी तौर पर नहीं बल्कि कॉमिण्टर्न यानी अन्तर्राष्ट्रीय साम्यवादी संघ के ज़रिये करते थे। उधर साम्राज्यवादी शक्तियां, और ख़ास कर इंग्लैण्ड, सोवियत संघ की हस्ती को ही मिटाने के लिए लगातार साज़िशें कर रही थीं। इसलिए झगड़ा पैदा होना लाज़िमी था। इससे बार-बार झगड़े हुए, जिनके सबब से राजनयिक सम्बन्ध टूट गये और युद्ध की हवा फैलने लगी। १९२७ ई० में आर्कोस के छापे के बाद इंग्लैण्ड से ताल्लुक़ टूटने का जो हाल मैं लिख चुका हूं, वह तुम्हें याद होगा। इस रगड़-झगड़ को समझना आसान है, क्योंकि इंग्लैण्ड तो सबसे बड़ी साम्राज्यवादी शक्ति है, और सोवियत रूस ऐसी विचारधारा पेश करता है, जो सारे साम्राज्यवाद की जड़ पर ही चोट करती है। पर मालूम होता है कि इन दो मुख़ालिफ़ देशों के बीच कोई चीज़ इससे भी ज़्यादा है। यानी उस मौरूसी और पुरानी दुश्मनी की कोई बात है जो ज़ारशाही रूस और इंग्लैण्ड के बीच पीढ़ियों से चली आती थी।

आज इंग्लैण्ड और दूसरे पूंजीवादी देशों को सोवियत फ़ौजों का इतना डर नहीं है जितना सोवियत विचारों और साम्यवादी प्रचार का। ये चीज़ें फौजों की तरह दिखाई तो नहीं देतीं, लेकिन इनसे कहीं ज्यादा शक्तिशाली और ख़तरनाक हैं। इसकी काट करने के लिए रूस के ख़िलाफ़ लगातार झूठे प्रचार का सहारा लिया जाता रहा है और रूसी शरारत के बहुत ही हैरत-भरे क़िस्से फैलाये जाते हैं। इंग्लैण्ड के राजनीतिज्ञ सोवियत के ख़िलाफ़ ऐसी भाषा इस्तैमाल करते हैं, जैसी उन्होंने युद्ध-काल में अपने दुश्मनों के सिवा और किसीके लिए कभी इस्तेमाल नहीं की। सोवियत राजनीतिज्ञों को लार्ड बर्कनहैड ने 'हत्यारों की मजलिस'

[1] **सन् १९३३ ई० में अमेरिका ने सोवियत संघ को मान लिया और दोनों देशों के आपसी कूटनीतिक सम्बन्ध भी स्थापित हो गये।**

और 'दम्भी मेंढकों की मजलिस' तक कह डाला है, और वह भी ऐसे समय में जब कि यह माना जाता है, कि दोनो देशों के बीच सिर्फ़ सुलह ही नही है बल्कि आपसी राजनयिक सम्बन्ध भी है। ऐसी हालतों में ज़ाहिर है कि सोवियत संघ और साम्राज्यवादी शक्तियों में दोस्ताना ताल्लुक़ कभी नहीं रह सकते। दोनों के आपसी मतभेद बुनियादी है। महायुद्ध के जीते और हारे देशों में शायद मेल हो भी जाय, मगर साम्यवादियों और पूंजीवादियों में नही हो सकता। इन दोनों की सुलह सिर्फ चन्दरोज़ा हो सकती है; यह तो सिर्फ लड़ाई बन्द करने की सुलह है।

सोवियत रूस और पूंजीवादी शक्तियों के बीच तकरार का बार-बार उठने-वाला एक कारण यह था कि रूस ने अपने विदेशी क़र्ज़ों को रद्द कर दिया। अब यह मुद्दा मर चुका है, क्योंकि आजकल के कठिन समय में क़रीब-क़रीब हर देश क़र्ज़ चुकाने में ग़फ़लत कर रहा है। मगर फिर भी यह मसला समय-समय पर उठ खड़ा होता है। ज्योंही बोलशेविकों के हाथों में सत्ता आई, त्योंही उन्होंने जारशाही के समय में दूसरे देशों के लिए हुए कर्ज़ों को रद्द कर दिया। इस नीति का ऐलान १९०५ ई० की असफल क्रान्ति से पहले ही कर दिया गया था। सोवियत संघ ने अपनी इस नीति के मुताबिक चीन वग़ैरा पूर्वी देशों पर उसका जो कुछ बाक़ी था उसका दावा छोड़ दिया। इसके अलावा उन्होंने हर्जानो में भी कोई हिस्सा नही मांगा। १९२२ ई० में मित्र-राष्ट्रीय सरकारो ने इन कर्ज़ों के बारे में सोवियत संघ को एक ख़रीता भेजा। इसके जवाब मे सोवियत संघ ने उन्हें याद दिलाई की बीते दिनों में कितने पूंजीवादी राज्यों ने अपने कर्ज़ों और तमस्सुकों को मानने से इन्कार कर दिया था, और विदेशियों की जायदादें जब्त कर ली थी। उसने कहा : "क्रान्तियों से पैदा होनेवाली हुकूमतें और प्रणालियां गिरी हुई हुकूमतों के तमस्सुकों का लिहाज करने के लिए बंधी नहीं है।" सोवियत सरकार ने मित्र-राष्ट्रो को खास तौर पर यह याद दिलाई कि उन्हींमें से एक राष्ट्र फ्रान्स ने अपनी महान क्रान्ति के समय क्या किया था।

> "फ्रान्सीसी परिषद् ने, जिसका जायज़ उत्तराधिकारी होने का फ्रान्स दावा करता है, २२ दिसम्बर, १७९२ ई०, को ऐलान कर दिया था कि 'जनता की प्रभुसत्ता अत्याचारियों की सन्धियों को मानने के लिए पाबन्द नही है'। इस ऐलान के मुताबिक क्रान्तिकारी फ्रान्स ने पिछली हुकूमतों की विदेशों के साथ की गई सन्धियों को ही नही फाड़ फेंका, बल्कि अपने राष्ट्रीय कर्ज को भी मानने से इन्कार कर दिया।"

क़र्ज़ों को रद्द करने की इस वरियत के बावजूद, सोवियत सरकार दूसरी शक्तियों के साथ समझौता करने के लिए इतनी बेताब थी कि क़र्ज़ों के सवाल पर उनके साथ चर्चा करन को पूरी तरह तैयार हो गई। मगर वह इस बात पर अड़

गई कि यह चर्चा तभी हो सकती है जब विदेशी सरकारें बिना किसी शर्त के सोवियत संघ को तसलीम कर लें। सच तो यह है कि सोवियत ने इंग्लैण्ड, फ्रान्स और अमेरिका को क़र्ज़े चुकाने के बारे में कई भरोसे भी दिये, मगर पूंजीवादी शक्तियों की तरफ़ से रूस के साथ समझौता करने की कोई ज़्यादा ख़्वाहिश नहीं दिखाई गई।

अंग्रेज़ों के दावे के मुक़ाबले में सोवियत रूस ने एक मजदार जवाबी-दावा पेश किया था। रूस के ऊपर इंग्लैण्ड के सरकारी और युद्ध-क़र्ज़ों, रेलवे के बांडों, और व्यवसायी पूंजियों के दावों की कुल रक़म ८४,००,००,००० पौंड के लगभग थी। बोलशेविकों ने जवाबी-दावा करके इंग्लण्ड से उस नुक़सान का हर्जाना मांगा, जो रूसी घरेलू-युद्ध में हुआ था, क्योंकि इंग्लैण्ड और उसकी फौजों ने सोवियत के दुश्मनों को मदद दी थी। इस हर्जाने की कुल रक़म ४,०६,७२,२६,०४० पौंड आंकी गई थी, और इसमें से इंग्लैण्ड के हिस्से में २,००,००,००,००० पौंड आते थे। इस तरह सोवियत का यह जवाबी-दावा इंग्लैण्ड के दावे से करीब ढाई गुना था।

बोलशेविकों का यह जवाबी-दावा बहुत कमजोर भी नहीं था। उन्होंने आलाबामा नामक गश्ती-जहाज़ की मशहूर मिसाल दी। १८५०–६० ई० के अमरीकी घरेलू युद्ध के दौरान इंग्लैण्ड ने यह गश्ती जहाज़ दक्षिणी राज्यों के लिए बनाया था। यह जहाज़ घरेलू युद्ध शुरू होने के बाद लिवरपूल से रवाना हुआ था, और इसने उत्तरी राज्यों के जहाज़ों को और व्यापार को बहुत काफ़ी नुकसान पहुंचाया था। इसपर इंग्लैण्ड और अमेरिका के बीच युद्ध की नौबत आ गई थी। संयुक्त राज्य की सरकार ने दावा किया था कि युद्ध-काल में इंग्लैण्ड को यह जहाज दक्षिणी राज्यों को सौंप देने का कोई हक नहीं था। और इस जहाज ने जो नुकसान किया था, उस सबके मुआवज़े का संयुक्त राज्य ने दावा पेश कर दिया। यह मामला पंच-फ़ैसले के सिपुर्द किया गया, और नतीजा यह हुआ कि इंग्लैण्ड को हर्जाने के तौर पर ३२,२९,१६६ पौंड अमेरिका को देने पड़े।

रूसी घरेलू युद्ध में इंग्लैण्ड ने जो हिस्सा लिया था, वह उस गश्ती-जहाज़ के भेजे जाने से कहीं ज़्यादा महत्व का और ज्यादा असरदार था, जिसके लिए उसे भारी मुआवज़ा देना पड़ा था। सोवियत ने सरकारी तौर पर बयान दिया है कि रूस में विदेशी हस्तक्षेपों के युद्ध में १३,५०,००० आदमियों की जानें गई थीं।

रूस के पुराने क़र्ज़ों के सवाल का अभी तक कुछ हिस्सा तय हुआ है, मगर इतना वक़्त बीत जाने पर अब इसका कोई महत्व नहीं रह गया है। उधर हम देख रहे हैं कि इंग्लैण्ड, फ्रान्स, जर्मनी और इटली जैसे बड़े-बड़े पूंजीवादी और साम्राज्य-वादी देश क़रीब-क़रीब वही हरकतें कर रहे हैं, जिनकी वजह से रूस के मामले में उन्हें इतना सदमा पहुंचा था। यह सही है कि वे अपने कर्ज़ों को मानने से इन्कार

नहीं करते, और न पूंजीवादी प्रणाली की बुनियाद को नामंज़ूर करते हैं। वे तो क़र्ज़ चुकाने में सिर्फ़ ग़फ़लत कर जाते हैं, और रुपया नहीं देते।

दूसरे राष्ट्रों के साथ सोवियत की नीति जैसे भी हो वैसे सुलह करने की थी, क्योंकि वह खोई हुई ताक़त हासिल करने के लिए वक़्त चाहता था, और उसका सारा ध्यान अपने लम्बे-चौड़े देश को समाजवादी ढंग पर बनाने के बड़े काम में लगा हुआ था। दूसरे देशों में समाजी क्रान्ति का नज़दीक में कोई आसार नहीं दिखाई देता था, इसलिए 'विश्व-क्रान्ति' का विचार उस वक़्त तो ठंडा पड़ गया था। पूर्वी देशों की तरफ़ रूस ने दोस्ती व सहयोग की नीति अपनाई, हालांकि उनका शासन पूंजीवादी प्रणाली के मातहत था। रूस और तुर्की और ईरान और अफ़गानिस्तान की आपसी सन्धियों के जाल का ज़िक्र मैं कर चुका हूं। बड़ी-बड़ी साम्राज्यवादी शक्तियों से इन सबको एक-सा डर था और एक-सी नफ़रत थी, और यही चीज़ें इन्हें जोड़नेवाली कड़ी थी।

१९२१ ई० में लेनिन ने जो नई आर्थिक नीति चलाई थी, उसका मतलब बिचले किसान-वर्ग को समाजीकरण के पक्ष में ले आना था। मालदार किसानों को, जो 'कुलक' कहलाते हैं (कुलक शब्द का अर्थ घूसा है), बढ़ावा नहीं दिया गया, क्योंकि वे छोटे पैमाने पर पूंजीपति थे और समाजीकरण के सिलसिले को रोकने पर उतारू थे। लेनिन ने देहाती इलाक़ों में बिजली पहुंचाने की भी एक बहुत बड़ी योजना शुरू की, और बिजली पैदा करने की ज़बर्दस्त कलें लगाई गई। इरादा यह था कि किसानों को हर किस्म की सहायता दी जाय, और देश के उद्योगीकरण का रास्ता तैयार किया जाय। इनसब बातों के अलावा इसकी मुराद यह थी कि किसान-वर्ग में उद्योगों की ज़हनियत पैदा हो जाय और वे शहरी मज़दूरों या सर्वहारा-वर्ग के ज़्यादा नज़दीक आ जायं। किसान लोग, जिनके गांवों में बिजली का प्रकाश जगमगाने लगा और जिनकी खेती का बहुत सारा काम बिजली की शक्ति से होने लगा, अपने पुराने ढर्रों को और अन्ध-विश्वासों को छोड़ने लगे और नये ढंग से सोचने लगे। शहरों और गांवों के हितों के बीच, यानी शहरियों और किसानों के हितों के बीच, सदा झगड़ा रहता है। शहर का मज़दूर देहात से सस्ता अन्न और कच्चा माल लेना चाहता है, और कारख़ानों में जो सामान वह बनाता है, उसकी अच्छी कीमत चाहता है। उधर किसान भी शहर से सस्ते औज़ार और कारख़ानों का बना दूसरा समान लेना चाहता है, और अपने पैदा किये हुए अन्न व कच्चे माल की अच्छी कीमत चाहता है। रूस में चार वर्षों के जंगबाज़ साम्यवाद के नतीजे से यह झगड़ा तेज़ होता जा रहा था। नई आर्थिक नीति ज़्यादातर इसी वजह से, और तनाव को ढीला करने के इरादे से, जारी की गई और किसानों को निजी व्यापार करने की सहूलियतें दे दी गईं।

बिजलीकरण की अपनी योजना के बारे में लेनिन को इतना जोश था कि उसने एक गुर बनाया, जो मशहूर हो गया। उसने कहा कि "सोवियत में बिजली मिला दी जाय तो जोड़ साम्यवाद के बराबर हो जाता है"। लेनिन की मौत के बाद भी बिजलीकरण बड़ी तेज़ी से होता रहा। किसान-वर्ग पर असर डालने का और खेती-बाड़ी के तरीकों में सुधार का एक और उपाय था जुताई व दूसरे कामों के लिए मशीनी हलों का इस्तेमाल जारी करना। ये मशीनी-हल अमेरिका की फोर्ड कम्पनी बनाकर भेजती थी। सोवियत ने रूस में मोटरें बनाने का कारखाना खड़ा करने के लिए फ़ोर्ड-कम्पनी को बहुत बड़ा ठेका भी दिया। यह कारखाना हर साल एक लाख तक मोटर-गाड़ियां तैयार कर सकता था। इसका खास काम मशीनी हल बनाना था।

सोवियत की एक और कार्रवाई, जिसकी वजह से विदेशी स्वार्थों से उसकी टक्कर हुई, मिट्टी के तेल और पैट्रोल का उत्पादन और उसका विदेशों में बेचा जाना था। काकेशस प्रदेश के अज़रबाइज़ान और जार्जिया के इलाके में मिट्टी के तेल का भरपूर भंडार है। शायद यह उसी बड़े तेल-क्षेत्र का हिस्सा है, जो ईरान, मोसल और इराक़ तक फैला हुआ है। कैस्पियन सागर के तट पर बाकू दक्षिणी रूस का बड़ा तेलनगर है। सोवियत ने बड़ी-बड़ी तेल-कम्पनियों के मुकाबले में सस्ते भाव पर अपना मिट्टी का तेल और पैट्रोल विदेशों में बेचना शुरू कर दिया। अमेरिका की स्टैण्डर्ड आयल कम्पनी, ऐंग्लो-पर्शियन आयल कम्पनी, रॉयल डच शैल कम्पनी, वगैरा तेल-कम्पनियां बड़ी ज़बर्दस्त हैं, और संसार-भर में मिट्टी के तेल का व्यापार इन्हीं-के हाथों में है। सोवियत ने जब अपना तेल इनसे सस्ते भाव पर बेचा, तो इन्हें बहुत नुकसान हुआ और ये आग-बबूला हो गई। इन्होंने रूसी तेल के खिलाफ़ आन्दोलन शुरू कर दिया और इसे 'चुराया हुआ तेल' बतलाया, क्योंकि रूस ने काकेशस में तेल के कुएं उनके पूंजीपति मालिकों से छीने थे। मगर कुछ दिन बाद इन कम्पनियों ने इस 'चुराये हुए तेल' के साथ भाव-ताव कर लिया।

इस पत्र में और इससे पहले के पत्रों में मैंने बार-बार 'सोवियत' या 'सोवियतों' का जिक्र किया है। कभी-कभी मैंने यह भी लिखा है कि 'रूस' ने यह किया या वह किया। इन शब्दों का इस्तेमाल मैंने ज़रा बेपरवाही के साथ एक ही अर्थ में किया है, और अब मैं तुम्हें बतलाना चाहता हूं कि यह क्या चीज़ है। अलबत्ता यह तो तुम जानती ही हो कि सोवियत गणराज्य की घोषणा, नवम्बर, १९१७ ई० में, पैट्रोग्राड में, बोलशेविक क्रान्ति के बाद की गई थी। ज़ारशाही साम्राज्य कोई सघन राष्ट्रीय राज्य नहीं था। यूरोप और एशिया के कितने ही छोटी-छोटी पराधीन राष्ट्रीय इकाइयों पर खास रूस का प्रभुत्व था। इन छोटी-छोटी राष्ट्रीय इकाइयों की संख्या करीब दो सौ थी, और ये बिल्कुल अलग-

अलग रंग-ढंगवाली थीं। जार के राज्य में इनके साथ अधीन क़ौमों जैसा बर्ताव किया जाता था, और इनकी भाषाओं और संस्कृतियों को भी थोड़ा-बहुत दबाया जाता था। मध्य-एशिया की पिछड़ी हुई क़ौमों की बेहतरी के लिए कुछ भी नहीं किया गया था। हालांकि कोई ख़ास इलाका नहीं था, जिसे यहूदी लोग अपना कह सकें, फिर भी इन्हें तमाम अल्प-संख्यक जातियों से ज़्यादा सताया जाता था, और यहूदियों के 'पोग्रोम' या हत्याकांड बुरी तरह बदनाम हो गये थे। इसका नतीजा यह हुआ कि इन सताई हुई क़ौमों के बहुत लोग रूस के क्रान्तिकारी आन्दोलन में शामिल हो गये, हालांकि उनकी ख़ास दिलचस्पी राजनैतिक क्रान्ति में थी, समाजी क्रान्ति में नहीं। १९१७ ई० में, फरवरी की क्रान्ति के बाद जो काम-चलाऊ सरकार बनी थी, उसने इन क़ौमों को बहुत-से आश्वासन दिये थे, पर असल में कुछ भी नहीं किया। उधर लेनिन ने, बोलशेविक दल के शुरू के दिनों में, क्रान्ति से बहुत समय पहले ही, इस बात पर ज़ोर दिया था कि हर छोटी क़ौम को आत्म-निर्णय का पूरा हक़ दिया जाय, यहांतक कि अगर वे चाहें तो बिल्कुल अलग और स्वाधीन भी हो जायं। पुराने बोलशेविक कार्यक्रम का यह एक अंग था। क्रान्ति के फौरन बाद ही बोलशेविकों ने, जिनकी अब सरकार बन गई थी, आत्म-निर्णय के इस उसूल में अपना पक्का विश्वास फिर जाहिर कर दिया।

घरेलू युद्ध के दौरान ज़ारशाही साम्राज्य टुकड़े-टुकड़े हो गया था, और सोवियत गणराज्य के कब्ज़े में मास्को व लेनिनग्राड के आस-पास के छोटे-छोटे क्षेत्र थे। पश्चिमी शक्तियों के बढ़ावा देने पर बाल्टिक सागर के तटवर्ती फ़िनलैण्ड, लटविया, ऐस्टोनिया, लिथवानिया वगैरा छोटी राष्ट्रीय इकाइयां स्वाधीन राज्य बन गईं। पोलैण्ड भी इसी तरह स्वाधीन राज्य बन गया। जब घरेलू युद्ध में रूसी सोवियत की पूरी जीत हो गई और विदेशी सेनाएं हट गईं तो साइबेरिया और मध्य एशिया में सोवियत हुकूमतें क़ायम हो गईं। इन हुकूमतों के मक़सद एक-से थे, इसलिए इनमें गहरे दोस्ताना ताल्लुक़ हो जाना लाज़िमी था। १९२३ ई० में इन सबने मिलकर सोवियत संघ बना लिया। इसका पूरा सरकारी नाम समाजवादी सोवियत गणराज्यों का संघ[1] रक्खा गया।

१९२३ ई० के बाद संघ के गणराज्यों की संख्या कुछ बदल गई है, क्योंकि कुछ गणराज्यों के दो-दो टुकड़े हो गये हैं। आजकल इस संघ में सात गणराज्य

(१) रूसी समाजवादी संघीय सोवियत गणराज्य (Russian Socialist Federative Soviet Republic)

---

[1] Union of Socialist Soviet Republics —इसका छोटा रूप— U. S. S. R. है।

(२) श्वेत रूसी समाजवादी सोवियत गणराज्य (White Russia S. S. R.)

(३) यूक्रेनी स० सो० ग० (Ukrainian S. S. R.)

(४) काकेशस-पार का समाजवादी संघीय सो० ग० (Trans-Caucasian Socialist Federative S. R.)

(५) तुर्कमेनिस्तान या तुर्कमान स० सो०ग० (Turkeman S. S. R.)

(६) उजबक स० सो० ग० (Uzbek S. S. R·)

(७) ताजिकिस्तान या ताजिक स० सो० ग० (Tadjikistan or Tadjik S. S. R.)

मंगोलिया का भी सोवियत संघ से थोड़ा-बहुत गठ-बन्धन है।

इस तरह सोवियत संघ कई गणराज्यों का सघ है। संघ में शामिल होनेवाले गणराज्यों में से कुछ गणराज्य खुद भी संघ है। मसलन, रूसी स० सं० सो० ग० बारह खुद-मुख्तार गणराज्यों का सघ है, और काकेशस-पार का स० सं० सो० गणराज्य इन तीन गणराज्यों का संघ है : अज़रबाइजान स० सो० ग०, जार्जिया स० सो० ग० और आर्मीनिया स० सो० ग०। आपस में जुड़े हुए और एक-दूसरे पर निर्भर, इन कई गणराज्यों के अलावा, इन गणराज्यों के भीतर भी कई एक 'राष्ट्रीय' और 'स्वशासित' प्रदेश हैं। हर जगह स्वशासन का इतना हक जारी रखने का मकसद यह है कि हरेक छोटी क़ौम को अपनी भाषा व सस्कृति क़ायम रखने का, और ज्यादा-से-ज्यादा आजादी भोगने का, मौक़ा दिया जाय। जहांतक हो सका, इस बात का यत्न किया गया है कि कोई भी राष्ट्रीय या नस्ली समुदाय किसी दूसरे पर अपना प्रभुत्व न जमा सके। अल्पसंख्यकों की समस्या का यह रूसी हल हमारे लिए दिलचस्पी की चीज़ है, क्योंकि हमें खुद अल्पसख्यकों की कठिन समस्या का सामना करना पड़ रहा है। मालूम होता है कि सोवियतों की कठिनाइया हमारी कठिनाइयों से बहुत ज्यादा थी, क्योंकि उन्हें अलग-अलग तरह की १८२ राष्ट्रीय इकाइयों के मामले को सुलझाना था। इस समस्या को उन्होंने बड़ी क़ामयाबी के साथ हल कर लिया है। सोवियत-संघ तो इस आखरी हद तक चला गया कि उसने हरेक अलग क़ौम को तसलीम कर लिया और उसे अपना काम और अपनी शिक्षा अपनी निजी भाषा में चलाने के लिए बढ़ावा दिया। यह सिर्फ़ अलग-अलग अल्पसंख्यकों की जुदागाना प्रवृत्तियों को खुश करने के लिए नहीं किया गया, बल्कि यह महसूस करके किया गया कि जनता की सच्ची शिक्षा और सांस्कृतिक प्रगति देशी भाषाओं के इस्तेमाल से ही कारगर हो सकती है। इसके जो नतीजे निकले है, वे मार्के के है।

संघ की यकसानियत में फ़र्क़ दाखिल करने के इस रवैये के बावजूद, उसके

जुदा-जुदा हिस्से एक-दूसरे के इतन ज़्यादा नज़दीक आते जा रहे हैं जितने ज़ारों की केन्द्रीय सरकार के अधीन रहकर कभी नहीं आये थे। वजह यह है कि सबके मकसद एक-से हैं और सब-के-सब मिलकर सबकी भलाई की कोशिश में लगे हुए हैं। फ़र्ज़ी तौर पर हर गणराज्य को हक़ है कि जब चाहे तब संघ से अलग हो जाय। मगर ऐसी नौबत आने का कोई योग नहीं है, क्योंकि पूंजीवादी जगत की जंगबाज़ी का मुक़ाबला करने के लिए समाजवादी सोवियतों के संघ में बड़ा फायदा है।

इस संघ का मुख्य गणराज्य लाज़िमी तौर पर रूसी गणराज्य है। यह लेनिन-ग्राड से लगाकर साइबेरिया के ठेठ पार तक फैला हुआ है। श्वेत रूसी स० सो० गणराज्य पोलैण्ड के बाज़ू में है। यूक्रेन दक्षिण में काले सागर के किनारे-किनारे चला गया है; यह रूस का अन्न-भंडार है। काकेशस-पार का गणराज्य, जैसा कि इसके नाम से ज़ाहिर है, काकेशस पर्वतमाला के पार कैस्पियन सागर और काले सागर के बीच में है। काकेशस-पार गणराज्यों में ही आर्मीनिया का गणराज्य है, जो बहुत दिनों तक तुर्की और आर्मीनियाइयों के डरावने हत्याकाण्डों का अखाड़ा रहा था। अब सोवियत गणराज्य बन जाने पर यह ठंडा पड़कर अमनपसन्द कार्रवाइयों में लग गया मालूम होता है। कैस्पियन सागर के उसपार तुर्कबेनिस्तान, उज़बेकिस्तान और ताजिकिस्तान के तीन मध्य-एशियाई गणराज्य हैं। उज़बेकिस्तान में बुखारा और समरकन्द के मशहूर शहर हैं। ताजिकिस्तान अफ़ग़ानिस्तान की उत्तरी सरहद पर है और भारत का सबसे नज़दीकी सोवियत प्रदेश है।

मध्य एशिया के साथ हमारा युगों का सम्पर्क होने के सबब से मध्य एशिया के ये गणराज्य हमारे लिए खास दिलचस्पी की चीज़ हैं। पिछले कुछ वर्षों में इनमें जो निराली तरक्की हुई है, उसकी वजह से हमारा दिल इनकी तरफ़ और भी ज़्यादा खिंचता है। ज़ारों के राज्य में ये देश बहुत पिछड़े हुए और अन्ध-विश्वासी थे। शिक्षा का यहां नाम भी नहीं था और ज़्यादातर स्त्रियां परदे में रहती थीं। आज ये देश बहुत बातों में भारत से आगे बढ़ गये हैं।

: १८० :

रूस की पंच-वर्षीय योजना[1]

९ जुलाई, १९३३

लेनिन जबतक ज़िन्दा रहा तबतक रूस का सबसे बड़ा नेता माना जाता रहा। उसके आखिरी फैसले के आगे सब सिर झुकाते थे। जब कभी आपसी झगड़े होते थे, उसका फैसला सबको मानना पड़ता था और साम्यवादी दल के आपस में

[1] रूसी भाषा में इसे पायातिलेतका (Piatiletka) कहते हैं।

लड़नेवाले धड़े फिर मिलकर एक हो जाते थे। पर उसकी मौत के बाद लाज़िमी तौर पर गड़बड़ी पैदा हो गई, क्योंकि अलग-अलग धड़े और अलग-अलग साथी हुकूमत पर कब्ज़ा करने के लिए आपस में लड़ने लगे। बाहर की दुनिया के लिए, और कुछ हद तक रूस में भी, लेनिन के बाद बोलशेविकों में ट्राट्स्की ही सबसे बड़ा व्यक्ति था। अक्तूबर की क्रान्ति में बड़ा अगुवा ट्राट्स्की ही था, और ट्राट्स्की ही वह व्यक्ति था, जिसने ज़बर्दस्त कठिनाइयों का मुक़ाबला करके उस लाल सेना का संगठन किया था, जिसने घरेलू युद्ध में और विदेशियों के दखल के ख़िलाफ़ शानदार जीत हासिल की थी। मगर फिर भी बोलशेविक दल में ट्राट्स्की नया आया था, और लेनिन को छोड़कर सारे पुराने बोलशेविक न तो उसे चाहते थे, न उसपर भरोसा करते थे। इन पुराने बोलशेविकों में से स्टालिन साम्यवादी दल का प्रधान सचिव बन गया था, और इस हैसियत से रूस के सबसे जबर्दस्त और ताक़तवर संगठन की बागडोर इसके हाथों में थी। ट्राट्स्की और स्टालिन के बीच भारी बैर था। ये एक-दूसरे से नफ़रत करते थे और दोनों की धज बिल्कुल अलग-अलग थी। ट्राट्स्की तेजस्वी लेखक और वक्ता था, और अपनेको जबर्दस्त संगठन करनेवाला साबित कर चुका था। इसका दिमाग़ बड़ा तेज़ और सूझ-बूझवाला था; इसे क्रान्ति की नई-नई कल्पनाएं सूझा करती थीं; और अपने शत्रुओं पर यह ऐसे वचनों की चोट करता था, जो उन्हें चाबुक और बिच्छू के डंक की तरह तिलमिला देते थे। इसकी तुलना में स्टालिन एक साधारण आदमी जंचता था —ख़ामोश, बे-रौब और कुन्द-ज़हन। मगर यह भी बड़ा भारी संगठन करनेवाला था, और बड़ा बहादुर सिपाही था, और लोहे जैसे मज़बूत इरादेवाला आदमी था। वास्तव में यह 'लौह पुरुष' ही कहलाने लगा है। लोग ट्राट्स्की के तो गुणों की तारीफ़ करते थे, पर उनके दिलों में विश्वास भरनेवाला स्टालिन ही था। इसका जन्म जॉर्जिया के एक किसान-परिवार में हुआ था, इसलिए यह खुद भी साधारण जनता में से ही ऊपर उठा था। साम्यवादी दल में इन दोनों बुलन्द हस्तियों के लिए गुंजायश नही थी।

स्टालिन और ट्राट्स्की की टक्कर ख़ानगी तो थी ही, पर असल में इससे भी कुछ और ज्यादा थी। क्रान्ति को उभारकर लाने के बारे में दोनों जुदा-जुदा नीतियों और उपायों के नुमायन्दे थे। क्रान्ति से बहुत साल पहले ट्राट्स्की ने 'सदा रहने-वाली क्रान्ति' का मत सोच निकाला था। इस मत के मुताबिक किसी अकेले देश के लिए पूरा समाजवाद क़ायम करना मुमकिन नहीं है, चाहे उस देश की स्थिति कितनी ही मुवाफ़िक़ क्यों न हो। असली समाजवाद तो सारी दुनिया में क्रान्ति के बाद ही कायम हो सकता है, क्योंकि किसान-वर्ग का असरकारक समाजीकरण तभी हो सकता है। आर्थिक विकास में पूंजीवाद के बाद समाजवाद ही अगली ऊंची सीढ़ी है। पूंजीवादी व्यवस्था ज्यों-ज्यों अन्तर्राष्ट्रीय होती जाती है, त्यों-त्यों टूटती जाती

है, जैसा कि आज हम संसार के बहुत-से भागों में देख रहे हैं। इस अन्तर्राष्ट्रीय ढांचे को सिर्फ़ समाजवाद ही अच्छी तरह सम्भाल सकता है, इसलिए समाजवाद टल नहीं सकता। मार्क्स का यही मत था। पर यदि समाजवाद को किसी एक ही देश में चलाया जाय, यानी उसका रूप अन्तर्राष्ट्रीय न होकर राष्ट्रीय ही रहे, तो इसका अर्थ होगा नीचे की आर्थिक सीढ़ी पर उतर आना। सब तरह की तरक्की, जिसमें समाजी तरक्की भी शामिल है, अन्तर्राष्ट्रीयता की बुनियाद पर ही हो सकती है, और इससे पीछे हटना न तो मुमकिन है, न माक़ूल। इसलिए, ट्राट्स्की का कहना था कि आर्थिक लिहाज़ से किसी अलग-थलग देश में समाजवाद क़ायम करना मुमकिन नहीं है; सोवियत-संघ जैसे बड़े देश में भी नहीं। क्योंकि सोवियत को भी कितनी ही बातों के लिए पश्चिमी यूरोप के उद्योगोंवाले देशों पर निर्भर रहना पड़ता है। यह चीज़ ऐसी ही है जैसे शहरों और गांवों या देहाती क्षेत्रों का आपसी सहयोग; उद्योगोंवाले पश्चिमी देश तो मानो शहर हैं, और रूस ज़्यादातर देहाती है। ट्राट्स्की का मत था कि राजनैतिक लिहाज़ से भी कोई अलग समाजवादी देश पूंजीवादी हवा में ज़्यादा समय तक ज़िन्दा नहीं रह सकता। ये दोनों बातें आपस में बिल्कुल बे-मेल हैं, और हम देख चुके हैं कि इसमें कितनी ज़्यादा सचाई है। या तो पूंजीवादी देश मिलकर समाजवादी देश को कुचल डालेंगे, या पूंजीवादी देशों में समाजी क्रान्तियां हो जायंगी, और हर जगह समाजवाद क़ायम हो जायगा। हां, यह हो सकता है कि कुछ वर्षों तक दोनों एक डांवा-डोल संतुलन की हालत में साथ-साथ चलते रहें।

मालूम होता है कि क्रान्ति के पहले और बाद में भी सारे बोलशेविक नेताओं का बहुत हद तक यही विचार था। वे सारी दुनिया में क्रान्ति का, या कम-से-कम कुछ यूरोपीय देशों में क्रान्तियों का, बड़ी बे-सब्री से इन्तज़ार कर रहे थे। महीनों तक यूरोप के आकाश में बादल गरजते रहे, मगर यह तूफ़ान बिना फटे ही टल गया। सब झगड़े-टंटों को छोड़कर रूस अपनी नई आर्थिक नीति को चलाने में लग गया और बहुत-कुछ रोज़मर्रा की मामूली ज़िन्दगी में फंस गया। इसपर ट्राट्स्की ने खतरे का बिगुल बजाया, और बतलाया कि अगर सारी दुनिया में क्रान्ति की तरफ़ ले जानेवाली ज़्यादा सरगर्म नीति नहीं अपनाई गई तो क्रान्ति खतरे में पड़ जायगी। ट्राट्स्की की इस चुनौती के सबब से ट्राट्स्की और स्टालिन के बीच ज़बर्दस्त कुश्ती छिड़ गई, और इस मुठभेड़ ने साम्यवादी दल को कई वर्ष तक हिला डाला। इस मुठभेड़ का नतीजा यह निकला कि स्टालिन पूरी तरह जीत गया, और इसका खास कारण यह था कि दल की कल उसीके हाथों में थी। ट्राट्स्की और उसके समर्थक क्रान्ति के दुश्मन क़रार दिये गए और दल से निकाल दिये गए। ट्राट्स्की को पहले तो साइबेरिया भेजा गया, बाद में उसे सोवियत-संघ से ही देश-निकाला दे दिया गया।

स्टालिन और ट्राट्स्की की मुठभेड़ इस वजह से शुरू हुई कि स्टालिन ने किसानों को समाजवाद के पक्ष में झुकाने के लिए खेती-बाड़ी के बारे में सरगर्म नीति अपनाने का प्रस्ताव किया। यह, बिना इस बात का विचार किये कि और देशों में क्या हो रहा है, रूस में समाजवाद क़ायम करने का प्रयत्न था। ट्राट्स्की ने इसे नामंज़ूर कर दिया और वह अपने 'स्थायी क्रान्ति' के मत पर अड़ा रहा। उसका कहना था कि इसके बिना किसान-वर्ग का पूरा समाजीकरण नहीं हो सकता। सच तो यह है कि स्टालिन ने ट्राट्स्की के बहुत-से सुझाव अपना लिये, लेकिन उन्हें अपनाया अपने निजी ढंग से, ट्राट्स्की के ढंग से नहीं। इसका जिक्र करते हुए ट्राट्स्की ने अपने आत्म-चरित में लिखा है: "राजनीति में किसी कार्रवाई के बारे में फ़ैसला सिर्फ़ इस बात पर नहीं किया जाता कि वह कार्रवाई क्या है, बल्कि इसपर किया जाता है कि वह कार्रवाई कैसे की जाती है और उसे कौन करता है।"

इस तरह इन दो भीमों की ज़बर्दस्त लड़ाई का अन्त हुआ, और जिस रंगमंच पर ट्राट्स्की ने इतना बहादुराना व चमकदार पार्ट अदा किया था, उसीपर से उसे ढकेलकर नीचे गिरा दिया गया। जिस सोवियत संघ के ख़ास-ख़ास बनानेवालों में उसकी गिनती थी, उसीको उसे छोड़कर जाना पड़ा। ट्राट्स्की के क्रियाशील व्यक्तित्व से लगभग सारे देश कांपते थे, इसलिए कोई उसे अपने यहां आने देने को तैयार नहीं था। इंग्लैण्ड ने उसे अपने देश में प्रवेश करने की इजाज़त नहीं दी, और यूरोप के ज़्यादातर दूसरे देशों ने भी ऐसा ही किया। अन्त में उसे तुर्की के एक छोटे-से टापू प्रिन्किपो में कुछ दिन के लिए बसेरा मिला, जो इस्तम्बल के समुद्र-तट के पास है। यहां वह लिखने में मशगूल हो गया, और उसने 'रूसी क्रान्ति का इतिहास' लिखा, जो अपने ढंग का निराला है। स्टालिन की नफ़रत का भूत उसके सिर पर अभी तक सवार था, और वह बड़ी तीखी भाषा में उसकी आलोचना और उसपर हमले करता रहता था। संसार के कुछ भागों में बाक़ायदा ट्राट्स्कीवादी दल तैयार हो गया और यह सोवियत सरकार और कोमिण्टर्न के सरकारी साम्यवाद के खिलाफ़ डटकर खड़ा हो गया।

ट्राट्स्की से निबट लेने के बाद, स्टालिन खेती-बाड़ी की अपनी नई नीति पर अमल करने में अनोखी हिम्मत के साथ जुट गया। उसे कठिन हालतों का सामना करना पड़ा। दिमाग़ी लोगों में मुसीबत और बेकारी फैल रही थी और मज़दूरों की हड़तालें हो रही थीं। उसने मालदार किसानों यानी 'कुलकों' पर भारी कर लगा दिये, और इस रुपये को देहाती सामूहिक खेती के फार्म खड़े करने में लगा दिया। इस सामूहिक खेती का अर्थ था सहकारिता के आधार पर ऐसी खेती, जिसमें बहुत-से किसान मिलकर काम करते थे और मुनाफ़ा आपस में बांट लेते थे। कुलकों और ज़्यादा मालदार किसानों ने इस नीति को बहुत नापसन्द किया

और वे सोवियत सरकार से बहुत नाराज़ हो गये। उन्हें डर था कि उनके ढोर और खेती के औज़ार उनके ग़रीब पड़ौसियों के ढोरों और औज़ारों के साथ शामिल कर दिये जायंगे, और इस डर से उन्होंने सचमुच अपने जानवरों को मार डाला। जानवरों का ऐसा जबर्दस्त सत्यानाश हुआ कि अगले साल अन्न, गोश्त और दूध-मक्खन वग़ैरा की बेहद कमी पड़ गई।

स्टालिन के लिए यह ऐसी चोट थी, जिसकी उसे आशा नहीं थी। मगर वह जी कड़ा करके अपने कार्यक्रम पर अटल रहा। इतना ही नहीं, उसने तो इसे और भी बढ़ाया और उसे सारे संघ के लिए खेती-बाड़ी और उद्योग दोनों की ज़बर्दस्त योजना का रूप दे दिया। इस योजना का काम नमूने के बड़े-बड़े सरकारी खेतों और सामूहिक खेतों के जरिये किसानों को उद्योगों के नज़दीक लाना था; और बड़े-बड़े कारखाने व पन-बिजली पैदा करने के यंत्र डालना, और खानों की खुदाई करना वग़ैरा, था। साथ-ही-साथ शिक्षा, विज्ञान, सहकारी क्रय-विक्रय, लाखों मज़दूरों के लिए मकान बनाना और आम तौर पर उनके रहन-सहन के दर्जे को ऊंचा करना, वग़ैरा-वग़ैरा ढेरों दूसरे काम भी हाथ में लिये जानेवाले थे। यही वह मशहूर 'पंच-वर्षीय योजना' थी, जिसे रूसी लोग अपनी भाषा में 'पायातिलेतका' कहते थे। यह बड़ा ज़बर्दस्त कार्यक्रम था, और इतने बढ़े-चढ़े मनसूबों से भरा था कि किसी मालदार और प्रगतिशील देश के लिए भी एक पीढ़ी में इसे पूरा करना कठिन था। पिछड़े हुए और मुफलिस रूस का तो इसमें हाथ डालना ही हद दर्जे की बेवकूफी मालूम होती थी।

यह पंच-वर्षीय योजना खूब सावधानी से विचार और जांच करने के बाद रची गई थी। वैज्ञानिकों व इंजीनियरों ने सारे देश की पड़ताल की थी, और कार्यक्रम के एक अंग का दूसरे अंग से मेल मिलाने की समया पर बहुत-से विशेषज्ञों ने आपस में चर्चाएं की थीं। क्योंकि असली कठिनाई तो यही मेल मिलाने की थी। कोई बड़ा कारखाना डालना बेसूद था, अगर उसके लिए कच्चा माल मुहैया नहीं हो सकता था। और अगर कच्चा माल सुलभ भी हुआ तो उसे कारख़ाने तक पहुंचाने का सवाल था। इसलिए माल ढोने की समस्या को हल करने के लिए रेलमार्गों का बनाना ज़रूरी था। और रेलों के लिए कोयले की ज़रूरत थी, इसलिए कोयले की खानों की खुदाई ज़रूरी थी। फिर कारखानों को चलाने के लिए शक्ति चाहिए थी। यह शक्ति कारखानों में पहुंचाने के लिए बड़ी-बड़ी नदियों पर बांध बनाकर जल-शक्ति से बिजली पैदा की गई, और फिर इस बिजली को तारों के ज़रिये कारखानों और खेतों में, और रोशनी के लिए शहरों और गांवों में, पहुंचाया गया। लेकिन फिर इनसब कामों के लिए इंजीनियरों, मिस्त्रियों, और सीखे हुए मज़दूरों की ज़रूरत थी, और थोड़े-से समय में बीसियों हज़ार सीखे हुए नर-नारी तैयार कर

देना कोई आसान बात नहीं है। मोटर से चलनेवाले मशीनी हल हजारों की संख्या में फार्मों पर भेजे जा सकते थे, पर उन्हें चलाता कौन ?

पंच-वर्षीय योजना से जो समस्याएं उठ खड़ी हुई थीं, उनकी चकरानेवाली पेचीदगी का कुछ अन्दाज बताने के लिए ये थोड़े-से उदाहरण मैंने दिये हैं। अगर कहीं ज़रा-सी भी भूल हो जाती तो उसका असर बड़ी दूर तक पहुंचता; सारे कार्यक्रम की ज़ंजीर की अगर एक भी कड़ी कमजोर या पिछड़ी-हुई होती तो सारे क्रम में ही देर हो जाती या रुकावट पड़ जाती। मगर पूंजीवादी देशों के मुक़ाबले में रूस को एक बड़ी भारी सहूलियत थी। पूंजीवाद में ये सब काम व्यक्तियों की सूझ-बूझ पर और इत्तफ़ाक़ पर छोड़ दिये जाते हैं, और होड़ की वजह से बहुत-सी मेहनत बेकार जाती है। जुदा-जुदा माल तैयार करनेवालों या जुदा-जुदा कामों में लगे हुए मज़दूरों के बीच कोई तालमेल नहीं होता। अगर संयोग से तालमेल होता भी है तो वह एक ही मंडी में माल बेचनेवालों और खरीदनेवालों में पैदा होनेवाला तालमेल होता है। मतलब यह है कि व्यापक पैमाने पर कोई योजना नहीं बनाई जाती। अलग-अलग कम्पनियां अपने आगे के कामों की शायद योजना बनाती हों, और बनाती भी हैं, मगर अपनी-अपनी योजना बनाने का यह काम इस नज़रिये से होता है कि दूसरी कम्पनियों से बाज़ी मार ली जाय या उन्हें पछाड़ दिया जाय। राष्ट्रीय लिहाज़ से इसका नतीजा योजना बनाने के काम मे बिल्कुल उलटा होता है; इसका अर्थ यह होता है कि बहुतायत और कमी साथ-साथ बने रहते हैं। सोवियत सरकार के लिए यह सुविधा थी कि सारे संघ के तमाम उद्योगों और कामों का संचालन उसके हाथ में था, इसलिए वह ऐसी तालमेलवाली योजना रच सकती थी और अमल में लाने की कोशिश कर सकती थी, जिसमें हर काम को उचित जगह मिली हुई होती थी। इसमें कोई चीज फ़िज़ूल नहीं जाती, हिसाब लगाने या काम करने में ग़लती होने से कुछ नुकसान भले ही हो जाय। और एक जगह से संचालन में ये ग़लतियां भी इतनी जल्दी सुधारी जा सकती हैं, जितनी जल्दी दूसरी हालत में नहीं सुधारी जा सकती।

पंचवर्षीय योजना का मकसद यह था, कि सोवियत संघ में उद्योगवाद की ठोस नींव पड़ जाय। यह इरादा नही था कि हरेक की ज़रूरत का माल, जैसे कपड़ा वग़ैरा बनाने के लिए कुछ कारख़ाने डाल दिये जायं। बाहर के देशों से मशीनें मंगाकर खड़ी करने से यह काम बड़ी आसानी से हो जाता, जैसा कि भारत में किया जाता है। रोज़मर्रा के काम की चीज़ें पैदा करनेवाले ऐसे उद्योग 'हलके उद्योग' कहलाते हैं। ये हलके उद्योग ज़रूरी तौर पर लोहा और इस्पात और मशीनें बनाने के 'भारी उद्योगों' पर निर्भर करते हैं। ये भारी उद्योग हलके उद्योगों के लिए मशीनें और सरंजाम और इंजन वग़ैरा भी तैयार करते हैं। सोवियत सरकार ने

पंच-वर्षीय योजना में आगे की सोचकर इन बुनियादी या भारी उद्योगों पर सारा ध्यान लगाने का फैसला किया। उसने सोचा कि इस तरह उद्योगवाद की जड़ मज़बूती के साथ जम जायगी और बाद में हलके उद्योग चालू करना आसान हो जायगा। भारी उद्योगों से यह भी होगा कि मशीनों और युद्ध-सामग्री के लिए रूस को बाहर के देशों पर इतना निर्भर नहीं रहना पड़ेगा।

इन हालतों में भारी उद्योगों के पक्ष में यही फैसला सही मालूम होता था, पर इसका अर्थ यह था कि जनता को बड़ी कठिन मेहनत करनी थी और ज़बर्दस्त तक़लीफ़ें उठानी थी। भारी उद्योग हलके उद्योगों से खर्चीले भी बहुत ज़्यादा होते हैं, और इन दोनों में बुनियादी फ़र्क़ यह होता है कि भारी उद्यागों से बहुत समय तक तो कोई आमदनी ही नहीं होती। कपड़े का कारख़ाना खुलते ही कपड़ा तैयार करने लगता है, और इसे फौरन बेचा जा सकता है। रोज़मर्रा खपत की चीज़ों का उत्पादन करनेवाले दूसरे हलके उद्योगों का भी यही हाल होता है। पर लोहे और इस्पात का कारख़ाना इस्पात की रेल-पटरियां और रेल के इंजन तैयार तो कर देगा, मगर इनकी खपत या इनका उपयोग तबतक नहीं हो सकता जबतक कि रेलमार्ग न डाला जाय। इसमें समय लगता है, और तबतक बहुत-सा रुपया इस धन्धे में फंसा रहता है, और देश की हालत तंग हो जाती है।

इसलिए ज़बर्दस्त रफ्तार से भारी उद्योग खड़े करने का अर्थ था बड़ी भारी कुर्बानी। इन सारे तामीरी कामों के लिए, बाहर के देशों से आनेवाली इन तमाम मशीनों के लिए क़ीमत देनी पड़ती थी, और वह भी सोने और नक़दी के रूप में। इसका क्या उपाय था? सोवियत संघ की जनता ने अपने पेट पर पट्टी बांध ली और भूखा रहना मंज़ूर किया और अपनेको ज़रूरी चीज़ों तक से महरूम रक्खा, ताकि बाहर के देशों को सामान की कीमत का रुपया भेजा जा सके। उन्होंने अपने यहां की खाने-पीने की चीज़ें विदेशों को भेजीं और इनकी जो क़ीमत मिली, उससे मशीनों के दाम चुकाये। जितनी भी चीज़ें विदेशों में बिक सकती थीं, वे सब उन्होंने भेजीं, जैसे: गेहूं, कंगनी, जौ, मक्का. तरकारियां, फल, अंडे, मक्खन, गोश्त, मुर्गियां, बतखें, शहद, मछलियां, मछलियों का अचार, तेल, चीनी मिठाई की गोलियां चाकलेट, वग़ैरा। इन अच्छी-अच्छी चीज़ों को बाहर भेजने का मतलब यह था कि वे खुद इन चीज़ों के लिए तरसते रह जाते थे। रूस के निवासियों को मक्खन नहीं मिलता था, या बहुत ही कम मिलता था, क्योंकि वह मशीनों के दाम चुकाने के लिए बाहर भेजा जाता था। यही हाल बहुत-सी दूसरी चीज़ों का भी था।

पंच-वर्षीय योजना के भीतर ये ज़बर्दस्त कोशिशें १९२९ ई० में शुरू हुईं। क्रान्ति की भावना एक बार फिर फैल गई; एक आदर्श की पुकार ने जनता के दिलों को हिला डाला और उन्हें अपनी सारी शक्ति इस नई मशक्कत में लगाने

को उकसाया। यह लड़ाई किसी बाहरी या अन्दरूनी दुश्मन से नहीं थी। यह लड़ाई थी रूस की पिछड़ी हुई हालत से, पूंजीवाद के बचे-खुचे रूपों से और रहन-सहन के नीचे दर्जो से। लोगों ने काफ़ी उत्साह से इन और भी ज़्यादा कुर्बानियों को बर्दाश्त किया, और वे तपस्वियों-जैसी कठोर ज़िन्दगी बिताने लगे। उन्होंने वर्तमान को उस भविष्य पर निछावर कर दिया, जो उन्हें अपनी तरफ बुलाता हुआ दिखाई दिया और जिसे बनाने का उन्हें गौरव और सौभाग्य मिला था।

गुज़रे ज़मानों में राष्ट्रों ने अपनी सारी शक्ति समेटकर किसी एक ही बड़े काम को पूरा करने में लगा दी है, पर यह हुआ युद्ध के ही समयों में। महायुद्ध के दौरान जर्मनी और इंग्लैण्ड और फ्रान्स के लिए ज़िन्दगी का एक ही हेतु था : किसी तरह युद्ध जीतना। इस हेतु के आगे बाक़ी सब बातें हेच थीं। मगर सोवियत रूस ने इतिहास में यह सबसे पहली मिसाल पेश की कि राष्ट्र की सारी शक्ति को समेटकर, विनाश में नहीं, बल्कि तामीर की और एक पिछड़े हुए देश को समाजवाद के ही ढांचे में उद्योगों के मामले में ऊंचा उठाने की अमन-पसन्द कोशिश में लगा दिया। पर जनता को, और खासकर ऊपर के और मध्यमवर्गी किसानों को, इसकी बड़ी भारी क़ीमत चुकानी पड़ी, और अक्सर ऐसा लगता था कि ऊंचे मनसूबोंवाली यह सारी योजना ढह जायगी और शायद अपने साथ सोवियत सरकार को भी ले बैठेगी। इसपर मज़बूती से जमे रहने के लिए ज़बर्दस्त हिम्मत की ज़रूरत थी। बहुत-से बोलशेविकों का ख़याल था कि खेती-बाड़ी के कार्यक्रम से लोगों पर जो ज़ोर और तकलीफें पड़ रही थीं, वे बर्दाश्त से बाहर थीं। इसलिए उन्हें थोड़ी देर आराम देना चाहिए। पर स्टालिन ने कभी यह नहीं सोचा। वह तो जी कड़ा करके और धीरज के साथ डटा रहा। वह बातूनी नहीं था : सावजनिक सभाओं में भाषण देने की उसकी आदत नहीं थी। ऐसा लगता था मानो वह किसी अटल नियति की ऐसी लौह मूर्त्ति हो, जो अपने निर्दिष्ट लक्ष्य की ओर बढ़ रही हो। और उसके साहस व पक्के इरादे का कुछ हिस्सा साम्यवादी दल के सदस्यों में और रूस के दूसरे कार्यकर्त्ताओं में भी फैल गया।

पंच-वर्षीय योजना के पक्ष में लगातार प्रचार के ज़रिये जनता का जोश ठंडा नहीं पड़ने दिया गया और लोगों को हरदम नया क़दम बढ़ाने के लिए हांका गया। पन-बिजली पैदा करनेवाले कारखानों, बांधों, पुलों, फैक्टरियों, और सामुदायिक फार्मों को तैयार करने में आम लोगों ने बड़ी दिलचस्पी से काम किया। इंजीनियरी का काम सबसे ज्यादा लोकप्रिय धन्धा बन गया, और अख़बारों में इंजीनियरों के बड़े-बड़े कारनामों के तकनीकी ब्यौरे भरे रहते थे। रेगिस्तान और घास के मैदान आबाद हो गये, और हर उद्योग के गिर्द नये-नये नगर पैदा हो गये। नई-नई सड़कें, नई-नई नहरें, नई-नई रेलें, जिनमें ज्यादातर बिजली की रेलें

थीं, बनाई गई, और हवाई सेवाओं का विकास हुआ। रासायनिक उद्योग, जंगी उद्योग और औज़ार उद्योग क़ायम किये गए, और सोवियत संघ मशीनी हल, मोटर गाड़ियां, रेल के शक्तिशाली इंजन, मोटर इंजन, टरबाइनें और हवाई जहाज़ तैयार करने लगा। लम्बे-चौड़े क्षेत्रों में बिजली के तारों का जाल फैल गया, और रेडियो तो सबके साधारण उपयोग की चीज़ हो गया। बेरोज़गारी बिलकुल ग़ायब हो गई, क्योंकि तामीर का व दूसरी तरह का इतना काम चल रहा था कि जितने भी मज़दूर मिल सकते थे, वे सब काम में लगा दिये गए। यहांतक कि कई इंजीनियर बाहर के देशों से आये और उन्हें ख़ुशी-ख़ुशी रख लिया गया। याद रखने की बात यह है कि यह वह ज़माना था जबकि सारे पश्चिमी यूरोप और अमेरिका में मन्दी फैल रही थी और वहां बेरोज़गारों की संख्या बहुत ज़्यादा बढ़ गई थी।

पंच-वर्षीय योजना का काम आसानी के साथ नहीं चला। अक्सर दिक़्क़तें पैदा हो जाती थीं, तालमेल में कमी हो जाती थी, काम उलटे हो जाते थे, और मेहनत बेकार चली जाती थी। पर इनसब बातों के बावजूद काम की रफ़्तार बढ़ती गई और हमेशा और भी ज़्यादा की पुकार मचती रही। और तब यह नारा उठाया गया : "पंच-वर्षीय योजना चार वर्षों में पूरी होनी चाहिए", मानो इस अद्‌भुत कार्यक्रम के लिए पांच साल का समय भी बहुत ज़्यादा था! यह योजना जाहिरदारी में ३१ दिसम्बर, १९३२ ई० को, यानी चार साल बाद ही पूरी हो गई। और फिर १ जनवरी, १९३३ ई० से फौरन ही नई पंच-वर्षीय योजना चालू कर दी गई।

इस पंच-वर्षीय योजना के बारे में लोग अक्सर बहस किया करते हैं; कुछ तो कहते हैं कि इसे ज़बर्दस्त सफलता मिली और कुछ कहते हैं कि यह बिलकुल असफल रही। उसमें कहां-कहां कसर रही, यह बतला देना काफ़ी आसान है, क्योंकि इससे जो उम्मीदें बांधी गई थीं, वे बहुत बातों में पूरी नहीं हुई। रूस में आज कई बातों में बड़ी भारी कमी-बेशी है, और सबसे बड़ी कमी सीखे हुए और कुशल कर्मचारियों की है। कारख़ाने तो बहुत ज़्यादा हैं, पर उन्हें चलानेवाले काबिल इंजीनियर कम हैं; मानो भोजनालय और पाकशालाएं तो बहुत हैं, पर कुशल रसोइये कम है! इसमें शक नही कि ये कमी-बेशी जल्दी मिट जायगी, या और कुछ नहीं तो घट जायगी। पर एक चीज़ साफ़ है : पंच-वर्षीय योजना ने रूस की काया बिलकुल पलट दी है। पहले वह सामन्ती देश था, अब वह एकदम प्रगतिशील औद्योगिक देश बन गया है। यहां संस्कृति की अद्‌भुत तरक़्क़ी हुई है; और यहां की समाज-सेवाएं, यानी समाजी सेहत और दुर्घटना के बीमों की व्यवस्था, दुनिया-भर में सबसे ज़्यादा पूरी व आगे बढ़ी हुई हैं। ज़रूरी चीज़ों की तकलीफ़ और कमी के बावजूद बेकारी और भुखमरी की जो भयंकर तलवार दूसरे देशों के मज़दूरों के

सिर पर लटकी हुई है, वह रूस से ग़ायब हो गई है। जनता में आर्थिक हिफ़ाज़त की नई भावना पैदा हो गई है।

पंच-वर्षीय योजना की सफलता या असफलता के बारे में तर्क-वितर्क बहुत-कुछ बेसूद है। इसका सही जवाब तो सोवियत संघ की मौजूदा हालत से मिल जाता है। और दूसरा जवाब यह हकीकत है कि इस योजना की छाप दुनिया-भर के लोगों के दिलों में बैठ गई है। अब सब जगह 'योजनाओं' की—पंच-वर्षीय, दश-वर्षीय और तीन-वर्षीय, योजनाओं की चर्चा हो रही है। सोवियत ने इस शब्द में जादू भर दिया है।

: १८१ :

सोवियत संघ की कठिनाइयां, सफलताएं और असफलताएं

११ जुलाई, १९३३

सोवियत रूस की पंच-वर्षीय योजना एक ज़बर्दस्त काम थी। वास्तव में यह ऐसी क्रान्ति थी, जिसमें कई बड़ी-बड़ी क्रान्तियां नत्थी हो रही थीं। ख़ास तौर पर इसमें खेती-बाड़ी की क्रान्ति शामिल थी, जिससे पुराने ढंग के छोटे पैमाने पर खेती-बाड़ी के तरीक़ों की जगह बड़े पैमाने पर सामूहिक और मशीनी खेती-बाड़ी के तरीक़ों ने ले ली थी; और औद्योगिक क्रान्ति भी इसमें शामिल थी, जिससे रूस का उद्योगीकरण बड़ी तेज़ी से हो गया था। पर इस योजना का सबसे ज्यादा दिलचस्प पहलू इसके पीछे काम करनेवाली भावना थी, क्योंकि राजनैतिक व उद्योगों के लिहाज़ से यह भावना नई थी। यह भावना विज्ञान की भावना थी, यानी सोचे-समझे वैज्ञानिक तरीक़े को समाज की रचना में इस्तेमाल करने का यत्न था। इससे पहले किसी ख़ूब आगे बढ़े हुए देश में भी ऐसा कोई प्रयोग नहीं हुआ था, और विज्ञान के तरीक़ों का इन्सानी व समाजी मामलों में यह प्रयोग सोवियत की योजनाओं का ख़ास पहलू था। यही वजह है कि आज सारा संसार योजनाएं बनाने की बात सोच रहा है, लेकिन जब पूंजीवादी ढंग की समाजी व्यवस्था का सारा आधार ही होड़बाजी पर और मिल्कियत में निहित हितों की हिफ़ाज़त पर हो, तब कोई भी कारगर योजना बनाना कठिन है।

लेकिन जैसा कि मैं तुम्हें बतला चुका हूं, इस पंच-वर्षीय योजना से बहुत मुसीबतें और कठिनाइयां और उखाड़-पछाड़ पैदा हो गई। और जनता को इसकी भयंकर क़ीमत चुकानी पड़ी। ज़्यादातर लोगों ने तो यह क़ीमत राज़ी से चुकाई, और अच्छे दिनों के आने की उम्मीद में कुछ वर्षों के लिए क़ुर्बानियां और मुसीबतें झेलना क़बूल कर लिया; कुछ लोगों ने बेमर्जी से क़ीमत चुकाई और सिर्फ सोवियत सरकार की ज़बर्दस्ती की वजह से चुकाई। 'कुलकों' या ज्यादा मालदार किसानों

की गिनती उन लोगों में थी, जिन्होंने सबसे ज़्यादा नुक़सान उठाया। अपनी दौलत और ख़ास रौब-दाब की वजह से नई योजना में इन लोगों का मेल नहीं बैठा। ये ऐसे पूंजीवादी तत्व थे, जो सामूहिक खेती के समाजवादी ढंग पर विकास को रोकते थे। अक्सर वे इस सामूहीकरण का विरोध करते थे, कभी-कभी ये इन सामूहिक खेतियों में उन्हें भीतर से कमज़ोर करने के इरादे से, या अपने लिए उनसे बजा मुनाफ़े वसूल करने के इरादे से घुस जाते थे। इसलिए सोवियत सरकार ने इन्हें बुरी तरह दबोच दिया। सरकार ने उन बहुत-से मध्यम-वर्गी लोगों पर भी बड़ी सख़्ती की, जिनपर उसे यह शक था कि वे उसके दुश्मनों की तरफ़ से भेदियों का या तोड़-फोड़ का काम कर रहे हैं। इसी शुबहे में बहुत-से इंजीनियरों को सजाएं दी गई और जेलों में डाल दिया गया। मगर चूंकि हाथ में ली हुई सैकड़ों बड़ी-बड़ी योजनाओं के लिए इंजीनियरों की ख़ास ज़रूरत थी, इसलिए इससे ख़ुद योजना को ही धक्का पहुंचा।

क़रीब-क़रीब हर जगह बेडौलपन था। ढुलाई की व्यवस्था पिछड़ी हुई थी, इसलिए कारख़ानों की पैदावार और खेतों की उपज ढुलाई के साधनों की कमी के सबब से महीनों पड़ी रहती थी, जिसकी वजह से दूसरी जगहों के काम में गड़बड़ी पड़ जाती थी। मगर सबसे बड़ी कठिनाई तो क़ाबिल विशेषज्ञों और इंजीनियरों की कमी की थी।

पंच-वर्षीय योजना के वर्षों के बीच, सारी दुनिया में, या यों कहो कि पूंजीवादी दुनिया में, इतनी ज़बर्दस्त मन्दी फैल रही थी, जितनी पहले कभी नहीं हुई। व्यापार डूब रहा था, कारख़ाने बन्द हो रहे थे, बेकारी ख़ूब बढ़ रही थी। अन्न और कच्चे माल की क़ीमतों में गिरावट से सारी दुनिया के खेतिहरों में त्राहि-त्राहि मची हुई थी। सोवियत संघ में तो ख़ूब हलचल और रोज़गारी थी, पर इसके मुकाबले दूसरे देशों में काम ठप्प हो रहा था और बेरोज़गारी फैली हुई थी। ऐसा मालूम होता था कि सारी दुनिया की मन्दी का सोवियत संघ पर कोई असर नहीं पड़ा था, क्योंकि उसकी अर्थ-व्यवस्था का आधार ही बिलकुल अलग तरह का था। मगर सोवियत संघ भी मन्दी के नतीजों से बच नहीं पाया; ये पिछले दरवाज़े से चुपचाप घुस आये और इनकी वजह से रूस की दिक़्क़तें बहुत ज़्यादा बढ़ गईं। मैं बतला चुका हूं कि सोवियत रूस बाहर के देशों से मशीनें ख़रीदता था और इनके दाम चुकाने के लिए वह अपने यहां पैदा होनेवाली खाने की चीजें विदेशों में बेचता था। जब दुनिया के बाज़ार में खाने की चीज़ों वग़ैरा के भाव गिरे तो सोवियत को निर्यात से कम आमदनी होने लगी। मगर उसे अपनी ख़रीदी हुई मशीनों के दाम चुकाने के लिए काफ़ी सोना जमा करना ज़रूरी था, इसलिए वह खाने की चीज़ों का दिन-पर-दिन ज़्यादा निर्यात करने लगा। इस तरह व्यापार

की संसार-व्यापी मन्दी और भावों के गिर जाने से रूस को बहुत नुक़सान हुआ और उसके बहुत-से हिसाब उलट-पुलट हो गये और इसके नतीजे से देश में बहुत-सी ज़रूरी चीज़ों की और भी ज़्यादा कमी हो गई और तकलीफ़ें बढ़ गईं।

एक तरफ तो सारे सोवियत संघ में खाने की चीज़ों की लगातार कमी होती जा रही थी, दूसरी तरफ आबादी में ज़बदस्त बढ़ोतरी हो रही थी। तेज़ी से होनेवाली यह बढ़ोतरी, जो खेती की उपज की इतनी ही धीमी रफ़्तार के मुक़ाबले में बहुत ज़्यादा थी, सोवियत की सबसे बड़ी समस्या थी। क्रान्ति से पहले सोवियत संघ के मौजूदा प्रदेश की आबादी तेरह करोड़ थी। घरेलू युद्ध में अपार जन-हानि के बावजूद पिछले वर्षों में आबादी की बढ़ोतरी ध्यान देने लायक़ है :

१९१७ ई० में आबादी	१३,००,००,००० थी
१९२६ ई० में ,,	१४,९०,००,००० थी
१९२९ ई० में ,,	१५,४०,००,००० थी
१९३० ई० में ,,	१५,८०,००,००० थी
१९३३ ई० में ,,	१६,५०,००,००० थी

(बसंत के आंकड़े)

इस तरह पन्द्रह से कुछ ही ऊपर वर्षों में यहां की आबादी में ३,५०,००,००० की बढ़ोतरी हुई है—यानी २६ फीसदी बढ़ोतरी हुई है, और यह ग़ैर-मामूली बात है।

आबादी की यह बढ़ोतरी सारे सोवियत संघ में तो हुई ही, पर शहरों में ख़ासतौर से ज़्यादा हुई। पुराने शहर दिन-पर-दिन बढ़ने लगे, और रेगिस्तानों और घास के मैदानों तक में नये-नये उद्योगोंवाले नगर पैदा हो गये। ढेर-के-ढेर किसान, पंच-वर्षीय योजना के भीतर होनेवाले तामीर के बड़े-बड़े उद्योगों से खिचकर अपने गांवों को छोड़कर शहरों में चले आये। १९१७ ई० में एक लाख से ऊपर आबादी के ऐसे इकतीस शहर थे, पर १९३३ ई० में इनकी संख्या पचास से ऊपर हो गई। पन्द्रह वर्षों के भीतर सोवियत ने उद्योगोंवाले एक सौ नगर खड़े कर लिये थे। १९१३ से १९३२ ई० तक मॉस्को की आबादी दुगुनी हो गई थी, यानी १६ लाख से ३२ लाख तक जा पहुंची थी; लेनिनग्राड की आबादी १० लाख बढ़ गई, और तीस लाख के आस-पास पहुंच गई; काकेशस-पार के बाकू शहर की आबादी भी क़रीब दुगुनी होकर ३,३४,००० से ६,६०,००० हो गई। कुल मिलाकर शहरी आबादी १९१३ ई० में दो करोड़ से १९३२ ई० में साढ़े तीन करोड़ हो गई।

जब कोई किसान शहर में जाकर मज़दूर बन जाता है, तो वह अन्न पैदा करनेवाला नहीं रहता, जैसाकि वह अपने गांव में होता था। कारख़ाने के मज़दूर

की हैसियत से वह मशीनों के सामान और औज़ार भले ही तैयार करता हो, पर जहांतक खाने-पीने की चीज़ों का ताल्लुक़ है, अब वह सिर्फ खरीदार रह जाता है। इसलिए गांव से किसानों के इस भारी निकास का नतीजा यह हुआ कि अन्न पैदा करनेवाले वर्ग का रूप बदलकर खरीदनेवाला वर्ग हो गया। अन्न की समस्या को पेचीदा बनानेवाला यह भी एक हेतु था।

एक हेतु और भी था। देश के बढ़ते हुए उद्योगों के लिए कच्चे माल की ज़रूरत दिन-पर-दिन बढ़ रही थी। मसलन कपड़े के कारख़ानों के लिए रूई की ज़रूरत थी। इसलिए बहुत-से इलाक़ों में अन्न की फसलों के बजाय कपास और दूसरा कच्चा माल बोया जाने लगा। इससे अन्न की उपज और भी कम हो गई।

सोवियत संघ की आबादी में ग़ैर-मामूली बढ़ोतरी ही खुशहाली का एक ग़ौर करने लायक़ चिन्ह था। अमेरिका की तरह यह बढ़ोतरी बाहर से आकर बसनेवालों के कारण नहीं हुई थी। इससे ज़ाहिर होता है कि तकलीफ़ों और महरूमियों के होते हुए भी लोगों को भूखों मरने की नौबत नहीं आई थी। राशन की कड़ी व्यवस्था के ज़रिये लोगों के भोजन की निहायत ज़रूरी चीज़ें देने का इन्तज़ाम किया गया था। अनुभवी देखनेवालों का कहना है कि बहुत करके आबादी में तेज़ी के साथ यह बढ़ोतरी जनता में आर्थिक इतमीनान की भावना की वजह से हुई है। अब परिवार पर बच्चों का बोझ नहीं पड़ता, क्योंकि राज्य की तरफ से उनके पालन-पोषण और शिक्षा का इन्तज़ाम हो जाता है। सफाई और इलाज की सुविधाओं में बढ़ोतरी भी आबादी बढ़ने का एक कारण है। इससे बच्चों के मरने की तादाद २७ फीसदी से घटकर १२ फीसदी रह गई है। मास्को में, १९१३ ई० में, मरनेवालों की तादाद आम तौर पर हज़ार में तेईस से ऊपर थी; १९३१ ई० में यह घटकर तेरह फी हज़ार हो गई।

१९३१ ई० में संघ के कुछ भागों में सूखा पड़ जाने के कारण अन्न की दिक्कतें और भी ज़्यादा बढ़ गईं। १९३१ और १९३२ ई० में दूर-पूर्व में युद्ध के ख़तरे भी पैदा हो गये थे, इसलिए सोवियत ने इस डर से कि दूसरी पूंजीवादी शक्तियों से मिलकर जापान कहीं हमला न कर बैठे और इससे युद्ध न छिड़ जाय, ज़रूरत के वक़्त के लिए सेना के लिए नाज व खाने-पीने की दूसरी चीज़ें जमा करना शुरू कर दिया। एक पुरानी रूसी कहावत है: "डर से आंखें बड़ी हो जाती हैं।" यह बात कितनी सही है, चाहे तो आप इसे छोटे बच्चों पर लागू कीजिये, या जातियों और राष्ट्रों पर! चूंकि साम्यवाद और पूंजीवाद के बीच सच्ची सुलह कभी नहीं हो सकती और साम्राज्यवादी राष्ट्र साम्यवाद को दबाने पर बहुत आमादा हैं, और इस इरादे से चालबाजियां और साज़िशें करते रहते हैं, इसलिए बोलशेविकों के दिलों में हरदम घबराहट बनी रहती है, और ज़रा-सी भी उत्तेजना मिलते ही

वे आंखें फाड़कर देखने लगते हैं। बहुत बार तो उनकी इस परेशानी का कारण भी होता है। ख़ुद अपने ही घर में उन्हें तोड़-फोड़ की या कारख़ानों व दूसरे बड़े धन्धों को तबाह करने की चौतरफ़ा कोशिशों का मुक़ाबला करना पड़ता है।

उन्नीससौ बत्तीस का साल सोवियत संघ के लिए बहुत नाज़ुक साल था। बहुत-से सामूहिक फार्मों में तोड़-फोड़ की और सामूहिक सम्पत्ति की चोरी की जो घटनाएं हुईं, उनके ख़िलाफ़ सोवियत सरकार ने बड़ी सख़्त कारवाइयां की। मामूली तौर पर रूस में मौत की सजा नहीं है, पर उलट-क्रान्ति के अपराधों के लिए इसे जारी कर दिया गया। सोवियत सरकार ने हुक़्म जारी कर दिया कि सामूहिक सम्पत्ति की चोरी उलट-क्रान्ति के बराबर है, इसलिए इसकी सज़ा मौत है। क्योंकि स्टालिन कहता है: "अगर पूंजीवादियों ने निजी सम्पत्ति को पवित्र और महफ़ूज़ क़रार दिया है, और इस तरह अपने ही ज़माने में पूंजीवादी व्यवस्था को मज़बूत बनाने में सफलता हासिल कर ली है, तो हम साम्यवादियों को तो और भी ज़्यादा चाहिए कि सार्वजनिक सम्पत्ति को पवित्र और महफ़ूज़ क़रार दें, ताकि इस तरह अर्थ-व्यवस्था के नये समाजवादी रूपों को मज़बूत बना दें।"

सोवियत सरकार ने लोगों की परेशानी दूर करने के लिए और तरीक़ों से भी कार्रवाइयां कीं। इनमें सबसे महत्व की यह थी कि सामूहिक व निजी फार्मों को अपनी फालतू उपज सीधी शहरों की मंडियों में बेचने की इजाज़त दे दी गई। यह चीज़ हमें कुछ हद तक उस नई आर्थिक योजना की याद दिलाती है, जो १९२१ ई० में लड़ाकू साम्यवाद के ज़माने के बाद शुरू हुई थी, पर उस वक़्त के और आज के सोवियत संघ में बहुत फ़र्क़ है। आज वह समाजवाद के राजमार्ग पर बहुत आगे बढ़ चुका है, उसका उद्योगीकरण हो गया है और उसकी खेती बहुत-कुछ सामूहिक बना दी गई है।

१९२९ और १९३३ ई० के बीच में दो लाख सामूहिक फार्मों का संगठन किया गया, और क़रीब पांच हज़ार सरकारी फार्म भी थे। ये सरकारी फार्म दूसरों के लिए नमूनों की तरह हैं, और इनमें से कुछ तो बहुत ही बड़े-बड़े हैं। इसी काल में १,२०,००० मशीनी-हल चालू किये गए, और क़रीब दो-तिहाई किसान इन सामूहिक खेतों के सदस्य बन गये।

सरकारी संगठन की हलचल एक और ऐसी हलचल है, जिसमें अद्‌भुत तरक़्क़ी हुई है। उपभोक्ताओं की सहकारी समिति के सदस्यों की संख्या १९२८ ई० में २,६५,००,००० थी; १९३२ ई० में यह संख्या ७,५०,००,००० हो गई। इस समिति के पास थोक व फुटकर बिक्री-भंडारों का सिलसिला संघ के एक सिरे से दूसरे सिरे तक, और कोने-कोने में, फैला हुआ है।

१९३३ ई० की पहली जनवरी को दूसरी पंच-वर्षीय योजना शुरू हुई। इसका मकसद हलके उद्योग क़ायम करना है, जिनसे जनता के रहन-सहन का दर्जा बहुत जल्दी ऊंचा हो जायगा। यह भी आशा है कि पहली पंच-वर्षीय योजना की सख़्त मेहनत और संकट के बाद इससे लोगों को ज़्यादा आराम और रहन-सहन की बेहतर हालत के रूप में कुछ इनाम दिया जा सकेगा। अब ज़्यादा ज़रूरी मशीनें ख़रीदने के लिए बाहर के देशों में जाने की ज़रूरत नहीं रही, क्योंकि सोवियत के भारी उद्योग ये मशीनें तैयार करने लगे हैं। विदेशों में ख़रीदे हुए माल के दाम चुकाने के वास्ते भारी मिक़दार में खाने की चीज़ें बाहर भेजने की इल्लत से भी अब सोवियत को राहत मिल गई है।

१९३३ ई० में सामूहिक फार्मों के किसानों की एक कांग्रेस में भाषण देते हुए स्टालिन ने कहा था—

> "सामूहिक खती में लगाये गए तमाम किसानों को आसूदा-हाल बनाना हमारा सबसे पहला काम है। हां, साथियो, आसूदा-हाल। ... कभी-कभी लोग कहते हैं : जब समाजवादी व्यवस्था है, तो अब हम मेहनत क्यों करें ? हमने पहले भी मेहनत की, अब भी मेहनत करते हैं। क्या अब वक़्त नहीं आया है कि हम मेहनत करना छोड़ दें ? ... हरगिज़ नहीं। समाजवाद की इमारत मेहनत-मजूरी पर बनती है। ... समाजवाद की मांग है कि सब लोग ईमानदारी के साथ मेहनत करें, दूसरों के लिए नहीं, मालदारों के लिए नहीं, शोषकों के लिए नहीं, बल्कि ख़ुद अपने लिए, समाज के लिए।"

काम तो हमेशा रहेगा, और रहना ही चाहिए, मगर हो सकता है कि आयन्दा वह उससे ज़्यादा आसान और हलका हो जायगा, जितना कि योजना की शुरुआत के आज़मायशी वर्षों में था। वास्तव में सोवियत संघ का कायदा ही यह है—"जो काम नहीं करेगा वह खायेगा भी नहीं"। पर बोलशेविकों ने काम के साथ एक नया मक़सद जोड़ दिया है : समाजी बेहतरी के लिए काम करने का मक़सद। गुज़रे ज़माने में आदर्शवादियों और इक्का-दुक्का व्यक्तियों ने इस मुराद से हरकत पाकर काम किया है, मगर ऐसी कोई पिछली मिसाल नहीं है, जिसमें सारे समाज ने इस मक़सद को समझा हो और उसके मुताबिक़ काम किया हो। पूंजीवाद की बुनियाद ही मुक़ाबलेदारी और निजी मुनाफा रही है, और वह भी सदा दूसरों को नुक़सान पहुंचाकर। सोवियत संघ में अब मुनाफ़े की नीयत की जगह समाजी नीयत लेती जा रही है और, एक अमेरिकी लेखक ने कहा कि रूस के मज़दूर यह सीख रहे हैं कि "आपसी सहारे का उसूल मान लेने पर ही गरीबी और भय से छुटकारा मिलता है"। हर जगह जनता की छाती पर सवार रहनेवाले गरीबी व असुरक्षा

के ज़बर्दस्त भय को मिटाना बड़ी मार्के की कामयाबी है। कहते हैं, इस इतमीनान के सबब से सोवियत संघ में दिमाग़ी रोगों का अन्त हो गया है।

बस, इन कठिन मेहनत के वर्षों में सोवियत संघ में हर जगह और हर बात में उन्नति हुई है। यह उन्नति दुखदाई और बेडौल तो है, पर शहरों और उद्योगों का बड़े-बड़े सामूहिक फ़ार्मों और बहुत बड़ी-बड़ी सहकारी समितियों का, व्यापार और आबादी का, और संस्कृति और विज्ञान और विद्या का भी, विस्तार तो हुआ ही है। और सबसे बड़ी बात यह है कि इन वर्षों के भीतर सोवियत-संघ में बाल्टिक सागर से लगाकर प्रशान्त महासागर और पामीर और मध्य एशिया के हिन्दू-कुश पर्वतों तक निवास करनेवाली कितनी ही जुदा-जुदा क़ौमों में मेल-मिलाप व एकता पैदा होती दिखाई देती है।

मुझे लोभ होता है कि सोवियत रूस में शिक्षा और विज्ञान और संस्कृति की चौमुखी तरक़्क़ी के बारे में लिखूं, पर मुझे अपने ऊपर लगाम लगानी पड़ेगी। मैं कुछेक इधर-उधर के ऐसे तथ्यों का ज़िक्र करूंगा, जो शायद तुम्हें अच्छे लगें। कई अनुभवी जानकारों ने माना है कि रूस की शिक्षा-प्रणाली आज संसार-भर में सबसे बढ़िया और सबसे नई है। निरक्षरता को तो एक तरह से खतम ही कर दिया गया है, और मध्य-एशिया के उज़बेकिस्तान व तुर्कमेनिस्तान-जैसे पिछड़े हुए इलाक़ों में बहुत ही अद्भुत तरक़्क़ी हुई। मध्य-एशिया के इस प्रदेश में, १९१३ ई० में, १२६ स्कूल थे, जिनमें ६,२०० विद्यार्थी थे, वहां १९३२ ई० में ६,९७५ स्कूल हो गये, जिनमें सात लाख विद्यार्थी थे और इनमें एक-तिहाई से ज़्यादा लड़कियां थीं। सब बच्चों के लिए लाज़िमी शिक्षा जारी कर दी गई है। इस निराली तरक़्क़ी के महत्व को समझने के लिए तुम्हें यह बात याद रखनी चाहिए कि अभी कुछ ही दिन पहले तक संसार के इस भाग में लड़कियां परदे में रक्खी जाती थीं, और उन्हें सबके सामने निकलने नहीं दिया जाता था। कहते हैं कि यह तेज़ तरक़्क़ी लातीनी वर्णमाला के इस्तेमाल की वजह से हुई है, क्योंकि जुदा-जुदा मुक़ामी वर्णमालाओं की बनिस्बत इस वर्णमाला से प्राइमरी शिक्षा बहुत आसान हो गई है। कमाल पाशा ने पुरानी अरबी वर्णमाला की जगह लातीनी लिपि या वर्णमाला चालू की थी, यह मैं तुम्हें बता चुका हूं। यह सूझ, और दूसरी भाषाओं के माफ़िक बदली गई यह वर्णमाला, उसे सोवियत के तजरबे से हासिल हुई थी। १९२४ ई० में काकेशिया के गणराज्य ने अरबी लिपि को छोड़कर लातीनी लिपि अपना ली। निरक्षरता दूर करने में इससे बहुत सफलता मिली और सोवियत संघ की दूसरी छोटी-छोटी क़ौमों में से बहुतों ने लातीनी लिपि अपना ली। इनमें चीनी, मंगोल, तुर्क, तातारी, बूरियत, बश्कीर, ताज़िक, व बहुत-सी दूसरी क़ौमें शामिल हैं। भाषाएं तो मुक़ामी ही रक्खी गईं, जो सदा से काम में आती थीं, सिर्फ़ लिपि बदल दी गई।

यह जानकर तुम्हें दिलचस्पी होगी कि सोवियत संघ की तमाम पाठशालाओं के दो-तिहाई से ज़्यादा बच्चों को पाठशालाओं में ही दोपहर को गर्म खाना खिलाया जाता है। कहना न होगा कि यह खाना मुफ़्त दिया जाता है, और शिक्षा भी बिल्कुल मुफ़्त है। मज़दूरों के राज्य में तो ऐसा होना ही चाहिए।

साक्षरों की तादाद बढ़ने से और शिक्षा में तेज़ी से पढ़नेवालों की संख्या बहुत ज़्यादा बढ़ गई है, और रूस में जितनी पुस्तकें और जितने अख़बार छपते हैं उतने शायद किसी दूसरे देश में नहीं छपते। ये पुस्तकें ज़्यादातर गंभीर और ठोस विषयों की होती हैं, दूसरे देशों की तरह के हलके उपन्यास नहीं। रूसी मज़दूर को इंजीनियरी और बिजली के बारे में इतना कौतूहल है कि वह कहानी पुस्तकों की बजाय इन विषयों की पुस्तकें पढ़ना ज़्यादा पसन्द करता है। लेकिन बच्चों के लिए परियों की कहानियों की भी बड़ी मज़ेदार पुस्तकें है, हालांकि मेरे ख़याल से कट्टर बोलशेविक लोग परियों की कहानियां अच्छी नहीं समझते।

विज्ञान के क्षेत्र में, यानी शुद्ध विज्ञान और उसके अनगिनती उपयोगों में, रूस सबसे ऊंचे दर्जे पर पहुंच चुका है। विज्ञान की बहुत सारी शाखाओं की कितनी ही बड़ी-बड़ी संस्थाएं और प्रयोगशालाएं तैयार हो गई हैं। लेनिनग्राड में वनस्पति उद्योग का एक बहुत बड़ी संस्था है, जिसके पास कम-से-कम २८,००० जुदा-जुदा क़िस्मों के गेहूं है। यह संस्था हवाई जहाज़ों के जरिये चावल बोने के तरीक़ों पर प्रयोग कर रही है।

ज़ारों और अमीरों के पुराने महलों में अब जनता के लिए अजायबघर और विश्राम-गृह और स्वास्थ्य-सदन बना दिये गए हैं। लेनिनग्राड के नज़दीक एक छोटा-सा क़स्बा है, जो 'ज़ारको-सेलो' (ज़ार का गांव) कहलाता था क्योंकि उसमें दो शाही महल थे, और गर्मी के मौसम में ज़ार वहां रहा करता था। अब इसका नाम बदलकर 'देत्स्को-सेलो' (बच्चों का गांव) रख दिया गया है, और मेरा ख़याल है कि वे पुराने महल अब छोटे बच्चों और लड़के-लड़कियों के काम आते हैं। आज सोवियत देश में बच्चों और लड़के-लड़कियों का सबसे ज़्यादा ध्यान रक्खा जाता है। उन्हें अच्छी-से-अच्छी चीज़ें दी जाती हैं, भले ही दूसरे लोगों को इनकी कमी सहनी पड़े। आज की पीढ़ी उन्हींके लिए सारी मेहनत कर रही है, क्योंकि समाजवादी और वैज्ञानिक राज्य के वारिस वे ही बननेवाले हैं, बशर्ते कि ऐसा राज्य उनकी ज़िन्दगी में क़ायम हो जाय। मास्को में माताओं व बच्चों की हिफ़ाजत रखनेवाली एक बहुत बड़ी केन्द्रीय संस्था है।

रूस में स्त्रियों को जितनी आज़ादी है उतनी शायद किसी दूसरे देश में नहीं है। साथ ही राज्य की ओर से उन्हें खास संरक्षण मिले हुए हैं। सारे धन्धे उनके लिए खले हुए हैं, और स्त्री-इंजीनियरों की संख्या तो काफ़ी बड़ी है। सोवियत

सरकार ने बोलशेविक दल की पुरानी सदस्या श्रीमती कोलनताइ को राजदूत के पद पर मुकर्रर किया। अभी तक किसी सरकार ने किसी स्त्री को राजदूत नहीं बनाया था। लेनिन की विधवा-पत्नी श्रीमती क्रुप्सकाया सोवियत शिक्षा-विभाग की एक शाखा की अध्यक्ष हैं।

हर दिन और हर घड़ी होनेवाले इन परिवर्तनों की वजह से सोवियत संघ कौतूहल पैदा करनेवाली भूमि बन गया है। पर उसका कोई हिस्सा इतना कौतूहल-भरा और दिलकश नहीं है, जितने कि साइबेरिया के घास के मैदान और मध्य-एशिया की प्राचीन घाटियां। ये दोनों इन्सानी तब्दीली और तरक्की की धारा से मुद्दतों से विलग थे, पर अब बड़े वेग से छलांग मारकर आगे बढ़ रहे हैं। इन बहुत तेज़ तब्दीलियों का कुछ अन्दाज़ तुम्हें देने के लिए मैं ताज़िकिस्तान का कुछ हाल तुम्हें बतलाना चाहता हूं। यह सोवियत संघ के शायद सबसे पिछड़े हुए प्रदेशों में गिना जाता था।

ताज़िकिस्तान पामीर पर्वतमाला की घाटियों में आक्सस नदी के उत्तर की ओर, अफ़ग़ानिस्तान और चीनी तुर्किस्तान की सरहद से लगा हुआ और भारत की सरहद के पास है। यह बुखारा के अमीरों के मातहत था, जो रूसी ज़ारों के मांडलिक थे। १९२० ई० में बुखारा में मुक़ामी क्रान्ति हुई, अमीर को उखाड़ फेंका गया, और बुखारा जनपद सोवियत गणराज्य क़ायम हो गया। इसके बाद ही घरेलू-युद्ध हो गया, और तुर्की के पुराने लोकप्रिय नेता अनवर पाशा की मौत इन्हीं उपद्रवों के दौरान में हुई। बुखारा के गणराज्य का नाम उज़बेक समाजवादी सोवियत गणराज्य पड़ गया और यह सोवियत संघ के भीतर पूर्ण सत्ताधारी गणराज्य बन गया। १९२५ ई० में उज़बेक प्रदेश के भीतर स्वशासित ताजिक गणराज्य क़ायम हुआ। १९२९ ई० में ताज़िकिस्तान भी पूर्ण-सत्ताधारी गणराज्य बन गया, और सोवियत संघ का सातवां राज्य हो गया।

ताज़िकिस्तान ने यह गौरव तो हासिल कर लिया, पर यह पिछड़ा हुआ इलाक़ा था, जिसकी आबादी दस लाख से भी कम थी और जहां आवा-जाई के कुछ भी साधन नहीं थे; अगर रास्ते भी थे तो सिर्फ़ ऊंटों की पगडंडियां। नई शासन-व्यवस्था में सड़कों, सिंचाई और खेती-बाड़ी, उद्योगों, शिक्षा और स्वास्थ्य-रक्षा के साधनों की तरक्की के क़दम फ़ौरन उठाये गए। मोटरों के लिए सड़कें बनाई गईं, और कपास की बुवाई शुरू की गई और सिंचाई का इन्तज़ाम होने से इसमें खूब सफलता मिली। १९३१ ई० के बीच तक कपास के ६० फ़ी सदी से ज़्यादा बागानों को सामूहिक बागान बना दिया गया, और नाज पैदा करनेवाले इलाक़े को भी ज़्यादातर सामुदायिक फ़ार्मों में संगठित कर दिया गया। एक बिजलीघर क़ायम किया गया, और आठ कपड़ा-मिलें और तीन तेल-मिलें भी डाली गईं। इस प्रदेश

को उज़बेकिस्तान के रास्ते सोवियत संघ की रेल-प्रणाली से जोड़नेवाला रेलमार्ग बनाया गया, और मुख्य हवाई मार्गों से मिलान करनेवाली हवाई सेवा चालू की गई।

१९२९ ई० में इस सारे इलाक़े में सिर्फ़ एक दवाख़ाना था। १९३१ में इकसठ अस्पताल और सैंतीस दन्त-चिकित्सालय हो गये, जिनमें २,१२५ पलंग थे और बीस डाक्टर थे। शिक्षा की प्रगति का कुछ अनुमान नीचे लिखे आंकड़ों से हो सकता है :

१९२५ ई० में : सिर्फ छह आधुनिक स्कूल।
१९२६ ई० के अन्त में : ११३ स्कूल और २,३०० विद्यार्थी।
१९२९ ई० में : ५०० स्कूल।

१९३१ ई० में : २,००० से ऊपर शिक्षण-संस्थाएं, जिनमें विद्यार्थियों की संख्या १,२०,००० से ऊपर।

कहना न होगा कि शिक्षा पर खर्च की जानेवाली रक़म भी एकदम बढ़ गई है। १९२९-३० ई० में स्कूलों का बजट ८०,००,००० रूबल था (बराबर के भाव से एक रूबल क़रीब दो शिलिंग का होता है, पर असली क़ीमत घटती-बढ़ती रहती है); १९३०-३१ का बजट २,८०,००,००० रूबल था। मामूली स्कूलों के अलावा, बच्चों के खेल-स्कूल, ट्रेनिंग स्कूल, पुस्तकालय, और वाचनालय भी खोले गये। जनता में ज्ञान प्राप्त करने की ज़बर्दस्त प्यास थी।

इन हालतों में स्त्रियों का परदे में बना रहना मुमकिन नहीं था, और परदा बड़ी तेज़ी से हटता जा रहा था।

यह सब अनहोनी-सी बात लगती है। यह जानकारी और ये आंकड़े मैंने अमेरिका के एक अनुभवी दर्शक की रिपोर्ट से लिए हैं, जिसने १९३२ ई० के शुरू में ताज़िकिस्तान की यात्रा की थी। तबसे अबतक शायद वहां और भी बहुत-से परिवर्तन हो गये हैं।

मालूम होता है कि सोवियत संघ ने शिक्षा वैग़रा के लिए नये ताज़िक गण-राज्य को पैसे की मदद दी, क्योंकि पिछड़े हुए प्रदेशों को खींच कर आगे लाना सोवियत की नीति है। लेकिन ख़याल किया जाता हैं कि इस देश में खनिजों का ज़बर्दस्त भंडार है। सोना, मिट्टी के तेल और कोयले की खानें तो निकल आई हैं, और लोगों का तो यहां तक विश्वास है कि सोने का भंडार बहुत बड़ा है। पुराने ज़माने में, चंगेज़खां के ज़माने तक इन खानों की खुदाई होती रही, पर मालूम होता है कि तब से इनका काम बन्द पड़ा है।

१९३१ ई० में ताज़िकिस्तान में उलट-क्रान्ति वालों ने बलवा कर दिया, और मालदार ज़मींदार वर्ग के जो बहुत-से लोग देश छोड़ कर अफ़ग़ानिस्तान भाग

गये थे, उन्होंने हमला बोल दिया। मगर यह बलवा फिसफिसाकर रह गया, क्योंकि किसानों ने इसका साथ नहीं दिया।

यह पत्र लम्बा और खिचड़ी बनता जा रहा है। मगर मै अन्तर्राष्ट्रीय जगत म सोवियत संघ की हलचलों का कुछ और हाल तुम्हें बतलाना चाहता हूं। तुम्हें मालूम होगा कि सोवियत ने उस केलॉग-क़रार पर दस्तखत किये थे, जो युद्ध को 'ग़ैर-क़ानूनी' बना देनेवाला माना जाता था। इसके अलावा सोवियत और उसके पड़ौसी देशों के बीच १९२९ ई० में लिट्विनॉफ़-क़रार भी हुआ था। अमन रखने की इच्छा से रूस अलग-अलग देशों के साथ 'हमला-बन्दी' क़रार करता जा रहा था। सोवियत के पड़ोसियों में अकेला जापान ही ऐसा देश था, जो इस किस्म के क़रारनामे के लिए राज़ी नहीं हुआ। नवम्बर, १९३२ ई० में रूस और फ्रांस ने आपस में हमला-बन्दी क़रार कर लिया। संसार की राजनीति में यह एक महत्व की घटना थी, क्योंकि इससे रूस पश्चिमी यूरोप की राजनीति के दायरे में पहुंच गया।

चीन ने एक लम्बी मुद्दत तक तो रूस के साथ अन्दरूनी अदावत रक्खी और राजनयिक सम्बन्ध क़ायम नहीं किये, पर जब मंचूरिया में जापान उसके सिर पर चढ़ आया तो उसने सोवियत सरकार को फिर से मान लिया। जापान के साथ रूस का बाक़ायदा राजनयिक सम्पर्क तो है, पर इनके आपसी ताल्लुक बराबर बिगड़े हुए रहे हैं। एशिया की मुख्य भूमि में जापान के बुलन्द हौसलों के रास्ते में रूस एक रुकावट बनकर खड़ा है, और सरहदी टक्करें अक्सर होती रहती हैं। जापानी सरकार सोवियत को बराबर गुस्सा दिलाती रहती है, और कई बार तो दोनों में युद्ध छिड़ने के आसार भी हो गये। पर रूस ने युद्ध छेड़ने के बजाय चुपचाप अपमान सह लेना बेहतर समझा।

आंग्ल-रूसी रगड़ा-झगड़ा अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति का एक स्थायी पहलू रहा है। अप्रैल, १९३३ ई० में अंग्रेज़ इंजीनियरों पर मास्को में जो मुक़दमा चलाया गया, उसकी वजह से दोनों तरफ बदला लेने की और बदले का बदला लेने की कार्रवाइयां हुईं, मगर अन्त में वह तूफ़ान टल गया, और बाक़ायदा आपसी सम्बन्ध फिर क़ायम हो गये। लेकिन इंग्लैण्ड की अनुदार-दली सरकार सोवियत से नाराज़ है और दोनों के बीच खिचाव हमेशा बना रहता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में रूस की तरफ़ ज्यादा दोस्ताना भावनाएं ज़ोर पकड़ रही हैं, और राष्ट्रपति रूज़वेल्ट बाकायदा सम्बन्ध कायम कर रहा है। अमेरिका और रूस के स्वार्थ दुनिया-भर में कहीं भी आपस में नहीं टकराते।

जर्मनी में नात्सी सरकार के उदय से रूस के लिए नया और कट्टर हमलावर दुश्मन पैदा हो गया है। हालांकि रूस को यह सीधा कोई नुक़सान नहीं पहुंचा

सकता, पर आयन्दा के लिए बड़ा भारी ख़तरा है। यूरोप में फ़ासीवाद की तरफ़ झुकाव ज़ोर पकड़ रहा है।

अन्तर्राष्ट्रीय जगत में रूस का बर्ताव बहुत-कुछ अपने हाल में मस्त व्यक्ति जैसा रहा है। वह सब तरह के झगड़ों से बचता रहा है, और जैसे भी हो वैसे अमन रखने की कोशिश कर रहा है। यह क्रान्तिकारी नीति से उलटी बात है, क्योंकि उसका इरादा तो दूसरे देशों में क्रान्तियां भड़काना है। यह अकेले एक देश में समाजवाद क़ायम करने की और बाहर की सारी उलझनों से बचने की राष्ट्रीय नीति है। साम्राज्यवादी और पूंजीवादी शक्तियों के साथ समझौता, इसका लाज़िमी नतीजा है। पर सोवियत अर्थ-व्यवस्था का असली समाजी आधार क़ायम है और इसकी सफलता ही समाजवाद के पक्ष में सबसे ज़ोरदार दलील है

१९३३ ई० की जुलाई में रूस की यही हालत थी। उस समय लन्दन में विश्व आर्थिक सम्मेलन हो रहा था। इस अवसर पर दूसरे देशों की हाज़िरी से लाभ उठाकर रूस ने अपने पड़ौसी अफ़ग़ानिस्तान, ऐस्टोनिया, लैटविया, ईरान, पोलैण्ड, रूमानिया, तुर्की और लिथवानिया के साथ हमला-बन्दी का क़रार कर लिया। पर जापान पहले की तरह अब भी इसमें शामिल नहीं हुआ।

: १८२ :

विज्ञान आगे बढ़ता है

१३ जुलाई, १९३३

युद्ध के बाद के वर्षों के दौरान संसार-भर में जो राजनैतिक घटनाएं हुई, उनके बारे में मैंने बहुत विस्तार के साथ लिखा है, और जो आर्थिक परिवर्तन हुए उनका थोड़ा-सा ज़िक्र किया है। इस पत्र में मैं दूसरी बातों के बारे में और खासकर विज्ञान और उसके असर के बारे में, लिखना चाहता हूं।

लेकिन विज्ञान की चर्चा शुरू करने से पहले, मैं एक बार फिर तुम्हें उस बड़े परिवर्तन की याद दिलाना चाहता हूं, जो महायुद्ध के बाद से नारी-जाति की हैसियत में आ गया है। क़ानूनी, समाजी और रिवाजी बन्धनों से स्त्री-जाति की यह नामधारी 'मुक्ति' उन्नीसवीं सदी में बड़े-बड़े उद्योगों के साथ शुरू हुई, क्योंकि इनमें स्त्री-मज़दूरों को काम दिया जाने लगा। शुरू में तो इसकी चाल कुछ धीमी रही, पर फिर युद्ध की हालतों ने इस सिलसिले की गति खूब तेज़ कर दी, और युद्ध के बाद तो यह क़रीब-क़रीब पूरी ही हो गई। आज तो ताज़िकिस्तान तक में, जिसका हाल मैं पिछले पत्र में लिख चुका हूं, कुछ ही वर्ष पहले परदे के भीतर रहनेवाली नारियां डाक्टरों, अध्यापकों और इंजीनियरों के काम कर रही हैं। तुम और तुम्हारे ज़माने की स्त्रियां तो शायद इसे बिना बहस की चीज़ मानती हैं। पर वास्तव में

यह सिर्फ एशिया में ही नहीं बल्कि यूरोप में भी एक बिल्कुल नई चीज़ है। सौ वर्ष से कुछ कम हुए, १८४० ई० में, लन्दन में 'विश्व की ग़ुलामी-विरोधी सभा'[१] का पहला अधिवेशन हुआ था। इसमें अमेरिका से कुछ स्त्रियां भी प्रतिनिधि होकर आई थीं, जहां हबशियों की ग़ुलामी से बहुत लोगों के दिलों में हलचल मची हुई थी। मगर इस सभा ने इन 'नारी-प्रतिनिधियों' को इस बिना पर अधिवेशन में नहीं बैठने दिया कि किसी स्त्री का सार्वजनिक सभा में भाग लेना नारी-जाति के लिए अनुचित और हेठी की बात है !

अच्छा तो अब विज्ञान की बात पर आयें। सोवियत रूस की पंच-वर्षीय योजना का बयान करते वक़्त मैंने तुम्हें बतलाया था कि वह विज्ञान की भावना को समाजी मामलों में लागू करनेवाली चीज़ थी। कुछ हद तक यह भावना पिछले क़रीब डेढ़ सौ वर्षों से पश्चिमी सभ्यता के पीछे काम कर रही है। ज्यों-ज्यों इसका प्रभाव बढ़ा है, त्यों-त्यों ख़ुराफ़ात और जादू-टोने और अन्ध-विश्वास के आधार पर टिके हुए विचार अलग हटते गये हैं, और विज्ञान की भावना से मेल नहीं खाने-वाली रीतियों व तरीक़ों का विरोध किया गया है। पर इसका यह अर्थ नही है कि ख़ुराफ़ातों और जादू-टोनों और अन्ध-विश्वासों के ऊपर विज्ञान की भावना को पूरी विजय हासिल हो गई है। यह चीज़ तो अभी बहुत दूर है। लेकिन इसमें सन्देह नहीं कि विज्ञान की भावना बहुत उन्नति कर गई है और उन्नीसवी सदी में इसने धड़ल्ले के साथ बहुत-सी कामयाबियां हासिल की हैं।

उद्योगों में और रोज़ाना ज़िन्दगी में विज्ञान के उपयोगों से जो जबर्दस्त परिवर्तन उन्नीसवीं सदी में हुए, उनका हाल मैं लिख चुका हूं। संसार का, और ख़ासकर पश्चिमी यूरोप व उत्तरी अमेरिका तो बिल्कुल बदल गये; इतने बदले जितने पिछले हज़ारों वर्षों में भी नही बदले थे। उन्नीसवीं सदी में यूरोप की आबादी में भारी बढ़ोतरी तो एक बड़ा ही अचरजभरा तथ्य है। १८०० ई० में समूचे यूरोप की कुल आबादी अठारह करोड़ थी। यह धीरे-धीरे कई युगों में इस संख्या तक पहुंची थी। लेकिन फिर यह तीर की तरह दौड़ी, और १९१४ ई० में ४६ करोड़ हो गई। इसी समय के भीतर ही करोड़ों यूरोपवासी दूसरे महाद्वीपों में, ख़ासकर अमेरिका में, जाकर बस गये, और इनकी संख्या हम चार करोड़ के करीब आंक सकते हैं। इस तरह सौ वर्षों से कुछ ही ज़्यादा समय में यूरोप की आबादी अठारह करोड़ से बढ़कर पचास करोड़ हो गई। यह बढ़ोतरी यूरोप के उद्योगोंवाले देशों में ख़ास तौर पर सामने आई। अठारहवीं सदी के शुरू में इंग्लैण्ड की आबादी सिर्फ़ पचास लाख थी, और यह देश यूरोप के सबसे ग़रीब देशों में गिना जाता था। मगर

---

१ World's Anti-slavery Convention

यह दुनिया का सबसे मालदार देश बन गया और इसकी आबादी चार करोड़ हो गई ।

विज्ञान की जानकारी ने यह मुमकिन कर दिया था कि प्रकृति के तौर-तरीक़े इन्सान के ज़्यादा बस में हो जायं, या यों कहो कि वह उनके रहस्य को समझ जाय, और वह तरक्क़ी व धन-दौलत इसीका नतीजा थी। जानकारी में बड़ी भारी बढ़ोतरी ज़रूर हुई, मगर यह न समझ लेना कि इससे अक़्लमंदी भी ज़रूरी तौर पर बढ़ गई है। आदमियों ने प्रकृति के बलों को वश में करना और अपने उपयोग में लाना तो शुरू कर दिया, पर यह बात उनकी समझ में नहीं आई कि ज़िन्दगी का लक्ष्य क्या है या क्या होना चाहिए। शक्तिशाली मोटर गाड़ी एक उपयोगी और अच्छी चीज़ है, पर यह तो मालूम होना चाहिए कि उसमें बैठकर कहां जाना है। अगर उसका संचालन ठीक तरह न किया जाय तो मुमकिन है वह खड्ड में जा गिरे। ब्रिटिश ऐसोसिएशन ऑव साइन्स के अध्यक्ष ने कुछ दिन हुए कहा था : "इन्सान ने अपने-आपको तो बस में करना सीखा ही नहीं, और प्रकृति को अपने बस में कर लिया।" दुनिया के ज़्यादातर लोग रेलों, हवाई-जहाज़ों, बिजली, बेतार-यंत्र और विज्ञान के हज़ारों दूसरे आविष्कारों को इस्तेमाल करते है, पर यह कभी नहीं सोचते कि ये आये कहां से हैं। हम इन्हे बिना किसी दलील के मान लेते हैं, मानो इनको काम में लेना हमारा हक है। और हमें इस बात का बड़ा अभिमान है कि हम प्रगति करनेवाले युग में रहते है और ख़ुद भी बहुत ज़्यादा प्रगति कर चुके हैं। इसमें तो कोई शक नहीं कि हमारा यह युग पिछले युगों जैसा बिल्कुल नहीं है, और मेरे ख़याल से यह कहना भी बिल्कुल सही है कि यह युग पिछले युगों से बहुत ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ है। पर इसका यह अर्थ नहीं है कि व्यक्तिगत या सामुदायिक हैसियत से मनुष्य ज़्यादा आगे बढ़ गया है। यह कहना हद दर्जे की बेवक़ूफ़ी होगी कि चूंकि इंजिन का ड्राइवर इंजिन चला सकता है और अफ़लातून या सुकरात नहीं चला सकते थे, इसलिए इंजिन का ड्राइवर अफ़लातून या सुकरात से आगे बढ़ा हुआ है या बेहतर है। हां, यह कहना बिल्कुल सही होगा कि अफ़लातून के रथ की बनिस्बत आज का इंजन आवा-जाई का ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ साधन है।

आजकल हम लोग बहुत-सी पुस्तकें पढ़ते हैं, पर मुझे अन्देशा है कि इनमें से ज़्यादातर पुस्तकें बेहूदा होती हैं। पुराने ज़माने में लोग गिनी-चुनी पुस्तकें पढ़ते थे, पर वे अच्छी होती थीं, और इनका ज्ञान भी उन्हें बहुत अच्छा होता था। स्पिनोज़ा, जो बड़ा विद्वान और बुद्धिमान हुआ है, यूरोप के सबसे ऊंचे दार्शनिकों में गिना-जाता है। यह सत्रहवीं सदी में हुआ और ऐम्स्टरडम का रहनेवाला था। कहते हैं कि इसके पुस्तकालय में पूरे साठ ग्रन्थ भी नहीं थे।

इसलिए हमारा यही समझने में भला है कि दुनिया में ज्ञान की जो इतनी

तरक्क़ी हुई है उसका यह लाज़िमी अर्थ नहीं है कि हम ज़्यादा अच्छे बन गये हैं या ज़्यादा बुद्धिमान हो गये हैं। ज्ञान का पूरा लाभ हम तभी उठा सकते हैं जब यह सीख लें कि उसका उचित उपयोग क्या है। अपनी शक्तिशाली गाड़ी को बेतहाशा दौड़ाने से पहले हमें यह जान लेना चाहिए कि हमें किधर जाना है। यानी हमें कुछ यह तो जानना चाहिए कि हमारे जीवन का लक्ष्य और मकसद क्या होना चाहिए। आज अनगिनती लोगों के दिलों में ऐसी कोई धारणा नहीं है, और वे इसके बारे में कभी चिन्ता ही नहीं करते। रहते तो वे विज्ञान के युग में हैं, लेकिन उनपर और उनके कामों पर असर डालनेवाले विचार युगों पहले के हैं। इसलिए कठिनाइयां और रगड़े-झगड़े पदा होना लाज़िमी है। होशियार बन्दर शायद मोटर-गाड़ी चलाना सीख जाय, पर उसके हाथ में गाड़ी दे देना खतरे से खाली नहीं है।

आधुनिक ज्ञान इतना पेचीदा और फैला हुआ है कि हैरत होती है। बीसियों हज़ार खोजी लगातार खोज करते रहते हैं। हरेक अपने-अपने विशेष विभाग में प्रयोग करता है, हरेक अपने-अपने खित्ते में बिल खोदता जाता है और छोटे-छोटे टुकड़े डाल-डालकर ज्ञान के पर्वत को ऊंचा करता जाता है। ज्ञान का क्षेत्र इतना लम्बा-चौड़ा है कि हरेक को अपने-अपने क्षेत्र में योग्य बनना लाज़िमी होता है। अक्सर करके वह ज्ञान के दूसरे विभागों से अनजान होता है, इसलिए हालांकि वह ज्ञान के कुछ विभागों में बड़ा पंडित हो जाता है, पर बहुत-से दूसरे विभागों में बिल्कुल कोरा होता है। इसलिए इन्सानी हलचलों के समूचे क्षेत्र के बारे में अक्लमंदी का नज़रिया रखना उसके लिए कठिन हो जाता है। संस्कृति शब्द के पुराने अर्थों में वह सुसंस्कृत नहीं माना जाता।

हां, ऐसे कुछ व्यक्ति ज़रूर हैं, जो इस तंग विशेषज्ञता से ऊपर उठ गये हैं, और खुद विशेषज्ञ होते हुए भी व्यापक नज़रिया रख सकते हैं। युद्धों और इन्सानी झगड़े-टंटों से न घबराकर ये लोग विज्ञान के अनुसन्धान कर रहे हैं, और पिछले लगभग पन्द्रह वर्षों के अन्दर इन्होंने ज्ञान का भंडार बढ़ाने में निराला हिस्सा लिया है। एल्बर्ट आइन्स्टीन नामक जर्मन यहूदी आज का महान वैज्ञानिक माना जाता है, और हिटलर की सरकार ने इसे जर्मनी से इसलिए निकाल दिया है कि वह यहूदियों को पसन्द नहीं करती।

आइन्स्टीन ने गणित के पेचीदा हिसाबों के ज़रिये भौतिक विज्ञान के कुछ ऐसे नये बुनियादी नियमों की खोज की है, जो सारे ब्रह्माण्ड से ताल्लुक रखते हैं। इनसे उसने न्यूटन के कुछ नियमों में हेर-फेर कर दिया ह, जो दोसौ वर्षों से बिना किसी हननुनच के मंजूर किये जाते रहे हैं। आइन्स्टीन के मत की तसदीक़ बड़े ही दिलचस्प ढंग से हुई। इस मत के मुताबिक प्रकाश की किरणें एक खास ढंग से व्यवहार करती हैं और इसकी जांच सूर्य-ग्रहण के समय की जा सकती है। जब सूर्य-

ग्रहण हुआ तो यह देखा गया कि प्रकाश-किरणें वास्तव में उसी तरह व्यवहार करती हैं। इस तरह गणित के तर्क से निकला हुआ नतीजा प्रयोगों के ज़रिये जांच करने से सही साबित हो गया।

मैं इस नियम की व्याख्या करने की कोशिश नहीं करूंगा, क्योंकि यह बहुत ही मुश्किल से समझ में आनेवाली चीज़ है। यह सापेक्षवाद कहलाता है। ब्रह्माण्ड के बारे में सोचते-सोचते आइन्स्टीन को पता लगा कि काल की कल्पना और आकाश की कल्पना, दोनों अलग-अलग लागू नहीं की जा सकती। इसलिए इसने दोनों को त्याग दिया और एक नई कल्पना पेश की, जिसमें दोनों का गठ-बन्धन कर दिया। यह आकाश-काल की कल्पना थी।

आइन्स्टीन ने तो सारे ब्रह्माण्ड पर विचार किया। दूसरे सिरे पर वैज्ञानिकों ने छोटे-से-छोटे पिंडों के बारे में पड़तालें कीं। मिसाल के लिए सुई की नोक को ले लो। यह शायद छोटी-से-छोटी चीज है, जिसे हमारी आंख बिना किसी आले की मदद के देख सकती है। विज्ञान के तरीक़ों से साबित किया गया कि सुई की यह नोक एक तरह से ख़ुद ही ब्रह्माण्ड के समान है! इसमें अणु होते हैं, जो एक-दूसरे के गिर्द वेग से चक्कर काटते रहते हैं; हर अणु में परमाणु होते हैं, और ये भी बिना एक-दूसरे से टकराये चक्कर लगाते रहते हैं; और हर अणु में बिजली के अनगिनती कण या विद्युत-आवेश या प्रोटन और इलैक्ट्रन, या जो कुछ भी कहो, होते हैं, और ये भी लगातार ज़बर्दस्त तेज़ी से घूमते रहते हैं। इनसे भी छोटे पॉज़ीट्रन और न्यट्रन और डेन्टन होते हैं; और यह अंदाज़ लगाया गया है कि एक पॉज़ीट्रन की औसत आयु एक सेकंड का अरबवां भाग होती है! यह सारी रचना बहुत ही छोटे पैमाने पर उन ग्रहों और ताराओं के समान है, जो आकाश में लगातार चक्कर काटते रहते हैं। याद रखने की बात यह है कि अणु इतना छोटा होता है कि सबसे ज़्यादा ताक़त-वाली ख़ुर्दबीन से भी नहीं देखा जा सकता। रही अणुओं और प्रोटनों और इलैक्ट्रनों की बात, सो इनकी तो कल्पना तक भी नहीं की जा सकती। पर विज्ञान की तकनीक इतनी तरक़्क़ी कर चुकी है कि इन प्रोटनों व इलैक्ट्रनों के बारे में बहुत काफ़ी जानकारी जमा हो चुकी है, और कुछ दिन हुए अणु के टुकड़े भी कर दिये गए हैं।

विज्ञान के नये-नये मतों पर विचार करने में दिमाग़ चक्कर खाने लगता है, और उनके महत्व को समझना बड़ा कठिन हो जाता है। लेकिन मैं तुम्हें इससे भी ज़्यादा हैरत-भरी बात बतलाऊंगा। तुम जानती हो कि हमारी पृथ्वी, जो हमें इतनी बड़ी दिखाई देती है, उस सूर्य का एक छोटा-सा ग्रह है, जो ख़ुद ही बहुत तुच्छ और छोटा तारा है। यह सारा सौर-मंडल आकाश के समुद्र में सिर्फ़ एक बूंद के बराबर है। ब्रह्माण्ड में दूरियां इतनी बड़ी-बड़ी हैं कि उसके कुछ हिस्सों से हमारी पृथ्वी तक प्रकाश को आने में हज़ारों और लाखों वर्ष लग जाते हैं। मतलब यह है कि अगर हम

रात में किसी तारे को देखते हैं तो हम उस तारे का वह रूप नहीं देखते, जो आज है, बल्कि वह रूप देखते हैं, जो उस समय था जब उससे चलकर आनेवाली प्रकाश-किरण ने अपनी लम्बी यात्रा शुरू की थी। और पता नहीं इस यात्रा में कितने सौ या हज़ार वर्ष लगे होंगे। काल और आकाश के बारे में हमारी जो कल्पना है, वह इससे बड़ी उलझन में पड़ जाती है, और यही वजह है कि आइन्स्टीन का आकाश-काल हमें इन बातों पर ग़ौर करने में बहुत ज़्यादा सहायता देता है। अगर हम आकाश का विचार न करें और सिर्फ़ काल का विचार करें तो भूत और वर्तमान आपस में मिल जाते हैं। क्योंकि जिस तारे को हम देखते हैं वह हमारे लिए तो मौजूदा वक्त है, पर वास्तव में हम गुज़रे वक्त को देख रहे हैं। क्योंकि हमें क्या मालूम कि जब प्रकाश की किरण उस तारे से चली थी, उसके बाद शायद उसकी हस्ती मिटे हुए लम्बा ज़माना बीत चुका हो।

मैं कह चुका हूं कि हमारा सूर्य एक मामूली-सा छोटा तारा है। इसी किस्म के करीब एक लाख तारे और हैं, और इन सबका समूह आकाश-गंगा कहलाता है। रात में जितने तारे हमें दिखाई पड़ते हैं, उनमें से ज़्यादातर इसी आकाश-गंगा के भीतर हैं। लेकिन नंगी आंख से हम सिर्फ़ बहुत थोड़े तारों को देख पाते हैं। शक्तिशाली दूरबीनों के ज़रिये हम बहुत ज़्यादा तारों को देख सकते हैं। इस विज्ञान के विशेषज्ञों ने हिसाब लगाया है कि ब्रह्माण्ड में तारों की ऐसी कम-से-कम एक लाख आकाश-गंगाएं हैं !

एक अचम्भे में डालनेवाला तथ्य और भी है। कहा जाता है कि यह ब्रह्माण्ड फैलता जा रहा है। सर जेम्स जीन्स नामक गणितज्ञ ने इसकी तुलना साबुन के बबूले से की है, जो फूलता जा रहा है। ब्रह्माण्ड इतना बड़ा है कि प्रकाश-किरण को इसके एक सिरे से दूसरे सिरे तक पहुंचने में करोड़ों-अरबों साल लग जाते हैं।

अगर तुम्हारे अन्दर अचम्भा करने की कुछ भी गुंजायश बाकी रही हो, तो इस सचमुच हैरत-भरे ब्रह्माण्ड के बारे में मैं तुम्हें कुछ और बातें बतलाता हूं। कैम्ब्रिज के एक मशहूर ज्योतिषी सर आर्थर ऐडिङ्गटन का कहना है कि यह ब्रह्माण्ड धीरे-धीरे टूट रहा है। यह उस घड़ी के समान है, जो बीत चुकी है, और जिसमें अगर किसी तरह दुबारा चाबी नहीं भरी गई तो बिखर जायगी। अलबत्ता इसमें करोड़ों वर्ष लग जाते हैं, इसलिए हमें परेशान होने की ज़रूरत नहीं है।

भौतिक और रसायन उन्नीसवीं सदी के मुख्य विज्ञान थे। इनकी सहायता से प्रकृति की या बाहरी जगत की लगाम मनुष्य के हाथ में आ गई। इसके बाद वैज्ञानिक मनुष्य ने अपने भीतर नज़र डालनी शुरू की और अपना ही अध्ययन शुरू किया। तब जीव-विज्ञान का महत्व बढ़ा। जीव-विज्ञान में मनुष्य और पशुओं

और वनस्पतियों के जीवन का अध्ययन किया जाता है। इस विज्ञान ने इतने ही दिनों में अद्‌भुत प्रगति कर ली है। इस विज्ञान के विशेषज्ञों का कहना है कि इंजेक्शन लगाकर या दूसरे उपायों से मनुष्य के गुण या स्वभाव में परिवर्तन पैदा करना बहुत जल्दी मुमकिन हो जायगा। इस तरह शायद यह मुमकिन हो जाय कि किसी कायर मनुष्य के स्वभाव को बदलकर उसे साहसी मनुष्य बना दिया जाय, या यह भी बहुत-कुछ मुमकिन है कि कोई सरकार अपने आलोचकों और विरोधियों से निबटने के लिए इस तरह उनकी विरोध में खड़े होने की शक्ति को ही कम कर दे!

जीव-विज्ञान के बाद मनुष्य ने आगे मनोविज्ञान की सीढ़ी पर क़दम रक्खा है। इस विज्ञान में मनुष्यों के मानस का, और विचारों का, नीयतों और आकांक्षाओं का विवेचन किया जाता है। इस तरह विज्ञान नये-नये क्षेत्रों में धावे बोल रहा है, और हमें अपने बारे में बहुत-सी बातें बतला रहा है, और शायद हमें अपने ऊपर काबू पाने में सहायता दे रहा हो।

प्रजनन-विज्ञान भी जीव-विज्ञान से आगे की सीढ़ी है। यह विज्ञान मनुष्य-जाति की नस्ल के सुधार से ताल्लुक रखता है।

यह देखकर बहुत दिलचस्पी होती है कुछ जीवों के अध्ययन से विज्ञान के विकास में कितनी सहायता मिली है। बेचारे मेंढक को चीर-फाड़कर यह पता लगाया गया है कि नाड़ियां और मांस-पेशियां किस तरह अपना काम करते हैं। ज़्यादा पके केलों पर बैठनेवाली नन्ही-सी तुच्छ-सी केला-मक्खी से आनुवंशिकता के बारे में जितनी जानकारी मिली है, उतनी दूसरे किसी साधन से नहीं हुई। इस मक्खी पर ग़ौर करने से पता लगा है कि एक वंश के गुण और स्वभाव संस्कारों के रूप में किस तरह अगले वंश में आ जाते हैं। कुछ हद तक इससे यह जानने में सहायता मिलती है कि मनुष्य-जाति में आनुवंशिकता का सिद्धान्त किस तरह काम करता है।

हमको बहुत-सी बातें सिखानेवाला एक और बेकार-सा जीव है साधारण टिड्डा। अमरीकी प्रेक्षकों ने टिड्डों का लम्बे अर्से तक और ग़ौर से अध्ययन करके बतलाया है कि जानवरों में और मनुष्यों में लिंगभेद कैसे पैदा होता है। अब हम इस विषय में बहुत-कुछ जानते हैं कि नन्हा-सा भ्रूण, ठेठ गर्भाधान के समय से ही, किस तरह नर या मादा बनता है, और धीरे-धीरे बढ़ता हुआ छोटा-सा नर या मादा पशु, या लड़का लड़की बन जाता है।

चौथी मिसाल मामूली घरेलू कुत्ते की है। हमारे ही ज़माने के एक मशहूर रूसी वैज्ञानिक पावलाफ़ ने कुत्तों पर ग़ौर से ध्यान देना शुरू किया, और ख़ास तौर पर यह नोट किया कि खाना देखते ही उनके मुंह में पानी कब आता है। उसने कुत्ते के मुंह में इस तरह पैदा होनेवाली लार भी तोल ली। खाना देखते ही कुत्ते के मुंह में पानी आना अपने-आप होनेवाली क्रिया होती है, जिसे 'अनैच्छिक

प्रतिक्रिया' कहा जाता है। छोटा बच्चा ठीक इसी तरह, बिना जाने छींकता है या जम्भाई लेता है या अंगड़ाई लेता है।

इसके बाद पावलॉफ़ ने 'ऐच्छिक प्रतिक्रिया' पैदा करने की कोशिश की। यानी उसने कुत्ते को एक खास इशारे पर खाने का इन्तज़ार करना सिखाया। नतीज़ा यह हुआ कि कुत्ते के दिमाग़ में यह इशारा खाने के साथ जुड़ गया और खाना सामने न आने पर उसी किस्म की प्रतिक्रिया पैदा करने गया।

कुत्तों पर और उनके मुंह में पैदा होनेवाली लार पर किये गए इन प्रयोगों को मानव-मनोविज्ञान का आधार बनाया गया है। यह देख लिया गया है कि शिशु-काल में मनुष्य में बहुत-सी 'अनैच्छिक प्रतिक्रियाएं' होती हैं, और ज्यों-ज्यों वह बढ़ता जाता है त्यों-त्यों उसमें 'ऐच्छिक प्रतिक्रियाओं' का और भी ज्यादा विकास होता जाता है। सच तो यह है कि हम इस ऐच्छिक प्रतिक्रिया के आधार पर ही सबकुछ सीखते हैं। इसीके मुताबिक हमारी आदतें बनती हैं और हम भाषाएं वगैरा सीखते हैं। हमारी क्रियाएं हमारी प्रतिक्रियाओं से संचालित होती हैं, और ये प्रतिक्रियाएं रुचिकर भी होती है और अरुचिकर भी। मामूली दहशत की ही मिसाल ले लो। जब कोई आदमी अपने नज़दीक साप को देखकर, या सांप से मिलते-जुलते रस्सी के टुकड़े को देखकर, बिना सोच-विचार किये बड़ी तेज़ी से उछल पड़ता है, तो इसके लिए उसे पावलॉफ़ के प्रयोगों की जानकारी की ज़रूरत नहीं होती।

पावलॉफ के प्रयोगों ने सारे मनोविज्ञान में क्रान्तिकारी परिवर्तन कर दिया है। कुछ प्रयोग बहुत ही दिलचस्प हैं, परन्तु यहां मैं इस सवाल की ज्यादा व्याख्या नहीं कर सकता। फिर भी मै यह ज़रूर बता देना चाहता हूं कि मनोविज्ञान की जांच के और भी कई अच्छे तरीक़े है।

ये कुछेक मिसालें मैंने इसलिए दी हैं कि तुम्हें विज्ञान के प्रयोगों के तरीक़ों का कुछ अनुमान हो जाय। तत्व की खोज का पुराना तरीक़ा यह था कि जिन बड़ी-बड़ी बातों की छान-बीन करना या पूरी तरह समझना आसान या मुमकिन नहीं था, उनके बारे में वे गोल-मोल चर्चाएं किया करते थे। लोग इनके बारे में तर्क-वितर्क किया करते थे, और उनमें गर्मा-गर्मी भी हो जाती थी, मगर चूंकि ऐसी कोई आखिरी कसौटी नहीं थी, जिसपर उनके तर्क की सचाई या ग़ैर-सचाई की परीक्षा की जा सकती हो, इसलिए मामला सदा अधर लटका रहता था। वे परलोक की चर्चा में इतने मशगूल रहते थे कि इस संसार की मामूली चीज़ों पर ध्यान देना शान के खिलाफ़ समझते थे। लेकिन विज्ञान का तरीक़ा इससे बिल्कुल उलटा है। बहुत मामूली और तुच्छ दिखाई देनेवाले तथ्यों पर ध्यान से ग़ौर किया जाता है, और इनसे बड़े महत्व के नतीजे हासिल होते हैं। इन नतीजों के आधार पर कल्पित

नियम रचे जाते हैं, और बाद में फिर प्रेक्षण और प्रयोगों के ज़रिये इन नियमों की बार-बार जांच की जाती है।

पर इसका यह अर्थ नहीं है कि विज्ञान कभी भूल नहीं करता। वह अक्सर रास्ता भूल जाता है, और उसे उल्टे पैरों लौटना पड़ता है। मगर किसी सवाल पर ग़ौर करने का सही तरीका सिर्फ़ विज्ञान का तरीक़ा ही हो सकता है। उन्नीसवीं सदी में विज्ञान में अहंकार की और अपनेको कामिल समझने की जो भावना थी, वह अब सारी-की-सारी खतम हो गई है। उसे अपनी सफलताओं पर गर्व है, पर साथ ही वह ज्ञान के उस लम्बे-चौड़े और सदा फैलते हुए समुद्र के आगे सर झुकाता है, जो अभी तक अनखोजा पड़ा है। बुद्धिमान आदमी महसूस करता है कि उसका ज्ञान कितना तुच्छ है; सिर्फ़ मूर्ख ही यह समझता है कि वह सबकुछ जानता है। यही बात विज्ञान पर लागू होती है। वह जितनी प्रगति करता जाता है, उतनी ही उसकी हठधर्मी कम होती जाती है, और जो सवाल उससे पूछे जाते हैं, उनके जवाब देने में वह उतना ही ज़्यादा झिझकने लगता है। ऐडिङ्ग्टन ने लिखा है : "विज्ञान की प्रगति का नाप यह नहीं है कि हम कितने सवालों के उत्तर दे सकते हैं, बल्कि यह है कि हम कितने सवाल पूछ सकते हैं।" शायद यह सही हो, पर फिर भी विज्ञान तो दिन-पर-दिन ज्यादा ही सवालों के उत्तर देता जा रहा है, और जीवन का रहस्य समझने में हमारी सहायता कर रहा है। और अगर हम वास्तव में उससे लाभ उठाना चाहते हों तो वह हमें ऐसी अच्छी ज़िन्दगी बिताने के क़ाबिल बनाता है, जो पाने लायक़ मंज़िल की ओर ले जानेवाली है। वह ज़िन्दगी के अंधेरे कोनों को रोशन करता है, और हमें ख़ुराफ़ातों के गोल-मोल झमेले में डालने के बजाय हक़ीक़त के सामने खड़ा कर देता है।

: १८३ :

विज्ञान का अच्छा और बुरा उपयोग

१४ जुलाई, १९३३

पिछले पत्र में मैंने तुम्हें विज्ञान के नये-से-नये कारनामों के विचित्र देश की झांकी कराई थी। मैं नहीं कह सकता कि इस झलक से विचार और सफलता की यह दुनिया तुम्हे पसन्द आयेगी या नहीं और अपनी ओर खीचेगी या नहीं। अगर तुम्हें इन विषयों के बारे में ज़्यादा जानने की इच्छा हो, तो तुम आसानी से बहुत-सी पुस्तकें तलाश कर सकती हो। पर यह याद रखना कि मानव-विचार हमेशा आगे बढ़ता रहता है, प्रकृति की और विश्व की समस्याओं से सदा जूझता रहता है और उन्हें समझने की कोशिश करता रहता है, और जो बातें मैं आज तुम्हें बतला रहा हूं वे कल ही बिल्कुल अधूरी और पुरानी हो सकती हैं। मनुष्य के दिमाग़ की यह चुनौती किस तरह ब्रह्माण्ड के दूर-दूर कोनों में उड़ानें भरती

हैं, और उसके रहस्यों का पता लगान का यत्न करती है, और बड़ी-से-बड़ी व छोटी-से-छोटी दिखाई देनेवाली चीज़ों को पकड़ने और नापने का साहस करती है, इनसब बातों की ओर मै बहुत आकर्षित हो जाता हूं।

यह सब 'विशुद्ध' विज्ञान कहलाता है, यानी वह विज्ञान जिसका ज़िन्दगी पर कोई सीधा या फौरन असर नही पड़ता। ज़ाहिर है कि सापेक्षवाद, या 'आकाश-काल' की कल्पना, या ब्रह्माण्ड का आकार, इनका हमारी रोज़ाना ज़िन्दगी से कोई ताल्लुक नही है। इस किस्म की ज़्यादातर कल्पनाएं ऊंचे दर्जे के गणित पर निर्भर हैं, और इस अर्थ में गणित के ये पेचीदा व ऊपरले प्रदेश विशुद्ध विज्ञान हैं। ज़्यादातर लोगों को इस क़िस्म के विज्ञान में ज़्यादा दिलचस्पी नहीं है; वे तो रोज़ाना ज़िन्दगी में विज्ञान के अमली उपयोगों की तरफ़ ज़्यादा खिंचते हैं, और यह क़ुदरती बात भी है। इसी अमली विज्ञान ने पिछले डेढ़ सौ वर्षो में ज़िन्दगी में क्रान्तिकारी परिवर्तन पैदा कर दिया है। सच तो यह है कि आज की ज़िन्दगी विज्ञान की इन शाखा-प्रशाखाओं के ही सहारे चलती और ढलती है; और हमारे लिए यह सोचना मुश्किल है कि इनके बिना जिन्दा कैसे रह सकते है। लोग अक्सर गुज़रे ज़माने के बीते हुए अच्छे दिनों की, या गुज़रे स्वर्ण-युग की बातें चलाया करते हैं। पिछले इतिहास के कुछ ज़माने ख़ास तौर पर दिल-कश हैं, और मुमकिन है कि कुछ बातों में वे हमारे ज़माने से बढ़िया भी हों। पर शायद यह खिंचाव भी जितना दूरी की नज़र से या एक ख़ास धुंधलेपन की वजह से है उतना दूसरी किसी वजह से नहीं है। किसी युग को हम शायद इसलिए महान समझते हैं कि वह कुछ महान व्यक्तियों से सजा हुआ है या जिसपर इन व्यक्तियों की छाप है। इतिहास में शुरू से लगाकर अबतक साधारण लोगों की हालत बड़ी खराब रही है। विज्ञान ने उनका युगों पुराना बोझ कुछ हलका किया है। अगर तुम अपने चारों तरफ निगाह डालो तो देखोगी कि जिन चीज़ो को तुम देख सकती हो, उनमें से ज़्यादातर का विज्ञान के साथ कुछ-न-कुछ ताल्लुक है। हम अमली विज्ञान के साधनों से यात्रा करते हैं, इन्हींके ज़रिये एक-दूसरे को समाचार भेजते हैं, हमारे खाने-पीने की चीज़ें भी अक्सर इन्हीं साधनों से तैयार होती हैं और एक जगह से दूसरी जगह भेजी जाती है। जो अख़बार हम पढ़ते है, या हमारी पुस्तकें, या जिस कागज़ पर मैं लिख रहा हूं या जिस क़लम से लिख रहा हूं, ये सब चीज़ें विज्ञान के साधनों के अलावा दूसरी तरह से तैयार ही नहीं हो सकतीं। सार्वजनिक सफाई और सेहत और कुछ रोगों पर विजय, विज्ञान पर ही निर्भर हैं। आधुनिक संसार के लिए अमली विज्ञान के बिना काम चलाना बिल्कुल नामुमकिन है। बाक़ी तमाम दलीलें छोड़ भी दी जायं तो एक दलील आख़िरी और नतीजे पर पहुंचनेवाली है कि विज्ञान की मदद के बिना संसार के निवासियों को काफ़ी ख़ूराक नहीं मिल सकेगी, और आधे से ज़्यादा लोग भरपेट खाना न मिलने से मौत के मुंह में चले जायंगे। मैं बतला चुका हूं कि बीते सौ वर्षोंमें

आबादी किस तरह छलांग मारकर बढ़ गई है। यह बढ़ी हुई आबादी तभी ज़िन्दा रह सकती है जब खाने की चीज़ें पैदा करने के लिए उन्हें एक जगह से दूसरी जगह ले जाने के लिए विज्ञान की सहायता ली जाय।

जबसे विज्ञान ने मानव-जीवन में बड़ी-बड़ी मशीनों को दाख़िल कराया है, तभीसे उनमें सुधार करने का सिलसिला जारी है। मशीनों को ज़्यादा कारगर और मनुष्य की मेहनत पर कम निर्भर बनाने के लिए हर साल तो क्या हर महीने अनगिनती छोटे-छोटे फेर-बदल होते रहते हैं। तकनीक में ये सुधार, या विज्ञान के उपयोग में ये तरक्कियां, बीसवीं सदी के पिछले तीस वर्षों में तो ख़ास तेज़ी के साथ हुई हैं। पिछले वर्षों में परिवर्तन की यह रफ्तार, जो अब भी चालू है, इतनी ज़बर्दस्त रही है कि इसने उद्योगों और पैदावार के साधनों में वैसा ही क्रांतिकारी परिवर्तन कर दिया है, जैसा कि अठारहवीं सदी के पिछले हिस्से में उद्योगों की क्रान्ति से हुआ था। पैदावार के कामों में बिजली का लगातार बढ़ता हुआ उपयोग इस क्रान्तिकारी परिवर्तन का बड़ा सबब है। इस तरह बीसवीं सदी में, ख़ासकर संयुक्त राज्य अमेरिका में, बिजली की क्रान्ति हुई है, और इसके सबब से ज़िन्दगी की हालत ही बिल्कुल बदल गई है। जिस तरह अठारहवीं सदी की औद्योगिक क्रान्ति से मशीन-युग आया, उसी तरह बिजली की क्रान्ति से अब शक्ति-युग आ रहा है। उद्योगों, रेलों व दूसरे अनगिनती प्रयोजनों के लिए उपयोग में आनेवाली बिजली अब हर चीज़ पर हावी हो रही है। यही कारण था कि लेनिन ने बड़े दूर की बात सोचकर सारे रूस में पन-बिजली के विशाल बिजलीघर बनाने का फैसला किया था।

दूसरे सुधारों के साथ-साथ उद्योगों में बिजली के इस उपयोग से बिना ज़्यादा ख़र्च के ही बड़ा भारी परिवर्तन हो जाता है। मसलन, बिजली से चलनेवाली मशीनों में ज़रा-सी फेर-बदल से पैदावार दुगनी हो जाती है। इसका बहुत बड़ा कारण यह है कि आदमी के तत्व को लगातार हटाया जा रहा है, क्योंकि आदमी धीरे-धीरे काम करता है और कभी-कभी भूल भी कर बैठता है। इसलिए ज्यों-ज्यों मशीनों में उन्नति होती जाती है, त्यों-त्यों उनपर काम करनेवाले मज़दूरों की संख्या कम होती जाती है। आजकल एक अकेला मनुष्य कुछ हत्थों को घुमाकर या बटनों को दबाकर बड़ी-बड़ी मशीनों को चलाता है। इसका नतीजा यह होता है कि कारखानों में तैयार होनेवाले माल की पैदावार बहुत ज़्यादा बढ़ जाती है, और साथ ही कारखानों के बहुत-से मज़दूर निकाल दिये जाते हैं, क्योंकि अब उनकी ज़रूरत नहीं रहती। इसीके साथ-साथ उद्योगों में विज्ञान का उपयोग में इतनी तेज़ी से बढ़ रहा है कि कोई नई मशीन कारख़ान में लगने भी नहीं पाती कि नये सुधारों की वजह से वह कुछ हद तक पुराने ढंग की हो जाती है।

मज़दूरों की जगह मशीन लगाने का यह सिलसिला मशीनों की शुरुआत से ही चला आ रहा है। शायद मैं तुम्हें बतला चुका हूं कि उन दिनों बहुत दंगे हुए

थ, और गुस्से में भरे मज़दूरों ने नई मशीनें तोड़-फोड़ डाली थीं। पर बाद में मालूम हुआ कि आख़िरकार मशीनों से ज्यादा लोगों को काम मिलता है। चूंकि मशीन की सहायता से मजदूर ज़्यादा माल तैयार कर सकता था, इसलिए उसकी मजूरी की दर ऊंची हो गई और चीज़ों की क़ीमतें गिर गई। इससे मज़दूर और साधारण लोग इन चीज़ों को ज़्यादा ख़रीद सकते थे। उनके रहन-सहन के ढंग भी पहले से अच्छे हो गये, और कारख़ानों के बने माल की मांग बढ़ने लगी। इसका नतीजा यह हुआ कि और भी ज़्यादा कारख़ाने डाले जाने लगे, और उनम और भी ज़्यादा मज़दूर काम पर लगाये गए। मतलब यह कि, हालांकि मशीनों ने हर कारख़ाने में मज़दूरों की संख्या कम कर दी, पर कुल मिलाकर पहले से भी ज़्यादा मज़दूर काम पर लग गये, क्योंकि कारख़ानों की संख्या बहुत बढ़ गई।

यह सिलसिला मुद्दत तक चलता रहा, क्योंकि औद्योगिक देशों ने पिछड़े हुए देशों की दूर-दूर मंडियों पर क़ब्ज़ा करके इसे मदद पहुंचाई। मगर पिछले कुछ वर्षों में यह सिलसिला बन्द हो गया मालूम देता है। शायद मौजूदा पूंजीवादी प्रणाली में और ज़्यादा विस्तार मुमकिन नहीं है, और इस प्रणाली में कुछ परिवर्तन ज़रूरी हो गया है। आज के उद्योग 'मास-प्रोडक्शन[1]' के पीछे पड़े हुए हैं, पर यह तभी चल सकता है जब इस तरह तैयार हुआ माल जनता ख़रीदे। अगर जनता बहुत ग़रीब है या बहुत बे-रोज़गार है, तो वह इस माल को नहीं ख़रीद सकती।

पर इसके बावजूद तकनीकों में बराबर तरक़्क़ी हो रही है, और इसका नतीजा यह हो रहा है कि मशीनें मज़दूरों की जगह लेती जा रही हैं और बेकारों की संख्या बढ़ा रही हैं। १९२९ ई० से सारी दुनिया में व्यापार की भारी मंदी चल रही है, मगर इतने पर भी उद्योगों में विज्ञान का बढ़ता हुआ उपयोग नहीं रुका है। कहते हैं कि १९२९ ई० से अबतक संयुक्त राज्य अमेरिका में इतनी तरक़्क़ी हुई है कि जो लाखों आदमी बकार हो गये हैं, उन्हें कभी काम पर लगाया ही नहीं जा सकता; चाहे पैदावार १९२९ ई० के बराबर ही क्यों न क़ायम रक्खी जाय।

सारे संसार में, और ख़ासकर आगे बढ़े हुए औद्योगिक देशों में, बेकारी की बड़ी समस्या पैदा करनेवाले और भी कितने ही कारण हैं, पर यह एक बड़ा कारण है। यह एक निराली और उल्टी समस्या है, क्योंकि नई-नई मशीनों के ज़रिये बहुत ज़्यादा पैदावार का नतीजा यह होना चाहिए कि राष्ट्र ज़्यादा मालदार हो जाय और हरेक मनुष्य के जीवन का स्तर ऊंचा उठ जाय। इसका उलटा नतीजा हुआ है ग़रीबी और ज़बर्दस्त मुसीबत। ख़याल होता है कि इस समस्या का विज्ञान के ढंग से हल कठिन नहीं होगा। शायद कठिन है भी नहीं। पर असली कठिनाई

[1] Mass Production—**कारख़ाने में कोई एक चीज़ बहुत भारी मिक़दार में तैयार करना।**

इसे विज्ञान के और उचित ढंग पर हल करने की कोशिश में सामने आती है। क्योंकि ऐसा करने में बहुत-से जमे हुए स्वार्थों पर चोट पड़ती है, और ये स्वार्थ इतने ताक़तवर हैं कि अपनी-अपनी सरकारों पर इनका पूरा काबू है। इसके अलावा यह समस्या जड़ में अन्तर्राष्ट्रीय है, और आज की राष्ट्रीय लाग-डांटें कोई अन्तर्राष्ट्रीय हल निकलने नहीं देतीं। सोवियत रूस इसी क़िस्म की समस्याओं का हल करने में विज्ञान के तरीक़ों का उपयोग कर रहा है। पर चूंकि उसे राष्ट्रीय हित में चलना पड़ता है, और बाक़ी की दुनिया पूजीवादी है और रूस से बैर रखती है, इसलिए रूस की कठिनाइयां बहुत ज़्यादा हैं। अगर यह बात न होती तो ये कठिनाइयां इतनी ज़्यादा नहीं होतीं। आज का संसार दरअसल अन्तर्राष्ट्रीय है, हालांकि उसका राजनैतिक ढांचा पिछड़ा हुआ है और तंग राष्ट्रीयता से भरा हुआ है। आख़िरकार समाजवाद तभी सफल हो सकता है, जब वह अन्तर्राष्ट्रीय संसारी समाजवाद बन जाय। समय को पीछे नहीं ढकेला जा सकता। इसी तरह आज का अन्तर्राष्ट्रीय ढांचा, अधूरा होते हुए भी, राष्ट्रीय अलगाव के पक्ष में दबाया नहीं जा सकता। राष्ट्रीयता को ज़ोरदार करने का यत्न, जैसा कि फासीवादी लोग कई देशों में कर रहे हैं, अन्त में असफल हुए बिना नहीं रह सकता, क्योंकि वह आज की संसारव्यापी अर्थ-व्यवस्था की बुनियादी अन्तर्राष्ट्रीय ख़ासियत से मेल नहीं खाता। हां, यह हो सकता है कि इस तरह गिरकर वह सारी दुनिया को अपने साथ ले बैठे, और इस नामधारी आधुनिक सभ्यता को सबके साथ ले डूबे।

ऐसी आफ़त का ख़तरा न तो कोई दूर की बात है और न अनहोनी बात है। जैसा कि हम देख रहे हैं, विज्ञान अपने पीछे कई अच्छी चीज़ें लेकर आया है, पर इसी विज्ञान ने युद्धों के नतीजों को बहुत ज़्यादा भयंकर बना दिया है। राज्यों और सरकारों ने विशुद्ध और अमली विज्ञान की शाखाओं पर ध्यान नहीं दिया है। पर उन्होंने विज्ञान के जंगी पहलू को नहीं छोड़ा है, और अपनेको हथियारों से लैस करने के लिए और अपनी ताक़त बढ़ाने के लिए विज्ञान की नई-से-नई तकनीकों का पूरा उपयोग किया है। आखिरी नतीजा यह निकलता है कि ज़्यादातर राज्य ज़ोर-ज़बर्दस्ती के बल पर टिके हुए हैं, और विज्ञान की तकनीकें इन हुकूमतों को इतनी ताक़तवर बना रही हैं कि वे अंजामों से बिल्कुल न डरकर जनता पर सरासर अत्याचार कर सकती हैं। वह पुराना ज़माना बहुत दिन हुए बीत चुका जब जनता अत्याचारी हुकूमतों के ख़िलाफ़ बलवे किया करती थी, और आम रास्तों में नाके-बन्दियां करके लड़ा करती थी, जैसा कि फ्रान्स की महान क्रान्ति में हुआ था। अब किसी निहत्थी या हथियारबन्द भीड़ के लिए राज्य की संगठित हथियार सजी फ़ौज से लड़ना नामुमकिन है। यह दूसरी बात है कि राज्य की सेना खुद ही विद्रोह कर दे, जैसा कि रूसी क्रान्ति के समय में हुआ था, पर जबतक ऐसी घटना न हो, तबतक राज्य को जबरन नहीं हराया जा सकता। इसलिए आज़ादी के वास्ते लड़नेवाली

क़ौमों को यह ज़रूरत आ पड़ी है कि वे सामूहिक कारवाई के ऐसे उपायों का सहारा लें जिनमें खून-खराबी न हो।

इस तरह विज्ञान ने राज्यों की बागडोर गिरोहों या कुछ चुने हुए लोगों के हाथों में दे दी है, जिससे व्यक्ति की स्वतंत्रता का और उन्नीसवीं सदी के पुराने लोकतंत्री विचारों का नाश हो रहा है। गिने-चुने लोगों की ऐसी हुकूमतें कई राज्यों में पैदा हो रही है। कभी तो ये हुकूमतें लोकतंत्र के उसूलों को ताज़ीम देने का ढोंग रचती हैं, और कभी उनकी खुली निन्दा करती है। अलग-अलग राज्यों में गिने-चुने लोगों की ये हुकूमतें आपस में टकराती हैं, और राष्ट्रों में युद्ध छिड़ जाता है। आज या भविष्य में ऐसा महायुद्ध सिर्फ़ इन गिने-चुने लोगों की हुकूमतों को ही नहीं बल्कि आधुनिक सभ्यता तक को तबाह कर सकता है। या ऐसा हो सकता है कि इसकी राख में से वह अन्तर्राष्ट्रीय समाजवादी व्यवस्था प्रकट हो जाय, जिसकी मार्क्सवादी दर्शन उम्मीद करता है।

युद्ध और उसमें होनेवाली भयंकर हक़ीकतों का ख़याल करना कोई सुहावनी बात नहीं है। और इसी वजह से इस हक़ीक़त को लच्छेदार शब्दों और मारू बाजों और चमकीली वर्दियों के परदे में छिपाया जाता है। पर यह जानना ज़रूरी है कि आज युद्ध का क्या अर्थ है। पिछले महायुद्ध ने बहुतों को युद्ध की भयंकर मारकाट का भान करा दिया। इसपर भी यह कहा जाता है कि जो अगला महायुद्ध होनेवाला है, उसकी तुलना में पिछला महायुद्ध कुछ भी नहीं था। क्योंकि पिछले कुछ वर्षों में जहां औद्योगिक तकनीक ने दस गुनी तरक़्क़ी कर ली है, वहां युद्ध के विज्ञान में सौ गुनी तरक़्क़ी हुई है। युद्ध अब महज़ पैदल सेना के हल्लों और घुड़-सवार-सेना के धावों का मामला नहीं रह गया है। पुराने पैदल सिपाही और घुड़-सवार आज युद्ध के लिए क़रीब-क़रीब उतने ही बेकार हो गये हैं, जितने कि तीर-कमान। आज का युद्ध मशीनी टैंकों और हवाई जहाज़ों और बमों का, और ख़ासकर पिछली दो चीज़ों का, मसला है। हवाई जहाज़ों की रफ़्तार कारगर ताक़त दिन-पर-दिन बढ़ रही हैं।

अगर युद्ध छिड़ जाय तो यह अन्देशा है कि लड़नेवाले राष्ट्रों पर दुश्मन के हवाई जहाज़ फ़ौरन हमला कर देंगे। ये हवाई जहाज़ युद्ध का ऐलान होते ही फ़ौरन आ धमकेंगे, या दुश्मन की बेख़बरी से फ़ायदा उठाने के लिए युद्ध से पहले ही आ जायंगे, और बड़े-बड़े शहरों व कारख़ानों पर महा विस्फोटक बमों की बौछार कर देंगे। दुश्मन के कुछ हवाई जहाज़ शायद नष्ट भी कर दिये जायं, पर बाक़ी बचे हुए हवाई जहाज़ शहर पर बम गिराने के लिए काफ़ी होंगे। इन हवाई जहाज़ों से बरसनेवाले बमों से ज़हरीली गैसें निकलकर चारों ओर फैल जायंगी और उस क्षेत्र-भर में छा जायंगी, और जहांतक ये पहुंचेगी वहांतक के सारे जीव दम घुट-कर मर जायेंगे। इस तरह आम जनता को निहायत बेरहमी से और बहुत ही

दर्दनाक तरीक़ों से एक साथ मौत के घाट उतार दिया जायगा, जिससे लोगों को बेहद कष्ट और मानसिक तकलीफ़ भुगतनी पड़ेगी। और मुमकिन है कि इस क़िस्म की कार्रवाइयां आपस में लड़नेवाली बैरी शक्तियों के बड़े-बड़े शहरों में एकसाथ की जायं। अगर यूरोप यें युद्ध हुआ तो लंदन, पैरिस और बर्लिन कुछ ही दिनों या हफ़्तों के अन्दर शायद सुलगते हुए खंडहरों के ढेर हो जायंगे।

इससे भी ज़्यादा बुरी चीज़ एक और है। हवाई जहाज़ों से गिराये जानेवाले बमों में तरह-तरह की भयंकर बीमारियों के जीवाणु भी हो सकते हैं, जिससे पूरे-के-पूरे शहरों में इन रोगों की छूत फैल जायगी। इस किस्म की 'कीटाणुओं की जंग' दूसरे तरीक़ों से भी चलाई जा सकती है : जैसे, खाने की चीज़ों और पीने के पानी में बीमारियों के कीटाणु डालकर, या बीमारी फैलानेवाले जानवरों का उपयोग करके। इसकी मिसाल चूहा है, जो प्लेग के कीटाणु फैलाता है।

ये सारी बातें राक्षसी और अनहोनी मालूम होती हैं, और हैं भी ऐसी ही। कोई राक्षस भी ऐसा करना पसंद नहीं करेगा। मगर जब लोग एकदम दहल जाते हैं और मौत-ज़िन्दगी की लड़ाई में फंस जाते हैं, तो अनहोनी घटनाएं भी हो जाती हैं। बैरी देश ऐसे अनुचित और राक्षसी उपायों का सहारा लेगा। भय ही हर देश को पहला वार करने के लिए उकसा सकता है, क्योंकि ये हथियार इतने भयंकर हैं कि जो देश पहले इनका इस्तेमाल करेगा, वह बहुत फ़ायदे में रहेगा। दहशत की आंखें बड़ी होती हैं !

ज़हरीली गैस तो पिछले महायुद्ध में सचमुच ख़ूब काम में ली गई थी, और यह बात बहुत लोगों को मालूम है कि जंगी कार्रवाइयों के लिए इस गैस को तैयार करनेवाले बड़े-बड़े कारख़ाने तमाम बड़ी-बड़ी शक्तियों के पास मौजूद हैं। इनसब बातों से यह निराला नतीजा निकलता है कि अगले महायुद्ध में असली लड़ाई युद्ध के मोर्चों पर नहीं होगी, जहां कुछ सेनाएं खन्दक़ों में पड़ी-पड़ी आपस में लड़ती रहेंगी, बल्कि मोर्चों के पीछे शहरों में और नागरिक जनता के घरों में होगी। यहां-तक हो सकता है कि युद्ध के दौरान सबसे ज़्यादा हिफ़ाज़त की जगह शायद लड़ाई का मोर्चा ही बन जाय, क्योंकि वहांपर हवाई हमलों से और ज़हरीली गैसों से और बीमारियों के कीड़ों से सिपाहियों की हिफाज़त का पूरा इन्तज़ाम रहेगा। लेकिन पीछे रहनेवाले पुरुषों और स्त्रियों और बच्चों के लिए इस प्रकार की हिफ़ाज़त का कोई बन्दोबस्त नहीं होगा।

इस सबका नतीजा क्या होगा ? क्या सारी दुनिया का सर्वनाश ? क्या सदियों की कोशिशों से तैयार की गई संस्कृति और सभ्यता की सुन्दर इमारत का अन्त ?

कोई नहीं जानता कि क्या होनेवाला है। भविष्य के परदे में क्या छिपा है, उसे हम नहीं देख सकते। आज हम देखते हैं कि संसार में दो तरह की हलचलें चल

रही हैं। ये दोनों हलचलें आपस में विरोधी और एक दूसरी से उलटा हैं। एक तो सहयोग व समझदारी की उन्नति की, और सभ्यता का भवन खड़ा करने की है; दूसरी हलचल सत्यानासी है, हरेक चीज़ को फाड़ फेंकनेवाली है, मनुष्य-जाति की आत्म-हत्या की कोशिश है। दोनों की रफ़्तार दिन-पर-दिन तेज़ होती जा रही है, दोनों विज्ञान के हथियारों और तकनीकों से अपनेको लैस कर रही हैं। दोनों में जीत किसकी होगी ?

: १८४ :

महान् आर्थिक मन्दी और संसार-व्यापी संकट

१९ जुलाई, १९३३

विज्ञान न मनुष्य के हाथ में जो शक्तियां सौंप दी हैं, और मनुष्य उनका जसा उपयोग कर रहा है, इसपर हम जितना ज़्यादा विचार करते हैं उतना ही हमें ताज्जुब होता है। क्योंकि आज पूंजीवादी दुनिया की वास्तव में अजीब बुरी गत है। रेडियो के ज़रिये विज्ञान हमारी आवाज़ को दूर-दूर देशों में पहुंचा देता है, बेतार के टेलीफ़ोन से हम पृथ्वी के दूसरे छोर पर बसनेवाले लोगों से बातचीत करते हैं, और बहुत थोड़े दिनों में टेलीवीज़न के ज़रिये उन्हें देख भी सकेंगे। अपनी अद्‌भुत तकनीकों से विज्ञान मनुष्य-जाति के लिए सारी जरूरी चीज़ें काफ़ी मिक़दार में तैयार कर सकता है, और संसार को ग़रीबी के प्राचीन वबाल से सदा के लिए छुटकारा दिला सकता है। इतिहास की सुबह के शुरू के दिनों से ही मनुष्य ऐसी स्वर्ग-भूमि के सपने देखते आये थे, जिसमें दूध-दही की नदियां बहती हों और हर चीज़ का भंडार भरा हो। और इसी कल्पना में वे अपनी रोज़ाना ज़िन्दगी की उस सख्त मेहनत से राहत पाने का यत्न करते आ रहे थे, जो उन्हें दबोच रहा था और बदले में कुछ भी नहीं दे रहा था। वे बीते हुए स्वर्ण-युग की कल्पना करते आये थे, और आनेवाले ऐसे स्वर्ग की आशा लगाये बैठे थे, जिसमें कम-से-कम उन्हें शान्ति और सुख तो मिले। और तब विज्ञान आया, जिसने बहुतायत पैदा करने के साधन उनके हाथों में दे दिये। मगर इस असली और खयाली बहुतायत के बीच में भी मनुष्य-जाति का ज़्यादा भाग दुखी और नंगा-भूखा बना रहा। क्या यह एक अजीब उलटबांसी नहीं है ?

हमारा वर्तमान समाज विज्ञान और उसके भरपूर तोहफ़ों से सचमुच दुविधा में पड़ गया है। ये आपस में मेल नहीं खाते; पूंजीवादी ढंग के समाज में और विज्ञान की नई-से-नई तकनीकों व पैदावार के साधनों में आपसी टकराव है। समाज ने माल पैदा करना तो सीख लिया है, पर अपनी पैदावार का वितरण करना नहीं सीखा है।

इस छोटी-सी भूमिका के बाद अब हम यूरोप और अमेरिका पर फिर नज़र डालते हैं। महायुद्ध के बाद के दस वर्षों में इनकी मुसीबतों और कठिनाइयों का कुछ हाल मैं लिख चुका हूं। हारे हुए देश, यानी जर्मनी और मध्य-यूरोप के छोटे देश, युद्ध के बाद की हालतों से बुरी तरह पिस गये और उनके सिक्कों की कीमत बिल्कुल गिर जाने से उनके मध्यम वर्ग बरबाद हो गये। पर यूरोप की जीती हुई और कर्ज़ देनेवाली शक्तियों की हालत भी कुछ अच्छी नहीं थी। इनमें सारी-की-सारी शक्तियां अमेरिका की कर्जदार थी, और इनपर घरू राष्ट्रीय क़र्ज़ भी बड़ा भारी था। इन दोनों कर्जों के बोझ से वे ठोकर खा रही थीं और लड़खड़ा रही थीं। वे यह आशा लगाये बैठी थी कि जर्मनी से हर्जाने का रुपया मिलेगा और इससे वे कम-से-कम अपने विदेशी कर्ज़ चुका सकेंगी। यह आशा बहुत वाजिब नहीं थी, क्योंकि जर्मनी तो खुद दिवालिया हो रहा था। लेकिन यह कठिनाई इस तरह हल हो गई कि अमेरिका ने जर्मनी को रुपया उधार दिया, और जर्मनी ने इंग्लैंड, फ्रान्स, वग़ैरा को उनके हिस्से के हर्जाने की रकम चुकाई, और इन देशों ने इसी रक़म से अपने ऊपर अमेरिका के कर्ज़ों का कुछ भाग अदा कर दिया।

इस दशाब्दी में संयुक्त राज्य अमेरिका ही अकेला ऐसा देश था, जो खूब खुशहाल था। उसके यहां तो धन की बाढ़-सी आ रही थी। इसी खुशहाली की वजह से वहां के लोग बड़ी लम्बी-चौड़ी उम्मीदें बांधने लगे, और सरकारी हुण्डियों व शेयरों का सट्टा करने लगे।

पूंजीवादी दुनिया में आम धारणा थी कि यह आर्थिक संकट पिछली मन्दियों की तरह ही गुज़र जायगा, और फिर धीरे-धीरे संसार की सारी गड़बड़ें मिटकर खुशहाली का एक और दौर आ जायगा। वास्तव में ऐसा मालूम होता है कि पूंजीवाद की जिन्दगी में खुशहाली के बाद संकट और संकट के बाद खुशहाली का हेर-फेर रहा है। यह बहुत दिन पहले ही बतलाया जा चुका था कि यह चीज़ पूंजीवाद के योजनाहीन और अवैज्ञानिक तरीक़ों में लाज़िमी है। उद्योगों की उन्नति से तेज़ी का ज़माना आया, और इससे फ़ायदा उठाने के लिए सबने जहांतक हो सके ज़्यादा-से-ज़्यादा माल पैदा करना चाहा। नतीजा यह हुआ कि पैदावार खपत को पार कर गई—यानी जितना माल बिक सकता था, उससे ज़्यादा तैयार हो गया। ढेर-का-ढेर माल जमा हो गया, संकट पैदा हो गया, और उद्योग फिर ढीले पड़ गये। कुछ दिन तक हालत ठहरी रही, और इस समय में इकट्ठा हुआ माल धीरे-धीरे बिक गया। और फिर उद्योग दुबारा चेत गये और खुशहाली का एक और ज़माना जल्दी आ गया। सदा से यही चक्कर चलता आया था, इसलिए ज़्यादातर लोगों को आशा थी कि खुशहाली का दौर कभी-न-कभी लौटकर आयेगा ही।

पर १९२९ ई० में अचानक परिवर्तन हुआ, जिससे हालत सुधरने के बजाय

बिगड़ गई। अमेरिका ने जर्मनी और दक्षिणी अमेरिका के राज्यों को रुपया उधार देना बन्द कर दिया, और उधार देने व कर्जों के भुगतान के काग़ज़ी ढांचे को ख़तम कर दिया। ज़ाहिर था कि अमरीकी पूंजीपति सदा रुपया उधार देते नहीं चले जायंगे, क्योंकि इससे उनके कर्ज़दारों की देनदारी बढ़ती ही जाती थी, और इन कर्ज़ों का कभी भी भुगतान हो सकना नामुमकिन होता जाता था। अभी तक वे रुपया इसलिए उधार देते रहे थे कि उनके पास नक़द धन की बहुतायत थी, जो बेकार पड़ा हुआ था। फ़ालतू रुपये की इस बहुतायत की वजह से ही वे शेयर बाज़ार में खूब सट्टेबाजी करने लगे। लोगों को सट्टेबाजी का बुखार-सा चढ़ गया, और हर आदमी जल्दी-से-जल्दी मालदार बनने की इच्छा करने लगा।

जर्मनी को दी जानेवाली उधारी बन्द होने से फौरन ही संकट पैदा हो गया, और कुछ जर्मन बैंको का दिवाला निकल गया। धीरे-धीरे हर्जानों व कर्ज़ों के भुगतान का चक्कर बन्द हो गया। दक्षिणी अमेरिका की कई सरकारें और दूसरे छोटे राज्य नादिहन्द होने लगे। अमेरिका के राष्ट्रपति हूवर ने जब यह ख़तरा देखा कि लेन-देन की सारी इमारत ही ढह रही है, तो उसने जुलाई, १९३१ ई०, तक के लिए एक साल की छुट का एलान कर दिया। इसका मतलब यह था कि तमाम क़र्ज़दारों को राहत देने के लिए सरकारों के सारे आपसी क़र्ज़ों का और हर्जानों की अदायगी एक साल के लिए बन्द कर दी गई।

इसी बीच अक्तूबर, १९२९ ई० में, अमेरिका में एक मार्के की घटना हो गई। शेयर बाजार में सट्टेबाज़ी से पहले तो शेयरों के भाव बेतहाशा ऊंचे चढ़ गये, और बाद में एकदम नीचे गिर गये। न्यूयॉर्क की साहूकार मंडलियों में माल-संकट पैदा हो गया, और अमेरिका की ख़ुशहाली का ज़माना बस यहीं ख़तम हो गया। संयुक्त राज्य अमेरिका भी उन्हीं राष्ट्रों की पंक्ति में आ गया, जो मन्दी की मुसीबतें भुगत रहे थे। व्यापार व उद्योग में यह मन्दी अब 'महामन्दी' बन गई, और सारे संसार पर छा गई। यह न समझ बैठना कि अमेरिका की यह गिरावट या यह मन्दी, शेयर बाज़ार की सट्टेबाज़ी या न्यूयॉर्क के अर्थ-संकट के नतीजे थे। यह तो ऊंट की पीठ पर सिर्फ़ आख़िरी तिनका था। असली सबब तो बहुत गहरे थे।

संसार-भर में व्यापार घटने लगा, और चीज़ों के भाव, ख़ासकर खेती की उपज के भाव, तेज़ी से गिरने लगे। कहा जाता था कि क़रीब-क़रीब हर चीज़ की पैदावार ज़रूरत से ज़्यादा हो रही थी, पर दरअसल इसका अर्थ यह था कि तैयार माल को खरीदने के लिए लोगों के पास पैसा ही नहीं था; यानी जितनी खपत होनी चाहिए उतनी नहीं हो रही थी। जब बनी हुई चीज़ों का बिकना बन्द हो गया तो उनका ढेर जमा हो गया, और ऐसी हालत में इन चीज़ों को बनानेवाले कारखानों को बन्द करना लाज़िमी हो गया। जिन चीज़ों की बिक्री ही नहीं थी, तो उन्हें बनाते

चले जाना कोई मतलब नहीं रखता था। इसका नतीजा यह हुआ कि यूरोप में, अमेरिका में और दूसरे देशों में बेरोज़गारी बे-हिसाब बढ़ गई। तमाम औद्योगिक देशों पर करारी चोट पड़ी। जो खेतिहर देश संसार की मंडियों को उद्योगों के वास्ते कच्चा सामान भेजते थे, उनका भी यही हाल हुआ। भारत के उद्योगों को भी कुछ हद तक नुकसान पहुंचा, पर क़ीमतों के गिरने से खेतिहर वर्गों के लिए बहुत बड़ी मुसीबत पैदा हो गई। साधारण तौरपर अन्नों के भाव में यह गिरावट जनता के लिए बड़ा भारी वरदान होनी चाहिए थी, क्योंकि लोग खाना ख़रीद सकते थे। मगर पूंजीवादी प्रणाली की दुनिया में उलटी गंगा बहती है, इसलिए यह वरदान अभिशाप बन गया। किसान-वर्ग को ज़मीदार का लगान या सरकारी मालगुज़ारी नक़द चुकानी पड़ती थी, और नक़द रुपया पाने के लिए उन्हें अपनी उपज बेचनी पड़ती थी। भाव इतने ज्यादा नीचे गिर गये थे कि कभी-कभी तो किसान लोग अपनी पैदावार की सारी चीज़ बेच देने पर भी काफ़ी रुपया इकट्ठा नहीं कर पाते थे। नतीजा यह होता था कि कई बार उन्हें अपनी ज़मीनों से बेदखल कर दिया जाता था और झोंपड़ियों में से निकाल दिया जाता था और लगान वसूल करने के लिए उनका छोटा-सा घरेलू सामान तक नीलाम कर दिया जाता था। बस, अन्न बहुत सस्ता होने पर भी उसे पैदा करनेवाले भूखों मरते थे और उन्हें बेघर कर दिया जाता था।

संसार की आपसी निर्भरता ने ही इस मन्दी को संसार-व्यापी बना दिया। मेरा ख़याल है कि सिर्फ़ तिब्बत-जैसा देश ही, जो बाहर की दुनिया से अलग-थलग है, इस मन्दी से बचा रहा होगा। महीने-दर-महीने मन्दी फैलती गई और व्यापार गिरता गया। मानो समूचे समाजी ढांचे को धीरे-धीरे लकवा मार रहा था और उसे अपंग बना रहा था। व्यापार की इस गिरावट का अन्दाज लगाने का सबसे अच्छा तरीका शायद यह है कि राष्ट्र-संघ के प्रकाशित किये हुए व्यापार के आंकड़ों की ही जांच की जाय। इन आंकड़ों से पता लगेगा कि हर साल के पहले तीन महीनों में कितने लाख स्वर्ण-डालर का व्यापार हुआ :

पहली तिमाही	आयात मूल्य	निर्यात मूल्य	कुल
१९२९	७९७२०	७३१७०	१५२८९०
१९३०	७३६४०	६५२००	१३८८४०
१९३१	५१५४०	४५३१०	९६८५०
१९३२	३४३४०	३०२७०	६४६१०
१९३३	२८२९०	२५५२०	५३८१०

ये आंकड़े बतलाते हैं कि संसार का व्यापार किस तरह बराबर कम होता गया और १९३३ ई० की पहली तिमाही में यह चार साल पहले के व्यापार का ३५ फीसदी, यानी करीब एक-तिहाई रह गया।

व्यापार के बारे में ये कोरे आंकड़े इन्सानी लिहाज़ से हमें क्या बतलाते हैं ? ये बतलाते हैं कि जनता के ज़्यादातर लोग इतने ग़रीब हैं कि जो चीज़ें वे तैयार करते हैं, उन्हें ख़रीद नहीं सकते। ये आंकड़े बतलाते हैं कि मज़दूरों की बड़ी भारी संख्या बे-रोज़गार है, और सारा संसार दिल से चाहे तो भी इन्हें रोज़गार नहीं मिल सकता। सिर्फ़ यूरोप और संयुक्त राज्य अमेरिका में ही तीन करोड़ बेकार मज़दूर थे, जिनमें से तीस लाख इंग्लैण्ड में और एक करोड़ तीस लाख अमेरिका में थे। भारत में और एशिया के दूसरे देशों में कितने बेरोज़गार हैं, यह कोई नहीं जानता। शायद भारत में ही इनकी संख्या यूरोप और अमेरिका के कुल बेरोजगारों से बहुत ज्यादा है। सारे संसार के इन अनगिनती बे-रोजगारों का और इनके आसरे रहनेवाले इनके परिवारों का विचार करो तो तुम्हें उस इन्सानी मुसीबत का कुछ अन्दाज़ होगा, जो व्यापार की इस मन्दी से हुई है। यूरोप के बहुत-से देशों में सरकारी बीमा-प्रणाली के मातहत बेरोज़गारों के रजिस्टर में नाम दर्ज़ करानेवाले तमाम लोगों को गुजर खर्च दिया जाता था; संयुक्त राज्य अमेरिका में उन्हें ख़ैरात बांटी जाती थी। मगर ये गुज़ारे और ख़ैरातें ज़्यादा राहत नहीं दे सके। बहुतों को तो ये मिले भी नहीं और ये भूखे लोग भूखों मरने लगे। मध्य और पूर्व यूरोप के कुछ हिस्सों में तो बहुत ही बुरी हालत हो गई।

संसार के तमाम बड़े-बड़े औद्योगिक देशों में अमेरिका ऐसा देश था, जिसपर मन्दी की चोट सबसे पीछे पड़ी; पर इस मन्दी का असर यहां दूसरे सब देशों से ज़्यादा हुआ। अमेरिका के लोगों को मुद्दत तक रहनेवाली तिजारती मन्दी और तक़लीफ़ों की आदत नहीं थी। घमंडी, और पैसे का घमंडी, अमेरिका इस चोट से सुन्न हो गया। और जब बेकारों की संख्या में बराबर लाखों की बढ़ोतरी होने लगी और भूखे व भूख से तड़पनेवाले हर जगह दिखाई देने लगे, तो सारे राष्ट्र की हिम्मत टूटने लगी। बैंकों में और पूंजी लगाने के कामों में लोगों का विश्वास उठने लगा और वे बैंकों से रुपया निकाल-निकालकर घरों में जमा करने लगे। बैंक तो विश्वास और साख के आधार पर ही क़ायम रहते हैं। अगर विश्वास उठ जाता है तो बैंक भी खतम हो जाता है। संयुक्त राज्य अमेरिका में हजारों बैंकों के दिवाले निकल गये और ज्यों-ज्यों दिवाले निकलते गये त्यों-त्यों संकट भी बढ़ने लगा और आमतौर पर हालत पहले से भी ज़्यादा विकट हो गई।

हज़ारों बे-रोज़गार नर-नारी आवारा बन गय और रोज़गार की तलाश में नगर-नगर मारे-मारे फिरने लगे। वे सड़कों पर घूमते रहते थे, रास्ते पर गुज़रने-वाले मोटर-यात्रियों से मिन्नतें करते थे कि उन्हें बिठा लें और अक्सर धीमी माल-गाड़ियों के पायदानों पर लटक जाते थे। इस लम्बे-चौड़े देश में अकेले या छोटे-छोटे गिरोहों में इधर-से-उधर भटकनेवाले लड़कों और लड़कियों और छोटे बच्चों की

संख्याएं और भी ज़्यादा चौंकानेवाली थीं। इधर बड़ी उम्रवाले और हट्टे-कट्टे आदमी रोज़गार की बाट जोहते हुए और उम्मीद करते हुए निकम्मे बैठे थे, और नमूने के सरकारी कारखाने भी बन्द कर दिये गए थे। लेकिन पूंजीवाद की ख़ासियत ऐसी है कि ऐसे समय में कम मज़ूरी देकर कड़ी मेहनत लेनेवाले अंधेरे और गन्दे-काम-घर जगह-जगह खुल गये, जिनमें बारह से सोलह साल की उम्र तक के लड़के-लड़कियों से नाम की मज़ूरी पर दस-बारह घंटे काम लिया जाता था। बड़े लड़कों व लड़कियों पर बेकारी का जो ज़बर्दस्त असर पड़ा, उसकी मज़बूरी का फ़ायदा उठाकर कुछ कारख़ानेदारों ने इन जवान लड़के-लड़कियों से अपने मिलों और कारखानों में खूब कसकर और देर-देर तक काम करवाया। इस तरह मन्दी के सबब से अमेरिका में बच्चों की मजदूरी फिर शुरू हो गई, और इस बुराई को व दूसरी बुराइयों को रोकनेवाले मज़दूर-क़ानूनों को खुले आम अंगूठा दिखाया गया।

याद रहे कि अमेरिका में या दुनिया के दूसरे देशों में अन्न की और कारख़ानों के बने माल की कोई कमी नहीं थी। शिकायत यह थी कि ये चीज़ ज़रूरत से ज़्यादा थीं, यानी पैदावार ख़पत से ज़्यादा थी। मशहूर अंग्रेज़ अर्थशास्त्री सर हेनरी स्ट्रैकोश ने कहा था कि जुलाई, १९३१ ई० में, यानी मन्दी के दूसरे साल में, दुनिया के बाज़ारों में इतना माल था कि वह सवा दो वर्ष तक संसार-भर के लोगों की गुज़र-बसर का वही दर्ज़ा क़ायम रखने के लिए काफ़ी था, जिसके वे आदी थे। चाहे इस बीच वे तिनका तक न हिलाते। मगर फिर भी इसी ज़माने में लोगों को इतनी तंगी और भुखमरी भुगतनी पड़ी जितनी आज की औद्योगिक दुनिया में आज तक कभी नहीं हुई। इधर तो यह तंगी थी और उधर अन्न को सचमुच बर्बाद कर दिया गया। फसलें काटी नहीं गईं और खेतों में पड़ी-पड़ी सड़ने दी गई, फल पेड़ों पर ही लटके छोड़ दिये गए, और कुछ चीज़ तो सचमुच नष्ट ही कर दी गई। इसकी सिर्फ़ एक मिसाल यहां देता हूं : जून, १९३१ ई०, से लगाकर फरवरी, १९३३ ई० तक ब्राज़ील में क़हवा—(काफ़ी) की १,४०,००,००० बोरियां नष्ट करदी गई। एक बोरी में क़रीब १३२ पौंड कहवा भरा जाता है, इसलिए १,८४,८०,००,००० पौंड क़हवा इस तरह नष्ट कर दिया गया! अगर एक-एक आदमी को एक-एक पौंड कहवा भी दिया जाय, तो इतना कहवा संसार की कुल आबादी के लिए काफ़ी होता। मगर हम जानते हैं कि लाखों आदमी, जो कहवा पीना चाहते हैं, इतने ग़रीब हैं कि क़हवा ख़रीद ही नहीं सकते।

क़हवा के अलावा गहूं और कई दूसरी चीज़ें नष्ट की गई। कपास, रबड़, चाय, वग़ैरा की खेती पर पाबन्दियां लगाकर आयन्दा इनकी उपज कम करने के उपाय भी किये गए। यह सारी बर्बादी और पाबन्दियां लगाने की ये कार्रवाइयां खेती

की उपज के भाव बढ़ाने के लिए की गई थीं, ताकि इन चीजों की कमी से मांग पैदा हो जाय और कीमतें ऊंची चढ़ जायं। बाजार में अपनी उपज बेचनेवाले किसान के लिए बेशक फ़ायदे की बात हो सकती है, लेकिन ख़रीदार का क्या होगा? अगर पैदावार ज़रूरत से कम होती है तो क़ीमतें इतनी चढ़ जाती हैं कि ज़्यादा लोग चीजें नहीं ख़रीद सकते और तंगी भुगतते हैं। अगर पैदावार ज़रूरत से ज़्यादा हो तो क़ीमतें इतनी गिर जाती हैं कि उद्योगों और खेतीबाड़ी के काम नहीं चल सकते और बेकारी पैदा हो जाती है। और बे-रोज़गार लोग कोई चीज़ कैसे ख़रीद सकते हैं, क्योंकि ख़रीदने के लिए उनके पास पैसा ही नहीं होता! चाहे तो कमी हो और चाहे बहुतायत, जनता की क़िस्मत में तो दोनों ओर से तंगी भुगतना ही बदा है।

मैं लिख चुका हूं कि मन्दी के दौर में अमेरिका में या दूसरे देशों में चीज़ों की कोई कमी नहीं थी। किसानों के पास तो खेती की उपज थी, जिसे कोई ख़रीदने-वाला नहीं था, और शहरी लोगों के पास कारख़ानों का बना माल था, जिसे वे बेच नहीं पाते थे। मज़ा यह है कि दोनों को एक-दूसरे के सामानों की जरूरत थी। मगर चूंकि दोनों तरफ रुपये की कमी थी, इसलिए विनिमय का सिलसिला रुक गया। और तब निहायत औद्योगिक और आगे बढ़े हुए पूंजीवादी अमेरिका में लोगों ने चीज़ों की अदला-बदली का प्राचीन तरीका अपनाया, जो पुराने ज़माने में सिक्कों के चलन से पहले बरता जाता था। अमेरिका में चीज़ों का लेन-देन करनेवाली सैकड़ों संस्थाएं बन गईं। जब रुपये की कमी से विनिमय की पूंजीवादी प्रणाली तहस-नहस हो गई, तो लोग बिना रुपये के ही काम चलाने लगे और चीज़ों की काम की अदला-बदली करने लगे। इस अदला-बदली को सर्टिफिकेट देकर सहायता करनेवाली कितनी ही विनिमय करनेवाली समितियां पैदा हो गईं। इस अदला-बदली की एक जोरदार मिसाल एक डेरीवाले की है, जिसने एक विश्व-विद्यालय को अपने बच्चों की शिक्षा के ऐवज़ में दूध, मक्खन और अंडे दिये।

दूसरे देशों में भी कुछ हद तक अदला-बदली की प्रणाली चालू हो गई। अन्तर्राष्ट्रीय विनिमयों की पेचिदा प्रणाली भंग होने से राष्ट्रों के बीच चीज़ों की अदला-बदली के भी बहुत-से मौक़े आये। मसलन, इंग्लैण्ड ने स्कैण्डिनेविया की इमारती लकड़ी के बदले में कोयला दिया; कनाडा ने सोवियत को खनिज तेल के बदले में अल्यूमीनियम दिया; संयुक्त राज्य अमेरिका ने ब्राज़ील को क़हवा के ऐवज़ में गेहूं दिया।

इस मन्दी से अमेरिका के किसानों को बहुत नुक़सान उठाना पड़ा। उन्होंने अपने खेतों को रेहन रखकर बैंकों से जो रुपया उधार लिया था, उसे वे चुका नहीं सके। इसपर बैंकों ने यह कोशिश की कि इन खेतों को बिकवाकर अपना रुपया

वसूल करें। मगर किसानों ने इसका विरोध किया, और इस किस्म के नीलामों को रोकने के लिए संगठित होकर अपनी 'कार्रवाई समितियां' बना लीं। नतीजा यह हुआ कि इस तरह के नीलामों में किसानों की मिल्कियतों पर बोली लगाने की किसीको हिम्मत नहीं हुई, और बैंकों को मजबूर होकर उनकी शर्तें माननी पड़ीं। किसानों का यह विद्रोह अमेरिका के मध्य-पश्चिमी प्रदेशों में फैल गया। यह विद्रोह इस बात को ज़ाहिर करनेवाला इशारा था कि संकट पैदा होने से अमेरिका की पुरानी नस्ल के वे पुराने विचारोंवाले किसान, जो मुद्दत से देश की रीढ़ थे, किस क़दर सरगर्म होते जा रहे थे और उनका नजरिया किस क़दर क्रान्तिकारी बनता जा रहा था। इनका यह आन्दोलन ठेठ देशी था, समाजवाद या साम्यवाद से इसका कोई ताल्लुक नहीं था। आर्थिक मुसीबतों के सबब से मिल्कियत के हक़दार ये मध्यम-वर्गी किसान महज़ खेत जोतनेवाले और बे-मिल्कियत काश्तकार बनते जा रहे हैं। उनके कुछ नारे ये थे: "इन्सान के हक़ क़ानूनी व जायदादी हकों से ऊपर है" और "रेहन की हुई जायदाद पर सबसे पहला हक़ पत्नियों और सन्तानों का है।"

संयुक्त राज्य अमेरिका की हालतों को मैंने कुछ विस्तार के साथ बयान किया है, क्योंकि बहुत बातों में अमेरिका मन को लुभानेवाला देश है। पूंजीवादी देशों में यह सबसे ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ है, और यूरोप व एशिया की जैसी पुरानी सामन्ती जड़ें हैं, वैसी इसकी नहीं है। इसलिए यहां परिवर्तन ज़्यादा तेज़ रफ़्तार से हो सकते हैं। दूसरे देशों की जनता को तंगी भुगतने का ज़्यादा अभ्यास है; पर जो कुछ बतलाया है, उससे तुम अन्दाज़ लगा सकती हो कि मन्दी के दौर में दूसरे देशों की क्या हालत थी। कुछकी हालत बहुत ख़राब थी, और कुछकी ज़रा अच्छी थी। कुल मिलाकर मन्दी का बुरा असर खेतीहर और पिछड़े हुए देशों पर इतना नहीं पड़ा जितना उन्नत औद्योगिक देशों पर। उनके पिछड़ेपन ने ही एक तरह से उन्हें बचा दिया। उनकी सबसे बड़ी मुसीबत खेती की उपज के भावों का एकदम गिर जाना था, जिससे किसान-वर्ग को भारी कष्ट सहना पड़ा। आस्ट्रेलिया, जो ज़्यादातर खेतीहर देश है, इंग्लैण्ड के बैंकों को अपना क़र्ज़ नहीं चुका सका, और क़ीमतों की इस गिरावट से उसके दिवालिया होने की नौबत आ गई। अपनी जान बचाने के लिए उसे अंग्रेज़ी बोहरों को कठोर शर्तों पर रज़ामन्द होना पड़ा। मन्दी में सबसे ज़्यादा फूलने-फलनेवाला और दूसरों पर रौब जमानेवाला वर्ग बोहरों का ही होता है।

संयुक्त राज्य से उधार मिलना बन्द होने की वजह से और मन्दी की वजह से दक्षिण अमेरिका में ऐसा आर्थिक संकट पैदा हुआ कि गणराज्य-वाली ज़्यादातर हूकूमतों के, या यों कहो कि उनपर राज करनेवाले तानाशाहों

के, तख्ते उलट गये। सारे दक्षिण अमेरिका में अर्जेण्टाइन, ब्राज़ील और चिली, इन तीन बड़े देशों में क्रान्तियां हुईं। दक्षिण अमेरिका की सारी क्रान्तियों की तरह ये क्रान्तियां भी राजमहलों के ही मामले थे, यानी इनमें सिर्फ़ तानाशाह और ऊपर की सरकारें ही बदलीं। यहां जिस व्यक्ति या गिरोह के हाथों में फ़ौजें और पुलिस होती हैं, वही देश में राज करता है। दक्षिण अमेरिका की सारी सरकारें बुरी तरह कर्ज़ों में फंसी हुई थीं और बहुत सी तो नादिहन्द हो गई थी।

: १८५ :

संकट के सबब क्या थे ?

२१ जुलाई १९३३

महामन्दी ने दुनिया का गला दबा लिया और करीब सारी हलचलों का या तो दम घोट दिया या उनकी चाल धीमी कर दी। बहुत जगह कारख़ानों के चक्के चलना बन्द हो गये; जिन खेतों में अन्न व दूसरी फसलें पैदा होती थीं, वे खाली और बेजुते पड़े रह गये; रबड़ के पेड़ों से रबड़ चू रहा था, पर कोई उसे समेटने-वाला नहीं था; जो पहाड़ी ढाल चाय की पाली-पोसी झाड़ियों से लहलहाते थे, वे झाड़-झंखाड़ बन गये और उनकी सार-सम्भाल करनेवाला कोई न रहा। और जो लोग ये सारे काम करते थे, वे बेकारों की बड़ी फौज में शामिल हो गये और काम व रोज़गार की राह लगे, पर उन्हें कोई काम-धन्धा नहीं मिलता था। निदान लाचार और बहुत-कुछ नाउम्मीद होकर वे भूख और तंगी के मुंह में जा पड़े। कई देशों में आत्म-हत्याओं की संख्या बढ़ गई।

मैं कह चुका हूं कि सारे उद्योग पर मन्दी की छाया पड़ गई थी। लेकिन उद्योग बच गया था। वह लड़ाई के सामानों का उद्योग था, जो कितने ही राष्ट्रों की जल, थल और हवाई सेनाओं के लिए हथियार और युद्ध-सामग्री तैयार करता था। यह व्यापार ख़ूब चमका और इसके हिस्सेदारों को भारी-भारी मुनाफ़े बांटे गये। मन्दी का इसपर कोई असर नहीं पड़ा, क्योंकि यह तो राष्ट्रों की आपसी मुक़ाबलेदारियों और रगड़े-झगड़ों के सौदे करता था, और ये दोनों चीज़ें इस संकट काल में बुरी तरह बढ़ गई थीं।

मन्दी के सीधे असर से एक और विशाल प्रदेश अछूता रह गया—यह सोवियत संघ था। यहां कोई बे-रोज़गारी नहीं थी. और पंचवर्षीय योजना के मातहत इतनी ज़्यादा मेहनत से काम हो रहा था जितना पहले कभी नहीं हुआ। यह देश पूंजीवादी असरवाले क्षेत्र से बाहर था, और इसकी अर्थ-व्यवस्था दूसरी क़िस्म की थी। मगर जैसा कि मैं बतला चुका हूं, मन्दी का तिरछा असर इस

पर भी पड़ा, क्योंकि खेती की जो उपज यह दूसरे देशों में बेचता था, उसकी क़ीमतें गिर गई थीं।

इस महामन्दी का, इस संसार-व्यापी संकट का, क्या सबब था, जो अपने ढंग से लगभग उतना ही भयानक था जितना कि खुद महायुद्ध ? यह पूंजीवादी संकट कहलाता है, क्योंकि लम्बा-चौड़ा और पेचीदा पूंजीवादी ढांचा इसके बोझ से बुरी तरह तड़क गया था। पूंजीवाद ने ऐसा ढंग क्यों अपनाया ? और क्या यह ऐसा चन्द-रोज़ा संकट था, जिसकी मार से पूंजीवाद बच जायगा ? क्या यह एक तरह से उस बड़ी भारी प्रणाली की आखिरी हिचकियों की शुरुआत थी, जो इतनी मुद्दत से संसार पर छाई हुई है ? ऐसे कितने ही सवाल उठते हैं, और हमें दहला देते हैं; क्योंकि इनके उत्तर पर सारी मनुष्य-जाति का, और साथ ही हमारा भी, भविष्य निर्भर है। दिसम्बर १९३२ ई० में ब्रिटिश सरकार ने अमरीकी सरकार को एक खरीता भेजा, जिसमें मिन्नत की गई थी कि उसे युद्ध के क़र्ज़े से बरी कर दिया जाय। इस खरीते में बतलाया गया था कि किस तरह 'मर्ज़ बढ़ता गया, ज्यों-ज्यों दवा की'। इसमें लिखा था: "हर जगह टैक्स बड़ी बेरहमी से बढ़ा दिये गए हैं और खर्च बुरी तरह कम कर दिये गए हैं। मगर फिर भी इलाज करने के इरादे से लगाये गए अंकुशों की पाबन्दियों से यह मर्ज़ और ज़्यादा बढ गया है।" आगे चलकर इसमें बतलाया गया था कि "ये नुक़सान और कष्ट कुदरत की कंजूसी के सबब से नहीं हुए हैं। भौतिक विज्ञान की सफलताएं बढ़ रही हैं, और असली दौलत पैदा करनेवाली चीज़ों के छिपे हुए भंडार ज्यों-के-त्यों हैं।" कसूर कुदरत का नहीं था, बल्कि मनुष्य का था, और मनुष्य की पैदा की हुई प्रणाली का था।

पूंजीवाद की इस बीमारी का ठीक-ठीक निदान करना या इसके लिए दवा का नुसख़ा तजवीज़ करना आसान नहीं है। अर्थशास्त्रियों को इसका पूरा ज्ञान होना चाहिए पर उनमें मतभेद है और वे इसके अलग-अलग कारण और इलाज बतलाते हैं। साम्यवादी और समाजवादी ही ऐसे लोग नज़र आते हैं, जिनके दिमाग़ इस बारे में बिल्कुल साफ़ हैं। उनका कहना है कि पूंजीवाद की बधिया बैठना उनके विचारों और मतों को सही साबित करता है। पूंजीवाद के माहिरों ने तो साफ़ क़बूल कर लिया कि वे चक्कर और उलझन में पड़ गये हैं। इंग्लैण्ड के एक बहुत बड़े और बहुत क़ाबिल साहूकार मॉन्टेग्यू नॉर्मन ने, जो बैंक ऑव इंग्लैण्ड का गवर्नर है, एक सार्वजनिक समारोह में कहा था: "यह आर्थिक समस्या मेरे बूते की बात नहीं है। कठिनाइयां इतनी लम्बी-चौड़ी हैं, इतनी अनोखी हैं, और इतनी बे-मिसाल हैं कि इस समूचे विषय पर विचार करने का न तो मुझे ज्ञान है और न हिम्मत है। यह समस्या इतनी बड़ी है कि मैं इसे नहीं सुलझा सकता। आयन्दा की बात यह है कि शायद हम इस अंधेरी सुरंग के दूसरे सिरे की उस रोशनी को देख सकें, जिसकी

तरफ कुछ लोग इशारा भी कर चुके हैं।" मगर यह रोशनी अगिया बैताल की तरह मायाजाल है, जो पहले तो उम्मीदें पैदा करता है, मगर फौरन ही उन्हें मिट्टी में मिला देता है। एक नामी अंग्रेज़ राजनीतिज्ञ, सर ऑकलैण्ड गेडीस ने कहा है: "विचारवान लोगों का विश्वास है कि समाज चूर-चूर होने लगा है। हम जानते हैं कि यूरोप में तो एक युग ही खतम हो रहा है।"

जर्मनी के लोग यह मानते थे कि संकट का असली सबब हर्जानों की वसूली था; बहुत-से दूसरे लोग यह मानते थे कि यह मन्दी राष्ट्रों की आपसी व घरेलू जंगी क़र्ज़ों के कारण आई, क्योंकि इनका बोझा बर्दाश्त से बाहर हो गया है और सारे उद्योगों का गला दबा रहा है। इस तरह दुनिया की मुसीबतों का क़सूर सबसे ज़्यादा महायुद्ध के सिर मढ़ा जाता है। कुछ अर्थशास्त्रियों का मत था कि रुपये का विचित्र बर्ताव और क़ीमतों की भारी गिरावट ही सारी मुसीबत की जड़ थी, और ये चीज़ें सोने की कमी का नतीजा थीं। और सोने की कमी एक तो इस वजह से हुई कि खानों में से दुनिया की ज़रूरत के मुताबिक़ काफ़ी सोना नहीं निकला, और ज़्यादा इस वजह से हुई कि कई सरकारों ने सोना दबाकर रख लिया। कुछ दूसरे लोग कहते थे कि ये सारी मुसीबतें आर्थिक राष्ट्रीयता तथा आने-जानेवाले माल पर भारी चुंगियों की वजह से पैदा हुईं; क्योंकि इनसे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में रुकावटें पड़ती हैं। एक और सबब यह पेश किया गया कि उद्योगों में विज्ञान का उपयोग बढ़ने से मजदूरों की जरूरत कम हो गई और इस तरह बेरोज़गारी बढ़ गई।

इन सुझावों और दूसरे सुझावों के बारे में बहुत-कुछ कहा जा सकता है, और मुमकिन है कि इन सबने ही दुनिया का मिज़ाज बिगाड़ दिया हो। पर सारा दोष किसी एक सबब के सिर या सारे सबबों के सिर मढ़ना न तो ठीक है और न वाजिब। सच तो यह है कि जिनको सबब कहा जाता है, उनमें से कुछ तो खुद ही इस संकट के नतीजे थे, और इनमें से हरेक ने उसे बढ़ाने में मदद दी। लेकिन इस मुसीबत की जड़ बहुत गहरी थी। युद्ध में हारना इसका सबब नहीं था, क्योंकि जीतनेवाले राष्ट्र भी खुद इसमें फंसे हुए थे। राष्ट्रों की ग़रीबी भी इसका सबब नहीं थी, क्योंकि संसार का सबसे ज़्यादा मालदार देश अमेरिका भी उन देशों में से था, जिनपर इस संकट का बहुत बुरा असर पड़ा था। इसमें कोई शक नहीं कि इस संकट को जल्द लाने में महायुद्ध एक ज़बर्दस्त निमित्त हुआ है—एक तो कर्ज़ों के भारी बोझ की वजह से, और दूसरे, कर्ज़दारों में इनके बंटवारे के ढंग की वजह से। एक और सबब यह भी था कि युद्ध के दौरान और युद्ध के बाद कुछ वर्षों में चीज़ों की ऊंची क़ीमतें झूठीं थीं, इसलिए बधिया बैठना लाज़िमी था। लेकिन हमें इसकी गहराई में जाना चाहिए।

कहा जाता है कि ज़रूरत से ज़्यादा पैदावार इस मुसीबत की जड़ है। मगर यह गुमराह करनेवाली बात है, क्योंकि जब करोड़ों लोग ज़िन्दगी के लिए निहायत ज़रूरी चीज़ों तक की तंगी भुगत रहे हैं तो ज़रूरत से ज़्यादा पैदावार का सवाल ही नहीं उठता। भारत में करोड़ों लोगों के पास तन ढंकने को कपड़ा नहीं है, मगर फिर भी यह सुनाई देता है कि भारत की कपड़ा-मिलों में और खादी-भंडारों में माल भरा पड़ा है, और कपड़ा ज़रूरत से ज़्यादा तैयार हो रहा है। हक़ीकत यह है कि लोगों के पास कपड़ा खरीदने के लिए पैसा ही नहीं है, न कि यह कि उन्हें कपड़े की ज़रूरत नहीं है। जनता के पास पैसे की कमी ही इसका कारण है। मगर पैसे की इस कमी का अर्थ यह नहीं है कि दुनिया से पैसा ग़ायब हो गया है। इसका अर्थ यह है कि दुनिया के लोगों में पैसे का बंटवारा अस्त-व्यस्त हो गया है, और लगातार होता रहता है। दौलत का बंटवारा हमवार नहीं है। एक ओर तो दौलत की बहुतायत है और दौलतमंदों को यह नहीं सूझ पाता है कि इसका क्या करें; वे महज़ उसे बचाकर रखते जाते हैं, और बैंकों में अपनी जमा-पूंजी बढ़ा रहे हैं। यह रुपया बाज़ार में सामान खरीदने के काम नहीं आता। दूसरी तरफ़ दौलत की बहुत ज़्यादा कमी है, और इसकी कमी से ज़रूरी चीज़ें भी नहीं खरीदी जा सकतीं।

इस तरह घुमा-फिराकर मानो यह कहा जाता है कि दुनिया में मालदार और ग़रीब हैं; हालांकि यह चीज़ इतनी साफ़ है कि इसके लिए किसी दलील की ज़रूरत नहीं है। ये मालदार और ग़रीब इतिहास के शुरू से आजतक चले आ रहे हैं; फिर मौजूदा संकट के लिए इन्हें जिम्मेदार क्यों ठहराया जाता है? मेरा ख़याल है कि पिछले किसी पत्र में लिख चुका हूं कि पूंजीवादी प्रणाली का सारा झुकाव दौलत के बंटवारे में असमानता बढ़ाने का है। सामन्ती सूरतों में ज़माने की हालत एक जगह ठहरी हुई थी, या बहुत धीरे-धीरे बदलती थी; पर बड़ी-बड़ी मशीनों और संसार-व्यापी मंडियोंवाला पूजीवाद ज़ोर से आगे बढ़ रहा था, और ज्यों-ज्यों व्यक्तियों या जमातों के पास दौलत जमा होती गई, त्यों-त्यों बड़ी तेज़ी से परिवर्तन हुए। दौलत के बंटवारे में बढ़ती हुई असमानता ने, कुछ दूसरे निमित्तों से मिलकर, औद्योगिक देशों में मज़दूर-वर्ग और पूंजीपति-वर्ग के बीच एक नया झगड़ा पैदा कर दिया। इन देशों के पूंजीपतियों ने मजदूर-वर्ग को पहले से ऊंची मज़दूरी की और रहन-सहन की पहले से अच्छी हालतों की कई रियायतें देकर खिचाव कम कर दिया; मगर ये रियायतें उपनिवेशी और पिछड़े हुए प्रदेशों का शोषण करके दी गईं। इस तरह एशिया, अफ्रीका, दक्षिणी अमेरिका और पूर्वी यूरोप के शोषण से पश्चिमी यूरोप और उत्तरी अमेरिका के औद्योगिक देशों को दौलत जमा करने में और इसका कुछ हिस्सा अपने मजदूरों को देने में मदद मिली। ज्यों-ज्यों नई-नई मंडियां तलाश होती गईं, त्यों-त्यों नये-नये उद्योग खड़े हुए या पुराने उद्योगों का विकास हुआ। साम्राज्यवाद ने इन मंडियों और कच्चे माल की सरगर्म तलाश का

रूप ले लिया। जुदा-जुदा औद्योगिक शक्तियों की आपसी होड़ से उनक स्वार्थ आपस में टकराने लगे। जब क़रीब समूचा संसार पूंजीवादी शोषण के दायरे में आ गया तो किसी शक्ति को आगे पैर फैलाने की गुंजायश नहीं रही और शक्तियों के आपसी झगड़ों का नतीजा यह हुआ कि युद्ध छिड़ गया।

ये तमाम बातें मैं तुम्हें पहले ही बतला चुका हूं, लेकिन यहां इसलिए दोहरा रहा हूं कि दुनिया के मौजूदा संकट को समझने में तुम्हें मदद मिले। विकास करते हुए पूंजीवाद और बढ़ते हुए साम्राज्यवाद के इस ज़माने में पश्चिम में कई संकट पैदा हुए। इनका कारण यह था कि एक तरफ़ तो पैसा हद से ज़्यादा बचाया जा रहा था, और दूसरी तरफ़ लोगों के पास खर्च करने तक को पैसा नहीं था। मगर ये संकट टल गये, क्योंकि पूंजीपतियों के पास जो फ़ालतू रुपया था, उसे उन्होंने पिछड़े हुए प्रदेशों का विकास व शोषण करने में लगाया। इससे नये-नये बाजार पैदा हो गये और माल की खपत बढ़ गई। साम्राज्यवाद को पूंजीवाद की आखिरी सूरत कहा जाता है। मामूली तौर पर शोषण का यह सिलसिला शायद तबतक जारी रहता जब-तक कि समूचे संसार का उद्योगीकरण न हो गया होता। पर बीच में ही कठिनाइयां और अटक पैदा हो गईं। सबसे बड़ी कठिनाई तो साम्राज्यशाही शक्तियों की ज़बर्दस्त मुक़ाबलेबाज़ी थी, क्योंकि हरेक शक्ति अपने लिए सबसे बड़ा हिस्सा चाहती थी। दूसरी कठिनाई थी उपनिवेशी देशों में नई राष्ट्रीयता और उपनिवेशी उद्योगों का विकास, जिनसे वे अपने बाज़ारों में अपना ही माल भेजने लगे। हम देख चुके हैं कि इन तमाम हवाओं के नतीजे से युद्ध छिड़ गया। मगर युद्ध से पूंजीवाद की कठिनाइयां न तो हल हुईं और न हो सकती थी। सोवियत संघ का विशाल प्रदेश पूंजीवादी दुनिया से बिलकुल बाहर निकल गया, और ऐसी मंडी नही रहा, जिससे दूसरी शक्तियां फ़ायदा उठा सकें। पूर्व में राष्ट्रीयता ज़्यादा सरगर्म बनने लगी और उद्योगीकरण फैलने लगा। युद्ध के दौरान और उसके बाद विज्ञान की तकनीक में जो ज़बर्दस्त तरक़्क़ी हुई, उसने दौलत के असमान बंटवारे में और बेरोज़गारी बढ़ने में मदद दी। युद्ध के कर्ज़े भी एक ज़बर्दस्त सबब हुए।

युद्ध के ये क़र्ज़े बहुत भारी थे, और याद रखने की बात है कि वे किसी दूसरी तरह की ठोस दौलत नहीं थे। अगर कोई देश रेलों या नहरों या किसी दूसरी देश-हितकारी योजना के लिए रुपया उधार लेता है तो जो रुपया वह उधार लेता है और खर्च करता है उसके बदले में उसके पास कुछ ठोस चीज़ आ जाती है। वास्तव में इन कामों पर जितनी दौलत खर्च की जाती है, उससे कहीं ज्यादा पैदा हो जाती है। इसलिए ये काम 'उत्पादक काम' कहलाते हैं। पर युद्ध-काल में उधार लिया गया रुपया ऐसे किसी मतलब पर खर्च नहीं हुआ। यह खर्च उत्पादक तो था ही नहीं, बल्कि सत्यानासी था। ज़बर्दस्त रक़में खर्च की गईं, और ये अपने पीछे

सत्यानास की निशानियां छोड़ गई। इस तरह युद्ध के ये क़र्ज़े निपट व बहुत भारी बोझ साबित हुए। युद्ध के क़र्ज़ तीन क़िस्म के थे : एक तो हर्जाने, जिन्हें देने के लिए हारे हुए देशों को मज़बूर किया गया था; दूसरे सरकारों के आपसी क़र्ज़, जो मित्र-राष्ट्री देशों को आपस में, और ख़ासकर अमेरिका को, चुकाने थे; और तीसरे राष्ट्रीय क़र्ज़, यानी वह रुपया, जो हर देश ने अपने ही नागरिकों से उधार लिया था।

इन तीनों क़िस्मों के क़र्ज़ों में हरेक क़र्ज़ा बहुत ही भारी था, पर हर देश का सबसे बड़ा क़र्ज़ा उसका राष्ट्रीय क़र्ज़ा था। मसलन, युद्ध के बाद इंग्लैण्ड का राष्ट्रीय क़र्ज़ा ६,५०,००,००,००० पौंड की विकट संख्या तक पहुंच गया था। इस क़र्ज़ का ब्याज तक चुकाना बड़ा भारी बोझ था, और इसका मतलब था जनता पर टैक्सों का भारी बोझ। जर्मनी ने तो सिक्के का फैलाव करके, जिससे पुराना मार्क ख़तम हो गया था, अपने भारी अन्दरूनी क़र्ज़े को साफ कर दिया, और इस लिहाज़ से वह उन लोगों को नुक़सान पहुंचाकर बोझ से बच गया, जिन्होंने उसे रुपया उधार दिया था। फ्रान्स ने भी कुछ हद तक सिक्के का यही तरीक़ा अपनाया और अपने फ्रैन्क का मूल्य घटाकर असली मूल्य का पांचवां हिस्सा कर दिया, और इस तरह एक झटके में अपना अन्दरूनी राष्ट्रीय क़र्ज़ा पांच में से चार हिस्से कम कर दिया। मगर दूसरे देशों को चुकाये जानेवाले क़र्ज़ों (हर्जानों या सरकारों के आपसी क़र्ज़ों) के साथ यह खेल नहीं खेला जा सकता था, क्योंकि इनका भुगतान तो ठोस सोने के रूप में होता है।

सरकारों के ये आपसी क़र्ज़े चुकाने के लिए जब एक देश दूसरे देश को क़र्ज़ अदा करता था तो इसका अर्थ यह था कि भुगतान करनेवाला देश उतना रुपया खो देता था, और वह ग़रीब होता जाता था। पर अन्दरूनी राष्ट्रीय कर्जों के भुगतान से देश पर ऐसा कोई असर नहीं पड़ता था, क्योंकि देश का धन देश में ही रहता था। मगर फिर भी इससे बहुत फ़र्क़ पड़ता था। इस क़िस्म के क़र्ज़ों को चुकाने के लिए देश के सारे मालदार या ग़रीब कर-दाताओं पर टैक्स लगाकर रुपया उगाहा जाता था। राज्य को रुपया उधार देकर सरकारी हुंडियां ख़रीदने वाले मालदार लोग थे। इसलिए नतीजा यह हुआ कि इन मालदारों का रुपया अदा करने के लिए मालदारों व ग़रीबों दोनों पर इकसार टैक्स लगाये गए। मालदार लोग तो राज्य को टैक्सों के रूप में रुपया देते थे, वह उन्हें वापस मिल जाता था, या शायद उससे भी ज़्यादा मिल जाता था, मगर ग़रीब लोग तो देते ही थे, बदले में उन्हें कुछ नहीं मिलता था। इसलिए मालदार तो ज़्यादा मालदार हो गये, और ग़रीब ज़्यादा ग़रीब हो गये।

यूरोप के क़र्ज़दार देश अगर अमेरिका को अपने क़र्ज़ों का कुछ हिस्सा अदा

करते थे तो यह तमाम रुपया बड़े-बड़े बौहरों और साहूकारों की जेबों में जाता था। इसलिए युद्ध के इन क़र्ज़ों का नतीजा यह हुआ कि जो हालत पहले ही ख़राब थी, वह और भी ज़्यादा ख़राब हो गई, और ग़रीबों का पेट काटकर मालदार लोग रुपये के बोझ से खूब लद गये। ये मालदार इस रुपये को धन्धों में लगाना चाहते थे, क्योंकि कोई भी व्यवसायी यह पसन्द नहीं करता कि उसका रुपया बेकार पड़ा रहे। इसलिए उन्होंने इस रुपये को नये-नये कारख़ानों और मशीनों और दूसरे व्यवसायों में इतना ज़्यादा लगा दिया जितना कि आमतौर पर ग़रीब हुई जनता की हालत को देखते हुए मुनासिब नहीं था। इसके अलावा वे शेयर बाज़ार में सट्टा भी करने लगे। उन्होंने दिन-पर-दिन बड़े इकट्ठा तरीक़े पर माल पैदा करने का ढंग बैठाया, पर जब जनता के पास ख़रीदने के लिए पैसा ही नहीं था तो यह पैदावार किस काम की थी ? बस, माल का उत्पादन ज़रूरत से ज़्यादा हो गया, और माल बिना बिका पड़ा रहा, और उद्योगों में घाटा होने लगा, और बहुत-से उद्योगों को अपना कारोबार बन्द करना पड़ा। इन घाटों से घबराकर व्यवसायियों ने उद्योगों में रुपया लगाना बन्द कर दिया। वे उसे पकड़कर बैठ गये और वह बैंकों में बेकार पड़ा रहा। बस, चारों तरफ़ बेरोज़गारी फैल गई और मन्दी संसार-व्यापी हो गई।

संकट के जो जुदा-जुदा सबब बतलाये गए थे, उनकी मैंने अलग-अलग चर्चा की है, पर सही बात तो यह है कि इन सबने मिलकर असर डाला और व्यापार की मन्दी इतनी बढ़ा दी जितनी पहले कभी नहीं हुई थी। हक़ीकत में यह मन्दी पूंजीवाद की पैदा की हुई फ़ालतू आमदनी के असमान बंटवारे का नतीजा थी। या यों कहो कि जनता को मजूरियों और वेतनों के रूप में इतना पैसा नहीं मिलता था कि लोग अपनी मेहनत से पैदा किया हुआ माल ख़रीद सकें। तैयार चीज़ों का मूल्य उनकी कुल आमदनी से ज़्यादा था। अगर यह रुपया जनता के पास होता तो इन चीजों को ख़रीदने के आम आता, लेकिन वह मुट्ठी-भर धन-कुबेरों के पास इकट्ठा हो गया, जिनकी यह समझ में नहीं आता था कि उसका क्या करें। यही फ़ालतू रुपया अमेरिका से निकल-निकलकर क़र्ज़ों के रूप में जर्मनी और मध्य-यूरोप और दक्षिण अमेरिका जा पहुंचा। इन्हीं विदेशी क़र्ज़ों ने युद्ध से पिटे यूरोप को और पूंजीवादी ढांचे को कुछ वर्षों तक चलाये रक्खा, मगर उधर संकट भी इन्हींके सबब से पैदा हुआ, और इन्हीं विदेशी क़र्ज़ों ने अन्त में सारी इमारत एक-दम ढा दी।

अगर पूंजीवाद के संकट का यह निदान सही है, तो इसका इलाज वही हो सकता है, जो आमदनियों को इकसार बना दे, या कम-से-कम इस दिशा में चले। इस काम को पूरा करने के लिए समाजवाद को अपनाना होगा। मगर पूंजीपति लोग

शायद ऐसा नहीं करेंगे, जबतक कि जमाने की हालतें ही उन्हें मजबूर न कर दें। पिछड़े-हुए प्रदेशों के साधनों का उपयोग करने के लिए लोग-बाग योजना में बंधे हुए पूंजीवाद की या अन्तर्राष्ट्रीय व्यवसाय-संघों की बातें सोचते है, पर इन बातों के पीछे राष्ट्रीय लाग-डांटें और संसार की मंडियों के लिए साम्राज्यशाही शक्तियों की लड़ाइयां खूंख्वार बनती जा रही है। योजनाएं किसलिए बनाई जाय ? क्या एक को नुक़सान पहुंचाकर दूसरे का फ़ायदा करने के लिए ? पूंजीवाद तो निजी मुनाफ़े कमाने से गरज़ रखता है और होड़ उसका नारा है, और होड़ का योजनाएं बनाने से कोई वास्ता नहीं।

समाजवादियों और साम्यवादियों के अलावा भी कितने ही विचारवान लोग मौजूदा हालतों में पूंजीवाद की क्षमता में सन्देह करने लगे है। मौजूदा मुनाफ़ा-प्रणाली का ही नहीं, बल्कि रुपया देकर माल ख़रीदने की मूल्य-प्रणाली को ही ख़तम करने के लिए कुछ लोगों ने चौकानेवाले उपाय सुझाये है। ये इतने पेचीदा हैं कि यहां उनका बयान करना मुश्किल है, और इनमें से कुछ तो बिल्कुल ही बे-सिर-पैर के है। मैं तो इनका ज़िक्र तुम्हें यह बतलाने के लिए कर रहा हूं कि लोगों के दिमाग़ किस तरह डावांडोल हो गये है, और जो लोग ज़रा भी क्रान्तिकारी नहीं है, वे भी क्रान्तिकारी सुझाव पेश कर रहे है।

जेनेवा के अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर-कार्यालय ने हाल ही में एक सीधा-सादा प्रस्ताव रक्खा था कि बेरोज़गारी फ़ौरन कम करने के लिए मज़दूरों के काम के घंटों की मीयाद एक सप्ताह में चालीस घंटे कर दी जाय। इसका नतीजा यह होता कि करोड़ों मज़दूर काम पर और लग जाते, और उस हद तक बेकारी कम हो जाती। मज़दूरो के तमाम प्रतिनिधियों ने इसका स्वागत किया, मगर ब्रिटिश सरकार ने इसका विरोध किया और जर्मनी व जापान की मदद से इस प्रस्ताव को खटाई में डलवा दिया। युद्ध के बाद के इस सारे ज़माने में अन्तर्राष्ट्रीय मज़दूर-संगठन में इंग्लैण्ड का लेखा बराबर प्रतिगामी रहा है।

आर्थिक संकट व मन्दी दोनों संसार-व्यापी है, इसलिए लोगों का ख़याल हो सकता है कि इनका इलाज भी अन्तर्राष्ट्रीय विश्वव्यापी इलाज होना चाहिए। कई देशों ने आपसी सहयोग का कोई रास्ता ढूढ़ने के यत्न किये है, पर अभी तक वे सब नाकामयाब रहे है। इसलिए हरेक देश ने विश्वव्यापी उपाय की उम्मीद छोड़कर आर्थिक राष्ट्रवाद में इसका राष्ट्रीय इलाज ढूंढ़ा है। उनकी दलील यह है कि जब सारी दुनिया का व्यापार कम हो रहा है, तो वे कम-से-कम अपना व्यापार तो अपने घर में रक्खें और विदेशी माल अपने यहां न आने दें। चूंकि निर्यात का व्यापार बे-भरोसे होता है और घटता-बढ़ता रहता है, इसलिए हरेक देश ने अपनी घरू मंडियों पर ही सारा ध्यान जमाने की कोशिश की है। विदेशी माल का आना रोकने के

लिए हिफ़ाज़ती महसूल लगाये गए है या बढ़ा दिये गए है, और इनसे सफलता भी मिली है। इनसे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को भी चोट पहुंची है, क्योंकि हर देश के महसूल विश्वव्यापी व्यापार में रुकावट डालते हैं। यूरोप व अमेरिका, और कुछ हद तक एशिया भी, इन हिफ़ाज़ती महसूलों की ऊंची दीवारों से भरे पड़े है। महसूलों का एक और नतीजा यह हुआ कि रहन-सहन का खर्च बढ़ गया क्योंकि खाने की चीज़ों और दूसरी जितनी चीज़ों को विदेशी होड़ से बचाने के लिए महसूल लगाये गए, उन सबकी कीमतें चढ़ गईं। किसी चीज़ पर महसूल लगाने से उसपर राष्ट्रीय-एकाधिकार क़ायम हो जाता है, और विदेशी होड़ बन्द हो जाती है या ज़्यादा कठिन हो जाती है। एकाधिकार में मुनाफ़ों का बढ़ जाना लाज़िमी है। विदेशी चीज़ों पर महसूल लगाकर जिन उद्योगों को सहारा दिया जाता है, वे बहुत मुनाफ़ा उठाते है या यों कहो कि उनके मालिक मुनाफ़ा उठाते है। पर यह मुनाफ़ा बहुत करके उन लोगों को नुक़सान पहुंचाकर होता है, जो माल ख़रीदते हैं, क्योंकि चढ़े हुए दाम इन्हें ही देने पड़ते हैं। इस तरह महसूलों से गिने-चुने वर्गों को कुछ राहत मिलती है; और जमे हुए स्वार्थ क़ायम हो जाते हैं, क्योंकि महसूलो से मुनाफ़ा कमाने-वाले उद्योग यह चाहते हैं कि ये सदा बने रहें। मसलन भारत में कपड़ा-उद्योग को जापान के खिलाफ़ भारी सहारा मिला हुआ है। इससे भारतीय मिल-मालिकों को बड़ा मुनाफ़ा हो रहा है, वरना वे जापान के मुक़ाबले में ठहर नहीं सकते थे। मगर अब वे अपना माल ऊंचे दामों पर बेच सकते है। यहां चीनी-उद्योग को भी सहारा मिला हुआ है, जिसके कारण सारे भारत में, और खासकर संयुक्त प्रान्त और बिहार में, चीनी के बहुत-से कारख़ाने खड़े हो गये हैं। इस तरह चीनी में एक निहित स्वार्थ बन गया है और अगर चीनी पर लगाई गई चुंगियां हटा दी जायं तो इस निहित स्वार्थ को नुक़सान हो और चीनी के नये कारख़ानों में से बहुत-से ठप हो जायं।

दो किस्म के एकाधिकार बढ़े। एक तो महसूलों की दीवारोंवाले राष्ट्रों के बीच बाहरी एकाधिकार, और दूसरे भीतरी एकाधिकार, जिनसे बड़े-बड़े व्यवसाय छोटे व्यवसायों को हड़प कर गये। अलबत्ता एकाधिकारों का यह बढ़ना कोई नया सिलसिला नहीं था। यह तो महायुद्ध के पहले से ही मुद्दत से चला आ रहा था। पर अब इसकी रफ़्तार ज़्यादा तेज़ हो गई। कई देशों में महसूलों की दीवारें भी बहुत दिनों से मौजूद थी। बड़े देशों में इंग्लैण्ड ही ऐसा था, जो अब तक आज़ाद व्यापार के भरोसे रहा था और हिफ़ाज़ती महसूलों के बिना काम चला रहा था। पर अब उसे भी हिफ़ाज़ती चुंगियां लगाकर अपनी पुरानी रीत छोड़नी पड़ी, और दूसरे देशों की बराबरी में आना पड़ा। इससे उसके कुछ उद्योगों को थोड़ी-सी राहत मिली।

इनसब बातों से मुकामी और आरज़ी राहत तो ज़रूर मिली, पर हक़ीकत

में समूची दुनिया में हालत और भी ज़्यादा बिगड़ गई। इससे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तो और भी कम हुआ ही, मगर दौलत का असमान बंटवारा भी क़ायम हो गया और बढ़ गया। इससे बराबरीवाले राष्ट्रों में लगातार रगड़ रहने लगी और हरेक राष्ट्र ने दूसरे राष्ट्र का माल रोकने के लिए महसूलों की दीवारें खड़ी कर दीं। इन्हें 'हिफ़ाज़ती चुंगियों का जंग' कहा जाता है। जब संसार की मंडियां कम होने लगीं और दिन-पर-दिन ज़्यादा महफ़ूज कर दी गई, तो इनके लिए ज़ोरदार छीना-झपटी होने लगी, और कारख़ानों के मालिक अपने मज़दूरों की मज़दूरी में कटौती करने पर ज़ोर देने लगे, ताकि वे दूसरे देशों के साथ होड़ में ठहर सकें। बस, मन्दी पैदा हो गई, और बेरोज़गारों की फ़ौज ख़ूब बढ़ गई। मज़दूरी में जितनी बार कटौती की गई, मज़दूरों की ख़रीदने की ताक़त भी उतनी ही घट गई।

: १८६ :

सरदारी के लिए अमेरिका और इंग्लैण्ड का संघर्ष

२५ जुलाई, १९३३

मैं लिख चुका हूं कि मन्दी के ज़माने में अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार घटते-घटते सिर्फ़ एक-तिहाई रह गया। जनता की ख़रीदने की हैसियत कम होने से घरेलू व्यापार भी कम हो गया। बेरोज़गारी बढ़ती चली गई, और इन करोड़ों बेरोज़गार मज़दूरों को रोटी देना सरकारों के लिए बड़ा भारी बोझ हो गया। भारी-भारी टैक्सों के बावजूद भी कई सरकारों को अपना ख़र्च चलाना नामुमकिन-सा हो गया। उनकी आमदनी घट गई, और किफ़ायत व वेतनों में कटौती के बावजूद उनका ख़र्च ज़्यादा बना रहा। क्योंकि इस ख़र्च का ज़्यादा हिस्सा जल, थल व हवाई सेनाओं में, और भीतरी व बाहरी दोनों तरह के क़र्ज़ों के भुगतान में लगा हुआ था। राष्ट्रीय बजटों में घाटे होने लगे, यानी आमदनी से ख़र्च बढ़ गया। इन घाटों ने क़र्ज़दार देशों की आर्थिक हैसियत और भी कमज़ोर बना दी, क्योंकि इन घाटों को या तो ज़्यादा रुपया उधार लेकर या जमा-पूंजी में से रुपया निकालकर ही पूरा किया जा सकता था।

साथ ही माल के ढेर अन-बिके पड़े रह गये, क्योंकि लोगों के पास इन्हें ख़रीदने के लिए काफ़ी पैसा ही नहीं रहा। बहुत बार तो इन 'फ़ालतू' अन्न व दूसरी चीज़ों को सचमुच नष्ट कर दिया गया, हालांकि दूसरी जगहों के लोगों की इनकी सख़्त ज़रूरत थी। यह संकट और गिरावट संसार-व्यापी थे (सोवियत संघ को छोड़कर), मगर फिर भी इनको खतम करने के लिए सारे राष्ट्र आपस में अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग नहीं कर पाये। हरेक देश अपनी-अपनी गुदड़ी सम्भाल रहा है, दूसरों से आगे बढ़ जाने की कोशिश कर रहा है, और यहांतक कि दूसरे की मुसीबतों से फ़ायदा उठाने

का यत्न कर रहा है। इस अलग-अलग और स्वार्थी कार्रवाई ने, और आज़माय गए दूसरे अधूरे उपायों ने, हालत को ज़्यादा ही बिगाड़ा है। व्यापार की इस मन्दी से बिल्कुल अलग-थलग, लेकिन इसपर काफ़ी असर डालनेवाले दो तथ्य या हलचलें ससार के मामलों पर छाये हुए हैं। एक तो पूंजीवादी दुनिया की सोवियत के साथ मुक़ाबलेदारी है; दूसरी आंग्ल-अमेरिकी मुक़ाबलेदारी।

पूंजीवादी संकट ने सारे पूंजीवादी देशों को कमज़ोर और मुफ़लिस बना दिया है, और एक तरह से युद्ध का अन्देशा कम कर दिया है। हरेक देश अपने घर की हालत सुधारने में मशग़ूल है, और जोखम के कामों में खर्च करने के लिए किसीके पास रुपया नहीं है। मगर उलटबांसी यह है कि इस संकट ने ही युद्ध का ख़तरा भी बढ़ा दिया है, क्योंकि इसने राष्ट्रों और उनकी सरकारों को लाचारी से दीवाना बना दिया है और जो क़ौमें इस तरह दीवानी हो जाती हैं, वे अपनी अन्दरूनी कठिनाइयों को हल करने के लिए बाहरी युद्धों का सहारा लेती हैं। जब किसी देश की सत्ता, तानाशाह या छोटे-से चुने हुए दल के हाथों में होती है, तब ख़ासतौर पर ऐसा होता है। तानाशाह अपनी सत्ता छोड़ने के बजाय अपने देश को युद्ध में झोंक देता है और इस तरह अपने देशवासियों का ध्यान घर के झगड़ों से हटा देता है। इसलिए, सोवियत संघ व साम्यवाद के ख़िलाफ़ 'जिहाद' का अन्देशा सदा बना रहता है, क्योंकि आशा यह की जाती है कि इससे पूजीवादी बहुत-से देश आपस में मिल जायंगे। मैं बतला चुका हूं कि सोवियत संघ पर पूजीवादी संकट का सीधा असर नहीं पड़ा था। वह तो अपनी पंच-वर्षीय योजना में इतना फंसा हुआ था कि सब तरह का नुक़सान उठाकर भी युद्ध को टालना चाहता था।

युद्ध के बाद इंग्लैण्ड और अमेरिका के बीच लाग-डांट लाज़िमी थी। ये संसार की दो सबसे बड़ी शक्तियां हैं, और दोनों ही दुनिया के सारे कारोबारों पर हावी होना चाहती है। महायुद्ध से पहले इंग्लैण्ड सबका सरताज माना जाता था। मगर युद्ध ने अमेरिका को सबसे मालदार और ताक़तवर राष्ट्र बना दिया और तब उसने क़ुदरती तौर पर यह चाहा कि दुनिया में वह अपनेको जिस हैसियत का हक़दार समझता है, यानी सबसे ऊंची हैसियत, उसे हासिल करे। उसने इरादा कर लिया कि आयन्दा इंग्लैण्ड को हर चीज़ में दख़ल नहीं जमाने देगा। ख़ुद इंग्लैण्ड ने भी महसूस कर लिया कि ज़माना बदल गया है, इसलिए उसने अमेरिका से दोस्ताना नाता जोड़कर अपनेको ज़माने के मुताबिक़ बनाने की कोशिश की। उसने यहांतक किया कि अमेरिका को खुश करने के लिए जापान की दोस्ती को धता बताई, और अमेरिका को दम-दिलासा देने के लिए कई तरह से दोस्ती का हाथ बढ़ाया। मगर इंग्लैण्ड अपने खास स्वार्थ और अपनी ख़ास हैसियत और खास-कर अपनी साहूकारी नेतागिरी छोड़ने के लिए तैयार नहीं था, क्योंकि उसका

बड़प्पन और उसका साम्राज्य इन्हींके साथ बंधे हुए थे। उधर अमेरिका भी ठीक यही साहूकारी नेतागिरी चाहता था। इसलिए दोनों देशों के बीच झगड़ा टल नहीं सकता था। दोनों देशों के बौहरे, जिनकी पीठ पर उनकी सरकारें थीं, ऊपर से तो मीठी-मीठी और लच्छेदार बातें करते थे, पर भीतर-भीतर दुनिया की साहूकारी में और उद्योगों में नेतागिरी के लिए लड़ते थे। इस खेल में जीत के और तुरुप के ज़्यादातर पत्ते मानो अमेरिका के हाथ में थे, और इंग्लैण्ड पुराना तजरबेकार और अच्छा खिलाड़ी था।

युद्ध के कर्ज़ों की वजह से दोनों शक्तियों के बीच कड़ुवाहट और भी बढ़ गई, और इंग्लैण्ड के लोग अमेरिकावालों को पौंड-भर मांस मांगनेवाला शायलाक कह-कर गालियां देने लगे। हक़ीक़त यह है कि इंग्लैण्ड के ऊपर अमेरिका का क़र्ज यहां के ग़ैर-सरकारी बौहरों का था, जिन्होंने युद्ध के दौरान रुपया उधार दिया था या हुंडियों का भुगतान किया था। संयुक्त राज्य अमेरिका की सरकार ने तो इसके लिए सिर्फ़ ज़मानत दी थी। इसलिए अमेरिका की सरकार के सामने इन क़र्ज़ों को बट्टे-खाते डालने का सवाल ही नहीं था। अगर इंग्लैण्ड के ये क़र्ज़े माफ़ कर दिये जाते, तो अमेरिकी सरकार को चुकाने पड़ते, क्योंकि वह इनकी ज़मानतदार थी। अमेरिका की कांग्रेस यह और ज़्यादा देनदारी अपने ऊपर क्यों लेती, ख़ासकर इस संकट के दौर में ?

बस, इंग्लैण्ड और अमेरिका के आर्थिक स्वार्थ अलग-अलग दिशाओं में खींच-तान करने लगे, और आर्थिक स्वार्थ का खिचाव किसी भी दूसरे खिचाव से ज़्यादा ज़ोरदार हुआ करता है। इन दोनों देशों के निवासियों में बहुत-सी बातें एक-सी हैं, मगर फिर भी यह ख़्वामख़्वाह मुठभेड़ हो रही है, जिसमें अमेरिका का बल और साधन दोनों बहुत बड़े हैं। स्वार्थों की इस टक्कर के सबब से या तो झगड़े की शकल और ज़्यादा तेज हो जाय या दूसरी चीज यह हो सकती है कि इंग्लैण्ड की ख़ास सहूलियतें और रौब-दाब की हैसियत धीरे-धीरे, मगर बिना रुके, अमेरिका के पास चली जाय। अंग्रेज़ों को यह विचार अच्छा नहीं लगता कि जिन चीज़ों की वे क़द्र करते हैं, उनमें से ज़्यादातर को छोड़ दें, अपने प्राचीन गौरव और साम्राज्य-शाही शोषण के मुनाफ़ों से भी हाथ धो लें, और दुनिया में ऐसी पिछड़ी जगह ले लें, जो अमेरिका की मेहरबानी के भरोसे हो। इसलिए ऐसा नहीं लगता कि वे बिना लड़े घुटने टेक दें। इंग्लैण्ड की मौजूदा हैसियत की यह दुखभरी लीला है। उसकी पुरानी शक्ति के सारे सोते सूखते जा रहे हैं, और भविष्य इशारा करता दिखाई देता है कि गिरावट टल नहीं सकी। पर अंग्रेज़ लोग, जिन्हें सदियों से हुकूमत की टेव पड़ी है, इस होनहार को क़बूल करने के लिए तैयार नहीं हैं। वे बहादुरी के साथ इसके ख़िलाफ लड़ रहे हैं, और लड़ते रहेंगे।

मैंने तुम्हें आज के संसार पर छाई हुई दो होड़ें दिखलाई है, क्योंकि इनमें आजकल होनेवाली ज़्यादातर घटनाओं का सबब साफ़ नज़र आ जाता है। अलबत्ता कई तरह की होड़ें सदा चलती रहती हैं, समूची पूंजीवादी और साम्राज्यवादी प्रणालियां होड़ और मुक़ाबले के आधार पर ही टिकी हुई हैं।

मन्दी के ज़माने में घटनाओं के सिलसिले के बयान को हमने जहां छोड़ा था, वहीं अब फिर चलना चाहिए। फ़्रान्सीसियों ने जून, १९३० ई०, में राइनलैण्ड ख़ाली कर दिया था, जिससे जर्मनों को बहुत तसल्ली हुई थी। पर इसमें इतनी देर कर दी गई थी कि इसे नेकनीयती का चिह्न नहीं माना जा सकता था। दूसरे, मन्दी के अन्धेरे में हर चीज़ काली नज़र आती थी। ज्यों-ज्यों व्यापार की हालतें बिगड़ती गई, त्यों-त्यो क़र्ज़दारों के पास रुपये की तंगी होती गई, और हर्जानों व क़र्जों का भुगतान करना कठिन, या नामुमकिन तक होता गया। कर्ज़दारों की कठिनाई को दूर करने के लिए राष्ट्रपति हूवर ने एक साल की छूट का ऐलान किया था। इसके बाद युद्ध के क़र्ज़ों के समूचे सवाल पर दुबारा ग़ौर कराने के यत्न किये गए, पर संयुक्त राज्य की कांग्रेस ने इसपर दुबारा गौर करने से इन्कार कर दिया। फ़्रान्सीसी सरकार जर्मनी से वसूल होनेवाले हर्जानों के सवाल पर भी इतनी ही सख़्ती से अड़ी हुई थी। ब्रिटिश सरकार कर्ज़ लेनेवाली और कर्ज देने-वाली दोनों थी। इसलिए वह इस हक़ में थी कि हर्जानों व क़र्ज़ों दोनों को मिटाकर हिसाब की पट्टी साफ़ कर दी जाय। मगर हरेक देश अपने-अपने मतलब की बात सोचता था, इसलिए कोई शामिल कार्रवाई नहीं हो सकी। १९३१ ई० के बीच में जर्मनी की माली हालत ख़स्ता हो गई और बैंकों के दिवाले निकल गये। इसके सबब से इंग्लैण्ड में संकट पैदा हो गया और वह अपनी देनदारियां नही चुका सका। इससे देश की माली हालत भी ख़स्ता होने पर आ गई। यह ख़तरा सामने आने पर मज़दूर-दली सरकार को ख़ुद उसीके नेता रैम्ज़े मैक्डोनल्ड ने धक्का दे दिया, और अब वह 'राष्ट्रीय सरकार' का नेता बनकर सामने आया, जिसमे अनुदार दलवालों की तूती बोलती थी। मगर यह राष्ट्रीय सरकार भी पौंड को नही बचा सकी। इसी समय वेतन-कटौती के सवाल पर अतलाण्टिक बेड़े के अंग्रेज़ मल्लाहों ने भी बग़ावत कर दी। बिना ख़ून-ख़राबी की इस बग़ावत का इंग्लैण्ड और यूरोप में ज़बर्दस्त असर पड़ा। रूस की क्रान्ति की और वहां के मल्लाहों की बग़ावतों की यादगारें लोगों के दिमाग़ों में ताज़ा हो गई, और बोलशेविकवाद आने की दहशत पैदा हो गई। इंग्लैण्ड के पूंजीपतियों ने कोई आफ़त आने से पहले ही अपनी पूंजी बचाने का फ़ैसला कर लिया, और भारी-भारी रक़में विदेशों को भेज दीं। ऐसा मालूम होता है कि दौलतमंदों की देशभक्ति रुपये या जमे हुए स्वार्थ पर जोख़म की आंच बर्दाश्त नहीं कर सकती।

ज्यों-ज्यों इंग्लैण्ड की पंजी विदेशों में जाने लगी, पौंड की क़ीमत भी गिरने लगी, और अन्त में, २३ सितम्बर, १९३१, को स्वर्ण-मान (Gold standard) त्यागना पड़ा, यानी अपना सोना बचाने के लिए उसने पौंड को सोने से अलग कर दिया। अब इसके बाद कोई व्यक्ति, जिसके पास सोने की क़ीमतवाले पौंड थे, पहले की तरह उनके बदले में सोना नहीं मांग सकता था।

ब्रिटिश साम्राज्य व इंग्लैण्ड की दुनियावी हैसियत के लिहाज़ से पौंड की यह गिरावट एक ज़बर्दस्त घटना थी। इसका मतलब यह था कि कम-से-कम कुछ समय के लिए वह साहूकारी नेतागिरी जाती रही, जिसने लेन-देन के मामलों में लन्दन को संसार का केन्द्र और राजधानी बना रक्खा था। इसको बचाने के लिए इंग्लैण्ड ने अपने उद्योगों को हानि पहुंचाकर भी, १९२५ ई० में, स्वर्ण-मान को फिर से अपनाया था, और बेरोज़गारी, कोयला-मज़दूरों की हड़ताल वग़ैरा का सामना किया था। मगर यह सब बेकार हुआ, और दूसरे देशों की कार्रवाइयों ने पौंड को सोने से जबर्दस्ती अलग कर दिया। बस, यही चीज़ ब्रिटिश साम्राज्य के खातमे की शुरूआत जतानेवाली मालूम होने लगी, और सारे संसार में इसका यही अर्थ लगाया गया। सितम्बर, १९३१ ई० की २३ तारीख इतिहास की इस बड़ी घटना की वजह से बहुत महत्व की तारीख बन गई है।

मगर इंग्लैण्ड तो डटकर लड़नेवाला ठहरा। और आड़े वक्त के लिए उसके पास अब भी एक अधीन और बेकस साम्राज्य था। भारत व मिस्र, इन दो पूरी तरह से अधीन देशों के अन्दर से सोना खींचकर वह संकट की मार से फिर सम्भल गया। पौंड का मूल्य गिरने से उसके उद्योगों को फायदा हुआ, क्योंकि अब वह विदेशों में अपना माल सस्ते भावों पर बेच सकता था। उसका यह पुनर्जीवन सचमुच अनोखा था।

हर्जानों और युद्ध के क़र्ज़ों का सवाल फिर बाक़ी रह गया। यह तो ज़ाहिर हो गया था कि जर्मनी हर्जाने नहीं चुका सकता था, और वास्तव में उसने ऐसा करने से बाक़ायदा इन्कार भी कर दिया। आखिरकार, १९३२ ई० में, लोज़ान में बुलाये गए एक सम्मेलन में, हर्जानों की रक़म इस उम्मीद और आसरे में घटाकर नाम मात्र की कर दी गई कि संयुक्त राज्य अमेरिका भी कर्ज़ों की रक़मों को इसी तरह कम कर देगा। मगर अमेरिका की सरकार ने कर्ज़ों को हर्जानों के साथ मिलाने से, या कर्ज़ों को बट्टे-खाते डालने से, इन्कार कर दिया। इससे गाड़ी फिर लुढ़क गई, और यूरोप के लोग अमेरिका पर दांत पीसने लगे।

संयुक्त राज्य अमेरिका की वाज़िब क़िस्तों की अदायगी का वक़्त दिसम्बर, १९३२ ई०, में आया। और हालांकि इंग्लैण्ड, फ़्रांस वग़ैरा देशों की ओर से बहुत

ज़ोरदार दलीलें दी गईं, परन्तु अमेरिका अपने दावे पर अड़ा ही रहा। बहुत तर्क-वितर्क के बाद इंग्लैण्ड ने अपनी किस्त चुका दी लेकिन साथ ही कह दिया कि यह किस्त बस आख़िरी थी। फ़्रान्स व कुछ दूसरे देशों ने क़िस्तें देने से इन्कार कर दिया। और वे नादिहन्द बन गये। इसके बाद भी कोई नया समझौता नहीं हुआ, और गये महीने, यानी जून, १९३३ ई०, में क़र्ज़े की अगली किस्त वाजिब हो गई। फ़्रान्स ने फिर इन्कार कर दिया। मगर इंग्लैण्ड के साथ अमेरिका ने फैयाज़ी दिखाई और एक छोटी-सी रक़म निशानी के तौर पर मंजूर कर ली। बड़े सवाल का फैसला उसने आगे पर छोड़ दिया।[1]

जब इंग्लैण्ड और फ़्रान्स-जैसी बड़ी-बड़ी और मालदार ताक़तें, अपनी-अपनी पसन्द और रीत के मुताबिक, अपने कर्ज़ों की ज़िम्मेदारी से बरी होने की कोशिश कर रही हैं, तो विचार करने की दिलचस्प बात यह है कि जब सोवियत ने सारे कर्ज़ों को रद्द कर दिया तो इन्हीं देशों ने उसे बुरी तरह लताड़ा। भारत में भी जब यह कहा जाता है, जैसा कि कांग्रेस की तरफ़ से कहा भी गया है, कि भारत पर इंग्लैण्ड के कर्ज़े के समूचे सवाल की जांच एक निष्पक्ष अदालत से होनी चाहिए, तो सरकारी क्षेत्रों में धर्म की दुहाई मच जाती है। राष्ट्र की देनदारी चुकाने के ऐसे ही सवाल पर आयर्लैण्ड और इंग्लैण्ड के बीच गहरी तनातनी पैदा हो गई, और दोनों के बीच तिजारती युद्ध शुरू हो गया, जो अभी तक चल रहा है।

इंग्लैण्ड की साहूकारी नेतागिरी, का और उसे हासिल करने के लिए अमेरिका की दौड़-धूप का, और बैंकों के दिवालों का, और बहुत-से देशों की माली हालत बिगड़ जाने का, मैं बार-बार ज़िक्र कर चुका हूं। इस सारी गपड़-सपड़ का अर्थ क्या है? यह सवाल तुम पूछ सकती हो, क्योंकि मेरा ख़याल है तुम इसे नहीं समझती होगी। मगर चूंकि इसके बारे में मैं इतनी बातें लिख चुका हूं, इसलिए मुझे लगता है कि इसे कुछ ज़्यादा अच्छी तरह समझाने की कोशिश करनी चाहिए। रुपये-पैसे की घटनाओं में हमारी दिलचस्पी हो या न हो, पर राष्ट्रीय और व्यक्तिगत दोनों तरह से इनका हमारे ऊपर बड़ा भारी असर पड़ता है। इसलिए जो चीज़ हमारे वर्तमान और भविष्य को ढालती है, उसे समझ लेना अच्छा है। बहुत-से लोगों के दिलों पर पूंजीवादी दुनिया के जमा-खर्च के तरीकों की रहस्यभरी हरकतों की ऐसी छाप बैठ गई है कि वे इसे हैरत और आदर की निगाह से देखते हैं। यह उन्हें

[1] **अगले पांच वर्षों में यानी सन् १९३३ से १९३८ ई० तक इंग्लैण्ड और फ्रांस ने अमरीका के क़र्ज़े की कोई अगली किस्त नहीं चुकाई। यहांतक कि सांकेतिक रूप में भी कुछ नहीं दिया। मालूम होता है कि यह मान लिया गया है कि क़र्ज़ों से इन्कार किया जा सकता है और उन्हें चुकाने की ज़रूरत नहीं रही।**

इतनी पेचीदा और बारीक और उलझनेवाली मालूम होती है कि वे इसे समझने तक की कोशिश नहीं करते, और इसे माहिरों, बोहरों, वगैरा के ऊपर छोड़ देते हैं। इसमें शक नही कि यह पेचीदा और उलझनदार है, और यह जरूरी नहीं है कि उलझन किसी चीज की अच्छाई हो। पर फिर भी, अगर हम अपनी आज की दुनिया को समझना चाहते हैं, तो हमें इसका कुछ ज्ञान होना चाहिए। मैं इस सारे ढांचे को समझाने की कोशिश नहीं करूंगा। यह मेरे बूते से बाहर है, क्योंकि मैं इसका माहिर नही हूं, बल्कि महज नौसिखिया हूं। मैं तुम्हें सिर्फ कुछेक बातें बतलाऊंगा, और मुझे आशा है कि इनसे तुम ससार की कुछ घटनाओं को, और अखबारों में छपनेवाले कुछ समाचारों को, होशियारी के साथ समझ सकोगी। शायद मुझे उन बातों को दुहराना पड़े, जो मैं पहले बतला चुका हूं, लेकिन अगर इससे तुम्हें समझने में मदद मिले, तो मेरे दोहराने का खयाल न करना। याद रक्खो कि यह यह पूजीवादी ढांचा है, जिसमें शेयरोवाली निजी कम्पनियां है, निजी बैंक है और शेयर बाज़ार है, जहां शेयरों का लेन-देन होता है। सोवियत संघ का माली और औद्योगिक ढांचा बिल्कुल निराला है। वहा इस तरह की कम्पनियां, या निजी बैंक या शेयर बाज़ार नही है; करीब हरेक चीज़ पर राज्य की मिल्कियत है और कब्ज़ा है, और विदेशी व्यापार असल में सामान की अदला-बदली के रूप में होता है।

तुम जानती हो कि हरेक देश का अन्दरूनी कारोबार बहुत-कुछ पूरी तरह हुंडियों के ज़रिये, और इससे कुछ कम, नोटों के ज़रिये चलता है। सोना और चांदी का, छोटी-मोटी खरीदारियों के अलावा बहुत कम उपयोग होता है (सोना तो वास्तव में आसानी से मिलता भी नही)। यह काग़जी रुपया साख की निशानी है, और जबतक बैंकों में, या सिक्के के नोट चलानेवाली अपने देश की सरकार मे लोगों का भरोसा जमा रहता है तबतक यह नक़द रुपये का काम देता रहता है। पर यह काग़ज़ी सिक्का एक देश से दूसरे देश को रुपया भेजने के काम का नहीं है, क्योंकि हरेक देश का अपनी निजी राष्ट्रीय सिक्का होता है। इसलिए अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन का आधार सोना है, और कम मिलनेवाली धातु होने की वजह से इसकी असली कीमत होती है। इस काम के लिए सोने के सिक्कों का या सोने के पासों का उपयोग किया जाता है। लेकिन अगर एक देश को दूसरे देश का रुपया चुकाने के लिए हर बार सचमुच सोना ही भेजना पड़े, तो ज़बर्दस्त बवाल हो जाय, और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का विकास न होने पावे। इसके अलावा, संसार में सोने की जितनी मिकदार मिलती है, उससे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार की मिकदार या कीमत भी एक हद में बंध जाएगी। क्योकि इस हद पर पहुंचने के बाद दाम चुकाने के लिए ज्यादा सोना नही मिल सकेगा, तो विदेशों के साथ तिजारती लेन-देन का काम आगे तबतक बन्द हो जायगा, जबतक कि कुछ सोना निकाला न जाय और वापस न लाया जाय।

लेकिन ऐसा होता नहीं है। १९२९ ई०, में दुनिया-भर में सोने के सिक्के की कुल कीमत ग्यारह अरब[1] डालर थी। इसी साल जो माल एक देश से दूसरे देश को भेजा गया, उसकी कुल कीमत बत्तीस अरब डालर थी। इसके अलावा चार अरब डालर के कर्ज़ अलग-अलग देश को चुकाने थे। सैलानियों का खर्च, माल का भाड़ा, प्रवासियों का अपने देशों को भेजा गया रुपया, वग़ैरा और विदेशी अदायगियों की कुल रकम भी चार अरब डालर के करीब थी। इस तरह अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन की कुल रक़म चालीस अरब डालर के करीब होती है। यह सोने के सिक्के कुल कीमत की चार गुनी के करीब थी।

ऐसी हालत में विदेशों के साथ लेन-देन किस तरह होता था? आम तौर पर यह लेन-देन एक किस्म के सहायक रुपये के रूप में यानी हुंडियों-विनिमय-हुंडियों (Bills of Exchange) वग़ैरा के रूप में, होता था, जो सौदागर लोग अपने कर्ज़ों की रसीद के तौर पर विदेशों को भेजते थे। यह कारोबार विनिमय का कारोबारवाले बैंकों की मार्फ़त होता था। विनिमय बैंक जुदा-जुदा देशों के खरीदनेवालों और बेचनेवालों से सम्पर्क रखते हैं और विनिमय की जो हुंडियां उनके पास आती हैं, उनके आधार पर लेन-देन का जमा-खर्च करते हैं। अगर किसी समय बैंक के पास विनिमय-हुंडियो की कमी पड़ जाय, तो वे अपना भुगतान सरकारी बॉण्ड या सरकारी कर्ज़ या अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियों के शेयर वगैरा चालू सिक्योरिटियों के जरिये कर सकते हैं। ये शेयर तार से इत्तला देने पर बेचे या बदले जा सकते हैं, जिसमें दूसरे सिरे पर फौरन भुगतान किया जा सकता है।

इस तरह अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का असली लेन-देन केन्द्रीय विनिमय-बैंकों की मार्फत, व्यवसायी रुक्कों (हुंडियों, परचे वगैरा) और सरकारी हुंडियों (सिक्योरिटियों) के जरिये किया जाता है। व्यवसाय की रोज़ाना जरूरत पूरा करने के लिए बैंकों को ये दोनो किस्म की हुंडियां काफ़ी तादाद में रखनी पड़ती हैं। हफ्ते-वार गोशवारे निकाले जाते हैं, जिनमें बतलाया जाता है कि उनके पास कितना सोना और कितनी विदेशी हुंडियां है। मामूली तौर पर विदेशों में भुगतान के लिए विदेशों को सोना कभी नहीं भेजा जाता। लेकिन अगर कभी ऐसा मौका आ जाय कि दूसरी तरह से भुगतान करने के बजाय सोना भेजना सस्ता पड़े, तो बैंकवाले सोने के पासे भी भेजते हैं।

स्वर्ण-मानवाले देशों में राष्ट्रीय सिक्के की कीमत सोने के आधार पर तय होती थी। और उसके बदले में कोई भी आदमी सोना मांग सकता था।

---

[1] उस समय एक डालर करीब ढाई रुपये के बराबर होता था।

इसलिए ये सिक्के क़रीब-क़रीब अचल होते थे और इनका आपसी विनिमय हो सकता था। क्योंकि उनके बदले में सोना मिल सकता था। अगर कुछ फर्क पड़ता था तो वह एक देश से दूसरे देश को सोना भेजने के ख़र्च का ही होता था, क्योंकि अगर कोई व्यवसायी देखता कि उसके देश में सोने का भाव ऊंचा है, तो वह किसी दूसरे देश से आसानी से सोना मंगवा सकता था। यह स्वर्ण-मान प्रणाली कहलाती थी। इस प्रणाली के मातहत सारे राष्ट्रीय सिक्के अचल थे और इसलिए उन्नीसवीं सदी में, महायुद्ध के शुरू तक अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में ख़ूब बढ़ोतरी हुई। आज यह प्रणाली टूट चुकी है, और नतीजा यह है कि सिक्के का बर्ताव बड़ा विचित्र हो गया है, और ज्यादातर राष्ट्रीय सिक्के डावांडोल हो गये हैं।

किसी देश का निर्यात मोटे तौर पर उसके आयात के बराबर हुआ करता है। या यों कहो कि जो माल कोई देश बाहर से मंगाता है, उसके दाम अपना माल बाहर भेजकर चुकाता है। परन्तु यह बात बिल्कुल सही नहीं है, क्योंकि जब आयात के माल की कीमत निर्यात के माल की कीमत से बढ़ जाती है, तो अक्सर एक-न-एक तरफ़ कुछ बकाया रहती है। यह 'विपरीत बक़ाया' (Adverse Balance) कहलाती है, और उस देश को अपना हिसाब बेबाक करने के लिए कुछ भुगतान ऊपर से करना पड़ता है।

अलग-अलग देशों के बीच बहनेवाली माल की धारा का बहाव एक-सा हर्गिज़ नहीं होता। यह अक्सर बदलता रहता है, और उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। और जैसे-जैसे यह घटता-बढ़ता है, उसी तरह विनिमय-हुंडियों की मांग और आमद भी घटती-बढ़ती रहती हैं। अक्सर ऐसा होता है कि किसी देश के पास ऐसे विनिमय-बिलों की तो बहुतायत हो जाती है, जिनकी उसे उस वक़्त जरूरत नहीं होती, और जिस तरह की विनिमय-हुंडियों की उसे जरूरत होती है, उनकी उसके पास कमी पड़ जाती है। मिसाल के लिए मान लो कि फ्रान्स के पास जर्मनी में मार्कों की विनिमय-हुंडियां तो ज़रूरत से ज़्यादा हैं, और अमेरिका का हिसाब चुकता करने के लिए डालर की विनिमय-हुंडियों की कमी है। ऐसी हालत में फ़्रान्स जर्मनी की विनिमय-हुंडियों को तो बेचना चाहेगा और उनके बदले में अमेरिका के नाम के डालर की विनिमय-हुंडियां खरीदना चाहेगा। ऐसा करने के लिए विनिमय-हुंडियों के वास्ते कोई केन्द्रीय मंडी होनी चाहिए, जहां ये अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय किये जा सकें। ऐसी मंडी सिर्फ उसी देश में हो सकती है जिसमें नीचे लिखी तीन खासियतें हों—

१. उसका विदेशी व्यापार चारों तरफ फैला हुआ और वह हर किस्म का होना चाहिए, ताकि उसके पास हर किस्म की विनिमय-हुंडियों की खूब आमद हो।

२. वहां हर किस्म की सिक्योरिटियां सुलभ होनी चाहिए, यानी वह पूंजी की सबसे बड़ी मंडी होनी चाहिए।

३. वहां सोने की भी सबसे बड़ी मंडी होनी चाहिए, ताकि अगर विनिमय-हुंडियों और सिक्योरिटियों दोनों की कमी हो, तो सोना आसानी से मिल सके।

उन्नीसवीं सदी में शुरू से अखीर तक सिर्फ इंग्लैण्ड ही ऐसा देश था, जो इन तीनों शर्तों को पूरी करता था। उद्योग-क्षेत्र में सबसे पहले कदम रखने की वजह से और एकाधिकारी क्षेत्र के रूप में उसके पास बड़ा साम्राज्य होने की वजह से उसके विदेशी व्यापार का फैलाव संसार में सबसे ज्यादा बढ़ गया। अपने बढ़ते हुए उद्योगों पर उसने अपनी खेती को निछावर कर दिया। उसके जहाज़ हर बन्दरगाह से सौदागरी का सामान और विनिमय-हुंडियां ले जाते थे। इस भारी उद्योग-तरक्की से वह कुदरती तौर पूंजी की सबसे बड़ी मंडी बन गया, और उसके पास विदेशी सिक्योरिटियों का ढेर लग गया। उसकी मदद करनेवाला एक और हेतु यह था कि दुनियाभर में निकलनेवाले सोने का दो-तिहाई हिस्सा ब्रिटिश साम्राज्य—दक्षिण अफ्रीका, आस्ट्रेलिया, कनाडा और भारत—में मौजूद था। इनकी सोने की खानों का माल लन्दन के बाज़ार में फौरन बिक जाता था, क्योंकि बैंक ऑव् इंग्लैण्ड इनमें निकलनेवाला सारा सोना एक तयशुदा भाव पर खरीद लेता था।

इस तरह लन्दन का बड़ा शहर विनिमय-हुंडियों, सिक्योरिटियों और सोने की एक केन्द्रीय मंडी बन गया। यह संसार की साहूकारी राजधानी बन गया। हरेक सरकार या वोहरा, जो विदेशों में अपना हिसाब चुकाना चाहता था और अपने देश में इसके साधन हासिल नहीं कर सकता था, लन्दन चला आता था, जहां उसे हर किस्म की व्यवसायी और लेन-देन की हुंडियां और सोना भी मिल जाता था। सोने की कीमतवाला पौंड व्यवसाय का ठोस प्रतीक बन गया। अगर डेनमार्क या स्वीडन दक्षिण अमेरिका से कुछ माल खरीदना चाहता, तो यह सौदा पौंडों में तय किया जाता, हालांकि लन्दन उस माल की शकल भी कभी नहीं देखता था।

इंग्लैण्ड के लिए ज़बर्दस्त मुनाफ़े का सौदा था, क्योंकि सारा संसार इस सेवा के लिए उसे कुछ खिराज देता था। इसके अलावा सीधे मुनाफ़े भी थे। साथ ही विदेशी व्यापारी कम्पनियां अगाऊ भुगतानों के लिए इंग्लैण्ड के बैंकों में अपना फालतू रुपया या दूसरों से वसूल होनेवाला रुपया जमा करा देती थीं। ये बैंक इस जमा को दूसरे ग्राहकों को थोड़े-थोड़े समय के लिए उधार पर चलाकर मुनाफ़ा कमाते थे। इंग्लैण्ड के बैंकों को विदेशी उद्योगपतियों के कारोबार की भी सारी बातें मालूम हो जाती थीं। विनिमय की जो हुंडियां इनकी मार्फत गुजरती थीं,

उनसे इन्हें जर्मनी के या दूसरे देशों के व्यापारियों के बीजकों का, और विदेशों में उनके ग्राहकों के नामों तक का पता लग जाता था। यह जानकारी इंग्लैण्ड के उद्योगों के लिए बहुत उपयोगी थी, क्योंकि इससे वे अपने विदेशी मुक़ाबलेदारों की काट कर सकते थे।

इस अन्तर्राष्ट्रीय कारोबार को बढ़ाने और मज़बूत करने के लिए अंग्रेज़ी बैंकों ने दुनिया-भर में शाखाएं और एजेंसियां खोल दीं। बाहर के देशों को ब्रिटिश उद्योगो के असर के अन्दर लाने में मदद करने के अलावा, ये बैंक इंग्लैण्ड के हक में एक और भी बहुत उपयोगी सेवा करते थे। वे तमाम मशहूर मुकामी कम्पनियो और कारोबारों के बारे में पूछताछ करते थे और उनका लेखा-जोखा करते थे। इसलिए जब कोई मुकामी कम्पनी विनिमय की हुंडी निकालती थी, तो वहां का अंग्रेज़ी बैंक या एजेण्ट इस हुंडी की हैसियत जानता था, और अगर उसे बिना जोखम की समझता तो उसकी ज़मानत दे सकता था। यह उस हुंडी को 'स्वीकारना' कहा जाता था, क्योंकि बैंक उसपर 'स्वीकार किया' शब्द लिखता था। ज्योंही बैंक उस हुंडी की ज़िम्मेदारी अपने ऊपर ले लेता था, वह हुंडी आसानी से बेची या दूसरे के नाम बेचान की जा सकती थी, क्योंकि उसके पीछे बैंक की साख होती थी। इस तरह की ज़मानत या स्वीकारी के बिना किसी अनजान कम्पनी की विनिमय-हुंडी को लन्दन-जैसी दूर मंडी में या दूसरी जगह कोई खरीददार नही मिलते थे; क्योंकि उस कम्पनी से कोई जानकार नही होता था। हुंडी को स्वीकारनेवाला बैंक कुछ जोखम तो उठाता था, पर ऐसा करने से पहले वह अपनी मुकामी शाखा के मार्फ़त पूरी तहक़ीकात कर लेता था। इस तरह 'स्वीकारने' की इस प्रणाली से विनिमय-हुंडियों के बेचान और आम तौर पर कारोबार में बहुत सहूलियत हो जाती थी। साथ ही संसार के व्यापार पर लन्दन का शिकंजा मज़बूत होता जाता था। दूसरा कोई भी देश स्वीकारने का यह काम बड़े पैमाने पर करने की हैसियत में नही था, क्योंकि बाहर के देशों में और किसीकी इतनी शाखाएं ही नही थीं।

इस तरह सौ वर्षों से ऊपर लन्दन ही संसार की साहूकारी और आर्थिक राजधानी बना रहा, और अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन व व्यापार की सारी नकेल उसके हाथ में रही। यहां रुपये की बहुतायत थी, और इसलिए दूसरी जगहों की बनिस्बत वह ज़्यादा सुभीते की शर्तों पर मिल सकता था। इससे सारे बोहरे खिंचकर यहां चले आते थे। बैंक ऑव् इंग्लैण्ड के गवर्नर को दुनिया के कोने-कोने से व्यापार और लेन-देन के बारे में सारी जानकारी मिलती रहती थी, और वह अपनी बहियों व काग़ज़-पत्रों पर सरसरी नज़र डालकर यह बतला सकता था कि किस देश की आर्थिक हालत कैसी है। सच तो यह है कि कभी-कभी तो उसे किसी देश की आर्थिक हालत का इतना पता होता था, जितना उस देश की सरकार को भी नही होता

था। और जिन सिक्योरिटियों को कोई विदेशी सरकार खरीदना चाहती होती, उनकी ख़रीद-फ़रोख़्त में छोटे-छोटे हथकण्डों के ज़रिये, या चन्दरोजा क़र्ज़ देने की तरकीबों के ज़रिये, उस विदेशी सरकार की राजनैतिक हलचलों पर दबाव डाला जा सकता था। साम्राज्यशाही शक्तियां दूसरों का गला दबाने के लिए जो उपाय काम में लाती हैं, उनमें यह ऊंचे दर्जे का 'साहूकारा' सबसे कारगर उपाय था और अब भी है।

महायुद्ध से पहले दुनिया की यही हालत थी। लन्दन शहर ब्रिटिश साम्राज्य का केन्द्र था और उसकी शक्ति और खुशहाली का चिह्न था। पर महायुद्ध के बाद बहुत परिवर्तन हो गये और पुरानी व्यवस्था उलट-पुलट हो गई। युद्ध से एक बड़ी-जीत तो हाथ आई मगर यह जीत इंग्लैण्ड और लन्दन को बहुत मंहगी पड़ी।

युद्ध के बाद क्या-क्या हुआ, इसका बयान मैं अगले पत्र में करूंगा।

: १८७ :

डालर, पौंड और रुपया

२७ जुलाई, १९३३

महायुद्ध ने संसार के तीन टुकड़े कर दिये थे—दो टुकड़े तो लड़नेवाले देशों के, और तीसरा टुकड़ा ग़ैर-तरफ़दार देशो का। लड़नेवाले दुश्मन देशों के बीच किसी तरह के तिजारती या दूसरे ठहराव बाकी नहीं रहे, सिवा इसके कि एक दूसरे पर जासूसी का धंधा ज़रूर चलता रहा। और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार तो पूरी तरह चौपट होना ही था। समुद्रों पर क़ाबू होने की वजह से मित्र-राष्ट्र ग़ैर-तरफ़दार देशों और उपनिवेशों के साथ कुछ व्यापार चालू रख सके, पर जर्मन पन-डुब्बियों के हमलों ने इसे भी बहुत कम कर दिया था।

लड़नेवाले देशों ने अपने सारे साधनों को युद्ध मे झोंक दिया, और बहुत भारी रकमें ख़र्च की गई। क़रीब डेढ़ साल तक इंग्लैण्ड और फ्रान्स अपने कंगाल साथी-देशों को रुपये की मदद देते रहे। इस काम के लिए दोनों ने अपनी जनता से रुपया उधार लिया और अमरीका में भी हुंडिया बेची। इसके बाद फ्रान्स बीत गया और दूसरों की मदद नहीं कर सका। इंग्लैण्ड इस बोझ को सवा साल तक और झेलता रहा, पर मार्च, १९१७ ई०, में जब वह अमेरिका के पांच करोड़ पौंड के कर्ज़ का भुगतान नही कर सका, तो उसके भी बीत जाने की बारी आ गई। इंग्लैण्ड और फ्रान्स और इनके साथी-देशों की खुशकिस्मती से, इस नाज़ुक घड़ी में, जब सबके माली साधन ख़तम हो चुके थे, अमेरिका मित्र-राष्ट्रों की तरफ़ से युद्ध में कूद पड़ा। तबसे लगातार महायुद्ध के अन्त तक, अमेरिका सब मित्र-राष्ट्रों को युद्ध के लिए

रुपये की मदद देता रहा। उसने अपने ही देशवालों से 'स्वतन्त्रता' व 'विजय' क़र्ज़ों के रूप में ज़बर्दस्त रकमें जमा कीं, और इन्हें ख़ुद भी खूब खुले हाथों खर्च किया और मित्र-राष्ट्रों को भी उधार दिया। इसका नतीजा, जैसा कि मैं तुम्हें बतला चुका हूं, यह हुआ कि युद्ध ख़तम होने तक संयुक्त राज्य अमेरिका सारी दुनिया का महाजन बन गया, और सारे राष्ट्र उसके कर्ज़दार हो गये। युद्ध शुरू होने के वक़्त अमेरिका को यूरोप के पांच अरब डालर देने थे; युद्ध ख़तम होने पर यूरोप को अमेरिका का दस अरब डालर देना हो गया।

युद्ध के दौरान अमेरिका को सिर्फ इतना ही माली फायदा नहीं हुआ। अमेरिका का विदेशी व्यापार इंग्लैण्ड व जर्मनी के विदेशी व्यापारों की जगह ले-कर खूब बढ़ा, और इंग्लैण्ड के व्यापार की बराबरी का हो गया। अमेरिका ने संसार के सारे सोने का दो-तिहाई हिस्सा, और विदेशी सरकारों के शेयरों व बाण्डों का बड़ा ढेर भी, इकट्ठा कर लिया।

इस तरह संयुक्त राज्य अमेरिका की माली हैसियत सबके ऊपर छा गई। वह अपने कर्ज़ों की अदायगी की मांग करके किसी भी कर्ज़दार देश को आसानी से दिवालिया बना सकता था। इसलिए लन्दन ने दुनिया की साहूकारी राजधानी के केन्द्र का जो दर्जा बहुत दिनों से ले रखा था, उसपर अमेरिका का डाह करना और उसे अपने लिए हासिल करने की इच्छा करना लाज़िमी था। वह लन्दन का दर्जा संसार के सबसे मालदार शहर न्यूयार्क को दिलवाना चाहता था। बस, न्यूयार्क और लन्दन के बोहरों व साहूकारों के बीच गज़ब की लड़ाई शुरू हो गई। दोनों की पीठ पर उनकी अपनी-अपनी सरकारें थीं।

अमेरिका के दबाव ने इंग्लैण्ड के पौंड को हिला दिया। बैंक ऑव् इंग्लैण्ड अपने सिक्के के बदले में सोना देने में असमर्थ हो गया, और सोने की क़ीमतवाले पौंड का (जो अब स्वर्ण-मान से अलग हो गया था) भाव बदलने और गिरने लगा। फ्रान्सीसी फ्रैन्क का भाव भी गिर गया। ऐसी डावांडोल दुनिया में सिर्फ अमेरिकी डालर ही चट्टान की तरह मज़बूत दिखाई देता था।

यह ख़याल हो सकता है कि ऐसी सूरतों में रुपये-पैसे का कारोबार और सोना, लन्दन से मुंह मोड़कर न्यूयार्क चला गया होगा। मगर यह विचित्र बात है कि ऐसा नहीं हुआ और विदेशी विनिमय-हुंडियां और खानों से निकलनेवाला सोना फिर भी लन्दन पहुंचते रहे। इसका सबब यह नहीं था कि लोग डालर के मुक़ाबले में पौंड को अच्छा समझते थे, बल्कि यह था कि डालर आसानी से नहीं मिलते थे।

'स्वीकारने' का जो तरीक़ा इंग्लैण्ड के बैंक अपनी शाखाओं व एजन्सियों की मार्फ़त दुनिया-भर में काम में लाते थे, उसका ज़िक्र मैं कर चुका हूं, जो तुम्हें याद

होगा। अमेरिका के बैंकों की ऐसी शाखाएं या विदेशी एजन्सियां नहीं थीं, इसलिए विदेशी विनिमय-हुंडियों को 'स्वीकार' कर उन्हें हासिल करने का ऐसा कोई साधन उनके हाथ में नहीं था। इसलिए इन हुंडियों का अंग्रेजी बैंकों की मार्फत लन्दन पहुंचना लाज़िमी था। जब यह दिक्कत सामने आई, तो अमेरिका के बोहरों ने बाहर के देशों में झटपट शाखाएं और एजन्सियां खोलना शुरू कर दिया, और कई जगह शानदार इमारतें खड़ी हो गईं। मगर फिर भी एक और कठिनाई थी। 'स्वीकारने' का काम ऐसे सधे हुए कर्मचारी ही कर सकते थे, जिन्हें मुक़ामी हालतों की और मुक़ामी कारोबार की पूरी जानकारी हो। इंग्लैण्ड के बैंकों ने अपने सौ वर्षों के विकास में इस क़िस्म के कर्मचारी तैयार कर लिये थे, इसलिए इस मामले में जल्दी-से उनके बराबर पहुंचना आसान नहीं था।

तब अमेरिकावालों ने लन्दन का मुक़ाबला करने के लिए कुछ फ्रान्सीसी स्विस और डच बैंकों से साझा किया, मगर फिर भी उन्हें ज़्यादा सफलता नहीं मिली। हालांकि फ्रान्स बहुत मालदार देश था, और बहुत सारी पूंजी बाहर के देशों को भेजता था, पर उसने विदेशी विनिमय-हुंडियों का व्यापार जमाने की तरफ कभी ध्यान नहीं दिया था। लिहाज़ा न्यूयार्क और लन्दन शहर के बीच खींच-तान जारी रही, पर कुल मिलाकर लन्दन पर इसका कोई असर नहीं पड़ा। १९२४ ई० में न्यूयार्क के हक में एक नया वसीला सामने आया। संसार-व्यापी सिक्के का फैलाव ख़तम होने के बाद जर्मन मार्क मजबूत हो गया और जो जर्मन पूंजी इस फैलाव के ज़माने में स्विट्ज़रलैण्ड और हालैण्ड भाग गई थी, (ज़ोख़म या ख़तरे के समय पूंजी हमेशा इसी तरह भाग जाया करती है!) वह जर्मनी के बैंकों में वापस आ गई। अमरीकी साहूकारी गुट्ट में जर्मनी के शामिल हो जाने से लन्दन की हैसियत में बहुत फ़र्क़ पड़ गया। क्योंकि अब लन्दन से पूछे बिना ही अमरीकी विनिमय-हुंडियों के बदले में चाहे जितनी यूरोपीय विनिमय हुंडियां मिल सकती थीं और लन्दन का सिक्का अभी तक डांवाडोल था, यानी पौंड की कोई क़ीमत सोने के भाव पर क़ायम नहीं थी; वह स्वर्ण-मान से बंधा हुआ नहीं था।

अब लन्दन शहर के महाजनों के कान खड़े हुए। उन्होंने देखा कि अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय का सारा अच्छा कारोबार न्यूयार्क और उसके यूरोपीय साथी-देशों के पास जा रहा है, और लन्दन को सिर्फ़ जूठन मिल रही है। इस चीज़ को रोकने के लिए सबसे पहले यह काम करने का था कि सोने की निस्बत से पौंड की क़ीमत फिर क़ायम कर दी जाय। यानी पौंड की क़ीमत अचल कर दी जाय। इससे विनिमय का अच्छा कारोबार फिर खिच आने की उम्मीद थी। लिहाज़ा १९२५ ई० में पौंड की क़ीमत फिर पुराने सतह पर क़ायम कर दी गई। यह अंग्रेज़ी बोहरों और लेनदारों की बड़ी भारी जीत थी, क्योंकि पौंड की क़ीमत बढ़ जाने का मतलब था उनकी

आमदनी बढ़ जाना। पर अंग्रेज़ी उद्योगों को इससे हानि पहुंची, क्योंकि बाहर के देशों में अंग्रेज़ी माल के दाम ऊंचे हो गये, और इंग्लैण्ड के उद्योगपतियों को विदेशी बाजारों में अमेरिका, जर्मनी व दूसरे औद्योगिक देशों का मुक़ाबला करना मुश्किल हो गया। मगर इंग्लैण्ड ने अपनी बैंक-व्यवसाय की प्रणाली पर, या यों कहो कि संसार की विनिमय-मंडी में अपनी साहूकारी सरदारी पर, अपने उद्योगों को कुछ हद तक जान-बूझकर क़ुर्बान कर दिया। पौंड की साख तो एकदम बढ़ गई, पर तुम्हें याद होगा कि इसके सबब से कुछ हद तक उद्योगों को धक्का लगने से इंग्लैण्ड में घरेलू झगड़े पैदा हो गये थे। वहां बे-रोज़गारी बढ़ गई, और मुद्दत तक चलने-वाली कोयला-मज़दूरों की हड़ताल हुई, और आम हड़ताल भी हुई।

पौंड की क़ीमत तो क़ायम हो गई, पर यही काफ़ी नहीं था। ब्रिटिश सरकार को अमेरिका की भारी रक़म चुकानी पड़ी थी। यह रक़म उचन्त-खाते की थी, और इसके लिए किसी भी वक़्त तक़ाज़ा किया जा सकता था। इस तरह का तक़ाज़ा करके अमेरिका इंग्लैण्ड को भारी कठिनाई में डाल सकता था, और पौंड की क़ीमत गिराने के लिए मजबूर कर सकता था। लिहाज़ा युद्ध के कर्ज़ों को क़िस्तों में चुकाने[1] के बारे में अमेरिका से समझौता करने के लिए कुछ बड़े-बड़े ब्रिटिश राजनीतिज्ञ (जिनमें स्टैनली बाल्डविन भी था) दौड़े-दौड़े न्यूयार्क पहुंचे। यूरोप के सारे देश अमेरिका के कर्ज़दार थे, इसलिए उचित तो यह था कि ये सब आपस में सलाह-सूत करके जहांतक हो अच्छी-से-अच्छी शर्तें हासिल करने के लिए अमेरिका के पास जाते। मगर ब्रिटिश सरकार पौंड को बचाने के लिए और लन्दन की आर्थिक सरदारी क़ायम रखने के लिए इतनी उतावली थी कि फ्रान्स या इटली से सलाह करने का उसके पास वक़्त ही नहीं था, और वह अमेरिका के साथ झटपट और किसी भी भाव पर कुछ तस्फ़िया कर लेना चाहती थी। तस्फ़िया तो उसने कर लिया, पर उसकी उसे भारी क़ीमत चुकानी पड़ी, और संयुक्त राज्य अमेरिका की कड़ी शर्तें माननी पड़ीं। बाद में फ्रान्स और इटली ने अपने कर्ज़ों के बारे में अमेरिका से इनसे कहीं अच्छी शर्तें हासिल कीं।

इन ज़ोरदार कोशिशों और क़ुर्बानियों से पौंड की और लन्दन शहर की लाज तो रह गई, पर दुनिया की मंडियों में न्यूयार्क के साथ कशमकश चलती रही। न्यूयार्क के पास रुपये का भंडार था, इसलिए वह कम सूद पर लम्बे-मीयादी क़र्ज़े देने को तैयार हो गया, और बहुत-से देश (जिनमें कनाडा, दक्षिण अफ़्रीका और आस्ट्रेलिया भी शामिल थे) जो पहले लन्दन के साहूकारे में रुपया उधार लिया करते थे, अब न्यूयार्क के जाल में फंस गये। लम्बी मीयाद के कर्ज़े देने में लन्दन न्यूयार्क की होड़ नहीं कर सकता था, इसलिए उसने मध्य-यूरोप के देशों को कम

[1]. यह क्रिया ऋणों का एकीकरण—Funding कहलाती है।

मीयाद के कर्ज़े देने का यत्न किया। कम-मीयादी कर्ज़ों के मामले में बोहरों के तजरबे और साख की ज़्यादा कद्र होती है, और इसमें लन्दन का पलड़ा भारी था। बस, लन्दन के बैंकों ने वियेना के बैंकों के साथ, और इनकी मार्फत मध्य व दक्षिण-पूर्वी यूरोप (डैन्यूब और बलकान के प्रदेश) के बैंकों के साथ, गहरे ताल्लुक़ क़ायम कर लिये। न्यूयार्क भी यहां कुछ कारोबार चलाता रहा।

यह दीवाने लेन-देन का ज़माना था, जबकि कुछ हद तक लन्दन व न्यूयार्क की आपसी होड़ की वजह से यूरोप में रुपया बहा चला आ रहा था, और करोड़-पति व अरब-पति इतनी तेज़ी से पैदा हो रहे थे कि ताज्जुब होता था। इसका उपाय बहुत सीधा-सादा था। कोई हौसलेवाला व्यक्ति इनमें से किसी देश में रेलमार्ग बनाने की या दूसरे सरकारी कामों की रियायत हासिल कर लेता, या दियासलाइयां बनाने और बेचने के काम सरीखा कोई ठेका ले लेता। इस रियायत या ठेके से फ़ायदा उठाने के वास्ते एक कम्पनी खड़ी कर ली जाती, और यह कम्पनी पूंजी या शेयर बेचती। इस पूजी या इन शेयरों के आधार पर न्यूयार्क या लन्दन के बैंक अगाऊ रुपया दे देते। इस तरह महाजन लोग न्यूयार्क में दो फी सदी ब्याज पर डालर उधार लेकर उन्हें बर्लिन में छह फी सदी ब्याज पर या वियेना में आठ फी सदी ब्याज पर उठा देते। इस तरह दूसरे लोगों के रुपये का होशियारी से हेर-फेर करके ये महाजन बहुत मालदार हो गये। ईवान क्रूगर नामक एक स्वीडन-निवासी इनमें बहुत मशहूर हुआ। दियालसलाइयों के एकाधिकार की वजह से यह 'दियासलाई का बादशाह' मशहूर था। किसी समय क्रूगर की बड़ी भारी साख थी। पर बाद में पता लगा कि वह पूरा ठग था, और उसने बड़ी भारी-भारी रक़मों का ग़बन किया था। जब उसकी पोल खुलने लगी तो उसने आत्म-हत्या कर ली। उस समय के और भी कई नामी साहूकार अपने खोटे कारनामों की वजह से जंजाल में फंस गये।

मध्य-यूरोप और पूर्वी यूरोप में इंग्लैण्ड और अमेरिका की इस आपसी होड़ से एक फ़ायदा हुआ। जो ढेरों रुपया यहां आया उसने, १९२७ ई० की मन्दी शुरू होने से पहले के वर्षों में यूरोप के फिर से उठने में बहुत बड़ी मदद दी।

इसी बीच, १९२६ और १९२७ ई० में फ्रान्स में भी सिक्के का फैलाव हुआ था, और फ्रैन्क की क़ीमत बहुत गिर गई थी। जैसे ही फ्रैन्क का भाव गिरा, रुपयेवाले फ्रान्सीसियों ने—फ्रान्स के हर छोटे-मोटे मध्य-वर्गी के पास कुछ-न-कुछ जमा-पूंजी होती है—अपना रुपया मारे जाने के डर से विदेशों में भेज दिया। उन्होंने बेशुमार विदेशी सिक्योरिटियां और विदेशीय विनिमय-हुंडियां खरीद लीं। १९२७ ई० में फ्रैन्क की क़ीमत फिर कम कर दी गई और सोने के संबंध से तय कर दी गई। पर यह नई क़ीमत पुरानी क़ीमत का पांचवां हिस्सा थी। जिन

फ्रान्सीसियों के पास विदेशी सिक्योरिटियां थीं, वे सारे-के-सारे अब उन्हें फ्रैन्कों की कीमतवाली चीज़ों से बदलने पर आमादा हो गये। उनका कारोबार खूब चेता, क्योंकि जितने फ्रैन्क उनके पास शुरू में थे, उनके पांचगुने अब उन्हें मिल रहे थे। इस तरह सिक्के के फैलाव से उन्हें ज़रा भी नुक़सान नहीं हुआ। हां, अगर वे फ्रैन्कों को ही पकड़े बैठे रहते तो उन्हें नुक़सान उठाना पड़ता। फ्रान्स की सरकार ने भी इस मौक़े से फ़ायदा उठाने का फैसला किया। उसने ये सारी विदेशी विनिमय-हुंडियां या सिक्योरिटियां ख़रीद ली और उनके बदले में फ्रैन्कों के ताज़ा छापे हुए नोट पकड़ा दिये। इस तरह फ्रान्सीसी सरकार इन विदेशी हुंडियों और सिक्योरिटियों पर क़ब्ज़ा करके एकदम खूब मालदार बन गई। वास्तव में उस समय जितनी हुंडियां और सिक्योरिटियां उसके पास थीं, उतनी और किसी देश के पास नहीं थीं। साहूकारी सरदारी के लिए इंग्लैण्ड या अमेरिका से होड़ करने की न तो उसे इच्छा थी और न उसमें इतनी क़ाबलियत ही थी। पर उसकी हैसियत ऐसी हो गई कि वह दोनों पर असर डाल सकता था।

फ्रान्सीसी लोग बड़े चौकस होते हैं, और उनकी सरकार का भी यही हाल है। बड़े-बड़े मुनाफों की आशा में गांठ का भी गंवा देने की जोखम उठाने के बजाय वे छोटे-छोटे मुनाफ़े और बेफ़िक्री ज़्यादा पसंद करते हैं। लिहाज़ा फ्रान्सीसी सरकार ने होशियारी से देख-भाल कर अपना फ़ालतू रुपया लन्दन की अच्छी कम्पनियों को कम सूद पर उधार दे दिया। मसलन, वह तो अंग्रेज़ी बैंकों से सिर्फ़ दो फीसदी सूद वसूल करती; अंग्रेज़ी बैंक यह रुपया जर्मन बैंकों को पांच या छः फीसदी ब्याज पर उठाते; ये जर्मन बैंक इसी रुपये को आठ या नौ फीसदी ब्याज पर वियेना को उधार देते; और अन्त में यही रुपया बारह फीसदी ब्याज पर शायद हंगरी या बलकान जा पहुंचता! ज्यों-ज्यों जोखम बढ़ती त्यों-त्यों सूद की दर भी बढ़ती थी, मगर फ्रान्स का बैंक कोई जोखम नहीं उठाना चाहता था और बे-जोखम अंग्रेज़ी बैंकों से लेन-देन करता था। इस तरह फ्रान्स (अपनी ख़रीदी हुई पौंड की विदेशी हुंडियों के रूप में) बड़ी भारी रकम लन्दन में जमा रखता था, और इससे लन्दन को न्यूयॉर्क के खिलाफ लड़ने में मदद मिली।

इसी बीच व्यापार का संकट और मन्दी बढ़ते जा रहे थे और खेती की उपज के भाव गिर रहे थे। १९३० ई० के शरद में गेहूं के भाव इतने दिनों तक गिरे रहे कि पूर्वी यूरोप के बैंक अपने कर्ज़दारों से रुपया वसूल नहीं कर सके, और इस कारण वे उन पौंडों व डालरों को नहीं लौटा सके, जो उन्होंने वियेना में उधार लिये थे। इससे वियेना के बैंकों पर आफत आ गई, और वियेना का सबसे बड़ा बैंक क्रैडिट-आन्स्टाल्ट, दिवालिया और चौपट हो गया। इससे जर्मनी के बैंक फिर हिल गये और मार्क के ग़ारत होने का अन्देशा पैदा हो गया। इसके नतीजे से जर्मनी में

अमेरिका व इंग्लैण्ड की पूंजी ख़तरे में पड़ जाती, और इसी ख़तरे को टालने के लिए ही राष्ट्रपति हूवर ने कर्ज़ों व हर्जानों की आरज़ी छूट का ऐलान किया था। अगर उस वक़्त हर्जानों की अदायगी का इसरार किया जाता तो जर्मनी की माली हालत बिल्कुल चौपट हो गई होती। मगर हुआ यह कि इससे भी काम नहीं चला, और जर्मनी दूसरे देशों को अपने ख़ानगी कर्ज़ तक नहीं चुका सका। इसलिए इनके वास्ते भी उसे आरज़ी छूट देनी पड़ी।

इसका नतीजा यह हुआ कि इंग्लैण्ड का बहुत-सा रुपया, जो कम-मीयादी कर्ज़ों के रूप में जर्मनी को दिया गया था, वहीं फंस गया, यानी खटाई में पड़ गया। लन्दन के बोहरों की हालत विकट हो गई, क्योंकि उन्हें अपना देना चुकाना था, और वे इस भरोसे बैठे हुए थे कि जर्मनी से उनका रुपया उन्हें मिल जायगा। फ्रान्स और अमेरिका तेरह करोड़ पौंड उधार देकर उनकी मदद को दौड़े आये, पर वक़्त निकल चुका था। लन्दन के साहूकारी क्षेत्रों में घबराहट फैल गई, और जब इस तरह की घबराहट फैलती है तो हर आदमी बैंक में से अपना रुपया निकाल लेना चाहता है। इसलिए यह तेरह करोड़ पौंड बात-की-बात में उड़ गये। तुम्हें याद होगा कि पौंड स्वर्ण-मान से जुड़ा हुआ था, इसलिए जिस किसीके पास सोने की क़ीमतवाला पौंड होता, वह उसके बदले में सोना मांग सकता था।

ब्रिटिश सरकार, जो उस समय मज़दूर-दली सरकार थी, ज़्यादा रुपया उधार लेना चाहती थी, और उसने आरज़ूमन्द होकर न्यूयार्क व पैरिस के बोहरों से कर्ज़ मांगा। मालूम होता है कि वे कुछ ख़ास शर्तों पर मदद करने को राज़ी हो गये। इनमें से एक शर्त यह थी कि ब्रिटिश सरकार मज़दूरों के मामलों में और समाज-सेवाओं में किफ़ायत करे, और शायद मज़दूरी में कटौती भी सुझाई गई थी। यह इंग्लैण्ड के घरेलू मामलों में विदेशी बोहरों का सीधा दख़ल था। इस मौक़े से मज़दूर सरकार के खिलाफ़ बेजा फ़ायदा उठाया गया और प्रधानमंत्री, मज़दूर सरकार के नेता, रैम्ज़े मैक्डोनल्ड ने मज़दूर सरकार और अपने दल दोनों को धोखा दिया, और अनुदार दलवालों के सबसे बड़े सहारे पर दूसरी सरकार बनाई। यह 'राष्ट्रीय सरकार' कहलाई, जो संकट का मुक़ाबला करने के लिए रची गई थी। रैम्ज़े मैक्डोनल्ड की यह कारवाई, यूरोप के मज़दूर आन्दोलन के इतिहास में गद्दारी की सबसे निराली मिसाल में गिनी जाती है।

राष्ट्रीय सरकार पौंड को बचाने के लिए बनी थी। फ्रान्स व अमेरिका ने जो कर्ज़ देने का वादा किया था, वह मिल गया; पर इनकी मदद के बावजूद भी वह पौंड को नहीं बचा सकी। २३ सितम्बर, १९३१ ई०, को उसे स्वर्ण-मान छोड़ने को मजबूर होना पड़ा और पौंड फिर डांवाडोल कीमत का सिक्का बन गया।

पौंड का भाव तेज़ी से गिर गया, और उसकी क़ीमत चौदह शिलिंग के सोने के बराबर रह गई। यानी मोटे तौर पर पहली क़ीमत की दो-तिहाई रह गई।

यही वह घटना थी और तारीख थी, जिसने दुनिया पर जबर्दस्त असर डाला था। यूरोप ने इसे ब्रिटिश साम्राज्य के टूक-टूक होने का आसार समझा, क्योंकि इसका मतलब था संसार की साहूकारा मंडी में लन्दन की हुकूमत का ख़ात्मा। ये उम्मीदें या मुरादें (यूरोप या अमेरिका में ब्रिटिश साम्राज्य सबकी आंखों में खटकता है, ऐशिया का तो ज़िक्र ही क्या) कुछ जल्दबाज़ी की साबित हुईं।

पौंड की क़ीमत गिरने से कई देशों के सिक्के डावांडोल हो गये, जिन्होंने सोने की क़ीमतवाले पौंड के नोटों को सोना मानकर रख छोड़ा था, क्योंकि उनके बदले में कभी-भी सोना हासिल किया जा सकता था। अब, जब कि इन नोटों के बदले में सोना नहीं मिल सकता था और उनकी क़ीमत तीस फीसदी घट गई थी, तो इनमें से कुछ देशों के सिक्कों की कीमतें भी गिर गईं और इंग्लैण्ड ने उन्हें भी नीचे खींचकर स्वर्ण-मान छोड़ने को मजबूर कर दिया।

फ्रान्स की हैसियत अब मज़बूत हो गई थी; उसकी चौकस नीति कामयाब हो गई थी। जहां अमेरिका की और उससे भी ज़्यादा इंग्लैण्ड की जमा रक़में जर्मनी में रोक ली गई थीं, और इन देशों के रुपये की ज़रूरत पड़ रही थी, वहां फ्रान्स के पास विदेशी विनिमय-हुंडियों और सोने फैंकों की शकल में ढेरों रुपया था। अमेरिका सरकार और ब्रिटिश सरकार दोनों ने फ्रान्स से मोहब्बत जताई और एक के खिलाफ दूसरे का साथ देने के लिए उसे फुसलाने की ख़ूब कोशिशें कीं। मगर फ्रान्स ज़रूरत से ज़्यादा चौकस था, इसलिए उसने दोनों में किसीकी चालों में फंसने से इन्कार कर दिया, और इस तरह सौदेबाजी का मौक़ा हाथ से निकल जाने दिया।

१९३१ ई० के अखीर में इंग्लैण्ड में पार्लमेण्ट के लिए चुनाव हुए, और इनके परिणाम-स्वरूप 'राष्ट्रीय सरकार' की भारी बहुमत से जीत हुई। वास्तव में यह जीत अनुदार-दल की थी। मजदूर-दल का तो क़रीब-क़रीब सफ़ाया हो गया। इन अफ़वाहों से डरकर कि मज़दूर सरकार उनकी पूंजी ज़ब्त कर लेगी, और शायद वेतन-कटौती पर अतलाण्तिक बेड़े के अंग्रेज़ मल्लाहों की चन्दरोज़ा बग़ावत से दहलकर, इंग्लैण्ड के सारे-के-सारे मध्य-वर्गी लोग अनुदार-दली राष्ट्रीय सरकार के पीछे हो लिये।

पौंड का भाव गिरने के बाद जो संकट और खतरे सामने आये, उनके बावजूद तीन बड़े राष्ट्र अमेरिका, इंग्लैण्ड और फ्रान्स, या इन देशों के बोहरे, आपस में सहयोग नहीं कर सके। हरेक अपनी अकेली चालें चलता था, और इस ताक में रहता था कि दूसरों को नुक़सान पहुंचाकर ख़ुद अपनी हैसियत सुधार ले। साहू-

कारी नेंतागिरी के लिए लड़ने के बजाये वे एक जूट होकर एक शामिल अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय-मंडी कायम कर सकते थे। परन्तु हरेक ने अपने-अपने रास्ते चलना पसंद किया। बैंक ऑव इंग्लैण्ड लन्दन का खोया हुआ दर्जा उसे दुबारा दिलवाने की कोशिश में लग गया, और दुनिया को चकित करके वह इस काम में बहुत-कुछ सफल भी हो गया, हालांकि पौंड अभी तक स्वर्ण-मान से कटा हुआ था।

जब इंग्लैण्ड ने स्वर्ण-मान छोड़ा था, उस समय और देशों के सरकारी बैंकों ने (ये बैंक केन्द्रीय बैंक कहलाते हैं) अपने पास रक्खी हुई पौंड की विनिमय-हुंडियां बेच डालीं थीं, ताकि उनके बदले में सोना ले सकें। पौंड की ये हुंडियां अभी तक उन्होंने इसलिए रख छोड़ी थीं कि इनके बदले में कभी-न-कभी सोना मिल सकता था, और इसलिए ये सोना ही मानी जा सकती थीं। जब इन हुंडियों की बहुत बड़ी तादाद एकदम बेची गई, तो पौंड की क़ीमत तेज़ी के साथ तीस फीसदी गिर गई। इस गिरावट के लालच में आकर उन कर्जदारों ने, जिन्हें अपने कर्ज़ पौंड में देने थे, (इनमें कुछ सरकारें और बड़े-बड़े व्यवसायी भी शामिल थे), सोने में भुगतान किया; क्योंकि अब उन्हें बीस फीसदी कम देना पड़ता था। इस तरह बहुत सारा सोना इंग्लैण्ड में आ गया।

मगर इंग्लैण्ड में सोने की असली नदी तो भारत और मिस्त्र से आ रही थी। इन ग़रीबों और पराधीन देशों को मालदार इंग्लैण्ड की मदद करने के लिए मजबूर किया गया, और इनके भीतरी साधनों का इंग्लैण्ड की माली हालत मजबूत करने के लिए उपयोग किया गया। इस मामले में इनसे कुछ नहीं पूछा गया, इंग्लण्ड की ग़रज़ के सामने इनकी इच्छाओं या हितों की गिनती ही क्या थी?

भारत के लिहाज़ से बेचारे भारतीय रुपये की कहानी बड़ी लम्बी और दुखभरी है। ब्रिटिश सरकार व ब्रिटिश साहूकारों के स्वार्थों की खातिर इसकी क़ीमत बार-बार बदली जाती रही है। यहां मैं सिक्के के इन मामलों में नहीं जाना चाहता। सिर्फ़ इतना बतला देना चाहता हूं कि सिक्के के मामले में भारत में ब्रिटिश सरकार की युद्ध के बाद की कार्रवाइयों से भारत को भारी रक़मों का नुकसान उठाना पड़ा। इसके बाद, १९२७ ई० में, सोने की क़ीमतवाले पौंड और सोने के सम्बन्ध से रुपये की क़ीमत तय करने के बारे में भारत में बड़ा-भारी वाद-विवाद उठ खड़ा हुआ (उस समय पौंड स्वर्ण-मान से जुड़ा हुआ था)। यह 'अनुपात का विवाद' कहलाया, क्योंकि सरकार तो रुपये की कीमत एक शिलिंग छह पैन्स तय करना चाहती थी, और भारतीय जनमत लगभग एक मत से रुपये की कीमत एक शिलिंग चार पैन्स पर क़ायम करना चाहता था। सवाल वही पुराना था कि नकदी का मान ऊंचा करके बोहरों और उधार देनेवालों और पूंजीवालों को मुनाफ़ा पहुंचाया जाय और विदेशी आयातों को बढ़ावा दिया जाय, या उसकी

क़ीमत गिराकर कर्ज़दारों का बोझ हलका किया जाय और विदेशी उद्योगों व निर्यात को बढ़ाया जाय। सरकार ने भारतीय लोकमत की परवा न करके अपनी बात रहने दी, और रुपये की कीमत एक शिलिंग छह पैन्स तय कर दी। इस तरह कुछ लोगों के मत से ऊंचे भाव की वजह से सिक्का कुछ महंगा हुआ। सिर्फ़ इंग्लैण्ड ने ही, १९२५ ई० में पौंड को स्वर्ण-मान पर लाकर, मंहगे सिक्के की नीति अपनाई थी। और जैसाकि हम देख चुके हैं, यह इसलिए किया गया था कि उसकी वह साहूकारी नेतागिरी क़ायम रहे, जिसके लिए वह बहुत-कुछ क़ुर्बानी देने को तैयार था। फ्रान्स, जर्मनी व दूसरे देशों ने अपनी माली हालत सुधारने के लिए सिक्के का फैलाव ज्यादा अच्छा समझा था।

रुपये के ऊंचे मोल से भारत में लगी हुई अंग्रेज़ी पूंजी की मालियत भी बढ़ गई। इससे भारतीय उद्योगों पर भी बोझ पड़ा, क्योंकि भारतीय सामानों के भाव कुछ बढ़ गये। सबसे बड़ी बात यह हुई कि जो किसान और जमींदार महाजनों के कर्ज़दार थे, उन सबका बोझ पहले से भी ज़्यादा बढ़ गया, क्योंकि जब रुपये का मोल बढ़ा तो इन कर्ज़ों की मालियत भी बढ़ गई। अठारह पैंस और सोलह पैंस का फर्क, यानी दो पैंस—साढ़े बारह फीसदी बढ़ोतरी ज़ाहिर करता था। मान लो कि भारत के किसानों पर कुल क़र्ज़ा दस अरब रुपया है; अगर इसमें साढ़े-बारह फीसदी बढ़ोतरी हो जाती है, तो कुल कर्ज़ में एक अरब पच्चीस करोड़ रुपये की भारी रक़म जुड़ जाती है।

रुपयों के हिसाब से तो कर्ज़ों की रक़में वही रहीं जो पहले थीं। परन्तु खेती की उपज के भावों के हिसाब से ये कर्ज़ें बढ़ गये। रुपये का असली मोल यह होता कि उससे कितना गेंहू, या कपड़ा, या दूसरी चीज़ें या सामान खरीदा जा सकता है। अगर रुकावट न डाली जाय तो यह मोल ज़रूरत के मुताबिक अपने-आप घटता-बढ़ता रहता है। नक़दी की खरीद-शक्ति घट जाने से सिक्के की क़ीमत गिर जाती है। रुपये का मोल बनावटी तौर पर बढ़ाने का मतलब होता है, उसे ऐसी बनावटी खरीद-शक्ति देना जो वास्तव में उसमें नहीं होती। इसलिए किसानों ने महसूस किया कि अब उनकी आमदनी का पहले से ज्यादा हिस्सा इनके सूद के भुगतान में चला जाता था, और उसके पास कुछ नहीं बचता था। इस तरह से एक शिलिंग छह पैन्स का एक रुपया होने से भारत में मन्दी और भी बढ़ गई।

जब सितम्बर १९३१ ई०, में सोने की क़ीमतवाले पौंड का रिश्ता सोने से तोड़ दिया गया, तो रुपये का भी सोने से रिश्ता टूट गया, परन्तु फिर भी रुपये को पौंड के साथ बंधा रहने दिया गया। यानी एक शिलिंग छह पैन्स का भाव क़ायम रहा, परन्तु सोने के हिसाब से रुपये का मोल कम हो गया। रुपये को पौंड के साथ

इसलिए जुड़ा रक्खा गया कि भारत में अंग्रेज़ी पूंजी को नुक़सान न पहुंचे। क्योंकि अगर रुपये को छोड़ा न जाता, तो उसका मोल कुछ ज़्यादा गिर जाता और इससे पौंडवाली पूंजी को हानि उठानी पड़ती। हुआ यह है कि रुपये का सोने में मोल कम होने से भारत में सिर्फ़ अमरीकी, जापानी, वग़ैरा ग़ैर-ब्रिटिश पूंजी को नुक़सान पहुंचा। रुपये का रिश्ता पौंड के साथ जुड़ा रहने से इंग्लैण्ड को एक और बड़ा फ़ायदा यह हुआ कि अपने उद्योगों के लिए जो कच्चा माल वह ख़रीदता था, उसकी अंग्रेज़ी सिक्के में चुकाने की सहूलियत हो गई। सोने के सिक्के का क्षेत्र जितना ज़्यादा बड़ा हो पौंड के लिए उतना ही अच्छा है।।

जब पौंड के साथ-साथ रुपये का मोल भी गिरा तो सोने का अन्दरूनी भाव क़ुदरती तौर पर बढ़ गया, यानी सोना बेचने से ज़्यादा रुपये मिल सकते थे। देश में जो भारी मुसीबत और तंगी फैल रही थी, उससे मज़बूर होकर लोगों ने जेवर वग़ैरा के रूप में जितना सोना पास था बेच डाला, ताकि वे अपने कर्ज़े चुकाने के लिए सोना बेचकर ज्यादा रुपये पा सकें। बस, देश-भर का सोना बेशुमार छोटी-छोटी नालियों से बैंकों में पहुंचने लगा, और बैंक उसे लन्दन के सर्राफ़े में बेचकर मुनाफ़ा उठाने लगे। बस, भारत का सोना लन्दन की तरफ लगातार बहता रहा, और ढेरों वहां जा पहुंचा। यह सिलसिला अभी तक जारी है। इसी सोने ने, और साथ ही मिस्र से जानेवाले सोने ने, बैंक ऑव् इंग्लैण्ड व ब्रिटिश साहूकारे की हालत को सम्भाल लिया, और उन्हें इस काबिल बना दिया कि सितम्बर, १९३१ ई०. में उन्होंने जो रक़में अमेरिका और फ्रान्स से उधार ली थीं, उन्हें लौटा सकें।

यह अजीब हक़ीक़त है कि संसार के सबसे मालदार देशों समेत सारे देश अपना सोना बचाने की और उसे बढ़ाने की जी-तोड़ कोशिशें कर रहे हैं, वहां भारत इससे ठीक उलटा काम कर रहा है। अमेरिका व फ्रांसीसी सरकारों ने अपने अपने बैंकों के तहखानों में सोने का बड़ा भारी ढेर जमा करके दबा रक्खा है। यह अजीब सिलसिला चल रहा है कि खानों में से सोना सिर्फ़ इसलिए खोद-खोदकर निकाला जा रहा है कि बैंकों के गहरे ज़मींदोज़ तहख़ानों में फिर दफ़ना दिया जाय! ब्रिटिश उपनिवेशों समेत कई देशों ने सोने की निकासी पर रोक लगा दी है, यानी इन देशों से बाहर सोना कोई नहीं ले जा सकता। इंग्लैण्ड ने, अपना सोना बचाकर रखने के लिए स्वर्ण-मान से नाता तोड़ दिया है। परन्तु भारत ऐसा नहीं कर सकता। क्योंकि भारत के ख़ज़ाने की नीति इंग्लैण्ड के हितों के मुताबिक रखी जाती है।

अक्सर कहा जाता है कि भारत में लोग सोना-चांदी दबाकर रखते हैं और मुट्ठी-भर मालदारों के लिए यह बात किसी हद तक सही भी है। परन्तु जनता तो इतनी ग़रीब है कि सोना तो क्या कोई भी चीज़ दबाकर नहीं रख सकती। आसूदा किसान-वर्ग के पास अलबत्ता कुछ ज़ेवर वग़ैरा होते हैं, जो उनका 'ख़ज़ाना'

समझे जा सकते हैं। बैंक में जमा कराने की कोई सुविधा नहीं है। पर भारत के ये छोटे-मोटे गहने-पाते और सोने के भंडार भी मन्दी से और सोने के भाव बढ़ने की वजह से खिंचकर बाहर आ गये हैं। अगर भारत में राष्ट्रीय सरकार होती तो इस सोने को अपने देश में ही जमा रखती, क्योंकि लेन-देन का माना हुआ अन्तर्राष्ट्रीय ज़रिया सोना ही है।

अब हम फिर डालर के साथ पौंड की लड़ाई के किस्से पर आते हैं। ऊपर लिखे तरीक़ों से, और दूसरी चालाक तरक़ीबों से, जिनका ज़िक्र मैं यहां नहीं करना चाहता, बैंक ऑव् इंग्लैण्ड ने अपनी हैसियत बहुत मज़बूत बना ली। १९३२ ई० के शुरू के दिनों में इस बैंक का सितारा कुछ चमका, क्योंकि अमेरिका की पूंजी जर्मनी में रुक जाने से संयुक्त राज्य अमेरिका के बैंकों की हालत नाज़ुक हो गई। इस संकट-काल में अमेरिका के अनेक लोगों ने अपने डालर बेच दिये और पौंड के ब्याजो रुक्के ख़रीद लिये। बस, ब्रिटिश सरकार को डालरों की ढेरों विदेशी विनिमय-हुंडियां मिल गई, जिन्हें न्यूयार्क के सरकारी बैंक में भुनाने के लिए भेज दिया और बदले में सोना ले लिया। डालर स्वर्ण-मान से जुड़ा हुआ था, इसलिए उसके बदले में सोना मांगा जा सकता था। इस तरह से किसी दुर्घटना के बिना और पौंड का भाव ज़्यादा गिरे बिना इंग्लैण्ड का सोना-भंडार खूब भर गया, हालांकि पौंड फिर भी डावांडोल और स्वर्ण-मान से कटा ही रहा। ढेरों विदेशी विनिमय-हुंडियां और सिक्योरिटियां अपने पास होने से लन्दन शहर फिर अन्तर्राष्ट्रीय विनिमय की बड़ी केन्द्रीय मंडी बन गया। उस वक़्त तो न्यूयार्क को मुंह की खानी पड़ी। इस जीत का खास सबब उसके बैंकों पर पड़नेवाला संकट था, जिसमें कि मैं पिछले किसी पत्र में लिख चुका हूं हज़ारों छोटे-छोटे बैंक खतम हो गये थे।

: १८८ :

पूंजीवादी दुनिया मिलकर ज़ोर नहीं लगा पाती

२८ जुलाई, १९३३

साहूकारी डाह और तिकड़मबाजी का कितना लम्बा किस्सा मैंने तुम्हें सुना डाला है, और मुझे डर है कि तुम इसे पसन्द नहीं करोगी। अन्तर्राष्ट्रीय साज़िशों का यह जाला इतना उलझा हुआ है कि इसे सुलझाना, या इसमें घुस जाने पर बाहर निकलना आसान काम नहीं है। मैंने तो तुम्हें सिर्फ़ उसी चीज़ की झलक-सी दिखाई है, जो बहुत-कुछ ऊपरी सतह पर नज़र आती है। दुनिया में जितनी चीज़ें होती हैं, उनमें ज़्यादातर ऊपरी सतह पर या सूरज की रोशनी में कभी नहीं आने पातीं।

आधुनिक संसार में बोहरों और साहूकारों का ज़बर्दस्त हाथ है। यहांतक कि उद्योगपतियों के दिन भी बीत चुके; आज तो उद्योग, खेती-बाड़ी, रेलों और ढुलाई की, और वास्तव में कुछ हद तक हरेक चीज़ की, यहांतक कि सरकार की भी बाग़डोर बड़े-बड़े बोहरों के हाथों में है। क्योंकि ज्यों-ज्यों उद्योगों में और व्यापार में तरक्की हुई है, त्यों-त्यों इनके लिए दिन-पर-दिन ज़्यादा रक़मों की ज़रूरत पड़ती गई है, और इन रक़मों का इन्तज़ाम बैंकों ने किया है। आजकल दुनिया का ज़्यादातर काम साख पर चलता है, और साख को बढ़ाना या घटाना और अंकुश में रखना बड़े-बड़े बैंकों के ही हाथ में है। उद्योगपतियों और खेतिहरों, दोनों को अपना काम चलाने के लिए रुपया उधार लेने बैंक के पास जाना पड़ता है। बोहरों के लिए उधार देने का यह धन्धा सहज मुनाफ़े का ही धन्धा नहीं है, बल्कि इससे उद्योगों व खेतीबाड़ी पर भी धीरे-धीरे उनका क़ब्ज़ा हो जाता है। उधार देने से इन्कार करके, या ऐन संकट के मौक़े पर अपने रुपये का तकाज़ा करके, ये लोग कर्ज़दार का कारोबार चौपट कर सकते हैं, या उसे किसी भी तरह की शर्तें मानने के लिए मज़बूर कर सकते हैं। यह चीज़ देश के भीतर और अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में, दोनों जगह लागू होती है। क्योंकि बड़े-बड़े केन्द्रीय बैंक कितने ही देशों की सरकारों को रुपया उधार देते हैं, और इस तरह उन्हें अपने अंगूठे के नीचे रखते हैं। न्यूयार्क के बोहरे मध्य व दक्षिण अमेरिका की कई सरकारों की नकेल इसी तरीके से अपने हाथ में रखते है।

इन बड़े-बड़े बैंकों का निराला पहलू यह है कि ये अच्छे और बुरे दोनों तरह के ज़मानों में पनपते रहते हैं। अच्छे ज़माने में, कारोबार की आम तरक्की में इन्हें भी हिस्सा मिलता है। इनके पास ढेरों रुपया आता है, और ये इसे ख़ूब अच्छे सूद पर दूसरों को उधार देते हैं। मन्दी या संकटों के बुरे ज़मानों में ये रुपये को पकड़कर बैठ जाते हैं और उसे जोखम में नहीं डालते (इस तरह ये मन्दी बढ़ाते हैं, क्योंकि उधार देने के बिना कई कारोबार चलाना कठिन होता है)। मगर ये एक और तरीक़े से फ़ायदा उठाते हैं। ज़मीनों, कारख़ानों, वग़ैरा, सब-की क़ीमतें गिर जाती हैं और बहुत-से उद्योगों के दिवाले निकल जाते हैं। बस, बैंक फ़ौरन आ जाता है और हर चीज़ सस्ते दामों में खरीद लेता है! इसलिए बोहरों का हित इसीमें है कि बारी-बारी से तेज़ी और मन्दी के चक्कर चलते रहें।

मौजूदा महान् आर्थिक मन्दी के ज़माने में बड़े-बड़े बैंकों का कारोबार बराबर अच्छा है, और इन्होंने हिस्सेदारों को अच्छे मुनाफ़े बांटे हैं। यह सच है कि संयुक्त राज्य अमेरिका के हज़ारों बैंकों के, और आस्ट्रिया व जर्मनी के कुछ बड़े बैंकों के, दिवाले निकल गये हैं। लेकिन अमेरिका के जिन बैंकों के दिवाले निकले, वे सब छोटे-छोटे बैंक थे। मालम होता है कि अमेरिका की बैंक-प्रणाली

ठीक नहीं है। मगर फिर भी न्यूयार्क के बड़े-बड़े बैंकों का कारोबार काफ़ी अच्छा रहा है। इंग्लैण्ड के किसी बैंक का दिवाला नहीं निकला।

इसलिए आज की पूंजीवादी दुनिया में असली हुकूमत बोहरों के हाथों म है। लोग हमारे इस ज़माने को 'रुपये का युग' कहते हैं, जो निरे 'औद्योगिक युग' के बाद आया है। इन दिनों पश्चिमी देशों में, और ख़ासकर करोड़पतियों के देश अमेरिका में, करोड़पति और अरबपति बरसाती मेंढकों की तरह पैदा हो रहे हैं, और उनकी बड़ी क़द्र है। लेकिन दिन-पर-दिन ज़ाहिर होता जा रहा है कि 'ऊंचे दर्ज़े के साहूकारे' के तरीक़े बहुत ही खोटे हैं, और जो तरीक़े डाकुओं व धोखेबाज़ों के समझे जाते हैं उनमें और इन तरीकों में सिर्फ़ इतना ही फ़र्क़ है कि इनकी कार्रवाईयां बहुत बड़े पैमाने पर होती हैं। बड़े-बड़े एकाधिकार तमाम छोटे-छोटे धन्धेवालों को कुचल देते हैं, रुपया बटोरने के बड़े-बड़े कारोबार, जिन्हें कोई समझ नहीं पाता, बेचारे भोले-भाले शेयर खरीदनेवालों को मूड़ लेते हैं। यूरोप और अमेरिका के कुछ बड़े-से-बड़े साहूकारों का हाल ही में भंडाफोड़ हुआ है, और यह नज़ारा कुछ अच्छा नहीं रहा है।

हम देख चुके हैं कि इंग्लैण्ड और अमेरिका के बीच साहूकारी नेतागिरी का झगड़ा उस वक़्त तो लन्दन शहर की जीत के साथ ख़तम हो गया था। परन्तु इस जीत का इनाम क्या मिला? इस लड़ाई के बारह वर्षों के दौरान यह इनाम धीरे-धीरे ग़ायब होता गया था। ज्यों-ज्यों अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार घटता गया, त्यों-त्यों साहूकारी नेतागिरी से मिलनेवाले नफ़े भी कम होते गये। विनिमय-हुंडियों की कमी हो गई और साथ ही सिक्योरिटियों के भाव भी गिर गये, और नये शेयरों व सिक्योरिटियों का तो निकलना ही बन्द हो गया। मगर फिर भी, भारी सरकारी और निजी कर्ज़ों के सूद का भुगतान वैसा-का-वैसा बना रहा, और कर्ज़दार देशों के लिए उनका चुकाना महाकठिन हो गया। चूंकि अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन का कोई दूसरा ज़रिया मयस्सर नहीं था, इसलिए सोने की खपत बढ़ गई। मगर सोना तो ग़रीब देशों से खिंच-खिचकर पुख्ता सिक्केवाले मालदार देशों में चला गया था।

लेकिन जब मन्दी का ज़ोर हुआ तो अमेरिका की मदद न तो सोने और दौलत के सारे ढेर ने की, और न उद्योगों की नई-से-नई तकनीक ने। रोज़गार के साधनों की जिस महान भूमि में नर-नारी दूर-दूर से खिंचकर आते थे, वह अब निराशा की भूमि बन गई। बड़े-बड़े व्यवसायी, जो देश पर राज करते थे, बिल्कुल भ्रष्ट निकले, और साहूकारी व उद्योगों के नेताओं में लोगों का भरोसा जाता रहा। राष्ट्रपति हूवर, जो बड़े-बड़े व्यवसायियों का दोस्त था, बहुत बदनाम हो

गया, और नवम्बर, १९३२ ई०, में राष्ट्रपति के पद का चुनाव हुआ, उसमें फ्रैंकलिन रूज़वेल्ट ने उसे हरा दिया।

मार्च, १९३३ ई० के शुरू के दिनों में अमेरिका के बैंकों पर एक और संकट आ पड़ा। इसका नतीजा यह हुआ कि अमेरिका को स्वर्ण-मान छोड़ना पड़ा, और हालांकि अमेरिका के पास सब देशों में ज़्यादा सोना था, फिर भी उसने डालर का मोल गिर जाने दिया। इसका मक़सद यह था कि उद्योगों और खेती-बाड़ी के धन्धों का बोझ हलका हो जाय, और कर्ज़दारों को राहत मिले, बैंकों और महाजनों को भले ही नुक़सान उठाना पड़े। अमेरिका की यह कार्रवाई ब्रिटिश सरकार की उस कार्रवाई के बिल्कुल उलटा थी, जो इसने भारत में, सारी भारतीय जनता के विरोध पर भी, की थी।

जून, १९३३ ई०, में इस बात का एक और यत्न किया गया कि जो समस्याएं पूंजीवादी दुनिया का गला दबोच रही थीं, उन्हें हल करने के लिए आपसी सहयोग किया जाय। लन्दन में एक विश्व आर्थिक सम्मेलन का अधिवेशन हुआ और इसमें भाग लेनेवाले प्रतिनिधियों ने 'घबराहट-ज़दा दुनिया' के बारे में चर्चाएं कीं और चेतावानी निकाली कि "अगर यह सम्मेलन असफल रहा, तो सारा पूंजीवादी ढांचा तड़ाक से टूट जायगा"। मगर इन चेतावनियों और ख़तरों के बावजूद भी बड़ी-बड़ी शक्तियां आपस में सहयोग नहीं कर सकीं और सब अपनी-अपनी तरफ़ की कोशिश करती रहीं। सम्मेलन बेकार हुआ, और हर देश आर्थिक राष्ट्रवाद की अपनी अलग नीति पर चलने के लिए छोड़ दिया गया।

इंग्लैण्ड के लिए आत्म-निर्भर बनना नामुमकिन था, क्योंकि एक तो यहां ज़रूरत पूरी करने के लिए काफ़ी अन्न पैदा नहीं होता था, दूसरे यहां के उद्योगों के लिए कच्चा माल बाहर के देशों से आता था। इसलिए ब्रिटिश सरकार ने सारे साम्राज्य में आर्थिक राष्ट्रवाद फैलाने की कोशिश की, और सारे ब्रिटिश साम्राज्य को पौंड के भावों पर खड़ी हुई एक ही आर्थिक इकाई बनाना चाहा। इस विचार को सामने रखकर १९३२ ई० में ओटावा में ब्रिटिश साम्राज्य सम्मेलन का अधिवेशन किया गया। मगर यहां भी कठिनाइयां पैदा हो गईं, क्योंकि कनाडा, आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका, इंग्लैण्ड के फ़ायदे के लिए किसी तरह का त्याग करने को तैयार नहीं हुए। उलटे इंग्लैण्ड को उनकी मांगें पूरी करनी पड़ीं। मगर भारत को सरकारी तौर पर मजबूर करके ब्रिटिश माल को खास रियायतें देने के वास्ते राज़ी किया गया, हालांकि भारतवासियों ने इसका कड़ा विरोध किया था। बाद की घटनाओं ने साबित कर दिया है कि ओटावा का समझौता सफल नहीं हुआ है, और इसको लेकर एक तरफ तो उपनिवेशों व इंग्लैण्ड के बीच, और दूसरी तरफ़ भारत व इंग्लैण्ड के बीच, काफी रगड़ा-झगड़ा रहा है।

इसी दरमियान साम्राज्य के उद्योगों और मंडियों के लिए एक नई दहशत खड़ी हो गई। सस्ती जापानी चीज़ों की हर जगह भरमार हो गई, और ये इस हद दरजे की सस्ती थीं कि महसूलों की दीवारें भी इन्हें न रोक सकीं। यह सस्ताई एक तो येन[1] का मोल गिरने के सबब से थी, और दूसरे इस सबब से थी कि जापान के कारख़ानों में काम करनेवाली लड़कियों को बहुत कम मजूरी दी जाती थी। इसके अलावा जापानी उद्योगों को सरकार रुपया देती थी, और जापानी जहाज़ कम्पनियां माल ढोने का बहुत कम किराया वसूल करती थीं। यह भी सच है कि जापानी उद्योग बड़ी होशियारी से चलाये जाते थे; इंग्लैण्ड के कितने ही पुराने उद्योगों में यह चीज़ नहीं थी।

जब महसूलों से जापानी माल का आना नहीं रुका, तो उसके लिए मंडियां बन्द कर दी गईं, या कोटा-प्रणाली जारी कर दी गई, जिसके मुताबिक माल की एक बंधी हुई मिकदार आने दी जाती थी। अगर जापान का माल इस तरह दूसरे देशों में पहुंचने से रोक दिया गया, तो जापान के भारी-भरकम उद्योगों का क्या हाल होगा? उसकी सारी अर्थ-व्यवस्था चौपट हो जायगी, और माल पहुंचाने रास्ते तलाश करने की कोशिशों के नतीजे से आर्थिक बदले की और युद्ध तक की नौबत आ सकती है। पूंजीवाद की बेफ़ायदा होड़ के अन्दर घटनाओं का यही लाज़िमी दौर होता है।

इसी तरह अगर इंग्लैण्ड की मंडियां दूसरे देशों के लिए बन्द कर दी जायं, तो इनमें से कई देश बर्बाद हो जायंगे। बस, हम देखते हैं कि जितनी भी कार्रवाइयां कोई देश अपने निजी चटपट मुनाफ़े के लिए करता है, उससे दूसरे देशों को और अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को चोट पहुंचती है, और आख़िरकार रगड़े-झगड़े व गड़बड़ियां पैदा होती हैं।

: १८९ :

स्पेन में क्रान्ति

२९ जुलाई, १९३३

अब मैं तुम्हें व्यापार की मन्दी और संकट के लम्बे और दिल दुखानेवाले बयान से दूर ले चलूंगा, और हाल के ज़माने की दो मार्के की घटनाओं का ज़िक्र करूंगा। ये दो घटनाएं हैं स्पेन में क्रान्ति और जर्मनी में नात्सियों की शानदार जीत।

---

[1] जापान का सिक्का 'येन' कहलाता है।

स्पेन का गृह-युद्ध


बास्क और आरटरो की लाइन, १९३७
फ्रांस
सरागोसा
कैटेलोनिया
फ्रेंको का हमला
बसिलोना
फ्रेंको का रसद मार्ग
मेड्रिड
टालिदा
मेजोरका
इटालवी अड्डा
वेलेंशिया
लिस्बन
कारडोबा
कार्टाजीना
मलागा
कैडिज
स्पेनी मोरक्को
फ्रेंको का पहला अड्डा
१९३८ के अन्त में विद्रहियों द्वारा अधिकृत प्रदेश

स्पेन और पुर्तगाल यूरोप के दक्षिण-पश्चिमी किनारे पर हैं, और, जैसाकि हम देख चुके हैं, यूरोप के और संसार के इतिहास में इन देशों ने बड़े महत्व का हिस्सा लिया है। साम्राज्य बनाने की हौसलेबाज़ियों में इन्होंने अपनी सारी शक्ति खर्च कर दी, और जिस समय, उन्नीसवीं सदी में, यूरोप उद्योगों में और दूसरी बातों में तरक्की कर रहा था, ये पिछड़े हुए और पादरियों के असर में बने रहे। राष्ट्रवादी स्पेन ने नैपोलियन के ऊपर शानदार जीत हासिल की थी, परन्तु फ्रान्स की क्रान्ति से पैदा होनेवाले विचारों से इसने फ़ायदा नहीं उटाया। फ्रान्स ने तो सामन्तशाही से अपना पिंड छुड़ा लिया और अपनी भूमि का बन्दोबस्त पूरी तरह बदल दिया, मगर स्पेन आधा-सामन्तशाही बना रहा। यहां अमीरों के पास बड़ी-बड़ी जागीरें और ख़ास रियायतें थीं। रोमन कैथलिक चर्च का सिर्फ़ मज़हबी मामलों पर ही दख़ल नहीं था, बल्कि भूमि, व्यापार और शिक्षा के मामलों पर भी था। चर्च यहां का सबसे बड़ा ज़मींदार था और लम्बे-चौड़े पैमाने पर व्यापार चलाता था। शिक्षा पर तो उसका पूरा क़ाबू था।

स्पेन में फौज़ी अफ़सरों की एक अलग ही जाति थी, जिसे ख़ास रियायतें मिली हुई थीं। फौज़ में अफ़सरों की संख्या दूसरे सिपाहियों की संख्या के मुक़ाबले में बहुत ज़्यादा थी; यानी सात सिपाहियों के पीछे एक अफ़सर था। दिमाग़ी लोगों में प्रगतिवादी, उदार विचारोंवाले तत्व थे; और मज़दूर-आन्दोलन, जो संघवादियों,[1] समाजवादियों और अराजकतावादियों में बंटा हुआ था, ज़ोर पकड़ रहा था। लेकिन असली सत्ता चर्च, सेना और अमीरों के हाथों में थी। कैटैलोनिया में और उत्तर के बास्क प्रदेश में ख़ुदमुख़्तारी चाहने वाले ज़ोरदार आन्दोलन चल रहे थे।

स्पेन व पुर्तगाल दोनों में क़रीब-क़रीब निरंकुश बादशाहतें थीं, जिनमें बोदी पार्लमेण्टी सभाएं थीं। स्पेन की सभा का नाम 'कोर्टे' था। १८६० ई० के बाद कुछ थोड़े-से वर्षों तक स्पेन में गणराज्य रहा, पर यह सफल नहीं हुआ, और बादशाह अपनी सारी पुरानी निरंकुश हुकूमत को लेकर फिर आ धमका। १८९८ ई० संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ स्पेन का जो युद्ध हुआ, उसके नतीजे से स्पेन अपना आख़िरी उपनिवेश भी खो बैठा। उसका सारा उपनिवेशी प्रदेश पड़ोस में मोरक्को के कुछ भाग में बच गया था।

पुर्तगाल के पास अफ्रीका में अब भी बड़े-बड़े उपनिवेश हैं, और इनके अलावा गोआ, वग़ैरा भारत के ज़रा-ज़रा से टुकड़े भी हैं। १९१० ई० में बादशाह को गद्दी से उतार दिया गया और पुर्तगाल में गणराज्य क़ायम हो गया। तबसे यहां बादशाहवादियों और वाम-पक्षियों दोनों के कितने ही विद्रोह होते रहे हैं।

[1] Syndicalists

बादशाहवादी तो बादशाह को वापस लाने की कोशिशें करते रहे; और वाम-पक्षी लोग तानाशाहों और प्रतिगामी हुकूमतों से पिंड छुड़ाने की कोशिशों में लगे रहे। मगर फिर भी गणराज्य हुकूमत किसी-न-किसी रूप में चली आ रही है, और इसपर अक्सर फ़ौजी गुट हावी रहा है। महायुद्ध में पुर्तगाल ने मित्र-राष्ट्रों का साथ दिया, और इसमें से वह कर्ज़ का इतना भारी बोझ लेकर निकला कि उसके दिवालिया होने की नौबत आ गई। मौजूदा सरकार बहुत ही प्रतिगामी और नात्सियों की हिमायती है। गोआ में सब तरह की सार्वजनिक हलचलों का दमन किया जाता है, और नागरिक स्वतंत्रता-जैसी तो कोई चीज़ ही वहां नहीं है।

महायुद्ध में स्पेन तटस्थ रहा, और इससे उसे बहुत फ़ायदा हुआ। उसने लड़ने-वाले देशों को माल भेजा, जिससे उद्योगीकरण का विस्तार हुआ। युद्ध के बाद के वर्षों में यहां मन्दी, बेरोजगारी और समाजी गड़बड़ें रहीं। इसी समय के लगभग १९२१ में, मोरक्को में रिफ़-युद्ध हुआ, जिससे अब्दुल करीम ने स्पेनी सेना को पूरी तरह हरा दिया। पर बाद में फ्रान्सीसी सेनाओं ने वहां आकर अब्दुल करीम को पूरी तरह दबा दिया, और स्पेनी मोरक्को वापस स्पेन को दिलवा दिया। मोरक्को-युद्ध के दौरान ही प्राइमो-दी-रिवेरा सामने आया और यह १९२३ ई० में विधान को मंसूख करके तानाशाह बन बैठा। यह छह साल तक बना रहा, पर धीरे-धीरे इसने सेना का विश्वास खो दिया, और १९२९ ई० के आर्थिक संकट के बाद इसे इस्तीफ़ा देना पड़ा। उधर इस सारे समय में बादशाह अल्फोन्सो वहीं जमा रहा, और प्रतिगामी गिरोहों को मदद देता रहा और अपनी स्थिति मज़बूत करने के कोशिश में लगा रहा।

स्पेन के निवासी घोर व्यक्तिवादी हैं, और इनके प्रगतिशील गिरोह आपस में अक्सर लड़ते रहते थे। बाकुनिन के समय से स्पेन के नये मज़दूर-वर्ग पर अराज-कतावादी विचारधारा का असर पड़ गया था, और अंग्रेज़ी या जर्मन ढंग के मज़दूर-संघ यहां लोकप्रिय नहीं हुए थे। अराजक-संघवादियों[1] ने एक मज़बूत गिरोह बना लिया था और कैटैलोनिया में इनका ज़्यादा ज़ोर था। उदार-लोकतंत्रवादी दल, समाजवादी दल और छोटा-सा मगर बढ़ता हुआ साम्यवादी दल, यहां के दूसरे प्रगतिशील गिरोह थे। ये सारे गिरोह गणराज्य के हामी थे। प्रोइमो-दि-रिवेरा की तानाशाही ने इन सारे गणराज्य-गिरोह को इकट्ठा कर दिया और वे आपस में सहयोग करने लगे।

१९३१ ई० के म्यूनिस्पल चुनावों में इन्हें कामयाबी मिली। इन चुनावों में गणराज्यवादियों की जीत ने सारे विरोधियों पर झाड़ू फेर दी। यह चीज़ बादशाह

[1] Anarcho-syndicalists.

को (जो बोर्बन व हैप्सबर्ग दोनों राजवंशों का था) दहलाने के लिए काफ़ी थी और वह ज़ल्दी से देश छोड़कर भाग गया। गणराज्य का ऐलान कर दिया गया, और १४ अप्रैल, १९३१ ई०, को कामचलाऊ सरकार क़ायम हो गई। यह क्रान्ति बिना खून-खराबी की क्रान्ति थी।

स्पेन की इस क्रान्ति में और मार्च, १९१७ ई०, की पहली रूसी क्रान्ति में निराली समानता दिखाई देती है। रूस की ज़ारशाही-सरीखी पुरानी बादशाहत इतनी खस्ता-हाल हो चुकी थी कि विरोधियों के मुक़ाबले की कोशिश तक न कर सकी और ग़ारत हो गई। दोनों क्रान्तियां सामन्तशाही का सफ़ाया करने और भूमि के बन्दोबस्त को बदलने की बहुत देर से की गई कोशिशें थीं; और इसके लिए ख़ास दबाव ग़रीबी के मारे हुए किसान-वर्ग की तरफ़ से पड़ा था। स्पेन में तो चर्च की सत्ता इतनी ज़बर्दस्त बोझ महसूस की जा रही थी, जितनी रूस में भी नहीं थी। दोनों क्रान्तियों से ऐसी डावांडोल हालतें पैदा हो गई, जिनमें अलग-अलग वर्ग अलग-अलग दिशाओं में खींचतान कर रहे थे। दक्षिण-पक्ष और ठेठ वाम-पक्ष दोनों की तरफ़ से बार-बार बलवे हुए। रूस में इस डावांडोल हालत की वजह से नवम्बर की क्रान्ति हुई; स्पेन में यह हालत अभी तक चल रही है।

स्पेन के नये संविधान के कुछ दिलचस्प पहलू थे। इसमें सिर्फ़ एक सदन 'कोर्टे' रक्खा गया है और सारे बालिग़ नर-नारियों को वोट देने का हक़ है। एक निराली बात यह रक्खी गई है कि राष्ट्र-संघ की मंजूरी के बिना राष्ट्रपति युद्ध का ऐलान नहीं कर सकता। राष्ट्र-संघ में दर्ज किये जानेवाले जितने इकरार-नामों को स्पेन मान लेता है, वे सब-के-सब फ़ौरन स्पेन के क़ानून बन जाते हैं, और अगर यहां कोई ऐसा साफ़-साफ़ क़ानून बन भी चुका हो, जो इनके खिलाफ़ पड़ता हो, तो वह रद्द हो जाता है।

नये गणराज्य की सरकार वाम-पक्षी-उदार-नीतिवादी लोकतंत्री सरकार मानी जाती है, जिसमें समाजवाद का भी कुछ पुट है। यहां का प्रधान मंत्री और सरकार का तेज आदमी मैन्युअल अज़ाना था। इस सरकार को फ़ौरन ही भूमि, चर्च और फौज़ से ताल्लुक रखनेवाली कठिन समस्याओं का सामना करना पड़ा था। इनके बारे में कोर्टे ने बहुत ही महत्व के कानून पास किये थे, मगर अमल में कुछ ज़्यादा नहीं किया गया। मसलन क़ानून में यह इन्तज़ाम था कि कोई भी व्यक्ति या कुटुम्ब आबपाशी की ज़मीन के पच्चीस एकड़ से ज़्यादा का मालिक नहीं हो सकता था, और इस ज़मीन को भी वह तभी तक रख सकता था जबतक कि उसमें खेती करता रहे। मगर अमल में सारी बड़ी-बड़ी जागीरें क़ायम रहीं। हां, बादशाह की और कुछेक बाग़ी सरदारों की जागीरें ज़ब्त कर ली गईं।

कोर्टे ने चर्च की जायदाद को राष्ट्र की मिल्कियत क़रार दिया, मगर इसपर भी अमल नहीं किया गया। शिक्षा के मामले में चर्च पर लगाई गई कुछ पाबन्दियों के अलावा, उसकी आज़ादी में कोई दख़ल नहीं दिया गया। फौज़ी अफ़सरों की कुछ रियायतें छीन ली गईं, और इनमें से बहुतों को बड़ी अच्छी-अच्छी पेंशनें देकर घर बिठा दिया गया।

१९३२ ई० में कैटैलोनिया में अराजक-संघवादियों का बलवा हुआ, जिसे सरकार ने दबा दिया। इसी साल के अन्त में दक्षिण-पक्षवालों का भी एक बलवा हुआ, जो शुरू होते ही ख़तम हो गया।

शुरू के इन वर्षों में नये गणराज्य का लेखा बहुत तारीफ़ के क़ाबिल था, ख़ासकर शिक्षा के मामले में। भूमि की समस्या को हल करने के लिए और मज़दूरों की हालत सुधारने के लिए भी कुछ किया गया था। पर भूमि के बन्दोबस्त में सुधार की रफ़्तार बहुत धीमी रही है, और किसान-वर्ग उससे नाख़ुश है। इधर जमे हुए स्वार्थों-वाले और प्रतिगामी तत्व अभी तक मज़बूती के साथ डटे हुए हैं और गणराज्य के लिए ख़तरा बन रहे हैं। उदारवादी सरकार ने इनके साथ मुलायम बर्ताव किया है।

टिप्पणी—(नवम्बर, १९३८ ई०)

१९३३ ई० के साल में स्पेन के प्रतिगामी तत्वों ने मिलकर अपनी हैसियत मज़बूत बना ली, और उस साल जो चुनाव हुए, उनमें इन दक्षिण-पक्षवालों के शामिल दल ने बहुमत हासिल कर लिया। इससे राज्यसत्ता एक प्रतिगामी सरकार के हाथों में आगई और इस सरकार ने काश्तकारी सुधार रोक दिये, चर्च की ताक़त बढ़ा दी, और पिछली सरकार ने जो कुछ किया था, उसके बहुत-से हिस्से पर पानी फेर दिया। इसका नतीजा यह हुआ कि प्रतिगामी हरक़तों का मुक़ाबला करने के लिए सारे वाम-पक्षी गिरोह एक हो गये। अक्तूबर, १९३४ ई० में सारे स्पेन में दंगे हुए, पर सरकार इन्हें ठंडा करने में और वाम-पक्षियों को दबाने में कामयाब हो गई। लेकिन वाम-पक्षी दल अपनी जड़ें जमाते रहे, और उन्होंने उदार-पंथियों, समाजवादियों, अराजकतावादियों और साम्यवादियों का एक मिला-जुला 'लोकप्रिय मोर्चा' खड़ा कर लिया। फरवरी, १९३६ ई० में कोर्टे के चुनावों में यह लोकप्रिय मोर्चा विजयी हुआ और एक नई सरकार क़ायम हो गई। अब ऐसा मालूम होने लगा कि यह सरकार भूमि की समस्या को हल करने के लिए और चर्च की ताक़त पर लगाम लगाने के लिए ज़ोरदार क़दम उठायेगी, और जमे हुए स्वार्थों की तरफ़ इतनी नरम नहीं रहेगी, जितनी कि पिछली उदार-दली हुकूमत रही थी। इसलिए विरोधी भावना ज़ोर पकड़ने लगी, और प्रतिगामी दलों ने हमला करने की ठान ली। इन्होंने मुसोलिनी और जर्मनी के नात्सियों का सहारा भी ढूंढ़ लिया।

जुलाई, १९३६ ई०, में जनरल फ्रैंको ने स्पेनी मोरक्को में मूरों की फौज़ की मदद से बग़ावत शुरू कर दी। इस फौज़ें को यह भरोसा दिया गया था कि स्पेनी मोरक्को स्वाधीन कर दिया जायगा। फौज़ी अफ़सरों ने और ज्यादातर सिपाहियों ने फ्रैंको का साथ दिया, और सरकार अपने बचाव में असमर्थ नज़र आने लगी। इसपर सरकार ने जनता को आदेश दिया कि अगर लोगों को और कोई चीज़ मुहैया न हो तो घूसों से ही लड़ें। जनता ने, खासकर मैड्रिड और बार्सिलोना की जनता ने, इस आदेश पर मुस्तैदी से अमल किया। सरकार और गणराज्य को तो आंच नही आई, पर फ्रैंको ने स्पेन के बड़े-बड़े हिस्सों पर क़ब्ज़ा कर लिया।

उस समय से यह घरेलू-युद्ध बराबर चला आ रहा है, क्योंकि फ्रैंको को इटली व जर्मनी से बहुत काफ़ी मदद मिल रही है। उन्होंने इसे बड़ी-बड़ी फौज़ें, हवाई जहाज़ और हवाबाज़, और गोला-बारूद का सामान भेजा है। गणराज्य के पास भी मदद के लिए विदेशी स्वयंसेवक है, मगर साथ ही उसने स्पेन की एक नई शानदार फौज़ भी खड़ी कर ली है। ब्रिटिश और फ्रान्सीसी सरकारों ने कह दिया है कि वे तो बीच में न पड़ने की नीति पर अमल करती है, लेकिन नतीजे में यह नीति फ्रैंको की मददगार हो रही है।

स्पेन का यह युद्ध दिल दहलानेवाली कार्रवाइयों से भरा हुआ है। फ्रैन्को के भाड़ैती जर्मन व इटालवी हवाई जहाज़ों ने बेपनाह नगरों और नागरिकों पर जो हवाई बमबारी की है, उससे बेशुमार आदमी मारे गये है। मैड्रिड की रक्षा की कहानी तो मशहूर हो गई है। इन दिनों फ्रैंको ने तीन-चौथाई स्पेन पर क़ब्ज़ा कर रक्खा है, लेकिन गणराज्य ने, जो फौज़ी लिहाज़ से मज़बूत है, उसे आगे बढ़ने से अच्छी तरह रोक दिया है। गणराज्य को सबसे बड़ी दिक्कत अन्न की कमी की है।

यह माना जाता है कि स्पेन का युद्ध महज़ राष्ट्रीय झगड़ा नहीं है, बल्कि कोई बहुत बड़ी चीज़ है। यह लोकतंत्र और फ़ासीवाद की लड़ाई का नमूना बन गया है, और सारी दुनिया के लोगों का ध्यान और हमदर्दी खींच रहा है।

: १९० :

जर्मनी में नात्सियों की विजय

३१ जुलाई, १९३३

स्पेन की क्रान्ति से कुछ लोगों को अचम्भा हुआ, पर वास्तव में इसमें अचम्भे की कोई बात नही थी। यह तो घटनाओं के कुदरती सिलसिले के मुताबिक़ हुई थी, और ग़ौर से देखनेवाले जानते थे कि यह टल नहीं सकती थी। बादशाह-सामन्त-शाही-चर्च के पुराने ढांचे में घुन लग चुका था, और वह बिलकुल कमज़ोर हो गया

था। यह आज की हालतों से बिलकुल मेल नहीं खाता था, लिहाज़ा पके फल की तरह ज़रा से टल्ले से नीचे गिर पड़ा। भारत में भी बीते युग के ऐसे बहुत-से सामन्ती मुर्दे अभी तक हैं; अगर विदेशी शक्ति इन्हें सहारा न लगाती रहे, तो शायद ये भी बहुत जल्दी मिट जायं।

मगर जर्मनी में जो परिवर्तन हाल ही में हुए हैं, वे बिलकुल जुदा किस्म के हैं, और इसमें कोई शक नहीं कि उन्होंने यूरोप को हिला दिया है और बहुत लोगों के होश गुम कर दिये हैं। जर्मनों-जैसी सुसंस्कृत और खूब आगे बढ़ी हुई क़ौम ऐसी हैवानी और वहशियाना कार्रवाइयां कर सकती है, यह जानकर हैरत होती है।

हिटलर और उसके नात्सी दल की जर्मनी में पूरी फ़तह हो गई है। इन्हें फ़ासीवादी कहा जाता है और इनकी जीत को उलट-क्रान्ति की जीत माना जाता है। यानी इसने १९१८ ई० की जर्मन क्रान्ति पर और उसके नतीजों पर पानी फेर दिया है। ये सब बातें बिलकुल सही है। हिटलरशाही में तुम्हें फ़ासीवादी के सारे लक्षण दिखाई देंगे, और साथ ही इसमें एक प्रगति का तेज़ विरोध, और तमाम उदार-पन्थी तत्वों पर और ख़ासकर मज़दूरों पर, वहशियाना हमला भी मिलेगा। मगर फिर भी यह महज़ प्रगति के विरोध में कोई बहुत बड़ी चीज़ है, जो इटालवी फ़ासीवाद से ज़्यादा कुशादा है और जो जनता की भावनाओं पर ज़्यादा टिकी हुई है। यह जन-भावना मज़दूर-वर्ग की भावना नही है, बल्कि उस भूखों मरते, महरूम मध्यम-वर्ग की है, जो क्रान्तिकारी बन गया है।

इटली के बारे में एक पिछले पत्र में मैंने फ़ासीवाद की चर्चा की थी, और बतलाया था कि इसका उदय तब हुआ जब आर्थिक संकट के ज़माने में पूजीवादी राज्य को समाजी क्रान्ति का खतरा हो गया था। मिल्कियतवाले पूजीपति-वर्ग ने निचले मध्यम-वर्ग के बीज पर जन-आन्दोलन खड़ा करके अपने बचाव की कोशिश की, और भोले-भाले किसानों व मज़दूरों को फ़ांसने के लिए गुमराह करनेवाले पूजीवाद-विरोधी नारे काम में लिये। लेकिन सत्ता छीनने और राज्य की बाग-डोर हथियाने के बाद वे तमाम लोकतंत्री संस्थाओं को उखाड़ फेंकते हैं, अपने शत्रुओं को कुचल डालते हैं, और मज़दूरों के सारे संगठनों को तो ख़ासतौर पर नष्ट कर देते हैं। इस तरह उनकी हुकूमत का सबसे बड़ा आधार डण्डे के ज़ोर पर होता है। मध्यम-वर्गी समर्थकों को नये राज्य में कुछ नौकरियां दे दी जाती हैं, और उद्योगों कुछ हद तक राज्य इख्तियार हो जाता है।

यह तमाम चीज़ें हम जर्मनी में होती हुई पाते हैं, और इसके आसार भी नज़र आ रहे थे। लेकिन इसके पीछे जो ज़बर्दस्त उकसाहट है, और हिटलर के साथ जो इतने सारे लोग हो लिये हैं, यह अचम्भे में डालनेवाली चीज़ है।

यह नात्सी उलट-क्रान्ति मार्च, १९३३ ई० में हुई। पर इस आन्दोलन की शुरूआत देखने के लिए मैं तुम्हें कुछ पीछे ले चलूंगा।

१९१८ ई० की जर्मन-क्रान्ति धोखे की टट्टी थी; यह तो क्रान्ति थी ही नहीं। कैसर चला गया और गणराज्य का ऐलान कर दिया गया; पर पुराना राजनैतिक, समाजी व आर्थिक ढांचा ज्यों-का-त्यों रहा। कुछ वर्षों तक हुकूमत की बागडोर समाजी लोकतन्त्रवादियों के हाथों में रही। ये लोग पुराने प्रतिगामी और निहित स्वार्थों से बहुत डरते थे, और सदा उन्हें मनाने की कोशिश में रहते थे। अपने दल में इनके पीछे ज़बर्दस्त शक्तिवालों का संगठन था, जिसके लाखों सदस्य थे, और मज़दूर-संघ भी इनके पीछे थे। इसके अलावा दूसरे बहुत-से लोगों की हमदर्दी भी उनके साथ थी। मगर प्रतिगामी तत्वों के मुक़ाबले में इनकी नीति सदा बचाव करने की रही; इनका हमलावर रुख़ तो सिर्फ़ अपने ही तेज़ तबके और साम्यवादी दल के लिए था। इन्होंने अपने काम में इतना घोटाला किया कि बहुत-से समर्थकों ने इनका साथ छोड़ दिया। इन्हें पीठ दिखानेवाले मज़दूर लोग तो साम्यवादी दल में जा मिले, जो लाखों सदस्यों की वजह से बड़ा ताक़तवर बन गया; और मध्यम-वर्गी समर्थक इन्हें छोड़कर प्रतिगामी दलों में शामिल हो गये। समाजी लोकतंत्रवादियों और साम्यवादियों के बीच बराबर लड़ाई चलती रही, जिससे दोनों कमज़ोर हो गये।

युद्ध के बाद के वर्षों में जर्मनी में जब सिक्के का खूब फैलाव हुआ, तो यहां के उद्योगपतियों और बड़े-बड़े ज़मींदारों ने इसे पसन्द किया। जिन ज़मींदारों पर भारी-भारी क़र्ज़ थे और जिनकी जागीरें रेहन पड़ी हुई थीं, उन्होंने इस फूले हुए सिक्के में, जो जिसकी कोई क़ीमत नहीं थी, अपने क़र्ज़ चुका दिये, और अपनी जागीरें फिर हासिल कर लीं। बड़े-बड़े कारख़ानेदारों ने अपनी मशीनें बढ़ा लीं, और बड़े-बड़े शामिल कारोबार खड़े कर लिये। जर्मन माल इतना सस्ता हो गया कि हर मंडी में हाथों-हाथ बिकने लगा, और बेरोज़गारी मिट गई। मज़दूर-वर्ग मज़दूर-संघों में मज़बूती से बंधा हुआ था, और मार्क का भाव गिरने पर भी उसने अपनी मज़दूरियां कम नहीं होने दीं। सिक्के के फैलाव की मार मध्यम-वर्ग पर पड़ी और बिलकुल मुफ़लिस हो गया। १९२३-२४ ई० का यही महरूम-वर्ग सबसे पहले हिटलर के साथ हुआ। बैंकों के दिवालों से और बेरोज़गारी बढ़ने से ज्यों-ज्यों मन्दी ने ज़ोर पकड़ा, त्यों-त्यों दूसरे बहुत लोग हिटलर के साथ होते गये। वह बेजारों का आसरा बन गया। एक और बड़ा वर्ग, जिसमें हिटलर को बहुत-से चेले मिले, पुरानी फौज़ के अफ़सरों का था। यह फौज युद्ध के बाद वर्साई की सन्धि की शर्तों के मुताबिक़ तोड़ दी गई थी। इसलिए इसके हज़ारों अफसर बेरोज़गार हो गये थे और ठाली बैठे थे। ये उन तरह-तरह की ख़ानगी फौज़ों में भरती हो गये, जो उस वक़्त तैयार

हो रही थीं। उनमें एक तो 'तूफानी सिपाही' (Storm Troops) कहलाने वालों की नात्सी फौज़ थी, और दूसरी राष्ट्रवादियों की 'फौलादी टोप' (Steel Helmets) नाम की फौज़ थी, जो क़ैसर की वापसी का समर्थन करनेवाले कट्टर-पन्थियों की थी।

यह एडोल्फ़ हिटलर कौन था ? ताज्जुब की बात है कि सत्ता हथियाने के एक-दो वर्ष पहले तक यह जर्मन नागरिक भी नहीं था। यह आस्ट्रिया-निवासी जर्मन था, जो युद्ध में एक मामूली सिपाही की हैसियत से लड़ा था। इसने जर्मन गणराज्य के खिलाफ़ एक बेकार-से बलवे में भाग लिया था, और हालांकि इसे क़ैद की सज़ा दी गई थी, पर अधिकारियों ने इसके साथ नरमी का बर्ताव किया था। तब इसने अपना 'राष्ट्रीय समाजवादी' दल तैयार किया, जिसका मक़सद समाजी लोकतंत्रवादियों का विरोध करना था। नात्सी शब्द राष्ट्रीय समाजवादी दल के जर्मन नाम के दो टुकड़ों (National Socialist) को मिलाकर बनाया गया है। हालांकि यह दल समाजवादी कहलाता था, पर समाजवाद से इसका कोई ताल्लुक़ नहीं था। समाजवाद के नाम से आम तौर पर जो-कुछ समझा जाता है, हिटलर उसका जानी दुश्मन था और है।[1] नात्सी दल ने स्वस्तिक को अपना चिह्न बनाया। यह संस्कृत का शब्द है, पर स्वस्तिक का चिह्न संसार-भर में प्राचीन काल से खूब मशहूर है। तुम जानती हो कि इस चिह्न को भारत में भी सब जानते हैं; और यह अच्छे सगुन का चिन्ह माना जाता है। नात्सियों ने 'तूफ़ानी सिपाहियों' का लड़ाकू दल तैयार किया, जिनकी वर्दी भूरा कुर्ता थी। इसलिए नात्सियों को अक्सर 'भूरे कुर्ते' भी कहा जाता है, जिस तरह कि इटली के फ़ासीवादी 'काले कुर्ते' कहलाते हैं।

नात्सियों का कार्यक्रम न तो साफ़ था और न ठोस। यह घोर राष्ट्रवादी था, और जर्मनी व जर्मनों की महानता पर ज़ोर देता था। बाक़ी तो यह तरह-तरह की नफ़रतों की खिचड़ी था। यह वर्साई की सन्धि का विरोधी था, और उसे जर्मनी के लिए ज़लालत मानता था। इससे बहुत लोग खिंचकर नात्सी दल में आ मिले थे। यह कार्य-क्रम मार्क्सवाद-साम्यवाद-समाजवाद-विरोधी था और कामगरों के मज़दूर-संघों तग़ैरा के खिलाफ़ था। यह यहूदी-विरोधी भी था, क्योंकि यहूदियों को ऐसी अजनबी नस्ल का माना जाता था, जो 'आर्यन' जर्मन नस्ल के ऊंचे दस्तूरों को भ्रष्ट करनेवाली और गिरानेवाली थी। कुछ गोलमोल तरीक़े पर यह पूंजीवाद का भी विरोधी था, पर यह विरोध मुनाफ़ाख़ोरों और मालदारों को गालियां देने

---

[1] तीसरे महायुद्ध में जर्मनी की हार के बाद हिटलर ने आत्महत्या कर ली।

तक ही था। जिस समाजवाद की वह ज़रा ढीली-ढाली बातें करता था, उसका मतलब सिर्फ़ यह था कि कुछ मामलों में राज्य का दख़ल हो।

इन तमाम बातों के पीछे हिंसा की एक अजीब फ़िलासफ़ी थी। यही नहीं कि हिंसा की सिर्फ़ बड़ाई की जाती हो और उसे बढ़ावा दिया जाता हो, बल्कि यह माना जाता था कि हिंसा इन्सान का सबसे बड़ा फ़र्ज़ है। ओस्वाल्ड स्पेंगलर नामक मशहूर जर्मन दार्शनिक इस फ़िलासफ़ी का व्याख्याकार है। इसने लिखा है कि आदमी "बहादुर, छली और बेरहम शिकारी जानवर" है। · · · · "आदर्श कायरता की निशानी है।" · · · "शिकारी जानवर चलने-फिरनेवाले जीवों में सबसे ऊंचा है।" वह "हमदर्दी और मेल-मिलाप और चुप्पी की पोपली भावना" का ज़िक्र करता है, और कहता है कि "शिकारी जानवर की सारी नस्ली भावनाओं में सबसे ज़्यादा असली भावना नफ़रत है।" आदमी को सिंह-जैसा होना चाहिए, जो अपनी मांद में अपने बराबरवाले को कभी नहीं रहने देता। उसे दब्बू गाय-जैसा नहीं होना चाहिए, जो झुंडों में रहती है और इधर-से-उधर हांकी जाती है। ऐसे आदमी के लिए युद्ध ही सबसे आला धन्धा और आनन्द होता है।

ओस्वाल्ड स्पेंगलर आज के सबसे बड़े विद्वानों में गिना जाता है; इसकी लिखी हुई पुस्तकों में इतना ज्ञान भरा है कि ताज्जुब होता है। और इस सारे बड़े भारी ज्ञान से वह इन हैरतभरे और नफ़रतभरे नतीजों पर पहुंचा है। मैंने इसके शब्द यहां इसलिए दिये है कि, वे हमें हिटलरशाही के पीछे काम करनेवाली भावना को समझने में मदद करते हैं और नात्सियों के राज में होनेवाली बेरहमी और हैवानियत पर रोशनी डालते है। अलबत्ता यह ख़याल नहीं करना चाहिए कि हरेक नात्सी के ऐसे ही विचार है। पर नात्सियों के नेताओं और सरगर्म लोगों के ऐसे ही विचार हैं, और इनके पिछलग्गू इन्हींकी नकल करते है। शायद यह कहना ज़्यादा सही होगा कि औसत नात्सी तो कुछ सोचता ही नहीं था। उसकी भावनाएं उसकी अपनी कम्बख़्ती से और राष्ट्र के अपमान से भड़क उठी थीं (रूर पर फ्रांसीसियों के क़ब्जे से सारे जर्मनी में बहुत सख़्त नाराज़ी थी), और जो कुछ हो रहा था उसपर वह ग़ुस्से में भरा हुआ था। हिटलर बड़ा ज़ोरदार बोलनेवाला है। उसने बड़ी-बड़ी सभाओं में लोगों की भावनाओं को उभाड़ा, और जो कुछ हो रहा था, उस सबका इलज़ाम मार्क्सवादियों और यहूदियों पर थोप दिया। अगर फ्रांस या बाहर के दूसरे देश जर्मनी के साथ बुरा बर्ताव करते थे, तो इसकी वजह से और भी ज़्यादा लोग नात्सी-दल में शामिल हो जाते थे, क्योंकि वे समझते थे कि जर्मनी की इज्जत नात्सी लोग ही बचा सकेंगे। इसी तरह जब आर्थिक संकट ज़्यादा विकट हुआ, तो लोग धड़ाधड़ नात्सीदल में भरती होने लगे।

सरकार पर समाजी लोकतंत्रवादी दल का कब्ज़ा बहुत जल्दी जाता रहा, और दूसरे गिरोहों की आपसी लाग-डांटों के कारण, कैथलिक केन्द्र दल के हाथों में सत्ता आ गई। रीख़स्टाग (जर्मनी की पार्लमेण्ट) में कोई भी दल इतना ज़ोरदार नहीं था कि दूसरों को दरगुज़र कर सकता, इसलिए चुनाव और साज़िशें और दलगत पैतरेबाज़ियां नित्य होती रहती थीं। नात्सियों की ताक़त बढ़ने से समाजी लोकतंत्रवादी तो इतने डर गये कि उन्होंने पूंजीपतियों के 'केन्द्र दल' का, और राष्ट्रपति के पद के चुनाव के लिए बूढ़े सेनापति फ़ॉन हिण्डनबर्ग का समर्थन किया। नात्सियों की ताक़त बढ़ने के बावजूद मजदूरों के दो दल, यानी समाजी लोकतंत्रवादी दल और साम्यवादी दल, ज़ोरदार थे, और अन्त तक इनका साथ देनेवाले बीसियों लाख लोग थे। पर ये दोनों दल समान ख़तरे के सामने भी आपस में सहयोग नहीं कर सके। १९१८ ई० से आगे, अपनी सत्ता के दिनों में, समाजी लोकतंत्रवादियों ने साम्यवादियों को जिन अत्याचारों का शिकार बनाया था, और संकट की हर घड़ी में उन्होंने जिस तरह प्रतिगामी गिरोहों का साथ दिया था, उसकी कड़वी याद साम्यवादियों के दिलों में बनी हुई थी। दूसरी तरफ समाजी लोकतंत्रवादी दल, जो दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय संघ में ब्रिटिश मज़दूर दल का साथी था, इसी-जैसा मालदार और फैला हुआ संगठन था, जिसके ढेरों सरपरस्त थे। यह अपनी सलामती और अपने पद को ख़तरे में डालनेवाली कोई जोखम नहीं उठाना चाहता था। यह दल क़ानून के ख़िलाफ कोई भी काम करने से, या सीधी कार्रवाई कहे जानेवाले किसी भी मामले में फंसने से बहुत डरता था। इसने अपनी ज्यादातर शक्ति साम्यवादियों से भिड़ने में ख़र्च कर दी थी। और तुर्रा यह है कि ये दोनों दल एक ही किस्म के मार्क्सवादी थे।

बस, जर्मनी बराबर वज़नवाली ताक़तों की एक हथियारबन्द छावनी बन गया, और यहां हर बार दंगे होते थे और हत्याएं होती थीं। नात्सियों के हाथों साम्यवादी मज़दूरों की हत्याएं ख़ास तौर पर होती रहती थीं। कभी-कभी मज़दूर लोग भी अपना बदला निकालते थे। हिटलर बड़ी खूबी के साथ ऐसी बेमेल भीड़ को जोड़े रहा, जिसके जुदा-जुदा तत्वों में कोई भी ऐसी बात नहीं थी, जिसमें वे एकमत हों। यह मध्यम वर्ग का, एक तरफ तो बड़े-बड़े उद्योगपतियों के साथ, और दूसरी तरफ आसूदा किसान-वर्ग के साथ विचित्र गठ-बन्धन था। उद्योगपतियों ने हिटलर को इसलिए सहायता दी तथा पैसा दिया कि वह समाजवाद को गालियां देता था, और बढ़े चले आनेवाले मार्क्सवाद या साम्यवाद के ख़िलाफ़ अकेला क़िला नज़र आता था। उधर गरीब मध्यम-वर्ग और किसान-वर्ग और कुछ मज़दूर तक भी इसके पूंजीपति-विरोधी नारों की वजह से इसकी तरफ खिंच गये।

१९३३ ई० की ३० जनवरी को बूढ़े राष्ट्रपति ने (उस समय इसकी उम्र

छियासी वर्ष की थी) हिटलर को चैन्सलर बनाया। जर्मनी में यह सबसे ऊंचा कार्यपालक ओहदा है, जो प्रधानमंत्री की बराबरी का है। नात्सियों और राष्ट्रवादियों के बीच गठ-बन्धन हो गया था, पर यह बहुत जल्दी जाहिर हो गया कि सारी बागडोर नात्सियों के हाथों में थी, और दूसरे किसीकी कोई गिनती नहीं थी। आम चुनावों में नात्सियों और इनके साथी राष्ट्रवादियों का रीख़स्टाग में नाममात्र का बहुमत हो गया। लेकिन अगर यह बहुमत न भी होता तो भी कोई ज्यादा फ़र्क़ नहीं पड़ता, क्योंकि नात्सियों ने पार्लमेण्ट में अपने विरोधियों को गिरफ़्तार करके जेल में डाल दिया। इस तरह सारे-के-सारे साम्यवादी सदस्य और बहुत-से समाजी लोकतंत्रवादी सदस्य रास्ते में से हटा दिये गए। ठीक इसी समय रीख़स्टाग-भवन में आग लग गई, और वह जलकर राख हो गया। नात्सियों ने कहा कि यह साम्यवादियों का काम था और राज्य की जड़ काटने की साज़िश थी। साम्यवादियों ने इसका ज़ोरों से खंडन किया। इतना ही नहीं उन्होंने तो नात्सी नेताओं पर इलज़ाम लगाया कि इन्होंने साम्यवादियों पर हमला करने का बहाना ढूंढने के लिए खुद ही आग लगाई थी।

इसके बाद सारे जर्मनी में नात्सियों का 'भूरा आतंक' शुरू हो गया। सबसे पहले तो पार्लमेण्ट भंग की गई (हालांकि इसमें नात्सियों का बहुमत था), और सारी सत्ता हिटलर और उसके मंत्रिमंडल के हवाले कर दी गई। ये क़ानून बना सकते थे, और जो मन में आये सो कर सकते थे। गणराज्य का वाइमर संविधान रद्दी की टोकरी में डाल दिया गया, और लोकतंत्र के सारे रूपों का खुला तिरस्कार किया गया। जर्मनी एक क़िस्म का संघ था; इसे भी ख़तम कर दिया गया और सारी सत्ता सिमटकर बर्लिन में आ गई। हर जगह तानाशाह मुकर्रर कर दिये गए, और हरेक तानाशाह सिर्फ अपने ऊपरवाले तानाशाह के प्रति जिम्मेदार था; और हिटलर तो तानाशाहों का सरताज था ही।

इधर तो ये परिवर्तन हो रहे थे, उधर नात्सी तूफ़ानी सिपाही सारे जर्मनी में खुले छोड़ दिये गए थे। इन सिपाहियों ने मार-काट और आतंक का निहायत वहशियाना और हैवानी राज शुरू कर दिया। यह अपने ढंग की निराली चीज़ थी। आतंक की कार्रवाइयां पहले भी हुई थीं—मसलन 'लाल आतंक', 'श्वेत आतंक', वग़ैरा—पर ये तभी हुई थीं जबकि किसी देश या सत्ताधारी गिरोह को घरेलू-युद्ध में अपनी ज़िन्दगी के लिए लड़ना पड़ा था। आतंक की कार्रवाई भयंकर ख़तरे और हर वक़्त के डर तथा उलटा असरवाली होती है। पर नात्सियों के सामने ऐसा कोई ख़तरा नहीं था, न उन्हें डरने का कोई सबब था। हुकूमत की बागडोर उनके हाथों में थी, और हथियारों से उनका विरोध या मुक़ाबला करनेवाला कोई नहीं था। इसलिए यह 'भूरा आतंक' जुनून या डर का नतीजा नहीं था, बल्कि

उन सब लोगों का इरादतन, जल्लादाना और अनहोना-सा हैवानी दमन था, जो नात्सियों की क़तार में शामिल नहीं होते थे।

नात्सियों के सत्ता हथियाने के समय से जो-जो अत्याचार होते आये हैं, और परदे के पीछ अभी तक होते रहते हैं, उनकी सूची देने से कोई मतलब हासिल नहीं होगा। जर्मनी में बड़े ज़बर्दस्त पैमाने पर वहशियाना पिटाइयां और सख्त मार, और गोली-कांड और हत्याकांड हुए हैं, और मर्द व औरतें दोनों इनके शिकार बने हैं। बेशुमार लोगों को जेलों में या नज़रबन्दी की छावनियों में डाल दिया गया है, और कहते है कि इनके साथ बड़ा बुरा सलूक किया जाता है। साम्यवादियों पर सबसे खूंखार हमला किया गया है, मगर ज्यादा नरम समाजी लोकतंत्रवादियों के साथ भी कोई रियायत नहीं की गई है। नात्सी लोग यहूदियों के तो हाथ धोकर पीछे पड़े हैं, और शान्तिवादियों, उदार नीतिवादियों, मजदूर-संघियों, अन्तर्राष्ट्रीयतावादियों, वगैरा पर भी वार कर रहे हैं। नात्सी लोग पुकार-पुकारकर कहते हैं कि यह तो मार्क्सवाद और मार्क्सवादियों को ही नहीं बल्कि पूरे 'वाम-पक्ष' को जड़-मूल से मिटाने का युद्ध है। यहूदियों को तमाम नौकरियों और पेशों से भी हटाया जाना चाहिए। हज़ारों यहूदी प्रोफेसर, अध्यापक, गवैये, वकील, जज, डाक्टर, और नर्सें निकाल बाहर किये गए हैं। यहूदी दूकानदारों का बायकाट कर दिया गया है, और यहूदी मज़दूर कारखानों से निकाल दिये गए हैं। जिन पुस्तकों को नात्सी लोग पसन्द नहीं करते, उनके ढेर-के-ढेर नष्ट कर दिये गए हैं और सरे-आम होलियां जलाई गई हैं। ज़रा-सा भी मतभेद या आलोचना करनेवाले अखबारों का बेदर्दी से गला घोंट दिया गया है। आतंक-राज के कोई समाचार नहीं छप सकते और इसके बारे में काना-फूंसी तक करनेवालों को सख्त सज़ाएं दी जाती हैं। तमाम संगठनों और दलों को दबा दिया गया है, सिवा नात्सी दल के। इसे तो दबाया ही कैसे जाता? सबसे पहला वार साम्यवादी-दल पर हुआ, फिर समाजी लोकतंत्रवादी-दल पर, उसके बाद कैथलिक केन्द्रीय दल का नम्बर आया, और अन्त में नात्सियों के मददगार-साथी राष्ट्रवादियों तक को भी नहीं बख्शा गया। जर्मन मज़दूरों के जबर्दस्त संघ, जो मजदूरों की कई पीढ़ियों की मेहनत और बचत और कुर्बानियों के फल थे, तोड़ दिये गए, और उनके फंड और उनकी जायदादें ज़ब्त कर ली गईं। सिर्फ एक ही दल, एक ही संगठन, रह सकता था—यह था नात्सी-दल।

विचित्र नात्सी फिलासफ़ी हरेक के गले में ज़बर्दस्ती उतारी जाती है, और 'आतंक' का डर इतना छाया हुआ है कि कोई सिर तक नहीं उठा सकता। शिक्षा, रंग-मंच, कला, विज्ञान,—सबपर नात्सी छाप लगाई जा रही है। हिटलर का एक खास आदमी हरमान गोयरिंग कहता है: "सच्चा जर्मन अपने खून से सोचता है।" एक और नात्सी नेता कहता है: "खालिस तर्क और बे-तास्सुब विज्ञान के दिन बीत

चुके।" बच्चों को सिखाया जाता है कि हिटलर दूसरा मसीहा है, पर पहले मसीहा से भी महान है। नात्सी सरकार इस हक़ में नहीं है कि लोगों में, और ख़ासकर स्त्रियों में, शिक्षा ज़्यादा फैले। हिटलरवादियों का कहना है कि नारी की जगह घर व रसोई है, और उसका सबसे बड़ा काम यह है कि राज्य के लिए लड़नेवाले और जान देनेवाले बच्चे पैदा करे। एक और नात्सी नेता, डा०. जोसफ़ गोयबल्स, जो 'जन-शिक्षण और प्रचार'-विभाग का मंत्री है, कहता है : "नारी की जगह कुटुम्ब में है; उसका मुनासिब काम अपने देश और अपनी जाति के लिए बच्चे पैदा करना है। . . . स्त्रियों को आज़ाद करना राज्य के लिए ख़तरा है। जो बातें मर्द के करने की हैं, वे उसे मर्द पर ही छोड़ देनी चाहिएं।" इसी डा०. गोयबल्स ने हमें यह भी बतला दिया है कि जनता के शिक्षण का उसका तरीक़ा क्या है : "मेरा इरादा है कि अख़बारों को भी उसी तरह बजाऊं, जिस तरह प्यानो बजाया जाता है।"

इस तमाम जंगलीपन, पशुता, आग और बिजली की कड़क के पीछे लुटे हुए मध्यम-वर्गों की तंगी और भूख थी। वास्तव में यह रोज़गारों की और रोटी की लड़ाई थी। यहूदी डाक्टरों, वकीलों, अध्यापकों, नर्सों, वग़ैरा को इसलिए निकाल दिया गया था कि 'आर्यन' जर्मन लोग उनकी बराबरी नहीं कर सकते थे, और उनकी सफलता को भूखी निगाहों से देखते थे, और उनके रोजगार छीनना चाहते थे। यहूदी दूकानें इसलिए बन्द कर दी गई कि जर्मन दूकानदार उनकी होड़ में नहीं टिक सकते थे। बहुत-सी ग़ैर-यहूदी दूकानें भी बन्द कर दी गई और उनके मालिकों को गिरफ़्तार कर लिया गया। वजह यह थी कि इनपर मुनाफ़ाख़ोरी का और चीज़ों के बेजातौर पर ऊंचे दाम लेने का शक किया जाता था। नात्सियों के हिमायती किसान लोग पूर्वी प्रशिया की बड़ी-बड़ी जागीरों पर ललचाई नज़रें डाल रहे हैं, क्योंकि वे इनका आपस में बटवारा करना चाहते हैं।

नात्सियों के पहले कार्यक्रम का एक दिलचस्प पहलू यह सुझाव था कि १२,००० मार्क सालाना से ज़्यादा वेतन किसीको न दिया जाय। यह ८,००० रु० साल या ६६६ रु० माहवारी के बराबर होता है। इसपर कहांतक अमल किया गया है, यह मुझे नहीं मालूम। चैन्सलर का मौज़ूदा वेतन २६,००० मार्क सालाना है (यह १,४४० रु० माहवारी के बराबर है)। यह इरादा ज़ाहिर किया गया है कि जिन ख़ानगी कम्पनियों को सरकारी रुपया दिया जाता है, उनके डायरेक्टरों या मालिको तक को १८,००० मार्क सालाना से ज़्यादा वेतन नहीं दिया जायगा। अबतक इन लोगों को भारी रक़में दी जाती रही है। इन आंकड़ों की तुलना उन भारी-भरकम वेतनों से करो, जो कंगाल भारत अपने सरकारी कर्मचारियों को देता है। कराची-कांग्रेस ने प्रस्ताव किया था कि वेतनों की हद ५०० रु० माहवारी पर बांधी जानी चाहिए।

यह ख़याल नहीं कर बैठना चाहिए कि नात्सी-आन्दोलन के पीछे सिर्फ जुल्म और आतंक ही है। हां, ये उभरे हुए ज़रूर हैं। मज़दूरों की बहुत बड़ी तादाद के अलावा, ऐसे जर्मनों की तादाद बहुत बड़ी है, जिनके दिलों में हिटलर के लिए सचमुच खरा जोश है। अगर पिछले चुनावों के आंकड़ों को सही माना जाय, तो मालूम होता है कि ५२ फी सदी जनता उसके पीछे है। और यही ५२ फी सदी लोग बाक़ी के ४८ फीसदी लोगों पर या इनके कुछ भाग पर आतंक जमा रहे हैं। इन ५२ फी सदी या अब इससे ज्यादा लोगों को लेकर हिटलर बहुत लोकप्रिय बन गया है। जो लोग जर्मनी होकर आये हैं, वे बतलाते हैं कि वहां एक अद्भुत मनोवैज्ञानिक वातावरण पैदा हो गया है, मानो कोई मज़हबी ताज़गी पैदा हुई हो। जर्मन लोग महसूस करते है कि वर्साई की सन्धि की वजह से उनकी बेइज्ज़ती और उनपर दमन का लम्बा ज़माना बीत गया है, और अब वे आज़ादी की सांस ले सकते हैं।

मगर जर्मनी का बाकी आधा या क़रीब आधा हिस्सा कुछ और ही महसूस करता है। जर्मन मज़दूर-वर्ग के लोगों पर सख्त नफ़रत और तेज़ गुस्सा छाया हुआ है, पर ये नात्सियों के ख़ूनी बदले के डर से छिपे और दबे हुए हैं। इन लोगों ने हारकर हिंसा व आतंक के आगे सिर झुका दिया है, और जो चीज़ उन्होंने बहुत मेहनत और कुर्बानी से खड़ी की थी, उसीकी बर्बादी रंज और बेकसी के साथ अपनी आंखों से देखी है। जर्मनी में पिछले कुछ महीनों में जो घटनाएं हुई हैं, उन में यह कछ कम अचम्भे की घटना नही है कि इतनी बड़ी हैसियतवाला समाजी लोकतंत्रवादी दल, हमला रोकने की ज़रा-सी भी कोशिश किये बिना, बिल्कुल ढेर हो गया है। यूरोप में मज़दूर-वर्ग का यह सबसे पुराना, सबसे बड़ा और सबसे ज़्यादा सुसंगठित दल था। दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय संघ की तो यह रीढ़ था। मगर फिर भी इसने हर तरह की बेइज्ज़ती और ज़िल्लत को, और अन्त में अपनी मौत को, चुपचाप और बिना किसी ऐतराज़ के, बर्दाश्त कर लिया (हालांकि महज़ ऐतराज़ तो बिल्कुल ही बेकार होता)। समाजी लोकतंत्रवादी नेता पग-पग पर नात्सियों के आगे घुटने टेकते गये, और हर बार इसी उम्मीद में रहे कि इस तरह झुकने और जिल्लत सहने से उनकी कोई चीज़ तो कम-से-कम शायद बच ही जायगी। मगर उनका यह घुटने टेकना ही उनके ख़िलाफ़ हथियार बना लिया गया, क्योंकि नात्सियों ने मज़दूरों को बतलाया कि देखो, जब ख़तरा सामने आया तो तुम्हारे नेता किस नीचता के साथ तुम्हें छोड़कर भाग गये। यूरोप के मज़दूर-वर्ग की लड़ाई के लम्बे इतिहास में कुछ कामयाबियां और बहुत-सी शिकस्तें हैं। मगर हमले को रोकने की ज़रा भी हरक़त किये बिना ऐसा शर्मनाक घुटने टेकना और मज़दूरों के हितों के साथ विश्वासघात कभी नहीं हुआ। साम्यवादी दल ने मुकाबले की कोशिश की और आम हड़ताल का नारा लगाया। पर समाजी लोकतंत्रवादी नेताओं ने उनका साथ नहीं दिया और हड़ताल ठंडी हो गई। हालांकि मज़दूर-आन्दोलन तहस-नहस हो गया

है, पर एक खुफ़िया संगठन की तरह अब भी काम कर रहा है, और यह संगठन काफ़ी फैला हुआ मालूम होता है। कहते हैं कि नात्सी जासूसी विभाग के बावजूद, खुफ़िया तौर पर निकलनेवाले अखबारों की लाखों प्रतियां बांटी जाती थीं। जर्मनी से बचकर निकल भागे हुए कुछ समाजी लोकतंत्रवादी नेता भी बाहर के देशों में बैठे-बैठे खुफ़िया तरीक़ों से कुछ प्रचार की कोशिश कर रहे हैं।

वैसे तो 'भूरे आतंक' से सबसे ज़्यादा नुक़सान मज़दूर-वर्ग को सहना पड़ा था। लेकिन संसार का जनमत यहूदियों के साथ किये गए सलूक पर बहुत भड़क उठा था। यूरोप को वर्ग-युद्धों से कुछ पाला पड़ता रहता है, इसलिए यहां के लोगों की सहानुभूति अपने-अपने वर्ग के साथ होती है। पर यहूदियों पर जो वार किया गया था, वह एक नस्ल पर हमला था। यह कुछ इस तरह की चीज़ थी जैसी कि मध्य युगों में हुआ करती थी, या हाल के ज़माने में, ग़ैर-सरकारी तौर पर, ज़ार-शाही रूस-जैसे पिछड़े हुए देशों में हुआ करती थी। एक समूची नस्ल पर सरकारी तौर पर किये गए अत्याचारों से यूरोप व अमेरिका को बड़ा धक्का लगा। इस धक्के का असर इसलिए और भी ज्यादा हुआ कि जर्मन यहूदियों की सूची में कितने ही संसार-प्रसिद्ध व्यक्ति, नामदार वैज्ञानिक, डाक्टर, वकील, संगीतज्ञ और लेखक थे, और सबसे ऊपर ऐल्बर्ट आइन्स्टीइन का बड़ा नाम था। ये लोग जर्मनी को अपना वतन समझते थे और सब जगह के लोग उन्ह जर्मन मानते थे। इनको अपना कहने में कोई भी देश गौरव महसूस करता, पर नात्सियों के सिर पर ऐसा नस्ली पागलपन सवार हुआ कि उन्होंने इन्हे बीन-बीनकर मार भगाया। इसपर दुनिया-भर में ज़बर्दस्त हो-हल्ला मच गया। तब नात्सियों ने यहूदी दूकानदारों और पेशेवर लोगों का बायकाट शुरू किया। मगर अजीब बात यह थी कि वे इन यहूदियों में से एक को भी जर्मनी छोड़कर नहीं जाने देते थे। इस नीति का सिर्फ यही नतीजा हो सकता था कि इन्हें भूखों मार दिया जाय। दुनिया के हो-हल्ले से नात्सियों ने यहूदियों के खिलाफ़ अपने ज़ाहिरा तरीक़े तो नरम कर दिये, पर नीति वही बरती जा रही है।

हालांकि यहूदी-जाति दुनिया-भर में बिखरी हुई है, और किसी राष्ट्र को अपना नहीं कह सकती, फिर भी वह इतनी बेकस नहीं है कि अदले का बदला चुकाने के काबिल न हो। इसके हाथों में बहुत काफ़ी कारोबार और रुपया है। इसलिए इसने चुपचाप और फ़िजूल का शोर मचाये बिना, जर्मन माल के बायकाट की पुकार मचा दी। सिर्फ़ इतना ही नहीं, बल्कि इससे भी कुछ ज्यादा किया, जैसा कि मई, १९३३ ई०, में न्यूयार्क के एक सम्मेलन में पास किये गए प्रस्ताव में ऐलान किया गया था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि "जर्मनी में या उसके किसी भाग में तैयार किये हुए, पैदा किये हुए या सुधारे हुए सारे माल, सामान या पैदावार का

बायकाट किया जाय; सारे जर्मन जहाज़ों का, और माल व सवारियां लाने-ले जाने के साधनों का, और साथ ही जर्मनी के तमाम स्वास्थ्य-स्थलों और दूसरी सैर की जगहों का भी, बायकाट किया जाय, और आम तौर पर ऐसा कोई भी काम न किया जाय, जिससे जर्मनी की मौजूदा हुकूमत को किसी भी क़िस्म की माली मदद पहुंचती हो।"

बाहर के देशों में हिटलरशाही का एक उलटा असर तो यह हुआ; इसके अलावा और असर भी हुए, जो इससे भी दूर तक पहुंचनेवाले थे। नात्सी लोग शुरू से ही वर्साई की सन्धि को खुले आम बुरी बताते आये थे, और इसे बदलने की मांग करते आये थे। पूर्वी सरहद के बदले जाने पर वे ख़ास ज़ोर देते थे, क्योंकि यहां डैनज़िग को जानेवाली पोलैण्ड की गली का बेहूदा इन्तज़ाम किया गया है, जिसके कारण जर्मनी का एक छोटा-सा टुकड़ा बाक़ी देश से कट गया है। उन्होंने हथियार रखने के मामले में पूरी बराबरी की भी ज़ोर-शोर से मांग की। (तुम्हें याद होगा कि शान्ति-सन्धि के मुताबिक जर्मनी को बहुत-कुछ निहत्था कर दिया गया था)। हिटलर के संगीन और गर्जन-तर्जनभरे भाषणों से और दुबारा हथियार-बन्द होने की धमकियों से यूरोप बिल्कुल घबरा गया। फ्रान्स तो ख़ास तौर पर घबरा गया, क्योंकि ताक़तवर जर्मनी से सबसे ज़्यादा डर इसीको था। बस, कुछ दिनों तक तो ऐसा मालूम होने लगा कि यूरोप में युद्ध छिड़ने ही वाला है। इस नात्सी डर की वजह से यूरोप में शक्तियों की नई गुटबन्दी एकदम होने लगी। फ्रान्स रूस के साथ बड़ी दोस्ती दिखाने लगा। वर्साई की सन्धि में परिवर्तन के डर से पोलैण्ड, चैकोस्लोवाकिया, यूगोस्लोवाकिया, रूमानिया, वगैरा सारे देश, जिन्हें इस सन्धि ने बनाया था या फ़ायदा पहुंचाया था, एक-दूसरे के नज़दीक खिंच आये, और साथ ही रूस की तरफ़ भी ज़्यादा खिंच गये। आस्ट्रिया में एक अचम्भे की सूरत पैदा हो गई। यहां डॉलफस[1] नामक फ़ासीवादी चैन्सलर का कब्ज़ा हो चुका था, पर इसके फ़ासीवाद का नमूना हिटलर के फ़ासीवाद से जुदा था। आस्ट्रिया में नात्सियों का ज़ोर है, लेकिन डॉलफस ने इनका विरोध किया है। इटली ने हिटलर की सफलता का स्वागत किया, पर उसने हिटलर के सारे हौसलों को बढ़ावा नहीं दिया। इंग्लैण्ड के लोग, जो बहुत वर्षों से जर्मन-समर्थक थे, अब जर्मन-विरोधी बन गये, और यहांतक कि जर्मनों को फिर 'हूण' कहने लगे। हिटलर का जर्मनी यूरोप में सबसे बिल्कुल अलग-थलग था। यह ज़ाहिर था कि अगर युद्ध होता तो फ्रान्स की जबर्दस्त फौज निहत्थे जर्मनी को कुचल डालती। इसलिए हिटलर ने अपने पैंतरें बदल

[1] आस्ट्रिया का तानाशाह प्रधानमंत्री। सन् १९३४ ई० इसकी हत्या कर दी गई।

दिये, और सुलह की भाषा में बोलने लगा। उधर मुसोलिनी ने फ्रान्स, इंग्लैण्ड, जर्मनी और इटली के बीच चार-शक्ति-करार का सुझाव करके हिटलर की इज्ज़त बचाली।

इस करारनामे पर आख़िर जून, १९३३ ई० में चारों शक्तियों ने दस्तख़त कर दिये, हालांकि फ्रान्स पहले हिचकिचाया। जहांतक इस क़रार की भाषा का संबंध है, वह किसीके लिए नागवार नहीं है और इसमें सिर्फ़ इतना ही कहा गया है कि कुछ अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में, ख़ासकर वर्साई की सन्धि को बदलने के किसी सुझाव के बारे में, चारों शक्तियां आपस में मशविरा किया करेंगी। मगर यह क़रार सोवियत-विरोधी गुट बनाने का यत्न समझा जाता है। मालूम होता है कि फ्रान्स ने इसपर बहुत ही बेमन से दस्तख़त किये थे। सोवियत और उसके पड़ौसी-देशों के बीच लन्दन में, १९३३ ई० की पहली जुलाई को एक दूसरे पर हमला न करने का जो करार हुआ, वह शायद चार-शक्ति-क़रार का नतीजा और जवाब था। ग़ौर करने की दिलचस्प बात यह है कि सोवियत क़रार के साथ फ्रान्स ने बड़ी सहानुभूति और सहमति ज़ाहिर की है।

हिटलर का बुनियादी कार्यक्रम दुनिया को यह जताना है कि वह सोवियत रूस से यूरप को बचानेवाला सूरमा है, वैसे यह जर्मन पूंजीवाद का ही कार्यक्रम है। अगर जर्मनी को ज़्यादा ज़मीन ही लेनी है, तो वह पूर्वी यूरोप में, या सोवियत संघ से छीनकर ही ले सकता है। मगर ऐसा करने से पहले जर्मनी के पास हथियारों का होना ज़रूरी है। इसलिए उसे वर्साई की सन्धि में इस मतलब का परिवर्तन करना ज़रूरी है, या कम-से-कम यह इतमीनान कर लेना ज़रूरी है कि उसकी कार्रवाई में कोई दखल नही देगा। हिटलर को इटली की मदद का भरोसा है। अगर उसे इंग्लैण्ड का भी सहारा मिल जाय, तो उसे शायद उम्मीद है कि चार-शक्ति-करार के मातहत होनेवाली चर्चाओं में वह फ्रान्स के विरोध को बे-सहारा कर देगा।

बस, हिटलर अंग्रेज़ों का सहारा हासिल करने की कोशिश में लगा हुआ है। इसके लिए उसने खुले आम यहांतक कह दिया है कि अगर भारत पर इंग्लैण्ड का पंजा ढीला हो गया, तो आफ़त आ जायगी। उसकी सोवियत-विरोधी नीति ही ब्रिटिश सरकार को पसन्द आनेवाली बात है क्योंकि, जैसाकि मैं बतला चुका हूं, ब्रिटिश साम्राज्यशाही सोवियत रूस से जितनी ज्यादा चिढ़ती है उतनी और किसी चीज़ से नहीं। पर इंग्लैण्ड के लोगों को भी नात्सियों की कार्रवाइयों से इतनी नफ़रत हो गई है कि हिटलरशाही को मंजूर करनेवाले किसी भी सुझाव पर, उन्हें राज़ी करने में कुछ वक्त लगेगा।

इस तरह नात्सी जर्मनी यूरोप में तूफ़ान उठने की जगह बन गया है, जिससे

'घबराहट की मारी दुनिया' के डर और भी ज़्यादा बढ़ गये हैं। खुद जर्मनी में क्या होगा ? क्या यह नात्सी राज चलेगा? जर्मनी में नात्सियों के खिलाफ बहुत ज़्यादा नफ़रत और विरोध है, मगर यह भी खूब साफ़ है कि तमाम संगठित विरोध कुचल डाला गया है। जर्मनी में कोई दल या संगठन बाकी नहीं रहा है, और नात्सियों का ही बोलबाला है। मालूम होता है कि खुद नात्सियों में ही दो दल हैं: एक दल तो पूजीवादी लोगों और कारोबारी जमात का है, जो दक्षिण-पक्ष हैं, दूसरा दल नात्सी दल के बहु-संख्यक सदस्यों का है जिनकी संख्या हाल ही में शामिल हुए बहुत-से मज़दूरों की वजह से बढ़ गई है, और यह वाम-पक्ष है। जिन लोगों ने हिटलर के आन्दोलन को क्रान्तिकारी ब ण दी, उनमें पूजीवाद-विरोधी बुनायादी परिवर्तनवादी भावना बहुत भरी हुई थी, और बाद में इन्होंने बहुत-से समाजवादियों और मार्क्सवादियों को भी अपने में शरीक कर लिया। नात्सी आन्दोलन के दाहिने-पक्ष और बायें-पक्ष के विचारों में कोई मेल नहीं था। हिटलर की भारी कामयाबी इसीमें थी कि उसने इन दोनों को साथ बनाये रक्खा, और एक को दूसरे से भिड़ाकर अपना काम निकाला। जबतक दोनों का एक ही दुश्मन सामने नज़र आता था, तब तक तो यह चाल चल सकती थी। मगर अब जबकि दुश्मन कुचल दिया गया है या हज़म कर लिया गया है, दायें-पक्ष और बायें-पक्ष के बीच मुठभेड़ पैदा होना लाज़िमी है।

गड़गड़ाहट तो शुरू हो भी चुकी है। वाम-पक्षी नात्सियों ने मांग की कि जब पहली क्रान्ति कामयाबी के साथ पूरी हो चुकी है, तो अब पूजीवाद व ज़मींदार-शाही वग़ैरा को मिटाने के लिए 'दूसरी क्रान्ति' शुरू होनी चाहिए। हिटलर ने इस 'दूसरी क्रान्ति' का गला बेदर्दी से दबा देने की धमकी दे डाली है। इसलिए वह साफ़ तौर पर पूजीवादी दक्षिण-पक्ष के साथ कन्धा भिड़ाकर खड़ा हो गया है। उसके ज्यादातर खास-खास दाहिने-हाथ उंचे-ऊंचे पदों पर बैठे हुए हैं, और चूंकि वे आराम से गद्दियों पर जमे हुए हैं, इसलिए कोई तब्दीली नहीं चाहते।

हिटलरशाही का यह हाल बहुत लम्बा हो गया है। पर याद रखना चाहिए कि नात्सियों की यह भारी कामयाबी और इसके नतीजे यूरोप और सारे संसार के लिए बहुत महत्व रखते हैं, और बहुत दूर तक असर डालनेवाले हैं। इसमें कोई शक नहीं कि यह फ़ासीवाद है, और खुद हिटलर में फ़ासीवादी की सारी खासियतें मौजूद हैं। लेकिन नात्सी आन्दोलन इटालवी फ़ासीवाद से कहीं ज़्यादा फैला हुआ और मौलिक-परिवर्तन-वादी है। देखना यह है कि ये मौलिक-परिवर्तन-वादी तत्व कुछ रंग लाते हैं या कि योंही कुचल दिये जाते हैं।

नात्सी आन्दोलन की बढ़ोतरी ने कट्टर मार्क्सवाद को कुछ हद तक गड़-बड़ में डाल दिया है। इनका यह विश्वास रहा है कि सिर्फ़ मज़दूर-वर्ग ही सच्चा

क्रान्तिकारी वर्ग है, और आर्थिक हालतें ज्यों-ज्यों बिगड़ती जाती है, त्यों-त्यों यह वर्ग निचले मध्यम-वर्ग के असंतुष्ट और ग़रीब तत्त्वों को अपनी तरफ़ खींचता जायगा, और अन्त में जाकर मज़दूर वर्ग की क्रान्ति पैदा कर देगा। पर हक़ीक़त यह है कि जर्मनी में जो कुछ हुआ है, वह इससे बिल्कुल जुदा चीज़ है। जब संकट आया तो मज़दूर-वर्ग में क्रान्तिकारी भावना ही नहीं थी। बल्कि ज्यादातर ग़रीब निचले मध्यम-वर्गों और दूसरे असंतुष्ट तत्त्वों को लेकर एक नया क्रान्तिकारी-वर्ग खड़ा हो गया था। यह चीज़ कट्टर मार्क्सवाद से मेल नहीं खाती। मगर दूसरे मार्क्सवादी कहते है कि मार्क्सवाद को ऐसा कोई कट्टर विश्वास, मज़हब या दीन नहीं समझना चाहिए, जो मज़हबों की तरह दावे के साथ हकीकत (परम सत्य) का बखान करते है। यह तो इतिहास की फिलासफ़ी है, इतिहास देखने का तरीक़ा है, जो इतिहास का खुलासा करता है और उसे एक कड़ी में बांधता है। यह समाजवाद या समाजी समानता पर पहुंचने का एक असली तरीका है। अलग-अलग ज़मानों और अलग-अलग देशों की बदलती हुई हालतों का मुकाबला करने के लिए मार्क्सवाद के बुनियादी उसूलों को अलग-अलग ढंगों से लागू करना होगा।

टिप्पणी (नवम्बर, १९३८ ई०)

सवा पांच वर्ष पहले, जब ऊपर का पत्र लिखा गया था, तबसे संसार की राजनीति में जितनी भी घटनाएं हुई है उनमें सबसे निराली घटना है हिटलर के मातहत नात्सी जर्मनी की शक्ति और प्रतिष्ठा का बढ़ना। आज सारे यूरोप में हिटलर का दबदबा है, और बड़ी-बड़ी शक्तियां, या वे शक्तियां जो कभी बड़ी थीं, उसके आगे सिर झुकाती हैं और उसकी धमकियों से कांपती हैं। बीस वर्ष पहले जर्मनी हारा हुआ और कुचला हुआ था। मगर आज किसी फौजी फतह या युद्ध के बिना ही हिटलर ने इसे विजयी राष्ट्र बना दिया है। वर्साई की सन्धि मर चुकी है, और दफ़नायी जा चुकी है।

सत्ता हथियाने के बाद हिटलर का सबसे पहला काम था जर्मनी में अपने विरोधियों को कुचलना और नात्सी दल को जमाना। जर्मनी का 'नात्सीकरण' हो जाने पर उसने नात्सी दल के सदस्यों में फैले हुए उन वाम-पक्षी विचारों को खतम करने का फैसला किया, जो पूंजीवाद-विरोधी दूसरी क्रान्ति की बाट देख रहे थे। १९३४ ई० की ३० जून को 'भूरे कुर्ते' का दल तोड़ दिया गया और उसके नेताओं को गोली से उड़ा दिया गया। बहुत-से और लोगों को भी मौत के घाट उतार दिया गया। इनमें सेनापति फ़ॉन श्लेखर भी था, जो एक बार चैन्सलर रह चुका था।

अगस्त, १९३४ ई०, में राष्ट्रपति हिण्डनबर्ग की मौत हो गई, और हिटलर उसकी जगह चैन्सलर–राष्ट्रपति बन बैठा। अब वह जर्मनी में पूरा सत्ताधारी था—

जर्मन जनता का 'फ्यूरर' या नेता था। उस समय जर्मनी की जनता बहुत कष्ट भोग रही थी, इसलिए इस कष्ट को मिटाने के वास्ते बड़े पैमाने पर खानगी खैरातों का, क़रीब-क़रीब जबरन, इन्तज़ाम किया गया। लाज़िमी मजदूर-छावनियां भी क़ायम की गईं, जिनमें बेकारों से काम लिया जाता था। जिन ढेरों यहूदियों को जबरन हटा दिया गया था, उनकी जगहें जर्मनों को दे दी गई। जर्मनी की आर्थिक हालत तो नहीं सुधरी, उलटे पहले से भी बदतर हो गई, पर बेकारों का नाम मिट गया। इधर खुफिया तौर पर फिर से हथियारबन्द होने का सिलसिला चलता रहा, और जर्मनी का खौफ़ बढ़ता गया।

१९३५ में सारघाटी के लोगों का जनमत-संग्रह हुआ और यह बहुत बड़े बहुमत से जर्मनी के साथ मिलने के पक्ष में रहा। इसलिए यह प्रदेश जर्मनी में मिला दिया गया। इसी साल के मई महीने में हिटलर ने वर्साई की सन्धि की निरस्त्रीकरण-वाली धाराओं को खुले आम नाजायज क़रार दिया, और लाज़िमी फौज में भरती होने की आज्ञा निकाल दी। फिर से हथियारबन्द होने का बड़ा लम्बा-चौड़ा कार्यक्रम हाथ में लिया गया। राष्ट्रसंघ की किसी भी शक्ति ने चूं नहीं की; इन सबको, और खासकर फ्रान्स को, दहशत ने जकड़ रक्खा था। फ्रान्स ने सोवियत रूस के साथ मेल करने की सांठ-गांठ कर ली। पर ब्रिटिश सरकार ने नात्सी जर्मनी का साथ देने में भला समझा, और जून, १९३५ ई०, में उसके साथ जंगी-बेड़े के एक क़रार पर दस्तखत कर दिये।

इसके अजीब नतीजे निकले। फ्रान्स ने यह महसूस करके कि इंग्लैण्ड उसके साथ दगा कर रहा है, इटली को संदेसे भेजे। और मुसोलिनी ने यह सोचकर कि ठीक मौक़ा आ गया है, अबीसीनिया पर धावा बोल दिया।

मार्च, १९३८ ई०, में हिटलर की फ़ौजें आस्ट्रिया में दाखिल हो गईं और 'आंश्लुस', यानी आस्ट्रिया को जर्मनी में मिलाने का, ऐलान कर दिया गया। राष्ट्र-संघी शक्तियां इस बार भी चुप बैठी रहीं। नात्सियों ने आस्ट्रिया में भी अपना हमलावर और जल्लादी यहूदी-विरोधी अभियान शुरू कर दिया।

अब चेकोस्लोवाकिया नात्सी हमलावारी का निशाना बन गया, और सूडेटनलैण्ड[1] के जर्मनों की समस्या ने यूरोप को कई महीनों तक परेशान किया। ब्रिटिश-नीति ने नात्सियों को बहुत मदद दी और फ्रान्स की हिम्मत नहीं थी कि इस नीति के खिलाफ़ जाय। नतीजा यह हुआ कि जब जर्मनी ने फौरन युद्ध छेड़ने की धमकी दी तो फ्रान्स ने अपने साथी चेकोस्लोवाकिया को धता बताई और इस

[1] सूडेटनलैण्ड चेकोस्लोवाकिया का प्रान्त था, जिसमें जर्मन भाषा-भाषी लोगों का बहुमत था। हिटलर इसे जर्मनी में मिलाना चाहता था।

दगाबाजी में इंग्लैण्ड भी शरीक था। जर्मनी, इंग्लैण्ड, फ्रान्स और इटली के बीच होनेवाले म्यूनिख के क़रार से २९ सितम्बर, १९३८ ई०, को चेकोस्लोवाकिया की क़िस्मत का फ़ैसला हो गया। सूडेटनलैण्ड पर और बहुत-कुछ दूसरे क्षेत्रों पर जर्मनी ने कब्ज़ा कर लिया, और इस मौक़े से फ़ायदा उठाकर पोलैण्ड और हंगरी ने ने भी चेकोस्लोवाकिया के कुछ हिस्सों पर क़ब्ज़ा जमा लिया।

बस, यूरोप का एक नया बंटवारा शुरू हो गया। इस यूरोप में इंग्लैण्ड व फ्रान्स दूसरे दर्जे की शक्तियां बनती जा रही थीं, और हिटलर के मातहत नात्सी जर्मनी बड़ी कामयाबी से सबपर हावी हो रहा था।

: १९१ :

निरस्त्रीकरण

२ अगस्त, १९३३

लन्दन में जिस विश्व-आर्थिक सम्मेलन का अधिवेशन हुआ था, उसकी नाकामयाबी का ज़िक्र मैं कर चुका हूं। इस सम्मेलन का काम बन्द कर दिया गया और इसके सदस्य अपने-अपने घर लौट गये। नेकनीयती दिखाने को सबने उम्मीद ज़ाहिर की कि ज़्यादा मुनासिब सूरतों में वे शायद फिर मिल सकें।

सहयोग की अंतर्राष्ट्रीय कोशिशों की एक और बड़ी नाकामयाबी की मिसाल निरस्त्रीकरण सम्मेलन ने पेश की है। यह सम्मेलन राष्ट्रसंघ के इक़रारनामे का फल था। वर्साई की सन्धि में यह तय किया गया था कि जर्मनों को (साथ ही आस्ट्रिया, हंगरी वग़ैरा दूसरी हारी हुई शक्तियों को) निरस्त्र किया जायगा। उसे जंगी-जहाज़, हवाई फ़ौज या बड़ी ख़ुश्की फ़ौज नहीं रखने दी जायगी। इसके अलावा यह तजवीज़ थी कि दूसरे देश भी धीरे-धीरे निरस्त्र होते जायं, ताकि हर देश में युद्ध के साधन घटते-घटते सिर्फ़ इतने-से रह जायं, जितने कि उस देश की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए लाज़िमी हों। इस कार्यक्रम के पहले हिस्से पर, यानी जर्मनी के निरस्त्रीकरण पर, फ़ौरन अमल कराया गया; दूसरा हिस्सा यानी आम निरस्त्री-करण, सिर्फ़ एक बहाना रह गया, और अब भी वैसा ही है। कार्यक्रम के इस दूसरे भाग को पूरा करने के लिए ही वर्साई की सन्धि के तेरह वर्ष बाद आख़िर यह निर-स्त्रीकरण सम्मेलन बुलाया गया था। लेकिन पूरे सम्मेलन के अधिवेशन से पहले, तैयारी कमीशनों ने इस सारे विषय की वर्षों तक छानबीन की थी।

आख़िरकार १९३२ ई० के शुरू में विश्व-निरस्त्रीकरण सम्मेलन की बैठक हुई। यह सम्मेलन महीने-दर-महीने साल-दर-साल चलता रहा। इसमें कई प्रस्तावों पर विचार किया गया और उन्हें रद्द कर दिया गया; अनगिनत रिपोर्टें पढ़ी गईं,

और लगातार वाद-विवाद सुनाई देते रहे। निरस्त्रीकरण सम्मेलन के बजाय यह एक तरह से शस्त्रों का सम्मेलन बन गया। आपस में कोई समझौता नहीं हो सका, क्योंकि एक तो इस सवाल पर कोई भी देश सारे अन्तर्राष्ट्रीय नज़रिये से ग़ौर करने को तैयार नहीं था; दूसरे, हरेक देश निरस्त्रीकरण का यह अर्थ लगाता था कि दूसरे देश तो बेहथियार हो जायं या अपने जंगी सरंजाम कम कर दें, पर वह अपनी फ़ौजें बरक़रार रक्खे। वैसे तो करीब सभी देशों ने खुदग़र्ज़ी का रवैय्या अपनाया, पर जापान और इंग्लैण्ड इस मामले में सबसे आगे रहे, और इन देशों ने हरेक तरह के समझौते के रास्ते में बड़े-बड़े रोड़े अटकाये। इधर तो यह सम्मेलन चल रहा था, उधर जापान राष्ट्रसंघ को अंगूठा दिखा रहा था और मंचूरिया में खूनी और सरगर्म युद्ध कर रहा था; दक्षिण अमेरिका के दो गणराज्य आपस में लड़ रहे थे, और इंग्लैण्ड भारत के उत्तर-पश्चिमी सीमान्त के कबीलेवालों पर बराबर बम बरसा रहा था। जापान की तरफ ब्रिटिश सरकार का दोस्ताना रुख बराबर चला आ रहा था, इसलिए अमेरिका ने चीन में जापान की हमलावर कार्रवाई का विरोध किया तो ब्रिटिश सरकार के रुख ने इस विरोध को बहुत-कुछ बे-असर कर दिया।

सम्मेलन में जितने भी सुझाव रक्खे गये, उनमें सबसे ज्यादा महत्व के तीन सुझाव सोवियत रूस, संयुक्तराज्य अमेरिका और फ्रान्स ने पेश किये। रूस ने सुझाव रक्खा कि जंगी-सामान में ५० फीसदी चौमुखी कटौती की जानी चाहिए। अमेरिका ने सब तरह का जंगी सामान एक-तिहाई घटाने का सुझाव दिया। मगर इंग्लैण्ड ने इन दोनों सुझावों का विरोध किया। उसने यह दलील दी कि वह अपनी फौजें, और खासकर जंगी बेड़ा, नहीं घटा सकता, क्योंकि इनका इस्तेमाल सिर्फ़ पुलिस-कार्रवाइयों के लिए किया जाता है।

फ्रान्स, जिसके दिल में जर्मनी की हमलावर कार्रवाइयों की पुरानी यादें बनी हुई हैं, हमेशा 'सुरक्षा' पर जोर देता रहा है। यानी वह ऐसा इन्तज़ाम चाहता है, जिससे हमले की कार्रवाइयां नामुमकिन नहीं तो कठिन ज़रूर हो जायं। उसका सुझाव था कि राष्ट्र-संघ के मातहत अन्तर्राष्ट्रीय फौज तैयार की जाय, जिसका इस्तेमाल हमला करनेवाले के ख़िलाफ़ किया जा सके; सारे राष्ट्र सिर्फ़ छोटी-छोटी और कम हथियारोंवाली फ़ौजें रक्खें; और तमाम हवाई फ़ौजें राष्ट्र-संघ के मातहत रहें। पर इस सुझाव पर यह ऐतराज किया गया कि इससे सारी ताकत उन बड़ी शक्तियों के हाथों में चली जायगी, जिनके हाथों में राष्ट्र-संघ की बागडोर है, और इसका नतीजा यह होगा कि फ्रान्स सारे यूरोप पर हावी हो जायगा।

हमलावर कौन होता है? यह मुश्किल सवाल था, क्योंकि हरेक हमलावर राष्ट्र सदा यही दावा किया करता है कि वह तो अपने बचाव की कार्रवाई कर

रहा है। जापान ने कभी क़बूल नहीं किया कि उसने मंचूरिया में हमले की कार्रवाई की, न इटली ने अबीसीनिया में अपनी हमलावर कार्रवाई क़बूल की। महायुद्ध में हरेक राष्ट्र ने अपने दुश्मन को हमलावर बतलाया। इसलिए, अगर हमलावर के ख़िलाफ़ कार्रवाई करनी हो, तो इस शब्द की कोई साफ़ और बिल्कुल सही परिभाषा होनी चाहिए। सोवियत रूस ने यह परिभाषा सुझाई कि अगर कोई राष्ट्र अपनी सरहद को पार करके दूसरे देश में हथियारबन्द फ़ौज भेज दे, या दूसरे देश के तट की नाकाबन्दी कर दे, तो वह हमलावर राष्ट्र माना जायगा। राष्ट्रपति रूज़वैल्ट और राष्ट्र-संघ की समिति ने भी 'हमलावर' की ऐसी ही परिभाषा की। रूस और उसके पड़ौसी देशों के बीच एक दूसरे पर हमला न करने का क़रार हुआ था, उसमें रूस की परिभाषा मानी गई थी। इस परिभाषा पर फ्रान्स समेत ज्यादातर बड़ी-छोटी शक्तियां राजी हो गईं। पर इस परिभाषा ने जापान को बड़ी उलझन में डाल दिया। इंग्लैण्ड ने तो इसे मानने से ही इन्कार कर दिया और यह चाहा कि मामला गोलमोल ही बना रहे। इटली ने इंग्लैण्ड का समर्थन किया।

निरस्त्रीकरण के बारे में ब्रिटिश सरकार का सुझाव इस आधार पर चलता था कि इंग्लैण्ड के लिए अपने जंगी-सामान घटाना जरूरी नहीं है; निरस्त्र होना तो दूसरे राष्ट्रों का फ़र्ज़ है। बमबारी के मामले में सबका यही मत था कि यह कार्रवाई बिल्कुल बन्द कर दी जानी चाहिए, पर इंग्लैण्ड ने एक शर्त जोड़ दी "दूर के प्रदेशों में पुलिस कार्रवाइयों के सिवा", जिसका मतलब यह था कि उसे अपने साम्राज्य में बममारी करने की खुली छूट रहे। यह शर्त दूसरे राष्ट्रों को मंज़ूर नहीं थी, इसलिए बमबारी बन्द करने का सारा प्रस्ताव ही गिर गया।

जर्मनी के लिए दूसरी शक्तियों के साथ बराबरी का दावा करना कुदरती बात थी; या तो उसे भी दूसरों के बराबर हथियारबन्द होते का हक दिया जाय या दूसरे भी अपने को निरस्त्र करके उसकी बराबरी पर आ जायं। इस दलील का जबाब नहीं था। क्या राष्ट्र-संघ के इकरारनामे में यह नहीं कहा गया था कि जर्मनी को निरस्त्र करना दूसरे राष्ट्रों को निरस्त्र करने का पहला क़दम है? लेकिन जिन दिनों ये चर्चाएं चल रही थीं उन्हीं दिनों जर्मनी में नात्सियों के हाथों में सत्ता आ गई। इनके हमलावर और धमकी-भरे रवैय्ये ने फ्रान्स को दहला दिया और इसके व दूसरी शक्तियों के रुख को सख्त बना दिया। जर्मनी की तरफ़ से, जो दो अलग-अलग रास्ते सुझाये गए थे, उनमें से एक भी मंज़ूर नहीं किया गया।

निरस्त्रीकरण की मुश्किलें बढ़ानेवाली बेशुमार साज़िशें परदे के पीछे हो रही हैं, जिनमें जंगी-सामान तैयार करनेवाली कम्पनियों के किराये के के एजेन्टों का खास हाथ है। आज की पूंजीवादी दुनिया में जितने उद्योग चल रहे हैं, उनमें

जंगी-सामान और सत्यानाशी हथियार-औजार बनाने का कारोबार सबसे ज्यादा फल-फूल रहा है। ये जंगी-सामान सभी देशों की सरकारों के लिए तैयार किये जाते हैं, क्योंकि युद्ध तो सिर्फ़ सरकारें ही लड़ा करती हैं, मगर विचित्र बात यह है कि ये जंगी-सामान ख़ानगी कम्पनियां तैयार करती हैं। इन कम्पनियों के प्रधान मालिक खूब मालदार बनते जा रहे हैं, और सरकारों के साथ इनका अक्सर गहरा ताल्लुक रहता है। इनमें से सर बेसिल जहरॉफ का जिक्र मैं कर चुका हूं। जंगी-सामान बनानेवाली कम्पनियों के हिस्सों पर खूब मुनाफ़ा मिलता है और लोग अक्सर इनकी टोह में रहत है। इन कम्पनियों के हिस्सेदारों में बहुत-से लोग हैं, जो सार्वजनिक कार्यों में सबसे आगे हैं।

जब युद्ध और युद्ध की तैयारियां होती हैं, तभी जंगी-सामान की ये कम्पनियां मुनाफ़ा उठाती हैं। ये मौत का थोक व्यापार करती हैं, और जो इन्हें क़ीमत देते हैं उन सबको अपने सत्यानासी औजार बिना किसी भदभाव के बेचती हैं। जब राष्ट्र-संघ चीन में हमलावर कार्रवाई पर जापान की बुराई कर रहा था, तब जंगी-सामान की अंग्रेज़ी, फ्रान्सीसी व दूसरी कम्पनियां जापान और चीन को मज़े से हथियार बेच रही थीं। जाहिर है कि अगर सच्चा निरस्त्रीकरण हो जाय तो इन कम्पनियों के दिवाले निकल जायं। इनका व्यापार ख़तम हो जाय। इसलिए इनकी निगाह में जो चीज़ आफ़त ढानेवाली है, उसे रोकने का ये भरसक प्रयत्न करती है। सच तो यह है कि ये इससे भी आगे जाती हैं। ख़ानगी तौर पर हथियार बनाने के मामले में जांच करने के लिए राष्ट्रसंघ ने जो ख़ास कमीशन मुकर्रर किया था, वह इस नतीजे पर पहुंचा था कि इस कम्पनियों ने युद्ध की दहशतें भड़काने में, और अपने-अपने देशों को जंगवाली नीतियां अपनाने के लिए उकसाने में, खूब दौड़-धूप की है। यह भी पता लगा कि ये कम्पनियां सारे देशों के फ़ौजी और जहाज़ी फ़ौज़ी खर्चों के बारे में झूठी खबरें फैलाती थीं; ताकि दूसरे देशों को हथियारों पर अपने खर्चे बढ़ाने के लिए उकसा सकें। ये एक देश को दूसरे देश से भिड़ाने की कोशिशें करती थीं, और दोनों के बीच हथियारों की होड़ बढ़ाने के लिए ज़ोर लगाती थीं। जनमत पर असर डालने के लिए ये सरकारी कर्मचारियों को रिश्वतें देती थीं और अखबारों को खरीद लेती थीं। और फिर ये अन्तर्राष्ट्रीय कम्पनियां एकाधिकार कायम करके हथियारों वग़ैरा के दाम बढ़ा देती थीं। राष्ट्र-संघ के कमीशन ने सुझाया कि हथियारों का ख़ानगी तौर पर बनाना बन्द कर दना चाहिए। यही बात निरस्त्रीकरण सम्मेलन में भी सुझाई गई थी, पर यहां भी ब्रिटिश सरकार ने इसका डटकर विरोध किया।

अलग-अलग देशों की इन हथियार बनानेवाली कम्पनियों में गहरा सहयोग होता है। ये देशभक्ति की भावना से बेज़ा फ़ायदा उठाती हैं और मौत से खिलवाड़ करती हैं। पर मज़ा यह है कि ख़ुद इनकी कार्रवाइयां अन्तर्राष्ट्रीय होती हैं, और इन्हें

'गुप्त अन्तर्राष्ट्रीय संघ' कहा जाता है। इसलिए इन लोगों का निरस्त्रीकरण पर सख्त ऐतराज़ करना लाज़िमी है, और इस बारे में इन्होंने हर तरह के समझौते को रोकने की भरसक कोशिश की है। इनके एजेन्ट ऊंची-से-ऊंची राजनयिक और राजनैतिक मंडलियों में विचरते हैं। इनकी कपटी शकलें जेनेवा में भी परदों के पीछे से डोर हिलाती हुई देखी गई हैं।

इस 'गुप्त अन्तर्राष्ट्रीय संघ' के साथ कितनी ही सरकारों के जासूसी विभागों या ख़ुफिया कर्मचारियों का अक्सर गहरा ताल्लुक़ होता है। हरेक सरकार दूसरे दूसरे देशों के बारे में छिपी हुई बातों की जानकारी हासिल करने के लिए जासूसों को नौकर रखती हैं। जब कभी ये जासूस पकड़े जाते हैं तो उनकी सरकारें फ़ौरन कह देती हैं कि वे उनके आदमी नहीं हैं। इन ख़ुफिया कर्मचारियों का ज़िक्र करते हुए आर्थर पौन्सनबी ने (जो कुछ वर्ष पहले सरकार के पर-राष्ट्र-विभाग का उप-सचिव था और अब लार्ड पौन्सनबी है) मई, १९२७ ई०, में कामन्स-सभा में कहा था: "जब हम अपनी ऊंची नैतिकता के घोड़े पर सवार होना चाहते है तो हमें ईमानदारी के साथ इन तथ्यों पर विचार करना चाहिए कि जालसाज़ी, चोरी, झूठ, घूंसखोरी, और भ्रष्टाचार, शंसार के हरेक पर-राष्ट्र-कार्यालय और मंत्रालय में मौजूद हैं। ....मैं कहता हूं कि अगर बाहर के देशों में हमारे प्रतिनिधि उन देशों के गुप्त क़ागज़-पत्रों के भेदों का पता न लगाते रहें तो माने हुए नैतिक दस्तूरों के मुताबिक यह समझा जायगा कि वे अपना फ़र्ज़ अदा नहीं कर रहे हैं।"

चूंकि ये ख़ुफिया कर्मचारी ख़ुफिया तौर पर काम करते हैं, इसलिए इनपर काबू रखना कठिन होता है। ये लोग अपने-अपने देश की पर-राष्ट्र-नीति पर बड़ा असर डालते रहते है। इनके संगठन खूब फैले हुए और ताक़तवर होते हैं। आजकल ब्रिटिश जासूसी विभाग संसार-भर में सबसे ज्यादा ज़ोरदार है और इसकी शाखा-प्रशाखाएं सबसे ज्यादा फैली हुई हैं। ऐसी मिसाल भी मिलती है कि एक मशहूर अंग्रेज़ जासूस रूस में सोवियत का ऊंचा सरकारी अफ़सर बन गया था! ब्रिटिश मंत्रिमंडल का सदस्य सर सैम्युएल होर युद्ध-काल में रूस में इंग्लैण्ड की जासूसी और ख़ुफिया सेवाओं का सरदार था। इसने हाल ही में सबके सामने कुछ अभिमान के साथ यह बयान दिया है कि भेद मालूम करने की उसकी प्रणाली इतनी कारगर थी कि उसे रासपुटिन की हत्या की सूचना दूसरे सब लोगों से बहुत पहले मिल गई थी।

निरस्त्रीकरण सम्मेलन के सामने असली कठिनाई यह रही है कि सारे देश दो वर्गों में बंटे हुए हैं—राज़ी शक्तियां और नाराज शक्तियां; हुकूमतवाली शक्तियां और दबी हुई शक्तियां; मौजूदा व्यवस्था को क़ायम रखने वाली शक्तियां और परिवर्तन चाहनेवाली शक्तियां। इन दोनों के बीच कोई टिकाऊ संतुलन नहीं

रह सकता, जिस तरह कि हुकूमतवाले वर्ग और दबे हुए वर्ग के बीच कोई असली टिकाऊपन नहीं रह सकता। कुल मिलाकर, राष्ट्रसंघ हुकूमतवाली शक्तियों का प्रतिनिधि है, इसलिए वह 'मौजूदा हालत' क़ायम रखना चाहता है। सुरक्षा के क़रारों और 'हमलावर' की व्याख्या की कोशिशों का सारा मतलब मौजूदा हालतों को क़ायम रखना है। चाहे कुछ भी हो जाय, जिन शक्तियों के हाथों में राष्ट्र-संघ की बागडोर है, उसमें से किसी शक्ति पर 'हमलावर' होने का इलज़ाम लगाना राष्ट्र-संघ के लिए शायद कभी मुमकिन नहीं होगा। वह हमेशा ऐसी तरकीबें लड़ावेगा कि दूसरे पक्ष को ही 'हमलावर' क़रार दिया जाय।

शान्तिवादी व दूसरे लोग, जो युद्ध को रोकना चाहते हैं, सुरक्षा के इन क़रारों का स्वागत करते हैं। पर ऐसा करके वे एक तरह से इस बेजा 'मौजूदा हालत' को बनी रहने में मदद देते हैं। अगर यह बात यूरोप पर लागू होती है, तो एशिया व अफ़्रीका पर तो और भी ज्यादा लागू होनी चाहिए, क्योंकि साम्राज्यवादी शक्तियों ने यहां के बड़े-बड़े प्रदेशों पर क़ब्ज़ा जमा लिया है। मतलब यह है कि एशिया और अफ़्रीका में मौजूदा हालत क़ायम रहने का अर्थ है साम्राज्यवादी शोषण जारी रहना।

इस 'मौजूदा हालत' को क़ायम रखने के बारे में यूरोप में जो गठ-बन्धन और क़ौल-क़रार हुए हैं, संयुक्त राज्य अमेरिका अभी तक उनसे बिल्कुल अलग रहा है।

निरस्त्रीकरणकी सारी कोशिशों की नाकामयाबी ने आज अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति को जितना खोखला और धोखा साबित किया है, उतना किसी दूसरी चीज़ ने नहीं किया। सब लोग बातें तो शान्ति की करते हैं, पर तैयारियां युद्ध की कर रहे हैं।

केलॉग-ब्रियां करार ने युद्ध को ग़ैर-कानूनी करार दिया है, मगर अब कौन तो इसे याद करता है और कौन इसकी परवा करता है?

टिप्पणी—

निरस्त्रीकरण सम्मेलन के सामने जर्मनी ने जो सुझाव रक्खे थे, वे ठुकरा दिये गए, और अक्तूबर, १९३३ई०, में जर्मनी सम्मेलन से उठकर चला गया, और उसने राष्ट्र-संघ से भी इस्तीफ़ा दे दिया। तबसे वह राष्ट्र-संघ में शामिल नहीं है। जापान ने भी मंचूरिया के मसले पर राष्ट्र-संघ को छोड़ दिया, और इटली ने राष्ट्र-संघ इसलिए छोड़ दिया कि अबीसीनिया पर उसके हमले के बारे में राष्ट्र-संघ का रवैय्या उसे पसन्द नहीं आया। इस तरह तीन बड़ी शक्तियां राष्ट्रसंघ से निकल गईं, इसलिए ऐसी सूरत में राष्ट्र-संघ के मातहत निरस्त्रीकरण पर कोई अन्तर्राष्ट्रीय फैसला नामुमकिन-सा हो गया। सच तो यह है कि निरस्त्रीकरण के बाद ही तमाम देशों में बड़े ज़ोरों के साथ हथियारबन्दी शुरू हो गई। जर्मनी अपनी ज़बर्दस्त

फ़ौज और हवाई फ़ौज तैयार करने में लग गया, और इंग्लैण्ड, फ्रान्स, अमेरिका व दूसरे देशों ने और भी ज्यादा जंगी-सामानों के लिए भारी-भारी रक़में मंजूर कीं।

: १९२ :

राष्ट्रपति रूज़वेल्ट बिगड़ी को बनाता है

४ अगस्त, १९३३

यह क़िस्सा ख़तम करने से पहले मैं चाहता हूं कि तुम संयुक्त राज्य अमेरिका पर एक नज़र और डाल लो (और किस्सा पूरा होने में अब ज़्यादा देर नहीं लग सकती)। आजकल यहां एक बहुत बड़ा और कुछ चमत्कारी प्रयोग चल रहा है, और संसार की आंखें इसपर लगी हुई हैं, क्योंकि इसके नतीजे से पता लग जायगा कि आगे चलकर पूजीवाद किधर मुड़ेगा। मैं दोहरा दूं कि अमेरिका हर तरह से संसार में सबसे ज्यादा आगे बड़ा हुआ पूंजीवादी देश है, और यह सबसे दौलत-मन्द भी है, और इसकी औद्योगिक तकनीक दूसरे देशों से बहुत आगे बढ़ी हुई है। इसे किसी देश का कुछ देना नहीं है और जो कुछ भी क़र्जा है वह अपने ही नागरिकों का है। इसका निर्यात-व्यापार बहुत भारी है और बढ़ रहा है, मगर यह उसके जबर्दस्त अन्दरूनी व्यापार का सिर्फ एक छोटा-सा टुकड़ा (करीब १५ फीसदी) है। यह देश उतना ही बड़ा है जितना कि एशिया का महाद्वीप। पर बड़ा भारी फर्क़ यह है कि जहां यूरोप बहुत-से छोटे-छोटे राष्ट्रों में बंटा हुआ है, जिन्होंने अपनी-अपनी सरहदों पर महसूल की भारी-भारी चुंगियां लगा रक्खी हैं, वहां संयुक्त राज्य के अपने ही प्रदेश के भीतर ऐसी कोई तिजारती रुकावटें नहीं हैं। इसलिए अमेरिका में भारी अन्दरूनी व्यापार का विकास जितना ज्यादा आसान था, उतना यूरोप में नहीं था। यूरोप के ग़रीबी के मारे और कर्ज़ों से लदे देशों के मुक़ाबले में अमेरिका के पास सारी अच्छाइयां थीं। उसके पास ढेरों सोना था ढेरों रुपया था और ढेरों माल था।

मगर फिर भी इनसब बातों के बावजूद, पूंजीवाद के संकट ने उसे धर-दबाया और उसका घमंड चूर कर दिया। जिस क़ौम में बेहद जीवट और तेज़ी थी वह तक़दीर ठोककर बैठ गया। कुल मिलाकर देश अब भी मालदार था, रुपया ग़ायब नहीं हुआ था, पर इसका ढेर कुछेक जगहों में जमा हो गया था। न्यूयार्क में करोड़ों डालर अभी तक दिखाई देते थे; जे० पीयरमॉन्ट मोर्गन नामक बड़ा बोहरा अब भी अपने निजी ऐशभरे बजरे में मौज करता था, जिसकी क़ीमत साठ लाख पौंड बताई जाती थी। मगर इसपर भी न्यूयार्क को

इन दिनों 'भूखा नगर' कहा जाता है। शिकागो-जैसे नगरों की बड़ी-बड़ी म्यूनिसिपैलिटियां दर असल दिवालिया हो गई हैं, और अपने हज़ारों कर्मचारियों के वेतन तक नहीं चुका सकतीं। और यही शिकागो शहर इन दिनों 'प्रगति की शताब्दी' नामक शानदार नुमाइश या 'जगत मेला' रहा है।

ये धूप-छांह सिर्फ अमेरिका में ही नहीं है। लन्दन में भी इंग्लैण्ड के ऊंचे वर्गों की दौलत और ऐयाशी की हर जगह इफ़रात दिखाई देती है; जरूरी तौर पर ग़रीबों की बस्तियों के सिवाय अगर कोई लंकाशायर या इंग्लैण्ड के उत्तरी या बीच के हिस्सों में जाय, तो वहां उसे बेकारों की लम्बी क़तारें, और पिचकी व सूखी हुई शकलें, और रहन-सहन की बहुत बुरी हालतें दिखाई देंगी।

पिछले कुछ वर्षों में अमेरिका में जुर्मों में मार्के की बढ़ोतरी हुई है, ख़ास 'धाड़ैती' ढंग के जुर्मों में। यानी चोरों और लुटेरों गिरोह मिलकर कार्रवाइयां करते हैं और अपने रास्ते में आनेवालों को गोलियों से उड़ा देते हैं। कहते हैं, जबसे शराबों की बिक्री बन्द करनेवाला क़ानून बना है, तबसे जुर्म बहुत बढ़ गये हैं। 'दारू बन्दी' कहलानेवाला यह कानून महायुद्ध के बाद ही बना था। इसे बनाने की कुछ वजह यह थी कि बड़े-बड़े कारखानेदार अपने मज़दूरों को शराब पीने से बचाना चाहते थे, ताकि वे अच्छी तरह काम कर सकें। मगर ये मालदार लोग खुद ही क़ानून तोड़ते थे, और बाहर देशों से नाजायज़ तरीके से शराबें मंगवा-मंगवाकर पीते थे। धीरे-धीरे शराबों का जबर्दस्त नाजायज़ व्यापार खड़ा हो गया। यह 'बूटलैगिंग'[1] कहलाता था और दो तरह से चलता था। एक तो देश के बाहर से बढ़िया शराबें और ठर्रे चोरी-छिपे लाना, दूसरे इन्हें चोरी-छिपे तैयार करना। आमतौर पर चोरी-छिपे तैयार की हुई शराब असली शराब से खराब और ज्यादा नुक्सानदेह होती थी। जिन जगहों में ये शराबें ऊंचे दाम देकर खरीदी जा सकती थीं वे 'स्पीक ईज़ी' कहलाती थीं, और बड़े-बड़े शहरों में ऐसे खानगी मैख़ाने हज़ारों की तादाद में पैदा हो गये थे। यह सबकुछ ग़ैर-क़ानूनी तो था ही, और इसे कायम रखने के लिए पुलिस के सिपाहियों और राजनीतिज्ञों को रिश्वतें दी जाती थीं और कभी-कभी मारने की धमकियां भी दी जाती थीं। क़ानून की इस खुली बे-इज़्ज़ती से धाड़ैती खूब बढ़ गये। इस तरह दारू-बन्दी से एक तरफ तो मज़दूरों की और देहाती जनता की भलाई हुई, परन्तु दूसरी तरफ इससे बहुत बुराई फैली, और शराब का ग़ैर-क़ानूनी व्यापार करनेवालों का जबर्दस्त स्वार्थ पैदा हो गया। सारा

---

[1] यह शब्द boot (जूता) और leg (टांग) से मिलकर बना है। यह इस कारण प्रयोग में आया कि लोग शराब की कुप्पियां जूतों की लम्बी टांगों में छिपाकर लाया करते थे।

देश दो दलों में बंट गया—एक दारूबन्दी के हामी, जो 'सूख' (Drys) कहलाते थे, दूसरे इसके विरोधी जो 'गीले' (Wets) कहलाते थे।

मालदार लोगों के छोटे-छोटे बच्चों को उड़ा ले जाना और उनकी रिहाई के बदले में बड़ी-बड़ी रक़में मांगना, इन धाड़ैतियों के सबसे ज्यादा बदनाम और दिल दहलानेवाले जुर्म थे। कुछ दिन हुए लिण्डबर्ग का बच्चा इसी तरह उड़ाया गया था, और बड़ी बेदर्दी से मार डाला गया था, जिससे दुनिया-भर में तहलका मच गया था।

इनसब बातों से, और इनके साथ व्यापार की मन्दी से, और दिलों में यह बात बैठ जाने से कि कितने ही बड़े-बड़े सरकारी अफ़सर और व्यापारी लोग भ्रष्ट और नालायक थे, अमेरिका के लोगों का धीरज छूट गया था। इसलिए नवम्बर, १९३२ ई० में राष्ट्रपति के चुनाव के मौक़े पर लाखों लोग इस उम्मीद में रूज़वेल्ट की तरफ झुक गये कि वह उनको मुसीबत कम कर देगा। रूज़वेल्ट 'गीला' था और डेमोक्रेटिक पार्टी का आदमी था। इस पार्टी के उम्मीदवार राष्ट्रपति बहुत कम चुने गये हैं।

जुदा-जुदा देशों की जुदा-जुदा खासियतों को सदा ध्यान में रखते हुए उनकी तुलना करने में मज़ा आता है और समझने में मदद मिलती है। इसलिए अमेरिका की हाल की घटनाओं की इंग्लैण्ड व जर्मनी की घटनाओं से तुलना करने को जी चाहता है। संयुक्त राज्य की जर्मनी के साथ तुलना ज्यादा नज़दीकी है, क्योंकि खूब उद्योगोंवाले होते हुए भी दोनों देशों में खेतिहर लोगों की आबादी ज्यादा है। जर्मनी में किसानों की संख्या उसकी आबादी की २५ फीसदी है, संयुक्त राज्य में यह संख्या ४० फीसदी है। राष्ट्रीय नीति ढालने में इन किसानों का बड़ा हाथ रहता है। इंग्लैण्ड में यह बात नहीं है, क्योंकि वहां किसानों की संख्या इतनी कम है कि उनकी परवा नहीं की जाती। हां, अब उनमें भी जान डालने की कुछ कोशिशें की जा रही हैं।

जर्मनी में नात्सी-आन्दोलन का एक बड़ा सबब यह था कि वहां ग़रीब निचले मध्यम-वर्ग के लोगों की संख्या बहुत बढ़ गई थी, और यह बढ़ोतरी जर्मनी में हुए सिक्का-फैलाव के बाद तेजी से हुई थी। जर्मनी में क्रान्तिकारी बननेवाला वर्ग यही था। ठीक यही वर्ग अब अमेरिका में ज़ोर पकड़ रहा है, यह 'सफेद कालर-वाला सर्वहारा वर्ग'[1] कहलाता है, ताकि इसमें और मज़दूर-वर्गी सर्वहारा-वर्ग मे फ़र्क़ किया जा सके, क्योंकि मज़दूर-वर्ग सफेद कालरों को बहुत कम पसन्द करता है।

तुलना की और बातें ये हैं—सिक्के के संकट, मार्क, पौंड व डालर के स्वर्ण-

[1] White Collar proletariat

मान में गिरावट, सिक्के का-फैलाव, और बैंकों के दिवाले। इंग्लैण्ड में बैंकों के दिवाले नहीं निकले, क्योंकि वहां छोटे बैंक बहुत कम हैं, और बैंकिंग का सारा कारोबार कुछेक बड़े-बड़े बैंकों के हाथों में है। और मामलों में इन तीनों देशों में घटनाओं के सिलसिले एक-से हैं। जर्मनी में संकट सबसे पहले आया, फिर इंग्लैण्ड में, और इसके बाद संयुक्त राज्य अमेरिका में। नात्सियों के हिमायती, १९३१ ई० के चुनावों में ब्रिटिश राष्ट्रीय सरकार के हिमायती, और नवम्बर, १९३२ ई० में राष्ट्रपति रूज़वेल्ट के चुनाव के हिमायती, तीनों देशों में बहुत-कुछ एक ही किस्म के लोग थे। ये निचले मध्यम-वर्ग के लोग थे, जिनमें बहुत-से पहले और दूसरे दलों मे शामिल थे। परन्तु इस तुलना को बहुत आगे नहीं बढ़ाना चाहिए, क्योंकि एक तो राष्ट्र राष्ट्र में फ़र्क़ है, दूसरे इंग्लैण्ड व अमेरिका में वैसी सूरत अभी तक नही बनी है जैसी कि जर्मनी में है। लेकिन मुद्दे की बात यह है कि उद्योगों में खूब आगे बढ़े हुए इन तीनों देशों में बिलकुल एक ही जैसे आर्थिक असर काम कर रहे हैं, इसलिए इनसे पैदा होनेवाले नतीजे भी शायद एक ही जैसे होंगे। फ्रान्स पर (और दूसरे देशों पर) यह बात इस हद तक लागू नहीं होती, क्योंकि फ्रान्स अभी तक खेतिहर ज़्यादा है और वहां उद्योगों की तरक्की अभी कम है।

रूज़वेल्ट ने मार्च, १९३३ ई०, के शुरू में राष्ट्रपति का पद सम्भाला। जो महामन्दी चल रही थी, उसके अलावा इसे फौरन ही बैंकों के ज़बर्दस्त संकट का भी सामना करना पड़ा। पद सम्भालने के कुछ सप्ताह बाद इसने देश की हालत का बयान करते हुए कहा था कि इस समय "देश तिल-तिल करके मर रहा है।"

रूज़वेल्ट ने झटपट और फैसला करनेवाली कार्रवाई की। उसने कांग्रेस से बैंकों, उद्योगों और खेती-बाड़ी के मसलों को निपटाने के अधिकार मांगे, और कांग्रेस ने भी संकट से घबराकर, और यह महसूस करके कि आम लोगों की भावना रूज़वेल्ट के साथ है, उसे ये अधिकार दे दिये। रूज़वेल्ट एक तरह से तानाशाह बन गया (हालांकि वह लोकतंत्री तानाशाह था), और सब लोग उससे उम्मीद करने लगे कि उन्हें बरबादी से बचाने के लिए वह फौरन ही कोई कारगर कार्रवाई करेगा। उसने भी बिजली-जैसी तेज़ी से क़दम उठाया, और कुछ ही सप्ताहों के भीतर उसने तरह-तरह की कार्रवाइयों से सारे संयुक्त राज्य को हिला दिया। साथ ही उसने लोगों में अपने बारे में और भी ज्यादा भरोसे की भावना पैदा कर दी।

रूजवेल्ट ने जो कई फैसले किये, उनमें से कुछ ये थे :

१. उसने स्वर्ण-मान से नाता तोड़ लिया और डालर का मोल गिर जाने दिया। इस तरह उसने कर्ज़दारों का बोझ हल्का कर दिया। यह सिक्का-फलाव का कदम था।

२. उसने रुपया देकर किसानों को राहत पहुंचाई, और खेती-बाड़ी को राहत देने के लिए दो अरब डालर का भारी कर्ज़ लेने की योजना जारी कराई।

३. उसने वन-विभाग के लिए और बाढ़ रोकने के कामों के लिए ढाई लाख मज़दूर फौरन भर्ती किये। इसका मकसद कुछ बेकारी कम करना भी था।

४. बे-रोजगारों को राहत देने के लिए उसने कांग्रेस से अस्सी करोड़ डालर की रक़म मांगी। यह उसे दे दी गई।

५. लोगों को रोज़गार देने के वास्ते सार्वजनिक निर्माण के कामों में लगाने के लिए उसने तीन अरब डालर की बहुत भारी रक़म अलग रख दी। यह रक़म भी उधार ली जानेवाली थी।

६. दारू-बन्दी क़ानून रद्द कराने की कार्रवाई उसने जल्दी पूरी करा दी।

ये तमाम भारी रक़में मालदार लोगों से उधार लेकर वसूल की जानेवाली थीं। रूज़वेल्ट की सारी नीति यह थी, और अब भी है, कि जनता की ख़रीद-शक्ति बढ़ा दी जाय। क्योंकि अगर लोगों के पास पैसा होगा तो वे चीज़ें खरीदेंगे और व्यापार की मन्दी अपने-आप कम हो जायगी। इसी इरादे को सामने रखकर वह सार्वजनिक निर्माण की बड़ी-बड़ी योजनाएं बना रहा है, जिनमें मज़दूरों को काम दिया जाय और वे पैसा कमा सकें। इसी इरादे से वह मजदूरों की मज़दूरी बढ़ाने की और उनके काम के घंटे कम करने की कोशिश भी कर रहा है। दिन में काम के घंटे कम होने से ज्यादा लोगों को काम पर लगाया जा सकेगा।

यह रवैया उस रवैये से बिलकुल उलटा है, जो संकट और मन्दी के ज़मानों में आम तौर पर कारख़ानेदारों का हुआ करता है। वे तो हमेशा मज़दूरी घटाने की और काम के घंटे बढ़ाने की कोशिश किया करते हैं, ताकि उनके तैयार माल की लागत सस्ती बैठे। परन्तु रूज़वेल्ट का कहना है कि अगर हमें माल की इकट्ठी पैदावार फिर बढ़ानी है, तो हमें ऊंची मज़दूरी का जनता में बंटवारा करके जनता की उस माल की ख़रीदने के ताक़त भी बढ़ानी चाहिए।

रूज़वेल्ट की सरकार ने सोवियत रूस को भी क़र्ज़ दिया है, जिससे कि वह अमेरिका की रुई ख़रीद सके। दोनों सरकारें दोनों देशों के बीच माल की अदला-बदली की सम्भावनाओं के बारे में भी बातचीत कर रही हैं।

अभी तक अमेरिका ठेठ पूंजीवादी ढंग का देश रहा है, जिसमें होड़ को खुली छूट ह। वह वैसा राज्य है, जिसे 'व्यक्तिवादी' कहा जाता है। रूज़वेल्ट की नई नीति इससे मेल नहीं खाती, क्योंकि वह तो कई तरह से व्यापार में दख़ल दे रहा है, यानी वह उद्योगों पर एक तरह से राज्य का बहुत-कुछ अंकुश लगा रहा है; हालांकि वह इसे दूसरे नाम से पुकारता है। वास्तव में यह कुछ हद तक सरकारी समाजवाद है, जिसमें मजदूरों के काम के घंटों और हालतों को क़ानून-क़ायदे से चलाया जाता है,

उद्योगों पर अंकुश लगाया जाता है, और गर्दन-काट होड़ रोकी जाती है। रूज़वेल्ट का कहना है कि "सब मिलकर योजनाएं बनावें, और फिर उन योजनाओं को पूरी कराने का इन्तज़ाम करें।"

अब यह काम अमेरिका की बदस्तूर रेल-पेल और तेज़ी के साथ चल रहा है। बच्चों से मजदूरी करना खतम कर दिया गया है। (इस बारे में बच्चे की उम्र सोलह साल तक की मानी गई है)। अब यह नारा है कि मज़दूरी की दरें ऊंची हों, वेतन ज़्यादा मिले, और काम के घंटे कम हों। इस मुहिम को 'खुशहाली बढ़ाने की ज़ोरदार कोशिश'[1] कहा गया है, और ख़बर यह है कि समूचा देश भरती का प्रचार करनेवाला ज़बर्दस्त पोस्टर बन गया है। मालिकों व दूसरे लोगों के नाम अपीलें बिखेरते हुए हवाई जहाज़ इधर-उधर दौड़ रहे हैं। सब बड़े-बड़े उद्योगों पर अलग-अलग ज़ोर डाला जा रहा है कि वे ऊंची मज़दूरी वग़ैरा मुक़र्रर करनेवाले 'कोड' तैयार करें, और इनपर अमल करने का इक़रार करें। अगर वे मुनासिब 'कोड' तैयार करने से इन्कार करते हैं, तो उन्हें हलकी-सी धमकी दी जाती है कि फिर यह काम सरकार करेगी। हरेक मालिक से इकरारनामा भरवाया जाता है कि वह अपने कर्मचारियों की मज़दूरी बढ़ा देगा और उनके काम के घंटे कम करेगा। जो मालिक इस मामले में आगे क़दम रक्खेंगे, उन्हें सरकार सम्मान के बिल्ले देने की तजवीज़ कर रही है और ढील करनेवालों को शर्मिन्दा करने के लिए हरेक नगर के डाकखानों में सम्मान-सूचियां रक्खी जायंगी।

इनसब बातों से भावों में और व्यापार में कुछ बेहतरी हुई है। लेकिन असली बेहतरी जो साफ दिखाई देती है, व्यापार के रुख में और व्यापारियों के हौसले में हुई है। पस्ती की भावना बहुत-कुछ चली गई है, और जनता के बड़े-बड़े समूहों में, ख़ासकर मध्यम वर्गों में, राष्ट्रपति रूज़वेल्ट पर भरपूर ऐतबार है। लोगों ने इसकी तुलना अमेरिका की महान विभूति राष्ट्रपति लिंकन से की है। लिंकन भी महासंकट के समय यानी घरेलू-युद्ध के ज़माने में राष्ट्रपति हुआ था।

यूरोप के भी बहुत लोग रूज़वेल्ट की तरफ देखने लगे हैं और उन्हें आशा हो गई है कि मन्दी का मुकाबला करने के लिए वह दुनिया-भर का नेता बनेगा। मगर विश्व-आर्थिक-सम्मेलन के मौके पर दूसरे देशों के प्रतिनिधि उससे नाराज़ हो गये, क्योंकि उसने अपने प्रतिनिधियों को हिदायत दे दी थी कि वे डालर का मोल सोने के भाव पर तय करने की बात न मानें, और न दूसरी किसी ऐसी बात पर राज़ी हों, जो संयुक्त राज्य में उसकी बड़ी-बड़ी योजनाओं में अड़चन डालनेवाली हो।

रूज़वेल्ट की नीति साफ तौर पर आर्थिक राष्ट्रवाद की नीति है और वह

---

[1] Prosperity push

अमेरिका की सारी गड़बड़ सुधारने पर तुला हुआ है। यूरोप की कुछ सरकारें इस नीति को पसन्द नहीं करतीं और बोहरे लोग तो ख़ास तौर पर झल्लाये हुए हैं। ब्रिटिश सरकार भी रूज़वेल्ट की प्रगतिवादी हरक़तों को पसन्द नहीं करती। वह तो बड़े-बड़े व्यवसायों की क़द्र करती है।

मगर यह कहना पड़ेगा कि संसार के मामलों में रूज़वेल्ट जितना कारगर हिस्सा ले रहा है, उतना उसके पहलेवाले राष्ट्रपति ने नहीं लिया। निरस्त्रीकरण और दूसरे अन्तर्राष्ट्रीय सवालों पर इसने जो रुख़ अपनाया है, वह बिल्कुल साफ है और इंग्लैंड के रुख से ज़्यादा आगे बढ़ा हुआ है। हिटलर को इसने जो झिड़की दी, उससे हिटलर कुछ ठंडा पड़ गया। यह सोवियत रूस से भी बातचीत कर रहा है।

अमेरिका में और दूसरे देशों में भी, आज यह बड़ा सवाल उठ रहा है कि क्या रूजवेल्ट सफल होगा? वह पूजीवाद की गाड़ी चालू रखने के लिए ज़ोरदार यत्न कर रहा है। परंतु इसकी कामयाबी का अर्थ है बड़े-बड़े व्यापारियों की गद्दी छिन जाना, और यह दिखाई नहीं देता कि ये लोग चुपचाप बर्दाश्त कर लेंगे।

अमेरिका का 'बड़ा व्यापार' आज के संसार का सबसे ज़बर्दस्त निहित स्वार्थ माना जाता है, और वह सिर्फ राष्ट्रपति रूज़वेल्ट के कहने से अपनी ताकत और रियायतें छोड़नेवाला नहीं है। अभी तो वह चुप बैठा है, क्योंकि लोकमत ने और राष्ट्रपति रूज़वेल्ट की लोकप्रियता ने उसे बहुत-कुछ दबा रक्खा है, लेकिन वह मौके की ताक में है। अगर कुछ महीनों के भीतर हालत न सुधरी तो यह ख़याल किया जाता है कि लोकमत रूज़वेल्ट के ख़िलाफ़ हो जायगा, और तब ये बड़े व्यापारी मैदान में उतर आयेंगे।

कई योग्य दर्शकों का ख़याल है कि रूजवेल्ट के सामने एक असंभव काम है और वह कामयाब नहीं हो सकता। उसके असफल होने से बड़े व्यापारियों की फिर चढ़ बनेगी, और इस बार शायद वे पहले से भी ज़्यादा ताकतवर हो जायंगे, क्योंकि तब रूज़वेल्ट के सरकारी समाजवाद का सारा सरंजाम बड़े व्यापारियों के निजी फायदे में लगा दिया जायगा। अमेरिका का मज़दूर-आन्दोलन बिल्कुल कमज़ोर है और आसानी से कुचला जा सकता है।

टिप्पणी—

संकट पर क़ाबू पाने के लिए और पूंजीवाद को नई हालतों में ढालने के लिए रूज़वेल्ट का भारी यत्न सफल हो गया है, हालांकि बुनियादी परिवतन कुछ भी नहीं हुआ है। हां, हालत में सुधार ज़रूर हुआ है। दरअसल यह यत्न जनता को

राहत देने की बड़ी-बड़ी योजनाओं के लिए था, और इसलिए था कि मज़दूरी बढ़ाने और काम के घंटे कम करने के लिए मालिकों को समझा-बुझाकर उद्योगों के मुनाफ़ों का कुछ हिस्सा मज़दूरों को भी दिलवाया जाय। मालिकों ने, खासकर फोर्ड ने, इसे अपनी आजादी पर हमला समझकर इसका सामना किया। उद्योगों और खेती-बाड़ी के 'कोड' बेकाम हो गये, और बार-बार हड़तालें हुई। परन्तु अमेरिका का मज़दूर-वर्ग ज़्यादा मजबूत हो गया और उसमें पहले से ज़्यादा वर्ग-चेतना पैदा हो गई और एक नया उत्साह भर गया। मज़दूर-संघों के सदस्यों की संख्या बहुत बढ़ गई।

ज्यों-ज्यों आर्थिक हालत सुधरने लगी, बड़े-बड़े व्यापारी ज़्यादा सरकश हो गये और रूज़वेल्ट की कार्रवाइयों का डटकर मुकाबला करने लगे। सुप्रीम कोर्ट ने रूज़वेल्ट के 'नेशनल रिकवरी ऐक्ट' और 'एग्रिकल्चरल ऐडजस्टमेण्ट एक्ट' नामक दो मुख्य कानूनों की कारगर धाराओं को संविधान के ख़िलाफ़, और इसलिए निष्प्रयोजन, क़रार दिया, और रूज़वेल्ट के 'नये क़दम'[1] की ज़मीन खोखली कर दी गई।

१९३६ ई० में रूज़वेल्ट दूसरी बार बहुत बड़े बहुमत से राष्ट्रपति चुना गया। बड़े व्यापारियों के साथ उसकी लड़ाई जारी है। कांग्रेस पर अब इसका दबदबा नहीं रहा है और उसने कई मामलों मे इसका विरोध किया है।

: १९३ :

पार्लमेंटों की असफलता

६ अगस्त, १९३३

हाल की घटनाओं की हमने कुछ ब्यौरे के साथ जांच की है और ऐसी बहुत-सी ताकतों और झुकावों पर विचार किया है, जो हमारे आज के बदलते हुए संसार को ढाल रहे हैं। जो तथ्य खास तौर से सामने आये हैं, उनमें से दो ऐसे हैं, जिनका जिक्र मैं कर चुका हूं, लेकिन उनपर और भी विचार करना अच्छा होगा। इनमें से एक तो युद्ध के बाद के वर्षों में मज़दूर-वर्गों और पुराने ढंग के समाजवाद की नाकामयाबी है, और दूसरा पार्लमेण्टों की नाकामयाबी और गिरावट है।

मैं बतला चुका हूं कि जब १९१४ ई० में महायुद्ध का डंका बजा तो संगठित मजदूर-वर्ग किस तरह नाकामयाब रहा और दूसरा अन्तर्राष्ट्रीय संघ किस तरह टूक-टूक हो गया। इसकी वजह थी युद्ध का अचानक धक्का क्योंकि युद्ध में खूंखार राष्ट्रीय जोश भड़क उठते हैं, और लोगों के सिर पर थोड़ी देर का पागलपन सवार

[1] New Deal

हो जाता है। मगर पिछले चार वर्षों के भीतर ऐसी चीज हुई है, जो इससे बिल्कुल जुदा किस्म की है और इससे भी ज्यादा आंखें खोलनेवाली है। इन चार वर्षों में संसार में इतनी बड़ी मंदी रही है, जितनी शायद पहले कभी नहीं रही। और इसके नतीजों से इस वर्षों में मज़दूरों की बुरी हालत दिन-पर-दिन ज्यादा बुरी होती गई है। मगर ताज्जब यह है कि फिर भी इसके सबक से आमतौर पर सब देशों की मजदूर जनता में, और खास तौर पर इंग्लैण्ड व अमेरिका की मजदूर-जनता में खास क्रान्तिकारी भावना पैदा नहीं हुई है।

पुराने ढंग का पूंजीवाद चूर-चूर होता दिखाई दे रहा है। बाहरी तौर पर, यानी जहांतक बाहरी बातों का ताल्लुक है, ऐसा मालूम होता है कि हालतें साम्यवादी अर्थ-व्यवस्था लाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, परंतु जिन लोगों को इसकी तमन्ना होनी चाहिए थी, उन्हीं लोगों की बहुत बड़ी संख्या, यानी मजदूरों में क्रान्ति का इरादा नहीं है। इनसे ज्यादा क्रान्तिकारी भावनाएं तो अमेरिका के पुराने विचारोंवाले किसानों में, और जैसाकि मैं बार-बार कह चुका हूं, ज्यादातर देशो के निचले मध्यम वर्गों में, नज़र आ रही हैं, जो मजदूरों की बनिस्बत बहुत ज्यादा सरगर्म हो गये है। यह चीज़ सबसे ज्यादा तो जर्मनी में दिखाई दे रही है, परन्तु कुछ कम दर्जे की इंग्लैण्ड, संयुक्त राज्य अमेरिका व दूसरे देशों में भी दिखाई दे रही है। कमी-बेशी के ये फर्क अलग-अलग राष्ट्रीय विशेषताओं के सबब से हैं, और संकट के बढ़ने की अलग-अलग मंजिलों के कारण से हैं।

जो मजदूर-वर्ग युद्ध के बाद के वर्षों के शुरू में इतना सरगर्म और क्रान्तिकारी था, वह इतना बे-हलचल और भाग्य के भरोसे बैठा रहनेवाला क्यों हो गया? जर्मनी का समाजी लोकतंत्री दल बिना किसी लड़ाई के क्यों चूर-चूर हो गया, और उसने नात्सियों के हाथों अपनेको नष्ट क्यों करा डाला? इंग्लैण्ड का मजदूर-वर्ग इतना नर्म और प्रतिगामी क्यों है? और अमेरिका के मजदूर-वर्ग की हालत इससे भी बुरी क्यो है? मजदूर-वर्ग के नेताओं को उनकी नालायकी के लिए और मजदूर-वर्ग के हितो के साथ गद्दारी करने के लिए, अक्सर कसूरवार ठहराया जाता है। इनमें से बहुत-से तो बेशक कसूरवार ठहराने लायक हैं, और जिस तरह इन लोगो ने अपने दलों को धोखा देकर दूसरे दलों को अपना लिया है, और मजदूर-आन्दोलन को अपनी निजी हविसें पूरी करने की सीढ़ी बनाया है, उसे देखकर रंज होता है। दुःख की बात है कि इन्सान की जिन्दगी के हर मामले में मौकापरस्ती होती ही है, मगर जो मौकापरस्ती लाखों रौंदे हुए और मुसीबतज़दा लोगों की उम्मीदों, आदर्शों व कुर्बानियों से फायदा उठाती है, वह इन्सानियत का बहुत ही दुःखभरा पहलू है।

नेताओं को दोष दिया जा सकता ह। परन्तु आखिर नेता भी तो मौजूदा

हालतों के ही फल होते हैं। कोई देश जिस तरह के शासकों के लायक़ होता है, आम-तौर पर उसी तरह के शासक उसे मिलते हैं। और किसी आन्दोलन को नेता भी वही मिलते हैं, जो दरअसल उसकी सच्ची मुरादों के लिए आवाज उठाते हैं। सच तो यह है कि इन साम्राज्यवादी देशों के मजदूर-नेता और इनके पीछे चलने-वाले समाजवाद को कोई जीवित विश्वास वाली या ऐसी कोई चीज़ नहीं मानते थे, जिसकी अभी चाहना हो। इनका समाजवाद पूंजीवादी ढांचे के साथ बहुत ज़्यादा उलझ गया और बंध गया था। उपनिवेशों के शोषण से मिलनेवाले मुनाफों का ज़रा-सा हिस्सा इन्हें मिल जाता था, और वे अपने रहन-सहन का दर्जा ऊंचा करने के लिए पूंजीवाद का बना रहना जरूरी समझते थे। समाजवाद एक दूर का आदर्श, एक सपनों की दुनिया, आनेवाला जमाना बन गया, मौजूदा जमाने का नहीं। और स्वर्ग की पुरानी कल्पना की तरह वह भी पूजी की चेरी बन गया।

बस, मज़दूर-दल, मज़दूर-संघ, समाजी लोकतंत्रवादी, दूसरा अन्तर्राष्ट्रीय संघ, और इसी किस्म के सारे संगठन सुधार के छोटे-छोटे यत्नों में अपनी ताकत गंवाते रहे, पूजीवाद के सारे ढांचे को इन्होंने साबित ही रहने दिया। अपना आदर्श-वाद छोड़कर ये ऐसा भारी नौकरशाही संठगन बन गये, जिसमें न तो जान थी और न असली मज़बूती।

नये साम्यवादी दल की हालत इससे जुदा थी। मज़दूरों के लिए इसके पास एक संदेश था, जो ज़्यादा ज़रूरी और दिलों को ज़्यादा छूनेवाला था, और इसके पीछे सोवियत रूस की प्रिय तसवीर थी। परन्तु इतना होने पर भी इसे ज़रा भी सफलता नहीं मिली। यह यूरोप व अमेरिका की मजदूर जनता के दिलों पर असर डालने में कामयाब नही हुआ। अचम्भे की बात है कि इंग्लैण्ड और अमेरिका में तो इसका ज़रा भी ज़ोर नहीं था। जर्मनी व फ्रान्स में इसका कुछ ज़ोर था। मगर हम देखते हैं कि कम-से-कम जर्मनी तक में इसने अपनी ताकत का फायदा नहीं उठाया। अन्तर्राष्ट्रीय लिहाज से इसकी दो बड़ी हारें हुईं—एक तो १९२७ ई० में चीन में, दूसरी १९३३ ई० में जर्मनी में। व्यापार की मन्दी, और बार-बार के संकटों और कम मजदूरी और बेकारी के इस जमाने में साम्यवादी दल कामयाब क्यों नहीं हुआ? इसका जवाब मुश्किल है। कुछ लोगों का कहना है कि इसकी वजह सिर्फ यह थी कि इसने ढब से काम नहीं किया और इसके काम के तरीक़े ग़लत थे। दूसरों की राय है कि यह दल सोवियत सरकार के साथ बहुत ज़्यादा बंधा हुआ था, और इसकी नीति सोवियत की राष्ट्रीय नीति थी। जो अन्तर्राष्ट्रीय नीति होनी चाहिए थी, वह नहीं थी। शायद यह बात सही हो, मगर यह खुलासा तसल्ली देने-वाला नहीं है।

साम्यवादी दल खुद तो मज़दूरों में नहीं पनपा, लेकिन साम्यवादी विचार

बहुत लोगों में, ख़ासकर दिमाग़ी वर्गों में फैल गये। सब जगह, यहांतक कि पूंजीवाद के समर्थकों में भी एक इन्तज़ारी, एक डर, मौजूद था कि संकट के नतीजे से किसी-न-किसी रूप में साम्यवाद आना लाज़िमी है। सब लोग मानते थे कि पुराने ढंग के पूंजीवाद के दिन बीत चुके हैं। आपा-धापी की यह अर्थ-व्यवस्था, हड़पने की यह हर आदमी की नीति, जिसमें किसी तरह की योजना नहीं है, और जिसमें बरबादी, झगड़े और समय-समय पर संकट होते रहते हैं, मिट जानी चाहिए। इसकी जगह आयोजित समाजवादी अर्थ-व्यवस्था या सहकारी अर्थ-व्यवस्था क़ायम होनी चाहिए। यह ज़रूरी नहीं कि इसका अर्थ मज़दूर-वर्ग की जीत ही हो, क्योंकि मिल्कियत वाले वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए राज्य का संगठन आधे समाजवादी ढंग पर भी किया जा सकता है। सरकारी समाजवाद और सरकारी पूंजीवाद क़रीब-क़रीब एक-सी चीज़ें हैं, असली सवाल यह है कि राज्य किसके हाथों में है और कौन उससे नफा उठाता है? सारा समुदाय या कोई ख़ास मालमतेवाला-वर्ग।

जब दिमाग़ी लोग इस किस्म के तर्क-वितर्क कर रहे थे, तब पश्चिमी औद्योगिक देशों के निचले मध्यम-वर्ग कार्रवाइयां कर रहे थे। ये वर्ग कुछ धुंधले तौर पर महसूस कर रहे थे कि पूंजीवाद व पूंजीपति उनको चूसते हैं। इसलिए इनके खिलाफ उनमें कुछ गुस्सा पैदा हो गया था। मगर उन्हें मज़दूर-वर्ग का और साम्यवादियों के हाथों में सत्ता आने का और भी ज़्यादा डर था। पूंजीपति लोग इस फ़ासीवादी लहर के साथ अक्सर समझौता कर लेते थे, क्योंकि वे समझते थे कि साम्यवाद को रोकने का दूसरा कोई उपाय नहीं है। धीरे-धीरे क़रीब सब लोग, जो साम्यवाद से डरते थे, इस फ़ासीवाद के साथी बन गये। इस तरह जहां कहीं भी पूंजीवाद ख़तरे में है, वहां कम या ज़्यादा हद तक, फ़ासीवाद फैलता जा रहा है, और साम्यवाद का या उसके अन्देशे का मुक़ाबला कर रहा है। इन दोनों के बीच में पार्लमेण्टी हुकूमतों का कचूमर निकल रहा है।

और इससे अब हम उस दूसरी बड़ी बात पर आ पहुंचते हैं, जिसका ज़िक्र मैं इस पत्र के शुरू में कर चुका हूं, यानी पार्लमेण्टों की असफलता और उनकी गिरावट। तानाशाहों के बारे में, और पुराने ढंग के लोकतंत्र की असफलता के बारे में, मैं अपने पिछले पत्रों मे बहुत-कुछ लिख चुका हूं। यह चीज़ रूस, इटली व मध्य यूरोप में काफ़ी सामने आ चुकी है, और अब जर्मनी में भी सामने आ गई है, जहां नात्सियों के हाथों में सत्ता आने से पहले ही पार्लमेण्टी हुकूमत ढह गई थी कि संयुक्त राज्य अमेरिका में हमने देखा है कि कांग्रेस ने राष्ट्रपति रूज़वेल्ट को पूरे अधिकार किस तरह सौंप दिये हैं। यह सिलसिला फ्रान्स और इंग्लण्ड में भी दिखाई दे रहा है, हालांकि इन दोनों देशों की लोकतंत्री परम्परा सबसे पुरानी और सबसे मज़बूत है। पहले हम इंग्लैण्ड पर विचार करेंगे।

इंग्लैण्ड का काम करने का ढंग यूरोप के दूसरे देशों के तरीकों से बिल्कुल निराला है। इंग्लैण्ड अपने पुराने चेहरे-मोहरे बनाये रखने का यत्न करता है, इसलिए वहां होनेवाले परिवर्तन ज़्यादा नज़र नहीं आते। मामूली तौर पर देखनेवाले को ऐसा मालूम होता है कि पार्लमेण्ट अपने पुराने ढर्रे पर ही चल रही है, परन्तु हक़ीक़त यह है कि वह बहुत-कुछ बदल चुकी है। गुज़रे ज़माने में कामन्स-सभा सत्ता का सीधा इस्तेमाल करती थी, इसलिए एक मामूली सदस्य भी अच्छा असर रखता था। परन्तु अब सारे बड़े-बड़े मसलों का निपटारा मन्त्रिमंडल करता है या यों कहो कि सरकार करती है, और कामन्स-सभा तो सिर्फ़ 'हां' या 'ना' कह सकती है। अलबत्ता, कामन्स-सभा 'ना' कहकर सरकार को हटा सकती है, परन्तु यह इतनी सख्त कार्रवाई है कि बहुत ही कम असल में आती है, क्योंकि इससे बहुत-से झगड़े पैदा हो जाते हैं और नया आम चुनाव लाज़िमी हो जाता है। इसलिए अगर किसी सरकार का कामन्स-सभा में बहुमत हो, तो वह जो चाहे सो कर सकती है और उसे सभा से मंजूर करवाकर क़ानून की शक्ल दे सकती है। इस तरह सत्ता विधान-मण्डल के हाथों से निकलकर सरकारी अमले के हाथों में चली गई है, और और अब भी जा ही रही है।

दूसरे, आजकल पार्लमेण्ट को बहुत ज्यादा काम करना पड़ता है, और उसके सामने टेढ़े-मेढ़े सवाल बहुत ज़्यादा आते रहते हैं। इसलिए यह दस्तूर बन गया है कि पार्लमेण्ट किसी तजवीज़ या क़ानून के सिर्फ़ मोटे उसूल तय कर देती है, और उसकी तफ़सीलें सरकारी अमले पर या इसके किसी विभाग पर छोड़ देती है। इसलिए अमलदारों के हाथ में ज़बर्दस्त शक्ति आ गई है, और नाज़ुक घड़ी में वे जो चाहे सो कर सकते हैं। इस तरह राज्य की महत्ववाली कार्रवाइयों के साथ पार्लमेण्ट का लगाव दिन-पर-दिन कम होता जा रहा है। उसके ख़ास काम अब सिर्फ ये रह गये हैं कि सरकार की तजवीज़ों, सवालों और जांचों की नुकताचीनी करना, और अन्त में सरकार की मोटी नीति को मंजूरी देना। हैरल्ड जे० लास्की[1] कहता है : "हमारी सरकार अमलदारों की तानाशाही बन गई है, जिसे पार्लमेण्ट के विद्रोह का कुछ डर रहता है।"

अगस्त १९३१ ई० में मज़दूर सरकार का अचानक खात्मा अजीब ढंग से हुआ, जिससे जाहिर हो गया कि पार्लमेण्ट इस मामले में कितनी कम जिम्मेदार थी। आमतौर पर इंग्लैण्ड की किसी सरकार का पतन तब होता है जब कामन्स-सभा में उसकी हार हो जाय। परन्तु १९३१ ई० में कामन्स के सामने कोई मामला

---

[1] इंग्लैण्ड का सुप्रसिद्ध राजनीति-शास्त्र विशारद तथा लेखक। इसकी मृत्यु १९४९ ई० में हो गई।

नहीं आया, किसीको मालूम नहीं था कि क्या हो रहा है, यहांतक कि मंत्रिमण्डल के ज्यादातर सदस्यों को भी कुछ मालूम नहीं था। प्रधान मंत्री रैम्ज़े मेक्डोनल्ड ने दूसरे दलों के नेताओं से कुछ गुप-चुप बातें कीं, वे लोग बादशाह के पास गये, पुराना मंत्रिमण्डल यकायक खतम हो गया और अखबारों में नये मंत्रिमण्डल का ऐलान कर दिया गया। पुराने मंत्रिमण्डल के कुछ सदस्यों को तो पहले-पहल यह बात अखबारों से ही मालूम हुई। कार्रवाई का सारा ढंग बहुत ग़ैर-मामूली और लोकतंत्री दस्तूरों के बिल्कुल खिलाफ़ था। अन्त में कामन्स-सभा ने इसपर मंज़ूरी की मोहर भी लगा दी, तो भी इससे इस असलियत पर कोई असर नहीं पड़ता। यह तो तानाशाही का तरीक़ा था।

बस, मज़दूर-सरकार के आसन पर रातों-रात 'राष्ट्रीय सरकार' बैठ गई, जिसमें अनुदार दलवालों का जोर था और जिसे कुछेक उदार-दली व मज़दूर-दली लोगों ने राष्ट्रीयता का पुट दे दिया था। रैम्ज़े मेक्डोनल्ड प्रधान मंत्री बना रहा, हालांकि मज़दूर-दल ने उसे ग़द्दार क़रार दिया था और दल से निकाल दिया था। ऐसी 'राष्ट्रीय' सरकारें उस वक्त क़ायम होती हैं, जब यह अन्देशा हो कि दूर तक असर डालनेवाले समाजवादी परिवर्तन मिल्कियतवाले वर्गों की हैसियत डावांडोल कर देंगे या उनपर हद से ज्यादा बोझा डाल देंगे। इंग्लैण्ड में अगस्त, १९३१ ई०, में ऐसी सूरत तब पैदा हुई जब वह संकट आया, जिसने बाद में पौंड को स्वर्ण-मान से अलग कर दिया। इसका असर यह हुआ कि सारी पूंजीवादी ताकतें समाजवाद के मुकाबले में एक होकर डट गईं। मध्यम-वर्गी जनता को यह डर दिखलाकर कि अगर मज़दूर-दल जीत गया तो उनकी सारी जमा-पूंजी छिन जायगी, राष्ट्रीय सरकार ने उन्हें बुरी तरह दहला दिया, और चुनाव में अपने लिए बहुत भारी बहुमत हासिल कर लिया। मेक्डोनल्ड और उसके समर्थकों ने कहा कि अगर राष्ट्रीय सरकार नहीं आई तो साम्यवाद आयेगा।

इस तरह इंग्लैंड में भी पुराना लोकतंत्री ढांचा टूट चुका है, और पार्लमेण्ट की हालत गिरती जा रही है। जब जनता के जज्बों को भड़कानेवाले निहायत ज़रूरी मुद्दे, मसलन मज़हबी लड़ाइयां, या राष्ट्रीय व जातीय झगड़े ('आर्यन' जर्मन बनाम यहूदी), और इन सबके ऊपर आर्थिक टक्करें (आसूदा और महरूम वर्गों के बीच), सामने आते हैं, तब लोकतंत्र का दिवाला निकल जाया करता है। तुम्हें याद होगा कि १९१४ ई० में आयर्लैण्ड में जब अल्स्टर और बाकी देश के बीच ऐसा ही मज़हबी राष्ट्रीय मुद्दा उठा था, तब अनुदार दल ने सचमुच पार्लमेंट का फ़ैसला मानने से इन्कार कर दिया था और, वहां घरेलू युद्ध तक को बढ़ावा दिया था। बस, जबतक कोई ज़ाहिरा लोकतंत्री कायदा मिल्कियतदार वर्गों का मतलब बनाना है, तबतक वे उससे फायदा उठाकर अपने स्वार्थों को बचाते हैं। परन्तु जब

वह उनके रास्ते में अड़चन डालता है और उनकी खास सहूलियतों और स्वार्थों को चुनौती है, तब वे लोकतंत्री कायदे को नेता बताते हैं और तानाशाही तरीके अपना लेते हैं। मुमकिन है कि आगे चलकर ब्रिटिश पार्लमेण्ट सब साफ करनेवाले उलट-फेरों के हक में बहुमत हासिल कर ले। लेकिन अगर यह बहुमत जमे हुए स्वार्थों पर हमला करेगा, तो इन स्वार्थों के हकदार शायद पार्लमेण्ट को ही मानने से इन्कार कर दें, और उसके फैसले के खिलाफ विद्रोह तक भड़काने लगें, जैसाकि उन्होंने १९१४ ई० में अल्स्टर के मुद्दे पर किया था।

बस, हम देखते हैं कि मिल्कियतवाले वर्ग, पार्लमेण्ट व लोकतंत्र को सिर्फ तभी तक माकूल समझते हैं जबतक कि इनके ज़रिये चालू हालतें कायम रक्खी जा सकें। अलबत्ता यह सच्चा लोकतंत्र नहीं है, यह तो ग़ैर-लोकतंत्री ग़रज़ के लिए लोकतंत्री इरादे का बेजा इस्तेमाल है। सच्चे लोकतंत्र को क़ायम रखने का तो अभी तक मोल ही नहीं मिला है, क्योंकि पूंजीवादी ढांचे और लोकतंत्र के बीच तो बुनियादी फ़र्क़ है। लोकतंत्र अगर कुछ मानी रखता है तो वह है बराबरी; सिर्फ वोट की बराबरी नहीं बल्कि आर्थिक और समाजी बराबरी। पूंजीवाद का अर्थ इससे बिल्कुल उलटा है। इसका अर्थ है मुट्ठी-भर लोगों के कब्जे में माली ताकत का रहना, और उसके जरिये इस सत्ता का अपने निजी फायदे के लिए इस्तेमाल। ये लोग अपनी खुद की सहूलियतवाली हैसियत कायम रखने के लिए क़ानून बनाते हैं, और जो कोई इन क़ानूनों को तोड़ता है, वह कानून और व्यवस्था में गड़बड़ डालनेवाला और समाज का क़सूरवार माना जाता है। बस, इस ढांचे में किसी तरह की बराबरी नहीं होती, और लोगों को सिर्फ उतनी ही स्वतंत्रता दी जाती है जितनी कि पूजीवाद को क़ायम रखनेवाले क़ाननों के दायरे में आती हो।

पूंजीवाद और लोकतंत्र की आपसी टक्कर कुदरती चीज़ है, और वह लगातार चलती रहती है। यह अक्सर झूठे प्रचार और लोकतंत्र के ऐसे बाहरी रूपों के परदे में छिपी रहती है जैसे पार्लमेण्टें और बहलानेवाली वे चीज़ें, जो मिल्कियतवाले वर्ग दूसरे वर्गों के सामने फेंका करते हैं, ताकि वे थोड़े-बहुत राज़ी रहें। परन्तु एक वक्त ऐसा आता है जब फेंकने के लिए ये बहलानेवाली चीज़ें बाक़ी नहीं रहतीं, और तब दोनों वर्गों की आपसी टक्कर लाज़िमी हो जाती है, क्योंकि तब यह लड़ाई असली चीज़ के लिए, यानी राज्य में आर्थिक सत्ता के लिए, होती है। जब यह हालत आती है, तब पूजीवाद के सारे समर्थक, जो अबतक दूसरे दलों को आपस में लड़ाते रहे थे, अपने जमे हुए स्वार्थों पर आनेवाले इस खतरे का मुक़ाबला करने के लिए एकजूट हो जाते हैं। उदारवादी और ऐसे ही दूसरे दल मिट जाते हैं। और लोकतंत्र के रूपों को ताक में रख दिया जाता है। यूरोप व अमेरिका में अब यह हालत पैदा हो गई है, और इस हालत को बनानेवाला फ़ासीवाद है, जो ज्यादातर

देशों में किसी-न-किसी रूप में हावी हो रहा है। मज़दूर-वर्ग सब जगह अपना बचाव कर रहा है, पूंजीवादी ताक़तों के इस नये और ज़बर्दस्त जमघट का मुक़ाबला करने की शक्ति उसमें नहीं है। मगर अजीब बात यह है कि खुद पूंजीवादी ढांचा ही लड़खड़ा रहा है, और नई दुनिया के साथ अपना मेल नहीं बैठा पा रहा। बिल्कुल साफ दिखाई देता है कि अगर यह किसी तरह बच भी जाय, तो इसका रूप बिल्कुल बदला हुआ और ज्यादा कड़ा हो जायगा। और फिर यह इस लम्बी लड़ाई की दूसरी मंजिल होगी, क्योंकि आज के उद्योग और आज की जिन्दगी, चाहे ये पूंजीवाद के किसी भी रूप के मातहत हो, एक किस्म के जंगी मैदान हैं, जहां फौजें हमेशा आपस में भिड़ती रहती है।

कुछ लोगों का ख़याल है कि अगर ये सारी हुकूमतें थोड़े-से समझदार लोगों को सौंप दी जायं तो यह तमाम झगड़ा, लड़ाई और मुसीबतें मिट जायं, और यह कि इन सारी चीज़ों की जड़ में राजनैतिकों और राजनीतिज्ञों की बेवकूफी या बदमाशी है। वे समझते है कि अगर भले लोग किसी तरह एक होकर जुट जायं तो वे बदकारों को नीति के उपदेश देकर और उनके चाल-चलन की भूल उन्हें बतलाकर, उनके दिल बदल सकते है। यह ख़याल बहुत गलत है, क्योंकि कसूर व्यक्तियों का नहीं है, बल्कि भ्रष्ट ढांचे का है। जबतक यह ढांचा क़ायम है, तबतक ये व्यक्ति अपने मौजूदा ढंग से ही चलते रहेंगे। बड़े ही ताज्जुब की बात है कि हुकूमत या ख़ास सहूलियतों की गद्दियों पर बैठे हुए गिरोह —चाहे तो वे दूसरे राष्ट्र पर राज करने-वाले विदेशी गिरोह हों और चाहे किसी राष्ट्र के अन्दरूनी आर्थिक गिरोह—खुद को धोखा देकर और मक्कारी से यह यकीन कर लेते है कि उनकी ख़ास सहूलियतें उनकी खबियों के वाजिब इनाम है। अगर कोई इस हैसियत को मानने से इन्कार करता है तो वह उन्हे बदमाश और गुंडा और जमी-जमाई हालत को उलटनेवाला नज़र आता है। किसी हुकूमतदार गिरोह को यह यकीन दिलाना नामुमकिन है कि उसकी सहूलियतें नाजायज हैं, और उसे उनको त्याग देना चाहिए। अलग-अलग व्यक्तियों के दिलों में शायद कभी-कभी यह बात बैठ भी जाय, हालांकि यह बहुत कठिन है, पर गिरोहों के दिलों में तो कभी भी नहीं बैठ सकती। इसीलिए मुठभेड़ें, लड़ाई-झगड़े और क्रान्तियां लाजिमी तौर पर होते हैं और उनके साथ बेहद तकलीफें और मुसीबतें आती हैं।

: १९४ :

दुनिया पर आख़िरी नज़र

७ अगस्त, १९३३

जबतक क़लम और काग़ज और स्याही खतम न हो जायं तबतक पत्र

लिखने का छोर नहीं आ सकता। और दुनिया की घटनाओं के बारे में लिखने का भी कोई छोर नहीं है, क्योंकि हमारी यह दुनिया लुढ़कती चली जा रही है, और इसमें रहने वाले मर्द, औरतें और बच्चे हमेशा हँसते और रोते हैं, प्यार और नफरत करते हैं, और आपस में लड़ते हैं। यह ऐसी कथा है, जो आगे बढ़ती ही चली जाती है, और जिसका कोई छोर नहीं है। और आज के जिस जमाने में हम रह रहे हैं, उसमें जिन्दगी का बहाव इतना तेज़ मालूम हो रहा है जितना पहले कभी नहीं था, इसकी रफ्तार पहले से ज्यादा तेज़ है, और एक के बाद दूसरे परिवर्तन बड़ी जल्दी-जल्दी आ रहे हैं। यह तो मेरे लिखते-लिखते ही बदल रहा है, और आज मैंने जो कुछ लिखा है, वह शायद कल ही पुराना, दूर का, और बे-जगह का हो जाय। जिन्दगी की धारा कभी ठहरी नहीं रहती, यह तो बहती चली जाती है। आज की तरह कभी-कभी यह हमारा छोटी-छोटी इच्छाओं और तमन्नाओं को ठुकराती हुई, हमारी ना-कुछ हैसियतों की बेरहम खिल्ली उड़ाती हुई, और अपनी तूफानी लहरों पर हमें तिनके की तरह उछालती हुई, बेदर्दी से और शैतानी जोर के साथ तेजी से आगे दौड़ती है। यह धारा, पता नहीं किधर दौड़ी जा रही है—उस बड़ी चट्टान की तरफ जा रही है, जो टकराकर इसके हज़ारों टुकड़े—कर देगी, या किसी अपार और समझ से बाहर, रोबदार और शान्त, हमेशा बदलते हुए मगर फिर भी कभी न बदलनेवाले सागर की तरफ जा रही है।

जितना लिखने का मेरा इरादा था या जितना मुझे लिखना चाहिए था, उससे मैं बहुत ज्यादा लिख चुका हूं। मेरी कलम दौड़ती चली गई है। हमने अपनी लम्बी सैर खतम कर दी है और अपनी आखिरी लम्बी मंजिल भी तय कर ली है। हम आज तक आ पहुंचे हैं और कल की ड्योढ़ी पर इस इन्तजार में खड़े हैं कि जब यह कल भी वक्त आने पर आज बन जायगा तो इसका क्या रूप होगा। अब हमें ज़रा-सी देर ठहरकर दुनिया पर चारों ओर नजर डालनी चाहिए। सन् उन्नीस सौ तैंतीस के अगस्त महीने की सातवीं तारीख को इसकी क्या हालत है?

भारत में गांधीजी को फिर गिरफ़्तार करके सज़ा दे दी गई है और वह वापस फिर यरवदा-जेल पहुंच गये हैं। सत्याग्रह-आन्दोलन फिर शुरू हो गया है, हालांकि इसका दायरा बहुत छोटा है, और हमारे साथी फिर जेल जा रहे हैं। मेरे एक बहादुर और प्यारे साथी और दोस्त जतीन्द्र मोहन सेनगुप्त, जिनसे पहले-पहल मेरी मुलाकात पच्चीस साल हुए कैम्ब्रिज में, जब मैं वहां भर्ती हुआ ही था, हुई थी, अभी-अभी हमें छोड़कर चल दिये हैं। उनकी मौत ब्रिटिश सरकार की क़ैद में हुई है। ज़िन्दगी मौत में डूब जाती है, पर भारतवासियों की जिन्दगी को जीने-लायक बनाने-वाला बड़ा काम जारी है। भारत के निहायत जिन्दा-दिल और अक्सर सबसे ज्यादा दिमागी योग्यतावाले हजारों सुपुत्र और सुपुत्रियां, जेलों में या नज़रबन्दी की

छावनियों में पड़े हुए अपनी जवानी और ताकत भारत को गुलाम बनानेवाले मौजूदा ढांचे से जूझने में खर्च कर रहे हैं। यह जिन्दगी और यह शक्ति नई इमारत खड़ी करने में, तामीरी कामों में, लगाई जा सकती थी। दुनिया में कितना काम करने को पड़ा है ! पर तामीर से पहले तोड़-फोड़ ज़रूरी है, ताकि नई इमारत के लिए ज़मीन तैयार हो जाय। किसी झोंपड़ी की कच्ची दीवारों पर आलीशान इमारत नहीं खड़ी की जा सकती। आज भारत में जो हालत है, वह इस असलियत से अच्छी तरह समझ में आ सकती है कि बंगाल के कुछ हिस्सों में लोगों की पोशाक तक भी सरकारी हुक्मों की पाबन्द है, और अगर कोई दूसरी तरह की पोशाक पहन ले तो जेलखाने भिजवा दिया जाता है। चटगांव में बारह साल से ऊपर की उम्र के छोटे-छोटे लड़कों तक को (और शायद लड़कियों को भी) कहीं भी जाने के लिए अपने साथ शनाख्त के कार्ड लेकर चलना पड़ता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा निराला फ़रमान दुनिया में किसी और जगह भी कभी जारी किया गया हो। शायद नात्सियों के जर्मनी में या दुश्मन के सिपाहियों से घिरे हुए युद्ध-प्रदेशों में भी ऐसा नहीं हुआ होगा। आज अंग्रेजी राज में हमारे राष्ट्र की यह हालत है कि कहीं जाने के लिए भी परवाने की ज़रूरत होती है। और हमारे उत्तर पश्चिमी सीमान्त के उस पार हमारे पड़ोसियों पर ब्रिटिश हवाई जहाज़ बम बरसाते रहते हैं।

दूसरे देशों में हमारे देश-भाइयों की ज़रा भी इज्ज़त नहीं की जाती, कहीं भी उनका स्वागत नहीं किया जाता। और इसमें अचम्भे की कोई बात नहीं है, क्योंकि जब उनकी अपने ही देश में इज्ज़त नहीं है तो दूसरी जगह कैसे हो सकती है ? उन्हें दक्षिण अफ्रीका से निकाला जा रहा है, जहां वे जन्मे, पले और बड़े हुए हैं, और जिसके कुछ हिस्सों को, खासकर नेटाल में, उन्होंने अपनी गाढ़ी मेहनत से बनाया है। रंग-भेद, जातीय नफ़रत आर्थिक तकरार वग़ैरा ने मिलकर दक्षिण अफ्रीका के इन भारतीयों को ऐसा मर्दूद बना दिया है, जिनका न कोई घर है और न कोई आसरा। दक्षिण अफ्रीकी यूनियन की सरकार कहती है कि उन्हें तो बस दक्षिण अफ्रीका हमेशा के लिए छोड़ने को तैयार हो जाना चाहिए। फिर उन्हें जहाज़ों में भरकर ब्रिटिश गायना या किसी दूसरी जगह भेज दिया जायगा, या भारत वापस भेज दिया जायगा, जहां जाकर वे भूखों ही क्यों न मरें।

पूर्वी अफ्रीका में केनिया व इसके इर्द-गिर्द प्रदेशों को बनाने में भारतीयों का बहुत बड़ा हाथ रहा है। पर अब वहां भी इनका रहना पसन्द नहीं किया जाता, इसलिए नहीं कि अफ्रीकी लोग ऐतराज़ करते हैं, बल्कि इसलिए कि मुट्ठीभर यूरोपीय बागान-मालिक ऐतराज़ करते हैं। यहां के अच्छे-से-अच्छे इलाक़े, यानी पठार के प्रदेश, इन बागान-मालिकों के हक में छोड़े हुए हैं। यहां न तो अफ्रीकी लोग धरती के मालिक हो सकते हैं और न भारतवासी। बेचारे अफ्रीकियों की तो बहुत

बुरी हालत है। शुरू में सारी धरती इनके क़ब्जे में थी और उनकी गुजर- बसर का अकेला सहारा थी। सरकार ने इसके बड़े-बड़े टुकड़े ज़ब्त कर लिये, और यूरोपीय प्रवासियों को सौंप दिया। बस, ये प्रवासी या बागान-मालिक आज यहां बड़े-बड़े ज़मींदार बन गये हैं। ये लोग न तो इन्कम-टैक्स देते हैं और न कोई दूसरा टैक्स। टैक्सों का लगभग सारा बोझ बेचारे रौंदे हुए अफ्रीकियों पर पड़ता है। इनसे सीधे टैक्स वसूल करना तो कठिन है, क्योंकि इनके पास होता ही क्या है। इसलिए इनके रहन-सहन की कुछ जरूरी चीजों पर, मसलन आटा, कपड़ा, वगैरा पर टैक्स लगा दिया गया है, ताकि जब वे ये चीजें खरीदें तो उन्हें हेर-फेर से टैक्स देना पड़े। पर सबसे निराला और सीधा टैक्स हर झोंपड़े और हर आदमी पर पोल-टैक्स था, जो सोलह साल की उम्र से ऊपर के हरेक मर्द और उसके आश्रितों पर, जिनमें स्त्रियां भी शामिल की जाती थीं, लगाया जाता था। टैक्स लगाने का नियम यह है कि लोगों की कमाई या मिल्कियत से टैक्स वसूल होना चाहिए। चूंकि अफ्रीकी के पास और कुछ तो था नहीं, इसलिए उसके तन पर ही टैक्स लगा दिया गया। लेकिन अगर उसके पास पैसा नहीं था, तो वह हर आदमी पर बारह शिलिंग सालाना का यह टैक्स किस तरह चुकाता ? बस, इस टैक्स की चालाकी इसी बात में थी, क्योंकि इससे मजबूर होकर उसे यूरोपीय प्रवासियों के बागानों में काम करके कुछ पैसा कमाना पड़ता था और इस तरह टैक्स चुकाना पड़ता था। यह सिर्फ रुपया कमाने की ही तरकीब नहीं थी, बल्कि बागानों के लिए सस्ती मज़दूरी हासिल करने की भी थी। इसलिए पोल-टैक्स चुकाने लायक मज़दूरी कमाने के लिए इन कम्बख्त अफ्रीकियों को कभी-कभी बड़ी दूर-दूर से, देश के भीतरी भागों से, सात-आठसौ मील की दूरी तय करके, समुद्री किनारे के बागानों में आना पड़ता है (देश के भीतर रेलें नहीं हैं और किनारे पर भी बहुत कम हैं)।

बेचारे नित पीसे जानेवाले अफ्रीकियों के बारे में मैं तुम्हें बहुत सारी बातें बतला सकता हूं। ये लोग इतना तक नहीं जानते कि बाहर की दुनिया को अपनी पुकार कैसे सुनावें। इनकी मुसीबतों की कहानी बड़ी लम्बी है, और ये चुपचाप तकलीफें सह रहे हैं। अपनी अच्छी-से-अच्छी धरतियों से निकाले जाने पर इन्हें उन्हीं यूरोपीय लोगों के आसामी बनकर फिर वहीं आना पड़ता है, जिन्हें ये धरती अफ्रीकियों से छीनकर मुफ्त दे दी गई है। वे यूरोपीय ज़मींदार आधे सामन्ती मालिक हैं, और जिन हलचलों को ये पसन्द नहीं करते, वे तमाम दबा दी जाती हैं। अफ्रीकी लोग सुधारों की मांग करने के लिए भी कोई समिति नहीं बना सकते, क्योंकि किसी तरह का चन्दा इकट्ठा करने की मनाही है। एक आर्डिनेंस के ज़रिये नाचों पर भी रोक लगा दी गई है, क्योंकि अफ्रीकी लोग अपने गीतों और नृत्यों में कभी-कभी यूरोपीय तौर-तरीकों की नक़ल उतारते थे और मज़ाक उड़ाते थे। किसान-वर्ग निहायत ग़रीब है, और इन लोगों को चाय या कहवा उगाने की भी

इज़ाजत नहीं है, क्योंकि इससे यूरोपीय बागान-मालिकों के व्यापार में होड़ का अन्देशा है।

तीन साल हुए ब्रिटिश सरकार ने यह ईमानिया ऐलान किया था कि वह अफ्रीकियों की अमानतदार है, और आयन्दा इनकी ज़मीनें इनसे नहीं छीनी जायंगी। मगर अफ्रीकियों की बदकिस्मती से पिछले साल केनिया में सोने की खान निकल आई। बस, वह ईमानी वादा भुला दिया गया। यूरोपीय बागान-मालिक इस ज़मीन पर टूट पड़े, इन्होंने अफ्रीकी किसानों को निकाल बाहर किया और सोने के लिए खुदाई शुरू कर दी। अंग्रेजों के वचनों का यह हाल हुआ। कहा यह जाता है कि आखिरकार इस सारी कार्रवाई से अफ्रीकियों का ही भला होनेवाला है, और ये लोग अपनी ज़मीनें छिन जाने से बहुत खुश हैं।

सोने की खानों के इलाके में सोना निकलवाने का यह पूंजीवादी तरीक़ा बड़ा ही निराला है। इसके लिए लोगों को एक मुकर्रर जगह से सचमुच दौड़ाया जाता है, और हरेक आदमी दौड़कर उस इलाक़े के कुछ हिस्से पर कब्जा कर लेता है और वहां खुदाई शुरू कर देता है। उसके हिस्से में आनेवाले टुकड़े में ज्यादा सोना निकलता है या नहीं, यह उसके नसीब की बात है। यह तरीक़ा पूंजीवाद के रवैयों का नमूना है। सोने की किसी खान के बारे में फैसला करने का सबसे अच्छा तरीक़ा तो यह हो सकता है कि उस देश की सरकार उसपर कब्जा कर ले और सारे राज्य के फायदे के लिए उसकी खुदाई करे। ताजिकिस्तान में व दूसरी जगहों पर सोवियत-संघ अपनी सोने की खानों में ऐसा ही कर रहा है।

संसार पर इस आखिरी निगाह डालने में मैंने केनिया का कुछ ज़िक्र इसलिए किया है कि इन पत्रों में हमने अफ्रीका को छोड़ दिया है। याद रहे कि यह बड़ा लम्बा-चौड़ा महाद्वीप है और इसमें अफ्रीकी जातियां भरी पड़ी हैं, जिनका विदेशी लोग सैकड़ों वर्षों से शोषण करते आये हैं और अब भी कर रहे हैं। ये बहुत ही पिछड़े हुए हैं, पर इन्हें दबाकर रक्खा गया है, और आगे बढ़ने का मौक़ा नहीं दिया गया है। जहां कहीं इन्हें ऐसा मौका दिया गया है, जैसाकि हाल ही में पश्चिमी किनारे पर क़ायम किये गए एक विश्वविद्यालय में हुआ है, वहां इन लोगों ने मार्के की तरक्की की है।

पश्चिमी एशिया के देशों के बारे में तो मैं काफ़ी लिख चुका हूं। इन देशों में और मिस्र में आज़ादी की जंग कई शक्लों में और अलग-अलग हालतों में चल रही है। यही बात दक्षिण-पूर्वी एशिया में, भारत से दूर के भाग में, और इन्डोनेशिया में यानी स्याम, हिंद-चीन, जावा, सुमात्रा, फ़िलिपाइन टापुओं वग़ैरा में, हो रही है। स्वाधीन स्याम के सिवा बाकी सब जगह इस जंग के दो पहलू हैं : एक तो विदेशी

हुकूमत के खिलाफ राष्ट्रीय उमंग और दूसरे रौंदे हुए वर्गों की समाजी बराबरी के लिए, या कम-से-कम आर्थिक बेहतरी के लिए उमंग।

एशिया के दूर पूर्व में भारी-भरकम चीन अपने हमलावरों के आगे बेकस पड़ा है, और अन्दरूनी फूट से बहुत-से टुकड़ों में बंट रहा है। इसका एक रुख तो साम्यवाद की तरफ़ है, और दूसरा साम्यवाद से सख्त नफ़रत कर रहा है। और इस बीच जापान बे-रोक-टोक आगे बढ़ता चला जा रहा है, और चीन के बड़े-बड़े इलाकों पर कब्ज़ा जमा रहा है। मगर अपने इतिहास के लम्बे दौर में चीन कितने ही ज़बर्दस्त हमलों और खतरों से जीता बच गया है, और इसमें ज़रा भी शक नहीं कि वह इस जापानी हमले से भी जीता बच जायगा।

साम्राज्यवादी जापान, जो आधा-सामन्ती, फौजी असर से दबा हुआ, मगर फिर भी उद्योगों में बहुत आगे बढ़ा हुआ, और बीते कल व आज की अजीब खिचड़ी है, एक विश्व-साम्राज्य की हविस के सपने संजो रहा है। पर इन सपनों के पीछे एक तो यह असलियत है कि आर्थिक ढांचा चूर-चूर होने का खतरा सामने खड़ा है, दूसरे जापान की उस बढ़ती हुई घनी आबादी की जबर्दस्त मुसीबत है, जिसके लिए अमेरिका और आस्ट्रेलिया की लम्बी-चौड़ी ग़ैर-आबाद जगहों के रास्ते बन्द कर दिये गए हैं। और इन सपनों के पूरा होने में एक जबर्दस्त रुकावट है आज के सबसे शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका की दुश्मनी। एशिया में जापान के पैर पसारने में दूसरी ज़बर्दस्त रुकावट सोवियत रूस है। लेकिन तीखी नजरवालों को मंचूरिया में और गहरे प्रशान्त महासागर की सतह पर एक महायुद्ध की छाया को अभी से उतरती हुई दिखाई दे रही है।

समूचा उत्तरी एशिया सोवियत संघ का हिस्सा है और एक नई दुनिया व नई समाजी व्यवस्था रचने व खड़ी करने में मशगूल है। अजीब बात है कि ये पिछड़े हुए देश, जो सभ्यता की दौड़ में पीछे रह गये थे और जहां एक तरह की सामन्तशाही अभी तक चालू थी, आगे छलांग मारकर ऐसे दर्जे पर पहुंच गये हैं, जो पश्चिम के आगे बढ़े हुए राष्ट्रों से भी आगे है। यूरोप व एशिया में सोवियत संघ आज खड़ा होकर पश्चिमी जगत के लड़खड़ाते हुए पूंजीवाद को चुनौती दे रहा है। जहां व्यापार की मन्दी व गिरावट, और बेकारी, और बार-बार आनेवाले संकट पूंजीवाद को बे-असर बना रहे हैं और पुरानी व्यवस्था आखिरी सांस ले रही है, वहां सोवियत-संघ उमंग, तेजी और जोश से भरा हुआ देश है और वह नई समाजी व्यवस्था तैयार करने व कायम करने में सरगर्मी से जुटा हुआ है। और यह छलछलाती हुई जवानी और जिन्दगी, और वह सफलता जो सोवियत-संघ हासिल कर चुका है, दुनिया-भर के विचारवान लोगों पर अपनी छाप डाल रहे हैं और उनका ध्यान खींच रहे हैं।

दूसरा लम्बा-चौड़ा इलाका संयुक्त राज्य अमेरिका, पूंजीवाद की असफलता

का नमूना पेश कर रहा है। चारों तरफ महान कठिनाइयों, संकटों, हड़तालों और असाधारण बेरोजगारी से घिरा होने पर भी यह देश अपनी गाड़ी खींचने की और पूंजीवादी व्यवस्था को बरक़रार रखने की जी-तोड़ कोशिश कर रहा है। देखना है कि इस बड़े तजरबे का क्या नतीजा निकलता है। नतीजा चाहे जो हो, अमेरिका को जितनी आसाइशें मुहैया हैं, क्या तो उसके लम्बे-चौड़े प्रदेश में, जो जिन्दगी की सारी ज़रूरी चीजों से भरपूर है, क्या उसके तकनीकी साधनों में, जो संसार के किसी भी देश से ज्यादा बड़े हैं, और क्या उसके हुनरमंद व खूब सीखे हुए लोगों में, उन्हें कोई नहीं छीन सकता। सोवियत संघ की ही तरह संयुक्त राज्य अमेरिका भी आगे चलकर विश्व के मामलों में बहुत ही महत्व का हिस्सा लेगा, इसमें कोई शक नहीं है।

और लातीनी राष्ट्रोंवाला दक्षिण अमेरिका का बड़ा महाद्वीप तो उत्तर अमेरिका से बिल्कुल ही निराला है। उत्तर अमेरिका जैसा नस्ली-तास्सुब यहां ज़रा-भी नहीं है, और जुदा-जुदा नस्लें खूब मिलकर एक हो गई हैं, जिनमें दक्षिण यूरोपीय स्पेनी, पुर्तगाली, इटालवी, हबशी, और अमरीकी महाद्वीपों के आदिम-निवासी 'रेड-इडियन'[1] वगैरा शामिल हैं। कनाडा और संयुक्त राज्य में ये रेड इण्डियन क़रीब-करीब ख़तम हो गये हैं, पर दक्षिण अमेरिका में, खासकर वैनेन्जुला में ये काफ़ी संख्या में अभी तक पाये जाते हैं। ये लोग ज़्यादातर बड़े-बड़े शहरों से दूर रहते हैं। तुम्हें यह जानकर शायद ताज्जुब होगा कि ब्यूनस-एरस व रियो दे ज़नेरो वग़ैरा कुछ दक्षिण अमेरिकी शहर महज बहुत बड़े ही नहीं हैं, बल्कि बहुत सुन्दर भी हैं, और इनमें सघन पेड़ों की कतारोंवाले शानदार रास्ते हैं। अर्जेन्टिना की राजधानी ब्यूनस एरीस की आबादी पच्चीस लाख है, और ब्राज़ील की राजधानी रियो दे ज़नेरो की करीब बीस लाख।

हालांकि यहां नस्लें मिलकर एक हो गई है, पर हुकमत की बागडोर गोरे अमीर-वर्ग के हाथों में है। जिस गुट्ट या गिरोह का फौज या पुलिस पर क़ब्ज़ा होता है, वही आम तौर पर राज करता है। और, जैसा कि मैं लिख चुका हूं, ऊपर ही-ऊपर कितनी ही बार क्रान्तियां हुई हैं। सारे-के-सारे दक्षिण अमेरिकी देशों में खनिजों के बड़े भण्डार मौजूद हैं, इसलिए इसके पास जमीन में छिपी हुई बहुत दौलत है। पर इसीके बीच ये कर्जों में डूबे हुए हैं, और चार साल पहले ज्योंही संयुक्त

---

[1] **अमेरिकी महाद्वीपों के आदिम निवासी 'रेड इण्डियन' कहलाते हैं। इसका कारण यह है कि पुर्तगाल का मशहूर नाविक कोलम्बस जब भारत की खोज में निकला तो अमेरिका जा पहुंचा और उसने उसे ही भारत समझ लिया। इसलिए वहांके निवासियों को इण्डियन कहा जाने लगा; बाद में जब यह गलती मालूम हुई तो उनका नाम 'रेड इण्डियन' रख दिया गया, क्योंकि उनका रंग तांबे जैसा लाल होता है।**

राज्य अमेरिका ने इन्हें रुपया उधार देना बन्द किया, त्योंही ये बुरे झमेले में पड़ गये, और जगह-जगह क्रान्तियां हो गईं। रुपये की तंगी की वजह से दक्षिण अमेरिका के तीन मुख्य देश, अर्जेण्टिना, ब्राजील और चिले भी, जो ए-बी-सी-[1] देश कहलाते हैं, क्रान्तियों के शिकार हो गये।

१९३२ ई० की गर्मियों के बाद दक्षिण अमेरिका में दो छोटे-छोटे घरेलू युद्ध हो चुके हैं, पर मंचूरिया के जापानी युद्ध की तरह इन्हें बाक़ायदा युद्ध नही माना जाता। जबसे राष्ट्रसंघ का इक़रारनाम, 'केलॉग-शान्ति-करार' और दूसरे क़रार हुए हैं, तबसे युद्ध होते ही नहीं है। जब कोई राष्ट्र दूसरे राष्ट्र पर धावा मारता है और उसके नागरिकों की हत्या करता है, तो यह 'मुठभेड़' (Conflict) कहलाती है, और चूंकि क़रारों में 'मुठभेड़ों' के लिए मनाही नहीं है, इसलिए सब मजे में है। मंचूरिया के युद्ध के सिवा इन छोटे-छोटे युद्धों का दुनिया की नज़र से कोई महत्व नहीं है। पर इनसे यह जरूर साबित हो जाता है कि राष्ट्रसंघ से लगाकर अनगिनती क़रारों और समझौतों तक, संसार में अमन क़ायम करने की सारी तरकीब, जिसकी खूब डींग हांकी जाती है, कितनी कमजोर और निकम्मी है। राष्ट्रसंघ का एक सदस्य दूसरे सदस्य पर धावा बोल देता है, और संघ लाचार बैठा देखा करता है, या झगड़े को निपटाने के बोदी और निपट बेकार कोशिशें करता है।

ऐसा ही एक युद्ध या 'मुठभेड़' दक्षिण अमेरिका के जंगली इलाकों के चाको नामक टुकड़े के लिए, बोलिविया और पैरग्वे के बीच चल रहा है। एक फ्रान्सीसी ने कहा है : "चाको जंगल के लिए बोलिविया और पैरग्वे का झगड़ा मुझे एक कंघे के लिए लड़नेवाले दो गंजों की याद दिलाता है।" यह झगड़ा बेवकूफ़ का तो है पर इतना बेहूदा नहीं है। इस लम्बे-चौड़े जंगली प्रदेश मे मिट्टी के तेल निकलानेवालों के स्वार्थ फंसे हुए हैं, और इसमें होकर बहनेवाली पैरग्वे नदी बोलिविया को अतलांतिक महासागर से जोड़ती है। दोनों देश आपस में समझौता करने को तैयार नहीं हैं, और अबतक हज़ारों जानें झोंक चुके हैं।

दूसरी मुठभेड़, लैटीशिया नामक गांव के लिए कोलम्बिया और पेरू के बीच हो रही है। इस गांव पर पेरू ने नाजायज़ कब्जा कर लिया है। मेरा ख्याल है कि राष्ट्रसंघ ने पेरू की कड़ी आलोचना की थी।

लातीनी अमेरिका में (जिसमें मैक्सिको भी शामिल है) कैथलिक मज़हब फैला हुआ है। मैक्सिको में राज्य और कैथलिक पादरियों के बीच घमासान लड़ाइयां हुई हैं। स्पेन की तरह मैक्सिको की सरकार भी शिक्षा और दूसरे सब मामलों में रोमन चर्च के लम्बे-चौड़े इख्तियारों पर लगाम लगाना चाहती थी।

[1] ये तीनों देशों के नामों के पहले वर्ण हैं।

दक्षिण अमेरिका में स्पेनी भाषा बोली जाती है, सिवा ब्राजील के जिसकी सरकारी भाषा पुर्तगाली है। इतने लम्बे-चौड़े प्रदेश में सरसब्ज होने की वजह से स्पेनी भाषा आज दुनिया की सबसे बड़ी भाषाओं में गिनी जाती है। यह एक सुन्दर और झंकारी भाषा है, जिसका नया साहित्य बड़ा शानदार है, और दक्षिण अमेरिका की वजह से अब तो यह बड़े ही महत्व की व्यापारी भाषा भी हो गई है।

: १९५ :
युद्ध की छाया

८ अगस्त, १९३३

पिछले पत्र में हमने एशिया, अफ्रीका और अमेरिका के दोनों महाद्वीपों पर सरसरी नज़र दौड़ाई है। अब यूरोप बाक़ी रहता है, वह यूरोप जिसमें झंझटें और आपसी झगड़े हैं, पर फिर भी बहुत सारे गुण हैं।

इंग्लैण्ड, जो इतने दिनों से विश्व की अगुआ शक्ति था, अब अपनी पुरानी व सबसे ऊंची हैसियत खो चुका है, और जो कुछ बचा है, उसे क़ायम रखने की भरपूर कोशिश कर रहा है। उसकी समुद्री ताक़त, जिसकी वजह से वह सुरक्षित था और दूसरों के ऊपर रौब जमाता था, और जिसके सहारे वह अपना साम्राज्य बना सका था, अब पहले जैसे नहीं रह गई। कुछ ही दिन पहले, एक वक्त था जब इंग्लैण्ड का जंगी बेड़ा किन्हीं दो बड़ी शक्तियों के शामिल जंगी-बेड़ों से भी बड़ा था। आज वह सिर्फ संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ बराबरी का दावा कर सकता है, और अमेरिका के पास इतने साधन हैं कि ज़रूरत पड़ने पर वह बहुत जल्दी इंग्लैण्ड से ज़्यादा जहाज तैयार कर सकता है। मगर आज समुद्री ताक़त से भी ज़्यादा महत्व की चीज़ हवाई ताक़त है और इस मामले में इंग्लैण्ड और भी कमजोर है। कई शक्तियों के पास इंग्लैण्ड से ज्यादा लड़ाकू हवाई जहाज हैं। व्यापार में भी उसकी सरदारी जाती रही है और इसके फिर हासिल होने की उम्मीद नहीं है। उसका बड़ा भारी निर्यात-व्यापार भी दिन-पर-दिन गिरता जा रहा है। ऊंचे-ऊंचे महसूलों और ख़ास तिजारती सहूलियतों के ज़रिये वह साम्राज्य की मंडियां अपने माल के लिए बची रखने के यत्न कर रहा है। इसीका यह मतलब है कि उसने साम्राज्य के बाहर विश्व-व्यापार की हविस का ख़याल छोड़ दिया है। अगर इस छोटे दायरे में उसे सफलता भी मिल जाय तो इससे उसकी पुरानी सरदारी दुबारा हासिल नहीं हो सकती। वह तो सदा के लिए हाथ से निकल गई, पर साम्राज्य के भीतर भी यह सीमित सफलता भी कितनी है या कितने दिन टिकेगी, यह नहीं कहा जा सकता।

अमेरिका के साथ ज़बर्दस्त कुश्ती के बाद भी, इंग्लैण्ड अभी तक सारी दुनिया

के व्यापार का साहूकारी केन्द्र है, और लन्दन शहर इसके लिए विनिमय का केन्द्र है। पर ज्यों-ज्यों दुनिया का व्यापार सिकुड़ता और खतम होता जाता है, त्यों-त्यों इस लूटी हुई चीज़ की सारी चमक-दमक और सारा महत्व भी छिनता जा रहा है। आर्थिक राष्ट्रीयता, रक्षात्मक चुंगियां वग़ैरा की अपनी नीतियों की वजह से इंग्लैण्ड व दूसरे देश दुनिया के व्यापार की इस घटोतरी में ख़ुद ही मददगार बन रहे हैं। अगर दुनिया का व्यापार बहुत बड़ी हद तक बना भी रहे, और मौजूदा ढांचा क़ायम भी रहे तो भी इसमें कोई शक नहीं कि दुनिया की साहूकार-नेतागिरी एक-न-एक दिन लन्दन के हाथ से निकलकर न्यूयार्क के हाथ में चली जायगी। पर हो सकता है कि इस चीज के होने से पहले ही पूजीवादी ढांचे में भारी रद्दो-बदल हो चुकेंगे।

इंग्लैण्ड की यह शोहरत है कि वह अपनेको बदलती हुई हालतों के मुताबिक ढाल लेता है। पर यह शोहरत तभी तक वाजिब है जबतक कि उसके समाजी आधार को धक्का न लग और उसके मिल्कियतवाले वर्गों की सहूलियतें बरक़रार रहें। अभी तो यह देखना है कि हालतों के मुताबिक ढलने की यह गुजाइश इंग्लैण्ड को बुनियादी समाजी परिवर्तनों में से पार निकालकर ले जाती है या नहीं। यह संभावना बहुत ही कम है कि इस किस्म का परिवर्तन चुपचाप और झगड़े-फिसाद के बिना हो जायगा। सत्ता और सहूलियतें भोगनेवाले, इन चीजों को अपनी मर्जी से नहीं छोड़ा करते।

इसी दरम्यान इंग्लैण्ड बड़ी दुनिया से अपने साम्राज्य में सिकुड़ता आ रहा है, और इस साम्राज्य को बचाने के लिए वह इसके ढांचे में बड़ी रद्दो-बदल को तैयार है। हालांकि उसके उपनिवेश ब्रिटिश साहूकारी ढांचे के साथ कई तरह से बंधे हुए हैं, पर फिर भी वे कुछ हद तक स्वाधीन हैं। अपने विकासी उपनिवेशों को खुश रखने के लिए इंग्लैण्ड ने बहुत-कुछ कुर्बानियां की हैं, पर फिर भी दोनों के बीच झगड़े खड़े होते रहे हैं। आस्ट्रेलिया के तो हाथ-पांव बैंक ऑव इंग्लैण्ड से बंधे हुए हैं, और जापानी हमले के डर से वह इंग्लैण्ड के साथ और भी मजबूती से बंध गया है। कनाडा के बढ़ते हुए उद्योग इंग्लैण्ड के कुछ उद्योगों का मुकाबला करने लगे हैं, और उनके आगे घुटने टेकने को तैयार नहीं है। इसके अलावा, अपने बड़े पड़ौसी संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ कनाडा के अनेक ताल्लुक़ात हैं। दक्षिण अफ्रीका में साम्राज्य के हक में कुछ अच्छे जज़्बे नहीं हैं, हालांकि पुरानी कड़वाहट अब नहीं रही है। आयर्लैण्ड अपने बल-बूते पर खड़ा है, और आंग्ल-आयरी तिजारती झगड़ा अभी तक चल रहा है। आयर्लैण्ड के माल पर इंग्लैण्ड ने चुंगियां लगाईं तो इस इरादे से थीं कि वह डरकर और जबरन मजबूर होकर घुटने टेक देगा, पर इसका असर उलटा हुआ। इनकी वजह से आयर्लैण्ड के उद्योगों और खेती-बाड़ी को बड़ी भारी चेतना मिली है, और आयर्लैण्ड बहुत हद तक कामयाबी के साथ अपने पांवों पर खड़ा होने लायक और अपनी जरूरतें खुद पूरी करने लायक बन रहा है। नये-नये कारखाने

खुल गये हैं, और जिस जमीन हर पहले घास उगती थी वहां अब अनाज पैदा हो रहा है। खाने की जो चीजें पहले इंग्लैण्ड भेजी जाती थीं, वह अब यहीं के लोगों को मिल रही है, और उनके रहन-सहन का दर्जा ऊंचा हो रहा है। डि वेलेरा ने अपनी नीति बड़ी शान के साथ सही साबित कर दी है, और आयर्लैण्ड आज इंग्लैण्ड की साम्राज्य-शाही के लिए कांटा बन रहा है, क्योंकि वह लड़ने और मुकाबले करने पर आमादा हो रहा है, और ओटावा-सरीखी सांठ-गांठ से उसका मेल बिल्कुल नही बैठ रहा।

इसलिए, अपने उपनिवेशों के साथ तिजारती ताल्लुकों से इंग्लैण्ड ज्यादा नफ़ा उठाने की हैसियत मे नही है। हां, भारत से वह बहुत-कुछ नफा उठा सकता है, क्योंकि भारत उसके लिए अभी तक बडा बाजार बना हुआ है। पर भारत की राजनैतिक हालते, और साथ ही यहा के लोगों की आर्थिक मुसीबतें इंग्लैण्ड के व्यापार के हक मे नही है! लोगो को जलों मे ठूसकर उन्हें अंग्रेजी माल खरीने को मजबूर नही किया जा सकता। स्टैनली बाल्डविन ने इन्हीं दिनों मेन्चैस्टर में कहा था :

"वे दिन लद गये जब हम भारत से अपनी बात मनवा सकते थे और कह सकते थे कि वह अपना माल कब और कहां खरीदे। व्यापार की हिफाज़त (भारत की) मरजी पर ही थी। हम सगीन की नोक पर कपड़े की फरियां लगाकर भारत को अपना माल कभी नहीं बेच सकेंगे।"

भारत की अन्दरूनी हालतों के अलावा, इंग्लैण्ड को यहां, और पूर्व के दूसरे देशों मे, और कुछ उपनिवेशो मे, भी जापान की ज़बर्दस्त होड़ का सामना करना पड़ रहा है।

बस, इंग्लैण्ड अपने साम्राज्य को एक आर्थिक इकाई बनाकर, जो कुछ उसके पास है, उसे बचाने की भरसक कोशिश कर रहा है। इस इकाई में डेनमार्क या नारवे और स्वीडन वगैरा ऐसे छोटे-छोटे देशों को भी जोड़ता जा रहा है, जो उससे समझौते कर लेते है। घटनाओ का क़ुदरती सिलसिला ही उसे यह नीति अपनाने को मजबूर कर रहा है, दूसरा कोई रास्ता ही नही है। युद्ध के जमानों में अपने बचाव के लिए भी उसे अपनी जरूरते खुद पूरी करने की ज्यादा जरूरत है। इसलिए वह अपनी खेती-बाड़ी का भी विकास कर रहा है। आर्थिक राष्ट्रीयता की यह साम्राज्य-शाही नीति कहांतक कामयाब होगी, यह आज कोई नहीं कह सकता। इस कामयाबी में रुकावट डालनेवाली कई कठिनाइयां मैंने बतलाई हैं। अगर नाक़ामयाबी आई तो साम्राज्य का सारा ढांचा टूटकर गिर पड़ेगा, और तब अंग्रेजों को अपने रहन-सहन का दर्जा घटाने की समस्या का सामना करना पड़ेगा। हां, अगर वे अपनी अर्थ-व्यवस्था को बदलकर समाजवादी ढंग की बना लें तो बात दूसरी है। पर इस नीति की कामयाबी भी खतरे से खाली नहीं है, क्योंकि इसके सबब से शायद कई यूरोपीय देश बरबाद हो जायं कि उनके व्यापार का निकास काफ़ी तौर पर न हो

सके। इधर इंग्लैण्ड के कर्ज़दारों का दिवाला निकलने से ख़ुद उसीकी हैसियत को धक्का पहुंचे बिना नहीं रहेगा।

जापान और अमेरिका के ख़िलाफ़ भी आर्थिक टकराव पैदा होने लाजिमी हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ तो कई मैदानों में मुक़ाबलेबाज़ी चल ही रही है। और दुनिया की आज की हालत में संयुक्त राज्य तो अपने काफ़ी साधनों के सहारे आगे बढ़ेगा ही, और इंग्लैण्ड गिरता जायगा। इस सिलसिले का सिर्फ़ यही अंजाम हो सकता है कि इस लड़ाई में इंग्लैण्ड चुपचाप हार मान ले, या यह है कि जो कुछ उसके पास है, उसे बचाने की आख़िरी कोशिश में वह युद्ध की जोखिम उठावे, पेश्तर इसके कि यह भी हाथ से निकल जाय, और उसमें अपने प्रतिस्पर्द्धी का सामना करने की ताक़त भी न रहे।

इंग्लैण्ड का एक और बड़ा प्रतिस्पर्द्धी सोवियत-संघ है। ये दोनों ज़मीन-आसमान के फ़र्कवाली नीतियों के हामी हैं। दोनों एक दूसरे को आंखें दिखा रहे हैं, और एक दूसरे के ख़िलाफ़ सारे यूरोप और एशिया में साज़िशें कर रहे हैं। कुछ देर तक ये दोनों शक्तियां आपस में सुलह भले ही बनाये रक्खें, पर इनके आपसी मतभेद दूर करना बिल्कुल असंभव है, क्योंकि ये जुदा-जुदा आदर्शों के हामी हैं।

इंग्लैण्ड आज एक संतुष्ट शक्ति है, क्योंकि जो कुछ उसे चाहिए वह सब उसके पास मौजूद है। उसे यह डर है कि कहीं यह छिन न जाय, और यह डर वाजिब है। वह मौजूदा हालत को बरकरार रखने की और इसके ज़रिये अपनी मौजूदा हैसियत को क़ायम रखने की भरसक कोशिश कर रहा है और इस मतलब के लिए रा ट्र-संघ का इस्तेमाल कर रहा है। लेकिन घटनाओं के ज़ोर को रोकना उसके या दूसरी किसी शक्ति के बस की बात नहीं है। इसमें शक नहीं कि आज वह बहुत मजबूत है, पर साथ ही इसमें भी शक नही कि साम्राज्यशाही शक्ति की हैसियत से वह कमज़ोर हो रहा है और गिर रहा है। हम उसके महान साम्राज्य देख रहे हैं।

इंग्लैण्ड के उस पार यूरोप महाद्वीप में फ्रान्स है। यह भी एक साम्राज्यशाही शक्ति है, जिसका अफ्रीका व एशिया मे एक बड़ा साम्राज्य है। फ़ौज़ी ताक़त के लिहाज से यह यूरोप का सबसे ज़्यादा ताक़तवर राष्ट्र है।[1] इसके पास ज़बर्दस्त फ़ौ । है, और यह पोलैण्ड, चैकोस्लोवाकिया, बेल्जियम, रूमानिया, यूगोस्लाविया, वगैरा राष्ट्रों के गुट्ट का नेता है। मगर फिर भी यह जर्मनी की तेज़-तर्रारी और लड़ाकू मनोवृत्ति से डरता है, खासकर जब से हिटलर का राज हुआ है। वास्तव में हिटलर ने पूंजी-

---

[1] जर्मनी के दुबारा हथियाबन्द होने के बाद फ्रान्स की यह हैसियत नहीं रही। सितम्बर १९३८ ई० के 'म्यूनिख़ करार' के बाद फ्रान्स दूसरे दर्जे की शक्ति बन गया है। मध्य यूरोप में इसके साथी राष्ट्रों का गुट्ट भी टूट गया है।

वादी फ्रान्स और सोवियत रूस के आपसी ख़यालों में मार्के की तबदीली पैदा कर दी है। दोनों का एक ही दुश्मन होने से ये आपस में अच्छे दोस्त बन गये हैं।

जर्मनी में नात्सी आतंक अभी तक चल रहा है, और नये-नये जुल्मों व अत्याचारों के समाचार रोज़ आते रहते हैं। यह कहना नामुमकिन है कि ये ज़ालिमाना हरकतें कबतक चलती रहेंगी; इन्हें चलते हुए कितने ही महीने बीत गये, पर अभी तक इनमें कोई कमी नहीं है। ऐसा अत्याचार किसी टिकाऊ हुकूमत का चिह्न कभी नहीं हो सकता। हो सकता है कि अगर जर्मनी फ़ौज़ी ताक़त के लिहाज़ से काफ़ी ताक़तवर होता तो यूरोप में कभी का युद्ध छिड़ गया होता। यह युद्ध आगे भी छिड़ सकता है। हिटलर को यह कहने का शौक़ है कि वह साम्यवाद से बचानेवाला आखिरी सहारा है। शायद यह बात सही हो, क्योंकि जर्मनी में अब हिटलर-शाही की जगह सिर्फ़ साम्यवाद ही ले सकता है।

मुसोलिनी के मातहत इटली का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीति की तरफ़ रवैया निहायत रूखा, हक़ीक़त के मुताबिक़ चलनेवाला और ख़ुदग़रज़ है। दूसरे राष्ट्रों की तरह यह अमन और आपसी मेलजोल के पाखंडी फ़िकरे नहीं बोलता। वह तो युद्ध के लिए जी-जान से तैयारी कर रहा है, क्योंकि उसे पक्का यक़ीन है कि एक-न-एक दिन युद्ध छिड़ना लाज़िमी है। साथ ही वह अपनी हैसियत जमाने के दांव-पेच भी कर रहा है। फ़ासीवादी होने से वह जर्मनी में फ़ासीवाद का स्वागत करता है, और हिटलर-पन्थियों से दोस्ती का वास्ता रखता है। पर उधर वह जर्मन नीति के सबसे ऊंचे मकसद आस्ट्रिया के साथ एकीकरण[1] का विरोध करता है। ऐसे एकीकरण के जर्मनी की सरहद ठेठ इटली की सरहद से मिल जायगी, और मुसोलिनी को अपने जर्मन फ़ासीवादी बिरादर की यह नज़दीकी पसन्द नहीं है।

मध्य यूरोप तो ऐसे छोटे-छोटे राष्ट्रों की खदबदाती हुई खिचड़ी है, जो मन्दी और महायुद्ध के असरों के पंजे में छटपटा रहे हैं, और अब हिटलर और उसके नात्सी-दल के डर के मारे जिनके होश बिल्कुल गुम हो रहे हैं। मध्य यूरोप के इन सारे देशों में, और ख़ासकर आस्ट्रिया जैसे देशों में जहां जर्मन लोग रहते है, नात्सी दलों का ज़ोर बढ़ रहा है। मगर नात्सी-विरोधी भावना भी ज़ोर पकड़ रही है, और नतीजा यह है कि दोनों में टक्कर हो रही है। आजकल इस टक्कर का ख़ास मैदान आस्ट्रिया है।

कुछ समय हुआ, शायद १९३२ ई० की बात है, मध्य यूरोप और डेन्यूब के इलाके के तीन फ्रान्स-हिमायती राज्यों—चैकोस्लोवाकिया, रूमानिया और

---

[1] **जर्मनी ने मार्च १९३८ ई० में आस्ट्रिया पर हमला करके उसे अपने में मिला लिया। हालतों से मजबूर होकर मुसोलिनी ने इसे मान तो लिया पर इस परिवर्तन का इटली ने कड़ा विरोध किया।**

यूगोस्लाविया—ने अपना एक संघ या गुट्ट बनाया था। महायुद्ध के तस्फ़िये से इन तीनों राज्यों को फ़ायदा हुआ था, इसलिए जो कुछ मिला था, उसे ये बचाना चाहते थे। इस इरादे से इन्होंने आपस में मिलकर एक गुट्ट बना लिया, जो वास्तव में युद्ध के लिए गठ-जोड़ था। यह 'लिटल एन्तान्त' यानी छोटे राष्ट्रों को मित्रता कहलाता है। इन तीन राज्यों का यह गुट्ट यूरोप में एक तरह से एक नई शक्ति बन गया है, जो फ्रान्स-हिमायती और नात्सी-विरोधी है और इटली की नीति के भी खिलाफ़ है।

जर्मनी में नात्सियों की शानदार कामयाबी इस छोटे गुट्ट और पोलैण्ड के लिए ख़तरे की घण्टी थी, क्योंकि नात्सी लोग सिर्फ़ वर्साई की सन्धि को ही नहीं पलटवाना चाहते थे (जर्मनी के सभी लोग यह चाहते थे), बल्कि इस तरह की बातें करते थे, जिनसे युद्ध का अन्देशा बढ़ता हुआ मालूम होता था। नात्सियों की भाषा और उनके दांव-पेच इतने धमकीभरे और बेलगाम थे कि आस्ट्रिया, हंगरी वग़ैरा राज्य, जो वर्साई की सन्धि में रद्दो-बदल कराना चाहते थे, वे तक भी इनसे सहम गये। हिटलरशाही के सबब से और इसके डर के मारे, मध्य व पूर्व यूरोप के राज्य, यानी 'लिटल एन्तान्त', पोलैण्ड, आस्ट्रिया, हंगरी और बलकानी राज्य, जो एक-दूसरे से सख़्त नफ़रत करते थे, वे सारे एक दूसरे के ज़्यादा पास खिंच आये। इनमें आपसी आर्थिक मेल की भी चर्चा चल रही है। जबसे जर्मनी में नात्सी विस्फोट हुआ है तब-से ये देश, और खासकर पौलैण्ड व चैकोस्लोविकिया, सोवियत रूस की तरफ़ भी ज़्यादा दोस्ती दिखाने लगे हैं। कुछ सप्ताह पहले इन देशों और रूस के बीच एक-दूसरे पर हमला न करने का जो क़रार हुआ था, वह भी इसी चीज का फल था।

मैं लिख चुका हूं कि स्पेन में इन्हीं दिनों क्रान्ति हुई है। यह अभी जमकर बैठी नहीं है, और दूसरा युद्ध किनारे मंडराता हुआ मालूम होता है। यूरोप में आजकल जो लड़ाई-झगड़े और बैर-भाव फैले हुए हैं, और राष्ट्रों के मुक़ाबलेदार गुट्ट एक-दूसरे पर आंखें तरेर रहे हैं, इनकी वजह से यह हमें एक अजीब शतरंज जैसा दिखाई देता है। इधर तो हथियार-बन्दी की चर्चाएं चल रही हैं, और उधर हर जगह हथियार सज रहे हैं, और युद्ध व सत्यानास के भयानक हथियार ईजाद हो रहे हैं। अन्तर्राष्ट्रीय सहयोग की भी काफ़ी चर्चा है और अनगिनती सम्मेलन बुलाये जा चुके हैं। लेकिन ये सब बे-मतलब साबित हुए हैं। राष्ट्र-संघ ख़ुद ही बुरी तरह असफल रहा है, और विश्व आर्थिक सम्मेलन में मिलकर काम करने का जो आख़िरी यत्न किया गया था, वह भी सफल नहीं हो पाया। एक सुझाव यह है कि यूरोप के सारे देश, या यों कहो कि रूस को निकालकर सारा यूरोप, आपस में मिलकर एक क़िस्म का यूरोप का 'संयुक्त राज्य' बना लें। यह 'अखिल-यूरोप' आन्दोलन कहलाता है। यह सचमुच इस बात की कोशिश है कि एक तो सोवियत-विरोधी गुट्ट बन जाय, और दूसरे इतने ज़्यादा

छोटे-छोटे राष्ट्रों की वजह से जो अनगिनती कठिनाइयां और उलझनें पैदा हो रही हैं, वे हल हो जायं। पर राष्ट्रीय बैर-भाव इतने ज़ोरदार हैं कि ऐसे सुझाव पर कोई ध्यान नहीं दे सकता।

सच तो यह है कि हरेक देश दूसरे देशों से दूर-ही-दूर बहता जा रहा है। मन्दी और अंतर्राष्ट्रीय संकट ने सारे देशों को आर्थिक राष्ट्रीयता के रास्ते की तरफ़ धक्का देकर इस सिलसिले की रफ़्तार और भी तेज़ कर दी है। हरेक देश रक्षात्मक चुंगियों के ऊंचे परकोटे में बैठ गया है, और जहांतक हो सके विदेशी माल को अपने यहां न आने देने की कोशिशें करता है। कोई भी देश सारी विदेशी चीज़ों का आना तो रोक ही नहीं सकता। क्योंकि वह अपनी ज़रूरत की सारी चीज़ें पैदा नहीं कर सकता। लेकिन कोशिश यह है कि हरेक देश अपनी ज़रूरत की तमाम चीज़ें पैदा कर ले या तैयार कर ले। कुछ निहायत ज़रूरी चीज़ें ऐसी हो सकती हैं, जिन्हें वह अपनी आबो-हवा में पैदा न कर सकता हो। मसलन, इंग्लैण्ड में कपास या पटसन या चाय या कहवा या दूसरी बहुत-सी ऐसी चीज़ें पैदा नहीं हो सकतीं, जिनके लिए कुछ गरम आबो-हवा ज़रूरी होती है। इसका अर्थ यह है कि आगे चलकर व्यापार ज़्यादातर उन्हीं देशों के बीच रह जायगा, जिनकी आबो-हवा अलग-अलग तरह की है और जो इसलिए अलग-अलग तरह की चीज़ें पैदा करते हैं और तैयार करते हैं। एक ही तरह की चीज़ें तैयार करनेवाले देशों के लिए एक दूसरे का माल किसी काम का नहीं होगा। इसलिए व्यापार उत्तर और दक्षिण के बीच चलेगा, पूर्व और पश्चिम के बीच नहीं, क्योंकि आबो-हवा का फर्क उत्तर और दक्षिण के हिसाब से होता है। धरती के गरम हिस्से का देश किसी औसत सर्द-गर्म देश से या ठंडे देश से व्यापार कर सकेगा, पर गरम हिस्से के दो देश या औसत सर्दी-गर्मी के दो देश आपस में व्यापार नहीं कर सकेंगे। अलबत्ता इनके सिवा और भी वजहें हो सकती हैं, जैसे कि किसी देश की खनिज दौलत। पर मुख्य बात यह है कि उत्तर और दक्षिण की बात अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार पर लागू होगी। बाक़ी का सब व्यापार रक्षात्मक चुंगियों की दीवारों से रुक जायगा।

आज इस तरफ़ झुकाव लाज़िमी दिखाई देता है। जब हरेक देश का काफ़ी उद्योगीकरण हो जाता है तो यह सूरत औद्योगिक क्रान्ति का आखिरी पहलू कहलाती है। यह सही है कि एशिया व अफ़्रीका के उद्योगीकरण में अभी बहुत देर है। अफ़्रीका इतना पिछड़ा हुआ और ग़रीब है कि थोड़ा-बहुत तैयार माल भी नहीं खपा सकता। जिन तीन बड़े देशों में इस विदेशी माल की खपत जारी रह सकती है, वे भारत, चीन और साइबेरिया हैं। खपत की भरपूर गुंजायशोंवाले इन तीन ज़बर्दस्त बाज़ारों पर बाहर के औद्योगिक देशों की लालची निगाहें पड़ रही हैं। चूंकि इन देशों का अपनी मामली मंडियों से नाता टूट गया है, इसलिए अब ये अपने फ़ालतू माल को ठिकाने

लगाने के लिए और अपने लड़खड़ाते हुए पूंजीवाद को खपच्चियां लगाकर खड़ा रखने के लिए एशिया की ओर धावा मारने का विचार कर रहे हैं। पर अब एशिया को चूसना इतना आसान नहीं है। कुछ तो एशियाई उद्योगों के विकास की वजह से और कुछ अन्तर्राष्ट्रीय होड़ की वजह से। इंग्लैण्ड भारत को अपने ही माल का बाज़ार बनाये रखना चाहता है, पर जापान और अमेरिका और जर्मनी भी इसे हथियाना चाहते हैं। यही हाल चीन का भी है, इसके अलावा वहां की मौजूदा हालत बहुत डावांडोल है और आवा-जाई के साधन भी ठीक नहीं हैं और इसीलिए व्यापार में मुश्किलें होती है। सोवियत रूस को अगर उधार मिल जाय, और उसमे नकद दाम न मांगे जायं, तो वह बाहर के देशों से ढेरों माल ख़रीदने को तैयार है। पर कुछ समय बाद तो सोवियत-संघ अपनी ज़रूरत की क़रीब सारी चीज़ें बनाने लगेगा।

पिछले वर्षों में सारा झुकाव राष्ट्रों के बीच ज़्यादा आपसी तालमेल, ज़्यादा अन्तर्राष्ट्रीयता की तरफ़ रहा है। हालांकि अलग-अलग स्वाधीन राष्ट्रीय राज्य बने रहे, पर अन्तर्राष्ट्रीय ताल्लुकों का और व्यापार का एक भारी-भरकम और पेचीदा ढांचा खड़ा हो गया। यह सिलसिला इतना आगे बढ़ा कि राष्ट्रीय राज्यों से और खुद राष्ट्रीयता से ही टकराने लगा। इससे आगे का कुदरती कदम यह था कि अन्तर्राष्ट्रीय ढांचे का रूप समाजवादी बना दिया जाता। अपने दिन पूरे होने के बाद पूंजीवाद उस हालत पर पहुंच गया था जब उसे समाजवाद के लिए अपनी जगह ख़ाली कर देनी चाहिए थी। मगर अफ़सोस की बात है कि इस तरह अपने-आप कोई अपनी जगह से नहीं हट करता। चूंकि संकट का और ढेर हो जाने का ख़तरा पूंजीवाद के सिर पर आ गया, इसलिए वह अपने परकोटे में घुस गया और आपसी तालमेल की तरफ़ के झुकाव को उलटी दिशा में मोड़ने की कोशिश करने लगा। आर्थिक राष्ट्रीयता इसीका फल है। पर सवाल यह है कि क्या यह सफल होगी, और अगर हो भी जाय तो कितने दिन तक ?

सारी-की-सारी दुनिया आज एक अजीब गड़बड़घोटाला, और झगड़ों व डाहों की ख़तरनाक गुत्थी बनी हुई है। और नये झुकाव इन झगड़ों के दायरे को बढ़ा ही रहे हैं। हरेक महाद्वीप में, हरेक देश में, निर्बल और सताये हुए लोग ज़िन्दगी के आराम की उन चीज़ों में हिस्सा बांटना चाहते हैं, जिनकी पैदावार में खुद उनका ही हाथ है। वे अपने उस कर्ज़ का भुगतान मांगते हैं, जिसकी मियाद बहुत दिन हुए पूरी हो चुकी है। कहीं-कहीं तो वे यह मांग ज़ोर-शोर, सख्ती, और सरगर्मी से कर रहे हैं, कहीं ज़रा ख़मोशी से। इतने दिनों से उन्हें जिस बुरे बर्ताव और शोषण का शिकार बनाया गया है, उसपर नाराज़ होकर और बिगड़कर अगर वे कोई ऐसी कार्रवाई करें, जो हमें अच्छी न लगे, तो क्या हम उन्हें बुरा कह सकते हैं ? उनकी तरफ़ ज़रा भी ध्यान नहीं दिया गया और उन्हें हिकारत की निगाह से देखा गया,

किसीने उन्हें भले आदमियों में बैठने की तमीज़ सिखाने की भी तकलीफ़ नहीं उठाई।

निर्बलों और सताये हुओं की इस उथल-पुथल से सब जगह के मिल्कियतवाले वर्ग दहशत खा रहे हैं, और इसे दबाने के लिए दल बनाकर इकट्ठे हो रहे हैं। बस, फ़ासीवाद बढ़ रहा है और साम्राज्यशाही सारे विरोधियों को कुचल रही है। लोकतंत्र और जनता की भलाई व अमानतदारी के लच्छेदार फ़िक़रे पीछे हटते जा रहे हैं, और मिल्कियतवाले वर्गों व निहित स्वार्थों का नंगा राज ख़ूब ज़ाहिर होता जा रहा है। और कई जगह तो इसकी पूरी जीत भी होती दिखाई दे रही है। एक बहुत खरखरा युग, सख्त व हमलावर हिंसा का युग, सामने आ रहा है, क्योंकि सब जगह यह लड़ाई पुरानी और नई व्यवस्थाओं के बीच ज़िन्दगी-मौत की लड़ाई है। क्या यूरोप में, क्या अमेरिका में, और क्या भारत में, सब जगह ऊंचे दांव लगे हुए हैं, और पुराने ढंग की हुकूमत का भाग्य डावांडोल हो रहा है, हालांकि अभी यह भले ही मज़बूत से जमी हुई हो। जबकि समूचे साम्राज्यवादी व पूंजीवादी ढांचे की जड़ें तक हिल गई हैं, और यह इस लायक भी नहीं रही है कि अपने कर्ज़े चुका सके या जो मांगें इसपर आ रही हैं, उन्हें पूरी कर सके, तो इक-तरफ़ा सुधारों से आज की समस्याएं न तो निबट सकती हैं और न हल हो सकती हैं।

आज संसार पर इन राजनैतिक, आर्थिक, जातीय आदि अनगिनती झगड़ों का बादल छाया हुआ है, और युद्ध की परछाईं इनके साथ-साथ चल रही है। कहते हैं कि इन झगड़ों में सबसे बड़ा और सबसे बुनियादी झगड़ा वह है, जिसमें एक तरफ़ तो साम्राज्यवाद और फ़ासीवाद है और दूसरी तरफ़ साम्यवाद। ये आज संसार-भर में एक दूसरे के मुक़ाबले में खड़े हैं, और इनके बीच समझौते की कोई गुंजायश नहीं है।

सामन्तवाद, पूंजीवाद, समाजवाद, संघवाद, अराजकतावाद, साम्यवाद वगैरा कितने 'वाद' हैं! और इन सबके पीछे अवसरवाद लगा हुआ है। पर जो लोग आदर्शवाद चाहते हैं, उनके लिए यह भी है; यह आदर्शवाद कोरी दिमाग़ी उड़ानों का, या बे-लगाम ख़यालों का नहीं है, बल्कि एक महान इन्सानी मक़सद के लिए काम करने का है, यह वह महान आदर्श है, जिसे हम असलियत का जामा पहनाना चाहते हैं। जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने एक जगह लिखा है :

"जिन्दगी में सच्चा आनन्द यही है कि मनुष्य अपने-आपको ऐसे मक़सद पर लगा दे, जिसे वह बहुत बड़ा मानता हो, घूरे पर फेंक दिया जाने से पहले अपनेको बिल्कुल खपा दे, मांदगियों और शिकायतों का छोटा-सा सरगर्म और स्वार्थी ढेला बनने के बजाय और यह शिकायत करने के बजाय कि संसार उसे सुखी बनाने की तरफ ध्यान नहीं देना चाहता, अपनेको प्रकृति की एक शक्ति बना दे।"

इतिहास में घुसकर हमने जो देख-भाल की है, उससे पता लगता है कि किस तरह संसार दिन-पर-दिन ज़्यादा सघन होता गया है, और किस तरह उसके भाग नज़दीक आ-आकर आपस में एक दूसरे पर निर्भर होते गये हैं। यह संसार सचमुच एक पूरी निकट की इकाई बन गया है, जिसके हरेक भाग का एक-दूसरे पर असर पड़ता है। अब राष्ट्रों के अलग-अलग इतिहास होना बिल्कुल नामुमकिन है। हम उस अवस्था को पार कर गये हैं, और अब तो वही इतिहासकार हो सकता है, जो सारे संसार का समूचा इतिहास हो, जो तमाम राष्ट्रों से निकलनेवाले सूत्रों को जोड़ता हो, और जो इन राष्ट्रों को हरकत देनेवाली असली ताकतों को खोज निकालने का यत्न करता हो।

गुज़रे ज़मानों में भी, जबकि कितनी ही ज़ाहिरी व दूसरी दीवारों की वजह से सारे राष्ट्र एक-दूसरे से कटे हुए थे, हम देख चुके हैं कि समान अन्तर्राष्ट्रीय और अन्तर्महाद्वीपी ताकतें किस तरह उन्हें ढालते रहते थे। इतिहास में महान व्यक्तियों का सदा महत्व रहा है, क्योंकि न टलनेवाली हरेक नाज़ुक घड़ी में इन्सान एक महत्वपूर्ण कारण रहता है, पर व्यक्तियों से भी महान ज़बर्दस्त व कारगर ताक़तें हैं, जो हमको इधर-उधर धकेलते हुए, अंधे की तरह, और कभी-कभी तो बेरहमी के साथ, आगे बढ़ते चले जाते हैं।

आज हमारा यही हाल है। करोड़ों इन्सानों को चलानेवाली ज़बर्दस्त ताकतें अपना काम कर रही हैं, और वे भूचाल की तरह या इसी तरह की किसी और कुदरती उथल-पुथल की तरह बढ़ी चली जा रही हैं। हम चाहें जितनी कोशिश करें तो भी इन्हें रोक नहीं सकते। मगर फिर भी हम संसार के अपने-अपने छोटे-छोटे कोनों में इनकी रफ़्तार और दिशा को कुछ पलट सकते हैं। हम अपने-अपने अलग स्वभावों के मुताबिक़ इनका मुक़ाबला करते हैं, कुछ तो इनसे दहल जाते हैं, कुछ इनका स्वागत करते हैं, कुछ इनसे जूझने का यत्न करते हैं, कुछ लाचार होकर क़िस्मत की मार के आगे सिर झुका देते हैं, लेकिन कुछ ऐसे भी हैं जो तूफ़ान पर सवार होने की और उसे कुछ क़ाबू में लाने और मोड़ने की कोशिश करते हैं। ये लोग एक ज़बर्दस्त प्रक्रिया में कारगर हिस्सा लेने का आनन्द लूटने के लिए आनेवाले ख़तरों का ख़ुशी से सामना करते हैं।

इस हलचल-भरी बीसवीं सदी में, जिसका युद्धों और क्रान्तियों से भरपूर एक-तिहाई ज़माना बीत चुका है, हमारे लिए कोई चैन नहीं है। फ़ासीवादियों का गुरू मुसोलिनी कहता है : "समूचे संसार में क्रान्ति मच रही है। घटनाएं खुद ही ज़बर्दस्त ताकतें हैं, जो किसी कठोर इच्छा-शक्ति की भांति हमें आगे धकेल रही हैं।" और महान साम्यवादी ट्राटस्की भी हमें चेतावनी देता है कि इस सदी में चैन और सुख की बहुत ज़्यादा उम्मीद नहीं करनी चाहिए। वह कहता है : "यह साफ़

है कि जहांतक मनुष्य-जाति को याद है, वहांतक तो बीसवीं सदी से ज़्यादा उथल-पुथलवाली सदी कभी भी नहीं आई। मगर हमारे ज़माने का कोई व्यक्ति दूसरी सब चीज़ों से पहले चैन और सुख चाहता है, तो उसे ऐसे बुरे समय में जन्म नहीं लेना चाहिए था।"

आज समूचा संसार प्रसव-वेदना सह रहा है, और युद्ध व क्रान्ति की गहरी छाया सब जगह पड़ रही है। अगर हम अपनी इस न टलनेवाली होनहार से बच नहीं सकते तो हमें इसका मुक़ाबला किस तरह करना चाहिए? क्या हम शुतुर-मुर्ग[1] की तरह इसके डर से अपना सिर छिपाकर बैठ जायं? या घटनाओं को ढालने में दिलेरी से हिस्सा लें, और ज़रूरत पड़े तो ख़तरे और जोखिमें भी उठाकर एक बड़े और महान हौसलाभरे काम का आनन्द उठावें और यह महसूस करें कि हमारे "क़दम इतिहास के क़दमों में विलीन हो रहे हैं?"

हम सब, या कम-से-कम विचारवान लोग, बेताबी के साथ उस आनेवाले ज़माने को निहार रहे हैं, जो सामने आता जा रहा है और मौजूदा ज़माना बन रहा है। कुछ लोग तो उसके नतीजे की बाट उम्मीद के साथ जोह रहे हैं, तो कुछ डर के साथ। क्या संसार आज से ज़्यादा अच्छा और सुखी होगा, जिसमें ज़िन्दगी को आराम देनेवाली चीज़ों पर सिर्फ़ गिने-चुने लोगों का ही क़ब्ज़ा नहीं होगा, बल्कि सारी जनता आज़ादी से उनका मज़ा लेगी। या यह संसार आज से भी ज़्यादा कठोर होगा, जिसमें ख़ूंखार और सत्यानासी युद्धों से आज की सभ्यता की बहुत-सी आसाइशें ख़तम हो चुकी होंगी? यही दो छोर हैं। इन दोनों बातों में से एक ही बात हो सकती है। यह मुमकिन दिखाई देता कि कोई बीच का रास्ता कायम हो जाय।

धीरज से बाट देखने के साथ-साथ हमें वैसी दुनिया बनाने की भी कोशिश करनी चाहिए जैसी कि हम चाहते हैं। मनुष्य कुदरत के ढंगों के आगे लाचारी से घुटने टेककर अपनी आदिम जंगली हालत से आगे नहीं बढ़ा है, बल्कि अक्सर उनका सामना करके और इन्सानी फ़ायदे के लिए उनपर हावी होने का इरादा करके आगे बढ़ा है।

'आज' इस तरह का है। 'कल' को बनाना तुम्हारे और तुम्हारी पीढ़ी के लोगों के हाथ में है, संसार-भर के उन करोड़ों लड़कों और लड़कियों के हाथ में है, जो बड़े होकर इस 'कल' को बनाने में हिस्सा लेने के लिए अपनेको तैयार कर रहे हैं।

---

[1] कहते हैं कि शुतुरमुर्ग जब किसी डर से भागते-भागते थक जाता है तो रेत में अपना सिर छिपा लेता है।

: १९६ :

आख़िरी पत्र

९ अगस्त, १९३३

प्यारी बेटी, हमारा काम खतम हो चुका, इस लम्बी कहानी का छोर आ गया। अब मुझे आगे कुछ नहीं लिखना है, पर कुछ धूमधाम से खतम करने की इच्छा मुझे एक पत्र और लिखने को उकसाती है—यही आखिरी पत्र है।

वैसे भी इस सिलसिले को खतम करने का वक्त आ गया है, क्योंकि मेरी दो साल की क़ैद की मियाद पूरी होनेवाली है। आज से पूरे तेंतीस दिन बाद मैं रिहा हो जाऊंगा, बशर्ते कि इससे पहले ही न छोड़ दिया जाऊं, क्योंकि जेलर कभी-कभी ऐसा करने की धमकी देता रहता है। पूरे दो साल अभी पूरे नहीं हुए हैं, पर जिस तरह नेक चलनवाले सब कैदियों को छूट मिला करती है, उसी तरह मुझे भी अपनी सज़ा में साढ़े तीन महीने की छूट मिली है। क्योंकि मैं नेकचलन क़ैदी माना गया हूं, हालांकि इस तारीफ के क़ाबिल बनने के लिए मैंने कुछ भी नहीं किया है। यों यह मेरी छठी सज़ा पूरी होती है, और मैं फिर लम्बी-चौड़ी दुनिया में बाहर निकलूंगा। मगर किस मतलब के लिए? इससे क्या फायदा होगा? जबकि मेरे ज़्यादातर दोस्त और साथी जेलों में पड़े हैं, और सारा देश मानो एक बहुत बड़ा जेलखाना बना हुआ है।

पत्रों का कितना बड़ा ढेर मैंने लिख डाला है! और स्वदेशी कागज़ पर मैंने कितनी सारी स्वदेशी स्याही बिखेर दी है! मेरे दिल में सवाल उठता है कि क्या यह सब फिज़ूल तो नहीं हुआ? क्या यह इतना सारा कागज़ और इतनी सारी स्याही तुम्हें कोई संदेश देंगे और तुम्हारे लिए दिलचस्प होंगे? मैं जानता हूं कि तुम इसका जवाब 'हां' में ही दोगी, क्योंकि तुम्हें लगेगा कि और किसी क़िस्म के जवाब से मुझे दुःख पहुंचेगा, और मेरी तरफ तुम्हारा इतना झुकाव है कि तुम यह जोखिम नहीं उठाओगी। तुम इनकी परवा करो या न करो, पर इन दो लम्बे वर्षों में दिनों-दिन ये पत्र लिखते हुए मुझे जो आनन्द मिला है, वह तुम्हें अखर नहीं सकता। जब मैं यहां आया तब सर्दी का मौसम था। सर्दी के बाद हमारा चन्दरोज़ा बसन्त आया, जिसे गर्मियों की गर्मी ने बहुत जल्दी बदल डाला। और फिर, जब धरती झुलस गई और सूख गई और आदमियों व जानवरों का दम घुटने लगा, तब ताज़ा और ठंडा बरसाती पानी लेकर घटाएं आईं। इसके बाद पतझड़ आया और आसमान बिल्कुल साफ व नीला हो गया और तीसरे पहर का वक्त सुहावना हो गया। वर्ष का चक्कर पूरा हो गया, और फिर दुबारा शुरू हो गया: सर्दी, बसन्त, गर्मी और बरसात। यहां बैठे-बैठे मैंने तुम्हें पत्र लिखे हैं, और तुम्हें याद किया है, और

मौसमों को बदलते देखा है, और अपनी बारक की छत पर पड़नेवाली बरसाती बूंदों की तड़ाहट सुनी है :

"ओ वर्षा-जल की कोमल ध्वनि,
धरती पर औ' छत के ऊपर !
उत्सुक औ' प्यासे हृदयों को,
ओ वर्षा के संगीत मधुर ।'[1]

उन्नीसवीं सदी के महान अंग्रेज़ राजनीतिज्ञ बैञ्जामिन डिज़रेली ने लिखा है—"देश-निकाला और क़ैद की सज़ा पाये हुए दूसरे लोग अगर ज़िन्दा निकल आयें, तो मायूस हो जाते हैं; साहित्यकार उन दिनों को अपनी ज़िन्दगी के सबसे मीठे दिनों में गिनता है ।" यह उन्नीसवीं सदी के एक मशहूर डच क़ानूनदां और दार्शनिक यूगो ग्रोशिअस का ज़िक्र है, जिसे उम्र क़ैद की सज़ा हुई थी, पर जो दो साल बाद निकल भागा था । इसने जेल में ये दो साल दर्शन और साहित्य की पुस्तकें रचने में बिताये थे । कई मशहूर साहित्यकार जेल के पंछी रह चुके हैं । इनमें सबसे नामी दो हैं : एक तो 'डॉन क्विग्ज़ोट' का लेखक स्पेन-निवासी सर्वेण्टीज़ और दूसरा 'पिल्ग्रिम्स प्रोग्रेस' का लेखक अंग्रेज़ जॉन बनियन ।

मैं साहित्यकार नहीं हूं, और न मैं यह कहने को तैयार हूं कि जो बहुत साल मैंने जेलों में बिताये हैं, वे मेरी ज़िन्दगी के सबसे मीठे साल हैं । पर मैं कह सकता हूं कि इन सालों को गुज़ारने में पढ़ाई व लिखाई से मुझे बहुत बढ़िया मदद मिली है । मैं साहित्यकार नहीं हूं, और इतिहासकार भी नहीं हूं; तो सचमुच मैं हूं क्या ? इस सवाल का जवाब देना मेरे लिए कठिन है । मैं बहुत-सी बातों में टांग अड़ानेवाला रहा हूं, कालेज में मैंने विज्ञान शुरू किया, फिर क़ानून पढ़ा, और फिर ज़िन्दगी में दूसरे बहुत-से शौक़ पैदा करने के बाद, आख़िर जेल-यात्रा का वह पेशा अपनाया, जो भारत में खूब पसन्द किया जाता है और खूब चालू है ।

इन पत्रों में मैंने जो कुछ लिखा है, उसे तुम किसी विषय के बारे में आख़िरी सनद मत मान लेना । एक राजनैतिक आदमी हरेक विषय पर कुछ-न-कुछ कहना चाहता है, और जो कुछ वह दर-असल जानता है उससे बहुत ज़्यादा जानने का ढोंग करता है । उसपर सावधानी की नज़र रखनी चाहिए । मेरे ये पत्र महज़ ऊपरी ख़ाके हैं, जिन्हें एक बारीक डोरे से जोड़ दिया गया है । मैं सदियों के ऊपर और बहुत-सी बड़ी-बड़ी पूर्ण घटनाओं के ऊपर फुदकता हुआ बे-ठौर-ठिकाने घूमता रहा हूं, और अगर कोई घटना मुझे दिलचस्प लगी तो उसपर मैंने काफ़ी अर्से तक अपना तम्बू गाड़ दिया है । इन पत्रों में तुम देखोगी कि मेरी पसन्दें और नापसन्दें काफ़ी ज़ाहिर

[1] फ्रान्सीसी भाषा के एक पद्य का भावानुवाद ।

हो गई हैं, और जेल में मेरा मिज़ाज भी कभी-कभी इसी तरह ज़ाहिर हो गया है। इसलिए मैं नहीं चाहता कि तुम इन पत्रों की सारी बातों को ज्यों-की-त्यों मान लो। मेरे बयानों में सचमुच बहुत-सी भूलें हो सकती हैं। जेल में न तो पुस्तकालय होते हैं, और न जानकारी देनेवाली पुस्तकें मुहैया होती हैं, इसलिए इतिहासी विषयों पर क़लम चलाने के लिए यह जगह मौज़ूं नहीं होती। बारह साल हुए जबसे मैंने अपनी जेल-यात्राएं शुरू की हैं, तबसे जो बहुत-सी याददाश्तें मैंने लिख-लिखकर जमा करली हैं, उन्हींका मुझे ज्यादातर सहारा लेना पड़ा है। यहां मेरे पास बहुत-सी पुस्तकें आई भी हैं, पर वे आती-जाती रही हैं, क्योंकि मैं यहां कोई पुस्तकालय तो जमा कर नहीं सकता। इन पुस्तकों से मैंने बेशर्म होकर तथ्य और विचार उड़ा लिये हैं, इसलिए जो कुछ मैंने लिखा है, उसमें मेरा कुछ नहीं है। कई बार शायद तुम्हें मेरे पत्रों की बातें समझने में कठिनाई लगे। उन हिस्सों पर सरसरी नज़र डाल लेना और ज़्यादा ध्यान मत देना। कभी-कभी मेरी बड़ी उम्र भी मुझपर हावी हो गई, और मैंने उस ढंग से लिख डाला जिस ढंग से मुझे लिखना नहीं चाहिए था।

मैंने तो तुम्हारे सामने एक कोरा खाका खींचा है। यह इतिहास नहीं ह, हमारे लम्बे गुज़रे ज़माने की सिर्फ़ उड़ती-हुई-सी झांकियां है। अगर तुम्हारी इतिहास में रुचि हो, अगर तुम इतिहास के जादू को कुछ महसूस करो, तो ऐसी कई पुस्तकें मिल जायंगी, जिनसे तुम्हें बीते युगों के उलझे हुए सूत्रों को सुलझाने में मदद मिलेगी। पर सिर्फ़ पुस्तकें पढ़ने से ज़्यादा फ़ायदा नहीं होगा। अगर तुम बीते ज़माने की बातें जानना चाहती हो तो तुमको इसपर हमदर्दी और समझदारी के साथ ग़ौर करना होगा। प्राचीन काल में रहनेवाले किसी व्यक्ति को समझने के लिए तुम्हें उसके आसपास के वातावरण को समझना होगा, उन हालतों को समझना होगा, जिसमें वह रहता था, और उसके दिमाग़ में भरे हुए विचारों को समझना होगा। अगर हम पुराने ज़माने के लोगों के बारे में यह मान कर फ़ैसला करने लगें कि मानो वे आजकल के ज़माने में रहते है और हमारे ही ढंग से सोचते हैं, तो यह हमारे लिए नासमझी की बात होगी, आज गुलामी की वकालत कोई भी नहीं करता, मगर महान अफ़लातून का यह दावा था कि इसके बिना काम चल नहीं सकता। संयुक्त राज्य अमेरिका में गुलामी कायम रखने की जद्दो-जहद में जो बीसियों हज़ार आदमियों ने जानें दे दी थीं, उसे ज़्यादा अरसा नहीं हुआ है। गुज़रे जमाने को हम आज की ज़िन्दगी की तराज़ुओं से नहीं तोल सकते। यह बात सब खुशी से क़बूल कर लेंगे। पर मौजूदा ज़माने को गुज़रे ज़माने की तराज़ुओं पर तौलने की जो इतनी ही बेहूदा आदत है, उसे सब लोग क़बूल नहीं करेंगे। विभिन्न मज़हबों ने उन विश्वासों, श्रद्धाओं व दस्तूरों को पत्थर की लकीर बनाने में खास मदद दी है, जिनका शायद इन्हें जन्म देनेवाले युगों और देशों में कुछ उपयोग रहा हो, पर जिनका हमारे मौजूदा युग से ज़रा भी मेल नहीं बैठता।

इसलिए, अगर तुम पुराने इतिहास को हमदर्दी की निगाह से देखो तो उसकी सूखी हड्डियों में मांस-मज्जा भर जायंगे, और तुम्हें हर युग और हर प्रदेश के जीते-जागते नर-नारियों और बालकों का एक बड़ा भारी जुलूस-सा दिखाई देने लगेगा। ये नर-नारी हमसे जुदा क़िस्म के हैं, पर फिर भी बहुत-कुछ हमारे ही जैसे हैं, इनमें हमारी ही तरह की इन्सानी खूबियां और कमज़ोरियां हैं। इतिहास कोई जादू का तमाशा नहीं है, पर आंखें खोलकर देखनेवालों के लिए इसमें काफ़ी जादू है।

इतिहास की चित्रशाला के ढेरों चित्र हमारे दिमाग़ में भरे हुए हैं। मिस्र, बेबीलन, निनेवा, पुरानी भारतीय सभ्यताएं—आर्यों का भारत में आना और यूरोप और एशिया में फैलना—चीनी संस्कृति का अद्भुत लेखा—नोसास और यूनान—शाही रोम और बिज़ैण्टियम—दो महाद्वीपों के आर-पार अरबों की शानदार कूच—भारतीय संस्कृति का फिर जागना और गिरना—अमेरिका की अनजानी 'मय' और 'अज़टेक' सभ्यताएं—मंगोलों का बड़े-बड़े देश जीतना—यूरोप के मध्य-युग और इनके गोथिक शैली के अद्भुत गिरजाघर—भारत में इस्लाम का आना और मुग़ल साम्राज्य—पश्चिमी यूरोप में विद्या और कला का रिनेसां—अमेरिका की और पूर्वी समुद्री रास्तों की खोज—पूर्व में पश्चिम की हमलावर कार्रवाइयों की शुरूआत—बड़ी-बड़ी मशीनों का आविष्कार और पूंजीवाद का विकास—उद्योगवाद, और यूरोपीय हुकूमत और साम्राज्यशाही का फैलना और आज के ज़माने मे विज्ञान के अद्भुत चमत्कार।

बड़े-बड़े साम्राज्य उठे और गिरे हैं और दुनिया हज़ारों वर्षों तक इन्हें भूली रही है। पर रेत के नीचे दबे हुए इनके खंडहरों को अब खोजियों ने धीरज से फिर खोद निकाला है। मगर बहुत-से विचार, बहुत-से गुमान, इन साम्राज्यों के बाद भी बच गये हैं, और इनसे ज़्यादा मज़बूत तथा ज़्यादा टिकाऊ साबित हुए हैं।

मेरी कोलरिज का एक गीत है, जिसका अनुवाद इस तरह है :

"गिर गया है मिस्र का ऐश्वर्य होकर चूर-चूर
वह विचारों के महा गहरे गढ़े में है पड़ा,
हो गया यूनान का और ट्राय नगरी का पतन,
छिन गया है ताज वैभवपूर्ण नगरी रोम का,
और मिट्टी में मिली है शान वेनिस शहर की।
किन्तु इनके बाल-बच्चे देखते थे स्वप्न जो—
व्यर्थ-से, उड़ते-हुए-से, वास्तविकता-हीन-से,
और क्षण-भंगुर जो छाया की तरह थे दीखते,
औ' हवा की भांति जो निस्सार थे लगते उन्हें,
बस वही सपने रहे हैं शेष अबतक भी वहां।"

बीता हुआ जमाना हमारे लिए बहुत-से तोहफ़े छोड़ गया है; सच तो यह है कि संस्कृति, सभ्यता, विज्ञान, या सत्य के कुछ पहलुओं की जानकारी की शक्ल में जो कुछ आज हमारे पास है, वह सब दूर के गुज़रे ज़माने या नज़दीक के गुज़रे ज़माने की ही देन है। इसलिए, अगर हम गुज़रे ज़माने के इस अहसान को मानते हैं तो यह ठीक ही है। पर हमारा फ़र्ज़ या अहसान मानना सिर्फ बीते जमाने के ही साथ खतम नहीं हो जाता। आयन्दा के लिए हमारा कुछ फ़र्ज़ है, और यह अहसान शायद उस अहसान से भी बड़ा है, जो हमें गुज़रे ज़माने को चुकाना है। क्योंकि गुजरा ज़माना तो गुज़रा हो ही चुका और खतम हो गया, हम उसे बदल नहीं सकते। पर आगे का वक़्त तो अभी आनेवाला है, और शायद उसे हम कुछ बना सकें। यदि गुज़रे ज़माने ने सत्य का कुछ हिस्सा हमें दिया है, तो आइन्दा वक़्त में भी सत्य के बहुत-से पहलू छिपे हुए हैं, और वह हमें उन्हें ढूंढ़ निकालने को बुला रहा है। लेकिन अक्सर गुज़रे ज़माने को आइन्दा वक्त से डाह होती है, और वह हमें बहुत मज़बूत शिकंजे में जकड़े रहता है, और आइन्दा वक़्त का सामना करने के लिए और इसकी तरफ़ बढ़ने के लिए हमें गुज़रे ज़माने से लड़ना पड़ता है।

कहा जाता है कि इतिहास हमें बहुत सबक सिखाता है। दूसरी कहावत यह भी है कि इतिहास अपने-आपको कभी नहीं दोहराता। ये दोनों ही बातें सही हैं, क्योंकि अन्धे होकर इतिहास की नक़ल करने से, या यह इन्तजार करने से कि वह अपने-आपको दोहरायेगा या अचल पड़ा रहेगा, हम उससे कोई बात नहीं सीख सकते। पर हम इतिहास के पीछे झांककर और उसे हरकत देनेवाली ताक़तों को समझकर ही उससे कुछ सीख सकते हैं। मगर फिर भी हमें सीधा जवाब शायद ही कभी मिलता है। कार्ल मार्क्स ने कहा है: "इतिहास के पास तो पुराने सवालों के जवाब देने का सिर्फ़ एक ही तरीक़ा है कि वह नये सवाल उठाता रहता है।"

पुराना ज़माना श्रद्धा का, अन्धी और निर्विवाद श्रद्धा का, ज़माना था। पिछली शताब्दियों के अद्भुत मन्दिर और मस्जिदें और गिरजे कभी खड़े नहीं हो सकते थे, अगर कारीगरों और मिस्त्रियों और आम लोगों पर श्रद्धा छाई न होती। जिन पत्थरों को उन्होंने भक्ति-भाव से एक-पर-एक चुना या सुन्दर बन्दिशों में तराशा, वे ही इस श्रद्धा को बता रहे हैं। पुराने मन्दिरों के शिखर, पतली-पतली सुरियोंवाली मस्जिदें, गोथिक शैली के गिरजे—जो सारे-के-सारे भक्ति की आश्चर्यजनक गहराई के साथ ऊपर को इशारा कर रहे हैं, मानो ऊपरवाले आकाश को पत्थर या संगमरमर के रूप में पूजा भेंट कर रहे हों—आज भी हमारे अन्दर थरथराहट पैदा कर देते हैं, भले ही हमारे दिलों में वह पुरानी श्रद्धा न हो जिसके ये पुतले हैं। उस श्रद्धा के दिन अब नहीं रहे हैं, और उनके साथ ही पत्थर में चमत्कार पैदा करनेवाला वह दर्द भी नहीं रहा है। आजकल भी हज़ारों मन्दिर और मस्जिदें और गिरजे बनते

रहते हैं, पर इनमें वह आत्मा नहीं है, जिसने मध्य-युगों में इन्हें जानदार बना दिया था। इनमें और हमारे ज़माने का नमूना बतानेवाले व्यवसायी दफ़्तरों में, कोई फ़र्क़ नहीं है।

हमारा ज़माना दूसरी ही क़िस्म का है। आज तो ख़ाम-ख़याली दूर होने का, हर बात में शक करने का, अविश्वास का और बहस का युग है। अब हम बहुत-से पुराने यकीनों और दस्तूरों को क़बूल नहीं कर सकते; क्या एशिया, क्या यूरोप और क्या अमेरिका, सब जगह लोगों की श्रद्धा इनपर से हट गई है। इसलिए हम नये रास्ते खोजते हैं, और सत्य के ऐसे नये पहलू खोजते है, जो हमारे चारों ओर से ज़्यादा तालमेल रखते हों। हम आपस में सवाल-जवाब और बहस और झगड़े करते हैं, और अनगिनती 'वाद' और फ़िलासफ़ियां निकालते रहते हैं। सुक़रात के ज़माने की तरह हम लोग भी सवाल-जवाब के युग में रह रहे हैं, मगर सवाल-जवाब की यह आदत एथेन्स जैसे शहर में ही बन्द नहीं है, यह पूरी दुनिया में फैली हुई है।

दुनिया की ग़ैर-इन्साफ़ियां, रंज और हैवानियत, कभी-कभी हमें सताते हैं और हमारा मन ख़राब कर देते हैं, और हमें बाहर निकलने का रास्ता नहीं दिखाई देता। मैथ्यू आर्नोल्ड[1] की तरह हम महसूस करते है कि इस संसार में कोई आसरा नहीं है, और हमारे लिए सिवा इसके कोई चारा नहीं है कि आपस में सच्चाई का बर्ताव करें :

"क्योंकि यह संसार, जो है दीखता
फैला हुआ सन्मुख हमारे, स्वप्न की दुनिया सरीखा,
जो विविध इतना मनोरम और नूतन,
पर न सचमुच हर्ष है इसमें, न सचमुच प्रेम है, न प्रकाश है,
न कहीं सुनिश्चितता है, अथवा शांति अथवा कष्ट का प्रतिकार ही है,
और हम बैठे हैं मानो तमाच्छादित भूमि पर,
जिसम भरा है घोर कोलाहल लड़ाई और भगदड़ की पुकारों का,
जहां नादान सेनाएं अंधेरी रात में टकरा रही हैं।"[2]

मगर फिर भी, अगर हम ऐसा उदासीभरा रुख़ अपना लें, तो कहना होगा कि हमने ज़िन्दगी से या इतिहास से सही सबक नहीं सीखा है। क्योंकि इतिहास हमें विकास की और तरक़्क़ी की और मनुष्य के लिए आगे बढ़ सकने की बातें

---

[1] इंग्लैण्ड का एक प्रसिद्ध कवि, जिसका 'लाइट ऑव् एशिया' नामक काव्य बहुत मशहूर है।

[2] मैथ्यू आर्नोल्ड-रचित एक पद्य का भाषानुवाद।

सिखाता है। ज़िन्दगी भरपूर और रंग-बिरंगी है, और हालांकि इसमें बहुत दलदलें और डाबर और कीचड़ की जगहें हैं, पर दूसरी तरफ़ इसमें महासागर और पहाड़, और बर्फ़ की नदियां, और अद्‌भुत तारों-भरी रातें (ख़ासकर जेल में!) हैं, और परिवार की व दोस्तों की मोहब्बत है, और एक ही मकसद की ख़ातिर काम करने-वालों का साथ है, और संगीत है और पुस्तकें हैं और विचारों का साम्राज्य है। इसलिए हममें से हरेक को यह कहना चाहिए।

"हे प्रभो, यद्यपि रहा मैं भूमि पर, हूं भूमि की सन्तान मैं,
किन्तु तारा-जटित नभ ने पिता बन पाला मुझे।"

दुनिया की सुन्दर चीजों को तारीफ़ करना और विचार और ख़याली दुनिया में रहना आसान है। पर इस तरह दूसरों के रंजो-ग़म से कतराने की कोशिश करना और इस बात की फिक्र न करना कि दूसरों पर क्या बीतती है, न तो हौसले की निशानी है और न आपसी हमदर्दी की। विचार के तभी कोई मानी हो सकते हैं जब उसका नतीजा कर्म हो। हमारे दोस्त रोम्यां रोलां[1] ने कहा है: "कर्म ही विचार का अंजाम है। जो विचार कर्म की तरफ़ न देखे वह सब-का-सब नाकाम और धोखेबाज़ी है। इसलिए, अगर हम विचार के दास हैं तो हमें कर्म का भी दास होना चाहिए।"

लोग-बाग कर्म से अक्सर इसलिए कतराते हैं कि वे अंजामों से डरते हैं, क्योंकि कर्म का मतलब है जोखिम और ख़तरा। लेकिन डर दूर से ही भयंकर दिखाई देता है। नज़दीक से देखा जाय तो इतना बुरा नहीं होता। और बहुत बार तो डर ऐसा सुहावना साथी बन जाता है, जो ज़िन्दगी की लज़्ज़त और ख़ुशी बढ़ाता है। ज़िन्दगी का मामूली दौर कभी-कभी नीरस हो जाता है, क्योंकि हम यह सोच लेते हैं कि दुनिया की बातें अपने-आप होती रहती हैं, और उनमें मज़ा नहीं लेते। लेकिन अगर हमें ज़िन्दगी की इन्हीं मामूली चीजों के बिना कुछ दिन रहना पड़े, तो हम उनकी कितनी क़द्र करने लगते हैं। बहुत-से लोग ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ते हैं, और चढ़ाई के आनन्द के लिए, और मुश्किल पार करने व ख़तरा उठाने से हासिल होनेवाली ख़ुशी के लिए, ज़िन्दगी व तन-बदन को जोखिम में डालते हैं। और, उनके चारों तरफ़ जो ख़तरा मंडराता रहता है, उसकी वजह से उनकी ज्ञानेन्द्रियां पैनी हो जाती हैं और अधर लटकी हुई ज़िन्दगी का मज़ा खूब गहरा हो जाता है।

हम सबके सामने पसन्द करने के लिए दो रास्ते हैं। या तो हम उन निचली घाटियों में पड़े रहें, जो दम घोटनेवाले धुन्धों और कोहरों से ढंकी रहती हैं पर जो कुछ हद तक हमारे तन की हिफ़ाज़त करती हैं। या हम जोखिम उठाकर और अपने

---

[1] **नोबल पुरस्कार-विजेता फ्रान्सीसी लेखक और विचारक। इनकी १९४४ ई० में मृत्यु हो गई।**

साथियों को खतरे में डालकर ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों पर चढ़ें, ताकि ऊपर की साफ़ हवा में सांस ले सकें, दूर-दूर के नज़ारों का आनन्द उठा सकें, और उगते हुए सूर्य का स्वागत कर सकें ।

इस पत्र में मैंने कवियों और दूसरे लोगों की बहुत सारी हिदायतें या रचनाओं की बानगियां दी हैं। खतम करने से पहले एक और देना चाहता हूं। यह 'गीताञ्जलि' की रवीन्द्रनाथ ठाकुर की रची हुई कविता या प्रार्थना है :

"स्वतंत्रता-स्वर्ग में पिता हे ! जगे-जगे देश यह हमारा,
अशंक मन हो, उठा हुआ शिर, स्वतंत्र हो पूर्ण ज्ञान जिसमें,
जहां घरों की न भित्तियां ये करें जगत् खण्ड-खण्ड न्यारा,
सदैव ही सत्य के तले से जहां पिता, शब्द-शब्द निकले
छुए बढ़ा हाथ पूर्णता को जहां परिश्रम अथक हमारा,
छिपे भटककर सुबुद्धि-धारा न रूढ़ियों के दुरन्त मह में
विशाल-विस्तृत विचार-कृति में लगे जहां चित्त, पा सहारा,
स्वतंत्रता-स्वर्ग में पिता हे, जगे-जगे देश यह हमारा ।"[1]

प्यारी बेटी, मेरा काम पूरा हो गया और यह आखिरी पत्र अब पूरा होता है। आखिरी पत्र ? नहीं, कभी नहीं। मैं तो तुम्हें न जाने कितने पत्र और लिखूंगा। पर यह सिलसिला खतम होता है, इसलिए—

तमाम शुद !

---

[1] 'गीताञ्जलि' की कविता का यह पद्यानुवाद स्व० डा० सुधीन्द्र ने किया है।

बाद की बातें

अरबसागर,
१४ नवम्बर, १९३८

सवा-पांच साल हुए तब मैंने देहरादून की ज़िला-जेल की कोठरी से इस माला का आख़िरी पत्र तुम्हें लिखा था। मेरी दो साल क़ैद की सज़ा पूरी होनेवाली थी, और अकेली ज़िन्दगी के इस लम्बे अर्से में (हालांकि मन में तो तुम हमेशा मेरे साथ रहती थीं) पत्रों का जो बड़ा भारी ढेर मैंने तुम्हें लिखा था, उसे उठाकर रख दिया था और हलचल व हरकतभरी बाहरी दुनिया में निकलने के लिए अपने दिमाग़ को तैयार कर लिया था। यह छुटकारा बहुत जल्दी हो गया था, पर पांच ही महीने बाद मैं दो साल की दूसरी सज़ा भुगतने के लिए जेल के उसी जाने-पहचाने वातावरण में फिर जा पहुंचा था। मैंने फिर क़लम उठाई थी और इस बार एक ज़्यादा ख़ानगी कहानी[1] लिखी थी।

मैं फिर बाहर निकला, और हम-तुम दोनों को रंज में शरीक होना पड़ा—ऐसा रंज जो तभीसे छाया की तरह मेरी ज़िन्दगी के साथ लगा हुआ है। लेकिन रंज व झगड़े-टंटों की इस दुनिया में, जिसे झंझोड़नेवाली कशमकशें हमारी पूरी ताक़त का तकाज़ा करती हैं, व्यक्तिगत आपदाओं की कोई गिनती नहीं है। बस, हम फिर जुदा हो गये, तुम पढ़ाई के सायादार रास्तों पर चली गई और मैं लड़ाई-झगड़ों के शोर-गुल और हुल्लड़ में पड़ गया।

युद्ध और मुसीबतों का बोझ लिये हुए पांच साल से ज़्यादा बीत चुके हैं, और हमारी आज की दुनिया और हमारे सपनों की दुनिया के बीच फ़र्क बढ़ता जाता है। हमारा पीछा करनेवाली बुराई की गल-घोंटू पकड़ से कभी-कभी तो आशा तक की भी सांस रुकने लगती है। मगर जिस वक़्त मैं यह लिख रहा हूं, मेरे सामने अपना सारा ज़ोर और जमाल लिये हुए अरब सागर फैला हुआ है—सपने की तरह ख़ामोश और रुपहली चांदनी में झिलमिलता हुआ।

इस नये अध्याय में मुझे इन पांच वर्षों की कहानी बयान करनी है, क्योंकि ये पत्र अब एक नये रूप में छापे जा रहे हैं, और प्रकाशक चाहते हैं कि इनमें आज तक की बातें शामिल कर दी जायं। यह कठिन काम है, क्योंकि इस दौरान

---

[1] अपनी आत्मकथा—मेरी कहानी—से मतलब है। यह हिन्दी में 'सस्ता-साहित्य मंडल' से निकली है।

इतनी ज़्यादा घटनाएं घटी है कि अगर मैं इनके बारे में लिखने बैठूं और मेरे पास वक़्त हो तो मै सारी सीमा को तोड़ दू और एक और पुस्तक ही लिख डालूं। बड़ी-बड़ी घटनाओं का जिक्र तक भी बहुत लम्बा और बोझिल हो जायगा। इसलिए मै इन घटनाओं का कोरा ख़ाका ही तुम्हें बतलाना चाहता हूं। पिछले पत्रों के अंत में मैने कुछ अधिक जानकारी देनेवाले नोट जोड़ दिये हैं, और अब हम इन वर्षों पर कुछ सरसरी निगाह डालेंगे।

आख़िरी पत्रों में मैने तुम्हें बताया था कि दुनिया में सारी बातें एक दूसरी से उलटी हो रही है। आपसी लाग-डांट चल रही है, फ़ासीवाद व नात्सीवाद पनप रहे हैं, और युद्ध का अन्देशा बढ़ रहा है। इन पांच वर्षों में ये लाग-डांट और वैर-विरोध गहरे हो गये है, और हालांकि विश्व-युद्ध अभी टल गया है, पर अफ़्रीका में, यूरोप मे और एशिया के दूर-पूर्व में बड़े-बड़े और भयंकर युद्ध हो चुके है। हर साल, और कभी-कभी हर महीने, नई-नई आक्रामक कार्रवाइयों और दिल दहलानेवाली घटनाओं की चर्चाएं सुनाई देती है। संसार दिन-पर-दिन ज़्यादा बिखरता जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय संबंधों का यह हाल है कि सब अपने-अपने रास्ते चल रहे हैं, और अन्तर्राष्ट्रीय ताल-मेल के राष्ट्र-संघ जैसे यत्न बुरी तरह नाकामयाब होकर ख़तम हो गये है। हथियार-बन्दी की चर्चा पुरानी हो गई है, और हरेक राष्ट्र अपनी पूरी शक्ति से, दिन-रात, सरगर्मी के साथ हथियारों से लैस हो रहा है। संसार पर डर छाया हुआ है, और आक्रामक और विजयी नात्सीवाद और फ़ासीवाद से पिटा हुआ यूरोप तेज़ी से गिर रहा है और वह बर्बरता के रास्ते पर जा रहा है।

१९१४-१८ ई० में महायुद्ध के पीछे जो मुद्दे थे, उनका खुलासा हम पिछले पत्रों में कर चुके है। महायुद्ध आया और उसमें से वर्साई की सन्धि और राष्ट्र संघ का इक़रारनामा पैदा हुए। पर पुराने मसले हल नहीं हुए, और कई नये मसले पैदा हो गये, जैसे, हर्जाने, युद्ध के कर्ज़, हथियार-बन्दी, संयुक्त बचाव, आर्थिक संकट, और चारों तरफ़ बेकारी। सुलह से पैदा होनेवाले मसलों के पीछे वे ज़िन्दा समाजी मसले फिर भी बाक़ी रहे, जिन्होंने दुनिया का संतुलन बिगाड़ दिया था। सोवियत-संघ मे नई समाजी ताक़तों की जीत साबित हो गई थी, और ज़बर्दस्त कठिनाइयों व दुनिया-भर के विरोध के बावजूद ये एक नई दुनिया तैयार करने की कोशिश कर रही थीं, दूसरे देशों मे गहरे समाजी परिवर्तन हो रहे थे। पर इन्हें निकलने का रास्ता नहीं मिलता था, और मौजूदा राजनैतिक व आर्थिक ढांचा इनको आगे बढ़ने से रोक रहा था। पैदावार बढ़ने से संसार मे सब चीज़ों की बहुतायत हो गई, युगों का सपना पूरा हो गया। पर जिस ग़ुलाम को सदियों से बेड़ियों की आदत पड़ी हुई है, वह आज़ादी से घबराता है। और बेवक़ूफ़ मनुष्य-जाति चीज़ों की कमी की इतनी आदी हो गई है कि वह दूसरी बातें सोच ही नहीं सकती। इसलिए नई दौलत

जान-बूझकर फेंक दी जाती है, कम की जाती है, और एक सीमा में बांध दी जाती है, और बेकारी और मुसीबत सचमुच पहले से भी ज़्यादा बढ़ जाती है।

सम्मेलन-पर-सम्मेलन बुलाये गए, और इस हैरतभरी उलटबांसी को हल करने के लिए और अमन कायम करने के लिए संसार-भर के राष्ट्र एक गजह जमा हुए। वाशिंगटन-करार, और लोकार्नो-क़रार और केलाग-करार, वग़ैरा कई क़रार और समझौते और गठ-बन्धन हुए, पर बुनियादी समस्याओं को छुआ तक नहीं गया, और कठोर असलियत का हाथ लगते ही ये समझौते और क़रार एकदम ग़ायब हो गये, और यूरोप की क़िस्मत का फ़ैसला करने के लिए सिर्फ़ नंगी तलवार बाक़ी रह गई। वर्साई की संधि मर चुकी, यूरोप का नक़शा फिर बदल गया है और दुनिया का नये सिरे से बंटवारा हो रहा है। युद्ध के कर्ज़ों का सवाल ग़ायब हो गया है और सबसे ज़्यादा मालदार देशों ने इन्हें न चुकाने का फ़ैसला कर लिया है।

बस, हम १९१४ ई० और उससे भी पहले के युद्ध-पहले युग में वापस आ जाते हैं। इस युग की सारी समस्याएं और सारे झगड़े बाद में होनेवाली घटनाओं की वजह से सौ-गुना गहरे हो गये हैं। ढहता हुआ पूंजीवादी ढांचा आर्थिक राष्ट्रीयता लाता है, और बड़े-बड़े एकाधिकार को भी बढ़ाता है। यह हमलावर और खून का प्यासा बनता जाता है, और पार्लमेण्टी ढंग के लोकतन्त्र तक को बर्दाश्त नहीं कर सकता। फ़ासीवाद और नात्सीवाद अपनी सारी नंगी पशुता लेकर उठ खड़े होते हैं, और युद्ध को ही अपनी सारी नीति का मकसद और निशाना बनाते हैं। इसी बीच सोवियत प्रदेशों में एक बड़ी नई शक्ति उठती है, जो पुरानी व्यवस्था के लिए लगातार चुनौती, और साम्राज्यवाद व फ़ासीवाद दोनों के लिए एक जैसी ज़ोरदार रुकावट बन जाती है।

हम क्रान्ति के युग में रह रहे हैं। यह क्रान्ति १९१४ ई० में, जब महायुद्ध छिड़ा था, तब शुरू हुई थी, और संसार को सब जगह रगड़े-झगड़ों की सख़्त पीड़ा में डालती हुई बराबर चली आ रही है। डेढ़ सौ वर्ष पहले फ्रान्सीसी क्रान्ति ने धीरे-धीरे राजनैतिक बराबरी का युग शुरू कर दिया था, पर अब ज़माना बदल गया है, और आज सिर्फ़ यह बराबरी काफ़ी नहीं है। अब लोकतंत्र का दायरा इतना बढ़ाना होगा कि इसमें आर्थिक बराबरी भी शामिल हो सके। यही वह क्रान्ति है, जिसमें होकर हम सब गुज़र रहे हैं। यह क्रान्ति आर्थिक बराबरी कायम करने के लिए है, ताकि लोकतंत्र सही अर्थों में कायम हो, और हम लोग विज्ञान और टेकनोलोजी की तरक़्क़ी के साथ-साथ चल सकें।

यह बराबरी साम्राज्यवाद या पूंजीवाद के साथ मेल नहीं खाती, क्योंकि ये असमानता और राष्ट्र या वर्ग के शोषण पर टिके हुए हैं। चुनांचे इस शोषण से फ़ायदा उठानेवाले समानता को रोकते हैं, और जब लड़ाई ज़ोर पकड़ती है, तब राजनैतिक

बराबरी और पार्लमेण्ट्री लोकतंत्र के ख़याल तक को धता बता दी जाती है। यही फ़ासीवाद है, जो कई रास्तों से हमें मध्य-युगों में वापस ले जाता है। यह 'नस्ल' की हुकूमत को ऊंचा दर्जा देता है, और निरंकुश बादशाह के दैवी अधिकार की जगह इसमें एक नेता का दैवी अधिकार रहता है, जिसके हाथों में सारी ताकत रहती है। पिछले पांच वर्षों में फ़ासीवाद की तरक़्क़ी ने, और हर किस्म के लोकतंत्री उसूलों और आज़ादी व सभ्यता के ख़यालों पर इसके हमले ने, आज लोकतंत्र की हिफ़ाज़त का सवाल बड़ा ज़रूरी बना दिया है। दुनिया में होनेवाली टक्कर आज एक तरफ साम्यवाद व समाजवाद व दूसरी तरफ़ फ़ासीवाद के बीच नहीं है। यह टक्कर तो लोकतंत्र और फ़ासीवाद के बीच है, और लोकतंत्र की सारी असूली ताकतें कंधे भिड़ाकर फ़ासी-विरोधी बनती जाती हैं। आज स्पेन इसकी सबसे बढ़िया मिसाल है।

पर इस लोकतंत्र के पीछे लोकतंत्र को बढ़ाने का ख़याल लाज़िमी तौर पर मौजूद है। और इसीके डर से सब जगह के प्रतिगामी लोग अपनी हमदर्दी और ताबेदारी फ़ासीवाद को दे रहे हैं, हालांकि ऊपर से वे लोकतंत्र के भक्त बनते हैं। फ़ासीवादी शक्तियों का रवैय्या बिल्कुल साफ़ है और उनके मकसदों या उनकी नीति के बारे में शक की कोई गुंजायश नहीं है। मगर हालात को बनाने-बिगाड़नेवाला सबब तो लोकतंत्री कहलानेवाली शक्तियों का, और ख़ासकर इंग्लैण्ड का, रवैय्या है। ब्रिटिश सरकार ने शुरू से अबतक एशिया, अफ्रीका और यूरोप में प्रतिगामी खेल खेला है, और फ़ासीवाद व नात्सीवाद को हर तरह बढ़ावा दिया है। सच्चे लोकतंत्र की तरक़्क़ी का उसे इतना ज़्यादा डर है, और फ़ासीवाद के नेताओं के साथ उसकी इतनी ज़्यादा वर्ग-सहानुभूति है कि उसने ब्रिटिश साम्राज्य की हिफ़ाज़त को ख़तरे में डालकर भी फ़ासीवाद की हिमायत की है। इसलिए अगर फ़ासीवाद ज़ोर पकड़ गया है और संसार पर हावी होने लगा है, तो इसकी ज़्यादातर नेकनामी ब्रिटिश सरकार को दी जानी चाहिए। संयुक्त राज्य अमेरिका ने, जिसमें लोकतंत्र की भावना ज़्यादा पैनी है, फ़ासीवादियों की हमलावर कार्रवाइयां रोकने के लिए दूसरी शक्तियों की तरफ़ कई बार सहयोग का हाथ बढ़ाया, पर इंग्लैण्ड ने हाथ मिलाने से इन्कार कर दिया। फ्रान्स तो लन्दन शहर और इंग्लैण्ड की विदेशी नीति का इतनी बुरी तरह दामनगीर हो गया है कि वह किसी स्वाधीन नीति पर अमल करने की हिम्मत ही नहीं कर सकता।

मज़दूरी से ताल्लुक रखनेवाले मामलों में भी अन्तर्राष्ट्रीय श्रम-सम्मेलनों में इंग्लैण्ड का रुख बराबर प्रतिगामी रहा है। जून, १९३८ ई० में अन्तर्राष्ट्रीय श्रम-संस्था ने कपड़ा-उद्योग के लिए सप्ताह में चालीस घंटे काम का एक इक़रारनामा मंजूर किया था। यह चीज़ इंग्लैण्ड के विरोध के बावजूद हुई थी। यहांतक

कि ब्रिटिश उपनिवेशों ने भी इंग्लैण्ड का साथ छोड़कर अमेरिका के प्रस्ताव का समर्थन किया था। पर ब्रिटिश सरकार के नामज़द भारतीय प्रतिनिधि ने तो इंग्लैण्ड का ही साथ दिया। अमरीकी प्रतिनिधि-मंडल के सदस्यों ने, जिनमें कारख़ानेदारों के और सरकार के प्रतिनिधि भी शामिल थे, कहा था कि "जबतक वे जेनेवा नहीं आये थे, तबतक उन्हें यह ख़याल नहीं था कि ब्रिटिश सरकार इतनी प्रतिगामी है।" एक प्रतिनिधि ने यह भी कहा था—"इंग्लैण्ड तो प्रतिगामी बर्छी की नोक बन गया है।"

राष्ट्र-संघ, अपनी सारी कमज़ोरियों के होते हुए भी, अन्तर्राष्ट्रीय ख़याल का पुतला था, और उसके इक़रारनामे में हमलावर कार्रवाइयों के लिए सज़ाएं रक्खी गई थीं। जब जापान ने मंचूरिया पर धावा किया था तब राष्ट्र-संघ कोई कार्रवाई करने में नाकामयाब रहा (सिवा इसके कि उसने एक जांच-कमीशन मुकर्रर कर दिया और बाद में इस आक्रामक कार्रवाई की बुराई कर दी)। ब्रिटिश सरकार ने तो इस हौसलेबाज़ी के लिए जापान को सचमुच बढ़ावा दिया था। और ब्रिटिश सरकार ने तभी से सही दिशा में कुछ छोटी-छोटी 'भूलों' के सिवा राष्ट्र-संघ को अंगूठा दिखाने और उसे कमज़ोर बनाने की नीति अपनाई है। हमले की मानी हुई नीतिवाले नात्सीवाद का उठना राष्ट्र-संघ के लिए सीधी चुनौती था, पर इंग्लैण्ड ने, और कुछ हद तक फ्रान्स ने, इस चुनौती के आगे घुटने टेक दिये, और राष्ट्र-संघ को धूल में मिल जाने दिया। फ़ासीवादी शक्तियों ने राष्ट्र-संघ को धता बताई—जर्मनी ने अक्तूबर, १९३३ ई०, में और जापान व इटली ने कुछ दिन बाद। सितम्बर, १९३४ ई० में सोवियत-संघ राष्ट्र-संघ में शामिल हो गया, और इससे राष्ट्र-संघ में कुछ नई जान पड़ गई। नात्सी जर्मनी की दहशत से फ़ान्स ने तो सोवियत से गठ-जोड़ कर लिया, मगर इंग्लैण्ड ने, राष्ट्र-संघ के इक़रारनामे के आधार पर भी सोवियत-संघ से सहयोग करने के बजाय, जर्मनी का साथ देना ज़्यादा पसंद किया। हमले की हरेक सफल कार्रवाई से फ़ासीवादी शक्तियों के हौसले बढ़ गये, और उन्हें भरोसा हो गया कि वे राष्ट्र-संघ को मज़े से अंगूठा दिखा सकते थे, क्योंकि उन्होंने समझ लिया था कि ब्रिटिश सरकार कभी उनके ख़िलाफ़ जानेवाली नहीं है।

फ़ासीवादी शक्तियों के साथ ब्रिटिश सरकार का यह बढ़ता हुआ सहयोग ही उन घटनाओं का बहुत-कुछ खुलासा कर देता है, जो चीन, अबिसीनिया, स्पेन और मध्य यूरोप में हुई हैं। इससे हमारी समझ में आ जाता है कि जो राष्ट्र-संघ मनुष्य-जाति के लिए, अमन व तरक़्क़ी की इतनी उम्मीदों का नुमायन्दा था, उसकी शानदार इमारत आज खंडहर होकर क्यों पड़ी है।

हम देख चुके हैं कि मंचूरिया में जापान ने राष्ट्र-संघ को कैसी कामयाबी से

अंगूठा दिखाया और वहां मंचूकुओ के नाम से एक कठपुतली राज्य कैसे कायम कर दिया। हालांकि वहां बाक़ायदा फ़ौजी हमला हुआ था, पर युद्ध की कोई घोषणा नहीं की गई थी। वहां अन्दरूनी विद्रोह भड़काये गए थे, और इनका बहाना लेकर दख़ल दिया गया था। इस नये हुनर को बाद में इटली और नात्सी जर्मनी ने पूरा किया, और इसके साथ अनोखे पैमाने पर विदेशों में झूठा प्रोपैगैण्डा और जोड़ दिया गया। अब युद्ध के ऐलान नही किये जाते। यह तो पुराने ज़माने की बात हो गई है। जैसा कि हिटलर ने १९३७ ई० में नूरेम्बर्ग के अपने भाषण में कहा था : "अगर मैं कभी अपने दुश्मन पर हमला करना चाहूं, तो महीनों तक समझौते की बातचीत और तैयारी नहीं करूंगा, बल्कि वैसा ही करूंगा जैसा कि हमेशा करता आया हूं, यानी मैं अंधेरे में से बिजली की-सी तेजी के साथ निकलकर अपने दुश्मन पर टूट पड़ूंगा।"

जनवरी, सन् १९३५ ई०, में जनमत-संग्रह के बाद जर्मनी ने सार नदी के प्रदेश पर क़ब्ज़ा कर लिया। इसी साल के मई महीने में हिटलर ने वर्साई-सन्धि की हथियार-बन्दीवाली धाराओं को मानने से सदा के लिए इन्कार कर दिया, और जर्मनों के लिए लाज़िमी फ़ौजी-सेवा का फ़रमान जारी कर दिया। सन्धि की इस खुली और इक-तरफ़ा खिलाफ़ वरज़ी ने फ्रान्स को दहला दिया। पर इंग्लैण्ड ने खामोशी से इसे बर्दाश्त कर लिया। इतना ही नहीं, वह तो एक महीने बाद जर्मनी के साथ खुफ़िया तौर पर एक जंगी-जहाज़ी क़रार तय करके एक कदम और भी आगे बढ़ गया। यह क़रार खुद भी वर्साई की सन्धि को तोड़नेवाला था, इसलिए इस तरह खुद इंग्लैण्ड ने ही सुलह-सन्धि को ठुकरा दिया। इसमें हैरत की बात तो यह थी कि इंग्लैण्ड ने यह कार्रवाई अपने पुराने साथी-देश फ्रान्स से बिना पूछे ही कर डाली थी, और वह भी ठीक उस वक़्त जबकि जर्मनी का ज़बर्दस्त पैमाने पर हथियारों से लैस होना सारे यूरोप के लिए ख़तरा बन रहा था। इस चीज़ से, जिसे फ्रान्स इंग्लैण्ड की दग़ाबाज़ी समझता था, उसे इतनी दहशत हुई कि वह मुसोलिनी के पास उससे समझौता करने के लिए दौड़ा, ताकि उसकी इटलीवाली सरहद का ख़तरा तो कम हो जाय।

अबिसीनिया

इससे मुसोलिनी को वह मौक़ा मिल गया, जिसकी ताक में वह बहुत दिनों से था। कितने ही वर्षों से वह अबिसीनिया पर हमले की योजना बना रहा था, पर इसलिए हिचकिचा रहा था कि उसे इंग्लैण्ड और फ्रान्स के रुख़ का भरोसा नहीं था। फ्रान्स और इटली के बीच बड़ा भारी खिंचाव चला आ रहा था, और अक्तूबर १९३४ ई०, में यूगोस्लाविया के शाह अलेग्ज़ैण्डर को और फ्रान्स के विदेश मंत्री लुई बार्थो को, मार्सल्स में शायद किसी इटालवी गुर्गे ने मार डाला।

पर अब मुसोलिनी को भरोसा हो गया कि अगर वह अबिसीनिया पर हमला करेगा, तो न तो फ्रान्स विरोध की कोई कारगर कार्रवाई करेगा और न इंग्लैण्ड। अक्तूबर, १९३५ ई०, में यह हमला ठीक उस वक़्त शुरू हुआ जब राष्ट्र-संघ की बैठक हो रही थी। अबिसीनिया राष्ट्र-संघ का एक सदस्य राज्य था, इसलिए इस हमले ने सारी दुनिया का दिल दहला दिया। राष्ट्र-संघ ने इटली को हमलावर क़रार दिया, और बहुत टाल-मटूल के बाद उसपर कुछ आर्थिक प्रतिबंध लागू कर दिये—यानी सदस्य-राज्यों को उसके साथ बहुत-सी चीज़ों का व्यापार करने की मनाही कर दी। मगर खनिज-तेल, लोहा, इस्पात, कोयला, वग़ैरा, असली महत्व की चीजें, जिनपर युद्ध का दारोमदार था, इस सूची में शामिल नहीं की गई। एंग्लो-ईरानियन आयल कम्पनी ने इटली को तेल भेजने के लिए कसकर और ओवर टाइम काम किया। इन पाबन्दियों से इटली को कुछ दिक़्क़त तो हुई, पर उसके रास्ते में कोई बड़ी कठिनाई नहीं आई। संयुक्त राज्य अमेरिका ने तेल पर रोक लगाने का सुझाव रक्खा था, पर इंग्लैण्ड राज़ी नहीं हुआ।

इंग्लैण्ड के विदेश-मंत्री सर सैम्युएल होर और फ्रान्स के मंत्री मोस्यू लवाल ने अबिसीनिया का एक बड़ा हिस्सा इटली के हवाले कर देने के बारे में बातचीत तय कर ली, लेकिन इसपर जनता ने इतना हो-हल्ला मचाया कि सर सैम्युएल होर को इस्तीफ़ा देना पड़ा। इधर अबिसीनियावाले बड़ी बहादुरी से लड़ रहे थे, मगर निचाई पर उड़नेवाले हवाई जहाज़ों के ज़रिये बड़े पैमाने पर बमबारी के आगे वे कुछ नहीं कर सकते थे। ग़ैर-फ़ौजियों, औरतों व बच्चों, घायलों की सेवा करनेवालों और अस्पतालों पर आग लगाने वाले बम और गैस बम बरसाये गए, और बहुत ही अत्याचारपूर्ण हत्याकांड हुए। मई, १९३६ ई० में इटालवी फ़ौज वहां की राजधानी अदिस-आबाबा में दाख़िल हो गई, और फिर इसने देश के बड़े हिस्से पर क़ब्ज़ा कर लिया। तबसे ढाई साल बीत चुके हैं, पर दूर-दूर के इलाक़ों में अबिसीनियावासियों का मुक़ाबला अभी तक जारी है। अबिसीनिया को पूरी तरह जीतने में अभी बहुत कसर है, हालांकि इंग्लैण्ड और फ्रान्स ने इसपर इटली का क़ब्ज़ा मान लिया है।

अबिसीनिया की रंजभरी घटना ने, और राष्ट्र-संघ की शक्तियों की धोखे-बाज़ी ने दुनिया को ज़ाहिर कर दिया कि राष्ट्र-संघ बिल्कुल बोदा है। अब हिटलर बेख़ौफ़ होकर इसको अंगूठा दिखा सकता था, और मार्च, १९३६ ई० में उसने अपनी फ़ौजें राइनलैण्ड में दाख़िल कर दीं, जहां फ़ौजें रखने की मनाही थी। वर्साई की सन्धि पर यह दूसरी चोट थी।

स्पेन

१९३६ ई० के साल में फ़ासीवादियों ने यूरोप पर अपना सिक्का जमाने

की कोशिश में एक और क़दम उठाया। यह क़दम आगे चलकर लोकतंत्र व आज़ादी के लिए मौत व ज़िन्दगी की लड़ाई बननेवाला था। हम देख चुके हैं कि स्पेन में दो मुक़ाबले की ताक़तें हुकूमत के लिए किस तरह लड़ी थीं और कुछ ही दिन के गणराज्य ने पादरियों और आधे-सामन्तों की प्रतिगामी कार्रवाइयों के ख़िलाफ़ किस तरह मोर्चा लिया था। आख़िरकार सारे प्रगतिशील दल एक हो गये, और इन्होंने फ़रवरी, १९३६ ई० में 'जनता का मोर्चा' क़ायम किया। इससे पहले फ्रान्स में ऐसा ही 'जनता का मोर्चा' फ़ासीवाद के उन बढ़ती हुई ताक़तों से लोहा लेने के लिए बन चुका था, जो फ्रान्सीसी गणराज्य को खुली चुनौती दे रहे थे, और जिन्होंने एक असफल बलवा भी खड़ा किया था। फ्रान्सीसी 'जनता का मोर्चा' जनता के भारी जोश की ऊंची लहर पर चढ़ रहा था। चुनावों में सफल होने पर इसने अपनी सरकार बनाई, जिसने मज़दूरों को राहत देनेवाले कई क़ानून पास किये।

स्पेनी 'जनता का मोर्चा' भी कोर्टे के चुनावों म कामयाब हुआ और इसने भी अपनी सरकार बनाई। इस मोर्चे का यह वादा था कि जो बहुत-से और ज़रूरी सुधार बहुत दिन से रुके हुए थे, उन्हें पूरे करेगा, और चर्च के अधिकारों पर अंकुश लगायेगा। इन सुधारों के डर से सारे प्रतिगामी तत्वों ने दलबन्दी कर ली और चोट करने का फ़ैसला किया। इन्होंने इटली और जर्मनी से मदद मांगी, जो उन्हें मिली, और १८ जुलाई, १९३६ ई०, को जनरल फ्रैन्को ने स्पेनी मूरों की फ़ौज की मदद से विद्रोह का झंडा खड़ा कर दिया। इस फ़ौज को बड़े-बड़े लालच दिये गए थे। फ्रैन्को को बहुत आसानी से और बहुत जल्द जीत जाने की उम्मीद थी। फ़ौज उसकी तरफ़ थी और दो ताक़तवर देश उसकी मदद पर थे। गणराज्य लाचार नज़र आता था। मगर ख़तरे की इस घड़ी में उसने स्पेन की जनता को अपनी आज़ादी की हिफ़ाज़त के लिए पुकारा और लोगों को हथियार बांटे। आम लोगों ने यह पुकार सुनी, और क़रीब-क़रीब निहत्थे ही फ्रैन्को की तोपों और हवाई जहाज़ों का मुक़ाबला किया। उन्होंने फ्रैन्को को आगे बढ़ने से रोक दिया। लोकतंत्र को बचाने के लिए विदेशों से स्वयंसेवकों के दल-के-दल स्पेन में आ गये और उन्होंने एक 'अन्तर्राष्ट्रीय पलटन' बना ली। इस पलटन ने ठीक ज़रूरत के मौक़े पर गणराज्य की अनमोल सेवा की। मगर जहां गणराज्य की सहायता के लिए स्वयं-सेवक आये, वहां फ्रैन्को की सहायता के लिए इटली की तैयार फ़ौज बहुत बड़ी तादाद में आई। साथ ही इटली और जर्मनी से हवाई जहाज़ और हवाबाज़ और तकनीकी जानकार और हथियार भी आये। फ्रैन्को की मदद पर इन दोनों शक्तियों के तजरबेकार फ़ौजी अफ़सर थे, गणराज्य की तरफ़ जोश, हिम्मत और कुर्बानी थे। बाग़ी लोग बढ़ते चले गये, और नवम्बर, १९३६ ई०, में मैड्रिड के दरवाज़े तक जा पहुंचे। लेकिन अब गणराज्य के आदमियों ने अपनी

पूरी जान लड़ाकर इन्हें वहीं रोक दिया। इन लोगों का नारा था 'नो पासेरां'[1]—बाग़ी इससे आगे नहीं बढ़ेंगे। और वह मैड्रिड, जिसपर हर रोज़ हवाई जहाज़ों से और जंगी तोपों से गोले बरसाये जाते थे, जिसकी आलीशान इमारतें खंडहर हो गई थीं, जहां आग लगानेवाले बमों के गिरने से लगातार आगें लगती रहती थीं, जिसकी खातिर उसके हज़ारों वीर लाड़ले जान निछावर कर रहे थे,—वह मैड्रिड फिर भी अविजित और जयवन्त बना रहा। बाग़ियों को मैड्रिड के किनारे पहुंचे दो साल बीत चुके हैं। फिर भी वे वहीं रुके पड़े हैं, और 'नो पासेरां' का नारा उनके कानों में पड़ता रहता है। और मैड्रिड, अपनी दुखभरी और उजड़ी हुई हालत में भी, आज़ादी के साथ अपना सिर ऊंचा उठाये हुए है, और स्पेनवासियों की अभिमानी व अजेय भावना का पुतला बन गया है।

स्पेन में होनेवाली यह लड़ाई हमें समझ लेनी चाहिए, क्योंकि यह सिर्फ़ मुक़ामी या राष्ट्रीय लड़ाई नहीं है, बल्कि इससे बहुत ही ज़्यादा बड़ी चीज़ है। लोकतंत्री ढंग पर चुनी हुई पार्लमेण्ट के ख़िलाफ़ विद्रोह से इसकी शुरूआत हुई थी। साम्यवाद का और मज़हब पर ख़तरे का हल्ला मचाया गया था। पर 'जनता के मोर्चे' के डिपुटियों में साम्यवादी इक्का-दुक्का ही थे, बहुत ज़्यादा तादाद तो समाजवादियों और गणराज्यवादियों की थी। जहांतक मज़हब का सवाल है, गणराज्य के सबसे बहादुर लड़ाके बास्क प्रान्तों के कैथलिक ईसाई हैं। गणराज्य में मज़हबी आज़ादी की पूरी गारंटी है—हिटलर के जर्मनी में यह बात नहीं है—मगर ज़मीन पर और शिक्षा में चर्च के जमे हुए स्वार्थों पर ज़रूर ऐतराज़ किया जाता है। लोकतंत्र के ख़िलाफ़ यह विद्रोह तब हुआ जब इस बात का ख़तरा दिखाई देने लगा कि यह लोकतंत्र ज़मीन की और बड़ी-बड़ी जागीरों की सामन्त-शाही पर हमला बोलकर उसे खतम कर देगा। जैसा कि मैं पहले लिख चुका हूं, जब ऐसा होता है तब प्रतिगामी लोग यह दिक्क़त नहीं उठाते कि लोकतंत्री क़ायदों पर चलें या मतदाताओं की राय बदलने की कोशिश करें। वे तो हथियार उठा लेते हैं और मारकाट व आतंक के ज़रिये आम लोगों को जबरन अपनी मर्ज़ी के मुताबिक चलाने का यत्न करते हैं।

स्पेन में फौजी अफ़सरों और पादरियों के जिस गुट्ट ने बग़ावत की थी, उसे इटली व जर्मनी दो फ़ासीवादी शक्तियों के रूप में बैठे-बिठाये साथी मिल गये, क्योंकि वे ताकतें भूमध्य सागर पर अपना कब्ज़ा रखने के लिए और वहां जहाज़ी अड्डे बनाने के लिए स्पेन पर अपनी हुकूमत जमाना चाहती थीं। स्पेन की खानों की दौलत पर भी उनके दांत थे। इसलिए यह स्पेनी युद्ध कोई घरेलू युद्ध नहीं था, बल्कि फ्रान्स को अपंग और इंग्लैण्ड को कमजोर करने के लिए और इस तरह

[1] No Pasaran

यूरोप में फ़ासीवाद का दबदबा क़ायम करने के लिए वास्तव में राजनैतिक चाल-बाजियों का यूरोपीय युद्ध था। जर्मनी और इटली के स्वार्थ कुछ हद तक टकराते थे, पर इस वक्त तो उनकी गाड़ियां साथ-साथ चल रही थीं।

फ़ासीवादी स्पेन फ्रान्स के लिए मौत का पैग़ाम हो जायगा, और इंग्लैण्ड के भूमध्य सागर में होकर पूर्व जानेवाले और उत्तमाशा अन्तरीप जानेवाले, दोनों रास्तों के लिए ख़तरा बन जायगा। उस हालत में जिब्राल्टर किसी काम का नहीं रहेगा और स्वेज़ नहर का भी ज़्यादा महत्व नहीं रह जायगा। इसलिए उम्मीद तो यह थी कि लोकतंत्र से मोहब्बत होने की वजह से न सही, पर कम-से-कम अपने निजी स्वार्थ की निगाह से ही, इंग्लैण्ड और फ्रान्स स्पेनी सरकार को हर किस्म का वाजिब सहारा देंगे, ताकि वह बग़ावत को दबा सके। पर यहां भी हम देखते हैं कि वर्गों के स्वार्थ राष्ट्रीय हितों को नुकसान पहुंचाकर भी अपनी सरकारों को किस तरह हांकते हैं। ब्रिटिश सरकार ने दस्तंदाज़ी न करने की ऐसी तरक़ीब निकाली, जो हमारे ज़माने का सबसे बढ़िया ढकोसला है। जर्मनी व इटली ग़ैर-दस्तन्दाज़ी कमेटी में हैं, पर फिर भी वे बाग़ियों को खुले आम मदद दे रहे हैं और उन्हें कानूनी सरकार की तरह मान रहे हैं। इनकी फ़ौजें फ़्रैन्कों की मदद के लिए भेजी जा रही है और इनके हवाबाज़ स्पेनी नगरों पर बमबारी कर रहे हैं। बस, ग़ैर-दस्तन्दाज़ी का मतलब यह हो गया कि सिर्फ़ बाग़ियों को ही मदद पहुंच सके। ब्रिटिश सरकार के उकसाने पर फ्रान्सीसी सरकार ने पिरेनीज़ की सरहद पर पहरा बैठा दिया है, और इस तरह स्पेनी सरकार को किसी भी किस्म की मदद पहुंचाना बन्द कर दिया है।

गणराज्य के लिए खाने की चीज़ें ले जानेवाले ब्रिटिश जहाज़ों को फ़्रैन्को के हवाई जहाज़ों या जंगी जहाज़ों ने डुबो दिया है, और इंग्लैण्ड के प्रधान मंत्री चैम्बरलेन ने फ़्रैन्को की इस कार्रवाई की हिमायत की। लोकतंत्र के विस्तार होने के डर से ब्रिटिश सरकार की ऐसी नाज़ुक हालत हो गई है। कुछ ही दिन हुए उसने इटली के साथ एक समझौता तय किया है, जिसके ज़रिये वह फ़्रैन्को को तसलीम करने में, और इटली को स्पेन में दखल देने की छूट देने में, एक क़दम और आगे बढ़ गई है। अगर स्पेनी गणराज्य इंग्लैण्ड और फ्रान्स के भरोसे रहा होता या इनकी सलाह पर चला होता, तो वह कभीका ख़तम हो गया होता। पर अंग्रेजी और फ्रान्सीसी नीति के बावजूद स्पेनी लोगों ने फ़ासीवाद के आगे सिर झुकाने से इन्कार कर दिया। उनके लिए तो यह विदेशी हमलावरों के ख़िलाफ़ स्वाधीनता की राष्ट्रीय लड़ाई है। यह ऐसी लड़ाई है, जो वीर-गाथा जैसी बन गई है, और जिसने दिलेरी व ताकत के चमत्कारों से संसार को चकित कर दिया है। फ़्रैन्को की तरफ़ से इटालवी व जर्मन हवाई जहाजों ने शहरों और

गांवों और ग़ैर-फौजी आबादियों पर जो बमबारी की है, वह सबसे ज़्यादा भयानक चीज़ है।

पिछले दो वर्षों से स्पेनी गणराज्य ने बहुत बढ़िया सेना तैयार कर ली है, और हाल ही में अपने सारे विदेशी स्वयंसेवकों को वापस भेज दिया है। फ्रैन्को ने स्पेन के करीब तीन-चौथाई भाग पर कब्ज़ा कर रक्खा है और मैड्रिड व वेलेन्शिया को कैटेलोनिया से काट दिया है, मगर फिर भी नई गणराज्यी फौज़ ने उसे आगे बढ़ने से रोका हुआ है, और एब्रो की बड़ी लड़ाई में अपना जौहर दिखा दिया है। यह लड़ाई कई महीनों से क़रीब-क़रीब लगातार चल रही है। ज़ाहिर है, जबतक फ्रैन्को को बाहर के देशों की भरपूर मदद न मिले, तबतक वह इस फ़ौज को नहीं हरा सकता।

इस वक्त गणराज्य के लिए सबसे बड़ी मुसीबत खुराक की कमी है, खासकर सर्दी के महीनों में। क्योंकि गणराज्य को सिर्फ अपनी फौज और अपने मातहत इलाकों की मामूली आबादी के लिए ही खुराक का इन्तज़ाम नहीं करना पड़ रहा है, बल्कि उन लाखों शरणार्थियों के लिए भी करना पड़ रहा है,जो फ्रैन्को की पलटनों के कब्ज़ेवाले इलाकों से भागकर वहां आये हैं।

चीन

स्पेन की दुखभरी कहानी के बाद अब हम चीन की दुखभरी कहानी पर आते हैं।

जापान मंचूरिया में लगातार हमलावर कार्रवाइयां करता रहा, और जैसाकि मैं बतला चुका हूं, उसे इंग्लैण्ड की सरकारी हमदर्दी मिली हुई थी। जापान की हमलावर कार्रवाइयों का मुक़ाबला करने के लिए अमेरिका ने इंग्लैण्ड के साथ सहयोग का जो हाथ बढ़ाया था, उसे इंग्लैण्ड ने ठुकरा दिया। इंग्लैण्ड ने जापान को इस तरह बढ़ावा क्यों दिया और एक ताक़तवर मुक़ाबला करनेवाले के हाथ क्यों मज़बूत किये? बात यह है कि बीसवीं सदी के शुरू के दिनों से ही जापान बहुत कुछ इंग्लैण्ड की छत्रछाया में साम्राज्यशाही शक्ति की तरह धीरे-धीरे बढ़ता चला आया है। शुरू-शुरू में तो इसका निशाना ज़ारशाही रूस था। महायुद्ध के बाद संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत-संघ, ये दो इंग्लैण्ड के बड़े प्रतिस्पर्द्धी हो गये, इसलिए जापान को सहारा देने की पुरानी नीति अबतक जारी रही। मगर अब तो इंग्लैण्ड के बड़े-बड़े स्वार्थों को खुद जापान से ही खतरा पैदा हो गया है। अमेरिका न १९३३ ई० में सोवियत-संघ को जो तसलीम किया, उसकी एक वजह जापान के साथ अमेरिका की प्रतिस्पर्द्धा थी।

१९३३ ई० से आगे चीन में कई सरकारें रहीं। एक तो चांग-काई-शेक की राष्ट्रीय सरकार थी, जिसे बड़ी-बड़ी शक्तियों ने मान रक्खा था, दूसरी दक्षिण में

कैण्टन की सरकार थी, जो कुओ-मिन-तांग के पीछे चलने का दावा करती थी, तीसरे देश के अन्दरूनी भाग में एक बड़ा सोवियत इलाका था। इनके अलावा देश के भीतर कितने ही आधे-स्वाधीन लड़ाकू सरदार थे। पीपिंग के उत्तर में जापान चीन को बराबर कुतर रहा था। जापान के हमले का मुक़ाबला करने के बजाय चांग-काई-शेक ने सोवियत इलाकों को कुचलने के लिए हर साल ज़बर्दस्त हमलावर फौजें भेजने में अपनी सारी ताक़त खर्च कर दी। इन फौजों के ज़्यादातर हमले बेकार रहे, और अगर ये उन इलाक़ों पर कभी क़ब्जा भी कर लेती थीं, तो चीनी सोवियत फौजें इनसे बचकर निकल जाती थीं, और भीतर की तरफ जाकर जम जाती थीं। चू तेह की सरदारी में आठवीं सेना का, चीन के एक सिरे से दूसरे तक, आठ हज़ार मील का अद्भुत कच फौजी इतिहास में अव्वल दर्जे की चीज़ बन गई है।

बस, यह मुठभेड़ साल-दर-साल चलती रही, हालांकि सोवियत चीन ने जापानी हमले को रोकने के लिए चांग-काई-शेक के साथ सहयोग करने की तैयारी भी दिखाई। १९३७ ई० में जापान ने बड़े पैमाने पर हमला कर दिया, और इससे आपस में युद्ध करनेवाले दल एक होकर जापान के खिलाफ शामिल मोर्चा खड़ा करने को मजबूर हो गये। चीन ने भी सोवियत-संघ के साथ ज़्यादा गहरा ताल्लुक कायम कर दिया और नवम्बर, १९३७ ई० में दोनों देशों के बीच एक दूसरे पर हमला न करने के क़रार पर दस्तखत हो गये।

जापान को खूंख्वार मुक़ाबले का सामना करना पड़ा, और इसकी कमर तोड़ने के लिए उसने बमबारी और जंगलीपन के ऐसे तरीक़ों से जालिमाना हत्याकांडों का सहारा लिया, जिनपर भरोसा करना मुश्किल है। पर आज़माइश की इस भट्टी में चीन का एक नया राष्ट्र ढलकर तैयार हो गया और चीनी लोगों की पुरानी सुस्ती दूर भाग गई। जापानी बमबारों ने बड़े-बड़े शहरों को जलाकर राख कर दिया और लाखों आदमियों को मौत के घाट उतार दिया। जापान पर इसका भारी बोझ पड़ा, और उसके आर्थिक ढांचे में दरार पड़ने के चिन्ह दीखने लगे। भारत के लोगों की हमदर्दी कुदरती तौर पर चीन के लोगों के साथ थी, जैसीकि स्पेनी गणराज्य के साथ भी था। भारत, अमेरिका व दूसरे देशों में जापानी माल के बायकाट के बड़े आन्दोलन जोर पकड़ने लगे।

मगर जापान की भारी फौजी मशीन फिर भी चीन में आगे बढ़ती गई, और जापानी फौजों को तंग करने के लिए चीनी लोगों ने बड़े असरवाले तरीक़े से छापामार युद्ध के दांव-पेचों का सहारा लिया। जापान ने शांघाई और नानकिंग पर कब्ज़ा कर लिया, पर जब उसकी फौजें कैण्टन और हैन्काउ के नज़दीक पहुंचीं, तो चीनियों ने खुद ही अपने इन बड़े-बड़े शहरों को आग लगाकर तबाह कर दिया।

जापानी फौज ने इन शहरों के जले हुए खंडहरों पर कब्ज़ा कर लिया, जिस तरह कि नैपोलियन ने मास्को पर कब्ज़ा किया था, पर जापान अभी तक चीनियों के मुक़ाबले में ज़रा भी नहीं कुचल पाया है। हर नई आफत के बाद यह मुक़ाबला और भी कड़ा होता जाता है।

आस्ट्रिया

अब हमें यूरोप लौट चलना चाहिए और आस्ट्रिया की कहानी का दुखभरा अन्त देखना चाहिए। यह छोटा-सा गणराज्य दिवालिया हो रहा था और फूट का घर बन रहा था। एक बाजू से तो इसे नात्सी जर्मनी दबा रहा था और दूसरे बाजू से फ़ासीवादी इटली। हालांकि वियेना में तरक्क़ी-पसन्द समाजवादी म्यूनिसिपैलिटी थी, पर देश में वहींके ख़ास नमूने के पादरीशाही फ़ासीवाद का बोलबाला था। यहां का चैन्सलर (प्रधान-मंत्री) डॉलफ़स था, जिसने मुसोलिनी का पल्ला इस भरोसे पकड़ रक्खा था कि वह नात्सी हमले से उसे बचायेगा। इटली ने वर्साई सन्धि को ठुकराकर डॉलफस को हथियार भिजवाये, और मुसोलिनी ने उसे समाजवादियों को दबाने की सलाह दी। डॉलफ़स ने वियेना के समाजवादी मज़दूरों को निहत्था करने का फैसला किया, और इसकी वजह से फ़रवरी, १९३४ ई०, की उलट-क्रान्ति हो गई। वियेना में चार दिन तक लड़ाई होती रही, और मज़दूरों की मशहूर इमारतों पर गोले बरसाये गए, जिससे वे टूट-फूट गये। डॉलफ़स जीत तो गया, पर इसकी क़ीमत उसे यह चुकानी पड़ी कि वह अकेला मज़बूत दल, जो बाहर के हमले का मुकाबला कर सकता था, तहस-नहस हो गया।

इस बीच नात्सियों की साज़िशें होती रहीं, और जून १९३४ ई० में नात्सियों ने वियेना में डॉलफ़स की हत्या कर डाली। इस राजनैतिक चोट का इरादा यह था कि इसके बाद ही आस्ट्रिया पर जर्मनी के नात्सियों का हमला हो जाय। हिटलर आस्ट्रिया की सरहद के इस पार अपनी फौजें भेजने ही वाला था, पर जब मुसोलिनी ने जर्मनों के खिलाफ आस्ट्रिया की हिफाज़त के लिए अपने सिपाही भेजने की धमकी दी तो वह रुक गया। मुसोलिनी नहीं चाहता था कि जर्मनी आस्ट्रिया को हज़म कर ले, और जर्मनी सरहद ठेठ इटली तक आ जाय। १९३५ ई० में हिटलर ने सरकारी तौर पर ऐलान कर दिया कि वह आस्ट्रिया पर कब्जा नहीं करेगा या उसे जर्मनी में नहीं मिलावेगा।

मगर इटली ने अबिसीनिया पर जो धावा बोला था, उसने उसे कमज़ोर कर दिया। और चूंकि इंग्लैण्ड और फ्रान्स से रगड़-झगड़ा बढ़ता जा रहा था, इसलिए उसे हिटलर के साथ समझौता करना पड़ा। अब हिटलर को आस्ट्रिया में मनमानी करने की छूट मिल गई और नात्सी हरकतें ज़ोर पकड़ने लगीं। १९३८ ई० के शुरू में इंग्लैण्ड के प्रधान-मंत्री चैम्बरलेन ने साफ कह दिया था कि आस्ट्रिया को बचाने

के लिए इंग्लैण्ड बीच में नहीं बोलेगा। इसके बाद घटनाएं बड़ी तेजी से हुई और जब आस्ट्रिया के चैन्सलर शुशनिग ने आम राय-शुमारी का फैसला किया तो हिटलर ने इसपर ऐतराज किया और मार्च, १९३८ ई०, में आस्ट्रिया पर हमला बोल दिया। इसका कोई मुकाबला नहीं हुआ, और आस्ट्रिया को जर्मनी में मिलाये जाने का ऐलान कर दिया गया। बस, यह प्राचीन देश, जो वर्षों तक एक साम्राज्य की गद्दी रहा था, खतम हो गया, और यूरोप के नक़शे पर से आस्ट्रिया का नाम मिट गया। यहांके आखिरी चैन्सलर शुशनिग को जर्मनों ने बन्दी बना लिया, और चूंकि वह पूरी तरह नात्सियों के कहे मुताबिक़ चलने को राज़ी नहीं हुआ, इसलिए उसपर मुकदमा चलाने की धमकी दी गई। अभी तक वह नात्सियों की क़ैद में है।

आस्ट्रिया में जर्मन नात्सियों के आने के बाद वहां के लोगों पर आतंक का जो डंडा घमा, जर्मनी में नात्सियों के शुरू के दिनों के आतंक से भी बुरा था। यहूदियों को मुसीबतें उठानी पड़ीं और अब भी उठानी पड़ रही है, और एक ज़माने के सुन्दर और सुसंस्कृत वियेना शहर में वहशी-राज हो रहा है, और जुल्म-पर-जुल्म हो रहे हैं।

चेकोस्लोवाकिया

आस्ट्रिया में नात्सियों की पूरी जीत से यूरोप के हाथ-पैर ठंडे हो गये, पर इसका सबसे ज्यादा असर चेकोस्लोवाकिया पर पड़ा, क्योंकि अब वह तीन तरफ नात्सियों से घिर गया था। लोगों ने सोच लिया कि इस देश पर भी हमला होनेवाला है और इसकी तैयारी के तौर पर नात्सियों की साज़िशें और सरहदी इलाक़ों में गड़बड़ भड़काने के यत्न ठेठ फ़ासीवादी ढंग पर शुरू हो गये।

चेकोस्लोवाकिया के सूडेटनलैण्ड यानी पुराने बोहेमिया में जर्मन-भाषा बोलनेवालों की आबादी थी, और आस्ट्रिया-हंगरी के साम्राज्य में इन्हींका ज़ोर था। ये लोग चेक-राज्य बनने से खुश नहीं थे, और इनकी कुछ वाजिब शिकायतें भी थीं। ये कुछ हद तक खुद-मुख्तारी चाहते थे और जर्मनी में मिलने की इनकी कोई तमन्ना नहीं थी; इनमें कुछ जर्मन ऐसे भी थे, जो नात्सी-राज के कट्टर विरोधी थे। बोहेमिया पहले कभी भी जर्मनी का हिस्सा नहीं रहा था। आस्ट्रिया खतम होने के बाद यह ख़याल किया जाता था कि हिटलर चेकोस्लोवाकिया पर हमला करेगा। इस अंदेशे से डरकर बहुत-से लोग स्थानीय नात्सी-दल में शामिल हो गये, ताकि पानी से पहले ही पाल बांध लें।

अन्तर्राष्ट्रीय लिहाज़ से चेकोस्लोवाकिया की हैसियत मजबूत थी। यह उद्योगों में आगे बढ़ा हुआ देश था। खूब संगठित और कायदे से जमा हुआ था, और इसके पास ताकतवर और मुस्तैद फौज थी। फ्रान्स व सोवियत-संघ के साथ

इसके राजनैतिक गठ-जोड़ थे, और यह माना जाता था कि लड़ाई के मौक़े पर इंग्लैण्ड इसका साथ देगा। मध्य यूरोप में यही अकेला लोकतंत्री राज्य रह गया था, इसलिए अमेरिका-समेत संसार-भर के लोकतंत्रवादियों की हमदर्दी इसके साथ थी। इसमें कोई शक नहीं था कि अगर युद्ध छिड़ जाय और सारी लोकतंत्री ताकतें साथ मिलकर ज़ोर लगायें तो फ़ासीवादी शक्तियों को हार खानी पड़ेगी।

म्युडेटनी अल्प-संख्यकों का सवाल उठाया जा चुका था और यह उचित ही था कि उनकी शिकायतें दूर की जातीं। मगर यह भी सच था कि चेकोस्लोवाकिया में अल्प-संख्यक जातियों के साथ जितना अच्छा सलूक किया जाता था, उतना मध्य-यूरोप में किसी अल्प-संख्यक जाति के साथ नहीं किया जाता था। असली सवाल अल्प-संख्यकों का नहीं था, बल्कि हिटलर के इस अरमान का था कि सारे दक्षिण-पूर्वी यूरोप में उसका दबदबा कायम हो जाय और वह मारकाट से या मारकाट की धमकियों से अपनी मर्जी जबरन पूरी करा सके।

चेक सरकार ने अल्प-संख्यकों के सवाल को हल करने की जी-तोड़ कोशिश की और उनकी क़रीब-क़रीब सारी मांगें पूरी कर दीं। मगर एक मांग पूरी होने नहीं पाती थी कि दूसरी नई और उससे भी ज़्यादा आगे जानेवाली मांग खड़ी हो जाती थी, यहांतक कि राज्य को अपनी जान के लाले पड़ गये। ज़ाहिर था कि हिटलर का यह मकसद था कि इस लोकतंत्री राज्य को, जो उसकी राह का कांटा था, खतम कर दे। अंग्रेज़ी नीति, इस मसले को बिना लड़ाई-झगड़े के सुलझाने में मदद देने के बहाने, हिटलर के हमलावर रवैय्ये को बढ़ावा दे रही थी। ब्रिटिश सरकार ने लॉर्ड रून्सीमैन को 'बिचौलिया' का काम करने के लिए प्राग भेजा, पर अमल में इस बीच-बचाव का नतीजा यह था कि नात्सियों की मांगें पूरी करने के लिए चेक सरकार पर बराबर दबाव डाला गया। चेक लोगों ने हारकर लॉर्ड रून्सीमैन की ही तजवीज़ें मान लीं। ये तजवीज़ें बहुत ही दूर-व्यापी थीं, पर नात्सी लोग तो अब इनसे भी ज़्यादा चाहते थे, और अपनी मांगें जबरन पूरी कराने के लिए उन्होंने जर्मन फौज की कूच शुरू कर दी। इसपर चैम्बरलेन खुद ही बीच में पड़ा। वह बर्खटेसगाडन जाकर हिटलर से मिला, और वहां उसने हिटलर का आखिरी पैग़ाम मंज़ूर कर लिया, जिसमें चेकोस्लोवाकिया के कुछ बड़े इलाके जर्मनी के हवाले कर दिये जाने की मांग थी। तब इंग्लैण्ड और फ्रान्स ने भी अपने दोस्त और साथी चेकोस्लोवाकिया को आखिरी पैग़ाम भेज दिये, जिनमें कहा गया था कि वह हिटलर की शर्तें फौरन क़बूल कर ले, और धमकी दी गई थी कि अगर उसने इन्कार किया तो वे उसका साथ छोड़ देंगे। अपने दोस्तों को इस दग़ाबाजी से चेक लोग हैरान हो गये और उन्हें बड़ा धक्का लगा। और आखिर में हारकर उनकी सरकार बड़े दुःख और निराशा के साथ

इस आखिरी पैग़ाम के आगे सिर झुका दिया। तब चैम्बरलेन फिर हिटलर के पास गया, जो इस बार राइन नदी के तीर के गॉडसबर्ग नगर में था। उसने देखा कि हिटलर तो इससे भी बहुत ज़्यादा चाहता था। इसपर तो चैम्बरलेन भी राज़ी नहीं हो सका, और सितम्बर, १९३८ ई०, के आखिरी सप्ताह में सारे यूरोप के ऊपर युद्ध की, एक विश्व-युद्ध की, काली छाया मंडराने लगी। लोग गैस से बचने के टोप लेने के लिए दौड़ पड़े और हवाई हमलों से बचने के लिए बाग़-बगीचों में खन्दकें खोदने लगे। चैम्बरलेन एक बार फिर हिटलर के पास गया, जो उस वक़्त म्यूनिख़ में था, और मोश्ये दलादिये और सीन्योर मुसोलिनी भी वहां जा पहुंचे। फ्रान्स और चेकोस्लोवाकिया के साथी रूस को नहीं बुलाया गया, और जिस चेकोस्लोवाकिया की किस्मत का फैसला होनेवाला था, और जो उनका साथी भी था, उससे तो सलाह तक नहीं ली गई। हिटलर की नई और दूर-व्यापी मांगें, जिनके पीछे फौरन युद्ध और हमले की धमकी थी, एक तरह से पूरी-की-पूरी मान ली गईं, और सितम्बर की २९ तारीख को चारों शक्तियों ने 'म्यूनिख के समझौते' पर दस्तख़त कर दिये, जिसमें ये मांगें मंजूर कर ली गईं।

उस वक्त तो युद्ध टल गया, और सारे देशों के लोगों ने इस बला से छुटकारा पाने पर राहत की सांस ली। पर इसके बदले में जो क़ीमत चुकाई गई वह थी: फ्रान्स और इंग्लैण्ड की गैरत और बेइज़्ज़ती, यूरोप में लोकतंत्र पर गहरी चोट, चेकोस्लोवाकिया का अंग-भंग, अमन कायम रखने के साधन के रूप में राष्ट्रसंघ का खात्मा, और मध्य व दक्षिण-पूर्वी यूरोप में नात्सीवाद की धूमधाम के साथ पूरी जीत। और जो सुलह खरीदी गई, वह भी सिर्फ लड़ाई रोकने की सुलह थी, जिसमें हरेक देश आनेवाले युद्ध के लिए सरगर्मी के साथ हथियार इकट्ठे कर रहा था।

म्यूनिख़ का समझौता यूरोप व सारी दुनिया के इतिहास का रुख़ बदलने-वाला मोड़ था। यूरोप का नया बंटवारा शुरू हो गया था, और ब्रिटिश व फ्रान्सीसी सरकारें खुले तौर पर नात्सीवाद और फ़ासीवाद की कतार में खड़ी हो गई थीं। इंग्लैण्ड ने आंग्ल-इटालवी समझौते को चट-पट तसदीक कर दिया, यानी उसने अबिसीनिया पर इटली का कब्जा मान लिया और स्पेन में इटली को पूरी छूट दे दी। इंग्लैण्ड, फ्रान्स, जर्मनी और इटली के बीच एक चार-शक्ति-क़रार की शक्ल बनने लगी। यह रूस के ख़िलाफ़, और स्पेन में व दूसरे देशों में लोकतंत्री शक्तियों के ख़िलाफ़ एक मिला-जुला मोर्चा था।

रूस

मार्के की बात यह है कि इन वर्षों और महीनों में जहां एक तरफ साज़िशें चल रही थीं और बड़ी-बड़ी शक्तियां अपने गंभीर वादे तोड़ रही थीं, वहां दूसरी

तरफ रूस ने बराबर अपनी अन्तर्राष्ट्रीय ज़िम्मेदारिया निभाई, सुलह की हिमायत की और हमले की कार्रवाइयों का विरोध किया और अपने साथी-देश चेकोस्लोवाकिया का साथ आखिर तक नही छोड़ा। पर इंग्लैण्ड और फ्रान्स ने उसे ठुकरा दिया, और हमलावरों से दोस्ती जोड़ ली। फ्रान्स और इंग्लैण्ड की दग़ाबाजी का शिकार होकर चेकोस्लोवाकिया भी नात्सी दायरे में जा पड़ा और रूस के साथ अपनी दोस्ती खतम कर बैठा। चेकोस्लोवाकिया के टुकड़े कर दिये गए है, और भूखे गिद्धों की तरह हंगरी और पोलैण्ड ने इस मौके से फायदा उठाया। अन्दरूनी तौर पर भी वहा बड़े-बड़े परिवर्तन हो गये और चेकोस्लोवाकिया अब खुद-मुख्तारी का दावा कर रहा है। चेकोस्लोवाकिया के बचे-खुचे टुकड़े अब क़रीब-क़रीब एक जर्मन उपनिवेश की तरह चल रहे है।

इस तरह सोवियत-संघ की विदेशी नीति को करारा धक्का लगा है। मगर फिर भी आज वह यूरोप व एशिया में फ़ासीवाद व लोकतंत्र-विरोधी ताकतों के मुक़ाबले मे ताक़तवर और अकेला ही कारगर रुकावट बना खड़ा है। हालांकि पिछले महीनों मे इंग्लैण्ड व फ्रान्स ने रूस की परवा नहीं की है। मगर फिर भी आज वह एक ज़बर्दस्त शक्ति है। पहली पंच-वर्षीय योजना आमतौर पर सफल रही, हालांकि कुछ खास बातों में नाकामयाब रही। खास बात यह है कि उसकी तैयार की हुई चीज़ें अव्वल दर्जे की नहीं थीं। उसके मिस्त्री नौसिखिये थे, और ढुलाई का इन्तज़ाम भी बहुत करके पूरा नही हुआ। भारी उद्योगों पर सारा ध्यान लगाने से रोज काम आनेवाली चीजों की कमी हो गई, जिससे रहन-सहन का दर्जा गिर गया। पर इस योजना से रूस में तेज़ी के साथ उद्योगीकरण हो गया और सामूहिक खेती होने लगी, जिससे आयन्दा तरक्की की नींव पड़ गई। दूसरी पंच-वर्षीय योजना (१९३३-३७ ई०) में भारी उद्योगों के बजाय हलके उद्योगों पर ज़ोर दिया गया। पहली योजना की कमियां पूरी करना और रोज के काम की चीज़ें पैदा करना, इसका निशाना था। इससे बहुत तरक्की हुई, और रहन-सहन का दर्जा ऊचा हो गया, और बराबर ऊंचा होता जा रहा है। सारा सोवियत-संघ संस्कृति मे, शिक्षा में और बहुत-सी दूसरी बातों में खूब आगे बढ़ गया है। यह तरक्की जारी रखने और अपनी समाजवादी अर्थ-व्यवस्था ठोस बनाने के इरादे से रूस ने अन्तर्राष्ट्रीय मामलों में हमेशा सुलह की नीति पर अमल किया है। राष्ट्र-संघ मे वह कारगर हथियार-बन्दी, संयुक्त बचाव और हमलों के खिलाफ संयुक्त कार्रवाई के लिए बराबर लड़ता रहा है। उसने बड़ी-बड़ी पूजीवादी शक्तियों के साथ अपना मेल-बिठाने का यत्न किया है, और इसके नतीजे से साम्यवादी दलों ने तरक्की-पसंद दलों को साथ लेकर 'जनता के मोर्चे' या 'मिले-जुले मोर्चे' बनाने की कोशिशें की है।

इस चौमुखी तरक्की और विकास के बावजूद, इस काल मे सोवियत-संघ

एक कठिन अन्दरूनी संकट में होकर गुज़रा है। स्टालिन व ट्राट्स्की के आपसी वैर-विरोध का ज़िक्र मैं कर चुका हूं। मौजूदा हुकूमत को नापसन्द करनेवाले कितने ही लोग धीरे-धीरे खिचकर जमा हो गये और कहा जाता है कि इनमें से कुछने तो फ़ासीवादी शक्तियों तक से मिलकर साज़िशें कीं। कहा जाता है कि सोवियत-खुफ़िया-विभाग का सरदार यागोदा भी इन लोगों से मिला हुआ था। दिसम्बर, १९३४ ई०, में सोवियत सरकार के एक बड़े नेता किरकाफ़ की हत्या कर दी गई। सरकार ने अपने विरोधियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की, और १९३७ ई० से मुकदमों के ऐसे सिलसिले शुरू हुए, जिनसे संसार-भर में बड़ा भारी वाद-विवाद उठ खड़ा हुआ, क्योंकि इनमें बहुत-से मशहूर और अगुआ लोग फंसे हुए थे। जिन लोगों पर मुक़दमे चले और सज़ाएं दी गईं, वे ट्राट्स्की-पन्थी कहलाते थे, और दक्षिण-पक्षी नेता (राइकाफ, टॉम्स्की, बुखारिन) थे, और ऊंचे फौजी अफ़सर थे, जिनमें सबसे बड़ा मार्शल तूचाचेवस्की था।

इन मुक़दमों के बारे में, या इनको पैदा करनेवाली घटनाओं के बारे में कोई पक्की राय ज़ाहिर करना मेरे लिए कठिन है, क्योंकि हक़ीक़तें बहुत पेचीदा हैं और साफ नहीं हैं। मगर इसमें शक नहीं कि इन मुक़दमों के सबब से बहुत-से लोग, जिनमें रूस के कितने ही खैरख्वाह भी हैं, परेशान हो उठे हैं, और सोवियत-संघ के खिलाफ़ बुरे ख्याल बढ़ गये हैं। घटनाओं को पास से देखनेवालों की राय है कि स्टालिन-राज के खिलाफ़ एक बड़ी साज़िश रची गई थी, और ये मुक़दमे सच्चे थे। यह भी साबित हो गया मालूम देता है कि इस साज़िश में जनता का हाथ नहीं था, और लोगों पर जो असर हुआ, वह स्टालिन के दुश्मनों के खिलाफ़ था। मगर फिर भी जिस हद तक अत्याचार हुआ, जिसकी चपेट में शायद बहुत-से बेकसूर भी आ गये होंगे, वह भी अन्दरूनी बीमारी की अलामत था, और इससे रूस की अन्तर्राष्ट्रीय हैसियत को धक्का लगा।

आर्थिक मज़बूती

व्यापार की जो महामन्दी १९३० ई० में में शुरू हुई थी, और जिसने पूंजीवादी दुनिया को कई सालों तक अपंग कर रक्खा था, उसकी हालत में आखिर सुधार के चिन्ह दिखाई देने लगे। ज्यादातर देशों में कुछ-कुछ मज़बूती आई, इंग्लैण्ड की मज़बूती दूसरे देशों के मुक़ाबले में ज़्यादा मार्के की थी। पौंड का मोल गिराने से रक्षात्मक-चुंगियों से, और साम्राज्य की मंडियों व साधनों से पूरा फायदा उठाने से इंग्लैण्ड को बहुत मदद मिली। चुंगियों और सरकारी सहायताओं, और खेती के सुधारों, और होड़ कम करने के लिए उत्पादकों के संगठन, वगैरा से अन्दरूनी व्यापार खूब चेत गया। पैदावार और थोक बिक्री की योजना बनाने का यत्न किया गया।

डेनमार्क और स्कैण्डिनेवियाई देशों पर ब्रिटिश माल खरीदने के लिए दबाव भी डाला गया।

हालांकि यह मज़बूती खूब अच्छी थी, पर इससे अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार को नुकसान पहुंचा। इसलिए यह कहा जा सकता है कि पहले के मुक़ाबले में ज़्यादा मज़बूती आई और कुछ हद तक आई। असली मज़बूती तो अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार चेतने पर होती है। यह भी याद रखना चाहिए कि इंग्लैण्ड ने अमेरिका का क़र्ज़ न तो चुकाया है और न वह चुकाने का इरादा रखता है। आर्थिक मज़बूती की कुछ वजह यह भी है कि अलग-अलग देशों में फिर से हथियारबन्द होने के कार्यक्रम चल रहे हैं। ज़ाहिर है कि यह मज़बूती न तो पक्की है और न टिकाऊ। जनता में बेकारी अभी तक फैली हुई है।

ब्रिटिश साम्राज्य

फ़िलहाल इंग्लैण्ड आर्थिक संकट को पार कर गया है, पर ब्रिटिश साम्राज्य की हालत बहुत खराब है, और उसे टुकड़े-टुकड़े करनेवाली राजनैतिक व आर्थिक ताकतें दिन-पर-दिन ज़ोरदार होती जा रही हैं। इंग्लैण्ड का शासक-वर्ग तो साम्राज्य के बारे में अपना विश्वास, और इसके बने रहने की आशा भी खो बैठा है। वह अपनी अन्दरूनी समस्याओं को ही नहीं सुलझा सकता। स्वाधीनता पर तुला हुआ भारत दिन-पर-दिन मज़बूत होता जाता है, छोटा-सा फ़िलस्तीन उन्हें झंझोड़ रहा है। पूंजीवादी दुनिया में इंग्लैण्ड का सबसे बड़ा प्रतिस्पर्द्धी अमेरिका उसकी सरदारी को चुनौती दे रहा है, और ज्यों-ज्यों ब्रिटिश सरकार फ़ासीवादी शक्तियों की तरफ झुकती जाती है, त्यों-त्यों वह इंग्लैण्ड से दूर हटता चला जाता है। सोवियत रूस कामयाबी के साथ समाजवाद की इमारत खड़ी कर रहा है, जो सब किस्म के साम्राज्यवादों का विरोधी है। जर्मनी व इटली ब्रिटिश साम्राज्य के तर माल पर लालचभरी नज़रें डाल रहे हैं। म्यूनिख में इंग्लैण्ड इनकी धमकियों के आगे झुक गया तो ये उसे दूसरे दर्जे की शक्ति की तरह समझने लगे हैं और उसके साथ ग़रूर-भरे ढंग से बात करते हैं। लोकतंत्र का विस्तार करके और संयुक्त सुरक्षा पर जमे रहकर इंग्लैण्ड अपनी हैसियत मज़बूत बना सकता था। पर ऐसा करने के बजाय उसने यह रास्ता छोड़ना और हिटलर की हिमायत करना पसन्द किया। और अब ब्रिटिश साम्राज्यशाही एक लाचारी की दुविधा में पड़ गई है, और म्यूनिख की नीति से पैदा होनेवाली अनगिनती उलटी-सीधी बातों में फंस गई है।

उपनिवेश

जर्मनी अब उपनिवेशों की मांग कर रहा है, और हमें बतलाया जाता है कि वह 'ग़रीब' और 'असंतुष्ट' शक्ति है। दूसरी छोटी-छोटी शक्तियों के

पास उपनिवेश नही हैं, उनका क्या होगा ? और उपनिवेशो की जनता, जो वास्तव में 'ग़रीब' है, उसका क्या होगा ? इस सारी दलील का आधार यह है कि साम्राज्यशाही ढांचा ऐसा ही बना रहेगा । किसी देश की राज़ी या नाराज़ी वहां अमल में आनेवाली आर्थिक नीति पर निर्भर होती है, और साम्राज्यशाही के मातहत तो नाराजी हमेशा बनी रहेगी, क्योंकि इसमें सदा असमानता रहेगी । कहते हैं कि क्रान्ति से पहले ज़ारशाही रूस नाखुश और बढ़ती हुई शक्ति था । आज रूस का प्रदेश पहले से छोटा है, पर वह 'संतुष्ट' है, क्योंकि उसके साम्राज्यशाही हौसले नही हैं, और वह अलग तरह की आर्थिक नीति बरत रहा है ।

मैं तुम्हें गत पांच सालों की खास-खास घटनाओं के बारे में और उनसे पैदा होनेवाले नतीजों के बारे में, लिख चुका हूं । मेरी समझ में नही आता कि कहां पर रुकू, क्योंकि हर जगह उथल-पुथल और फेर-फार और रगड़े-झगड़े हो रहे हैं, और संसार की समस्याओं का स्थानीय या राष्ट्रीय ढंग पर सुलझाना तो दूर, ग़ौर करना भी नामुमकिन हो रहा है। इनको सारी दुनिया के लिहाज़ से ही हल करना होगा । मगर इस बीच संसार की हालत दिन-पर-दिन बुरी होती जा रही है और इसमें युद्ध व खून-खराबी का जोर हो रहा है । आज की दुनिया का अभिमानी नेता यूरोप बौखलाकर वापस जंगलीपने की तरफ जा रहा है । उसके पुराने शासक-वर्ग निकम्मे हो गये हैं, और कठिनाइयों में से रास्ता निकालने की या उनमें बचकर निकलने की इनमें ज़रा भी सामर्थ्य नही रही है ।

म्यूनिख के समझौते ने संसार का ढुलमुल संतुलन बिगाड़ दिया । दक्षिण-पूर्वी यूरोप नात्सी शक्ति के आगे घुटने टेकने लगा, और हर देश में नात्सी साज़िशें जोर पकड़ने लगीं । यूरोप के ओस्लो-गुट के छोटे-छोटे देशों (डेनमार्क, नारवे, स्वीडन, फिनलैण्ड, नीदरलैण्ड, बैल्जियम और लक्समबुर्ग) ने जब यह समझ लिया कि इंग्लैण्ड की दोस्ती उनके किसी काम की नही, तो उन्होंने तटस्थ रहने का ऐलान कर दिया और किसी किस्म की संयुक्त ज़िम्मेदारी उठाने से इन्कार कर दिया । सुदूर पूर्व में जापान की हमलावर कार्रवाइयां बढ़ गई, उसने कैण्टन जीत लिया और हांगकांग में इंग्लैण्ड के स्वार्थो से उसकी मुठभेड़ हो गई । फ़िलस्तीन की हालत तेजी के साथ बिगड़ने लगी । अमेरिका और इंग्लैण्ड के आपसी रिश्ते इतने ठंडे पड़ गये, जितने पहले कभी नही थे । इधर चैम्बरलेन फ़ासीवादी शक्तियो की कतार में शरीक हो रहा था, उधर राष्ट्रपति रूज़वेल्ट नात्सीवाद के इरादों और तरीकों की खुली मलामत कर रहा था । यूरोप के आपसी वैर-विरोध से और फ़ासी-वादियों की हमलावर कार्रवाइयों से अमेरिका को इतनी नफ़रत हुई कि वह सबसे अलग हो गया, और साथ ही बहुत बड़े पैमाने पर फिर से हथियारबन्द होने लगा । सोवियत-संघ ने भी यही किया । पश्चिम में गठ-बन्धनों और हमला रोकने के क़रारों

की उसकी नीति कामयाब नही हुई, और अब उसे शायद सबसे अलग हो जाने के लिए मजबूर होना पड़े । मगर अमेरिका और रूस दोनों यह जानते है कि आज के इस बौखलाये हुए संसार में कोई भी अलग या तटस्थ नहीं रह सकता, और अगर मुठभेड़ हुई तो उसमें उनका घिसट आना लाज़िमी है। इसके लिए वे तैयारी कर रहे है ।

अमेरिका

संयुक्त राज्य अमेरिका में राष्ट्रपति रूज़वेल्ट की अन्दरूनी नीति के सामने बहुत रुकावटें आई है और सुप्रीम कोर्ट और पीछे की तरफ देखनेवाले लोग उसके रास्ते में अड़ रहे है। हाल के चुनावों में कांग्रेस में उसके रिपब्लिक-दली विरोधियों का जोर बढ़ गया है । मगर फिर भी खुद रूज़वेल्ट को आम लोग अब भी पसन्द करते है और अमरीकी जनता पर उसका असर क़ायम है ।

रूज़वेल्ट दक्षिण अमेरिका की हुकूमतों के साथ दोस्ती के ताल्लुक कायम करने की नीति पर भी चल रहा है। मैक्सिको में तेल के मामले में वहां की सरकार और अमेरिका व इंग्लैण्ड के स्वार्थों में टक्कर हो रही है । मक्सिको में गहरा असर डालनेवाली क्रान्ति हुई है, जिससे धरती पर जनता का हक़ क़ायम हो गया है । चर्च की और तेल व धरती में जमे हुए स्वार्थों की कितनी ही रियायतें और खास सहूलियतें छिन गई है, इसलिए वे इन परिवर्तनों का विरोध कर रहे है ।

तुर्की

लड़ाई-झगड़ों की इस दुनिया मे आज अकेला तुर्की ही शांतिवाला देश है, जिसका कोई भी बाहरी दुश्मन नही है । यूनान व बलकानी देशों से उसका बहुत पुराना वैर मिट चुका है । सोवियत-संघ और इंग्लैण्ड के साथ भी अच्छे ताल्लुक है । अलैग्जैड्रैण्टा के बारे में फ्रान्स से कुछ झगड़ा था । तुम्हें याद होगा कि सीरिया के 'फरमानी' इलाके को फ्रान्सीसी सरकार ने जिन पांच राज्यों में बांटा था, यह राज्य उन्हींमें से एक था । अलैग्जैण्ड्रैटा में तुर्की आबादी सबसे ज़्यादा है, इसलिए फ्रान्स ने तुर्की सरकार की दलील मान ली और इसे खुद-मुख्तार राज्य बना दिया।

इस तरह कमाल अतातुर्क की होशियार रहनुमाई में तुर्की अपनी नस्ली तथा दूसरी समस्याओं से पिंड छुड़ाकर अन्दरूनी विकास के काम में लग गया। अतातुर्क ने अपने देशवासियों की खूब सेवा की थी, और नवम्बर, १९३८ ई० में वह इस तसल्ली के साथ मरा कि उसे अपने काम में मार्के की कामयाबी और खुशनसीबी हासिल हुई। इसके बाद इसका पुराना साथी जनरल इस्मत इन्येनू राष्ट्रपति की गद्दी पर बैठा ।

इस्लाम

कमाल अतातुर्क ने मध्य-पूर्व में इस्लाम की जानदार रफ्तार को एक नया मोड़ दिया। इस्लाम ने नया जामा पहन लिया और मध्यकालीन विचारों को छोड़ दिया, और इस तरह अपनेको आज की दुनिया के मुताबिक बना लिया। मध्यपूर्व के सारे इस्लामी देशों पर अतातुर्क की मिसाल का जबर्दस्त असर पड़ा है। यहां नये जमाने के राष्ट्रीय राज्य कायम हो गये हैं, जिन्होंने मज़हब के बजाय राष्ट्रीयता को ही अपना पाया बनाया है। यह असर अभी तक भारत जैसे देशों में इसी हद तक जाहिर नहीं हुआ है, क्योंकि यहांकी मुस्लिम आबादियां, दूसरी आबादियों की तरह, साम्राज्यशाही हुकूमत के मातहत है।

दुनिया के लड़ाई-झगड़े

आज लड़ाई-झगड़े के दो बड़े अखाड़े यूरोप और प्रशान्त महासागर हैं। इन दोनों में सरगर्म फ़ासीवाद लोकतंत्र व आज़ादी को कुचलने की और संसार पर अपनी हुकूमत जमाने की कोशिशें कर रहा है। संसार में एक किस्म का फ़ासीवादी अन्तर्राष्ट्रीय संघ बन गया है, जो सिर्फ खुल्लमखुल्ला युद्ध ही नहीं कर रहा—हालांकि इन युद्धों का ऐलान नहीं होता है—बल्कि दस्तन्दाज़ी के मौके तलाश करने के लिए सारे देशों में सदा साज़िशें करता रहता है और झगड़े भड़काता रहता है। युद्ध और मारकाट की खुल्लमखुल्ला तारीफ़ की जा रही है और असाधारण तरीक़े पर झूठा प्रोपैगैण्डा किया जा रहा है। यह फ़ासीवाद साम्यवाद-विरोधी नारों की आड़ में अपने साम्राज्यशाही इरादों को पूरा कर रहा है, हालांकि अन्तर्राष्ट्रीय साम्यवाद कहीं भी हमलावर नहीं हो रहा है, बल्कि बहुत सालों से दुनिया-भर में लड़ाई-झगड़े बन्द करने की और लोकतंत्र की हिमायत कर रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में नात्सियों ने साज़िशें की हैं और उनपर मुक़दमे चलाये गए हैं। दिसम्बर, १९३७ ई० में फ्रान्स में भी गणराज्य के खिलाफ़ एक साज़िश का भंडाफोड़ हुआ। इसका संगठन 'नक़ाबपोश' कहलानेवाले कागूलार्दो ने जर्मनी व इटली से मिलने-वाले सामान और हथियारों की मदद से किया था। इन लोगों ने बमबाज़ी की और हत्याएं कीं। इंग्लैण्ड के असरदार गिरोह सरकार की विदेश-नीति को फ़ासीवाद की तरफ धकेल रहे हैं।

यह अन्तर्राष्ट्रीय फ़ासीवाद महज़ परले सिरे का साम्राज्यवाद ही नहीं है, बल्कि इसने मध्य-युगों की तरह के मजहबी और नस्ली झगड़े पैदा कर दिये हैं। जर्मनी में कैथलिक व प्रोटेस्टैन्ट दोनों फ़िरक़ों का गला दबाया जा रहा है। इसी जर्मनी में, और कुछ दिनों से इटली में भी, नस्ल के खयालों को बहुत ऊंचा चढ़ाया जा रहा है, और यहूदियों का, और यहूदियों की संतानों तक का, ऐसी संगदिल

रोम-बर्लिन धुरी


लन्दन
हॉलेण्ड
बर्लिन
जर्मनी
पोलेण्ड
रूस
बेलजियम
पेरिस
चेकोस्लोवाकिया
फ्रान्स
स्विजरलैंड
आस्ट्रिया
रुमानिया
यूगोस्लाविया
बल्गेरिया
स्पेन
इटली
रोम
अल्बानिया
बेलिएरिक द्वीप
यूनान
तुर्की

बेरहमी और व्यवस्थित खूरेवारी से सफ़ाया किया जा रहा है, जिसके जोड़ की मिसाल इतिहास में नहीं है। नवम्बर, १९३८ ई० के शुरू में पोलैण्ड के एक नौजवान यहूदी ने अपनी नस्ल पर किये गए बेरहम जुल्मों से पागल होकर पैरिस में एक जर्मन राजनयिक को मार डाला। यह एक शख्स का काम था, मगर इसके फौरन बाद ही जर्मनी में समूची यहूदी आबादी के खिलाफ़ आतंक का सरकारी और बाक़ायदा दौर शुरू कर दिया गया। देश-भर के सारे यहूदी-मन्दिर जला डाले गए, यहूदियों की दूकाने बहुत बड़े पैमाने पर लूट-खसोटकर बर्बाद कर दी गई, आम रास्तों पर और घरों के भीतर यहूदी स्त्री-पुरुषों पर बेशुमार हैवानी हमले किये गए। नात्सी-नेताओं ने इनसब बातों को वाज़िब बताया, और इनके अलावा जर्मनी के यहूदियों पर आठ करोड़ पौंड का जुर्माना भी लाद दिया गया।

आत्म-हत्याएं हो रही है, लोग जान बचा-बचाकर भाग रहे है, युगों के पुराने रंजो-ग़म के बोझ से दबे हुए दुःखी, लाचार और बे-घर-बार लोग बड़ी भारी तादाद में देश छोड़कर जा रहे हैं—भला यह बे-छोर कतार कहां के लिए कूच कर रही है ? आज दुनिया-भर में शरणार्थियों की भरमार है—यहूदी-सुडेटनलैण्ड के जर्मन समाजी लोकतंत्रवादी, फ्रैन्को के मातहत प्रदेशों से भागे हुए स्पेनी किसान, चीनी, अबिसीनियावासी ये सब नात्सीवाद और फ़ासीवाद के कड़वे फल हैं। दहशत के मारे संसार का दम सूख रहा है, और इन शरणार्थियों की मदद के लिए कितनी ही संस्थाएं बनाई जा रही है। मगर इसपर भी इंग्लैण्ड व फ्रान्स की लोकतंत्रवादी कही जानेवाली हुकूमतें नात्सीवादी जर्मनी और फ़ासीवादी इटली के साथ दोस्ती और सहयोग की नीति बरत रही है। इस तरह वे फ़ासीवादी आतंक को बढ़ावा दे रही हैं, सभ्यता और हयादारी खतम करनेवालों के हौसले बढ़ा रही है, और लाखों इन्सानों को, जिनका कोई वतन या देश या अपना कहने को नहीं है, शरणार्थी बनाने की कार्रवाइयों को बढ़ावा दे रही हैं। अगर फ़ासीवादी शक्तियों की आज यह नीति है, तो गांधीजी के कहे मुताबिक : "जर्मनी के साथ किसी तरह का गठ-जोड़ हो ही नहीं सकता। जो राष्ट्र इन्साफ और लोकतंत्र का दावा करता है, और जो राष्ट्र इन दोनों का ऐलानिया दुश्मन है, इन दोनों के बीच गठ-जोड़ हो ही कैसे सकता है ? क्या इंग्लैण्ड हथियारबन्द तानाशाही और उसके सारे अंजामों की तरफ बह रहा है ?"

जब इंग्लैण्ड और फ़्रान्स ही फ़ासीवादी शक्तियों के जवाबदार और हिमायती बन गये, तो मध्य व दक्षिण-पूर्वी यूरोप के छोटे-छोटे राज्यों का पूरी तरह फ़ासीवादी-गुट में पड़ जाना कोई ताज्जुब की बात नहीं है। सच तो यह है कि ये राज्य तेजी के साथ उस फ़ासीवाद के ताबेदार राज्य बनते जा रहे हैं, जिसमें नात्सी जर्मनी का ही बोलबाला है। क्योंकि इटली को तो जर्मनी ने मात दे दी है और यह अब फासीवादी गुट्ट का महज़ छोटा साझी रह गया है। जर्मनी व इटली दोनों ही ज्यादा

उपनिवेशों की मांग करते हैं, पर जर्मनी का असली इरादा पूर्व की तरफ, यानी यूक्रेन और सोवियत-संघ में, पांव फैलाने का है। और हो सकता है कि इंग्लैण्ड व फ्रान्स इस झूठे भरोसे में जर्मनी के इस खयाल को बढ़ावा दें कि शायद इससे उनके खुद के कब्जेवाले उपनिवेश उनके पास बने रहें।

अलग-अलग कारणों से दोनों ही फ़ासीवाद और नात्सीवाद के दुश्मन है। यूरोप में सोवियत रूस फ़ासीवाद के रास्ते में अकेली दीवार है। अगर यह टूट जाय तो फ्रान्स व इंग्लैण्ड समेत सारे यूरोप के लोकतंत्र बिल्कुल खतम हो जायं। अमेरिका यूरोप से बहुत दूर है, और इसके मामलों में न तो आसानी से दखल दे सकता है, और न देना चाहता है। पर अगर यूरोप में या प्रशान्त सागर में यह दखल हुआ, तो अमेरिका की ज़बर्दस्त ताक़त कारगर तौर पर अपना असर दिखायेगी।

भारत और पूर्व के नये लोकतंत्रवादी देश भी आज़ादी के तरफ़दार है, और कुछ ब्रिटिश उपनिवेश तो ब्रिटिश सरकार से भी बहुत आगे बढ़े हुए विचारो के है। आज लोकतंत्र और आज़ादी मौत-जिन्दगी के गहरे खतरे में पड़े हुए हैं, और यह खतरा इस वजह से और भी बढ़ गया है कि इनके खैरख्वाह कहलानेवाले इनकी पीठ में छुरा भोंक रहे है। पर स्पेन और चीन ने लोकतंत्र की सच्ची भावना की अद्भुत और प्रेरणा देनेवाली मिसालें हमारे सामने रक्खी हैं। इन दोनों देशों में युद्ध के जो भयंकर नतीजे हुए हैं, उनके अन्दर से नया राष्ट्र पैदा हो रहा ह और राष्ट्रीय जिन्दगी व हलचलों के सारे मैदानो में दुबारा जान पड़ रही है और कला व साहित्य दुबारा चेत रहा है।

१९३५ ई० में अबिसीनिया पर धावा हुआ, १९३६ ई० में स्पेन पर हमला किया गया, १९३७ ई० मे चीन पर धावा बोला गया, १९३८ ई० में आस्ट्रिया पर धावा बोला गया और नात्सी जर्मनी ने यूरोप के नक़्शे से उसका नाम मिटा दिया, और चेकोस्लोवाकिया को तहस-नहस करके एक ताबेदार राज्य बना दिया गया। हर साल आफ़तों की पूरी फ़सल तैयार होती रही है। और आज हम १९३९ ई० की चौखट पर खड़े हैं, इस साल में क्या होनेवाला है? हमारे लिए और संसार के लिए यह साल क्या लानेवाला है?

●

निर्देशिका

'अंकल टाम्स कैबिन' ७९५
अंकारा (अंगोरा) १३७; ३४७; ८२९; ९८०, ८२, ८६, ८७, ९४; १०७४, ९२
अंगकोर १४९, ९२, ९३, ९६; २३६, ४९; ३६२, ६७;—थोम का राजनगर १९२; —वाट १९३; —वाट का अद्भुत मदिर १९२; ६७९
अंतर्राष्ट्रीय, इकरारनामे ११७०; —एकता ९१९; —कंपनी (यां) १२४३, ८७;—कर्जे १११०;—कानून ११३१; —कामगार समिति ७५६; —कार्रवाइयां ११७२; —खासियत संसारव्यापी अर्थ-व्यवस्था की १२१६; —खेल (राजनीति का) ११२८; —घटनाएं १११८; —जगत १२०३-४;—ढांचा पूंजीवादी व्यवस्था का ११८५-६;—तालमेल १३३२;—नारे ९८९;—नीति ९१५;—न्यायालय ९५२; पल्टन (स्पेन में) १३३८;—फौज १२८५; —भुगतान १११३; —मजदूर कार्यालय ९५२; १२३४; —मजदूर संगठन १२३४;—मजदूर संघ ७५७-८; १०९६;—मामले ७१७; ९४६; १०२८; ११२८; १३४७; —यहूदी कौम १०६५; —यूनियन ७५३;—राजनीति ७१७, २२; १२०३, ८९; १३१६; —लेन-देन (विनिमय) १२२५, ४२-४, ४६, ४९, ५८, ६०;—विनिमय मंडी १२५५;—व्यवसाय संघ १२३४;—व्यापार १११८; १२२९, ३५—६, ४२—४, ४६—७, ६०, ६२; १३१८, ४९;—श्रम-संस्था १३३४; —श्रम-सम्मेलन १३३४;—संकट १३१८;—संगठन ८५४;—संगठन मजदूरों के ५६३; संगठन (संघ) मजदूरों का प्रथम ७५६; ९२२;—संघ द्वितीय ७५९-६१; ९२२; १०१३; १२७३, ७७, ९७, ९९;—संघ तृतीय ७६०; ९२२,; १०१३; —संघ गुप्त —१२८८; —संघ फासीवादी १३५२; संबंध (विश्व का) १३३२; संबंध सिक्कों के १११३; —संसारी समाजवाद १२१६; —सम्मेलन ८३३; —समाजवादी व्यवस्था १२१७;—सहयोग१२३६; १३१७; —साजिशें ११७३; —साम्यवाद १३५२;—साहूकार ९८७; —स्वर्ण-मान १११२;—हल-चलें १११३, १८; होड़ १३१९
अंतर्राष्ट्रीयता—८६७; १११८, ४९, ८६; १३१९;—मुस्लिम १००७, ७५;—वाद ७०१
अंतरीप उत्तमाशा (केप ऑव गुड होप) ३२०, ३८-४०, ५७, ७०-१;

८५८; ९४७; १३४०; –वर्दे ३३८; –ट्रैफ़लगर ५३७; ८५९
अंतीओक ९५; २०३
अंतीगोने १०२
अंधकार का युग १६०; –यूरोप में १९९; २०१; ३३३
अंबोयना ६५३
अंसार २०५
अकबर १८०; २९४; ३६०, ७२; ४०१, १४, २६, २८–३९, ४१, ४५, ८०; ५३६, ४५, ७८, ५९१; ६७९, ८७
अक्कप ६७६
अकाल आयर्लैण्ड का ८०९; –उत्तर एवं मध्यभारत और पंजाब में ५९५; –दक्षिण भारत और गुजरात में ४३८; –पेट्रोग्रेड का ८९६; –बंगाल और बिहार में ४५३; ५९४; –रूस का ९२१; सोवियत संघ में ११९६
अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस ९९६
अजटेक २६१–२
अजंता १२५, ४७; ६७९, ८२
अज़रबाइज़ान १०८३; ११८१
अजेफ ८४२
अजोर्स ३३९
अणु १२०८
अतिला हूण १५५, ९४; २२४, ३७, ८९
अदन १९४; ३७२
अदिस अबाबा १३३७
अदिस्सा ३१२
अधिकारों का प्रार्थना-पत्र ४१४
अनवर पाशा ९७४, १२०१
अनवर बे ८३४
अनातोलिया ९७६–७, ७९, ८४; १०४९
अनाम १६७, ९१, ९३; ३१३, ४५, ६५; ५५२; ६२९, ३६, ३८, ५७
अनुपात का विवाद १२५५
अनुरुद्धपुर ८६, ९६
अपोलो १०२
अफ़ग़ानिस्तान ४०, ७९; १०२; २२१, ९३, ९७; ४४८; ५५१, ७३, ७४; ६८७; ७७३-४; ८४२, ४९; ९२१, ३५, ६३; १०८६, ८८-९२; ११२९, ७४, ८०, ८४; १२०१-२, ४
अफ़ग़ानी जमालुद्दीन ८२५-६; १०२९
अफलातून ७०-१, ९३; २००-१; ४७२; ५४५, ६७; १२०६; १३२५
अफ्रीका २८, ३३, ९८; १०१, ३, ८१, ९७; २०४, ६, १०, १५, १७, ५३, ६६-७, ७०-१, ३०२, ३७-९, ४१, ६९; ४७९, ९७; ५५५-६, ६१; ६८, ८१; ६२६-७, ३० ५१, ७३; ७३५, ७८, ८२, ८४, ८८-९; ८१८, २६-७, २९, ५३, ५८, ६२, ७५; ९४७; १०४७; ५०, ५२; १२३०, ६४, ८९; १३०८, १२, १५, १८, ३४; –उत्तरी ११०, १६, ३९, ८२; २००, ८, १०, १४, ३०, ५०, ६०; ३२९; ६७४, ८२ ; ८२१, ३५, ९६२-३; १०४९; ११३३;

–दक्षिणी ६०२; ८५०, ७१, ७३-४; ९७०, ९७; १२४५, ५० ६१; १३०६, १३; –पश्चिमी ८८५; –पूर्वी ८७१, ८५; ९४७; १३०६; –मध्य ३८३
अबीसीनिया ७८४; ८२६-७; १०२८, ३५, ४६, १२८३, ८६, ८९; १३३५-७, ४३, ४६, ५५
अबुलफ़ज़ल ४३२-३
अबूबकर २०७, ११
अब्दुर्रजाक ३५९-६१
अब्दुल, करीम ९६३; ११४४; १२६५; –मजीद अफंदी ९८७; –वहाब १०७३; –हमीद द्वितीय ८३५-६, ७४; ९७६–७; १०५७, ९३
अब्बास (चचा) २१३
अमरावती ६७८
अमाय ६२०
अमीर, अब्दुल रहमान १०८८; –अब्दुल्ला १०६८, ७३, ८५; –अमानुल्ला १०८९-९२; –अली ९८७; –इब्न सऊद ९६३; –१०७३-७; नसरुल्ला १०८९ –फैसल १०५८-९, ६८, ७४, ८०-१, ८३, ८५; हबीबुल्ला १०८८-९
अमृतसर ४४५; ५७३; ९९९; १०००, १०
अमेन्दोला ११४१
अमेरिका ३३; १०१, ३०, ४८, ५०, ६८-९; २३६, ६०, ६३, ७१, ८७, ९९; ३२०, ३८-९, ४१, ४४, ६९, ७१, ८४, ९२, ९९; ४०४, १३-४, ५१, ६५-६, ६८, ७२, ७४, ७७-९, ९५-९; ५००, २, ७, ११, २७-८, ३८, ५०-१, ५४-५, ५८, ६३-५, ७९; ६२३-४, २६, २८, ३०, ३२, ४०, ४२, ४४-५, ४८, ५१, ५३, ६४-५, ६७-८; ७२२, ३२, ३९, ४९, ५०, ५८, ६१, ७०-१, ७४-५, ७८, ८१, ८३, ८७-९, ९१, ९३, ९५; ८०१, ७, ९, १०, १८, ५७, ६३, ८०-२, ८६, ८८-९३; ९१३, १६, २१, २९-३१, ३६, ४५, ५३, ६०-२, ६९, ७३; १०१५, ५३, ८६, ९८; ११०५, ८-१२, १४-५, २०, २५-६, ३०-१, ४६, ५२, ६४-५, ७१-२, ७६-७, ७९, ८१, ९२, ९६; १२०२-३, ५, १५, २०-६, २९, ३०, ३२-३, ३५, ३७-८, ४०-१, ४४, ४७, ४८-५०, ५२-४, ५७-६१, ७८, ८५, ८९-९६, ९८-९; १३००, ३, ९, १०-१३, १५, १९, २५-६, २८, ३४-५, ३७, ४१-२, ४५, ४९, ५०-२, ५५; –उत्तरी २६०; ३३८; ४९५; ५५१-२, ६८; ७९१, ९७; १२०५, ३०-१; –दक्षिणी १०१; २६३; ३३८; ४०-१; ६९; ५५०-१, ५४; ७३३, ७८, ८५, ९१-५, ९७-८; ८०१, १७, ७१; ११४५; १२२१, २६, ३०, ३३, ४५, ५९, ८५; १३१०-२; ५१; –मध्य २६०; ३४०; १२५९; —लातीनी ७९७-८;

८००; १११०; १३११; —स्पेनी ३४१, ७०, ८१, ९६,; ६५४; ७२९
अयुत्थ्या (अयोध्या) ६५८
अयोध्या ४२; १४८, ५३
अरब (देश) १८; १३९, ८२, ८५, ९१, ९७; २०३-५, ७, १०-१४, २०, ५४-५, ६७, ९७ ; ३१३; ५५६, ६८, ८१, ६६९; ७००; ८८५; ९४९-५०, ६३, ८४, १०२९, ४५, ४७-९, ५२, ५७-८, ६७, ७१, ७३-४, ७६-८; —राज्य २६८; —राष्ट्र ५५९; संघ १०६३
अरबी, अंक और बीजगणित यूरोप में २८२; —दुनिया २८८; —देश ९७४, ८८; —पाशा ८२४; १०२९, ३१
अरबेस्को २६९
अरबों ने चीनियों से कागज बनाना सीखा १६८, २१६,
अरस्तू ७२
अराकान ५५१
अरागोन २६९, ३३७
अर्जेण्टाइन ७७८, ९८; १२२७; १३१०-१;
अर्तवानुस ६४-५
अर्थशास्त्र, कौटिलीय ७९, ८०, ९४; १४७, ८७; २८१; ३६५; —राजनैतिक ७३९, ४४
अल अहराम २१, ४७
अल काहिरा २१६
अलक्सान्दर, यूगोस्लाविया का बादशाह ११४५; १३३६; —रूस का जार ७०२; ८४१, ६३; —लेनिन का भाई ८४३
अलप्पो ३१२; १०५२, ७८
अलफोन्सो ११४४-५; १२६५
अलबुकर्क ३५९, ७०, ७५; ६०१
अलबेरूनी १८४, २१७, ९८
अलसेस लोरेन ४११; ५५७; ७१९, २१; ९४४, ४८; ११०५
अलहम्ब्र (अलहम्र) २६९
अलास्का २६०; ४६५, ७५
अली २११; —मौ० मोहम्मद ९४३; १०७५; —मौ० शौकत ९४३
अलीगढ़ ६१२
अलेक्जेण्ड्रेटा १०५९; १३५१
अलबीगियो (अल्बीगोनियो) ३२२
अल्मोड़ा ३२
अल्स्टर ४१९; ८०५, ८, ११, १५-१७; ९६५, ६७, ६९, ७३: १३०२-३; —उत्तरी ८११—की गुत्थी ८०५; बागान ८०५;
अवध ४४७; ५७५, ९३
अवज्ञा सविनय ९६४
अशर २२, २८, ३४
अशोक ५१, ९४-६; ९८-१०१, ३-४, १६-१८, २१, ४२, ५१, ५२, ७१, ८७; २२१, ९७; ४२८, ३०-१, ८०-१; —स्तम्भ ५१; १००
असम (आसाम) ३९; ५५१, ७२-३; ६०२, ५६,-७; ८७१; १०२७
असहयोग का कार्यक्रम १००१-४; —फिलस्तीन में १०६६
असीरिया ६७७
असीसी ३२२
असेम्बली, फ्रांस की नेशनल ५१२, १५

अस्त्रीकरण की दौड ८६०
अहमद खां, सर सैयद ६१२
अहमदनगर ३५८; ४३२, ४६
अहमदाबाद ३५३, ५७; ६०१
अहस्युर ६४-५, ६७, ७४
अहिंसा ८७४
अहिल्याबाई ५७२

आंग्ल-जापानी गठबंधन ६४३
आंध्र (देश) ३८; ११७, २१, ४८; ६७८; –तैलंग २९७; –राज्य १२३, ४६; २९७;
आंशलूस ११०२; १२८३
आइजाबेला २६९; ७१; ३३७-८, ९९
आइनस १७२
आइंस्टीन एलबर्ट ७३८; १२०७-९; १२७८
आइरीन १४२; २२७
आइरोकोइस ४९६
आइवन महान (ग्रांड ड्यक) ३४५
आइसिस १०२
आउटरम ५७७
आक्तेवियन (आगस्त सीजर) ११४-५, २३, ३१, ३३, ३५, ३९
आक्सफोर्ड २३८, ९१-२; ३२४; ४१२, ८५; –इंग्लिश डिक्शनरी ४५८
आगरा ३५९; ४०१, २४, ३१-२, ३५, ३८; ४४५, ४७; ५९३; ६२७
आगस्त कौन्त ७४३-४
आगा खां ९८७-८
आजाद, मौलाना अबुलकलाम ९४३
आजादी की लड़ाई यूरोप में ३२६; –गांवों की ३२८; –गांव की पर बेजा दखल ३२८; –भारत की ८३; –मजहबी रस्मों की ३२७; मजहबी विश्वास की पुराने आर्य मत में ३२६; २८; –भारत में राजनैतिक ३२८; १००२; रूस में स्त्रियों की १२००
आर्डिनेंस राज (भारत में) १०२२
आत्म-निर्णय का हक ११८२
आनन्दमठ ६१०
आनतून (मार्क-एन्थनी मार्क आरेली अन्तोनी) ११४, १५९
आमूर की घाटी ४६०
आयर्लैण्ड (आयर) ३३१; ४०२, १९; ७१४, ७७; ८०२-१७; ८६३; ९१६, ६५-९; ७२-४; १००४, ७०; १२४१; १३०२, १३-४
आरकोस का छापा ११२९, ५९, ७४, ७७
आरगोन ३१८
आरमीनिया २०८; ३१६; ८३६; ९७७; १०५७; ११८४
आर्कटिक वृत्त ७७३
आर्कराइट रिचर्ड ४८७
आर्केञ्जल ९१५
आर्दशेर १४४
आर्नाल्ड मैथ्यू १३२८
आर्नोल्द ब्रेशियाका ३२१
आर्य, आदि ३७; –का आना भारत में १३२६; –परम्परा १२०; –भारतीय

४०;–यूनानी४०; –विचार ४२२; –शासन-व्यवस्था १८९; २९६
आर्यसमाज ६०७-८; ८७२; ९९९
आर्यावर्त २३
आलाबामा ११७९
आर्लीयन्स २९०
आल्प्स ३२, ५३५
आवा ५७३
आविन्यो ३२४
आविष्कार, आग का २४४;–कपड़े रंगने के पक्के रंग का १५७; –कातने की जेनी४८७;–खाद्य पदार्थ और दूसरी चीज़ें पैदा करने के नये तरीकों का ५२;–खेती का ५१; २४४; –टेलीफोन का ५५४; –ठप्पों से छपाई की कला का१०६-६५;–फौलाद पर अच्छा पानी चढ़ाने और बढ़िया औजार बनाने का १५७;–बिजली का ५५४; –भाप के एंजिन का ४६४, ८७; भाप के जहाज का ५५४;–भाप से चलनेवाली रेल का ४८८; ५५४; –मशीनी ४८१, ८६; ५६०; –मामूली करघे का ४८८; –मोटरकार का ५५४; –रंगीन छपाई का ४५८;–सरकवां ढरकी का ४८६;–हवाई जहाज का ५५४; ८५५
आसफ़जाह वज़ीर ४४७;–का वंश ४४७
आस्ट्रिया ३३१–२, ९६; ४०२, ५, ७४, ७६-८ ८०; ५१५-६, १९, ३३, ३७, ४०, ४८–९, ५७; ७१०, १६ , १८, २३, ५७, ५९, ७०-१, ८५; ८३२-३, ३५, ४८, ६०, ६४-६, ८०, ८४-८; ९१६, ४६-९, ५३, ७४; १०९६, ९८; ११०१-२, ४, २३, ४५; १२५९, ७९, ८३; १३१६-७, ४३-४, ५५;–हंगरी ५५७; ५४७
आस्ट्रेलिया २६०; ६५३; ७७२, ७८; ८२३, ७१; ११२५, ६५; १२२६, ४५, ५०, ६१; १३०९, १३
आन्दोलन, अकाली १०१०;–अखिल इस्लामी ८३६; ९८८; –अखिल यूरोप १३१७;–अधिकार–पत्री ७०९; –असहयोग भारत में ७०८, ९६४, ८१; १००२, ५-८, १०, ८०, ९४;–इस्लाम में सुधार का (वहाबी) १०७३;–ईसाइयत के खिलाफ ५२३; –उत्तरदायी शासन का रियासतों में १०२८; –किसानी ९९६; किसानों-मज़दूरों के (भारत में) १०२७; क्रांतिकारी (भारत में) ९९७; (कैंटन में) १०९४; (जर्मनी में) १०९९; खादी ४८६;गुलामी की प्रथा उठाने का (अमरीका में) ७९०; –चार्टिस्ट ७४९;–चीन में घूंसेबाज़ ६४१, ४३, ४७; –छुआछूत मिटाने का १००१; –जन ४४५; १००७;–जाइयनवादी १०६५; –टैक्सबंदी १०२०; नात्सी १२७७, ८१, ९२;–नारी मताधिकार ८५६;–नारीवादी ८५६;–नौजवान तुर्क ९८९;–फ़ासीवादी

११५१;–बंग-भंग के खिलाफ ६१५;–ब्रिटिश-विरोधी ६१४; –भारत में ट्रेड यूनियन १०१३; –मज़दूर ७४५, ४८, ५७ ५९; १२६४, ९८; (अमरीका में) १२९६; (इटली का) ११३५; (इंगलैण्ड का) ९३९; (इंग्लैण्ड का सारा) १११५; (जर्मनी का) ९६२; (यूरोप का) १२५३; –मज़दूर संघ का (चीन में) ११६०; मिल्कियत वाले पूंजीपतिवर्ग की हिफाज़त का ११५०;–राष्ट्रवादी (अरबी) १०५७; (आयर्लैंड का ८१३; (चीन का) ११२८, ६२; –राष्ट्रीय ९६४; (अरब देशों में) ८३६; (एशिया में) ५५९; (जावा-सुमात्रा में) १०९४; (तुर्की में) ९७९, ८९; १०५७; (फिलस्तीन में) १०६९; (भारत में) ६०६, १०; ८७२; १००७, २२, २४, २९; (स्वाधीनता के) ७५९; –वपद १०४५;–सत्याग्रह १३०५; –समाजवादी ७५९;–सविनय अवज्ञा ९६४, १००६, १०१८-९, २१-२, २४-६; –सहकारी ८५५, ६२;–स्वदेशी ६१४; –स्वाधीनता का (मिस्र की) १०३१; (यूगोस्लाविया की, ११२३;–हिन्दू-मुस्लिम एकता का १००१

इंग्लड (ब्रिटेन) १६, २४, २६, ३३, ५३; ११३-४, १६, ३०, ३६, ४८; २२९-३०, ५०-१, ७५-६७, ८३-४, ८८-९, ९१-२; ३२३, २८-३१, ३४, ४२, ६४, ७१-२, ८६, ९१, ९७-८; ४००, २-५, १२-४, १६-२०, २२, २८, ४१, ४३-४, ५०-१, ५३-५, ६१, ६४-५, ६७-८, ७२, ७६-८०, ८३-५, ८७-९, ९२-३, ९५-६; ९८-९, ५००-२,७, ११, १९, २२, २७-८, ३३-५, ३७-८, ४०, ४८-५०, २५, ५४-८, ६०, ६३, ६५, ७९, ८१-४, ८६, ८८, ९२-३, ९८; ६०१, ३, ६, ९, ११, १८, २०, २३, २८, २९, ३८, ४२-४४, ५४, ५७-९, ६५-६,९७, ९९; ७००, २, ९, १०, १६, १८, २२, २५, २६, २९, ३२-३, ३५, ३९, ४१, ४४, ४६-७, ४९-५२, ५४, ५७-९, ६२, ६९-७५, ७७, ७९-८५, ८७, ८९-९०, ९५, ९७; ८०१-५, ८-११, १४, १७, २३-६, ३२–३, ३६, ४४, ४९, ५५-६, ५८-६०, ६३-६, ७०-१, ७५, ७७-८४, ८६-९, ९१-४; ९०१, ४, ८, १३, १६, १७, १९, २१-२, ३०-१, ३४-५, ३८-४०, ४६-७, ४९, ५१, ५३, ५५, ६०, ६६-७, ६९-७२, ७८, ८२-९०, ९५; १०००, १२, १५, १८, २५, २९, ३२-३, ३५-८, ४१-४, ४६, ५१, ५३-४, ५७-८, ६३, ६८, ७३-४, ७८, ८०-३, ८५-६. ८८, ९०, ९२-३, ९५-६; ११०४, ७-१०, १४-१७, २०, २३-९, ३१, ३४, ४३, ४६-७, ५१-२, ७०-३, ७६-७, ७९,

८७, ९१; १२०३, ५, ५१-२, ७०-३, ७६-७, ७९, ८७, ९१; १२०३, ५, २०, २३, २५-६, २८, ३२, ३४-५, ३७-४१, ४५-५०, ५२-८, ६०-२, ७९-८०, ८३-६, ९०-३, ९६-९; १३००-२, १२-५, १८-९, ३४-७, ३९-४१, ४३-५२, ५४-५;—उत्तर ८०३; —की जीत नार्मनों द्वारा २३०; —में पार्लमेंट की शुरूआत २८४; —दुनिया का साहूकार ७७८
इंग्लिश चेनल ८५५, ६५
इंग्लैंतिन, फैन्त्र दि ५२१, २३
इंडस ७७
इंडास ७७
इंडिगो (नील) १५७;—से नीला रंग १५७
इंडो-एरियन (आदि आर्य) ३७
इंडोनेशिया ३६७, ७४; ६५१, ५ ३-४, ६४; ८६२; ९६४; १३०८
इंद्रप्रस्थ ५०
इंदिरा प्रियदर्शिनी ३
इंपरेटर १३१, ३९
इंपीरियल, प्रिफरेन्स की नीति ९४१; —मैरीटाइम कस्टम्स ६२७
इकबाल सर मुहम्मद ८७३
इग्नेशियस, लोयोला निवासी ३९५
इज़राइल २८
इजारेदारी (यां) १११९, २०
इटली १०७, १०-१, १६, ९७-८; २००, ३०, ६८, ८१-३, ८८-९२; ३२१-२; ३४, ४३, ६१, ८६, ८८, ९०-१; ४०१-२, ५, १२, ६३, ७६, ८८; ५३२-३, ३७, ३९, ४८, ५०, ५४, ५७; ६७९, ८६-७, ९५; ७०३, ८, १०-१४, १६, २३, ४६, ५३, ५६, ५९, ७०, ७९, ८४-५; ८२६-७, ३५, ४४, ४९, ६०, ६६, ७४, ७९-८१, ८५, ९३; ९१६, ३१, ४६, ४८-९, ७६, ८२; १०४६; ११०४, ८-१०, १४, २५, ३३, ३५, ३९, ४४, ५०, ७१, ७९; १२५०, ६८-९, ७९-८०, ८३-४, ८६, ८९; १३००, १६-७, ३५-४०, ४३, ४६, ४९, ५२, ५४;—आधा २२८; —उत्तरी २५२, ८८-९०; —दक्षिणी २६, ३०, ११०; २३०, ५१; ७१०, १८;—फासीवादी १३४३, ५४
इतिहास की भौतिकवादी (पदार्थवादी) व्याख्या ७६५; ९०१
इनका २३६, ६३
इनसिना ६८४
इन्क्वीजीशन १४५; २७०; ३२३, २७, ३०, ९०, ९४, ९९; ४०४, ७, ३४, ६९; ५३९, ४८
इन्दौर ५७२
इन्येनु इस्मत, जनरल १३५१
इफरीकिया २१४
इब्नबतूता ३०२; —१०४९-५०
इब्नरश्द २६८,
इब्नसीना २७७
इम्मैनुएल, कांट ७२५;—विक्तर ७११, १३
इराक २१-३, ३३-४, ४०, ४५,

४८, ७७, ९३; १०२, ६, १३, १६, ३१, ४४, ८१; २०३, ७, १५, १८, ५४, ६४-५; ३०६, १५-६, ४४, ४७; ५२८; ६८३; ७००; ८८४, ८७; ९५०, ६३, ७४, ८४-५, ८९; १०२९, ४५, ४७, ५१, ५४, ५७-८, ७१, ७३-४, ७८, ८०-२, ८४-६; ११८१

इग्नैस्मस ४६७

इलाहाबाद ८, २०, ५१, ८७, ९६; १३१, ८०; ३५४-७, ७२-३; ४३३; ५७८;–जिला १०२२

इलेक्ट्रन २४६; १२०८

इल्तुतमिश २९९-३००

इसिपत्तन (ऋषिपत्तन) ५७

इस्तिक़लाल–अल-ताम १०३३

इस्पहान ६८६, ८७, ९७

इस्मतपाशा ९८४, ९०

इस्लाम १८, का आना भारत मे १३२६; –में दो फिरके (शिया और सुन्नी) ६८३

ई-ताई-जो ३७८

ईरान १८, २१-२, ३०, ३४, ३७, ४०, ४८, ५५-६, ६३-५, ६७, ७४-७, ९२; १०२, ६, २१, ४४-५, ५७, ६७-८, ७७-८, ८१; २०३, ५-८, १०, १२, २०, ५४, ६४, ९७; ३०१, ६-८, १२, १५–६, १८, ४७, ७०, ७२; ४०१, २६, २८, ४८; ५३५, ५५, ६८; ६७२, ७४-५, ७८-८७ ९५, ९७-७०१, ७३-४, ८४; ८३८, ४९; ९२१, ५०, ६३, ८५, ८९; १०३०, ४७-९, ५३-४, ७३, ७८, ८३, ८६, ८८, ९०-१; ११२९, ३१–७४, ८०-१, १२०४; –का प्रभाव क्षेत्रों में बंटवारा ६९९;

ईसा (यीशु) १८, २६; १२५–३१, ३९, ६०

ईसाइयत १६८; २०१, ११, ७८, ९३; –के दो फिरके प्रोटेस्टेंट और कैथोलिक ३२५

ईसाई, जगत् २८५;–जिहाद ३२५; –जिहादी २८५, –६८३; –नेस्तोरियन १६८; ३११, १९; –संघ २३२, ३४, ५२, ३, ७०, ७२, ३, ७५, ७८, ८५, ८७, ९१, २; ३२१, ४, ३०, ३३, ५, ३७, ८६, ९०–१, ९५, ६, ९८, ९; ५१०, १२, ३; ७३१, २, ४०; ८३८; (इंग्लैंड का) ४१३; (दोमीनिकन) ३९५; (प्रोटेस्टेंट) ३९५; ९९; ४०२, ८, ११, १९; (फ्रांसिस्कन) ३९५; (यूनानी) ३३३, ९४; ८३८; (रोमन) २८६; ३२१, ८५, ९४, ९७; ७३०; (रोमन कैथोलिक) ३९५, ९९; ४०२, ८, ११, १९, ६८, ९ (सोसाइटी आव जीजस–जीजस संघ) ३९५

ईस्ट इंडिया कंपनी (अंग्रेजी) ३७२; ४२२, ४१, २, ५१, ५३, ६,६३, ९२, ९८; ५५२, ५५, ७५, ७६, ७८, ८३, ८८–९, ९२–४; ६०३,

१८–९, ५३, ५५; –का खात्मा ६५५; –की चाय का अमेरिका पर थोपा जाना ४९८; –डच ३७२; ४२२; ६५३–५५
ईस्ट इंडीज ६५५–६; (डच) १०९४
ई हो तुआन (चुआन) ६४०

उकवा २१०
उकलेदस १०२
उज़बेकिस्तान ११८४, ९९; १२०१–२
उज्जैन ४२, ९९
उड़न-कला ८५५
उड़ीसा (उत्कल) ३९; ४३२; १०२७
उत्तर का कूच (चीन में) ११५६
उत्तर-पश्चिम सीमा प्रान्त (भारत का) १०२०–२, २७, ८६; १३०६
उत्तर प्रदेश (संयुक्त प्रान्त) ३०, ३९; १२१, ५२; ३४९; ४३५; ५७६, ९१; १०१७–८, २१, २७, ३४; १२३५
उत्सव, स्वतंत्रता और विवेक के ५२३
उदय, देश-भक्ति का ४६७; –मध्यमवर्ग का यूरोप में ३८५; –राष्ट्रीयता का ४६७
उदयपुर ४७
उद्योग, इंग्लैंड के बुनियादी ७७८; –एशियाई का विकास १३१९; –कुटीर ५८३, ८५–६, ९४, ९८; १०११; –कुटीर (भारतीय) की हत्या ५५५; –चीन में पूंजीवादी ११५४; –पूंजीशाही ७८४; ८५२–५५, ५८; –ब्रिटिश ९३९; –भारतीय कपड़ा ६०१; –भारी ११८९–९०; –मशीनी ५८३–५; –यूरोप के मशीनी ५५५; –हलके ११८९–९०, ९८
उद्योगवाद ४७९, ८२, ८६, ९२–३; ५५६, ६१, ६७, ८२, ९८; ६६४; ७०१–२, ४२, ४७, ५२, ७५, १३२६; –सोवियत संघ में ११८९–९०
उद्योगिक पूंजीशाही ७८३
उद्योगीकरण, समस्याएं भारत में १०१२; –भारत का १११५; –सारे संसार का ७८१;
उद्योगी, पूंजीपति वर्ग (भारतीय) ६१०; –पूंजीवाद ५६०–१, ६३, ६५, ९९
उन्नति (प्रगति, तरक्की, विकास) कला-कौशल की ५४; –भोजन प्राप्ति के साधनों की ५२; –मनुष्य की ५३; –विचारों की ५४; –शासन कला की ७९; –सभ्यता की ५४; –संस्कृति की ५४
उपनिषद् ३७, ४८, ६९; २४६
उमर २०७, २११, १३; –खयाम ६८४
उ·मैया २११, १४, ६७; –शाखा २१३
उर ६०६
उस्ताद ईसा ६८०
उक्षमल २६१

एंग्लो ईरानियन (पर्शियन) आयल कम्पनी ६९८; १०५४; ११८१; १३३७
एंजेल्स फ्रदरिख ५६५, ७५४
एकता, हिन्दू-मुस्लिम ९४२

एकाधिकार १२३५, ६०, ८७; —राष्ट्रीय १२३५
एक्ट, एग्रीकल्चरल एडजस्टमेंट १२९७; —गवर्नमेंट आव इंडिया १०२६; —नेशनल रिकवरी १२९७
एग्मौंत, काउंट ४०८
एडिख १२१२
एडिंगटन, सर आर्थर १२०९
एडम्स, जॉन ५०१
एण्टवर्प २९१, ४०७, ९
एतमादुद्दौला ४३८
एथेन्स २७, ६३, ६७, ६९–७१, ७४, १०२; २०१; ७२६; ८३०; १३२८
एद्रियानोपुल ३३२; ८३५
एन्तोइनेत, मेरी ५०४–६, ९, १४
एबीदोस ६५
एमडन ८८६
एम्सटर्डम १०५३; १२०६
एम्हर्स्ट, लार्ड ६१८
एरिस्तोफ़ेन ६८
एलजब्रा १९१
एलनबी, लार्ड, १०३८, ४०
एलैरिक १५९, १९७
एलौरा ६७९;—का कैलाश मन्दिर १८४
एल्बा ४०८, ५१३, ७८७
एवरेस्ट १९९
एवरोज़ २६९
एवीसेना २७७
एशिया १७, ९, २४, २६, ३३, ९२, ९८; १००, १६, ७, २३, ३५, ६, ४४, ५७, ६८–७०, ९६–७; २०४; १५, १८, ४०, ४२, ४७, ४९, ५०, ५३, ५, ५७, ८, ६०, १, ६६, ७१, ८८, ९, ९६, ७; ३०३, ५७, ११, १४, १६, ३२, ३८, ४०, ४२, ४४, ७३, ८४; ४०३, ११, २२, ३, ५९, ६०, ६५, ६८, ७६, ७; ५०१, ५५, ५९, ६१, ६८, ८१; ६१३, १६, २६, ८, ३०, ४४, ४६, ४८, ५१, ५३, ४ ५६, ५८, ९, ६३, ४, ६६, ६९, ७३, ५; ७०१, २, ३५, ६, ७५, ८२, ८४, ९६; ८२३, २९, ३२, ३६, ३९, ५३, ५७, ८, ७५, ८५; ९५९, ६२, ८४; १०४८, ५०, ५२, ८९, ९५; २७, ११११–२, ६४, ६७, ७४; १२०३, ५, २३, २६, ३०, ३५, ५४, ८९, ९०; १३०९, १५, १८–९, २६, २८, ३२, ३४, ४७;—उत्तरी ३२; १०१; ३०५; ८४६; ९३०; १३०९;—कोचक २६–७, ३४, ३७, ६३, ६५, ७७, ७९; १०२, ६, ३०, ३६, ३७, ४१, ४४; २०३, १७, ७३; ३२९, ४६; ६७१, ८४; ८२९, ७९; ९७६–७, ८२–३; —दक्षिण-पूर्व ४८; ४२२; ५५२, ५५; ६५९, ७१; १०९; १३०८;—दक्षिणी ७७३; १०९२; —पश्चिमी ३४, ९९; १०१–२, २०, २३, ५७, ८२; २००, ३०, ३५, ४९, ५४, ६५, ६८, ७७ ८, ९४; ३०३, १२–३, ४७; ४२३; ६७१–३, ७९, ८७; ८२९, ६०, ८५; ९३४,

४७, ४९–५०; १०४७–५४, ९२, ९४; १३०८;–पूर्वी २७७,; ५५५; ६७१, ७९
एस्किल ६८
एस्तोनिया ९४८–९, ११३१, ८२; १२०४

ऐंक्विलिया २९०
ऐतिहासिक युग २६६;–पूर्व २६६
ऐमेट राबर्ट, ८०९

ओगोतई ३०९, ११–२
ओटावा १२६१, १३१४
ओमो-तोक्यो ११६४
ओलिम्पिया ३१
ओल्डसारम ४१८
ओविद १३३
ओवेनाइट ७५४
ओवेन, राबर्ट ७४८–५०, ५४
ओसिरिस १०२
आदेसियस २७
आदेसी २७

औद्योगिक, उन्नति (विकास) इंग्लैंड की ५७९; (जर्मनी की) ७२१; –नीति भारत में अंग्रेजों की ८६८; –पूंजीशाही ८५८;–मजदूरों का एक नया वर्ग ७०६, १६;–साम्राज्य शाही का फैलाव चीन में ६६४; –युग १२६०
औद्योगीकरण इंग्लैंड का ४९०, ९२; ५८०, ८४;–जापान का ६०१;–पश्चिम का ५६१;–सोवियत संघ का ११९३
औरंगजेब ४३७, ३९ ४०, ४२ ४७, ५२

कंपनी संघ, और ट्रस्ट का बनना ७८४
कत्ले आम, दिल्ली का ६९७
कनाडा ४६८, ७७–८, ९२, ९६, ५५१, ७९; ७७१–२, ७८, ९७; ९३६; १११०, २५, ६५; १२२५, ४५, ५०, ६१; १३१०, १३;–पश्चिमी ९३६
कनिष्क सम्राट १२३–४
कनौजा २५१, ३२४
कन्धार २२१, ४२४
कन्नड़ ३८–९, ३५३
कन्नौज ४२, १७५–६; २१८, २२, ९३
कन्वेन्शन नेशनल (फ्रांस) ५१६, २०–२४
कन्फ्यूशियस १९, ४६, ५६, ९१; १०४–५, ७, ७१, ७४; २३८; ४५७, ७०; ६३२, ४८
कन्फ्यूशियन मजहब ३७६, ४६१
कन्याकुमारी (कैप कोमोरिन) ८६–७; १४७
कपिलवस्तु १५४
कबीर ३५१–३; ४२९
कमाल पाशा, मुस्तफा (अतातुर्क) १३७; २१३; ३१३, ३३; ७००; ८३४; ९४७, ५०, ६२, ७६–७, ७९–९२, ९४–५; १०३७, ५१, ५८, ९०–२; ११४५; १३५१, ५२
कमीशन, नया पार्लमेंटरी (ब्रिटिश–साइमन) १०१६–१८;–मिलनर १०३२;–राष्ट्रसंघ १२८७

कम्बोज राज्य १९३
कम्बोडिया १४८, ६७; २५४; ३६३; ६५७–५९
कराकोरम ३०८, ११–१३, १५
कराची ५८८
कर्जन, लार्ड, ७८२; ९८४; १०३५
कर्नाटक ३८; ३५८, ६०
कर्बला २११
कलकत्ता ३५; २१६; ४४२, ५२; ५८८; ६०५; ७२९; ९३६
कला, अरबी ६८५;–ईरानी ६८३–४, ८७, ९५;–ईरान और मध्य एशिया में ६०९;–ईरान की सासानी ६८२;–ईरानी की परम्परा ६८३, ८७; –ईरानी का सुनहरा युग ६८७;–उस्मानी इमारती ६८७; –का तैमुरी काल ६८६;–का सफावी काल ६८६;–की तरह-तरह की हलचलों का विकास ६७४; –की नफीस चीजें हर शहर में ६७६; –गान्धार १२५; –गुप्तकाल की १५४, ६८२;–गोथिक वास्तु २८८;–चीनी १६५, ७१; २४०; –जापान की १६६, ७३;–प्राचीन भारतीय की बची-खुची निशानियां ६७७;–पर प्रभाव ईरान-चीन के रिश्तों का ६८५; –बौद्ध ६७४; –भारतीय १६६; ६७९; –भारतीय इस्लामी (मुस्लिम) २९५; ६७९;–भारतीय पर ईरानी असर ६७८; –भारतीय में नया उभार ६८२;–मजहबी ६९५;–मय और पेरू की २६०, ६३;–मौर्यकाल की ६८१;–रिनैसां युग की ३९०; –लिखने की ४६; १७१;–सिन्ध घाटी की २६५;–हकामनी ६८१; –हिन्दू २९५
कलिंग ९५–६; १४९, ८२
कल्हण ३७; १५६
कवाद २०६
कांग–ही ४५७–९, ६१, ६३
कांग्रेस, अमेरिका (संयुक्त राज्य) की ७९२–३; १२३९, ९३–४, ९७; १३००, ५१; –अरब १०६६; –अरब नारियों की (पहला अधिवेशन) १०४५; –ट्रेड यूनियन (इंग्लैंड की) १११६; (भारतीय) ९९६;–भारत की राष्ट्रीय ३८; ४९९; ५६०; ६११–५; ८७२; ९४१–३, ९६४; १००१–३, ५, ८–९, ११, १६, १९, २१–८, १२४१, का अधिवेशन (अमृतसर) १००१, (अहमदाबाद) १००५, (कराची) १०२५; १२७६, (कलकत्ता) ९४१, १००१, १७, १९, (नागपुर) १००१, (मद्रास) १०१६, (लखनऊ) ९४१–३, (लाहौर) १०१७, १९, की कार्य समिति १००५,–ट्रांस-जोर्डन की राष्ट्रीय १०६८, –सीरिया की राष्ट्रीय १०५८;–वियेना की ५५२, ५७, ७०३, १०;–विश्व इस्लामी १०७५;
कांग्रेसी मंत्रिमण्डल, भारत के सात प्रान्तों में १०२७
कांगो ८६२

कांजीवरम् (कांची) १८३-४; २९६
कांफेडरेटेड राज्य ७९२-३
कांफ्रेन्स गोलमेज १०२१
कांबोज १४९, ९१-२, ९६; २४९; ३६५-६
कांस्तैन्तीन ८२१
काओ-त्सु १६७; २३८
काकातोमीनो कामातोरी १७४
काकेशस ११८१, ८४
काकेशिया ९७७, ८५; ११९९
कागूलार्दो १३५२
काठियावाड़ ५६; ११९, २१, ५२
कानपुर ४२, ८४-५; १७५; ५७७-७
कानून, अंतर्राष्ट्रीय ८२४;—अमन कायम रखने का ११६५;—आम हड़ताल रोकने का १११६; —आयर्लैंड का ऊनी व्यापार-विरोधी ८०६;—इटली में फौजी ११३८; —कामगारों का मुआवजा १०१३; —कारखाना ७४८; १०१३; —काश्तकारी ८६९;—किलकैनी का ८०४;—गुलामी के खिलाफ ७८९; —गैरमामूली ११४२;—चुनाव-संबंधी (इटली में) ११४०; —जंगल का ४९१ —जबरन फौजी भर्ती का (मिस्र में) १०३२; —ट्रेड यूनियन १०१३;—दारूबंदी १२९१, ९४;—दीवानी फौजदारी १०२९-३०;—पंजाब में फौजी १०८९; —पार्लमेंट ८१५; —पुराना इस्लामी ९९१; —बरीयत का १०३४;—बाइसवीं प्रेरिआल का (फ्रांस) ५२४; बेथियार करने का (मिस्र में) १०३२; —भारतीय कारखाना (पहला) ८७१;—भारतीय खान १०१३; —मिस्र में फौजी १०३२, ३४, ४२; —यूनियन ८०८-९; —वर्जीनिया राज्य का ७९४;—सन्देहभाजनों का ५२०;
कानूनी तौर पर आज़ादी (हब्शी लोगों की) ७९३
कान्यकुब्ज ४२; १७६
काबा २०४
काबुल ७५, ७९; ११९, २३, ४९; २१०; ३१५, ५६, ४२३-४, ३०, ५७४; ६८७; १०९२; —नदी का कांठा १७८ २२१
कामदेव ६७८
कामाकुरा २४२; ३७९
कामिन्तर्न ९२२; ११७७, ८७
कायल २७९-८; ३१८
कारडोबा (कुर्तुबा) २१६, २५०, ६७-९
कॉरदे शारलौत ५२१
कारू ३४
कार्क ९६८
कार्डिनल, रिशैल्यू ३९६; ४०५, ६७
कार्थेज २८, ४८; १०३, १०—११, १६, ९७
कार्नवालिस, लार्ड ५९३
कार्नेस ६६६
कार्यक्रम, कानून-भंगवाला १००५; —बुनियादी अधिकारों का और आर्थिक १०२५

कार्ल (चार्ल्स) फ्रैंकों का सरदार १३९
कार्लाइल, टामस ४०६, १५, ९१; ५०५, १७
कार्लोविंजी (कार्लो विंजियन) २२९
कालिदास १५३; ३५३; ६८२
कॉलिन्स, माइकल ९६८-९
कालीकट ३३८-९, ५७
काली मिर्च का व्यापार, प्राचीन भारत में ४०; १५९
कावूर ७११–२
कावेरीपड्डिनम् १८३
काशगर १२१; ३१६; ६२९; ११७३
काशी ४२, ५०-१; ४३५
काश्मीर ३२, ३७-८; १२१, २५-२६, ५६, ७८; २२१, २३; ३४६, ६०; ४३२, ३८; ५७२-३, ९९; १०२८; ११७३
कॉस्ग्रेव ९७०-१
काहिरा ३४४; ५३४; ६८२; ८५८; १०२९, ३८-९, ४६, ५०, ५२-३
किंग जॉन २८३
किचलू, डाक्टर ९९९
कि-त्से (की-त्से) ४६ ७; १७१
किपलिंग, रुडयार्ड ७८४
कियाचू ६३८
किरकॉफ १३४८
कीट्स् ७२६ ७, २९, ५०
कीफ़ २८१, ३०६, ८, १०;–के ग्रेंड ड्यूक की हार ३०८
कील ८९०; १०९९; ११००
कुओ-मिन्-तांग ६४९, ५१; ९२६, ३३, ६३; ११५४, ५८-६०, ७२; १३४२
कुंग-फू-त्से ५६
कुतल अमारा १०८०
कुतुबनुमा २१६
कुतुबुद्दीन २९९
कुबलाई खां ३११, १३, १५-६, १८-२०, ४४-५, ६४, ७३, ७८; ४३७
कुमायूं ५७२
कुमारगुप्त १५४
कुमारदेवी १५२
कुरान २६९
कुरु ६८०
कुरुलतई ३०५
कुरुप ३४, १०४८
कुर्दिस्तान ९८९; १०५८, ७८, ८४
कुलक ११८०, ८७, ९३
कुलपति वर्ग १०८-९
कुषाण ११८-९, २१, २३, २५, ४६, ५१-२;–सम्राट् १२४;
कुस्तुन्तीन ९५; १२९, ३५-७, ५४, ६०, ९७; २००
कुस्तुन्तुनिया (इस्तम्बूल) १२९, ३२, ३५-९, ४२-४, ५४-५, ५९, ९७-८; २००–१, –३, –५–८, १०, १२, १४ ७, २४, २७ ३०, ३७, ५०-४, ७२-३, ७५, ७८, ८०, ८५-६, ८९; ३०६, १३, १८, ३२ ४, ३७, ४३–५, ४७, ९९; ४०१, २४; ५५८; ६२७; ७९, ८७; ७७४; ८२२, २९, ३२, ३३-५, ५२, ६०, ७९, ८५; ९१०, ५०, ७४, ७६ ८१ ८३, ८६-७, ९२, ९४; १०४८-५१, ९६; ११८७

कू–क्लक्स-क्लैन ७९४
कूचा १७८
कूफा २१६
कूलिज ११११
कृष्ण १८
कृष्णदेवराय ३६२
के ४८६
केदारनाथ १८५
केनिया १३०६, ८
केरल ३८
केलविन ३९६ ८; ४६९
केलाग ११३०
केसलरे ५४८
कटन १६७, १९३, ९५; ३७५, ७७; ४५९, ६३; ६१९-२०, २३; ९३३; ११५२, ५४-७, ६०-१; १३४२, ५०
कैंडी ८६
कैंब्रिज ४१२; १२०९, १३०५
कैटेलोनिया १२६४, ६७; १३४१
कैथरीन, (द्वितीय) ८४०
कैथे १०१
कैन्यूट २५०
कैपटाऊन १०५२-३
कैपिट्यूलेशन्स १०३६-७
कैरोलिन ४९७
कैलिफोर्निया ६२८, ३२, ६४; ७८८; ९३६
कैवेलियर्स ४१५, ९५-६
कैसमेंट, सर रोजर ९६६
कैसर ११४, ४०; १०९९; १२७०-१
कैस्ताइल २६९; ३३७
कोचीन ८७
कोनेल, डेनियल ओ. ८०९
कोपरनिकस ३९०
कोमागाटामारू ९३६
कोमि फ्रान्सवाज ३९१
कोमोद १३४
कोम्प्येन ९४४
कोरिन्थ २७
कोरिया ४५-८, १०६, ६६-७, ६९-७२; २४२, ४७. ५४; ३४४-५, ७४, ७८-८०, ८२; ६३६-७, ४३-७; ९२७; ११६५, ६७;–दक्षिणी १६७
कोर्तीज २९९, ३४१. ४०४
कोर्निलोव ९०७
कोर्सिका ५३०, ३२
कोलचक ९१७-८, २३, ३०
कोलनताई, श्रीमती १२०१
क्रिस्तोफर ३३,, १०१; २६०; ३३८-४१, ३८४; ४०४; ८३०
कोलम्बिया १३११;–ब्रिटिश ९३६
कोलम्बो १९४
कोलरिज ७२९
—मेरी १३२६
कोलोन २३५, ८१, ८८, ९०; ८९१; ९४४
कोलोजियम १३४, २५४
कोश, चीनी भाषा का ४५८
कोशल ४२
कोसूथ लोयोस ७०८
कोहकाफ़ ८२१, ३६
कौन्सल १०८-९
क्याऊ-याऊ ८८५; ९२७-८, ५५
क्यूबा ८००

क्यूबैक ४९६
क्योतो (टो) १७४; २४०-२; ६३४
क्लाइव ४५०, ५२-३, ५५, ९२; ५८१; ७८०
क्लियोपेत्रा ११५, ८२०
क्लेमैन्शो ९४६
क्लोविस २२४
क्वान-तुङ ११६१
क्वैकर ४९५
क्रांति १४-५, ९१; २५०, ७२; १०९९; –अमेरिका में बिजली की १२१४; –आर्थिक ३८५, ९९; –उद्योगी ५९९; –औद्योगिक ६१६, ५३-४; ७०५, ३८, ६३, ७०, ८९; १२१४; १३१८, (इंग्लैंड की) ४६३, ७८, ८०-२, ९२-३, ९५; ५०२, ४, ५२, ५४; ७३७, (सोवियत की) ११९३; –कोरिया में ३७८; –खूनी (मिस्र की) १०३२; –खेती-बाड़ी की (रूस में) ११९३; –चीन में ११६२; –जर्मनी की १०९८; १२६९, ७०; –तुर्क १०५७; – नये ढंग की मार्क्सवादी ८४६; –प्यूरिटन ४७७; – बुखारा में मुकामी १२०१; –भारत में ९३५; –मजदूर वर्ग की ८४३; –मशीनी ५५४; ६१६; –रक्तहीन ८३४; (स्पेन में) १२६६; –राजनैतिक ११८२; –राष्ट्रीय ७०४; रूसी ११८६, –अक्तूबर की ११८५, –फरवरी की ८९६-८; ९०२, ४, ९, २५; ८२, –१९०५ की ८४७, ४९, ८९-९०, ९४; ९०९, २५, ४४; १०१३; ११७४, ७८, —१९१७ की ८४५, ९३; ९०१, ३०, ४७, ४९; १००३, –बोलशेविक १०९५-७, ९९; ११०२-३, २९, ३४, ८७, ९५; १२१६, ३९, ६६; –समाजी २६१-२; ७०४-५, ७-८, ४२; ९४५; १०२३, ९५-६; ११०३, ३५, ८०, ८२; १२६९; –स्पेनी ११४४; १२६२, ६८; १३१७; –हंगरी में ११०२; –(के लिए) हिंसा के उपाय १०१८; –(यों) में परिवर्तन ७०३-५; –(यां) यूरोप की ७७१; –कारी हलचलें (रूस में) ८४१, ५०; –कारी हिंसा भारतीय राजनीति में ६१४
क्राइलें को ९११
क्राकाऊ ३१०
क्रामवेल, ऑलिवर ४१५-७, १९; ९०५
क्रीट २०
क्रीमिया ८३२, ३९; ९१७
क्रुप्सकाया, श्रीमती १२०१
क्रूगर, इवान १२५१
क्रूसेड २५३, ७२-८, ८०, ८६, ७-९३; ३०६, १४, २१-२, २९; –बच्चों का २७६
क्रोपाटकिन, पीतर ७५३, ६०
क्रोमर, लार्ड ८२४
क्रोशिया ११२३

खदीव ८२२-४
खलीफ़ा २०७, ११, १३-४, १७, २१, २७-८, ३०, ५०, ५७, ६७, ७३;

३०६; ६८२-३; ८३६, ७४,; ९८७; १०५७, ७४;—अब्बासी २१७, २८, ३०, ५०, ७३; ३१३; —वहीउद्दीन ९७४;—बगदाद का २९६; ३१२
खाड़ी, ईरान की ३६८, ७४; १०७३, ७८;—हडसन ४६५;—फिनलैंड की ४७५;—बंगाल की ४८, ७९, ८७; १२१, ७६, ८३; २४९
खान, अब्दुल गफ्फारखां १०२१;—बलिक ३१३
खारकोफ ९१७
खारजम (खीवा) ३०६-८; ६८३, ८५
खालसा ४४६
खाल्दिया २२; १२१; ६७५-६; १०४७
खितन २३९, ४७
खिलजी, अलाउद्दीन ३००-१
खिलाफत, कमेटी भारत की १०७५-६;—बगदाद की ८२१
खुतन १२१, ७६; ३१६-७
खुदाई खिदमतगार (लालकुर्ती दल) १०२१
खुरासान १८१, २१७, ४०१
खुला दरवाज़ा नीति (चीन में) ६४०;
खुला व्यापार नीति ७८१
खुसरो (द्वितीय) २०५-६
खैबर दर्रा ७५

गजनी २२१-२, ३०, ९३, ९५; ३०८; ४२४
गया १५४
गांधार ४०, ७९; १४८-९, ५५, ८१; ४४८; ६७८
गांधी (मोहनदास करमचंन्द, महात्मा, बापू) ६-७, १३१; ४५६, ९९; ५९६; ६०९; ८४६, ५०, ७३-४, ७८; ९४२, ६४, ८१, ९७-८; १००१-२; ४, ६-७, ११, १९, २१-२, ८५; १३०५, ५४;—युग ९६४;
गॉड्स्बर्ग १३४६
गाद फ्रे २७४
गायकवाड़, बड़ौदा का ४५०; ५७२
गायना ब्रिटिश ८७१; १३०६
गॉल १०२, ११, १६, ३६, ९८
गिरमिटिये मजदूर ८७१
गिबन १३२, ३४;-४७२
गिल्ड, दस्तकारों की ४८५;—हॉल २२९
गीतांजली १३३०
गुजरात १५२, ५८; २९९-३००, ५७-८; ४३१-२, ३८, ४८, ९९७; १०१७
गुप्तकाल १५३, ५५-६,८७
गुरु, अर्जुनसिंह ४४६;—गोविन्दसिंह ३५२; ४४६;—तेगबहादुर ४४६; —नानक ३५२; ४२९, ४५;—हर-गोविन्द ४४६
गुरुत्वाकर्षण के नियम ३९१; ७३२
गुलाम, वर्ग १०८;—(मी) की प्रथा ७९२;—(मी) की प्रथा का अन्त इंग्लैंड में ७९८;—(मों) का तट ७८८, ९०; (मों) का व्यापार ७८८-९; (मी) गैरकानूनी ७९०
गुलबर्गा ३५५, ५८, ६०

गुलिवर्स ट्रावैल्स ४१९, ७२; ८०६
गुलिस्तां-बोस्तां ६८४
गुस्तावस, अदोल्फस ४११
गृहयुद्ध, अमेरिका का ४७९; ५०२; ७८७, ९२-३, ९५; ८०५; ११७८; १२९५; १३११ आयर्लैंड में ८०५;–इंग्लैंड का ४१४, १९, ४६६-७; ५६४; ईरान में ६९७;–चीन में ९२७, ३३; ११६०,६७;–जर्मनी का तीस-साला ३९६; ४०५, १०-११, ४३, ६६;–जापान में सौ वर्ष का ३८०; –तुर्की में ९८०;–फ्रांस में ४०५; –बुखारा में १२०१;–यूरोप में ३८५; ३८५;–रूस में ९११, १६, १९, २०, २३; ११७८, ८२, ८५; –शिनफेन के दलों में ९६९-७०; –स्पेन में १२६८; १३३९
गेटे ७२३-५, ३८
गैटो १०६४
गैरीबाल्दी २७७, ७११-२, १४
गैलीपोली ८८५
गोखले, गोपालकृष्ण ६१४-५; ९४३
गोगोल ८५०
गोथिक शैली २८८-९; ३३७; १३२६
गोबी का मरुस्थल १७६-७; ३०६, १७; ६२९, ८२; ११७३
गोयबल्स, डा० जोसफ १२७६
गोर्यारिग, हरमान १२७५
गोरखपुर १००५
गोर्की, मैक्सिम ८५०-१; ९२०, २४
गोलकुंडा ३५३-४, ५८-९; ४३९
गोलगोथा १२८
गोवा ३३९, ५८-९, ७८; ४४१; ६००; १२६४-५
गौरी, शहाबुद्दीन २९३, ९९
ग्वालियर ४३; ५९९
ग्लैडिएटर ११३, ३४
ग्राउजे, एम० १७८;–रेनी ६७४, ८०, ९५
ग्रामीण, प्रणाली, भारतीय ५८७, ८९
ग्राम-संस्था पर खड़ी समाज–व्यवस्था १६२
ग्रिफिथ, आर्थर ८१४; ९६७
ग्रीनलैंड ३४२
ग्रेव्ज, जनरल ९१७
ग्रेनेडा २६९-७०; ३१३, ३७, ९९

घाटी, रूर की ११२५;–सेंट बर्नार्ड की ५३७
घेराबंदी, तुर्कों की ८२७
घैंट २९१, ४०७
घोष, अरविन्द ६१४
घोषणा, अमरीकी स्वाधीनता की ५००-१, १२; ७३९, ४१;–जेनेवा की १०८४;–फिलीपाइनी स्वाधीनता की ६६७;–फ्रान्स की अधिकारों की ७३९, ४१;–बालफोर १०६५, ६८;–मानव अधिकारों की ५१२-३, २५;–मिस्र में नये विधान की १०४३,–स्वाधीनता की १०३४, ३६;–मुक्ति की, लिंकन द्वारा ७९२;–संयुक्त जर्मनी की ७१९; –स्वाधीनता की, भारत में राष्ट्रीय

कांग्रेस द्वारा १०१६;–पत्र साम्यवादी ५६५-६; ७२१, ५४

चंगेजखां (चिंग-हिर-हान) २७७, ९९; ३०५-१०, १५-६, ४५-८, ५६, ६४; ४०८, २३, ६०; ५३०; ६७२, ८३, ८५,

चंद्रगुप्त (पहला) १५१; (द्वितीय) १४६, १५१-२, ५४; (मौर्य) ७८, ८१-२ ९४-५, १०२, ४७, ५२, ५४, ८७

चंद्रनगर ४५१

चंपा १९१

चटगांव १०१८; १३०६

चटर्जी बंकिमचन्द्र ६१०

चरखा २४, ४८५, ५८५

चलन, कागजी नोटों का ३७५;–हुंडी और नोटों का १२४२;–छपाई और कागज का, यूरोप में ३८६

चर्च २८५; –आर्थोडाक्स (कट्टर) १३८; –यूनानी १३८; –रोमन १३८;–रोमन कैथोलिक १३८; १२६४;–लातानी १३८

चांग-काई-शेक ११५६, ५८-९, ६१, ६९-७०; १३४१-२

चांग-सो-लिन ११५७, ६७

चांद बीबी ४३२

चाओ-मुल्तुन २६१

चाइल (चिली) ७९८; १२२७; १३११

चाको १३११

चाणक्य (विष्णुगुप्त, कौटिल्य) ७९, ८१, ९४,; १८७; ३६५; ८५७

चापेई ११६९

चाय के व्यापार की शुरुआत ४६१

चारवर्ण ४१

चारत्रे २८९

चार्ल्स, प्रथम ४१४-५, १७, ४३, ६६-७, ८५; ८०५;–द्वितीय ४००, १७, ४१, ६१;–पंचम ३९६, ४००-१, ४, ७; –नेपियरसर ५७५; –महान १३७; २७१;–मार्ते २१०, २४, २६, ६६;–मेटकाफ ५८७; –लिंडबर्ग ८५५

चार्वाक १८६

चॉसर २९२; ३९१

चित्तौड़ ६६; २२३; ३००-१, ५७; ४३२;–के राणा ३५७

चिपनगो (निह्-पुंग-कोक) १७५

चियन-लुंग ४६१-२, ६४-५, ७३

चीन ३, १२, १८, १९, २१, २३, २९, ३३, ४५, ४६-९, ५५-६, ५८, ७६, ८१, ९१-२, ९४, ९९; १०१, ३-४, ६-९, १६-७, २०, २३, २५, ३१, ३४, ४१, ४४, ५०, ५७, ५९-६३, ६५-७३, ७५, ७७-८०, ९१, ९५-६, ९९; २०१, ३, ६, १६-८, ३५-४०, ४२, ४७, ५४-७, ८९, ९६-७; ३०१, ३, ५-७, ९, ११, १३, १६-२०, २९, ३७, ३९, ४७, ६२-३, ६५-६, ६८, ७०, ७३, ७५-९, ८२, ८४, ८७; ४०१, २०-२, ३७, ४०, ५७, ५९-६१, ६३-५, ७५; ५५१-२, ५५-६, ६८, ७२-३, ८१, ९८; ६१६, १८-२४, २७-३०, ३२ ३४-४३, ४५-८, ५०-१,

५७, ६४-५, ६९, ७१-२, ७४-५, ८२, ८५, ९५; ७०५, ७८, ८४; ८०२, ८०, ८५; ९०१, २१, २६-३२, ३६, ४०, ५५, ६३-५; १०२८, ३७, ४९-५०, ५३, ८०, ८५; १११२, २५, २८, ५२, ५४-८, ६०-२, ६४-७४, ७८; १२०३, ८५, ८७, ९९; १३१८-९, ३५, ४१-२, ५५; –उत्तरी २३९; ९२९, ११५६; –दक्षिण १९३, ३१८, ३२०, ११५६; –की बड़ी दीवार ८७; १०५; ३७२; ११७१; –का मध्य एशिया के कबीलों को ढकेलना १५९; –में पुनरुद्धार समिति ६४९; –में सरकारी नौकरियों के लिए इम्तिहान प्रणाली १०७

चूतेह १३३४
चेंग-हो ३६८, ७४
चेका ९२३
चेकोस्लोवाकिया ३२४-५, ८५२, ९१३, १६, ४८; १०२८, ६२; ११२४; १२७९, ८३-४; १३१५-७, ४४-७, ५५
चेख़व ८५०
चेतना सांस्कृतिक, बंगाल में ८७२
चैतन्य ३५२
चैम्बरलेन १३२०, ४३, ४५-६, ५०
चैस्टरटन, जी० के० १०९५
चोट, पहली भारतीय कारीगरी और व्यापार पर अंग्रेज़ों द्वारा ४५३
चोलापुर १८४
चोसन (चोसेन) ४६-७; १७१-३; ७९३
चौथ ४४७-८
चौरी-चौरा १००५

छब्बीस जनवरी ८२

जकरियास बेसीलिओस ९७८
जगलुल पाशा १०३२-३, ३५-६, ४१-२; –बेगम सफिया १०४२
जज़िया ३०१, ५०; ४३०, ३९
जजीरत-उल-अरब ९९७
ज़द्दा १०५२, ७३, ७५, ७७
जनता, का अधिकार-पत्र (इंग्लैंड में) ७०९; –का (के) मोर्चा १३४७, (फ्रांसीसी) १३३८, (स्पेनी) १३३८-९
जबल-उत-तारीक २१०
जबल-उद्-द्रूज १०५९-६०
जमशेदपुर ८७१
जमींदारी-प्रथा ४३२, ७६६
जम्मू ५७३
जयचन्द २९३
जयपाल २२१
जयपुर ४३२
जयमल ४३२
जयवर्मन् १९२
ज़रक्स् ६८०-१; १०४८
ज़रथुस्त १८, ५६, ९२; १२४, ४४; २०६
जरुसलम ९९७; १०६४-५, ६९
जर्मन, आधा २२८; –गणराज्य ९४७
जर्मनी २४, ११६; २२४, २९-३०, ३०, ५०, ५२, ७६, ८०, ८२-३, ८८-९०; ३११, ३१, ४२, ६४, ९४, ९६, ८; ४००, २, ५,

१०-१, १८, ४३-४, ८०, ८८, ९५; ५३७, ३९, ५०, ५७-८, ६०, ६५, ८६; ६२६, ३७-८; ७००, १६-८, २१-३, २५, ३२, ३९, ५०, ५२, ५७-९, ६८, ७०-१, ७३, ८१, ८४-५; ८३६, ४४, ४९, ५८-६०, ६२, ६४-६, ७७-९, ८१-३, ८५-९२, ९४; ९००-१, ४, ६, ९, १०, १२, १६, १८, २०, २७, २९-३०, ३५, ४४, ४६, ४८, ५०-४, ५९, ६१, ६६, ७४, ८०; १०५६, ६२, ६९, ९५-६, ९८-९; ११०१-२, ४-१०, १२, १४-५, २०, २३-७, २९, ४३, ५१, ७१, ७६-८, ९१; १२०३, ७, २०, २१, २९, ३२-४, ३९, ४०, ४४, ४६, ४८-५०, ५२-४, ५६, ५८-९, ६७-७५, ७७-८६, ८९, ९२-३, ९८-१३००, ६, १५-८, ३५-६, ३८-४०, ४३-६, ४९, ५२, ५४-५; —उत्तर ३४२; —का एकीकरण ५५७; —नात्सी १२८०, ८३-४; १३३५-६, ४३, ५४-५; —(का) नात्सीकरण १२८२; —में नात्सियों की जीत १२६२

जलालुद्दीन ३०८; —रूमी ६८४

जलियांवाला बाग अमृतसर का ५२८; १००१

जहरॉफ, सर बेसील ९७८-८२; १२८७

जहांगीर ४३७-९, ४१, ४६; ६८७

जाइयन १०६४; —वाद १०६४, ६९

जातक-कथा ५७

जाति, प्रथा १९०; —व्यवस्था २३४

जाप्ता, दीवानी स्विट्जरलैंड का ९९१; —फ़ौजदारी इटली का ९९१; व्यापारी जर्मनी का ९९१

जापान १८, ४५, ४७-८, ९१, ९४; १०६, २५, ६६-७, ६९-७५; २४०, ४२-३, ४७, ५४, ५७; ३१३, १९-२०, ३८-९, ७४-५, ७८-९, ८१-४; ४२२, ४८, ५९; ५५२, ५६, ५९, ६८, ८१, ९९; ६००, १३, २२, २८, ३०, ३२-४०, ४३-९, ६८-९, ७४-५; ७७५; ८४९, ६३, ८०, ८५; ९१६, २६-३१, ३६, ४६, ५५, ६४, ; १०३७, ९३; १११३, २०, २५-६, ५२, ६१-२, ६४-७४, ९६; १२०३-४, ३४-५, ३७, ६२, ८५-७, ८९; १३०९, १४, १५, १९, ३५, ४२, ५०; —की दरवाज़ा-बन्दी ३८२; —में भयंकर भूचाल ११६५

जॉब चार्नोक ४४२

जार ११४, ४०; ३४५; ४६१; ५४८-९; ८३२, ३८-४०, ४२-३, ४६, ४८, ६४, ८३, ८९, ९८-९००, १५; —निकोलस ८९५-६; —शाही ९१०; ११२३

जार्ज, तृतीय ४६४-५, ९९; ५००; ६१८; —पंचम ४४०; —लॉयड ८९१-२; ९१७, ४६, ५१, ६९, ७८

जार्जिया ४९७; ११८१, ८५

जावा १४८-५०, ९३, ९५-६; ३१९, ३९, ६३-६, ६८, ७४, ७६; ५५५;

६५३, ५६, ६५, ७९; ८६२; ९६४; १०९४; १३०८; –पश्चिमी १९५; –पूर्वी १९५; २४९; ३६४
जिब्राल्टर २७; १९४; २१०, ५०, ६६; १३४०
जिनेवा २७४, ९०; ३१९, ३८, ९७ ४७०-१; ९५२; १०८६, ९४ १२३४, ८८; १३३५
जिनोवीफ ११२८; –का पत्र ११२७–२८, ७४
जिम्मू टिन्नू ४७
जिओर्दानो ब्रूनो ३९०
जिओवेन इतालिया ७११
जीन-द-आर्क (जोन ऑव आर्क, आर्लीयन्स की कुमारी) ५, ३३०-१
जीन्स, सर जेम्स १२०९
जूरी की प्रथा २८४
जूलियन (सम्राट्) २००
जूदो ६३४
जेनव १४६
जेफरसन, टॉमस ५०१; –डेविस ७९२
जेम्स, प्रथम ४१४, १९, ४१, ८५, ९५; ८०५; –द्वितीय ४१७, ४३, ६६
जेल, देहरादून २४४, ६६, ९२; ६७४; ९६५; –नैनी ३, ८, ९, १०, १४, ३६, ६१, ८२-४, ८६, ९४; १०३, ४७; ६६१; –पेरिस की ७४२; –बरेली जिला १९६; २४३-४; ६६१; –बास्तील ५०८; –ब्रिटिश ९६७; –भारत-भर की १००५; –मलाका १४, १९, २०; –मांडले ६१५; –में गांधीजी १००६; –में मेक्स्विनी की मृत्यु ९६८; –यरवदा १०; १०११; १३०५; –लखनऊ १९-२०; ९८५
जैकोबिन ५११, २३-४, ३२
जैन धर्म ५६
जैन्टाइल, जिओवानी ११४९-५०
जोजेफ फ्रान्स ७७१; ८६४
जोजेफ़ीन दे बोहार्नाई ५३९-४०
जोनाथन स्विफ्ट ४१९-२०
जौनपुर ३५३-६
जौहर व्रत ३००; ४३२
ज्यूपीटर १०२

झगड़े, आंग्ल-आयरी तिजारती १३१३; –सांप्रदायिक (भारत में) १००८, ११
झरिया ५२९
झांसी ५७८

टक्कर, ईसाइयत और इस्लाम की २७८
टांगानिका ९४७
टाइरोल ११०४
टाऊनशेण्ड, जनरल १०८०
टाटा, आयरन एंड स्टील कम्पनी ८७१; –जमशेदजी नौशेरवानजी ८७१; –नगर ८७१
टानी आर० एच० ७८३
टीपू सुलतान ४५४; ५३५, ५१, ६९, ७१
टेनिस कोर्ट की शपथ ५०७
टेनीसन ७६९
टेनोक्टिलन २६१-३
टेलीवीज़न १२१९

टैक्स, इनकम १३०७;–पोल १३०७
टैरिफ बोर्ड, हिन्दुस्तान में १०१२
टैलिस्मैन २७५
टोडरमल ४३२, ५९१
टोन वुल्फ ८०८
टोरी ७७६
ट्रान्स-जोर्डन ९६२; १०६३, ६६, ६८, ७३-४, ७९, ८५
ट्रान्सवाल ७८५
ट्राय २७, ६५; १३२६
ट्रिनिटी कालेज, कैंब्रिज के ७२९
ट्रिनिडाड ८७१
ट्रेड यूनियन ५६३; ६०३; ८५४; ९९६; १०११, १३
ट्रैफलगर स्क्वायर ५३८
ट्रेवेलियन, जी० एम० २७७; ७१३
ठाकुर, महर्षि देवेन्द्रनाथ ६०७; –रवीन्द्रनाथ ६०७; ७२७; ८७३; १३३९

डबलिन ८०३, ६-८; ९६७
डांडी की महान यात्रा ४९९; १०१९
डायरेक्टरी सरकार, फ्रान्स की ५२४, ३२, ३५
डायर जनरल १०००
डायरी, सेम्युअल पेपीज़ की ४६१
डार्विन चार्ल्स ५६६; ७३३-७; ६५, ८३; ८५२
डार्सी ६९८
डॉलफ़स १२७९; १३४३
डिकन्स ७२९
'डिक्लाइन एंड फाल ऑव दि रोमन एम्पायर' १३२
डिज़राइली (डिसरैली) बेंजामिन ५६२; ७७७; ८२३, ३३; १३२४
डि वैलेरा ९६७, ७०-३; १३१४
डेनमार्क २५०; ४९५; ७१८, ५९, ७०; ८५५, ६१-२; १२४५; १३१४, ४९-५०
डेनियल डिफो ४२०
डेन्टन १२०८
डैज़िग २९०; ४८८; ११०४; १२७९
डेरीलन्दन ८०५
डेल आयरीन ९६७, ६९-७१
डोल (खैरातें) १११७
ड्रेग, सर फ्रान्सिस ३७१; ४१३
ढाका ५८१

तंजौर १८४; १०४९
तंब्रील ५२१, २४
तकनीकों में बराबर तरक्की १२१५
तक्षशिला ७५, ७८, ९९; १२०, २३, २६, ४८; २१६, २०; ३५९
तब्रेसी १२८
तमिल (नाड) देश ३८; १४९; २९६
तरक्की, यूरोप की भाषाओं की ३८६
तरेम का रिवाज़ ४७५
तर्क का युग ७४२
तलअत बेग ९४७
तहमास्प, प्रथम ६८६
ताङ किङ ३१३, ४५
ताई-त्सुंग २०६
ताओ ३०९;–चिङ १५४
ताजमहल ३५९; ४३८; ६८०, ८७
ताज़िकिस्तान ११८४; १२०१-२, ४; १३०८

तानसेन ४३२
तानाशाही, फ़ासीवादी ११४६; –फौजी ११४६; –सर्वहारा वर्ग की ११४६, ४८; –साम्यवादी ढंग की ११४६
ताम्रयुग ६७६
तायरा २४१
तारी(रि)क २१०, ६६
तालाबन्दी ११३४; –कोयला खानों की लम्बी १११६
तालिबशाह, सैयद १०८०
ताशक़न्द १७६
तिनविल फोकिये ५२१
तिब्बत १८,९४; १२५-६; ३१३, १५, ४५, ८३; ४६३; ५७२; १११३, ७३ १२२२
तिरुवांकुर ८७; ३६२
तिलक, लोकमान्य बाल गंगाधर ६१४-५; ८७२; ९४१-२; १००१-३; –सेनापति २९५
तीन क्रान्तियां—उद्योगी, समाजी और राजनैतिक ४७८
तुकाराम, सन्त ४४७
तुग़लक, मुहम्मद बिन ३०१-३; ५३, ५५, १०५०
तुग़लकाबाद ५०; ३०३
तुरफ़ान १७७-८; ६२९
तुर्कमेनिस्तान ११८४, ९९
तुर्की ११९, ५१-२; २१३; ३९९; ४०१; ५४९, ५५, ५७-८; ६२७, ७३, ८३; ७००, २९; ८२४, २६-७, ३२-३, ३५-६, ३९, ४२, ६०, ७४-५, ८०, ८४-५; ९२१, ३४, ४३, ४७, ४९, ५३-४, ६२, ६४-५, ७४, ७६-८६, ८८-९६; १०३६-७, ४५, ५१, ५६-७; ५९, ७३-४, ७८-८३, ९०-१; ११२९, ३१, ३३, ३६, ४५, ७४, ८०, ८७; १२०१, ४; १३५१
तुर्किस्तान २०१; ४६३; ६२८, ७५; –चीनी ११७३; १२०१
तुर्गनेव ८५०
तुलसीदास ४३५
तुलों ३२२
तूचा चेवस्की १३४८
तूताखामन ६७६
तूशन ९२६, २८, ३३; ११५२, ५५६
तैमूर २९९, ३४५-५०, ५६; ४०८, २३; ५७८; ६७२, ८५-६; ८२९
तैमूरी पुनर्जागरण ६८६
तैयबजी, बदरुद्दीन ६१२
तैलीरैंदे ५४०, ४८
तोकुगावा आयेयासू ३८०-१
तोक्यो (टोकियो) १७४; ३८०; ६३४; ११६५
तोप–बन्दूकों का इस्तेमाल ३२८
तोरमाण १५५
तौरान २२, २८
तोल्स्तोय, लियो ८५०
त्यूरिन ७१३
त्जू-सी ६३०, ४०
त्सो-त्सुंग-तांग ६२९
त्सोन-त्से ७३७

त्रात्स्की ८४५-६; ९०५, ७-९, १२, १६, १९-२०; ११८५-७; १३२१, ४८

त्रावणकोर १०२८
त्रिपोली ८३५; ११३३
त्रेमिति ११४३
त्रोय की बड़ी लड़ाई १९८

थरवान्तेज ३९१
थर्मापोली ६५-६
थानेश्वर २२१
थियोदोरिक १९८
थियोदोसी २००-८
थीब्स २७, ७४
थैकरे ४५३; ७२९
थोरो ७५१
थूसे ८२

दंगे, दिजों में ५०६; —यहूदी-अरबी १०६६; —स्पेन में १२६७
दक्षिण १४८-९, ७६, ८२, ८४-५, ८७; २४९, ९३, ९५; ३००-२; —में मुसलमानों की हुकूमत २९४
दत्त, बटुकेश्वर १०१८; — रमेशचन्द्र ५८०-१
दमिश्क २०३, ११-२; ३१३, १५; ५३४; ६८२, ८५; १०४५, ५७, ६०-१
दर्रे दानियाल ६५, १३५, ३६, ९७; २५१, ३४७; ७७४
दलादिये, मोशे १३४६
दाऊद २८, ४८, १२७
दानत्सिख ९४८
दान्ते, अलीघेरी २९१; ३८८-९०
दान्तों ५१६, २१, २३
दायज (डायज) बार्थोलोम्यू ३३८; ८३०
दारा (दारायवहु, डेरियस : कुरुष का उत्तराधिकारी) ३४, ४८, ६३-४; ६८०-१; १०४८; तीसरा (ईरान का बादशाह : अहस्युर का उत्तराधिकारी) ७४-५, ९२
दास, जितेन्द्रनाथ १०१९
दास्तोव्स्की ८५०
दाशमिक प्रणाली १९१
दियरो ४७२
'दि राइट्स ऑव मैन' ७४२
दिल्ली ३९, ५०; १५३; २९३, ९८; ३०१, ३, ६, ८, ४६, ४९-५०, ५२, ५४, ५६, ५८,-९; ४०१, २३-४, २६, २८, ३०, ४०, ४६-८, ५१, ५३-४; ५७५-८, ९२; ६१६, ८५; ८३१; ९९४, ९९; १०५०; —नई ५०
दीनइलाही ४३५
दुनिया, का कारखानाघर ७१०; —चीनी १२३; —भारतीय १२३; —यूनानी रोमन १२३
दुर्रानी, अहमदशाह ४४८, ५०
दूप्ले ४५०
दूरबीन २१६
दूमा ८४७-५०, ९९; ९०१
देकार्त ३९१
देम्मूलां, कैमिली ५२१, २३
देहरादून २४३, ९२; ५७२; १३३१
देहातीकरण, भारत में ५८४, ८८
देशबन्धु चित्तरंजनदास १००५
देशभक्ति १४०
देवगिरि ३०२
दौलताबाद ३०२, ५२; १०५०

द्रविड़ ग्राम-प्रथा ४०
द्रागा ८६३
द्रोणाचार्य ४३

धनात्मकवाद ७४४
धर्म (मजहब : मत : सम्प्रदाय) और जीवन के मामले में पुराना दृष्टिकोण १६३; –इस्लाम १८, ५८, १३९, ४४-५, ४९, ६७-८, ८२, ९६-७; २०४-८, ११, १३, १७-८ २०-४, ३०-१, ४९, ५६-७, ७८, ८७, ९३-५; ३००-१, २७, ५०-२, ६८-९; ४४५, ६०; ६७१-२, ८२; ७०१; ८२६; ९८८-९; १०२९, ५२, ५७, ७१, ७३-४; १३५२; –ईसाई १८, ५८, १२८-३०, ३७-८, ६०, ६८; २००-१, १८, ५३, ७२, ७८, ८०, ८७, ९३; ३२५, ८१; ४५९; ६००; ३२; ८२०-१; –कट्टर-वादिता १२६; –जनता की अफीम १२७; -जरथुस्त (जोरास्टर) १८, ५६, ६८१-२; –जैन ५६; –पारसी ५८, १४४; –प्रचारक १२६; –बोधि १६७; –बौद्ध १८, ५८, ९८-९, १०६, ११७-९, २३-६, ४५, ४९, ५३-४, ५६, ६५-७, ७१-४, ७६-७, ८५, ९१, ९३; २१८-९; ३६६; ६३२, ७१, ७८; ११६४; (महायान) १२४, २५, ५३, (हीनयान) १२४-५; –ब्राह्मण ११७-८, २४; –मानव ७४४; – यहूदी १०४८; –वैदिक ५७-८, ९२; ६८१; –वैष्णव १८७; ३५२; –लेख १००; –शंकर ३५१; –शिंटो ६३२; –शमा ३०९; –सिख ५८; ३५२; –हिन्दू १८, ५८, ११८, २४-५, ४५, ५३, ८५, ८७; २२०, ६६, ८७; ३५१; ४२९, ४५; ६००, ७-८, १४, २६ १०२९-३०
ध्रुव उत्तरी १८१; –दक्षिणी १८१

नई अर्थ नीति, सोवियत संघ में ९२१; ११७६, ८०, ९७
नई, राष्ट्रीयता अरब देशों में ९५०;
नक़शा दुनिया का ४९
नक्काशी, तांबे पर ४५८
नगर, परिषद ८१; –राज्य २९-३१, ४८, ६३; १०७, (यूनान के) ३४
नज्द १०७३, ७६
नटराज १८४
नदी, अनान ३०५; –आक्सस (अक्षु) १२०१; –कावेरी १८३; –कृष्णा ९५; –गंगा २४, ३६, ४०, ४२, ७५, ८३; १८०; २८७; –गोदावरी ९५; –जमना ३६, ४२, ५०; १८०; ३५५; ४३८; –जार्डन १०६७; –टेम्स २८४; ४१७, ८५; –डैन्यूब १९७; ९४८; १२५१; १३१६; –तबरेज १०७; —ताइबर ३२१; –तारेन ३१७; —दजला २०३, १२; ६८३; १०७८; –नीपर ११०५; –नील २१; ८२०; १०३५-६, ४०, ४६; –नीवा ४७५; ८४०; –पालेम-बांग १९३; –पीहो ६२४; –फुरात २०३; –महानदी ९५;

—मार्न ८९०; —मीकांग १९२; —यांगत्सी ११५७; —राइन ११६; ९४४; १३४६; —वोल्गा ९४; —सकरिया ९८२; —सरस्वती ३६; —सार १३३६; —सिन्धु ३४-५, ४०, ४८, ६३, ७५-७, ८५; १५२, ८१; २१०; ३०८; ४२३, २५, ४८; ६८०; ८२०; —स्वांग हो (पीली) ४५, १०३; ३७३; ६७५
नन्द, राजा ७८
नमक, कर १०१९; —कानून का भंग १०१९
नया, उद्योगवाद जापानी ६३६; —मजदूर वर्ग ७०८; —मध्यम वर्ग (बुर्जुवा) ३३५; ४२०, (ईरान में) ६९८, (भारत में) ६०७, ९-११; ८७०, ७२, (मिस्र में) ८२६; १०३०;
—साम्राज्यशाही का विकास एशिया में ६६४;
नये कदम, रूजवेल्ट के १२९७
नवरत्न १५३
नाइटिंगेल, फ्लोरेन्स ५९५; ७७४
नागासाकी ३८२
नात्सी ११०१; —आतंक १३१६; —दल ११०६; १२६९, ७२; —वाद १३३२-५, ४६, ५०, ५, ४-५; —सरकार का उदय जर्मनी में १२०३
नात्रदेम २८९
नादिरखां (नादिरशाह) १०९२
नादिरशाह ४४८, ५१; ६९७
नानकिंग ३२०; ६४९, ५०; ११५८-६१, ६९, ७२; १३४२
नाना फड़नवीस ५७१
नाना साहब ५७७
नायडू, श्रीमती सरोजिनी ९४१
नारमंडी २३०; ५०, ५१
नारा १७३-५; २४०
नारी-अधिकार-रक्षा-समिति ९९१
नार्थमैन २२८-२९
नार्मन, मांटेग्यू १२२८
नार्वे ३४२; ११२१; १३१४, ५०
नार्समैन (नार्मन) २२९, २३१; ८०३
नालन्दा ४, ९९, १७७; ३५३
नासरत १२६
निंगपो ६२०
निकोलस द्वितीय ८६१
निकोलो कोन्ती ३५९-६०
निजाम ४४७, ५१; ५७७
नित्ती ११४१
निनीवे (निनेवा) २२-३; ६७७-८०
१०४७, ७८; १३२६
नियागरा जलप्रपात ७९५
निरस्त्रीकरण ९१; ८९१; ९६१; ११०१, २९-३०; १२८६-९, ९६; —जर्मनी का ९५२; १२८४
निर्वाचक मंडल, जुदागाना (भारत में) १०२६
'निर्वाचक राजा' २८०
निलहे गोरे ९९७
निष्क्रिय प्रतिरोध ७०८; ८१४-५, ७४; १०३२
नीति, असहयोग और बायकाट की १०८५
नीतिसार १८७, ८९-९०; २३४, ८१
नीदरलैंड २९१; ३७१, ८५, ९६, ९८;

४००, ३-४, ६-१०, १७, २८, ३४, ८४; ५१५, १९, ३७, ४८, ८२; ६५५; १३५०
नीरो १४२
नील की खेती ६१०
नील, जनरल ५७७
नील दर्पण ६१०
नील नदी का कांठा ६७५-६; ८१८
नीहपुंग कोक १७५
नुवारा-ईलिया ८६
नूरजहां ४३८
नूरेम्बर्ग १३३६
नेटाल १३०६
नेपाल ४६३; ५७२
नेपुल्स २९०; ३९६; ४००; ७१०-११
नेपोलियन १४०; २९०; ५१०, २४, २९, ३०, ३२, ३४-४०, ४५, ४८, ५०, ५२-३, ६३; ६१८, ४४, ६९; ७०२, ८, १०, १६, १९, २४, ८७-८; ८२२, ४०, ५९; ९५८; १२६४; १३४३; –कोड ५३६; –तृतीय ७०८, ११, १७-९, २३; —भारत का १५५; –लुई ७२५; –सर चार्ल्स ५७५
नेलसन, मीनार ५३८; –होरेशियो ५३४, ३७
नेशनल कन्वेन्शन ७४२
नेहरू, मोतीलाल १००२, १७; –रिपोर्ट १०१७
नैनीताल ५७२
नैशापुर ६८४
नापासेरां १३३९
नोरबुनागान ३८०
नोवगोरोद २९१; ३०६, ४५
नोसास २०, २१, २३, २६, २८, ४८, ९२, ३२६
नौकरशाही सरकार (आई० सी० एस०) ६०४
नौजवान, तुर्क दल ८३४, ६४; –फिलिपाईनी दल ६६७
नौरोजी, दादाभाई ६१२; १०१५
नौहा १०६६
न्यू एम्सटर्डम ४९५
न्यूटन, आइज़क ३९१, ७३२, ३८; १२०७
न्यूट्रन १२०८
न्यू प्लाई (प्ले) माउथ ४१४, ४९५
न्यूयार्क ४९५; ५६८; ७५५, ५७, ८७, ९०; ९०५; १११३-१४; १२२१, ४८-५३, ५८-६०, ९०; १३१३
न्यूरेम्बर्ग २९०

पंचवर्षीय योजना (सोवियत रूस की : पायातिलेत का ११८४-९५; १२०५, २७, ३७; १३४७; –दूसरी ११९८; १३४७
पंचायत ४०, ४३, १६२, ९०; –ग्राम २२३, ९६; ३५०; –गांवों की १५६, ८२; भारत में ५८७, ९१; –घर ४२, २३५;
पंजाब ३९; ११९, २१; २१९, ४९, ६४, ९३, ९८; ३००, ४९; ४४६, ४८; ५५१, ६९, ७३-४, ९१; ६०७, ८; ९३६, ६४, ९९, १०००, ९, १८, २७; –पश्चिमी २६४

पगान ३६६-७
पटना ४, ४३, ७७, ९९
पटेल, सरदार वल्लभभाई १०१७
पनामा ३४०, ८०१; —नहर ८००-१
परदा-प्रथा १५; २१२-३
पर्सिकाक्स, सर १०८१
पर्सिपोलिस (पर्सिपोली) ६७५, ८१; ८२०; १०४७
परिभाषा, हमलावर की १२८६; —संस्कृति की ५५
पल्लव, देश १४९; —तामिल २९७ ५४९
पश्चिमीकरण, अफगानिस्तान का १०८९
पहलवी, रिजाशाह (रिजा खां) ७००, ९६३
पांचाल ४२, २२२
पांडव ४३
पांडिचेरी ४४२, ५१; ६१४
पांडुरंगम् १९१
पांड्य राजा १८२; —राज्य २९७-८; ३१८
पाइतिये २६६
पाइथागोर ५६-७, ९२
पाओ-चिया २३९
पाज़ीट्रन १२०८
पाटलिपुत्र ४, ४३, ७७-८१, ९९-१००; ४६, ५१, ५३-४, ७७; २२१
पानीपत ३५६; ४५०
पॉन्तियस पाइलेत १२६, २८
पामीर १४५-६; ११९९; १२०१
पाम्पी ११३-५
पारसी १८, ५६, ५८, १४५
पार्थव १०६, १३, १६, १९, २१, ४४, ५२
पार्नेल, चार्ल्स स्टुअर्ट ८१२
पार्लमेंट, आयर्लैंड की ८०७, ८, १५; —इंग्लैंड की २८५, ८९; ४०३, १२-१९, ४३, ५१, ५४-५, ६७, ७७-९, ८३, ८५, ९५-६, ९८; ५००-१, ६-७, ५२, ६४, ८०, ९९, ६०३-४, ४४; ७०२-३, ९, ४८, ७१, ७४-६, ७८, ८९; ८०५, ८-१४, १६, ५६, ६५-८; १०१६, २६, ३५; ११२७, ४७; १२५४; १३०१-३; —इटली की ७१३; ११३५, ४०; —इराक की १०८२-३; —की शुरुआत ४०३; —जर्मनी की (रीखस्टाग) ११४६; १२७३-४, (भवन में आग) १२७४; —तुर्की की ९७४, ७६, ७९-८०; १०७४; —पोली ११४५; —फ्रान्स की ११४७; —मिस्र की १०३५, ३८, ४०-६; —रूम्प ४१६; —हंगरी की ११०३; —स्पेन की (कोर्तें) ११४३-४, १२६४, ६६-७; १३३८-९
पाल १२८-९
पालमीरा २०४
पॉवलॉफ १२१०-११
पाषाण-युग २६०
पिंडारी ३२-३
पिंदार ६८
पिजारो २६३, ९९; ३४१; ४०४; ६४२
पिरेनिस १३४०

पिरेमिड ९२, १६५; ६७६; ८२०
पिलसुदस्की ७५९; ११४५
पीटर, महान (जार पीटर) ४६१, ७५; ८३९-४०;—साधु १३८; २५३, ७७
पीद(ड)मान्त ७१०-१, १३,
पुरुषपुर १२३, ४६
पुरु (पोरस : फुर) ७५-६
पुर्तगाल २६६; ३३७, ३९, ४१, ५९, ६९, ७१, ८४; ४१३, २२, ४१; ५५१; ८२७, ८०; ९३१; ११४५; १२६४-५
पुलिकेशी १५६, ७५
पुश्किन ७२५; ८५०
पुष्यमित्र ११७, १९
'पूंजी' ('केपिटल') ५५६; ७५६, ६६
पूंजी, पति(वादी) ४९२-३; ५६२; —वाद ५६०, ९७-८; ६२६; ७०१, ४९-५०, ५५, ६३; ८५२, ६८; ११८५, ९१, ९६, ९८; १२२४, २८, ३०-१, ३३, ३४, ९०; १३००, ३-४, १९;—वाद का विकास १३२६;—वादी दुनिया २२०; वादी प्रणाली ७०१;—शाही ७६८; ८५४, ६७; ९२२;—शाही उमंग हाट बाजारों के लिए ७८५;—शाही औद्योगिक ७८३
पूना २६६; ३७३; ४४६-७
पूर्वी टापू २९६; ३७२-३, ६, ५१; ४२२ ६५३;—में भारत की कला और सभ्यता १४७
पूर्वी देशों का जागरण ९६२
पृथ्वीराज २९३, ९९
पेईज ३५९-६१-२
पेकिंग २३९; ३०३, ६-७, १६-१८, ७७; ४६४; ६२५, ४१-३; (पिपिंग) ८५२; ९३१-२; ११२८, ५८-६०, ६७, ७१-२; १३४२;का मसविदा ६४३
पेगू ३६७
पेत्रार्क २९२; ३८८
पेपिन २२७
पेरगवे १३११
पेरु १०१, २३६, ६०, ६३; ३४१, ७१; ४०४; १३११
पेरिस २७; २५२, ६८, ९०; ३९१; ४०५, ६८, ७२, ७४, ९७; ५०८-९, ११, १३-१६, १८-२१, २३-४, २६, ३३, ४७, ६८; ६७४, ७०८, १९-२०, ४२, ५४; ८५५, ८२, ८४; ९४५-६; १०३२, ५३, ९१; १११३, ३०; १२१८, ५३; —कम्यून ५१४ -६, २०-१, २३; ७१९-२१, २५, ५५, ५७
पेल ८०४
पेशवा ४४७-८, ५०; ५७१, ७७
पेशावर ९९, १२३, ४६; ५२८; १०२०
पैगम्बर, मुहम्मद १८; १२९, ६७, ८२; २०४-८ १०, ११, १३-४; ६८२; १०७४
पैदावार के कामों में बिजली का उपयोग १२१४
पैन ४९५; —टामस ५०१; ७४२
पैनसिलवेनिया ४९५

पैरिक्ले ६९-७१
'पैरेडाइज लास्ट' ३९१
पैस्कल ११५
पोग्रोम ८३८, ४२; १०६४; ११८२
पोप १३८-९; २०७, २६-२९, ३२, ५१-३, ७२-३, ७५-६, ७८, ८०-३, ८५-६, ९१, ९३; ३११-२, १६, २०-६, ३३, ३९, ५७, ८६, ९५-६, ४००; २, १३, १७, ६८, ७६; ५५७; ७१०-११, -११४२ —का फतवा ३२३; —ग्रेगरी सप्तम २५२, ८०; —डम ३२६;
पोर्ट-आर्थर ६३७-८, ४०, ४३-४; ११६७
पोर्टस्माउथ ६४५
पोलैंड २५०; ३०३, ६, १०, १५, ४४; ४००, ७६, ७८; ५१५, ३७, ४८, ५०, ५७; ७०८, ५९, ४२, ८६; ९१६-७, २०; ९४८-९; १०९८; ११०४, १२, २३-४, २१, ४५, ८२, ८४; १२०४, ७९, ८४; १३१५, १७, ४७, ५४; —का गलियारा ११०४, २७; १२७९; —रूसी ७१८
पोलो, निकोलो ३१६-८; —मार्को १७५; २९७; ३१६-२०; ३७, १०४९; —मैफियो ३१७-८
पौधा, कपास का २४३; चाय का २४३
पौन्सनवी, आर्थर लार्ड १२८८
पौन्जा ११४३
प्यरिटन्स ४१५, ६९
प्रगति, प्राचीन भारत में रसायन और चीर-फाड़ की ७३१
प्रजनन-विज्ञान १२१०
प्रजाधिपोक १०९३
प्रतिनिधि सरकार ३०
प्रदर्शन, पहला अखिल भारतीय ९९८; —साम्राज्यशाही विरोधी ११, ५६
प्रयाग ५१, १८०
प्रशिया ४११, ७०, ७४-८; ५१५-६, ३७, ४८-९, ५७; ७१६-७, १९; ८५९, ७८; ९४८; —पूर्वी ८८३
प्राइड, कर्नल ४१६
प्राइमो दि रिवेरा ११४४; १२६५
प्राकृतिक चुनाव (वरण) का सिद्धान्त ५६६ : ७३३,-५
प्राहा (प्राग : प्रेग) ३२४, ९४, ८५२; १३४५
'प्रिन्स' (पुस्तक) ३९२
प्रिन्स विलियम, आव आरेंज ४०७, १०
प्रिन्मेप्स ११४-५
प्रेरे प्रूदों ७५३
प्रेस (यानी अखबारी-वर्ग) ५६८
प्रेस्टर, जान ३१९
प्रोटन १२०८
प्लीनी १२३
प्लेग बड़ी ३२९

फतहपुर-सीकरी ४३२-३
फरउन ८२०
फरगना ४२३
फरिश्ता ३६०
फर्डीनेण्ड २६९, ७१, ३३७-८, ९९
फर्दीनेन्द, आर्क डयूक फ्रान्सीस २८३; ८६४; १०९८; —मैगेलन ३३९-४०
फर्नी ४७०-१

फातिमा २११
फारमूसा १५०, ९३; ६३७
फारस १४४
फासी, आतंक ११३७;—वाद ९६१; १०२८; ११२५, ३३, ३७-८, ४०, ४२, ४६, ४८-५१; १२०४, ६८, ७९, ८१; १३००, ३, १६, २०, ३२-४, ३८, ४०, ४६-७, ५२, ५४-५, की विजय ९६२, इटालवी १२८१, पादरीशाही १३४३, फ्रान्सिसी ११४७; ब्रिटिश ११४७
फॉस्ट ७२५, ३०
फॉश मार्शल ८९०
फाहियान १००, ५४, ६६
फिक्टे ७१६
फिजी ६०२; ८७१, ७२
फिनलैंड ८४०, ४८; ९४८-९; ११८२; १३५०
फिरदौसी ७४-५; २२२, ९८; ६८३
फिरोज शाह ३५४-६
फिरोज़ाबाद ३५५
फिलस्तीन १८, २८, ४८; १२८; २१७, ५३-४, ७२-६, ८०, ८२, ८६; ३०६, १२, १६, २२; ८८४; ९४९-५०, ६३, ८४; १०२८-९, ४५, ४७, ५१-२, ५७-८, ६२-७१, ७३, ७९-८०; १३०८, ४९, ५०
फिलिप ७२, ७४; —द्वितीय ४०४, ७, १०, ९४;
—फिलिपाइन (फिलिपीन) १५०, ९३, ९६; ३४०, ६८, ७०-२, ८१-२, ४५९, ७४; ५५२, ५५; ६५३-४, ५९, ६३-८; ८००; ९१६
फीदियास ६८; ९३
फुआद, डाक्टर ९८९; —बादशाह १०३४-५, ४०-४, ७५, ८५
फुराद १०७८
फूचू (फ्यूचू) ४६३; ६२०
फूसंग १६६
फेबियन १११; ८११, १४; —वाद ७५०, ५७; —वादी ७५७, ६२
फेबी (फेबियस) ११०
फैजी ४३२
फोर्ड हेनरी १२९७
फ्यूशे ५४०
फ्रान्स १५, २६, ११३; ७८, ९७; २१०-१, १८, २४, २८-३०, ५०-१, ६६-७, ७१, ७६-७, ८३, ८५, ८८-९०; ३१४, २३-४, २९-३१, ४१, ९६; ४००, २, ५, ११-२, १७, ३७-८, ४२-३, ५०-१, ५७, ६५, ६७-८, ७१-७, ७९-८०, ८४, ९६; ५०१, ५, ६, ८-१२, १५-९, २१, २४, २६-९, ३३-५, ३७, ४०, ४७-९, ५४, ५७-८, ६५, ६७, ८१; ६२३-४, २६-७, २९, ३५-८, ४४, ५७-९; ७००, ३, ८, १०-१, १७-२१, २५, ३२, ३८-९, ४२, ५०, ५४, ५९, ६९-७०, ७३, ७९, ८१, ८४-५, ८८; ८०३-४, ७, २६-७, ३२-३, ४४, ४९, ५५, ५९-६०, ६२-६, ७७, ७९-८०, ८२, ८६, ९०, ९३; ९०१, ४, १३, १६, ३०-१, ४४, ४६, ४८-५१, ५४, ७०, ८१-३; १०५३, ५६, ५८, ६०, ६२, ८५, ९५-६; ११०४,

७-१०, १४, २३-५, २७, २९-३१, ३४, ४१, ४४, ४६, ७१, ७८-९, ९१; १२०३, २०, ३२, ४०-१, ४४, ४९, ५०-४, ५६-७, ७२, ७९ ८०, ८३-६, ९०; १२९३, ९९; १३००, १५-६, ३४-४०, ४३-७, ५१-२, ५४-५; –उत्तरी ९६६; –दक्षिणी २६, १९८, २००, ६९, ७१, ३२२

फ्रान्सिस, जोजेफ २८३; ७०८

फ्रेडरिक २७६, ८१-२; ४७४-५, ७७; –द्वितीय (संसार का आश्चर्य) २७६, ८२-३, ९१; ३०६, ११, २१, ९४; –बारबरोसा २७६, ८१-२

फ्रैंकफुर्त २३५, ८१, ९०

फ्रैंकलिन, बैंजामिन ५०१

फ्रैंको, जनरल १२६८; १३३८, ४०-१, ५९

फ्लोरिडा ७८८

फ्लोरेन्स २९०; ३८८-९, ९२; ४०१; ८५७

बंग-भंग ८७२

बंगाल, ३०, ७९; १४७, ४९, ८३; २२३, ४९, ९३, ९६, ९९; ३०२, ५२, ५५-६; ४३२, ४२, ४७, ५१-४, ९८; ५८१, ९१-३; ६०१, २, ५, ७, ९, १०, १३-५; ६५५-६; ८७२; १०१८, २१, २७; १३०६; –आर्डिनेन्स १०१८; –पूर्व ४४१; १०१९

बक्सर ४५३

बगदाद २२; २१५-८, २०, २२, २७-८, ३०, ३६-७, ४९, ५०,५७, ६७-८, ७१, ७३; ३०३, ६, ८, १०, १२-३, ४३-४, ६०, ७२, ८२-३, ८५; ८६०, १०४८, ५१-३, ७८, ८०, ८३

बच्चा सक्का १०९२

बजबज ९३६

बटाविया ३७६; ६५६; १०५३, ९४

बड़ौदा ५९९

बदामी १८२, ८४

बदायूनी ४३३

बनर्जी, उमेशचन्द्र ६१२; –सुरेन्द्रनाथ ६१२

बनारस ५०-१; १००, २१, ७७, ८५; ३५३; ६७८, ८१

बनियन जॉन १३२४

बन्दोबस्त की नीति, भारत में ब्रिटिश सरकार की ८६९

बम, दिल्ली के असेम्बली भवन में १०१८; –भारतीय राजनीति में पहली बार ६१४

बम्बई ३५, ३८, ८४, ८७; २१६; ४४१-२; ५८८; ६०१, ५, १२, ७८; १० १७, २७

बरकनहेड, लार्ड ८१५-६; ११७७

बरगेन्डी ३३०-१

बरमिंघम ५८८

बरार ३५८

बरेली २४४

बर्खटसगाडन १३४५

बर्नाद्दोत ५४०

बर्मा १८, ४५, ८१; १२५, ४८, ५०; २९६; ३१३, १९, ४५, ६६-७; ४५५, ६३; ५५१-२, ५५, ७२-३, ८१; ६१५, २९, ५१, ५३, ५६-८; ९६४; १०२५, २८, ९३; ११२६; –उत्तर १०२६; –दक्षिण १८९; २४९
बर्लिन ५६८; ७१९, ३३; ८८३, ९०; ९३५; १०९१; ११००-१, २८; १२१८, ७४; –का लाल सप्ताह ११००
बर्लिंगेम ६२८
बलकान ७७७; ८३०, ३३, ३६, ४९, ६०, ६२, ६४; ९४८, ७८; १२५१-२; –की रियासतें ४७६; –लीग ८३५
बलख १७६, ७८; २१०; ३०७, १६; ६८४
बलगारिया ३३२; ८३२-३, ३५-६, ८०, ८५; ९४७; ११४५
बलचिस्तान १८२; ७००; १०८६, ८८
बवेरिया १०९९; ११०१-२
बशीदो ११६२
बसरा २१६; १०७८, ८३
बसु, सर जगदीशचन्द्र ८७३
बहादुरशाह ५७७-८
बाइबिल २२, ४८, ५६; १२६, २८, ४६; ७३४, ४३, ९९; १०६३; –नया अहदनामा १२६; –पुराना अहदनामा १०६३
बाकुनिन, माइकेल ७५३, ५६; १२६५
बाकू ११८१, ९५
बाल्त्रिया ११९
बाबर ३१५, ५६; ४०१, २२-६, २९, ३७, ४०, ४५, ६०; ५७८; ६७९, ८७
बाबा गुरुदीतसिंह ९३६
बाबुल २१-३, २८, ३४, ४०, ७६; १२१, ४६; ६७६-७
बॉयकॉट १००१, ४; –फिलस्तीन में १०६६; –जर्मन माल का १२७८; –जापानी माल का ९३१; –ट्रान्सजार्डन में १०६८; –मिलनर कमीशन का १०३२; –विदेशी माल और अंग्रेजी कपड़े का १०२०; –विधान मंडलों का १००५-६, १९, २६; –सरकारी कालेजों का १००२, १६;
बायरन ५४९; ७१४, २६, २९; ८५७
बारडोली १०१७
बारूद १६९; –के हथियार जापान में ३८०
बार्थो, लुई १३३६
बार्बिये ५३०
बार्सिलोना १२६८
बालादित्य १५६, ७५
बालिग मताधिकार ११४९
बालजेक, आरें द ७२६
बाल्डविन, स्टैनली ११२८; १२५०; १३१९
बास्तिल ५०८, ११, १३-४, २१
बास्फोरस ७७४
बिआत्रिस ३९०
बिजैन्तिया १३५-६, ९७; २८०-९;

१०४९; १३२६
बिथोवन ४८०
बिन्दुसार ९५
बिल, जोन्स ६६८;—बड़ा सुधार (इंग्लैंड-आयर्लैण्ड) ८०९;—मताधिकार ८०९;—रौलट (काला) ९९७-८;—होम रूल ८१२-३, १५-७, ६३, ६५, (नया) ९६८
बिस्मार्क, ओटोवान ७१६-९, २१-३, ५७; ५३३
बिहज़ाद ६७९, ८६
बिहार ४, ३९, ४२, ७७, ९५, ९९; २९९; ३५५-६; ४२६, २८, ५३; ५२९, ७६, ९१, ९३; ६१३; ८७१; ९९७; १०२७; १२३५
बीकन्सफील्ड ७७७
बीजगणित १९१
बीजापुर ३५३, ५८-६०; ४३९, ४६
बीदर ३५८
बीबी नैला ३५५
बीमा प्रणाली, सरकारी १२२३
बीरबल ४३८
बुइलों २७४
बुखारा ३५, २७७; ३०७; ६८३-४, ८६; ११६४, ८४; १२०१
बुखारिन १३४८
बुद्ध (गौतम) १८, ५१, ५५-८, ९२; ११८, २४, २६, २९, ४७, ५०; २०२; ४५७; ६६२ ७१, ७८
बुद्धिवाद (चीनी) ६४८
'बुल' ३३९;—हदबन्दी का ३३९
बेतार-प्रणाली ८५५
बेबिलन १०४७, ६४, १२२६
बेरिंग, का जल-डमरूमध्य ४६५; —मेजर ८२४;—वितुस ४६५
बेरूत १०५७
बेलजियम २२८, ९१; ३७१; ४०६, ८४; ५४८-९, ८६; ७५९, ७०; ८२७, ४४, ६२, ६५, ७७, ८०-१, ८३, ८६; ९१६, ३१, ६६; ११०७, २४; १३१५, ५०;—कांगो ८२७
बेलाकुन ११०२
बेलूर ३६१.
बेसरेबिया ११०५
बेसेन्ट, श्रीमती एनी ९४१
बैंकाक ६५८; १०९३
बक, ऑफ इंग्लैंड १२२८, ४५-६, ४८, ५५, ५७-८; १३१३; —क्रैडिट-आन्स्टाल्ट १२५२;—(कों) का निराला पहलू १२५९
बैरन, वान स्तीअन ५३९
बैरम खां (खान बाबा) ४२८
बोअर गणराज्य ७८५
बोध, लोकतंत्र और राजनैतिक स्वतंत्रता के विचारों का ५६३
बोधिवृक्ष ५७, ९८
बोधिसत्व १२४
बोरोदिन ११५४-५, ५८, ६०
बोरोबुदूर १५०; ३६४; ६७९
बोर्दो २९०; ८८३
बोर्नियो १४८-९, ९३, ९६; ५५५; ६५३
बोलशेविक ८४५, ४९-५०, ८९, ९४, ९९; ९००-२, ४-७, ९, ११-३, १५-२०, २२-४, ४९, ७६; १०९६; ११२८, ४३, ७६, ७८-

९, ८५, ९१, ९८; १२००-१; —दल ११८२
बोलिविया १३११
बोलोन २९०
बोलोना २९०
बोस्टन ४९८-९; —टी पार्टी ४९९
बोसनिया २८३; ८३२-३, ३५, ६४
बोहेमिया ३२४-५, ९४; ७०८; ८५२; ९४८
बौद्ध, ग्रन्थ १०६; —संघ ५८, ३२२
ब्यूनस-एरस १३१०
ब्रह्मगुप्त १९१
ब्रह्मसमाज ६०७; ८७२
ब्रह्मावर्त २३
ब्राउनिंग, एलिजाबेथ बैरेट ७१४
ब्राजील ५५१; ७४७-८; १२२४-५, २७; १३१०-२
ब्रिटिश एसोसिएशन ऑव साइन्स १२०६; —कामनवैल्थ ९७०-१
ब्रियां ७५९; —आरिस्ताइद ११३०
ब्रियान बोरूमा ८०३
ब्रीमेन २९०; ८५९
ब्रज़ेज़ २९१
ब्रूत (ब्रूटस) ११४
ब्रनो ७३०
ब्रूसेल्स ४०७-८; ८६२
ब्रेशिया ३२१
ब्रैगेंजा की कैथेरीन ४००-४१
ब्रेसलाउ २९०
ब्लादीवोस्तोक ६२७
ब्लेरिओ ८५५

भगतसिंह १०१८; —की फांसी १०१९
भगवद्गीता २९८
भरत (राजा) १४१
भवभूति २१९
भागलपुर ४
भागवत ५९; ३५३
भारत (देश) ३-४, ६, ८, १२-१६, १८, २१, २३-४, २९-३०, ३३, ३७-९, ४८-५१, ५५-६, ५८, ६६, ७५-९, ८२-५, ८७, ९१, ९३-६, ९९-१०२, १०५, ८-९, १६-१९, २१, २३, २५-६, ३०-१, ३४, ४१-८, ५०-२, ५४-७०, ७५-८, ८०-२, ८५-७, ९०-२, ९६-८; २०२-३, ६, १०, २०-१, २३-४, २८, ३०, ३३-९, ४६-७, ४९-५०, ५४-८, ६४-५, ७३, ८१-२, ८४, ८८-९०, ९३-९९; ३०१, ३, ६, १४-६, १८-२०, २६-९; ३७-९, ४२, ४४, ४६, ४८-५२, ५४, ५६, ५८, ६०, ६२, ६५, ६७, ६९-७०, ७२-७२-३, ७५-६, ८४-८७; ४०१, ३, १४-५, २०-६, २८-९, ३५, ३९-४५, ४८, ५०-२, ५४-७, ५९-६०, ६३-५, ६८-७०, ७२, ७५-८, ८०, ८५-६, ९०, ९२-३, ९६, ९८-९; ५०६, २२, ३८, ५१, ५८-८, ६८-९, ७१-२ ७४-५, ७७, ७९-८१, ८३-६, ८८-९१, ९३-४, ९६-६०६, ९-१२, १६, १८, २२-३, ३०, ३४-५, ३९, ४४, ४८, ५१, ५४-८, ६५-६, ६९, ७१-२, ७४, ७७-८३, ८६-७, ९५, ९७; ७००, ५, ७-८, १४, २७, ३६, ४७, ४९-५०, ६१, ६६-७, ७०, ७२-५, ७८, ८०, ८३-४, ९९-८००,

२-३, १४, १७, २३-४, २६, ३३, ५०, ६७-८, ७०-४, ८७, ९५; ९०३, १६, २३, २९, ३३-४१, ४३, ४८-९, ५३, ५९, ६३, ६५, ७१, ८१, ८३-५, ८७-८, ९५, ९७-१०००, ३, ४, ६-१२, १४, १६, १९-२१, २३, २५-३१, ३३, ४०, ४४, ४८, ५०-४, ६०-१, ६५, ६७, ७०-१, ७३-५, ८०-१, ८३, ८५-६, ८९, ६३-४; ११०४, ११-२, २१, २५-६, ४२, ४७, ५०-१, ५४-५, ६६, ८४, ८९; १२०१, २२-३, ३०, ३५, ४०-१, ४५, ५५-८, ६१, ६४, ६८, ७६, ८०, ८५; १३०५-६, ८, १४, १८, १९-२०, २४, ४२, ४९, ५२, ५५; –उत्तर ३८, ८१; ११९-२१, २५, ४६, ४८-९, ५१-३, ५५-६, ६२, ७५-६, ८३-५; ९६; २०६, १६, १८-९, २१-३, ३६, ९३, ९५-६; ३००, ५२; ४२५-६, २८, ३२, ३५, ४९-५०, ५२, ७३, ९५; ९९४; १००६-५०, ८८;–उत्तर पश्चिम ४४८, ५०; ६७५; –का व्यापार १५७;–दक्षिण ३८, ४८, ७९, १०३, २०-१, २३, ३०, ४३, ४६-५२, ५६, ५८, ६७-८, ८२-५, ८८, ९१, ९३-४, २१९,; २३-४, ३६, ९५-८; ३०२, १८-९, ४९-५१, ५६, ५८, ६७, ६९, ४२४, ३२, ३८-९, ४६-८, ५०, ५४; ५३५; १०५०; –पश्चिम ५६; ११९; २९५; १०२१;–प्राचीन ३९; १०९; ७३१; –में ब्रिटिश सरकार की नीति में परिवर्तन ९३८;–मध्य ३९, ८५, ९९; १५५-६; २९५; ४३२, ४८, ५१; ५७२, ७६-७, ९५;–मध्यकालीन १८७; –यात्रा इंग्लैंड के युवराज की १००५; –सुदूर १९१;

भारतीय, कला का प्रभाव चीन होकर कोरिया-जापान पर १७२; –आर्य-परम्परा १५१; –उद्योग ९९५; –उद्योग कमीशन ९३९; –दर्शन-शास्त्र २९८;–परम्परा ३६५;

भारद्वाज, आश्रम ४२;–ऋषि ४२

भावनाएं, सांप्रदायिक (भारत में) १०१०

भास्कराचार्य १९१

भाषा, अंग्रेजी ३७, ३९; ३९१; ४१४; ८१३; १०६३;–अरबी ६८२; ८२१; १०५७; ७१;–असमी ३९;–आर्य ३९; ६८२;–इतालवी ३८८, ९१, ११३९; –इबरानी १०६५; –ईरानी ९८९; –उड़िया ३९; –उर्दू ३९, ३५३; ४२९; ३९; –कोरिया की १७१; –गुजराती ३९; १४७, ४९; ३५३; –गैली ८१३;–चीनी ३७६; ४५८ जर्मन ३९१; १३४४;–तमिल ३८-९; १४८, ८२; ३५३; –तुर्की ९९२-४; १०५९ –तेलुगू ३८-९; १२१; ३५३; –द्रविड़ ३९; –पंजाबी ४४५;–पश्तो १०८८; –पुर्तगाली १३१२;–पोली ५५०; ८४२;–फारसी ३५३; ४३५;

६८७; १०८८;–फ्रान्सीसी ३९१; ४७५; ५१७; ६८७; –बंगला ३९; ८७३; –भारोपीय १७८; –मंगोली १७८; –मराठी ३९; ३५३; ४४५; –मिस्री ८२१; –मलयालम ३८, ९; ३५३; –लातीनी ११६, ३३, ३८; ३८७; –संस्कृत ३९, ४१; १५३, ७८; २८९; ३५३; ४३५; ९४८; –स्पेनी ३९१; ७८८; ९७; १३१२;–हिन्दी ३९; ३५२-३, ५६; ४४५; –हिन्दुस्तानी ३९; ३५३; ४२९; –हिब्रू १०६३; –समूह, केल्टिक १७८

भूगोल ४९; ११७
भूमध्य-रेखा ३६९
भोपाल ६७७

मंगलूर ३६०
मंगू खां ३११-४
मंगोलिया १२३, ९७; २१०-१, १८, ३७, ४९, ५४, ६७; ३०३, ५-६, ८, ११, १४-५, १९, ४३; ४६०, ६३; ९२९-३०; ११२९, ७३, ८३
मंगोली राष्ट्र ५५९
मंचूकुओ ११७०-३; १३३६
मंचूरिया १०७; ३०७, १५, ७६, ७८; ४६०, ६२; ६३६-९, ४३, ४५-७; ९२७, २९; ११६१, ६५, ६७-८, ७०-३; १२०३, ८५-६, ८९; १३०९, ११, ३५, ४१,
मकदूनिया ७२, ७६, ९३, १०२, ११५; ६८१; ८१८; १०४८
मकाओ ३७६
मक्का १८; २०३-६; ९९७; १०५२, ५७-८, ७३-५, ७७
मगध ४२, ७७; ११२, २०, ५४
मज़दूर, यूनियनों का बनना ७४८; —वर्ग (अमरीकी) १२९८, (ब्रिटिश) १२९८;–वर्ग संगठित ७५२;–संगठनों पर से पाबन्दियों का हटना ७४८
मज्जापहित १४९, ९५-६; ३६४-९; ७४
मथुरा ४२, ९९, १२०; २२१-२
मदीना (मदीनत-उन-नबी) २०५-६; ९९७; १०५२, ७३, ७५, ७८
मदुरा १८२; २९७-८
मद्रास १२१; २९७; ३६२; ४४१, ५४; ५८८, ९३; ६०५; १०२७; –उत्तरी ३८
मध्य, पूर्व ३८; ८३६; १०४७-५०, ८०, ९०-१; १३५२;–प्रदेश ३९;–प्रान्त १०२७;–युग २९२-३; ३४२-३
मध्यम वर्ग २८९; ३३५; ४०२-३, २१, ४४, ८३; ५०१, ८२; ६०८, ११, १३;– (वर्गों) का उदय, जापान में ११६४;–का राज्य यूरोप में ३८५
मनु १५१
मनुष्य, कुटुम्ब बनाता है ९०;–प्रकृति और जंगली जानवरों के खिलाफ संघर्ष करता है ८९;–का अनुवंश ७३४-५;–के अधिकारों की घोषणा ५१२-३, २५; ७३९

मनीला १५०
मनिल्ला गैलियों ३७१, ८१
मनोविज्ञान १२१०;—में क्रान्तिकारी परिवर्तन १२११
ममी (श्रीमती कमला नेहरू) ८, ११, १४, १९, २०, ६१, ७२, ८८; २९२; ३७२
मय २६२;—पान २६१;—पान संघ २६१
मरक्कश (मोरक्को) २१०
मराठों की हार ४५०
मर्दुमशुमारी १६७;—अमेरिका में पहली वार १६८;—चीन में पहली वार १६८
मलक्का ३३९, ६६-७०, ७२, ७४; ४२२, ४१; ६५३, ५७
मलय १४९-५०;—प्रायद्वीप ४८; १४८
मलाबार ३८, ४०, ८७; १०३, २१; २४४; ३८८
मलाया १९३; ३३९, ६७-८, ७२; ४२२; ५५२, ५५; ६५३, ५७, ५९; ८७१
मलिक काफर ३०१
मलेशिया १५०, ७०, ७२, ८३, ९१, ३, ९५-७; २१७, ४९, ५४, ९६, ९८; ३१३, ६३, ६६-९, ७३-४, ८४, ४२३; ६५१-५३
मशीन, तोड़ लोग ४८७;—युग ४८१; (नी) औजार ४८१
मसूरी ८-१०, ५१; २४४
महमूद गजनवी २२१-४, २८, ३०, ४९, ५५-६, ७३, ९३, ९५, ९८-९; ६८३-४
महान, मतभेद ३२४;—मुगलवंश का अन्त ५७८
महाभारत २७, ३७, ४३, ४८, ५०, ७८; १०२, ४२, ८३; ३५३, ४४८;—में चोलों का जिक्र १८३
महामंदी (महान संसारव्यापी संकट) ९९५-६; १०२०, २२, ७७, ९४; १२१९-२९, २३-४, ३६-७, ३९, ५१, ५२, ५८-६०, ६२, ६५, ९२-४, ९८-९; १३०९, १६, ४८
महायुद्ध (प्रथम : १९१४-१९१८) २७६, ८३; ३१३, ४८; ४११; ५३८, ५३; ६०२, १६, ४२, ५१, ७३; ७००, १८, ६०, ६२, ७१, ८१; ८०१, १७, २६, ३४, ३६, ५०, ५६-६७, ७१-२, ७५-९३; ९१०, १३, २२, २६, २९, ३३, ३६-९, ४१, ४३-५, ५१, ५५, ५७, ६१, ६२, ६४-७, ७४, ७६, ७८, ८८, ९५-७; १०१२, १४, १६, ३२, ५१, ५६-७, ६५, ७१, ७३-४, ७९-८१, ८५, ९३-८; ११०२-५, ८-१०, १२-१५, २२-३, २५, ३३-४, ३६, ४३, ४६, ६४, ७३, ७८, ९१; १२०४, १७, १८, २०, २८-९, ३५, ३७, ४४, ४७,-८, ५५, ६५, ८६; १२९१, ९७, १३१६-७, ३२-३, ४१;—का अन्त ८९१; का गोशवारा ८९२;—दूसरे की संभावना १३१७;—यूरोप के ४७८
महारानी माया ५७
महाराष्ट्र २९८; ३५८; ६१३-४
महावीर ५५-६, ९२

महेन्द्र ९८
मांट्रील ४९६
मांटेस्क्यू ४७१; ५०४; ६६३
मांडले ५७३
मांडव ३५७
माइकेल एंजीलो ३८८
माउंट ब्लांक ३२
माज़ारीन ४०६
मानव मनोविज्ञान १२११
मान्तीनीग्रो ८३२-३, ३५
मारत ५१४, २१
मारिशस ६०२
मार्क, ऑरेली एन्तोनिन (एन्थोनी) ११४-५, ४२-३, ५९; ४६१
मार्क्स, कार्ल १२७; ५६५-६; ७२१-२, २५, ५३-९, ६१, ६३-९; ८४३, ४९, ५२; ९०१-२; १०९५; ११८६;—वाद ७५७-८, ६१-३, ६८-९; ८४४, ९४, ९७; ११३९, ४३; १२७१, ७३-४, ८१;—वादी ८६७; १००३, (रूसी) ८४४
मार्टिन लूथर ३९४-५
मार्शल, सर जान २६४-५
मारसाई (मार्सल्स) २६, ७६, ९०; ३२२; १३३६
मालवा ३५७; ४४८
मालवीय, पंडित मदनमोहन ६१२
मालातेस्ता ७५३, ६०
मालिनोवस्की ८५०
मालियर ३९१
माल्टा ९८०, ९०; १०४२
मास्को २९१; ३०१; ४७५; ७६०-१; ८३९-४०; ४३, ४६-७, ९२; ९१२-३, १५, १७, २२-४; १०५३ ९१; ११८१, ९५-६; १२००, ३; १३४३
मिंग ३७४; ४६०;—युग ३७५-७७; ४५७
मिकादो १७३; ५९९
मिदहत पाशा ८३४
मिनामोतो २४१
मिराबो ५११, १३-४
मिल, जॉन स्टुअर्ट ७४४
मिलान २८८, ९०; ११३६, ३८
मिलबर लार्ड १०३२, ३५
मिलीनियम २५३
मिल्टन ३९१
मिस्र १२,१७, २०-३, २६, २८-९, ३३-४, ३७, ४५, ४७, ६३, ७४, ७६-७, ९२, ९५; १०१-३, १५-६, २१, ३५, ४१, ४३-४, ६५, ९९; २०२-३, ६, ८, १३, १४, १६, १७, ३०, ५०, ६४-५, ७४, ७६, ८२; ३०६, १२-१४, २२, ३३, ३७, ४३, ४७, ७०; ५३२-५, ४५, ४९, ५६, ६८, ८१, ९८; ६७२, ७५, ८०, ८२, ९५, ९८; ७०४, ७३, ८४; ८१८, २०-७, ३०-१, ३६; ९१६, ४०, ४७, ४९-५०, ६३, ७८, ८१, ८३, ८८; १०२८-४२, ४४-५०, ५२, ५७, ७१, ७५-६, ८०-१, ८५; १२४०, ५५, ५७; १३०८, २६;—प्राचीन १०८, ३४;
मिहिरगुल १५५-६

मिशनरी ईसाई ३७५, ८१
मीदास ७८७
मीदिया ३४
मीर जाफर ४५२
मुकाबलेदारी, आंग्ल-अमरीकी १२३७; –पूंजीवादी दुनिया की सोवियत के साथ १२३७; –(यां) राष्ट्रीय ११२०
मुफ्त व्यापार ४९१
मुक्ति, स्त्री जाति की १२०४
मुगल, चंगेजखां २१८
मुत्सीहितो ६३३
मुनरो ५५०-१; ७९७; –सिद्धान्त ५५१, ५४; ७९७-८; ११३१
मुमताजमहल ४३८
मुरावीफ़ ६२७
मुर्शिदाबाद ४५२; ५८१
मुलतान २१९; ३४७
मुसलमानों का भारत में आगमन २१२; –का भारत पर हमला १२०
मुसोलिनी, बेनितो ७५९; ९६१; ११२५, ३३, ३५-४४, ४८-९; १२६७, ८०, ८३; १३१६, २१, ३६-७, ४३, ४६
मुस्तफा नहास पाशा १०४२-४, ४६-७
मुहम्मदअली ८२२
मूर २६७, २७१-२, ३३७;
मूरासाकी, श्रीमती ३८३
मृगदाव ५७
मेंगत्सी २८१
मेईजी-युग ३६३
मेगस्थने ७९, ८१, ९५; १२०, ४७
मेघवर्ण १५३
मेटकाफ़, सर चार्ल्स ५८७
मेड्रिड १२६८; १३३८-९, ४१
मेतरनिख़ ५४८
मेनचेस्टर ५८८; १३१४
मेनशेविक ८४५; ९०१-२, ४, ५
मेनेन्द्र ११९
मेरठ ३४९; ५७६; –केस १०१७; –षड्यन्त्र ११६६
मेरिडिथ, जार्ज ७१३-४
मेरी १३९
मेवाड़ ४३०
मेसीना १०७- १०
मेहता, फिरोजशाह ६१२
मैकस्विनी, लार्ड मेयर टैरेन्स ९६८
मैकार्टनी, लार्ड ४६४
मैकियावेली १२७; ३९३; ४०१, ३८; ८५७
मैक्के, मेजर ८८७
मैक्डानल्ड, रैम्जे ७५९; ९४९; ११२७; १२३९, ५३; १३०२
मैक्सिको १६६; २३६, ६०-२; ३४१, ७१; ४०४; ७९७; ११००, ५१; १३११ –में कोर्तिज की सफलता २६२
मैगेलन ३४०-१, ७०-१; –का जल डमरूमध्य ३४०
मैग्नाकार्टा २८३-४; ३०६; ४१२
मैजारिन ४६७
मैजिनी ग्वीसेप (ऋषि) ७११; ११४८
मैटरलिंक १३
मैट्रिक प्रणाली ५२२-३
मैडिसन, जैम्स ५०१
मैडेगास्कर ८७१

मैतिओ रिच्ची ३७६
मैतिओती, गायाकोमो ११४०
मैनेन्दर ८६
मैरिया थैरेसा ४७४
मैरेथन ६३-५, ६७
मैसूर ८७; ३६२; ४५१, ५४; ५५१, ६९, ७१, ९९; १०२८
मैसोपोटामिया २१, १०७८-८०
मोटले, जे० एल० ४०६
मोत्सार्त ४८०
मोमियाई १७, २१, ९५; ८२०
मोरक्को ८२५, २७, ६३; १०४९; ११४४; १२६४-५ –स्पेनी १२६८
मोर्गन, जे० पिएरमांट १२९०
मोसल १८१; ९८९; १०५१, ५४, ७८, ८०, ८२-३; ११२७, ८१
मोहम्मद बिन कासिम २१९
मोहेन-जो-दड़ो १७, २६, ३८, ४८, ५०, ८५, १००; २६३-५; ६७५-७
मौर्य-युग ९९; १४७
म्यूनिख २९०; १३४६, ४९

यमन १०७३-४, ७६, ७८
यरमक ४६०
यरूशलम १२६; २०७, १३, १७, ५३, ७२, ७४, ७६
यशोधर्मन् १५६
यशोवर्मन् १९२
याओ ४५
याकूब बेग ६२८-९
यागोदा १३४८
यामातो १७२;–में चीनी सभ्यता १७२
यारकन्द १२१, ७६; ६२९; ११७३
युंग-लो ३७३-४
युधिष्ठिर १४२
युद्ध, (लड़ाई : जंग) अंग्रेजों और फ्रान्सीसियों में ४५०;–आंग्ल आइरी ९६८; –अफगान ५७४; ७७३; –अफीम का ५५२; ६२०; ११५७;–अफ्यूम क़ाराहिसार का ९८५;–अमेरिका की स्वाधीनता का ५०५; ७४२; ८०७;–आयरलैंड का इंग्लैंड के खिलाफ आर्थिक ९७२-३;–इंग्लैंड और मिस्र में ८२४;–इंग्लैंड और अफगानिस्तान के बीच १०९०;–इटली-तुर्की के बीच ९७६; ईसाइयत और इस्लामी २७२ –एब्रो का बड़ा १३४१; कारे का ११६;–कैनी का ११०; कैरे का ११३, ४४;–किसान-युद्ध जर्मनी में ३९७;–कीटाणुओं का १२१८;–क्रूसेड ८२१, ३०; १०४८-९;–क्रीमियन ६२७; ७७४; ८३३-४, ४१; खन्दकी ८८४;–गॉल का ११६;–गुलाबों के ३२९;–चीन का ६४७;–चीन और जापान के बीच ६३६-७, ४३; ११६७;–चीनियों और अरबों में १६८; –चीलियांवाला ५७३; –जटलैंड का ८८८;–जनता का सामूहिक १०२४;–जर्मनी और फ्रांस का ७२१;–जापानी-मंचूरियाई १२११;–जामा का १११;–डालर के साथ पौण्ड का ११५८;–तानवुर्ग का ८८३; तालीकोटा का ३५८;–तिजारती १२४१;–तुर्की और यूनान के बीच

९७८, ८२;—तुलों का ५३३;—तूर का २१०, १८, २४, ६६; —दस्तन्दाजी के ११७६;—धर्मयुद्ध २७२-३; ८६;—नील नदी का ५३४-३७;—नेपोलियन के ५३७, ६९; ६५५; ७४७, ८७;—पवित्र-युद्ध २८०;—पिरेमिड्स का ५३४; —प्यूनिक ११०; (पहला) ११०; (दूसरा) १११; १९७; (तीसरा) १११, ९७;—पलासी का ४५२, ९२; ५७९, ८१, ९२; ७८०; फारसैल ११४;—बर्मा का पहला ६५७; —बल्कानी ८६२, ७४, ८६; ९७६; —बलकान का दूसरा ८३८;—बैनक-बर्न का ३३१;—ब्रिटिश-नेपाली ५७२;—मजहबी ७०३; प्रोटेस्टेंट और कैथोलिकों के ३८५; ४८५; —मारेंगो का ५३७;—मार्न का ८८४;—में आर्थिक कारणों का महत्व ७०३;—मेक्सिको से ७८८; —मोरक्को में रिफ का १२६५; —यूनान की स्वाधीनता का ८३२; —यूरोप में वर्गों का १२७८;—यूरोपीय १३४०;—राजवंशों के ७०३; —राष्ट्रीय आजादी का १०८५; यूरोप में ३८५;—रूसी-जापानी ६४४-७; ११६७; रूसी ६४७; रूसी-तुर्की ८३२-३४;—रोम का ७१०; —वाटरलू का ५५२; ७१०;—वाल्मी का ५१६;—व्यापारिक इंग्लैंड और आयर्लैण्ड के बीच ८१०;—शाहजहां और पुर्तगालियों के बीच ४४१;—सक़रिया नदी का ९८२;—सरविया के खिलाफ आस्ट्रिया का ८६४; —सात साल का ४७७, ९२, ९६, ९८; ५०५;—सिक्खों और अंग्रेजों के बीच ५७३;—सीरिया की स्वाधीनता का १०६०-१; —सौ वर्ष का ३३०;—स्पेनी अमेरिका का १२६४;—हिफाजती चुंगियों का १२३६;—हिलाल के खिलाफ सलेब का २५३

यू-आन-शिहकाई ६४९-५१; ९२६

यूक्रेन ९१३, १७, ४९,; ११०४, ८४; १३५५;—रूसी ११२३-४;

यूगो, विक्तर ७२५-६,

यूगोस्लाविया ८६२; ९४८-९; ११२३-४, ४५ १२७९; १३१५, १७, ३६

यूगो, ग्रोशिअस १३२४

यूदेनिश ९१९

यून-मिंग-यून ६२४

यूनान १२, २१-३, २६-७, ३०-१, ३३, ३७, ४८-९, ५५-६, ६३-६, ७२, ७५, ७७, ९२-३, १०१-२, ७-८, १४-६, २१, ३३, ४३, ४८, ५९-६०, ६५, ९९,; २०३, १६, ४६, ६६; ३८८; ५४९, ६२; ६७३, ७८, ८१; ७१४, २५, २९, ३६, ७०; ८२०, ३०, ३२, ३५, ८०; ९२२, ८३-४; १०४८, ५६; ११४५; १३२६, ५१;—प्राचीन ७२५;

यूराल ४६०; ९१५

यूरीपिदे ६८

यूरोप १७-८, २३-४, ३२-३, ३८,

६५, ८४, ९२, ९८; १०१, ६, १६, १८, २०, ३०, ३६, ३८, ३९, ४१, ४३-६, ५७, ५९-६१, ६९, ७७, ९१, ९६-७, ९९; २००, ४-६, १०-१, १३, १५,-८, २४, २९-३१, ३४-७, ४०, ५०-५, ५७-८, ६०-१, ६३, ६६-८, ७१-८, ८०-२, ८५-९, ९१-३, ९८; ३०३, ६-७, १०-१४, १६, १९-२१, २३,-६, २८-९, ३२, ३४-५, ३७, ३९, ४१-५, ४७, ५४, ६९-७१, ७३, ७५, ७८, ८०, ८४, ८७, ९०, ९२, ९५-६, ९९-४०६, ११-३, १७, २०, २१-३, २८-९, ३३, ३५, ४१, ४३-४, ५०-१, ५९-६१, ६५-७०, ७३--८०, ८८, ९५; ५००-१, ४, ८, १०, १३, १५-७, १९, २५, ३०, ३२, ३४, ३६-९, ४५-६, ४८-५०, ५२-३, ५५-९, ६८-९, ८३ ८६, ९९; ६१३, १६, २७, ३०, ३२, ३४, ३६, ४०-१, ४४, ४८, ५१, ५३-४, ५६, ५९, ६४, ७१, ७३, ८७, ९५, ९७,; ७०१-३, ५, ७-८, १६-८, २०, २४, ३०-२, ३५-६, ४०, ४२, ४४, ५०, ५३-५, ५७, ६०-२, ७०-१, ७३, ७५-६, ७८, ८३, ८५, ८७, ८९, ९२, ९६-८; ८२२-४, २७, २९-३३, ३५-६, ३८-९, ४१, ४९, ५१, ५३, ५५, ५७-८, ६०-२, ६५-६, ७३, ७५, ७९; ९००, १७-८, ३५, ४७-९, ५८-६०, ६२, ६४-५, ८४, ८८; १०४८-९, ५२-३, ६२, ७०, ७३, ८४, ८९, ९०-२, ९५-८; ११०३-४, ८-१३, १५, २१-४, २९-३१, ३३, ४०-१, ४३, ४५-६, ५१-२, ६४, ७२, ७४, ८१, ८६-७; १२०४-६, १८, २०, २२-३, २६, २९, ३२-३, ३५, ३९-४०, ४८, ५०-१, ५४, ६०, ६४, ६८, ७७-८१, ८३-५, ९०, ९५-६ ९९; १३०१, ३, ९, १२, १५-७, २०, २६, २८, ३२, ३४, ३६-७, ४०, ४३-४, ४६-७, ५०, ५२, ५५; --उत्तरी ३२-३, ४८, १११, ४२, २०५, ९, ८९;--दक्षिणी १८२; ६७४; ७५३-६;--दक्षिण-पूर्वी ८२७; १२५१; १३४५, ४६, ५०, ५४—नया १०२४;--पश्चिमी १३०, २१०, २८, ५८, ८५, ८७-९; ३१४, २९, ३७, ४२-३, ९५, ९९; ४२१, ५९; ५५३, ६१; ६३-४, ६८, ८१, ८५; ७०६, ४५-६, ५९, ६२, ८३; ८०३, ३८-९, ४४, ४६, ४९; ९०१, २२, ४७, ४९, ५९, ६१, ८१; १०५१, ९५, ९७, ९८; ११२३, २९, ८६, ९२; १२०३, ५, ३०; १३२६; --पूर्वी २७६, ७८; ३०६, ४२-३, ९४; ४२१; ७०३; ९४७-८; ११०४, २३; १२३०, ५१-२, ८०;--मध्य ३२-३, १११, १६, ३७; ३०३, १०, २१; १०६९, ८६, ९५, ९७; ११०३-४, १२, २३; १२२०, ३३, ५०, ५१; १३००, १६-७, ३५, ४५-६, ५४;--का बीमार ८३३; ९७६

यूलीसस २७

यूसुफ ४२४; ६७९
येसूगेई बगातुर ३०५
योकोहामा ११६५
योजना, कांग्रेस-लीग की ९४३; —डाज ११०७; —यंग ११०७;
योरी तोमो २४१, ४२
योग्यतमावशेष ७३३, ३५-६

रंगसाजी में तरक्की १५७
रऊफ बेग ९७९, ९०
रज़िया ३००
रणजीत फूफा (आर० एस० पंडित) ३७
रणजीतसिंह ४४६; ५५१
रमण, सर चन्द्रशेखर व्यंकट ८७३
रस्किन ८७८-९
राइकाफ़ १३४८
राइट, ओरविले ८५५; —विलबर ८५५
राकेट एंजिन ४८८
'राजतरंगिणी' ३७; १५६; ३६०
राजनैतिक तनाव, यूरोपी महाशक्तियों के बीच ५५७
राजपूताना ११९; ३५७, ४२६, ३०, ३१
राजराजा १८३-४; २४९, ९६
राजवंश, अब्बासी २१३-५, १७, ६७; —आरेंज ४१७; —उस्मान ९७४, ८७; —गुप्त १४२, ५२, ५६, ७५, —चाऊ ४६, १०३; —चालुक्य २९५-८; —चिन ४५, १०३-४; —चोल १८३; —ट्यूटानी ५५५; —ट्यूडर ४०४; —तंग २०६; —ताइनिंग ३२०; —तांग १६५, ६७-९, ७९; २३८, ४०, ४७; —तालमी ७६, ९४-५; १०२, १५; ८२०; —दाइम्यो २४१-२, ६३२, ३४; —नन्द ७७; —फूजीवारा १७४; २४०-१, ४७; —बोर्बन ५२५, ४७; ७०३; ८, १०; ९६२; —मंचू ६४९-५०; —मिंग ३७३-४; —मिस्री ८१८; —मिस्री पुराने ८२३; —मुगल ४२५, ३७; —मेदिची २९०; —मेरोविजी २२४; —मौर्य ७८; १५१; —यार्क ३२९; —युवान ३१३, २०, ४५, ७३; ४३७; —रोमानॉफ़ ८९८; ९४४, ७४; —राथ्सचाइल्ड ५३८; —लिच्छवी ४२; १५२; —लैन्केस्टर ३२९; —सफावी ६८६; ९७; —सासानी १४४; ६८१—२; —सुंग २३२, ४७; ३०३; —सोगा १७४; —हकामनी ६८१; ८२०; १०४७; —हन १०६, १६, १९, २५, ६५, ६७; —हॉएनजोलर्न (हॉयनत्सालर्न) ४११, ७४; ७२०; ८५९, ९१; ९७४; —हिस्या ४५; १०३; हुन ६४८; —हेनोवर ४१८, ९; ५५०; ७७१; —हैप्सबर्ग २८३; ३२१, ९६; ४००, ५, ७; ५१९ ४०; ७७०-१; ९४४, ६२, ७४; १०९८; —होहेन्सतॉफ़ेन २८०, २; ३०६; ४७४
राजस्थान ३९, ५६; १५६
राजशेखर २१९
राजा भोज २१९
राजा, मानसिंह ४३०-२; —राममोहन-राय ६००, ७;

राजेन्द्र (प्रथम) १८३-४, ९५; २४९; ९६;

राज्यक्रान्ति, अमेरिका की ४७८; ७४२;–इंग्लैंड की ४१७, ३३; ५०४; ७०४;–चीन की ६४९; –डच इंडोनेशिया में ६५६;–फ्रांस की ४०५-६, ७१-२, ७७, ७९; ८३-४, ९५; ५०२-५, ८-२२, २६-७, २९, ३२, ६३; ६१८; ७०२, ५, ८, ३२, ४२-३, ४७, ५४, ८७; ८०७, ४०, ६६; ९४४; १०६१ : ११४६, ७८; १२१६, ६४, १३३३;–यांग्त्सी की घाटी में ६४९;–रूसी ५०५; ६९९;–स्याम में ६५९

राज्यवर्द्धन १७६

राज्यश्री १७६, ८०

राणा प्रताप ४३०-१;–सांगा ४२६

रानी एलिजाबेथ ३७२; ४१३-४, १९, २२, ७७, ८४; ८०४-५; –दुर्गावती ४३२; –लक्ष्मीबाई ५७८;–विक्टोरिया ६२०; ७७१-२, ७७

राफ़िएल ३८८

राबिन्सन क्रूसो ४२०, ७२

राबर्ट, ब्रूस ३३१;–हार्ट ६४१

रामकृष्ण परमहंस ६०८

रामचन्द्र १५३-६

रामदास ४४७

राम प्रथम ६५८-९

रामानुज ३५१; ८७३

रामानन्द ३५१; ४२९

रामायण २६, ३७, ४८; ४३५;–युग ४३३

रामगढ़ ४४७

रायल डच शेल कम्पनी ११८१

राय, सर प्रफुल्लचन्द्र ८७३

रायसीना ५०

रासपुटी (ती)न, ग्रेगरी ८९५-६; १२८४

राष्ट्रकूट २१९, ९५-६;–दक्षिण के २२३

राष्ट्र-संघ (लीग ऑव नेशन्स) ५४६; ६६४; ८९१; ९४७-८, ५१-५, ६१, ८५; १०४०, ४६, ५८-९, ६३, ६७, ७८, ८१, ८३-४, ८६; ११२७, २९-३०, ४१-२, ६९-७२; १२२२, ६६, ८३, ८५-७, ८९; १३११, १५, १७, ३२, ३५, ३७, ४५, ४७;–का इक़रारनामा ९५२; ११६८; १२८४; १३११, ३२, ३५;

राष्ट्रवाद ७०१, ८३, ५४, ६८; ९८६; ११५१;–आर्थिक ९६१;–तुर्की में ८३६;–सरगर्म ९६१

राष्ट्रवादी, आयरी ८१३;–ईरानी ६९९;–तुर्की ९८०-१;–दल आयरी ८१३-४;–दल मिस्र में ८२३, २६;–भावना तुर्की में १०५०;–मिस्र के १०३२-३, ४१; –सीरियाई १०६१

राष्ट्रीयकरण, उद्योगों का तुर्की में ९९५

राष्ट्रीयता १४०, २; २३०-१, ३५, ५२; ३२१, ५५; ५५६, ५८-६०;

६१६, ३९, ६५,; ७०१; ३, ४६; ८७३; ९६२, ६४, ८९-९०; १००७, १०, ५६, ६८, ८५, ९६, ९८;–अमरीकी ५००;–अरब १०६३, ६६, ६९, ७१, ७५; –आर्थिक १११८-२०; १२२९, ३४ ६१, ९५; १३१३-४, १८-९, ३३; –ईरानी ६८६; –कुर्दी ९८९; –चीन में ११६२;–जर्मन ७१६; –जापानी ६३५;–तग (संकुचित) १११८;–तुर्की ११७३;–धार्मिक भारतीयों में ४४४;–नई १०३१;१२३०;–पूर्वी देशों में ६४६;–फिरकेवाराना १०१०-११;–भारत में ४२९; ६०६-८, १३-१५; ७०७; ९६४; १००७; –भावनाओं का प्रसार भारत में ६१०;–की भावना यूरोप में ४७७;–मिस्री १०२९, ४३; –मुस्लिम १००७, ९-१०;–यहूदी मजहबी १०६३;–सच्ची १०३१; –सारे पूर्व में ९६४;–सिक्ख १००९-१०;–सीरियाई १०५९; –स्पेन में ५३९;–हिन्द-चीन में १०९३;–हिन्दू ४४५; ६१२; १००७-१०

राष्ट्रीय, दल (ईरान) में ६९८;–दिवस १०००;–भावना का जागरण फिलिपाइन में ८६६;–विधान सभा (मजलिस ईरान में) ६९९-७००; (तुर्की में) ९८७, ८९-९०;–सप्ताह १००१;–समाजवादी दल १२०१;–सरकार इंग्लैंड में १२३९, ५३-४; १३०२

रिचर्ड, शेरदिल, इंग्लैंड का बादशाह २७५-६, ८४

रिज़लजोस डाक्टर ६६७

रिनेसां ३३४, ४३, ६१, ७५, ७८, ८४-५, ८७, ९०, ९४, ९९; ४०१-२, ११; ६८६; १३२६

रिपब्लिकन ८०१;–दल १३५१

रिपोर्ट, चेम्सफोर्ड-मांटेग्यू ९४३, ९६; १००५

रियो-दे-ज़नेरो १३१०

रिवाज, पान-सुपारी भेंट करने का १०५०;–लम्बी चोटी रखने का मंचू ३७७

रिवेयरा ५४८

रिवेरा ७७९

रिवेरा, प्राइमो दि ११४४; १२६५

रुद्रमणि देवी २९७

रुपये का युग १२६०

रुस्तम ६८४

रुहेलखंड ४४७

रूआं ३३०

रूजवेल्ट (राष्ट्रपति) १२०३, ६१, ८६, ९२-७; १२०७, ५०-१

रूजे द लिल ५१७

रूदोल्फ, काउण्ट २८३; ३२१

रून्सीमैन, लार्ड १३४५

रुपए का अजीब बर्ताव १११२-२१

रूमानिया ८३२-३, ३५, ८७, ८६; ९१६, ४८-४९; ११०२, ४-५, २४, ३१; १२०४, ७९ ; १३१५-६

रूमी, जलालुद्दीन ६८४

रूर ११०७; १२७२

रूरिका २२९

रूस ६, १५, ९१; ११६, ३८, ८६; २२९-३०, ५०, ७८, ८६, ९१, ९६; ३०३, ६, ८, १०, १२, १५, २६, २९, ९४,; ४००, ५९, ६१, ६५, ७५-८; ५१५, २६, ३७, ४०, ४८-९, ५१, ५५, ५७-९, ७४; ६१३, २८-९, ३५, ३७-८, ४०, ४३-६, ९७-७००, २५, ६२, ६८-७०, ७४, ८५; ८३२, ३४, ३८, ४०, ४२, ४४-६, ५०, ६०-, ६३, ६५-६, ७९-८१, ८९-९१, ९३-५, ९७; ९००-१, ३, ५-६, ११-३, १६-२५, २७, ३२-३, ४५, ४८-९, ५९, ६४, ७६, ८३, ८५,; १००३, ४९, ८८, ९६, ९८; ११०७, २७, २९, ४३, ४८, ५१, ५९-६१, ६४-५, ७२-४, ७६-७, ७९-८१, ८४-७, ८९-९२, ९५, ९७-८; १२००, ३, ४, १४, ६६, ७९; १३००, ४६-८, ५०-१; –उत्तरी ९१५; –जारशाही ७००, ७३; ८२९, ३२-३, ३८-९, ४४, ५०; ९३९; १०२३, ५६, ९६; ११७७; १२७८; १३४१, ५०; –दक्षिण ९१३; १०४९; ११८१; –दक्षिण-पश्चिमी ११०५; –पूर्वी ९१५; –बोलशेविक ९५३; १०५१; –सोवियत ७००, २७–; ८३६, ९०; ९३९, ४६-७, ५९, ८२-५, ९४; १०१४, ९०-१, ९७; ११०३, ५, १७, २२-३, २५, २८, ५२-३, ५९, ९१, ९४; १२०५, १२, ८०, ८३, ८५-६, ९४, ९६, ९९; १३०९ १६, १७, १९, ४९, ५५

रूसो, जीन जेके ४७१, ५०३, २९

रेखागणित ४१, ५६

रेमस २७

रेम्ब्रान्त ३९०

रैफ़ल्स, टॉमस स्टेम्फर्ड ६५५

रैले, सर वाल्टर ४१३

रोजर बेकन २९२

रोबेसपीर ५२१, २३-४, २७, ३२; ७४२

रोम २७-८, ४८; १०१, ३, ६-११, १३-१७, २१, २३, २८, ३०-२, ३४-६, ३८-९, ४१-३, ४५-६, ५५, ५९-६०, ६२, ६५, ६८, ७३, ९७-२०१, ५, १६, २४, २६, २८, ३०, ५१, ५२, ५४-५, ७३, ७५, ८०, ८५, ८९; ३११-२, २३-४, ४३, ६१, ८७, ९४, ९६, ९९; ४००, १३; ५४६, ५६, ६८; ७०५, १०-११, १३, २६, ३०, ३६; ८२०, १०४८, ९१; ११२९, ३८, ४०, ४२; १३२६; –का पतन १५९, ६१; २२४, ३१; –पर चढ़ाई ११३९; –प्राचीन ३१७; –सीजरों का १९२

रोमुलस २७

रोम्यां रोलां १३२९

रो, सर टामस ४४१

लंका १८, ५८, ८४, ८६, ९८; १२५, ४७, ५३, ७६, ८३, ९३, ९५;; २४४, ४९, ९६; ३१९, ६३, ६८-९, ७२; ४५३; ६०२; ८७१; १०५०

लंकाशायर ४९३; ६०१; ७८२, ८९, ९२; ८५२; ९३८-९; १११५; १२९१
लखनऊ ८३; १३२; ५७७; ९९४
लद्दाख १२६; ११७३
लन्दन २८९, ९१; ४१५, २२, ५५, ७७, ८४-५; ५३८, ६९, ८१; ६७७; ७२९, ३४, ५४-६, ७८; ८०५, ४५, ८२, ८६; ९६६-७, ६९, ८८; १०२१-२, ३२, ३५, ४४, ५३, ८४ ९१; १११३-५, २९, ५९, ६९; १२०४-५, १८, ४०, ४५-५३, ५५, ५७, ६१, ८०, ८४, ९१; १३१३, ३४;—का ब्लाइट हाल ४१६
लन्दन डेरी और लिमेटिक की घेराबन्दियां ८०५
लबनान १०५९
लक्समबर्ग १३५०
लवाल, मोस्ये १३३७
लसेप्स, फर्दिनांद दे ८००
लाउलन ३१७
लाइदन ४०८-९
लाइबेरिया ८२७
लाओ-तुंग ६३७, ४५
लाओ-त्से १९, ४६, ५६, ९२; १५१
लॉकहार्ट ९२४
लाजपतराय, लाला ६१५; १०१७-८
लातवियां ९४८-९
लाबूर्जे ८५५
लायड लार्ड १०४१-३
लारेन ५५७; ७१९, २१
लारेन्स, कर्नल टी० ई० ८८५; १०५८
लाफ़ेअत ५२७
लॉस एन्जेलिस ७८८
लास्की, हरेल्ड जे० १३०१
लासाल फर्दीनन्द ७२२
लाहौर २९३, ९९; ४३३; १०००, १६, १८, १९
लिंकन, अब्राहम (राष्ट्रपति) ७९१-३, १२९५
लिंच ७९४
लिंडबर्ग १२९२
लिओनार्दो-द-विंसी ३८८-९०
लिखने की कला ४६
लिटल एन्तान्त १३१०
लिटन, स्ट्राची ४१४
लिथवानिया ११८२; १२०४
लिथ्यूनिया ९४८-९
लिदिया ३४
लिन-सी-हो ६१९-२०
लिपि, अंग्रेजी ४६;—अरबी ९९२-३; ११९९; —चीनी ४६; —नागरी ४६; —फारसी ९९३; —फ्रांसीसी ४६; —मिस्र की चित्र ५३४; —यूनानी ५३४; —लातीनी ९९३; ११९९
लिबनित्स ३१०
लीबनेख्त, कार्ल ११००; —विलहेल्म ७२२; ११००
लिमेरिक ८०६
लियोन २६९
लियोनीदस ६५-६
लिवरपूल ५८८; ७८९; ११७९
लिविंगस्टन, डेविड ८२७
लिस्बन ३७०

लीग, अखिल भारतीय मुस्लिम ९४३
ली, जनरल ७९२
लीटन, कमीशन ११७०-१; –रिपोर्ट ११७२; –लार्ड ११७०
लीलावती १९१
ली-हुंग-चांग ६२७, २९
लुआंग प्रदीत १०९३
लुइसी, मेरी ५४०
लुई, अठारहवां ५४८; –चौदहवां ४०६, ३७-८, ४३, ५१, ५७, ६६, ७३; ५०४, २७, ५९; –नवम २७७; ३०६, १४; –पन्द्रहवां ४५१, ७३, ७४, ७७; ५०४, २७, ५९; –फिलिप ५४९; ७०८, ५४; –सोलहवां ४७४; ५०४, ६-१०, १३-४, १७, २९, ७१९
लुइसियाना ७८८
लुसिटैनिया ८८६
लूथर ३९६-७
लूसिल ५२१
लटेविया ११३१, ८२; १२०९
लेनिन ६; ७६०, ६८; ८४३, ४५, ४९-५०, ९४, ९६; ९००-२, ५-९, ११, १५, १८, २०-१, २३-६; १०९६; ११००, २, ७४, ७६, ८०-२, ८४-५, १२००, १४
लेन पूल २७१
लेमन झील १३२
लेह ११७३
लैटीशिया १३११
लोकतंत्रीय विचारों की वृद्धि ८५५
लोक-शिक्षा पश्चिम में ५६७
लोकार्नो ११२७
लोजान ११२९; –में सोवियत प्रतिनिधि की हत्या ११२९
लोपनोर ३१६-७
लो-यांग १६७
ल्यूनाशार्स्की ९२४
ल्यूशन ५३५, ३९-४०

वजीर आसफ़जहां ४४७
वतनी १०३२
वन्देमातरम् ६१०
वपद दल १०३२, ३५, ३७-८, ४०-१, ४३-७
–वर्ग, औद्योगिक मजदूर का ७४७; –संघर्ष ७६५-८; ९०१; –संघर्ष जमींदारों और काश्तकारों के बीच १०२१
वर्जिल १३३
वर्जीनिया ४१३, ९७; ५०१
वर्डस्वर्थ ७२९
वर्ण-व्यवस्था १६३; २०३०
वर्द्धमान ५६
वर्साई ४०५, ३७; ५०८-९, १३, १९-२०; ८४०; ९४५, ५१; –सम्मेलन ९८९
वहीदुद्दीन (सुलतान) ९८६-७
वांग-आन-शीह २३८-९
वांग-कीयन २७१
वांग-चैंग १०४
वाइक्लिफ़ ३२४; ४१२
वाइमर ११००
वॉट, जेम्स ४८७
वाटरलू ८६२
वान्दे ५१९

वारसा में सोवियत मंत्री की हत्या ११२९
वास्को-द-गामा ३३८, ५७, ७०, ८४; ८३०
वाल्टर स्काट २७५
वाल्तेयर ५३; १३९; ४७०-१, ७४-५; ५०१, ३, २६; ७३२, ८०; ८४०
वाल्मीकि, महाकवि १५३
वाल्दो ३२२
वाशिंगटन, जार्ज ४९९-५०१; –शहर ७८७; ९३१; ११२६; –सम्मेलन ९३१-२; ११६४, ६७
विकास, उपन्यासों का इंग्लैंड में ४६१; –चीनी साहित्य का ४६१; –भारतीय पूंजीपति वर्ग का ९९५; –राष्ट्रीयता का ८५७ (भारत में) १००२; –सामाजिक इकाई का ९०
विक्टोरिया-युग ७७१, ७४, ७७, ८२, ८३
विक्रमादित्य १५२-३
विचार की उन्नति ५४
विजय (राजा) १४७; –जारशाही रूस पर जापान की ६९८; –नगर २९४; ३०३, ५०, ५३, ५५, ५८-६२; –नेपाल पर चीन की ४६३; –स्तंभ ३५७
वित्तोरिया ३४१, ७१
विद्यार्थी, गणेशशंकर ८४-५
विदेशी नीति कांग्रेस की १०२८
विदेह ४२
विद्रोह (बल्वे, वा) १८३० के ७०३; –१८५७ का ५७६, ८०; ६०३, १०, १३, २६; ६५५; ७७२; ९८१; १०००; –अतलान्तिक बेड़े के मजदूरों का १२३९; –अफगानिस्तान में १०९२; –अमरीकी उपनिवेशों का इंग्लैंड से ४९५; –अमरीकी किसानों का १२२६; –अरब (तुर्की के खिलाफ) ८८५; –अरबों का १०५१, ७४, ८१; –अल्स्टर का ८१६-७, ६३; ९६८; –ईरान का १०८०; –किसान ३८५; ७०५; (किसानों के खूनी) ८४०; (फ्रांस में-ज्हाकरी) ३२९-३०; –(बर्मा में) ९६४; –(यूरोप और एशिया में) ५०३; –कुर्द द्वितीय ९९०; –जर्मन जहाजी फौज में ८९०; –जर्मनी में ७०८; –जावा-सुमात्रा म १०९४; –डबलिन में (ईस्टर) ९६६; –ताइपिंग का ६२१-४, २७-८; –तुर्की के कुर्दी क्षेत्र में ९८९; –दक्षिणी स्पेनी उपनिवेशों का ५५१; –दिसम्बर का ८४१; –पहला समाजवादी ७१०, ५७; –प्रोटेस्टेन्ट ३९४-५; (रोम के खिलाफ) ३९७; ४०२; –पोलैंड का ७०८, १८; (बड़ा) ८४२; –बलगारिया का ८३४; –मथुरा के जाट किसानों का ४४५; –राष्ट्रीय ८१०; –रूसी मल्लाहों का ९२०; –रोम में मजहबी ३८५; –लियों में क्रान्ति-विरोधी ५२०; –वाट टाइलर का ३३०; –वान्ते का ५१९; –शिनफेन ९६९; –सतनामियों का

४४५; –साम्यवादी जर्मनी में ११००; –सीक्यांग में तुर्कों का ११७३; –स्पेन में अराजक संघवादियों का १२६७; –स्विट्जरलैंड के किसानों का ३३१; –हीसियों या तांगतों का ३०८
विनिमय, बैंक १२४३; –हुंडियां १२४३-६, ४८-९, ५१, ५४-५, ५८, ६०
विन्ध्याचल १२१, ७६
वियेना १३७; २३७, ९१; ३२३, ४३-४; ४७६; ५४७-९; ८२७; ९४८, ५८; ११०२; १२५०, ५२; १३४३-४
विल्सन, वुडरो ८८८, ९१; ९१३, १६, ४६, ५१, ५३
–सर आर्नोल्ड १०८४
विल्हैम कैसर, द्वितीय ७२३; ८५०, ६४, ७८, ९०; ९४४
विलियम ४१७-८; –टेल ३३१; –द्वितीय ११५; –दि साइलेन्ट ४१७; –विजेता २३०, ५०; ८०४
विश्वकोश चीनी ४५८
विश्वक्रान्ति ११८०
विश्व विद्यालय आक्सफोर्ड ४१२; ७२६; –कैम्ब्रिज ७२६; –नेपल्स २८२; –लूवें ८८१; –सालर्नो का प्राचीन २८२
वी-हाई-वी ६३८
वू-ती १०६
वू-सान-क्वि ३७६-७
वेद ३७, ४८, ५६, ६९; १५३; ६७७
वेन, जे. लीयस ९७८, ८२
वेनिस ८४; २७४, ८९-९०, ९७; ३१६-९; ४००; ५३३, ४८; ७१०; ८८५; १०४९; १३२६
वेरोना २९०
वेलेशिया २७०
वेलेन्शिया १३४१
वेल्स, एच० जी० ९४, ९६; ३२५; ५२७-८, ३०
वेल, स्क्वेज ३९०
वेब, सिडनी ७५७
वेस्ट इंडीज का टापू ३३८
वैटिकन ११४२
वैनेन्जुला १३१०
वैन्कोवर ९३६
वैन्तोलीन ११४३
वैशाली ४३
वोलोगडा ९१२
व्यापार, अफीम का (चीन में) ५५१; ६१८-९; –गुलामों का ४७९; –नील का (भारत में) ५९३;
व्यापारी-वर्ग ८८९; ४८३, ८५

शंकर-मत ३५१
शंकराचार्य १८५-७; २१९; ३५१
शकों का हमला ११९
शमीन का हत्याकांड ११५६
शरीअत ९९१
शरीफ हुसेन १०५७-८, ७४-५, ८०, ८५
शर्की सुल्तान ३५६
शांघाई ६२०-७ ९३३; ११२८, ५२, ५७-८, ५९-६१, ६८-७०; १३४२
शा, जार्ज बर्नार्ड ७५७; १३२०

शानदार सुलेमान ३३३, ४३
शान-हाइ-क्वान ११७१
शान्तुंग ६३८; ९२९-३१
शान्ति-सम्मेलन ८६१;—लोजान का ९८६
शाम १४५-६; १०५१
शार्लमैन ९५; १३९; २१५, २२६-९, ६७
शाह अब्बास ६८६-७; —तहमास्प ४२६;—हुसैन १०५८, ६८
शाहजहां ४०१, ३८-९, ४१, ४६, ४८, ६१; ६९७
शाहजहांनाबाद ५०
शाहजी भोंसले ४४६
शाहनामा ७४-५; २२२, ९८; ६८४
शिकागो १२९१
शिनफेन ८१४-५; ९६७-९; १००४
शिन्टो १७२-३; ६३२; ११६४
शियन-लुंग ६१८, २४
शिलर ७२५
शिल्प-सरासीनी २१२
शिवाजी ४४६-७
शीराज ६८५
शीह-ह्वांग-टी १०४-५, ७१
शुक्राचार्य २३४
शुशनिग १३४४
शुस्टर, मोरगन ६९९
शेक्सपीयर ११४; ३९१; ४१३, २८
शेख, सईद ८९८;—सलीम चिश्ती ४३३
शेफील्ड ५८८
शेरखां (शेरशाह) ४२६, २८; ६८६
शेख़सादी, शीराज का ६८४
शैंग ४५-६; १०३
शैली ७२६-७, २९, ४२; ८५०
शोगुन २४२, ४७; ३७४, ७९-८१; ४४८; ६३०, ३२-३; —शाही ५५२; अशीकागा ३७९; कामाकूरा ३७९; तोकूगावा ३८०; ६३३
शोतूक् ताइशी १७४
शोलापुर ४३
श्लेखर फान १२८२
श्रमिक संघवाद ७५७
श्रीनगर ११७३

संकट पूंजीवादी १२३७
संगठन, हिन्दू साम्प्रदायिक ११९
संगम ३६
संघ, दोमिनिकन ३२२;—नारी मताधिकार १०४५;—संत फ्रांसिस का ३२२
संघमित्रा ९२
संत, होमिनिक ३२२; —पैट्रिक ८०३, ७;—फ्रांसिस ३२२;
संधि (करार), अंगोरा की ९८३; —अंग्रेजी-रूसी ८४८; —अब्दुल्ला और ब्रिटिश सरकार के मध्य १०६८;—आंग्ल-इटालवी १३४६; —आंग्ल रूसी तिजारती ९२१; —इंग्लैंड और आयलैंड के बीच ९६९-७२;—इंग्लैण्ड और इराक़ के बीच १०८१-४;—इंग्लैंड, इराक और तुर्की की आपसी १०८२; —ईरानी-अफगानी १०९१;—केलॉग-ब्रियां ११३०-१, ६८; १२०३, ८९;

१३११, ३३; –चार शक्ति ९३१; १२८०; १३४६; –जापान व सोवियत-संघ के बीच ११२६; –जापानी-रूसी ११६५; –तुर्की-अफगानी १०९०; –तुर्की-ईरानी १०९०; –नरखिन्स की ४६०-, ६५; –नानकिंग की ६२०, २३; –नौ शक्ति ९३१; ११६७-८; पेकिंग की ६४७; –पेरिस की ५००; ११३०; –पोट्सडाउथ की ६४५; –बर्लिन की ८३३, ३५; –बेस्ट फलिया की ४११; ६६, ७४; ब्रेस्तलितोवस्क ९०९-१०-१५, २०; –म्यूनिख की १२८४; १२४६, ५०; –यूत्रेख्त की ७८९; –रापालो की ११२६, ७७; –रूसी-तुर्की ९८५; –लिटविनोफ ११३१; १२०३; –लोकार्नो ११२७; १३३३; –लोजान की ९८४-५ –वर्साई की ९१६, ४७, ४९, ५०-२, ५५, ५८-९; ११०१; ४-५, ७, २७; १२७७-८०, ८२-४; १३१७, ३२-३, ३६-७, ४३; –सोवियत अफगान १०९१; –सोवियत-ईरानी १०९१; –सोवियत-तुर्की १०९०; ११२७; –सेव्र की ९८१; –हमलावादी १२०३-४;

संभाजी ४४७

'संरक्षण' १०३४; –कर १११९; –वादी ७८१

संविधान, जर्मनी का ७१८; –मिस्र का १०३४; –वाइमर १२७४; –सभा १०२८; सीरियाई १०६१-२

संस्कृति ५४; –अरबी २५७; ६८२, ८४-५; ८२१ ; –ईरानी २२०; ६८४, ८६-७, ९५,; –ईरानी-अरबी २५४; –की परिभाषा ५५; –गेली ८०३; –चीनी १६५; ३७४; ४५८; १३२६; –जर्मनी की ८५९; तुरफान की १७७; –द्रविड़ों की ११८; –बौद्ध ११८, २३; –भारतीय १९७; २५७; ३६५; १३२६; –भारतीय-आर्य २२०, भारतीय बौद्ध १२३; –मिग ४५७ –मूरों की २६७—यहूदी १०६४; –यूनानी ६९-७०; २२०; ८२०; १०४८; –यूनानी-एशियाई १२३; –पश्चिमी यूरोप की ८४०; –सरासीनी २२०; –हिन्दू ६०८; –हिन्दू-मुस्लिम का मेल १२०

सत्याग्रह ८७४; ९९७-८; १००४; –निष्क्रिय प्रतिरोध जर्मन सरकार का ११०७; –दक्षिण अफ्रीका का २००२; –दिवस ९९८-९; –सभा ९९८;

सत्यपाल, डाक्टर ९९९

सती-प्रथा ४३५; ६००, ७; १०५०; –का अन्त ६००-१

सन-यात-सेन, डॉक्टर ६४९-५१; ९२६, ३३; ११५३, ५५-६, ६०; –श्रीमती ११६०

सफ़ावी युग ६८६

सफिया, जगलुल १०४२

सबूतई ३१०

सभा, विश्व की गुलाम-विरोधी १२०५

सभ्यता ५४; –अजटेक १३२६;

–अरबी २५५; ६८२-३; १०४८, ७१; –आर्य ४०; १००, ५०, ५३; २२०, ९५; –इराकी ६७६; –ईरानी-अरबी ६८४; –गेली ८०४; –चीनी ६७६; –द्रविड़ २६, ३८, ४८; –नक्काशीदार मिट्टी के बर्तनों की ६७५; –पश्चिमी ८६७; ९९२; १२०५; –पूंजीवादी ५६१; –पूंजीशाही ९६१; –प्राचीन ३३; –भारत की २१, २६, ७७, (प्राचीन) १६; –भारतीय ६७६; (पुरानी) १३२६; –मध्यम वर्गीय ५६८-९; ७०१; –मय २३६, ६१-२; ३४१; १३२६; मिस्री ६७६, (पुरानी) २१; –मैक्सिको की २६२-३; –यूनानी १४३; –यूनानी-रोमन २०५, ५४; –यूरोपीय ७०१; –रोमन १३४, ४३; ८०३; –सिन्धु घाटी की २६३-४

सम्मेलन, एकता १०११; – बाकू में ९९३; –विश्व-निरस्त्रीकरण १०८६, ९४; १२८४-५, ८८-९; –न्यूयार्क का १२७८; –लोकार्नो ११२७; –लोजान १२४०; –वाशिंगटन ११२५; –विश्व आर्थिक (लन्दन में) १२०४, ६१, ८४, ९५; १३१७; –सर्वदल १०१६-७; –पेरिस का सुलह १०३२

समझौता, गुप्त आंग्ल-फ्रांसीसी नौसेना ११३१; –ओटावा का १२६१; –गांधी-इरविन १०२१;

समरकन्द ३५, ७५; १७६, ७८; २२२; ३०६-७, ४५-६; ४२३; ६८५, ८७; ११६४, ८४

समस्या (एं) (सवाल)-अल्पसंख्यकों की फिलस्तीन में १०६३; मिस्र में १०३१; रूस में ११८३; –सुडेटनी १३४५; –खिलाफत का १०८९; –प्रवासी भारतीयों की ८७४; –प्रथम महायुद्ध के कर्जों का १२४०–१; १३३३; –मनुष्य जाति की २५८; –राष्ट्रीय ११२०; –साम्प्रदायिक १०२८; (भारत में) १११९; –हिन्दू-मुस्लिम १००६, ८-९

समाजवाद ५६५; ७०१; ८५२; ११८५-७, ९१, ९७-८; १२२३, ३३, ६६, ७१-३, ९४, ९९; १३१९-२०, ३४; –अंग्रेजों का ७६९; –साम्यवाद के विचार रूस में ८४३; विश्व में ८५३; –का विकास ७५०; –के अन्तर्राष्ट्रीय आदर्श १०९८; –शब्द का पहला इस्तेमाल ७४९

समाजी, क्रान्तिकारी ९०४; –लोकतंत्री मजदूर-दल ८४३-५

समुद्रगुप्त १५२-५

सर्बिया ३३२; ८३२-३, ३५, ६२, ६४-५, ८५-६; ९१६, ४८-९; १०९८, ११२३

सर्वहारा-वर्ग ८९६; –सफेद कालर वाला १२९२;

सर्वेण्टीज १३२४;

सलादीन २७४-५, ७७; ३०६; ८२१, ३१

सलेब २५३

सहकारी-समितियां, उपभोक्ताओं की

११९७;–तुर्की में ९९५;–मजदूरों की ७४९

सहसराम ४२८
सहारा १०५०
सांची ६७७
साइप्रस ८३३
साइबेरिया ६; २५४; ३४७; ४५९-६०, ६५, ७५; ६४३; ७५६; ८३८, ४२, ४४, ४६, ६१, ९४, ९०४, १७, २३, ३०, ३२; ९५९; ११६४, ७३, ८३-४, ८६; १२०१; १३१८

साइमन, बोलिवर (देशोद्धारक) ५५०
साइलेशिया ३१०
साउदी ८९३
साओरस्टाथ, आइरीन ९६९
साकची ८७१
साक्यूलौत ५२७

सागर (समुद्र), –अरब ७९, ८४, ८६-७; १२१, ७६, ८३; २४९; १०७३; १३३९; –उत्तरी ८८८; –एड्रियाटिक २८९; –काला १३५; ३०८; ७७४; ८३२, ७६; १०५७; ११२३, ८४; –कैस्पियन ११६, ४१, ६७; २०६, ३७; ११८१, ८४; –नार्मन २५१; –पीला २४०; –बाल्टिक ८३९-४०; ९१७, ४८; ११८२, ९९; –भारत ८७१; –भूमध्य २४, २६, ३०, ३३, ३७, ४८-९; १०१-२, ७, १०-२, ३१, ३४-५, ४१; २२९, ५१, ८९; ३३७; ५३३-४; ६७३-४; ७००; ८२३, २७, ३३; ९३७; १०५०, ५२, ५९; १३४०; –लाल २५०; ३३७, ७२; २२३; १०५२-३;

सागर महा, अतलांतिक २१०; ३३९-४०; ४१३, ९५; ५५९, ७८७, ८९; ८००-१, ७, १८; ५५, ८६, ९०; ९३७; १३११; –आर्कटिक ८३९; –प्रशान्त १६६, ६९; ३०८, २०, ४०, ७०-१, ४६०, ७५, ९६; ५५१, ५४; ६३२, ४०, ६४, ६८; ७३३, ८७; ८००, ४२, ४६; ९३१, ५९; ११२५-६, ६४, ९९; १३०९, ५२, ५५, –हिन्द ११२६

सार्डीनिया ५४८
सापेक्षवाद (आकाश काल) १२०८-९१२
साबरमती-आश्रम ९९७
सामन्त, प्रथा २३१-४, ६८, ७६, ९३; ३८४-५; –यूरोप में ३८५; –वाद ११६५; १३२०; –शाही २५२, ५४; ४१२, ४४, ८२-३; ५०१

सामन्ती वर्ग ५८२
सामूहिक, खेत ११९८; –खेती ११९७
साम्यवाद ५६५-६; ७४९; ९९४; १०९८; ११३९, ४६, ४८-९, ५१, ६५-६, ७६, ८१, ८७, ९६; १२२६, ३७, ७१, ७३; १३००, ९, २०, ३४, ३९; –आदिम ७४९; –जंगबाज (लड़ाकू) ११७६, ८०, ९७;

साम्राज्य, अंगकोर का ६५७; –अजटेक २६१-२; ३४१; –अफ्रीका में ८५८; –अब्बासी २४९; ३१३; ९४९; –अमेरिका का

६६५;–अरब २१४, १७, ६९, ७७; ४२२; ६७२; १०४८; –अरबों का स्पेन में २६९;–असीरियाई ६८०;–आस्ट्रिया का ८६०; –आस्ट्रिया-हंगरी ९४४; १०५६; १३४४;–इनका ३४१;–इलखान ३१५, १८;–ईरानी ३४, ६३, ६७, ९३; २१२; ६८१; १०४८; –ईसाई १२९; ३९९;–उस्मानी ३३२; तुर्की ३१३; ५३३; ६७२-३; ८१२, २७, २९, ३०, ३२; ९७४; १०३६;–काम्बोज का १९२; ३६३;–किन २३९; ३०३, ६-७, –कुस्तुन्तुनिया ६८१; –कुषाण १२३, २५, ५१, ६७७; सरहदी २९७;–खलीफाओं का २२१, ८२१;–ख्वार्जम ६७२; –गज़नवी २४०, ९३;–गुप्त १५२ ६९, ८३; ६८२;–गौड़ों का विशाल ३५६; –चालुक्य १५७, ७५-६, ८२; २१९ –चीनी ११९; २३७; ३१५, ४५; ४६३; ६३६; –चुग़ताई ३१५;–चोल १८३, ९४, २१९, ४९, ९६, ९८; ३५१; –जर्मन ३४३, ४००; ८५९; ९४४, (का उदय) ७७१;–जापानी ६३४, ४७; ९२७; ११६७;–जारशाही ९५९; १०९६; ११८१-२;–तुर्की ३४३-४,; ५४९, ५५, ५७; ९४९; १०५८; –थीब्रन ६७६; –दिल्ली ३५५; ४५१;–नये किस्म का ७९८-९;–नेपोलियन का ६२५; –पूंजीवादी ५९८;–पश्चिमी रोमन १९७, ९९, २९०; –पुर्तगाली ६५३;–पूर्वी (कुस्तुन्तुनिया का) २७५;–यूनानियों का ३३२; –पूर्वी रोमन १९७; २११,२७, २९, ५०-२, ८५-६, ९०; ८८५–फ्रांसीसी ७१९; –बगदाद का २४९५०; ६८३, –बिजैन्तीन ३०६; ५७९; ६८२; ९७७; १०४८; –ब्रिटिश १४३, ९४; ४५२, ५५; ५७३, ७६; ७८२, ८५, ९९; ८००, ८६; ९६५; १०५२; ११२५, ३०; १२४०, ४७, ५४, ६१; १३४०;–बौद्ध १२३, २४९; –भारतीय ६६४, ९७; ९५९; (इंग्लैंड का) ५५७;–मंगोल ३११, १४-५, २०, ४५, ४६०; ८३९; मंचू ४६०; ६२७;–मज्जापहित ३६५; –मध्यपूर्वी १०५१;–मलक्का का ३६९; –मिस्र का ९४; मिशनरियों का ६६६; –मुग़ल ३५६, ५९, ७२; ४२३, ४०-३, ४५-६, ४८; ५७५, ९१; ६०५, १८, ८७,; १३२६;–मुसलमानी ३६७; –मौर्य ७७, ८१-२, ९४; ११७, २०;– यूनानी २०१; ६७७; (रोमन) २८९; –यूरोप का हमलावर ५५९;–रूसी ३४५; ४००; ५५५, ७४; ९४४; १०८८;–रोमन ११६, २७, २९, ३१, ३८,-९ ४३-४१, ५५, १९७-८; २०१, ७-८, १२, २४, २६, २९, ५०, ५४, ७६, ८०-१, ८३-४, ८९-९०; ३०६, २३, २६, ३१, ९६; ४००; ५३७; ६७४, ८१; ८०३, २०, २१;

१०४८, ११४२; –रोमशाही ११९०; –विजयनगर ४५१; –साइबेरिया का ३१५; –सुनहले गिरोह का ३१५, ४५; –सुंग २३९; ३०६; –स्पेनी ७९७; –हीसिया या तांगातो का ३०६; साम्राज्य वाद ४९३; ५३, ५६, ६०, ६९; ९७-९; ६१६, २०, २६; ७०१; ८५२, ६८; १०२८; १२३०-१; १३२०, ३३, ५२; –आर्थिक ६६५ –साम्राज्यशाही ८५४; ९२२, २८, ५४; –आर्थिक ८००; –पश्चिमी ९६२; –ब्रिटिश ८०२, १८, ४४; ९९५; १०२५-६, ६५, ६९,-७१, ८०-२; १२८०; १३४९; –यूरोपी ८२२, २६,

सारनाथ ५७; १००; ६७८

सारियो, मोश्ये १०९४

सार्दीनिया ७१०

सार्सफील्ड, पैट्रिक ८०६

सालूस २८

सासानी, बादशाह २०७; –राज १४५, ५७

सिंगापुर १९४-५; ५५२; ६५३; ९३७; ११२६, ६५

सिंहलद्वीप १४७

सिओल ३७९; ५४७

सिकन्दर, महान् ३०, ६७, ७२, ७४–९, ९३-४, १०२, १५, २३, ३८, ४४, ५७, ७८; ३०६, ४४, ४७, ५३०, ३२; ६७७, ८१; ८१८, २०, १०४८;

सिकन्दरा ४३५

सिकन्दरिया ७४, ७७; १०२, २१; २०३, ८; ५३३; ८२०-१, २३; १०४०, ४२, ४६,

सिकियांग ११७३

सिन्ध ९२; ११९, ८२; २१०, १३, १८-९, २२, ५७, ६४, ६६, ९३, ९६, ९९, ४३२; ५७९, ७९

सिन्धु-घाटी २६४-५; ६७५

सिन्धिया, ग्वालियर का ४५०, ५४; ५७१-२, ७७

सिद्धार्थ ५७; ६६२

सिराजुद्दौला ४५१-१२

सिराजेवो (सिराजिवो) २८३; ८६४

सिरेमिस १०३

सिवास ९७९

सिबिर ४६०

सिसली २६, ३०; १०७, १०, ९८; २००, ३०, ५१; ३९६; ४००; ६७४; ७१०-२

सी-आन-फू १६७, ७३, ७९, ८१

सी-ए-ताई शोगुन २४१

सीजर (जूलियस) ११३-५, २३; २०८; ३०६, ४८०-१

सीनन (उस्मानी शिल्पकार) ४२४; ६७९

सीरिया १८१; २०३-४, ६-८, १२, १७, ५४; ३१७, ३७; ६७६, ८२; ८२२, ८४; ९५०, ६३, ८१, ८३-४; १०२९-३०, ४५, ४७, ४९, ५२, ५७-६३, ६७, ७१, ७४, ७८-८१, ८५; १३५१

सुंग २३९-४०

सुंगयुन १८१

सुकरात ७०-१, ९२; २००; ४८०-१; ५४६; १२०६; १३२८
सुडैटनलैंड १२८३-४; १३४८, ५४
सुदूर-पूर्व ६३९, ५१, ७२; ८९५, १०५३; ११९६; १३५०; –देश २३५
सुधार, बिल इंग्लैंड में ७०९; –मांटेग्यू चैम्सफोर्ड १००१; –मिंटो––मार्ले ६१५; ८७२
सुबुक्तगीन २२१
सुमात्रा १४८, ५०, ९३-५; २४९; ३१८-९, ६३-४, ६८, ७४,; ५५५; ६५३, ६५; ८६२; १०९४; १३०८
सुमेर ६७६
सुरैया बेग़म १०९०-१
सुलेमान २९, ४८; १२७; –प्रतापी ४००-१
सुल्तान, अहमदशाह ३५७; –महमूद ३४६-७; –मुहम्मद द्वितीय ३३३
सूडान १०३३, ३५-६, ३८-४०, ८४, ४६
सूरत ४४१-२, ४७,
सूसा ६७५
सेंट, पीटर का गिरजा (रोम) ३८८; ११४२; –पीटर्सबर्ग (पेत्रोग्राद-लेनिनग्राद) ४७५; ६४५; ८४०, ४२, ४६-४७, ५०-२, ९५-८; ९०१, ४-७, १०, १२, १७, १९, २०, २४; ११८१-२, ८४, ९५; १२००; –फ्रांसिस जेवियर ३७५, ८०; –हेलेना ५४६
सेदान ७१९,२१
सेन, केशवचन्द्र ६०७
सेनगुप्त, जतीन्द्रमोहन १३०५
सेन फ्रांसिस्को ६३२; ७८८
सेलिसबरी, लार्ड ८२४, ६८
सेलेबीज १९३; ६५३, ५५
सेल्युकस (सेलेउक) ७७, ७९, ९५; १०२-३; १०, ४४
सैक्सनी ११०२
सैखैलीन ६४५
सैगोन ६५७
सैफो ६९
सैयद, जगलुलपाशा ८२६; १०३१, ३३, ३५-७, ४०
सैलेमिस ६७
सैविले ३४१
सोफोक्ले ६८, ९३
सोमनाथ २२१
सोवियत ८४६, ८९; ९९; ९०१-४, ६-८, १०-२, १५-७, २१-२, २४, ३२-३, ५०, ५७, ९६३, ८३, ९३; १००३, ८३; ११००, ६१; श्वेत रूसी समाजवादी ११८३–४; –चीनी १३४२; –देश ८३८; ११७३; –प्रदेश १०९६; १३४२; –रूस ४९२; –व्यवस्था ९५९; –संघ ७६९; ९५८, ६२, ६४-५, ७७; १०५३, ५७; ११३०, ३२, ४२, ७४, ७६-७, ७९-८०; ८३, ८६-७, ९०, ९२-८; १२००-३, २५, २७, ३६-७, ४१-२, ८०, ८८; १३०८-१०, १५; ३२, ३५, ४१, ४४, ४७-८, ५०-१, ५५; –(तें) रूस की ७२०.–

(तों) का संगठन ६४५;
सोसाइटी रायल एशियन १०८४
स्कंदगुप्त १५४-५
स्काटलैंड ३२३, ३१; ४१८, १९; ७७८; ८०५, ११, २७
स्कैंडीनेविया ८६१; १२२५;–(ई) देश १३४९
स्टाकहोम ८८१
स्टीफेनसन ४८८
स्टीवेन्सन, राबर्ट लुई ६६१
स्टैंडर्ड आयल कंपनी ११८१
स्ट्रैक, सर ली १०३८-९
स्ट्रैकोश, सर हेनरी १२२४
स्टैनली हेनरी ८७२
स्टो, हैरियट बीचर ७९५
स्तालिन ११८५-८, ९१, ९७-८; १३४८
स्नाउडन, (वाइकाउंट) फिलिप ९५५
स्पार्ता २७, ६६-७
स्पिनोजा १२०६
स्पेंगलर, ओसवाल्ड १२७२
स्पेन १११, १६, ३९, ९७, २१०-६, २८, ३०, ३६, ५०, ५४, ६६-७२, ८९,; ३१३, २७, ३७-९, ४१, ६८, ७०-३, ८१, ८४, ९०, ९६, ९९; ४००, २-१०, १३, १७-८, ३४, ७४, ७७, ९६, ९९, ५००, ३७, ३९, ४८, ५०-१; ६६६-७, ७४; ७४२, ५२, ५६, ८८-९, ९७; ८००-,४, २७; ९६२; १०२८; ११४३-५; १२६४-५, ६७-८; १३११, ३४-५, ३८-४१, ४६, ५५; –का कोप ४०९
स्फिंक्स २१, ४७;–गीजा का ६७६
स्फोर्जा, काउंट ११२४
स्मर्ना (इस्मीर) ९७६-८०, ८३, ८५-६, ९४
स्मिथ, एडम ५८० ७३९, ४४; –एफ० ई० ८१६
स्याम ४५, १४८, ५०, ९३; ३१९, ६५-८, ७४; ५५२; ६५१, ५३, ५६-९; ९६४; १०९३; १३०८
स्लाव २२८;–देश ८३२
स्वर्णमान १११३-५; १२४२;–और पौंड १२४०;–प्रणाली १२४३-४, ४८-९, ५३-८, ६१, १२९३
स्वतंत्रता, व्यक्ति की ११४८, ५०
स्वराज्य ६१२; ७०७; १००७; –पार्टी १००६, ११
स्वशासन, प्रान्तीय (भारत में) १०२५-६
स्वाधीनता, दिवस १०१९;–संग्राम (भारतीय) ५७७;–सीरिया की १०६०
स्वामी, दयानन्द सरस्वती ६०७; –विवेकानन्द ६०८; –श्रद्धानन्द ९९९
स्विनबर्न ७१४
स्विफ्ट, जोनाथन ८०६-७
स्वीजरलैंड ८४; १३२; २२८, ७१; ३३१, ९८; ४००, ३, ११, ६७, ५०१, ३७, ४८; ७७९; ९००, ६; ११२२, ३६,; १२४९
स्वीडन ३१७; ४११; ७५९; ८४०, ६१, ८१; ११२२; १३१९, ५०
स्वेज २१०; –नहर १९४; ३३७; ५३५, ५६, ८३; ६७३; ८०१, २३,

८४; १०२९;, ४६-७; १३४०
—कंपनी ७७३

हक, वोट देने का ७४१
हकीम अजमलखां १०७५
हंगेरी २२९, ५०; ३०६, १०, १२, १५, ४३-४, ८६, ९९; ४००, ७६; ७०८, ७१; ८१४; ९१६, ४७-९; १०९६; ११०२-३, २३, ४५, १२५२, ८४; १३१७, ४७
हडसन ५७८
हड़ताल (लें) इंग्लैंड में आम १११६; १२५०; कोयला मजदूरों की १२५०; —काम-रोक ११३४; —डच जंगी जहाज के मल्लाहों की १०९५; —फिलस्तीन के अरबों द्वारा आम १०६९;—बर्लिन में आम १०९९; के मजदूरों की ११०१;—भारत में ९९६;—मजदूरों की सोवियत संघ में ११८७; —राजनीतिक ८४६, ५०;—शांघाई की कपड़ा मिलों में ११५६, ५८; —स्पेन के मजदूरों की आम ११४३
हड़प्पा ५०; २६४-६; ६७४
हत्याकांड-अंबोयना का ६५३;
—जलियांवाला बाग का ९६४, ९९
हब्श (एबीसीनिया) २०१
हमला-ले (आक्रमण : चढ़ाई : धावा) अंग्रेजों के अफगानिस्तान पर ७७३; स्पेनियों और पुर्तगालियों पर ३७१; ५७१;—अकबर का गोवा पर ४१०; —अतिला का पश्चिमी साम्राज्य (रोमन) पर १९८; —अफगानों का हिन्दुस्तान पर २९२; २९९; —अरबों का पूर्वी रोमन साम्राज्य पर १३९; स्पेन, पुर्तगाल और फ्रान्स पर २६६; —अशोक का कलिंग पर ९५;—इटली का तुर्की पर ८७४;—ईरानियों का यूनान के नगर-राज्यों पर ३१; ६३;—उस्मानी तुर्कों का यूरोप पर ३४४; एंग्लो-नार्मनों का आयर्लैण्ड पर ८०४;—एशिया के यूरोप पर २८६; ३४४;—कन्नौज पर राष्ट्रकूटों, बंगाल और कश्मीर के राजाओं के २२३; कमाल पाशा का फैज टोपी पर ९९०; —कोरिया का जापान पर १७२; —गॉल और दूसरी कौमों का मकदूनिया पर १०२;—गुरखों का तिब्बत पर ४६३;—गैरीबाल्दी का नेपल्स और सिसली के बादशाह पर ७११; —चन्द्रगुप्त का यूनानियों की फौज पर ७८;—के सहायकों का पाटलिपुत्र पर ७८;—चीनियों का मज्जापहित पर ३६४;—जापान का कोरिया पर ३८०;—मंचूरिया पर ११६७-८;—डचों का स्पेनियों और पुर्तगालियों पर ३७१;—तैमूर का भारत पर ३४६; —नादिरशाह का भारत पर ४४८; ६९७; —नेपोलियन, का रूस पर ५४१; (तीसरे) का आस्ट्रिया पर ७१८; —पेकिंग पर जर्मन सेनाओं का ६४२; पोलैंड के बादशाह का वियेना पर ४७६; —फासीवादी दस्तों का रोम पर ११३८-९;

–फ्रान्सीसियों का अनाम पर ६५७; –बर्मा के बादशाहों का स्याम पर ६५८; –बलकान-लीग का तुर्की पर ८३५; –बलगारिया का अपने साथियों पर ८३५; –मंगोलों के भारत पर २९९; यूरोप पर ३१०; –मध्य एशियाई कबीलों के यूरोप और एशिया पर ११८; ७०३; –मध्यम-वर्ग का ३३५; –महमूद गजनवी का भारत पर २४९, ९३, ९५; –मुसलमानों के दक्षिण भारत पर १८४; २९५; –मेनेन्द्र का उत्तर-पश्चिम भारत पर ११९; –यूनानियों का ईरान पर ७४; यूरोप के एशिया पर ३४४; –रूस का तुर्की पर ६२७; –रूसियों का पूर्वी रोमन साम्राज्य पर २५१; –रूसियों बलगारियों, अरबों, सेलजूक तुर्कों; मुसलमानों और ईसाई जिहादियों के पूर्वी रोमन साम्राज्य पर २८५; –शकों का ११९; –सिकन्दर के ७७, ९३; ईरान पर ७४; भारत पर ७५; –शांघाई पर चांग काई शेक द्वारा ११५८; सुबुक्तगीन का भारत पर २२१; –सेलजुक तुर्कों का कुस्तुन्तुनिया के पूर्वी साम्राज्य पर २५०, २; –सेल्यूकस का चन्द्रगुप्त मौर्य पर ७९; –सोवियत सेना पर यूरोपीय शक्तियों का सत्रह मोर्चों पर ९१६ –हूणों का पूर्वी रोमन साम्राज्य पर १३७; भारत पर १५५; जर्मन कबीलों पर १९८;

हर्नन, कोर्तीज २६२

हर्षवर्धन १७६, ८०, ८२, ९६; २०६-८, १९, २२, ३९

हलचलें, भारत में खूनी क्रान्तिकारी ९९६; –रौलट बिल विरोधी ९९७;

हलाकू ३१२, १५-६, ६४, ८५

हस, जॉन ३२४-५, ९४

हस्तिनापुर ५०; १४८

हांगकांग १९५; ६२०, २३; ११५२, ५६; १३५०

हाइनरिख, हाइन ७२५

हाइफैंग ११६१

हाफिज ६८५

हारूं-अल-रशीद २१५, १७, २०-१, २७; १०७८

हारग्रीव्ज ४८७

हार्लेम ४०८

हार्वी ३९१

हालवैग, बैथमान ८९१

हालैंड २२८; ९१; ३४२, ७१-२, ८६, ९०; ४०४, ६, ७, ९-११, १७-८, २२, ४३, ६१, ६७, ७७, ७९, ९९; ५०१, ४८-९, ८६; ६५४-६; ८६१-२; ९१, ९३; ११२२; १२४९

हिंदचीन ४५; १४८-५०, ९१-३, ९७; ३६३, ६७, ७४,; ५५२; ६५३, ५८, ६४; ९६४; १०५३, ९३-४; ११४७; १३०८

हिंदूकुश १०८६; ११९९

हिंदुस्तान २३; ४३९

हिजरत २०५-७

हिजाज १०५२, ५८, ६८, ७३-६, ७८, ८०, ८५

हिटलर ११००, ६; १२०७, ६९-७४, ७६-७, ७९- ८४, ९६; १३१५-६, ३६-७, ३९, ४३-६, ४९
हिन्डनबर्ग, फॉन ८८३; १२७३, ८२
हिदेयोशीने (हिदेयोशी) ३८०-१
हिमालय ३२, ८७; १४७, ८५, ९९; ४६३
हिरात (हेरात) ७५, ७९; २०८; ३०७, ५९; ६८६
हिरोद का मन्दिर १०६६
हिरोत ३४, ६३-५, ६७, ७०
हिलाल २५३
हिल्दे, ब्रांदे २५२, ८०
हीरेक्ली २०६
हीवर्त ५२३
हुंग-सिन-च्वान ६२१
हुई शेंग १६६
हुगली ४४१
हुमायू ४२६, २८; ६८६
हुसेन २११
हूवर (राष्ट्रपति) ११२१, ३९, ५३, ६०
हेगल ७२५
हेटी ८००
हेडन, स्वेन ३१७
हेनरी, अष्टम् ३९६, ९९; ४०४, १३; —पैट्रिक ५०१
हेलन २७, ६५
हेलेन्स २७, २९
हेवलाक ५७७
हेस्टिंग्स्, वारेन ४५४-५
हेन्काउ (वूहान) ११५७, ५९-६०
हेग ८६१; ९५२
हैदरअली ४५१, ५४; ५७१
हैदराबाद ८७; ३५४, ५९; ४५१; ५७२, ९९
हैनिबाल ११०-१
हैम्बुर्ग २३५, ८१, ९०; ८५९
हैरत्सैगोविना ८३२, ३५
हैलेस्पोण्ट ६५
होड़ व्यापारी ७८१
होमर २७; १०३
होम रूल, आयलैंण्ड में ८११; —लीग ९४१
होरस १०२
होरेस १३३
होर, सर सैम्युएल १२८८; १३३७
होलकर ४५०; ५७१-२
ह्यू एनत्सांग ३, ४, ५; १४५, ६६, ७६-८२; २०२, ६, १७, ९५; ३१६-७
ह्यू कैपे २२९, ५०, ९०
ह्यू जिनात ४८४